Introduction - Sport psychology is defined as the application of the knowledge and scientific methods of psychology to the study of people in sport & exercise settings. The word psychology refers to the study of human behavior, and sport psychology denotes a sub category of psychology that deals with the behavior of athletes and teams engaged in competitive sports. Performance in sport is no longer dependent on physiological well-being of the athlete. It is well established by now that there are numerous psychological factors which effect and improve the physical performance. The psychological factors are individual differences among the athletes, personality, intelligence, attitude of the player, motivation, aggression, arousal and activation, anxiety, attention and concentration, mental imagery and group dynamics. Success in sport is often associated with vigour and anger. Importantly, emotionally intelligent people can get themselves into the appropriate emotional states for the demands of the situation. If the situation requires high arousal, emotionally intelligent people are good at getting themselves psyched up and prepared. Equally, if the situation requires calmness, emotionally intelligent people are good at relaxing themselves. Athletes that perform in the zone effective regulate their emotions. Research looking at the nature of emotional intelligence has found that emotionally intelligent people use psychological skills such as imagery; goal setting and positive self-talk more often than their less emotionally intelligent counterparts. It was found that emotionally intelligent people are mentally tough and also that they find exercise enjoyable. Although emotional intelligence is still a relatively new term in sport, it is certainly not a new concept. For years we have marvelled at how the great athletes are able to "switch themselves on" to create amazing performances with incredible consistency. According to Goleman (1998), there are five components of EI important for leaders: (a) self-awareness, (b) self-regulation, (c) motivation, (d) empathy, and (e) social skill. In a sport like field hockey the role of emotional intelligence can not be ruled out. Being high velocity team sport with flaring emotions it is worthwhile to assess how elite female field hockey players manage their and others emotions. Surprisingly researchers like Bal and Singh (2014), Rohit (2014), Night (2015), Vimal Kishore (2016) studied emotional intelligence in sportsperson but none preparing profile of female hockey players hence the present study was planned.

Objective - The objective of the present study was to prepare sports emotional intelligence profile of national female hockey players.

Hypothesis - It was hypothesized that majority of national female hockey players will possess significantly superior magnitude of sports emotional intelligence.

Methodology - **T**he following methodological steps were taken in order to conduct the present study.

Sample - For the present study 40 national level female hockey players (Av. age 24.23 years) were selected. The selected national level female hockey players were part of medal winners teams. Purposive sampling was employed in the present study.

Tools:

Sports Emotional Intelligence Test - To measure emotional intelligence, five dimensional sports emotional intelligence test prepared by Agashe and Helode (2008) will be adopted. The test-retest reliability coefficient of this

*M.Phil. Student, Dr. C.V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA
** Assistant Professor (Physical Education) Dr. C.V. Raman University, Kota, Bilaspur (C.G.) INDIA

inventory is 0.71, which is statistically significant and denotes very high level of reliability of the inventory scores through "stability" indices. This Hindi Inventory comprises of in all 15 items in which 3 items each for tapping self-awareness, self-regulation, self-motivation, empathy and socials skills respectively.

Procedure - After establishing a good rapport with the subjects they were assured that their responses and their identities will be kept under strict confidence and will not be disclosed anywhere. Thus, they are free to give their answers comfortably and honestly whatever they felt. In this way, subjects was encouraged to give their proper co-operation during the testing. Sports emotional intelligence test prepared by Agashe and Helode (2008) was administered to each subject. After this, the scoring was completed according to the scoring system prescribed by the authors of the scale. After scoring, the data was tabulated according to their groups. To compare data, independent sample 't' test was used. The statistical results are depicted in table no. 1.

Result & Discussion

Table 1 : Distribution of Female Hockey Players on the Basis of Various Categories of Sports Emotional Intelligence

Categories of Sports Emotional Intelligence	Frequency	Percen tage (%)	X^2
High(More than 225)	28	70	X^2 = 25.5 (p<.05)
Moderate (Between 181-225)	09	22.5	
Low (Less than 181)	03	7.5	
Total	40	100.0	

X^2 (df=2) = 5.99 at .05 level and 9.21 at .01 level

Results presented in table 3 indicate that majority i.e. 70% selected national female hockey players possesses high degree of sports emotional intelligence whereas 22.5% exhibited moderate level of sports emotional intelligence and lastly only 7.5% showed inferior sports emotional intelligence. The calculated X^2 = 25.5 which is statistically significant at .01 level confirms the above finding that majority of national female hockey players possesses significantly superior sports emotional intelligence.

Results are consistent with previous findings. Mohammad (2015) and Vimal Kishore (2016) also found that elite players possesses higher magnitude of emotional intelligence as compared to sub-elite players. Hence findings are also applicable in female hockey also.

Conclusion - It was concluded that superior degree of sports emotional intelligence is markedly high in national female hockey players as compared to intercollegiate female hockey players.

References :-

1. Bal, B.S. and Singh, D. (2014). Emotional intelligence in basketball players: a predictor of sport performance. Education Practice and Innovation, Vol. 1, Number 2, 1-9.
2. Goleman, D. (1995). Emotional intelligence, New York: Bantam Books.
3. Goleman, D. (1998). Working with emotional intelligence. New York: Bantam Books, 1998.
4. Mohammad, A. amd Hasan, M. (2015). Aggression of Indian Female Field Hockey Players at Different Levels of Competitions. International Journal of Sports and Physical Education (IJSPE), Volume 1, Issue 1, June 2015, PP 9-13.
5. Night, J.R.S. (2015).Analysis of Emotional Intelligence among Hockey Players in Relation to their Positional Play. Research Journal of Physical Education Sciences, Vol. 3(7), 8-11.
6. Rohit (2014) A study of emotional intelligence in kabaddi and kho-kho players of Haryana. International Journal of Research in Social Sciences and Humanities (IJRSSH), Vol. 1 No. 3, Issue No. I, 5-8.
7. Vimal Kishore. Emotional intelligence: A best predictor of performance in sports, International Journal of Physiology, Nutrition and Physical Education, 1(2): 155-156.

****

भारतीय मेला संस्कृति

डॉ. इस्माईल अली बेग *

प्रस्तावना - मेला संस्कृति का इतिहास - मानवीय सभ्यता का प्रारम्भिक काल मनुष्य की यायावरी अवस्था में उसकी दिनचर्या के समान ही अस्थिर और अनिश्चित सा था। सभ्यता के पाषाणयुगीन काल के बाद जब वह बस्तियाँ बसाकर रहने लगा तो उसकी घुमंतू जीवन शैली स्थिर हो गई, उसमें सामाजिकता भाव विकसित होने लगा। इसी दौरान उसकी बौद्धिक-चेतना और वाक शक्ति ने कला, इतिहास, संस्कृति, बोली-भाषा के विकास के मार्ग प्रशस्त किये। विकास का यह कार्यक्रम शनै-शनै एक व्यवस्थित मानवीय सभ्यता की विकास गाथा का लम्बा काल था। इसी दौरान 'आदि मानव' का यह संगठित इतिहास बाद में विकास के साथ विभाजन और बिखराव का इतिहास बना। जिसे महाद्विपों, देशों, जातियों और शासकों के कालक्रम और भूगोल में बाँटकर लिखा और पढ़ा गया। लेकिन वक्त के साथ बदलती परिस्थितियों ने अपनी-अपनी संस्कृति के स्वीकार और परिवर्तन को सहेजने के अवसर भी हमें प्रदान किये।

भारतीय परिप्रेक्ष्य में भी संस्कृति के बदलाव का समय, संस्कृति की समृद्धि का समय रहा। धीरे-धीरे नदियों के किनारे विकसित सभ्यता ने विस्तार पाया, बस्तियाँ गांवों में बदली और गांव कस्बों में। कालान्तर में भौतिक सुविधाओं में वृद्धि व विज्ञान की प्रगति के दौर में महानगर विकसित हो गये। यह विकास केवल भौतिक व वैज्ञानिक विकास बनकर नहीं रह गया। यह काल संस्कृति के विकास का भी साक्षी बना। हमारी आवश्यकताएँ बढ़ी तो चीजें खोज ली गई। बाद में अविष्कारों का दौर आया, यह हमारी निजी पसंद, तीज-त्योहार, उत्सव, बोली-भाषा, पहनावे, रहन-सहन का साक्षी बना। इसी काल में मेले-उत्सव तथा बाजार भी अस्तित्व में आये।

हमारी संस्कृति में रामायण-महाभारत काल में मेले लगते आए है। जैसे रामायण में राम-भरत मिलन चित्रकुट में तथा वनवास के बाद राम के अयोध्या आगमन पर भी सम्पूर्ण अयोध्या में मानों मेला हो गया था, वैसे ही महाभारत में वरणावृत मेले का वर्णन आता है, जहाँ पर पाँचों पाण्डव अपनी माता कुंती के साथ आते हैं। मेले हमारी प्राचीन संस्कृति एवं जीवनदायिनी सभ्यता के परिचायक है।

वास्तव में उत्सव, त्योहार और मेलों ने प्रत्येक देश के सामाजिक व जातिय जीवन को संस्कारित एवं विकसित करने में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रत्येक संस्कृति की सम्पूर्ण अभिव्यक्ति उस स्थान में देखी जा सकती है। किसी भी समाज और जाति की सजीवता, समृद्धि और उसके सुखी जीवन का ठीक-ठाक अनुमान उसके उत्सव-त्योहार और मेलों से ही लगाया जा सकता है। जो समाज जितना ही उत्सव प्रिय होगा, वह उतना ही अधिक सुखी-समृद्ध समझा जाता है। लोकोत्सव व मेले का मुख्य उद्देश्य जनता में स्फूर्ति का संचार करना होता हैं। प्रत्येक लोकोत्सव के साथ कोई न कोई धार्मिक, ऐतिहासिक अथवा सामाजिक विचारधारा जुड़ी होती है। प्रत्येक लोकोत्सव की उत्पत्ति किसी अवसर विशेष पर जन समूह द्वारा प्रकट हुए आह्लादोल्लास से हुई होती है। ऐसो आह्लादोल्लास किसी महापुरूष के जन्म, विवाह, विजय, नई फसल के पकने, ऋतु परिवर्तन, विशेष घटना आदि के कारण होते है।

मेले हमारी 'उत्सव प्रियता' के साथ-साथ उपभोक्ता संस्कृति के प्रतीक भी कहे जाते सकते है। इस प्रकार उत्सव और मेलों का सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान होता है। साथ ही देश व समाज की संस्कृति का भी इन मेलों के साथ घनिष्ट सम्बन्ध होता है। प्राय: इन आयोजनों के पीछे कुछ न कुछ कारण विद्यमान होते है और उनके साथ कथाएँ जुड़ी होती है।

वास्तव में यदि हम गम्भीरता से विचार करे तो पाऐंगे कि उत्सव व मेलों का उद्देश्य मूलत: हमारे जीवन में नवीनता लाना हैं। जो समाज जितने उत्साह से अपने त्योहारों को मनाती है, वह उतनी ही प्राणवान और सशक्त मानी जाती है। जीवंतता का पुट इन्हीं मेलों व उत्सवों से प्रकट होता है। 'मेला' शब्द की व्युत्पत्ति मिल धातु में टाप प्रत्यय के संयोग से हुई है, जिसका अर्थ है मिलना, समागम, सभा या समाज। इस प्रकार उत्सव त्योहार आदि के समय होने वाला बहुत से लोगों का जमावड़ा या जमा होना 'मेला' कहलाता है। मेले में 'मेल मिलाप' का भाव प्रतिध्वनित होता है। व्यपाक स्तर पर 'मेल मिलाप' के सामूहिक प्रयोजन मेला का स्वरूप या चरित्र निर्धारित करते है। यह प्रयोजन धार्मिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक, एतिहासिक, अध्यात्मिक या विशिष्ट प्रकृति के प्रचारात्मक हो सकते है।

मेलों का आयोजन अधिकांशत: प्रकृति की गोद में, पर्वतों पर, वृक्ष पूजन हेतु बाग-बगीचों में, तालाब कुंद या नदी किनारे होता है। इस प्रकार प्रकृति और पर्यावरण से मेलों का घनिष्ट सम्बन्ध होता है। मेले पर्यावरण रक्षा, स्वच्छता तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता के माध्यम बन जाते है। मेलों में प्राय: लोग (जनमानस) समूह बनाकर जाते है जिससे उनमें सामूहिकता का भाव, पारस्परिक सौहार्द, सहयोग, स्नेह तथा आपसी सूझबूझ का विकास होता है।

एक प्रश्न उठता है कि मेलों की परम्परा कब और किस प्रकार प्रारम्भ हुई होगी? उनका उद्देश्य क्या रहा होगा? भारत कृषि प्रधान देश है, निमाड़ क्षेत्र भी आदिवासी बाहुल्यता के कारण कृषि प्रधान क्षेत्र है। इसकी अधिकांश जनता ग्रामों में निवास करती है। प्राचीन काल में जब आवागमन तथा संचार के साधन नहीं थे, इसी सीमित दायरे में लोक 'कूप मण्डूक' की तरह थे। वर्तमान में भी बाहर जाने, जुड़ने या बाहर रहने वाले प्रियजनों से मिलने तथा कुछ खरीद या बिक्री का माध्यम प्राय: यह ग्रामीण मेले ही होते है।

यह मेले धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक संरचना के आधार होते है। केवल एक कारण से नहीं, अनेक समस्याओं के सामाधान के लिये मेले बहुउद्देश्यीय रूप में आयोजित होते है। हमारे प्राचीन मनीषियों ने 'मेला' की अवधारणा को इसी रूप में प्रस्तुत तथा विकसित किया कि वह बहुउद्देश्यीय बनकर सभी पक्षों को सबल बनाए। सामाजिक समग्रता को समझने के लिए 'मेला'

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, अंजड़, जिला बड़वानी (म. प्र.) भारत

सबसे अच्छा उदाहरण है जो कि एक ओर धार्मिक और आध्यात्मिकता में विश्वास करने वालों के लिये श्रृद्धा का अवसर है तो सामाजिकता और सौहार्द बढ़ाने के लिये मिला-भेटी या मिलन भेट का माध्यम। पंचायती व्यवस्था में विश्वास करने वालों के लिए खास समान या पंचायत से जुड़ने का अवसर है तो कला-शिल्प के कलाकारों को अपनी कलात्मक वस्तुयें दिखाने और बेचने का, दैनिक उपभोग की वस्तुयें उत्पादित करने वालों को बाजार ढूंढने का तो ग्राहकों को खरीदारी का। चुहुलबाजी करने और नजारा देखने वालों को बन-ठन कर जाने और अनुकूल अवसर ढूंढने का। सभी को अपनी रूचि का कुछ न कुछ मेले में मिल ही जाता है लेकिन इन सबसे ऊपर मेला का महत्वपूर्ण पक्ष है 'समाजार्थिक संरचना।'

यदि हम मेलों की परम्परा के विकास की कल्पना करें तो आसानी से विश्वास किया जा सकता है कि ग्रामीण तथा वन क्षेत्र में नगरीय विकास के साथ व्यक्तिगत तथा सामाजिक आवश्कताओं की पूर्ति के लिये 'आदान-प्रदान' की परम्परा प्रारम्भ हुई होगी। अपनी आवश्यकता पूरी होने के बाद लोगों ने स्व-उत्पादित वस्तुओं को लोगों को सुलभ कराया होगा। मुद्रा का पर्याप्त प्रसार न होने के दिनों में वस्तुओं के विनिमय से खरीद फरोख्त होनी थी। लोग अनाज के बदले में उभोक्ता सामान खरीद लेते थे। गाँवों में बाजार संतृप्त होने के बाद अपने पशुओं या पशु चलित वाहनों (बैलगाड़ी) से लोग पड़ोस के गांवों से 'बंजी' करने जाने लगे, फिर किसी धार्मिक या तिथि त्योहार के बहाने वहाँ एकत्र होने लगे। इस तरह इकट्ठा होने का विकसित व व्यवस्थित रूप 'मेला' हो गया।

खपत और मांग अधिक होने से श्रमिकों या उत्पादकों को अपनी दक्षता-विकास का अवसर मिला। इससे कुछ खास स्थानों पर बनी वस्तुओं की दक्षता जनचर्चा में आ गई। कुछ लोग कहने लगे, भाई गुड़ लेना हो तो अमुक मेले से लेना, ढोलक लेना हो तो अमुक मेले में से लेना, घी लेना हो तो उस मेले में, चुनरी लेना हो तो उस मेले से लेना। यानि कुछ विशेष वस्तु की दक्षता व गुणवत्ता से उस वस्तु का किसी खास मेले में बाजार बन जाता है। इसी तरह जानवरों के विपणन के लिये भी साप्ताहिक हाटों से हुई शुरूआत पशु मेले में हुई। कालान्तर में पशुओं की श्रेणीयों के लिये अलग-अलग मेले प्रसिद्ध हो गये यथा बेलों, गधों, बन्दरों, बकरों आदि का बाजार लगने लगा।

लोकांचलों में राष्ट्रीय स्तर पर मान्य देवी-देवताओं के अतिरिक्त लोक देवता, ग्राम देवता की भी बड़ी मान्यता होती है जिन व्यक्तियों में अपने शौर्य, सदाचार या चमत्कारित कृतित्व से लोक का विश्वास ओर उनकी श्रृद्धा अर्जित की वह 'लोक देवता' के रूप में मान्य है।

मेले भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग बने हुए हैं या हम यू कहें कि भारतीय संस्कृति अपने ह्रदय के माधुर्य को त्योहार और मेलों में व्यक्त करती है, तो अधिक सार्थक होगा। भारतीय संस्कृति-प्रेम, सौहार्द, करूणा, मैत्री, श्रृद्धा, आस्था, उदारता तथा दया जैसे मानवीय गुणों से परिपूर्ण है। यह उल्लास, उत्साह और विकास को एक साथ समेटे हुए है। आनन्द के माधुर्य तो जैसे इसके गुण है। यह हर कार्य आनन्द के साथ शुरू होता है और माधुर्य के साथ सम्पन्न होता है।

यह हमारी धार्मिक आस्थाओं, सामाजिक परम्पराओं और आर्थिक आवश्यकताओं की त्रिवेणी है, जिनमें समूचा जनमानस भाव विभोर होकर गोते लगाता है। यही कारण है कि जितने त्योहार और मेले हमारे देश में मनाए जाते है विश्व के किसी अन्य देश में नहीं। इस दृष्टि से भारत को यदि त्योहार और मेलों का देश कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहाँ पूरे वर्ष अनवरत यह परम्परा चलती रहती है।

देश में मेलों की संगणना 1961 की जनसंख्या के साथ कराई गई थी। इसके अनुसार मध्य प्रदेश में अनुमानता चौदह सौ मेले भरते है। संभागवार मेलों की संख्या इस प्रकार थी- इंदौर 203, उज्जैन 227, ग्वालियर 161, चम्बल 95, जबलपुर 124, बिलासपुर 79, भोपाल 129, रायपुर 78, रीवा 121, सागर 165, होशंगाबाद 13 कुल योग 1395। (संदर्भ : तालिका क्रमांक 69, 1 फेअर्स एण्ड फैस्टिवल्स, के.सी. दुबे एवं एम.जी. मोहरिल, सेन्सस ऑफ इन्डिया वोल्यूम-8, म.प्र. मैनेजर ऑफ पब्लिकेशंस, दिल्ली-8, 1965 सपठित-मध्य प्रदेश संदर्भ 2003)

मध्य प्रदेश में मेलों का परिदृष्य अत्यन्त व्यापक है। यहाँ सभी प्रकार के मेले भरते है जिनमें यहां का सांस्कृतिक वैभव प्रतिबिम्बित होता है। मध्य प्रदेश के इन्दौर संभाग में स्थित अंचल 'निमाड़' क्षेत्र प्राचीनतम सभ्यता एवं संस्कृति का केन्द्र बिन्दु रहा है। निमाड़ अंचल दो भागों में 'पूर्वी निमाड़' एवं पश्चिमी निमाड़ के रूप में प्रशासनिक आधार पर विभाजित किया गया। पूर्वी निमाड़ में खण्डवा एवं बुरहानपुर दो जिले है तथा 'पश्चिम निमाड़' में खरगोन एवं बड़वानी दो जिले है।

पश्चिम निमाड़ अपने त्योहारों, उत्सवों व मेलों के लिये प्रसिद्ध है। इस अंचल की भूमि सदा ही संस्कृति प्रधान रही है। कहते है कि मध्य प्रदेश की प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यता का यह क्षेत्र केन्द्र स्थल रहा है। इसे 'नर्मदा स्थलीय सभ्यता' का केन्द्र भी कहा जाता है।

ये क्षेत्र भी अपने पर्व, उत्सव, त्योहार एवं मेलों के लिए प्रसिद्ध रहा है। इस क्षेत्र में चालीस से अधिक मेले आयोजित होते है। यहाँ मेलों को (निमाड़ी में) 'जत्रा' या 'जतरा' कहते है। प्रारम्भिक दौर में इन मेलों में बैलगाड़ियों से ही पहुंचा जाता था, इसलिये बैलगाड़ियों की यह 'यात्रा' अपभ्रंश में 'जत्रा' हो गई। पश्चिम निमाड़ भी 'मेलों की भूमि' रहा है, यहाँ विभिन्न नगरों व नदी के किराने, पहाड़ों व घाटियों के निकट ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक, पौराणिक आधार पर विभिन्न तिथियों को मेलों का आयोजन होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पश्चिमी निमाड़, जिला गजेटियर विभाग, म. प्र., भोपाल,
2. उपाध्याय, रामनारायण : निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास
3. उपाध्याय, रामनारायण : लोक साहित्य समग्र, हिन्दी प्रचारक पब्लिकेशन, वाराणसी
4. निरगुणे, वसन्त : निमाड़ी संस्कृति और साहित्य, मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद् का प्रकाशन, भोपाल
5. निरगुणे, वसन्त : जिरोती, मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद् का प्रकाशन, भोपाल

****

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव एवं तनाव का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. महेश कुमार मुछाल * सतीश चन्द **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य उ0प्र0 के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्य दबाव एवं तनाव का तुलनात्मक अध्ययन करना था। इस अध्ययन हेतु प्रतिदर्श के रूप में पश्चिम उ0प्र0 के बागपत जनपद के 208 स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का साधारण यादृच्छिक न्यादर्शन विधि के आधार पर चयन किया गया। चयनित न्यादर्श पर डॉ0 ऐ0के0 श्रीवास्तव एवं डॉ0 के0पी0 सिंह द्वारा निर्मित कार्य दबाव मापनी तथा स्वनिर्मित तनाव मापनी का प्रशासन कर उसके फलांको के आधार पर शिक्षकों के तनाव एवं कार्यदबाव के मध्य अन्तर की सार्थकता को देखा गया है। प्राप्त परिणामों के द्वारा ज्ञात हुआ कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्य दबाव एवं तनाव में सार्थक अन्तर है तथा स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों में कार्यदबाव एवं तनाव अधिक पाया गया। प्राप्त परिणामों के विश्लेषण से यह भी ज्ञात हुआ कि यौन भिन्नता के परिपेक्ष्य में स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव एवं कार्य दबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

प्रस्तावना – तनाव व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक दशा है जिसमें व्यक्ति असामान्य रूप से व्यवहार करने लगता हैं। यदि व्यक्ति की आवश्यकताएं तुरन्त और स्वत: ही पूरी हो जाएं तो जीवन इतना सरल हो जायेगा कि फिर उसके प्रति आकर्षण एवं आनन्द की अनुभूति ही समाप्त हो जायेगी इसीलिए प्रकृति में आवश्यकताओं की पूर्ति में बाधाओं को उत्पन्न करते रहना मानव जीवन के सुख के लिए अनिवार्य सा प्रतीत होता है। यदि बिना बाधाओं के आवश्यकताएं पूरी हो जायेगी तो जीने के लिए कुछ नहीं रह जायेगा, ये बाधायें ही जीवन के संग्राम में समय-समय पर उत्पन्न होती रहती है जो व्यक्ति में एक विशेष प्रकार का दबाव बनाये रखती हैं यही तनाव के रूप में जाना जाता है।

क्रो एवं क्रो के अनुसार– 'तनाव उस समय उत्पन्न होते हैं जब एक व्यक्ति को पर्यावरण की उन शक्तियों का सामना करना पड़ता है जो उसकी स्वयं की रूचियों और इच्छाओं के विपरीत कार्य करती है।'

तनाव की भांति कार्यदबाव भी शिक्षकों में पायी जाने वाली एक सामान्य मनोदशा है। जिसके निर्धारण के कारक वातावरण में मौजूद होते है। कार्यदबाव के परिणामस्वरूप कार्यकारी व्यक्ति अपनी क्षमता को पूर्णरूप से प्रदर्शित नहीं कर पाता। किसी भी कारण से शिक्षक तनाव एवं कार्यदबाव में है तो वह स्वयं असफल होने के साथ-साथ शिक्षण उद्देश्यों को भी प्रभावित कर सकता है। शिक्षक की सफलता उसकी स्वतन्त्र अभिव्यक्ति पर निर्भर करती है। जो अध्यापक तनावग्रस्त रहते हैं उनका अध्यापन कार्य भी निम्न स्तर का होता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिर अध्यापकों के तनाव ग्रस्त होने के क्या कारण हैं? सामान्य तौर पर इसके एक नही अनेक कारणों को गिनाया जा सकता है यथा-छात्रों का अध्यापकों के साथ शिष्टाचारपूर्ण व्यवहार न करना, सहकर्मियों का सहयोगात्मक दृष्टिकोण न होना, सत्र अवधि अधिक होना, पाठ्यक्रम व्यापक होना, अस्पष्ट पाठ्यक्रम सुविधाओं की कमी होना, अपने व्यवसाय से सन्तुष्ट न होना, अत्यधिक कार्यभार आदि। कार्यदबाव एवं तनाव के कारण शिक्षक के उत्साह में कमी पायी जाती है। वह ऊर्जा के ह्ास का अनुभव करता है तथा उसमें निराशा व निरर्थकता के भाव उत्पन्न होने लगते है। कार्य दबाव एवं तनाव व्यक्ति में भावशून्यता तथा निराशावाद की और संकेत करता है। व्यक्ति में सिरदर्द, थकान, सावेंगिक प्रथकता, आशा का अभाव, निषेधात्मक भाव, आत्म विश्वास का अभाव सामाजिक अयोग्यता आदि मनो शारीरिक लक्षणों के कारण व्यक्ति में अनेक प्रकार की विकृतियॉ उत्पन्न हो जाती है। जिससे उसकी शिक्षण दक्षता व कार्य क्षमता भी प्रभावित होती है।

अध्ययन की प्रासंगिकता – प्राथमिक शिक्षा को पटरी पर लाने के लिए सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान को वर्ष 2002 से सशक्त रूप से लागू किया जिसके तहत प्राथमिक विद्यालयों में स्थायी अध्यापकों की शिक्षण में सहायता करने हेतु, शिक्षामित्रों को रखने की व्यवस्था की गयी। प्रारम्भ में इण्टरमीडिएट पास व्यक्तियों को रुपये 1750/- के मासिक मानदेय पर 11 महीने हेतु ग्राम शिक्षा समिति की संस्तुति पर जिलाधिकारी द्वारा शिक्षामित्रों के रूप में नियुक्त किया जाता था जिन्हें प्रत्येक वर्ष नवीनीकरण की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वर्तमान में इनका मानदेय बढ़ाकर रुपये 3000/- प्रतिमाह कर दिया गया है किन्तु इनके साथ इतनी सारी समस्याएं जुड़ी है कि ये अपना कार्य न तो पूरी क्षमता से कर सकते हैं और न ही पूरी लगन एवं निष्ठा पूर्वक। शिक्षामित्रों के साथ-साथ स्थायी अध्यापक/ अध्यापिका भी तनाव एवं कार्यदबाव से वंचित नहीं हैं उनके सामने भी अनेकानेक समस्याएं महिषासुर की भांति मुंह बायें खड़ी है। इन स्थायी अध्यापकों का वेतनमान काफी कम है, तथा समय पर नही मिलता है, प्राथमिक विद्यालयों में प्राथमिक सुविधाये उपलब्ध नहीं है, इन्हें शिक्षण कार्य के अलावा भी अनेक सरकारी कार्यो को करना पड़ता हैं तो ऐसी परिस्थितियों में स्थायी अध्यापक/ अध्यापिकाएं तनाव एवं कार्यदबाव से कैसे वंचित रह सकते है?

अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं में व्याप्त कार्यदबाव एवं तनाव के संदर्भ में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा जो प्रयास किया गया है उनके परिणाम भी इस अध्ययन की आवश्यकता एवं महत्व को स्पष्ट करते है।

* एसोसिएट प्रोफेसर , शिक्षक शिक्षा विभाग, दिगम्बर जैन (पी.जी.) कॉलेज, बडौत (बागपत) (उ. प्र.) भारत
** शोधछात्र, शिक्षक शिक्षा विभाग, दिगम्बर जैन (पी.जी.) कॉलेज, बडौत (बागपत) (उ. प्र.) भारत

प्रकाश जी.पी. (1990) – का अध्ययन परिणाम यह दर्शाता है कि तनाव व कार्यदबाव के मध्य धनात्मक सह–सम्बन्ध तथा तनाव एवं कार्यदबाव का कार्य निपटाने की प्रकृति के मध्य नकारात्मक सह–सम्बन्ध पाया गया।

जगदीश व श्रीवास्तव (1982) का अध्ययन परिणाम यह दर्शाता है कि कर्मचारियों की कार्य सन्तुष्टि कार्य करते हुए प्राप्त हुई व कार्य के पश्चात के तत्व उनके द्वारा अनुभव किये गये तनाव से सार्थक रूप से प्रभावित पाये गये।

भट्ट डी.जी. (1997)– के अध्ययन परिणाम यह दर्शाते हैं कि प्राथमिक अध्यापकों में कार्य तनाव उनके कार्य संलग्नता एवं कार्य संतुष्टि से सार्थक रूप से उच्च धनात्मक सह–सम्बन्धित है।

तनाव व कार्यदबाव के सम्बन्ध में हुए एक अन्य शोध **(डॉ0 टी.सी. ज्ञानानी 1988)** के परिणाम दर्शाते हैं कि उच्च शिक्षा में संलग्न अध्यापकों के कार्य पर तनाव व कार्यदबाव का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

इस प्रकार निष्कर्ष के रूप में कह सकते है कि तनाव से ग्रसित कोई भी अध्यापक अपना शिक्षण सुचारू पूर्ण ढंग से नहीं कर सकता है चाहे वह स्थायी शिक्षक/शिक्षिका हो अथवा शिक्षामित्र। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शोधार्थी ने प्राथमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव एवं तनाव का तुलनात्मक अध्ययन किया है।

यदि वर्तमान शोध अध्ययन के परिणामस्वरूप यह पाया गया कि स्थायी शिक्षकों व शिक्षामित्रों के कार्यदबाव व तनाव में अन्तर है तथा स्थायी शिक्षकों की तुलना में शिक्षामित्रों में यह प्रतिशत मात्रा अधिक है तो इस वर्ग की समस्याओं के कारणों को ज्ञात कर इन्हें दूर करने का प्रयास किये जा सकते है जिससे अध्यापकों के तनाव व कार्यदबाव का प्रभाव उनकी शिक्षण दक्षता पर न पड़े।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. यौन भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. यौन भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएं

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
2. यौन भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
3. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।
4. यौन भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में समकों के संकलन हेतु **वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या – प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में उ.प्र. के बागपत जनपद के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को लिया गया है।

न्यादर्श एवं न्यादर्शन – प्रस्तुत अध्ययन के सन्दर्भ में शोधार्थी ने उपलब्ध जनसंख्या में से 208 प्रतिदर्शो का चयन साधारण यादृच्छिक न्यादर्शन के आधार पर किया है।

प्रयुक्त उपकरण – प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी ने स्वनिर्मित तनाव मापनी तथा डॉ0 ए0के0 श्रीवास्तव एवं के0पी0 सिंह द्वारा निर्मित एवं मानकीकृत कार्यदबाव मापनी का प्रयोग किया है।

प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ– समंक संकलन से प्राप्त सूचनाओं को अर्थयुक्त बनाने एवं परिणामों की व्याख्या हेतु मध्यमान, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात (उठ) आदि सांख्यिकीय प्रविधियों का प्रयोग किया है।

सीमांकन – प्रस्तुत अध्ययन केवल पश्चिमी उ0प्र0 के बागपत जनपद के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव एवं कार्यदबाव तक ही सीमित है।

परिणाम एवं विवेचना – शोध समस्या से सम्बन्धित आकंडो तथ्यों एव सूचनाओं आदि के सांख्यिकीय विश्लेषण के आधार पर परिणामों को प्राप्त किया गया है। प्रस्तुत शोध समस्या के उद्देश्यों पर आधारित परिकल्पनाओं के सम्बन्ध में निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए है।

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिमित्रों के तनाव का तुलनात्मक अध्ययन।

प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव में अन्तर की सार्थकता को ज्ञात करने हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गई है जिसका विवरण तालिका नं0 1 में दिया गया है।

तालिका नं0 1

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात (CR)	सार्थकता स्तर	परिणाम
स्थायी शिक्षक	86	52.46	16.15	5.22	0.01	H_0 निरस्त
शिक्षामित्र	122	64.30	17.02			

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव में सार्थक अन्तर है। अतः शून्य परिकल्पना कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव में सार्थक अन्तर नही है निरस्त की जाती है। स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव सम्बन्धी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों में तनाव अधिक पाया जाता है। इसका कारण यह हो सकता है कि स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों का वेतन बहुत कम होता है और ये लोग स्थायी भी नही होते है तथा इन पर कार्यदबाव भी अधिक होता है।

2. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव का तुलनात्मक अध्ययन – प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव में अन्तर की सार्थकता ज्ञात करने हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गई है जिसका विवरण तालिका नं0 2 में दिया गया है।

तालिका नं0 2

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात (CR)	सार्थकता स्तर	परिणाम
स्थायी शिक्षक	54	51.52	13.51	0.64	असार्थक	H_0 स्वीकृत
स्थायी शिक्षिकाएं	32	55.62	15.20			

तालिका नं0 2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव में सार्थक अन्तर नही है अत: शून्य परिकल्पना की 'स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव में सार्थक अन्तर नही है' स्वीकृत की जाती है। सम्बन्धित समूहों के तनाव सम्बन्धी प्राप्तांकों के मध्यमानों में जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह किसी अन्य कारण से हो सकता है जो सार्थक नही है। इसका प्रमुख कारण यह है कि दोनों ही स्थायी अध्यापक है दोनो एक जैसी परिस्थितियां वहन करते है।

3. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के तनाव का तुलनात्मक अध्ययन – प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के तनाव में अन्तर की सार्थकता देखने हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गई है जिसका विवरण तालिका नं0 3 में दिया गया है।

तालिका नं0 3

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात (CR)	सार्थकता स्तर	परिणाम
पुरूष शिक्षा मित्र	40	65.60	13.51	0.87	असार्थक	H_0 स्वीकृत
महिला शिक्षा मित्र	82	63.20	15.60			

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से विदित होता है कि प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रो एवं महिला शिक्षामित्रो के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है। अत: शून्य परिकल्पना 'प्राथमिक स्तर पर कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' स्वीकृत की जाती है। सम्बन्धित समूहों के मध्यमानों में जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह प्रतिदर्शजन्य विचलनों के फलस्वरूप हो सकता है। अत: हम कह सकते है कि पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों में तनाव एक समान पाया जाता है । इसका कारण भी यह हो सकता है कि दोनो समूहों के शिक्षकों को एक जैसी समस्याओं का सामना करना पडता है।

4. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव का तुलनात्मक अध्ययन – प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में अन्तर की सार्थकता को जानने हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गई है जिसका विवरण तालिका नं0 4 में दिया गया है।

तालिका नं0 4

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात (CR)	सार्थकता स्तर	परिणाम
स्थायी शिक्षक	86	112.70	28.10	2.81	0.01	H_0 निरस्त
शिक्षामित्रो	122	126.20	42.20			

तालिका नं0 2 में प्रदर्शित स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव सम्बन्धी प्राप्तांको के मध्यमान मूल्यों, मानक विचलन एवं क्रान्तिक अनुपात मान के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में सार्थक रूप से अधिक पाया जाता है। इसलिए शून्य परिकल्पना कि 'स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों में कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' निरस्त की जाती है। सम्बन्धित समूहों के मध्यमानों से स्पष्ट हो रहा है कि स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों कार्यदबाव अधिक पाया जाता है। इसका कारण यह हो सकता है कि स्थायी अध्यापक शिक्षामित्रों से ज्यादा काम लेते है जबकि स्वयं वह ज्यादा काम नही करते है।

5. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्यदबाव का तुलनात्मक अध्ययन –प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्यदबाव में अन्तर की सार्थकता हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गई है जिसका विवरण तालिका नं0 5 में दिया गया है।

तालिका नं0 5

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात (CR)	सार्थकता स्तर	परिणाम
स्थायी शिक्षक	.54	117.14	33.10	1.11	असार्थक	H_0 स्वीकृत
स्थायी शिक्षिकाएं	32	11056	21.80			

तालिका नं0 5 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है। अत: शून्य परिकल्पना कि स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है स्वीकृत की जाती है। सम्बन्धित समूहों के मध्यमानों पर दृष्टिगत करने से कार्यदबाव में अन्तर परिलक्षित हो रहा है लेकिन यह अन्तर सार्थक नही है यह अन्तर किन्ही अन्य कारणों से हो सकता है। अत: निष्कर्ष रूप में हम कह सकते है कि स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्य दबाव में सार्थक अन्तर नही है। इसका कारण यह हो सकता है दोनों समूहों के शिक्षकों के लिए परिस्थितियॉ एक समान होती है।

6. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के कार्यदबाव का तुलनात्मक अध्ययन – प्राथमिक स्तर पर कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में अन्तर की सार्थकता हेतु क्रान्तिक अनुपात की गणना की गयी है जिसका विवरण तालिका नं0 6 में दिया गया है।

तालिका नं0 6

समूह	न्यादर्श	मध्यमान	मानक विचलन	क्रान्तिक अनुपात	सार्थकता स्तर	परिणाम
पुरूष शिक्षामित्र	40	113.20	25.08	1.87	असार्थक	H_0 स्वीकृत
महिला शिक्षामित्र	82	125.24	45.9			

तालिका नं0 6 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है। अत: शून्य परिकल्पना कि 'प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही है' स्वीकृत की जाती है। सम्बन्धित समूहों के मध्यमानों के अवलोकन से इन समूहों के कार्यदबाव में अन्तर परिलक्षित हो रहा है लेकिन यह अन्तर वास्तविक न होकर सयोंगवश है अर्थात सार्थक नही है। इससे स्पष्ट होता है कि पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों में कार्यदबाव एक समान पाया जाता है। इसका प्रमुख कारण यह हो सकता है कि दोनों समूहों के सामने एक जैसी परिस्थितियॉ होती है तथा दोनो को एक जैसी समस्याओं का सामना करना पडता है।

निष्कर्ष– प्रस्तुत अध्ययन द्वारा निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुए है।

1. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव में सार्थक अन्तर पाया जाता है। स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों में तनाव अधिक पाया जाता है।
2. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया जाता है।
3. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के तनाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया जाता है। अर्थात पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों में तनाव एक समान पाया जाता है।
4. प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में सार्थक अन्तर पाया जाता है। स्थायी शिक्षकों की अपेक्षा शिक्षामित्रों में कार्यदबाव अधिक पाया जाता है।
5. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया जाता है।
6. प्राथमिक स्तर पर कार्यरत पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों के कार्यदबाव में कोई सार्थक अन्तर नही पाया जाता है। अर्थात पुरूष शिक्षामित्रों एवं महिला शिक्षामित्रों में कार्यदबाव एक समान पाया जाता है।

शैक्षिक निहितार्थ– प्रस्तुत अध्ययन से प्राप्त परिणामों से स्पष्ट होता है कि स्थायी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के तनाव एवं कार्यदबाव में अन्तर पाया जाता है। प्रस्तुत अनुसंधान द्वारा प्राप्त परिणामों का शासन द्वारा शैक्षिक उपयोग किया जा सकता है। प्राथमिक विद्यालयी शिक्षा में शिक्षकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। शिक्षा बालक का चहुमुखी विकास करने में सहायक होती है अत: प्राथमिक स्तर पर तो शिक्षकों की जिम्मेदारियां और भी बढ जाती है क्योंकि इसी स्तर पर बालकों के भविष्य की इमारत की नीवं रखी जाती है। अत: इस स्तर पर शिक्षकों का ध्यान तनाव व कार्यदबाव की तरफ न रहकर बालकों का विकास करने की तरफ होना चाहिए। अत: शिक्षामित्रों में कार्यदबाव एवं तनाव को कम करने हेतु सरकार द्वारा ऐसी नीतिया बनायी जानी चाहिए जिनसे उनका शोषण रोका जा सकें। जैसे शिक्षामित्रों का मानदेय बढाना चाहिए, 12 माह का मानदेय देना चाहिए, उनके नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए, महिला शिक्षामित्रों के लिए पर्याप्त प्रसूति अवकाश तथा अविवाहित महिला शिक्षामित्रों को वैवाहिक स्थल पर अपने पद की प्राप्ति की सुविधा मिलनी चाहिए साथ ही साथ उनके भविष्य के सम्बन्ध में भी विचार किया जाना चाहिए कि आज का शिक्षामित्रो कल का बेरोजगार न हो जाए। इस प्रकार की नीतियों द्वारा हम शिक्षामित्रो के तनाव एवं कार्यदबाव को कम कर सकते है। जिससे शिक्षामित्रों की शिक्षण दक्षता को बढाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **श्रीवास्तव, डी0 एन0 (1982) :** 'आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान' साहित्य प्रकाशन, आगरा, पृष्ठ संख्या 82–92।
2. **जगदीश व श्रीवास्तव ए0के0 (1983) :** 'परसीब्ड रॉल स्ट्रैस एण्ड जॉब सटिसफेक्शन' पर्सपिक्टिव इन साइकोलॉजिकल रिसर्चस वाल्यूम 8, नं0–2, पृष्ठ संख्या 101–103।
3. **भट्ट, डी0 जी0 (1887) :** 'जॉब स्ट्रैस, जॉब इनवाल्वमेन्ट एण्ड सैटिसफेक्शन ऑफ टीचर्स' 'इण्डियन जनरल्स ऑफ साइकोलॉजी एण्ड एजूकेशन', वाल्यूम नं0–28 पेज 87–94।
4. **प्रकाश, जी0पी0 (1990) :** 'आक्यूपेशनल स्ट्रैस एण्ड कापिंग इन यूनिवर्सिटी फैकल्टी मैम्बर्स' जनरल आफ साइकोलॉजी, पृष्ठ संख्या 37–43।
5. **श्रीवास्तव, बीना (1996) :** 'स्ट्रैस एमांग इन सर्विस एण्ड स्टूडेन्ट टीचर्स', पर्सपिक्टिव इन साइकोलाजी रिसर्चस, वाल्यूम 19 एवं 20।
6. **अग्रवाल, कृष्ण (1998) :** 'जॉब सैटिसफैक्शन एण्ड आक्यूपेशनल स्ट्रैस इन रिलेशन टू फैक्ट प्रोक्सिमिटी विद् टॉप मैनेजमेन्ट', इण्डियन जनरल ऑफ साइकोलॉजी एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम नं0–29, नं0–2, पृष्ठ संख्या 113–114।
7. **आनन्द, वर्षा (1998) :** 'टीचर्स आक्यूपेशन स्ट्रैस एण्ड सेल्फ स्टीम पर्सपेक्टिव इन साइकोलॉजिकल रिसर्चस', वाल्यूम 21, पृष्ठ संख्या 105–109।
8. **ज्ञानानी, टी0सी0 (1998) :** 'स्ट्रैस एण्ड स्ट्रैन एमांग, टीचर्स वर्किंग इन हायर एजूकेशन इन्स्टीट्यूट ऑफ डिफरेन्ट ऑरगेनाइजेशनल क्लाइमेट', इण्डियन जनरल ऑफ साइकोमैट्री एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम–29, नं0–1, पृष्ठ संख्या 53–59।
9. **कपिल, एच0के0 (1999) :** 'सांख्यिकी के मूल तत्व', पंचम संस्करण विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा पृष्ठ संख्या 627–642।
10. **सैनी अंजलि व दास, इरा (2001) :** 'इफैक्ट ऑफ स्टूडेन्टस एटीट्यूड टुवर्ड्स टीचर्स अपॉन फीमेल स्कूल टीचर्स' इन जनरल्स ऑफ साइकोलाजी एण्ड एजूकेशन, वाल्यूम 32, नं0 2, पृष्ठ संख्या 101–104

****

सिद्धार्थ गौतम के सिद्धान्त एवं उसकी प्रासंगिकता

डॉ. बुद्धरतन राजौरिया *

प्रस्तावना – जब सिद्धार्थ गौतम ने यह देखा कि संसार में कष्ट और दुख है यह एक ऐसा यथार्थ सत्य है जिससे इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन गौतम इस बात का पता लगाने चाहते थे कि दुख को कैसे दूर किया जाये साख्य दर्शन के पास इस प्रश्न का उत्तर नहीं था इसलिये अपना सारा ध्यान इसी प्रश्न को हल करने ये लगाया था कि संसार के कष्टों और दुखों को कैसे दूर किया जाये। स्वभाविक तोर पर पहला प्रश्न जो अपने आप से पूछा वह यही था कि वे कौन से कारण है वे कौन से हेतु हे जिसकी वजह से एक व्यक्ति कष्ट उठाता है दूसरा सुख भोगता है उसका दूसरा प्रश्न था दुख का नाश कैसे किया जाये इन दोनों प्रश्नों का उत्तर सही सही मिल गया यही समयक सम्बोधि कहलाता है इसी तरह सिद्धार्थ गौतम को पीपल के वृक्ष के नीचे बोधि ज्ञान प्राप्त किया और वे बुद्ध कहलाये भगवान बुद्ध के बताये सिद्धान्त इस तरह से है।

भगवान बुद्ध के सिद्धान्त

चार आर्य सत्य – 'आर्य सत्य' इन सामासिक पदों में आर्य शब्द का अर्थ है ज्येष्ठ या श्रेष्ठ। अत: आर्य सत्य अर्थात् श्रेष्ठ सत्य है।

चतुरार्य सत्य बौद्ध धर्म दर्शन के मुख्य अंग हैं। यह उसके हृदय के समान है। अन्य सिद्धान्त इन्हीं से विकसित हुये हैं। इन चार आर्य सत्यों का परवर्ती भारतीय दर्शन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।

(1) दुख आर्य सत्य – जन्म, बुढ़ापा, मृत्यु, रोना, शोक करना, पीड़ित होना, चिंतित होना, परेशान होना यह सब दुख है।

इच्छित वस्तु का न मिलना दुख है। अप्रिय व्यक्ति का समागम और प्रिय व्यक्ति का वियोग दुख है। संक्षेप में पाँच उपादान स्कन्ध ही दुख हैं। इन पाँच उपादान स्कन्धों का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार है–

(i) रूप उपादान स्कन्ध – रूप उपादान स्कन्ध के अन्तर्गत पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि चार महाभूत और इन चारों महाभूतों से निर्मित जो भी सूक्ष्म या स्थूल, बाह्य या आभ्यन्तर दूर या निकट और भूत, भविष्य, वर्तमान का प्रिय या अप्रिय रूप जो भी रूप है वह सभी समाहित है।

(ii) वेदना उपादान स्कन्ध – किसी भी वस्तु से उत्पन्न होने वाली सुखात्मक, दुखात्मक अथवा असुखादुखात्मक अनुभूतियाँ वेदना उपादान स्कन्ध के अंतर्गत आती हैं।

(iii) संज्ञा उपादान स्कन्ध – पूर्व अंकित संस्कारों द्वारा परिचय या पहचान की यह वही व्यक्ति है यह संज्ञा है।

(iv) संस्कार उपादान स्कन्ध – संस्कार रूप, वेदना एवं संज्ञा की दिमाग पर पड़ा रहने वाला संस्कार जिसकी सहायता से पहचाना जाता है यह वही व्यक्ति है संस्कार है।

(v) विज्ञान उपादान स्कन्ध – चेतना या मन की संज्ञा है विज्ञान। ये पाँचों स्कन्ध जब तृष्णा के हेतु बनते हैं तो उन्हें उपादान स्कन्ध कहा जाता है। तृष्णा आश्रित होने के कारण ही ये पाँचों उपादान दुख रूप कहे गये हैं।[2]

(2) दुखसमुदाय आर्य सत्य – दुख का कारण उसका हेतु राग द्वेष युक्त तृष्णा है। तृष्णा तीन प्रकार की है– काम तृष्णा, भव तृष्णा एवं विभव तृष्णा। यह तृष्णा ही दुख के समुदय के संबंध में आर्य सत्य है काम (भोगों की) तृष्णा के कारण राजा राज से, माता पुत्र से, पिता पुत्र से, भाई–भाई से, बहन भाई से, मित्र–मित्र से लड़ते हैं। कभी आपस में एक दूसरे की हत्या भी कर देते हैं। यही दुख समुदाय आर्य सत्य है। विषय भोगों को भोगने की इच्छा से बार–बार जन्म लेने की तृष्णा को भव तृष्णा कहा जाता है।

विभव तृष्णा दूसरों का अहित करती है। बैर और दुश्मनी के मूल में यही तृष्णा होती है और यही महायुद्धों का कारण बनती है। विभव तृष्णा विनाश की कामना है।

भगवान बुद्ध ने कहा है समय आता है जब महासमुन्द्र सूख जाता है किन्तु अविधा एवं तृष्णा से संचालित संसार चक्र में घूमने वाले प्राणियों के दुख का अन्त नहीं होता।

यह महापृथ्वी जल जाती है नहीं रहती परन्तु प्राणियों की तृष्णाओं का कोई अन्त नहीं है।

3. दुख निरोध आर्य सत्य – तृष्णा के समपूर्ण वैराग्य निरोध एवं त्याग से वेदना संज्ञा संस्कार एवं विज्ञान स्कन्धों का अवशेष निरोध हो जाता है तथा निरूद्ध हो जाता है। जरामरण रूपी चक्र का अविराम चक्र वर्तन यही दुख निरोध आर्य सत्य कहलाता है।

4. दुख निरोध गामिनी प्रतिपदा आर्य सत्य – इसी को आर्य अष्टांगिक मार्ग भी कहा जाता है क्योंकि इसके आठ अंग है। बुद्ध से प्रारम्भ करके सम्पूर्ण बौद्ध परम्परा में आर्य अष्टांगिक मार्ग का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है और साधक मात्र के लिये यह निर्वाण साधना का सहज, सुगम, सुबोध व निश्चित मार्ग है।

इसी को चतुरार्य सत्य कहा गया है वस्तु मात्र के प्रति मध्यम दृष्टिकोण इस कार्य का अष्टांगिक मार्ग का प्रतिपाद्ध है और यही बौद्ध दर्शन की केन्द्रीभूत दृष्टि है। भगवान ने जीवन के दोनों अन्तों अतिवादिताओं का त्याग अर्थात् काम भोगों में लिप्त होना और न कठोर आत्मकलेश जप्पत करना, ऐसे मध्यम मार्ग पर चलकर निर्वाण प्राप्ति का सन्देश दिया है जिस प्रकार चार पदों में चतुरार्य सत्य है श्रेष्ठ है धर्मो में वेराग्य तथा द्विपद प्राणियों में चक्षुमान को श्रेष्ठ बताया गया है उसी प्रकार मार्गो में आर्य अष्टांगिक मार्ग को श्रेष्ठ बताया गया है। दृष्टि की विशुद्धि के लिये इसके अतिरिक्त और कोई मार्ग नहीं है।

अष्टांगिक मार्ग – इस आर्य अष्टांगिक मार्ग के आठ अंग हैं, जो शील, समाधि एवं प्रज्ञा में विभक्त है–

(क) प्रज्ञा– 1. सम्यक दृष्टि

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) जी.एल.एस. कॉलेज बानमोर, मुरैना (म.प्र.) भारत

2. सम्यक संकल्प
(ख) शील– 3. सम्यक वाचा
4. सम्यक कर्मान्त
5. सम्यक आजीविका
(ग) समाधि– 6. सम्यक व्यायाम
7. सम्यक स्मृति
8. सम्यक समाधि

1. सम्यक दृष्टि – विभग में दुख, दुख के कारण, दुख के निरोध एवं दुख निरोधगामी मार्ग के ज्ञान को सम्यक दृष्टि कहा गया है। जिस समय साधक लोकोन्तर ध्यान की भावना करके काम रहित प्रथम ध्यान भूमि में प्रवेश कर दुखगामी मूढ़ता का नाश करता है उस समय मूढ़ता रहित सम्यक दृष्टि जो धर्म विचय नामक बौध्याग का मार्गपात्र भी है उसी को सम्यक दृष्टि कहा गया है।

मज्झिम निकाय के अनुसार दुराचरण एवं उसके कारणों को सम्यक रूप से पहचानना, सदाचरण तथा उसके मूल कारण को जाना सभी सम्यक दृष्टि कहा गया है।

इसी प्रकार इस धर्म में श्रद्धा रखने को भी सम्यक दृष्टि कहा जाता है। विद्धानों ने इसके कई अर्थ किये हैं जैसे ठीक दृष्टिकोण विश्वास दर्शन श्रृद्धा अथवा विचार। प्रज्ञा पारमिता शहस्त्रिका के अनुसार बुद्ध, धर्म, सेध में श्रृद्धा रखना सम्यक दृष्टि है। महायान सुत्रालंकर इसे वस्तुओं के वास्तविक यथाभूत ज्ञान को समयक दृष्टि कहता है।

धम्मचक्र सुत्त में चार आर्य सत्यो को ठीक ज्ञान को सम्यक दृष्टि कहा गया है।

सम्यक दृष्टि का आशय सम्पूर्ण चराचर सृष्टि एवं वस्तुजात मात्र के प्रति अनित्य है दुख एवं अनात्मक दृष्टिकोण रखना है जो बौद्ध साधना का प्रमुख्य स्तम्भ है।

भगवान ने वादो में न पड़कर भूत, भविष्य ओर वर्तमान दुख एवं दुख के कारणों के प्रति सम्यक दृष्टिकोण अपनाकर उसे समाप्त करने का मार्ग बताया है। सभी अकुशल (पाप बुरे कर्म) के मूल हेतु लोभ, मोह, द्धेष और इनके मूल अविधा को पहचाना तथा पहचानकर इन अकुशल मूलों का प्रहाण करना भी सम्यक दृष्टि का लक्षण है।

2. सम्यक संकल्प – अविधा मूलक संस्कारों को प्रहाण करने हेतु प्रज्ञा युक्त संकल्प का नाम ही सम्यक संकल्प है।

सम्यक संकल्प के विषय में भगवान ने कहा है कि नेष्क्रम्य, अव्यापाद एवं अविहिंसा का संकल्प सम्यक संकल्प है।

सम्यक संकल्प का आशय है कि सभी प्रकार के तर्क, वितर्क, विचार व क्रियाओं में एकाग्रतपापूर्वक चित में किसी प्रकार के अविधा, मूलक सकल्पनो की कल्पना न होने देना तथा आर्य अष्टांगिक मार्ग पर चित को आरूढ़ करना सम्यक संकल्प है। दीर्घ निकाय में छ: प्रकार के संकल्प बताये गये है। तीन कुशल एवं तीन अकुशल संकल्प है। काम संकल्प, व्यापाद संकल्प एवं विहिंसा सकल्प। यह तीन अकुष संकल्प है। तथा नेष्क्रम संकल्प, अव्यापाद संकल्प, एवं संकल्प ये तीन कुषल संकल्प है।

3. सम्यक वाचा (वाणी) – सम्यक वाचा का अर्थ इस प्रकार है कि आदमी (i) सत्य ही बोले, (ii) आदमी असत्य न बोले, (iii) आदमी दूसरों की बुराई न करता फिरे, (iv) आदमी दूसरों के बारे में झूठी बातें न फैलाते फिरे, (v) आदमी किसी के प्रति गाली–गलौच का व कठोर वचनों का व्यवहार न करे, (vi) आदमी सभी के साथ विनम्र वाणी का व्यवहार करे, (vii) आदमी व्यर्थ की बेमतलब मूर्खतापूर्ण बातें न करता रहे बल्कि उसकी वाणी बुद्धिसंगत हो सार्थक हो और सोद्धेश्य पूर्ण हो।

सम्यक वाणी का व्यवहार न किसी के भय की अपेक्षा रखता है और न किसी के पक्षपात की। इसका इससे कोई भी संबंध नहीं होना चाहिये कि कोई बड़ा आदमी उसके बारे में क्या सोचने लगेगा अथवा सम्यक वाणी के व्यवहार से उसकी क्या हानि हो सकती है।

सम्यक वाणी का मापदण्ड न किसी ऊपर के आदमी की आज्ञा है और न किसी व्यक्ति को हो सकने वाला व्यक्तिगत है।

4. सम्यक कर्मान्त – सम्यक कर्मान्त योग्य व्यवहार की शिक्षा देता है। हमारा हर कार्य ऐसा हो जिसे करते समय हम दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल रख सकें। सम्यक कर्मान्त का मापदण्ड यह है कि हमारे कार्य जीवन के जो मुख्य नियम हैं उनसे अधिक से अधिक समन्वय रखता हो।

सम्यक कर्मान्त का यह आशय है कि मनुष्य को प्राणी हिंसा से विरत रहना चाहिये, बिना दिये वस्तु नहीं लेना चाहिये। काम भोगों के मिथ्याचार (व्यभिचार दुराचार) से विरत रहना चाहिये। मादक पदार्थों का सेवन नहीं, चोरी नहीं करना आदि यही मनुष्य के सम्यक कर्मान्त हैं।

एक आदमी जीव हिंसा नहीं करता वह दण्ड का प्रयोग नहीं करता, शस्त्र का उपयोग नहीं करता, लज्जावान, दयाशील एवं सभी प्राणियों पर अनुकम्पा करता है क्योंकि सभी प्राणी दण्ड से त्रस्त हैं। अपने समान सभी को समझकर किसी को भी दण्डित नहीं करना चाहिये। यही सब बातें सम्यक कर्मान्त के अन्तर्गत आती हैं।

5. सम्यक आजीविका – प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीविका कमानी ही हाती है लेकिन जीविका कमाने के ढंग और ढंगों में अन्तर हो। कुछ बुरे हैं, कुछ भले हैं। बुरे ढंग वे हैं जिनसे किसी को हानि होती है अथवा किसी के प्रति अन्याय होता है।

अच्छे ढंग वे हैं जिनसे आदमी बिना किसी को हानि पहुँचाये अथवा बिना किसी के साथ अन्याय किये बिना अपनी जीविका कमा सकता है यही सम्यक आजीविका है।

सम्यक आजीविका के लिए निम्न प्रकार के व्यापारों का निशेद्य किया गया है। शस्त्र व्यापार, पशु व्यापार, मांस व्यापार, मादक पदार्थ व्यापार, विश व्यापार आदि।

व्यक्ति से समाज बनता है। वह समाज का घटक होने से उसके कार्यो का समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति का जीवन सम्यक आजीविका द्धारा शुद्ध रहेगा तो समाज में किसी प्रकार का आपसी संघर्ष और विद्धेष उत्पन्न नहीं होगा।

6. सम्यक व्यायाम – इन्द्रियों पर संयम, बुरी भावनाओं को रोकना, अकुशल धर्म अर्थात् पाप उत्पन्न न होने देने के लिए निश्चय करना, परिश्रम करना, उद्योग करना, चित को पकड़ना और रोकना कुशल धर्म अर्थात् सत्कर्म की उत्पत्ति स्थिति के लिए निश्चय करना, बुरी भावनाओं को रोकना, अच्छी भावना को उत्पन्न करना, बुरी भावना को निकाल देना, अच्छी भावना की रक्षा करना यह सम्यक व्यायाम है।

सम्यक व्यायाम अविधा को नष्ट करने की प्रथम सीढ़ी है। इस दुखद कारागार के द्धार तक पहुँचने का रास्ता ताकि उसे खोला जा सके। सम्यक व्यायाम के चार उद्धेश्य हैं–

1. एक है अष्टांगिक मार्ग विरोधी चित–प्रवृत्तियों की उत्पति को रोकना।
2. दूसरा है ऐसी चित–प्रवृत्तियों को दबाना जो उत्पन्न हो गई हैं।

3. तीसरा है ऐसी चित-प्रवृत्तियों को उत्पन्न करना जो अष्टांगिक मार्ग की आवश्यकता की पूर्ति में सहायक हों।
4. चौथा है ऐसी उत्पन्न चित-प्रवृत्तियों में और भी अधिक वृद्धि करना तथा उनका विकास करना है।

7. सम्यक स्मृति – होश जागरूकता, काया, वेदना, चित और मन के धर्मो की ठीक स्थितियाँ, चलते-फिरते, बैठते-सोते उनके मलिन क्षण विर्ध्वास आदि होने का, मैं क्या कर रहा हूँ क्या करना चाहिये इसका सदा स्मरण रखना। मन में जो अकुशल विचार उठते हैं उनकी चौकीदारी करना सम्यक स्मृति है।

बुद्धत्व प्राप्ति के पूर्व बोधिसत्व स्मृति प्रस्थानों का अभ्यास कर उनका विकास करते हैं। स्मृति प्रस्थानों को बोधिसत्व चर्या का प्रथम सोपान मानना चाहिये।

भगवान बुद्ध ने ज्ञान लाभ से पूर्व स्मृति का सतत् अभ्यास किया था। उन्होंने कई स्थलों पर कहा है। मैंने न बदने वाला वीर्य आरम्भ किया था, उस समय मेरी स्मृति अमुषित एवं जाग्रत थी जहाँ भी ध्यान भावना की बात आती है और ध्यान भावना करने वाला भिक्षु का जिक्र आता है वहाँ अनिवार्यतः यह कहा जाता है कि यहाँ एक भिक्षु अरण्य में वृक्ष के नीचे एकान्त में आसन मानकर शरीर को सीधा रखकर स्मृति को सामने उपस्थित रखकर ध्यान करता है।

8. सम्यक समाधि – समाधि का मतलब है चित की एकाग्रता। इसमें संदेह नहीं है कि इससे ध्यानों को प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन ध्यान की अवस्थायें अस्थायी हैं इसलिये संयोजन या बंधन भी अस्थायी तौर पर ही स्थगित रहते हैं। आवश्यकता है चित में स्थायी परिवर्तन लाने की इस प्रकार का स्थायी परिवर्तन सम्यक समाधि के द्वारा ही लाया जा सकता है।

खाली समाधि एक नकारात्मक स्थिति है क्योंकि यह इतना ही तो करती है कि संयोजनों को अस्थायी तौर पर स्थगित रखें इसमें मन का स्थायी परिवर्तन निहित नहीं है। सम्यक समाधि एक भावात्मक वस्तु है। यह मन को कशुल कर्मो को एकाग्रता के साथ चिन्तन करने का अभ्यास डालती है और मन की संयोजनोत्पन्न अकुशल-कर्मो की ओर आकर्शित होने की प्रवृत्ति को ही समाप्त कर देती है।

सम्यक समाधि को कुशल और हमेशा कुशल ही कुशल (भलाई ही भलाई) सोचने की आदत डाल देती है, सम्यक समाधि मन को वह अपेक्षित शक्ति देती है जिससे आदमी कल्याणरत रह सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पालिवाड़ मय वोधिसत्व सिद्धान्त - भदन्त सांवगी मेघकर
2. भगवान बुद्ध उनका धर्म - भदन्त आनन्द कोसल्यापन
3. वोधिसत्व सिद्धान्त - भदन्त सांवगी मेघकर
4. भगवान गौतम बुद्ध - भदन्त बोधानंद

****

कुचबदिया समाज का बदलता स्वरूप : एक शैक्षिक एवं भौगोलिक अध्ययन

डॉ. हीरालाल चौधरी *

शोध सारांश – आज से लगभग 50 वर्ष पूर्व यह समाज ब्लाक अमरपाटन जिला सतना में आगमन हुआ। कहा जाता है कि घाघरा नदीं उत्तरप्रदेश में अचानक नदीं में उफान आ गया। जिससे इनका निजी निवास ग्राम देवरिया जिला गोरखपुर उ.प्र. भी बाढ़ की चपेट में आ गया। जिससे पूरी वस्ती किनारे वसे होने के कारण प्रभावित हो गई और जो भी इनके पास था। वह भी वह गया। इसके साथ–साथ जन–धन की हानि हुई ये व्यक्ति खाने कमाने के हिसाब से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भीख माँगकर जीवन यापन करते यहाँ तक पहुँच गये।

कुचबधिया समाज के केवल दस व्यक्ति एक साथ समूह में आये थे। उस जमाने में ब्लाक अमरपाटन के श्रीगिलई ताम्रकार चेयरमैन थे। इन्होंने इनकी दीनदशा को देखकर इन पर दया कर तहसील के पीछे शहर से दूर वीरान स्थान पर जिगधरा तलाब के पास इनकी झोपड़ी बनबाई। और उनकों स्थाई स्थान दिया गया। इससे पहले इस समाज के लोग व्यक्ति अपनी अजीविका के लिए एक गाँव से दूसरे गाँव में भीख मागने शाम (रात्रि) को विश्राम उसी गाँव में करते जहाँ रात्रि हो जाती थी। इनके साथ महिला–पुरूष बच्चे भी रहते थे। किन्तु पुरूष वर्ग शिकार करते हुए चलते थें। तो इनके साथ कम–से–कम एक टोली में दस व्यक्ति दस कुत्तों के साथ चलते थे। गाँव में इनके आने की खबर गाँव के कुत्तों को हो जाती है।

कहा जाता है कि ये समाज एक खानाबदोस की ही एक शाखा हैं। जो कि एक घुमक्कड़ जाति होती है। ये इस समुदाय से है जो अपना स्थान बदलते रहते थें। खाना बदोस, बंजारा, कुचबदियाँ समाज से काफी समानता पाई जाती है। कहाँ जाता है कि इस समाज का अमरपाटन क्षेत्र में आगमन हुआ तो केवल 10 व्यक्ति ही थे। जिसमें 6 पुरूष 4 महिलाऐं सामिल थी। आज वर्तमान समय में कुचबदिया वस्ती अमरपाटन वार्ड 15 में इनकी परिवार संख्या 30 घर वोटर 250 तथा वस्ती की कुल जनसंख्या लगभग 600 से ऊपर (0 से 60 वर्ष के ऊपर) तक के व्यक्ति निवास करते हैं। इसका क्षेत्रफल लगभग 70×1000 मीटर तक फैला है। इनमें सबसे पहले व्यक्ति का नाम बुलाकी कुचबदिया था।

शोध प्रविधि – इस शोध शीर्षक **कुचबधिया समाज का बदलता स्वरूप : एक शैक्षिक एवं भौगोलिक अध्ययन में** प्राथमिक तथ्यों के साक्षात्कार के माध्यमों द्वारा अध्ययन किया गया है। यहाँ तक सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनीतिक तथ्यों का अध्ययन भी समाहित है। तथ्यों की पुष्टि हेतु कुचबदिया वस्ती वार्ड क्रमांक 15 के सदस्यों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अध्ययन किया गया है।

उद्देश्य :

1. सामाजिक स्तर
2. आर्थिक स्तर
3. सांस्कृतिक रहन–सहन, खान–पान
4. धार्मिक
5. लोक नृत्य गायन, तीज त्यौहार

समस्याऐं :

कुचबधियाँ समाज का सामाजिक स्तर – सामाजिक स्थिति शरीर मैला, हाथ – पैर नग्न, बाल रूखे, बिन तेल कंघी के शरीर से बदबू, फटे, पुराने कपड़े, साफ–सफाई से दूर नग्न बच्चे बिना कमीच नग्न बदन बाले। इस समाज की महिला और पुरूष दोनों ही घूमफिर कर अपना जीवन यापन करने वाली जाति है।

आवास – आवास घास–पूस के बने होते हैं। एवं मिट्ठी की दीवार एवं उसके ऊपर टीन चद्र आदि का क्षत होता है।

भोजन – अपने भोजन में अधिकतर माँस–मछली, अण्ड़ा, शिकार एवं रोटी चावाल।

नशा – बीड़ी, तम्बकू, शराब आदि का नशा करते हैं।

विवाह की रीति–रिवाज – हिन्दी रीति–रिवाज से करते ही कपड़ा (कोश मूसा) इनके कपड़ों में अधिकत्तर देशी लहगाँ सर्ट, कमीज, फरिया होती थी। किन्तु आज समय के अनुसार अपने पहनावे को बदलकर सभी की तरह कपड़े पहनना शुरू कर दिये हैं।

आर्थिक स्थिति – व्यवसाय घुम्मकड़ जाति, बंजारा, खाना बदोस, कुचबदिया समाज के व्यक्ति अधिकत्तर भीख माँगकर गुजारा कर अपना जीवन यापन करते थें। भीख माँगने के लिए ये अपने रूप को इतना डरावना बना लेते हैं कि गाँव के व्यक्ति इन्हें देखकर अपने घर के दरबाजे बन्द कर लेते हैं। इन्हें अपने हाव भाव के कारण लोग इन्हें हेय दृष्टि से देखते थें। ये अपनी हट के कारण ये लोग घरों में डटे रहकर उनसे जबरदस्ती भीख लेते थें। यदि उनके द्वारा भीख न दी जाये तो ये लोग टोने जादू का भी डर दिखाते थें। यदि इसी बीच किसी व्यक्ति की तबयत खराब हो जाती थी। तो कुचबधियाँ समाज का नाम लगता था। कि वे ही टोना जादू कर दिया है। इसके अलाबा जंगलों या खेतों में काम करते थें।

सामाजिक स्थिति – रहन–सहन हमारी सामाजिक संरचना खुद इस प्रकार है इनमें जातिय चक्र में अनुसूचित जाति अधिनियम 1976 के अन्तर्गत सूची में अनुक्रमांक 34 पर अंकित है। अनुसूचित जाति में आते हैं। इनकी अपनी भाषा गिहार है। ये जब आपस में बात करते हैं उसी अपनी स्वयं की भाषा का प्रयोग करते हैं। जो काम व्यक्ति के सामने से परे हैं। अर्थात् अनभिज्ञ हैं। इसके अलावा हिन्दी एवं शैलीय भाषा (क्षेत्रीय भाषा) का ज्ञान रखते एवं बोलते हैं। गिहार भाषा के उपयोग करने के कारण ही इन्हें गिहार समाज भी

* अतिथि विद्वान (भूगोल) यूनिक कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, अमरपाटन, जिला सतना (म.प्र.) भारत

कहा जाता है। उनकी नातेदारी-रिस्तेदारी, अमरपाटन, बेला, देवेन्द्रनगर, दमोह, सागर, कटनी, विदिशा, जबलपुर, रीवा, (रानी तलाब) देवरिया जिला गोरखपुर, कोण्डाघाट, जिला अलिराजपुर उत्तरप्रदेश आदि का बर्चस्व है। ये इन्हीं स्थानों पर शादी विवाह एवं नातेदारी करते हैं। इस समाज के व्यक्ति चूँकि वस्ती गाँव शहर से दूर निवास होने के कारण ये नैतिक ज्ञान, सामाजिक ज्ञान, संस्कार आदि से वंचित होने के कारण इस समाज का विकास किसी प्रकार का नहीं हो सका था। चूँकि आज के वर्तमान समय में बदलते वातावरण का प्रभाव इस समाज पर भी पड़ा है।

समाधान – इसके पहले इस समाज समुदाय का जीवन स्तर बहुत दयनीय, दु:खद व निर्धनता में बीतता था। इस समाज के व्यक्ति के पास ऐसा कुछ साधन नहीं था। न ही शिक्षित था कि अपने से कुछ व्यवसाय कर ले और अपना भरण पोषण कर ले। अत: उनकी जिन्दगी बद से वदतर थी। जो भीख में मिलता उसी से अपने परिवार का भोजन उपलब्ध कराया जाता था।

उनके कपड़े फटे-पुराने, कमीज, पैजामा, धोती, चोली, घाघरा, लहगाँ आदि होते थें। जो अपनी दिनचार्या में काम आते थें। महिलाऐं लहगाँ पहनकर गाँव में भीख मागने के लिए एक हाथ में सिलवर का कटोरा, एवं एक हाथ में पतली छोटी से डंडी, लाठी लेकर चलती एवं सिर पर भीख से मिला अनाज कि पोटली होती थी। उनके गाँव में प्रवेश करते ही गाँव के बच्चे देखने के लिए भीड़ लग जाती थी। एवं गाँव के आवारा कुत्तो भोकते हुए उनके पीछे-पीछे तब तक रहते। जब तक ये औरते गाँव से बाहर नहीं जाती है। भीख मागते समय में औरते अपने शरीर और कपड़ों को ऐसा बनवाती जिससे लोगों को भय हो वे अपने घर से अनाज और खाना-पीना दान दे सके। उसके अलावा लहँगा चोली में औरते डायन का रूप धारण कर घरों में भीख मागती। एवं टोने जादू का डर-भय पैदा करती। जिससे कुछ लोग दया वस, कुछ लोग डर-भय वस एवं कुछ लोग नफरत वश घरों से इन्हें भीख देते। और भला बुरा कहती हैं कि ये काम नहीं करती है। भीख मागने चली आती है। कभी-कभी ये औरते डायन का रूप धारण किये हुए होती थी। इनकी वेश-भूसा इनके मृत्यु का कारण होता था। क्योंकि जब ये अकेली होती थी तब गाँव के लोग इन्हें पत्थरों और डंडों से मार देते थें। क्योंकि उन पर टोने-जादू करती हैं। इस डर के कारण लोग इनकी हत्या कर देते हैं। इनके पीछे और कई कारण हैं। लोगों और समाज में ज्ञान की कमी अज्ञानतावश ही ऐसी हत्या करते हैं जिसमें कितने मासूम बेवजह औरतों की जान चली जाती है। इस समुदाय के स्त्री-पुरूष स्वभाव से शान्त एवं विपरीत परिस्थितियों में सहास के साथ उग्र रूप धारण कर हमला भी कर देते हैं। इस समुदाय के छोटे-बड़े बच्चों, ये शकाहारी अधिकांशत: माँसाहारी होते हैं। पुरूष वर्ग का विशेष रूप शिकार करने की होती है। ये जंगलों में जाकर जगली जानवरों का शिकार करते थें। इसमें से मुख्यत: छोटे जीव-जन्तु जैसे खरगोश, शियार, सर्प, लोखड़ी, गोह, बिल्ली, हिरण, इस प्रकार शिकार कर भोजन के रूप में तथा उसका चमड़ा निकालकर बाजार में बेचते तथा उससे प्राप्त पैसा एवं जन्तुओं से निकलने वाला तेल आदि को अपने शरीर में एवं खाने में उपयोग करते थें। पुरूष वर्ग एक साथ समूह में शिकार करने के लिए लोहें एवं लकड़ी से बनी बल्लम, भाला एवं 10 से 12 कुत्तो भी अपने साथ भी लेकर चलते थें। ये कुत्तो शिकार पकड़ने में उनकी मदद करते थें। उनकी मदद भी करते थे। इसीलिए सभी स्थानों में अपने साथ कुत्तों को भी लेकर चलते थें।

उनके रहने का स्थान चूँकि कम धन, पूँजी के अभाव के कारण इनका आवास अधिकांशता घास-पूस, झोपड़ी, अध कच्चा, अध पक्का चार दिवारों में ईट पन्नी की कारीगरी की होती है। आज यह समाज अपनी दीन-दु:खी जीवन यापन करने में मजबूर है।

इस समुदाय के कुछ पुरूष वर्ग अपने गाँव से एवं शहर से दूर-दराज इलाके में छोटा-मोटा व्यवसाय भी करने लगा है। इनमें मुख्य व्यवसाय निम्न है जैसे-छोहारा, बदाम, दाख, काजू, किशमिश बाजार से लाकर उन्हें विक्रय करते हैं। इनका दूसरा व्यवसाय आटो-रिक्सा, पल्लेदारी, बेलदारी रवी की कटाई, खरीफ की कटाई एवं ऐसे व्यवसाय की ओर इनका ध्यान आकर्षित हो रहा है। जिसमें इनका परिवार भीख न माँगे नहीं कोई गलत काम करें।

इसके पहले की बात करू कि इसे समाज के व्यक्ति न तो कभी नहाते न कभी कपड़े धोते न कभी शौच करतें (पत्थर का शौच के लिए प्रयोग करतें) इनके शरीर से बदबू आती। लोग इनके आस-पास पर भी नहीं जाते थें। न किसी प्रकार से सम्पर्क करते थें। लोग इन्हें हेय दृष्टि से देखते थे। इनके किसी भी माहौल में लोग सामिल नहीं होते थें। जिस कारण यह समाज सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, राजनैतिक आदि में सभी में पीछे ही रह जाता है। कारण अज्ञानता को माना जा सकता है। इस समुदाय के देवी देवता भी होते हैं। जो इस प्रकार से हैं -फत्ता-सूपता, धर्मा, माता, काली, परमल (परमल देवता को शुअर की बलि दी जाती थी) इसके कारण सभी व्यक्ति एकत्र होकर उसी के माँस को बनाने के बाद माँस का प्रसाद दिया जाता था। जिससे सभी छोटे-बडे, स्त्री-पुरूष सामिल होते हैं। इसके साथ-साथ शराब का भी सेवन करते हैं।

आज से 40 वर्ष पहले इस समुदाय का जीवन स्तर बहुत ही अन्धकारमय था। इस समुदाय के लोगों के पास अपना जीवन चलाने के लिए भीख माँगने या शिकार करना इनके पास कोई दूसरा रास्ता नहीं था। इनकी सामाजिक स्थिति दायनीय और नरकीय जिन्दगी जीने में मजबूर थे। इनके सामने समाज के (शिक्षित समाज, गाँव) लोगों के पास में जाने में बहुत बड़ी चुनौती रही आती थी। इसका मूल कारण गरीबी माना जा सकता है।

गरीबी के कारण इनके शरीर से इनके घरों से दुर्गन्ध आती थी। लोग न इनके पास आते थे और न आने देते थे। माँस मछली अण्डा, पक्षी, जानवर आदि का भरण-पोषण करते थें। ये व्यक्ति आदत से बहुत ही गम्भीर होते थें। बिना वजह से किसी से न बात करेगें और न ही किसी से लड़ाई झगड़ा करेगें। यदि किसी कारणवश इस समूह के किसी व्यक्ति से बातचीत या लड़ाई हो गई हो तो यह समस्त समुदाय टूट पड़ता है। और ये उग्र स्वभाव अपना लेते हैं।

यह समाज अपना अलग समुदाय व्यवस्थिति होकर रहना पसन्द करते हैं। उनके गरीबी के कारण काला बदन शरीर धूप में जला हुआ। नग्न बदन रूखे बाल हाथ पैर में परतधार चमड़ी बिना तेल कन्घी के, बदबूदार शरीर में धारण कपड़ा, कमीज, लहगाँ, चुनरी, घाघरा ये सब वस्त्र बिना धोये हुए पहनकर गाँव में जाकर भीख माँगना लोगों का एक व्यवसाय बन गया है। ग्रामीण/शहरी व्यक्तियों को इनका चाल-चलन अच्छा नहीं लगता था। इनकी आदत स्वभाव के कारण लोग अपने घरों तक नहीं आने देते थें। अपने शरीर का आकार-प्रकार या तो इसके लिए अपने स्वभाव को अधिक उग्र बनाने के लिए महिला शरीर में गुदना गुदवाती थी। बजह यह थी की यदि समुदाय के व्यक्ति अकेले आये तो भीख मागती थी। यदि भीख न दी जाये तो अपने भयंकर रूप से महिलाऐं लोगों में भय डर पैदा कर देती थी। एवं इनके बातचीत से लोगों में भय बना रहता था। उन लोगों में बात करके जादू टोना न कर दें। भीख माँगते समय इन महिलाओं में एक विशेष आदत

यह भी थी यदि कोई भीख नहीं दे पाता था तो वे उसके घर में जादू-टोना भी करती थी। लोगों में खौफ था कि यदि उनकों भीख न देगें तो वहीं पर कुछ टोटके करके चली जाती थी। इसके बाद उस घर के प्राणी जीव-जानवर बीमार हो जाते थें। इसके साथ-साथ लम्बें समय में मर जाते। तभी लोगों का विश्वास और मजबूत हो जाता। यही लोग हमारे घर में कुछ ऐसा कर दिया है। जिससे यह समस्या उत्पन्न हो गई है। ये भिखारी महिलाएँ गाँव में जाकर जबरदस्ती भीख माग लेती। नहीं तो जादू-टोना का खौफ दिखाती हैं। इसकों जो भीख मागते से समय पहनावा हुआ करता था। वे लाला हेम (देह) में लहगाँ, सार्ट माथें में काला टीका, गोदना शरीर के कई हिस्सों में बालों में बिना तेल के रूखे बाल, गन्दा शरीर आजीव बात करने का तरीका एवं हाथ में सिल्वर का कटोरा, हाथ में लकड़ी, सिर पर पोटली, नग्गे पैर आदि इसकी विशेषता थी। स्वयं बिमार होने की स्थिति में देवी-देवता झाड़-फूक, जड़ी-बूटी, टोने जादू एवं वनस्पतियों पर निर्भर होते थें।

सुझाव – किसी भी समाज या व्यक्ति से सुदृढ़ विकास आवश्यक है कि इनकी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक स्थिति मजबूत हो। अत: इस समाज को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाय। ताकि बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जाए। अशिक्षा के चलते व्यक्ति न तो अपना और न ही देश के विकास में अपना योगदान दे पाता है।

- कुचबदिया समाज के लिए विकास की अलग से योजना चलाई जानी चाहिए।
- इनका बसाहट स्थायी किया जाए।
- इनके लिए अलग से आर्थिक नीति का क्रियान्वयन किया जाये, जिससे इनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।
- इनके लिए स्वास्थ्य संबंधी नीति बनाई जाय, ताकि ये साफ-सफाई से अपना रहन-सहन पूर्ण जीवन व्यतीत कर सके।
- इन्हीं प्रयासों से इस समुदाय को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकता है। एक मानव को मानव की तरह जीने का अधिकार प्रदान होना चाहिए। यदि प्रशासन की निगाह इन पर जाती है तब ये निश्चय ही विकास की दिशा में अग्रसर होकर प्रशासन की सहायता में भी यह समाज हिस्सेदारी निभा सकता है।

निष्कर्षत: हमारे गिहार समाज का पहनावा लहगाँ और चोली है। उनके पूर्वजों खाना-बदोस के कबीले के थे। और वे सभी हर शहर और राज्य में खुले रूपों में घूमते थें। किसी नगर तीन दिन तक और किसी नगर में एक सप्ताह रहकर अपना जीवन यापन किया करते थे। वे जंगली जानवरों का शिकार करते थे। उन्हीं जानवरों के माँस को खाते थें। उनमें से कई लोग भीख माँगकर अपना जीवन गुजर-बसर कर दिया करते थें। ये समुदाय में चार सुअर का बलि चढ़ाई जाती थी। उनके देवताओं का नाम माता परमाल, गजेड़ी देवता, बावड़ो देवता, चन्दन देवता, धरामा देवता, और ऐसे करके बीस-से बाईस देवता थे। जिनकी पूजा करते थे। इनकी शादी करने की रीति सात दिनों तक लड़की को हल्दी लगाया जाता था। लड़के बालों से दहेज लिया जाता था। न कि लड़की बालों से शादी का पूरा खर्चा लड़के बाले ही उठाते हैं। और उनमें एकता है कि यदि किसी को कुछ करें तो सभी लोग एक-दूसरे की मदत किया करते हैं। अभी काफी परिवर्तन आ गया है। खान-पान, रहन-सहन, विवाह अब इनका निवास स्थान हो गया है। अब ये यहाँ निजी निवास हो गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुचबदिया वस्ती वार्ड क्र. 15 ब्लाक अमरपाटन, जिला सतना जिला मध्यप्रदेश के साक्षात्कार द्वारा सन्दर्भित शोध पत्र हैं।
2. बसंत कुमार लाल, समकालीन भारतीय दर्शन, प्रकाशन मोतीलाल बनारसीदास, 2001, पृष्ठ 212
3. गोविन्द प्रसाद शर्मा, प्रतिनिधि राजनीतिक विचारक एवं विचारधाराएँ, प्रकाशन हिन्दी ग्रान्थ अकादमी, 2009, पृष्ठ 385
4. विनोद कुमार तिवारी, दर्शन पुन्ज एक गहन दृष्टि, प्रयाग पुस्तक सदन, इलाहाबाद, 1996 पृष्ठ 67

****

आंचलिक उपन्यासकार के रुप में फणीश्वर नाथ रेणु जी का योगदान

अजीत प्रसाद नोनियॉ* डॉ. श्रद्धा मेश्राम**

शोध सारांश – हिन्दी साहित्य में आधुनिक काल की सर्वाधिक शाक्तिशाली एवं लोक प्रिय विधा उपन्यास है। इसको आधुनिक युग का महाकाव्य भी कहा जाता है। समय के साथ–साथ इस विधा में विषयगत एवं शिल्पगत प्रयोग हुआ है। आंचलिक, उपन्यास, आधुनिक युग में विकसित उपन्यास की एक लोकप्रिय विधा या प्रकार है। आंचलिक उपन्यासों में, लेखक किसी विशेष से अन्तरंग परिचय प्राप्त कर भौगोलिक दृष्टि से एक समिति क्षेत्र के जन–जीवन को उसकी अपनी दृष्टि को केंद्रित करके उस अंचल विषेष के जीवन–यथार्थ को निकटता एवं गहराई से समझता है तत्पष्चात् उन्हें व्यक्त करता है। आंचलिक उपन्यासों में क्षेत्रीय संस्कृति का चित्रण होता है। आंचलिक उपन्यासों में क्षेत्र विशेष से सम्बंधित जनजीवन का सम्पूर्ण चित्र प्रस्तुत किया जाता है तथा स्थानीय वातावरण उपस्थित करने के लिए क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग भी किया जाता है। आंचलिक उपन्यास के प्रारम्भ से लेकर अंत तक बना रहता है। देश, काल तथा वातावरण की विशिष्टता ही आंचलिक उपन्यास को उपन्यास के अन्य कोटियों से अलग करती है। आंचलिक वातावरण के प्रस्तुतीकरण में न केवल भौगोलिक अवस्थिति और प्राकृतिक बनावट आती है, वरन स्थानीय गतिविधियों, रहन–सहन, सांस्कृतिक धारा, परंपरागत जीवन विधान, बातचीत, प्रचलित उक्तियों, कलात्मक अभिरूचियों आदि का भी समावेष होता है।

आंचलिक उपन्यासकार के रुप में फणीश्वर नाथ रेणु जी का योगदान– फणीश्वर नाथ 'रेणु' (4 मार्च 1921 औराही हिंगना, फॉरबिसगंज– 11 अप्रैल 1977) एक हिन्दु भाषा के साहित्यकार थे। इनके पहले उपन्यास मैला आंचल को बहुत ख्याति मिली थी जिसके लिए उन्हें पदम् श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जीवनी– फणीश्वर नाथ 'रेणु' का जन्म 4 मार्च 1921 को बिहार के अररिया जिले में फॉरबिसगंज के पास औराही हिंगना गांव में हुआ था। उस समय यह पूर्णिया जिले में था। उनकी शिक्षा भारत और नेपाल में हुई। प्रारंभिक शिक्षा फॉरबिसगंज तथा अररिया में पूरी करने के बाद रेणु ने मैट्रिक नेपाल के विराटनगर के विराटनगर आदर्श विद्यालय से कोईराला परिवार में रहकर की। इन्होने इन्टरमीडिएट काशी हिन्दु विश्वविद्यालय से 1942 में की जिसके बाद वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। बाद में 1950 में उन्होने नेपाली क्रांतिकारी आन्दोलन में भी हिस्सा लियाजिसके परिणामस्वरूप नेपाल में जनतंत्र की स्थापना हुई। 1952–53 के समय वे भीषण रूप से रोगग्रस्त रहे थे जिसके बाद लेखन की ओर उनका झुकाव हुआ। उनके इस काल की झलक उनकी कहानी तबे एकला चलों रे में मिलती है। उन्होने हिन्दी में आंचलिक कथा की नींव रखी। सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय, एक समकालीन कवि, उनके परम मित्र थे। इनकी कई रचनाओं में कटिहार के रेलवे स्टेशन का उल्लेख मिलता है।

लेखन–शैली – इनकी लेखन–शैली वर्णणात्मक थी जिसमें पात्र के प्रत्येक मनोवैज्ञानिक सोच का विवरण लुभावने तरीके से किया हाता था। पात्रों का चरित्र–निर्माण काफी तेजी से होता था क्योंकि पात्र एक सामान्य –सरल मानव मन (प्राय:) के अतिरिक्त और कुछ नहीं होता था। इनकी लगभग हर कहानी में पात्रों की सोच घटनाओं से प्रधान होती थी। एक आदिम रात्रि की महक इसका एक सुंदर उदाहरण है।

रेणु की कहानियों और उपन्यासों में उन्होंने आंचलिक जीवन के हर धुन, हर गंध, हर लय, हर ताल, हर सुर, हर सुंदरता और हर कुरूपता को शब्दों में बांधने की सफल कोषिष की है। उनकी भाषा–शैली में एक जादुई सा असर है जो पाठकों को अपने साथ बांध कर रखता है। रेणु एक अद्भुत किस्सागो थे और उनकी रचनाएँ पढ़ते हुए लगता है मानों कोई कहानी सुना रहा हो। ग्राम्य जीवन के लोकगीतों का उन्होंने अपने कथा साहित्य में बड़ा ही सर्जनात्मक प्रयोग किया है।

इनका लेखन प्रेमचंद की सामाजिक यथार्थवादी परंपरा को आगे बढ़ाता है और इन्हें आजादी के बाद का प्रेमचंद की संज्ञा भी दी जाती है। अपनी कृतियों में उन्होंने आंचलिक पदों का बहुत प्रयोग किया है।

उपन्यास – रेणु को जितनी ख्याति हिंदी साहित्य में अपने उपन्यास मैला आँचल से मिली, उसकी मिसाल मिलना दुर्लभ है। इस उपन्यास के प्रकाशन में उन्हें रातों–रात हिन्दी के एक बड़े कथाकार के रूप में प्रसिद्ध कर दिया। कुछ आलोचकों ने इसे गोदान के बाद इसे हिंदी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ उपन्यास घोषित करने में भी देर नहीं की। हालांकि विवाद भी कम नहीं खड़े किये उनकी प्रसिद्धि से जलनेवालों ने, इस सतीनाथ भादुरी के बंगला उपन्यास 'धोधाई चरित मानस' की नकल बताने की कोशिश की गयी। पर समय के साथ इस तरह के झूठे आरोप ठन्डे पड़ते गए।

रेणु के उपन्यास लेखन में मैला आँचल और परती परिकथा तक लेखन का ग्राफ ऊपर की और जाता है पर इसके बाद के उपन्यासों में वो बात नहीं दिखी।

- मैला आंचल
- परती परिकथा
- जूलूस
- दीर्घतपा
- कितने चौराहे

*शोधार्थी, एम. फिल्. (हिन्दी) डॉ.सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड़, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) डॉ.सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड़, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

- पलटू बाबू रोड

कथा-संग्रह

- एक आदिम रात्रि की महक
- ठुमरी
- अग्निखोर
- अच्छे आदमी

रिपोर्ताज

- ऋणजल-धनजल
- नेपाली क्रांतिकथा
- वनतुलसी की गंध
- श्रुत अश्रुत पूर्वे

प्रसिद्ध कहानियाँ

- मारे गये गुलफाम (तीसरी कसम)
- एक आदिम रात्रि की महक
- लाल पान की बेगम
- पंचलाइट
- तबे एकला चलो रे
- ठेस
- संवदिया

तीसरी कसम पर इसी नाम से राजकपूर और वहीदा रहमन की मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध फिल्म बनी जिसे बासु भट्टाचार्य ने निर्देशित किया और सुप्रसिद्ध गीतकार शैलेन्द्र इसके निर्माता थे। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में मील का पत्थर मानी जाती है। हीरामन और हीराबाई की इस प्रेम कथा ने प्रेम का एक अद्भुत महाकाव्यात्मक पर दुखांत कसक से भरा आख्यान सा रचा जो आज भी पाठकों और दर्शकों को लुभाता है।

डॉ0 शषि भूषण सिंहल के अनुसार- 'आंचलिक उपन्यास समाज के क्षेत्र विशेष के सांस्कृतक जीवन की झलक मिलती है, किन्तु आंचलिक उपन्यास प्रमुख सांस्कृतिक धारा में स्थित द्वीप सरीखे स्थिर प्रायः स्वप्न पूर्ण अंचलों की लोक संस्कृति को अपना लक्ष्य बनाते हैं। डॉ0 कैलाश चन्द्र भटिया के अनुसार-'जिस कथा कृति में किसी क्षेत्रीय या जनपदीय संस्कृति का वहां के निवासियों की भाषा-लोक भाषा में समग्र चित्रण हो। साथ ही लोक गीत, लोक-नृत्य या लोक संस्कारों के वर्णन द्वारा उस विशिष्ट संस्कृति का चित्र अंकित किया गया हो, तो वह उपन्यास आंचलिक होता है। डॉ0 रामदरश मिश्र ने समग्र अंचल के जनजीवन की कथा से जनपद की कथा को जोड़ते हुए आंचलिक उपन्यासों को परिभाषित किया है - 'आंचलिक उपन्यास तो अंचल के समग्र जीवन का उपन्यास है उसका संबंध जनपद से होता है। ऐसा नहीं, वह जनपद की कथा है।' श्री प्रकाश बाजपेयी के अनुसार - 'सीमित अंचल या क्षेत्र के सर्वांगीण जीवन को वस्तुन्मुखी दृष्टि से प्रस्तुत करने का उपक्रम आंचलिक उपन्यासकी एक उपयुक्त परिभाषा हो सकती है।' डॉ0 विश्वम्बर नाथ उपाध्याय का भी मत बाजपेयी जी के तथ्यों को पुष्ट करता है। डॉ0 मदन लाल शर्मा आंचलिक उपन्यासों की परिभाषा बताते हुए समग्र जीवन के साथ परम्परा को जोड़ते है तो डॉ0 रामगोपाल चौहान जनपद के लोक-जीवन के धारावाही समग्र चित्रण को प्रधानता देते हैं। राधेश्याम कौशिक जी आंचलिक उपन्यासें में संस्कृति का आँखों देखा चित्रण आवश्यक मानते हैं। शिवप्रसाद सिंह जी सामाजिक, धार्मिक सांस्कृतिक दृष्टि से अपनी अलग विशेषताएँ रखने वाले भूखंड के चित्रण को आंचलिक उपन्यास कहते हैं।

डॉ0 लक्ष्मीकांत सिन्हा भी शिव प्रसाद सिंह जी से मिलती जुलती परिभाषा प्रस्तुत करते हैं। डॉ0 सुमित्रा त्यागी जी38 लोक-जीवन और संस्कृति के द्वारा अंचल के जीवन दर्शन को चित्रित करने वाले उपन्यास को आंचलिक उपन्यास कहती हैं। धनंजय वर्मा जी आंचलिक उपन्यासों के लोकरंग के चित्रण को प्रमुखता देते हैं। डॉ0 देवराज उपाध्याय जी विशिष्ट प्रदेश में अज्ञात एवं रूढ़ि परम्परा में जीवन-यापन करने वाले समाज को परिचित करने वाले उपन्यास को आंचलिक उपन्यास कहते हैं। डॉ0 सत्यपाल चुघ जी41 आंचलिक उपन्यासों को देश प्रधान उपन्यास मानते हैं तो जैनेन्द्र जी अंचल को नायक मानते हैं। डॉ0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय के अनुसार-'जब उपन्यासकार किसी अंचल, गाँव, कस्बे या मोहल्ले को परिवेश बनाता है, वहाँ के लोगों के आचार, व्यवहार जीवन पद्दति, संस्कृति, लोकभाषा, धर्म एवं दृष्टिकोण का सूक्ष्म वर्णन करता है तो वह आंचलिक उपन्यास होता है।' धीरेन्द्र वर्मा के अनुसार 'आंचलिक रचनाओं में कोई विशिष्ट अंचल व क्षेत्र या उसका कोई एक भाग व गाँव ही प्रतिपाद्य व विवेच्य होता है। आंचलिकता की सिद्धि के लिए स्थानीय दृष्यों, प्रकृति, जलवायु, त्यौहार, लोकगीत, बातचीत का विशिष्ट ढंग, मुहावरे-लोकोक्तियाँ भाषा और उच्चारण की विकृतियाँ लोगों की स्वभावगत व व्यवहारगत विशेषताएँ, उनका अपना रोमांस, नैति मान्यताएँ आदि का समावेश बड़ी सतर्कता और सावधानी से किया जाना अपेक्षित है।' डॉ0 उषा डोंगरा आंचलिक उपन्यास को परिभाषित करते हुए लिखा है कि -'जन्म से लेकर मृत्यु तक के आचार विचार शिष्टाचार, चरित्रगत आदत मनोरंजन के साधन कलाएँ, भोजनपान, जादूटोना विश्वास तथा अन्य मान्यताएँ शिक्षा-दीक्षा, जीवन दर्शन, सामाजिक उत्सव और समारोह आदि के अतिरिक्त उस अंचल विशेष की भौगोलिक स्थिति, राजनीतिक महत्व, नदियाँ, जंगलों, पेड़-पौधों, भूमि की बनावट और परिवर्त्तन फसलें और उनसे वहां के जन जीवन का संबंध बदलते हुए सामाजिक मूल्यों आदि का विश्लेषण रहता है। आंचलिक उपन्यासों में अंचल की विशिष्टताओं के साथ खेती-बाड़ी का समावेश तथा जीवन एवं प्रकृति से गहरा सम्बंध होता है। इनके कथानकों में प्यार, दुलार सौहार्द, सरलता और जीवन बलिदान की भावना छिपी रहती है। डॉ0 कड़वे ह0 के0 के अनुसार, 'मानस शास्त्रीय एवं मानव शास्त्रीय विवेचना के आधार पर जीवन की परम्पराओं, रीति-रिवाजों, त्योहारों विश्वास आदि की कलात्मक अभिव्यक्तिउसमें अभिप्रेत है।' अर्थात आंचलिक उपन्यासों में गाँव, परिवार, लोक-संस्कृति, खेती-बाड़ी, लोकरूढ़ि और मानव निर्मित चीजों का समावेश रहता है। बच्चन सिंह के अनुसार 'आंचलिक उपन्यासों में अंचल विशेष के माटी की सोंधी महक, प्रकृति के निर्बंध प्रसार, लोक संस्कृति के छनद तथा लोकभाषा की ताजगी की मोहक छवियों को कथा बिंबो में इस ढंग से उभारा जाता है कि पूरा अंचल अपनी समग्रता में चित्रित हो उठता है। अमूर्तत अंचल क सभिप्राय संमूर्तन इसकी विशेषता है।' नन्द दुलारे बाजपेयी ने अंचल की अपरिचितता एवं अज्ञानता को आंचलिक उपन्यासों की आवश्यक शर्त मानते हैं-'आंचलिक उपन्यास हम उसे कह सकते हैं, जिसमें अपरिचित भूमियों और अज्ञात जातियों के जीवन का वैविध्य पूर्ण चित्रण हो। आंचलिक उपन्यास की सबसे बड़ी विशेषता अपरिचित और किसी हक तक आदिम जातियों के चित्रण में पाई जाती है। यह उसका ऐतिहासिक पक्ष है।' डॉ0 शिवप्रसाद सिंह के आंचलिकता की परिभाषा से आंचलिक उपन्यास की परिभाषा स्पष्ट होती है- 'यह भाव-संज्ञा (आंचलिकता) किसी क्षेत्र या अंचल से सम्बद्ध है। क्षेत्र या अंचल उस भौगोलिक खंड को कहते है, जो सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सुगठित और विशिष्ट एक ऐसी इकाई को, उसके

निवासियों के रहन-सहन, प्रथाएँ, उत्सव आदि, आदर्श और आस्थाएँ, मौलिक मान्यताएँ तथा मनोवैज्ञानिक विशेषताएँ परस्पर समान और दूसरे क्षेत्र के निवासियों से इतनी भिन्न हों कि उनके आधार पर यह क्षेत्र या अंचल-विशेष इसी प्रकार के दूसरे क्षेत्रों से एकदम अलग प्रतीत हो। इस प्रकार के अंचल या क्षेत्र के जीवन को अभिव्यक्ति करने वाली रचना को हम आंचलिक कह सकते है। डॉ0 गोबिंद त्रिगुणायत ने स्थान विशेष एवं उसकी विशेषताओं से युक्त रचना को आंचलिक उपन्यास मानते है, 'जिन उपन्यासों में स्थान-विशेष के सम्पूर्ण वातावरण का सांग, संश्लिष्ट रूप से स्थानीय विशेषताओं के साथ चित्रण प्रस्तुत किया जाये, उन्हें आंचलिक उपन्यास कहेंगे। 'आंचलिकता' शब्द 'अंचल' से बना है। आंचलिकता का अर्थ है वृहद प्रामाणिक हिन्दी कोश के अनुसार, 'किसी अंचल की विशिष्ट या विशिष्टताओं का समाहार एवं क्षेत्रियता है।' अर्थात आंचलिकता का सम्बंध 'अंचल' या क्षेत्र से है। डॉ0 बसन्त सुर्वे के अनुसार, 'इसमें (आंचलिकता में) अंचल विशेष के जीवन में गहनता में प्रवेश कर आंतरिक संवेदना, स्पंदन और यथार्थ को उद्घाटित किया जाता है। आंचलिकता के जरिये अंचल विशेष के सांस्कृतिक जीवन के सामायिक पहलू पर प्रकाश डाला जाता है', किसी अंचल के वातावरण एवं उसके निवासियों के व्यक्तित्व के अन्योन्याश्रित सम्बंध में आंचलिकता कहते है। किसी भी अंचल के मिट्टी की अपनी अलग पहचान होती है। बोली, भाषा, आमोद-प्रमोद के साधन, उत्सव त्योहान, लोकगीत, लोक कथाएँ, किवदंतियाँ एवं जीवन व्यवस्था सब अंचल के अपने होते हैं तथा अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। इस प्रकार माटी की महक और मन: स्थिति का सजीव चित्रण ही आंचलिकता का सच्चा स्परूप होता है। राजेन्द्र अवस्थी के अनुसार, -'जिस कथा कृति में किसी विशिष्ट जनपद या क्षेत्र के जन-जीवन का समग्र चित्रण वहां की भाषा, वेष भूषा, धर्म जीवन, समाज, संस्कृति और आर्थिक तथा राजनैनिक जागरण के प्रश्न एक साथ उभरकर आये, वह आंचलिक कृति होती है।' आंचलिकता विशिष्ट स्थान और काल के दबाव से उत्पन्न होती है। आधुनिक युग के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और धार्मिक सरोकार जो कि एक सीमित अंचल से या किसी विशिष्ट क्षेत्र से सम्बंधित होते है आंचलिकता के द्वारा पुष्ट होते हैं, क्योंकि आंचलिकता के निर्माण में देश, काल और वातावरण अत्यधिक विशिष्ट हो जाते हैं। जब किसी विशेष अंचल में देश और काल के वैशिष्ट्य के कारण भौगोलिक स्थान तथा ऐतिहासिक काल के दबाव के कारण कोई विशिष्ट विचारधारा पनपने लगती है तो आंचलिकता के रूप में पुष्ट होती है। आंचलिक उपन्यास का आधार और पृष्ठभूमि कोई अंचल विशेष होता है तथा यह अंचल या क्षेत्र विशेष न केवल भौगोलिक और प्राकृतिक दृष्टि से अपने आस-पास के विस्तृत क्षेत्र से भिन्न और विशिष्ट होता है बल्कि इसकी सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक परिवेश आर्थिक समस्याएँ तथा निवासियों के रहन-सहन एवं उनकी मानसिकता भी सामान्य रूप से भिन्न और विशिष्ट होती है। आंचलिक उपन्यासों में किसी अंचल का जन जीवन, रहन-सहन, खान-पान, उत्सव त्यौहार आचार विचार तथा सम्पूर्ण जीवन पद्धति एक विशिष्टता लिए हुए रहती है। आंचलिक उपन्यासों का कथानक, किसी व्यक्ति विशेष के बारे ने नहीं बल्कि उस अंचल की ही कहानी होती है। आंचलिक उपन्यासों में विशिष्ट जीवन के चित्रण के लिए एक विशिष्ट शिल्प का प्रयोग किया जाता है। जो परंपरागत औपचारिक शिल्प से भिन्न होता है अर्थात इसमें आवश्यकतानुसार लोककथा, लोकोक्तियाँ, लोकगीत आवश्यकतानुसार प्रयुक्त होते है आंचलिक उपन्यासों में सबसे अधिक महत्व परिवेश को दिया जाता है। आंचलिक उपन्यासों में अंचल विशेष को समग्रता के साथ चित्रित किया जाता है। उसकी पद्धति खंड़ों में जोड़कर पूर्ण बनाने की होती है पूर्ण को खंडित कर विश्लेषण करने की नहीं। आंचलिक उपन्यासों में कथा नायक होने पर भी अंचल का विशिष्ट स्थान होता है अर्थात किसी चरित्र विशेष के स्थान पर आंचलिक उपन्यास में सम्पूर्ण अंचल का चरित्र उजागर होता है। आंचलिक उपन्यास के कथानक की समग्रता, बिखराव, शिथिलता, यथार्थता तथा सत्यता आदि विशेषताएँ होती है।आंचलिक उपन्यास में सम्पूर्ण अंचल को उभारने के लिए अनेक कथाओं का समायोजन किया जाता है तथा किसी केंद्रीय कथा का अभाव होता है अत: इन्ही सभी तथ्यों का समावेश फणीश्वर नाथ रेणु जी के रचनाओं में द्रष्ट्व्य है जो उन्हें हिन्दी साहित्य में आंचलिक उपन्यासकार के रुप चित्रित करती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधुनिक परिदृश्य और आंचलिकता - विद्या सिन्हा।
2. आंचलिकता और आधुनिक परिदृश्य - श्री शिव प्रसाद सिंहा।
3. हिन्दी आंचलिकता उपन्यास और उनकी शिल्पविधि - डॉ. आदर्श सक्सेना।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

भारतीय इतिहास में धर्म की अवधारणा

डॉ. मनोरमा सिंह *

शोध सारांश – भारतीय इतिहास में धर्म की अवधारणा महत्वपूर्ण रही है। जिसका परिणाम समस्त विश्व की व्यवस्था को स्थापित करने का आधार धर्म है। प्राचीन समय से भी धर्म की व्यवस्था का अनुसरण मानव करता आ रहा है। धर्म नीति, सत्य, यथार्थ की नीव पर टिका हुआ है। धर्म वास्तव में आचरण और व्यवहार के रूप में सृष्टि का निर्माण होता है। सृष्टि के साथ मानव में धर्म की स्थिति का तात्तिवक स्थान स्पष्ट होता हैं। यही कारण है कि 'अमृत पुत्र' मानव के मूल स्वरूपों में धर्म की ओर परिवर्तित होती है। भारतीय इतिहास में धर्म पुरूषार्थ व्यवस्था पर टिका हुआ है। जहाँ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार तत्वों पर ऐतिहासिक विशेषताओं का निरूपण होता है। इसी कारण धर्म को बहुआयामी कहा जाता है। धर्म जीवन के प्रतिक्षण निश्चय की ओर ले जाता है।

प्रस्तावना – धर्मादर्थश्च कामश्च स धर्म: किन्न सेव्यते।[1]

महाभारत में इन संवेदनात्मक परम्पराओं को सभी हिन्दू जातियों ने सभ्यता के एक युग को ही समेट लिया है। व्यक्ति के सामाजिक जीवन में न जाने कितने परिवर्तन आते हैं। उसी प्रकार परिवर्तन होने वाले भाग्य के विवर्तन के रूप में एक संघर्षत्मक व्यवस्था सामने खड़ी हो जाती है। यह महाभारत में वर्णित भारतीय जन समुदाय की परम्पराओं का निरूपण निश्चित् होता है। जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष यह मानवीय जीवन का एक आधार है। धर्म वही है जो धारण करने योग्य हो, अर्थ वहीं है जिसमें सत्य के मूल्य छिपे हों। काम वहीं है जहाँ यथार्थ मल्यों के द्वार कामनाओं की पूर्ति हो (मानव की अपनी आवश्यकता की पूर्ति हो) यह आवश्यकता आन्तरिक और ब्राह्य दोनों हो सकती है। इसके साथ मोक्ष तो कर्म प्रधान है। कर्म के आधार पर मोक्ष की प्राप्ति सुनिश्चत हैं जबकि ऐसा माना जाता है कि धर्म, अर्थ, काम तीनों तत्वों की पूर्ति मूल्य परक है। वहीं मोक्ष की अवस्था हैं। अन्यथा सब कुछ नर्क है।

प्रविधि – प्रस्तावित शोध-पत्र की प्रवृत्ति सैद्धान्तिक रूपों में निरूपित होती है। इस शोध पत्र के अनुसार तथ्यों का संकलन किया गया है। जहाँ मानवीय जीवन का आधार द्वितीयक शोध सामाग्री है। इस प्रकार की मूल-भूत आवश्यकताओं की मौलिक अवधारणाओं के लिए धार्मिक, वैदिक ग्रन्थों को अध्ययन का आधार बनाया गया है। इसके साथ-साथ विद्वानों का मर्गदर्शन भी समाहित करते हुए पत्र-पत्रिकाओं को भी सन्दर्भित करने में सहायता ली गई है।

उद्देश्य :

- धर्म की परम्पराओं के मूल्यों का अध्ययन।
- पुरूषार्थ व्यवस्था का अध्ययन।
- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में मानवीय मूल्यों का अध्ययन।
- धर्म की परम्परओं में भारतीय संस्कृति का अध्ययन।

समस्यायें :-

- मानवीय मूल्यों की समस्या।
- सामाजिक मूल्यों की समस्या।
- राजनीतिक मूल्यों की समस्या।
- भारतीय संस्कृति के क्षरण की समस्या।

समाधान :

स्त्रीरूप समवस्थाय रूद्रमाराधयत्पुरा।
आद्ये कृतयुगे तस्मिन्सामानामयुतनृपा।।[2]

स्कान्द पुराण के रेवाखण्ड में भगवान शिव की उमादेवी की प्रसन्नता का वर्णन मिलता है। जहाँ मानवीय जीवन की अनेक घटनाओं का परिणाम ही मानवीय जीवन का आधार मूल्य ही हैं। उस सरिता से इच्छित फलों की कामनाओं की पूर्ति होती है। इसमें भगवान शिव ने धर्म की अवधारणा का मूल्य मानव जीवन को सफल बनाने के लिए किया गया है।

शैव धर्म की उत्पत्ति का इतिहास अधिक पुराना हैं। जहाँ पौराणिक कथाओं और वैदिक काल की परम्पराओं की पूजा पद्धति धार्मिक क्रिया-कलापों का आधार पर पशुपति नाथ जी का उल्लेख मिलता है। शैव पुराण में शिव के रूप में लोकातीत अर्न्तयामी के रूप में विभूषित किया गया है।[3]

आसीदस्ति भविष्यतीह स जनो धन्यो धनी धार्मिको।
य: श्रीकेशववत् करिष्यति पुन: श्रीमत्कुड्ड गेरवरम्।।
हेलान्दोलित-हंस-सारसकुल-क्रेड़कार-सम्मूर्च्छितै।
रित्याघोषयतीव तन्नवनदी यच्चेष्टितं वीचिभि:।।[4]

गंगा, पयस्विनी, महासुर, सरयु, कौशिकी, महानदी आदि अनेक नदियों की व्याख्या अवन्तीखण्ड में हुई है। इसके अतिरिक्त मंदाकिन नदी राजजनार्दन मन्दिर होकर बहती है। जिसका उद्देश्य काव्यमीमांसा की दृष्ट से एक गद्य का स्वरूप एकत्रित करता है। ऐसी मन्यताओं से भरा भारतीय संस्कृति और समाज का मूल्यों में विद्यमान है।

भारतीय परम्पराऐं धर्म की द्योतक है। जिसमें मानवीय जीवन के मूल्यों का निरूपण होता हैं। प्रत्येक पुरूष का यह प्रकृति के अनुकूल स्वभाव होता है कि वह अपनी वर्तमान परिस्थिति से लडता रहता है। इन सद्गुणों के अभाव में असत्य का अनुभव करता है। इन परिस्थिति से लड़ने के लिए मनुष्य में आकांक्षा और अभिलाषा का होना आवश्यक है।[5] जिन धार्मिक परिवर्तनों के अनुसार मानवीय जीवन की धारणाओं का परिणाम मानव मूल्य है। इसकी उन्नति का परिणाम जीवन के अनेक घटकों का परिणाम मानव की अभिलषित और उन्नति का साधन है वहीं धर्म की मानवीय अवधारणा पुण्य आत्मिय होती है। इसी कारण मानव की बुद्धि इसमें प्रवृतियों के कारण मानवीय संवेदना का परिणाम मूल्य ही होना चाहिए। है। इसके बिना मानव की

* इतिहास विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

आत्मभाव का सुद्धत्व नहीं होता है। जिसके कारण धर्म की मार्मिकता का परिणाम मानव मूल्यों से रहित हो जाता है। ऐसी मान्यताऐं मानव के लिए अति सघन शील हो जाती है।[6] इन विसंगतियों का परिणाम मानव की संवेदना ही होती है। जिसका परिणाम मानव का मूल्य होगा। धर्म केवल उचित और न्याय का साथ देता है। जहाँ अधर्म का बोलबाला होता है। वहाँ अन्धकार की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जब अच्छाई के अर्थों का मूल्य आता है। वहाँ मानवीय जीवन की ललक का परिणाम ही मानवीय जीवन की आधारशिला रही है। इन्हीं कारणा के निवरण में धर्म का रूप ही शिव है। जहाँ स्वयं की परिकल्पनाओं का परिणाम मानव धर्म की स्थापना है।

धर्म के तात्विक चिन्तन की परम्पराओं का परिणाम ही मानवीय जीवन का मूल्य है। इसके बीच में व्यवधान होने पर धर्म की प्रधानता का परिणाम ही मानवीय जीवन का आधार ही मूल्यों पर आधारित है। जहाँ मानव को धर्म का अन्तर्ज्ञान प्राप्त होता है लेकिन उस पर कर्म की प्रधानता निहित होती जाती है। जहाँ मूल्यों का परिणाम मानव जीवन की धार्मिक प्रवृत्ति ही होती है। वहाँ मानवीय जीवन का धर्म और संसार के परिणामों का मनोभाव ही उत्पन्न होता है। धर्म के सार-तत्वों का परिणाम ही मानवीय जीवन का आधार उन तत्वों की की आकांक्षा ही धर्म के मूल्यों का आधार बनी है। यही मानव प्राणियों की एक विशेषता है।[7]

धर्म के यथार्थ में यह आवश्यक नहीं होता की व्यक्ति की मानसिक चेतना रूढ़िवादी ही हो, लेकिन उसके लिए बौद्धिक कार्यों की आवश्यकता महत्वपूर्ण होती है। इसका परिणाम मानव के मूल्यों में ही निहित है। जिसका परिणाम मानव की रक्षा और परिणाम है।

धर्म व्यक्ति की बौद्धिकता पर आधारित है। यह मानव की आकांक्षाओं के मानवीय जीवन के विश्लेषण पूर्ण जीवन शैली पर निरूपित है। जहाँ भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों का समागम विद्यमान है। इन्हीं विश्लेषणों के आधार पर मानव का संस्कृति और धर्म से प्रगाढ़ सम्बन्ध है।[8] मानव की प्रकृति निरन्तर रहने का प्रयास करता है। मानव जीवन के लक्ष्य उसके ज्ञान और अभिरूचि पर सम्मिलित होते है। मानव की जागरूकता, और बौद्धिक ज्ञान का समन्वय आत्मचेतना और रूचि के संघर्षों में विद्यमान रहता है। इन्हीं संघर्षो में धर्म के सद्गुण सम्पूर्ण जगत् और सृष्टि के लिए महत्वपूर्ण है। जिसका परिणाम नैतिकता के आधार पर निर्धारित करते है। यही जगरूकता धार्मिक चेतना और मानव के धर्म के आधार है।[9]

निष्कर्ष -सर्वप्रथम इतिहास की दृष्टि से हम धर्म के मूल्यों को आदिम समाज के मूल्यों और समाज से सीखा हैं। इसका सम्बन्ध मानव की मानवीय शक्ति का परिणाम मानव हित और संरक्षण है। जहाँ व्यक्ति की विचारशीलता और प्रभावशीलता दोनों में अत्यधिक अंतर पाया जाता है। यहाँ पर धर्म का मूल तत्व यर्थाथ वर्णन से किया गया है। जहाँ वैचारिक संघर्ष की उत्पत्ति का कारण बन जाता है। उन परिस्थितियों का दास नहीं होना चाहिए। जहाँ व्यक्ति धर्म के दास परम्परा में आ घिरता है। वहाँ उसका असतित्व समाप्त हो जाता है। धर्म के प्रारम्भ के विषय में धर्म न तो भौतिक पदार्थ है और न ही उसके आदिम स्वरूप को समझने की असीम शक्ति है। जहाँ वेदों, पुराणों और ऋचाओं पर उल्लेखित धर्म मानव की रक्षा के मार्ग बताते है। यह धर्म के पालन में मदद करते है। ऐसी भारतीय संस्कृति और इतिहास का मूल मन्तव्य स्थापित करते हैं। जहाँ अरबो-खरबों वर्ष पुराना इतिहास धर्म के मूल्यों को आज भी जिन्दा कर रखा है। ऐसी भारतीय संस्कृति की शक्ति में ही निहित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. देवराज, ***भारतीय संस्कृति,*** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2010, पृष्ठ 78
2. पं. श्रीराम जी शर्मा आचार्य, ***स्कन्दपुराण,*** द्वितीय खण्ड, संस्कृति संस्थान, अध्याय 83, श्लोक 18
3. डॉ. सुस्मिता पाण्डे, ***समान आर्थिक व्यवस्था एवं धर्म,*** म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, पृष्ठ 112
4. ***अवन्तिका खण्ड,*** अध्याय, 37, पृष्ठ 700
5. हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा , ***धर्म दर्शन की रूपरेखा,*** मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, 1994, पृष्ठ 20
6. डॉ. राम नाराणण व्यास, ***धर्म दर्शन,*** मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1988, पृष्ठ 10
7. गुप्ता एण्ड शर्मा, ***समाजशास्त्र,*** साहित्य भवन पब्लिकेशन नई दिल्ली, 2004, पृष्ठ 11
8. स्वामी लोकेश्वरानन्द, ***सबके स्वामी जी,*** रामकृष्ण मिशन इनस्टिटिउट अब कल्चर गोल पार्क, कलकत्ता, 2011, पृष्ठ 45
9. डॉ. राज्यश्री अग्रवाल, ***दर्शन मानव और समाज,*** मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, 1998, पृष्ठ 25

****

Dynamics Of Human Resource Management (With Special Reference To Small Scale Industries)

Dr. Minakshi Kar *

Abstract - The dynamics of Human Resource management in an organisation are vital sub-activities of the employment tasks. In fact, employment practice begins with human resource administration. However it never ends with a single task only. It passes through a number of activities under the process of human resource management. These include identification of potential human resource, attracting them for the workplace, finding out their suitability to the job and organizational requirements and finally taking steps to place those human resources as part of the organization. Human Resource management is for production planning, economic planning and marketing planning that should be a unified, comprehensive and integrated part of the organisation. The present study tried to correlate the human demography with management dynamics in small scale industries.

Key words - Employee, Human resource management, Small scale industries.

Introduction - Every person is very important in this world; we are living in transitional period where everything is changing in world naturally or by the effort of man like technology is undergoing change in every moment. Man made change is easy to maintain but maintaining human as resource or management is complicated one. As we know management is the method of articulating and maintaining an environment in which individuals working together in groups competently for accomplishing selected goals. Management is used in all kind of organization. The basic aim of manager is to generate additional resource.

Thus the dynamics of Human Resource Management is concerned with the management of human at work place. People doing work are the essential elements in every organization. The way in which people are employed, developed and utilized by management largely determines whether the organization will achieve its objective. Therefore, the human resource is available to management for the organization to run.

Thus based on the above conceptual understanding researcher has undertaken the present research study in a small scale industries in which it was tried to correlate human demography with management dynamics.

Table 1 (See in next page)

The study reveals that majority (38.2 per cent) employees are having length of service 1-5 years and drawing less than Rs. 15,000. The employees having length of service in between 5-10 years are drawing either less than Rs. 15, 000 or up to Rs 30,000 and their percentage is nearly 10 per cent. The employees having length of service 10-15 years are earning nearby Rs 30,000. This concludes that in small scale industries mainstream are having length of service till 5 years and earning less than Rs 15,000. The study also found that there is no association between Length of Service and Monthly Income of Respondent.

Table 2:Total number of working hours per day

Working hours	Frequency	Percent
8 hr. - 10 hr.	3	5.5
10 hr. - 12 hr.	51	92.7
Above 12 hr.	1	1.8
Total	**55**	**100.0**

The study in table 2 is showing the distribution of total number of working hours per day worked by the employees in small scale industries. The research study is showing that majority (92.7 per cent) are working for 10 hr. – 12 hrs.

Table 3: Designation of Employee and Source of Recruitment

Designation of Respondent	Source of Recruitment		Total
	Internal Source	External Source	
Manager	11 20.0%	8 14.5%	19 34.5%
Executives	11 20.0%	18 32.7%	29 52.7%
Office Assistant	3 5.5%	4 7.3%	7 12.7%
Total	25 45.5%	30 54.5%	55 100.0%

The table 3 finds that in the manager cadre majority (20 per cent) are recruited through internal sources But it is reverse in the case of Executives as majority (32.7 per cent) are recruited through external sources. This concludes that through external sources mostly executives are recruited. With that it also reveals that there is no association found between Designation of Respondent and Source of

*Asst. Professor, Indore School of Social Work, Indore (M.P.) INDIA

Recruitment.

Table 4: Length of Service and Employees' Experiences form Recruitment & Selection Process

Length of Service	Employees' Experiences from Recruitment and Selection Process			Total
	Good	Bad	Moderate	
1 yr. - 5 yr.	18 32.7%	2 3.6%	19 34.5%	39 70.9%
5 yr. - 10yr.	7 12.7%	1 1.8%	6 10.9%	14 25.5%
10 yr. – 15 yr.	1 1.8%	0 0.0%	1 1.8%	2 3.6%
Total	**26 47.3%**	**3 5.5%**	**26 47.3%**	**55 100.0%**

The study in table 4 reveals that majority of respondent (34.5) are having less than five year of experience and they are satisfied from employee's recruitment & selection process of organization. With that it also represents 25 per cent employees completed his/her five year of service but not completed ten year of service had similar experience on recruitment process of organization as previous category of employees had, only few people are having bad experience in recruitment process of organization. There is no association found between Length of service and Employee experience from recruitment and selection process.

Table 5 (See in next page)

The table 5 is showing that the induction programme in Head office and their duration of induction programme is 2 days that is representing 27.3 per cent. The place of induction programme is "branch itself" and the duration of induction programme is organized as per the needs of employees that responded by 10.9 per cent. However, very few employees had off-the-job training and their duration of Induction programme depended on the needs of employees. There is no association between Place of Induction Programme and Duration of Induction Programme.

Table 6 (See in next page)

The study in table 6 finds that the mainstream (43.6 per cent) of employees' belonging to General Caste and they are satisfied from organizational promotion and transfer policy. The employees belonging to other backward class are not satisfied from organizational policies and represented by 10.9 percent. The schedule caste & schedule tribes represent similar kind of picture and represented by 3.6 per cent. There is no association generate between Caste of Respondent and Employees Satisfaction from Promotion and Transfer Policy of Organization.

Suggestions :

1. Management should try to give equal employment opportunity to each gender so that gender equality could be promoted in the society.
2. The organization should recruit professional and technical employees for development and advancement of organization. Professionally qualified employees are effective strategic planner for achieving the organizational goals & objective.
3. Organization should provide employment to all castes of society on the basis of their knowledge, skills and professional qualification for the fulfilment of his social responsibility.

Conclusion - If an organization is to achieve its goals, it needs inputs: financial resources (such as money and credit), physically resources (such as building and equipment), and people. Too often, managers forget about how important that third factor, the people variable, is to the success of an organization. Many managers have failed because they have taken their human resource for granted.

References :-

1. Rao p. Subba, 2006, Personnel and Human Resource Management, Himalaya Publishing House, Delhi.
2. Ghanekar Anjali, 2006, Human Resource Management (Managing Personnel the HRD way.
3. Chhabra T. N., 2005, Human Resource Management (Concept and issues), Dhanpat Rai & Co. (P) Ltd., New Delhi

Table 1: Length of Service & Monthly Income of employee

Length of Service	Monthly Income of Respondents			Total
	Less than Rs.15,000	Rs.15,000 to Rs. 30,000	More than Rs. 30,000	
Less than 5 yrs.	21 38.2%	15 27.3%	3 5.5%	39 70.9%
5 yrs. - 10 yrs.	6 10.9%	5 9.1%	3 5.5%	14 25.5%
More than 10 yrs.	0 0.0%	1 1.8%	1 1.8%	2 3.6%
Total	**27 49.1%**	**21 38.2%**	**7 12.7%**	**55 100.0%**

Table 5: Place of Induction Programme & Duration of Induction Programme

Place of Induction Programme	**Duration of Induction Programme**				**Total**
	1 Day	**2 Day**	**1 Weak**	**As Per Needs**	
Branch Itself	2 3.6%	5 9.1%	1 1.8%	6 10.9%	14 25.5%
Head Office	3 5.5%	15 27.3%	13 23.6%	8 14.5%	39 70.9%
Off the Job Training	0 0.0%	0 0.0%	0 0.0%	2 3.6%	2 3.6%
Total	**5 9.1%**	**20 36.4%**	**14 25.5%**	**16 29.1%**	**55 100.0%**

Table 6 : Caste of Respondent & Satisfied From Transfer & Promotion Policy of Organization

Caste of Respondent	**Satisfied From Promotion & Transfer Policy of Organization**				**Total**
	Not Satisfied	**Satisfied**	**Highly Satisfied**	**Not Applicable**	
Schedule Caste	1 1.8%	0 0.0%	0 0.0%	1 1.8%	2 3.6%
Schedule Tribes	1 1.8%	1 1.8%	0 0.0%	0 0.0%	2 3.6%
Other Backward Class	6 10.9%	4 7.3%	0 0.0%	0 0.0%	10 18.2%
General	11 20.0%	24 43.6%	2 3.6%	4 7.3%	41 74.5%
Total	**19 34.5%**	**29 52.7%**	**2 3.6%**	**5 9.1%**	**55 100.0%**

****

पहाड़ी चित्रकला में शारीरिक भाषा और उसके आकार-प्रकार की विविधता का प्रयोग

डॉ. सचिन सैनी *

प्रस्तावना - पहाड़ी चित्रकला का भी भारतीय चित्रकला में महत्वपूर्ण योगदान है। भारत का भक्ति आंदोलन पूरे देश में जिस युग में फैला उस काल में यह पहाड़ी चित्रकला का विषय बन गया। इस विषय में यह माना गया है कि- 'वैष्णव धर्म राजस्थान तथा उत्तारी भारत के मैदानी क्षेत्र तक ही सीमित न रहा बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों में भी पहुँच गया और पहाड़ी चित्रकार की प्रेरणा का मुख्य आधार बना। बसोली शैली के चित्रों में वैष्णव धर्म की विचारधारा और भक्ति भावना दिखाई पड़ती है। इस शैली में विष्णु तथा उनके दस अवतारों के चित्र प्राप्त हैं।'[1]

बसोली चित्रकार ने समकालीन इतिहास को अमर बनाने का कार्य इस प्रकार किया कि- 'यह चित्रकार प्राय: दरबार का एक सदस्य होता था इस कारण उसका प्रमुख उद्देश्य राजाओं, दरबारियों तथा दरबार के अन्य सम्मानित सदस्यों जैसे विद्धानों, संगीतज्ञों, संतों आदि के चित्र बनाना था। इस प्रकार बसोली में चित्रकार ने समसामयिक इतिहास को अमर बना दिया है।'[2]

मानवेतर प्राणियों विशेषकर कृष्ण से जुड़ी गायों आदि का चित्रण करते हुए 'शारीरिक भाषा' और उसके आकार-प्रकार की विविधता का प्रयोग बसोली चित्रकला में मिलता है। - 'बसोली शैली के चित्रों में ढोरों का अंकन निजी ढंग से किया गया है। बसोली के चित्रों में पशुओं को दुबला, पतला, भूखा, पिचके पेट वाला तथा लम्बे कान और मुड़े हुए सींगों वाला बनाया गया है। यह पशु जम्मू की स्थानीय जाति या बूंदाबन की गौ जाति के प्रतीक हैं, परन्तु कांगड़ा शैली के चित्रों में ढोरों को हृष्ट-पुष्ट और मोटा-ताजा बनाकर हरियाणा जाति के पशुओं का ही अंकन किया गया है।'[3] मुखाकृतियों के मामले में भी पहाड़ी व बसोली चित्रकला में किये गए प्रयोग अनूठे हैं। - 'बसोली के चित्रकारों ने रंग का मौलिक और सजीव प्रयोग ही नहीं किया है अपितु स्त्री तथा पुरुष मुखाकृति को नवीन रूप प्रदान किया है। बसोली शैली के चित्रों में मानव आकृतियों के चेहरों की बनावट विशेष प्रकार की है, जिसमें ढलवा माथा तथा ऊँची नाक को एक ही प्रवाहपूर्ण, अटूट रेखा से बनाया गया है। नेत्रों को कमलाकर रूप प्रदान किया गया है और नेत्रों की विशालता मनमोहक तथा अबोधतापूर्ण है। बादामी वर्ण के शरीर वाली नायिका बसोहली के चित्रकार को प्रिय थी। स्त्रियों को सुकोमल और सुंदर अंग-भंगिमाओं में अंकित किया गया है जिससे उनके रूप और लावण्य की शोभा और भी मनोहारी हो गई है।'[4] इस समबन्ध में श्री मुल्कराज आनंद लिखते हैं कि- "The essence of Basohli style is what may by called its expression-the enactment of dramatic episodes in paint"[5]

बसोली चित्रकला की प्रमुख विशेषतायें समीक्ष्य दृष्टि से से विवेच्य हैं। इस चित्रकाला में रेखाओं में अप्रत्याशित ओज, उन्मुक्तता व गति देखने को मिलती है। - 'स्त्री-पुरुषों की आँखें बड़ी-बड़ी किन्तु रसपूरित बनी हैं। मुख मन्डल में ललाट पीछे की ओर जाता हुआ, लम्बी नाक, पहले अधर व उभरे गाल हैं। प्राय: मुगलिया वेषभूषा ही यहाँ प्रचलित रही है।........बसोहली चित्र-कलम के विकास के सम्बन्ध में डॉ एम. एस. रन्धावा के विचार बड़े सराहनीय हैं- "Basohali style arose as a result of the marriage of the folk art of hills with Mughal technique…They lack subtlety, delicacy and refinement of Kangra style, they have vigour and the quality of simplicity."[6]

चित्र- गोपियां कृष्ण को ढूंढते हुए भगवत पुराण कांगड़ा शैली, कागज पर टेंपरा स्वर्ण के साथ ए 1780

इसी क्रम में चम्बा की मानवाकृतियां और मुद्रायें नाटकीय और विशिष्ट हैं- 'चम्बा की चित्रकारी में स्त्री तथा पुरुष का सौन्दर्य विशिष्ट है। चम्बा में मानवकृतियाँ लम्बी और हृष्ट-पुष्ट बनायी गई है। सामान्यत: मानवकृतियाँ खड़ी हुई मुद्रा में बनायी गई हैं। चम्बा के चित्रकार ने भावभिव्यक्ति के लिए हस्तमुद्राओं तथा अंग-भंगिमाओं को नाटकीय ढंग से प्रस्तुत किया है। मानवकृतियों के माथे ऊँचे तथा चिबुक बड़ी और भारी बनायी गई, जिससे चम्बा शैली की आकृतियाँ अन्य शैलियों की मानवकृतियों से पृथकत्व प्राप्त कर लेती हैं। स्त्रियों के नेत्र बड़े और प्राय: कर्णस्पर्शी बनाये गए हैं, परन्तु ग्रीवा सुडौल और लम्बी है।'[7]

गुलेर शैली के चित्रांकन ने रेखाओं की बारीकियों के जरिये शारीरिक सौन्दर्य को आकार दिया है- 'इन चित्रों में भंगिमाएँ तथा मुद्राएँ सुंदर हैं। प्रत्येक आकृति की कुछ अपनी व्यक्तिगत विशेषता और छवि है। इन चित्रों

* स्कॉलर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत

में रेखा बहुत ही कोमल, महीन (बारीक) और प्रवाहपूर्ण है। इन चित्रों में प्रकृति की यथार्थ छटा बिखरी हुई है, परन्तु बसोली शैली में बने चित्रों की सीमा रेखाएँ शिथिल, सुनिश्चित आलंकारिक व योजनाबद्ध हैं तथा सपाट लाल धरातल का अधिक प्रयोग है। इन चित्रों में स्त्रियों के चित्रण में भौतिकवादी दृष्टिकोण दिखाई पड़ता है और चित्रकार ने स्त्रियों के छन्दमय शारीरिक सौन्दर्य तथा यौन-प्रतीकों का स्वतंत्रता से प्रयोग किया है, जिनमें काव्यात्मकता और परिमार्जन दृष्टिगोचर होता है।'[8]

इसी तारतम्य में कांगड़ा शैली भी मानव आकृतियों की बनावट की दृष्टि से उत्ताम है- 'इन चित्रों में हल्की गोलाई का आकृतियों में प्रयोग किया गया है, जिससे मानव आकृतियों का सौन्दर्य निखर आया है। अधिकांश चित्रों में पशु-पक्षियों, नदियों, वृक्षों, लताओं तथा पुष्पों का प्रयोग भी प्रेमियों के मनोवेगों के उद्दीपन हेतु किया गया है। आनंद कुमारस्वामी के शब्दों में- ययह शैली एक ऐसी कला है जिसमें भावना का पूर्ण त्याग भौतिक तथ्य के संसर्ग पर आधारित है।"(The complete avoidance of sentimentality is founded on the constant reference to the physical fact.)"[9]

ऐसा माना गया है कि कांगड़ा और गुलेर चित्रांकन में नायिकाओं आदि की भाव-भंगिमाओं में अंतर की स्थापना ही इनके विभेद का कारण बनी हैं इससे विविध शैलियों में 'शारीरिक भाषा' के प्रयोगान्तर के महत्व का आभास सहज ही हो जाता है- 'गुलेर शैली में स्त्रियों के चेहरे के चित्रण की तीन शैलियाँ प्रचलित थीं, जिनमें से दो समाप्त हो गईं और तीसरी शैली को कांगड़ा में उच्चस्तर प्राप्त हुआ। कांगड़ा शैली में स्त्रियों की मुद्राओं में भी विशेष अंतर आया। गुलेर शैली में बैठी हुई या खड़ी हुई नायिकाएँ बनायी गई थीं, परन्तु कांगड़ा की नायिकाएँ सुकोमल, सौन्दर्यपूर्ण, गतिवान, खड़ी मुद्रा में, लज्जा में लतिका के समान नत मस्तक अपने पटों को फहराती अंकित की गई हैं।'[10]

चित्र- नहाती हुई स्त्री और दासियां, कांगड़ा शैली

रूप और आकर की दृष्टि से अंगों की गोलाई, डील-डौल की अपने विशिष्टता के साथ कांगड़ा शैली खड़ी है- 'कांगड़ा शैली के चित्रों में वक्रीय आकारों को अपनाया गया है और स्त्री तथा पुरुष दोनों के ही अंगों में यथोचित गोलाई तथा सुडौलता है। स्त्रियों के चेहरे, अंग-भंगिमाओं तथा हस्त-मुद्राओं के बनाने में चित्रकार ने कमाल कर दिया है। स्मृति, कल्पना तथा नियमों की जकड़ के रहते हुए भी यथार्थ ढंग से अंकित किये हैं प्राय: मानवाकृतियों के नेत्रों को कमलाकार बनाया गया है और चिबुक गोल, पतले, गुलाबी अधर तथा लम्बी-सीधी नासिका बनायी गई है। चेहरे में गोलाई लाने के लिए परदन के पास तथा आँख के पास सुकोमल छाया का प्रयोग किया गया है। कांगड़ा के चित्रकारों ने नेत्रों को भावपूर्ण और उल्लापूर्ण बनाया है जिससे जीवन की सजीवता परिलक्षित होती है। स्त्रियों के सुकोमल, लहराते हुए श्याम केश कन्धों पर नागिन के समान लहराते पारदर्शी दुपट्टों में चमकते हुए दिखाये गए हैं। अधिकांश चित्रों के चेहरों को एकचश्म बनाया गया है तथापि डेढ़ चश्म चेहरों का प्रयोग भी किया गया है परन्तु उनमें रेखांकन की कुशलता और परिमार्जन नहीं है।'[11] कांगड़ा चित्र शैली की विशेषताओं के सम्बन्ध में डॉ. आनन्द कुमार स्वामी का अभिमत इस प्रकार है- "The figures are now more animated, the line more fervor and fluent; the research of physical charm is deliberate, women are willowy and slender, their eyes very ling and curved and deep dyed, fingers are delicate and tapering."[12]

कुल्लू शैली में नायिका के शारीरिक गठन पर चित्रकार ने विशेष ध्यान दिया है। स्त्री और पुरुष के शारीरिक रूपाकार की स्वतंत्र विशेषतायें अंकित करने में सफलता पाई है। कुल्लू शैली के चित्रों की आकृतियों का भारी चेहरा और पुष्ट या भारी चिबुक, विशाल नेत्र तथा आकृतियों में अबोधता की भावना के कारण ये चित्र सरलता से पहचाने जा सकते हैं। इन चित्रों में स्त्रियों की चोली कमर तक बनायी गई हैं। इस चोली में झालर का भी प्रयोग है और आगे की ओर कोणाकार झालर बनायी गई है। स्त्रियों की वक्षस्थली (उरस्थली या छाती) सपाट और भारी बनायी गई हैं। पुरुषों के धड़ सिर की तुलना में बड़े और अत्यधिक हृष्ट-पुष्ट बनाये गए हैं।[13] इसी इलाके की गढ़वाल शैली के चित्रों की भावाभिव्यंजक मुद्रायें और आकृतियों की विशेषतायें उल्लेखनीय बन पड़ती हैं-'गढ़वाल शैली के चित्रों में आकृतियों को कांगड़ा शैली की अपेक्षा सरल और सपाट बनाया गया है और रेखा भी उतनी कोमल, गोलाईयुक्त और डौलपूर्ण नहीं है। गढ़वाल शैली के चित्रों में रेखा अधिक बलवती और प्रवाहपूर्ण है। गढ़वाल शैली की आकृतियों में अधिकांश वक्रीय आकृतियों को अपनाया गया है। स्त्रियों को सुंदर और भावपूर्ण मुद्रा में बनाया गया है। बड़े-बड़े कमल नत्रे, लम्बी सीधी, नाक, गोल चिबुक, भावाभिव्यंजक हस्तमुद्राएँ तथा अंग-भंगिमाएँ गढ़वाल शैली की स्त्री-आकृतियों की विशिष्टता हैं। कुछ चित्रों में काली स्याही से चित्र की आकृतियों की खुलाई की गई है जो रुहेला प्रभाव है।'[14]

समीक्ष्य विषय की ओर अग्रसर होते हुए भारतीय चित्रकला के इतिहास व विकास पर दृष्टिपात अपरिहार्य मानते हुए हमने आधुनिक काल की पूर्वपीठिका पर एक विहंगम दृष्टिपात किया है। इस दृष्टिपथ से से एक ओर प्रागैतिहासिक काल से मुगलकाल तक की समयावधि पर विचार किया गया एवं विशेषज्ञ अभिमतों का समीक्ष्य विषय में उपयोग किया गया, वहीं दूसरी ओर विभिन्न शैलियों पर भी 'शारीरिक भाषा' के प्रयोग के दृष्टिकोंण से अवलोकन किया गया। सारांश के रूप में हम पाते हैं कि आधुनिक काल की जिस चित्रकला में हम शारीरिक भाषा, भाव-भंगिमा के विश्लेषण का विवेच्य लक्ष्य रखते हैं उसकी पूर्वपीठिका के कालक्रम में से शारीरिक भाषा विविध तरीकों से चित्रांकन में उपस्थित रही है। चित्रकला अपने आदिम रूप से ही समाज, संस्कृति, मनोभाव, संदेशप्रियता, प्रकृति और प्राणि व अप्राणितत्वों को देखने और समझने के चित्रकार के दृष्टिकोंण की परिचायक रही है। गुहाओं के भित्तिचित्रों में यह शारीरिक भाषा अपने आरंभिक लेकिन

चमत्कृत कर देने वाले रूपों के साथ विद्यमान है। गुहावासी मानव स्वयं की अनुभूतियों को इन चित्रांकनों में अभिव्यक्त हाव-भावों के माध्यम से प्रकट करने चेष्टा करता रहा है।

बौद्धकाल की विषयवस्तु से अजंता के माध्यम से चित्रकला को एक और आयाम मिला। भावमयी मनुष्य-आकृतियां मानव के चिंतन-स्तर की परिचायक बनी हैं। धर्मप्रचार का माध्यम होने पर भी यह कला हमें एक व्यापक उपजीव्य सामग्री देती है। मध्यकालीन विभिन्न शैलियों ने अपनी विशिष्टता शारीरिक रूपाकारों के सम्बन्ध में निर्धारित की है। जैन शैली, पाल शैली,, अपभ्रंश शैली, बादामी शैली, सित्तनवासल, आदि ने रेखाओं, उभार, गठन, भावों के अनुरूप आकृतियां आदि प्रस्तुत करके अपनी अपनी मौलिकता अर्जित की है। राजस्थीन चित्रकला में भी स्त्री-पुरुष के चित्रण, अंग-प्रत्यंगों का अभिनव व विशेष आकार के साथ प्रकाशन आदि कारणों से पहचान पाई है। इसके किशनगढ़, जयपुर, बुंदेली आदि शैलियों में हाव-भाव व भंगिमाओं के खास रूप देखने को मिलते हैं। मुगलकाल भले ही राज्याश्रय और व्यक्तिचित्र केन्द्रित रहा हो परन्तु चित्रकार की अपनी विशेषताओं से इस काल का व्यक्ति-निरूपण विशिष्ट बन गया है। अकबर, जहांगीर, शाहजहां आदि के काल तक यद्यपि ये निरूपण बदलाव पाते गये किंतु शारीरिक संरचना की अभिव्यक्ति का मूल बरकरार रहा। जो मानव और मानवेतर दोनों प्राणियों के चित्रण में देखने को मिलता है।

समीक्ष्य विषय की ओर अग्रसर होते हुए हम पाते हैं कि पहाड़ी चित्रकला, बसोली, चम्बा, गुलेर, कांगड़ा और कुल्लू व गढ़वाली शैलियों में मानवाकृतियों का अनूठा चित्रण इसकी ओर संकेत करता है कि आधुनिक काल तक आते आते चित्रकला की मूर्तता, शारीरिकता और भौतिक रूप से हाव-भावों को प्रकट करने का आकृतिमूलक आधार मजबूत होता दिखाई देता है। इस दौरान विभिन्न शैलियों और युग के थपेड़ों में समय-समय पर भले ही इसमे प्रकारांतर पैदा कर दिये हों परन्तु चित्रकला की इस यात्रा में आधुनिक काल की पूर्वपीठिका तक हमें शारीरिक भाषा का पर्याप्त आधार प्राप्त होता है जो विद्वानों के अभिमतों से प्रमाणित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-219-220, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष-2006
2. वही, पृष्ठ-220
3. वही, पृष्ठ-222
4. वही,
5. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-153, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984
6. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-156, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984
7. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-226, 11वां सं, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, 2006,
8. वही, पृष्ठ-229
9. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-232, 11वां सं, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, 2006,
10. वही, पृष्ठ-132
11. वही, पृष्ठ-241
12. अग्रवाल, आर. ए., कला विलास-भारतीय चित्रकला का विकास, पृष्ठ-153, मेरठ, इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1984
13. वर्मा, डॉ. अविनाश बहादुर व अन्य, भारतीय चित्रकला का इतिहास, पृष्ठ-246, 11वां संस्करण, बरेली, प्रकाश बुक डिपो, वर्ष-2006,
14. वही, पृष्ठ-257

****

भारत में महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका

मनोज जैन *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र भारत में महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका से है। वर्तमान समय में भारत विकासशील देशों की श्रेणी की ओर अग्रसर है। जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका भी रही है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता की दर 70.04 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें पुरूषों की साक्षरता दर 82.14 प्रतिशत है और महिलाओं की साक्षरता दर 65.46 प्रतिशत थी वर्तमान में पुरूषों की आबादी का 3/4 भाग और महिला आबादी का आधे से अधिक हिस्सा साक्षर है। पिछले दशक के दौरान महिला साक्षरता की दर में अधिक वृद्धि हुई जबकि पुरूषों के प्रति बढते कदम से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में महिलाओं की साझेदारी हुई है।

प्रस्तावना – मनुष्य की मानसिक शक्ति के विकास हेतु शिक्षा एक अनिवार्य प्रक्रिया है। स्त्री हो या पुरूष किसी को शिक्षा से वंचित रखना उसकी मानसिक क्षमता विकसित होने से रोक देना है। भारत की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में काफी पिछड़ी हुई है। यदि हम जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का सूक्ष्म अवलोकन करें तो हमें विदित होगा कि महिलाओं को लगभग प्रत्येक क्षेत्र में भेदभाव, पूर्वाग्रह एवं असमानता का सामना करना पड़ता है। शिक्षा के क्षेत्र में वे अभी बहुत पिछड़ी हुई है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अभी भी या तो अशिक्षित है या बहुत कम शिक्षित हैं। कुछ मामलों में तो महिलाओं ने प्रगति की है तो कुछ हमारी चिंता बढाने वाली है। महिलाओं की स्थिति कुछ कदम आगे को कुछ कदम पीछे दिख रही है। साक्षरता दर पिछली जनगणना में जहाँ 64 फीसदी थी वहीं इस बार 74 फीसदी आंकी गई है। जिससे पुरूषों में जहाँ 6.88 फीसदी बढ़ी वहीं महिलाओं में 11.79 फीसदी बढी है जो कि महिला शिक्षा की सामाजिक स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन है। इन सभी तथ्यों के फलस्वरूप स्वतंत्र भारत में महिलाओं ने समाज में विकास किया है। उसने अपने वास्तविक महत्व को जाना है और पहचानना प्रारंभ कर दिया है तथा वह अपनी दशा के प्रति सचेत हुई है। यही कारण है कि स्वतंत्र भारत महिला जागरण का युग बन गया है। अब स्त्रियों ने अपनी अखिल भारतीय संस्थाएँ स्थापित कर सभी क्षेत्रों में पुरूष के भांति समान अधिकार प्राप्त कर लिया है। अब उनका कार्यक्षेत्र घर की चार दीवारी तक सीमित न रहकर पुरूष की भांति

महिला सशक्तिकरण – महिला सशक्तिकरण एक व्यापक शब्द है जो मुख्यत: आधुनिकीकरण, सामाजिक एवं आर्थिक विकास से सम्बन्धित है। यह एक व्यवस्थित, वैश्विक, चरणबद्ध, निरन्तर दीर्घकाल तक चलने वाली परिवर्तनशील प्रक्रिया है। जिसमें जीवन की गुणवत्ता होती है। इस प्रकार महिला सशक्तिकरण का सामान्य अर्थ है– महिलाओं को शक्ति सम्पन्न बनाना परन्तु व्यापकता में इसका अर्थ सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्रों में महिलाओं की साझेदारी है। आत्मनिर्भरता एवं निर्णय लेने की क्षमता सशक्तिकरण का एक बड़ा मानक है।

भारत में महिला साक्षरता – साक्षरता का अगर ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में विश्लेषण करें तो स्पष्ट होता है कि प्राचीनकाल में भारत की साक्षरता सर्वव्यापक रही होगी। क्योंकि उस समय जाति व्यवस्था कठोर नहीं थी और समाज में महिलाओं का स्थान भी ऊँचा था। पश्चातवर्ती वर्षों में विशेष रूप से मध्यकाल के आरंभ से विदेशी आक्रमणों, पर्दा प्रथा के प्रचलन, जातिगत व्यवसायों की प्रथा के प्रचार के साथ साक्षरता का मार्ग अवरूद्ध सा हो गया। ब्रिटिशकाल में शिक्षा मुख्य सरकारी नौकरियों से जुड़ गई और इसकी सुविधा कुछ विशिष्ट वर्ग तक सीमित होकर रह गयी तथा अधिसंख्य निम्न वर्ग को शिक्षा से दूर रहने के प्रयास किये जाते रहे। कालान्तर में भारत में विभिन्न सामाजिक आन्दोलनों के प्रणेताओं जैसे राजाराम मोहनराय, ईश्वरचन्द विद्यासागर ने महिलाओं की शिक्षा पर जोर दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले, पेरियार एवं बाबा साहेब अम्बेडकर ने निम्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की शिक्षा हेतु भी कई अग्रगामी कदम उठाये भी किन्तु स्वाधीनता उपरान्त ही भारत सरकार के प्रयासों से महिला साक्षरता की दिशा में उत्साहवर्धक संकेत परिलक्षित हुए।

भारत में स्त्री शिक्षा की स्थिति :–

भारत में 1901 से 2013 तक साक्षरता वृद्धि के आंकड़ों में महिलाओं की स्थिति

वर्ष	कुल वृद्धि	पुरूष	स्त्री	वृद्धि दर में अन्तर
1901	5.35	9.83	0.60	9.27
1911	5.92	10.56	1.05	9.57
1921	7.16	12.21	1.81	10.40
1931	9.51	15.59	2.93	12.60
1941	16.10	24.90	7.30	17.60
1951	18.33	27.16	8.86	18.30
1961	28.30	40.40	15.35	25.05
1971	34.45	45.96	21.97	23.98
1981	43.56	56.38	29.76	26.62
1991	52.21	64.13	3929	24.84
2001	64.8	75.26	53.67	21.59
2011	74.04	82.14	65.46	16.68

स्त्रोत: भारत की जनगणना 2011

सन् 1901 में हमारे देश में स्त्री साक्षरता मात्र 0.6 प्रतिशत थी जो स्वतंत्रता के उपरान्त 1951 में बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गयी। स्वतंत्र भारत के संविधान में 14 वर्ष तक की आयु के सभी लड़के –लड़कियों के लिये अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा की बात कही गई थी। यह हमारा दुर्भाग्य है कि नई शताब्दी में प्रवेश करने के उपरान्त भी हम इस लक्ष्य को आज तक भी नहीं प्राप्त कर पाये। जनगणना 2011 की अंतिम रिपोर्ट से पता चलता है कि

* शोधार्थी, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

भारत ने 2001 की जनगणना के बाद के दशक के दौरान साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। 2011 की जनगणना में साक्षरता की दर 74.04 प्रतिशत दर्शायी गई है जो 2001 में 64.84 प्रतिशत थी। इसी दौरान स्त्री साक्षरता की दर में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2001 में यह 53.7 प्रतिशत थी जो बढकर 2011 में 65.5 प्रतिशत हो गई। 2001- 2011 अवधि के दौरान स्त्री साक्षरता दर में 11.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पुरूष साक्षरता दर में 6.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

अत: साक्षरता और नामांकन से सम्बन्धित विभिन्न आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में लिंग पर आधारित भेदभाव धीरे-धीरे कम हो रहे हैं।

निष्कर्ष - प्रस्तुत अध्ययन से स्पष्ट होता है कि महिला सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका अहंम होती है तथा देश का सर्वागींण विकास तभी संभव है जबकि महिला शक्ति सशक्त हो शिक्षा वास्तविक अर्थो में सत्य की खोज है। यह ज्ञान एवं प्रकाश की अंतहीन यात्रा है। ऐसी यात्रा महिला सशक्तिकरण के विकास के रास्ते खोलती है। शिक्षा के नये रास्तों एवं प्रगति की मंजिल को महिलाएँ समझ ले तो महिलाएँ सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्तर पर सशक्त बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। शोध अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि आज भारतीय संदर्भ में महिलाओं की समग्र स्थिति-परिस्थिति पर व्यापक दृष्टि से स्वस्थ नजरिये के साथ पुन: चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये शिक्षा का उचित विकास एवं प्रयोग कर महिला शक्ति को पूर्णत: सशक्त बनाया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नीरज कुमार, 'महिला शक्ति कुछ कोशिशें', कुरूक्षेत्र, मार्च 2007
2. व्होरा आशारानी, 'भारतीय नारी दशा एवं दिशा', नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
3. डॉ. शर्मा ऋषभ देव, 'स्त्री सशक्तिकरण के विविध आयाम', गीता प्रकाशन, रामकोट हैदराबाद।
4. यादव, दयाशंकर सिंह, 'भारत में शैक्षिक नीतियों एवं कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण' योजना-2016, सूचना भवन, नई दिल्ली।

****

Historical account of Jabalpur's name

Dr. Nilesh Sharma *

Introduction - The study of names of places adds to a significant place in historical studies and research. How a place got its name has to do a lot with the history of the region. There are lots of stories and a series of events that gives a city or town its name. However its not always easy to reach to the roots of the nomenclature of a certain place. A name may have an immense background in its existence. Studying place's names are important in a lot of aspects. By studying it, we get know about the traditions and facts related to that place.

The geographical features also has a contribution in naming the place. For example, on delving deeper into the history of names of places located in areas surrounded by forests, we discover that names are related to the names of trees found in abundance in that region. Such as Peepal (or Pipar), Bargad (or badh), Jamun, Imli, Bel, Mahua etc. The names of some villages or towns such as Pipariya, Jamuniya , Imaliya, Belkheda, Amahra, Amgawan, Barkheda, Simariya, Hardua etc. are all inspired by the names of these trees. Some places have their names influenced by a nearby lake or ponds. Sometimes, the names could just be a combination of both lakes and trees. The examples of such places are Sagar and Belsara.

The trend of naming places after the animals has also been known. Such as Richhai, Baghauli, Bhaisdehi, Hathiyagadh etc. places are also named after the names of deities and rulers like Rampur, Ramnagar, Narayanpur, Vijayraghavgarh, Surajpur etc. In the similar way the name of Jabalpur also has a historic significance. A specimen of social harmony is also reflected through the evolution of this name. We will discuss this evolution in detail.

The Arabic word "Jabal" as a proposed source - This theory is mentioned in the book "Bhaugolic Namarth-Parichay" written by Raibahadur Dr. Hiralal and Jabalpur Gazetteer. This theory is related to the geographic features of Jabalpur. According to this, Jabalpur city is surrounded by hills. That is why it was named after the Arabic word "Jabal" which means hill and the word "Pur" is taken from Sanskrit. This theory was rejected by Raibahadur Dr. Hiralal. He states that Muslims came to Jabalpur long after the place was first settled by people. This is why it is not likely to have an Arabic source for its name. Recently Prof. Vishwabhar Sharan Pathak have rejected this theory and approved of Dr. Hiralal's conclusions.

Theory of naming after sage Jabali - An important theory on naming Jabalpur was proposed by Raibahadur Hiralal. According to him, a place called tripuri which is about 15 kilometers from Jabalpur was the capital of Kalchuri Kings. In the scriptures written by these kings, the name "Jabalipatan" or "Jauli Patta"is mentioned. This is believed to be the ancient name of Jabalpur and Jabali was an eminent sage. His ideals were in contrast to the prevalent religion because of which sage Jabali and his disciples were expelled from Tripuri and so they travelled some distance away from Tripuri settled in nearby hills. They named this place "Jabalipattan".

This proposition made by Dr. Hiralal was validated by many scholars as it is and it also got a public approval. Prof. Vishwambhar Sharan Pathak disagreed to the proposition made by Dr. Hiralal. According to Prof. Pathak, during the time of sage Jabali, towns were named after him which is mentioned as "Jabalipur" in a scripture which is located at present day Jalor district of Rajasthan. It was the capital of Songir which was a state of Chahman dynasty. The rock edict obtained from here mentions the kumara vihar in Jabalipur built by Kumarapal Solanki. Prof. Pathak suggests that considering the nature of linguistics, Jalor can be derived from Jabalipur, but derivation of Jaoli or Jabal from Jabali is not in line with the scientific approach of naming. The chapter of the manuscript is also "Jaoulipattala"and not "Jabalipattan".

The word "pattala"was used as a unit of area in Kalchuri scriptures. This cannot be compared to the word "pattan" which means city. No literary or any other source proves that any place was related to Jabali which later was called to be Jabalpur. Also the fact that sage Jabali had to leave the place for having contrary opinions to the prevalent faith is an unreliable statement because Jabali was renowned for his philosophies and accomplishments in vedic literature. The Kalchuri kings of Tripuri also provided conservation to Shaiv and Pashupath communities. They cannot be considered to be dissenter of Vedic ideology.

Naming after the Hun word "Jaoul" or "Jaouli" - Dr. Budhprakash In his book 'Aspects of Indian History and Culture' suggested that Jaouli pattala is used for the present day Jabalpur which is also the site where those manuscripts where obtained. The word Jaoul correlates to the name Jabul assumed by the Huns. It seems like due to external pressure some of the huns settled here and established a city and this was the center of their settlements in Madhya

*Guest Faculty (History) Rani Durgawati University, Jabalpur (M.P.) INDIA

Pradesh region. In the similar way a modified form of Jaoul, Jaouli is also considered as the source word for the name of Jabalpur.

The word Jaouli is mentioned in three Kalchuri manuscripts in the form of Pattala. In Yashkarna's Jabalpur manuscript, Jaoulipattala is mentioned along with the word 'samavasita' which may refer to foundation of a new town at this place and approval of a new Pattala was given by the King. In this way, Jaoulipattala was established at around 1084 AD. Jaoulipattala is also mentioned in the Bhedaghat manuscript of Kalchuri king Narsimha during 1155 AD. It says about the donations given by mother of Narsimha to build Baidhnath temple at Namundi village which was under the Jaoulipattala constituency and at Makarpatak which was located on the right bank of river Narmada. Makarpatak is identified as Magarmuha village at present to the right of Bhedaghat whereas Namundi could not be identified.

In another manuscript of Kalchuri ruler Vijay Singh, Jaoulipattala is mentioned. In this way Jaoulipattala consisted of nearby places of Jabalpur. In post medieval period, The huns were not so powerful but they had their influence in various parts of the country. In Karanbel manuscript, the presence of Huns in royal court of Lakshmikarna is mentioned. Through the scripts and currencies discovered, it is indicated that Kalchuris were under the Huns. In Yaskarna's manuscript, it is said that Lakshmikarna was evolved out of the greater Hun dynasty. The part of the script which says about the lineage, there is no general description of the queens, considering which, the Kalchuri inspite of being related to Huns, have a rather significant status of Aavalladevi.

Lakshmi Karna renunciated his throne and coronated his son Yash Karna. This is because he wanted his son to be coronated by the Hun royal priest. So he did this while he was alive so that no one could oppose it. In this way the word 'Jaouli' is somewhat related to the Hun queen. This suggests that Lakshmi Karna established a pattala by the name Jaouli for his royal priest which gave Jabalpur half of its name to which 'pur' was added later. After the Kalchuri's this pattala got smaller in area and was confined to only a city as it is at present.

Conclusion - The above postulates are based on various historical sources in the form of manuscripts, coins and the scientific fundaments of linguistics which plays an important role in the evolution of names of places. It seems to be that Jaouli Pattala rather than being a name of town was a Hun territorial unit. How this unit got converted into a name of city could not be sufficiently supported by historic facts. The source of Jabalpur's name is still under research. There has not been a common conclusion achieved yet regarding the actual sources and various opinions are being presented and argued upon by many scholars. However the above theories do provide a lot of evidences and paves way for further studies in this direction.

References :-

1. Krishnan, V.S., "Madhya Pradesh District Gazetteer: Jabalpur", Government Central Press, Bhopal, 1994, Pg. 40-44.
2. Bhattacharya, P.K., "Historical Geography of Madhya Pradesh: From Early Records", Motilal Banarsidass Publishers, Delhi, 1977, Pg. 127-129.
3. Ibid, Pg. 246-248.
4. Verma, Rajiv Kumar, "Feudal Social Formation in Early Medieval India: A Study of Kalachuris of Tripuri", Anamika Publishers, New Delhi, 2002, Pg. 57-62.
5. Ibid, Pg. 130.
6. Hira lal (Raibahadur), "Inscriptions in Central Provinces and Berar", Govenrment Print C.P., Nagpur, 1932, Pg. 25-27.
7. Ibid, Pg. 42-43.
8. Prakash, Buddha, "Aspects of Indian History and Civilization", Shiva Lal Agarwala, Agra, 1965, Pg. 175-178.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

पौराणिक साहित्य में पर्यावरण चेतना

ममता चौहान *

शोध सारांश – मानव तथा पृथ्वी के अन्य जीवधारियों के जीवन का उनके चतुर्दिक विद्यमान पर्यावरण के साथ अन्योन्याश्रितता का सम्बन्ध रहा है। पृथ्वी ग्रह पर प्राणियों का अस्तित्व एवं विकास आसपास के पर्यावरण से नियंत्रित एवं निर्धारित होता रहा है। भौतिक तथा जैविक पर्यावरण के अवयव एक-दूसरे के पूरक हैं तथा एक-दूसरे के अस्तित्व को बनाये रखने के लिए आवश्यक है।

जीवन का अस्तित्व मुख्य रूप से पर्यावरण पर निर्भर है। जीव तथा पर्यावरण प्रकृति के एक तन्त्र के रूप में सह-सन्तुलन कायम करते हैं। प्रकृति एक निश्चित नियमबद्धता से कार्य करती है। यदि उसके किसी अवयव या श्रंखला के साथ मनुष्यों द्धारा छेड़छाड़ की जाती है तो परिस्थितिक सन्तुलन बिगड़ जाने के कारण प्राणी जगत् को हानिकारक परिणाम भुगतने पड़ेत हैं।

मानव का पादपों से आदिकाल से ही सम्बन्ध रहा है। आदिम मानव ने विभिन्न पौधों को भोजन, औषधि एवं वस्त्रों के लिये उपयोग में लिया। धार्मिक ग्रन्थों के अध्ययन से भी हमें ज्ञात होता है कि मनुष्य पेड़-पौधों का प्रेमी रहा है। हिन्दू धर्म में भी तुलसी, नीम, आँवला, बरगद, पीपल, हरसिंगार, धतूरा बिल्वपत्र, आम, पलाश, नारियल, चन्दन आदि पौधों को किसी न किसी रूप में पूजना एक धार्मिक कृत्य माना जाता है, परन्तु इसके पीछे भी नहीं पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन की प्रवृत्ति छिपी है। इसी कारण प्रकृतिक सन्तुलन बना रहता है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र विषय पौराणिक साहित्य में पर्यावरण चेतना, में द्धितीय सामाग्री के द्धारा अध्ययन करन सन्दर्भित किया गया है। इसके साथ वैदिक धर्म ग्रन्थों के मूल स्त्रोंत को भी अध्ययन का आधार बनाया गया है।

समस्या :

1. पर्यावरण के सरक्षण की समस्या।
2. अनियंत्रित पौधों की कटाई से पर्यावरण असन्तुलन की समस्या।
3. मानवीय मूल्यों की समस्या।

उद्देश्य – महायोगी भगवान शिव से लेकर इस सृष्टि के छोटे-छोटे जीवों तक अगर अध्ययन करें तो हम पायेंगे कि हरीतिआ से सभी जीव-अजीव जुड़े हुए हैं, फिर चाहे वह बोधि वृक्ष हो या पानी में जमी हुई काई हो, धतूरे के बीज हो या कमल पत्र हो, भारतीय संस्कृति का कोई भी अंश इन बेल-पत्रों एवं कुसुम-लताओं एवं विभिन्न फल-फूलों से आच्छादित है।

भारतीय दर्शन के प्राण वेदों में पर्यावरण चेतना के लिए हिन्दूओं की ब्रह्मण्ड व प्रकृति के साथ सुस्वरात्मकता का सन्देश देने वाली एवं सभी के कल्याण की भावना एक सनातन सत्य के रूप में विद्यमान है। स्वर्गलोग, अन्तरिक्ष लोक तथा पृथ्वी लोग हमें शान्ति प्रदान करें। जल शान्ति प्रदायक हो औषधियाँ तथा वनस्पतियाँ शान्ति करने वाली हों। सभी देवगण शान्ति प्रदान करें। सर्वव्यापी परमात्मा संपूर्ण जगत् में शान्ति स्थापित करें। शांति भी हमें परम शान्ति प्रदान करें।

ॐ द्यौ शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिः पृथ्वी शान्तिरायः,
शान्तिशेषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः,
शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः, सर्वंशान्तिः शान्तिरेव शान्तिः
सा मा-शान्तिरेधि।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

यजुर्वेद 36-17

विवाह के समय द्धार पर बांधे गये आम के वन्दनवार हो या ग्रीष्म में घर को सजाने के लिये अशोक वृक्ष के पत्तो हो चाहे मिट्टी के बने हुए छोटे-छोटे रंगीन दिये हो, लोक-कला के माण्डने हो या फिर विभिन्न त्यौहारों में बनाये गये दीवारों पर कथाचित्र, ये सभी वानस्पतिक रंग ही कहलाते थे। कालान्तर में तकनीकी विकास के साथ इनमें कृत्रिमता आ गई है, परन्तु रंगों की छटा तो हम प्रकृति के दृश्यों से ही प्राप्त करते हैं।

श्रीमद्भगद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं-

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदाः।
गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलों मुनिः।।

अर्थात् हे अर्जुन ! वृक्षों में मैं पीपल (अश्वत्यः) का वृक्ष हूँ। ज्ञानी और भक्तजन इसी कारा पीपल के वृक्ष की सेवा कर, पूजाकर सहस्त्रों पुण्यों का फल अर्जित करते हैं। हिन्दू धर्म में 'प्रकृति' तथा जीव धारियों व पौधों में पारस्परिक सम्बन्ध मानते हैं। अनेक पशु-पक्षी हमारें देवी-देवताओं के वाहन हैं और उनमें से कुछ में देवताओं का वास भी मानते हैं। पौधों तथा वृक्षों का सम्बन्ध देवी-देवताओं से मानते हैं। उन्हीं वृक्षों में देवी-देवताओं का वास मानकर उनकी पूजा भी करते हैं। उन्हें नित्य-प्रति जल भी चढ़ाते हैं। कुछ पेड़-पौधें तो ऐसे भी होते हैं, जिनमें हमें औषधि प्राप्त होती हैं साथ ही साथ पूजा की सामग्री के रूप में प्रयोग में आते हैं।

समाधान – हमारे पौराणिक साहित्य में इस बात का उल्लेख है कि वैदिक युग में मनुष्य पर्यावरण संरक्षण के लिये हर तरह से संभव प्रयास करता था। प्राकृतिक पर्यावरण के तत्वों व घटकों के प्रति श्रृद्धा एवं विश्वास पैदा करने के लिये उन्हें धार्मिक कर्म-काण्डों, हवन, यज्ञों आदि से जोड़ा गया। धर्म को जीवन से जोड़कर शिक्षा देना पौराणिक काल में प्रभावशाली विधि रही है।

हमारा शरीर पर्यावरण के पंचतत्तवों से मिलकर बना है। इस पर्यावरणा एवं मानव शरीर के समन्वय को स्पष्ट करते हुए तुलसीदासजी ने लिखा है।

'छिति-जल पावक' गगन समीरा।
पंच रचित यह अधम शरीरा।।

(किष्किन्धाकाण्ड, रामचरितमानस)

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

वृक्ष की महिमा महर्षि वेदव्यास की दृष्टि में सबसे महत्वपूर्ण है। मत्स्यपुराण में लिखा है–

दशनकूप समा वापी दशवासीसमोहद:।
दशहृदसमो पुत्र: दशपुत्रोसमो द्रुम:।।

अर्थात् दस कुओं के बराबर एक बावड़ी इस बावड़ियों के बराबर एक तालाब तथा दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष है।

अर्थर्ववेद कहता है कि जिस भूमि में वृक्ष तथा वनस्पतियों सदाखड़ी रहती है, वह भूमि विश्व के समस्त जनों का भरण–पोषण करने में समर्थ होती हैं–

'यस्यां वृक्षा वनस्पत्या ध्रुवास्ण्ठिन्ति विश्वहा।
पृथिवीं विश्वधायसं धृतामच्छावदामसि।।'

यजुर्वेद में 'वृक्षाणां पतये नम:' कहकर वृक्षों की रक्षा करने वालों के लिये सत्कार प्रदर्शित किया गया है। अथर्ववेद में अनेक सूक्त वनस्पतियों को समर्पित हैं। आयुर्वेद में रोग–निवारण के लिये प्रयोग में आने वाली वनस्पतियों में रोग–निवारण के लिए प्रयोग में आने वाली वनस्पति कब, कैसे, किसके द्वारा उखाड़ी जाए, इसकी भी चर्चा की गई है, जिससे कोई अयोग्य पुरूष उस वनस्पति का वंश ही नष्ट न कर दे। ऋग्वेद का 'अरण्यानी' सूक्त वनों की रक्षा के लिये प्रेरणादायक है। इन अरण्यों के बल पर ही हमारी संस्कृति पल्लवित और पुष्पित होती रही है। जहाँ आज भी पीपल, बरगद, बेल और तुलसी जैसे वृक्षों का पूजन इस देश में होता हो, उससे अधिक पौधों के महत्व को कौन जान सकता है।

पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिये प्रकृति तथा मानव का उचित समीकरण नितान्त जरूरी है। यदि मूक प्रकृति मानव द्वारा बिना याचना किए उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये हर पल तत्पर है तो बुद्धि तथा वाणी से युक्त प्राणी अर्थात् मनुष्य द्वारा भी उसके संरक्षण का ध्यान रखना परम आवश्यक है। यह मानव का सबसे पहला कर्तव्य हैं। ईशोपनिषद् का यह बहुचर्चित मंत्र इसी ओर संकेत करता हैं–

ॐ पूर्णमद: पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिध्यतें।।

अर्थात् मनुष्य अपनी ईच्छाओं को वश में रखकर प्रकृति से उतना ही ग्रहण करें कि उसकी पूर्णता को क्षति न पहुँचे। इस प्रकार पर्यावरण के प्रति जागरूकता के प्रमाण प्राचीन भारत वर्ष के संस्कृति में सदियों पहले से मिलते हैं। ईश उपनिषद् में वर्णित एकमंत्र में इसकी क्षलक मिलती है।

ईशावास्यमिदं सर्व यत्किंचित्जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा: मा गृथ: कस्यस्विद्धनम्।।

इसका अर्थ यह है कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड तथा इसके सभी प्राणी प्रकृति की सम्पत्ति है। अर्थात् कोई प्राणी दूसरे से श्रेष्ठ नहीं है। मानव का प्रकृति पर एक छत्र अधिकार नहीं है। बल्कि समस्त प्राणियों का समान अधिकार है। अत: सभी को लालच त्यागकर प्रकृति की उदारता का उपभोग करना चाहिये।

स्कन्द पुराण में पीपल को भगवान विष्णु के समान बताया गया है। किन्तु उसमें यह विश्वास भी व्यक्त किया गया है कि परमात्मा भिन्न–भिन्न स्वरूपों में प्राय: सभी वृक्षों में विद्यमान है :–

'पार्वती विल्वृक्षस्थां लक्ष्मी च तुलसीगताम्।
आदौ सर्ववृक्षमयं पूर्व विश्वमजायत।।' इति

अर्थात् 'सृष्टि के समय में मैं (ईश्वर) समस्त पेड़ पौधों में विद्यमान रहा हूँ किन्तु देवी पार्वती बिल्व में तथा देवी लक्ष्मी तुलसी में निवास करती है।' वराहपुराण में भी वन महोत्सव या वृक्षारोपण समारोह का वर्णन है–

'अश्वत्थमेकं पिचुमिन्दमेकं न्यग्रोधमेकं दशपुष्पजाती:।
द्वे द्वे तथा दाडिममातुलुंगे पंचाम्ररोपी नरके ना याति।।'

अर्थात् जो कोई एक पीपल, एक नीम, एक बड़, दस फूलों के पौधे या लतायें दो अनार, दो नारंगी, और पाँच आम के वृक्ष लगता है। वह नरक में नहीं जाता।

चाणक्य नीति में कहा गया है कि केवल एक फलों–फूलों वाला वृक्ष लगाना पर्यावरण को ऐसा आनन्दमय और सुगंधित बना देता है।

जैसा एक सुपुत्र किसी कुटुम्ब को बना देता हैं –

एकेनापि सुवृक्षेण पुष्पितेन सुगान्धिना।
वाखितं स्वद् वन सर्वें संपुत्रेण कुलं यथा।।

श्रीमद्भागवत् में वृक्षों के महत्व का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण ने कहा –

पश्यतैनान महाभागान् परार्थेकान्त जीवितान्।
बातवर्षातप हिमान सहन्ते वारयन्ति न:।।

अर्थात् देखों कितने बड़ भाग हैं इन वृक्षों के जो केवल इसलिये जीते हैं कि दूसरों का भला हो। किसी महानता है। उनकी कि ने आंधी, वर्षा और धूप की प्रखरता सहते हुए हमारी रक्षा करते हैं।

निष्कर्ष – अन्त में निष्कर्ष रूप में हम कह सकते हैं कि वेद पर्यावरण में किसी प्रकार के प्रदूषण का स्वागत नहीं करते। यह पृथ्वी सुन्दर रूप वाली, बहुत जलों वाली, ईच्छाओं को पूर्ण करने वाली स्तुतीयोग्य तथा कल्याणमयी है। पृथ्वी का संरक्षण मानव का कर्त्तव्य है और वह तब ही संभव है जब वह प्रतिबद्ध होकर पृथ्वी के रक्षार्थ करणीय कार्यो यथा आरोग्यता बलि, यज्ञ आदि पूर्णतया धारण करें। मनुष्य को कर्त्तव्य है कि वह धुलोक तथा भूलोक का संरक्षण करें क्योंकि वह पुत्र है तथा माता –पिता का संरक्षण करना उसका कर्त्तव्य है।(माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:, अथर्ववेद 12.1.12)।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ऋग्वेद (मूल)
2. यजुर्वेद (मूल)
3. अथर्ववेद (मूल)
4. वैदिक धर्म एवं दर्शन, ए.बी. कीथ
5. वैदिक साहित्य और संस्कृति, बलदेव उपाध्याय
6. पर्यावरण प्रदूषण एक चुनौती, नायब सालेह मुहम्मद
7. वैदिक सूक्त सकलेन, डॉ. उमेशचन्द्र पाण्डेय
8. ऋग्वेद 10,29, 3.8, 9.6, 1–91–22, 4.57.3
9. अथर्ववेद 3.3.1
10. छान्दोग्य उपनिषद् 6.11.1.2
11. मुण्डकोपनिषद 2.1.9
12. महाभारत मोक्षधर्म पर्व, 14.8–10.4
13. स्कन्द पुराण–15.21, 20,83
14. बराहपुराण, 172,39
15. चाणक्यनीति दर्पण, 3.14
16. विक्रमचरितम्, भामिनीविलास

****

लोक संस्कृति एवं मृण्मूर्तिकला का ऐतिहासिक अध्ययन

ईश्वर लाल चौहान *

शोध सारांश – लोक संस्कृति का प्रादुर्भव मानव विकास के प्रारम्भिक काल से ही मृण्मूर्ति कला के विकास का पता चलता है। प्राचीन काल में मानव ने मिट्टी के बर्तन में खाना पकाना प्रारम्भ किया है। अनाज भंण्डार हेतु मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग आज भी किया जा रहा है। कला और संस्कृति के विकास ने मानव की प्रगति का इतिहास मृण्मूर्तिकला से निरूपित करते हैं। मानव के प्रारंभिक प्रयास प्राकृतिक और कृत्रिम उत्पादनों द्वारा स्वयं को सजाने-संवारने तक सीमित नहीं था। बल्कि सभ्यता के विकास के साथ मानव की कलात्मक अभिव्यक्ति की जिज्ञासा भी बढ़ी है। जहाँ कला के निर्माण में आज व्यक्ति तरक्की कर रहा है। देशों-विदेशों में कला प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त कर रहा है। जबकि मिट्टी के खिलौने, मिट्टी की मूर्तियाँ आदि का निर्माण सदियों से होता रहा हैं। भारतीय लोक संस्कृति और कला में अलग-अलग भागों की अनेक प्रकार की विशेषताऐं पाई जाती है। उसी प्रकार मिट्टी के बर्तन मध्यप्रदेश में भी अनेक प्रकार के प्राप्त होते हैं। 'सबसे प्रथम उज्जैन की खोदाई के फलस्वरूप जो बरतन प्राप्त हुए हैं उन पर विचार करें। इनमें उज्जैन जिले के नागदा की खोदाई में प्राप्त बरतनों को तीन काल में विभाजित किया गया है।'[1]

प्रविधि – इस शोध पत्र में **लोक संस्कृति एवं मृण्मूर्तिकला का ऐतिहासिक अध्ययन** प्राथमिक एवं द्वितीय स्त्रोंतों के आधार पर ऐतिहासिक अध्ययन किया गया है। इसके लिए साक्षात्कार पद्धति का भी अनुसरण लिया गया है। ऐसी अनेक मान्याताओं और प्रथाओं को सन्दर्भित करने का एक प्रयास है। द्वितीयक सामाग्री के रूप में पत्र-पत्रिकाओं, शोध पत्रों आदि का सन्दर्भ हेतु अध्ययन किया गया है। इन्हीं अनुशीलनों के द्वारा तथ्यों की पुष्टि का इतिहास की प्रमाणिकता को सिद्ध करने का प्रयास किया गया है।

समस्या :

1. मिट्टी की समस्या।
2. पानी की समस्या।
3. मृण्मूर्तियों की बाजारकरण की समस्या।
4. मृण्मूर्तियों के उत्पादन मूल्यों की समस्या।

उद्देश्य :

1. मृण्मूर्तियों से लोक संस्कृति को उन्नत करने का अध्ययन।
2. मृण्मूर्तियों से राज्य प्रतियोंगिताओं में सौन्दर्य के महत्व का अध्ययन।
3. मृदा की उच्च गुणवत्ता से उच्च गुणवत्ता युक्त मूर्ति का अध्ययन।
4. मृण्मूर्तियों से सामाजिक तथ्यों का अध्ययन।

समाधान – इसका ऐतिहासिक प्रमाण चम्बल के पूर्वी भागों में स्थित ढूहें के नीचले स्तर पर मखनियाँ के कुछ पात्र मिलते हैं। जिनमें बाहरी भागों में काले रंगों से चित्रांकन किया गया है। इनका आकार प्रकार भी अलग-अलग है। इन पात्रों को विभिन्न रंगों से चित्रकारी करके सौन्दर्यपूर्ण बनाने का प्रयास किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि बारहसिंहा की सिगों आदि का इन मिट्टी के बर्तनों में अंकन मिलता है। प्रत्येक पात्रों में भिन्न-भिन्न तरह के चित्रों का अंकन है। किसी में सूर्य, तो किसी में नदियों की सौन्दर्य लहरों का चित्रण किया गया है। कुछ में मोर का चित्रांकन पाया जाता है। वर्तमान में मोर की प्रतिमा का उल्लेख मिलाने से लगता है कि आज भी मोर की संख्या उज्जैन में पायी जाती है। इसलिए ऐसी चित्रकारी होना भी स्वभाविक है। ईंटों के आकार को भी बनाकर छोड़ा गया है। मिट्टी के बर्तन, जैसे लोटा, थाली, गगरी, कटोरा, अथरी, उथले, कसोरे आदि के बर्तन मिलते हैं। इनका चित्र मखनियाँ और काला पाया जाता है। यहाँ की मिट्टी काली होने के कारण बर्तनों में कलाकारी का स्पष्ट रूप दिखाई देता है। यहाँ पर अनगढ़ बर्तन भी प्राप्त हुऐ हैं। जिसका मूल प्रमाण मानव की सुरक्षात्मक और भविष्य की ओर देखकर उस समय के चित्रकारों ने अनाज भण्डारण हेतु अनेक प्रकार के छोटे-बड़े मिट्टी के बर्तनों का अविष्कार करते थें।

सिलेटी प्रकार का भी बर्तन प्राप्त हुए हैं। जबकि काले रंग के बर्तनों की संख्या बहुत कम है लेकिन इनकी चित्रकारी भी काले रंगों से की गई है। यहाँ तक छिछले कोटोरों की अधिकता पाई जाती है।

भारतीय संस्कृति एवं कला के निर्माण में अत्यन्त महत्वपूर्ण बर्तन मिले हैं। जबकि 'उज्जैन के गढ़कालका के ढूहें की खोदाई से जो स्तर प्राप्त हुए हैं। उनमें सबसे नीचे के स्थल से लाल-काले बरतन, लाल बरतन जिनपर दुबारा काला लेप चढ़ाया गया है।'[2]

जिन मिट्टी के बर्तनों में काली पट्टिकाऐं और लाल लेप चढ़े बर्तन जिनकी मिट्टी और कंकड़ियों से निर्मित रहे उन्हें फफोलेदार मृण्डभाण्ड कहें गयें। दो-चार मिट्टी के बर्तन सिलेटीदार और कई टुकड़ों में विभक्त भी प्राप्त हुए हैं।

इनमें से अधिक-से-अधिक बर्तन चाक द्वारा निर्मित है। कुछ बर्तन फफोलेदार है। काला और लाल बर्तनों में से अधिक मात्रा में थाली और कटोरें हैं। फफोलेदार बर्तन में कन्धा निकली हुई, हाँड़ियाँ ही मिली है। इनमें लाल रंग का लेप लगा हुआ है। इसके अरिक्त लाल और काला रंगों से निर्मित लेप बाले कटोरे ही है। उज्जैन में प्राप्त होने वाले बर्तन लगभग प्राय: ईसा पूर्व 500 वर्ष पहले के है। यह बर्तन मालवा और अन्य कई जगहों में प्राप्त हुऐ हैं।

वराह प्रतिमा मध्यप्रदेश के उदयगिरि विदिशा में अधिक सुन्दर रूपों में पाई जाती हैं। जिनका शारीरिक सौन्दर्य अति विशाल है। 'यह प्रतिमा उदयगिरि की गुफा के बाहर भित्ति पर उकेरी हुई हैं। इसे भू वराह या आदि वराह कहते हैं।'[3] इस प्रतिमा में मानव शरीर के साथ-साथ वराहमुख का अंकन भी सम्मिलित है। इन मूर्ति में वराह की भुजाओं का भी अंकन है। दाहिना हाथ दाहिने कुल्हे पर स्थित है। बाया हाथ जंघा पर रखा हुआ है। वराह की मूर्ति में ऐसा प्रतीत होता है कि शेषनाग की फण ऊपर किये हुए दिखाई देते हैं। इन मूर्तियों में लोक संस्कृति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

* शोधार्थी, प्रा.भा.इ.सं एवं पुरातत्व अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

ऐसे अनेकों उदाहरण मध्यप्रदेश में पाये जाते हैं।

उज्जैन में प्राप्त होने वाले इन बर्तनों की लाल लेप के साथ-साथ काले रंगों का लेप तिर्छी, आड़ी और खड़ी रेखाओं और पत्तियों के साथ बारहसिंहा का चित्रण आदि मिलता है।[4] इसके साथ-साथ महेश्वर आदि में भी मृण्डमूर्ति का उल्लेख मिलता है। माहेश्वर का प्रमाण डॉ. सांखलिया ने वर्णन किया है। जिसका मूल प्रस्तर युग के करीब का बताते हुए वर्णन करते हैं। जहाँ माहिषमती नगरी नर्मदा के तट पर स्थिति थी। ऐसा लोगों का अनुमान है। उसी का वर्णन डॉ. सांखलिया उत्तारी काली चमकने बाले मिट्टी के बर्तनों का जिक्र पूर्व काल के रूप में करते हैं।[5] यह लोक संस्कृति की विरासत के रूप में आज भी सुरक्षित हैं। इनका सौन्दर्य स्वरूप अधिक स्वर्णिम लगता है। इस प्रकार से शैलाश्रयों के निर्माण में उत्पन्न हुई। मिट्टी के मूर्तियों और बर्तनों में शैलाश्रयों जैसे रंग-बिरंगे चित्रों का चित्रांकन किये। इस प्रकार से अनेकों उदाहरण धीरे-धीरे प्रकाश में आ रहे है। मिट्टी को भी मानव ने अपनी कला अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। मानव जीवन रक्षक पानी को ठंडा करने वाला घड़ा सबसें बड़ा मिट्टी के बर्तन का उदाहरण प्रस्तुत करता है। जिसकी उपयोगिता का मूल आज भी विद्यमान है। मिट्टी से निर्मित पात्र, मूर्तियाँ और खिलौने आदि के लिए उल्लेखनीय है। पके हुए मिट्टी के बर्तन मृण्मूर्त्तियाँ के साथ-साथ खिलौने लंबे समय तक सुरक्षित रहते है। आज भी तत्कालीन कला को कलाकारों ने उजागर समाज में अपना नाम कमाया है। इसका आर्थिक महत्व भी जीवन के लिए उपयोगी साबित होता जा रहा है। मानव की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों को नियोजित करने के लिए मानवीय संवेदना का होना भी अत्यआवश्य है। जिससे किसी व्यक्ति का रोजगार जुड़ा हुआ है।

भारत वर्ष में लोक संस्कृति और मृण्मूर्तियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यही मृण्मूर्तियाँ हमारी संस्कृति की द्योतक है। इन मृण्मूर्तियों के विषय में अनेक पुरातात्विक साक्ष्य भी प्राप्त होते हैं। जिस प्रकार महाभारत और उत्तरकालीन साहित्य में मृणमूर्तियोर के उल्लेख पाये जाते हैं। जिस प्रकार से द्रोणाचार्य के शिष्य एकलव्य ने अपने गुरू की मिट्टी की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा की। भद्रसाल जातक में लिखा है कि राजकुमार को ननिहाल की ओर से हाथी-घोड़े और अन्य खिलौने खेलने के लिए दिये जाते थे। मार्कण्डेय पुराण में दुर्गा की महिमयी या मिट्टी की मूर्ति का उल्लेख है है जैसी अभी तक नवरात्र के समय बनाई जाती है।

निष्कर्ष – किसी भी राष्ट्र की संस्कृति और कला दोनों से पहचान सुनिश्चित होती है। जिस प्रकार से मध्यप्रदेश में मृण्मूर्तिकला एक अद्धितीय पहचान के रूप में जाना पहचाना जाता है। मध्यप्रदेश की लोक कला भी यहाँ के सौन्दर्य का मार्ग दिखा रहे हैं। ऐसी विचारधाराओं के परिणाम स्वरूप मानव की युगयुगीन जीवन पद्धति का मूल गुण सामाजिक, आर्थिक साधन रहा है। धर्म तथा दर्शन, अर्थ तथा काम, सौन्दर्य तथा कुरूपता, बौद्धिकता एवं सहृदयता, मानव-प्रकृति की दृश्यता का प्राकृतिक वर्णन इतिहास में मिलता है। प्रकृति, राजा और प्रजा युद्ध एवं शान्ति, जड़ और एवं चेतन, श्रमजीवी-बुद्धिजीवी के जीवन की अनेक दिशाओं को बड़ी गम्भीरता से विद्धानों ने लिया है। पुरातात्विक प्रमाणों में अति प्राचीन मृद्भाण्ड को उत्खनन के दौरान पाया जाना। दूसरी बात इन मिट्टी के खिलौने का निर्माण लगभग 3500 ई.पू. सिंधु की सभ्यता में भी पाए गये है। जो हाथों से निर्मित किये गये है। सिन्धु घाटी सभ्यता से धातु एवं मिट्टी की बनी प्राचीन मूर्तियों पाई गई है। मध्यप्रदेश क्षेत्र भारत के उन प्राचीन क्षेत्रों में आता है। जहाँ मृण्मय कला और संस्कृति के महत्वपूर्ण विवरण प्राप्त होते हैं। सभ्यता व संस्कृति का यह पुरातन नगर भारत वर्ष के हृदयस्थल में से एक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. राय गोविन्दचन्द, ***प्राचीन भारतीय मिट्टी के बर्तन,*** पुरातत्त्व, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1960, पृष्ठ 98
2. डॉ. राय गोविन्दचन्द, ***प्राचीन भारतीय मिट्टी के बर्तन,*** पुरातत्त्व, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1960, पृष्ठ 100
3. डॉ. श्रीभगवान सिंह, ***गुप्तकालीन हिन्दू देव-प्रतिमाएँ,*** प्रथम खण्ड, रामानन्द विद्या भवन, दिल्ली, 1982, पृष्ठ 61
4. वी. बी. लाल-***प्रोटो हिस्टारिक इनवेस्टिगेशन एनशण्ट इंडिया,*** नम्बर, 9 पृष्ठ 99
5. वी.डी., कृष्णस्वामी, ***प्राग्रेस इन प्रीहिस्ट्री एनशण्ट इण्डिया,*** नम्बर 1, पृष्ठ 68

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

एसबीआई द्वारा अपने कर्मचरीयों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अध्ययन

कामरान अहमद खान *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा अपने कर्मचारीयों के लिए चलाई जा रही विभिन्ना योजनाओं का अध्ययन किया गया है। इस शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है, कि कैसे अपनी एचआर नीति के कारण एसबीआई अपने कर्मचारीयों को सश्क्त बनाकर अपने व्यवसाय लक्ष्य को प्राप्त करता है। इस अध्ययन में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने कर्मचारीयों के लिए चलाया जा रहा करीयर डेवल्पमेंट सिस्टम (सी.डी.एस.) बैंक के कर्मचारीयों के लिए सफल रहा। इस शोध पत्र में 2016-17 के दौरान कितने कर्मचारीयों की नई भर्ती हुई उसका भी अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र स्टेट बैंक में वर्तमान में पुरूष और महिला का अनुपात और बैंक में कुल कर्मचारीयों में अनुसूचित जाती/जनजाती/अशक्त व्याक्तियों का प्रतिनिधित्व समझने का प्रयास किया गया है। बैंकिंग व्यवसाय में आने वाली नई-नई टेक्नोलोजीज़ के लिए स्टेट बैंक अपने कर्मचारीयों को कैसे प्रशिक्षत करती है, और इस शोध पत्र में बैंक को हो रही प्रति कर्मचारी आए पर भी प्रकाश डाला गया है।

प्रस्तावना – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया – 2 जून 1806 को कलकत्ता में बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई थी। तीन वर्षो के पश्चात इसको चार्टर मिला तथा इसका पुनर्गठन बैंक ऑफ बंगाल के रूप में 2 जनवरी 1809 को हुआ। यह बैंक ब्रिटिश इंडिया तथा बंगाल सरकार द्वारा चलाया जाता था। बैंक ऑफ बॉम्बे तथा बैंक ऑफ मद्रास की शुरुआत बाद में हुई। बाद में 28 जनवरी 1921 को इन तीनो बैंकों का विलय करके एक नए बैंक इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया की शुरुआत की गई। वर्ष 1951 में जब प्रथम पंचवर्षीय योजना लागू हुई तो इसमें ग्रामीण क्षेत्र के विकास को इसमें सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। उस समय तक इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया सहित देश के वाणिज्यिक बैंको का कार्य-क्षेत्र शहरी क्षेत्र तक ही सीमित था तथा वे ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक पुन:निर्माण की भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं थे। 1 जनवरी 1935 को रिजर्व बैंक के राष्ट्रीयकरण के साथ ही 'बैंकिंग नियमन अधिनियम' पारित किया गया, जिसके द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को वाणिज्यिक बैंकों पर नियंत्रण रखने का विस्तृत अधिकार प्राप्त हो गया। यद्यपि ग्रामीण बैंकिंग जांच समिति इम्पीरियल बैंक के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में नहीं थी, पर अखिल भारतीय साख समिति ने इम्पीरियल बैंक के साथ कुछ राज्य-सम्बद्ध बैंकों को मिलाकर 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की स्थापना की संस्तुति की। फलस्वरूप 1 जुलाई, 1955 से इम्पीरियल बैंक की सभी सम्पत्तियों तशथा देनदारियों को अधिग्रहण करके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपना कार्य करना प्रारंभ किया।

कार्यप्रणाली – अध्ययन देश के सबसे महत्वपूर्ण बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने कर्मचारीयों के लिए चलाई जा रही विभिन्ना योजनाओं के संदर्भ में है। अध्ययन में स्टेट बैक ऑफ इंडिया कि एचआर नीति और 2016-17 के दौरान हुई नई भरतीयां और कर्मचारीयों के बीच विभिन्ना आरक्षण अनुपातपर भी प्रकाश डाला गया है। अध्ययन के दौरान सूचना का संकलन द्वितीयक समकों के द्वारा किया गया है।

उद्देश्य :

1. स्टेट बैंक की एचआर नीति का अध्ययन करना।
2. अपने कर्मचारीयों के लिए बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्ना याजनाओं का अध्ययन करना।
3. प्रति कर्मचारी स्टेट बैंक को होने वाले लाभ का अध्ययन करना।

सीमाएं – संबंधित अध्ययन का क्षेत्र और सीमा सीमित है। अध्ययन के लिए चयनित अवधि सीमित है।

मानव अत्यंत मूल्यवान संसाधन – अनेक प्रतिभावान एवं परिश्रमी कर्मचारियों के कारण भारतीय स्टेट बैंक का निष्पादन प्रभावशाली हो पाया है, जो लगातार अपने ग्राहक अपनी और अपने कर्मचारीयों की प्रगती के बारे में सोचता है। किसी भी बैंक या व्यवसाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण है उसके कर्मचारीयों की सुनिश्चित्ता। कोई भी उद्योग सबसे पहले अपने कर्मयारियों को वहां के वतावरण से सुनिश्चित्त करवाने का प्रयास करता है ताकि उसके कर्मचारी बिना किसी दिक्कत के अपने काम को अच्छी तरह से कर सकें और उसके व्यवसाय को आगे तक ले जा सकें। ऐसा ही कुछ भारतीय स्टेट बैंक करने का प्रयास कर रहा है। वह समय-समय पर अपने कर्मचारीयों के लिए नई-नई योजनाएं लाता है और उनको प्रोतसाहित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। इतना ही नही वह अपने कर्मचारीयों को बैंकिंग इंडस्ट्री में आने वाली नई-नई तकनीकियों के बारे और उनको उपयोग करने के लिए प्रशिक्षत भी करता है। भारतीय स्टेट बैंक के पास 2,09,572 कर्मचारियों की विशाल टीम हैं जिनमें से 3400 कर्मचारी प्रतिदिन प्रशिक्षण लेते हैं। भारतीय स्टेट बैंक को वर्ष 2015-16 में प्रति कर्मचारी लाभ 4,70,000 रूपय कुआ था, वहीं वर्ष 2016-17 में यह लाभ बढ़कर प्रति कर्मचारी 5,11,000 रूपय हो गया।



आरेख-1

*शोधार्थी (वाणिज्य) शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

बैंक कीएचआर प्रोफाइल निम्नानुसार है – सफलता हासिल करने हेतु, बड़ी संख्या में शाखाओं और विविध भूमिकाओं वाले एक बैंक के लिए विशेषप्रकार कि निपुणताएं बहुत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। स्टेट बैंक ने विशेषज्ञता को प्रोत्साहन देने और गहरी समझ को सुनिश्यित करने के लिए स्केल II-V के अपने अधिकारियों के लिए करिअर पाथ योजना के साथ-साथ सात प्रमुख विभाग बनाए हैं, अर्थात ऋण एवं जोखिम, विक्रय, विपणन एवं परिचालन, एचआर, वित्त एवं लेखा, राजकोषीय एवं विदेशी मुद्रा, आईटी एवं विश्लेषण। अधिकारी की रूचि और विशेषज्ञता के आधार पर उन्हें विशेषज्ञता प्रदान की जाती है। कार्य-अनुभव और यसही कार्य के लिए सही व्यक्ति सुनिश्चित करने के लिए, भारतीय स्टेट बैंक जल्द ही अपना स्वचलित टूल `PROSPER' का उपयोग करके एक व्यवस्थित नियुक्ति आबंटन प्रक्रिया लागू करने वाला है।

वित्त 2016-17 में, भारतीय स्टेट बैंक ने 13,097 युवा टेक सेवी और ग्राहक अनुकूल कर्मचारियों को भर्ती किया था। नए कर्मचारियों की इस सूची में 2000 से अधिक प्रोबेशनरी अधिकारी, 160 मैनेजमेंट ट्रेनीज, 100 से अधिक वैल्थ मैनेजमेंट विशेषज्ञ और डिजिटल व ई-कॉमर्स विशेषज्ञ और लिपिकीय कर्मचारी शमिल थे।जैसा की हम ***तालिका-1*** में देख सकतें हैं कि भारतीय स्टेट बैंक के स्टाफ में जहां वित्त वर्ष 2015-16 में अधिकारीयों की संख्या 80,818 थी, वहीं यह बढ़कर वित्त वर्ष 2016-17 में 81,041 हो गई, ऐसे ही सहयोगी व अधीनस्थ स्टाफ की संख्या वित्त वर्ष 2015-16 में क्रमश: 88,606 व 38,315 थी वह वित्त वित्त वर्ष 2016-17 में क्रमश: 92,979 व 35,547 हो गई।

तालिका-1 : बैंक की कुल स्टाफ संख्या निम्नानुसार है

श्रेणी	**31 मार्च 2016**	**31 मार्च 2017**
अधिकारी	80,818	81,041
सहयोगी	88,606	92,979
अधीनस्थ स्टाफ व अन्य	38,315	35,547
कुल	**2,07,739**	**2,09,567**

भातीय स्टेट बैंक द्वारा अपने कर्मचारीयों के चलाए जा रहे सर्टिफिकेशन प्रोग्राम

कार्यनीतिक प्रशिक्षण इकाई – निरंतर बेहतर प्रतिफल देने वाला ब्रांड रहने के उद्देश्य से और कार्य के लिए एक उत्कृष्ट स्थान बनाने के लिए, भारतीय स्टेट बैंक व्यक्गित विकास एवं संगडनात्मक प्रभावकारिता के लिए एक सुनियोजित, कार्यक्षम और प्रशिक्षण प्रक्रिया को जारी रखे हुए है। वैश्विक स्तर पर नियमित आधार पर नई प्रौद्योगिकियों और कार्य-प्रणालियों को हासिल करके लागू किया गया है जिससे ज्ञान देने/ज्ञान प्रात करने का कार्य जारी रहे, प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढाया जा सके और कर्माचारियों के रूप में रूपांतरित किया जा सके ताकि वे ग्राहक संतुष्टि के बैंक प्रयासों को आगे बढाया जा सके। बैंक प्रशिक्षण व्यवस्था एसटीयू के समग्र पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में कार्य करती है तथा बैंक प्रशिक्षण तंत्र में शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान और 43 स्टेट बैंक ज्ञानर्जन केन्द्र खोले हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने संगठन के अंदर ही एक वर्चुअल नॉलेज फार्म का सृजन किया है, जहां एक दिन में बैंकिंग, अर्थव्यवस्था, नेतृत्व, क्षमता, नैतिकता, विपणन, प्रशासन और अन्य कौशलों का प्रशिक्षण 3400 कर्मचारियों को दिया जाता है। यह लिंक जोड़ कर पड़ोसी और मिडिल ईस्ट के देशों को प्रशिक्षण सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है।

1. ऋण पर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम – पर्याप्त ऋण निपुणयताओं का विकास करने और अधिकारियों को हर समय अद्यतन बनाए रखने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें आग्रिमों के सम्पूर्ण ऋण के जीवनचक्र का प्रबंध करने हेतु आवश्यक वाणिज्यिक ऋण निपुणताओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है।

2. शाखा प्रबंधकों के लिए सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (सीपीबीएम) – यह प्रोग्राम परिचालन एवं विपणन में पदस्थ अधिकारियों और मुख्य रूप से पहली बार बने/भविष्य में शाखा प्रबंधक बनने वाले अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है।

3. बाहरी संस्थाओं को प्रशिक्षण – भारतीय स्टेट बैंक के प्रशिक्षण संस्थान को समावेशी एवं वैश्विक हो रहे हैं। आपके बैंक ने अपनी प्रशिक्षण व्यवस्था को सरकारी एवं निजी क्षेत्र के बैंक अधिकारियों तथा अन्य सरकारी विभागों एवं अन्य बाहरी संस्थानों के लिए खोल दिया है।

4. राष्ट्र निर्माण में योगदान – भारतीय स्टेट बैंक की प्रशिक्षण व्यवस्था अनेक प्रकार से राष्ट्र में योगदान देती है। स्टेट बैंक ज्ञानार्जन केन्द्रों ने विभिन्न स्कूलों/इंजीनियरिंग कॉलेजों में और गांवों में क्लासेस आयोजित करके वित्तीय साक्षरता/वित्तीय समावेशन में व्यापक रूप से योगदान दिया है। विमुद्रीकरण अवधि के दौरान, आपके बैंक ने डिजिटल लेनदेनों पर जन-समूहों के लिए अनेक ऑनसाइट/ऑफसाइट जागरूकता वर्कशॉप/सेमिनार आयोजित किए हैं। आपके बैंक ने भी विभिन्न पेमेंट बैंकों के कार्मिकों को प्रशिक्षित किया है, जो हाल ही में भारत के वित्तीय क्षेत्र से जुड़े हैं।

स्मावेशन सेंटर – दिव्यांग कर्मचारियों के लिए इस उद्देश्य के साथ एक समावेशन केन्द्र परिचालन में हैं जिससे विशिष क्षमता वाले कर्मचारियों को व्यवस्थितढंग से वित्तीय समावेशन, प्रशिक्षण, सशक्तिकरण किया जा सके और उनकी निपुणताओं में वृद्धि की जा सके। आपके बैंक द्वारा शुरू किए गए कुछ कार्यकलापों/पहलों का नीचे उल्लेख किया गया है।

1. दिव्यांग कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार कार्यक्रम संचालित किए गए हैं, जैसे बैंक के दृष्टिबाधित एवं श्रवण बादित कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण।
2. प्रशिक्षण पश्चात क्षेत्र कार्यान्वयन के दौरान विशिष्ट क्षमता वाले कर्मचारियों के समावेशन एवं मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कर्मचारियों को संवेदनशील बनाया गया है।
3. विशिष्ट क्षमता वाले कर्मचारियों की शिकायत का कार्य कॉरपोरेट केन्द्र में स्थित समावेशन केन्द्र को सौंपा गया है।
4. दृष्टिबाधित कर्मचारियों को टॉकिंग सॉफटवेयर और ओसीआर रीडर/स्कैनर उपलब्ध कराए गए हैं।
5. एसबीआई एस्पीरेंशंस में विशिष्ट क्षमता वाले कर्मचारियों के लिए तीन विशेष समूह बनाए गए हैं (दृष्बिाधित/श्रवणबादित/चलने-फिरने में अशक्त व्यक्ति)।
6. दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पूर्ण तथा अवरोधमुक्त सुलभता बढ़ाने हेतु प्रायोगिक आधार पर चार एसबीएलसी का चयन किया गया है।

विलय पश्चात प्रशिक्षण में चुनौतीयां – भारतीय स्टेट बैंक के उत्पादों एवं प्रक्रियाओं के संबंध में पांच सहयोगी बैंक और भारतीय महिला बैंक के कर्मचारियों को कम से कम समय में प्रशिक्षित करने की कड़ी चुनौती को देखते हुए, भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न विशेष रूप से बनाए गए और निर्धारित किए गए कार्यक्रमों के साथ प्रशिक्षण तंत्र को तैयार किया है। इसके अतिरिक्त, भारतीय स्टेट बैंक में इन कर्मचारियों के आसान रूपांतरण को ध्यान में रखते हुए, पी-खण्ड, एसएमई खण्ड, कृषि खण्ड, आरईएचएण्डएचडी और प्रौद्योगिक

(टेक) उत्पादों के प्रसिद्ध आस्ति उत्पादों की एक सूची संवितरित की गई। विलय के दिन से ही सहयोगी बैंको के बारह प्रशिक्षण संस्थान बैंक के नियंत्रण में आ गए हैं।

भारतीय स्टेट बैंक अपनी एचआर नीति के लिए पुरस्कृत

गोल्डन पीकॉक नैशनल ट्रेनिंग अवार्ड – भारतीय स्टेट बैंक को अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के क्षेत्र में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए वित्तीय सेवा क्षेत्र (बैंकिंग) में 2016–17 के लिए गोल्डन पीकॉक नैशनल ट्रेनिंग अवार्ड का विजेता घोषित किया गया।

नैशनल अवार्ड 2016 – भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण उप श्रेणी में वर्ष 2016 के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता का पुरस्कार दिया गया है।

हेलन केलन अवार्ड 2016 – यह अवार्ड 'नेशनल सेटर फॉर प्रोविजन ऑफ इम्प्लॉयमेंट विद डिसएबिलिटीज (एनसीपीईडीपी)' द्वारा दिव्यांगजनों को रोजगार समान अवसर देने में प्रतिबद्धता के लिए कंपनी/गैर–सरकारी संगठन/संस्थान श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रहने पर दिया गया है।

आईएसओ प्रमाणन – भारतीय स्टेट बैंक अपने ज्ञानार्जन केन्द्रों के लिए प्रशिक्षण संसाधनों, आधारिक संराचना और अकादमिक कार्यकलापों में गुणवत्ता मानदंड हासिल करने का निरंतर प्रयास कर रहा है। सभी पांचों शीर्षस्थ प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) और 43 में से 40 एसबीएलसी को यह प्रमाणन प्राप्त हो चुका है, जिसमें से 13 एसबीएलसी को वर्ष 2016–17 के दौरान यह प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

निष्कर्ष – भारतीय स्टेट बैंक की सफलता के पीछे एक सुदृढ़ एवं उत्कृष्ट नेतृत्व टीम के साथ–साथ एकप्रेरित एवं उत्साहित युवा प्रतिभा टीम का भी प्रमुख योगदान रहा है।भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विकास प्रक्रियाओं पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है जिससे देश की श्रेष्ठतम प्रतिभाओं को आकर्षित किया जा सके। श्रेष्ठ प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक ने भर्ती प्रक्रिया में सुधार किया है और एक सुदृढ़ कर्मचारी मूल्यांकन योजना तैयार की है। सम्पूर्ण बैंक स्तर पर समान विजन, साझा मूल्यों द्वारा नियंत्रित होने और सत्यनिष्ठा एवं अभिशासन के उच्च मानाकों का पालन करने से ऐसा संभव हो पाया है। अनेक प्रतिभावान एवं परिश्रमी कर्मचारियों के कारण भारतीय स्टेट बैंक का निष्पादन प्रभावशाली रहा है, जो लगातार बैंक की प्रगति के बारे में सोचते रहते हैं। भारतीय स्टेट बैंक की एचआर नीति को समकालीन बनाया जा रहा है जिससे व्यवसाय लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके और कर्मचारियों को ज्यादा सशक्त किया जा सके। भारतीय स्टेट बैंक एक सहायक कार्यस्थल उपलब्ध कराने, कर्मचारी कल्याण सुनिश्चित करने और विकास एवं संवृद्धि के लिए अवसर प्रदान करने के कार्य पर अग्रसर है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारतीय स्टेट बैंक वार्षिक बजट 2015–16 और 2016–17
2. डॉ. जे. सेथुरमन, 'रिटेल बैंकिंग – मॉडल, रणनीतियाँ, प्रदीर्शन और भविष्य – भारतीय परिदृश्य'
3. 'भारतीय स्टेट बैंक का इतिहास'–हिंदी हिस्ट्री
4. Reserve Bank of India, A Study of Budgets, Reserve Bank of India, Mumbai
5. The IIS University Journal of Commerce and Management, (2013,vol.2)
6. https://bank.sbi/
7. https://www.sbi.co.in/
8. *https://www.rbi.org.in/*
9. www.en.wikipedia.org
10. www.google.com

****

बैंकिंग कारोबार, अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी में तालमेल, उसकी चुनौतियाँ और निहित जोखिम का अध्ययन (विशेष भारतीय स्टेट बैंक के संदर्भ में)

वरूणेन्द्र मिश्रा *

शोध सारांश – बैंकिंग प्रणाली न केवल किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण रीढ़ की हड्डी होती है अपितु यह मानव जीवन के कार्यकलापों को भी एक अभिन्न अंग बन चुकी है। सशक्त बैंकिंग प्रणाली वह प्रणाली है जिसकी संजीवन से अर्थव्यवस्था गतिशील व जीवंत रहती है। समसामयिक परिवेश तथा निरंतर होने वाले परिवर्तनों से जुड़े बिना कोई भी जीवंत नहीं रह सकता है। बैंकिंग प्रणाली भी इसका अपवाद नहीं है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में इसकी उपादेयता से बैंकिंग कारोबार को समन्वित किए बिना सशक्त व गतिशील बैंकिंग प्रणाली की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। समय के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन को असर हर तरफ देखने को मिलता है जैसे कि अर्थव्यवस्था का दोहरा प्रभाव जहां एक तरफ किसानों पर तो इसका असर देखने को मिलता ही मिलता है वही इसकी दूसरी भूमिका में इसका असर बैंकिंग अर्थव्यवस्था से भी अछूता नहीं रह जाता है। चूंकि हम जानते है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और यहां कि 70 प्रतिशत आबादी आज भी गाँवों में निवासरत है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था उसकी खाद्यान्न, कच्चा माल आदि पर निर्भर करती है एवं इसमें बढ़ोत्तरी के लिए प्रौद्योगिकी की आवश्यकता होती है। विगत कुछ वर्षो से बैंकिंग क्षेत्र में अभूतपूर्ण व व्यापक परिवर्तन हो रहे है। 1990-91 ई. से भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण एवं वैश्वीकरण का युग आरंभ हुआ है। जिसका बैंकिंग व्यवसाय पर व्यापक असर देखने को मिला है। वस्तुत: बैंकिंग प्रणाली में प्रौद्योगिकी के प्रवेष के पश्चात् कारोबार एवं प्रौद्योगिकी के समन्वय एवं तालमेल की प्रक्रिया आरंभ हुई। बैंक में कारोबार एवं प्रौद्योगिकी के तालमेल का आशय मोटे तौर पर बैंकिंग कारोबार के व्यापक लक्ष्य की सिद्धी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग एवं प्रौद्योगिकी की प्रेरक शक्ति से संचालित कारोबारों को अंगीकर स्वीकार करना है।

प्रस्तावना – बैंकिंग वर्ग बैंकिंग से जन बैंकिंग की ओर उन्मुख हुई। 'ब्रिक बैंकिंग' 'क्लिक बैंकिंग' की ओर अग्रसर है। अब यह बैंकिंग व्यवसाय न केवल शाखाओं व निर्धारित समय तक सीमित नहीं रहा, अपितु 'कहीं भी तथ कभी भी बैंकिंग' की अवधारणा विकसित हुई है। ग्राहक बैंक की शाखा पर निर्भर नहीं रहा। भविष्य में ग्राहकों को अपने बैंकिंग संबंधी कार्यो के लिए किसी शाखा विशेष पर निर्भर होकर नहीं रहना पड़ेगा। आज के बदलते हुए परिवेश में बैंकिंग कारोबार का अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकीके तालमेल को लेकर चलना एक चुनौती भरा कार्य होगा। बैंकिंग प्रणाली में सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी का भी तीव्र गति से प्रवेश हुआ। बैंकिंग प्रणाली ने समायानुयप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति, दिन-प्रतिदिन की बढ़ती प्रतिस्पर्धा में अपने अस्तित्व की रक्षा तथा इसमें अपना स्थान अव्वल रखने के लिए तथा सर्वोपरि ग्राहकों की संतुष्टि एवं प्रसन्नता के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने के लिए अपने चिंतन, दर्शन व कार्यान्वयन प्रणाली में सूचना व संचार प्रौद्योगिकी को अंगीकर किया। आज बैंकिंग संव्यवहारों का प्रत्येक पहलू जिसमें प्रबंध सूचना पद्धति, बैंकिंग परिचालन, ग्राहक सेवा, बैंकिंग उत्पादों को स्वरूप, प्रकृति, विपणन तथा संचालन सम्मिलित है, सूचना प्रौद्योगिकी से सर्वाधिक प्रभावित हो रहा है। वस्तुत: सम्पूर्ण बैंकिंग परिचालनों को सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी ने एक नया रूप, कलेवर, शैली और पहचान दी है, हमारा देश, हमारी बैंकिंग व्यवस्था भी इस मामले में अब विकसित देशों के समकक्ष अपने आपकों प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।

बैंकिंग कारोबार एवं प्रौद्योगिकी – बदलते हुए आर्थिक परिदृष्य में बैंकिंग क्षेत्र की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है, 1990 मे आए उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के नए दौर में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने आप को सक्षम साबित करने का समय आ गया। आई.टी. के विकास में मानो बैंकिंग क्षेत्र के विकास के लिए संजीवनी मिल गई है, अगर यह कहा जाए कि वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र तथा आई.टी. एक दूसरे के पूरक है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

आई.टी. के युग में सफलता की परिभाषा ही बदल गई है। ग्राहकों को आधुनिक सेवा देकर इन्हें संतुष्ट करने का एक अच्छा अवसर आई.टी. के माध्यम से प्राप्त हुआ है। यंत्रीकरण और इलेक्ट्रानिकीकरण के कारण भारत में बैंकिंग के इस माहौल में अनेक परिवर्तन देखे जा सकते है।

अध्ययन – बैंकिंग व्यवसाय व प्रौद्योगिकी के तालमेल व अंत:संबध के फलस्वरूप बैंकिंग का उद्देश्य व लक्ष्य व्यावसायिकता व लाभार्जन की ओर अधिक उन्मुख हुआ। बढ़ती प्रतिस्पर्धा एंव प्रौद्योगिकी के संस्थापन तथा परिचालन में होने वाली लागतों की भरपाई हेतु बैंकिंग व्यवसास के केन्द्रों में लाभप्रदता का तत्व स्थापित हुआ। इस अध्ययन में बैंकिंग करोबार, अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी में तालमेल, उसकी चुनौतियाँ एवं उसमें निहित जोखिम का अध्ययम मुख्य उद्देश्य है कि वर्तमान समय में होने वाली किस प्रकार बैंकिंग कार्यप्रणाली अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी के ढ़ांचे को क्या नींव प्रदान कर रही है। इस अध्ययन के दौरान डाटा का संकलन द्वितीय समंकों के आधार पर किया गया है।

उद्देश्य :

1. बैंकिंग प्रणाली में अपनाई गई पद्धतियों के बारे में अध्ययन करना एवं यह कि वह अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी के लिए कितनी सार्थक है, का अध्ययन करना।
2. भारतीय स्टेट बैंक की बैंकिंग प्रणाली में अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी की आवश्यकता के अनुरूप पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

* शोधार्थी (वाणिज्य) शा. हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)भारत

3. बैंकिंग प्रणाली में अर्थव्यवस्था एंव प्रौद्योगिकी की चुनौतियां उनमें निहित जोखिम एवं भावी संभावनाओं का अध्ययन करना।

सीमाएं – संबंधित अध्ययन का क्षेत्र और अध्ययन के लिए चयनित अवधि सीमा सीमित है।

सामान्य परिदृष्य –वर्तमान में बैंकिंग सेवाएं बहुमुखी सेवाओं में बदल गई है और यह अब परंपरागत बैंकिंग नहीं रह गई है, सूचना प्रौद्योगिकी में आई क्रांति से 'बैंक आपके द्वारा' का नारा बुलंद हो गया है। ई–वाणिज्य के विभिन्न लेन–देन, ई–सरकार, ई–कंपनी रजिस्ट्रार के क्रम में ई–बैंकिंग ने भी अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। अभी हाल ही के वर्षों में भारतीय बैंकिंग, अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी ने उदारीकरण तथा नवोन्मेशी विचारों व सुविधाओं ने नाटकीय परिर्वतन किया है, बैंकों को भी यह प्रयास करना होगा कि वे अपने ग्राहकों के साथ–साथ देश की अर्थव्यवस्था तथा प्रौद्योगिकी को नये आयाम तक पहुंचाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। यह सच है कि सूचना प्रौद्योगिकी एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा बैंकिंग उद्योग में आमूल–चूल परिर्वतन आ सकते है तथा बैंकिंग कारोबार में प्रगति हो सकती है साथ ही जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी को नये आयाम प्राप्त हो सकते है।

आज बैंकिंग संव्यवहारों का प्रत्येक पहलू जिसमें प्रबंध सूचना पद्धति, बैंकिंग परिचालन, ग्राहक–सेवा, बैंकिंग उत्पादों का स्वरूप, प्रकृति विपणन तथा संचालन सम्मिलित है, सूचना प्रौद्योगिकी से सर्वाधिक प्रभावित हो रहा है।, वस्तुत: सम्पूर्ण बैंकिंग परिचालनों को सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी से एक नया रूप, कलेवर, शैली और पहचान दी है, हमारा देश, हमारी बैंकिंग व्यवस्था भी इस मामले में अब विकसित देशों के समकक्ष अपने आपको प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।

आर्थिक क्षेत्र में उदारीकरण और विश्वव्यापीकरण ने जहां बैंकिंग के स्वरूप और उसकी संकल्पना तथा प्रक्रियागत स्वरूप को अभिनव रूप प्रदान किया है वही सूचना और प्रौद्योगिकी ने इस युग ने बैंकिंग की मूलभूत अवधारणा उसकी परंपरागत सोच और उसकी प्रक्रियाविधि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिये है। बैंकों के राष्ट्रीयकरण ने 'वर्ग बैंकिंग' को 'जन बैंकिंग' में बदल दिया परंतु उसकी प्रक्रियाविधि लगभग वैसी ही बनी रही, जबकि अंतर्राष्ट्रीय जगत में बैंकिंग बड़ी तेजी से बदल रही थी। लेकिन भारत उस बदलाव से लगभग अछूता ही रह गया। लेकिन दूसरी नरसिंह समिति (1998) के सिफारिश के बाद देश में इलेक्ट्रानिक माध्यम से बैंकिंग के प्रचार प्रसार के काफी प्रयास किये गये।

अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी का बैंकिंग कारोबार में योगदान – बदलते हुए आर्थिक परिदृष्य में बैंकिंग क्षेत्र की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है। 1990 में आए उदारीकरण, निजीकरण और वैवीकरण के नए दौर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पेर अपने आप को सक्षम साबित करने का समय आ गया। आई.टी. के विकास से मानों बैंकिंग क्षेत्र के विकास के लिए संजीवनी मिल गई है अगर कहा जाए कि वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र अर्थव्यवस्था एवं प्रौद्योगिकी (आई.टी.) एक दूसरे के पूरक है तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी।

ग्राहक सेवा में सुधार – बैंकिंग जगत के लिए कंपनी जगत की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना अब उसकी योजना के केंद्र में रह कर आम जनता या आम ग्राहक या उपभोक्ता उसकी केंद्र बिंदु हो गया है, ग्राहक नेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग या एटीएम , क्रेडिट और डेबिट कार्ड के जरिये अपनी बैंकिंग संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता है और इससे उसका समय, श्रम और खर्च भी बचता है। बैंक की सेवाएं अपने घर या कार्यलय पर ही इंटरनेट बैंकिंग के द्वारा भी ले सकता है।

कोर बैंकिंग सुविधा का विस्तार तथा उन्नयन संभव – कोर बैंकिंग सुविधा ने अपने ग्राहकों को अपने खातों के लेन–देन को दायरा बढ़ा दिया है। अब वह अपनी बैंक की देश–विदेश की किसी भी शाखा से कही भी लेन–देन कर सकता है या अपने खातों की जनकारी आसानी से प्राप्त कर सकता है।

भुगतान तथा निपटान प्रणाली का विकास – प्रौद्योगिकी (आई.टी.) के माध्यम से अब भुगतान एंव निपटान प्रणाली को अधिक गतिमान बनाने का प्रयास हो रहा है साथ ही इस माध्यम से लागत में मितव्ययिता भी संभव होगी। एटीएम, क्रेडिट और डेबिट कार्ड के द्वारा लेन–देन करने से चेकों की लागत उसके भेजने की लागत तथा समाशोधन की लागत भी कम हो गई है। साथ ही बाहरी चेकों के समाषोधन या विदेशों के साथ भुगतान और निपटान को भी गति मिल गयी है।

सामाजिक क्रांति – अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी द्वारा प्रदत्त विभिन्न सुविधाएं जैसे इलेक्ट्रानिक बैंकिंग, क्रेडिट–डेबिट तथा स्मार्ट कार्ड, सेल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग आदि केवल महानगरों तक ही सीमित नहीं है वे अब देश के दूरदराज के गांवों तक पहुंच गयी है। इससे गांव के व्यक्ति शिक्षित तो हो ही रहे है साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में भी उनका पूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है। बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के साथ उनका जीवन स्तर भी उपर उठने में मदद मिली है। सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से यह सामाजिक क्रांति अल्पसमय में संभव हो सकी है।

नवोन्मेषी बैंकिंग उत्पाद एंव सेवाएं – बदलते हुए घोर प्रतिस्पर्धी परिवेश में अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी की क्रांति के फलस्वरूप बैंकिंग उत्पादों एवं सेवाओं में नित्य बदलाव आ रहा है। नवोन्मेशों की एक श्रृंखला सी प्रत्येक क्षेत्र में परिलक्षित हो रही है। आज बैंकों के पास परंपरागत उत्पाद जमा, निकासी एवं ऋण के अलावा अन्य भी विविध उत्पाद हैं। आज बैंकिंग व्यवसा में बीम, निवेश, म्युचुअल फंड, पेंशन, करो का भुगतान आदि शामिल होने की वजह से इसका स्वरूप सार्वभौमिक हो गया है। जिससे एक ही छत के नीचे सभी प्रकार के वित्तीय उत्पाद व सेवाएं प्राप्त करना सुलभ हो गया है।



चुनौतियां,निहित जोखिम एवं निष्कर्ष, प्रणालीगत दोष से निपटने की चुनौती – यह अक्सर देखने व सुनने को मिलता है कि नेटवर्क फेल होने के कारण बैंकिंग व्यवसास ठप्प है। विशेषत: ऐसे बैंकिंग लेन–देन, जो नेटवर्क पर आधारित है। प्रणालीदोष से बैंकिंग कारोबार काफी अधिक प्रभावित होता हैं ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक तरीके के रूप में हाथ से कार्य करने की प्रणाली को जारी रखा जाना चाहिए। किंतु दोनों स्वरूप के साथ–साथ परिचालन पद्धति में बैंकिंग व्यवसास के जटिल व खर्चीले होने का खतरा बना रहता है।

प्रौद्योगिकीगत चुनौती – नित्य नये–नये अविष्कार के फलस्वरूप कोई भी प्रौद्योगिकी बहुत अधिक दिनों तक टिक नहीं पाती है। ऐसा देखा जाता है कि किसी प्रौद्योगिकी के प्रतिष्ठापन एवं परिचालन के कुछ समय के बाद ही नई प्रौद्योगिकी सामने आ जाती है। पुरानी प्रौद्योगिकी अप्रचलित हो जाती है। कम समय में नई प्रौद्योगिकी के आ जाने के कारण पुरानी पद्धति एवं उपकरण आदि व्यर्थ हो जाते है बैंकों पर भारी प्रभावित होती है।

आमजन तक पहुंच सुनिश्चित करने संबंधी चुनौती – इसमें कोई दो राय नहीं है कि प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप बैंकिंग व्यवसाय आम जनता की ओर उन्मुख हुआ है, किंतु अभी भी जनसंख्या का एक बहुत बड़ा भाग उपेक्षित व अशिक्षित है, जो सामान्य बैकिंग गतिविधियों एवं सुविधाओं से भी वंचित है। वित्तीय समावेशन का लक्ष्य प्राप्त करना ही अभी शेष हैं, अभी भी प्रौद्योगिकी आधारित इंटरनेट, आरजीटीएस आदि अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ शहरी पढ़े लिखे वर्ग तक ही सीमित है। ग्रामीण इलाकों में तथा आम जनता तक प्रौद्योगिकी आधारित बैंकिंग सुविधाओं को वहनीय एंव अल्प लागत पर पहुँचाने की चुनौती है। इसके लिए वित्तीय व तकनीकी साक्षरता की भी आवश्यकता होगी तथा इस चुनौती से निपटने में किफायती व सरल प्रौद्योगिकी कारगार है।

सारत: यह कहा जा सकता है कि बैंकों में कारोबार तथा प्रौद्योगिकी का तालमेल समय की मांग हो गई है। समय के अनुकूल बैंकिंग व्यवसास में तकनीकि जगत में हो रहे परिवर्तनों को अपनाना ही होगा। इसके सम्मुख जो चुनौतियां तथा जोखिम है, उसका सामना करना पड़ेगा तथा विभिन्न उपायों से हर स्तर पर सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करना होगा ताकि जोखिम को कम किया जा सके। ऐसा होने पर ही बैंकिंग की अविरल यात्रा आमजन के कल्याणार्थ करोबार के विविध रंग व प्रौद्योगिकी में परिवर्तनों के संग जारी रह सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Annual Reports of State Bank of India 2015-16-17
2. www.livemint.com › Industry › Financial Services
3. https://en.wikipedia.org
4. https://www.rbi.org.in/
5. https://economictimes.indiatimes.com › Industry › Banking/Finance › Banking/internet banking
6. https://www.sbi.co.in
7. www.google.com
8. hhttp://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/merger-of-associate-banks-with-sbi-may-not-be-seamless-for-customers/article9604979.ece
9. Banking seminar of reserve bank of india (150512)

****

कुंभ महापर्व धार्मिक पर्यटन केन्द्र उज्जैन

रीता टेटवाल *

शोध सारांश – मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र का उज्जेन संभाग जो प्राचीन काल में अवन्ती क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। इस जनपद की श्रेय यदुवंश की हैहय वंश की शाखा को जाता है। इस प्रकार उज्जैन अवन्ती जनपद की राजधानी के रूप में सामने आया।[1] भारत में सोलह जनपदों में अवन्ती का बड़ा महत्व था। उज्जैन नगर क्षिप्रा नदी के तट पर बसा है। भगवान महाकालेश्वर के कारण भारत का प्राचीन व प्रसिद्ध नगर है।[2]

प्रस्तावना – सुप्रसिद्ध 12 ज्योर्तिलिंगों में से एक महाकालेश्वर यही विराजमान है। शिव व अधंक के बीच युद्ध अवन्ती नगरी के समीप महाकाल वन में हुआ था। यहाँ महाकाल वन नाम का घनघोर जंगल था। शिवजी इस वन की प्राकृतिक शोभा देखकर प्रसन्न हो गए व महाकाल के रूप में सदा के लिए यहाँ बस गए। शिवजी को महाकाल रूप में विराजमान देख ब्रह्माजी आदि देवता ने इस नगरी को बसाया।[3]

उज्जैन विक्रमादित्य की राजधानी थी। विक्रमादित्य ने सिदिमन लोगों को भगाकर सम्पूर्ण उत्तरी भाग पर राज किया। विक्रमादित्य का जन्म भगवान शिव के वरदान से हुआ था।

शोध प्रविधि – इस शोध प्रविधि में विषय **कुंभ महापर्व धार्मिक पर्यटन केन्द्र उज्जैन** कुम्भ की धार्मिक पर्यटन के रूप में पहचान हेतु द्वितीयक शोध सामाग्री और साक्षात्कार द्वारा अध्ययन किया गया है। इन परम्पराओं और मूल्यों को समझने के लिए धार्मिक पुस्तकों और धार्मिक ग्रन्थों के साथ-साथ विद्वानों का मार्गदर्शन भी लिया गया है। इस हेतु शोध पत्र में सन्दर्भ हेतु पत्र-पत्रिकाओं के द्वारा सन्दर्भित किया गया है।

उद्देश्य :

1. कुम्भ के धार्मिक पर्यटन के महत्व का अध्ययन।
2. कुम्भ पर्व में पर्यटन के दार्शनिक मूल्यों का अध्ययन।
3. कुम्भ महापर्व में धार्मिक मूल्यों का अध्ययन।
4. कुम्भ महापर्व उज्जैन के धार्मिक पर्यटन का अध्ययन।

समस्या :

1. कुम्भ परम्पराओं में ब्राह्य सामग्री की समस्या।
2. कुम्भ महापर्व में पर्यटकों को ठहरने की समस्या।
3. उत्तम जल की समस्या।
4. कुम्भ महापर्व में पर्यटन में पार्किगं की समस्या।

पर्यटकीय स्थल – भारत में प्राचीन काल से पर्यटन का महत्व रहा है। शारीरिक और मानसिक विश्राम के लिए पर्यटन अधिक आवश्यक बन गया तथा आर्थिक आय का महत्वपूर्ण संसाधन बन गया है। प्राचीन भारत की सात विशिष्ट नगरियों में प्रमुख नगरों में उज्जयिनी अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक परम्परा, मंदिरों व पुण्य शिप्रा के कारण विश्वविख्यात है।

समाधान – उज्जयिनी में कुंभ परम्परा अवंतिका नगरी अर्थात् उज्जैन में वैशाख मास की शुक्ल पक्ष में सिंह राशि में गुरु, मेष राशि में सूर्य, तुला राशि में चन्द्र, स्वाति नक्षत्र तथा पूर्णिमा व व्यतिपात योग सोमवार आदि दस पुण्यपद योग होने पर ही सिंहस्थ पर्व मनाया जाता है। ब्रहस्पति सदैव बारह वर्षों में ही चक्र भ्रमण पूर्ण नही करता है बल्कि चौरासी वर्ष में एक बार ग्यारह वर्ष के अंतर से ही चक्र आरम्भ में जाता है। इस तरह बारह वर्षो के अंतर से सिंहस्थ पर्व मनाया जाता है। उज्जयिनी में होने वाला कुंभ (सिंहस्थ) पर्व वैशाख मास की चैत्र पूर्णिमा से वैशाख पूर्णिमा तक रहता है।[4]

श्रद्धा, आस्था और विश्वास का पर्व 'सिंहस्थ' पावन नगरी उज्जैन का पर्याय बन चुका है। भूतभावन महाकाल की इस पवित्र धरा पर बारह वर्षो में धर्मध्वजा को धारण करते हुए जनसमूह उमड़ता है तथा अमृत पान की चाह एिं सम्पूर्ण भारत व देश विदेश से श्रद्धावान यहाँ आते है।

सिंहस्थ उज्जैन का महान स्नान पर्व है। पुराणों के अनुसार देव-दानवों के सहयोग से समुद्र मंथन सम्पन्न हुआ जिससे 14 रत्नों की प्राप्ति हुई तथा अमृत कुंभ भी निकला था। देवगण दानवों को अमृत नही देना चाहते थे। इसलिए देवगण इन्द्र के आदेश से उनका पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भागने की चेष्टा कर रहा था तब अमृत कलश में अमृत की कुछ बुंदे चार स्थानों पर गिरी वह स्थान प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन है। इन स्थानों की पवित्र नदियों में अमृत की बुंदे गिरने से यहाँ कुंभ महापर्व का आयोजन किया जाता है।

क्षिप्रा नदीं के किनारे स्थित घाट – रामघाट को श्रीरामघाट के नाम से भी जाना जाता है। यह हरसिद्धि मंदिर के समीप स्थित है।

त्रिवेणी घाट – त्रिवेणी घाट का नवग्रह मंदिर तीर्थ यात्रियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। इस घाट पर क्षिप्रा-स्नान का संगम है।

मंगलनाथ घाट – यह तीन घाट मंगलनाथ मंदिर के पुल के पास क्षिप्रा के दाये और बाये किनारे पर स्थित है।

दत्ता अखाड़ा घाट – यह घाट उज्जैन बड़नगर मार्ग पर क्षिप्रा के बाँयी तरफ बाये किनारे पर स्थित है। यह घाट जल संसाधन विभाग द्वारा सिंहस्थ स्नान के लिए निर्मित किया गया है।

नरसिंह घाट – यह घाट प्रसिद्ध भूखी माता मंदिर के सामने कर्कराज मंदिर के दायी तरफ स्थित है। यह कर्कराज मंदिर उज्जैन से निकलने वाली कर्क रेखा पर स्थित है।

धार्मिक स्थल – मोदायिनी क्षिप्रा के तट पर स्थित उज्जैन प्राचीनकाल से ही धर्म, दर्शन संस्कृति व आस्था का केन्द्र रहा है। उज्जैन के प्राचीन मंदिर एवं पूजा स्थल जहाँ एकता और पुरातत्व शास्त्र की बहुमूल्य धरोहर है। वहीं दूसरी ओर ये हमारी आस्था और विश्वास का केन्द्र बिन्दु है।

महाकालेश्वर मंदिर – भगवान महाकाल की बारह ज्योर्तिलिंगों में गणना होती है। उज्जैन के महाराजा और शाश्वत शासक महाराजाधिराज श्री

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

महाकाल ही है। इसलिए उज्जैन को महाकाल की नगरी कहा जाता है। ये कालचक्र के प्रवर्तक है तथा भक्तों की मनोकामनाऐं पूर्ण करने वाले बाबा महाकालेश्वर के दर्शन मात्र से ही मनुष्य की अकाल मृत्यु से होती है।

श्री बड़े गणपति मंदिर – महाकालेश्वर मंदिर के पीछे प्रवचन हाल के सामने गणेश जी की विशाल मूर्ति प्रतिस्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी की अत्यन्त आकर्षक मूर्ति प्रतिस्थाति है। जो पर्यटन केन्द्र के रूप में सुशोभित होती है।

हरसिद्धि देवी मंदिर – स्कन्द पुराण के अनुसार शिवजी के कहने पर माँ भगवती ने दुष्ट दानवों का वध किया था तब से उनका नाम हरसिद्धि नाम से प्रसिद्ध हुआ। शिवपुराण के अनुसार सती की कोहनी यही पर गिरी थी तब से इसे सिद्ध पीठ की संज्ञा दी जाती है।

गोपाल मंदिर – इस मंदिर का निर्माण दोलतराव सिंधिया की महारानी बायजाबाई द्वारा कराया गया था।

सिंहस्थ परिक्षेत्र और मोक्षदायिनी माँ शिप्रा – सिंहस्थ स्नानपर्व का क्षिप्रा परिक्षेत्र तथा तटवर्ती उज्जयिनी से निकट का संबंध है। इस स्नान पर्व को कुम्भ पर्व की संज्ञा दी गई है। क्षिप्रा मानव के जीवन का पर्याय है। यह किसी पर्वत के गौमुख से नहीं बल्कि धरा के गर्भ के धरातल पर बहती है। स्कन्दपुराण के अनुसार क्षिप्रा उत्तरगामी है और उत्तर में बहते हुए ही चंबल में जा मिलती है। शिप्रा का उल्लेख यजुर्वेद में भी मिलता है। एक रोचक कथा के अनुसार एक बार जब महाकालेश्वर को भूख लगी तो उन्होंने भिक्षा मांगने का निश्चय किया जब वे भगवान विष्णु के सामने भिक्षा लेने गये तो विष्णु जी ने उन्हें अपनी तर्जनी दिखा दी इस पर महाकाल ने क्रोधित हो उनकी तर्जनी को त्रिशूल से भेद दिया। तब विष्णु जी का रक्त से शिवजी का कपाल भर गया और वह नीचे प्रवाहित होने लगा। उसी से शिप्रा का जन्म हुआ तथा इसी शिप्रा नदी में अमृत की बूंदे गिरने से सिंहस्थ का पर्व मनाया जाता है।[5]

निष्कर्ष – उज्जैन मानव सभ्यता के प्रारम्भ से भारत के महान तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हुआ। पुण्य सलिला क्षिप्रा के दाहिने तट पर बसे इस नगर को भारत की मोक्षदायक सप्तपुरियों में एक माना गया है। संसार में संभवत: कोई भी तीर्थ स्थान ऐसा नही होगा जिसे तीर्थो का तीर्थ कहा जा सके। स्कन्दपुराण के अवन्ति खण्ड में चौरासी महादेव का अपना अलग ही महात्म्य है। महाकाल की इस नगरी का महत्तव यहाँ पर एक ही स्थान पर विराजमान वस्तु–श्मशान, उरवर, हरसिद्ध पीठ तथा वन है जो अत्यन्त ही दुर्लभ है। उज्जयिनी स्थित सुप्रसिद्ध पूरावन शिप्रा केन्द्र में चारों वेदों, वेदांगों, उपनिषदों आदि का सांगोपांग अध्यापन होता था। उज्जैन के गढ़ क्षेत्र से हुई खुदाई में आद्यैतिहासिक एवं प्रारम्भिक लोहयुगीन सामग्री प्रचुर मात्रा में प्राप्त हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **महापुराण श्रीशिवमहापुराणाङ्कब** कल्याण, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 165
2. डॉ. ददन उपाध्याय, **भर्तृहरिशतकत्रयम् नीति–श्रृंगार–वैराग्य,** चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी, 2013, पृष्ठ 32
3. प्रो. महावीर, **वेदों में आर्थिक चिंतन,** प्रगतिशील प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ 70
4. **महापुराण श्रीशिवमहापुराणाङ्कब** कल्याण, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 163
5. **कल्याण, उपनिषद्–अंक,** गीताप्रस, गोरखपुर, सं0 2064 आठवाँ पुनर्मुद्रण तेईसवें वर्ष का विशेषांक, पृष्ठ 25

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

वर्तमान में योग की प्रासंगिकता

मंजू तिवारी *

प्रस्तावना – संसार में किसी को भी शांति नहीं है। यहाँ तक कि मनुष्य के साथ-साथ जीव-जन्तु और प्रकृति भी सभी अशांत है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार के वशीभूत इंसान हिंसक होता जा रहा है। धैर्य, दया, करुणा, क्षमा, सदाचार आदि बातें भुलाकर व्यक्ति में हिंसा, चौरी, डकैती, हेरा-फेरी व्यभिचार आम बात हो गई है। अब वर्तमान मे मनुष्य शांति की खोज में भटक रहा है। इसकी शांति का मार्ग 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से ओतप्रोत भारतीय संस्कृति ही दे सकती है। इस विषम परिस्थितियों में भारत का 'योग-ज्ञान' संचार को शांति और सद्भाव प्रदान करने की शक्ति रखता है।

वर्तमान में योग की प्रासंगिता इसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। योग भारत की ही देन है पर भारतीयों ने योग को जब समझा। उस समय योग अमेरिका, यूरोप आदि देशों से होकर योग, योगा बनकर भारत वापस आ गया। विशेष तौर पर अमेरिका और यूरोप में योग को आसन प्राणायाम एवं शारीरिक व्यायाम तक ही सीमित कर दिया गया है। योग भारतीय 'षडदर्शन' जो कि वेदों के अंग कहे गये हैं। उनमें से योग दर्शन भी एक अंग है। योग दर्शन के अतिरिक्त अन्य पाँच वेदांग है। सांख्य, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा एवं उत्तर मीमांसा इन दर्शनों पर ही मूल भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता आधारित है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र **वर्तमान में योग की प्रासंगिकता** में द्वितीयक शोध सामाग्री के संकलन के आधार पर अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ धार्मिक ग्रन्थों और विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया है।

समस्या –

1. वर्तमान समय में मूल्यों की समस्या।
2. योग के असंयमित व्यायाम से शरीर पर प्रतिकूल समस्या।
3. रोग ग्रसित शरीर की समस्या।
4. काम, क्रोध, लोभ, अहंकार की समस्या।

उद्देश्य :

1. योग में मानवीय मूल्यों के संरक्षण का अध्ययन।
2. योग की साधना पद्धति से काम, क्रोध, लोभ और अहंकार से निदान का अध्ययन।
3. समाज में योग के लिए जागरूकता का अध्ययन।
4. योग से शारीरिक लाभ से जागरूकता का अध्ययन।

योग का शाब्दिक अर्थ है-जोड़ना-योग शरीर मन एवं आत्मा को जोड़ता है। यह जुड़ाव चित्त की वृत्तियों के निरोध से संभव है। '**योगश्चित्वृत्तिनिरोध:'** अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है।[1] चित्त की पाँच अवस्थायें होती है-क्षिप्त, मूढ, विक्षिप्त, एकाग्र, निरुद्ध।

समाधान – इस प्रकार चित्त की वृत्तियों का निरोध करके हम मन शरीर एवं आत्मा का एकीकरण कर लेते हैं, जो योग कहलाता है। चित्त की वृत्तिओं का निरोध किस प्रकार किया जाये इसके लिये महर्षि पातंजलि ने आठ पदों की व्याख्या की हैं-यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन अष्टांग योग का प्रतिपादन किया है। योग जीवन पद्धति इतनी प्रभावी है कि योग को कितना भी कम गंभीरता से अपनाये इसके परिणाम धीरे-धीरे अपने आप आने लगते हैं।

अष्टांग योग की पहली सीढ़ी यम और दूसरी सीढ़ी नियम इन दोनों का पालन करना अति आवश्यक है। इसके बाद हम आसन, प्राणायाम, आदि आगे के साधन कर पायेंगें। आसन प्राणायाम तो हमारे चौबीस घंटे के साथी है। प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी आसन पर सदैव बैठते हैं। जिसके अनुसार प्राण संचारित होकर एक विशिष्ट आयाम को प्राप्त करता है। व्यक्ति का कोई भी कार्य ध्यान के बगैर सम्पन्न नहीं हो सकता। इस प्रकार सम्पूर्ण योग मानव की दिनचर्या में शामिल है। यही सम्पूर्ण दिनचर्या का सिद्धान्त है।[2] इन सिद्धान्तों के प्रतिबद्ध होकर ही अपनी दिनचर्या को कुशलतापूर्वक संचालित करना चाहिए। वर्तमान में जितने भी रोग कायम हैं जैसे-मधुमेह, गठिया, रक्तचाप, हृदयरोग, फेफड़ा, किडनी, स्टोन, लकवा कुछ एलर्जी इत्यादि सभी योग दिन चर्चा का पालन न करने के कारण होते हैं। मन का इलाज योग के बिना कही नहीं है। आधुनिक योग से ही संभव है। योग में आहार-विहार, आचार-विचार का महत्वपूर्ण स्थान है।

आहार हमारे शरीर चित्त एवं वृत्तियों पर सीधा प्रभाव डालते हैं। इसीलिए कहा गया है कि जैसा खाओ अन्न वैसा होगा मन सात्विक भोजन सात्विक विचार उत्पन्न होते है। माँसाहारी भोजन, तामसी विचारों को प्रकट करता है। जब व्यक्ति का तामसी विचार हो उसका जीवन क्लेश युक्त होता है। तामसिक भोजन के कारण व्यक्ति कष्ट दु:ख पीड़ा असुरक्षा आदि भोग रहा है। इसका कारण योग जीवन पद्धति से भटकना है।

योग को अपनाये बगैर मनुष्य जीवन के कष्टों का निवारण नहीं किया जा सकता है। इसीकारण चित्तवृत्तियों में परिवर्तन होता है। क्योंकि वह अपने को लोभ, लालच, ईर्ष्या, क्रोध, मोह, अहंकार आदि मनोंविकारो से धीरे-धीरे दूर हो जाता है। इसीलिये विश्व आज योग के इसी आयाम को समझ कर इसे अपनाने को तैयार है। आज वर्तमान में आधुनिकता के कारण हमारी जीवन शैली ने अनेक मानसिक शारीरिक विकार उत्पन्न किये है। जिनका कोई सफल उपचार आधुनिक विज्ञान खोज नहीं पाया है।[3]

योग के 'यम और नियम' को अपनाकर इन मनोविकारों से मुक्ति मिल सकती है। इस प्रकार योग एवं उसकी अनुषांगिक क्रियाओं द्वारा व्यक्ति की समग्र चेतना एवं उर्जा का विकास होता है। योग के साथ ध्यान आवश्यक है। ध्यान के साथ मन और जाप करने से चेतना के स्तरों में अतिशीघ्र वृद्धि होती है। मन्त्र ऊर्जा चक्रों को सक्रिय करने का साधन है।

योग एक जीवन पद्धति है जिसका सम्बन्ध किसी धर्म, सम्प्रदाय एवं

*शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

मत से न होकर सम्पूर्ण मानवता से है। मनुष्य के कष्टों का निवारण एवं कल्याण केवल और केवल योग जीवन पद्धति के अपनाने से ही सम्भव है। योग को आज भारत सहित सम्पूर्ण विश्व '21 जून' को योग दिवस के रुप में मनाता है।[4]

भारत की प्राचीन विद्या योग अब धीरे-धीरे पुन: विश्व भर में विस्तारित एवं प्रभावी होने लगी है। भारत को योग का प्रमुख केंद्र, योग का विश्वगुरु बनाने की ओर अग्रसर है। योग चूँकि प्रत्येक मानव के लिए शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक तथा सांसारिक रूप से लाभदायक है। इसलिए इसका विस्तार सबके हित में है। योग वास्तव में किसी धर्म संप्रदाय की चीज नहीं, बल्कि शुद्ध रूप से एक विश्व विज्ञान की तरह मानव विज्ञान है। खासकर पतंजलि योग पूरी तरह वैज्ञानिक प्रक्रिया पर आधारित है। जो हजारों साल से विज्ञान की तरह प्रमाणित होने के कारण इसे आज भी प्रमाणित करके देखा जा सकता है। इसलिए यह मानव के लिए बहुउपयोगी सिद्ध हो रहा है।[5]

योग के आठ चरण- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि है। जिसमें से यम, नियम, आसन, प्राणायाम मानव को शारीरिक रूप से स्वस्थ सबल बनाता है। जिससे अब सभी परिचित होने लगे हैं, और इसके साथ प्रत्याहार, धारणा, ध्यान का उपयोग मानव विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ, सबल बनाने की प्रक्रिया है। इसके साथ ध्यान तथा समाधि आध्यात्मिक उपलब्धि का हिस्सा है। जिससे आत्मा (चेतना), परमात्म (परम चेतना), अस्तित्व के सत्य का ज्ञान अनुभव से होता है।

योग के पाँचवे, छठवें, सातवें चरण को प्रत्याहार-धारणा-ध्यान कहा जाता है। यह मनुष्य के मन-मस्तिष्क की शांत, निर्विचार अवस्था है। विज्ञान की भाषा में यह मस्तिष्क की अल्फा तरंग की अवस्था है। जो मानव मन-मस्तिष्क से सीधे सम्बंधित होने के कारण शिक्षा के क्षेत्र में बहुत उपयोगी है। यह योग के प्रथम चरण से प्रारंभ कर धीरे-धीरे अभ्यास करते हुए सातवें चरण तक पहुँच कर ध्यान अनुभव किया जा सकता है। ध्यान सीधे भी किया जा सकता है। देश-दुनिया में इसकी अनेक प्रक्रियाऐं उपलब्ध है। लेकिन अच्छे परिणाम के लिए यम नियम का पालन करते हुए क्रमश: आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान का उपयोग सहयोगी होता है।[6]

आधुनिक मनुष्य के लिए योग-ध्यान बहुत ही जरूरी हो गया है। आज के आधुनिक दुनिया और जटिल जिंदगी में यदि आप मानसिक तनाव मुक्त जीवन के साथ ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। ऐसी दशा में योग-ध्यान को अपनाने की बहुत आवश्यकता है।

आधुनिक युग में प्राय: हर आदमी जिंदगी की व्यस्तताओं, जटिलताओं, पर्यावरण प्रदूषण, शोरगुल तथा विभिन्न आधुनिक मशीनों से निकलने वाले सूक्ष्म तरंगों के प्रभाव से शारीरिक, मानसिक तनाव तथा थकान अनुभव करता है। योग-ध्यान से इसके दुष्प्रभाव से बचाता है। निरंतर योग-ध्यान करते रहने से शरीर-मस्तिष्क में नई सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। जो जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की सफलता में सहयोगी है।

योग-ध्यान करने से शरीर की प्रत्येक कोशिकाओं के भीतर प्राण शक्ति, जीवन्तता का संचार होता है। जिससे शरीर स्वस्थ, सबल महसूस होता है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है।

योग-ध्यान से भरपूर लाभ प्राप्त करने के लिए नियमित अभ्यास करना आवश्यक है। योग में ध्यान का स्थान बहुत ऊँचा है। ध्यान के अनेक प्रकार की विधि है। ध्यान करने के लिए सबसे सरल विधि है- किसी साफ-स्वच्छ, हवादार, शांत वातावरण में योग प्राणायाम करने के पश्चात आंखें बंद करके बैठ जाएं या शवासन की मुद्रा में शांत लेटे रहें। पांच-दस मिनट तक बंद आंखों के सामने के अंधेरे या प्रकट होते विभिन्न रंगों या प्रकाश को देखते रहें और आनंदित महसूस करें, शरीर में उर्जा का संचार अनुभव करें अथवा किसी सुंदर प्राकृतिक वातावरण में अपने आप को बैठा हुआ या टहलता हुआ अनुभव करें। फिर धीरे से आँख खोलकर उठ जाएं। इससे शारीरिक मानसिक स्वस्थता तथा ताजगी का एहसास होता है। एक और प्राचीन ध्यान विधि है, जिसमें अपने आने-और जाने वाली श्वास क्रिया को 5 -10 मिनट शांत चित्त से देखते रहें। इसे ही विपस्सना ध्यान कहा जाता है अथवा शांत होकर सौ से एक तक उलटी गिनती प्रारंभ करें और अपने आप को रिलैक्स और आनंदित महसूस करे। इससे मानव के जीवन में आनन्द का अनुभव होगा।[7]

इसके अतिरिक्त भी ध्यान की अनेक विधियाँ हैं। जो लोगों के अलग-अलग व्यक्तित्व के हिसाब से उपयोगी होता है। यह प्रत्येक मनुष्य एवं विद्यार्थियों के भीतर प्राकृतिक रूप से छिपी अपार मन-मस्तिष्क क्षमता को भी प्रकट करने की क्षमता का विकास होता है। इस प्रकार की सक्रिय करने और सक्रिय कर बहुमुखी प्रतिभावान बनाने में सहयोगी है।

आज विज्ञान ने मनुष्य को व्यावहारिक जीवन में अनेक तरह की सुख-सुविधाएं प्रदान की हैं। जिससे आज मनुष्य सुविधा भोगी होने से निष्क्रिय और आलसी बनता जा रहा है। परिणामस्वरूप मनुष्य की जीवन-शैली अप्राकृतिक होने से वह प्रकृति से बहुत दूर चला गया है। इस कारण वह अनेक तरह के कष्टों, दु:खों, कठिनाईयों से घिरता जा रहा है। इन शारीरिक व्याधियों के अलावा वह मानसिक और आत्मिक रूप से भी रूग्ण होता जा रहा है। उसे शांति नहीं प्राप्त हो रही है। अत्यन्त अशांति एवं तनाव में रहने के कारण वह मानसिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। कमोवेश यह स्थिति युवाओं और वृद्धों की ही नहीं बल्कि बच्चों की भी है। बच्चों के ऊपर टेलीविजन और कम्प्यूटर, मोबाईल आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का जबरदस्त प्रभाव है। इस कारण मुख्य रूप से उनकी दृष्टि प्रभावित होने से अनेक तरह के आंखों की व्याधियों से बच्चे ग्रस्त होते जा रहे हैं।

मनुष्य कितना ही महत्वाकांक्षी क्यों न हो मगर स्वस्थ मन व शरीर के अभाव में कुछ भी नहीं कर सकता। चाहे खेल का मैदान हो या नौकरी में तरक्की, कुछ कर दिखाने के लिए स्वस्थ रहना पहली प्राथमिकता है। सिद्ध योगियों ने इसका अनुभव किया और आसनों के महत्व पर प्रकाश डाला। पूर्व के मानव मस्तिष्क तथा आधुनिक मानव मस्तिष्क में भले ही थोड़ा-बहुत अंतर क्यों न हो। लेकिन आसन आज भी उतने ही उपयोगी है। जबकि हजारों वर्ष पूर्व से ध्यान योग की पद्धति विद्यमान है। उसका परिणाम मिल रहा है कि मानव में आज योग के प्रति जागृति उत्पन्न हो रही है क्योंकि थोड़े ही समय में आधुनिक मस्तिष्क भी अपने आधुनिक उपकरणों के प्रयोग को असफल होते देखा जा सकता है। योग को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए उचित माध्यम बन गया है।

योग का मुख्य लक्ष्य हमें परम चेतन मार्ग पर ले जाना है। जिससे हमें अपने अस्तिस्व का ज्ञान हो सके। यदि शरीर रोग ग्रस्त है तो हमें परम चेतना की ओर जाने की इच्छा भी नहीं होगी, क्योंकि शरीर रोग होने से मन पर असर पड़ता है। शरीर में खुजली-दर्द हो तो बेचैन शरीर से मन पकड़ में नहीं आता इसलिए योग द्वारा शरीर को रोग मुक्त करना अत्यन्त आवश्यक है। भारत में योग दर्शन के द्वारा शारीरिक और मानसिक रोगों का निदान बताया गया है। इसमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग दर्शन को अपनाने पर अधिक बल प्रदान किया गया है। योग दर्शन दैहिक,

मानसिक और आत्मिक दु:खों को दूर कर मनुष्य को अरोग्यता प्रदान करता है। सच्चे अर्थ में योगशास्त्र को देह, मन तथा आत्मा का चिकित्साशास्त्र कहा जाना अधिक उपयुक्त होगा क्योंकि इसके माध्यम से व्यक्ति अपने समस्त दु:खों पर विजय पा सकता है।[8]

प्राय: देखा गया है कि बहुत हिम्मत वाले व्यक्ति भी रोगग्रस्त होने पर हिम्मत हार जाते हैं, क्योंकि शारीरिक स्वास्थ्य की गिरावट से मन कमजोर हो जाता है। लेकिन वही व्यक्ति स्वास्थ्य प्राप्त करने पर पुन: मजबूत बन जाता है। योग शरीर को चुस्त, स्वस्थ रखने का सबसे आसान माध्यम है। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूपों में योगासनों का इतिहास समय की अनंत गहराईयों में छिपा है। मानव जाति के प्राचीनतम साहित्य वेदों में इनका उल्लेख मिलता है। वेद आध्यात्मिक ज्ञान के भंडार हैं। उनके रचयिता उस समय के महान आध्यात्मिक व्यक्ति थे। कुछ लोगों का ऐसा भी विश्वास है कि योग विज्ञान वेदों से भी प्राचीन हैं।

निष्कर्ष – आधुनिक युग में योग सारे संसार में जिस तीव्र गति से फैल रहा है। वह प्रशंसनीय व स्वागत योग्य है। योग का ज्ञान हर एक की संपत्ति बनता जा रहा है। आज डॉक्टर और वैज्ञानिक भी योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की सलाह दे रहे हैं। यही कारण है कि भारत ही नहीं, अपितु दुनिया भर के लोग यह अनुभव कर रहे हैं, कि स्वस्थ जीवन और निरोग रहने के लिए योग सर्वोत्तम माध्यम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **डॉ. नन्द किशोर देवराज,** *भारतीय दर्शन,* उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2002, पृष्ठ 407
2. **सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव**, *पातञ्जलयोगदर्शनम्,* चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2011, पृष्ठ 168
3. **डॉ. नन्द किशोर देवराज**, *भारतीय दर्शन,* उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2002, पृष्ठ 434
4. **डॉ. भीखन लाल आत्रेय**, *भारतीय नीतिशास्त्र का इतिहास,* हिन्दी समिति सूचना विभाग, उ.प्र. लखनऊ संस्करण 1964 पृष्ठ 50
5. **चन्द्रधन शर्मा,** *भारतीय दर्शन, आलोचना और अनुशीलन,* मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1995, पृष्ठ 162
6. **सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव,** *पातञ्जलयोगदर्शनम्,* चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2011, पृष्ठ 55
7. **प्रो. हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा,** *भारतीय दर्शन की रूपरेखा,* मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2002, पृष्ठ 275
8. **डॉ. एस.एन. दासगुप्त,** *भारतीय दर्शन का इतिहास,* राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2011, पृष्ठ 271

'रघुवंशम्' - महाकाव्य में निहित गायन के तत्व

डॉ. वेद प्रकाश मिश्र * टिकेश्वर प्रसाद जायसवाल **

शोध सारांश – संस्कृत साहित्य के महाकवियों में कालिदास का स्थान उपमा के लिए सर्वोपरि है।[1] आदि कवि वाल्मीकि से कविकुलगुरु कालिदास पर्यन्त संस्कृत साहित्य के काव्यगंगा में सहज, सरस एवं अलौकिक सौन्दर्य का प्रवाह सहृद्यों के हृद्यों को आह्लादित करता रहा। छठीं शताब्दी में कालिदास का अधिकृत उल्लेख प्राप्त होता है।[2]

महाकाव्य मानवता की पुष्टि के लिए सुमधुर रसायन है।[3] संस्कृति का सम्पूर्ण स्वरूप महाकाव्यों में दिखाई देता है। यही कारण है कि लोक संस्कृति का सम्पूर्ण भाग महाकाव्यों में दिया जाता है। संस्कृति के स्वरूप में कला का विशेष स्थान है,जो महाकाव्यों में महाकवियों के द्वारा उकेरा जाता हुआ, लोक जीवन को प्रभावित करता है। कलाओं में भी ललित कला तथा ललित कला में संगीत की कला लोक जीवन को आनंदित एवं प्रभावित करने में विशेष स्थान रखती है। संगीत कला में गायन का प्रथम स्थान है।

अत: इस शोध-पत्र के माध्यम से कविकुलगुरु कालिदास रचित विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य 'रघुवंशम्' में निहित गायन के तत्वों का समीक्षण अभिप्रेत है।

गायन के तत्व – संगीत की परिभाषा देते हुए संगीत रत्नाकर के रचयिता ने लिखा है-**'गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते।'**[4] अर्थात गीत, वाद्य एवं नृत्य के समन्वित रूप को संगीत कहा जाता है। संगीत में गीत का स्थान वाद्य एवं नृत्य से पूर्व है, अत: गीत का निरूपण किया जा रहा है।

संगीत शास्त्रों के अनुसार गीत के अंश के रूप में नाद, श्रुति, स्वर, तान, राग आदि का वर्णन मिलता है। गीत भी लोक और शास्त्र के आधार पर लोकगीत और शास्त्रीय गीत कहलाते हैं। किंतु कहीं-कहीं महाकाव्य में स्तुतिगान का उल्लेख मिलता है जो न तो पूर्णत: शास्त्रीय है और न ही लोकगीत है अत: संगीत में गायन का एक अलग ही अंग के रूप में स्तुतिगान का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है। रघुवंश महाकाव्य में गीत के अंश और अंग अनेकत्र द्रष्टव्य है-

स्निग्धगम्भीरनिर्घोषमेकं स्यन्दनमास्थितौ।
प्रावृषेण्यं पयोवाहं विद्युदैरावताविव।।' [5]

पुत्र प्राप्ति की कामना के साथ गुरु वसिष्ठ के आश्रम की ओर गमन कर रहे सुदक्षिणा और राजा दिलीप का वर्णन करते हुए कालिदास लिखते हैं कि मधुर और गंभीर शब्द करने वाले वर्षाकाल के मेघ बिजली के साथ आकाश में ऊपर गमन करते हैं, ठीक उसी प्रकार एक ही रथ में राजा दिलीप और सुदक्षिणा बिजली और ऐरावत हाथी की तरह चले। प्रस्तुत श्लोक में '**स्निग्ध गम्भीर निर्घोषम्**' से नाद की सुकोमलता प्रतिबिम्बित होती है। चूँकि संगीतशास्त्रानुसार '**संगीतोपयोगी ध्वनि: नाद:**'। नाद मधुर एवं कर्ण प्रिय होते हैं। इसी प्रकार विवेच्य महाकाव्य में नाद एवं अनुनाद की सुन्दरता निम्न श्लोक से भी आभासित होता है-

एतावदुक्तवा विरते मृगेन्द्रे प्रतिस्वनेनास्य गुहागतेन।
शिलोच्चयोऽपि क्षितिपालमुच्चै: प्रीत्यातमेवार्थमभाषतेव।।[6]

अर्थात् गुरु वसिष्ठ द्वारा दी गई नन्दिनी गौ की रक्षा कर रहे दिलीप की नन्दिनी गाय पर सिंह का आक्रमण और सिंह के कुछ कहकर शांत हो जाने पर जो ध्वनि सुनाई पड़ी उसका वर्णन उक्त श्लोक में मिलता है जिसमें कहा गया कि सिंह के द्वारा इतना कह कर चुप हो जाने पर गुफा में पहुँची हुई इसकी प्रतिध्वनि से पर्वत भी मानो प्रेमपूर्वक उसी बात को राजा दिलीप से जोर से कहने लगा।'

यहाँ पर '**प्रतिस्वनेन**' शब्द के उल्लेख से नाद एवं अनुनाद का प्रतिबिम्ब द्रष्टव्य होता है। साथ ही '**प्रीत्या शिलोच्चयो**' कहकर उसे संगीतोपयोगी नाद होना सिद्ध किया गया है। इसी प्रकार रघुवंश महाकाव्य के अनेक श्लोकों से नाद की अनुभूति अनुश्रुत है। संगीत का प्रथमांश गीत में प्रयुक्त होने वाली श्रुति का सुन्दर सादृश्य अधस्तन श्लोक में दिख पड़ता है-

श्रोताभिरामध्वनिना रथेन स धर्मपत्नीसहित: सहिष्णु:।
ययावनुद्घातसुखेन मार्गस्वेनेव पूर्णेन मनोरथेन।।[7]

यहाँ पर नन्दिनी गाय के द्वारा ली गई परीक्षा में सफल होकर आशीष प्राप्त कर जब राजा दिलीप सुदक्षिणा सहित मार्ग को अवलम्बन करते हैं, तो उन्हे कानों को सुख देने वाली रथ के पहियों की आवाज ठीक उसी प्रकार आनन्द से भर रही है, जिस प्रकार उन्होने अपनी सफल हुए मनोरथ से आनंदित हैं।श्रुति के संबंध मे यह कहा गया है कि जो ध्वनि श्रवण योग्य हो और आघात होने के साथ ही सुनाई दे वह श्रुति है।[8] इस आधार पर श्लोक में '**श्रोताभिरामध्वनिना रथेन**' में श्रुति की सन्निधि स्वयं सिद्ध ही है। रघुवंशम् महाकाव्य में गीत के प्रमुख आधार स्वर का पशु-पक्षियों, भ्रमरों, हाथियों आदि के ध्वनि का उदाहरण देकर कालिदास जी ने अनेकत्र चित्रांकन किया है-

मनोऽभिरामा: शृण्वन्तौ रथनेमिस्वनोन्मुखै:।
शड्जसंवादिनी: केकाद्विधा भिन्ना: शिखण्डिभि:।।[9]

इस पद्य में '**शड्जसंवादिनी**' से स्पष्ट है कि यहाँ पर संगीत में प्रयुक्त षड्ज स्वर का उल्लेख हुआ है।

इसी तरह कोयल, मयूर आदि के स्वरों का स्निग्ध वर्णन इस महाकाव्य में स्थान-स्थान पर परिलक्षित है, जो स्वर के होने की पुष्टि करता है। यथा-

दृश्टापि सा ह्रीविजिता न साक्षाद् वाग्भि: सखीनां प्रियमभ्यनन्दत्।

* प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष (संस्कृत) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय , करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** शोधार्थी (संस्कृत) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

स्थलीनवाम्भ:पृशताभिवृष्टा मयूरकेकाभिरिवाभ्रवृन्दम्।।[10]

इस पद्य में अज की पत्नी इन्दुमती, के शृगांरिता का वर्णन करते हुए कवि लिखते हैं कि रानी इन्दुमती राजा अज के पराक्रम से प्रसन्न होकर बिना जुती हुई भूमि वर्षा के नये जल बून्दों को प्राप्त कर मेघ समूह का अभिनन्दन स्वयं न करके मयूरों की केका से करती है, उसी प्रकार इन्दुमती स्वयं अपने वचनों से राजा अज का अभिनन्दन न करके, सखियों के मधुर वचनों से अभिनन्दन की।

यहाँ पर मयूरों की केका का सुन्दर वर्णन प्राप्त है, जिसमें स्वर का संयोजन संगीत– रत्नाकर के निम्न श्लोक के आधार पर स्पष्ट है–

मयूरचातकच्छागक्रौञ्चकोकिलदर्दुरा:।
गजश्च सप्त शड्जादीन् क्रमादुच्चारयन्त्यमी।।[11]

अर्थात् मयूर, चातक, छाग, क्रौञ्च, कोकिल, मण्डूक , एवं गज क्रमश: षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत तथा निषाद इन सप्त स्वरों का उच्चारण करते हैं।

कोकिल के पंचम स्वर की उत्पत्ति उक्त श्लोक में उल्लेखित है तथा निम्न पद्य में कोयल के मधुर कुहुक का वर्णन राजा दशरथ के स्वागतार्थ वसन्त ऋतु में किया गया है–

प्रथममन्यभृताभिरुदीरिता: प्रविरलाइव मुग्धवधूकथा:।
सुरभिगन्धिशु भुश्रुविरेगिर: कुसुमितासुमिता वनराजिशु।।[12]

इस पद्य में कोयलों के द्वारा कही गयी परिमित वचन कुहुकना से पंचम स्वर का उल्लेख स्पष्ट है। इसी प्रकार अन्य पद्यों में भी कोयल, मयूरादि के शब्दों से संगीत–स्वरों का सोल्लेख सहज ही दिखाई पड़ता है।

इस महाकाव्य में अनेक जगह गान, गीत, गायन इत्यादि के पर्याय से गीत की चर्चा मिलती है। हिमालय पर्वत पर रघु के सेना और मलेच्छ जाति के लोगों के साथ युद्ध के पश्चात्रघु के यशोगान का वर्णन निम्न पद्य में किया गया है–

भारैरुत्सवसड्.केतान् स कृत्वा विरतोत्सवान्।
जयोदाहरणं बाह्वोर्गापयामास किन्नरान्।।[13]

इस श्लोक में किन्नरो के द्वारा रघु के भुज बल के यशोगान का उल्लेख मिलता है। 'गान' शब्द गै धातु से निष्पन्न है। जिसका संबंध संगीत के गीत से है। इसी प्रकार प्रात:कालीन राजाओं को जगाने के लिए बन्दी आदि के द्वारा स्तुति गान की चर्चा भी महाकाव्य में मिलती है। राजा रघु के कुशल राजशासन करने पर सरस्वती माता ने बन्दियों के द्वारा स्तुति की प्रस्तुति करवाकर उनका अलौकिक स्वागत किया है–

परिकल्पितसान्निध्या काले काले च बन्दिशु।
स्तुत्यं स्तुतिभिरर्थ्याभिरुपतस्थे सरस्वती।।[14]

इस पद्य में बन्दियों द्वारा महाराज रघु के स्तुति का वर्णन है। स्तुति भी गीत के माध्यम से ही किया जाता है, अत: इस पद्य में संगीत सापेक्ष है। इसी प्रकार अनेकत्र स्तुति आदि से गीत , और गीत में संगीत का विद्यमान होना काव्य में दृष्टिगोचर होता है। गायन का शास्त्रीय उदाहरण भी कई श्लोंको से अभिव्यक्त होता है। 'पंचदश' सर्ग के निम्न श्लोक शास्त्रीय गायन के अच्छे उदाहरण है–

साड्.गं च वेदमध्याप्य किञ्चिदुत्क्रान्त शैशवौ।
स्वकृतिं गापयामास कवि प्रथम पद्धतिम्।।
रामस्य मधुरं वृत्तं गायन्तौ मातुरग्रत:।
तद्वियोगव्यथां किञ्चिच्छिथिलीचक्रतु: सुतौ।।[15]

उक्त श्लोकद्वय में लव और कुश की साड्.गीतिक शिक्षा का वर्णन करते हुए महाकवि कालिदास ने लिखा है कि उनके बचपन के कुछ बीत जाने पर छ: अंग (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरूक्त, ज्योतिष और छन्द) के सहित वेद को पढ़ाकर कवियों का सर्वप्रथम कविता बीजभूत रचना को वाल्मीकि ने उन दोनो से (लव और कुश) गान कराया।

माता (सीता) के आगे राम की मधुर कथा को गाते हुए उन दोनो पुत्रों ने उन (राम) के वियोग के दु:ख को कुछ कम किया। राम के विरह से उत्पन्न सीता में व्याप्त अपार दु:ख लव और कुश के मधुरगान से कुछ कम हुआ।

यहाँ पर लव और कुश के द्वारा गाया हुआ रामायण और उनकी संगीत की शिक्षा, शास्त्रीयता को व्यक्त करता है। चूँकि संगीत की शिक्षा जहाँ पर गुरू से शास्त्रसममत लिया जाता है वहाँ शास्त्रीय संगीत का ही बोध होता है। यहाँ लव और कुश को महर्षि वाल्मीकि द्वारा संगीत सिखाया गया। तत्पश्चात रामायण को गेय रूप में उन्हे कण्ठस्थ कराया गया। अत: यहाँ शास्त्रीयता का होना स्पष्ट होता है। इसी प्रकार 'रघुवंशम्' महाकाव्य में लव और कुश के गायन के अनेक उदाहरण मिलते हैं जो शास्त्रीय गायन को अभिव्यक्त करते हैं।

रघुवंशम् के कुछ श्लोको में लोक गायन की भी प्रतीती होती है। निम्न श्लोक में लोक गायन या लोक संगीत का स्वच्छ अनुभव संभाव्य है–

स कीचकैर्मारुतपूर्णरन्ध्रै: कूजद्भिरापादित वंश कृत्यम्।
शुश्राव कुञ्जेशु यश: स्वमुच्चैरुद्गीयमानं वनदेवताभि:।।[16]

इस पद्य में नन्दिनी गाय की सेवा में संलग्न राजा दिलीप के स्वागत में वन– देवियों के गीत का वर्णन करते हुए कवि कुल गुरू कालिदास लिखते हैं कि वायु से भरे हुए छिद्रयुक्त कीचक नाम वाले बाँसो से बाँसुरी का कार्य सम्पादन के साथ लतागृहों में वन की पूज्यवरा देवियों से ऊँचे स्वरों में गाए जाते हुए राजा दिलीप ने अपने यश को सुना।

यहाँ पर वन में बाँसुरी का वादन एवं वन की देवियों का गायन लोक संगीत को व्यक्त करता है। चूँकि लोक संगीत के विषय में कहा गया है कि 'यह प्रकृति के समस्त घटकों नदी, पहाड़, सागर, खेत–खलिहान, पेंड़–पौधे, पशु–पक्षी, प्राणी, हवा इत्यादि में लोक संगीत का दर्शनसहज रूप में होता है।'[17] विवेच्य महाकाव्य में लोक संगीत काविशिष्ट स्वरूप एक अन्य श्लोक में भी दिखाई पडता है–

इक्षुच्छायनिषादिन्यस्तस्य गोप्तुर्गुणोदयम्।
आकुमार कथोद्धातं शालिगोप्यो जगुर्यश:।।[18]

इस पद्य में महाराज रघु के यशोगान का वर्णन ग्राम्य कृषक पत्नियों के द्वारा किया गया है। ईख (गन्ना) की छाया में बैठी हुयी साठी आदि धान की रखवाली करने वाली किसानों की स्त्रियों ने रक्षा करने वाले उन रघु महाराज के शूरता, उदारता, आदि गुणों से युक्त यश का गान किया।

यहाँ पर गाँव की सरल एवं साधारण सुकुमारियों (कोमलांगियो) के गायन से लोक संगीत का ही दृश्य हृद्य दर्पण पर दर्शित होता है।

लोक–संगीत को सरल एवं साधारण लोगों का संगीत कहा गया है। संगीतकार प्यारेलाल श्रीमाल ने इस विषय पर कहा है कि 'जब कोई धुन रंजक, सुगेय और स्वाभाविक बन जाती है तथा जनमानस का आहार बन जाता है, तब वह लोक संगीत का रूप धारण कर लेती है।'[19]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि रघुवंश महाकाव्य में अनेकत्र गीत के तत्व एवं उसके प्रकार द्रष्टव्य होते हैं। जिससे तत्कालीन संगीत की प्रतीति होती है। उस काल की लोक रुचि, लोक संस्कृति, सामाजिक प्रथाएँ,

रीति-रीवाज एवं संगीत प्रेम आदि को समझा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्। दण्डिन:पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणा: ।।वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी-कोश पृ.-790
2. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी-कोश पृ. 1199
3. भारवि साहित्य में अनुस्वनित संगीत का समीक्षण- प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी 'पीयूष', कला सौरभ (11वाँ अंक 2006) पृ. 24
4. संगीतरत्नाकर 1/21 पृ. 13
5. रघुवंश- 1/36
6. रघुवंश- 2/51
7. रघुवंश- 2/72
8. संगीतरत्नाकर भाग 1, सुभद्रा चौधरी पृ. 60
9. रघुवंश- 1/39
10. रघुवंश- 7/69
11. संगीतरत्नाकर 3/46
12. रघुवंश- 9/34
13. रघुवंश- 4/78
14. रघुवंश- 4/06
15. रघुवंश- 15/33,34
16. रघुवंश- 2/12
17. शरीफ मोहम्मद-मध्यप्रदेश का लोक संगीत पृ. 01
18. रघुवंश- 4/20
19. शरीफ मोहम्मद-मध्यप्रदेश का लोक संगीत पृ. 02

****

Physical Variables of Obesity in student

Dr. Avinash Verma *

Introduction - An unvarnished tale states, 'Most peoples become of obese because of physical immobility', Such is true for teenagers as well as adults. A study in California reveled that 14% of high school senior boys and girls were obese. The need of physical activity or some type of yogic practices in elementary, junior and senior high schools can be sustained on the verity alone.

Obesity is related to the number of diseases including diabetes, coronary heart diseases, psychological disturbances, kidney diseases, hypertension strokes, liver ailments and biomechanical ailments (particularly back foot problem). As a consequence life expectancy is significantly reduced among the obese population. Excessive obesity may results in as high as 100% increase in mortality over that which might be expected.

Obesity is difficult to express in quantitative terms. Obesity refers to the above average amount of fat contained in the body; this is turned being dependent on the lipid content of each fat cell number and size in expensive clinical procedures that also does not tell the entire story.

An evaluation of obesity includes measures of body composition, dietary quality, energy expenditure, risk factors, status and body image. The main reason behind obesity is physical inactivity and eating habits, today peoples are to much attract towards the fast food or junk food. The percentages of fat in these foods are in very large amount. The culture of eating was changed in world wide, so the problem of obesity is common in the whole world. It is recommended to do proper physical work, do proper yogic exercise and awareness about eating habits to deal with such kind of problem.

Obesity means an excess amount of body fat. No universal agreement exists. In this present fast growing world of science and technology, the human element is treated as ever before. Its are in distinct and unsatisfying. The mechanism of modern living, the force restriction of physical activity leading to a sensatory life, an increase amount of leisure time these entire factor has resulted in a tremendous increase of pubic and professional interest in physical activity and health. People seem to be 'turning on' to the idea that one looks and feel better and stays healthier by being more physically active.

Obesity in Student - Obesity means an excess amount of body fat. No universal agreement exists on the definition of obesity in children. Most professionals use published guidelines based on the body mass index (BMI), or a modified BMI for age, to measure obesity in children. Other define obesity in children as body weight at least 20% higher then a healthy weight for a child of that height, or a body fat percentage above 25% in boys or above 32% in girls.

Although rare in the past, obesity is now among the most widespread medical problems affecting children and adolescents living in the United States and other developed countries. About 15% of adolescents (aged 12-19 years) and children (aged 6-11 years) are obese in the United States according to the American Obesity Association. The numbers are expected to continue increasing. Childhood obesity represent one of our greatest health challenges.

Obesity has a deep effect on a child's life. Obesity amplifies the child's risk of numerous health problems, and it also can create emotional and social problems. Obese children are also more likely to be obese as adults, increasing their risk of serious health problems such as heart disease and stroke.

1. If infancy, breastfeeding and delaying introduction of solid foods may help prevent obesity.
2. In early childhood, children should be given healthful, low-fat snacks and take part in vigorous physical activity every day. Their television viewing should be limited to no more than seven hours per week (which includes video games and the Internet).
3. Older children can be taught to select healthy, nutritious food and to develop good exercise habits. Their time spent watching television and playing with computer or video games should be limited to no more than seven hours each week. Avoid snacking or eating meals while watching TV, movies and videos etc.

Obesity in Student 'Causes' - Children who regularly consume more calories than they use will gain weight. If this is not reversed, the child will become obese over time. Consumption of just 100 calories (the equivalent of 8 ounces of a soft drink) above daily requirement will typically result in a 10-pound weight gain over one year. Many different factors contribute to this imbalance between calorie intake and consumption.

1. Obesity tends to run in families.
2. A child with an obese parent, brother, or sister is more likely to become obese.

***Asst. Prof. (Physical Education) Sendhwa Physical Education Institute, Sendhwa, Distt. Barwani (M.P.) INDIA**

3. Genetics alone does not cause obesity, will occur only when a child eats more calories than he or uses.
4. Children's dietary habits have shifted away from healthy foods (such as fruits, vegetable and whole grains) to a much greater reliance on fast food, processed snack foods and sugary drinks.
5. These foods tend to be high in fat and or calories and low in many other nutrients.
6. Patterns associated with obesity are eating when not hungry and eating while watching TV or doing homework.
7. Low family incomes and having nonworking parents are associated with greater calorie intake for activity level.
8. The popularity of television, computers, and video games translates into an increasingly sedentary (inactive) lifestyle for many children in the United States.
9. Children in the India spend an average of over three hours per day watching television. Not only does this use little energy (calories), it also encourages snacking.
10. Only one third of children in the India have daily physical education at school.
11. Parent's busy schedules and fears about safety prevent many children from taking part in after-school sports programs.

Certain medical conditions can cause obesity, but these are very rare. They include hormone or other chemical imbalances and inherited disorders of metabolism. Certain medications can weight gain by altering how the body processes food or stores fat.

Obesity in teenagers is a growing problem that has become worse in recent times and the rates are growing every year. The America is a top leader in obesity in teenagers. Some report indicated that as many as 33 % of teenagers are now obese. It is believed that more than 25% of schoolchildren are overweigh and in fact, obese, and nearly a fourth of them are at risk of getting heart disease, disease, diabetes, stroke as well as possibly early death. The worse thing is that according to research study conducted on obesity in teenagers, it was found that teenagers aged from ten to thirteen would have an 80% chance of becoming obese adults.

References :-

1. www.aacap.org
2. Merie L. Foss & Keteyen, Physiological Basis for Exercise & Sports (Boston : Mc Graw Hill International publishes, 1998)
3. Ibid
4. www.ezinearpical.com

****

म.प्र. सरकार के लोक-ऋणों की पुर्नभुगतान प्रवृत्ति का अध्ययन

डॉ. चन्द्रप्रकाश पँवार *

Abstract - This investigation was undertaken to compare the selected physical fitness components of high altitude and sea level college students. It had the purpose of comparing and analyzing the data collected from each variable between subjects from high altitude and sea level regions. For the purpose of the study, twenty male students were selected as subjects. The ten subjects were selected from Government College, Shimla (High altitude region) and ten subjects were from Government College, Kolkata (Sea Level). The selected variables for the study were Agility, Speed and Muscular Endurance. The test administrated to assess the agility; speed and muscular endurance were shuttle run, 50m Das and One minute Sit-up respectively. The experimental design was double group The result of the study supported the hypothesis that there would be significant difference in the agility of subjects among high altitude region and sea level regions hence the hypothesis was accepted since it was indicated that t-ratio obtained from scores of the both group was 5.207. This value was significant as it was greater than the t-value of 2.101 require for the significance at 0.05 level. The result of the study is also supported that the hypothesis that there would be significant difference in muscular endurance among the subjects from high altitude and sea level regions. The hypothesis is accepted since it was indicated that the t-ratio obtained from the scores of both group was 2.679. This value was significant as it was greater than the t-value of 2.101 required for the significance at 0.05 levels. The hypothesis was rejected in comparison of Speed among the subjects of high altitude and sea level region. The t-ratio obtained for the speed was 0.776, and it was lower than the t-value of 2.101 required for the significance at 0.05 levels.

Introduction - Concept of physical fitness is as old as humankind. Throughout the history of mankind physical fitness has been considered as essential element of everyday life. The ancient people were mainly dependent upon their individual strength, vigour and vitality for physical survival. This involved mastery of some basic skill like strength, speed endurance, agility for running, jumping climbing and other skills employed in hunting for their livings. A comprehensive fitness program tailored to an individual will probably focus on one or more specific skill and on age or health related needs such as bone health. Many sources also cite mental, social and emotional health as an important part of overall fitness. This is often presented in textbooks as a triangle made up of three points, which represent physical, emotional and mental fitness. Physical fitness can also prevent or treat many chronic health conditions brought on by unhealthy lifestyle or aging. Working out can also help people sleep better. To stay healthy it is important to engage in physical activity "Physical activity," "exercise," and "physical fitness" are terms that describe different concepts. However, they are often confused with one another,and the terms are sometimes used interchangeably. This paper proposes definitions to distinguish them. Physical activity is defined as any bodily movement produced by skeletal muscles that result in energy expenditure. The energy expenditure can be measured in kilocalories. Physical activity in daily life can be categorized into occupational, sports, conditioning, household, or other activities. Exercise is a subset of physical activity that is planned, structured, and repetitive and has as a final or an intermediate objective the improvement or maintenance of physical fitness. Physical fitness is a set of attributes that are either health- or skill-related. The degree to which people have these attributes can be measured with specific tests. These definitions are offered as an interpretational framework for comparing studies that relate physical activity, exercise, and physical fitness to health.

High Altitude - Altitude or height (sometimes known as depth) is defined based on the context in which it is used (aviation, geometry, geographical survey, sport, and more). As a general definition, altitude is a distance measurement, usually in the vertical or "up" direction, between a reference datum and a point or object. The reference datum also often varies according to the context. Although the term altitude is commonly used to mean the height above sea level of a location, in geography the term elevation is often preferred for this usage.

Altitude is defined on the following scale:

- High altitude: 8,000 - 12,000 feet (2,438 - 3,658 meters);

*Assistant Professor, Deptt. of Physical Education, Madhav University, Abu Road (Raj.) INDIA

Sea Level - Sea level is generally used to refer to mean sea level (MSL), an average level for the surface of one or more of Earth's oceans from which heights such as elevations may be measured. Mean sea level is a type of vertical datum – a standardized geodetic reference point – that is used, for example, as a chart datum in cartography and marine navigation, or, in aviation, as the standard sea level at which atmospheric pressure is measured in order to calibrate altitude and, consequently, aircraft flight levels. A common and relatively straightforward mean sea-level standard is the midpoint between a mean low and mean high tide at a particular location. Sea levels can be affected by many factors and are known to have varied greatly over geological time scales. The careful measurement of variations in mean sea levels can offer information about climate change and has been interpreted as evidence supporting the view that the current rise in sea levels is an indicator of global warming. Sea level may vary with changes in climate. During past ice ages, sea level was much lower because the climate was colder and more water was frozen in glaciers and ice sheets. At the peak of the most recent ice age, about 18,000 years ago, sea level was perhaps 100 meters (300 feet) lower than it is today.

Delimitation

1. 18 to 25 year College level 30 students was selected from this study(15 student for High Altitude & 15 students for sea level)
2. The variables selected for study were muscular endurance, speed and agility.

Hypothesis - There would be significant difference in selected fitness components among high altitude and sea level college students.

Significance Of The Study

1. The study may help to know the selected fitness components and high altitude and sea level.
2. The study may help to design new training pattern including high altitude training and sea level training.
3. Study help for the talent identification and selected of sports events according to geographical region.

Methodology - In the methodology and procedure adopted for the selection of the subjects, selection of variables, orientation of the subjects, administration of test, collection of data and statistical techniques employed for the analysis of data.

Subjects - For the purpose of the study, twenty male students of 18 to 55 years old were selected as subjects for the investigation. These subjects were college students from high altitude and sea level.

Variables - Agility, Muscular Endurance, Speed

Test Bettery - Selected variables of AAHPER YOUTH PHYSICAL FITNESS TEST ITEMS were used for assessing the selected fitness level of high altitude and sea level college male students.

1. Agility - Shuttle Run
2. Muscular Endurance - Sit-ups
3. Speed - 50 yard Dash

Statistical Technique - In order to find the significance of difference among the two groups on selected variables, the mean, SD & t-ratio was applied. To compare the significance of difference the level of significance was kept at 0.05 at level.

Results - The selected variables for the study were agility, speed and muscular endurance. The test item used to assess the agility, speed and muscular endurance were Shuttle run, 50m dash and one minute sit-up respectively. The test was about the comparative study of selected physical fitness components among high altitude and sea level college students. To find out the significance of difference between two selected groups, the t-ratio was employed.

Findings - In this study fifteen male students were selected randomly from Government College, Shimla and fifteen students from Government College Kolkata. During data collection standard procedure were followed. Further descriptive statistics and Independent't' test were employed to find the fat physical fitness between high altitude and sea level college students.

Table I: Descriptive analysis agility of high altitude and sea-level college students

Levels	N	Mean	Min	Max.	Range	SD	't'	df
High Altitude	15	10	10.4	11.5	0.81	0.14	5.207	18
Sea Level	15	11	11.1	13.2	1.51			

*Significant at .05 level t .05 (18) = 2.101

An observation of table II indicates that t-ratio obtained from the scores of the shuttle run to assess the agility of subjects among sea level and high altitude region was 5.207. This value was significant as it was greater than the t-value of 2.101 that required for the significance at 0.05 level.

Table II: Descriptive analysis muscular endurance of high altitude and sea- level college students

Levels	N	Mean	Min	Max.	Range	SD	't'	df
High Altitude	15	33	22	40	13	2.529	2.679	18
Sea Level	15	26	15	35	15			

*Significant at .05 level t .05 (18) = 2.101

An observation of table 4.3 and table IV indicates that t-ratio obtained from the scores of the sit-ups for one minute to assess the muscular endurance of subjects among sea level and high altitude region was 2.679. This value was significant as it was greater than the t-value of 2.101 that required for the significance at 0.05 levels. The result pertaining to the analysis of the findings of the variable muscular endurance are presented in the table II.

Table III: Descriptive analysis speed of high altitude and sea- level college students

Levels	N	Mean	Min	Max.	Range	SD	't'	df
High Altitude	15	7.2	6.3	8.3	2	0.248	0.776	18
Sea Level	15	7.4	6.80	8.04	1.22			

*Significant at .05 level t .05 (18) = 2.10

An observation of table III indicates that t-ratio obtained from the scores of the 50m dash to assess the speed of subjects among sea level and high altitude region was 0.776. This value was not significant as it was lesser than the t-value of 2.101 that required for the significance at 0.05 levels. The result pertaining to the analysis of the findings of the variable agility are presented in the table III.

Discussion Of Findings - This study was undertaken to compare the selected physical fitness components of high altitude and sea level college students. It had the purpose of comparing and analyzing the data collected from each variable between subjects from high altitude and sea level regions. During data collection standard procedure were followed. In this study the results shows that there were a significant difference in Agility and Muscular endurance among high altitude and sea level college students. The scores that obtained from the 50m dash to assess the speed of subjects reveal that there was no significant difference among high altitude and sea level college students in their speed. There were a significant difference in Agility and Muscular Endurance among high altitude and sea level but their asses to speed remains almost same because of the reason that the students of high altitude region acclimatize with the lesser oxygen consumption during their work out, compared to the students of sea level.

Discussion Of Hypothesis - There would be a significant difference in speed agility and muscular endurance among high altitude and sea level college students. On the basis of findings of the study the hypothesis that there would be significant difference in the agility and muscular endurance among high altitude and sea level college students may be accepted. The hypothesis that there would be significant difference in speed of selected subjects may be rejected since the findings of the analysis failed to show the significant difference.

Conclusion - With the limitations and delimitations of this, the following conclusions were drawn:

1. There was a significant difference in agility and muscular endurance among students of high altitude region and sea level.
2. There was no significant difference in assessing the speed among the students.

References :-

1. Jovanovic M, et.al. (2011) Effects of speed, agility, quickness training method on power performance in elite soccer players, IJSPP,pp25.
2. Kohli Keshav, et.al.(2014); A Comparative Study of Physical Fitness Variables of male Volleyball Players and Football Players,RJPES, Pp2(1) 5-7.
3. Singh Sahajad(2011) Comparative study of physical fitness components of Rural and Urban female students of Delhi university Delh,TJPE.pp23-29.
4. Lars Schlenker, et.al. (2015); A Comparative Study of Physical Fitness among Egyptian and German Children Aged Between 6 and 10 Years, SPP, pp5,7-17.
5. Ningombam Amitrasen Singh (201);"Comparison of Selected Physical Fitness and Physiological Parameters of Footballers belonging to North-East and Other States"IJIMS,pp158- 160.

****

आर्थिक सुधारों का आर्थिक सामाजिक प्रभाव

डॉ. पी.डी. ज्ञानानी *

प्रस्तावना – वर्ष 1991 में जब भारत में आर्थिक सुधारों को लागू करने की प्रक्रिया आरंभ की गई तो चारों तरफ विभिन्न प्रकार की आशाएँ, सम्भावनाएँ एवं आशंकाएँ व्यक्त की गई थी। अब लगभग दो दशक बाद इन्हीं नीतियों के सहारे भारतीय अर्थव्यवस्था संसार के सर्वाधिक गतिमान अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना चुकी है इसी आधार पर भारत को दो दशक बाद की महाशक्ति माना जाने लगा है उदारीकरण की नीतियों के सहारे ही भारत में अथाह विदेश मुद्रा भंडार, असामान्य प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी की विश्व स्तरीय स्थिति, आउट सोर्सिंग की हितपरक सामर्थ्य, विदेशी व्यापार की तीव्रतर गति, खाद्यान्न में निश्चित आत्मनिर्भरता, बचत दर में विकसित देशो की बराबरी, उपभोक्ता वस्तु बाजार के असामान्य विस्तार और दस प्रतिशत विकास दर को छूने की परिस्थितियों पैदा हो सकी है। दूसरे ओर इन्हीं नीतियों के बावजूद भारत की गरीबी, बेरोजगारी,निरक्षरता, शोषण, असमानता जैसी मूल समस्याओं में कोई आधारभूत कमी नहीं आ पाई हैं।

ऐसे में उदारीकरण के सन्दर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताओं, क्षेत्र विशेष की समस्याओं, इस अवधि में आये विशेष परिवर्तनों, उत्पन्न जन अपेक्षाओं, भविष्य की संभावनाओं, विश्व स्तरीय दबाओं, उपलब्ध अवसरों एवं चुनौतियों को समझना आवश्यक हो गया है। विकास दर में वृद्धि या सकल उत्पाद में बढ़ोतरी के आँकड़े किसी राष्ट्र की समृद्धि के वास्तविक संकेत नहीं होते। किसी देश की वास्तविक समृद्धि तो तभी मानी जाएगी, जब समूची जनता के लिए रोजगार, भोजन, चिकित्सा, शिक्षा, आवास और सामाजिक सुरक्षा पर्याप्त प्रबंधन कर लिया जाए। ऐसे विकास का कोई अर्थ नहीं जहाँ गोदाम तो अनाज से भरे हों, लेकिन उसे खरीदने की क्षमता गरीब जनता में न हो। भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रहने तथा कम्प्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी क्षैत्र में विश्व में अपना अलग स्थान बनाने के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य, लिंग समानता, बच्चों की अकाल मृत्यु दर और पेयजल की उपलब्धता जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भारत पड़ोसी, देशों तक से पिछड़ता जा रहा है। इसका अर्थ है कि विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत मानवीय विकास के पैमाने पर पिछले साल की तरह विश्व के देशो में 127वीं पायदान पर ही अटका हुआ है। इस वास्तविकता के उजागर होने के बाद यह सवाल खड़ा होता है कि क्या इस समृद्धि व उन्नति को देश के मुट्ठीभर लोगों के बीच सिमटने का संकेत मान लिया जाए? किसी देश का समग्र विकास तभी संभव है, जब आम जनता को भी बुनियादी सुविधाओं का पूरा लाभ मिलने लगे। आर्थिक सुधारों के नाम पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का वर्चस्व कायम करने वालों को समझना चाहिए कि पश्चिम की पूँजीवादी ताकतें दुनिया में जहाँ भी जाती हैं, थोड़े से लोगों के लिए भोगवाद का स्वर्ग बनाती हैं, मगर बाकी अधिकांश जनता को बेरोजगारी, अभाव और अशांति में जीने को विवश करती है। एक तथ्य जो सामने आया है वह भी इसी पुष्टि करता है कि भारत में करोड़पति रईसों की संख्या में वृद्धि हुई है किन्तु गरीबी अभी भी कम नहीं हुई है।कथित आर्थिक सुधारों के लिए दो दशक बाद भी हमारे देश की अधिकतर जनता बदहाली में जी रही है आसैर गरीबी रेखा से नीचे जीवन बिताने वाले लोगों की संख्या महत्वपूर्ण रूप से घट रही है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट में चौंकाने वाला तथ्य यह भी उभरकर आया है कि देश के राज्यों में लिंग समानता व बच्चों की अकाल मृत्यु दर को लेकर भी भारी असमानता है। पूरे देश में होने वाले बच्चों की अकाल मृत्यु की आधे से अधिक घटनाएँ केबल बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान में ही होती है। इन्हीं राज्यों में लिंग असमानता का आँकड़ा भी काफी ऊँचा हैं। देश के जिन दक्षिणी राज्यों में पिछले कुछ वर्षो में सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति ने परचम लहराया है, उन्हीं राज्यों में महिलाओं के कुपोषण, पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हुई है। देश के उत्तरी राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में घोर गरीबी का साम्राज्य है। महिलाओं की लगभग आधी आबादी आज भी निरक्षर है। समाज की धुरी माने जाने वाली महिलाओं के निरक्षर रहने से भला समग्र विकास की कल्पना भी कैसे की जा सकती है।

वैश्वीकरण की नीतियों के चलते जहाँ भारत में कार्यरत विदेशी कम्पनियाँ भारी मुनाफा कमाकर अपने देशों को ले जा रही हैं, वहीं देश के घरेलु उद्योग धंधें हाशिए पर जा रहे है। खासकर लघु उद्योगों की हालत काफी खस्ता है। सरकार एक तरफ तो निर्यात वृद्धि के लक्ष्य बढ़-चढ़कर तय करती है, पर दूसरी ओर लघु, पारम्परिक और कुटीर उद्योगों को हतोउत्साहित किया जा रहा है जबकि भारत के निर्यात में 60 प्रतिशत योगदान इन छोटी ईकाईयों के उत्पादों का है। रोजगार के अवसरों का केन्द्रीयकरण भी शहरों में होता जा रहा है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों की भीड़ बढ़ती जा रही है। किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, कारीगरों, दस्तकारों लघु उद्योगों और मध्यम वर्ग के हितों का ध्यान रखा जाना जरुरी है।

भारत में ऐसे गरीबों की संख्या करोड़ों में है जिनके तन पर वस्त्र नहीं, पेट भरने को अनाज नहीं और रोगो के उपचार के लिये डाक्टरी सुविधा और दवाईयाँ नहीं है। लोग बेरोजगार है और भविष्य की अनिश्चितता से पीड़ित है। इन लोगों को बाजार के भरोसे छोड़कर कोई भी सरकार या समाज अपनी सुरक्षा नहीं कर सकता है। 60 प्रतिशत से अधिक लोग कृषि पर निर्भर है फिर भी सकल घरेलु उत्पाद में कृषि का हिस्सा लगातार घटता जा रहा है जो वर्तमान में एक चौथाई से भी नीचे पहुँच गया है। इसलिये अन्य क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मुकाबले गरीब होते जा रहे है तथा 40 प्रतिशत से अधिक

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

लोग इस क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में एवं व्यवसायों में जाना चाहते है। मानसून पर निर्भरता और बाजार के उतार चढ़ाव से वे त्रस्त है। किसानों द्वारा हजारों की संख्या में आत्महत्या इस तथ्य को ही उजागर कर रही है। 40 प्रतिशत लोग अभी भी निरक्षर है सामाजिक दृष्टि से गरीबों, बीमारों, निरक्षर लोगों और भूखों की जमात में महिलाबों, आदिवासियों और अनुसूचित जाति वालों की संख्या सबसे अधिक है। इन पर आर्थिक और सामाजिक दोनों दिशाओं से मार पड़ रही है। नौकरियों में आरक्षण तथा अन्य विशेष प्रावधानों के कारण इनकी दशा सुधार करने की कोशिशें आंशिक रुप से ही सफल रही है लेकिन जब से आर्थिक सुधार कार्यक्रम आरंभ हुए है तब से ऐसे प्रावधान निरर्थक हो रहे है। सरकारी नौकरियाँ घट रही है, सार्वजनिक उपक्रमों के विस्तार की बात तो दूर रही, विनिवेश केकारण उतने रोजगार के अवसर कम होते जा रहे है। रोजगार के जो नये अवसर वैश्वीकरण के परिणामस्वरुप आ रहे है उनके लिये विशेष प्रकार के कौशल की जरुरत है, जिनकों प्राप्त करने की स्थिति में वर्तमान गरीब नहीं है इस प्रकार समाज में आर्थिक विषमता बढ़ती जा रही है तथा दो संसार बनते जा रहे है जिन्हें इण्डिया एवं भारत के नामों से जाना जाता है।

यह यथार्थ है कि एक ओर देश के गोदाम अन्न से ठसाठस भरे है और उसका बहुत ही सस्ते मूल्य पर निर्यात कर विदेशी मुद्रा अर्जित की जा रही है वहीं भूखें रहने वालों की तादाद निरन्तर बढ़ रही है लगभग एक तिहाई आबादी को भरपेट भोजन नहीं मिलता और प्रतिवर्ष 50 लाख बच्चे भूख से मर जाते है और 53 फीसदी कुपोषण से पीड़ित है। पहले यह अनुमान लगाया था कि वर्ष 2020 तक भारत गरीबी और कुपोषण से मुक्त हो जाएगा और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित हो जायेगा लेकिन विश्व बैंक की रिपोर्ट अनुसार भारत 2015 तक भी गरीबी दूर करने में समर्थ नहीं हो सकेगा जब तक कि वह अपनी आर्थिक सामाजिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार नहीं लाता लो कि संभव नहीं लगता है क्योंकि इस समय देश में 221 मिलियन लोग अल्प पोषित है और 360 मिलियन से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे रह रहे है। पिछले 5 साल में भारत में भूखमरी के शिकार लोगों की संख्या में 1.8 करोड़ की वृद्धि हुई है।

मुम्बई का शेयर बाजार अपने 100 साल से भी ज्यादा केइतिहास की सारी ऊँचाईयों को वर्ष 2008 में पार कर गया था जिन लोगों का शेयर बाजार में लेन-दने है उनके हजारों करोड़ों के वारे न्यारे हो गये है। शेयर बाजार की यह तेजी देश के अमीरों के लिये कई और कीर्तिमान स्थापित कर रही है। राष्ट्र संघ की मानव विकाय की रिपोर्ट के अनुसार 177 देशों में से भारत का नंबर 127वाँ है। हम पडौसी देश श्रीलंका से भी पिछड़े हुए है। सारे विश्व में भ्रष्टाचार की रेटिंग करने वाली संस्था ट्रांसपेरेन्सी इन्टरनेशनल ने 106 राष्ट्रों का अध्ययन करने के बाद पाया कि भारत दुनिया का 55वाँ सबसे भ्रष्ट देश है। देश के अखबार खबरों से भरे है किस प्रकार बेरोजगार और कर्जो की मार खाये लोग और परिवार आत्महत्या कर रहे है।

1990 के दशक में भारत में नई आर्थिक नीतियों को लागू किया गया था उस समय यह माना गया था कि यह भारत को आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाएगी। लेकिन इन नीतियों के परिणामस्वरुप मजदूरों की बड़े पैमाने पर छंटनी हो रही है, नई भर्तीयों पर रोक लगी हुई है। लाखो की संख्या में छोटे उद्योग बंद हो गये है। सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन पर दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती के कारण मिट्टी का तेल, गैस, दवाईयाँ आदि महँगी हो गई है। ग्रामीण ईलाकों में स्थिति और भी बुरी है। रासायनिक खादों, कीटनाशकों और अन्य दवाईयों पर खेती की निर्भरता के चलते किसान बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के शिंकजों में जकड़े हुए है और उनकी मेहनत विदेशी कम्पनियों व नवमहाजनों के आगे गिरवी पड़ी है। एक ओर सरकारें 'विशेष आर्थिक जोन' बनाकर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और पूँजीपतियों को बड़ी बड़ी छूटें व तरह-तरह से कर में राहत दे रही है तो दूसरी ओर आम आदमी से रोटी का निवाला भी छीना जा रहा है, सरकारों का सारा जोर आर्थिक विकास दर को बढ़ाने पर है, हालांकि इसकेअनुपात में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे है जिसके कारण बेरोजगारी आज भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के 'ग्लोबल एम्प्लॉयमेंट ट्रेन्ड्स फार यूथ' रिपोर्ट में विश्व स्तर पर बेरोजगारी की विस्फोटक जानकारी दी है। आई.एल.ओ. की रपट के अनुसार भारत में 25 वर्ष की आयु तक के कुल 54 प्रतिशत जनसंख्या है इसका सीधा अर्थ है रोजगार चाहने वालों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, युवाओं में बेरोजगारी, अर्द्धबेरोजगारी और मामूली वेतन पर काम कर रहे लोगों की संख्या ने सभी रिकार्ड तोड़ दिये है। बेरोजगारी के मोर्चे पर स्थिति 20 वर्ष पहले से अधिक विस्फोटक है। पिछले 6 वर्षो से 6 करोड़ नवरोजगार मात्र सुनहरा सपना रहा। गुजरे वर्षो में रोजगार के अवसरों में तेजी से कटौत्री हुई, लक्ष्यों के विपरीत नौकरियाँ बढ़ने की जगह तेजी से घट रही है।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह निकलता है कि उदारीकरण की नीतियों के कारण कुल विकास की वार्षिक दर चाहें बढ़ी हो, राष्ट्रीय आय में वृद्धि हुई हो, करोड़पति भारतीयों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन उसी के साथ आर्थिक-सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों में विषमताओं का भी विस्तार हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यावसायिक अर्थशास्त्र - पी.सी. अग्रवाल, एम.डी. अग्रवाल, रमेश बुक डिपो जयपुर
2. भारतीय अर्थव्यवस्था - डॉ. अनुपमगोयल - शिवलाल अग्रवाल एंड कम्पनी इन्दौर
3. मुद्रा एवं वित्तीय प्रणालियाँ - जे.पी. मिल, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
4. नाबार्ड की प्रकाशित रिपोर्ट
5. कृषि की उच्चस्तरीय रिपोर्ट
6. अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च एंड रिव्यूह
7. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ऑफ मुम्बई 2002-03 सर्वे

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

बालमनोरमा एवं लक्ष्मी टीका के संज्ञा प्रकरण का अध्ययन

डॉ.वेद प्रकाश मिश्र * नित्यानंद दास अधिकारी **

शोध सारांश – संस्कृत में व्याकरण की परम्परा बहुत प्राचीन है। संस्कृत भाषा को शुद्ध रूप में जानने के लिए व्याकरण शास्त्र का अध्ययन किया जाता है। पाणिनीय शिक्षा में व्याकरण को मुख कहा गया है – 'मुखं व्याकरणं स्मृतम् '। व्याकरण की परम्परा अत्यंत समृद्ध है। संस्कृत व्याकरण वैदिक काल में ही स्वतंत्र विषय बन चुका था। नाम, आख्यात, उपसर्ग और निपात – ये चार आधारभूत तथ्य यास्क (ई. पू. लगभग 700) के पूर्व ही व्याकरण में स्थान पा चुके थे। पाणिनि (ई. पू. लगभग 500) के पहले कई व्याकरण लिखे जा चुके थे जिनमें केवल आपिशलि और काशकृत्स्न के कुछ सूत्र आज उपलब्ध है। किन्तु संस्कृत व्याकरण का क्रमबद्ध इतिहास पाणिनि से आरंभ होता है। सिद्धान्तकौमुदी के मूलभाग को जानने के लिए सबसे सरल टीका बालमनोरमा एवं लक्ष्मीटीका है।

संज्ञा प्रकरण का अध्ययन – महर्षि पाणिनि ने व्याकरण को स्मृतिगम्य बनाने के लिए सूत्र शैली की सहायता ली है। पाणिनि ने अपने पूर्ववर्ती वैयाकरणों से प्राप्त उपकरणों के साथ-साथ स्वयं भी अनेक उपकरणों का प्रयोग किया है। जिनमें **शिवसूत्र** या **माहेश्वर** सूत्र सबसे महत्वपूर्ण है। माहेश्वर सूत्रों की उत्पत्ति भगवान नटराज(शिव) के द्वारा किये गये ताण्डव नृत्य से मानी गयी है।

नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपंचवारम्।
उद्धर्तुकामः सनकादिसिद्धान् एतद्विमर्शे शिवसूत्रजालम्॥[2]

प्रसिद्ध है कि महर्षि पाणिनि ने इन सूत्रों को देवाधिदेव शिव के आशीर्वाद से प्राप्त किया जो कि,पाणिनीय संस्कृत व्याकरण का आधार बना। अष्टाध्यायी पर महामुनि कात्यायन का विस्तृत वार्तिक ग्रन्थ है और सूत्र तथा वार्तिकों पर पर भगवान पतञ्जलि का विशद विवरणात्मक ग्रन्थ महाभाष्य है।संक्षेप में सूत्र वार्तिक एवं महाभाष्य तीनों सम्मिलित रूप में 'पाणिनीय व्याकरण' कहलाता है और सूत्रकार पाणिनी वार्तिककार कात्यायन एवं भाष्यकार पतंजलि – तीनों व्याकरण के 'त्रिमुनि' कहलाते है।

वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी का परिचय – व्याकरण गंगा की और काशिका आदि की धारा बहुत समय तक बहती रहीं किन्तु कुछ आचार्यो ने इस पक्ष में छात्रों के लिए कुछ कठिनता की अनुभूति की। यथा रामचन्द्रादि आचार्यो ने प्रकिया शैली को प्रारंभ किया। इस द्वितीय धारा का ग्रन्थ है प्रक्रिया कौमुदी आदि। इस धारा को वैज्ञानिक एवं सुस्पष्ट बनाने का महत्वपूर्ण का कार्य किया भट्टोजीदीक्षित ने। इन्होंने पाणिनी जी के सभी सूत्र एवं कात्यायन जी की कतिपय वार्तिकों की लेकर वैयाकरणसिद्धांत कौमुदी रचना की।

बालमनोरमा टीका का परिचय – इसका रचनाकार वासुदेव वाजपेयी जो अठारहवीं शताब्दी के आस पास माने जाते है। आचार्यगण विद्यार्थियों को इसी व्याख्या के द्वारा पढ़ाते एवं सिखाते है। और छात्रगण आसनी से समझ भी जाते है। सरल शब्दों को प्रयोग करके कौमुदी के मूलभाग सम्यक् परिशीलन इस टीका में किया गया है। यदि सिद्धान्तकौमुदी की सभी टीकाओं को छात्रों को दृष्टि से तोला जाए तो सर्वपेक्षया अधिकोपयोगी व सरल टीका रूप में बालमनोरमा ही सर्वश्रेष्ठता का स्थान प्राप्त करेगी।

लक्ष्मीटीका का परिचय – वैयाकरणकेशरी पण्डितश्रीसभापतिशर्मपाध्याय विरचित लक्ष्मी ब्याख्या का तात्पर्य महत्वपूर्ण है। वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी की बहुविध व्याख्या के मध्य पण्डित जी ने लक्ष्मीव्याख्या ने सरलभाषा पूर्वक अल्पवातो के द्वारा व्याकरणानुरागी पाठकों में उन्होंने यथोचित स्थान प्राप्त कर लिया। श्रीसभापतिर्शर्मापाध्याय ने अतिदुरूह विषय को उदाहरण और प्रयोग के द्वारा अनेक सिद्धान्त की खण्डन करके उसका समाधान किया है। श्रीशर्मा जी 1837 ई में उदयपरा नामक ग्राम में आविर्भूत हुए थे। इन्होंने बहुत से ग्रन्थों की रचना की, जिनमें 'प्रभा' व्याख्या 'वैदिकधर्मरहस्य' लक्ष्मी व्याख्या प्रसिद्ध है।

हलन्त्यम् 1।3।3। बालमनोरमाकारस्य मतम्– वाक्यार्थज्ञान में पदार्थ ज्ञान कारण होते है। कही भी वाक्य अर्थोवोध होने के लिए उस वाक्य के हर पद की अर्थवोध होना जरूरी है। हल्पदार्थ ज्ञान 'आदिरन्त्येन संहेता' इस सूत्र की अधीन, क्योंकि 'आदिरन्त्येन सहेता'[3] इस सूत्र के अर्थबोधः होने बाद ही हलन्त्यम् इस सूत्र की अर्थबोधः होती है। परन्तु आदिरन्त्येन सहेता इस सूत्रों में वाक्यार्थ ज्ञाने इत्पद की अर्थ ज्ञान भी जरूरी है। वह हलन्त्यम् य इस सुत्राधीन है। इसी कारण में 'हलन्त्यम्' एवं आदिरन्त्येन सहेता इस दोंनो सूत्रों परसापेक्षत्वेन अन्योन्याश्रयदोष इतरेतराश्रयदोष वा परस्पराश्रयदोष[4] हो गये है।

लक्ष्मीटीकाकार सभापतिशर्मोपाध्याय – इस सभी का प्रतिपादन करने के बाद कुछ विशेष भी संयुक्त किए है – 'यदि तु हलन्त्यम् इत्यपहाय' व्यञ्जनमन्त्यम्' इति न्यस्यते तंदा नान्योन्याश्रयदोषः, तु न गोरवम्। व्यञ्जनपदस्य स्वरेतरवर्णेषु शक्तेर्लोकसिद्धत्वात्।

आदिरन्त्येन सहेता 1।1।71। सूत्र आदि का अर्थ आदिभूत अवयव और अन्त्य का अर्थ अन्त्यभूत अवयव। आदि और अन्त्य द्वो शब्द सापेक्ष होते है। 'स्वंरूपंश्ब्दस्त्राशब्दसंज्ञा'[5] इस सूत्र से स्वं पद कि अनुवृत्ति होती है। वह 'सहयुक्तेऽप्रधाने'[6] (कारकसूत्र) अप्रधान अर्थ में हुयी है। इति ही वालमनोरमाकारस्य मतम्।

* विभागाध्यक्ष (संस्कृत) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोधार्थी (संस्कृत) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

लक्ष्मीटीकाकार यह सभी व्याख्या करने के वाद आदि एवं अन्त्य पदों में सदृश्य लक्षण स्वीकार किए है। यदि पदत्रय मध्ये सादृष्य नही होते है तो कही भी प्रत्याहार सिद्धि नही होते है। अथ च स्वसादृश्ये[7] लक्षणा स्वीकार कीये है। च-कारादि अनुयोगिक सादृश्य प्रतियोगिकत्वेन विवक्षित इत् संज्ञक च-कारान्तस्य स्वाद्यकारादि अनुयोगिकः सादृश्यः प्रतियोगित्वेन विवक्षितः वर्णः समान्मायादिस्थः आ-कारदि अवयकस्य संज्ञा इत्यर्थ्यकेन आदिरन्त्येन इति सूत्रेणअच्हल् इत्यादि सकल प्रत्याहार सिद्धि होते है।

उपदेशेऽजनुनासिक इत् 1|3|2| यहाँ सरवर्ण उपदेश की अन्तर्गत एवं अनुनासिक अर्थाति नासिका से उच्चारित उसकी इत् संज्ञा होती है। उपदेशे अच् अनुनासिकः। अच् तस्य इत् संज्ञा भवित। तेन लक्षणसूत्रस्थ अकारस्य सति र प्रत्याहार सिद्ध्यति। परन्तु उद्द्योते नागेश 'मुनि अतोऽलान्त्यस्य' सूत्र कि द्वरा मतान्तर किये है। सूत्रे ज-कारस्य कुत्वाभावविषये उभयो (लक्ष्मी और वाल्मनोरमा की) मतभेदः अस्ति यहाँ बालमनोरमकार ज-कारस्य कुत्वाभावः आर्षत्वात्। च वृत्तौ 'अजित्संज्ञ' स्यादितिविवरणे कुत्वस्याभावः असंदेहार्थ इति।

अत्र सभापतिशर्मोपाध्यायः कुत्वभावः निपातात् तच्च श्रूयमाणः खरादिर्यः। सुप तद्धिन्न प्रत्ययनिमित्तकापदत्वस्थले एव। अत एव 'अचोऽक्षु' इति भाष्यप्रयोगः संगच्छते। आज् य इत्यत्र खरादिसुनिमित्तकपदत्वेऽपि सौ श्रूयमाणख्रदिसूब्भिन्नत्वसत्वेन कुत्वाभावनिपातनं सिद्धयति। 'तत् च श्रूयमाणः खरादिर्यः'[8]

समाहारः स्वरितः 1|2|31| सम् आङ्पूर्वकात् हृञ् धातोः अधिकरणे[9] घङि निष्पन्नः समाहारशब्दः। पूर्वात्राभ्यां[10] 'उदात्तानुदात्त' इति च अनुवर्तते। अनुवृत्ति पें 'उदात्तानुदात्त' पद में धर्मप्रधाने षष्ठ्यन्ततया च विपरिणम्यते।अथ सूत्रस्य सारार्थः, उदात्तानुदत्तत्वे वर्णधर्मौ समाह्यिते यस्मिन सोऽच् स्वरितसंज्ञः स्यात् इति।

लक्ष्मीटीकाकार- एतद् अतिरिक्तं सूत्रस्य प्रयोजनविषये उक्तवानः उद्दात्त और अनुद्दात्त की संज्ञा विधायक प्रदर्शन जरूरी नही है। यथोक्तं भाष्ये 'व्याकारणामेयमुत्तराविद्या'[11] उत्तरा इत्यनेन वेदाध्ययनान्तं पठनीया इत्यवगम्यते। अग्रे लिखति अद्यत्वे न तथा अद्यत्वे तु वेदाध्ययनात् प्रागेव व्याकरणमधीयते। तस्मात् उदत्तादिसंज्ञाशास्त्रं सार्थकमेव। यद्यपि मुले उदात्तादयसत्रय एव स्वरा उक्तास्तथापि चतुर्थ एकश्रुतिस्वरोऽपि विज्ञेयः तथा च सूत्रम् 'एकश्रुतिदुरास्तम्बुद्धौ'[12] (1|2|33|) इति।

मुकनासुकावचनोऽनुनासिकः 1|1|8|| मुखसहिता नासिका मुखनासिका, शाकपर्थिवादित्वात् सहितपदस्य लोप। उच्यते उच्चार्यते इति वचनः 'कर्मणि ल्युट'[13] मुखनासिकयावचन इति 'कर्तृकरणे कृता बहुलम्'[14] इति तृतीयसमासः। मुखनासिकेत्यत्र द्वन्द्वसू न शड्क्यः, तथा सति 'द्वन्द्वश्च'[15] प्रतितुर्यसेनाङ्गानामित्येनेन समाहार द्वन्द्वनियमात् 'स नपुंसकं'[16] इति नपुंसकत्वेः 'हृस्वो नपुंसके प्रातिपदिकस्य' इत्यनेन हृस्वत्वे मुखनासिकवचनेत्यापत्तेः।

पुर्वात्रासिद्धम् 8|2|1|| अत्र बालमनोरमाकारः - यदि सुत्रमिंद स्वन्त्र विधि स्यात् तर्हि 'सपादसप्ताध्यायी प्रति त्रिपाद्यसिद्धा' इते लभ्यते। न तु त्रिपाद्यामपि पूर्व प्रति परशास्त्रमसिद्धं स्यादिति तथा सति किमु + उक्तम् = किम्वुक्तम् मोऽनुस्वारः[17] इति पुर्वत्रैपादिकं शास्त्रं प्रति परत्रैपादिकं शास्त्रं 'मया उओ वो वा' इति सूत्रे पुर्वात्रासिद्धामित्यनुवर्तते। पूर्वात्रासिद्धम् को अधिकारसूत्र मानने से त्रिपादी परत्रिपादी शस्त्र असिद्ध होत है, इतना अर्थ अधिक बन सकता है। परन्तु स्वतन्त्रविधि सूत्र मानने पर तो ऐसा अर्थ न बन पता और अनेक दोष आते। जैसे कि मोऽनुस्वारः[18] और 'मय उञो वो वा'[19]।

अत्र लक्ष्मीटाकायाम् अधिकारत्वस्विकारे हेतुत्वेन उदाहरनान्तरं 'गोधुङ्मान्' शब्द कि उथ्थापन किये है एवं वालमनोरमा कि मत स्वीकार किये हैं इस में कोहि भी विशेष नार्हीं है। अग्रे सिधत्वविषये उक्तवानः कर्यासिद्धत्वस्वीकारे अमु अमी इस पद सिद्ध होता है,अद अ औ,अद अ इ इत्यवस्थायाम्। 'अदसो सेः'[20]।

नाऽऽज्झलौ 1|1|10|| तुल्यसत्रात्सवर्णमित्युनुवर्तते। तच्च पुँल्लिङ्गद्वि-वचनान्ततया विरिणम्यते। तेन प्रतिषेधेन। आदिना सवर्णादीर्घसंग्रहः। 'नाज्झलौ' इति सावर्ण्यनिषेधः वर्णसामाम्नायिकानामेव अर्थात् हृस्वाकारइकारादीनामेव तथापि हकारस्य आकारेण सह न सवर्णसंज्ञा तत्रैव आकारस्यापि प्रश्लिष्टत्वात्। अन्यथा विश्वपाभिः इत्यत्र 'होढ़'[21] इत्यनेन ढ़त्वापत्तिः इति। आकास्य प्रश्लेषे प्रमाणं तु 'कासमयवेलासुतुमुन'[22] इति पणिनेः सुत्रमेव। अन्यथ 'वेलासु' इत्यत्र आकारस्य ढ़त्वस्म्योगान्तलोपने च आकारो न श्रूयते। वलमनोमाकारस्य मतम् इति।

लक्ष्मीटीकाकार ने कहा है -प्राप्तनिष्टं सावर्ण प्रतिपेधति 'नाज्झलौ' इति - न आज्झलौ इति च्छेदः। तत्र आ 2 श्च औ। दीर्घप्लुतयोर्दीर्घे 'आ' इति प्रातिपदिकादौविभक्तौ वृद्धौ 'औ' इति रूपम्। आभ्यां सहितः इत्यर्थे 'कर्तृकरणे' इति समासे 'आसहित' इति।

अनुदित्सवर्णस्य चाप्रत्ययः 1|11|11| चकारात् स्वरूपमित्यतः स्वमित्यतः स्वमित्यतनुवर्तत तच्च षष्ठयन्ततया विपरिणम्यते तथा च सूत्रस्य सारार्थः अण् प्रत्याहारः उदित च सवर्णस्य ग्राहकः भवतिस्वस्य च रूपस्यं विधीयमानं वर्जयित्वा इति तेन 'सनाशंसभिक्ष'[23] इदम्[24] इश् 'आर्धधातुकास्येड्वलादेः'[25] दत्यदौ विधेये न सवर्णग्रहणम् इत्येतावत्। एऔच् सुत्रस्य विषये वालमनोरमाकरस्य मतम् - यदि ऐऔच् सूत्र न होता तो अच्, इच्, एच, ऐच् आदि प्रत्याहार भी न बन पाते और 'इको यणचि' में अचि के स्थान पर अडि पढना पढ़ता। वृद्धिरादैच में ऐच की जगह एड् पढ़ना पड़ता और आ, ए, ओ, की जगह एड् पढ़ना पड़ता और उसे ऐकार और औकार बनानेके लिये कोई दूसरी युक्ति अपनानी पड़ती। ऐसी बहुत जगहों पर असंगति आ जाती।

लक्ष्मीटीकायां एतद्व्यातिरिक्तं यदुक्तं तदित्थम् उदच्चेत्यें शे अप्रत्ययेत्यंशो न सम्बद्धयते। तेन विधीयमानोकिविधीयमानो सर्वोप्युदित् सवर्णोग्राहको भवति। तथा सति जगादेत्यादि सिद्धयति इति।

वृद्धिरादैचे 1|1|1|| वृद्धिः आदैच् इति विच्छेदः। आच्च ऐच्चेति समहार्द्वन्द्वः। अत्र केचित् शड्कते 'द्वन्द्वाच्चुहान्तात्'[26] इति समासान्तटच् कथं न ? इति चेत न अतएव निदेशात् समासान्तविधेरनित्यवात्। आच्च ऐच्चेतीतरेतरयोग द्वन्द्वो वा, तथा सति सौत्रत्वादेकवचनम्। आचार्यपारम्पोर्पदेशसिद्ध संज्ञाधिकारात् संज्ञेति लभ्यते। तथा च सारार्थः - आ ऐ औ इत्येतेषां वर्णानां वृद्धिसंज्ञा भवतीति। अष्टाध्याय्याः प्रथमंसूत्रमिदं परञ्च भट्टजीदिक्षिततेन नेदं प्रथमतयोपन्यस्तं। तत्र 'वृद्धिरादैच'सूत्रे तपरकरणत्वं प्रत्याहार गर्भितत्वञ्च। ग्रहणकशास्त्रनियमार्थम्। अतो तदनन्तरमेव 'वृद्धिरादैच' इत्यस्नयासः उचितः। 'चोः कुः[27] इत्यनने पदान्ते विहितं कुत्वं कंथं न? 'अयस्मयादीनिच्छन्दसि'[28]भात्वात् पदान्तत्वाभावात् कुत्वं न। अष्टाध्याय्याःसंहितापाठपक्षे तु 'वृद्धिरादैजदेड्गुणः' इत्यत्र झलांजशेऽन्तेय' इति पदान्ते विहितं जश्त्वं तु भवत्येव 'उभयसञ्ज्ञान्यपि ''छन्दसि दृश्यन्तेय' इति वचनात् 'छन्दोवत्सुत्राणि भवन्ति'[29] इति छान्दसविधीनां सूत्रेष्वपि प्रवृत्तेः। ननु एवमपि पदत्वात् कुत्वं भत्वात् एतद सर्वं बालमनोरमायां। अत्र 'वृद्धि;' 'आत्' ऐच'इति पदत्रयं न तु 'आदैच्' इति समाहार द्वन्द्वेन

पदद्वयम्, 'द्वन्द्वाच्चुदषहान्तात्समाहारे'[30] टजापत्तेः । न चेतरेतरद्वन्द्वः द्विवचनापत्ते । 'वृद्धिरादैच्' (1।1।1।) इति न च वृद्धिसंज्ञायां प्रत्याहारसूत्रस्य ग्राहप्रपञ्चस्य चापेपेक्शितत्वेऽष्टाध्याय्यामपि प्रथमं प्रत्याहारप्रञ्चं चाभिधाय 'वृद्धिरादैच्' इति सूत्रं कुतो नोक्तमिति वाच्यम्, 'मङ्गलार्थमादितो'[31] वृद्धिशब्दं प्रयुङ्क्तेय इति भाष्येणैवसमहित्वात्। 'ऐच्' इत्यत्र कुत्वन्तु न, 'छेन्दोवत्सुत्रानि भवन्ति' इत्यत्रत्यसुत्रभष्येण सुत्रेसु – छन्दस्त्वातिदेशेन 'अयस्मयादीनि छन्दसि'[32] इत्यनेन भत्वात्।

भुवादयो धातवः 1।3।1।। भूप्रभृतयो वासदृशाश्च ये तेधातुसंज्ञकाः इत्यर्थः । 'वा' धातुसादृश्यं चात्र। क्रियावाचित्वेन विवक्षितः। तस्मात् वृत्तौ दीक्षितेन लिखितम्– क्रियावाचिनो भ्वादयो धातुसंज्ञकाः स्युरिति। तद्यथा– पठति, गच्छति, भतित्यादिः। क्रियावचिनः किमिति प्रशने विकल्पार्थकवाशब्दस्य धातुसंज्ञा निवृत्यर्थम।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाणिनीयशिक्षायां व्याकरणं वेदपुरूषस्य मुखरूपेण स्वीकृत। आचार्य गोबिंद च शर्मा लक्ष्मी, बैयाकरणसिद्धान्त कौमुदी, चौखम्बा, सुरभारती प्रकाशन, बाराणसी 2017 पृ. vi।
2. भट्टाचार्य तपन शङ्कर लघु सिद्धान्तकौमुदी, संस्कृत बुक् डिपो,कलकाता, प्रःसः 2002, पृ.1।
3. अष्टा 1।1।71
4. हलन्त्यम् आदिरन्त्येनसहेता इत्यनयोः परस्परापेक्षत्वेनाःऽन्यो श्रयाल्लकारे इत्संज्ञमबोधयोत्वा बोधनं पानिनेरयुक्तम्। लघु शब्देन्दुशेखरे हलन्त्यमिति सूत्रे।
5. अष्टा 1।1।68
6. अष्टा 2।3।19
7. लक्ष्मीटीकायाम् अत्रैव सूत्रे।
8. अत्रैव सूत्रे लक्ष्मीटीकायाम्।
9. धञि च भावकारणयोः 6।4।27।
10. अष्टा 1।2।29 एवं 1।2।30
11. म. भाष्ये तस्यादितउदात्तमधह्श्वमितिसुत्रे
12. अष्टा 1।2।33
13. कृत्यल्यूटो बहुलम अष्टा 3।3।113
14. अष्टा 2।1।32
15. अष्टा 2।4।2
16. अष्टा 2।4।17
17. अष्टा 8।3।23
18. अष्टा 8।03।23
19. अष्टा 8।3।23
20. अष्टा 8।2।80
21. अष्टा 8।2।31
22. अष्टा 3।3।167
23. अष्टा 3।3।167
24. अष्टा 5।3।3
25. अष्टा 5।3।3
26. अष्टा 5।3।3
27. अष्टा 8।2।30
28. अष्टा 1।4।20
29. भाष्य बार्तिक अत्रैव सूत्रे भाष्ये
30. अष्टा 5।4।106
31. एतेदेकमार्चास्य मङ्ग्लार्थं मृश्यताम्। मांगलिक आचार्य महतः शास्त्रैघस्य मंगलार्थ बृद्धिशब्दमादितः प्रयुडकते मंगलादीनिहि शस्त्राणि प्रथन्ते बिरपुरूषाणि च भवन्ति आयुष्मतपुरूषाणि च अध्येतारश्च बृद्धियुक्ता यथा स्युः
32. अष्टा 1।4।20
33. बैयाकरणभूषणसारे–ब्यापरस्तुभाबनाऽमिधा साध्यत्वेनऽभिधीयमाना क्रियाक्रियान्तराऽकांखानुत्थापकताबच्छेदकरूपं सध्यत्मवम्।

****

भारतीय साहित्य में नायक-नायिका एवं प्रणय स्वरूप : मुग़ल चित्रकला के संदर्भ में

प्रो.डॉ.रश्मि जोशी * रिंकी साहू **

प्रस्तावना – मुग़ल चित्रकारों के भारतीय साहित्य के आधार पर अनेक प्रेम चित्र चित्रित किये गए हैं परन्तु इन प्रेम चित्रों का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि मुग़ल कलाकारों ने प्रेम का लौकिक पक्ष ही प्रस्तुत किया है। ऐसी परिस्थिति में मुग़ल चित्रकला में प्रणय अंकन का जो स्वरूप विकसित हुआ उसको इस अध्याय में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

संयोग पक्ष – संसार का मूल ही प्रणय में सन्निहित है इसी प्रणय के वशीभूत होकर प्रभु को सृष्टि का नियम बदलने तक की बात कह डाली है। 'प्रबल प्रेम के पल्ले पड़कर, प्रभु को नियम बदलते देखा। प्रभु की मान भलैचलि जाए, भक्त की जान न जाने पाये'। इस प्रणय को विभिन्न विद्वानो ने भिन्न-भिन्न प्रकार से परिभाषित किया है। जिसे हम निम्नवत् समझ सकते हैं, साहित्य दर्पणकार आचार्य विश्वनाथ के अनुसार प्रिय वस्तु के प्रति हृदय की उत्कठ उन्मुक्तता (प्रेमार्द्रता) को रति या प्रणय कहते हैं।

आगे चलकर इन्होंने रति की छ: अवस्थाओं में से प्रणय को उसकी प्रथम अवस्था माना है जिसमें युवक-युवती समान रूप से एक दूसरे के प्रति अपनत्व के भाव में बंध जाते हैं।

श्रृंगार रस को आदि रस भी कहा जाता है क्योंकि दम्पत्ति के बीच पनपने वाला अनुराग या रति ही सृष्टि का मूल कारण है। श्रृंगार रस में रति स्थाई भाव प्रेमी-प्रमिका आलम्बन और आश्रय होते हैं। संयोग से श्रृंगार में आलम्बन की अनुकूल चेष्टाएँ आकर्षक व्यक्तित्व और आदर्श व्यवहार आदि चेष्टाएँ चेतन उद्दीपन तथा एकान्त स्थल प्राकृतिक रमणीय दृश्य नदी, सरोवर का तट, पुष्प वाटिका आदि ब्राह्य जड़ आलम्बन है। हंसना, लजाना, पुलकित होना, गाना, परस्पर आलिंगन, चुंबन परस्परिक प्रशंसा अनुभव है। हर्ष, चपलता, आहलाद, रोमांच आदि संचारी भाव हैं दूसरी ओर दिप्रलम्भ श्रृंगार में प्रिय का चित्र तथा उसकी प्रिय वस्तु उद्दीपन का कार्य करते हैं। रोना प्रिय के गुणों और कार्य व्यवहार का अनुकथन आदि अनुभाव है तथा विषाद स्मरण, जड़ता, उन्माद आदि संचारी भावों के संयोग से विप्रलम्भ श्रृंगार का परिपाक होता है।

वत्सल रस – पुत्र वात्सल्य रति में अलम्बन का कार्य करता है और माता इस का आश्रय होती है पुत्र का सुन्दर रूप और उसकी बाल क्रीडाएँ उद्दीपन का कार्य करती है। माता का गाना, पुत्र को उठाकर प्यार करना, उसको प्रसन्न करना अदि अनुभाव है हर्ष आहलाद, चपलता, आवेदश आदि संचारी भावों के सहयोग से वात्सल्य रति उस रूप को प्राप्त करती है।

श्रद्धा और प्रेम – प्रेम अधिकांश में अकारण या बाहय रूप पर आधारित होता है किन्तु दूसरे के गुण या श्रेष्ठ कार्य को देखकर उसके प्रति आकर्षित होना उसकी प्रशंसा करना या उसका अनुकरण करने का प्रयास करना श्रद्धा कहलाता है प्रेम नहीं। प्रेम में हम प्रेमी के साथ अधिक समय तक रहना चाहते हैं उस पर अपना अधिकार जतलाते हैं। उसको प्रसन्न करते हैं और यह इच्छा होती है कि हमारे अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति हमारे प्रेमी को चाहने वाला, सेवा करने वाला या प्रशंसा करने वाला हम दोनों के मध्य न आए, किन्तु श्रद्धा में हमारा ध्यान श्रद्धास्पद व्यक्ति की ओर नहीं बल्कि उसके श्रेष्ठ गुण और कर्मो के प्रति रहता है जिसके प्रति हमारी श्रद्धा और हमारे मन में सम्मान भाव है उसके प्रति दूसरे व्यक्ति वैसी ही श्रद्धा और सम्मान का भाव रखे, यह चाह और प्रयत्न हमारा बना रहता है। श्रद्धा में जिसके प्रति हमारा आदर भाव है, उससे हमारी भेंट भी हो जाए या सम्पर्क भी बना रहे, आवश्यक नहीं, किन्तु प्रेम में निकट सम्पर्क और साहचर्य के बिना प्रेम जन्म ही नहीं ले पाता। प्रेम में प्रेमियों में समानता का भाव रहता है किन्तु श्रद्धा में, श्रद्धा करने वाला छोटा शिष्य रूप और जिसके प्रति श्रद्धा होती है वह बड़ा और गुरू रूप होता है।

काम और प्रेम – प्रेम में साहचर्य, दो प्रेमियों का परस्पर मिलना, एक दूसरे को चाहना और एक दूसरे का सहयोग करना परम आवश्यक है। यदि दोनों प्रेमी सजातीय ही नहीं वरन् विपरीत लिंग के भी हो तो उनका मिलना एक दूसरे को चाहना और एक-दूसरे को सहयोग करना, एक दूसरे को प्रभावित करने और एक-दूसरे के काम भाव या विकास को जागृत करने का कार्य भी करता है। यह काम रति का जीवन साथी और दूसरे अर्थो में पति है। विपरीत लिंग के प्रेमियों में यह काम एक-दूसरे को समझने, एक-दूसरे का विश्वास जीतने और एक दूसरे की आवश्यकता पूर्ति करने के लिए अग्रसर होता है। काम से जुड़कर प्रेम में प्रगाढ़ता, निश्चिन्ता, तृप्ति तथा भविष्य के सुन्दर सपने सजोने की प्रेरणा का कार्य करता है। यह काम प्रेमियों के अन्दर प्रौढ़ता, गम्भीरता, आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व का भाव उत्पन्न करता है। यह नर-नारी के रूप, गुण और सामर्थ्य को विकसित करता है और उन्हें समाज में काम सृजनशीलता के लिए प्रेरित करता है। काम प्रेम को स्थिरता और सक्रियता प्रदान करने के लिए आधार कर्मक्षेत्र प्रदान करता है अन्यथा प्रेम स्वयं में वायवीय और स्वप्नलोक व कल्पनालोक है जो कि प्रेमियों को संकीर्ण, पंगु तथा पलायनवादी बनाता है। इससे स्वयं तो प्रेमियों के गुणों और व्यक्तित्व विकास तो रूक ही जाता है किन्तु साथ ही सामाजिक उन्नति और विकास को भी क्षति पहुँचती है। प्रसाद जी के शब्दों में काम कोई बुरी

*विभागाध्यक्ष (चित्रकला) सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल(म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) भारत

चीज़ नहीं है वरन् एक कल्याणकारी व सृजनशील दिव्य भाव है :-

काम मंगल से मंडित श्रेय, सर्ग इच्छा का है परिणाम।
तिरस्कृत उसको तुम भूल, बनाते हो असफल भवधाम।।[1]

जब तक काम मर्यादा और आदर्श से पूर्ण है तब तक वह ग्राह्य और ईश्वर तुल्य है। इसीलिए गीता में श्रीकृष्ण ने अपने आप को शास्त्र के अविरूद्ध काम बतलाया है।म

नारी और प्रेम – यद्यपि नर और नारी दोनों का समान गुण है तथापि नारी प्रेम की सहज जन्मस्थली है। पुरूष प्रेम पर अधिकार पाना चाहता है। उसको अपने प्रभुत्व और अहम को खोने में कष्ट होता है। इसलिए वह नारी का प्रेम मार्ग में सहयोग तो दे सकता है किन्तु कुछ ही समय पश्चात् अधिकार के लिए मचल उठता है और अनेक बार प्रेम बंधन को तोड़ने के लिए व्याग्र दिखलाई पड़ता है जबकि नारी का स्वभाव ही प्रेम प्रधान है। त्याग, सेवा, दया, ममता, परोपकार, विश्वास, दूसरे के गणों की पूजा, दसरे का सम्मान, दूसरे की उन्नति के लिए प्रयत्न और सद्कामना, दूसरे की छत्रछाया में निश्चित होकर रहना, कष्ट सहते हुए भी दूसरे के लिए जीवन बिताना स्त्री के सहज धर्म हैं। नारी अपनी आँखों में आँसू भरकर उन्हें स्वयं पी जाती है, दूसरों तक प्रकट भी नहीं होने देती किन्तु दूसरे की आवश्यकता और पोषण के लिए अपने आँचल के दूध को मानवता के लिए समर्पित करती है। यही उसके प्रेम का सन्धिपत्र है।

वियोग पक्ष – यह सत्य है कि प्रेम में मिलन या संयोग सुष्पित्ति है तो निश्चय ही विरह जागृति है प्रेम की सच्च कसौटी तो विरह है। इस विरह की साहित्य में बड़ी मार्मिक चर्चा रही है। कृष्ण की गोतियों के विरह वर्णन को तो कवि अनेक रूपों में चित्रित करते रहे हैं, सूर की भ्रमर गीत, जगन्नाथ रत्नाकर की गोपी विरह वर्णन जायसी का नागमती विरह वर्णन हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि रहे हैं। निश्चय ही यह सत्य है, कि 'वियोगी होगा पहला कवि आह से उपजा होगा गान, गान उमड़कर नयनों से चुप-चाप वही होगी कविता अनजान'। व्यापकता एवं प्रभात की दृष्टि से विप्रलम्भ श्रृंगार निश्चय ही श्रृंगार रस का अत्यधिक महत्वपूर्ण निधि है। निर्विवाद रूप से सम्भोग श्रृंगार की अपेक्षा उसका अधिक महत्व है। सहित्यदर्पणकार का स्पष्ट मत है-

न बिना विहप्रलम्भन संयोग: पुष्टि मरनुते।
कषयिते हिवस्त्रादो मयानरागो विविर्धत: ।।[2]

अर्थात बिना वियोग के संयोग श्रृंगार परिपुष्ट नहीं होता कषापित वस्त्रादि पर ही अच्छा रंग चढ़ता है। रंग से पहिले अनार के छिलके के काडे में वस्त्र को भिगोना कषापित करना कहलाता है। प्रखर सूर्य की किरणों से तृप्त होने के बाद ही वृक्ष की शीलता छाया के वास्तविक मुख का अनुभव प्राप्त होता है। महाकवि सूरदास ने भी विरहिजी ब्रजागनाओं के मुख द्वारा उद्धव के सम्मुख इसी प्रकार की बात कही है।

उधौ, विरहौ प्रेम करै,

उयो विनुपुट पट गहै न रमहि, पुट गहि रसहि परै।
जो आवो घट दहत अनल तनु तै पुनि अमिय भरै।।[3]

विप्रलम्भ श्रृंगार पाँच कारणों से होता है अभिलाषा हेतुक, ईर्ष्या हेतुक, विरह हेतुक, समीप रहने पर भी गुरूजनों की लज्जा के कारण समागन नहीं, प्रवास हेतुक तथा शाप हेतु। तात्पर्य यह है कि मिलन के पूर्व मिलन के समय तथा मिलन के पश्चात् प्रत्येक अवस्था में एवं दशा में विरह श्रृंगार का हेतु होता है, यहाँ तक की संभोग समय भी पुष्टि हेतु प्रणयमान का सहारा लिया जाता है। यह प्रणयमान जैसा हम देख चुके हैं विप्रलम्भ श्रृंगार का ही एक उपभेद है।

साहित्य दर्पणकार ने प्रिय वियोगजनित एकादश दशाएँ मानी हैं-

1. अंगों में असांनोष्ठब, 2-सन्ताप, 3. पाडुता, 4. दुर्बलता, 5.अरूचि, 6. अधीरता, 7.अस्थिरता, 8. तन्मयता, 9. उन्माद, 10 मुर्च्छा, 11. मरण

वियोग जनित दस दशाएँ- हिन्दी कवियों ने वियोग जनित दस दशाओं का वर्णन किया है उनका संक्षिप्त परिचय है यहाँ दिया जाता है वे इस प्रकार है-

- **अभिलाषा-** वियोगावस्था में नायक-नायिका के परस्पर मिलने की इच्छा को अभिलाषा कहते हैं। यह अवस्था पूर्वानुराग में विशेषरूप से पाई जाती है।
- **चिन्ता-** प्रिय प्राप्ति अथवा चित्त शान्तिसाधन विचार को चिन्ता कहते हैं। अहितकारी तिचार या प्रिय पदार्थ के ध्यान को चिन्ता कहते है।
- **स्मरण-** वियोग समय में प्रिय के संयोग समय की पिछली बातों, चेष्टाओं और समागम सुखों को याद करने को स्मरण कहते हैं।
- **गुण कथन-** वियोग काल में प्रिय के गुणों का वर्णन करना गुण कथन कहलाता है।
- **उद्धेग-** प्रिय वियोग से व्याकुल होकर किसी विषय में चित्त न लगने का नाम उद्धेग कहते हैं।
- **प्रलाप-** वियोग से अत्यधिक व्यथित होकर प्रिय की अनुपस्थिति में भी उसे उपस्थित मानकर अनर्गल किम्बा निरर्थक वार्तालाप एवं चेष्ठा करने को प्रलाप कहते हैं।
- **उन्माद-** वियोग जनित व्यथा के कारण बुद्धि विपर्यय हो जाने से विरही द्वारा वृथा व्यापार करने, जड चेतन विवेक रहित होने और व्यर्थ हॅसने, रोने आदि को उन्माद कहते हैं।
- **जड़ता-** वियोग जनित दु:खतिरेक के कारण शरीर के स्तब्ध हो जाने का नाम जड़ता है इसमें व्यक्ति सुधबुध भूलकर निस्तब्ध और निश्चेष्ट ही हो जाता है। अंगों तथा मन के चेष्टा शून्य होने और इन्द्रियों के गति के अवरोध को जड़ता कहते हैं।
- **मरण-** प्राण परित्याग का नाम मरण है परन्तु साहित्य में वियोगावस्था जनित नैराश्य की पराकाष्ठा को ही मरण कहते हैं। इसलिए कविगण मरण का स्पष्ट वर्णन न करके उसके स्थान पर मूर्च्छा अथवा मृत व्यक्ति के सुयश, वीरता आदि गुणों का वर्णन करते हैं।

भारतीय चित्रकला में नायक-नायिका के संयोगावस्था से संबंधित प्रसंगों का चित्रण जितनी कुशलता से हुआ है उतना विरहजन्य स्थलों का नहीं। इसका एकमात्र कारण चित्रकला की अपनी व्यक्त करने की सीमा है जिसमें 'आनन्द' से इतर कुछ भी नहीं है। फिर तत्कालीन समाज की रूचि भी विप्रलम्भ श्रृंगार की ओर कम ही रही। यही कारण है कि चित्रकला की विवधि शैलियों में संयोग चित्रों की अपेक्षा विप्रलम्भ के चित्र बहुत कम मिलते हैं लेकिन विप्रलम्भ के जो भी चित्र प्राप्त होते हैं उनका अंकन बड़ी कुशलता एवं सूक्ष्मता से किया गया है, जो अपने-आप में बड़े भाव एवं उत्कृष्ट हैं। इन चित्रों को देखकर काव्यगत विरह भावना का अध्ययन सूक्ष्मता से किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कामायनी श्रद्धा पृ. सं. -24
2. गीता अध्याय 10/28
3. डॉ. राजेश्वर प्रसाद, रीतिकालीन कविता एवं श्रृंगार-रस का विवचन पृ. सं. -37
4. टंडन, आर.ए. - भारतीय चित्रकला की रूपरेखा,
5. अग्रवाल, आर.ए. - कला विलास,
6. बाबरनामा भाग- एक

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

कृषि उपज मण्डी समिति में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जनप्रतिनिधियों की भूमिका (बड़वानी जिले के विशेष सन्दर्भ में)

सुनीता बेले * डॉ. कान्ता अलावा **

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश के पश्चिम् निमाड़ क्षेत्र में स्थित बड़वानी जिला भारतवर्ष के हृदय प्रदेश अर्थात् मध्यप्रदेश का एक आदिवासी बहुल जिला है। 25 मई 1998 को राज्य सरकार द्वारा जिलों पुनर्गठन किया गया और इसी पुनर्गठन में पश्चिम निमाड़ जिले का विभाजन कर खरगोन व बड़वानी जिलें बनाए गए और यह बड़वानी जिला अस्तित्व में आया। यह जिला मध्यप्रदेश के दक्षिण पश्चिम भाग में स्थित है। सन् 1998 के पूर्व तक यह खरगोन जिले में तहसील के रुप में सम्मिलित था।

बड़वानी जिला अमृतसरिता नर्मदा किनारे स्थित है। जिले का क्षेत्रफल 5422 वर्ग किलोमीटर तथा जनसख्या 13,85,881 व्यक्ति है, जो कि मध्यप्रदेश की जनसंख्या का 1.9 प्रतिशत है। यहां का भौगोलिक परिदृष्य अनूठा और मनोरम है, एक ओर सतपुडा तो दूसरी ओर विंध्यांचल पर्वत श्रृंखला स्थित है। यहां अधिकांश गहरी काली मिट्टी होने से इस क्षेत्र में कपास की फसल बहुतायात में होती हैं। यह क्षेत्र मिर्ची के उत्पादन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में चावल अनुसंधान केन्द्र भी स्थापित किया गया है।बड़वानी को **'निमाड़ का पेरिस'** भी कहा जाता है।

बड़वानी जिलें का राजनैतिक स्थिति – आजादी के पश्चात् पश्चिम निमाड़ मुख्य रुप से कांग्रेस व जनसंघी नेतृत्व के अधीन रहा। जिले की एक मात्र बड़ी रियासत बड़वानी के महाराजा रणजीत सिंह व उनके उत्तराधिकारियों ने सक्रिय राजनीति में रुचि नहीं ली। संवैधानिक व्यवस्था के अनुरुप जिले की अनुसूचित जनजातीय बहुलता के कारण राजनीतिक पदों पर आरक्षण दिया गया। जिले की सभी विधानसभा सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं। यहां मुख्यत: खरगोन, सेंधवा व बड़वानी ने ही राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया है। खरगोन जिले के कसरावद क्षेत्र के कांग्रेसी राजनेता श्री सुभाष यादव ने तीन बार संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व किया। साथ ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रुप में भी जिले को पहचान दी, एवं सहकारिता के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए।

जनसंघ के नेतृत्वकर्त्ता समाजसेवक व समाज सुधारक सेंधवा निवासी श्री रामचन्द्र बडे साहब ने जिले को दिशा दी। जनसंघ के बाद भाजपा के रामेश्वर पाटीदार ने भी संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होकर जिले की सेवा की है।

कृषि उपज मण्डी समिति – कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना एक समस्या थी। कृषक की उपज जो अनेकों मध्यस्थों के हाथों से होकर गुजरती थी। उपर्युक्त परिस्थितियों से तथा मध्यस्थों की बढ़ती हुई भूमिका ने कृषि उपज विपणन हेतु मण्डी समितियों की आवश्यकता महसूस की। इसी के तहत् सन् 1887 से निरन्तर सन् 1927 तक कृषकों के हित में अनेक एक्ट सरकार द्वारा पारित किए गये। इसी क्रम में सन् 1939 में इसके लिए एक विधान बनाया गया जो **'कृषि उत्पादन विपणन अधिनियम'** के नाम से विख्यात है।

बड़वानी जिलें में कृषि उपज मण्डियाँ – जिले में सन् 1947 तक जहां मण्डियों की संख्या नगण्य थी, वहीं वर्तमान समय में मण्डियों की संख्या पाँच हो गयी हैं और उपमण्डियों की संख्या सात है। सरकार ने कृषि विपणन में उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए वर्तमान में मण्डी नियंत्रण अधिनियम क्रियाशील किया हैं। इस अधिनियम के माध्यम से कृषि विपणन के दोषों को दूर किया जा रहा है। वर्तमान में कृषि उपज क्रय-विक्रय हेतु स्थापित मण्डी समितियां देश की प्रगतिशील स्वायत्त संस्था है। मध्यप्रदेश में कृषि उपज अधिनियम 1972 के द्वारा मण्डियों को नियंत्रित तथा नियमित किया जाता है। बड़वानी जिले की मण्डियों और उपमण्डियों को निम्न तालिका में प्रस्तुत किया गया है।

तालिका क्रमांक 01 : बड़वानी जिले की मण्डियाँ

क्र.	मुख्य मण्डी	उप-मण्डियाँ
1	बड़वानी	-
2	सेंधवा	निवाली
3	खेतिया	पानसेमल
4	बलवाडी	धवली
5	अंजड़	पलसुद, राजपुर, ओझर, बरुफाटक

स्त्रोत : कृषि उपज मण्डी समिति कार्यालय, बड़वानी

कृषि उपज मण्डी समिति, बड़वानी की कोई भी उपमण्डी नहीं है, जबकि अन्य कृषि उपज मण्डी समिति, खेतिया, बलवाडी व सेंधवा की एक-एक उपमण्डियाँ है और अंजड़ मण्डी समिति की चार उपमण्डियां है।

यहां के अधिकांश कृषक अशिक्षित व ऋणग्रस्त है। उनकी इस मजबुरी का लाभ साहुकार उठाते हैं। अत: कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। कृषकों के लिए कृषि उपज मण्डियों की आवश्यकता उत्पन्न हुई। मण्डियों की स्थापना हो जाने से ऋणग्रस्त एवं आश्रित किसानों को भी उनकी उपज का सही मूल्य प्राप्त होने लगा है, साथ ही साहुकारों की मध्यस्थता से भी छुटकारा मिल रहा है। बड़वानी जिलें की मण्डियों की स्थापना सन् 1953 से 1970 के बीच के दो दशकों में ही की गई हैं, जिसे निम्न तालिका में स्पष्ट किया गया है-

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत
** प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बड़वानी (म. प्र.) भारत

तालिका क्र. 02 : बड़वानी जिले में मण्ड़ियों की स्थापना

क्र.	मण्ड़ी का नाम	स्थापना वर्ष
1	सेंधवा	1953
2	अंजड़	1955
3	खेतिया	1956
4	बड़वानी	1969
5	बलवाड़ी	1970

स्त्रोत-कृषि उपज मण्डी समिति कार्यालय, सेंधवा

बड़वानी जिले की समस्त कृषि उपज मण्ड़ियों में सबसे पुरानी कृषि उपज मण्ड़ी सेंधवा हैं, जिसकी स्थापना 1953 में हुई और बलवाडी नवगठित मण्ड़ी हैं, जिसकी स्थापना सन् 1970 में हुई। बड़वानी जिले की मण्ड़ियों में केवल सेंधवा मण्ड़ी एकमात्र मण्ड़ी है जो 'अ' श्रेणी में आती हैं। इसका प्रमुख कारण यह है कि सेंधवा में कपास का व्यापार बड़े पैमाने पर होता है। सेंधवा मण्ड़ी की केवल एक उपमण्ड़ी हैं जो निवाली में स्थित हैं, जिसकी स्थापना 1981 में की गई। इस मण्डी के कार्यक्षेत्र में 18 गाँव सम्मिलित हैं।

बड़वानी जिले की मण्ड़ियों में सेंधवा मण्ड़ी के अतिरिक्त शेष चार मण्ड़ियाँ 'स' एवं 'ड' श्रेणी में आती हैं। 'स' श्रेणी में आने वाली मण्ड़ियों में अंजड कृषि उपज मण्ड़ी है। इसकी चार उपमण्ड़ियाँ है, जो राजपुर, पलसूद, ओझर और बरुफाटक में संचालित की जाती हैं। इनकी स्थापना क्रमशः 1987, 1989, 1969 तथा 1984 में की गई थीं। बड़वानी जिले की दूसरी 'स' श्रेणी की मण्ड़ी खेतिया मण्ड़ी हैं। इस मण्ड़ी की एक उपमण्ड़ी पानसेमल हैं, जिसकी स्थापना 1960 में हुई।

बड़वानी जिले की कुल जनसंख्या का 6.3 प्रतिशत भाग अनुसूचित जाति के लोगों का है। जिलें की अनुसूचित जाति के कृषकों में मुख्यत: बलाई, कोली, मेहतर, चर्मकार तथा अहिरवार उपजाति के लोग शामिल है। जिले में अनुसूचित जाति के अधिकांश परिवार पारम्परिक व्यवसाय में ही कार्यरत् है। इनके पास कृषि योग्य भूमि नहीं है। आजिविका के लिए पारम्परिक व्यवसाय, कृषि व अन्य व्यावसायिक क्षेत्र में मजदूरी कर रहे हैं।

अनुसूचित जाति के जनप्रतिनिधियों में बड़वानी जिलें की मण्डी समिति, बड़वानी में श्री नानुराम अरोरा ही एक मात्र सदस्य है जो जिले की मण्डी समितियों के सर्वोच्च पद पर अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अनुसूचित जाति के अन्य जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी सीमित रही हैं।

बड़वानी जिले में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 70 प्रतिशत से अधिक लोग निवास कर रहे हैं। जिले के सर्वेक्षित अनुसूचित जनजाति के कृषक सदस्य भील, भीलाला, पटेल और बारेला उपजाति समुदाय से है। खेतिया, पानसेमल, सेंधवा, बलवाड़ी, धवली, चाचरिया, धनोरा क्षेत्र के अधिकांश बारेला समुदाय में कृषक सदस्य है। बड़वानी, अंजड़, राजपुर, ठीकरी, पाटी, सिलावद क्षेत्र में भील, भीलाला और पटेल समुदाय के कृषकों की संख्या अधिक है। जिले के लगभग 95 प्रतिशत जनजाति सदस्यों के पास रोजगार का एकमात्र स्त्रोत कृषि है। शेष सदस्य मजदूरी करते हैं। नाममात्र के जनजाति लोगों को सरकारी नौकरी का लाभ मिल सका है। जिलें में खरगोन-बड़वानी संयुक्त लोकसभा सदस्य का पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है एवं साथ ही बड़वानी क्षेत्र की सभी चारों विधानसभा भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है।

बड़वानी जिलें के अनुसूचित जनजाति वर्ग के सेंधवा के जनप्रतिनिधि श्री अंतरसिंह आर्य मध्यप्रदेश सरकार में पशुपालन मंत्री है। सांसद श्री सुभाष पटेल राजपुर क्षेत्र के निवासी है। दूसरी ओर जिलें में अनुसूचित जनजाति वर्ग के श्री सुखलाल परमार लगभग पांच वर्षो से कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पद पर सुशोभित है। जिलें के अन्य अनुसूचित जनजाति वर्ग के राजनेताओं में सबसे प्रमुख नाम राजपुर विधायक श्री बालाबच्चन का है जो पूर्व में मंत्री भी रहे हैं। श्री मकनसिंह सोलंकी पूर्व सांसद, श्री प्रेमसिंह पटेल पूर्व विधायक बड़वानी, श्री दीवानसिंह पटेल, विधायक पानसेमल, श्री ग्यारसीलाल रावत पूर्व विधायक आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त श्री धन्नालाल पटेल और श्री संजय पटेल अंजड़ मण्डी अध्यक्ष रहे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के बड़े पदों पर स्थापित जनप्रतिनिधियों के संरक्षण एवं सहयोग के बाद भी इस वर्ग के कृषक सदस्यों के हितों की रक्षा वास्तविक रुप से करने में असमर्थ प्रतीत हो रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972, भोपाल
2. राधामोहन, श्रीवास्तव : भारतीय कृषि की समस्याएं, सहकारिता एवं विपणन, म. प्र. भोपाल
3. कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, बड़वानी, अंजड़, सेंधवा, बलवाडी व खेतिया से प्राप्त जानकारी
4. व्यक्तिगत साक्षात्कार पर आधारित।

****

लोक कला का व्यापक प्रचार प्रसार

प्रो.डॉ.रश्मि जोशी * ममता सिन्हा **

प्रस्तावना – लोक कला लोक मानस से प्रेरणा और पोषण पाती रही है, एवम् उसी को प्रतिबिम्बित करती है तथा जन साधारण का जीवन अति दुष्कर होते हुए भी सहज व सुखमय बनाती है तथा जीवन को खुशियों से भरपूर करते हुए उस महान देविक शक्ति के आगे नतमस्तक हो जाता है जिससे कोई पार नहीं जा सकता जो अनन्त, अजर तथा अमर है। अर्थात् इसी बहाने मनुष्य थोड़ी सी राहत की साँस लेता है तो फिर ये तीज-त्यौहार, पर्व, मेले-ठेले, अनुष्ठान आदि कैसे भुलाए जा सकते हैं? शायद इनका भविष्य और अधिक उज्जवल, आशापूर्ण व उत्साहजनक ही होगा, परन्तु यह अत्यन्त दुख का विषय है कि नगरों में जैसे-जैसे शिक्षा का प्रभाव बढ़ रहा है- लोक गीत, लोक चित्रकला, लोक कथाओं का भी लोप होता जा रहा है। प्राचीन मान्यताओं को भूल कर आज का शिक्षित वर्ग अपनी मान-प्रतिष्ठा के लिए धीरे-धीरे अपनी प्राचीन सभ्यता, रीतिरिवाजों को अनदेखा करता जा रहा है। आज की शिक्षित नारी तीज, त्यौहार, मेंहदी, महावर, अल्पना, बिन्दी, सिन्दूर लगाना ढकोसलेबाजी और अंध विश्वास मानती हैं तथा तीज-त्यौहार मनाना समय व्यर्थ गवाना मानती हैं। जिस श्रद्धा व विश्वास से गाँव की स्त्रियाँ लोक चित्रों का अंकन करती है, वो भावना शिक्षित स्त्रियों में लुप्त होती जा रही है। दीवारों पर चित्रांकन उनके लिए दीवारों को गंदा करना मात्र है। तस्वीर रखकर या बाजार से बनी-बनाई (छपी) तस्वीर लाकर पूजा कर लेना फैशन हो गया है। सड़कों पर कुंआ पूजने जाते समय गीत गाते चलना अच्छा नहीं समझा जाता है। पुराने श्रृंगार समाप्त होते जा रहे हैं, उनके स्थान पर 'ब्यूटी पार्लर' खुल गए हैं जहाँ रोज सौ पचास रूपये खर्च करना उनकी प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है।

समय की तेज रफ्तार में जहाँ दुनियाँ की परिस्थितियाँ बदली हैं, वहीं लोगों की रूचि और रूझान भी बदले हैं ऐसे में इस कला के प्रति भी सन् 1984 ई. से दुनिया भर के लोगों के रूझान कम हुए हैं। अपने देश में भी इसके बाजार खत्म हो रहे हैं, हालाँकि सरकारी एवं संस्थागत स्तर पर इसके अस्तित्व को बरकरार रखने का प्रयास जारी है और इसके लिए अनेक स्वैच्छिक संस्थाएँ काम कर रही हैं। इसी कारण से अब मधुबनी गाँव की स्त्रियाँ मधुबनी आकारों में छपाई व ठप्पे का काम कर रही हैं। यह काम कपड़ों पर भी हो रहा है। यह बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर अपने आप मधुबनी स्त्रियों को बनाकर कपड़ों पर उतारती हैं तथा लकड़ी के ठप्पों जैसे- चिड़िया, तोता, मोर हाथी, मछली आदि आलंकारिक नमूनों को बनवाकर कपड़ों पर बनाती हैं जिससे ये खोई हुई परम्परा को आगे ला रही हैं। चित्रों आजकल कम खरीदा जा रहा है। ये साड़ी, बेडशीट, पिलो एवं कुशन कव्हर आदि पर काम करके इस शैली को बढ़ा रही हैं तथा अत्याधिक लोग पसन्द भी कर रहे हैं। हाथ से बनी साड़ी को कलाकार मंहगी बेचते हैं तथा वही साड़ी बडे़-बड़े उद्योगों द्धारा मशीनों से स्क्रीनिंग कर सस्ते में मिल जाती है। आजकल बहुत से फैशन डिजाइनिंग स्कूलों, टेक्सटाइल आदि में इन नमूनों को देखा जा सकता है। वहाँ के शिक्षक इन नमूनों को बनवाकर इस कला को सबके आगे लाना चाहते हैं।

लेकिन विदेशी बाजार के खुलने के साथ ही, स्थानीय कलाकार का शोषण होने लगा, इन गरीब चित्रकारों को सरकार से मदद नहीं मिली बल्कि बहुत सस्ते में चित्र बेचने पड़ते थे, मिट्टी के बर्तनों पर कुछ समय पहले तक उत्तार बिहार (मिथिला) की लोक कला व शिल्प की विविधता व अच्छाई के विषय में कम ही ज्ञान था। दरभंगा जिले के गजेटियर में यह गलत ही लिखा था, कि इस क्षेत्र में कोई शिल्प कला नहीं है, इस गलत धारणा के कारण भी अनोखे हैं। हमें बताया जाता है, कि उत्तरी बिहार में शिल्पियों के लिए मुगलों ने कोई कारखाने नहीं खोले क्योंकि उनकी सेना व सेनापति इस उजाड़, बीहड़ व अविकसित प्रदेश में रहना नहीं चाहते थे, इस प्रकार इस क्षेत्र के निवासियों की कल्पना शक्ति को प्रबल बनाने में कई चीजों का योगदान रहा है। इसमें इन लोगों को शिल्पकारी की परम्परा व श्रेष्ठ सौन्दर्य बोध विकसित करने में सहायता की। इन लोगों ने अपने को सुन्दर व रंगीन वस्तुओं से घेरे रखने की इच्छा जागृत की, फिर चाहे ये वस्तुएँ जंगली बरसाती घास, सादी लाल मिट्टी या भड़कीले रंगीन टुकड़ों से बनी हो।

प्राचीन स्वावलम्बी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हस्तशिल्पी का अस्तित्व रीति-रिवाज, परम्परा व उयोगिता के कारण हमेशा सुरक्षित रहा। शिल्पकार (नारी व पुरूष) की एक प्रतिष्ठा होती थी, व उसके प्रति समाज अपना दायित्व कभी नहीं भूलता था। इस प्रकार यह कला पिता से पुत्र, पुत्र से पुत्र को मिलती थी। इसी तरह माँ से पुत्री को, व पुत्री से पुत्री को। गाँव की हस्तकला में राजा महलों में पनपने वाली परिष्कृत कला में कोई अन्तर नहीं होता था। अन्तर था तो केवल परिपक्कता, कौशल व नए-नए प्रयोग करने का। इन हस्तकलाओं में हमें नक्काशीदार (खुदाई) लकड़ी की वस्तुएँ, पकी-मिट्टी के खिलौने, चाँदी के बने कोमल पर बारीक चित्र आदि मिलते है। बिना किसी संशय के हम कह सकते हैं कि इन कलाकृतियों में इन लोगों का जन्मजात सौन्दर्य, आकार, रंग व हस्तकलाएँ इनके जीवन का अभिन्न अंग थी। इसी कारण इन लोगों ने अपनी प्राचीन व अद्वितीय कलाओं को सुरक्षित करके रखा व इन्हें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंपते गए। आज भी ये इन कृतियो को साधारण उपकरणों जैसे सुई, निबुआ, तकुआ, छैनी आदि से बनाते हैं। इन हस्तकालाओं को लम्बे समय से विश्वभर में मान्यता मिल चुकी है, और आज भी ये अपने सौन्दर्य व उपयोगिता के कारण कला प्रेमियों का ध्यान

*विभागाध्यक्ष (चित्रकला) सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल(म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) भारत

आकर्षित करते हैं।

अवसरो पर मनाए जाने वाले सामाजिक उत्सवों व धार्मिक पर्वो पर ये मिट्टे के खिलौने (आकार) बनाए समस्त हस्तकलाओं में से मिट्टी के खिलौने बनाने की कला सबसे प्राचीनतम कला है। यह कला, जो ग्रामीण लोगों में सबसे ज्यादा प्रचलित है, जो उनके सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालती है। ये मिट्टी के खिलौने युगों पुरानी गौरवशाली परम्परा का जीवंत नमूना हैं जो आज तक किसी न किसी रूप में जीवित हैं। ये हमें समयकालीन धार्मिक धारणाओं, मनोरंजन, पहनावे व आभूषणों व सभी के अध्ययन के लिए बहुमूल्य सामग्री देता है। वैशाली व मिथिला की और क्षेत्र पाए जाने वाले मिट्टी के खिलौने आम आदमी की इस अनोखी कला का एक प्रमाण है जिसका अस्तित्व समाज के उच्च व परिष्कृत वर्ग की अवहेलना व प्रोत्साहन की कमी के कारण कभी-कभी खतरे में पड़ गया।

कुछ अन्य घरेलू हस्तकलाएँ भी हैं, जो बिहार के गाँवों में गृहणियों द्वारा बनाई जाती हैं इसके अतिरिक्त सजावटी खिलौने व अन्य वस्तुएँ जो विभिन्न रंग के कपड़ों व धागों से तैयार की जाती हैं। पंखे, कढ़ाई, सिक्की, मूंज व बाँस से बनी टोकरियाँ भी बिहार की ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाई जाती हैं।

मिट्टी के बर्तन व खिलौनों में प्रयुक्त प्रतिभाशाली नमूने हर ग्रामीण क्षेत्र में प्रचलित थे। लोक परम्परा की पुष्टता, पूरे बिहार में आज भी बनने वाले मिट्टी के बर्तन व खिलौनों के आकार से दिखाई देता है।म वस्तुत: प्रत्येक क्षेत्र व प्रत्येक गाँव की बर्तन बनाने व खिलौने बनाने व सजाने की अपनी अलग शैली है। इन संस्कारों से जुड़े मिट्टी के खिलौने (आकार) उतने ही उत्ताम हैं जितने की उत्खनन जाते हैं यह परम्परा उन स्थानों में भी कायम है जो अभी भी खेती बाड़ी से संबंधित कस्बे हैं। किसी भी गाँव में प्रवेश करने से पहले हमें ग्राम देवता दिखाई पड़ते हैं जो गाँव के रक्षक माने जाते हैं। कभी ये वृक्ष के नीचे रख दिए जाते हैं व कभी इन्हीं के लिए बनाए गए बाँस के ओसारे में। मिट्टी की कृतियों की सबसे श्रेष्ठ परम्परा मिथिला में पाई जाती है। यहाँ के कुम्हार परिवार विवाह के लिए हाथी, बाह्य स्थान के लिए घुड़सवार, उत्सवों व समारोहों के लिए विशेष सजावट के बर्तन और कलश, छोटे बच्चे के लिए खिलौने जिन्हें वे मेले से खरीद सकते थे बनाते आए हैं।

कुछ अन्य घरेलू हस्तकलाएँ भी हैं, जो बिहार के गाँवों में गृहणियों द्वारा बनाई जाती हैं इसके अतिरिक्त सजावटी खिलौने व अन्य वस्तुएँ जो विभिन्न रंग के कपड़ों व धागों से तैयार की जाती हैं। पंखे, कढ़ाई, सिक्की, मूंज व बाँस से बनी टोकरियाँ भी बिहार की ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाई जाती हैं।

इसी प्रकार सिक्की, मूंज व कपड़ों के टुकड़ों से बनी अन्य सजावटी व दैनिक उपयोगी वस्तुओं जैसे सिक्की की बनी मिथिला की पौती (पिटारी), सिंदूरदान में रंग, आकार व बनाने के तरीके में एक स्पष्ट समानता दिखाई पड़ती है।

यही विशेषता हमें पीतल के पॉलिश किए बर्तन व लकड़ी के छोटे डिब्बों (जिनका ढक्कन गोल झोपडी या मंदिर के आकार का होता है) में देखने को मिलता है। यह डिब्बा विवाह संस्कार से जुड़ा है। इसे हमारे यहाँ पदकीतवजंद्ध सिन्धरोटा कहा जाता है और इसका आकार वही मन्दिर या गोल झोपड़ी के समान होता है। इस लकड़ी के डिब्बे का रंग हमेशा लाला होता है। कभी-कभी इस पर रूचिकर सुन्दर आकृतियाँ जैसे मोर व मछली बने होते नन्हे मिट्टी के खिलौने चाहे वे पके हो चाहे कच्चे उस समय के लोगों की सम्पूर्ण सोच (दृष्टिकोण) की झलक देते हैं। कई मायनों में ये कृतियाँ, अपने समकालीन, सहित्यिक व दार्शनिक ग्रन्थों के मुकाबले में इन लोगों के विचारों व आकांक्षाओं का ज्यादा सटीक लेखा-जोखा देने में सक्षम हैं यह सच है कि हमें इन मिट्टी की आकृतियों से लोक जीवन का पूर्ण ज्ञान नहीं होता, लेकिन इनमें हमें कुछ सदियों पुराने आकार भी मिलते हैं जो आज भी बनाए जाते हैं।

कश्मीर का कशीदाकारी का काम है उसी तरह बिहार के कशीदाकारी का काम भी बहुत प्रसिद्ध है, यह अधिकतर रोजमर्रा के प्रयोग होने वाले कपड़ों पर की जाती है जैसे- साड़ी, ब्लाउज, टोपी, स्कार्फ, ताना, औढ़नी, बच्चों की टोपी और घर के वस्त्र, मेज के लिए लिनन के कपड़े पर, तकिए के खोल, कुशन खोल, रजाई, बिस्तर पर बिछाने वाली चादरें आदि पर की जाती है यद्यपि लोक कला का काम कश्मीर में आदमी करते हैं उसी प्रकार बिहार में औरतें करती हैं।

दूसरी प्रकार की कढ़ाई भारत है जो पंजाब के बाघ से मिलती जुलती है। भारत कढ़ाई का काम ताने और बाने की दिशा में समानान्तर बुनाई से भरा है पृष्ठभूमि प्राय: लाल है जिस पर कढ़ाई में सफेद, हरे या पीले से काम हुआ है किसी समय सफेद पृष्ठभूमि पर भारत काम में काला, नीला या ग्रे रंग हुआ होगा। नमूने में ज्यामितीय आकार, लहरदार, हीरा, वर्ग के अन्दर साधारण फूलों को लपेटते हुए, बाघ शैली के साथ किनारे-किनारे पुष्प संबंधी आकारों को भी नियुक्त कर शामिल किया गया है।

हाथ से बने हुए कागज, जो 'बसहा' कागज के नाम से मशहूर हैं, पर ये चित्र बनाए जाते थे जो अधिकांशत: पड़ोसी देश नेपाल से आता था, पर अब कारखानों में बने हुए कागज का प्रयोग होने लगा है। ये चित्र अर्थोपार्जन का अच्छा खासा साधन बन गए हैं, जब से इनकी माँग विदेशों में होने लगी है, अमेरिका आदि में क्रिसमस और नए वर्ष शुभकामनाओं के कार्डो पर ये काफी संख्या में उद्धत होने लगे हैं। इनकी माँग इतनी अधिक बढ़ गई है कि 'केन्द्रीय हेंडीक्राफ्ट एण्ड हैन्डलूम प्रामोशन बोर्ड' उन्हें पूरा करने में असमर्थ हो रहा है। गैर सरकारी व्यापारी भी गाँव की इन महिला चित्रकारों को बाजारू कागज, रंग आदि देकर काफी बड़ी संख्या में बनवा कर विदेश में भेजने लगे हैं, पर इन सबका परिणाम यह हुआ कि यह अपना प्राचीन व्यक्तित्व, प्राण, खोकर बाजारू बनती जा रही है, इससे जो एक ग्रामीण ताजगी थी वह अंतर्हित प्राय है। अर्थदृष्टि से यह भले ही वाँछनीय हो, पर कलात्मक दृष्टि से अवश्य ही नहीं है।

मधुबनी पेन्टिंग (चित्र) मंदिरों में ही नहीं लटकाए गए बल्कि वे अब आराम करने वाले कमरों व पाँच सितारा होटलों को सजाने के लिए भी प्रयोग हो रहे हैं क्योंकि वे भारत की महाकाव्य ओर पौराणिक गाथाओं का वर्णन करते हैं जो धार्मिक महान साहित्य, काव्यों व परम्पराओं को शामिल कर चुकी है।

सामाजिक और धार्मिक मूल्यों की पृथकता जो कि लोक कला को जीवित रखने में चारों और से तैयार थी पुपुल जयकर के प्रयत्नों ने आने वाले साठ वर्षों में अकाल की स्थिति में उनकी भावनाओं के विचार को देखा और स्त्री मुक्ति की पहचान और आर्थिक स्थिति में योगदान दिया। जब बिहार क्षेत्र की मैथिली स्त्रियों को अपने सदस्यों के साथ गाँव की झोपड़ियों की चार दीवारों के पीछे और पेपर पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। स्त्रियों की शुरू से अनुभवी कला आर्थिक मुक्ति के मार्ग पर दूरवर्ती गाँवों में साधारण लोगों को जीवित रखती थी लेकिन ये कुछ समारोह में बाहर लाई गई है सीता देवी, गंगा देवी, मह सामाजिक और धार्मिक मूल्यों की पृथकता जो कि लोक कला को जीवित रखने में चारों और से तैयार थी पुपुल जयकर

के प्रयत्नों ने आने वाले साठ वर्षो में अकाल की स्थिति में उनकी भावनाओं के विचार को देखा और स्त्री मुक्ति की पहचान और आर्थिक स्थिति में योगदान दिया। जब बिहार क्षेत्र की मैथिली स्त्रियों को अपने सदस्यों के साथ गाँव की झोपड़ियों की चार दीवारों के पीछे और पेपर पर चित्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया था। स्त्रियों की शुरू से अनुभवी कला आर्थिक मुक्ति के मार्ग पर दूरवर्ती गाँवों में साधारण लोगों को जीवित रखती थी लेकिन ये कुछ समारोह में बाहर लाई गई है सीता देवी, गंगा देवी, महासुंदरी देवी चित्रकार हैं । ।सुंदरी देव वर्तमान में मिथिला के कलाकारों द्धारा बनाए गए चित्रित वस्त्र, मूर्तियाँ, पात्रों को जनसमाज बहुत अधिक पसन्द करता है। इस कलाकारी से प्रभावित एवं आकर्षित होकर अनेक व्यवसाईयों ने इसे अपने व्यवसाय के लिए पसन्द किया और उससे अधिक से अधिक धनोपार्जन कर रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिथिला की लोक चित्रकला सफलताएँ व असफलताए, अवधेश अमन पेज-64
2. मधुबनी पेंटिंग, उपेन्द्र ठाकर पेज -91
3. मिथिला की लोक चित्रकला सफलताएँ व असफलताए, अवधेश अमन पेज-61
4. मधुबनी पेंटिंग, उपेन्द्र ठाकर पेज -5
5. फोक आर्ट ऑफ नार्थ ईस्टर्न उत्तरप्रदेश, माथुर के.एन. पेज -92

****

मुण्डा आदिवासियों का जीवन, काफी परिश्रमी

रामजय नाईक *

प्रस्तावना – आदिवासी, आदिकाल से ही इस धरती माता की गोद में जीवन–व्यतीत करते आ रहे हैं। उनके लिए धरती पर जंगल –झाड, पहाड – पर्वत, पेड़–पौधे, नदी–नाला, पोखर–तालाब एवं बहती नदियाँ बिलकुल अपनी सी लगती है। धरती के इन सारी चीजों के बदौलत से ही इस समुदाय का जीवन सुखी और मंगलमय रहा है। इस प्राकृतिक उपहारों को प्रकृति के पुजारी (आदिवासी) बिसार नहीं पाते हैं। साथ ही इस समुदाय का जीतन काफि परिश्रमी रहा है। आज इस झारखण्ड राज्य में देखा जाय तो 32 प्रकार के जनजातियों का निवास स्थान है। सभी जनजाति अपने इस मातृभूमि के प्रति विशेष लगाव रखते हैं। सभी का इस भूमि पर अटूट विश्वास है। जिसमें मुण्डा जनजाति, जो आदिकाल से प्रकृति के उपासक हैं। ये प्रकृति को संरक्षण करने में, पौधा रोपन और रक्षा करने में सदियों से जाने जाते हैं। ये भारतवर्ष की एक अति प्राचीन जाति है। प्राचीन काल में ये सिन्धु घाटी में रहा करते थे। वहाँ से ये कालिबोंगा उतरप्रदेश की मण्डी होते हुए वर्तमान झारखण्ड राज्य में आ बसे। संख्या की दृष्टि से मुण्डा झारखण्ड प्रदेश में सबसे अधिक उसके बाद उड़ीसा के उतरी भाग में सबसे अधिक पाये जाते हैं। उसके बाद असम, मध्यप्रदेश, बंगाल, अण्डमान, बंगलादेश में भी ये लोग रहते हैं। मुण्डा अपने आप को होड़ो अर्थात ईन्सान कहते हैं। कुछ लोग कहते हैं मुण्डा शब्द का अर्थ सम्पन्न व्यक्ति। कुछ लोगों का कहना है कि मुण्डा नाम आर्य लोगों के द्वारा दिया गया है। मुण्डा नाम आर्य लोग इन्हें मुण्ड कहकर पुकारते थे जिसका अर्थ होता है मस्तिष्क, अर्थात जिनका मस्तिश्क है। कुछ लोग सोचते हैं मुण्डा शब्द मुहुन्ड शब्द से आया है जिसका अर्थ है –पहला अर्थात पहला निवासी या मूल निवासी।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार शोध पत्र को तैयार किया गया है। इसके साथ–साथ पत्र–पत्रिकाओं और जर्नल के माध्यम से भी सन्दिर्भित करने का प्रयास किया गया है। तथा विद्वानों का मार्गदर्शन भी सामाहित है।

उद्देश्य :

मुण्डा जनजाति का सामाजिक वर्गीकरण :

क. गाँव

ख. समाज

ग. सांस्कृतिक, पर्व –त्यौहार

घ. कृषि –कार्य

ड. अन्य

क. गाँव – मुण्डा जाति जन्म से ही प्रकृति के उपासक हैं। प्रकृति में इनका रहना, खाना, पीना, सोना और इसी तरह कृषि से संबंधित अन्न उगाना इनका दिनचार्या है। इसी तरह इनके गाँव भी पहाड़ियों की चोट्यिों पर बसे होते हैं। ये हमेशा पहाड़ियों के क्षेत्र में रहना पसन्द करते हैं। क्योंकि, उन पहाडियों से तुरन्त में उन्हें लकड़ी, पानी और कृषि हो सके। जिसे अपना जीवन यापन कर सके। इनका एक छोटी सी परिवार के लिए मकान होते हैं जो काफि लम्बे –चौड़े हुआ करते हैं। इन मकानों के बीच में एक चबूतरा होता है।

ख. समाज – मुण्डा जाति का समाज बहुत ही समृद्ध है। ये अपने समाज में संगठित हैं। वहीं कोई भी सामाजिक कार्य हो तो सभी मिल के किया करते हैं। समाज में ये सुशान्ति व्यवस्था बनाए रखते हैं। इसी के संबंध में डॉ. सुभाश चन्द्र मुण्डा लिखते हैं कि –'मुण्डा लोगों का समाज अत्यंत ही सुसंगठित है। यह समाज पितृसतात्मक है जिसमें पिता की प्रधानता होती है। पिता की सम्पति पर बेटों का अधिकार होता है। बेटी कुंवारी रहने तक ही बाप की सम्पति का उपभोग कर सकती हैं।' परिवार, मुण्डा जनजाति का एक महत्वपूर्ण भाग है। इस जनजाति में मुख्यत: दो तरह के परिवार पाये जाते हैं :–

एकाकी परिवार

संयुक्त परिवार

एकाकी परिवार में माता –पिता और उनके बच्चे होते हैं जबकि, **संयुक्त परिवार** में माता –पिता और बच्चों के अलावे चाचा –चाची और उनके बच्चे भी शामिल रहते हैं। आज कल प्राय: शादी के बाद स्वत: लडके अलग हो जाते हैं। [1]

समस्याऐं :

1. पूँजीपतियों द्वारा समय पर मजदूरी नहीं देना यह एक विकट समस्या है।
2. आदिवासियों के साथ भेदभाव अधिक होता है।
3. शिक्षा से आज भी वंचित है यह सबसे बड़ी समस्या है।

समाधान – इस प्रकार से मुण्डा जनजाति अपने समाज के नियम को कठोरता के साथ नियम का पालन करते हैं। ये कोई भी सामाजिक कार्य को अपने सामाज के पूछे बगैर नहीं कर सकते। गलत कार्य करने पर समाज उसे दंडित भी कर सकता है ऐसा लोगों का मानना है। अमरदीप होरो के अनुसार – 'गणराज्य ही मुण्डा समाज की प्रशासनिक ढाँचा है। मुण्डाओं की प्रशासन एक जीवन्त एवं व्यावहारिक लोकतंत्र का आदर्श नमूना है। मुण्डा आदिवासियों ने ऐसा एक जीवंत लोकतंत्र का विकास किया है या जिसे लोकतंत्र से भी अधिक लोकतंत्र माने जाते हैं। मुण्डाओं की समाज व्यवस्था गणराज्य होने पर भी प्रत्येक राज्य अपने आप में प्रभुत्व सम्पन्न है एवं पूर्ण स्वतंत्र रूप से काम कर सकता है। प्रत्येक राज्य की अस्तित्व के लिए दूसरों राज्यों का अस्तित्व रहना ही होगा, ऐसा कोई नियम नहीं है।'[2]

* सहायक प्रध्यापक (नागपुरी) जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग कार्तिक उराँव महाविद्यालय, गुमला (झारखण्ड) भारत

ग. सांस्कृतिक एवं पर्व –त्यौहार – पर्व –त्यौहार हमारे जीवन का एक प्रमुख आधार माना जाता है। यह मनुष्यों के बीच खुशी और उमंग का संचार करता है। यह पर्व को लेकर लोगों में काफि दिनों से उमंग देखने को मिलता है। यह दु:ख को हर लेता है और सुख बरसाता है। पर्व –त्यौहार हमारे मन की शीतलता को उजागर करता है जिसे हम खुशी से झूमने के लिए मजबूर हो जाते हैं। साथ ही झारखण्ड राज्य में विभिन्न जनजातियाँ होने के नाते सभी अलग –अलग नियमों से मन की अशान्ति को मिटाते हैं। जिसमें मुण्डा जाति, जिनका प्रमुख पर्व सरहुल, करमा, जितिया, देवठान, सोहराय अन्य हैं। ये पर्व में कोई प्रकृति से जुड़ा हुआ है तो कोई घरेलू पशुओं से। डॉ. बिमला शरण शर्मा के मतानुसार –'मुण्डा के मुख्य पर्व सरहुल, करमा, सोहराई, माघे, फागु, नवाखानी, जीतिया, अनौबा आदि हैं। अधिकांश पर्व कृषि और प्रकृति से जुड़े हैं। सरहुल मुख्य और महत्वपूर्ण पर्व है जिसे 'बा' पर्व कहते हैं। यह पर्व बसंत ऋतु (मार्च –अप्रैल) में मनाया जाता है। यह फूलों का पर्व है। सखुआ फूल को सरना में रखकर पूजा की जाती है। गाँव का पाहन सभी मुण्डा देवताओं की अभ्यर्थना करता है। यह पर्व कई दिनों तक चलता है। अखड़ा में धूम – धाम से नाच –गान होता है। लोग अपने घरों में पूजा करते हैं।'[3]

घ. कृषि – कार्य – भारत कृषि प्रधान देश है। यहाँ पर अनेक प्रकार की फसलों से संबंधित खेती – बारी की जाती है। जिनमें प्रमुख फसल धान है। यह फसल को उगाने के लिए कई दिनो से लोगों को काफी मेहनत करनी पड़ती है। इस फसल को उपजाने में आज हमारे मुण्डा आदिवासी, जो आदिकाल से काफी परिश्रमी रहे हैं। इन लोगों का सारी मेहनत –जल, जंगल और जमीन से जुडा हुआ है। गर्मी के चिलचिलाती धूप में दिनभर हल चलाते, वहीं बरसात में मिट्टी से लतपथ होते और बसन्त ऋतु में तो कहना ही नहीं है। बसन्त ऋतु में वे घर, गाँव, परिवार और देश की सेवा करते हैं। इतना ही नहीं मुण्डा आदिवासीयों का जंगल बचाने में भी महत्वपूर्ण हाथ है। क्योंकि, इन लोगों का प्रकृति के साथ अटूट रिश्ता है। वे प्रकृति से हमेशा से प्रेम करते आये हैं। धरती माँ, जो विभिन्न प्रकार के अन्न उपजाने में मदद करती है। वे अपने संतान प्रकृति के पुजारी (आदिवासी) को हमेशा रक्षा प्रदान करती है। मुण्डा, परिश्रमी तो होते ही हैं इनके अलावे वे सच्चाई, इमानदारी के साथ –साथ दयालु भी होते हैं। इनलोगों का कहना है कि मेहनत ही हमारा कर्म और इमानदारी, सच्चाई हमारा धर्म है। आदिवासी गाँवों में एक कहावत है – मुण्डा जब तक हँस रहे हैं समझो ठीक है, लेकिन उनकी चुप्पी जब निराशा बनकर उभरने लगती है तो समझो पहाड दहकने वाला है। इनका मानना है कि दूसरों को मदद करना अच्छाई दर्शाता है लेकिन खुद का या अपने समाज का नुकसान करना या अपने लिए आवाज न उठाना अवगुण है।

निश्कर्श :– प्रस्तुत लेख से यह ज्ञात होता है कि मनुश्य को हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए बल्कि, परिश्रम से उन्हें पीछे नहीं हटना चाहिए। परिश्रम ही मनुष्य के सफलता की कुंजी है। यह कुंजी को पाने के लिए मनुष्य काफी कठिनाईयों को सहन करते हुए आगे बढ़ता है। और जो व्यक्ति अपने –आप में यह सहन को महसुस करता है उसका मंजिल काफी करीब आने लगता है। मनुष्य को कोई भी कार्य एक बार नहीं बल्कि सौ बार प्रयास करनी चाहिए। फिर देखिए वह कार्य आसान एवं पूर्ण रूप से सफल हो जाएगा। इसी के संबंध में कवि लिखते हैं कि –

करत –करत अभ्यास, जड़मत हो सुजान।
रसरी आवत जात की, सिल पर परत निशान।।

प्रस्तुत पंक्ति में कहा गया है कि कोई भी कार्य हो, उसे बार –बार अभ्यास करने से वह कार्य आसानी से सफल हो जाता है, अर्थात एक मुलायम रस्सी जो कुएँ में पानी भरने के उपरान्त आने –जाने के क्रम में वह कठोर पत्थर को गढ्ढा कर देता है। इसी तरह मनुष्य को भी एक रस्सी की भाँति होनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मुण्डा डॉ. सुभाष चन्द्र (पंच परगाना के मुण्डाओं पर हिन्दु धर्म का प्रभाव, पृ. संख्या 23 – 24 तक)
2. होरो अमरदीप (मुण्डा आदिवासियों का समाज संस्कति और इतिहास, पृ. संख्या 11 से)
3. मुण्डा डॉ. सुभाष चन्द्र (पंच परगाना के मुण्डाओं पर हिन्दु धर्म का प्रभाव पृ. संख्या 45 से)

****

संत रविदास के मानवीय मूल्य का समाज पर प्रभाव

प्रदीप कुमार साकेत *

प्रस्तावना – मानवीय मूल्यों के सन्दर्भ में वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक धर्मग्रन्थों, साहित्यों की यात्रा से रंगे संत रविदास के जीवन मूल्यों के द्वारा सामाजिक मूल्यों को लेकर होता रहा है। जहाँ पर समाज के प्रबुद्धिजीवी संत रविदास ने मानव मन की भावनाओं का प्रयास किया है। वहाँ जीवन की अनेक घटनाओं का वर्णन मिलता है। इस अथक प्रयास के द्वारा मानव समाज का अतिसय सामाजिक विवसता का परिणाम मानव समाज का परिणाम ही रहा है। ऐसी विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानव की विवसता का मूल्य ही है। जहाँ धर्म युग की कल्पना की जा सकनी महत्वपूर्ण है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में द्वितीयक शोध सामाग्री का प्रयोग कर शोध पत्र को तैयार कियास गया है। इस हेतु विषय शीर्षक **संत रविदास के मानवीय मूल्य का समाज पर प्रभाव इस शोध पत्र को सन्दर्भित करने के लिए** संत रविदास के साहित्य का अध्ययन कर शोध पत्र को तैयार किया गया है।

उद्देश्य :

1. संत रविदास के सामाजिक चिन्तन का अध्ययन करना।
2. संत रविदास ने मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि माना।
3. संत रविदास ने समाज के मूल्यों को एक ऐतिहासिक परिदृष्य प्रदान किया।
4. मूल्य शास्वत सत् है।
5. मूल्य हमेंशा जीवन संरक्षक रहे हैं।

समस्या :

1. मूल्यों के क्षरण से समाज में विसंगतियाँ आ रही हैं।
2. मूल्यों के बिना मानव समाज में पशुवत् व्यवहार दिखाई देता है।
3. मूल्यों के विघटन का कारण आधुनिकीकरण की गलत धारणा है।
4. विघटित मूल्यों ने मानव को झूठ बोलने के लिए प्रेरित कर दिया है।
5. आधुनिक यंत्र झूठ का साधन बन गया है।
6. मोबाईल फोन से घर बैठे व्यक्ति अन्य जगहों का आगाज करा देता है।

समाधान – मूल्यों को संत रविदास ने सजाया और सवारा है। मूल्यों के अर्थ में समाज में मानव का जीवन एक बहुआयामी है। जीवन के अनेक क्षेत्रों में मानवीय मूल्य का शब्द अनेक अर्थो में उपयोग किया जाता है। एक तो अर्थ की दृष्टि से पैसे को भी मूल्य शब्द से सम्बोधित किया गया है। दूसरा मानवीय जीवन में मूल्य को सामाजिक व्यवहार की के रूप में किया गया है। जिस प्रकार से भारतीय समाज में वृद्धों की सेवा करना पुण्य समझा जाता है। उसे प्रकार प्यासे को पानी पिलाना भी एक पुण्य का काम है। इसे मानवीय मूल्यों का घोतक कहा जाता है। व्यक्ति को अपने जीवन के प्रति जितना प्रेम है उसी प्रकार दूसरे के जीवन से भी प्यार करना चाहिए। चाहे जीव हो या जगत् हम उतना ही प्रेम मूल्यों के रूप में कर सकते हैं।

हिन्दी में मूल्य शब्द संस्कृत की मूल धातु से उदघृत किया गया है। जिससे यत् प्रत्यय के लगाने से जिसका अर्थ मजदूर, किराया भाड़ा या कीमत होती है।[1]

अंग्रजी में मूल्य शब्द का अर्थ वैल्यू हैं। मूल्य और वैल्यू परस्पर पर्यावाची शब्द रहे हैं। मूल्य की तरह वैल्यू भी अनेक जगहों पर प्रयुक्त होता है। जिस प्रकार वैल्यूस ऑफ लाइफ, ह्यूमन वैल्यूज इस तरह मूल्य का प्रयोग किया जाता है। रैण्डम महोदय का मानना है कि 'वैल्यू का अर्थ उपयोगी से लिया गया है जबकि वर्थ का अर्थ मस्तिष्क और चरित्र के आध्यात्मिक गुणों से माना गया है।'[2] इसी प्रकार संत रविदास ने जीवन के अनेक पहलू को ईश्वरीय शिक्षा के जगत् को जोड़ दिया है। इसी में मानवीय मूल्यों का खजाना उत्पन्न होता है। मानवीय मूल्य मानव के उत्कृष्ट विचार और चरित्र को कहा जाता है। किसी व्यक्ति ने मेरी जान बचाई यह एक मानवीय मूल्यों की श्रेणी में आते हैं। जिसमें सामाजिक प्रक्रिया का मूल उन प्रवृत्तियों का मिलना है। जिससे मनुष्य को संतुष्टि प्राप्त होती है। जिस प्रकार से बघेलखण्ड की महिला कथाकारों ने भी सामाजिक और मानवीय मूल्यों की ओर सजगता का परिदृष्य दिखाया है। इस मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण को मानवीय संवेदना से जोड़ना अधिक औचित्य होगा। क्योंकि मन और बुद्धि एक सिक्के के दो पहलू है। जहाँ बुरे विचार आते हैं उसके पहले एक बार अच्छे विचार भी मनस पटल पर आता है। किन्तु व्यक्ति की कुसंगति बुरे कार्यो की ओर आकर्शित कराती है। जिस प्रकार से 'पुलिस से नागरिकों की रक्षा की अपेक्षा की जाती है। यह उसके कर्तव्य का हिस्सा है मगर ड्यूटी पर शराब पीकर नशे में धुत्त हो जाना, बलात्कार करना, अक्षम्य अपराध है।'[3] किन्तु व्यक्ति अपने कर्तव्य की गंभीरता को नहीं समझता है। ऐसी विचार धारा को प्रवाहित करने वाले संत रविदास ने जीवन के अनेक मूल्यों को खोज निकाला है। ऐसे आचरण को मानवीय मूल्यों का आचरण कहा जा सकता है। इससे साफ जाहिर होता है। कि योजना बद्ध तरीके से किया जाने वाला कार्य ही सफल हो सकता है अन्यथा सफल नहीं हो सकता है। इसके लिए व्यक्ति में प्रतिरोध की क्षमता का उत्पन्न होना भी स्वभाविक है। इसी कारण मानव की अपनी जिज्ञासा का परिणाम ही साफ दिखाई देता है। इन्हीं परिस्थितियों में संत रविदास ने स्वयं के जीवन में चर्म उद्योगों से संबंधित कार्य करते हुए कभी भी ईश्वर से अलग नहीं हो पाये क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में मूल्यों को अपनाया है।

संत रविदास के जीवन की अनेक घटनाओं ने मानवीय मूल्यों को उजागर कर दिया है। इससे यह परिणाम दिखाई देता है। कोई भी कार्य मनुष्य को छोटा और नीचा नहीं बनाता है। उसके लिए कर्म की सजगता ही मानव

* शोधार्थी (हिन्दी साहित्य) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

की असली पूँजी हैं। इसमें मानवीय संवेदना के नैतिक चरित्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन होता है। ऐसी समाज के सौन्दर्य हैं जिनका जीवन हमेशा पवित्र रहा है। किन्तु वर्तमान में मानवीय मूल्यों को समाज की दृष्टि में खो दिया है। व्यक्ति का समाज के प्रति व्यवहार बहुत ही घृणित नजर आ रहा है। ऐसी अनेकों विसंगतियों के कारण मानव-मानव में भेद नजर आ रहा है। ऐसी अनेकों घटनाओं के कारण मानव-मानव में भेद दिखाई दे रहा है। जिसकी आवश्यकता मानवीय मूल्यों को पहचानने के लिए होती है। ऐसे मूल्यों के सृजन में रामधारी सिंह दिनकर कहते हैं कि 'मूल्यों से ही मानव का व्यवहार संयत होता है। मूल्य वे मान्यताऐं हैं जिन्हें मार्गदर्शक मानकर सभ्यता चलती रही है और जिनकी उपेक्षा करने वालों को परम्परा अनैतिक, उच्छृंखल या बागी कहती है।'[4]

इन्हीं मूल्यों के औचित्य को समझाने के लिए डॉ. हुकुमचन्द्र राजपाल के विचारों में मानवीय मूल्यों की एक औचित्य का पैदा कर देते हैं जो इस प्रकार है। 'धर्म, अर्थ, काम और मोझ भारतीय जीवन के प्राचीनतम मूल्य है और एक उच्चत्तम नैतिक जीवन और नैतिक ज्ञान को अभिव्यक्त करते हैं। मूलत: ये पुरूषार्थ साधन भी है और साध्य भी, जीवन की सर्वागीणता इन्हीं में समाहित है।'[5] जबकि मूल्यों एक स्वतंत्र तथ्य है। इसकी समालोचना ही मानव के साहित्य को जिन्दा करती है। इस प्रकार मानव का स्वभाव मूल्यों को छू लेता है। जिनके भाग्य और अभाग्य को मूल्य ही सबारता है। जहाँ मनुष्य स्वयं के भाग्य का निर्माणकर्त्ता नहीं बन पता है। इस तथ्य की व्याख्या में संत रविदास ने मानवीय मूल्यों का पुरोध ईश्वर की पराकाष्ठा को कहा है।[6] इन मूल्यों को ही सामाजिक मूल्यों के औचित्य का परिणाम ही माना जा सकता है। इस प्राकर सामाजिक परम्पराओं के बंधन ही प्रवल रूपों में देखे जा सकते हैं। ऐसी मान्यताओं को संत रविदास ने स्वयं के जीवन में एक राजधर्म जैसा निर्वहन करते हैं।[7] मूल्य हमेशा अकाट्य तथा सर्वमान्य स्वीकार किये जाते थे। उसी प्रकार सभी सामाजिक और वैचारिक विसंगतियों का परिणसाम ही ऐसे तथ्यों की परीक्षा करता है। जहाँ मूल्यों का औचित्य दिखाई देता है। इस प्रकार का मूल्य मानवीय मूल्यों की श्रेणी में आते हैं। जिस प्रकार से मानवीय संवेदना का शिकार कोई भी व्यक्ति समाज और औचित्य का परिणाम ही ढूढ़ता है। जहाँ समाज और संस्कार का परिणाम ही सामाजिक व्यवस्था का परिणाम मानवीय जीवन की संभावनाओं पर जीता है। इन्हीं सन्दर्भों के परिणाम स्वरूप मानवीय संवेदना का औचित्य दिखाई देता है।[8] 'मनुष्य अपना कर्ताधर्ता स्वयं है। वहीं मूल्यों का निर्णायक भी है।'[9] मानव एक भौतिकवादी जीवन जीना प्रारम्भ कर दिया है। इस युग में मानवीय जीवन के सद्गुणों का औचित्य ही दिखाई देता है। वहाँ जीवन और जगत् की संभावनाऐं सामाप्त होती दिखाई दे रही है। इसी युग में मानवीय चिन्तन पेट भरने के लिए युद्ध हत्या लूट चोरी आदि कर रहा है।

निष्कर्ष – भारत प्राचीन काल से ही मूल्यों से भरा स्मृद्धशाली राष्ट्र था। जहाँ नारी-पूज्य और देवता मानने की प्रथा विद्यमान थी। ऐसी अनेक घटनाओं का उल्लेख मिलता है। आदि काल से आने वाली प्रथाओं का भारतीय संस्कृति और समाज आज भी निभा रहा है। इसी परम्परा के कारण आज भी आधुनिकता का परिणसाम विचारों पर दिखाई देता है। वहाँ साहित्य और समाज की विचार ज्योति का परिणाम रहा है। वहाँ समाज और साहित्य दोनों जिम्मेदार है। जहाँ साहित्यकारों की रचना ने समाज को जाग्रत करने का कार्य किया है। वहाँ मानव समाज का एक विचित्र चेहरा भी सामने आने लगता है। उन प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप मानव की जीवन यात्रा का विशाल परिदृश्य दिखाई देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत हिन्दी कोश, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2016, पृ.812
2. The Random House of Dictionary of the English language, P. 1101
3. मीनाक्षी स्वामी, भूभल, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011, पृ. 131
4. रामधारी सिंह दिनकर, आधुनिक बोध, पृ.12
5. डॉ.हुकुमचन्द राजपाल, आधुनिक काव्य में नवीन जीवन-मूल्य, पृ. 19
6. डॉ. धर्मपाल सिंहल एवं डॉ. बलदेव सिंह 'बाछन', ब्रह्मर्षि रविदास, मानसी पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2014 पृष्ठ 61
7. भगवती प्रसाद निदारिया, संत कवि रैदास, इन्द्रप्रथ इटरनेशनल, दिल्ली, 2007, पृष्ठ 21
8. डॉ. अरूण कुमार भगत, संत रविदास की रामकहानी दृष्टि और मूल्यांकन, संदर्भ प्रकाशन, दिल्ली, 2016, पृष्ठ 26-27
9. डॉ.देवराज उपाध्याय, साहित्य का मनोवैज्ञानिक अध्ययन, पृ.179

****

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय सम-विकास योजना द्वारा किये गये विकास कार्यों का संक्षिप्त अध्ययन

डॉ. अजय वाघे *

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय समविकास योजना का परिचय - केन्द्र सरकार द्वारा योजना आयोग के माध्यम से देश के पिछड़े हुए राज्यों में कई विकास योजनाएँ क्रियान्वित कर उन क्षेत्रों का आर्थिक भौगोलिक विकास करने का प्रयास किया गया, परन्तु देश के कई क्षेत्रों में क्षेत्रीय असंतुलन की स्थिति पाई गई जिससे कुछ राज्यों का विकास हुआ तथा कुछ राज्य अविकसति रहे। अत: इस क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने व पिछड़े हुए राज्यों का विकास कर उन्हें विकसित करते हुए देश में राष्ट्रीय समविकास योजना लागु की गई है।

(1) राष्ट्रीय समविकास योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से देश के 27 राज्यों के लगभग 147 पिछड़े जिलों में वर्ष 2003-04 में लागू की थी।
(2) मध्यप्रदेश में यह योजना वर्ष 2004 के अप्रैल माह में प्रारंभ की गयी तथा इस योजना की अवधि तीन वर्षीय थी।
(3) मध्यप्रदेश में समविकास योजना 10 पिछड़े हुए जिलों क्रमश: खरगोन, बड़वानी, सीधी, सिवनी, मण्डला, बालाघाट, उमरिया, सतना, डिण्डोरी और शहडोल में लागू की गयी थी।
(4) योजना हेतु म.प्र. में 10 जिलों में प्रत्येक जिले को 15 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष की दर से 3 वर्षो में 45 करोड़ रूपयें उपलब्ध कराये गयें।

राष्ट्रीय समविकास योजना में चयनित क्षेत्रों का आधार :
(1) ऐसे क्षेत्र जिनकी आबादी 1500 से कम है।
(2) ऐसे सूखा ग्रस्त क्षेत्र, जहाँ 5 प्रतिशत से कम क्षेत्र में सिंचाई होती है।
(3) ऐसे क्षेत्र जहाँ औसत से अधिक मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर हो।
(4) पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्र।
(5) ऐसे क्षेत्र जहाँ कृषि मज़दूरों की संख्या अधिक व उनकी मज़दूरी कम हो।
(6) ऐसे क्षेत्र जहाँ अनुसूचित जाति एवं जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है।

शोध-अध्ययन का उद्देश्य :
(1) गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों की आर्थिक स्थिति का पता लगाना।
(2) भूमिहिन या सीमांत कृषक परिवारों का अध्ययन करना।
(3) योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों को मिला है, इसका अध्ययन करना।
(4) योजना हेतु पात्र हितग्राहियों का वास्तविक पिछड़ेपन के आधार पर चयन हुआ है, अध्ययन करना तथा जिले के वास्तविक पिछड़े क्षेत्रों का चयन हुआ है अथवा नहीं?
(5) मध्यप्रदेश के सम्पूर्ण हितग्राही क्षेत्रों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है, इसका अध्ययन करना।
(6) चयनित क्षेत्रों पर बजट अनुसार व्यय हुआ हैं, इसका अध्ययन करना।
(7) योजना के कार्य स्तरीय हैं, इसका अध्ययन करना।
(8) ग्रामीणों की जीवन शैली में वृद्धि हुई है, इसका अध्ययन करना।
(9) ग्रामों में कृषि कार्यों में विकास हुआ है, इसका अध्ययन करना।
(10)ग्रामीणों का आर्थिक उत्थान योजनानुसार हुआ है, इसका अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :
(1) योजना का लाभ ग्रामीण व पिछड़े हुए क्षेत्रों को प्राप्त हुआ है?
(2) शासन द्वारा स्वीकृत राशि इस योजना पर पूर्ण रूप से यय की गई है?
(3) इस योजना से स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है?
(4) ग्रामीणों के जीवनस्तर में वृद्धि हुई है?
(5) म.प्र. के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का लाभ दिया गया है?
(6) सिंचाई के साधनों में योजना अनुसार वृद्धि हुई है?
(7) कृषि कार्यों को बढ़ावा मिला है।

योजना में संचालित गतिविधियां :
(1) कृषि आधारित गतिविधियाँ।
(2) वन आधारित गतिविधियाँ।
(3) मूलभूत सामाजिक अधोसंरचना का विकास गतिविधियाँ।
(4) आर्थिक अधोसंरचना के विकास की गतिविधियाँ।

योजना में संचालित गतिविधियों से प्राप्त लाभ की गुणवत्ता तथा औचित्य - राष्ट्रीय समविकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले को समान राशि का प्रस्ताव रहा है, जिससे निम्न कृषि उत्पादकता बेरोजगारी की समस्याओं का समाधान करने तथा अवस्थापन में कमी करने का प्रयास किया गया है। प्रत्येक जिले के लिये 3 वर्षीय कार्य योजना तैयार की गई है, जिससे उस क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं से निधियों के प्रवाह का मूल्यांकन किया जा सके। विभिन्न पदों पर किये गये व्ययों का वर्णन निम्न है-
(1) स्वास्थ्य एवं पोषण -
(2) कृषि संबंधी कार्य योजना -
(3) शिक्षा एवं दक्षता विकास -
(4) सड़क विकास -
(5) विद्युत सुविधा -
(6) सिंचाई सुविधा -

* प्रभारी प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) विद्योदय महाविद्यालय, मनावर, जिला - धार (म.प्र.) भारत

स्वास्थ एवं पोषण : मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य संबंधी कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	230	413.11	1.80
बड़वानी	127	381.50	3.00
खरगोन	197	621.50	3.15
शहडोल	229	601.45	2.63
सीधी	79	178.54	2.26
उमरिया	159	374.00	2.35
डिंडोरी	390	585.50	1.50
बालाघाट	67	339.00	5.60
सिवनी	45	176.00	3.91
सतना	-	-	-

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

कृषि संबंधी कार्य योजना : मध्यप्रदेश में कृषि संबंधी कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	112	556.31	4.97
बड़वानी	268	1055.8	3.94
खरगोन	201	1395.89	6.94
शहडोल	132	692.00	5.24
सीधी	147	992.86	6.75
उमरिया	163	854.15	5.24
डिंडोरी	20	124.87	6.24
बालाघाट	-	-	-
सिवनी	-	-	-
सतना	-	-	-

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

शिक्षा एवं दक्षता विकास : मध्यप्रदेश में शिक्षा संबंधी कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	15	132.38	8.83
बड़वानी	12	112.29	9.36
खरगोन	48	422.36	8.80
शहडोल	51	451.81	8.86
सीधी	49	431.24	8.80
उमरिया	39	299.50	7.68
डिंडोरी	24	177.00	7.638
बालाघाट	40	384.00	9.63
सिवनी	125	835.73	6.69
सतना	35	281.38	8.04

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

सड़क विकास : मध्यप्रदेश में ग्रामीण सड़क कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	33	714.55	21.65
बड़वानी	05	106.36	21.27
खरगोन	04	92.23	23.06
शहडोल	06	175.91	29.32
सीधी	20	338.17	16.91
उमरिया	27	333.26	12.34
डिंडोरी	40	309.72	7.74
बालाघाट	12	542.00	45.18
सिवनी	04	143.00	35.75
सतना	10	431.79	43.18

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

विद्युत सुविधा : मध्यप्रदेश में विद्युतिकरण कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	55	165.40	3.01
बड़वानी	05	28.06	5.61
खरगोन	12	75.92	6.33
शहडोल	04	15.00	3.75
सीधी	15	64.88	4.33
उमरिया	08	36.29	4.54
डिंडोरी	07	44.59	8.37
बालाघाट	05	29.32	5.86
सिवनी	73	126.88	1.74
सतना	62	196.18	3.16

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

सिंचाई सुविधा : मध्यप्रदेश में सिंचाई संबंधी कार्य की स्थिति

जिला	कार्य की संख्या	व्यय (लाख रू.)	औसत (प्रति कार्य लाख रू.)
मण्डला	17	253.07	14.89
बड़वानी	12	501.57	41.80
खरगोन	42	445.02	10.60
शहडोल	71	1545.20	21.76
सीधी	10	413.05	41.31
उमरिया	13	226.04	17.39
डिंडोरी	79	629.03	7.96
बालाघाट	18	176.78	9.82
सिवनी	47	542.26	11.54
सतना	53	598.30	11.29

(स्त्रोत :- म.प्र. संचालनालय भोपाल व जिला पंचायते म.प्र.)

निष्कर्ष - उपरोक्त वर्णित तालिकाओं के आधार पर स्पष्ट है कि योजना द्वारा सभी आवष्यक मूलभूत गतिविधियों को शामील कर एक संतुलित विकास करने का प्रयास किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, सड़क, विद्युत व सिंचाई जैसी महत्वपूर्ण मदो पर कार्य कर प्रदेश के पिछड़े हुए 10 चयनित जिलों का विकास कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ा गया है, फलस्वरूप स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है, साथ ही प्रतिव्यक्ति आय में भी वृद्धि दर अधिक रही है। बालाघाट, सिधी तथा मण्डला जिलों में कृषि संबंधित तथा सतना जिले में स्वास्थ्य संबंधित कार्य संख्या शुन्य रही है, अत: अत्यंत पिछड़े जिलों का आंशिक विकास हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

NAM And The Role Of India : An Analysis

Dr. Varsha Upadhyay*

Introduction - The Non-aligned Movement has greatly helped the cause of peace and Disarmament. The historic role of the Non-aligned nations in U.N.O. for peace and disarmament is a fascinating subject for study. The Non-aligned movement is the voice of the people of the world who aspire for global peace and Disarmament. The policy and the movement of Non-alignment were responsible for easing international tensions and spreading the idea of Disarmament. Disarmament is the only hope of mankind today in the existing rivalry of super powers. If Disarmament comes true, then the part of the resources utilized for the manufacture of armaments can be diverted for economic development of the under developed countries. This will motivate mutual trust and friendship between the countries and people .The United Nations Organization and Non-aligned Movement are two distinct structures serving the two different requirements of the global aspirations of human beings were established sixteen years apart-the me in i 945 and the other in 1961 . The maintenance of peace and security has been and continues to be the major pre occupation of the United Nations Organization since its inception.

The Non-Aligned Movement (NAM) was created and founded during the collapse of the colonial system and the independence struggles of the peoples of Africa, Asia, Latin America and other regions of the world and at the height of the Cold War. During the early days of the Movement, its actions were a key factor in the decolonization process, which led later to the attainment of freedom and independence by many countries and peoples and to the founding of tens of new sovereign States.[1]

The Ten Principles Of Bandung

1. Respect of fundamental human rights and of the objectives and principles of the Charter of the United Nations.
2. Respect of the sovereignty and territorial integrity of all nations.
3. Recognition of the equality among all races and of the equality among all nations, both large and small.[2]
4. Non-intervention or non-interference into the internal affairs of another -country.
5. Respect of the right of every nation to defend itself, either individually or collectively, in conformity with the Charter of the United Nations.
6. A. Non-use of collective defense pacts
B. Non-use of pressures by any country against other countries.
7. Refraining from carrying out or threatening to carry out aggression, or from using force against the territorial integrity or political independence of any country.
8. Peaceful solution of all international conflicts in conformity with the Charter of the United Nations.
9. Promotion of mutual interests and of cooperation.
10. Respect of justice and of international obligations.[3]

NAM At A Glance

1947 – NEHRU'S NON-ALIGNMENT - Since mid-1920s, the Indian National Congress, under Nehru's leadership, had resolved to support colonised peoples in struggle against imperialism.

1. Following independence, this anti-imperialist and anti-racist stance forms pretext for Nehru's "Non-Alignment" policy, entailing diplomacy independent of both former colonial overlords and increasingly entrenched Cold War blocs.
2. Non-Alignment based Panchsheel (the Five Principles of Peaceful Coexistence) signed in 1954 with China, and later with Burma, Laos, Nepal, Vietnam, Yugoslavia, and Cambodia.
3. Transformation of Non-Alignment from a concept to movement at 1955 Bandung Conference – a 10-point "declaration on the promotion of world peace and co-operation" incorporating Nehru's Five Principles is unanimously adopted[4]

Post-Nehru pragmatism :

1. Shift toward pragmatic diplomacy and discarding of idealistic pacifism gains pace following Nehru's death in 1964.
2. Defence spending surges, and a military modernisationprogramme to create a one million strong army begins, reflecting an increasingly "self-help" approach to foreign policy.
3. No formal abandonment of Non-Alignment, and this rhetoric continued despite Indian behaviour assuming more realist orientation[5]

1980'S Increased International Presence :

1. India continues to play preeminent role in regional af-

*Asst. Professor, Indore Institute Of Law, Indore (M.P.) INDIA

fairs, increasing its involvement in the UN peacekeeping operations.

2. 1985: Formation of South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) in an effort to forge regional integration.
3. 1987: India-Sri Lanka accord signed with the intention to end the Sri Lankan civil war. Per terms of the agreement, India sends peacekeeping forces to Sri Lanka
4. 1989: Outbreak of an armed insurgency in Kashmir Valley leads to violence, migration of Kashmiri Pandits and sets the stage for a long phase of militant violence

Deepening of Indo-U.S. Relations :

1. India shifts her focus to developing relations with the U.S., the only major remaining superpower in the world on the basis of shared democratic values
2. Aim of India's foreign policy is twofold – to maintain regional position while working towards a long-term goal of becoming a global superpower, which it feels the U.S. can help it accomplish[6]

Increased Engagement with ASEAN, BRICS and other Multilateralorganisations;a Trend Initiated by UPA and Continued by NDA

1. UPA government signs FTAs with South Korea (2010), Malaysia (2010), ASEAN (2010), and Japan (2011).
2. 2009: Emergence of the BRIC nations as rising economic powers.
3. 2014: Election of Modi government heralds increased international engagement, especially with Asian and ASEAN countries in the form of Act East Policy.
4. Modi government continues engagement with BRICS nations including the establishment of BRICS NDB.
5. India and other G4 nations pitch to become permanent members of the UN Security Council.[7]

India's Role In NAM - The term ''non-alignment'' owes its origin to India, ''It should be understood in the foreground of the ways of thinking of the Indian people who have been expressing a whole lot of positive and constructive ideas through negative expressions such as Ahimsa and truth''. The basic idea of Non-alignment was also communicate non-violent and peaceful co-existence with other power. India used non-violent as a Gandhian method of peacefully conflict-resolution. 8 The paramount concern of India at the time of independence was to consolidate its freedom, to keep intact its option open, to be able take decisions according to their own interests not because of other choice. India often used NAM values to deal other countries in the world politics. The Indian concept of NAM is value-based and dynamic in contemporary global scenario. Non-alignment has been the bedrock of India's foreign policy since its inception. In the demise of Cold War, when the world is no longer divided between two power blocs, the NAM has a renewed role to play in the new world order.

Implications Of NAM In Post-Cold War Era - Finally Non-alignment has often compared with isolationism (Monroe Doctrine) a policy had been adopting by the US to deals its Latin American neighbours. The Monroe Doctrine was adopted by the US President Monroe in 1823. US used Monroe Doctrine as an instrument of its neighbourhood policy to counter domination of European countries. The US feared European intervention in Latin American region. The US criticized and rebuked European countries to intervention in Latin American region. Latin American region was important for US security and its global aspiration.[8] The US introduced rules and regulations towards Latin American regional non-alignment strategy. The US approached indirectly regional non-alignment policy vis-à-vis to Latin America. After the demise of Cold War, some expertise of international relations raised the questions of relevance of NAM in changing world order. The real fact is that the NAM has formulated broader area and scope. Due to USSR collapse, the political bitterness in the relationship between the two blocs was end, but the Russia and China are more active against US and its western partner. That is why; we can say that the end of Cold War did not distress its relevance and scope. There is not denying the fact that after the demise of Cold War, the US is trying to align with the NAM countries. Many NAM countries are trying to deepen bilateral relationship with US. The US hegemony is affected the sovereignty and independency of Non-align countries. Recent Developments India's foreign policy has finally ridden itself of Cold War power politics trappings in favor of a comprehensive rendezvous with super powers. Several reasons can adduce India's budge from non-alignment to multi-alignment foreign policy especially after the cold war. Undeniably, policies adopted by India since the beginning of this century had helped generate a climate of trust across the gamut of warring nations and long-time antagonists. A spirit of accommodation and productive solutions to major regional and international challenges had also made India more acceptable to most nations.

The NAM countries engaged in some recent developments;

a) Criticism of US Policy & Hegemony
b) South-South Cooperation
c) Reforms in international organizations like, UN, IMF and WTO
d) Anti-Zionism
e) Cultural Diversity and Human Rights
f) International Terrorism
g) Climate Change
h) Sustainable Development
i) Platform of Developing & Third World Countries

Relevance Of NAM In Present Context - ''Non-alignment has been responsible to ever changing international relations and that it has been permissive of diversity and multiplicity of approaches consistent with a hard-core unity on same irreducible, minimum principles.''[9]

Since the end of the Cold War and the formal end of colonialism, the Non-aligned Movement has been forced to redefine itself and reinvent its purpose in the current world order. A major question has been whether many of its foundational ideologies, principles can be applied to the contemporary issues. The NAM has emphasized its

principles of multilateralism, equality and mutual understanding in attempting to become a stronger voice of developing and third world countries as well as an instrument that can be utilized and promote the needs of member countries. The concern of NAM since the beginning has been with the world peace in view of the nuclear arms race and the dangers of nuclear war, instead of solving problem, it has been mostly aggravated them. In the initial years, concern for international peace so overshadowed their politics, that their other efforts for development were virtually ignored. The NAM had always opposed the disarmament and nuclear expansion. We cannot ignore the role of NAM in recent time. They represent nearly two third of the UN members and comprise 55% of the world [10]population. Many of US and USSR former ally partner are became a members of NAM. All these factors indicated the importance and relevance of NAM in post Cold War era. The NAM is an international platform of developing and under developing countries. The NAM produce a platform as 'dialogue table' for developing world and it has done lot of for united these countries.

Analysis - Madhya Pradesh economy largely depends on agriculture, industries & minerals. about 70% of the total workforce of the state depends directly or indirectly on agriculture. mine & industries play an important role in economic development of the state. Indore is known as commercial capital of madhya pradesh. indore is one of the richest cities in central india & also known as 'mini mumbai' especially in indore because of commercial city, most of its trade coming from small mid & large scale manufacturing & service industries. These industries range from automobiles to pharmaceuticals & from software to retail & from textile trading to estate. Major industrial areas surrounding the city include the pithampur special economic zone & the sanwer industrial belt. indore is not only known as commercial city although now it is known as industrial hub. Currently in last decades investment summits are conducted in indore .It is very useful for the entrepreneurs who want to establish a new enterprise or to setup their business. For the nation's economic & overall growth government provide facilities to entrepreneurs under the entrepreneurship development program to run a business/ enterprise. Government of madhya pradesh has formulated an industrial promotion policy 2004 which is liberal enough for investment. The objectives of the new industrial promotion policy are to create industry friendly administration to maximise employment opportunities to tackle industrial sickness rationalize rates of commercial taxes & to enlist participation of private sector in the efforts of industrialisation. For the growth of the industries & setup to industries various types of financial assistance is available like nationalised banks, small industries development bank of india, regional rural bank national industries corporation etc. the msme sector is contributing 11% consistency every year to the g.d.p. of the country. Over the years the small scale sector in india has progressed day by day. Though there are many beneficial schemes & programmes available for the existing & upcoming entrepreneurs. About 80 % of the industries in the region are small scale ones & most of them enjoy excise exemption under the current tax structure.

Scenario of small scale sector changed with industrial policy of july 1991 which for the first time in india's development history spoke of liberalisation. This reflects the growth of SSI against the total industrial sector from 1991 -1999.however the total growth rate is increased due to industrial policy 1991.

Small industries service institute indore along with its two branch sisis at rewa& gwalior & one field testing station at bhopal is working as an extension /promotional agency for the development of small scale industries& catering to the needs of small scale entrepreneurs covering the whole of madhya pradesh with 45 district.

Entrepreneur chooses an activity depending their interest & suitability not only to become self employed but also to generate employment for others. The workshop attached to sisi rewa& gwalior provided common facility services to the industries. During the year 2000-01 the workshops executed 623 job orders benefiting 564 small scale units. The revenue earned out of the job work was rs. 588264.during the year 2000-01 the sisi,indore& its branch office have provided assistance & consultancy to 7062 prospective new entrepreneurs.sisi indore has conducted 33 one month edps. There were 383 candidates who underwent training under the general edp which comprised 95 sc, 15 st 53 obc 32 women. The institute earned rs. 1, 57,450 revenue during the year on conducting these programmes. The institute provide export training courses, modernisation programs also for the overall growth of the nation.

Table 1 : Year Wise Trend Of Units Registered

Year	No. Of Regis -tered Units	Employment	Investm- ents (Lac)
2000-01	226	1218	1254.67
2001-02	120	1224	922.94
2002-03	111	846	685.88
2003-04	707	1846	649.13
2004-05	659	1845	846.6
2005-06	610	1446	906.14
2006-07	603	2122	1366.03
2007-08	752	2266	3168.08
2008-09	789	2587	1488.4
2009-10	803	1720	1275.2
2010-11	806	2068	11990.06
2011-12	844	1900	3383.07
Total	**14075**	**56601**	**37931.2**

Table 2 (see in below)

Findings:

General issues raised by industry association during the course of meeting

1.finance :- Industry required that loan to msme should be provided at reduced rate of interest as higher interest rate results in higher cost thus makes product loosing edge in the competitive market.

2.infrastructure:- Infrastructure facilities like roads, electricity water, etc. Should be improved for healthier industrial environment for faster growth.

3.market support: - Ancillarisation should be given priority through better linkage with large scale industries for healthy growth and fast industrialization

4.lack of awareness - Entrepreneurs are not getting fully benefits from those schemes & programs due to the lack of awareness. They don't know what theregovernments doing for them.

Suggestions - Entrepreneur can make business profitable. Profitability includes hard work, passion patience & calculated risk is involve that will pay interest of profit. So entrepreneur has to choose wisely according to interest & current scenario make a balance of both. It is very necessary to aware the entrepreneurs for getting the benefits of policies ,banking & finance procedure ,to start-up business process ,market competition, awareness training programmes, skill development programmes, entrepreneurial training & development programmes etc..

Conclusion - MSME sector plays an important role in the economic growth of almost all the countries globally. In india the role of micro, small & medium enterprises (MSMEs) in the economic & social development of the country is well established. Msmes contribution towards GDP was 22% in the year 2011-12 & rose to 37.54% in year 2012-13 with an increase of approximately 48%in 2013-14.showing a consistencyof 11%(approx) growth rate every year.m.p. the second largest indian state covering 9.5 %of the countries area is bestowed with rich natural resources, a gifted climate & fertile agro climate conditions. Constantly indore is growing &becoming a software & industrial hub. Indore has grown many folds & has more business potential to offer than any other cities of similar status in the country.

References :-

1. Sources – websites
2. District trade & industries centre indore
3. Ministry of micro small & medium enterprises.
4. Audhoyogik kendra vikas nigam
5. Export promotion council
6. Akvn/dtic
7. Cidmap

Table 2 : Details Of Existing Micro & Small Enterprises & Artisan Units In The District

Nic Code No.	Type Of Industry	Number Of Units	Investment (Lakh Rs.)	Employment
20	Agro Based	370	163.24	1110
22	Soda Water	-	-	-
23	Cotton Textile	44	792.20	2640
24	Woolen, Silk & Artificial Thread Based Clothes	79	43.45	158
25	Jute & Jute Based	35	15.75	70
26	Ready-Made Garments & Embroidery	634	158.50	4438
27	Wood/Wooden Based Furniture	30	10.50	120
28	Paper & Paper Products	177	531	1062
29	Leather Based	431	21.55	862
31	Chemical/Chemical Based	179	1432	716
30	Rubber, Plastic & Petro Based	265	927.50	795
32	Mineral Based	27	270	162
33	Metal Based (Steel Fab.)	430	193.50	1290
35	Engineering Units	101	55.55	404
36	Electrical Machinery And Transport Equipment	106	42.4	318
97	Repairing & Servicing	920	230	1840
01	Others	67	10.05	201

****

नृत्य और संगीत में रायगढ़ रियासत का योगदान

अमित कुमार * डॉ. रामरतन साहू**

शोध सारांश – साहित्य, संस्कृति, क्रीड़ा की नगरी रायगढ़ में ऐसे नर्तक, गायक और संगीतकार हुए, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से सबको चमत्कृत कर दिया। नृत्य और संगीत को उसके मूल संस्कार और नये स्वरुप में जोड़कर उसे पुन: प्रस्तुत करने में रायगढ़ रियासत का प्रमुख योगदान रहा है।

प्रस्तावना – अन्य दरबारों में कत्थक को संरक्षण तो मिला, परंतु उसका पूर्ण विकास रायगढ़ रियासत में हुआ। राजा चक्रधर सिंह ने उसके चार अंगों गायन, वादन, नर्तन और भाव प्रदर्शन को स्वीकार किये। राजा चक्रधर सिंह स्वयं एक प्रतिभा सम्पन्न कवि, रंगकर्मी, नाट्य लेखक, श्रेष्ठ तबला वादक, और जन्मजात नर्तक थे, अर्थात वे एक सम्पूर्ण कलाकार थे। प्रयोराधर्मी होते हुए भी वह कत्थक की जमीन से नहीं हटे, बल्कि उसे मध्यकालीन कुहासे से निकालकर उसके मूल संस्कार लौटायें। तब जाकर कही कत्थक आज इतने गौरव का अधिकारी बन सका है। रायगढ़ रियासत के कत्थक ने जो ऊचें आयाम कायम किये वे नृत्य जगत के इतिहास में सदैव जीवित रहेगें।

रायगढ़ कत्थक घराने में लोकनृत्य का लालित्य, उद्भ्रम, आवेग व जीवन का निश्चल स्पंदन है, बोल ध्वनात्मक व चित्रात्मक है, जिनमें काव्यानंद की अनुभूति निहित है। राजा साहब ने गतभाव व लयकारी में चमत्कारिक परिवर्तन कर नृत्य प्रस्तुति में अनूठे प्रयोग किये। यहॉ की विशिष्टतायें निम्न है–कठिन चकरदार बोल एवं परन सप्तस्वरों की गतियॉ, अनेक मुद्राओं की गतियॉ, शिव ताण्डव स्त्रोत तथा अमृता ध्वनि, किरिट, पखवज व ताण्डव के बोल, कड़क बिजली परण, दल बादल, गजपरण, किलकिना परण, दुर्गा काली लास्य, शुभ्रभानू इत्यादि।

रायगढ़ घराने के बोल ध्वन्यात्मक है। इसे वढऋने के साथ ही अर्थ खुलने लगते है और भाव प्रदर्शन के साथ ही रस निष्पंदित होने लगती है। भावों की प्रधानता और अभिनेयता इसके सहायक तत्व है। कलाओं की अस्मिता के प्रति सजग एवं जागरुक राजा चक्रधर सिंह के आश्रय में संगीत और नृत्य को नये रुपों में अभिव्यक्त होने के मुक्त अवसर मिले।

कलाधानी रायगढ़ ने अपनी माटी से एक ऐसे रत्न को जन्म दिया जिसने पूरे भारत को अपनी कला ज्योति से आलोकित कर दिया। स्व.ठाकुर जगदीष सिंह दीन ने ठा0 लक्ष्मण सिंह से गायन, तबला व सितार की विधिवत शिक्षा ली। ठाकुर साहब ने दरबार के बाबा ठाकुरदास से परवाज, बांदा के मुहम्मद खां से गायन, इनायत खां से सितार, कोयंबदूर के पं0 शोभाराम से घॅटवाद्य की शिक्षा ली। सन् 1940 में रायगढ़ में संपूर्ण देश के परखावज वादकों की प्रतियोगिता हुई जिसमें ठाकुर साहब ने निरंतर 4 घंटे वादन कर अद्धितीय प्रदर्शन किया इस हेतु उन्हें 'मृदंगार्जुन' के नाम से विभूषित किया गया।

इन्हें भारतेंदु साहित्य समिति बिलासपुर द्धारा बाघ विभूषण, संगीत कार्यालय हाथरस से संगीत रत्न की उपाधि भी मिली। ये सादा जीवन व उच्च विचार के व्यक्ति थे। इन्होनें लक्ष्मण संगीत विद्यालय की स्थापना की। ये संगीत शास्त्र में गहन अध्येयता थे। इनके अनेक शिष्य हुये जो उनका नाम आज भी रौशन करते है।

वेदमणिजी तबला के विलक्षण कलाकार तो हैं ही ये बीए, बीएड, एम म्यूजिक तबला, गायन एवं सितार में बी.म्यू. भी है. इन्हें तबले की तालीम अपने पिता श्री जगदीश से प्राप्त हुई, इसके अलावा पं0 भूषण महराज एवं पागलदास से भी इन्होने शिक्षा प्राप्त की। इलाहाबाद, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, नागपुर जैसे शहरों में संगीत यात्रा कर इन्होनें अपनी विलक्षण कला से लोगों को चमत्कृत किया. ये ताल बंदिशों में भी माहिर है, तीनताल, मृदंगार्जुन ताल, विलासताल खेती ताल आदि की रचना भी इन्होनें की है। इन्हें भावनगर में महाराष्ट्र मण्डल द्धारा 'संगीत सम्राट' की उपाधि जबकि वैष्णव संगीत विद्यालय रायगढ़ ने 'चक्रधर सम्मान' से नवाजा है। ये 'बेदम' नाम से गजल भी लिखते है। इनके प्रमुख शिष्यों में महेन्द्र सिंह ठाकुर, निमाई चरण पंडा, शुकमणि गुप्ता, नारायण लाल देवांगन, मोहन अग्रवाल, अलका आठले, जगदीश मेहर, मनहर सिंह ठाकुर, केशव, आनंद शर्मा, सुरेश दुबे, देवलाल, चंद्रकला देवांगन, टेकचंद चौहान, आलोक बनर्जी, गरीबदास महंत, आशीष देवांगन तथा प्रियंका पटेल प्रमुख हैं।

रायगढ़ में न केवल तबला, पखावज व मृदंग के बड़े बड़े उस्ताद हुए है बल्कि अनेक गायक और संगीतकार भी हुए है। डॉ0 गोविंद प्रसाद शर्मा, शंकर सिंह ठाकुर, राजाराम गुरू, नत्थू राम गुप्ता, राधेलाल गजभिए, ठाकुर लक्ष्मण सिंह शेखावत (रूद्रवीणा वाद) परूराम विश्वकर्मा (वायलीन) ढोबले गुरूजी (संतूर) के अद्धितीय कलाकार रहे है। जगदीश मेहर अपने मृदुभाषी स्वभाव एवं विनयशीलता के कारण सर्वाधिक लोकप्रिय कलाकार है। मन से उच्च कलाकार और तन से महान दानी श्री मेहर सभी कलाकारों की योग्यता के अनुरूप संगत कर लेते है। ठाकुर मनहरण सिंह एंव जगदीश मेहर एक दूसरे के पूरक है. चक्रधर संगीत विद्यालय इन्हीं की देन है जिसे श्रीमती चंद्रकला देवांगन बखूबी संचालन कर रही है।

लोक गायक फूलचंद लाला छत्तीसगढ़ के सर्वाधिक लोकप्रिय गायक थे। वे शास्त्रीय संगीत मे निपुण तो थे ही उन्हे छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्राय: सभी धुनें याद थी। उन्होनें लोक कला के क्षेत्र में अद्धितीय साधना कर लोकगीतों के सरताज के रूप में अपने को प्रतिष्ठित किया। फूलचंद लाला ने 'काली माटी' नाट्य मंडली के लिये कथा और गीत लिखे। सन् 1958 में

*एम.फिल. शोध छात्र (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

छत्तीसगढ़ के लोक नर्तकों का दल लेकर जननायक पं0 जवाहर लाल नेहरू एवं राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के समक्ष 'नाचा' का नेतृत्व किया और सम्मानित भी हुए। महात्मा गॉधी की मृत्यु पर उनके द्वारा रचित छत्तीसगढ़ी मार्मिक गीत उनकी कला दक्षता का साक्षात् प्रमाण है। 'अहो भगवान हमला काबर बनाये जी किसान' उनके अमूल्य कृत्यों का एक नगीना है। 'हमर कतक सुंदर गांव जैसे लक्ष्मीजी के पांव' वाली रचना एवं गीत उन्हें अमरत्व प्रदान करने में सक्षम है। बहुगुणी प्रतिभा के धनी स्व. लाला फूलचंद श्रीवास्तव में एक साथ कवि, संगीतज्ञ एवं कलाकार के जन्मजात गुण विद्यमान थे। रायगढ़ नरेश राजा चक्रधर सिंह के दरबार में वे नवरत्नों मे से एक थे। उनके गीतों में देशप्रेम वीर रस श्रृगांर रस एवं करूण रस की भावना निहित थी। लालाजी ने छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य सुआ, डंडा, करमा, भोजली आदि की लोक छंदो में अनूठी रचनाएं की जो बहुत मार्मिक है। कदाचित लाला फूलचंद अपने समय के सबसे प्रतिभावान छत्तीसगढ़ी रचनाकार एवं गायक थे।

रायगढ़ विरासत के कलाकारों, संगीतज्ञों और नर्तकों द्वारा रायगढ़ रियासत के सन्निकट रहकर अपनी कलाओं को समाज के समक्ष प्रस्तुत करनें में अह्म भूमिका निभायें है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राजा चक्रधर सिंह, ताल तयोनिधि।
2. जनकर्म, दैनिक समाचार पत्र।
3. कमल किशोर, रायगढ़ दर्शन।
4. नवभारत दैनिक समाचार पत्र।
5. ठाकुर जगदीश सिंह का जीवन वृत।
6. अतुल कुमार, कला और साहित्य की नगरी रायगढ़।
7. डॉ बलदेव प्रसाद, रायगढ़ का सास्कृतिक वैभव।

****

कुँड़ुख भाषा और उनकी विशेषताएँ

आरती कुमारी *

शोध सारांश – झारखण्ड में रहने वाली अनेक जनजातियों में कुँडुख जनजाति का एक विशेष स्थान है। यह जनजाति झारखण्ड की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है यह जनजाति द्रविड़ भाषा परिवार के अन्तर्गत आता है। इनकी भाषा कुँडुख है। इस भाषा को देश का प्राचीन भाषा माना जाता है।

प्रो0 महेश भगत अपनी पुस्तक 'कुँडुख भाषा व्याकरण एवं साहित्य' में लिखा है कि 'कुँडुख भाषा इस देश का बहुत ही प्राचीन भाषा है।' भाषा वैज्ञानिक का भी कहना है कि 'कुँडुख' द्रविड़ भाषा परिवार भारत देश का सबसे पुरानी भाषा है। इसलिए हमारे बुद्धिजीवियों ने भी कहा है कि 'कुँडुख भाषा का महत्त्व और विशेषताएँ' 'अलग एवं थलग ही है।'

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री का चयन करके शोध विषय 'कुँडुख भाषा और उनकी विशेषताएँ' का अध्ययन किया गया हैं। इसके हेतु पुस्तकालय एवं पत्र-पत्रिकाओं के साथ-साथ विद्धानों का भी मार्गदर्शन लिया गया है।

उद्देश्य – भाषा का प्रयोग मानव ही नहीं बल्कि हर पशु-पक्षी अपने बोली या भाषा के माध्यम से प्रकट करता है। इसी प्रकार कुँडुख जनजाति की भी अपनी मातृभाषा कुँडुख है। कुँडुख जनजाति को उराँव नाम से भी जाना जाता है। परन्तु कुँडुख शब्द एक भाषा है, साथ ही एक जाति भी। लेकिन उरांव शब्द केवल जाति के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं।

समस्या – भाषा के प्रोत्सहन हेतु राज्य सरकार ध्यान नहीं देती है। इस स्थिति में भाषा अधिक दुरूह मानव विकास से दूर होती जा रही है। कुँडुख भाषा को प्रोत्सहन करना राज्य सरकार का दायित्व है।

कुँडुख भाषा झारखण्ड के अलावे अन्य राज्यों बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि क्षेत्रों में पायी जाती है। भारत देश के अलावे नेपाल, भूटान, बांग्लादेश एवं रोम इत्यादि देशों में बोली जाती है। कुँडुख भाषा का क्षेत्र वृहद् रुप में विस्तृत हुई है। इसके संबंध में **प्रो0 महेश भगत** अपनी पुस्तक में लिखे हैं 'हिन्दी अयंग राजी नू कुँडुख कच्छनखरुउर गहि गन 50 लुडिम ती हूँ बग्गे र ई। कुँडुखर झारखण्ड ती बहरी बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, निकोबार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, बम्बई, चेन्नई गुट्हि नु हूँ र:नर। हिन्द अयंग राजी ती बहरी नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, यू0एस0ए0, रोम, स्वीडन अरा अमेरिका गुट्हि राजी नु र:नर।'

अर्थात् भारत देश में कुँडुख जनजाति द्वारा बोली जाने वाली जनसंख्या 50 लाख से भी ज्यादा है। कुँडुख जनजाति झारखण्ड राज्य से बाहर बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, अंडमान निकोबार, मध्यप्रदेश, दिल्ली मुंबई, चेन्नई आदि राज्यों में पाये जाते हैं। भारत देश के अलावा रोम, स्वीडेन और अमेरिका आदि देशों में भी पाये जाते हैं।

समाधान – उपर्युक्त कथन से प्रमाणित हो जाता है कि कुँडुख भाषा क्षेत्र अत्यंत विशाल है। जिन जातियों की अपनी भाषा हो, उसका भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास गौरवपूर्ण, प्रेरणास्पद तथा सम्माननीय होता है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि कुँडुख जनजाति की उत्पत्ति जब से जाना जाता है, तब से ही उनकी भाषा अत्यंत समृद्ध एवं विकसित थी और पूरे विश्व में बिखरा पड़ा था। कई विद्धानों के अनुसार कुँडुख का उद्गम 'कोंकण से होता हुआ, नर्मदा, किनारे-किनारे सिन्धु सभ्यता को इंगित करता है।' परन्तु इनका अभी भी किसी ठोस एवं सार्थक निष्कर्ष नहीं मिल पाया है।

जीतू उराँव अपनी पुस्तक में लिखते हैं 'ऐतिहासिक तथ्य, पुरातात्विक अवशेष तथा वैज्ञानिक शोध से यह स्पष्ट हो रहा है कि कुँडुखर के पूर्वजों का जन्म स्थल अफ्रीकी है और वैज्ञानिक इस बात को प्रमाणित करते हैं कि झारखड के आदिवासियों की डी0एन0ए0 संरचना और अफ्रीकी मूल के आदिवासियों की डी0एन0ए0 संरचना में समानता है तथा इस ओर आज भी वैज्ञानिकों का शोध सतत् रुप से जारी है, जैसे - न्यूयार्क (वार्ता)। मानव की अनुवांशिको परत दर परत खोलने में जुटे जीव वैज्ञानिकों का दावा है कि धरती पर मानव जाति की उत्पत्ति अफ्रीका से हुई थी।

उपर्युक्त बातों से स्पष्ट हो जाता है कि आदि मानव आदिवासी था। हो सकता है कुँडुखों का पूर्वज ही आदि पुरुष हो। आदिवासी स्वभाव से ही प्रकृति प्रेमी रहे हैं। आदिकाल से लेकर वर्त्तमान तक इनका आर्थिक जीवनचर्या प्रकृति पर ही निर्भर रहा है। इनके पूर्वजों द्वारा बनाया गया खेत, जंगल, पहाड़, नदी, पर्वत आदि को काटकर एवं साफ कर अपने रहने लायक जमीन बनाया।

बाहरी लोगों का आक्रमण या अन्य प्रकृति आपदा के कारण एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित होते रहने के कारण इनकी भाषा थोड़ी गिरावट की स्थिति में आई है, लेकिन इनकी भाषा अभी भी समृद्ध एवं विस्तृत रुप में पाया जाता है

सभी भाषाओं की अपनी-अपनी विशेषताएँ होती है, उसी प्रकार कुँडुख भाषा की भी अपनी अनोखी विशेषताएँ पायी जाती है –

1. कुँडुख भाषा में पुरुष जाति और धरमेस को छोड़कर दुनिया की सभी चीजों को चाहे वह सजीव हो या निर्जीव सभी को स्त्रीलिंग जाति में रखा जाता है, जैसे –

अड्डो अम्म ओन्ना लगी (स्त्री0)	बैल पानी पी रहा है।
मन्न परदा लगी (स्त्री0)	पेड़ बढ़ रहा है।
चन्दो मुनखा लगी (स्त्री0)	चाँद डूब रहा है।
एड़पा दव रई (स्त्री0)	घर अच्छा है।
आलस बरआ लगदस (पु0)	आदमी आ रहा है।
धरमेस होरमारिन एऱा लगदस	भगवान सबको देख रहा है।

* शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग (कुँडुख) राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

इस प्रकार इन वाक्यों में देखा जाय तो बैल, पेड़ आदि पुलिंग है, लेकिन कुँडुख भाषा में इसे स्त्रीलिंग रुप में प्रयोग किया जाता है। पुरुष जाति और भगवान को शब्द को पुलिंग रुप में प्रयोग करते हैं।

2. कुँडुख भाषा की एक अन्य विशेषता है कि स्त्री-स्त्री के साथ बातचीत करने पर स्त्रीलिंग रुप का ही प्रयोग करते हैं, लेकिन स्त्री यदि पुरुष से बातचीत करे तो पुलिंग रुप में बात करती है, जैसे -

	हिन्दी	**कुँडुख**
स्त्री के साथ बातचीत	मैं जाती हूँ।	एऩ कएना। (स्त्री0)
पुरुष के साथ बातचीत	मैं जाती हूँ।	एऩ कादना। (पु0)
पु0-स्त्री0 में, पु0-पु0 में बातचीत	मैं जाता हूँ।	एऩ कादना। (पु0)

3. कुँडुख भाषा में सबसे पहले जाति, बाद में लिंग को प्रस्तुत किया जाता है, जैसे -

अड्डो बरआ लगी (बैल आ रहा है)।

अडडो घासी मोखा लगी (बैल घास खा रहा है)।

इस प्रकार कुँडुख भाषा में सबसे पहले जाति को प्रस्तुत किया जाता है, यहाँ 'बैल' एक जाति का नाम है।

4. कुँडुख भाषा के व्याकरणिक विशेषता के अनुसार पुलिंग में 'ने चिन्ह को दिखाने के लिए नाम के अन्त में 'स' जोड़ा जाता है, जैसे -

सोमरा ने - सोमरस।

सोहन ने - सोहनस।

5. स्त्रीलिंग में 'ने' चिन्ह को दिखाने के लिए नाम के अन्त में 'द' और 'न' जोड़ा जाता है, जैसे -

	कुँडुख	**हिन्दी**
सीता ने - सीतद	सीतद बाचा	सीता ने बोली
सीमा ने - सीमद	सीमादिम नंज्जां	सीमा ने ही किया।

उसमें कर्म के 'को' चिन्ह दर्शाने के लिए नाम के साथ अन्त में 'न' जुड़ता है, जैसे -

	कुँडुख	**हिन्दी**
सीता ने - सीतन	सीतन बाचअन	सीता को बोले।
सीमा ने - सीमन	ए-न सीमन बआ लगेन	मैं सीमा को बोल रही हूँ।

यहाँ नाम के अंत में जुड़ा अक्षर 'स', 'द' और 'न' कर्त्ता के 'ने' चिन्ह तथा कर्म के 'को' चिन्ह को दर्शाता है।

6. कुँडुख भाषा में पुलिंग शब्दों के अन्त में 'स' के स्थान पर 'र' लगाकर बहुवचन बनाया जाता है, जैसे -

आलस - आलर

कुक्कोस - कुक्कोर

7. 'बगर' एवं 'गुद्दियर' शब्द जोड़कर भी क्रमश: पुलिंग एवं स्त्रीलिंग शब्दों को बहुवचन बनाते हैं, जैसे -

एंग ददा बगर बरचर। (मेरे भैया सब आये)।

निंग्गियो गुद्दियर बरचर। (तुम्हारी माँ सब आयी)।

मण्डी गुद्दी खटआ लगी। (खाना सब पका रही है।)

8. कुँडुख भाषा में 'श' और 'ष' का प्रयोग नहीं होता बल्कि इसके स्थान पर केवल 'स' का ही प्रयोग होता है।

9. कुँडुख भाषा में ऋ, ङ,ञ , ण और व से किसी शब्द का शुरुआत नहीं होता है।

10. कुँडुख भाषा में 'ङ' का उच्चारण स्वतंत्र तथा संयुक्त दोनों प्रकार से होता है, जैसे -

अयंङ - माँ, माता

तंङगड़ी - उसकी बहन।

11. कुँडुख भाषा में ै, ौ का प्रयोग नहीं होता बल्कि इसके स्थान पर अय, अए और अव का प्रयोग किया जाता है, जैसे -

अय - नम्हय, तम्हय, एम्हय।

अए - अएना, चएना, कएन।

अव - अँवगे, अउड़का, अउला।

12. कुँडुख भाषा में तीन लिंग और दो वचन है। लिंग बोध के लिए आवश्यकता के अनुसार संज्ञा के साथ पुरुष और स्त्री वाचक शब्द जुटता है।

13. मूर्धन्य ध्वनियों का बाहुल्य है। विद्वानों का मत है कि संस्कृत में मूर्धन्य ध्वनियों का समावेश इसी भाषा के सम्पर्क से हुआ है।

14. कुँडुख भाषा में अनेक शब्द ऐसे हैं, जो एक ही शब्द के विभिन्न अर्थ तथा भाव दशाओं को दर्शाते हैं, जैसे -

काटना -

ख़ेरस्स खोयना (धान काटना)

अमखी मो-चना (सब्जी काटना)

मन्न खंडना (पेड़ काटना)

खोऱ एड़बना (मुर्गा काटना)

ए-ड़ा खोस्सना (खस्सी काटना)

तोड़ना -

पूँप तोक्खना (फूल तोड़ना)

कडिरका एसना (दतवन तोड़ना)

अड़खा तोक्खना (साग तोड़ना)

लड़ंगन खच्चना (लता तोड़ना)

पहनना -

किचरी कूरना (साड़ी पहनना)

धूती चोअना (धोती पहनना)

जूता अत्तना (जूता पहनना)

टूपी खपरना (टोपी पहनना)

पकाना -

मण्डी बितना (खाना पकाना)

अमखी इरतना (सब्जी पकाना)

असमा मेक्खना (रोटी पकाना)

15. कुँडुख में 'ख' वर्ण का उच्चारण दो प्रकार से होता है। प्रथम 'ख' वर्ण का उच्चारण अन्य भाषाओं के समान ही होता है। दूसरे प्रकार के 'ख' से थोड़ा में नीचे नुक्ता (.) चिन्ह दिया जाता है। अत: 'ख़' का उच्चारण साधारण 'ख' से थोड़ा भिन्न होता है। इसमें कोमल तालू और कंठ आपस में नहीं सटते हैं और दोनों के बीच हल्का सा स्थान रहने से अन्दर से निकलने वाली हवा के घर्षण से इस प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है।

इस प्रकार कुँडुख भाषा की अपनी अलग ही विशेषता पायी जाती है। विद्वानों के अनुसार कुँडुख भाषा में क्ष, ज्ञ का प्रयोग अन्य भाषाओं के शब्दों से आये हैं। ये दोनों ही वर्ण कुँडुख भाषा में नहीं आते हैं। व्याकरणविद् श्री पी0सी0 बेक ने कुँडुख भाषा के वर्ण में 'ख़' को बहुत महत्वपूर्ण माना है। इसका उच्चारण विशेष प्रकार से गले से जोर लगाकर किया जाता है, जैसे - ख़ेऱ (मुर्गी), ख़ाख़ा (कौआ), ख़ेब़दा (कान), ख़ेख़ेल (धरती), ख़ंजपा (फल) इत्यादि।

निष्कर्ष :- जिस प्रकार हर चीज की अपनी खास विशेषताएँ होती है और उन्हीं विशेषताओं के कारण उसका अपना अलग स्थान बनता है, उसी प्रकार कुँडुख भाषा की भी अपनी खास विशेषताएँ पायी जाती है। भाषा के उच्चारणों में ट, ड, द की बहुलता है। साथ ही संयुक्ताक्षरों जैसे ड्ड, क्क, म्म, च्च, च्छ, क्ख की भी बहुलता पाया जाता है। साथ ही इस भाषा में क्रिया की काफी ज्यादा बहुलता पायी जाती है

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रो0 महेश भगत, कुँडुख भाषा व्याकरण एवं साहित्य, 2016, पृ0-1.
2. प्रो0 महेश भगत, कुँडुख कत्था - कत्थपंडी गहि कुन्दुरना अरा परदना (कुँडुख भाषा-साहित्य का उद्‌भव और विकास), 2017, पृ0-1.
3. जीतू उराँव, सिन्धु घाटी कुँडुख सभ्यता और जनजातीय भूमिका, 2010, पृ0-8.
4. कुँडुख लिटरेसी सोसाईटी ऑफ इंडिया, कुँडुख डहरे पत्रिका, 2008, पृ0-31.
5. कुँडुख लिटरेसी सोसाईटी ऑफ इंडिया, सँवसे खे़खे़ल ता कुँडुख कत्था, विश्व पटल पर कुँडुख भाषा, पत्रिका, पृ0-25-26.
6. झारखण्ड एन्साइक्लोपीडिया, खंड-4, संपादक-रणेन्द्र, 2008, पृ0-202.

****

छोटानागपुर के आदिवासी

इंदिरा कोनगाड़ी *

शोध सारांश – हम कहते आए हैं कि छोटानागपुर के वनों में सदियों से वन-जातियाँ पलती आ रही है। इन्हें आदिवासी शब्द से आज पुकारा जाता है। ये जातियाँ यहाँ आर्यो के आगमन के पूर्व से रह रही हैं या पीछे इनका आगमन हुआ या कहना जरा मुश्किल है।

असूर– इतना तो निश्चित है कि प्राचीन ग्रंथों में कोल, शबर, किरात, असूर ये नाम वन-जाति के मनुष्यों के लिए आते हैं। अभी भी जहाँ-तहाँ वनों में असुर नाम की जाति मिलती हैं। वे लाग लोहा गलाने और लोहे के सामान बनाने में लगे रहते हैं। हो सकता है कि आदिवासियों में सबसे प्राचीन और आदिम निवासी ये असुर जाति के ही लोग हों। इनकी भाषा भी दूसरी जातियों की भाषा से भिन्न है। ये छोटानागपुर के पश्चिम भूभाग में रहते हैं। इनकी संख्या बहुत कम है।

मुण्डा– इनके बाद आनेवाली दूसरी वन-जाति मुण्डा की है। मुण्डा लोग जब छोटानागपुर में आए तो उनकी भेंट असुर नाम की जाति से हुई। किन्तु प्रश्न उठता है कि मुण्डा लोग कौन थे? यों आए? यह सब प्रश्न कौतूहल पूर्ण हो जाते हैं। इनके विशय में कई विद्वानों के अपने-अपने मत है। कुछ विद्वान् कहते हैं कि मुण्डा लोग पूरब की ओर से आए और कुछ लोग कहते हैं कि पश्चिम की ओर सें। परन्तु इतना निश्चय हो चुका है कि जब आर्य भारत में आए तो वे मध्यभारत में आकर रहने लगे। उस समय वहाँ विन्ध्याचल पर्वत से लेकर दक्षिण के वन भागों मे जो जाति निवास करती थी उसकी उन लोगों ने भगा दिया। वे लोग अपनी जीविका की खोज में इघर-इघर जाकर बस गये। दक्षिण में गए हुए लोग अनार्य कहलाए और पूरब की ओर भागने वाली यह जाति मुण्डा कहलाई। इन लोगों में छोटानागपुर के पहाड़ी और जंगली इलाको को अत्यन्त सुरक्षित पाकर और जीविका का अच्छा साधन देखकर अपन निवास-स्थान बनाया।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र प्राथमिक और द्वितीय स्त्रोतों के द्वारा अध्ययन किया गया। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं और विद्वानों का मार्गदर्शन के द्वारा अध्ययन किया गया है।

उधेश्य :-

मुण्डा जाति की शाखाएँ– पता चलता है कि मुण्डा जाति की भी दूसरी जातियों की तरह कई शाखाएँ हैं। इनके तीन भाग हैं- (1) खास मुण्डा (2) हो मुण्डा (3) संथाल।

इन तीन शाखाओं के लोग साथ ही छोटानागपुर की ओर आए। कुछ सोन नदी को पार करके पलामू और हजारीबाग के जिले में पहुँचे। संथालियों का दल दामोदर नदी को पारकर संथाल परगना तथा धनबाद जिले में जाकर बस गया। अब रह गए मुण्डा और हो जाति के लोग। यह दल उनका साथ न दे सका। ये दामोदर नदी के दक्षिण की ओर बढ़े। इन लोगों ने उमेडंडा घाटी पार कर राँची जिले में प्रवेश किया। राँची सदर के मांडर, मुड़मा कोराम्बे, सुतियाम्बे ये गाँव मुण्डा लोगों के ही नाम पर बसे हुए हैं। जिसको जहाँ सुविधा मिलती गई वे वहाँ इस विशाल भूभाग में आकर बसते गए। कुछ लोग आगे बढ़कर सिहभूम जिले की ओर बस गए और कूछ लोग उड़ीसा के बामड़ा, बोनाय, केओंझा, मयूरभंज आदि राज्यों में रहकर जीविका चलाने लगे। इनके अलावे कुछ लोग बाँकुड़ा और पूरूलिया आदि जिले में बंगाल तक पहुँच गए।

उराँव– उराँव भी पनाह पाने के लिए बाहर से ही यहाँ आए। इनका आना मुण्डा लोगों के बाद हुआ। परन्तु इनका मेल मुंडा लोगों से इतना घनिष्ट हो गया कि ये ऐसे मालूम होते हैं कि दोनों एक साथ ही आये हों।

समस्या – उराँव कहाँ से आए इस पर बहुत विवाद है। कुछ विद्वान् कहते हैं कि उराँव लोगों की भाषा द्राविड़ भाषा से मिलती है इसलिए ये शायद दक्षिण से आए हों। परन्तु यह निश्चित-सा हो चुका है कि उराँव लोगों का जमाव बिहार ही के शाहाबाद जिले के ससराम सबडिविजन के दक्षिण-पश्चिम पहाड़ी इलाकों में था। इनका अपना साम्राज्य था। ये स्त्री-पुरूष बड़े बलिष्ठ ओर साहसी होते थें। इसको छेड़नेवाला कभी बच कर नहीं लौट सकता था।

समाधान – धीरे-धीरे मुसलमानों का राज्य जब उत्तरी भारत में फैल गया तो उन लोगों ने इन पहाड़ी इलाकों में भी हमला किया। उनका सामना करने के लिए उराँव वीर तैयार हो गएं डट कर लड़ाई हुई। इन वीरों के सामने मुसलमान नहीं टिक सके। बहुत से मुसलमान मारे गएं मुसलमान इनको अपना प्रबल शत्रु.समझने लगे। रोहतास का किला जो इन लोगों के कब्जे में था उसको पाने के लिए मुसलमानों ने जी-जान से कोशिश की। जब वे सामना-सामनी इनका मुकाबला नहीं कर सके तो एक दिन 'सरहुल' पर्व के दिन (जिस दिन उराँव लोग खूब शराब पीकर बेसुध थे) मुसलमानों ने इन पर जोरों का धवा बोल दिया। बेचारे उराँव जो अपने शरीर तक को सम्हालने में असमर्थ थे उनके सामने यूद्ध कैसे कर सकते थे? फिर भी कुछ स्त्रियाँ अपना दल बनाकर मुसलमानों के सामने डट गई। उनकी वीरता देखकर मुसलमान लोग दाँपों तले अगुली दबाने लगे। किन्तु ये वीराङनाएँ उन बाढ़-सी खूँखार सेना के सामने कब तक टिकी रहती? सबों ने अपना-अपना सामान लेकर वनों में भागना शुरू कर दिया। पीछे सभी उराँव उस स्थान को छोड़कर दक्षिण-पूरब की ओर चले गए। उनके मन में अपने रोहतास किले का हाथ से निकल जाने का बड़ा अफसोस रह गया। ऐ बार एक वीराङगना 'सिनगीदई' से बहुत-सी स्त्रियों के साथ फिर मोर्चा लिया परन्तु कामायाबी हासिल न हुई। अब ये सदा के लिए रोहतास को भुलाकर रहने लगे। किन्तु मुसलमानों ने सोचा कि ये उराँव जब तक आसपास में रहेंगें कभी न कभी हमला कर ही बैठेंगे। इसलिए उनको दौड़ा-दौड़ा कर उन्होंने मारना शुरू किया। अब निहत्थे बन कर ये उराँव पनाह पाने के लिए वनों में भाग निकले और छोटानागपुर के वनों में आकर अपना निवास बनाया। दूसरा दल गंगा

* शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

नदी के किनारे-किनारे चलकर राजमहल की पहाड़ियों में आ बसा।

उराँव मुण्डा संघर्ष- उराँव लोगों का आना मुण्डा लोगों की खटकने लगा। वे अपने को उराँव लोगों से कुलीन और पूज्य समझने का दावा करते थें। ये उराँव लोगों को अपने गाँव और घरों के पास रहने देना नहीं चाहते थं। बात यह थी कि मुण्डा लोग बहुत पहले से आकर जम चुके थे। उन्हें अपनी चीज में दुसरे को हिस्सा देना अच्छा नहीं लगता था। क्योंकि बड़ी मेहनत से उन लोगों ने जंगलों को काट कर खेती के योग्य भूमि बनाई थी। फिर भी हृदय के उदार और स्वभाव के अच्छे होने से मुण्डा लोगों ने उराँव लोगों को बसने दिया। उराँव लोगों ने भी मुण्डा लोगों कीी अपना पुरोहित निश्चित कियां। आज भी गाँवों में देखा जाता है कि जितने उराँव हैं उनका पाहन (पुरोहित) मुण्डा ही होता है।

इस तरह दिन पर दिन बीतने लगे; परन्तु उराँव जाति का अपना स्थान निश्चित नहीं हो पाया। अधिक दिनों तक मुण्डा लोगों की शरण में रह कर जीना उन्हें अच्छा नहीं लगा। इसलिए पंचायत के जारिये उन लोगों में समझौता हुआ। उराँव लोग छोटानागपुर के उत्तरी-पश्चिमी भु-भाग में बस गये और मुण्डा लोगों को छोटानागपुर को दक्षिणी-पूर्वी भाग मिला। उत्तर-पश्चिम में लोहरदगा, मांडर, बरवे से लेकर सुरगुजा, यशपुर तक उराँव लोगों का निवास हैं। इधर दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र बुण्डू, तमाड़, खूँटी, सिंहभूम, बसिया आदि में मुण्डा जाति की अधिकता है।

खड़िया जाति- आदिवासियों की यह खड़िया जाति भी छोटानागपुर में जहाँ-तहाँ बसी हुई मिलती हैं। परन्तु इसका पता लगाना कठिन है कि ये लोग किधर से आये-पूरब से, उत्तर से या पश्चिम से। दूसरी बात यह है हिक ये उराँव से पहले आये या बाद में। इन विशयों पर कई तरह के विचार उठते हैं कुछ लोग कहते हैं कि प्राचीन काल में शबर जाति विन्ध्य और कैमूर के पहाड़ी प्रंदेशों में रहा करती थी। प्राचीन ग्रन्थों में भी शबर के नाम मिलते हैं। वे ही बाद में खड़िया के नाम से कहे जाने लगे। दूसरे लोगों का यह कहना है कि जब आर्यो ने इस देश मे आकर अपना पर फैलाना शुरू किया तो यहाँ के रहने वाले असभ्य जाति के लोगों को मार भगाया।ये खड़िया जाति के लोग भी मुंगेर जिले के खड़गपुर इलाके के पहाड़ों में जाकर रहने लगे, किन्तु आस-पास कहीं जगह न मिलने से ये छोटानागपुर क वनों में आकर बस गयें। खड़िया लोगों में भी यह बात फैली इुई है कि उनके पूर्वज पटन की ओर से आयें। उनके पूर्वजों का मशहूर स्थान रूईदास (पटना) है। अधिक सम्भव है कि ऊपर की मुंगेर वाली बात ही अधिक निश्चित हो।

खड़िया जाति के तीन भेद हैं (1)पहाड़ीया एरंगा खड़िया (2) ढेलकी खड़िया (3) दूध खड़िया।

पहाड़ी खड़िया अधिक असभ्य जाति है। वे जानवरों का शिकार करके खाते हैं। ये ज्वार, मकई, गुन्दली आदि उपजा कर साग-पात खाकर प्राय: नंगे रहकर जीवन व्यतीत करते हैं। इनका क्षेत्र धालभूम, बड़ाभूम से लेकर उड़ीसा में योझर और बाकनाई के पहाड़ी भागों में है।

ढेलकी खड़िया जब छोटानागपुर में आये तो शंख नदी के किनारे जा बसे। वहाँ से भैंवर पहाड़ और बीरू, तपकरा की ओर तो बसे ही साथ ही उड़ीसा के गांगपुर ओर मध्य प्रदेश के यशपुर के इलाकों में भी जा बसे। ढेलकी खड़िया पहाड़ी खड़िया से कुछ सभ्य हैं। ये तरीके से खेती-बारी करते हैं, मवेशी पालते हैं और घर बना कर रहते हैं।

ढेलकी खड़िया के बाद दुध खड़िया जाति के लोग आए। इनका क्षेत्र शंख, कोयल और कारो नदी के किनारे है। इन्होंने ढेलकी खड़िया को खदेड़ कर गुमला, पालकोट और सिमडेगा के इलाके में अपना अऔ जमाया। 'ढेलकी खड़िक्या से कुछ अधिक सभ्य हे। यों तो खड़िया जाति एक स्थान पर अधिक दिनों तक रहना नहीं पसन्द करती हैं वह बराबर यहाँ से वहाँ घुमती ही रहती है फिर भी ढेलकी और दूध खड़िया में यह बात नहीं है। आज भी ये शंख और कोयल नदियों के किनारे-किनारे गुमला और सिमडेगा सबडिविजनों में तथा संबलपुर और गांगपुर तक फैले हुए हैं।

खड़िया लोगों के विशय में यह कहा जाता है कि शायद ये मुण्डा लोगों से भी पहले से बसे हों और जब मुण्डा आये तो उन स्थानों को छोड़कर दूसरी जगह चले गये हों। क्योंकि आज भी खड़िया जाति की अपनी भाशा और संस्कृति की छाप जहाँ-तहाँ मिलती है। बरवे, छेछारी, तोरपा, तपकरा, मूड़हू इन गाँवों के नाम खड़िया भाषा के हा हैं। परन्तु आज वहाँ खड़िया लोग नहीं मिलते। इससे यह निश्चय होता है कि मुण्डों के पहले से इन इलाकों में खड़िया जाति निवास करती थी।

निष्कर्ष - इनकी भाशा, चाल-चलन रीति-रिवाज, गोत्र-विभाजन आदि सभी मुण्डा जाति के समान ही है। खड़िया की विशेशता यह है कि यह दूर-दूर के प्रान्तों में भी फैली हुई जाति है। छोटानागपुर के राँची, सिंहभूम, धनबाद के जिलों के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल के मिदनापुर, बाँकुड़ा जिले में; मध्य प्रदेश के विलासपुर के जिले में तथा रायगढ़ के जिले में भी यह जाति बसी हुई है।

इन जातियों के अतिरिक्त असूर, जोआंग, संताल, हो, बिरहोर, कोकडू गदाबा आदि जातियाँ भी हैं जो जंगल पहाड़ में बसी हुई है। परन्तु इनकी संख्या कम है। संथाल, असूर, हो, बिरहोर ये जातियाँ छोटानागपुर तथा संथाल परगना में पाई जाती है। जोआंग क्योंझर में, कोकडू और गदाबा जाति मध्य भारत में पाई जाती है। ये सभी जंगल और पहाड़ ही पसन्द करने वाली जातियाँ हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एस.एल.दोषी : समकालीन मानवशास्त्र, प्रकाशक रावत पब्लिकेशन्स नई दिल्ली, संस्करण 2009 पृष्ठ 425
2. राजेन्द्र कसवा : भारत बनाम इण्डिया, प्रकाशक बाजिया बुक कम्पनी, जयपुर संस्करण, 2011 पृष्ठ 15
3. स्टवी आव हिस्ट्री के खण्ड, 9, पृष्ठ 756
4. राम आहूजा, भारतीय समाज, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2007 पृष्ठ 64
5. वैद्य नरेश कुमार, जनजातीय विकास मिथक एवं यथार्थ, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली (2003)
6. पाटिल डॉ.अशोक डी, भील जनजीवन और संस्ंति, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (1998)
7. श्रीवास्तव, एआरएन, जनजातीय विकास के पाँच दशक, ज्ञानदीन प्रकाशन, पटना, राँची, इलाहाबाद (2000)

****

सारदा प्रसाद किस्कूवाक् आसोल जिनिस आर ओऩा रेयाक् पाछनाव

ज्योत्सना टुडू *

प्रस्तावना - होर तेय पारोव़रेमित्टाड. सोन्दहाड़ बाहा रेयाक् सोय तेम आँदकाव गोढ़ोक् आ, ओऩा वाहा दो सेतोङ तेहों वाङ गोसोक् आ आर ओऩा रेयाक् सोन्दहाड़ नाम तिस हों वाङ चावाक् आ, नोवा धारतिरे जाहाँ तिन दिन सानताड़ होपोन जिवात् बोन ताहेंना, उनदिन ओना बाहा रेयाक् सेबेल रासा चेपेत् काते मोने जिवबो राड़ेजा।

चेत्, बाडाय सानायेत पेया बाहा रेयाक् ञुतुम ? हापे तोबेञ लाइ आपे रेगे। बाहा रेयाक् ञुतुम ढ़ो टोटको मोलोङ। आढ़ोमको ढो पातांग सुराइ ञुतुम तेहों को बाडाय गेया। मेन आपे नाहाक् नोंका हों ताम ञुतुम! होय, नोंका ञुतुम ताहें ढाड़ेयाक् गेया। बानारगे ओको ञुतुम। आसोल ञुतुम ढ़ो सारदा व्रसाद किस्कु।

ओनोंड़हिंया सारदा प्रसाद किसकु ढ़ो पोछिम बाङला रेयाक् पुरूलिया जिलारे मेनाक् दाँड़िकाड़ोबा आतोरे 1929 साल रेयाक् ढोशार फेरवरी हिलोक् ए जानाम लेना। सोर सोपोर होड़ दो भालुबासा आतोरेन सारदा प्रसाद किस्कु मेनते को बाडायेया। आसोलरे भालुबासा ढ़ो मित्टाङ हुडिञ हुडिञ डि काना। दाँड़िकाड़ोबा ढो मौजा काना आर ओना ञुतुम तेगे ओनोरोम ए एम आकत्ते दिशोम होड़ ढ़ो दाँड़िकाड़ोबा गेको बाड़ाया। आपात् ञुतुम ढ़ो चोरोन किसकु आर एँगात् ञुतुम खान धोनोमोनि (धुनि)।

चोरोन किसकु ढ़ो आडि रेंगेच् होड़। सोहराय साँमड़ाक् लेका ओत् हासा। आसुलोक् लागित् ढ़ोय बाछावान ताहें बानिज बेपार। मेताक् मे, सिम, मेरोम, भिडि बेबसा। इनका कातेगे चोरोन किसकु ढो मित् कोड़ा आर पोनया कुड़ि गिढराइ हारालेत् कोवा। उनि साधेर मित् कोड़ागे सारदा। आबोठेन ढ़ो उनियाक् ओपोरोमगे कोबि सारदा प्रसाद किसकु लेकाते।

सारदा प्रसाद किसकुवाक् गिदरा जियोन दो आडि हाहाड़ा। उन बिढ़ाल होड़ गिढार दो आडि कोम गेको पाड़हाक् कान ताहें। रेंगेच् ओरेच् होड़ मा बाङ लेकागे। आच् बाबा चोरोन किसकु दो ओलोक् पाड़हाव रेयाक्, मोरमोय बुजहाव लेत्ते ई 1938 सालरे जोरोबाड़ि निम्नो प्राथोमिक विद्यालय रेय हाते खोड़ि ओचो लेदेया। ओना तायोम आको सोर बोड़गोड़िया उच्चो प्राथोमिक विद्यालय खोन इं 1940 सालरे पाहिल दारजा (First Division) हामेट कातेय ओड़ोक लेना। इनाा तायोम बाँकुड़ा जिला रेयाक् राणीबाँध मिडिल इंगलिश इस्कुल रेको भोरत्ति कादेया। राणीबाँध आर दाँड़िकाड़ोबा दो आड़ि फाराक गेया। हेच् सेन काते दो बाय इस्कुल ढाड़ेयाक् आ। आच् बाबा रेन हातोम गोड़ोमाक् आतो तालगोड़ा खोनगे इं 1943 सालरे मेरिट स्कोलारशिप ए ञाम लेढा बिडाउरे दुडुप् खातिर आर ओना होतेच् तेगे चेतान सेच् पाड़हाक् रेयाक् आँत् होंय ञाम लेढा।

इस्कुल जियोनरे मानोतान किसकु दो आड़ि लासेर हाताङ ओलोक् गिढराय ताहेंकाना। राणीबाँध इस्कुल खोने पाश केत् खान खातड़ा हाइ इंगलिश इसकुल रेय भोरतियेना। खातड़ा रेढो, बोडिंग रेय ताहेंन कान ताहें। स्कोलारशिप ञाम लेत्ते बोडिंग खोरोच चावले आर इस्कुल रेयाक् बेतोन हों छाड़ ताहेंकान ताया। मानोतान किसकु ढो गिदरा, खोनगे इस्कुलरे पाहिल ठाँवे हामेट एत ताहेंनते मास्टार को हों आड़िको कुशियाय कान ताहें। आडि कोमे रोड़ा आर उढ़ार होड़ लेकाय ताहेंना। ई 1948 सालरे खातड़ा इस्कुल खोन First Division ते मेट्रिक ए पाश लेढा आर ओना तायोम Bishnupur Ramananda College रे I.Sc. रेय भोरति लेना। मेनखान होड़मो, जिवी बेश बाङते पाड़हाक् बागि काते ओड़ाक् ए हेच् एना। नोते खोरोच् रेयाक् टोन्टा हों ताहेंकानते आयाक् चेतान सेच् आक् पाड़हाक् रेयाक् कुकमु ढो नोण्डेगे मुचात् एना।

पाड़हाक् रेयाक् सानाम आँत् मुचात् एन खान इं 1950 रे बान्दोवान हिन्दी शिक्षोन केन्द्रोरे ट्रेनिंग ए एम केढा। ट्रेनिंग ए एम केढा। ट्रेनिंग ढो पे चाँढो रेयाक् ताहेंकाना। ओना तायोमगे जामतोड़िया सिनियार बेसिक इस्कुलरे चेचेत्इच् लेकातेय बोहाल लेना। इं 1961 सालरे बिधानसोभा रेयाक् भोट रेय तेंगोयेना, मेनखान बाय ढाड़े लेना। आढो, थोड़ा दिन ढ्डुप् ताहें काते आरहों, प्राइमारी इस्कुल रेन चेचेत् इच् रेयाक् कामि रेय बोहालेना आको आतो खोन तुरूइ माइल गान सागिञ सिंगराइडि आतोरे। ओण्डे बार सेरमा गान ताहें काते आयाक् ओड़ाक् सोर बोड़दाहि प्राइमारी इस्कुल रेय उचाड़ लेना आर ओण्डे खोनगे इं 1989 साल जानुवारी चाँढो चाकरि जियोन खोने जिराउ लेना।

होड़ सोमाजरे आयमागे माहाशोय मेनाक् कोवा मेनखान भाले चेचेत् इच् से माहाशोय लेकाते ढो सारदा प्रसाद किसकुगे मित् होड़ ओकोय ढो उनरेन दिशोम गोमके मानोतान भि. भि. गिरि याक् तीते इं 1973 सालरे राजधानी दिल्ली खोन शिरपाइ आताङ आकाढा।

सारदा प्रसाद किस्कू ढो कानाय मित् माराङ सोमाज सुसारिया। ओलाक् पाड़हाव बागि केत् तायोम पारशि आर साँवहेंत् लाड़चाड़ साँवते आदिवासी लाड़ावना रेहों किस्कु जी ढोय ढाड़ खाढले लेना। ओना बिढाल एनाडाक् मानभूम जिला आर निताक् पुरूलिया जिला रे आपनार जाहाँन गाँवता बाङ ताहेंकानते बाँकुड़ा आदिवासी महासभा रेय ढाड़ सोर लेना। बाडायोवआ, 1957 साल रे पुरूलिया जिलारे मित् टाङ गाँवता बेरेत् लागित् मित् माराङ टुपुडुप ए होहो लेढा। मेनखान आढोम होड़ जुढाते आदिवासी सानताड़ कोवाक् गाँवता बाङ को होय ओचो वात् ताहें। ओना खोन आडि दिन तायोम, पुरूलिया जिलारे सुसार गाँवता– ञुतुमते आडि केटेच् गाँवता को बेरेत् लेढा।

किस्कुजी ढो ओना रेन सभापति लेकातेय बाछाव लेना। उन जोखान

* शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

सोमाज रेयाक् बाड़िच् आक् बिरोध रे आर एटाक् सोमाज रेन होड़ ठेन खोन हेतेल गेंजेल ओचोक् बिरो रे लाटु लाटु सामाजिया लाड़ावना रेहों किस्कुजीयाक् एमेम ताहें काना।

आतो दिशोमरे होर डाहार तेयार ञुय दाक् बोन्धेज लागित् कुञ, डाडि, इस्कुल, हासपाताल, लाइब्रेरी एयान बेरेत् सारदा प्रसाद आक् आयमा एनेम मेनाक् आकादा। उनी दो बिन हाप्राव ते दाड़े काते 18 सेरमा अंचल प्रधान–ए ताहें काना।

मेनखान तिनरे ङान पातयाउ बिरोध रे (1984) आँढ़ोड़–ए एहोप केदा, उन खोन गे आयमा लेका हेतेल गेंजेल साहाव होय एन ताया। साँवता रेन आदोम को बाहरि को तेंगोयेना। काथाच् सारदा दो डान भुत बाय पातयाउ आकोवा। सोमाजे हिरखावाक् काना। उनी सारदा दो बानुया – एमान काथा राकाप् एना। आसोल रे डान पातयाउ आर बाङ पातयाउ मुद रे एहोप् एना ठापाठोक्। एनहों सारदा प्रसाद दो रिडाच् रोड़ोच् आर आँधा पातायाउ बिरूध रे आडि दिन काजाक् लाड़ावनाय आयुराकादा। नोआ होतेच् ते उनि दो आयमा होड़ाक् एगेर हुही आर सानताव साहाव होय आकान ताया।

आदोम जोखान दो आयाक् होटोक् सोर ते कापि तारवाड़े हों, झाल झालाव पारोमाकाना। एन्ते रेहों सारदा प्रसाद दो आयाक् होर खोन नासे हों बाच पाच आकाना।

आँधा पातयाउ, रिड़ाच् रोडोच् चाबावाकाना से बाङ ओना दो तुलाजोखा रेयाक् काथा काना। मेनखान सारदा प्रसाद किस्कु आक् जियोन रे जाहाँ होय भाण्डो गुरलाव पारोमाकना, ओना रेयाक् आँझाट एलाङ ते 1986 साल रेयाक् 13 मार्च हिलोक् हाइपार–टेनशन–काम–पैरालिसिस आजार ते होड़मो, रेयाक् मित् काँड़ ञुरहा लेन ताया। एनहों साँवता लातिगत, लागचार लागित् साँवहेंत् किँसाड़ लागित् लेंगा तीते कोलोम माय साप् लेत् गे, बाइसि से सभा कोरे हों ठेंगा ते तिरूप् तिरूप् तेय सेटेरोक कान ताहें। रासका रेयाक् काथा, सारदा प्रसाद किस्कु दो दिशोम होड़ ठेन खोन सेबेल दुलाड़, मानोत् आर सारहाव होंय ञाम आकात् आ आयमा। ओनोडहिंया लेकाते 1960 साल रे आबोवाक् गाँवता खोम सारहाव साकाम, 1967 साल रे आदिवासी साँवता सेचेत् लाक्चार सेमलेत् पाहटा खोन मान साकाम, 1973 साल रे भारतीय साहित्य बाइसि, देवघर (बिहार) खोन आर 1981 साल रे महाराजनगर आदिवासी क्लाब, पुरूलिया खोम मान साकाम, 1982 साल रे बिक्रमशीला, हिन्दी विद्यापीठ खोन कविरत्न संताली राइटार्स रिसेप्शन कोमिटि, साँतारागाछी खोन हिहिड़ी पिपिड़ी शिरपा, बिहार सरकार राज भाषा विभाग खोन (1986–87) जनजातीय पुरस्कार, 1989 साल रे पोछिम पाङला सरकार पाहआ खोन गुणीजन ताम्रपत्र, भारत जाकात् सानताड़ी ओनोलिया गाँवता खोन सारहाव साकाम (1989), राय मंगल पाहटा खोन आदर्श शिक्षक, डाइनि बिरोधी आन्दोलन आर पारशि साँवहेंत् रे एनेम होतेच्ते 26.9.92 रे स्मारक प्रदान आर संताली साहित्य परिषद् कड़हड़बिल, दुमका खोन गुरू गमके सारहावे आताङ आकादा।

नोङकागे आर हों आयमा हुडिञ हाप्ड़ाक् गाँवता खोन सारहाव आर मान साकाम ए ञाम आकादा। नोङकान मित् सोन्दहाड़ बाहा 1996 साल रेयाक् 18 मार्च (1402, चात रेयाक् पोन माहाँ) हिलोक, आच् रेन ओड़ाक् गोमके सरस्वती, गोड़ोम कोड़ा, गोड़ोम कुड़ि आर होपोम एरा जास्तीमुनी आर उनी रेन बारया कुड़ि गिदरा साखी दोहों ओटो काते नोवा धुड़ि धारति खोन टुंगाव ञुर एना।

कोबि दो साहु रामचाँद मुरमु रेन चेला कानाय। कोबियाक् ओनोड़हें कोरे साधु रामचाँद मुरमुवाक् छोन्द ो गाबान रेनाक् चितार बोन ञेला। कोबि दो सानाम ओनोड़हेंगे छोन्दो गाबान तेय गाक् आकादा आर शबादको हों कोटाप् बाछाव काते बेवहार आकादाय। पाड़हावरे आडि आलगा आर मोज आटकारोक् आ। ओनाते जोतो उमेर रेन होड़कोगे आडि रासका को आटकारा।

कोबियाक् आडि गान सेरेञ ओनोड़हें मेनाक् आ जाहाँको पाड़हाव तेदो आडि आलगा गेया मेनखान ओनाको रेनाक् रासा से गाबे तेत् ञाम लागित् गाहिर उइहार रेनाक् लागति मेनाक् आ। गाहिर साँहिच् बाङ उइहार लेखान मोने होयोक् आ ओल दो आडि साधारोन मान रेयाक्। इञ आम आर सानाम कोगे नोंकानाक् ओलको दो बो ओल दाड़ेचाक् आ। जेलका –

आपे दोपे मेना
सोबोरनाका दाक् दो आरशियाना।
इञ दोञ आकात् सोबोरनाका दाक्,
आपे काथाते दोञ एड़े आ चाक्।

प्रेफेसार ड: सुनीति कुमार चट्टोपाध्याय लेकान होड़ हों कबियाक् ओलोक् दाड़े ञेल काते मेन आकादाय – साँवताल नोबो जागृति श्री सारदा प्रसाद किस्कु आधुनिक साँवतालीर सोबपिझा प्रतिष्ठा सोम्पोन्न कबि। डोमान साहु समीराक् काथा लेकाते – Upto Bottom कोबि कानाय। आर महाश्वेता देबी याक् काथा दो – 'सारदा प्रसाद मोस्तो मापेर मानुष, श्रद्धा कोरि ताँके।' नोवाको काथा खानबो बाडाय दाड़ेयाक् आ कोबि दो एटाक् सोमाज रेन होड़ को ठेन हों ओनोलिया कोठेन हों गुनमानाब ए ञाम आकादा।

तोरजोमा साहित्य रेहों कबियाक् दोखोल दो आडि चेतान थोक रेनाक् मेनतेगे लेखाक् आ। कबि रबीन्द्रनाथ ठाकुर आक् ओलोक् रादा ठिक साँहिच् दोहो काते उनियाक् आडि गोटाङ ओनोड़हे तोरजोमा आकदाय। जेलका –

ओलोक तेहेञ बाबोन चालक्
तेहेञ मा थो छुटि।
गोडा रेबोन उरामालाक्
बेनाव आबोन टुटि।।

कोबि आडि कोम काथाते आडि गाहिर भाब ए सोदोर आकादा। जेलका –

कुरूकुटुते देबो ओल
एटाक् भाषा खोन रोड़ ताबो देबो रोल।

एनेच् सेक्रेञ रूसिकाको ठेन हों कबियाक् सेरेञ रेनाक्, कोदोर दो आडिगे बाड़ति गेया। 1960 साल रेनाक्, लाहा तायोम ओकतेरे बाँकुड़ा, पुरूलिया जेला रेन सेक्रेञ रूसिका कोमा हें गे एटाक् जेला रेन रूसिका कोवाक् मोने रेहों कबियाक् सेरेञ आडिगे आँदोड़े सिरजाउ लाक्आ।

आडि गोटाङ नावा ओनोलियाको कबियाक् ओलको पाड़हाव काते आकोवाक्, आलोक् दाड़े बाड़ति रेयाक् दाड़ेको ञाम आकदा। मित् काथा तगबो मेन दाड़ेयाक् आ सानताड़ी साँवहेत् उत्नावरे कबि सारदावाक् ओलको पाड़ाहाव आर चोर्चा रेनाक् आडिगे लागति मेनाक् आ।

गोड़ो हाताव आकान पुथीको :–

1. किस्कु, सारदा प्रसाद: सारदा अनल माला, मार्च, 2005 सिदू कानहू फाउन्डेसान आसानसोल।
2. हेब्रम, परिमल, संताली साहित्येर इतिहास, 2007, कोलकाता, पश्चिम बंगाल।
3. बास्के, राबन, हड़ महल रेन ओकिलान को, जानबारी 2010, बाली, हाबड़ा।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

मंडला जिले में आदिवासियों की आर्थिक स्थिति पर योजनाओं का प्रभाव

डॉ. श्रीमति शुभांगी धगट* श्रीमति अनामिका तिवारी **

प्रस्तावना – देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति विकास करने में सक्षम और योग्य हो तथा विकास और खुशहाली में समान रूप से भागीदार है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का भौतिक आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सामान विकास हो ताकि कोई भी वर्ग शोषित या वंचित ना रह सके। समाज में सभी सुखी स्वस्थ्य सुरिक्षित शांतिपूर्ण सदाचारी एवं सम्पन्न हो। वास्तव में मानव समाज और राष्ट्र के विकास की यही अवधारणा है।किन्तु दुरभाग्य से हमारे समाज का एक बड़ा भाग जो जनजाति अदिवासी समुदाय कहलाता है। वह अभी तक राष्ट्र और समाज के विकास की मुख्य धारा में पूर्णरूपेण सहभागी नहीं हो पाया है जनजाति समुदाय अनेक प्रकार की समस्या से ग्रसित है। जिनके कारण उनके जीवन का स्वाभाविक विकास अवरूद्ध है तथा उनके समस्त प्रकार की प्रगति के पथ पर अनेक प्रकार की बाधायें उत्पत्र हो रही है।

असल में सदियों से जाति के नाम पर वचित रखे गये अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग या वनवासी जिसे हम आदिवासी कहते है प्रदेश के विकास की असल आधार भूमि है। वे ही विकासके संवाहक है और विकास के गतिमान बने रहने के महत्वपूर्ण अंग भी यह ऐसी जाति है जो सदियो से सुविधाओं से वचित है। और जिनका अर्थिक विकास उतना नहीं बढ़ा है जितना बढ़ना चाहिये था। यदि अर्थिक गतिविधियों का विश्लेषण करे तो सर्वागीण विकास का मतलब है कि जो अतिम छोर पर खडा है विकास की किरण ना की केवल उस तक पहुंचे बल्कि वह विकास की रफ्तार में आगे बढे।

एमपीरियल गजेटियर के अनूसार एक जनजाति परिवारो का संकलन है जिसका एक नाम होता है जो एक बोली बोलती है समान्य भूभाग में निवास करती है जो अन्तर विवाह नही करती।

मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण राज्य है यहां अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 2011 के अनुसार 15316784 ....है जो कुल जनसंख्या का 21.1 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इन जनजातियो के के लिए विभिन्न विकास योजनाएं सचालित की जा रही है और काफी हद तक इन योजनाओं का जाभ अदिवासी जनजाति को मिला है इसी परिप्रेक्ष्य शोधार्थी ने अपने अध्ययन का क्षेत्र मण्डला जिला चुना है। वस्तुत: किसी भी देश राज्य या जिले के विकास के संदर्भ में अर्थिक सामाजिक घटक अत्यन्त महत्वपूर्ण होते है। जिनका अध्ययन किये बिना विकास के अध्ययन की कल्पना व्यर्थ है। मण्डला जिला न केवल ग्रामीण जनसंख्या बाहुल्य जिला है अपितु ये जनजाति लोगों के संख्याा का अनुपात भी मध्यप्रदेश के जिलो में सर्वोच्य है जिले में अनुसूचित जनजाति अर्थात अदिवासी की कुल जनसंख्या का 58 प्रतिशत है अर्थात मण्डला अदिवासी जिला है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये सरकार ने इसे 1971 में वेधानीक रूप से आदिवासी अर्थात अनुसूचित जनजाति क्षेत्र घोषित कर दिया गया यहां तक की जिले की संसदीय एवं विधान सभा सीटे आदिवासी उम्मीदवारों के निर्वाचन हेतू सुरिक्षत कर दिया गया। तालिका क्रमाक 1. में विकासखण्डवार अनुसूचित जनजाति की जनसख्या दर्शायी गई है।

तालिका क्रमांक 01 (देखे अगले पृष्ठ पर)

प्रस्तुत शोध अध्ययन में अनुसुचित जनजाति के आर्थिक उन्नयन मध्यप्रदेश शासन की योजनाओ का क्या प्रभाव पड़ा है।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :

1. अनुसुचित जनजाति की आर्थिक सामाजिक पृष्ठ भूमि का अध्ययन करना।
2. जनजाति क्षेत्रो में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं का आकलन।
3. जनजातियों के आर्थिक विकास मे शासकीय योजनाओ की भूमिका एवं प्रभाव का अध्ययन।

शोध अध्ययन का क्षेत्र – प्रस्तुत शोध अध्ययन में मध्यप्रदेश के आदिवासी वाहुल्य मंडला जिले का चयन किया गया है।

शोध अध्ययन की अवधि – अध्ययन के लिये सन् 2010-2011 से सन् 2014-2015 तक पांच वर्षो के समंक एवं आकड़े लियें गये है। उन्ही आंकडो पर विश्लेषण कार्य करके निष्कर्ष निकाला गया है।

शोध अध्ययन की प्रविधि

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन मे शोध प्रविधि के लिये प्राथमिक एवं द्वितीय समंको का संग्रहण किया गया है। प्राथमिक समंको हेतु प्रत्येक विकासखण्ड के चिन्हित गांवो में पच्चीस- पच्चीस परिवारों का न्यादर्श के आधार चिन्हांकन किया गया है। जिसमें सभी 9 विकासखण्डो के अनुसुचित जनजाति का वर्गवार अध्ययन किया गया है। जो कि तालिका क्रमांक 02 में दर्शाया गया है।
2. प्रस्तुत शोधकार्य में शोध उपकरण के रूप में स्वनिर्मित साक्षात्कार अनुसूची प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है।
3. संकलित समंको विश्लेषण करने के लिये प्रतिशत एवं परिकल्पना की सार्थकता ज्ञात करने के लिये काई वर्ग परिक्षण किया गया है।

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

तालिका क्रमांक 02 : सर्वेक्षित परिवारो की संख्या

क्रं.	विकासखण्ड का नाम	कुल ग्राम की संख्या	परिवार संख्या
1	मोहगांव	20	57
2	मवई	7	39
3	घुघरी	6	31
4	बिछिया	10	67
5	बीजाडांडी	15	57
6	नारायणगंज	20	65
7	नैनपुर	12	58
8	बम्हनी	16	71
9	निवास	8	32
		114	477

शोध अध्ययन के परिणामों का विश्लेषण :

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन में सर्वेक्षित परिवारो का उनकी आय के स्त्रोतो के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया जिसमें कुल प्रतिदर्श 477 आदिवासी परिवारो में से 39 प्रतिशत कृषि एवं पशुपालन में 17 प्रतिशत व्यवसाय मे 11 प्रतिशत नौकरी में 28 प्रतिशत मजदुरी और 5 प्रतिशत अन्य रोजगारो मे संलग्न पाया गये। जो कि तालिका में दर्शाया गया है।

सर्वेक्षित परिवारो के आय का स्त्रोत

क्रं.	विकासखण्ड का नाम	सर्वेक्षित परिवार	प्रतिशत
1	कृषि	186	39
2	मजदुरी	133	28
3	व्यवसाय	81	17
4	नौकरी	52	11
5	अन्य रोजगार	23	5
		477	100

क्रं.	प्राप्त अभिमत	सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	योजनाओ की जानकारी प्रतिशत
1	हां	290	61
2	आंशिक	119	25
3	नही	68	14
4	योग	477	100

शासन की योजनाओ की जानकारी एवं लाभ का प्रतिशत

क्रं.	प्राप्त अभिमत	सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	लाभ की स्थिति प्रतिशत
1	हां	271	57
2	आंशिक	104	22
3	नही	100	21
4	योग	477	100

तालिका से स्पष्ट है कि परिवारो को जानकारी होने के बाद भी योजनाओ का लाभ नही ले पा रहे है। ये अशिक्षा एवं ज्ञान के अभाव एवं शासकीय कर्मचारियो की अपने कार्य के प्रति उदासिनता का सुचक है।

आर्थिक उन्नयन में योजनाओ का प्रभाव

क्रं.	प्राप्त अभिमत	सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	आर्थिक स्थिति मे सुधार कार्य प्रतिशत
1	हां	290	61
2	आंशिक	105	22
3	नही	81	17
	योग	477	100

क्रं.	प्राप्त अभिमत	सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	शिक्षा का स्तर प्रतिशत
1	हां	319	67
2	आंशिक	105	22
3	नही	52	11
	योग	477	100

तलिका से स्पष्ट है कि सर्वेक्षित परिवारो में मात्र 61 प्रतिशत परिवारों के आर्थिक विकास पर शासकीय योजनाओ का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 22 प्रतिशत परिवार योजनाओ जानकारी होने के बाद भी योजनाओ का लाभ नही ले पा रहे है। एवं 17 प्रतिशत परिवारो को योजनाओ की कोई जानकारी नही है। आर्थिक विकास के दौड़ से वे बहुत दुर है।

सुझाव:

1. अनुसुचित जनजाति आदिवासी के विकास हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालि विभिन्न विकास कार्यक्रमों उच्च स्तर पर सतत जांच व निगरानी कर विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियांवन किया जाना चाहिये। ताकि आदिवासीयो को योजनाओ का सही लाभ दिलाया जा सके। साथ ही विकास योजनाओ की सफलता के लिये आवश्यक है उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित किया जाये।
2. जनजाति वर्ग लोगो को उद्यमी बनाने तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाने तथा उच्च जीवन स्तर जीने की महात्कांक्षा जाग्रत करने के आवश्यकता है। ताकि उनका स्वप्रेरित व स्वयं के प्रयासो से समग्र विकास हो सके।
3. आदिवासी मे प्रारंभिक शिक्षा के स्तर को बढाने का प्रयास होना आवश्यक है तभी आदिवासियों का आर्थिक एवं सामाजिक विकास संभव हो पाएगा। तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओ का शत् प्रतिशत लाथ उन्हे मिल पाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. आदिमजाति कल्याण एवं विकास विभाग से प्राप्त आंकडे।
2. आदिवासी विकास की योजनाये।
3. कार्यालाय जिला मंडला से मंडला सांख्यिकि पुस्तिका वर्ष 2011-2012 से 2014-2015।
4. इंटरनेट द्वारा प्राप्त आंकड़े।
5. डब्लू टी.ग्रिसन-आदिवासी की समस्याऐं मंडला जिले के संदर्भ में।
6. गेविंद चंद्र रथ- भारत में आदिवासी विकास(सागा इंडिया)।

तालिका क्रमांक 01

क्रं.	विकासखण्ड का नाम	विकासखण्ड की जनसंख्या	अनुसूचित जनजाति	प्रतिशत	अनुसुचित जाति	प्रतिशत
1	मोहगांव	77733	48613	63.82	3186	4.1
2	मवई	98775	74131	43.27	1064	4.2
3	घुघरी	95090	70975	74.64	1617	1.7
4	बिछिया	149120	83320	71.62	9466	6.35
5	बीजाडांडी	75545	62217	82.36	781	1.03
6	नारायणगंज	85825	60226	70.17	1976	2.3
7	नैनपुर	127718	72609	56.85	9466	6.35
8	बम्हनी	151026	74407	61.21	6064	7.83
9	निवास	63884	42937	67.21	5001	7.13

****

बस्तर : 'नक्सली हिंसा एवं प्रतिरोध की चेतना, पूर्वाग्रह एवं विश्लेषण'

डॉ. अंजू तिवारी * अमित कुमार ** डॉ. रामरतन साहू *

शोध सारांश – नक्सलवाद कम्यूनिस्ट के क्रांतिकारियों के आंदोलन का औपचारिक नाम है जो भारतीय कम्यूनिस्ट आंदोलन के फलस्वरुप उत्पन्न हुआ। नक्सलबाड़ी से प्रारंभ इस आंदोलन को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता चारु मजूमदार और कानू सन्याल ने सत्ता के खिलाफ एक आंदोलन का रुप दिया। ये लोग लेनिन और मार्क्स के सिद्धांतो से प्रभावित थे। आंदोलनकारियों का मानना था कि 'भूमि उसी का है जो उस पर खेती करें।' सामाजिक जागृति के इस आंदोलन पर कुछ वर्षो बाद राजनीति का प्रभाव बढ़नें लगा तथा यह आंदोंलन अपने मुद्दों से भटक गया।

प्रस्तावना – भारत का हृदय स्थल छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ का हृदय बस्तर। प्राकृतिक संपदा और वनों से आच्छादित यह क्षेत्र जहाँ अपनी खूबसूरती के लिए विख्यात है तो दूसरी ओर सभ्य दुनिया के लिए अबूझमाड़, चित्रकोट जलप्रपात, कुटुमसर गुफाओं, घोटुल, करमा नृत्य और कच्ची शराब पीकर उन्मत्त होते आदिवासी जीवन के लिए प्रचारित किया जाता है। महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और उड़ीसा से सटे बस्तर के इलाको में तेलगू, मराठी और उड़िया नक्सलवादी नेतृत्व बेहतर संगठन क्षमता के आधार पर छत्तीसगढ़ में छा गए।

नक्सलवाद – नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से हुई थी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता चारू मजूमदार और कानू सान्याल ने 1969 तात्कालिक सत्ता के खिलाफ एक सशस्त्र आन्दोलन शुरू किया। मजूमदार चीन के कम्प्यूनिस्ट नेता माओत्से तुंग के बड़े प्रशंसक थे। इसी कारण नक्सलवाद को 'माओवाद' भी कहा जाता है।

सामाजिक जागृति के लिए शुरू हुए इस आन्दोलन पर कुछ सालों के बाद राजनीति का वर्चस्व बढ़नें लगा और जल्द ही अपने मुद्दों और रास्तों से भटक गया। नक्सली आन्दोलन के प्रणेता कानू सान्याल ने आन्दोलन के राजनीति का शिकार होने के कारण और अपने मुद्दों से भटकनें के कारण तंग आकर 30 मार्च 2010 को आत्महत्या कर ली।

शोषण और भ्रष्टाचार से लिप्त हमारी पतित व्यवस्थाओं के विरोध स्वरूप उत्पन्न विद्रोह पूर्ण विचारधारा ने एक जन आन्दोलन के रूप में विकसित होते हुए आतंक का पर्याय बन सम्पूर्ण भारत में अपने पैर पसार लिए हैं। यह एक कटु सत्य है कि भ्रष्ट व्यवस्था और पतित नैतिक मूल्यों के प्रतिकार से अस्तित्व में आए नक्सलवाद को आज भी वास्तविक पोषण हमारी व्यवस्था द्वारा ही मिल रहा है। वह व्यवस्था जिसमें हम सबकी भागीदारी है................ सरकार की भी, और समाज की भी।

कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि हमारी व्यवस्था की रूचि नक्सलवाद को समाप्त करने के स्थान पर उसे बनाए रखनें में ही है। व्यवस्थाएं आंकड़ों में चल रही है और आंकड़े कागज पर होते हैं। लूटमार के इस विकृत आखेट पर हम सबने अपना नक्सलवाद विकसित कर लिया है। सालो से बस्तर में नक्सलियों की समानान्तर सरकारें चल रही है। यह अंत:सरकारें कबीलाई व्यवस्था का रूपांतर है। नक्सलियों ने अब माओवाद का नकाब ओढ़ लिया है। उन्हे सत्ता चाहिए वह भी हिंसा से।

अशिक्षा और विकास कार्य की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों और नक्सलवादियों के बीच के गठबंधन को और भी मजबूत बना दिया है। नक्सली आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुके हैं।

नक्सल वाद के कारण – छत्तीसगढ़ के हृदय स्थल अबूझमाड़ .... 4 हजार वर्ग कि0मी0 के क्षेत्र में बसे 260 गांवो की 27 हजार की मुख्यत: मारिया आदिवासियों की आबादी का यह इलाका महसूस ही नहीं कर पाया कि कहीं कोई सरकार भी होती है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने 2004 के घोषण पत्र में नक्सलियों से वार्ता करने का वादा किया था। वार्ता शुरू हुई और जल्द ही खत्म हो गई क्योंकि नक्सलवादी संभवत: वार्ता के प्रयोजन बिन्दुओं और परिणामों को लेकर आश्वस्त नहीं थे। कल्याणकारी योजनाओं की असफलता का ठीकरा गरीब किसानों पर फोड़ दिया जाता था।

'नक्सलवाद' वस्तुत: बस्तर जैसे जंगलों में नहीं है। इसका वायरस तो मंत्रियों और अफसरों के जेहन में पैदा होता है। छत्तीसगढ़ में खनिज पट्टों के नाम पर पूरे प्रदेश को खोदने की तैयारी सफेदपोशो के द्वारा शुरू कर दी गई। यदि कोई भी सरकार ऐसे अहिंसक कृत्यों का संज्ञान नहीं लेगी तो नक्सलवाद क्यों नहीं उभरेगा। सरकारें नक्सलवादियों से तो कहती है कि वे यदि हथियार रख दे तो उनसे वार्ता की जा सकती है। जिन्होने हथियार उठाए ही नहीं है उनमें और हथियार हीन नक्सलियों में क्या फर्क है।

छत्तीसगढ़ के सक्रिय और जागरूक पत्रकार रूचिर गर्ग नक्सलियों की मांद तक पहुंचकर सत्य को खोजने की कोशिश करते रहते है। इनके अनुसार शोषण के अर्धसामंती अवशेष, जीवन की आदिम युगीन परिस्थितियां, सांस्कृतिक पहचान का संकट, भाषा को दबाने की कोशिशें आदिवासियों की बुनियादी अधिकारों को नकारती और उन्हे उनके परिवेश से खदेड़ती सत्ता, उनके संसाधनों के दोहन में लगे देशी और विदेशी उद्योगपति, पुलिस से लेकर वन विभाग तक सरकारी अमले के अंतहीन अत्याचार, उनकी उपज पर मुनाफा बटोरते स्थानीय सेठ साहुकार, उन्हे निरक्षर रखनें की कोशिशे उन्हे बेइलाज मारता स्वास्थ्य विभाग, कुपोषित रखती सार्वजनिक वितरण प्रणाली, धर्मातरण इत्यादि सभी आदिवासी समस्याओं ने प्रतिरोध के रूप मे समयाकाल आन्दोलन का रूप ले लिया।

* सहायक प्राध्यापिका (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** एम.फिल. शोध छात्र (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
*** विभागाध्यक्ष (इतिहास) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

तेन्दूपता आन्दोलन दण्डकारण्य में 1982 में ही शुरू हो गया था। इसके बाद नक्सलवादियों के नेतृत्व में आदिवासी किसानों ने हजारो एकड़ वन्यभूमि पर कब्जा कर लिया। 1987-88 के भीषण सूखे के दौरान नक्सलियों ने आदिवासियों को संगठित कर एक आन्दोलन चलाया। जिससे जनता में जुझारूपन बढ़ गया।

बदलती विकट परिस्थितियों ने छत्तीसगढ़ को सघन नक्सली हिंसा का प्रदेश बना दिया। आंकड़ो के अनुसर बस्तर संभाग में ही लगभग 1.5 लाख से अधिक नक्सली हो गए है। यह वामपंथ का सबसे हिंसक उदाहरण है। आतंकवाद और नक्सलवाद हिंसा पुत्र होने के बावजूद सौतेले भाई है, सगे नहीं। देश की सीमाओं पर गुर्राता आतंकवाद संविधान को चुनौती देता है। यह देश के सार्वभौम हिस्से को अलग राष्ट्र में तब्दील होने की हिमायत और हिमाकत करता है। जबकि नक्सलवाद इसके विपरीत राज्य व्यवस्था की खमियों के सबसे प्रबल और हिंसक प्रतिरोध का मुखौदा लगाकर एक राजनीतिक आन्दोलन के रूप में इतिहास से अपनी पहचान मांगता है।

गजानन माधव मुक्तिबोध ने अपनी अमर कविता 'अंधेरे में' मे आज की इसी भयावहता की कल्पना की थी। तो विनोद कुमार शुक्ल ने आदिवासियों की ठंडी कातरता का तीखा और मार्मिक बयान किया है। इन आदिवासियों को भी अपने घर और परिवेश में रहने का हक है। उनकी संस्कृति को नष्ट करना भारतीय संस्कृति को नष्ट करना अथवा हत्या करना जैसे अपराध है।

वैश्वीकरण तो भारत जैसे देश के लिए कैंसर से कम नहीं है। सारी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद नक्सलवादी हिंसा का समर्थन करना भारत के संविधान के प्रति अविश्वास करना है। इस अर्धविकसित राज्य जहां की वन एवं खनिज संपदा पर्यावरण की दृष्टि से भविष्य की ताकत है, यदि यहां से नक्सलवादी समस्या का हल निकल जाए तो यह राज्य भविष्य की समृद्धि के राज्य होंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बस्तर : लाल क्रांति बनाम ग्रीन हंट - कनक तिवारी
2. परिशिष्ट : आई.ए.पी.एल./पी.यू.सी.एल., छत्तीसगढ़
3. परिशिष्ट : लोहिया रचनावली-'नक्सलबाडी'-डॉ0 राम प्रकाश लोहिया
4. समग्र छत्तीसगढ़ : छत्तीसगढ़ शासन

****

Women's Representation in Indian Politics

Dr. Kaniya Meda*

Introduction - Women's political empowerment and equal access to leadership positions at all levels are fundamental to achieving the Sustainable Development Goals (SDGs) and a more equal world. With limited growth in women's representation, advancement of gender equality and the success of the SDGs are jeopardised.[1] It is globally acknowledged that 'gender equality and women's empowerment' are at the core of achieving development objectives, fundamental for the realisation of human rights, and key to effective and sustainable development outcomes. However, on the contrary, despite their "proven abilities as leaders and agents of change", from the local to the global level, women's leadership and political participation is restricted.

The 2011 UN General Assembly resolution on women's political participation reiterated that "women in every part of the world continue to be largely marginalized from the political sphere, often as a result of discriminatory laws, practices, attitudes and gender stereotypes, low levels of education, lack of access to health care, and the disproportionate effect of poverty on women." Therefore, to eliminate the multi-faceted problem like gender inequality, a multi-pronged approach must be adopted; and among the various initiatives, political empowerment of women could act as a catalyst. Political empowerment could lead to opening more opportunities for women and as a result, create a level playing field for them.

Globally, several international commitments have been made, for achieving gender equality and these have emphasized on enhancing women's representation in political sphere. While the Convention on the Elimination of All Forms of Discrimination against Women (1979) upheld women's right to participate in public life, the Beijing Platform for Action (1995) called for removing barriers to equal participation. The Millennium Development Goals (2000) also took into account women's representation in parliament to measure progress towards gender equality. Over the past two decades, gender gaps have narrowed in various areas, viz., education, health, employment, legal rights of women, participation in governance, and so on. But, despite the improvement, substantial inequalities, with varying degrees, still persist across all the areas across countries. It would be noteworthy to mention that India is a signatory to all the international commitments mentioned above. However, India is far behind in achieving gender equality, especially in terms of representation of women in political decision making, among others.[2]

In today's political landscape, motherhood is often deployed as a tool to highlight the 'sacred' nature of a subject, ranging from the *Gau Mata* to *Bharat mata* and *Ganga Mata*. At the same time, issues around women's rights and empowerment, varying from triple *talaq* to Beti Bachao Beti Padhao, are regular topics of conversation in political circles. But an important question remains: do the men in Indian politics only want to talk about women, or are they also willing to make an effort to share power with them?

Women representation in numbers

The figures on the representation of women in parliament reveal an appalling state of affairs. According to a study conducted by *Inter-Parliamentary Union,* India ranks 149th in a list of 193 countries in terms of women's representation in the lower or single house of parliament (Lok Sabah, in the case of India) as of July 1, 2017. The average percentage of women's representation globally stands at about 22%, whereas in case of India it is a mere 11.8%. Countries like Rwanda, Burundi, Zimbabwe, Iraq, Somalia, Saudi Arabia, Fiji and Ghana rank higher than India. In South Asia, Nepal (48), Afghanistan (54), Pakistan (90) and Bangladesh (92) rank much higher than India. Even in the Rajya Sabah, the representation of women stands at a meagre 11.1%. An empirical study of the members of legislative assemblies reveals how skewed the gender representation is in state legislatures. Out of 4,128 legislative constituencies, only 364 are represented by women legislators.

State/Union territory	Women MLAs / Total MLAs	Percentage
Mizoram	0/40	0
Nagaland	0/60	0
Karnataka	6/224	2.67
Arunachal Pradesh	2/60	3.33
Manipur	2/60	3.33
Jammu and Kashmir	3/89	3.37
Himachal Pradesh	3/68	4.41
Goa	2/40	5

* Lecturer, SOS in Political Science and Public Administration, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA

Punjab	6/117	5.12
Kerala	8/140	5.71
Assam	8/126	6.34
Meghalaya	4/60	6.66
Maharashtra	20/288	6.94
Uttarakhand	5/70	7.14
Odisha	11/147	7.48
Telangana	9/120	7.5
Tripura	5/60	8.33
Delhi	6/70	8.5
Gujarat	16/182	8.79
Tamil Nadu	21/235	8.93
Sikkim	3/32	9.37
Jharkhand	8/81	9.87
Uttar Pradesh	42/403	10.42
Andhra Pradesh	19/176	10.79
Chhattisgarh	10/90	11.11
Bihar	28/243	11.5
Madhya Pradesh	30/230	13.04
Puducherry	4/30	13.33
Rajasthan	28/200	14
West Bengal	42/297	14.14
Haryana	13/90	14.44
Total	**364/4128**	**8.81**

In order to ensure adequate representation of women in local bodies, parliament passed the 73rd and 74th constitutional amendments in 1993, reserving one-third of the seats in all local bodies for women. In addition, some legislative bodies, like Bihar and Delhi, have reserved more than one-third of the total seats for women. Notwithstanding the object and purpose of the above-mentioned amendments, there has hardly been any improvement on the ground. This was reflected in the recently-held local body elections in Mumbai and Delhi.

In the BMC elections, only 15 out of 113 unreserved constituencies were won by women. Similarly, in Delhi's municipal corporation election, 138 out of 272 constituencies were reserved for women. Major political parties like AAP, Congress and BJP offered seven, six and two tickets respectively to women in unreserved constituencies. Ironically, most of the tickets given to women candidates in reserved constituencies were prompted not by their personal stature, but for their husbands or other male relatives. This dismal state of affairs is replicated even at the national and state levels, where there is no reservation for women candidates. During the 16th Lok Sabha elections, the largest party, the BJP, gave only 38 of 428 tickets to women candidates, while the Congress gave 60 tickets. Similarly, other national parties like the Bahujan Samaj Party fielded 21 women, Communist Party of India fielded six, Communist Party of India (Marxist) fielded 11 and Nationalist Congress Party fielded four. In the last legislative assembly elections in West Bengal, Mamata Banerjee's Trinamool Congress gave only 43 tickets to women out of a total of 293 seats; in UP, Mayawati's BSP gave 21 tickets to women out of 403; in Tamil Nadu, the AIADMK then led by J. Jayalalithaa gave 29 out of 234 seats to women. Given the centrality of political parties in Indian politics, it becomes immensely difficult for candidates to contest independently. None of the 206 women candidates who contested the 16th Lok Sabha elections independently were able to win their seats.[3]

Representation of women in executive government and parliament is extremely low in India, both in absolute numbers as well as globally. Only a miniscule progress is observed in the entire post-independence era. In the cabinet, formed after the general election in 2014, there were only 5 women ministers out of total 27 ministers. India's global rank is 88 in this regard as per the *'Women in Politics Map 2017'*, published by the Inter-Parliamentary Union (IPU) and UN Women.

Between the First Lok Sabha (1952) and the Sixteenth Lok Sabha (2014) women's representation has increased from 4.4 per cent to 11.9 per cent. Similar trend of low representation of women is also observed in the Rajya Sabha (Upper House) during the entire period of post-independence era. Women's representation in Rajya Sabha has increased from 6.9 per cent in 1952 to 11.4 per cent in 2014. Again, these figures are substantially lower compared to the global average of 22.9 per cent and Asian average of 16.3 per cent of women representatives in Upper House. Considering the share of women (49.5%) in the total population of India, their representation in Parliament represents a skewed statistic, which does not befit the world's largest democracy.

India's performance on female representation in parliament is also not satisfactory compared to the global average of 23.4 per cent and Asian average of 19.6 per cent of women's representation in parliament, as shown in the Women in Politics Map 2017. In this global mapping, India's 148th rank is very low; and even several Asian countries, viz., Nepal (48th), Afghanistan (54th), Pakistan (89th), Bangladesh (91st), United Arab Emirates (96th), and Saudi Arabia (98th), among others, have fared far better than India. Out of 47 Asian countries, India holds the 31st position. Among 8 SAARC countries, India's position is 5th and India holds the 4th rank among 5 BRICS countries. A relatively poor performance is evident, if India (11.9 per cent) is compared to the best performer Rwanda (61.3 per cent) in terms of women's representation in the parliament.

As per the situation on January 1, 2017, it was observed that in 12 countries (out of 193) women's representation in parliament was 40 per cent or more. Rwanda tops the list with 61.3 per cent women representation in the parliament. Thus, it is evident that despite our constitutional commitment and several global commitments, India's performance in political empowerment of women is dismal. However, since the early 1990's, the 73rd and 74th amendments, which entail 33 per cent reservation for women in rural and urban local bodies, facilitated the entry of lakhs of women in the political arena. During the next two decades, there has been a dramatic

change in women's representation in local administration. It is also a positive sign to note that many states, namely, Bihar, Uttarakhand, Himachal Pradesh, Chhattisgarh, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Karnataka, Jharkhand, Kerala, Maharashtra, Odisha, Rajasthan and Tripura further raised the women's reservation level to 50 per cent. Resultantly, it has brought more than 1 million women as elected representatives, including many from socially disadvantaged groups and even illiterate, into the political decision making process.[4]

Constitutional and International Law Obligations - The obligation to provide a level playing field in terms of opportunities finds its place both in the constitution as well as in international law obligations. In addition to the aspirations expressed in the preamble of our constitution, Article 39A says the state must ensure that opportunities for securing justice are not denied to any citizen by reasons of economic or other disabilities. In addition to this, Article 46 imposes a duty on the state to protect weaker sections from social injustice and all forms of exploitation. Article 14, which established the right to equality as a fundamental right, inevitably mandates for equal opportunity, which is reflected in Article 15(3).

India is a signatory to the Convention for Elimination of Discrimination Against Women, which obliges states, under Article 7, to take appropriate measures to eliminate discrimination against women in political and public life and, in particular, to ensure that women are as eligible as men to contest elections to all public bodies, that they have the 'right to participate' in contributing to government policy and its implementation. Article 25 of the International Covenant on Civil and Political Rights, which is binding on signatory states including India, says that "every citizen shall have the right and *the opportunity*, without any of the distinctions mentioned in article 2 and without unreasonable restrictions [...] to vote and *to be elected* at genuine periodic elections which shall be by universal and equal suffrage and shall be held by secret ballot, guaranteeing the free expression of the will of the electors."

Given all of this, it is perplexing to witness the parochial and discriminatory approach of the political class on issues of representation. While on one hand they appear to uphold the banner of inclusive representation based on criteria like caste or region, on the other hand they display a conspicuous apathy to women's representation. This can be attributed, *inter alia*, to the understanding that women don't exist as an exclusive 'political class' or a 'unified vote bank'. There can be manifold reasons for women's underrepresentation in India, ranging from socio-historic reasons and the inherent masculinity of popular politics to institutional hurdles like family and marriage and the current socio-economic and political policies.

Taking a cue from global experiences, there are various mechanisms which can be adopted to ensure adequate representation of women after being adapted according to India's peculiar needs. For instance, nearly half of the top 50 countries in the IPU list have a 'voluntary party quotas' system. Voluntary party quotas have been applied in different ways. For example, in some European countries like Sweden, the 'zipper' system requires party candidate lists to alternate between one male and one female candidate, so that every three candidates must include one woman. The soft quota system is based on the rationale that gender parity will occur gradually over time, without the need for rules, and is used in democracies such as the US, Australia and New Zealand. Reserved seats are the most widespread gender quota system used in Sub-Saharan Africa, South Asia and in the Arab region. Legal candidate quotas are the preferred system in Latin America and the Balkans.[5]

Therefore, it is imperative that the government takes legislative and constitutional reforms to ensure women's fair access to political spheres, especially in the Lok Sabha (Lower House) and Rajya Sabha (Upper House). There is an urgent need to bring back to the table the Women's Reservation Bill guaranteeing reservation to women. An intense parliamentary discussion is necessary to bring the issue to the fore and greater political commitment is the prerequisite for achieving the objective of political empowerment of women.

Equal participation of men and women is not only a prerequisite for justice and democracy, it is an inevitable condition for harmonious human existence as well. Effective representation of women in decision-making structures will have a bearing on the policies, vision and structure of institutions. And that's something everyone should be fighting for.

References :-

1. Gopanjali Roy, "Women's representation in politics deteriorate in India", posted on March 01, 2017, Media India Group (www.mediaindia.eu)
2. Sakti Golder, "Women Representation in Political Decision Making: A Catalyst to achieving Gender Equality", posted on Sep, 12, 2017, Oxfam India (www.oxfamindia.org).
3. Haris Jamil and Anmolam, "Why Aren't We Dealing With the Lack of Women in Indian Politics?", posted on August 02, 2017, The Wire (www.thewire.in)
4. Sakti Golder, "Women Representation in Political Decision Making: A Catalyst to achieving Gender Equality", op. cit.
5. Haris Jamil and Anmolam, "Why Aren't We Dealing With the Lack of Women in Indian Politics?", op. cit.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

नृत्य एवं योग का सहसम्बन्ध

डॉ. स्वाती तेलंग *

प्रस्तावना – योग नृत्य की फितरत में शामिल एक सहज प्रक्रिया है। यह कत्थक की शास्त्रबद्ध अनिवार्यता नहीं, वरन् नृत्यरत देह की स्वत: स्फूर्त प्रक्रिया है। नृत्यदेह की रचना प्रारंभ से अंत तक योग विज्ञान का रहस्य समेटे हुए है। यही कारण है कि शायद नृत्य, देह को शारीरिक व मानसिक स्तर का समन्वित शक्तिशाली पुंज बना देती है और आध्यात्मिक स्तर की आत्मिक शक्ति प्रदान कर शिव से साक्षात्कार कराने में समर्थ है। क्योंकि योगी शिव नृत्य के भी प्रवर्तक माने गये हैं और सर्वप्रथम योग विद्या की खोज भी शिवजी ने ही की है।

कलाकार जितने समर्पित भाव से अपनी कला से जुड़ता है प्रस्तुति भी उतनी ही सुंदर होती है और योग भी इसी के साथ पूर्ण समर्पण भाव से जुड़ता चला जाता है। इस प्रक्रिया का शामिल हो जाना मानसिक व शारीरिक एकाग्रता में सहायक साबित होता है जो किसी भी रचना के जन्म लेने की अनिवार्य शर्त है। जिस प्रकार योगीजन अपने अष्टांग योग के द्वारा धीरे-धीरे अभ्यास से परम आनंद की प्राप्ति या ईश्वर प्राप्ति कर सकते हैं उसी प्रकार से एक नृत्य योगी बिना किसी मंत्र नियम के मात्र योग आदि के द्वारा केवल नृत्य कला के आधार पर ईश्वर से एकाकार हो परम आनंद को प्राप्त होते हैं।

नृत्य व योग ये दो कलाएँ अलग-अलग न होकर एक दूसरे से ही परिपूर्ण हैं। उत्तर भारत का कत्थक नृत्य पक्ष में तोड़े, टुकड़े, आदि के लिये हाथ, ऊंगलियों, कलाई, पैरों, एड़ी तथा पंजों का व्यायाम किया जाता है। गर्दन, दृष्टि संचालन भी किया जाता है तथा हस्त पाद संचालन के माध्यम से नृत्यदेह से जुड़ने की प्रक्रिया सम्पन्न होती है। योग आसन पूर्व सर्वप्रथम नमस्कार किया जाता है। यहाँ 'ऊँ' के उच्चारण के साथ शरीर के समस्त अंगों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए शरीर से तादाम्य स्थापित किया जाता है। वैसे ही नृत्य के प्रारंभ में की जाने वाली वंदना तन व मन को 'ऊँ' की उच्च भावना से जोड़ती है। संगीत के तीनों विभागों स्वर, लय, बोल व उनके संयोजन में ऐसे तत्व निहित है। जिनके द्वारा प्रत्येक रोग की चिकित्सा संभव है। नृत्य की हस्त मुद्राओं का भी चिकित्सा प्रणालियों में प्रचलन हो रहा है। इसके फायदे को देखते हुए इसे आजकल वैकल्पिक थैरपी के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने में यह कारगर साबित हो रहा है। नृत्य करने से हमारे शरीर में कुछ ऐसे हार्मोंस प्रवाहित होते हैं जो हमें तनाव मुक्त और फुर्तीले रखते हैं। शरीर व दिमाग का तालमेल ही नृत्य चिकित्सा का आधार है। चिकित्सक मानते हैं कि नृत्य व योग करने से शरीर में शुद्ध रक्त बनता है और सांस से ज्यादा कार्बनडाइ आक्साईड निकलती है। इस थैरपी का लाभ हर उम्र के लोग उठा सकते हैं। इस थैरपी से आत्मविश्वास और काम करने की इच्छा शक्ति बढ़ती है।

राष्ट्रीय स्तर पर कई ऐसे बड़े संगठन हैं जो इस क्षेत्र में पहले से काम कर रहे हैं और अब भारत देश में भी योग व नृत्य के माध्यम से अच्छा स्वास्थ्य पाने के प्रति लोग प्रतिदिन जागरूक हो रहे हैं। अयुर योगा आश्रम, वर्ल्ड पीस योगा स्कूल ऋषिकेश आदि ऐसी संस्थाएँ हैं जो योग कला को जन-जन तक पहुंचाने के लिये उत्कृष्ट कार्य कर रही है। यही नहीं फिल्म जगत में नायक-नायिकाएँ भी योग व नृत्य के माध्यम से शारीरिक लाभ प्राप्त कर रहे है। इसके प्रति सजग होकर कई कलाकारों ने तो योगा क्लासेस भी शुरू की है। जिसमें प्रथम नाम शिल्पा शेट्टीजी का आता है। जो शिल्पा योगा नाम से अपनी कक्षाएं संचालित कर रही है। इस प्रकार नृत्य व योग ये दो कलाएं अलग-अलग न होकर एक दूसरे से परिपूर्ण हैं।

अत: यह सर्वविदित है कि दैहिक सौंदर्य योग द्वारा प्राप्त होने वाला प्रथम वरदान है। यह कला को कुदरती सौंदर्य की आभा प्रदान करता है। योग देह की ही नहीं बल्कि मन व आत्मा की भी दूरी नाप लेता है। शायद यही कारण है कि जब नृत्य अपने शास्त्रबद्ध सौंदर्य के द्वारा आत्मा का द्वार खटखटाता है तब योग की दस्तक भी शामिल रहती है। यह कला को कुदरती सौंदर्य की आभा प्रदान करता है। जिसे योगीजन हठयोग तथा ज्ञानयोग द्वारा प्राप्त करते हैं। योग व नृत्य के द्वारा जीवन के अंतिम सोपान तक पहुँचने की प्रथम सीढ़ी है, स्वास्थ्य जिसे ये मजबूत नींव प्रदान करता है।

किसी भी कलाकृति की पूर्णता कलाकार के पूर्णयोग योगी की दशा है। कला, धर्म, दर्शन आदि क्षेत्रों में अनेक हस्तियां हुई है जिन्होंने आगे वाली पीढ़ी के लिये मार्गदर्शक पथ तैयार किया है। जिसके उभरते नृत्य एवं योग के पद्चिन्हों ने हमारी संस्कृति को अमूल्य धरोहर दी व उसे समृद्ध किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

* 87, महावीर बाग कालोनी, परमेश्वरी गार्डन के पीछे, इन्दौर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) भारत

किशोरावस्था के विद्यार्थियों के मानसिक विकास में जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त का योगदान

डॉ. वनिता त्रिवेदी *

प्रस्तावना - महात्मा गांधी के अनुसार :- *'शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक या मनुष्य के शरीर मस्तिष्क या आत्मा के सर्वांगीण विकास से है।'* इस आदर्श उद्देश्य के साथ ही व्यक्ति का शारीरिक मानसिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, संवेगात्मक, बौद्धिक व उच्च नागरिकता के विकास में सर्वांगीण विकास की पूर्णता निश्चित करती है।

मनुष्य का विकास का गर्भकाल से लेकर मृत्युपर्यन्त तक होता रहता है जिसकी कई अवस्था होती है । इसमें मानसिक विकास सबसे महत्वपूर्ण है जिससे व्यक्ति कई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकता है। जीवन की प्रत्येक क्रिया चाहे वह किसी के विषय में चिन्तन हो या तर्क, स्मृति हो या अवधान, व्यक्ति अपनी बुद्धि और विवेक के आधार पर किसी कार्य के परिणाम तक पहुँचता है।

व्यक्ति को वातावरण का ज्ञान अपनी ज्ञानेन्द्रियों द्वारा होता है ।इस इन्द्रियजन ज्ञान को ही संज्ञान कहा जाता है यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें चिन्तन, स्मृति, निर्णयक्षमता, समस्या समाधान, कल्पना, प्रत्यक्षीकरण योजना आदि समाहित रहते हैं। इसके द्वारा ही व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति की संवेदनाओं एवं विचारों का समझ सकता है। यह प्रक्रियाप्रत्यक्षीकरण से प्रारम्भ होती है। हम प्राय: वातावरण में विभिन्न उद्दीपकों को देखते हैं और उनके प्रति प्राप्त सूचना को विश्लेषित करते हैं। इसके पश्चात सूचनाओं को सार्थक बनाते है।

संज्ञान मनोविज्ञान का वह पक्ष है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति के ज्ञानात्मक पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। संज्ञानात्मक विकास को यदि मानसिक विकास कहा जाये तो कोई गलत नहीं होगा क्योंकि संज्ञानात्मक विकास से अभिप्राय है बालक की मानसिक क्षमता का विकास, जिसमें बुद्धि, चेतना, विचार और समस्या समाधान की क्षमता सम्मिलित होती है। और इसका विकास शैशवावस्था से शुरू हो जाता है। संज्ञानात्मक विकास एक विकासात्मक प्रक्रिया है। जिसके द्वारा एक बच्चा बुद्धिमान व्यक्ति बनता है। वृद्धि के साथ-साथ ज्ञान अर्जित करता है। तथा चिन्तन अधिगम तक और अमूर्त योग्यता में सुधार करता है। शारीरिक वृद्धि के तहत पहले चार वर्षों में बालक का 80 प्रतिशत मानसिक विकास हो जाता है। 22-24 तक यह परिपक्कावस्था तक पहुँचता है।

बालक की उन सभी मानसिक क्षमताओं और योग्यताओं का विकास, जिसके परिणामस्वरूप वह अपने निरंतर बदलते वातावरण में ठीक प्रकार समायोजन करता है, और बड़ी-बड़ी कठिन तथा उलझनपूर्ण समस्याओं को सुलझाने में अपनी मानसिक शक्तियों को पूर्णरूप से समर्थ पाता है, मानसिक विकास या संज्ञानात्मक विकास कहलाता है।

वास्तव में संवदेना, प्रत्यक्षीकरण, स्मरण शक्ति, निरीक्षण, विचारशक्ति, कल्पना, तर्कशक्ति, भाषासम्बन्धी योग्यता, समस्या समाधान योग्यता और निर्णय लेने की क्षमता आदि सभी संज्ञानात्मक, मानसिक और बौद्धिक शक्तियाँ, योग्यताओं और क्षमताएँ, हमारी मानसिक वृद्धि और विकास की प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित होती हैं। ये सभी शक्तियाँ परस्पर अत्यधिक सम्बन्धित हैं। इसमें से किसी का भी एकाकी, अथवा किसी दूसरों को प्रभावित किये बिना विकसित होना सम्भव नहीं इसलिए जब भी किसी स्तर पर बालक के मानसिक विकास की बात होती है तो तात्पर्य इन सभी शक्तियों का समन्वित विकास ही होता है। संज्ञानात्मक विकास एक विकासात्मक प्रक्रिया है। जिसके द्वारा एक बच्चा बुद्धिमान व्यक्ति बनता है। वृद्धि के साथ-साथ ज्ञान अर्जित करता है। तथा चिन्तन अधिगम तक और अमूर्त योग्यता में सुधार करता है। शारीरिक वृद्धि के तहत पहले चार वर्षों में बालक का 80 प्रतिशत मानसिक विकास हो जाता है। 22-24 तक यह परिपक्कावस्था तक पहुँचता है। बालक की उन सभी मानसिक क्षमताओं और योग्यताओं का विकास, जिसके परिणामस्वरूप वह अपने निरंतर बदलते वातावरण में ठीक प्रकार समायोजन करता है, और बड़ी-बड़ी कठिन तथा उलझनपूर्ण समस्याओं को सुलझाने में अपनी मानसिक शक्तियों को पूर्णरूप से समर्थ पाता है, मानसिक विकास या संज्ञानात्मक विकास कहलाता है।

वास्तव में संवदेना, प्रत्यक्षीकरण, स्मरण शक्ति, निरीक्षण, विचारशक्ति, कल्पना, तर्कषक्ति, भाषासम्बन्धी योग्यता, समस्या समाधान योग्यता और निर्णय लेने की क्षमता आदि सभी संज्ञानात्मक, मानसिक और बौद्धिक शक्तियाँ, योग्यताओं और क्षमताएँ, हमारी मानसिक वृद्धि और विकास की प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित होती हैं। ये सभी शक्तियाँ परस्पर अत्यधिक सम्बन्धित हैं। इसमें से किसी का भी एकाकी, अथवा किसी दूसरों को प्रभावित किये बिना विकसित होना सम्भव नहीं इसलिए जब भी किसी स्तर पर बालक के मानसिक विकास की बात होती है तो तात्पर्य इन सभी शक्तियों का समन्वित विकास ही होता है। जिस सिद्धान्त पर संज्ञानात्मक विकास होता है उसे जीन पियाजे का संज्ञानात्मक सिद्धान्त कहा जाता है ।

संज्ञानात्मक सिद्धान्त की सम्प्रत्ययात्मक पृष्ठभूमि - इस सिद्धान्त का प्रतिपादन 1952 में जीन पियाजे ने किया इसके लिए उन्होंने स्वयं के बच्चों को अपनी खोज का आधार बनाया। बच्चे जैसे-जैसे बड़े होते गये, उनकी मानसिक विकास सम्बन्धी क्रियाओं का वे बड़ी बारीकी से अध्ययन करते रहे। पियाजे की संज्ञानात्मक विकास की सैद्धान्तिक अवधारणायें - संज्ञानात्मक संरचना,संज्ञानात्मक कार्यप्रणाली एवं संज्ञानात्मक संरचना आदि ।

* अम्बिका कॉलोनी, नक्षत्र मॉल के पीछे, बांसवाड़ा (राजस्थान) भारत

पियाजे के अनुसार इस तरह शिशु अपने संज्ञानात्मक विकास की यात्रा विभिन्न प्रकार के स्कीमाज से संरचित संज्ञानात्मक संरचना से शुरू करता है। इस प्रणाली की भूमिका समायोजन में अत्यधिक होती है। इस तरह की समायोजन सम्बन्धी कार्यप्रणाली को ठीक तरह से आगे बढ़ाने में पियाजे के अनुसार दो मुख्य प्रक्रियाओं आत्मसातीकरण तथा समायोजीकरण की प्रमुख भूमिका होती है। 'आत्मसातीकरण' प्रक्रिया में बालक से यह अपेक्षा करती है कि उसके पास पूर्व संज्ञानात्मक संरचना के रूप में जो कुछ भी है वह उसी से किसी नवीन परिस्थिति का सामना करे। समायोजीकरण में बालक नई परिस्थिति से निपटने के लिए नये ढंग से सोचने और व्यवहार करने हेतु अपने में उचित बदलाव लाने की कोशिश करता है।

अत: जहाँ आत्मसातीकरण प्रक्रिया में बालक अपने पूर्वज्ञान तथा अनुभवों के आधार पर ही अपनी अनुक्रिया व्यक्त कर प्रस्तुत परिस्थिति से निपट लेता है। वहीं समायोजीकरण में जब उसका काम पूर्व अनुभवों से नही चलता उसे अपनी वर्तमान संज्ञानात्मक संरचना में अनुकूल परिवर्तन लाकर सोचने तथा व्यवहार करने के नये तरीके अपनाने पड़ते है।

पियाजे की संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त की अवस्थायें – पियाजे के सिद्धान्त के अनुसार संज्ञानात्मक विकास चार सार्वभौमिक अवस्थाओं के क्रम में होता है। ये अवस्थाऐं हमेशा एक ही क्रम में होती हैं, तथा प्रत्येक अवस्था पूर्व अवस्था में सीखने पर आधारित होती है। ये अवस्थायें निम्नलिखित हैं –

1. संवेदीगामक अवस्था अर्थात जन्म से 2 वर्ष तक
2. पूर्व संक्रियात्मक अवस्था 2–7 वर्ष तक
3. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था 7–12 औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था किशोरावस्था से 19/20 तक

संज्ञानात्मक विकास के सिद्धान्त की विशेषताऐं:

1. पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास चार भिन्न और सार्वभौमिक अवस्थाओं की श्रृंखला या क्रम में होता है। जिनमें विचारों का अमूर्त स्तर बढता जाता है। ये अवस्थायें सदैव एक ही क्रम में होती हैं। तथा प्रत्येक अवस्था पिछली अवस्था में सीखी वस्तुओं पर आधारित होती है।
2. संज्ञानात्मक विकास में आत्मसातीकरण और संयोजन में समन्वय बल दिया जाता है।
3. पियाजे ने बालक के ज्ञान को 'स्कीमा' से निर्मित माना हैं। स्कीमा ज्ञान की वह मूल ईकाई है जिसका प्रयोग पूर्व अनुभवों को संगठित करने के लिए किया जाता है। जो नये ज्ञान के लिए आधार का काम करती है।
4. संज्ञानात्मक विकास में मानसिक कल्पना, भाषा, चिन्तन, स्मृति–विकास, तर्कना, समस्या समाधान आदि समाहित होते हैं।
5. बालकों में चिंतन एवं खोज करने की शक्ति उनकी जैविक परिपक्वता अनुभव एवं इन दोनों की अन्त:क्रिया पर निर्भर है।

वर्तमान में प्रासंगिकता – प्रस्तुत आलेख के द्वारा यह जाना जा सकता है कि किस तरह से बालक के मानसिक विकास में जीन पियाजे द्वारा दिये सिद्धान्त का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही यह सिद्धान्त वृद्धि की विभिन्न अवस्थाओं में विद्यार्थियों की विशेषताओं को जानने में सहायक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मनोविज्ञान तथा मनोवैज्ञानिक प्रक्रियायें – डा. ऋचा चौधरी
2. जायसवाल, सीताराम, सर्वांगीण बाल विकास, नई दिल्ली: आर्य बुक डिपो 1996
3. बायती, डा. जमनलाल, उच्चत्तार शिक्षा मनोविज्ञान, जयपुर : रचना प्रकाशन 2006
4. सिंह, अरुण कुमार, उच्चतर सामान्य मनोविज्ञान, वाराणसी : मोतीलाल बनारसीदास, 2012
5. ओबराय, डा. ए. सी., शिक्षण एवं अधिगम का मनोविज्ञान नई दिल्ली : आर्य बुक डिपो 2013
6. अशरफ, अजीमुर्रहमान जावेद, मनोविज्ञान का संक्षिप्त इतिहास, वाराणसी : मोतीलाल बनारसीदास 2009
7. पाण्डेय, के. पी., नवीन शिक्षा मनोविज्ञान, वाराणसी : विश्वविद्यालय प्रकाशन 2013
8. मंगल, एस. के., बाल अधिगम प्रक्रिया, नई दिल्ली, आर्य बुक डिपो 2002
9. भारतीय शिक्षा मनोविज्ञानम् – सम्पादक – प्रो. प्रभादेवी चौधरी, डॉ0 नीलाभतिवारी, डा0 नितिन जैन, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, भोपाल परिसर।
10. Chauhan, S.S., Advance Education psychology, Noida Vikash Publishing House 2010
11. Piaget Theory of cognative Affective Devlopment – Jean Piaget
12. The psychology of the Child - Jean Piaget
13. Science of Education and The psychology of the Child - Jean Piaget

****

उज्जैन जिले के आर्थिक विकास में बाधक तत्व (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के संदर्भ में)

डॉ. नीतिन बिल्लौरे *

प्रस्तावना – शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के आर्थिक विकास के लिए समग्र प्रयास किये जा रहे है। स्वरोजगार योजनाओ के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण सुविधा उपलब्ध करवाकर शासन के द्वारा युवाओ को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। संचालित योजनाओं में दीनदयाल स्वरोजगार योजना,रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति जनजाति स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना आदि प्रमुख है। वर्तमान में कई योजनाओं को मिलाकर समग्र रुप से भी योजनाएं प्रारंभ की गई है। आर्थिक विकास मे अनेक बाधक तत्व है जो बाधा उत्पन्न कर रहे है इन तत्वों में प्रमुख रुप से प्रशासनिक व हितग्राहियों की समस्याएं प्रमुख है।

अध्ययन का औचित्य – उज्जैन शहर जो मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी है उज्जैन शहर अध्यात्मिक दृष्टि् से तो विकसित है किंतु औद्योगिक दृष्टि् से विकसित नही है अत: यहाँ पर बेरोजगारी एक विकराल रुप धारण किये हुए है अत: शासन के द्वारा बेरोजगारी को दूर करने के लिए स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से युवाओ को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

चूँकि मैं वाणिज्य का छात्र रहा हूँ मैने वाणिज्य में एम.फिल व पीएच.डी की है और मैने युवाओ में स्वरोजगार योजनाओं के प्रति नकारात्मकता और उदासीनता देखी है। कई शिक्षित युवा कठिन ऋण प्रक्रिया एवं प्रावधानो के कारण योजनाओं के प्रति नकारात्मकता का भाव रखते है। जो जिले के आर्थिक विकास में बाधक है।

परिकल्पनाएँ – प्रस्तुत शोध कार्य के लिए लक्ष्यों को तय किया गया और निम्नलिखित परिकल्पनाओ का परिक्षण एवं अध्ययन किया गया।

1. स्वरोजगार योजनाओं का जिले के आर्थिक विकास मे अप्रत्यक्ष योगदान है।
2. विभिन्न बैंको द्वारा स्वीकृत राशि व वितरित राशि में किसी प्रकार का संबध नही है।
3. स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्य प्रतिवर्ष बेरोजगारों की संख्या की तुलना में अत्याधिक कम है।
4. लक्ष्य से अधिक प्रकरण प्रेषित किए जाते है किंतु ऋण कम लोगो को ही प्राप्त होता है।

बाधक तत्व व उन्हे दूर करने के उपाय :

(1) अपर्याप्त अधिकार :– शासन के द्वारा बेरोजगारी का सामना कर रहे विभिन्न वर्गो के युवक व युवतियों के लिए विभिन्न स्वरोजगार योजनाएँ लागू की गई जो प्रत्येक जिले में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से सन्चालित होती है। किन्तु इन्हे सिर्फ उन योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने एवं उन्हे वित्तीय संस्थाओ को अग्रेषित करने का अधिकार दिया है , स्वीकृत करने का नहीं। शासन को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रो को प्र्याप्त अधिकार प्रदान करना चाहिए जिससे योजनाओ सफलता पूर्वक लागू किया जा सके।

(2) ऋण की लम्बी प्रक्रिया :– योजनान्तर्गत हितग्राहियों को औसत रूप से आवेदन करने के 6 माह से लेकर 1 वर्ष तक का समय ऋण की प्राप्ति मे लगता है। ऋण प्रप्ति के पूर्व की प्रक्रिया इतनी लम्बी है कि बेरोजगार युवा ऋण प्राप्त होने के पूर्व ही हतोत्साहित हो जाते है। इसके साथ ही वर्तमान परिस्थतियों के संदर्भ में ऋण राशि की व्यवस्था करना चाहिए जिससे वे अपना स्वंय का व्यवसाय स्थापित कर सके साथ ही ऋण प्रक्रिया को सरल बनाना चाहिए।

(3) ऋण वापसी की समस्या :– विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं मे बैंको के द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। हितग्राहियों के द्वारा ऋण तो प्राप्त कर लिया जाता है किंतु उसका पुन:भुगतान करने में वे असफल होते है जो विकास की राह मे बाधा उत्पन्न करते है। हितग्राहियो में सकारात्मक दृष्टि्कोण का विकास करना चाहिए और ऋण के दुरुपयोग को रोकना चाहिए जिससे ऋण वापसी की समस्या का निराकरण हो सके।

(4) तकनीकी समस्या :– जहाँ समस्त शासकीय कार्यालयों का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है वहीं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जो कि विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के संचालन का प्रमुख केन्द्र है, व्यवस्था से अभी तक वंचित है। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्यभार अधिक रहता है तथा वे योजनाओं का क्रियान्वयन यथा संभव नहीं कर पाते । शासन को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रो का भी कंप्यूटरीकरण करना चाहिए जिससे यह केंद्र अपना कार्य तेजी से कर सके और योजनाओं के संचालन में आने वाली तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान कर सके।

(5) एक मुश्त सुविधा नही :– सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में एक मुश्त राशि देने का प्रावधान नही है जिससे ऋण सहायता प्राप्त करने के बाद भी हितग्राही योजनाओं का लाभ उठा नही पाता है। शासन द्वारा योजनाओ में ऋण परियोजना में प्रत्येक स्तर पर ऋण राशि प्रदान की जाती है जिससे वे रोजगार की स्थापना नही कर पाते है और उनका आर्थिक विकास नही हो पाता है अत: एक मुश्त राशि प्रदान करने की सुविधा प्रदान करना चाहिए।

(6) मार्जिन मनी की उपेक्षा :– शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए हितग्राहियों को परियोजना का 5 प्रतिशत से 16.25 प्रतिशत मार्जिन मनी के रूप में स्वयं लगाना होता है । निर्धारित वार्षिक पारिवारिक आय

* सहायक प्राध्यापक, नवयुग महाविद्यालय, बडनगर (म.प्र.) भारत

वाले कम आय की वजह से राशि की व्यवस्था नही कर पाते है। युवा बेरोजगारों के लिए मार्जिन मनी का प्रबंध करना मुश्किल होता है। योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों को इस गम्भीर समस्या से पार पाना ही पड़ता है।शासन को मार्जिन मनी के नियमों का सरलीकरण करना चाहिए। जिससे युवा अपना रोजगार स्थापित कर सके।

(7) असहयोगात्मक रवैया :- स्वरोजगार योजनाओं से जुडे विभिन्न अधिकारियों के मध्य आवश्यक सहयोग का अभाव रहता है। जिसके कारण हितग्राही को कठिनाईयो का सामना करना पडता है। अधिकारियों का असहोयगात्मक रवैया हितग्राही के मन मे स्वरोजगार योजनाओ के प्रति नकारात्मकता पैदा करता है। योजनाओं से संबधीत विभिन्न विभागो के अधिकारीयो को सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए जिससे हितग्राही स्वरोजगार योजनाओ में ऋण लेने को प्रोत्साहित हो सके।

(8) एक सदस्य को ऋण :- स्वरोजगार योजनाओं के अन्तर्गत यह प्रावधान है कि परिवार के किसी एक सदस्य को ही ऋण प्रदान किया जाता है। यदि लाभान्वित हितग्राही के परिवार का अन्य कोई सदस्य योजना का लाभ प्राप्त करना चाहे तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा। शिक्षित बेरोजगार स्वरोजगार योजना के लाभ से वंचित ही रहेगा। अतः इस प्रावधान पर पुर्नविचार करना चाहिए जिससे परिवार के कम से कम एक अतिरिक्त सदस्य को ऋण सुविधा प्राप्त हो सके।

(9) स्तरीय प्रशिक्षण का अभाव :- योजनाओं मे हितग्राहियों के लिए प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। किंतु उन्हे स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध नही हो पाता है जिससे उनका विकास नही हो पाता है और वे योजना का लाभ नही उठा पाते है। अतः शासन को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के द्वारा उपलब्ध प्रशिक्षण का स्तर उन्नत करना चाहिए जो वर्तमान व्यवस्था के समतुल्य हो।

(10) अधिक ब्याज दर :- प्राप्त ऋण पर हितग्राहियों को जो ब्याज देना होता है उसकी दर बहुत अधिक होती है। वर्तमान में ब्याज दर 12 से 13 प्रतिशत वार्षिक है। किश्त भुगतान में विलम्ब होने पर हितग्राहियों को चक्रवृद्धि ब्याज दर से भुगतान करना पड़ता है जिससे हितग्राहियों पर आर्थिक भार बढ़ जाता है। ऋणो पर ब्याज दर को तर्कसंगत बनाना चाहिए जिससे हितग्राही अपना व्यवसाय सुचारु रुप से संचालित कर सके और ऋण समय पर चुका सके।

निष्कर्ष - आर्थिक विकास में स्वरोजगार योजनाओं का अप्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से योगदान होता है। स्वरोजगार योजनाओं मे प्रतिवर्ष एक निश्चित मात्रा में शिक्षित बेरोजगारों को शासन के माध्यम से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण सुविधा इन योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध होती है। बेरोजगारों की संख्या की तुलना में बहुत कम होती है। सभी शिक्षित बेरोजगार योजनओं से लाभ नही ले पाते है। शासन के द्वारा इन योजनाओं का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं जिले की लीड बैंक के माध्यम से किया जाता है। ऋण वितरित करना बैंक के अधिकार क्षेत्र में है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र समन्वयक की भूमिका निभाता है। शासन के अन्य विभाग भी इसमे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

समन्वय के अभाव में स्वरोजगार योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक नही हो पाता है, जिससे ये योजनाएं अपने लक्ष्य मे सफल नही हो पाती है। अतः यह कह सकते है कि जिले के आर्थिक विकास में योगदान में वृद्धि करने के लिए स्वरोजगार योजनाओं मे वर्तमान समय के आधार पर सुधार किया जाए।

प्रतिवर्ष योजनाओं में लक्ष्य निर्धारण बेरोजगारों की संख्या के अनुपात में रखा जाए जिससे सभी शिक्षित बेरोजगारों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकें। योजना मे स्वीकृत ऋण राशि की मात्रा मे भी वृद्धि करना चाहिए। योजनाओ के सन्चालन सबन्धित नियमों को आसान बनाना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. जे.सी.पंत (2009) 'व्यावसायिक पर्यावरण' साहित्य भवन प्रकाशन,आगरा
2. राजेश सोनी 'व्यवसाय अध्ययन' जिज्ञासा प्रकाशन,रतलाम

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

उत्तराखंड के विशेष संदर्भ में प्राकृतिक रंग नील पत्रों (शाकिना) द्वारा भीमल धागों की रंगाई

गुँजा सोनी *

शोध सारांश – उत्तराखण्ड राज्य प्राकृतिक संसाधनों से धनी है। इसका सबसे बडा कारण इस राज्य का हिमालय क्षेत्र में होना है। इसे देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। हिमालय क्षेत्र में होने के कारण इसके 86 प्रतिशत भाग पर पहाड एवं 65 प्रतिशत भाग पर जंगल है यहां लोगों की जो जीवनशैली है वो यहां के भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरुप हो चुकी है। उत्तराखण्ड के निवासी अपने जीवन के छोटी से बडी जरुरतों को पूरा करने के लिए प्रकृति पर निर्भर है। यहां के प्राकृतिक संसाधनों से केवल जरुर के वस्तुएँ ही नहीं मिलती है बल्कि इन से आयुर्वेद दवाईयां और प्रकृति रंजक भी प्राप्त होते है और इन वृक्षों से प्राकृतिक रेशे भी प्राप्त किये जाते है जो कि यहां के भोटिया जनजातियों द्वारा पारम्परिक प्रयोग में लिया जाता रहा है और विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का निर्माण भी किया गया है जैसे रस्सी, टोकरी, कालिन आदि इन वस्तुओं को रंगाई के लिए प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग किया जाता है सबसे ज्यादा यह भोटिया लोग ऊन की रंगाई के लिए प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करते रहे है एवं अन्य प्राकृतिक रेशों पर भी इन का प्रयोग होता रहा है। इस लेख के अंतर्गत उत्तराखण्ड के नील पत्तों (शाकिना) का प्रयोग रंग के रुप में भिन्न भिन्न रंग प्राप्त किये जा सकते है अलग–2 मोडेन्ट का प्रयोग कर के। इसके लिए दो मोडेन्ट का प्रयोग हुआ है ऐलम (फिटकरी) (फेरस सल्फर) (हरा कशिश) प्राकृतिक रंग का भीमल के धागों पर अच्छा प्रभाव होता है इसमें प्राकृतिक रंजकों का रंग स्थिरता अच्छी है।

प्रस्तावना – रंगों का प्रयोग प्राचीन समय से किया जाता रहा है रंगीन कपडों के तरफ मनुष्यों का आकर्षण सदा ही बना रहा है। पर जब 1987 में कृत्रिम रंग का अविष्कार हुआ तो ये एक क्रांति की तरह पूरे टेक्सटाईल इण्डस्ट्री में फैल गए हानिकारक होने के बाद भी इन का प्रयोग हो रहा है। प्रकृति रंगों की तरफ अब लोगों का रुझान फिर से बढ रहा है क्योकिं ये ना ही हानिकारक होते है और ये प्रकृति से प्राप्त होते है। ये हमारे शरीर को कोई भी नुकसान नहीं पहुंचाते है। अब प्राकृतिक रंगों में विभिन्न प्रकार के प्रयोग करके नए रंगों का निर्माण किया जाता है। रंगाई करने से पहले कपडे और धागे को रंगाई प्रक्रिया के लिए तैयार कर लेने चाहिए ताकि ये रंग को अच्छी प्रकार से ग्रहण कर सके और विभिन्न प्रकार के रंगों के शेटस बनाया जा सके इसमें विभिन्नता के लिए रंगाई की प्रक्रिया और विधि में बदलाव किया जा सकता है।

नील पत्ते (शाकिना)

(शाकिना) नील पत्ते वनस्पति का वर्णन – इनके पत्तों का प्रयोग रंगाई के प्रयोग के लिए ही किया जाता रहा है इसका वनस्पातिक नाम Indigogera tenctaria Linn सामान्य नाम शाकिना परिवार falraceae झाडी होते है इनके पत्तियों से नीला रंग प्राप्त किया जाता है। यह उत्तराखण्ड में पाए जाते है। स्टील के बर्तन में पानी डाल कर उसे उबालने पर या उसमें धागों को रंग करने पर ये नीला रंग प्रदान करता है और अगर इस प्रक्रिया के बाद हम इसमें विभिन्न प्रकार के मोडेन्ट डाले तो ये हमें विभिन्न रंग प्रदान करते है।

सामग्री एवं प्रणाली।

1.1– डाई के लिए सामग्री एकत्र करना – शाकिना (नील पत्ते) के झाडिया के पत्ते उत्तरकाशी से एकत्र किया गये जो कि उत्तराखण्ड के गढवाल रीजन के अंदर आते है।

1.2– रंगाई(डाई) से पहले भीमल धागों पर उपचार– धागों मे जो भी अशुद्धियां है एवं उसे सफेद करने के लिए ताकि इस पर रंगों का प्रभाव पूर्णरुप से धागों पर आये इसके लिए धागों के 500ग्राम लच्छीयों को

हाइड्रोजन पर आक्साईट – 10 प्रतिशत
सोडियम सिलिकेट – 3/4 gm/ L
तापमान – 85 डिग्री से 90 डिग्री तक
पानी – 10 लीटर
समय 2 घण्टे

उपचार के बाद प्राप्त किए गए धागे

* पी.एच.डी. शोधार्थी, वनस्थली विश्वविद्यालय, टोंक (राजस्थान) भारत

इस रेसिपि के अनुसार धागों पर प्रयोग करते है एवं प्रक्रिया पूरी होने पर धागों का सुखने रख देते है। सुखने के पश्चात् इन पर मोडेन्ट से उपचार करते है, फिटकरी और हरा कशिश से 20 मिनट के लिए।

फिटकरी से उपचार किया गए धागे हरा कशिश से उपचार किए गए धागे

रंगाई के विभिन्न चर का अनुकूलन – रंगाई करते समय हमें विभिन्न चरों का ध्यान रखना पडता है रंगाई सामग्री की मात्रा, समय, सामग्री की अनुपात बनाए रखना चाहिए तभी हम सही रंग और शेट्स प्राप्त कर पाएंगे।

शाकिना से रंजक की प्रक्रिया – सबसे पहले पत्तों को 24 घण्टे तक पानी में भीगों कर छोड देते है फिर इसे उबालते है 30 मिनट तक उबालने के बाद इस द्रव्य को धान कर फिर धागे के अनुपात में पानी डाल कर उबालते है और पानी का सही तापमान होने पर इसमें धागों से अलग–अलग मोडेन्ट के लिए अलग रंगाई की प्रक्रिया करते है। रंगाई का अनुपात है।

50 ग्राम धागे पर –

मोडेन्टिंग धागे – 5 ग्राम प्रति लीटर फिटकरी/2 ग्राम प्रति लीटर हरा कशिश

पानी – 1.5 लीटर

(शाकिना) रंग – 20/1L = 30g

समय – 1 घण्टा/80^{o}C

रंगाई के पश्चात् की प्रक्रिया – इस प्रक्रिया के अंतर्गत 60 मिनट तक मध्यम आंच पर उबलने के बाद ठंडा करके धागों को रंग के बर्तन से निकाल कर ठंडे पानी से धोते है धोने के बाद छाव में सुख दिया जाता है।

फिटकरी से उपचार किए धागो पर नील पत्तो से डाई

हरा कशिश से उपचार किए गए धागों पर नील पत्तों से डाई

परिणाम – इस डाई मे अगर सही समय और मात्रा का ध्यान रखे और डाई पेड़ से प्राप्त करने का समय सही हो तो रंगाई पूर्ण रुप से अच्छे तरह से होती है।

शाकिना डाई से हमें दो भिन्न रंग प्राप्त हुए ग्रे रंग के और बाकि प्राकृतिक रेशों के तुलना में भीमल पर इन डाई का प्रभाव और रंग दोनों ही अच्छे आए है।

निष्कर्ष – प्राकृतिक रंग आज बाजारों में कई प्रकार एवं रंगों में उपलब्ध है। अब लोगों को प्रकृति के तरफ रुझान बढता जा रहा है ये प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करना चाहते है क्योकिं प्राकृतिक वस्तुएं हानिकारक नहीं होती है। शाकिना के पत्ते प्राकृतिक रंग का अच्छा स्रोत है ये हमें कई प्रकार के रंग प्रदान कर सकता है अगर हम इसके डाई में भिन्न–2 मोडेन्ट का प्रयोग करे। इन से भिन्न प्रकार के रंग प्राप्त हो सकते है। जब एक पेड से हम पृथक–2 प्रकार के रंग प्राप्त कर सकते है तो उत्तराखण्ड के गढवाल रीजन में कई पेड डाई प्रदान करने वाले है और इन प्राकृतिक रंगो को उत्तराखण्ड के निवासी यहां प्राप्त होने वाले प्राकृतिक रेशों भीमल पर प्रयोग कर सकते है प्राकृतिक रंगों से प्रकृति को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता कई प्राकृतिक रंग तो पेड पौधों के सुखे छाल–गीरे हुए पत्ते सुखे पेडों के जडों से एवं फूल और फल से प्राप्त होते है इनका प्रयोग करने पर प्रकृति को कोई नुकसान नहीं होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गुर्जर, शर्मिला 'वस्त्र रंगाई तकनीक', राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ, अकादमी, जयपुर, प्र. सं., 2003
2. भार्गव, डॉ (श्रीमती) बेला, वस्त्र विज्ञान एवं धुलाई कला
3. Crook, Fackie, Natural Dyeing, Octopus Publications Group Ltd -2007 First Published in Great Britain in 2007
4. Dean, Jenny, The Natural Dyeing, Search Press Ltd.

****

Night of the scorpion is the mirror of Ezekiel's Indian sensitivity

Dr. Ram Gopal Dangi *

Introduction - Ezekiel calls his dwelling place , Bombay his island. To quote from "island" I can not leave he island. I was born here and belong" It is an island of slums and sky crapers. distorted ethos, dragon claming to be human, ignorance, yet he is not ready to leave it ."he loves the city despite its ugliness and wickedness" Ezekiel feels india and its problems in his nerves and though his poetry he has provided a voice to the 'haven' ts' of the society. He has keenly observed both; pleasant and unpleasant aspects of it and both of them are evident in his poetry'

After visiting England and realizing the pain of alienations he has decided to come back to his 'backward place' Bombay and to Israel is highly optimistic in his poetry. There is no atmosphere of dejection . Even though life is full of sorrows and problems one aspires to live a happy life.

Ezekiel portrays the lives of both the extremes in the society. The negative features of the lower strata as well as the elitist world of five–star hotels make contents for his poems. Night of the scorpion is one of Ezekiel's poems which is very favourite to the English world.

As it reinforces one of their comforting myths about india. it is about a typical incident in an Indian village. The speaker's mother is bitten by a scorpion . All the neighborhood rushes into help. They come in the rainy night with lantern's and try all kinds of remedies .When nothing helps. They resort to prayers for the lady. Fortunately. the pain decreases and she recovers after a day. The poet makes the incident sound real.

'the peasants came like swarms of flies
and buzzed the name of god a hundred times
to paralyse the evil one'

Ezekiel copies an incident in the poem which is practiced even today in several villages of india. Holy men performing rites and incantations as to care diseases are usual rights in many parts of the country. Majority of the villagers are superstitious and they believe that prayers and incantations are the only solution for diseases. The speaker's father in the poem is representative of a few educated people who are rationalists and skeptics.

In 'Night of the scorpion' the scorpion is identified with the evil one, and hence an impressive ritual is enacted to exercise this evil one.

'may he sit still , they said
May your suffering decrease
This misfortunes of your next
birth, they said
may the sum evil
Balanced in this unreal world
Against the sum of good
Become diminished by your pain.
May the poison purify your flesh
Of desire ,and your spirit of ambition.
They said and they sat around………

The mother's exclamation at the end Thank God ,The scorpion picked on me and my children has been duly singled out for praise as indicative of Ezekiel's " Indian sensibility ." what has sadly gone unnoticed is the image of india being doled out to the world , the note of patronization and condescension in this poem . No matter how much india has progressed : it need cause no flutter in the rest of the world . Ezekiel, the heading poet here gives out a conforting reassurance that it continues to be a land of superstition and foolish sentiments , as it patients are not taken to hospitals for scorpion bites , as if indian mothers do not thank doctors for relieving them of pain.

References :-

1. S K. "fourteen questions to Nissim ezekeil " in T R Sharma . ed. Essays on Nissim Ezekeil (meerut; shulabh prakashan,1994).P.44
2. . Ezekiel ,Nissim. collected poems1952-1988 Delhi : Oxford university press 1989
3. Patil, mallikarjun. "Nissim"ezekiel: The poet" Indian English Literature: A post colonial Response: Eds. Gajendra kumar and uday Shankar ojha. New Delhi: Sarup & sons publishers, 2005,169-183
4. Chindhade, shirish." Bathos as a strategy in Nissim Ezekiel's very Indian poems in Indian English:" pandey
5. Chindhade, shirish . five Indian poets.New Delhi: Atlantic ,2011

* Babaji Marg,Gyanganga Convent School, Khilchipur, Distt. Rajgarh (M.P.) INDIA

Glimpses Of Indianness In Nissim Ezekiel Poems

Dr. Ram Gopal Dangi *

Introduction - Ezekiel is not only a good poet in the post independence india , but also a cause of good poetry In others . he has opened a new era and trend in Indian English poetry . he is the pioneer and father of modernity in Indian English poetry . there are many contemporary Indian English poets who voyage along the path Ezekiel has opened. P. Lal and Dom moraes have admitted the fact that Nissim Ezekiel was their poetic father…..the other poets of the younger generation think Ezekiel is perhaps the first indian poet consistently to show indian readers that craftsmanship is as important to a poem as its subject matter …..

Ezekiel rarely writes explicitly about Indianness. But whether he is talking about public issues or personal encounters. whether he is writing in a philosophical or a comic vein wether he is responding to the urban world of Bombay or to other locations his poetry invariably conveys a sense of a very particular Indian identity . so although he was instrumental in introducing modernism into india . it underwent such a transformation in the process of shipping it to the subcontinent that it became a distinctly Indian discursive mode and ultimately his verse frustrates confinement in the modernist label.

Ezekiel's closely attachment to Indian situations and circumstances in well applied in his poems. This earnest and sincere desire to bring about possible improvement in the conditions of life of the countrymen can be seen in his works . many of his poems prove his desire to improve the conditions of the people of india.

his poem night of the scorpion is very favorite to the westerners .

The last stanza of ' Night of the scorpion ' is the very culmination of the sense of sacrifice and vicarious suffering of the mother for her children:

My mother only said
Thank god the scorpion picked one me
And spared my children.

These lines have rich cultural undertones typical of the orient and remotely typical of Hinduism.

Before and after independence india faced lot of hurdles, challenges, which belong to daily life . Ezekiel draws the picture many of them but the most significant aspect of Ezekiel that make him distinguished to others in the wanting to bring about certain improvement in depressing degrading and disguishing conditions of life in india.

References :-

1. S K. "fourteen questions to Nissim ezekeil " in T R Sharma . ed. Essays on Nissim Ezekeil (meerut; shulabh prakashan,1994).P.44
2. Ezekiel ,Nissim. collected poems1952-1988 Delhi : Oxford university press 1989
3. Patil, mallikarjun. "Nissim"ezekiel: The poet" Indian English Literature: A post colonial Response: Eds. Gajendra kumar and uday Shankar ojha. New Delhi: Sarup & sons publishers, 2005,169-183
4. Chindhade, shirish." Bathos as a strategy in Nissim Ezekiel's very Indian poems in Indian English:'' pandey
5. Chindhade, shirish . five Indian poets.New Delhi: Atlantic ,2011

* Babaji Marg,Gyanganga Convent School, Khilchipur, Distt. Rajgarh (M.P.) INDIA

जनजातियों में सामाजिक गतिशीलता बिलासपुर संभाग के विशेष संदर्भ में : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. रीना तिवारी *

शोध सारांश – स्वतन्त्रोपरान्त से लेकर अब तक अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं राजनैतिक स्थिति में सुधार तथा उनके उन्नयन हेतु अनेकानेक शासकीय एवं अशासकीय प्रयास किये गए है, जिसके फलस्वरूप अनुसूचित जनजाति के जीवन स्तर, सामाजिक स्थिति, राजनैतिक स्थिति एवं उनका सांस्कृतिक जीवन प्रभावित हुआ है तथा उनमें विशिष्टता उनकी युवा पीढ़ी के विचार, जीवन-प्रतिमान, आदर्श मूल्य तथा सामाजिक दृष्टिकोण परिवर्तित हुए है।

प्रस्तावना – गतिशीलता एक सामाजिक तथ्य है सामाजिक गतिशीलता परिवर्तन का ही अंश है। सामाजिक परिवर्तन से हमारा तात्पर्य, सामाजिक संबंधो, सामाजिक संरचना एवं प्रकार्यों तथा संगठनों में होने वाले परिवर्तनों से है, जबकि गतिशीलता व्यक्ति का समूह की सामाजिक परिस्थिति या पद में परिवर्तन से है। सामाजिक गतिशीलता के सम्बन्ध में पी0 ए0 सोरोकिन अपने अध्ययन **Social and cultural mobility" The free press glencoe tillimois 1959** में सामाजिक गतिशीलता के स्वरूप, कारण, प्रकार, प्रभाव, परिवर्तन आदि को विभिन्न समाज के संदर्भ में स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

जनजाति समाज में परिवर्तनों को नगरीयकरण, औद्योगिकरण, आधुनिकीकरण, संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। परिवर्तन की प्रक्रिया में पश्चिमी संस्कृति, आर्थिक दशाओं के दबाव में प्रतिस्पर्धा के कारण जहाँ एक ओर नये प्रतिमानों को ग्रहण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर परम्परागत प्रतिमानों में गतिशीलता की आवश्यकता के प्रति मानसिक दृष्टिकोण में तीव्र परिवर्तन देखा जा सकता है। आज समस्या उन्हें समीप लाने की नहीं रह गयी वे न तो पूर्णत: दूसरी संस्कृति में समावेशित हो सके है और ना ही अपनी संस्कृति को छोड़ सके हैं। यह संक्रमणकाल स्वयं जनजातियों की नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संघर्ष को जन्म दे रहा है।

वर्तमान समाज की शक्ति उद्योग, तकनीकी विकास, प्रौद्योगिकी विकास, शिक्षा, संचार, औद्योगिकरण आदि के विकास के माध्यम से ही आज किसी भी समाज व देश की प्रगति को आंका जा सकता है। जनजाति समाज में गतिशीलता लाने में इन सभी कारकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

जनजातिय समुदाय समकालीन परिवर्तन की नवीन शक्तियों एवं कारको से मुक्त नहीं है तथा जनजाति समुदाय में भी पुरातन एवं युवा पीढ़ी के बीच अपनी परम्परा संस्कृति और आधुनिकता के बीच द्वंद उत्पन्न हो गया है।

वर्तमान में पारिवारिक संरचना में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए है। परिवार के स्वरूप, संरचना, स्त्रियों की स्थिति, स्वतंत्रता अधिकार एवं दायित्वों में परिवर्तन आया है। परिवार के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक आधार प्रभावित हुए है। इन सभी परिवर्तनों के मूल में शिक्षा का प्रसार, बाह्य समाजों से संपर्क, कृषि व्यवस्था में बदलाव, औद्योगिकरण, नगरीयकरण, विकास संबंधी कार्यक्रम, जनचेतना, सांस्कृतिक संपर्क तथा अनुकरण की क्रिया आदि है।

आर्थिक स्तर पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि वर्तमान में अन्य जातियो की भाँति ही जनजातियो की आर्थिक व्यवस्था भी गतिमान हो रही है। अध्ययनरत् गोंड उराँव जनजातियो का मुख्य व्यवसाय कृषि तथा कंवर जनजातियो के लोग सैन्य कार्य के प्रति ज्यादा लगाव रखते है।

आर्थोपार्जन कार्य में महिलाएं भी सक्रिय तथा बराबर की भूमिका निभाती है। आर्थोपार्जन में महिलाओं की भूमिका के विश्लेषण से प्राप्त निष्कर्ष से ज्ञात हुआ कि वर्तमान में 63.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में महिलाएं आर्थोपार्जन में भूमिका निभा रही है।

अध्ययनरत् जनजाति परिवारों की मुख्य संपत्ति कृषि, भूमि, पशुधन, मकान और जीवनोपयोगी वस्तुओं के रूप पाया गया जिनमें कृषि भूमि एवं पशुधन उत्पादक संपत्ति है तथा मकान और जीवनोपयोगी वस्तुएं अनुत्पादक संपत्ति इस प्रकार स्पष्ट है कि जनजाति उत्पादक संपत्ति को अधिक महत्व देती है।

कृषि कार्य हेतु सिंचाई के साधनों की उपलब्धता से उत्पादन प्रभावित होता है। वर्तमान समय में सिंचाई के साधन के रूप में ये लोग तालाब, कुआं, ट्रिबेल आदि का प्रयोग करने लगे है बहुत ही कम लोग ऐसे है जो केवल वर्षा के पानी पर निर्भर है शासन द्वारा कृषि कार्य के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिससे अनेक कृषक प्रशिक्षण ले रहे है। इस प्रकार सिंचाई के साधनों की पर्याप्त उपलब्धता से इनकी आय अच्छी हो जाती है।

जनजातियों के विचारो में आधुनिकता आयी है। अब ये लोग केवल धर्म पर ही विश्वास नही करते बल्कि कर्म तथा धन का महत्व बड़ा बढ़ गया है। 81.7 प्रतिशत उत्तरदाताओ ने इस बात को स्वीकार किया है कि वे धर्म एवं भाग्य के अपेक्षा कर्म एवं धन को अधिक महत्व देते है। इससे स्पष्ट होता है कि धर्म एवं भाग्य जैसे विचारो में कमी आई है और अध्ययनरत् जनजातियो के विचारो में आधुनिकता आयी है। जिसका कारण शिक्षा का प्रसार, संचार, साधन, आधुनिकीकरण आदि है।

तथ्यों के विश्लेषण से स्पष्ट हुआ है कि अध्ययनरत् जनजाति में 1961 से साक्षरता में वृद्धि धीमी गति से हुई जिसके अनेको कारणों

* सहायक प्राध्यापिका (समाजशास्त्र) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड़, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

पारिवारिक आर्थिक विपन्नता, शिक्षा की विषय वस्तु व पाठ्यक्रम शैक्षणिक संस्थाओं की अपर्याप्तता स्कूलो तक सुगम यातायात की आभाव शिक्षण का माध्यम शिक्षा के प्रति उदासीनता एवं शिक्षा नीति शिक्षकों की अनुपस्थिति आदि रहे है।

उत्तरदाताओं में 27 प्रतिशत उत्तरदाता अशिक्षित है 37 प्रतिशत अध्ययनरत एवं 36 प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षित है। इस प्रकार स्पष्ट है कि वर्तमान में जनजाति समाजों में शिक्षा का स्तर उच्च है।

राजनैतिक धार्मिक तथा नैतिक पृष्ठभूमि तथा विचारों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि राजनीति जागरूकता में सूचनादाताओं की वृद्धि हुई है। किन्तु पारिवारिक सदस्यों की राजनीति में विषेश भूमिका नहीं रही है किन्तु युवापीढ़ी की राजनीति में अभिरूचि दृष्टव्य है। साथ ही वे वर्तमान राजनीति के संबंध में जागरूक है। राजनीति में महिलाओं की स्थिति में भी परिवर्तन हुआ है वर्तमान समय में 81.14 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के पक्ष में अपना मत दिया है।

अधिकांश सूचनादाताओं के विचारों में स्त्रियों के संबंध में आधुनिकता स्पष्ट परिलक्षित हुई है, क्योकि अनुसूचित जनजातियों की युवापीढ़ी महिलाओं की कुशलता एवं योग्यता पूर्ण विश्वास रखती है। अधिकांश सूचनादाता इस तथ्य का समर्थन करते है कि पुरूषों के समान स्त्रियां भी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल हो सकती है। वर्तमान में जनजाति वर्ग के लोगो की स्थिति अच्छी हुई है जिसका कारण है उच्च शिक्षा, तकनीकी विकास एवं औद्योगिकरण, वैश्वीकरण आदि।

शासकीय योजनाएं जो कि जनजातियों के संपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक जीवन के विकास का आधार कही जा सकती है, कि सफलता के लिए आवश्यक है कि स्वयं अनुसूचित जनजातियों को भी संवैधानिक व्यवस्थाओं का ज्ञान हो।

अध्ययनरत् जनजातियों के अनुसार शासकीय योजनाएं लक्ष्य पूर्ति में सफल हो रही है। उनके फलस्वरूप अनुसूचित जनजातियों के जीवन स्तर में उपेक्षाकृत सुधार हुआ है। सरकार द्वारा अनुसूचित जनजातियों के विकासोत्थान के लिए अनेकानेक कार्यक्रम क्रियान्वित किए है।

सामाजिक सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनैतिक परिवर्तनों के फलस्वरूप अध्ययनरत् जनजाति को कुछ समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है, जो निम्नवत है –

सामाजिक समस्या – अध्ययनरत् जनजाति परम्परागत पारिवारिक संरचना में परिवर्तन से संयुक्त परिवार व्यवस्था के स्वरूप में परिवर्तन आया है तथा इसका स्थान एकांकी परिवार ने ले लिया है। परिवार में मुखिया की स्थिति में भी परिवर्तन आया है अब जो ज्यादा धन अर्जित करता है उसी की सत्ता परिवार में होती है तथा सदस्यों के बीच आपसी संबंध अब ज्यादा घनिष्ठ न रहकर तनावपूर्ण होते जा रहे है। साथ ही पारिवारिक नियंत्रण में मुखिया की भूमिका समाप्त होती जा रही है।

अध्ययनरत् जनजातियों का हिन्दू एवं ईसाई धर्म के संपर्क में आने से धार्मिक समस्या उत्पन्न हुई है। इनमें अपने धर्म के प्रति उदासीनता का भाव तथा आस्था में कमी आयी है। इनके पूजा पाठ में भी परिवर्तन आया अब ये लोग हिन्दू के भांति पूजा पाठ करने लगे है जिससे इनकी धार्मिक एकता भी प्रभावित हुई है जो सामाजिक नियंत्रण का कार्य करता था, उनकी भिन्नता हो जाने से धार्मिक एकता और संगठन टूटने लगे है, तथा पारिवारिक तनाव, भेदभाव और अलगाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने लगी है।

शिक्षा की समस्या भी जनजाति समाज में व्याप्त है जिन लोगों को यह ज्ञान है कि शिक्षा अनिवार्य है वे स्वयं अशिक्षित होते हुए भी अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहते है। अशिक्षा के कारण आधुनिक ज्ञान से परिचित नहीं हो पाते फलत: आधुनिक वैज्ञानिक कृषि को अपनाने में उनकी पुरानी सोच बाधक के रूप में सामने आ जाती है। अशिक्षा के कारण बाहरी लोग इनका शोषण भी कर लेते है। और इनकी जमीन को भी हथिया लिया जाता है।

युवा पीढ़ी जो शिक्षित हो रहे है वे अपनी संस्कृति से दूर होने लगे है। वे दूसरी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण उसका अंधानुकर करते है, परिणाम स्वरूप अपने परम्परागत संस्कृति से विमुख होते जा रहे है। अनेक बार ऐसा होता है शिक्षा के प्रसार एवं व्यवसाय परिवर्तन के कारण उनकी अपनी ही जाति में शिक्षित और अशिक्षित दो वर्ग बन जाते है। शिक्षित एवं प्रबुद्ध वर्ग शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर संपन्न होते जा रहे है फलत: समाज में आर्थिक रूप से संपन्न और निर्धन और जन सामान्य में विभाजन दिखाई देने लगा है। यह वर्ग अपनी ही मूल परंपराओं व मान्यताओं का समाप्त करते जा रहे है। इसका मुख्य कारण गैर जनजातिय समाज का उच्च तबका है।

बाहरी संपर्क के कारण इनके सांस्कृतिक स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। ये लोग अपनी संस्कृति की तुलना सभ्य संस्कृति से करना शुरू कर दिया और उन्हे अपनी संस्कृति निम्न व पिछड़ी लगने लगी है। और अपनी भाषा को भूलकर नयी भाषा को अपना रहे है। नई भाषा के प्रति उत्साह में वे अपनी भाषा की नजरअंदाज कर रहे है और नवीन भाषा को अपनाने के कारण परस्पर आदान-प्रदान में कठिनाई उत्पन्न होती है। अपनी भाषा के प्रयोग से सामुदायिक भावना बनी रहती है जो कि दूसरी भाषाओं को अपनाने में नही रहती और इससे सामाजिक संगठन में कमी आ रही है।

सुझाव – जनजातियों के पुनर्वास एवं विकास के प्रोग्राम रचनात्मक कल्पना के अभाव से ग्रसित हो रहे है जिसके परिणामस्वरूप बढ़ते हुए औद्योगीकरण तथा नए बाजार ने जनजातियों के जीवन को कष्टदायक बना दिया है, उनके शोषण के अवसर प्रदान कर दिए है, वे आधुनिक उद्योगो के षिकार हो गए है। इस परिस्थिति को बदलना होगा। उनके पुनर्वास की विवेकपूर्ण तैयारी के बिना किसी भी प्रकार के औद्योगीकरण की अनुमति प्रदान नहीं की जानी चाहिए। विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगो खोलने हेतु सुविधाएं दी जाएं। आदिवासी क्षेत्रों में अधिकाधिक आवासीय विद्यालय खोले जाएं तथा शिक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनजाति के पास विपुल सांस्कृतिक विरासत है। जनजातिय समाज के सांस्कृतिक आधार की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। अत: जनजाति के कला धर्म और संस्कृति को संरक्षण प्रदान किया जाए। जनजातियों से संबंधित योजनाओं को लागू करने का कार्य ऐसे व्यक्तियों को सौंपा जाये जो इन लोगो के विकास में रूचि रखते हो। जनजातियों के प्रति विचार और मनोवृत्ति को बदलने की आवश्यकता है। उनके लिये कार्य करने की अपेक्षा उनके साथ काम करना चाहिए।

इस प्रकार जनजातिय जीवन के विभिन्न पहलुओं में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रखकर जनजातिय विकास हेतु प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

अत: निष्कर्ष स्पष्ट प्रमाणित होता है कि अनुसूचित जनजातिय वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक राजनैतिक, धार्मिक तथा नैतिक आदि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विचार, आदर्श एवं मूल्य तीव्रता से परिवर्तनोन्मुख है तथा विविध क्षेत्रो में आधुनिकता से ओत-प्रोत है। विभिन्न क्षेत्रों ने इनके जीवन प्रतिमान में बढ़ती हुई गतिशीलता भविष्य में उनके विकास और प्रगति की तथा समानता पर आधारित भावी समाज की नवीन आशाएं प्रदान कर रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अटल, योगेश (1965) 'आदिवासी भारत' राजकमल प्रकाशन, दिल्ली।
2. अग्रवाल, रामभरोस (1985) 'गोंड़ जाति का सामाजिक अध्ययन' गोंडी पब्लिक ट्र मण्डला।
3. अग्रवाल, डॉ. कृष्ण गोपाल (2000)'जनजातीय समाज का समाजशास्त्र' एस.बी.डी. पब्लिकेशन हाऊस, निकट तुलसी सिनेमा : आगरा।
4. अग्रवाल, डॉ. वासुदेव शरण (1949) 'पृथ्वीपुत्र' समता साहित्य मण्डल, दिल्ली।
5. डॉ. अग्रवाल कुष्ण कुमार एवं सैनी अभिलाषा (2000) भूमण्डली-यकरण का अनुसूचित जनजाति अर्थव्यवस्था पर प्रभाव।
6. आर्या, एस.पी.(1987) प्रारंभिक सामाजिक अनुसंधान, साहित्य भवन आगरा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

जल प्रबन्धन में जल संवर्धन कार्यक्रम का प्रभाव एवं विकास (समनापुर विकासखण्ड, डिण्डौरी जिले के सन्दर्भ में)

प्रसन्न वदन मरकाम * डॉ. भूवनेश्वर टेम्भरे **

शोध सारांश – आज हम बिना सोचे-समझे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करते जा रहे हैं। हम यह नहीं सोच रहे हैं कि उनका भण्डार सीमित है। अगर हम जल को देखें तो उसका उपयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। विश्व की लगभग सॉंत अरब जनसंख्या उपयोग करने योग्य कुल जल में से वर्तमान में 54 प्रतिशत का उपयोग कर रही है। प्रति व्यक्ति जल की खपत अगर भविष्य में भी ऐसी ही बनी रही तो आगामी 20 वर्षों में सम्पूर्ण विश्व के सम्मुख भयानक जल संकट उत्पन्न होने ही सम्भावना से इंकार नही किया जा सकता है। ऐसे में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल की खपत पर नियंत्रण और जल प्रबंधन की उचित नीति का होना अति आवष्यक है। जल ही जीवन है, जल को जीवन की संज्ञा दी गई है क्योंकि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पृथ्वी पर रहने वाले सभी जीव-जन्तु एवं वनस्पति का जीवन जल पर ही निर्भर है। जल का कोई विकल्प नहीं है। यह हमें प्रकृति से प्राप्त नि:शुल्क उपहार है जिसका कोई मोल नहीं है। जल का उपयोग केवल जीव-जन्तु एवं वनस्पत्ति के लिए ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में जैसे वस्तुओं के उत्पादन हेतु उद्योगों में, विघुत उत्पादन में, भवन निर्माण में, सिंचाई के क्षेत्रों में, मानव द्धारा दैनिक कार्यक्रम में प्रमुखता से जिसका उपयोग विशेष तकनीक के बिना सम्भव ही नहीं है।

प्रस्तावना – जनसंख्या वृद्धि को देखते हुये एवं जिले की भूमि उबड़ खाबड़ एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर वर्षा का जल नहीं रूक पाता है। यहाँ के नल, नलकूप, कुऐं एव जलाश्यों का जल स्तर नीचे गिर जाता है। ग्रीष्म काल के समय में यहाँ जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। अधिकतर जिला मुख्यालय डिण्डौरी में मार्च माह से ही जल की कमी महसूस करने लगते हैं, जिला डिण्डौरी में मार्च से जून तक जल की कमी होने के कारण पूरे जिले में नगर पंचायत को टेंकरों के माध्यम से जल की पूर्ति करना पड़ता है, जिससे कृषि क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ता है। जिला मुख्यालय के आस-पास के गाँवों में, संसाधन में सबसे महत्वपूर्ण संसाधन जल संसाधन है जल संसाधन के बिना उद्यान फसलों के उत्पादन में वृद्धि नहीं की जा सकती अत: भूमिगत जल का उपयोग होने के कारण कुओं, नलकूपों एवं खेत की संख्या में आंशिक वृद्धि हुई है। मेढ़ बंधान में तीव्र गति से वृद्धि होने से जल स्तर नीचे चले जाने से कई कुऐ सूख जाते हैं या उनमें पानी की इतनी मात्रा भी शेष नहीं रहती है जिससक सिंचाई कार्य का कार्य किया जा सकता है। यहाँ के जलष्यों में अधिकतर पक्के नहर नहीं बनाये गये हैं। बरसात में कच्ची नहरें टूट जाते हैं, जिससे पानी खेतों तक ले जाने में असूविधा होने के कारण सिंचाई की समस्या बढ़ जाती है।

वर्तमान का जिला डिण्डौरी 25 मई 1998 से पूर्व मण्डला जिले की तहसील बनी रही। जो 25 मई 1998 को जिले के रूप में गठित किया गया। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 50 जिलों में जिला डिण्डौरी भी एक है। इस जिले का बहुत बड़ा भाग पहाड़ी व पठारी है। यहाँ पर दूर-दूर तक फैले पर्वत श्रेणियाँ हैं जहाँ पर आवागमन के साधनों का अभाव है।

स्थिति एवं विस्तार – भारत के हृदय स्थल मध्यप्रदेश के दक्षिण पूर्व में स्थित जिला डिण्डौरी का अक्षांशीय विस्तार भूमध्य रेखा से 22°00' से 23°22' उत्तरी अक्षांश तथा 80°85' से 80°58' पूर्वी देशांतर में स्थित है। जिला डिण्डौरी के चारों ओर क्रमश: उत्तर में उमरिया, उत्तर पश्चिम में जबलपुर, दक्षिण-पश्चिम में मण्डला तथा पूर्व में बिलासपुर कवर्धा तथा अनूपपुर जिले स्थित हैं। जिला डिण्डौरी का कुल क्षेत्रफल 6128 वर्ग किलोमीटर है। जिसमें समनापुर विकासखण्ड को दर्शाने का प्रयास किया गया है शोधार्थी द्धारा जिसकी अक्षांशीय विस्तार भू-मध्य रेखा से 22°00' से 23°22' उत्तरी अक्षांश तथा 81°50' से 80°55' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। इसका क्षेत्रफल लगभग 806 वर्ग कि.मी. है जिसमें लगभग 86577 जनसंख्या निवास करती है। कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत 80-85 प्रतिशत है। मेंहदवानी विकासखण्ड में अधिकांश भाग पहाड़ी, उबड़ खाबड पथरीली, मिट्टी से निर्मित है। कही-कही पर हल्की पीली दोमट मिट्टी पायी जाती है। समनापुर की पूर्वी सीमा नर्मदा व जोहिला नहीं के मध्य भाग से प्रारम्भ होती है, इसके उत्तर-पूर्व में मलधा, रानी दादर व राक्षों पहाड़ स्थित है पूर्व में देवडोंगर नामक पहाड़ी श्रख्ला है। दक्षिण-पूर्व में राई की पहाड़ीयाँ स्थित हैं मेंहदवानी की धरातल की ढ़लान दक्षिण की ओर है। यहाँ से निकलने वाली नदियों का प्रवाह दक्षिण की ओर है।

*शोधार्थी (भूगोल विभाग) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक, रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला (म.प्र.) भारत

उद्देश्य :

1. जल प्रबन्धन में सरकारी योजनाओं का अध्ययन करना।
2. भू-जल संवर्धन में कार्यक्रमों की भूमिकाओं का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि - अध्ययन का समग्र :- समनापुर विकासखण्ड के जल संसाधनों का अध्ययन करना अध्ययन की इकाई:-

निदर्शन - अध्ययन का शोध प्रपत्र के लिए जनजातीय बहुल डिण्डौरी जिला के समनापुर विकासखण्ड का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि द्वारा किया गया है। चयनित मेंहदवानी विकासखण्ड में कुल गाँच हैं उनमें से अध्ययन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये 10 गाँवों का चयन इस प्रकार किया गया है, जिनमें जल से सम्बन्धित योजनाएँ संचालित हैं एवं नहीं हैं। जिनमें से 5-5 गाँव बाँट दिया गया है। इस तरह से अध्ययन के लिये कुल 10 गाँवों का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि द्वारा किया गया है। चयनित गाँवों में जानकारी प्राप्त करने के लिये दैव निदर्शन विधि द्वारा चयन किया गया है।

आँकड़ों के स्रोत - अध्ययन हेतु संकलन के लिए विषय की आवश्यकता के अनुकूल विभिन्न पद्धतियों का प्रयोग किया गया है।

1. प्राथमिक स्रोत के अन्तर्गत अध्ययन से सम्बन्धित घटनाओं को देखकर व्यक्तिगत सम्पर्क द्वारा साक्षातकार, अवलोकन, प्रश्नावली एवं अनुसूची समूह चर्चा जैसे अनुसंधान उपकरणों का प्रयोग किया गया है।
2. द्वितीयक स्त्रोत:- द्वितीय समंकों के संकलन के लिये लिखित प्रलेखों, पत्रिकाओं, जिला गजेटियर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जिला सांख्यकीय विभाग, जलसंसाधन विभाग व शासकीय कार्यालयों एवं इंटरनेट आदि का सहारा लिया गया है।

उपकल्पना :

1. समनापुर विकासखण्ड के जल संसाधनों का पता लगाना।
2. समनापुर विकासखण्ड के जल संसाधनों से सम्बन्धित योजनाऐं संचालित हो रहे हैं।
3. समनापुर विकासखण्ड में जल प्रबन्ध एवं सम्वर्धन का कार्य चल रहे हैं।

जल संसाधनों का विकास - महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MPNREGA) के अन्तर्गत जल संसाधन मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सयुक्त कन्वर्जेन्स प्लान के तहत जल भरण संरचनाओं के सुधार, पुनरूद्धार एवं पुनर्निर्माण के कार्य प्राथमिकता के आधार पर लिये जाने पर बल दिया है। जिसके तहत जल संसाधन सम्भाग डिण्डौरी द्वारा वर्ष 2009 से 2012 का मास्टर प्लान बनाकर जिला पंचायतों एवं विकासखण्डों के ग्राम पंचायतों में भेजा गया है। वर्तमान में पूर्ण एवं कुछ संचालित हैं।

सारणी क्रं.1

	जलाश्य	तालाब	कुए	नल
जिला डिण्डारी	64	926	5656	6209
विकासखण्ड समनापुर	09	123	673	1020

आरेख क्र.1



उपर्युक्त सारणी के अनुसार जिला डिण्डौरी में 2012 के स्थिति में जलायष्यों की संख्या जहाँ पर 64 है वहीं केवल एक विकासखण्ड समनापुर में 09 जलाश्यों का निर्माण किया गया है। तालाबों की संख्या जिला में 926 है परन्तु समनापुर में 123 हैं, कुओं की संख्या जिला में 5656 हैं जहाँ समनापुर विकासखण्ड में 673 हैं इसके बाद नलों की संख्या डिण्डौरी जिला में 6209 हैं जिसमें समनापुर विकासखण्ड में 1020 हैं।

यहाँ उपकल्पना 1 में सिद्ध होता है कि समनापुर में कुल 1825 जल संसाधन देखने को मिलता है जो अभी भी काफी कम है। इस क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को और अधिक संचालित होना चाहिए जिससे यहाँ के बढ़ती जनसंख्या को जल की कमी न हो सके।

सारणी क्रं. 2. : समनापुर विकासखण्ड का जल सम्वर्धन

मिलीवाटर शेड का नाम	माईक्रो वाटर शेड	कुल क्षेत्र	उपचारित क्षेत्र
संजारी नाला	10	4998	2249
मचरार नाला	10	4936	1234
22 ग्राम	22	9724	5834
योग	**42**	**19658**	**9317**

आरेख क्र. 2



उपर्युक्त सारणी के अनुसार विकासखण्ड समनापुर में संजारी नाला में 10 माईक्रो वाटर शेड स्थापित किये गये हैं इसमें कुल क्षेत्र 4998 है। और उपचारित क्षेत्र 2249 हेक्टर है। मचरार नाला में 10 माईक्रो वाटर शेड स्थापित किये गये हैं इसमें कुल क्षेत्र 4936 है। और उपचारित क्षेत्र 1234 हेक्टर है। एवं 22 ग्रामों में 22 माईक्रो वाटर शेड स्थापित किये गये हैं इसमें कुल क्षेत्र 9724 है। और उपचारित क्षेत्र 5834 हेक्टर है। कुल समनापुर विकासखण्ड में 42 माईक्रो वाटर शेड स्थापित किये गये हैं इसमें कुल क्षेत्र 19658 हेक्टर है। और उपचारित क्षेत्र 9317 हेक्टर है।

इस तरह समनापुर विकासखण्ड में 42 माईक्रो वाटर शेड का कार्य पूर्ण हो चुका है जो जल प्रबंधन एवं जल सम्वर्धन का कार्य है।

यहाँ पर दूसरा एवं तीसरा उपकल्पना सिद्ध होता है कि समनापुर विकासखण्ड में भूमिगत जल को बढ़ाने के लिये योजनाएँ संचालित हैं और जल प्रबन्धन एवं जल सम्वर्धन का कार्य किया जा रहा है जिसको सारणी क्रं. 2 में एवं चित्र द्वारा दिखाया गया है

भूमिगत जल की प्रर्याप्त आपूर्ति बनाये रखने की समस्या बहुत विकट हो गई है। शुष्क क्षेत्रों में नहीं, अपितु आर्द क्षेत्रों में भी यह कठिन समस्या बन गई है। अत्यधिक पम्प सिंचाई के कारण अनेक क्षेत्रों के भूमिगत जल संसाधनों का ह्रास हो गया है। गंगा घाटी में ही अनेक खण्ड़ों में जल स्तर इतना नीचे गिर गया है कि प्रचुर भूमिगत जल संसाधनों वाले खण्ड अब ग्रे हो गये हैं। अतएव भूमिगत जल संसाधनों के उचित प्रबंधन की बहुत आवश्यकता है। इन सब समस्याओं को देखते हुए शोधार्थी ने 'जल प्रबन्धन में जल संवर्धन कार्यक्रम की भूमिका' के बारे में शोध करने का प्रयास कर रहा है। एवं डिण्डौरी जिला बहुत ही ऊबड़-खाबड़ एवं पहाड़ी क्षेत्र होने से वर्षा का जल नदियों के सहारे समुद्र में बह कर चला जाता है इस कारण से इस जिला में सात विकासखण्ड हैं जिनमें दो ही विकासखण्ड है जहाँ पर जल प्रबंध एवं जल सम्वर्धन के कार्यक्रम एवं योजनायें संचालित हैं। इन दो विकासखण्डों के नाम 1. मेंहदवानी एवं 2. समनापुर है। जिसमें शोधार्थी डिण्डौरी जिला के समनापुर विकासखण्ड को चुना है जिनके कुछ चित्र शोधार्थी द्वारा दिखाने का प्रयास किया गया है।

मेंहदवानी विकासखण्ड का जल प्रबंधन एवं सम्वर्धन

सारणी क्रं. 3 : समनापुर विकासखण्ड में जल स्त्रोत

समनापुर विकासखण्ड	नदियाँ	जलाश्य	तालाब	कुएँ	अन्य
हाँ	47	12	28	32	28
नहीं	13	38	16	07	12
निरूत्तर	00	10	16	21	20
कुल योग	60	60	60	60	60

आरेख क्रं. 3



उपर्युक्त सारणी के अनुसार विकासखण्ड समनापुर के 60 गाँवों के उत्तरदाताओं के अनुसार समनापुर के गाँव अधिकतर नदियों के किनारे बसे हुए हैं जिसमें 47 उत्तरदाताओं ने हाँ कहा है एवं 13 उत्तरदाताओं ने नहीं कहा है। जलाश्यों के किनारे 12, तालाब के किनारे बसे हैं। और कुएँ 32 एवं अन्य जल स्त्रोत 28 हैं। जिससे पता लगता है। की जल के स्त्रोत समनापुर विकासखण्ड में है। जिसे जल संम्वर्धन एवं जल प्रबन्ध की आवश्यकता है। और सरकार की योजनाऐं संचालित हो रहे हैं। जिससे में समनापुर विकासखण्ड में जल की प्रतिपूर्ति होने की सम्भावनाएँ देखा जा सकता है आने वाले समय में।

समस्याएं :

1. जल से संबंधी योजना का अभाव।
2. योजनाओं के क्रियांवयन की कमी।
3. जानकारी तथा जागरूकता की कमी।
4. पहाड़ी क्षेत्र में लागत की कमी।

सुझाव :

1. समनापुर विकासखण्ड क्षेत्र में वर्षा जल को रोकने के उपाये कराना चाहिये। जो भी सरकारी योजनायें आते हैं जिला से उन योजनाओं को संचालित करना चाहिये।
2. समनापुर क्षेत्र में जितने भी नदी नाले हैं उनमें एनीकट बाँध बनाना चाहिये, जिससे वर्षा का जल बहने से रोका जा सके। पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीनुमा खेती करना चाहिये।
3. जल से संबंधी योजनाओं को लोगों तक पहुँचाने का प्रयास।
4. सरकार द्वारा योजनाओं का सुचारू रूप से क्रियांवयन।

निष्कर्ष – डिण्डौरी जिले के समनापुर विकासखण्ड का क्षेत्र अति दुर्गम एवं ऊबड़ खाबड़ क्षेत्र में जनजाति परिवार अपनी आजीविका के लिए सिर्फ खरीफ के फसल ही उगाते थे वर्षा ऋतु में खेती करते थे तथा वर्ष के अन्य महीनों में काम की तलाश में बहार पलायन कर जाते थे, जिससे उनकी सामाजिक - आर्थिक स्थिति कमजोर बनी रहती थी।

शासन द्वारा विचार किया गया कि वर्षा जल का समुचित सग्रहण

वर्षा ऋतु में कर लिया जाये तो रवी के मौसम में कुछ ही फसलें ली जाती है जिससे जनजाति परिवारों के शहरों के तरफ जाते हैं रोजगार के लिए खेती को स्थायित्व देकर अपनी सामाजिक – आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगें।

जिले में जल संसाधन एवं जल संग्रहण कार्यक्रमों के माध्यम से कितनी सफलताएँ मिली है? इस अध्ययन से यह जानने की कोशिश की गई है। इसके लिये डिण्डौरी जिले के समनापुर विकासखण्ड के 82 गाँव में 12 गाँवों का अध्ययन किया गया है जिससे पता चला है कि कुछ क्षेत्र में ये योजनाऐं संचालित हैं जिससे वहाँ के लोगों को राहत मिला है।

जल संकट से सिंचित भूमि हेतु जल स्त्रोत – जिन गाँवों में जलग्रहण योजना लागू है उन गाँवों में जल स्त्रोत के रूप में 1020 नल, 673 कुएँ, 123 तालाब एवं 09 जलाश्य जिसमें जलाश्यों की संख्या बहुत कम देखने को मिलता है।

सिंचाई के साधनों में सिंचाई स्त्रोतों से खेतों तक पानी पहुँचाने के लिए विभिन्न सिंचाई कि साधन जैसे डीजल पम्प, मोटर पम्प, नहर एवं नलों में नलकूप के द्वारा पानी पहुँचाया जाता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. गुर्जर राम कुमार, 'जल संसाधन भूगोल' रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर नई दिल्ली
2. जाट बी.सी. 'जल संसाधन भूगोल' रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर नई दिल्ली
3. 'भारत सरकार' केन्द्रीय जल आयोग गेज निस्सारण एवं वेतार केन्द्र जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
4. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड– डिण्डौरी जिला डिण्डौरी मध्य प्रदेश शासन।
5. जैन डॉ. बी.एम., 'रिसर्च मैथ्डोलॉजी' साउथ एशियन स्टेगीज सेन्टर, राजस्थान वि.वि. जयपुर, रिसर्च पब्लिकेशन जयपुर।
6. गौतम डॉ. नीरज कुमार, 'जल प्रबंधन वर्तमान सदी की आवश्यकता'
7. कुमार डॉ. प्रमीला, शर्मा डॉ श्री कमल, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल।
8. माजिद हुसैन एवं सिंह रमेश 'भारत का भूगोल' जामिया मिलिया इस्लामिया, (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली।
9. जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत डिण्डौरी (म.प्र.)
10. मरकाम प्रसन्न वदन (2011–2012) 'जल संसाधन एवं सिचाई विकास परियोजनाओं का एक भौगोलिक अध्ययन' (जिला डिण्डौरी के संदर्भ में) अप्रकाशित लघु शोध प्रबन्ध, एम. फिल. हेतु निर्देशक डॉ. लोकेश श्रीवास्तव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

मध्यप्रदेश में कृषि के घटते स्वरूप का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव एक चुनौती

सत्यनारायण मालवीय *

प्रस्तावना – भारत जैसे विकासशील देश में कृषि अर्थव्यवस्था का एक मात्र व सफल साधन है। म. प्र. भी कृषि प्रधान राज्य है। यहाँ की अर्थव्यवस्था पुर्णत: कृषि पर ही आधारित है। राज्य विकास की दौड़ में कृषि का अधुनिकीकरण करने पर तत्पर है, किन्तु इसके प्रतिदिन घटते आकार पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2011 के अनुसार म.प्र. में भूमि का उपयोग निम्नप्रकार था –

कुल उपयोगी भूमि	30757	हेक्टेयर
जंगल	8696	हेक्टेयर
पड़त भूमि	1160	हेक्टेयर
बंजर भूमि	621	हेक्टेयर
कुल बुआई क्षेत्र	14941	हेक्टेयर

उपरोक्त आँकड़ों के आधार स्पष्ट है, कि राज्य की कुल भूमि के आधे से भी कम भू-भाग पर कृषि कि जा रही है। ये वर्ष 2016-17 के सन्दर्भ में और भी कम होती जा रही है। जिसके पिछे मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि, संयुक्त परिवार का बिखराव, शासन की योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री सड़क योजना अन्य शासकीय भवन, डेम, तालाब....इत्यादि। इन कारणों से राज्य की कृषि आकारकिय दिनो-दिन घटती जा रही है।

कृषि का अर्थ – भारत के सन्दर्भ में कृषि एक साधन है उद्योग है। यहाँ के विकास का मुख्य साधन है। देश में कृषि ने केवल जीविकोपार्जन का साधन है। बल्कि यहाँ विकास का सम्पूर्ण साधन है। प्राचीन रूप में कृषि जमीन को जोत कर बीज अंकुरित करने से हैं। किन्तु आज कृषि का स्वरूप बदल गया है। विशेष कर भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए तो कृषि एक सम्पोषीय विकास का साधन है।

शोध प्रविधि :– इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार तथ्यों का संकलन किया गया है। इसके लिए शोध क्षेत्र से सम्बन्धित आकड़ों के लिए द्वितीयक शोध सामाग्री के रूप में आधिक कार्यगर साबित हो रहा है। इसके लिए पुस्तकालयों से पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं एवं इन्टरनेट आदि के द्वारा शोध पत्र का अध्ययन किया गया है।

आर्थिक सर्वेक्षण 2012-13 राज्य की जी.डी.पी. में कृषि क्षेत्र का योगदान 2132 रहा था। भारत में 60 कृषि निर्यात क्षेत्र है, जिसमें से मध्यप्रदेश में 6 निर्यात केन्द्र है। रिपोर्ट के अनुसार राज्य में खाद्यान फसल क्षेत्र 132 लाख हेटेयर था, फसल उत्पादन 230 लाख मैट्रिक टन इसमें गेहूँ का क्षेत्रफल 52.60 लाख हेटेयर, सोयाबीन का क्षेत्रफल 57.86 लाख हेटेयर था। सिंचाई की दृष्टि से नलकूप एवं कुएँ द्वारा 69.49 प्रतिशत एवं नहर, तालाब से 20.24 प्रतिशत सुविधा प्राप्त है। इसके अतिरिक्त वर्षा मुख्य साधन है।

मध्यप्रदेश के सफल घरेलु उत्पाद में विभिन्न क्षेत्रों का योगदान

सेवा	47.17 प्रतिशत
कृषि	23.45 प्रतिशत
उद्योग	29.38 प्रतिशत



राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योग 2013-14 में 21.32 था। मध्यप्रदेश में कुल रकबा 307.55 लाख हेटेयर है। जिसमें कृषि क्षेत्र 231.14 लाख हेटेयर, जिसमें सिंचित क्षेत्र 78.80 लाख हेटेयर है।

मध्यप्रदेश में कृषि भूमि का उपयोग : 2011 के अनुसार

क्र.	क्षेत्र	हजार हेटेयर
1	ग्रामीण पत्रकों में प्रतिवेदित	23134
2	वनों के अन्तर्गत पड़त भूमि	9469
3	कुल पड़त भूमि	1155
4	काश्त उपयोगी पड़त भूमि	1108
5	शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	15223
6	कुल बोया गया क्षेत्रफल	22149
7	द्वि-फसली क्षेत्रफल	6926
8	कुल सिंचित क्षेत्रफल	7421
9	शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल	7140

राज्य में कृषि आकारकिय को कम करने वाले प्रमुख कारक

1. **जनसंख्या –** जनसंख्या वृद्धि राज्य ही नहीं अपितु धरातल के किसी भी भू-भाग पर विकासात्मक समस्या का प्रमुख कारण है। बढ़ती जनसंख्या के कारण राज्य की भूमि आवास सड़क, जोत के प्रकार आदि रूपों में प्रभावित कर रही है। जिससे राज्य में कृषि आकारकिय दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है।

* शोधार्थी (भूगोल विभाग) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, देवास गेट, उज्जैन (म.प्र.) भारत

2. धार्मिक संस्थायें –राज्य में कई धार्मिक संस्थायें हैं। जो अनुमानित एक ब्लॉक में 2–3 सेन्टर संचालित करती है। आज ये सेन्टर जहाँ स्थित है किसी समय इन स्थानों पर कृषि की जाती थी जो सम्बन्धित क्षेत्र कि जमीन दाताओं द्वारा इन्हें दाल दी गई इनसे राज्य की कृषि आकारकिया कम होती जा रही है।

3. शासन की योजनायें – शासन की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनाएं आदि। सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास को चरितार्थ करती है। कहा गया है, कि 'परिवहन किसी क्षेत्र की शिराएँ है, तो सड़क वहाँ की धमनीयाँ है। अत: सड़क किसी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है, किन्तु उस क्षेत्र की आकारकिया को निश्चित ही प्रभावित करती है। इसी प्रकार कई भवन मल्टी स्थापित की जाती है। और वे भूत बग्ले के रूप में खण्डहर हो जाती है।'

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में 50 हजार 770 किलोमीटर के लम्बाई की सड़क का निर्माण किया गया है। जिसका लाभ 10030 लम्बाई के ग्रामीण ईलाकों में सड़के बनाई गई है। जिन सड़कों को बारह महीनों चलने वाली सड़कों से जोड़ा गया है। इन सड़कों के निर्माण में लागत रूपये 11418 करोड़ की राशि से बनाई गई है। इसके साथ–साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा 331 सेतु परियोजनाओं के रूप में 816.79 करोड़ रुपयें की लागत मूल्यों की बनाई गयी है। इन कार्यो को पूर्ण करने में 230.14 करोड़ रुपयें की धन राशि खर्च कर 188 कार्यो को पूर्ण किया गया है।

मध्यप्रदेश में वर्तमान की सड़कों का घनत्व 19 किलोमीटर प्रति 100 वर्ग किलोमीटर के रूप में कार्य किया गया है। यहाँ तक अखिल भारतीय कार्य प्रणाली का घनत्व 83 किलोमीटर के साथ–साथ प्रति 100 वर्ग किलोमीटर है। राष्ट्रीय स्तर पर कार्य को महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुँचने के लिये विशेष सहायता हेतु माँग की गयी है।

4. संयुक्त परिवार का बिखराव –वर्तमान में एकल परिवार का चलन बढ़ता ही जा रहा है। संयुक्त परिवार में 10–12 लोग एक साथ एक घर एक कुआ एक बाडा के साथ निवासरत थे, जो आज अलग–अलग होने से अलग–अलग कुआ,बाडा, मकान होने से क्षेत्र की भूमि में कृषि भूमि की कटौती होती जा रही है

5. शहरीकरण – राज्य में शहरीकरण बढ़ता ही जा रहा है। इसके अन्तर्गत बिल्डर्स कृषि योग्य भूमि को कृषक से लुभावने दाम पर खरीद लेते है और उस पर कालोनी बनाकर विक्रय करते है। सम्पूर्ण कालोनी विकसित होने से 2 से 5 वर्ष लग जाते है। तब तक न तो मानव पूर्णत: निवासरत होते नहीं कृषि की जा सकती। इस प्रकार से शहरीय करण भी कृषि आकारकिय को कम करने में तत्पर है।

निदान/समाधान :–किसी भी समस्या का तुरन्त समाधान ढुढ़ना आसान नहीं है। किन्तु इसके एक कारक का प्रबंधकीय रूप से निदान करना सरल है। इसके लिए निम्न सुझाव हो सकेते है।

1. कृषि भूमि पर कालोनीय विक्रय हेतु रोकथाम।
2. कुऐ के स्थान पर ग्राउण्ड नहर सिंचाई का निर्माण।
3. आवश्यकता के अनुरूप ही शासकीय भवनों का निर्माण।
4. धार्मिक संस्थाओं का कृषियोग्य भूमि को दान देने पर रोंक।
5. धार्मिक संस्थान या संगठन को दि गई भूमि पर कृषि की अनिवार्यता जिसकी मॉनिटरिंग शासन की हो।
6. जनसंख्या नियंत्रण संस्थाओं का उचित प्रबंधन।
7. जनसंख्या बृद्धि पर पूणत: नियंत्रण।

निष्कर्ष –निष्कर्ष रूप से यह कहना अनुचित नहीं होगा की वर्तमान राज्य में कृषि योग्य भूमि का दिनों–प्रतिदिन ह्यस होता जा रहा है। उत्पादन बढ़ रहा है, किन्तु जनसंख्या बृद्धि के अनुरूप में व घटता कृषि स्वरूप के अनुपात में राज्य के आर्थिक विकास में कृषि का योगदान कम होना लगभग तय है। इन परिस्थितियों को नजर अन्दाज नहीं किया जा सकता है। इसके दिये गये विभिन्न पहलु पर विशेष ध्यान देना आवश्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनसंख्या एवं नगरीयकरण, बौद्धिक प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ 2–3
2. मप्र.एक परिचय : पब्लिश बाय एम.सी.ग्रो. हील एजुकेशन, ग्रीन पार्क, न्यु दिल्ली, पृष्ठ 1.18, 1.19
3. उपकार यू.जी.सी. .नेट, आगरा प्रकाशन, उत्तर प्रदेश, पृष्ठ 171
4. म.प्र. .मानचित्रावली, महावीर पब्लिशर्स, इन्दौर, पृष्ठ 34
5. ताज रावत, **प्राकृतिक पर्यटन विकास एवं बदलाव** आकाशदीप पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 34
6. ए.एन.अग्रवाल, ***भारतीय अर्थव्यवस्था विकास एवं आयोजन,*** New age International (P) Limited , Publishers, New Delhi, 2008ए पृष्ठ 155
7. राजेश गोयल, ***पर्यटन एवं परिवहन,*** वंदना पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 115

****

हो लोक परंपरा और लोक साहित्य

डॉ. इन्दिरा विरुवा *

शोध सारांश – किसी भी क्षेत्र में जाति या जनजाति के लोक साहित्य की मौखिक परंपरा अनादि काल से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को स्थानांतरित होती रही है। ज्ञातव्य है कि वेद कालीन कथाओं की एक लम्बी मौखिक परंपरा रही है। इसी कारण वेदों को श्रुति भी कहा गया हैं। जनजातीय जीवन में साहित्य की मौखिक परंपरा का विशेष महत्व रहा है। हो जनजाति में भी इस मौखिक परंपरा का प्रारम्भ हजारों वर्ष पूर्व हुआ होगा। साहित्य के मौखिक परंपरा का मुख्य कारण लिपि का अभाव रहा है। हो जनजाति का आदिकालीन निवास स्थान के रूप में सिंधु घाटी को चिन्हित किया गया है जहाँ चित्र लिपि के कुछ नमूने मिले हैं। परन्तु इस लिपि में हो साहित्य रचना का कोई प्रमाण नहीं मिलता है। फलस्वरूप उस क्षेत्र से पलायन के बाद हजारों वर्षों तक उनकी अपनी कोई लिपि संरक्षित नहीं रह पाई। फलस्वरूप उनका लोक साहित्य मौखिक परंपरा के रूप में ही जीवित रही। इस मौखिक परंपरा को जीवित रखने में बड़े बुर्जुगों द्वारा सुनाई जाने वाली दंत कथाएँ तथा कथक्कड़ों के माध्यम से लोक कथा के विविध रूप – मिथक, आख्यान, धार्मिक गाथा, कहावत आदि सुरक्षित रहा। किसी भी साहित्य के लिखित रूप के विकास के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिरता आवश्यक है। यही कारण है कि कोल्हान क्षेत्र में आने के बाद काफी दिनों तक मौखिक रूप से ही उनका लोक साहित्य विकसित होता रहा। इस परंपरा में अनेकों मिथक, धर्मगाथा, परिकथा, मूर्ख कथा आदि प्रचलित रहे हैं। उदाहरण के लिए – ओते बईयन तेया जनागर (धरती बनने की कथा), सेंगेल गामा (अग्नि वर्षा), टुअर कोड़ा कसरा कोड़ा (अवतार कथा), आदि लोक कथाएँ मौखिक रूप से प्रचलित रही हैं। हो जनजाति के प्रवास काल में जिन पशु पक्षियों या प्राकृतिक तत्वों ने उनकी जीवन की रक्षा की तथा उनके भरण-पोषण के साधन बने, उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए उनके नाम पर नवजात शिशुओं के गोत्र का निर्धारण किया गया, जैसे देवगम (पक्षी), सोय (मछली), कुदादा (जामुन), हेस्सा (पीपल वृक्ष) आदि इसके प्रमाण हैं। इसी प्रकार विभिन्न अवसरों पर गाए जाने वाले गीतों भजनों प्रार्थनाओं आदि की एक लम्बी और विशाल लोक परंपरा रही है। आज भी अनेक पर्व गीत विवाह गीत, श्रम गीत आदि मौखिक रूप से ही प्रचलित एवं लोकप्रिय है। पूजा पाठ और प्रेत बाधा दूर करने वाले मंत्र तो प्राय: गुप्त रखने के लिए मौखिक रूप से ही दिउरी, देवंआ आदि के द्वारा आवश्यकतानुसार प्रयुक्त किए जाते हैं। इस तरह हो साहित्य की मौखिक परंपरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस परंपरा में जीवित एवं विकसित साहित्य की विभिन्न विद्वानों द्वारा रोमन, अंग्रेजी और देवनागरी लिपि में संपन्न किया गया। तत्पश्चात् लाको बोदरा द्वारा प्रस्तुत की गई हो लिपि 'वारंग चिति' में भी हो साहित्य की कुछ रचनाएँ की गई।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक और द्वितीय स्त्रोतों के आधार पर तथ्यों का संकलन किया गया है। इसके साथ-साथ विद्वानों का मार्गदर्शन और जनजातीय परम्पराओं के निर्वहन करने वाले बुद्धजीवियों से भी साक्षात्कार के माध्यम से शोध पत्र तैयार किया गया है।

समस्या – हो गद्य साहित्य का इतिहास भी काफी समय तक मौखिक रूप में जीवित रहा है। गांव के बड़े उस समय समाज में प्रचलित सामुदायिक केन्द्र गिति ओड़ा में आने वाले युवक-युवतियों को विभिन्न प्रकार की उपदेशात्मक और मनोरंजक लोक कथाएँ सुनाया करते थे। इस प्रकार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक कहानियों का संरक्षण और विकास होता रहा। कहानी कहने वाले कथक्कड़ कहानी को मनोरंजक बनाने के लिए अपनी ओर से भी कुछ बातों को जोड़ दिया करते थे। लोक कथाओं का प्रसार पूरे समुदाय में तथा समुदाय के बाहर मौखिक परम्परा के रूप में होता रहा।

उद्देश्य – हो गद्य या कथा साहित्य का लेखन या प्रकाशन की उपलब्ध सामग्रियों से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1914 से विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से शुरू हुआ। विषयवस्तु की दृष्टि से हो गद्य साहित्य के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की रचनाएँ, कहानियाँ, ललित निबंध, कहावत, मुहावरा आदि प्रकाशित हो चुके हैं। प्रारम्भ में कहानियों का लेखन एवं प्रकाशन अंग्रेजी और रोमन लिपि में किया गया। 1924 में सर्वप्रथम हो समाज में प्रचलित दुष्ट रानी की कथा से संबंधित एक रचना एस.सी. मिश्रा द्वारा 'जर्नल ऑफ बिहार एन्ड उड़ीसा रिसर्य सोसाइटी' में प्रकाशित हुई थी। इस रचना का शीर्षक था 'ऑन ए फोक टेल्स ऑफ द विकेट क्वीन टाइप'। उसके बाद बी. सुकुमार हलदर, डी. एन.मजुमदार, जी.एन. सरकार, सी.एच.बोम्पास, कान्हूराम देवगम आदि द्वारा हो लोक कथाओं का संग्रह विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं पुस्तकों में 1950 ई0 तक प्रकाशित किया गया। इस काल खण्ड को (1950 तक) हो गद्य साहित्य का आदिकाल माना जा सकता है।

समधान – हो कहानियों के विविध रूप इस प्रकार है :-

1. **मिथ या मिथक –** इसे धर्मगाथा भी कहते हैं। लोक कथा की यह विधा सत्य से अधिक प्रचलित लोक विश्वास या धार्मिक भावना पर आधारित होता है। श्री चन्द्र जैन ने अपनी पुस्तक 'लोक कथा विज्ञान' में अपने विचार इस तरह से व्यक्त किया है, – 'मिथ या धर्म गाथा की कथा उस हद तक सत्य मानी जाती है जो किसी युग में घटित हो कर किसी समाज, उसके देवी-देवताओं, वीरों, सांस्कृतिक विशेषताओं एवं धार्मिक विश्वासों आदि में अतिप्राकृतिक विशिष्टाताओं को सार्वभौतिक रूप में स्पष्ट करती है।'

किंबाल यंग ने अपनी पुस्तक 'सोशल साइकोलॉजी' में मिथक के बारे में लिखा है कि 'मिथ आख्यान विश्वास करने वाले व्यक्तियों द्वारा सत्य माने जाते हैं। हम अपने मिथों और आख्यानों का मनोरंजन के लिए गढ़ी गयी विचित्र या विदेशी कथाएँ नहीं वरन् वास्तविक घटनाओं और अभिप्रायों का विवरण मानते हैं।'

हो साहित्य में दो तरह के मिथ मिलते हैं – (क) तत्वशास्त्रीय मिथ (ख) सामाजिक मिथ।

* डी. लिट् शोधार्थी, जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची विश्वविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

(क)तत्वशास्त्रीय मिथ – इस वर्ग में ब्रह्माण्डीक मिथ जैसे – सूर्य, चन्द्रमा, तारा, आकाश, धरती की उत्पति कथाएँ तथा बोंगा एरा (देवता-देवी) आदि की कथाएँ आती हैं। ऐसी कथाओं को ही साहित्य में मुनु जगर भी कहते हैं। तत्वशास्त्रीय हो मिथों में कई प्रमुख मिथ धनुर सिंह पुरती की पुस्तक हो दिशुम हो होनकोय (भाग-7, पृ. 1-7) में संकलित है। इनमें 'ओते दिशुम बईयन तेया: जगर' (धरती बनने की कथा), 'ओते हसा रे दरू दुम्बु ओण्डो जीव को बईयन तेया: जगर' (धरती, पेड़-पौधों और जीव-जन्तु के सृजन की कथा), 'मनवा सृजोनयन जगर' (मनुष्य के सृजन की कथा) प्रमुख रूप से प्रस्तुत की गई है। इन मिथों में सिंगबोंगा द्वारा केंचुआ की मदद से धरती के निर्माण का कार्य तथा लुकु हड़म और तुकुमि बुढ़ी के माध्यम से मानव सृजन की कथा वर्णित हैं। सेंगेल गामा (अग्नि वर्षा) शीर्षक मिथक मं पाप को नष्ट करने तथा धर्म की स्थापना के लिए सिंगबोंगा द्वारा अग्निदेव की मदद से अग्नि वर्षा के आह्वान की कथा कही गयी है। जिससे सभी जीवधारी जल कर पत्थर बन गये थे। इसके बाद नगे एरा (जल देवी) की मदद से पुन: मानव सृष्टि एवं अन्य जीवधारियों का निर्माण हुआ।

कुछ मिथ आनुष्ठानिक मिथ कहे जाते हैं। ऐसे मिथ देवी-देवताओं, पर्व-त्योहारों आदि से संबंधित होते हैं। इस तरह के मिथों में मागे पर्व, होरो पर्व, जोनमना पर्व आदि की कथाएँ या मिथ शामिल है।

(ख)सामाजिक मिथ – इसके अंतर्गत वैसी कथाएँ आती है जिनके द्वारा सामाजिक संरचना संबंधी तथ्यों की व्याख्या की जाती है। श्री धनुर सिंह पुरती की पुस्तक 'हो दिशुम हो होनको' के सातवें भाग (पृ. 9-10) में 'जाति ओण्डो: पइटि हटिंग' (जाति एवं कर्म का बंटवारा) के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस मिथ में समाज में कर्म या काम के आधार पर महतो, गोप या गौंड़, कमार, तांती, महली आदि जातियों के उद्भव की कथा दिखलाई गई है।

इसी प्रकार हो समाज में प्रचलित 'गोंनोंग' (वधु मूल्य) की कथा, नरभक्षी की कथा, डोंड़ साँप की कथा आदि काफी लोकप्रिय है। इसी क्रम में गोत्र की उत्पति की कथाएँ भी आती है। जिनमें प्रकृति के विभिन्न तत्वों, जीवों, पेड़-पौधे आदि को गोत्र प्रतीक मान कर कथाएँ लिखी गयी है। इस प्रकार की कथाओं में देवगम गोत्र (पक्षी), हंसदा गोत्र (मिट्टी और पानी), लुगुन गोत्र (तसर का कोवा) कुदादा गोत्र (जामुन और पानी), लुगुन गोत्र (तसर का कोवा), कुदादा गोत्र (जामुन का रस) आदि प्रमुख है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हो मिथों में आदि काल में घटित घटनाओं और लोक विश्वासों के आधार पर प्रचलित अनेक कहानियाँ आज भी पवित्र मान कर विभिन्न अवसरों पर पढ़ी और सुनी जाती है।

2. आख्यात – यह इतिहास आधारित लोक कथा के रूप में प्रचलित है। डॉ0 दिनेश्वर प्रसाद ने अपनी पुस्तक 'लोक साहित्य एवं संस्कृति' में यह प्रस्तुत किया है कि 'आख्यान लोक कथा का एक भेद है और सत्य पर आधारित रहता है। आख्यान का आधार लोक साहित्य के अध्येताओं की दृष्टि में भी यह सत्य होता है।'

पाणिनी के अनुसार इतिहास आख्यायिका है और पुरानी कथा है। आख्यान को भी दो वर्गों में बांटा जासकता है। (क) सामान्य आख्यान और (ख) स्थानीय आख्यान।

(क)सामान्य आख्यान – हो साहित्य के सामान्य आख्यानों में 'असुर कोरेया: जनागर' (असुरो की कथा) और 'तुंग राजा और पोंचाइति' (तुंग राजा और पंचायत) जैसे आख्यान का वर्णन धनुर सिंह पुरती की पुस्तक हो दिशुम हो होनकोय के सातवें भाग में प्रस्तुत किया गया है। पहले आख्यान में असुरों के विनाश की कथा संकलित है तो दूसरे आख्यान में तुंग राजा को प्रजातंत्र के रूप में पीड़ पंचायत को प्रस्तुत करने वाला नायक माना गया है।

(ख)स्थानीय आख्यान – इसमें गाँव विशेष, व्यक्ति विशेष या स्थान विशेष से संबंधित आख्यान को रखा गया है। इस तरह का एक आख्यान 'रितुई गोंडाईया: जनागर' (गोंडाई की कथा) का प्रकाशन डी.एन. मजुमदार द्वारा लिखित पुस्तक 'द अफेयर्स ऑफ ए ट्राइब' में प्रकाशित हुई थी। इस कथा में राजतंत्र के अत्याचार का मार्मिक वर्णन किया गया है जिसमें राजा ने अपने अहम को संतुष्ट करने के लिए निर्दोष और आत्म स्वाभिमानी रितुई गोंडाई सिंकू नामक हो किसान को चोरी का झूठा इल्जाम लगा कर मौत की सजा दे दी गयी थी।

हो लोक कथाओं में अनेक लोक कहानियाँ प्रचलित है जो विभिन्न विषयों पर आधारित है। इन कथाओं को निम्नांकित वर्गों में बांटा जा सकता है जैसे – जाति कथा, पशु कथा, नीति कथा, धूर्त कथा, परिकथा, दैत्य कथा तथा हास्य कथा प्रमुख है। जाति कथा में प्रचलित कथाएँ पान द्वारा मच्छरों का शिकार, पान और गिरगिट आदि तांती (पें) की बेवकूफी और भिरूता (डरपोक) पर आधारित है।

हो लोक कथाओं में प्रचलित पशु कथा के पात्र लोमड़ी, भालू, सियार, बाघ, बन्दर, घड़ियाल, पण्डुक (पुतम) आदि शामिल हैं। ये पशु पात्र मनुष्यों की तरह बोलते हैं और व्यवहार करते हैं। बौद्ध साहित्य में प्रचलित जातक कथाओं की तरह ही हो साहित्य की पशु कथाएँ भी उपदेशात्मक मानी जाती हैं। परी कथाओं में मिसी होन (छोटी बहन), फूल की परी, एक संभर धात्री, दो बहनों की कथा आदि प्रमुख हैं। इस तरह की कथाओं में कल्पना का रंग अधिक भरा रहता है और उनको रोचक बनाने के लिए अनेक प्रकार की जादूई शक्ति आदि का प्रभाव दिखलाया जाता है। दैत्य कथाओं में भी राक्षसों के कार्यकलाप एवं उनकी तामसिक शक्ति का प्रयोग दिखलाया जाता है।

निष्कर्ष – हो गद्य साहित्य में श्री धनुर सिंह पुरती का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हांने हो जाति के सम्पूर्ण जीवन वृत को सात खण्डों में 'हो दिशुम हो होनको' पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया है। पहलं भाग में 'जोनोम आँदि ओण्डो: गोनो:ए रेया दोस्तुर को' (जन्म, विवाह और वधु मूल्य का प्रचलन), दूसरे भाग में 'पोरोब को' (पर्व त्योहार), तीसरे भाग में 'कुपुल एम चेड् मान मनार्तिंग, पइटि पनाइटि को एमन' (मेहमानों का स्वागत आदि), चौथे भाग में 'सिंङबोंगा ओण्डो: बोंगा को' (परमेश्वर तथा अन्य देवता), पाँचवें भाग में 'हो होनको नेन जिड़िरे' (हो लोग और उनका जीवन), छठे भाग में 'संगर' (शिकार) तथा सातवें भाग में 'मनु जनागरको ओण्डो: बंकुड़िको' (पुरानी कथाएँ और कहावत) शामिल हैं। इस प्रकार उन्होंने हो गद्य साहित्य को काफी संपन्न बनाने का काम किया है। गद्य साहित्य के लेखन कार्य में लाको बोदरा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। परंतु उनकी अधिकांश पुस्तकें वारंग चिति लिपि में लिखी गयी हैं जिनका अध्ययन सब के लिए संभव नहीं है। उनकी प्रमुख गद्य पुस्तकें हैं – हो हयम पहम पुति, बूढ़ा सुढ़ा सगेन, पोम्पो, बहा बुरू, बुरू, बोंगा, हलं हलपुंग, रघुवंश, होरा बारा आदि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'जनजातीय समाज का समाजशास्त्र' – डॉ0 कमलेश महाजन।
2. 'हो दिसुम, हो होनको' भाग-7, श्री धनुर सिंह पुरती।
3. 'हो लोक कथा : एक अनुशीलन' – डॉ0 आदित्य प्रसाद सिन्हा।
4. 'लोक साहित्य एवं संस्कृति' – डॉ0 दिनेश्वर प्रसाद।
5. 'मुण्डा लोक कथाएँ' – जगदीश त्रिगुणायत।
6. 'लोक कथा विज्ञान' – श्री जन्द जैन।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

A Study on the Youth Attitudes towards Green FMCG in Gwalior District

Usha Sharma * Dr. Deepak Singh **

Abstract - This study is on the Green Marketing but specially focused on youth attitudes towards Green FMCG. It has been serious problem that how we will protect our environment from the pollution. In the recent years, customer, companies and government take social responsibility to save our earth with the adoption of green product policy. They all understood the importance and vital role of green marketing. This information is based on review of literature. The objective of the study is to find out the youth attitudes towards Green fast moving consumer goods (FMCG). There are 2 independent variable i.e. health consciousness and social issues and one dependent variable intention to purchase. Primary and secondary data were collected and data analysed with the help of percentage method. Our findings showed that youth are health conscious and concerned about social issues. That means it have positive attitudes towards green FMCG.
Keywords - Green Product, Fast moving consumer goods, health consciousness, social issues, etc.

Introduction - The objective of this introduction is to give basic information about green and FMCG products. The Green development has been growing on the earth. With respect to consumers taking responsibilities and making the best things. As compared with developed countries consumers, the Indian buyer has less aware about global warming .The growth of the global economy, over consumption and utilization of natural resources has deteriorated the environment. The climate change which is caused by human-induced greenhouse gas emissions and fossil fuel combustion and is now occurring and it has presented a great challenge to everyone around the world. Climate change could produce severe negative outcomes such as higher temperatures, rising sea levels, increased air pollution, loss of animal and plant habitats, ocean circulation disruption and extreme weather conditions which severely impair output and productivity. This research paper carried out to identify the youth attitudes towards green FMCG. According to the Longman Dictionary of contemporary youth who is under a period of time and who is under teenager stage. This research will be targeted on youth, with age ranging from 17 to 25.

Research Gap - The above review of literature points to the fact that, studies have been made on Mergers relating mainly to the performance of select banks; analyses the problems of mergers; benefits to the stakeholders; Financial performance of the transferee bank after the merger. However an analysis relating to certain key parameters; Employee Productivity; Branch Productivity and the Profitability of the select Transferee Banks before and after the Merger till 31st March 2017 has not been done in the recent past. Hence, the study is undertaken to fill the research gap.

Objectives of Study :

1. To analyse the Employee Productivity of SBI & Associate Bank(SBS)
2. To analyse the Branch Productivity of SBI & Associate Bank(SBS)

Methodology

Sources of Data - The study is based on Secondary Sources which includes the Annual Reports of the Select Banks; RBI Database- Profile of Banks -various issues; research publications etc.

Period of Study - The Period of the Study i.e., from 2000 to 31st March 2017.

Sample Selection - Financial performance of the transferee bank after and before merger. Employee Productivity; Branch Productivity and the Profitability of the select Transferee Banks before and after the Merger till 31st March 2017 has not been done in the recent past

Hypothesis

Ho: There is no significant difference in the Deposits per Employee and per Branch of the Select Banks beforeand after Merger.

H1: There is a significant difference in the Deposits per

Employee and per Branch of the Select Banks before and after Merger

Ho: There is no significant difference in the Advances per Employee and per Branch of the Select Banks before and after Merger

H1: There is a significant difference in the Advances per Employee and per Branch of the Select Banks before and after Merger

Tools for Analysis: The following tools are used for the analysis of the data apart from Percentages and Averages. Employee & Branch Productivity ratios for evaluating the employee efficiency and branch efficiency

t - test: to test the Hypothesis as to whether there is any significant difference in the performance of the select Banks before and after the Merger.

Karl Pearson's Multiple Correlation - to test the measure of the strength of the association between the dependent and independent variables.

The absolute values do not provide us meaningful values until and unless they are related to some other relevant information, therefore, the Branch level efficiency in terms of Business per Branch and Business per Employee and Profit per Branch and Profit per Employee of the selected banks is studied.

Human resource is the most important asset of an organization and banking business is no exception to it. In the present study, employee productivity has been evaluated by taking three ratios, viz., Deposits per Employee; Advances per Employee and Profits per Employee.

Deposits per Employee - This ratio has been computed by dividing the amount of total deposits by the number of employees in the bank. This ratio reveals the deposit-collection

Capacity of an employee - Higher the deposit per employee ratio, higher the productivity per employee.

Advances per Employee - This ratio has been computed by dividing the amount of total Advances by the number of employees in the bank;

Profits per Employee - This ratio has been computed by dividing the amount of Net Profit by the number of employees in the bank.Branch Productivity is measured by taking three ratios, viz., Deposits per Branch; Advances per Branch and Profits per Branch.

Deposits per Branch - This ratio has been computed by dividing the amount of total deposits by the number of branches in the bank;

Advances per Branch - This ratio has been computed by dividing the amount of total advances by the number of branches in the bank;

Net Profit per Branch - This ratio has been computed by dividing the amount of total Net Profit by the number of Branches in the Bank.

Table 1 (See in next page)

The Branch level efficiency in terms of Business per Employee, Business per Branch, Profit per Branch and Profit per Employee of the SBI are presented in table 1.

In table 1 from the eight years Pre Merger and eight years Post Merger Employee Productivity ratios and Branch Productivity ratios, it is clear that, throughout the sixteen year period the productivity ratios have exhibited an increasing trend, due to the fact that the percentage increase in the numbers of all the Parameters matched with the percentage increase in the number of Employees and Branches. Only exception is the Profit per Employee and Profit per Branch ratios in the years 2010-11; 2013-14 and 2015-16, as, profits during these years have recorded a decrease. The eight year average of Deposits per employee before and after the Merger is 1.76989 and 6.24052 with an increase; Advances per Employee 1.08646 and 5.14453 with an increase; Profits per Employee 0.01914 and 0.05088 with a minor increase.

The eight year average of Deposits per Branch before and after the Merger is 37.79090 and 86.40117 with an increase; Advances 23.19835 and 71.22699 with an increase; and Profits 0.40873 and 0.70441 with an increase. Tremendous increase is seen in all the ratios, therefore, T test is employed to see whether the difference in the performance of these ratios between the Pre Merger and Post Merger period is significant or not.

Table 2 (See)

Result - The t stat values for all the ratios are less than the t critical two tail value; and the p values as per't' test at 5% significance level in case of all the ratios is less than .05, indicating that there is a significant difference in their performance during the pre and post merger periods, therefore null hypothesis is rejected.

Reference :-

1. Personal research.

Table 2 : t- Test Results of Productivity Ratios of SBI

	D/E	A/E	P/E	D/B	A/B	P/B
Pre -Merger Mean Value	1.80297	1.12181	0.01961	37.44400	22.73649	0.40302
Post –Merger Mean Value	6.25982	5.15546	0.05080	84.95503	70.02976	0.70475
t-Value	- 8.56285	-11.08976	-7.5560	-10.82181	-19.659018	-4.27284
t-critical two tail	2.364624	2.364624	2.364624	2.364624	2.364624	2.364624
P two tail value	0.00000589	0.00001077	0.000013099	0.00001268	0.0000002201	0.0036877
Result	Reject H_0	Reject H_0	Reject H_0	Reject H_0	Reject H_0	Reject H_0

Table 1 : Pre & Post Merger Productivity Ratios of SBI Bank

Year	D/E	A/E	P/E	D/B	A/B	P/B
2000-2001	1.13025	0.52871	0.00747	26.74906	12.51267	0.17669
2001-2002	1.29169	0.57674	0.01162	29.72534	13.27247	0.26730
2002-2003	1.41687	0.65914	0.01486	32.58396	15.15832	0.34166
2003-2004	1.53893	0.76282	0.01778	34.98616	17.34204	0.40419
2004-2005	1.78599	0.98472	0.02094	40.06637	22.09082	0.46982
2005-2006	1.91195	1.31708	0.02217	40.14005	27.65114	0.46546
2006-2007	2.34924	1.81962	0.02449	44.99649	34.85236	0.46916
2007-2008	2.99882	2.32565	0.03755	50.30460	39.01226	0.62988
Average	1.76989	1.08646	0.01914	37.79090	23.19835	0.40873
Base Year	3.60412	2.63484	0.04430	61.72625	45.12585	0.75869
2009-2010	4.01458	3.15485	0.04576	61.67007	48.46338	0.70297
2010-2011	4.18930	3.39438	0.03306	65.08243	52.73306	0.51359
2011-2012	4.84334	4.02624	0.05423	70.03405	58.21896	0.78419
2012-2013	5.26833	4.58009	0.06500	77.27702	67.18174	0.95343
2013-2014	6.28019	5.44887	0.04905	86.83034	75.33649	0.67820
2014-2015	7.39452	6.09660	0.06144	96.54033	79.59508	0.80215
2015-2016	8.33124	7.04586	0.04790	103.11740	87.20808	0.59287
2016-2017	9.75703	7.49678	0.05003	119.08861	91.50136	0.61061
Average	6.24053	5.14453	0.05088	86.40117	71.22699	0.70441

Note: Base year is Merger Year 2008-09.

****

शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता का अध्ययन

जीतेन्द्र बैरागी* डॉ. महेश कुमार तिवारी**

प्रस्तावना - आज पर्यावरण विनाश एक विश्वव्यापी समस्या बन चुकी है। मनुष्य विज्ञान और विकास के नाम पर प्रकृति का लगातार विनाश करता जा रहा है। प्रकृति का अमर्यादित उपभाग, वनों की कटाई, उद्योगधधों की भरमार, उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन, व्यापार, बाज़ार और इसी प्रकार का एक परिवेश बनता जा रहा है जो प्रकृति, पर्यावरण पृथ्वी और मानव-जाति के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है। पर्यावरण की समस्या इतनी जटिल होती जा रही है कि भविष्य अंधकारमय होता प्रतीत हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज जीव मात्र के कल्याण के साथ-साथ प्रकृति सुरक्षा के लिए भी अति आवश्यक हो गया है। पर्यावरण परिवेश को इस स्थिति तक पहुँचानेवाला मनुष्य है और उसे वापस पूर्वस्थिति में लाने की क्षमता और विवेक भी उसी में है अत: आज के इस युग में पर्यावरण शिक्षा अति आवश्यक और महत्वपूर्ण हो गयी है। बिना पर्यावरण शिक्षा के पर्यावरण संरक्षण की कल्पना भी नहीं की जा सकती। यदि समय के रहते इस शिक्षा की और जन-मानस का ध्यान आकर्षित नहीं किया गया जो प्रलय की स्थिति का आगमन अवश्यंभावी हो जाएगा। प्रकृति के सभी तत्वों का एक दूसरे तत्वों पर भी उसका प्रभाव पड़ता है।

पर्यावरण प्रदूषण के कारण आज जल, वायु, मिट्टी से उपजी खाद्य सामग्री सब कुछ दूषित होती जा रही है। ऐसे दूषित वायु में सांस लेकर, दूषित जल पीकर, दूषित अन्न खाकर भला कोई इंसान कैसे स्वस्थ रह सकता, भला कोई माँ कैसे एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे सकती हैं। पर्यावरण साफ-सुथरा रहेगा तो लोगों का जीवन भी स्वस्थ रहेगा। पर्यावरण शिक्षा के अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारियों द्वारा निम्न लाभ प्राप्त हो सकते हैं।

पर्यावरण शिक्षा के द्वारा वास्तव में पर्यावरण किसे कहते हैं और प्रदूषण क्या है? इसकी संपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। पर्यावरण शिक्षा प्राप्त करने वाला जानकार, चाहे स्त्री हो या पुरूष्झ बालक हो, युवा हो या फिर वृद्ध, शिक्षित हो या अशिक्षित, धनवान हो या निर्धन, कामकाजी स्त्री हो या फिर गृहणी, इस बात को जान लेते हैं जिस परिवेश और वातावरण में चारों ओर से हम घिरे हुए हैं उसे पर्यावरण कहते हैं तथा दैनिक जीवन में उपयोग में आनेवाली कई ऐसी वस्तुएँ जैसे कार-मोटर से निकलने वला धुआँ कई दुष्परिणामों को जन्म देता है। उसे इस बात का भी ज्ञान मिलता है कि यह धुआँ जहाँ वनस्पतियों, वायु आदि को दूषित कर देता है वहीं प्राणधारियों के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होता है। इससे यह होगा कि लोग अपने वाहनों का निरीक्षण करवाएंगे ताकि उनका वाहन कम धुआँ छोड़ें। बात केवल वाहनों तक ही नहीं है बल्कि प्रदूषण अन्य कई स्रोतों से भी होता है।

यह तो सर्वविदित है कि अस्वच्छ जल कई बीमारियों का गढ़ होता है। विशेषकर जब बाढ़ आती हो या फिर सूखा पड़ता हो तो दोनों ही स्थितियों में उस क्षेत्र का रहनेवाला मनुष्य अशुद्ध जल ग्रहण करने पर विवश हो जाता है परिणाम तरह-तरह के रोगों का शिकार बनना। वायु प्रदूषण की तरह जल प्रदूषण की जानकारी भी आम आदमी को पर्यावरण शिक्षा से प्राप्त होती है। क्योंकि मनुष्य का एक स्वभाव होता है दैनिक आचरण और क्रिया-कलापों से अपने आसपास के वातावरण और स्थान में इतनी गंदगी उत्पन्न कर देता है कि उसे इस बात की अनुभूति ही नहीं होती है और होती भी है तो वह सचेत भी नहीं होता और जागरूक भी नहीं। सुबह उठने से लेकर रात सोने तक जो कूड़ा-करकट जाने अनजाने फेंकता है। ये सारी गंदगी और कचरा किसी-न-किसी तरह बह कर नदी-तालाबों में जाता है। इसीसे नदी का जल दूषित होने लगता है। उसी जल को पशु-पक्षी पीते हैं, बीमार पड़ जाते हैं कभी-कभी तो उस पानी में उनका मृत शरीर सड़ता-गलता है और ऐसे जल को जब मनुष्य पीता है तो हम कल्पना कर सकते हैं कि उसकी क्या दुर्दशा हो सकती है। पर्यावरण का महत्व एवं उसकी आवश्यकता भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही है। वेदों में मानव के परोपकार के लिए परमात्मा द्वारा सूर्य, चंद्रमा, बादल, वृक्ष, नदियाँ, पर्वत, वनसपतियाँ पशु-पक्षी आदि का आविर्भाव किया जाना बताया गया है। इन समस्त उपादानों को ईश्वर प्रदत्ता बनाना इसीलिए आवश्यक था ताकि मनुष्य उन सब से नैतिक रूप से जुड़ा रहे तथा इसके संरक्षण को अपना कर्तव्य और धर्म समझे। किंतु आज मनुष्य भोगवादी जीवन शैली का इतना आदि और स्वार्थी हो गया है कि अपने जीवन के मूल आधार समस्त पर्यावरण को दूषित कर रहा है, नैतिकता, धर्म, कर्त्ताव्य सब भूल रहा है। पुन: मनुष्य को नैतिकता, धर्म, कर्त्ताव्य के मार्ग पर लाने के लिए आज के वर्तमान समय में पर्यावरण शिक्षा आवश्यक और महत्वपूर्ण हो गयी है।

पर्यावरण शिक्षा के माध्यम से मनुष्य संपूर्ण पर्यावरण और उससे संबंधित समस्याओं के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील हो जाए। संपूर्ण पर्यावरण और उससे संबंधित समस्याओं का आधारभूत ज्ञान प्राप्त करके उसके प्रति अपने उत्तरदायित्वों को निभा सके। पर्यावरण शिक्षा के द्वारा पर्यावरण के लिए गहरी चिंता, सामाजिक दायित्व निभाने तथा उसकी सुरक्षा और सुधार के लिए किये जा रहे कार्यो के प्रति एक प्राकृतिक रूझान उत्पन्न हो सके। ताकि बड़ी कुशलता के साथ समस्याएँ दूर हो जाए। इसके अतिरिक्त

* शोधार्थी, मेवाड विश्वविद्यालय, चित्तौड्गढ (राज.) भारत
** प्राचार्य, मेवाड महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, चित्तौड्गढ (राज.) भारत

मनुष्य में मूल्यांकन कुशलता और संभागिता की भी भावना उत्पन्न हो सकें, ताकि वह पर्यावरण संबंधी उपायों तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों का पारिस्थितिक, राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, सौंदर्यपरक, शैक्षिक घटकों आदि के परिप्रेक्ष्य में सही मूल्यांकन कर सके और पर्यावरण समस्याओं के उचित ढंग से हल निकालने की आश्वस्तता के प्रति महत्ता और अपनी संभागिता की भावना को विकसित कर सके। इसके अतिरिक्त पर्यावरण शिक्षा लोगों में इस बात की भी जागरूकता लाती है कि पर्यावरण के अनुकूल और प्रतिकूल कौन-कौन सी बातें हैं। पर्यावरण के अनुकूल वह पेड़-पौधे, जल-संसाधन, वन संपदा, पशु-पक्षी आदि की रक्षा के महत्व को जान पायेगा तो पर्यावरण के प्रतिकूल पड़नेवाली समस्त गतिविधियाँ जेसे बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता औद्योगिकरण, वन-कटाई, बढ़ता शहरीकरण आदि के रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठा सकेगा। भौतिकतावादी जीवन शैली और विकास की अंधी दौड़ में आज मनुष्य यह भी भूल गया है कि पर्यावरण भी कुछ है। बढ़ते वाहनों और कारखानों से निकलते धुएँ ने वायु का, वुक्षों की कटाई से जीवनदायिनी गैसों को, मनुष्य द्वारा फैलायी जा रही गंदगी से जल को इस तेजी के साथ प्रदूषित कर रहा है कि दुगनी गति से बीमारियाँ भी फैल रही है। मानवीय सोच और विचारधारा में इतना अधिक बदलाव आ गया है कि भविष्य की जैसे मानव कोई चिंता ही नहीं है। अमानवीय कृत्यों के कारण आज मनुष्य प्रकृति को रिक्त करता चला जा रहा है पर्यावरण के प्रतिचिंतित नहीं है। जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण असंतुलन के चलते भूमंडलीय ताम, ओजोन क्षरण, अम्लीय वर्षा, बर्फीली चोटियों का पिघलना, सागर के जल-स्तर का बढ़ना, मैदानी नदियों का सूखना, उपजाऊ भूमि का घटना और रेगिस्तानों का बढ़ना आदि विकट परिस्थितियाँ उत्पन्न होने लगी है। यह सारा किया कराया मनुष्य का है और आज विचलित, चिंतित भी स्वयं मनुष्य ही हो रहा है। जिस पर्यावरण संरक्षण का गुण मनुष्य में जन्म से ही होता था, वही गुण आज उसे सिखना पड़ रहा है। वर्तमान परिस्थितियों के कारण आज पर्यावरण शिक्षा अनिवार्य हो गयी है। आज पर्यावरण शिक्षा की आवश्यकता प्राथमिक हो गयी है। मनुष्य की बदली हुई सोच तथा उसकी अभिवृत्ति को वापस पर्यावरण के अनुकूल बनाने का काम पर्यावरण शिक्षा ही कर सकती है।

पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा गृह है जिस पर जीवन संभव है। यहाँ के प्राणधारियों को एक सुदंर एवं स्वस्थ जीवन उपलब्ध कराने के लिए पृथ्वी को नष्ट होने से बचाना बहुत आवश्यक है। ऑक्सिजन जीवधारियों के लिए अति आवश्यक है, किन्तु अन्य प्राणघाती गैसों के कारण पर्यावरणीय विकृतियाँ उत्पन्न होने लगी है।

समस्या कथन – शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता का अध्ययन।

शोध उद्देश्य – प्रस्तुत शोध विषय के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं:

1. शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षकाओं में पर्यावरण कार्यविन्तता तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षकाओं में पर्यावरण कार्यविन्तता तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्यविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्यविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया हैं।

प्रतिदर्श –प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श हेतु राजस्थान राज्य के प्रतापगढ जिले सेमाध्यमिक स्तर पर कार्यरत शहरी क्षेत्र के 5 सरकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के 5 सरकारी कुल 10 विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है। इस हेतु सम्पूर्ण जनसंख्या मेंसे स्तरीकृत याद्दछिक न्यादर्श विधि से 50-50 शिक्षकों का चयन किया गया है।

उपकरण – प्रस्तुतशोध अध्ययन में शोधकर्ताद्वारा स्वनिर्मित उपकरण प्रयुक्त किया गया है।

- पर्यावरण कायान्वितता प्रश्नावली -स्वनिर्मित

शोध की परिसीमन – प्रस्तुत शोध में निम्न प्रकार से शोध का परिसीमन किया गया है :

1. शोध को केवल राजस्थान राज्य के प्रतापगढ़ जिले तक ही सीमित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध केवल माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध में स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है।

विश्लेषण एवं व्याख्या :

- शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तालिका 1 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 1 को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कार्यरत शहरी शिक्षकोंके मध्यमान 61.017 एवं मानक विचलन 3.20 है तथा ग्रामीण शिक्षकों का मध्यमान 51.833 एवं मानक विचलन 5.24 है। तालिका 1से प्राप्त मध्यमानों में शहरी शिक्षकों का मध्यमान ग्रामीण शिक्षकों के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 98 पर टी-मान 11.21 है। जो 0.05 एवं .01 स्तर के प्राप्त मान1.98 एवं 2.63 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी एवं ग्रामीण शिक्षकों की पर्यावरण कार्यान्वितता अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।

- ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्यविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तालिका 2 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कार्यरत ग्रामीण शिक्षकों के मध्यमान 54.341 एवं मानक विचलन 7.10 है तथा शिक्षिकाओं का मध्यमान 48.306 एवं मानक विचलन 4.73 है। तालिका 2 से प्राप्त मध्यमानों में ग्रामीण शिक्षकों का मध्यमान ग्रामीण शिक्षिकाओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 48 पर टी-मान 4.76 है। जो 0.05 एवं .01 स्तर के प्राप्त मान 2.01 एवं 2.68 से अधिक है। अत:

परिकल्पना 'ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्याविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं की पर्यावरण कार्यान्वितता अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों का पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।

- शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्याविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तालिका 3 – (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 3 को देखने से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कार्यरत शहरी शिक्षकों के मध्यमान 61.017 एवं मानक विचलन 3.20 है तथा शिक्षिकाओं का मध्यमान 47.041 एवं मानक विचलन 4.55 है। तालिका 3 से प्राप्त मध्यमानों में शहरी शिक्षकों का मध्यमान ग्रामीण शिक्षिकाओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 48 पर टी–मान 15.47 है। जो 0.05 एवं .01 स्तर के प्राप्त मान 2.01 एवं 2.68 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्याविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं की पर्यावरण कार्यान्वितता अन्तर पाया जाता है। शहरी शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों का पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।

निष्कर्ष :

1. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।अस्वीकृत की जाती है क्योकि शहरी शिक्षक एवं ग्रामीण शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षक एवं शहरी शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता में अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।
2. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्याविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अस्वीकृत की जाती है क्योंकि ग्रामीण शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पर्यावरण कार्यान्वितता के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पर्यावरण कार्यान्वितता में अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।
3. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना प्रतापगढ़ जिले के शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्याविन्तता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।अस्वीकृत की जाती है क्योकि शहरी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पर्यावरण कार्यान्वितता के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के पर्यावरण कार्यान्वितता में अन्तर पाया जाता है। शहरी शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों के पर्यावरण कार्यान्वितता अधिक हैं।

सुझाव – प्रस्तुत शोधकार्य में माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की पर्यावरण कार्यान्वितता का अध्ययन किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक तथ शिक्षिकाओं की पर्यावरण कार्यान्वितता में अंतर पाया गया है। शहरी क्षेत्र के शिक्षकों की पर्यावरण कार्याविन्तता अधिक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. **ब्यूसन और ग्रेमा (2000),** *वैश्विक पर्यावरण शिक्षा के लिए बाधाओं का अध्ययन।*
2. **चन्द्रन, विनय (1991)** *पर्यावरण जागरूकता के प्रति दृष्टिकोण का अध्ययन*, पीएचडी, (शिक्षाशास्त्र) मद्रास विश्वविद्यालय, मद्रास।
3. **ची ली और जॉन (1999)** *हांगकांग के परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण शिक्षा को गोद लेने के मामले का अध्ययन।*
4. **ड्यूसार्थ (2000),** *यूरोप में पर्यावरण और पर्यावरण विज्ञान की शिक्षा के नेटवर्क का अध्ययन।*
5. **गोपाल, कृष्णन (1992)** *नीलगिरी, मद्रास और कोयंबटूर स्कूल से चयनित और मानक वी के प्राथमिक स्कूल से चयनित बच्चों पर पर्यावरण शिक्षा की समस्याओं और इसके प्रभाव का अध्ययन।*
6. **गोल्डमैन और सहकर्मी (2003),** *शिक्षक प्रशिक्षण में नए छात्रों का पर्यावरण साक्षरता के व्यवहार का अध्ययन।*
7. **हसन (1984)** *माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का विज्ञान में पर्यावरण शिक्षा का उपयोग करने से भावी जागरूकता का अध्ययन।*
8. **हचिंसन और यूस (2000),** *चीन में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों की पहल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शिक्षक के पर्यावरण ज्ञान का अध्ययन।*
9. **हैक्शाम और अन्य (2000),** *प्राथमिक आयु वर्ग के स्कूली बच्चों के वन्यजीवों ज्ञान का अध्ययन।*
10. **गुर्जर (1993)** *पर्यावरण जागरूकता के प्रति प्रशिक्षुओं की जागरूकता के प्रयास अध्ययन।*
11. **जरीना और अब्दुल, समद (2013)** *सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान के शिक्षकों की पर्यावरण जागरूकता पर पर्यावरण विशेषज्ञों के सर्वेक्षण का अध्ययन।*
12. **जेनी जे, बायंट (1995),** तटीय देशों एवं गैर प्रशान्त तटीय देशों में पर्यावरण शिक्षा की व्याख्या के आधार में अंतर, शोधपत्र *मेलबर्न विश्वविद्यालय मेलबर्न, आस्ट्रेलिया।*
13. **जुन किंन और अन्य (2012),** *दक्षिणी चीन में इन्फलुएजा पर वायुमण्डलीय स्थितियों के प्रभावों का अध्ययन।*
14. **सी.एन. सुनीता, (2001)** *ए स्टडी ऑन डेवेलपिंग सप्लीमेंटरी करीकुलम प्रोग्राम ऑन इनवायरमेंटल एजूकेशन फार हायर प्राइमरी स्कूल*, पीएचडी, (शिक्षाशास्त्र) बम्बई विश्वविद्यालय, बम्बई।

15. **सिंहवाल (1991)** *ग्रामीण विद्यालयों में छात्रों का पर्यावरण प्रदूषण के प्रति मन:स्थिति का अध्ययन।*
16. **शर्मा, एम.के (2010)** एक सर्वेक्षण- सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों पर आधारित पर्यावरणीय शिक्षा के तत्वों का एक सर्वेक्षण, *एनसीईआरटी, जर्नल ऑफ एनसीईआरटी,* नई दिल्ली।
17. **शर्मा, रामकरण (2016),** सेवापूर्व तथा सेवारत माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के बीच पर्यावरणीय शिक्षा के पर्यावरणीय जागरूकता, पर्यावरणीय अभिवृत्ति तथा पर्यावरणीय ज्ञान का अध्ययन, *त्रैमासिक पत्रिका, जनवरी-मार्च अंक, जयपुर,* रिसर्च एनालिसिस।
18. **शहनवाज, एन., (1990),** एनवायरमेन्टल अवेयरनेस एण्ड एनवायरमेन्टल एटीट्यूड ऑफ सैकण्डरी एण्ड हायर सैकण्डरी स्कूल टीचर्स एण्ड स्टूडेन्ट्स। *फिफ्थ सर्वे ऑफ एजूकेशनल रिसर्च,*Vol.-II, नई दिल्ली: एन.सी.ई.आर.टी।

तालिका 1 - शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण कार्यान्वितता से सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, प्रमाप विचलन एवं टी-मूल्य

क्षेत्र	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतन्त्रता अंश	टी-मूल्य	सार्थकता
शहरी	50	61.017	3.20	98	11.21	सार्थक**
ग्रामीण	50	51.833	5.24			

**.01स्तर पर सार्थक

तालिका 2 - ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्यान्वितता से सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, प्रमाप विचलन एवं टी-मूल्य

शिक्षक	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतन्त्रता अंश	टी-मूल्य	सार्थकता
शिक्षक	25	54.341	7.10	48	4.76	सार्थक**
शिक्षिका	25	48.306	4.73			

**.01 स्तर पर सार्थक

तालिका 3 - शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में पर्यावरण कार्यान्वितता से सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, प्रमाप विचलन एवं टी-मूल्य

शिक्षक	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतन्त्रता अंश	टी-मूल्य	सार्थकता
शिक्षक	25	61.017	3.20	48	15.47	सार्थक**
शिक्षिका	25	47.041	4.55			

**.01 स्तर पर सार्थक

****

बारामासी फाग की विलुप्त परम्परा

धनीराम अहिरवार *

प्रस्तावना – बारह मासी गीतों में विरहणी नायिका को प्रमुख पात्र बनाकर जिसके प्रिय प्रवासी हैं उनके बिरह और मिलन की अभिव्यक्ति होती है। गीतों में बारह महीनों के क्रमवार वर्णन से इन्हें ऋतुगीत के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है।

बारामासी एक ऐसी विशिष्ट विधा है, जिसमें विरहिणी अपने प्रिय को कभी नहीं भुला पाती। प्रत्येक महीने में ऋतुओं की विशेषता के साथ-साथ ही उनकी विरहिणी पर होने वाली प्रतिक्रिया भी प्रकट हो जाती है। बारहमासे में प्रकृति के चित्रण में नायिका की विरह वेदना के वर्णन को देखने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि साहित्य में बिरह वेदना की देन बारहमासे से ही मिली है। इन गीतों में विरह रूपी कसक तो जैसे लोक का पर्याय बन गई है।

हमारे पिया बदरिया हो गये, बरसे ने एकऊ बेर ....
पूस रजाई भराऊती रे, एक गदेला ख्वार,
एक पलंग पै पौड़ती, फिर उड़ती यार बहार ....
माव मीड़ा हो रहे रे, मान महत्तम लीन,
वे कुब्जा के बस परे, मोय बिरहा ने दुख दीन,
चैत चितरका घाम परे, मोय छिन-छिन लगत प्यास,
मन मोरो अब जा कहें, उड़ चलो पिया के पास।
असड़े अंग आगी लगे रे, जर गये सकल शरीर।
प्रेम बूंद बरसे नहीं, अब जियरा धरे ने धीर।
साहुन सखियॉ ऊपजे रे, पिया मिलन की आस,
पिया मिलाये ने मिलें, जर भयो करेजा राख।
भादों रात भियांयदी रे, निश इंदियारी रात।
मन मोरो जब जा कहे, कब सुनूं पिया की बात।
अगन अंग फरकन लगे रे, मोय सतावै पीर।
पिया खबर लियो मोरी, अब जीरा धरे ने धीर।
हमारे पिया बदरिया हो गये ....

अर्थ : मेरे पति कृष्ण उस बदली के जैसे हो गये जो आसमान पर छाती तो है लेकिन बरसती नहीं। इसी तरह से कृष्ण के आने पर मैंने सोचा था कि शीत से बचने के लिए मैं रजाई-गद्दा में रूई भरवा लेती और तब ठंड से बचना हो जाता लेकिन जब वे नहीं आये तो मैं क्या करती। माघ का महीना आ गया यह बड़े महत्व का महीना होता है, लेकिन वे तो कुब्जा के साथ रह रहे हैं और मुझे विरहाग्नि में जला रहे है।

चैत्र के महीने में तो ग्रीष्म की अधिकता होती है, अत्यधिक गर्मी के कारण मुझे बार-बार प्यास लगती। मेरा गला सूख रहा था, उस समय ऐसा मन करता कि अब तो मैं उनके पास ही चली जाऊॅ ....। असाढ़ मास में तो विरह की अधिकता से मेरा समूचा शरीर ही जल रहा था। मैं अधैर्य हो रही थी लेकिन वे नहीं आये। श्रावण तो मिलन की आस लेकर आया लेकिन जब वे नहीं आये तो मेरा हृद्य जलकर खाक हो गया। भाद्रमास की अंधेरी काली रातें बड़ी भयावनी लगती हैं उस समय मेरा मन हर घड़ी यही सोचता कि मैं कब उनसे बात कर लूॅ ....। अगहन मास में मेरे बायें अंग फडकते थे तो मुझे ऐसा लगता था कि यह उनसे मिलन का संकेत है मुझे विरह की पीड़ा सता रही थी। हे प्रिय, अब तो आकर मेरी सुधि लो, मेरा मन बड़ा आतुर हो रहा है।

श्याम बिन कौन हरे जा हो पीर ....
असढ़ा रे धन गरजन लागे, साहुन गैर गम्भीर।
चहुॅ दिस बरसत मेव, क्वांर मास बरसा भई थोरी।
कातक मच गई कीच, अरे अगन मास हर पाती भेजी,
और लिख पठाये संदेश, पूष मास में जाड़े परत हैं।
माव में तपत शरीर, ...
अरे फागुन मास में होली मनायी, कौना पै डारों अबीर,
अरे भजले रामा कौना पै डारों अबीर,
चैत मास फूलन की वर्षा, वेशाखें भई धूर,
अरे सूरश्याम जा कानो वरनों, जेठ मिलत रगवीर,
श्याम बिन कौन हरे जा पीर ....

अर्थ : कृष्ण के बिना यह पीड़ा कोई दूर नहीं कर सकता। असाढ़ मास में बादलों की गर्जना शुरू हुई, श्रावण में तीव्र वर्षा हो रही है। क्वांर में वर्षा थोड़ी हुई, कार्तिक में कीचड़ व्याप्त है। अगहन में कृष्ण ने पत्र भेजा। पूष के महीने में ठंड पड़ने लगी। माघ में कुछ तपन व्याप्त थी। फाल्गुन का रंग रंगीला महीना आ गया, लेकिन आपके (कृष्ण के) न होने से रंग अबीर किस पर डाला जाये? चैत्र में फूलों की अधिकता होती है, वैशाख में गर्मी तथा धूल होती है। सूरदास कहते है कि मैं कहॉ तक वर्णन करूं, ज्येष्ठ मास में कृष्ण आये सबके मन तृप्त हो गये।

छंदयाऊ फाग (बारामासी)

दोहा : जबसें हरि मथुरा गये, तजकें हमसें हेत।
तबसें देखों बदन में, मदन मरोरे देत।

टेक : दै रऔ मदन मरोरे भारी, आये न गिरधारी।

छंद : आये गिरधारी न आली, उन बिन सेज डरी है खाली।
बिरहा बान जेठ में पाली, मुझपै आकें।
अपनो जौ दुख कीसें कावै, सबरी राते जागत जावै।
बैरन छिनभर नींद न आवै, गई मुरझाकें।।

उड़ान : मुरझानी अति माननी, तन की दशा बिसारी।
अव लग आओ असाढ़ बा सजनी, उठी घटा नमकारी।।

* शोधार्थी, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

टेक : सावन में भवभावन मोपै, ऐसी बिछरन डारी।
छंद : मोरी जा हैं बारी बैस, जायें कैसे सहो कलेश।
टापुन छाये सौत के देश, न खबर लई।
भादों जल बरसे गंभीर, मोरे उठे करेजे पीर।
थर थर कांपें मोर शरीर, सुध बुध भूल गई।।
उड़ान : सुध बुध भूली है सखी, बिरहा बान की मारी।
कुआंर अबाई जान श्याम की, भौत निहारी।
टेक : कार्तिक में सब ग्वाल बाल जुर घर-घर नचत दिवारी।
छंद : घर घर नाचें ब्रज के वासी, बाजें ढोल ढाल चौरासी।
मेरे मन में छाई उदासी, ना कुछ भाये।
ऐसो लगत आगन की ऐरी, तन में हूक उठत है मेरी।
मैं हो बिना श्याम की चेरी, हरि ना आये।
उड़ान : हरि न आये हैं सखी, कोटि जतन कर हारी।
किये पठाऊ को जाय द्वारकें, पूस भओ अनजारी।।
टेक : जो कोऊ लाल माघ में हमखां, देतो लाय मिला री।
छंद : अपनो दुख-सुख उनमें काती, मोरे जी की तपन बुझाती।
जब कऊ होरी फाग सुहाती, फागुन मइयां।
करती चित्र चैत में चैन सजती, सिंगारन से ऐंन।
लेती पूज पुतरिया बैन, बरकी छइयां।
उड़ान : बटकी छइयां पूजती, सखीं पुतरियां लारी।
बैसायक अक्ती खां पाकें, लेती नाम लिवारी।
माधौसिंह बनाकें गावैं, बारामासी प्यारी।।

कृष्ण प्रवासी हो गये, उनके वियोग में राधा एवं उनकी सखियां व्याकुल हैं। आगमन की प्रतीक्षा करती हैं। पूरासाल उनका किस तरह से बीता। उक्त बारामासी फाग में उसी का वर्णन है।

अरी सखी! कृष्ण नहीं आये, मेरी सेज सूनी है। मैं उनकी प्रतीक्षा करती रही। ज्येष्ठ मास में विरहाग्नि और बढ़ गई, मैं अपना दुख किससे कहूं। अरी सखी! मुझे तो जागते ही रात व्यतीत करनी पड़ती है। मुझे एक पल के लिए भी नींद नही आती, मुझे अपने शरीर का ही होश नहीं रहता। असाढ़ मास में घटायें चहुंओर से घिर आयीं।

सावन जो कि सबके मन को अच्छा लगता है, मेरे लिए तो सूना ही लगा। वे तो सौत कुब्जा के साथ रहते हैं। मैं अभी अवयस्क हूं, उन्होंने जाकर मेरी खबर तक नहीं ली।

भाद्रपक्ष में जल की अधिकता रही, मेरे हृदय में पीड़ा उठती रही लेकिन वे नहीं आये।

मैं उनके विरह में कांपती रही, मुझे अपना जरा भी होश नहीं रहा। क्वांर में उनके आगमन का सुना, उनका रास्ता देखती रही लेकिन वे नहीं आये। कार्तिक में उनके ग्वाल-बाल सखा दिवारीं गा-गाकर नृत्य करते हैं। मधुर वाद्य बज रहे हैं लेकिन उनके विरह में मुझे सूनापन ही लगता है। अरी सखी! मैं किसे द्वारिका भेजूं जो जाकर मेरी मन:स्थिति उन्हें बता देता। मैंने तो उनके आने के लिए भांति-भांति के प्रयत्न कर लिये। यदि वे आ जाते तो उन्हें अपना दु:ख सुना देती, शायद अपने मन की जलन कुछ कम हो जाती लेकिन माघ भी सूना ही रहा। अब फाल्गुन आ गया, उनके बिना यह होली मुझे तनिक भी अच्छी नहीं लग रही। हर घर में रंग अबीर की बहार है लेकिन मेरे मन में तो सूनापन ही है। यदि वे चैत्र में आ जाते तो मैं अपना श्रृंगार करती तथा पुतलियों का पूजन कर लेती। वट वृक्ष के तले पूजन करती, उन्हें अपना दुखड़ा सुना लेती। वैसाख में अक्ती का त्यौहार आता है।

माधव सिंह जी ने पूरे वर्ष की बारामासी में राधा का विरह वर्णन कह दिया लेकिन राधा के श्याम नहीं आये।
गये कातक में कृष्ण बजा बाँसुरी, एक दु:ख एक हांसरी,
मईना अगन आयो आली, देखो आये ने वनमाली।
प्रीतम प्रीत की रीत न पाली, अब तो आन लागो सखी पूष मास री ......
सरदी दिन दूनी दरसाती, पी बिन थर-थर कॉपें छाती।
ऊधो ल्याये जोग की पाती, उन सौतन नें लये श्याम फांस री ....
अब जो आओ माव महीना, ब्रज वालों कों मुस्कल जीना।
ब्रज खों तज कुब्जा खों चीना, इतै गैयॉ लौ चरती न घास री,
फागुन में ब्रजभान किशोरी, पिय बिन कैसे खेलें होरी,
नई आये हरि चैत लगोरी, सखी फूल रहे फूॅल जे पलास री,
आओ है वैसाख सखीरी, हिरदें विरह दमार लगी री।
सौतन के सोचों भई पीरी, जेठ मईना में लेत हों उसांस री।
असढ़ा उठी घटा घनघोरें, वन में नाच रहीं जे मोरें।
नदिया नारे लेत हिलोरें, गुइयाँ सैयां के हिये बीच मांस री।
सावन रिमझिम बूंदें बरसें, श्याम दरसन खौं नैना तरसें।
आली कांकड़ जाउँ घर सें, बैरी फूल रओ भदैयाँ जो कॉस री।
आली क्वारै साल विलानी, अब लो आये ने सैलानी,
रातें परी-परी बर्रानी, लौड़ मईना में होय पूरी आस री ....
इतने मे मनमोहन आये, ब्रज वासिन के दु:ख मिटाये,
नित नऊ बाँके रास रचाये, दास कहें मिटी बृज की जा प्यासी री,

अर्थ : कृष्ण कार्तिक के महीने में बॉसुरी बजाकर गये, हे सखी उनके जाने पर एक तरफ दु:ख होता तो एक तरफ हंसी आती है। कार्तिक से अगहन आ गया लेकिन कृष्ण अभी तक नहीं आये उन्होंने हमारे प्रेम को नहीं पहचाना और अब तो पूष मास भी आ गया। इस समय शीत व्याप्त होने लगी है। मेरे प्रिय के न होने से मैं शीत में कॉप रही थी। उसी समय उद्धव जी योग के लिए पत्र ले आये। कुब्जा रूपी सौत ने कृष्ण को फसा लिया है।

अब माघ का महीना आ गया इस मास में ब्रजवासियों का जीना दूभर हो रहा है क्योंकि कृष्ण नहीं हैं उन्होंने ब्रज को छोड़कर कुब्जा को अपना लिया है। माघ से फाल्गुन आ गया यह रंग अबीर का पर्व है । फाल्गुन में वृषभान सुता आपके न होने से होली का त्यौहार कैसे मनावेंगी?

अब तो चैत्र का महीना भी लग गया और कृष्ण नहीं आये......! चैत्र में पलास फूल रहे है। कुछ समय बीतने पर वैशाख भी आ गया इस समय बिरह रूपी अग्नि बिरहीजनों को व्याप्त हो रही है उस पर कुब्जा सौत उसके कारण में दयनीय स्थिति में पहुँच गई हूँ। ज्येष्ठ के महीने में उसांसे ले रही हूँ। असाढ़ के महीने में घटायें छाने लगीं, वन में मोर नाच रहा है, बर्षा के कारण नदी नालों में पानी बढ़ गया है। हे सखी मेरे मन में एक गाँठ सी पड़ गई है। श्रावण में पानी बरसने लगा, कृष्ण की एक झलक के लिए मेरी ऑखे तरस गई। हे सखी, मैं घर से निकलकर कहाँ जाउँ? इस समय कॉस फूल रहे हैं। क्वाँर का महीना भी लग गया, कृष्ण नहीं आये वे मुझे रात्री में स्वप्न में दिखे थे। लौड़ का महीना (अधिकमास) लग गया और इस माह में मेरी आस पूरी हो गई।

कृष्ण आ गये सबे मन उनके आने पर प्रसन्न थे। उन्होंने आकर बृजवासियों के दु:ख दूर कर दिये। कृष्ण ने आकर रोज नये-नये रास रचाना शुरू कर दिये। कृष्ण से मिलकर बृजवासियों की प्सास बुझ गई सब तृप्त हो गये।

वर्तमान में बुन्देली बारामासी फाग की लुप्त परम्परा हो रही है। इनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु इनकी प्रस्तुतियां एवं बारामासी फागों का प्रकाशन

अत्यावश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बुन्देलखण्डी लोकगीत : शिवसहाय चतुर्वेदी
2. बुन्देली संस्कृति और साहित्य- डॉ. नर्मदा प्रसाद गुप्त
3. बुन्देली लोक काव्य भाग 1 - डॉ. बलभद्र तिवारी
4. बुन्देली फाग परम्परा, डॉ. ओ.पी. चौबे
5. बुन्देली का फाग साहित्य, श्याम सुन्दर बादल, म.प्र. लोककला अकादमी, आदिवासी परिषद् भोपाल
6. फाग साहित्य, कपितल तिवारी, आदिवासी लोककला अकादमी, म.प्र. संस्कृति परिषद भोपाल

****

भारतीय ग्रामीण समाज पर विज्ञान एवं प्रौधोगिकी का प्रभाव (डबरा तहसील के विशेष संदर्भ में)

करन सिंह *

शोध सारांश - शोधपत्र के शीर्षक के विवरण से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण समाज जहां परम्परा, अंधविश्वास, प्रथाओं पर आधारित था जिसमें सामाजिक, जातीय व आर्थिक स्तरीकरण के साथ,कृषि-पशुपालन प्रमुख व्यवसाय था वह अब विज्ञान एवं प्रौधोगिकी से परिवर्तित हो रहा है यातायात-संचार के साधनों से सम्पूर्ण विश्व एक गॉव लग रहा है। ग्रामीण समाज में अंधविश्वास की कमी के साथ कुप्रथाओं व अन्य सामाजिक बुराइओं का अन्त होता जा रहा है, शिक्षा, स्वास्थ्य, उत्पादन में वृद्धि के साथ गॉवो में भी शहरों जैसी सुविधाऐं विज्ञान एवं प्रौधोगिकी से उपलब्ध होने के साथ-साथ सामाजिक सम्बन्धों में दूरी बढ़ने लगी है जो प्रमुखत: सामाजिक परिवर्तन या रूपान्तरण के रूप देखा जा रहा है जो कहीं न कहीं ग्रामीण समाज पर विज्ञान एवं प्रौधोगिकी का ही प्रभाव है।

कुॅजी शब्द -ग्रामीण समाज, जजमानी व्यवस्था, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अस्पृश्यता, इंटरनेट, गतिशिलता, सामाजिक परिवर्तन।

प्रस्तावना - भारत ग्राम प्रधान देश है यहां के अधिकांश लोग गाँव में निवास करते है। भारतीय ग्रामीण समाज परम्परा प्रधान व जातीय संस्तरण पर आधारित है जिसमें प्रत्येक जाति अपने रीति-रिवाज एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्ध है। यहां के ग्रामीण समाज की प्रमुख विशेषताओं में कृषि-पशुपालन, धर्म,-परम्परा प्रधानता, ऊॅच-नीच का संस्तरण, अर्न्तजातिय विवाह, खान-पान प्रतिबंध इत्यादि प्रमुख रहीं है।[1] वही आधुनिकता के दौर में विज्ञान व प्रौधोगिकी ने सम्पूर्ण समाज को गतिशील बनाया है।

विज्ञान एवं प्रौधौगिकी दोनो ही एक-दूसरे से अर्न्तसबंधित है। संक्षेप में विज्ञान प्रकृति के क्रमबद्ध ज्ञान को कहते है अर्थात् तार्किक ज्ञान। विज्ञान वह व्यवस्थित ज्ञान या विद्या है जो विचार, अवलोकन, अध्ययन और प्रयोग से मिलती है विज्ञान की प्रमुख कसौटी वैज्ञानिक विधि है। वहीं प्रौद्योगिकी से तात्पर्य नवीन उपकरणों मशीनों, तकनीको, शिल्प प्रणालियों का ज्ञान, संशोधन व उपयोग से है।[2] इस प्रकार विज्ञान एवं प्रौयोगिकी नवीन खोजो अविष्कारों, मशीनों, उपकरणों का नवोन्वेष प्रयोग है जो समाज व अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाती है।

'ग्रामीण समाज रूढीवादी व परम्परा प्रधान रहा है और ग्रामीण लोग अपने पुराने रीति-रिवाजो को छोड़ना नहीं चाहते तथा अपना जीवन यापन कृषि - पशुपालन, मजदूरी से करते है। गॉव में जाति व्यवस्था के अन्तर्गत कई जातियॉ उच्च तो कई निम्न श्रेणी की मानी जाती है तथा समाज के अन्दर उसी प्रकार का उनके साथ व्यवहार किया जाता है यहां छूआछूत अस्पृश्यता, ऋणग्रस्तता के प्रमाण देखे जा सकते है। ग्रामीण समाज में आवश्यकतानुसार वस्तुओं सेवाओं का आदान -प्रदान (जजमानी व्यवस्था) आज भी देखा जा सकता है जैसे-फसल कटाई करने पर मजदूरों को मालिकों द्वारा मजदूरी के रूप में पैसा न देकर अनाज या अन्य सेवा उपलब्ध कराना।' जातियों के बीच विभिन्न प्रकार के निषेध पाये जाते है। इन निषेधों से ग्रामीण समाज में जातियों के बीच सामाजिक सम्बन्धों में दूरी बनी रहती है। किन्तु फिर भी गॉव के कई कार्यक्रमो में सभी जातियों की सहभागीता देखी जा सकती है जैसे हाट-बाजार इत्यादि में। किन्तु आज विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों, खोजो, तकनीको, यातायात संचार के साधनो-मोबाइल, फोन, इंटरनेट, ई-मेल, फेक्स इत्यादि प्रौधोगिकी के कारण ग्रामीण समाज पर व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है जिसे हम निम्नलिखित प्रमुख बिन्दुओं से स्पष्ट कर सकते है-

आज विज्ञान एवं प्रौधोगिकी के कारण ग्रामीण समाज में एक ओर नवीन आधुनिक कृषि यत्रों, उपकरणें, खाद्य, बीज, उर्वरकों इत्यादि से कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुई है, गेहूॅ, चावल, दाले, तिलहन व अन्य फसलों के उत्पादन से देश की खाद्यान आपूर्ति के साथ विदेशों में निर्यात से आर्थिक लाभ हो रहा है वही दूसरी ओर कृषि में मशीनों के प्रयोग से ग्रामीण मजदूरों को आवश्यकतानुसार मजदूरी नही मिल पा रही है क्योकि पहले किसी खेत में कई मजदूरों द्वारा कृषि कार्य किया जाता था वहीं आज एक मशीन इस कार्य को थोडे से समय में अच्छे से कर देती है।[3] जैसे-गेहूॅ के खेत की कटाई 20 मजदूर एक दिन में करते थे उसे हार्वेस्टर मशीन 1 घण्टे में कर देती है। इस प्रभाव से ग्रामीण गरीब-मजदूर, खेतिहर लोग रोजगार हेतु बड़े शहरों के कारखानों में मजदूरी के लिये पलायन कर जाते है तथा वहां उन्हें अपने श्रम के अनुसार मजदूरी नहीं मिलती तथा, उनके पलायन से शहरों में जनसंख्या तीव्र गति बढ़ रही है जहॉ उन्हें आवास, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य- स्वच्छता इत्यादि समस्याओं का सामना करना पढ़ता है।

ग्रामीण समाज के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी संस्कृति को अपनाते रहें हैं लेकिन आज विज्ञान और प्रौद्यौगिकी से गॉवों में यातायात एवं संचार के साधनों का तीव्र गति से विकास हुआ है प्रत्येक गॉव मुख्य सड़क मार्गो से जुड़ चुके है जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से गॉवों में अच्छी सड़कों का निर्माण किया गया है जो ग्रामीण लोगो की शहरों तक पहुचा आसान बनाती है। वहीं संचार के साधनों में कम्प्यूटर इंटरनेट, ई-मेल, फेक्स, मोबाइल, फोन, टेलीविजन, समाचार पत्रों की उपलब्धता इत्यादि ने ग्रामीण समाज को गतिशील बनाया है आज गॉव का व्यक्ति भी घर बैठे राज्य, शहर, देश व विश्व में होने वाली घटनाओं

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) शासकीय एम0एल0बी0 उत्कृष्ट महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

की जानकारी प्राप्त कर सकता है कम्प्यूटर, ईटरनेट से शासन प्रशासन की योजनाओं, कार्यकृमों, नीतियों, रोजगार के अवसरों इत्यादि का पता आसानी से कर सकता है।[4] आज गॉव के प्रत्येंक परिवार में मोबाइल फोन अवश्य मिलेगा जो अन्यत्र स्थान पर सम्बन्धिओं से सम्पर्क को आसान बनाते है लेकिन इनके दुरूपयोग से समाज में अराजकता भी तुरन्त फेलती है।

ग्रामीण लोगों में परम्पराओं, रूढीओं, प्रथाओं के प्रति दृढ़ता होती है जिनमें से कई रूढ़यों समाज के कई सदस्यों को प्रभावित भी करती है जैसे-दहेज प्रथा से महिलाओं के सम्मान में कमी आई है, ऐसी कई कुप्रथाऐ है जिनसे समाज प्रभावित रहा है कितु कानून द्धारा इन पर रोक, अधिनियम आदि से इन्हें अवैध घोषित किया गया है और इनका प्रचार-प्रसार संचार के साधनों से ही सम्भव हुआ है इसीलिए गॉवो में वर्तमान में पर्दाप्रथा, बाल-विवाह, सती प्रथा व ऐसी अनेक बुराइयों पर लगाम लगी है। सूचना प्रौधोगिकी से ग्रामीण समाज में जागरूकता आ रही है आज गॉव के लोग आर0टी0आई0 आदि का प्रयोग करने लगें है तथा इससे ग्राम पंचायत में होने वाले विनिर्माण कार्यो पर भी ग्रामीण लोगो का नियंत्रण सम्भव हुआ है गॉव का हर व्यक्ति ग्राम पंचायत द्धारा होने वाले प्रत्येक खर्च को आसानी से देख सकता है जिससे भ्रष्टाचार में कमी आई है।

ग्रामीण समाज जहां धार्मिक कर्मकाण्ड, अन्धविश्वास, जातीय भेद, अस्पृश्यता, पूजा- पाठव ब्राम्हणें की सर्वोच्चता पर आधारित था वहीं वर्तमान में ग्रामीण लोग शिक्षा प्राप्त कर विज्ञान की तर्कपूर्ण बातें करते है तथा अब संवैधानिक प्रावधानों, कानूनों, अधिनियमों आदि के ज्ञान से ग्रामीण लोग भी अस्पृथ्यता को नहीं मानते क्योकि इनको मानने वाले व्यक्ति को अपराधी माना जाता है अब गॉव के लोग कर्मकाण्ड व अन्धविश्वास में कम विश्वास करते है तथा कई धार्मिक कार्यो को पहले ब्राम्हाणें द्धारा सम्पन्न कराया जाता था जैसे - विवाह, नामकरण, लेकिन अब इन कार्यो को कई जातियों में लोग स्वंय ही करने लगे है जिससे ग्रामीण समाज में भी ब्राम्हाणें की सर्वोच्चता घटी है।[5] आज विज्ञान एवं प्रौधोगिकी का युग है जिसमें ग्रामीण समाज भी वैज्ञानिकता को अपनाता जा रहा है। और धर्म का प्रभाव लोगो पर कम होता जा रहा है।

'विज्ञान एवं प्रौधोगिकी के प्रभाव से ग्रामीण समाज में सामाजिक सम्बन्धों में शिथिलिता देखी जा सकती है पहले ग्रामीण समाज में परिवार में मुखिया और गॉवों में पंचों की बात को प्रमुखता से माना जाता था तथा गॉव में चौपालों पर लोग एक साथ बैठकर चर्चा करने के साथ साथ मनोरंजन भी करते थे तथा नियत समय पर एक-दूसरे का सहयोग करते थे। वहीं अब यह स्थिति बदलती नजर आ रही है विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से व्यक्ति में भौतिकतावादी व व्यक्तिवादी प्रवृत्ति का विकास हुआ है जिससे व्यक्ति केवल अपने स्वार्थ में लगा है। संयुक्त परिवार एकांकी परिवार में परिवर्तित हो रहे है, परिवार के मुखिया व पंचो की भूमिका में ह्रास हुआ है। अब गॉवों में घरों में ही कई मनोरंजन के साधन है टेलीविजन मोबाइल इत्यादि में व्यक्ति व्यस्त है वह दूसरों को समय ही नही देना चाहता। मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, इंटरनेट इत्यादि के कारण व्यक्ति सामाजिक सम्बन्धों से दूर होता जा रहा है। वहा केवल जीविकोपार्जन में लगा हुआ है। पहले ग्रामीण समाज की पहचान, प्राथमिक सम्बन्ध थे वे आज द्वितीय सम्बन्धों में बदलते नजर आ रहें है।'

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी विज्ञान एवं प्रौधोगिकी ने नए-नए कीर्तिमान स्थापित किये है पहले ग्रामीण लोगो को कई बीमारियों का सामना करना पढ़ता तथा उन बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर सम्भव नहीं था और गॉवों के लोगो को बड़े शहरों मे इलाज हेतु जाना पढ़ता था जहॉ उन्हें आवास, भोजन की समस्या का सामना करना होता है। किन्तु आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य केन्द्र, पढ़े-लिखे चिकित्सक, टेलीमेडिसीन जैसी, सुविधाओं से ग्रामीण लोगो को अत्यधिक लाभ मिल रहा है तथा विज्ञान एवं प्रौधोगिकी से कई प्रकार के ऊर्जावान उत्पाद, हरित वातावरण, स्वास्थ्यवर्धक यन्त्र इत्यादि से ग्रामीण समाज में स्वच्छता, उचित स्वास्थ्य की सुविधा देखी जा सकती है।

ग्रामीण स्तर पर शिक्षा प्रमुख कारक है जो प्रत्येक व्यक्ति की गतिशीलता को निर्धारित करती है। गॉवो मे पहले की अपेक्षा अब शिक्षा सुविधाऐ ठीक-ठाक है। पर्याप्त संख्या में शिक्षण संस्थाऐ है लेकिन शिक्षकों की कमी से यह आज भी प्रभावित है और शिक्षकों की पूर्ति के लिये केन्द्र-राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत है। वही विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने नित नयें आयामो यथा-ऑनलाइन शिक्षा प्रदाय, किताबें, अध्ययन, पाठ्यक्रम इत्यादि का लाभ अब गॉव के लोग भी घर बैठे टेलीविजन, मोबाइल, इंटरनेट से ले सकते है जैसे-ज्ञानदर्शन कार्यक्रम, यू.जी.सी. के ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली आदि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से ही सम्भव हुआ है।[6]

उपर्युक्त विवरण शोधार्थी द्धारा किये जा रहे शोध 'डबरा तहसील के एक गॉव की सामाजिक व्यवस्था का एक समाजशास्त्री अध्ययन' (छीमक गांव के विशेष सन्दर्भ में) पर आधारित है जिससे स्पष्ट होता है कि ग्रामीण समाज जो परम्परा, रूढ़ीवादी सोच, अंधविश्वास, प्रथाओं पर आधारित था जिसमें जातीय, सामाजिक व आर्थिक स्तरीकरण के साथ कृषि- पशुपालन प्रमुख था वह अब विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से परिवर्तित हो रहा है यातायात-संचार के साधनों से सम्पूर्ण विश्व एक गॉव लग रहा है ग्रामीण समाज में अंधविश्वास की कमी के साथ कुप्रथाओं का अन्त हो रहा है, शिक्षा, स्वास्थ्य, उत्पादन में वृद्धि के साथ गॉवो में भी शहरों जैसी सुविधाऐं उपलब्ध होने लगी है इसलिए तकनीकि का प्रभाव ग्रामीण समाज में स्वत: सिद्ध होता है जिसे हम सामाजिक परिवर्तन के रूप में देख रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह वी.एन.- ग्रामीण समाजशास्त्र
2. सरकारी बुक-'सामान्य अध्ययन-विज्ञान एवं प्रौद्योमिकी'
3. डॉ मदान जी0आर0-'परिवर्तन एवं विकास का समाजशास्त्र'
4. ————————————————
5. मुखर्जी रविन्द्र नाथ-'भारत में सामाजिक परिवर्तन'
6. डॉ मदान जी.आर.-'परिवर्तन एवं विकास का समाजशास्त्र'

****

Financial Restructuring in Banks

Dr. Priyanka Srivastava*

Introduction - The meaning of restructuring commonly mean give new, to rebuilt or rearrange. In financial context restructuring is a board term to denote significant reorientation or realignment of the investment or financial structure of a company through conscious management action with a view to drastically alter the quality and quantity of its future cash flow streams. Through restructuring would include freeing banks of excessive external and internal constrains, in a manner that would enable them to increase the allocate efficiency of resources a downward revision in statutory pre-emption would quality as regulatory reform.

Reason of Restructuring -There are basically six reason why companies are going for restructuring :-

1. The globalisation of business compelled Indian companies and export houses to meet global competition. Many companies to restructure lowest cost producer only can survive in the competition global markets.
2. Change in fiscal and trade policies like deregulation decontrol has led many companies to go for newer market and customer segment.
3. Revaluation in information technology it made is necessary for companies toadopt to new changes in communication/ information technology for improving performance.
4. Many companies have divisional strategy that has led to revamp them selves. Product division which do not fit in to the companies main line of business are being divested.
5. Improved productivity and cost reduction has necessitated drown sizing of the work force, both at work and managerial level.
6. Convertibility of rupee has attracted medium size companies also to operate in the global markets.

Prior to 1991, the banking system was the part of government fiscal operations. The banks formed a captive pool of resources for the government borrowing. Since the govt. was the largest borrower of the economy, they could assume the role of price maker. Govt. paying confessional rates of interest because they happened to figure in one of the govt. many priority lists.

Post 1991 banks in India reform process is complex, it is realized that banking in India never treated as an independent system, but only as a smaller facilitative clog in a large system. Banks were not autonomous profit-seeking entities, but operated to a great or lesser extent, as quasi fiscal mechanism, differing from the budget chiefly in a degree to which the funds employed can be circulate rather than being an out- and -out grant.

Restructuring of banking system has to operate at two level, first need to address macro systematic issue pertaining to factor responsible for ensuring banking soundness. Tracking micro level banks problem form the second level,the problem solved at financial and operational level. Financial restructuring of a bank is mainly aimed at restoring its solvency like capital infusion, reduction of other liabilities, management of assets with a view to increase their value and other instrument aimed at increasing profitability. Capital infusion may take the form of additional capital contribution from the present owner of existing liabilities such as subordinates debt and even deposits in to capital.

The operational restructuring tool may include changes in ownership and management and a drastic reengineering of its operations to cover, among other things, its business strategy product mix and pricing, loan recovery procedure, branch network, staff costs and increased resort to automation and other new technology

Systematic restructuring addresses the environmental issues such as the efficiency of the banking structure, ownership, entry and exit policies, distribution of banking assets, permissible activities etc. The operating environment also include the political, legal and other institutional infrastructure, the structure of quality and efficiency of which have a direct bearing on whether banking efficiency is promoted or hampered.

Upon reviewing the restructuring practices in 18 countries in 1970- 90s. The appropriateness of competing solutionsdepends critically on the correct identification of the causes of unfolding banking difficulties. A decade in to financial sector liberalization has witnessed little concerted efforts at restructuring the Indian Public Sector Banks. Though there has been significant progress in banking regulatory reforms in the period, the slow pace of the restructuring has slowed down the assimilation of the incentive structures inherent in the new regulation.

*Assistant Professor, Armapur P.G. College, Kanpur (U.P.) INDIA

The finding the interesting because they reinforce our conceptual division of regulatory reform versus restructuring. The Indian experience is quite in conformity with their where they find slow progress is directly linked to the instrument mix used. All the slow progress countries made extensive use of central bank instrument, in all of these countries, the central bank was only agency responsible for bank restructuring.

Different countries have opted for different strategies depending on the structure of their banking system. If banking assets are fragmented between different banks, consolidated by merger will achieve economies of scale and also economies on scarce managerial expertise. While healthier banks could be merged, consolidation could also be done by liquidating those that are insolvent. In The United States, thousand of banks and thrift were merged or closed.

In a more concentrated banking system, large insolvent banks could be split, the viable parts sold and rest liquidated. Breaking up of monolithic banking system was adopted in several emerging market economies of Eastern Europe. In Nicaragua, Peru and Tanzania, large problem banks were downsized by placing restrictions on asset growth. In Argentina, Estonia, Latvia and Venezuela, several bigger banks were either closed or merged. Simultaneously, some of the countries permitted entry of new banks including foreign banks.

While there is no unique solution to banking crises that could be prescribed and applied across the board to all countries, there are some common threads that seem to run through all cases of successful restructuring ultimately , each bank needs to be restored to a minimum level of solvency through financial restructuring . Therefore, only longer term operational and systematic restructuring can help them maintain their competitiveness and enable them to ensure sustained profitability. Only comprehensive approach to restructuring can have a lasting effect on the cost, earning and profit of the banks to be restructured.

Reference :-

1. Personal Research.

****

ब्रह्मा सृष्टि की उत्पत्ति (ब्रह्मपुराण के अनुसार)

संध्या दावरे *

प्रस्तावना – शंकराचार्य ने सौन्दर्य लहरी में महाशक्ति से अणु की उत्पत्ति का रूपक लिखा है

'तनी यासं पांसुं तव तरणपऽरुह भवम्।
विरञ्चिः सञ्चिन्वन् विचारयति लोकानविकलम्।।

अर्थात् आकाश रूपिणी अव्यक्त महाशक्ति से अणुओं की वृष्टि हुई। उन अणुओं में से सर्जनात्मक अणुओं को संचित करके संसार की रचना की गई। इसे ब्राह्मी अणु शक्ति कहते है।'

इस तीन अणुशक्ति द्वारा जिसे ब्राह्मी, वैष्णवी और रौद्री अणुशक्ति कहते है, जिनसे संसार की उत्पत्ति हुई है।

वस्तुतः पुराणों मेंइनका उल्लेख किया गया है कि–'वेदों और पुराणों का आविर्भाव काल समान ही है। कवि वेद मंत्रों के द्रष्टा मात्र है, कर्ता नहीं। वेद प्रतिपादित पुराणों के स्मर्ता ब्रह्म देव है।' अर्थात् ब्रह्मा के मुख से पुराणों का ही स्मरण हुआ है–

'पुराणं सर्वशास्त्राणां प्रथमं ब्रह्मणा स्मृतम्।।'

वस्तुतः इस महाशक्ति के तीन रूप है ब्रह्मा उत्पत्ति के कारक है, विष्णु पालनकर्ता और रुद्र याने शिव संहारात्मक शक्ति बने हुए है।

सभी पुराणों मेंब्रह्मपुराण ही आद्यपुराण माना जाता है।

'आद्यं सर्वपुराणां ब्रह्ममुच्यते।।'

ब्रह्मपुराण में ही 'सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति ओर प्रलय के कारणीभूत अजर अमर नित्य परब्रह्म विष्णु ही है।

'अव्यक्ताव्यक्तभूताय विष्णवे मुक्तिहे तवे।
सर्ग स्थिति विनाशाय जग तो योऽजरामरः।।'

इसीलिए पुराणकर्ताओं ने ब्रह्म, विष्णु और शिव तीनों का एक ही महाशक्ति एक रूप ही माना है।

इसलिए लोमहर्षण ऋषि कहते है कि–

'हृष्टारं सर्व्वभूतानां नारायणपरायणम्।।'

मुनिश्रेष्ठ! उस ईश्वर को आप सब प्राणियों का सृष्टा तथा नारायणाश्रित अत्यंत तेजस्वी ब्रह्मा समझिये।

सृष्टि की उत्पत्ति में महत्–तत्त्व से अहंकार उत्पन्न हुआ। अहंकार से पंचमहाभूत और उनसे अनेक भेद उत्पन्न हुए। यही सनातन सृष्टि है।

'अहङ्कारस्तु महतस्त्माद्भूतानि जज्ञिरे।
भूतभेदाश्य भूतेभ्य इति सर्गः सनातन।'

स्वयंभू भगवान् ने अनेक प्रजाओं को उत्पन्न करने की इच्छा रखकर पहले जल की सृष्ट की। उस में बीज डाला। जल में सोये हुए परम पुरुष की नाभि से एक सुवर्णमय अण्डा उत्पन्न हुआ।

'अयनं तस्य ताः पूर्व्व तेन नारायण स्मृतः।
त्र हिरण्यवर्णमभवत्तदण्डमुदकेशयम्।।'

उससे स्वयंभू ब्रह्मा उत्पन्न हुए। हरिण्यगर्भ भगवान् ने वर्षो तक वास करके उस अण्डे को स्वर्ग और पृथ्वी इन दो टुकड़ो में विभक्त कर दिया।

'हिरण्यवर्णो भगवानुषित्वा परिवत्सरम्।।
तदण्डमकरोद् द्वैधं दिवं भुवमथापित च।
तयोः शकलयोर्म्मध्यं आकाशमकरोत्प्रभुः।।'

इस स्वयंभू अण्डे से ब्रह्मा उत्पन्न हुए। हिरण्यगर्भ भगवान् ने वर्षो तक वास करके उस अण्डे को स्वर्ग और पृथ्वी इन दो टुकड़ों में विभक्त कर दिया।

फिर जल में डुबी हुई पृथिवी तथा दसों दिशाओं को धारण किया। तदनन्तर काल, मन, वाणी, काम, क्रोध और रति की रचना की। फिर सात प्रजापतियों की सृष्टि की जिसमें मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्य, पुलह, क्रतु और वशिष्ट जैसे महान तेजस्वी मानस पुत्रों को जन्म दिया।

'ततोऽसृजत् पुरा ब्रह्मा रुद्रं रोषात्मसम्भवम्।।'

इन सातों प्रजापतियों ने पहले ब्रह्मा के क्रोध से रुद्र को उत्पन्न किया। फिर सनत् कुमार को उत्पन्न किया। तब क्रियाशील प्रजावान और महर्षियों से अलंकृत हुए है।

बाद में बिजली, वज्र, लाल इन्द्र धनुष, जल और मेघ रखकर यज्ञसिद्धि के लिए ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद का ब्रह्मा ने निर्माण किया।

'सृज्यमानाः प्रजा नैव विवर्द्धन्ते यदा तदा।
द्विजा कृत्वात्मनो देहमद्धेन पुरुषोऽभवत्।।
अद्धेन नारी तस्यां तु सोऽसृजद्विविध प्रजाः।।'

फिर भी सर्जन की जानेवाली प्रजा जब तक नहीं बढ़ी। तब ब्रह्मा ने अपने देह के दो भाग किये। आधे भाग से पुरुष बना और आधे भाग से स्त्री बनी।

'दिवञ्च पृथिवी चैव महिम्ना व्याप्य तिष्ठति।
विराजमसृजविष्णुः सोऽसृजत् पुरुषं विराट्।।'

अपनी महिमा से स्वर्ग और पृथ्वी को व्याप्त करके वे स्थित है। विष्णु ने विराट् की सृष्टि की। विराट् ने पुरुष को उत्पन्न किया। जिसे मनु माना गया। इस प्रकार विराट् से उत्पन्न शक्ति शाली पुरुष ने प्रजा की सृष्टि की। इसी स्वायंभू मनु ने प्रजा उत्पत्ति का कार्य आगे बढ़ा।

तत्पश्चात् 'आपव' नाम प्रजापति ने अयोनिज कन्या शतरूपा को अपने पत्नी बनाया, जिसने घोर तपस्या कर अपने तेजस्वी पति को प्राप्त किया। यही पुरुष स्वायंभुव मनु हुआ। फिर स्वयंभुव मनु और शतरूपा ने पीढ़ी दर पीढ़ी प्रजा की सृष्टि की।

दक्ष ने भी प्रजा उत्पन्न की, किन्तु इस मानसी सृष्टि का विस्तार नहीं किया गया। तब धर्मात्मा प्रजापति ने मैथुनिधर्म से इनके प्रकार की प्रजाओं

* शोधार्थी (संस्कृत) अध्ययन शाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

के रचने की इच्छा की।

'स मैथुनेन धर्मोण सिसृ धुर्विविधा: प्रजा:।।'

ब्रह्मपुराण में वशिष्ट ने कहा है कि- ब्रह्मा अपने विकार के कारण अनेक रूप धारण करता है।

अप्रबुद्धथाव्यक्तमिमंगुणनिधिं सदा।
गुणानां धार्मता तत्त्व सृजत्यापिते तथा।।

अजन्मा ब्रह्म के हृदय में क्रीड़ा की इच्छा से विकार उत्पन्न होते है। तब वह अपने को अनेक रूपों में प्रकट करता है।

सुरभि ने गायों और भैसों को उत्पन्न किया। इराने वृक्षों, लताओं और सम्पूर्णतृण जाति को उत्पन्न किया। यक्ष और राक्षसों की एवं मुनि से अप्सरा की उत्पत्ति हुई। महासिद्धा अरिष्ठा ने अत्यंत तेजस्वी गन्धर्वो को उत्पन्न किया।

ब्रह्मा ने सबसे पहले सात महर्षियों की मानसी सृष्टि उत्पन्न की थी। विष्णु को आदित्यों का राजा, अग्नि को वसुओं का, दक्ष को प्रजापतियों का, इन्द्र को मरुतों का, प्रह्लाद को दैत्यों और दानवों का, सूर्य पुत्र यम को पितरो का तथा यक्ष, राक्षस, राजा, संपूर्ण भूत और पिशाचों का स्वामी महादेव जी को बनाया।

पूर्व में जब पृथ्वी उत्पन्न हुई तब वह बहुत उबड़ खाबड़ थी। उनमें गाँवों नगरों का विभाग नहीं था। अन्न, गो-रक्षा, खेती, वाणिज्य, मिथ्या, लोभ, डाह- ये सब नहीं थे।

'यत्र तत्र समं तवस्याभूमेरासीदत्त द्विजा:।
तत्र तत्र प्रजा: सर्न्वा बिवासं समरोचयन्।।

जहाँ जहाँ पृथ्वी समतल थी वहां सर्वत्र बसने लगी।
उस समय जनता परिश्रम और कष्ट से कंद-मूल भोजन प्राप्त करती थी।

ऋषि, देवता, पितर, नाग, दैत्य, राक्षस, गन्धर्व, पहाड़ वृक्ष इन्होंने पहले पहल पृथ्वी को दुहा।

'अत्रिर्वसिष्ठो भगवान् कश्यपस्य महानृषि:।
गौतमोऽथ, भरद्धाजो विश्वामित्र च।।
तथैव पुत्रो भगवानृचीकस्य महात्मन:।
सप्तमो जमदग्निश्च ऋषिय: साम्प्रतं दिवि।।'

अत्रि, वशिष्ठ, भगवान् कश्यप, गौतम भरद्धाज, विश्वामित्र और जमदग्नि ये सब ऋषि स्वर्ग मेंहै।
कश्यप और दक्ष की पुत्री के संयोग से विवस्मान् (सूर्य) उत्पन्न हुआ।
फिर चन्द्रमाकी उत्पत्ति बनाई है।

इसके पश्चात् ब्रह्मपुराण मेंविभिन्न राजवंशों के व्यापक उद्भव की कथा दी है। जिसमें नहुष के पुत्र ययाति, पुरु, वाह्लक का पुत्र सोमदत्त, च्यवन ऋषि, शान्तनु, पितामह भीष्म, कौरव और उनको सौपुत्र, और यदु वंश का वर्णन किया है। और पाण्डवों का जन्म हुआ। वृष्टि वंश का वर्णन किया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1 शंकरा चार्य सौंदर्य लहरी
2 ब्रह्मपुराण सृष्टि उत्पत्ति
3 ब्रह्म. 1.23,24)
4 ब्रह्म. 1.34
5 ब्रह्म. 1.35
6 ब्रह्म. 1.39
7 ब्रह्मा 1.40.41
8 ब्रह्म. 1.45
9 ब्रह्म. 1.51, 52
10 ब्रह्म. 3.4
11 ब्रह्म. 4.94
12 ब्रह्म.5.34-35
13 ब्रह्म. 1.53
14 ब्रह्म. 5.34.35

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

'नीला अम्बर काले बदल' क्हानी संग्रैह् च चित्तरित समाजिक कदरां

शिव कुमार खजूरिया *

प्रस्तावना – मनुक्खी जीवन गी सचारु ढंगै कन्नै चलाने आस्तै किश माप-दन्ड निर्धारित कीते गेदे न ते उंदे अधार उप्पर गै किश अवधारना बनी दियां न, जिनेंगी समाज-शास्त्रियें 'मूल्य' नांऽ दी संज्ञा दित्ती दी ऐ। मूल्य गी डोगरी च कदरां गलाया जंदा ऐ। इस आस्तै अंग्रेजी च 'value' शब्द दा इस्तेमाल कीता जंदा ऐ। इ'नें कदरें गी पीढ़ी-दर-पीढ़ी ते युगें-युगें थमां परखेआ जंदा ऐ। इंदे उप्पर गै अच्छे परिवार ते समाज दी नीह् टिकी दी होंदी ऐ। एह् कदरां मनुक्खी जीवन गी शैल ते सौखा बनाने च मद्दगार साबत होंदियां न। मौजूदा दौर च कदरें दा प्रयोग प्रयोग परिवारिक, समाजिक, आर्थिक ते धार्मिक रुपै च बी होन लगी पेदा ऐ।

समाज दे बगैर कदरें दी कल्पना बी नेईं कीती जाई सकदी। कदरें दा विकास माह्नू दी समाजिक संरचना दे विकास कन्नै बड़ी गैहाई कन्नै जुड़े दा ऐ। कदरें गी जाने-पंछाने बगैर आपसी सरबंधे दा बी कोई म्हत्व नेईं ऐ। हर समाज दा संचालन कदरें ते नियमें कन्नै होंदा ऐ। इ'नें कदरें गी इक माह्नू गी नेईं सारें समाज गी अपनाना पौंदा ऐ। इ'नें कदरें कन्नै माह्नू दा व्यवहार बी प्रभावित होंदा ऐ। बदलदे परिवेश च मनुक्खी कदरें दा विकास होंदा ऐ। जेह्दे च मनुक्खी संरबध विकसित होंदे न, बदथे न ते विपरित परिस्थितियें च माह्नू दा माह्नू कन्नै साथ बनाने च मद्दगार बी साबत होंदे न। समाजिक कदरें दी नरोई झलक नरेन्द्र खजूरिया हुंदे क्हानी संग्रैह् 'नीला अम्बर काले बदल' च बी दिक्खने च लभदी ऐ। एह् संग्रैह् सन् 1967 ई. च प्रकाशित होआ। इस च कुल 15 क्हानियां न। इसगी सन् 1970 ई. च डोगरी दा पैह्ला साहित्य अकादमी पुरस्कार बी थ्होऐ दा ऐ। इस संग्रैह् च समाजिक सरोकार बारै खुल्लियै विचार-विमर्श इस चाल्ली कीता जाई सकदा ऐ:-

इस संग्रैह् दी सारें कोला पैह्ली क्हानी 'कास्तु दा काला तित्तर' इक सशक्त क्हानी ऐ। प्रस्तुत क्हानी च कास्तु दे जीवन च आए दे उतार चढाऽ दा बड़ा गै मार्मक चित्रण कीता गेदा ऐ। ओह् निम्न जाति कन्नै संरबध रखदी ऐ। ओह्दे त्रै व्याह् होंदे न ते त्रैवै घरै-आह्ले मरी जंदे न। खीर ओह्दा इक लौह्ता स्हारा कौडू जागत बी मरी जंदा ऐ। समाज च उसी डैन, जादूगिरनी करियै कुआलेआ जंदा ऐ। ओह्दा दूआ घरै-आह्ला छौंकू चौकीदार उच्च जाति दा होने पर बी उसी अपनांदा ऐ। अपने घरा च बराबर दा दर्जा दिंदा ऐ। क्हानी च आई दियां एह् सतरां दिक्खो:-

''फलै च परचोल पेई गेई- 'छौंकू चौकीदारै कोई प्हाइन दुआल रक्खी लैती ऐ।'

चौकीदारै दी बस इक बुड्डी मां गै ही। कास्तु ने अपने चम्मै कन्नै छौंकू गी ते कम्मै कन्नै ओह्दी माऊ गी मोही लैता।''[1]

पर, चौकीदारै दे मरदे गै ओह् समाज दे शोशन दा शकार होई जंदी ऐ। उसी ग्रांऽ थमां कड्ढी दिता जंदा ऐ।

'सद्दरो दाई'[2] क्हानी च सद्दरो दा अपना कोई बच्चा नेईं ऐ। ओह् निम्न जाति दी ऐ। ओह्दे म्हल्ले च गै इक उच्च जाति दी मां-म्टेहर कुड़ी रुला करदी ऐ। उस कुड़ी गी रुलदे दिक्खियै सद्दरो दी ममता जागी पौंदी ऐ। पैह्लें ते ओह् कुड़ी दे घरै-आह्लें गी पुच्छदी ऐ। पर, ओह् नेईं मनदे। सद्दरो किश दिनें बाद कुड़ी गी चुक्कियै गुमनाम थाँहे उप्पर लेई जंदी ऐ। कुड़ी दे घरै आह्लें गी बड़ी बेसती ते नमोशी मसूस होंदी ऐ। ओह् अपने रिश्तेदारें कन्नै रलियै कुड़ी गी तुप्पने दी हर मुम्कल कोशिश करदे न। घरै आह्लें गी कुड़ी कोला बी मती फिकर इस गल्लै दी होंदी ऐ जे इक निम्न जाति दी जनानी उंदी कुड़ी दी पालमा कीऽ करै ? इस गल्लै करी समाज च उंदी हास्सो-हानी होई सकदी ऐ। खीर पुलस चार साल बाद सद्दरो गी तुप्पी लैंदी ऐ। इस हरकत करी सद्दरो दी समाज च बड़ी बेसती होंदी ऐ। उसी भांत-सभांती दियां गल्लां बी सुनने पौंदियां न। पर, ओह् घाबरदी नेईं। कीजे उन्नै कुड़ी गी अपनी ममता दा निग्घ देइयै उसी नमां जीवन देने दा जतन कीते दा ऐ।

'सच जड़ा त्रामें दे पटे पर नेईं लखोआ' नरैनदत्ता दी मां राजे-म्हाराजे दे कुल परोह्त ते ब्राह्मण परिवार कन्नै सरबंध रखदी ऐ। उसह अपने पुत्तरै दे व्याह् दा बड़ा चाह् होंदा ऐ। पर, ओह्दा इक्को-इक्क पुत्तार नरैनदत्ता ग्रांऽ दी गै इक नीच जाति दी बिधवा जनानी गी ब्याइयै लेई औंदा ऐ। ओह् द'ऊं जागतें दी मां बी ऐ। पुत्तर नशेड़ी होंदा ऐ इसकरी उसी कोई फर्क नेईं पौंदा पर, ओह्दी मां दियें मेंदें ते ख्वाइशें गी मारना पौंदा ऐ। उसी समाज दियें गल्लें ते हासो-हानी दा बी शिकर होना पौंदा ऐ। क्हानी च मां-पुत्तरै दे एह् संवाद दिक्खो:-

'मिगी पता ऐ ओह्दे घर औंने करी लोक असेंगी सुखी नेईं बस्सन देन लगे। कुशवा भाईचारा असेंगी छेकी गै उड़ना। हुन जे किश झुल्लग झल्ली लैगे। आंऊ ते छड़ा जीन्दा रौह्ना चाह्ना। ओह् भलीमानस नेईं कबत्ती ऐ। जाति दी होली ऐ। कुच्छड़-कंनाडै पता निं कोदे जागत ञयाने बी ऐ न। वो फ्ही बी इक जनानी ऐ। इस कुल्लै दीया ते बलग। चुल्ली अग्ग नेईं सेई धूं-धुआखड़ ते पौग।'[3]

नरैनदत्तै दे नीच जाति च ब्याह् करने करी ओह्दी मां दियां ताह्गां मरी जंदियां न। ओह् जींदे होंदे होई बी इक लाश-जन बनियै रेही जंदी ऐ।

'इक सम्हाल' क्हानी च नानी ने ग्रांऽ दे गै इक मां-म्टेहर ते निम्न-जाति दे जागतै गी घरै च कम्मै काजै आस्तै रक्खे दा होंदा ऐ। नानी च इन्नी हिम्मत नेईं जे ओह् समाजी बंदिशे ते बरादरी गी दरकनार करियै उस जागतै गी परिवार दा हिस्सा बनाई लै। लोकें दी गल्लें ते तान्ने-म्हीने कोला बचने आस्तै ओह् रोज-मर्रा दे निक्के-मुट्टे कम्म करोआई लैंदी ऐ। नानी घरै दे जीबें ते समाज सामनै उस जागतै कन्नै बखले आह्ला बरताऽ करदी ऐ। पर, अंदरै दा ओह्दा मन साफ ऐ। जिसलै जागतै दी पिट्ठ उप्पर फौड़ा निकलदा ऐ तां

* शोधकर्ता (डोगरी विभाग) जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू, भारत

नानी समाजी लोकाचार भुल्लियै उस जागतै दी कारी च लग्गी जंदी ऐ। ओह् इंसानियत गी जात-पात कोला मता म्हत्ब दिंदी ऐ। क्हानी च आई दियां एह् सतरां नानी दी समाजी कदरें उप्पर लोऽ पाने आह्लियां न:-

'सामनै नानी उस्सै म्हाशे जागतै दी पिट्ठी उप्पर टकोर करै दी ही। निक्की-निक्की छोत-भिट बुज्झने आह्ली ते असेंगी उस जागतै थमां छोने लेई ठाकने आह्ली नानी, किन्ने हिरखै कन्नै गोदी च पाइयै उस मां-म्टेहर जागतै गी टकोर करै दी ही।'[4]

निशकर्श दे तौर पर गलाया जाई सकदा ऐ जे समाज दी बंड जाति ते धर्म दे अधार पर कीती गेदी ऐ। प्रस्तुत क्हानी संग्रैह् च बी जाति दे अधार उप्पर कदरां बनदियां ते त्रुटदियां लभदियां न। उच्च जाति दे लोक निम्न जाति दे लोकें गी शरीरिक ते मानसिक तौरा पर प्रताड़ित करदे न। उं'दा शोशन करदे न। किश क्हानियें च घरै दे बच्चें हौली जाति च व्याह् करी लैंदे न जिं'दे कारण घरै दे जीवें दी मानसिक ते समाजिक प्रतिश्ठा गी ठेह् पुजदी ऐ। पर, किश क्हानियें च जातिगत तौर पर एह् कदरां बनदियां बी लभदियां न। उच्च जाति दे किश लोक निम्न जाति दे लोकें गी अपनांदे बी लभदे न। उंदे कन्नै अपने घरै दे जीवे आह्ला बरताऽ करदे नजरी औंदे न। इंने क्हानियें च घरै दे बड्डे कुसै बी जाति दे होन ओह् बच्चें गी अपनें बच्चें आंगर गै हिरख ते लाड लांदे नजरी औंदे न। सुख-दुख ते विपता दी घड़ी च इक-दुए दा साथ दिंदे लभदे न।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नीला अम्बर काले बद्दल, नरेन्द्र खजूरिया, सफा-116
2. नीला अम्बर काले बद्दल, नरेन्द्र खजूरिया
3. उऐ, सफा-90
4. उऐ, सफा-51

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

राजा मंडलीक दी वार च नारी जीवन दी अभिव्यक्ति

डॉ. प्रीति रचना *

प्रस्तावना – मां, भैन, पत्नी, धीऽ ते पता नेईं किन्ने गै रूप धारण करने आह्ली मूरत कलजुग च नारी नांऽ कन्नै जानी जंदी ऐ। नारी प्राचीन काल थमां गै इस धरती पर केईं अवतार लेइयै जनम लैंदी रेही ऐ। एह् नारी कदें इक मां दे रूपै च लोआदी दी पालमा करदी ऐ ते कदें इक भैन बनियै अपने भ्राऊ दे हत्थै पर रक्षा–सूत्तार बनदी ऐ। कदें पुरश दा अद्धा अंग बनियै ओह्दी अर्धांगिनी खोआंदी ऐ ते कदें इक धीऽ बनियै प्योऽ दा नांऽ रोशन करदी ऐ। भारतीय संस्कृति च नारी गी लक्ष्मी, अन्नपूर्णा नांएं कन्नै सम्मानित कीता गेदा ऐ ते पूजनयोग मन्ने दा ऐ। शायद तां गै उस्सी शक्ति बी गलाया गेदा ऐ। वैदिक युग च नारी दी स्थिति बी चंगी ही, इस्सी करी गलाया गेदा ऐ–

'यत्र नार्यस्तु पूजन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जित्थै नारी दी पूजा होंदी ऐ उत्थै देवता वास करदे न। पर, वैदिक युग दे बाद नारी दी म्हत्ता छटी गेई ते ओह्दी स्थिति बी चंगी नेईं रेई। समें दे कन्नै–कन्नै नारी गी केईं दुख थ्होए। पैह्लें सती प्रथा फ्ही पर्दा प्रभा ते फ्ही बाल–ब्याह् ते ऐसे बड़े गै असमाजिक कम्में कन्नै भारती नारी दा सामना समें–समें पर होंदा रेहा ऐ। इक समां नेहा आया जदूं नारी सिर्फ इस्तेमाल दी चीज़ मन्नी गेई। उस्सी घरै दी चारा–दोआरी च कैद करी दित्ता गेआ। लौह्की बरेसा च गै उस्सी ब्याही दित्ताा जिसलै के उस्सी ब्याह् शब्द दा मतलब बी पता नेईं होंदा ते जेह्दे लड़ लाया जंदा उयै ओह्दा पालन–पोशन करदा ते अपनी मन–मरजी दा बरताऽ करदा। कोई बी इस गल्लै गी नेईं समझदा जे नारी प्रकृति दी अनमोल भेंट ऐ। स्रिश्टी दा अधार होने करी उस्सी विधाता दी इक श्रेश्ठ रचना बी गलाया जंदा ऐ।

नारी समाज, संस्कृति ते साहित्य दा म्हत्तवपूर्ण अंग ऐ। मनुक्खी गुणें दी द्रिश्टी कन्नै वचार कीता जा तां नारी मती मानवी ऐ। इ'नें सभनें गुणें करीबी नारी गी समाज ते संस्कृति च ओह् थाह नेईं मिली सकेआ जेह्दी ओह् हकदार ऐ। पुरश प्रधान व्यवस्था च नारी गी म्हेशां अधिकारें शा वंचित रखेआ गेआ ते उस्सी सिर्फ इस्तेमाल दी चीज़ समझेआ गेआ।

डोगरा संस्कृति बी भारती संस्कृति दा गै अंग ऐ। इस करी डोगरा समाज ते डोगरी साहित्य च बी नारी दी चंगी–माड़ी स्थिति दे केई उल्लेख मिलदे न। इ'यां गै 'राजा मंडलीक' वार च बी नारी जीवन दी अभिव्यक्ति होई दी ऐ। पर, इस वार दियें नारें गी समाज च उच्चा थाह हासल ऐ। इं'दी स्थिति आमतौर पर नरोई ऐ। मां रूप च लोआदी बगैर तड़फदी नारी, पत्नी रूप च अपने फर्ज नभांदी ते उं'दी मनोस्थिति दे कन्नै–कन्नै नारी दे होर केई रूप बी इस वार च द्रिश्टीगोचर होए दे न।

मां रूप च नारी :– नारी दी पूर्णता लोआदी गी जनम देने दे बाद गै मन्नी जंदी ऐ ते नारी दा मां रूप सारें शा उच्चा ऐ। इस रूप च नारी त्याग, तप, वात्सल्य, धीरज दी कोई हद्द नेईं होंदी। अपनी लोआदी लेई ओह् खुशी–खुशी केईं दुख झलदी ऐ। लोआदी दी कामजाबी च नंद दा अनुभव करदी ऐ। पर लोआद नेईं होने करी ओह्दा अस्तित्व अधूरा होंदा ऐ ते ओह्दा कोमल मन म्हेशां तड़फदा रौंह्दा ऐ, जेह्दा उदाहरण इस वार च बी लभदा ऐ। वार दी रानी बाशला लोआद नेईं होने करी दुखी ऐ ते ओह्दे तड़फने ते बिल्खने दा करुणा भरोचा द्रिश्श नज़री औंदा ऐ। लोआद पाने लेई ओह् गुरू गोरखनाथें दी भगती करदी बी चित्रत ऐ –

'सेवा लग्गी माता बाशला, इक मन राम ध्याई।
बोलै गोरख बचन करै, चलें गी गल्ल सुनाई।
चलो सिद्धो दुद्ध–न्हेरै चलचै, ख्याल पेई इक माई।
चरणें सीस नोआई नाथ जी, फल मंगने गी आई।'[1]

लोआदी लेई ओह् बड़ी तपस्या करदी ऐ पर, जिसलै पुत्तर प्राप्ति आह्ला फल गुरू गोरखनाथें शा ओह्दी भैन काशला धोखे कन्नै लेई जंदी ऐ तां ओह् रोई–रोई अपना दुख अभिव्यक्त करदे होई गुरूएं गी आखदी ऐ–

'बाल बरेसा में सेवा लग्गियां हुन सिर धौले आए।
कदूं नाथा तुद्ध पुत्तर दित्ते, कदूं खडाए जाए।
बब्ब दिंदा, रब्ब दिन्दा नेईं सा, करम कुत्थें कोई छोड़ै।
लिखेआ फल दरगाह् दा नेईं सा, कु'न कलामां मोड़ै।
जे तुद्ध फ्होड़ी छंडी नाथ जी, बाशल मार दुआई।'[2]

बाशला रानी च बात्सल्य ते ममता भरोची दी ऐ। जिसलै ओह्दे पुत्तर मंडलीक गी नाग डंग मारी जंदा ऐ तां बी बाशला बड़ी तड़फदी ऐ ते मंडलीक गी मंडली पर रक्खियै गुरुएं दा ध्यान करियै मन्नत मंगदी ऐ जे ओह्दे बच्चे गी बचाई देआ ते ओह् पत्तर पूजा करै करोग, जेह्ड़ी के अज्ज बी डुग्गर च कीती जंदी ऐ–

'रोदन करदी माता बाशला, फेरै चौका आई।
फेरी चौका माता बाशला छोड़े मंडली पर आई।
जे गुरुआ मेरा बच्चा बक्शी दें, तेरै पत्तर आटा पाई।
पत्तर आटा पाई नाथ जी पूजा पत्तर तेरा।[3]

मंडलीक दे बचपुने शा लेइयै जोआनी तगर हर रीत बड़े चाहें–चाहें करदी ऐ। जिसलै ब्याह्ले गी जंदा ऐ तां मां चाहें–चाहें उस्सी आपूं बी गैह्ले पाइयै त्यार करदी ऐ–

'पैह्ला सेहा गुरु गोरख दिन्दे, गल कैंठी जिनें पाई।
दूआ सेहा माता बाशला दिन्दी ऐ, हीरे रतन परोई।[4]

जिसलै राजा मंडलीक गौड़ बंगाले गेदा जादुएं दे असर करी घर–परोआर बी भुल्ली जंदा ऐ तां ओह् दुखी होई दी अपनी परोतेहानी तुलसू गी आखदी ऐ ते ओह् गौड़–बंगालें जाइयै ओह्दा पुत्तर परताई लेई आवे। पुत्तरै शा दूर होइयै तड़फदी माऊ दा चित्रण वार दी इ'नें सत्तारें च लभदा ऐ–

* पूर्व शोधछात्रा (डोगरी विभाग) जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू, भारत

'माता बाशला, भैन गुगड़ी रोन्दियां मैह्लें रेहियां।
बोलै बाशला वचन करै, परोहतानी गी लेआ बुलाई।
अऊं तुगी आखां माता तुलसू तूं देस बंगालै जाई।[5]

इस वार दी नारी भैड़े रवेइयै आह्ली ते ईशा प्रवृत्ति आह्ली बी ऐ। जि'यां रानी बाशला दी भैन काशला। ओह् काशला शा बड़ी ईशा करदी ऐ ते बेइमानी बी। ओह् गुरु गोरखनाथें कोला धोखे कन्नै पुत्तर प्राप्ति दा ओह् फल लेई औंदी ऐ, जेह्ड़ा काशला नै आह्नना हा–

'दगा कमाया काशल भैने, बाद बधाया थोढ़ा। गुरू गोरखनाथें दे डेरै जन्दी उत्थै मिलेआ जोड़ा।[6]

त्री नारी रानी सिरगला ऐ, जेह्ड़ी प्रेमिका दे रूपै च नज़री औंदी ऐ ते जादू–टोना करने च माहिर ऐ। ओह् मंडलीक गी दिक्खदे गै ओह्दे पर मोह्त होई जंदी ऐ ते ओह्दे कन्नै चौपड़ खेढदी ऐ। जिसलै राजा मंडलीक उस्सी चौपड़ च जित्ती लैंदा ऐ तां उस्सी आखदी ऐ जे ओह् उस्सी बी अपने कन्नै गै लेई चलै।

'बोलै सिरगला बचन करै राजा गी गल्ल सुनाई।
अ'ऊं तुगी आखां क्षत्रिया मिगी लेई चल डोलै पाई।[7]

पर, जिसलै राजा मंडलीक उस्सी ब्याह्ने गी औंदा ऐ तां जादू कन्नै राजे गी ते पूरी जान्नी गी भिड्डू बनाई दिंदी ऐ ते अपनी इस भैड़ी करनी करी राजे दे बजीर कालीवीर शा सजा बी पांदी ऐ।

'लेई राजा गी कालीबीरा, फी अन्दर मैह्लें जाई।
ऐसी कला दबाई कालीबीरें, पींड़ै पेई सिरगला गी जाई।
पीड़–पीड़ करलांदी सिरगला, हुन जिन्द बचदी नाईं।[8]

इस वार दी इक होर नारी तुलसू, रानी बाशला दी परोह्तेआनी ऐ, जेह्ड़ी बड़े क्यासी सभाऽ दी, आग्याकारी, दलेर ते होश्यार ऐ। ओह् रानी बाशला दी आज्ञा पाइयै राजे मंडलीक गी तुप्पने गी गौड़ बंगाले जंदी ऐ ते बड़ी होशियारी कन्नै रानी सिरगला दे मैह्लें जाइयै रानी दे जादू फूकियै राजे गी ओह्दे घर–परोऔर दा चेत्ता करांदी नज़री औंदी ऐ–

'बोलै तुलसू वचन करै माता गी गल्ल सुनाई।
बारां देई घोड़े–तोफां माता, कन्नै गुड्ड जुगड़ाई।
जादू फूकै तुलसू ब्रैह्मणी ते होश गेई राजा गी आई,
पैह्लें फूकेआ लेफ सर्हैना फी पलंगै दी बारी आई।[9]

इं'दे अलावा राजे मंडलीक दी भैन गुग्गड़ी, भैन रूपै च बड़ी समझदार ते हिरखी ऐ। जिसलै ओह्दा भ्रा मंडलीक गौड़ बंगाले जाइयै उ'नेंगी भुल्ली जंदा ऐ तां बड़ा रोंदी ऐ ते सुक्खना–सरीनियां मंगदी ऐ तां जे ओह्दा भ्राऽ घर परतोई आवै–

'रोदन करदी भैन प्यारी भरदी ठंडी आही।
मन्दरें रोन्दी भैन प्यारी, मैह्लें बाशला माई।[10]

आखर च निश्कर्श दे तौर पर एह् गलाया जाई सकदा ऐ जे राजा मंडलीक दी वार च नारी जीवन दे बक्ख–बक्ख पक्ख उग्घड़े दे न ते इस वार दी नारी परोआर ते समाज च रेहियै अपने अपनें दे सुखें आस्तै जींदी ऐ। बाशला माऊ दे रूपै च ते गुग्गड़ी भैनू दे रूपै च ममता दे प्रेम दियां मूरत न। सिरगला दे व्यक्तित्व च गुण–औगुण दोऐं न। ओह् प्रेमभाव आह्ली बी लभदी ऐ ते जादू–टोना करदी बी। काशला भैड़ी ते ईशा प्रवृत्ति आह्ली ऐ, जेह्ड़ी भैनू कन्नै धोखा करदी ऐ ते ओह्दे पुत्तरै दे अनिश्ट दी कामना करदी ऐ। तुलसू बड़े चंगे सभाऽ दी ते दुएं दे दुख–तकलीफ गी समझदी ऐ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डोगरी लोकगीत भाग–दो,नीलाम्बर देव शर्मा, केहरि सिंह मधुकर, सफा–72–73
2. उ'ऐ, सफा–74
3. उ'ऐ, सफा–77
4. उ'ऐ, सफा–83
5. उ'ऐ, सफा–88
6. उ'ऐ, सफा–73
7. उ'ऐ, सफा–80
8. उ'ऐ, सफा–86
9. उ'ऐ, सफा–90
10. उ'ऐ, सफा–87

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

माध्यमिक स्तर पर सी.बी.एस.ई. व आर.बी.एस.ई. विद्यालयों में मूल्यांकन की वस्तुस्थिति का अध्ययन

डॉ. सुगन शर्मा * मोनिका भादविया **

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – वे सभी अनुभव जिन्हें मनुष्य अपने प्रयास से अथवा किसी अन्य की सहायता से ग्रहण करता है, तथा जिनके ग्रहण करने के परिणामस्वरूप उसके व्यवहार में परिवर्तन होता है, शिक्षा के अन्तर्गत आते है। इस तरह शिक्षा –

सीखने-सीखाने की प्रक्रिया है।

सीखने-सीखाने की यह प्रक्रिया मनुष्य का सर्वागीण विकास करती है।

अर्थात् शिक्षा से बालक के अंतस में छुपी बीज रूपी शक्तियों का वृहत् वृक्ष के रूप में बाहर प्रकटीकरण होता है। **स्वामी विवेकानन्द ने भी कहा है कि बालक में अर्न्तनिहीत पूर्णता को बाहर निकालना ही शिक्षा है।** बालक ने कितना ग्रहण किया है, उसकी उपलब्धि कितनी रही है व उसे और कितना सीखने की आवश्यकता है इस सब का पता लगाने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मूल्यांकन को तकनीकी शब्द के रूप में प्रयोग में लिया जाता है।

शिक्षण पाठ्यक्रम शिक्षण विधियों आदि की सफलता के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए भी मूल्यांकन का सहारा लिया जाता है। मूल्यांकन शब्द अपने आप में बहुत व्यापक एवं विस्तृत है, **विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग 1948-49 में लिखा है कि 'हमें विश्वास है कि यदि हम विश्वविद्यालय शिक्षा में केवल एक बात में सुधार करने का सुझाव दें, तो वह परीक्षाओं के बारें में होगा।'**

माध्यमिक शिक्षा आयोग 1952-53 ने भी कहा है कि 'परीक्षा और मूल्यांकन का शिक्षा के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए समय-समय पर यह जानना आवश्यक है कि **छात्र कैसी प्रगति कर रहे है और उनके ज्ञान का स्तर क्या है? समाज भी यह जानना चाहता है कि उसने स्कूलों को बच्चों को शिक्षा देने का जो कार्य सौंपा है वह ठीक तरह से चल रहा है या नहीं।'**

शिक्षा आयोग (कोठारी कमीशन 1964-66) ने भी विद्यार्थियों के समग्र मूल्यांकन की बात करते हुए **ग्रेडिंग प्रणाली में अंकन** करने के लिए कहा गया। **एन.सी.एफ. 2005 ने भी कहा है कि विद्यार्थियो का मूल्यांकन उनकी शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर किया जाये।**

राजस्थान राज्य में मुख्यत: दो प्रकार के विद्यालयों की प्राथमिकता है जो कि सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एज्यूकेशन (सी.बी.एस.ई.) व राजस्थान बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एज्यूकेशन (आर.बी.एस.ई.) से संचालित है। दोनों ही विद्यालयों में मूल्यांकंन की अलग-अलग प्रणालियों को अपनाया गया है व समय-समय पर इन प्रणालियों में परिवर्तन भी किए गए है। इस परिवर्तन का प्रारम्भिक श्रेय सी.बी.एस.ई. विद्यालयों को दिया जा सकता है, जिन्होंने समय समय पर अपने मूल्यांकन पद्धति में आवश्यकतानुसार व विकासात्मक क्रम में कई प्रकार के परिवर्तन किये है जैसे - प्रारम्भिक समय में त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षाओं का होना इसके अन्तर्गत लिखित, मौखिक, व प्रायोगिक मूल्यांकन करना, समय के साथ ही सन् 2010 से सतत् व समग्र मूल्यांकन के अन्तर्गत **FA** (रचनात्मक मूल्यांकन) व **SA** (योगात्मक मूल्यांकन) पद्धति के द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है व सन् 2015 से वह अपनी इस मूल्यांकन प्रणाली में भी कुछ परिवर्तन कर रहे है इन्ही सब बातों को ध्यान में रखकर शोधार्थी के मन में कई सवाल उत्पन्न हुए जो इस प्रकार है :-

1. सी.बी.एस.ई.व आर.बी.एस.ई. विद्यालयों मे मूल्यांकन की यथास्थिति (प्रयुक्त प्रणालियाँ) क्या है?
2. जिन उद्देश्यों को लेकर इन प्रणालियों को लागू किया गया है क्या वे उद्देश्य पूरे हो रहे है?

इन बातों को ध्यान में रखकर ही शोधार्थी के मन में यह इच्छा जाग्रत हुई कि वह इन सवालों के जवाब प्राप्त करें। इसी आधार पर शोधार्थी ने सी.बी.एस.ई.व आर.बी.एस.ई. विद्यालयों का चयन कर इस कार्य को पूर्ण करने के लिए समस्या के रूप में इस विषय का चयन किया है।

शोध उद्देश्य – प्रस्तुत शोध समस्या अध्ययनार्थ शोधार्थी ने निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किए :-

1. सी.बी.एस.ई. विद्यालयों में मूल्यांकन की यथास्थिति (प्रयुक्त प्रणालियाँ) का अध्ययन करना।
2. आर.बी.एस.ई.विद्यालयों में मूल्यांकन की यथास्थिति (प्रयुक्त प्रणालियाँ) का अध्ययन करना।
3. सी.बी.एस.ई. व आर.बी.एस.ई. विद्यालयों में मूल्यांकन की स्थिति (प्रयुक्त प्रणालियाँ) का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन में प्रयुक्त पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या :

1. सी.बी.एस.ई. : सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेण्डरी एज्यूकेशन – सी.बी.एस.ई. विद्यालयों से तात्पर्य उन विद्यालयों से है जिनमे पाठ्यक्रम संचालन केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है।

2. आर.बी.एस.ई- : राजस्थान बोर्ड ऑफ सैकेण्डरी एज्यूकेशन – आर.बी.एस.ई. विद्यालयों से तात्पर्य उन विद्यालयों से है जिनमे पाठ्यक्रम संचालन राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाता है।

3. मूल्यांकन – मूल्यांकन प्रणाली से तात्पर्य मूल्यांकन की उस प्रक्रिया

* शोध निर्देशिका, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

से है जो वर्ष पर्यन्त बिना रूके विद्यार्थी की शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों का मापन करती है। प्रत्येक कार्य जो विद्यार्थी वर्ष भर करता है, वे सभी मूल्यांकन में आते है।

समस्या का औचित्य – साहित्य के अवलोकन से पता चलता है कि विभिन्न स्तर पर मूल्यांकन की वर्तमान स्थिति समस्याएँ, मुद्दो, माध्यमिक एवं प्राथमिक स्तर पर सतत् एवं समग्र मूल्यांकन की स्थिति का अध्ययन, मौखिक परीक्षा, ग्रेडिंग प्रणाली के प्रति अभिधारकों के अभिमत, विद्यालय के विकास आन्तरिक एवं बाह्य मूल्यांकन के सम्बन्ध आदि का अध्ययन पूर्व में किया जा चुका है। राजस्थान में सी.बी.एस.ई. व आर.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालय प्रमुख रूप से है। दोनो ही प्रकार के विद्यालयों में मूल्यांकन की भिन्न-भिन्न प्रणाली को अपनाया गया है। सी.बी.एस.ई. बोर्ड ने सन् (2010) से सभी केन्द्रीय विद्यालयों में माध्यमिक स्तर पर सतत् एवं समग्र मूल्यांकन प्रणाली लागू की गई व वर्तमान समय में इस व्यवस्था में पुन: बदलाव करने पर विचार किया जा रहा है। उक्त मूल्यांकन व्यवस्था की स्थिति एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुडे अभिधारकों (शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावकों) का अभिमत मूल्यांकन के प्रति क्या है। इस क्षेत्र में अभी तक कोई भी कार्य नहीं किया गया है। अत: अध्ययन की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जा रहा है। अत: ऐसे महत्वपूर्ण एवं उपयोगी क्षेत्र पर वांछनीय शोध कार्य अपरिहार्य बन जाता है।

माध्यमिक स्तर पर मूल्यांकन के लिए भावी योजनाएँ – राजस्थान राज्य में माध्यमिक स्तर पर मुख्य रूप से सी.बी.एस.ई. व आर.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालय है। इन विद्यालयों मे आन्तरिक व बाह्य मूल्यांकन किस रूप में हो रहा है, शोध द्वारा इन विद्यालयों के मूल्यांकन की वस्तुस्थिति का पता लगा कर आवश्यक समाधान हेतु सुझाव प्रस्तत किये जायेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

BOOKS (English)

1. Best, J.W.,& Kahn,J.V. (2012). *Research in Education.*(10th ed.). New Delhi: Prentice Hall of India Learning Private Limited.
2. Good, C.V.(1959). *Introduction of Educational Research*. (2nd ed.). New York : Appleton Century Crafts Ins.
3. Vockel, E.L. (1983). *Educational Research*. New York : McMillan Pub. Co. Inc.

BOOKS (Hindi)

1. भटनागर, आर.पी.,। भटनागर, ए.बी. (1995) '*शिक्षा अनुसंधान*' मेरठ : लॉयल बुक डिपो।
2. भटनागर, सुरेश (2003), कोठारी कमीशन, एजूकेशन कमीशन 1964-66 : आर.लाल.बुक डिपो, आई.एस.बी.एन- 978-93-82065-47-0।
3. चौधरी, डॉ. दामीना एवं सिंह राजपाल आदि (2007) 'शिक्षा में अनुसन्धान पद्धतियां' कोटा वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय
4. ढौंढियाल,एस.एन.,। फाटक, ए.बी. (1972) '*शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र*' जयपुर : राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
5. गुप्ता, एस.पी. (2003) '*सांख्यिकीय विधियाँ*' इलाहाबाद : शारदा पुस्तक भवन।
6. नायक जे.पी., (1998) 'शिक्षा आयोग और उसके बाद', सांखला प्रिन्टर्स, आई.एस.बी.एन.- 81-85127-68-9।
7. पाण्डेय, के.पी. (2005) '*शैक्षिक अनुसंधान*' आगरा : विश्वविद्यालय प्रकाशन।
8. शर्मा, आर.ए. (1995) '*शिक्षा अनुसंधान*' मेरठ : आर.लाल बुक डिपो।
9. सुखिया, एम.पी.,। मेहरोत्रा, एस.पी. (1976) '*शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व*' आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

ग्लोबल गॉव के देवता उपन्यास में आदिवासी विमर्श

अखिलेश कुमार *

प्रस्तावना – आज के समय में 'आदिवासी' हिन्दी उपन्यास में सबसे चर्चित विमर्श है। इसमें विश्व की सबसे प्राचीन मानव जाति के विभिन्न विषयों, जिसमें उनकी उपजातियां उनका समाज और उनकी परम्पराओं पर आधारित उनकी समस्याओं को उजागर करके पाठको एवं समाज के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इस विमर्श में जो परम्परा बहुत पहले आरम्भ हो चुकी थी आदिवासी चित्रण जो 2000 के दशक में अपने विकास काल में पहुंच चुकी थी।

इसी आदिवासी विमर्श को उपन्यास के माध्यम से इस उपेक्षित,विभिन्न जाति की यथार्थ स्थिति को अपनी कलम का विषय बनाने वाले रणेन्द्र एक लोकप्रिय आदिवासी उपन्यासकार के रूप में प्रतिष्ठापित हुए।

प्रस्तुत उपन्यास ग्लोबल गॉव के देवता में प्राचीन आदिवासी जाति 'असुर' के विषय में उनकी जीवटता प्रकृति एंव आज के समय में ग्लोबलाइजेशन के कारण उनको होने वाली समस्याओं को इस उपन्यास में यथार्थ की दृष्टि से दिखाया गया।

ग्लोबल गांव के देवता का उपन्यास का प्रकाशन सन् 2008 में भारतीय ज्ञानपीठ के द्धारा किया गया था। इस उपन्यास की लोकप्रियता का अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2016 तक इसके तीन संस्करण प्रकाशित हो चुके है।

इस उपन्यास की शुरूआत एक शिक्षक की नियुक्ति के साथ होती है जिसको असुर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में सरकारी विद्यालय में असुर जनजातियों के बच्चो को शिक्षित करना है। वही शिक्षक एक कथाकार के रूप में असुर आदिवासियों के एक-एक रीतिरिवाज, संस्कारों, आर्थिक क्रियाकलापों धार्मिक मान्यताओं को जो देखता है उन्ही लोगों में रहकर कहता है। 'मीलों तक पसरे पहाड़ के ऊपर का यह चौरस इलाका मन को और उचाट कर रहा था छिटपुट जंगल बाकी खाली दूर-दूर तक फैले उजाड बंजर से खेत' बीच-बीच में बॉक्साइट की खुली खदाने। जहां से बॉक्साइट निकाले जा चुके थें वे गडढ़े भी मुँह बाये पड़े थे'।[1]

असुर आदिवासियों के क्षेत्र में असुर की दयनीय स्थिति पर किसी का ध्यान न होकर वहां पर मौजूद वॉक्साइट कि खदानों पर सबका ध्यान था। आज के समय में असुर जनजातियों कुछ असुर नाम सुनकर जो अक्सर देवताओं को परेशान करने का काम करते थे, से लगाते है। लेकिन ये असुर उन असुरों जैसे बिल्कुल नहीं थे।

'सुना तो था कि यह इलाका असुरों का है किन्तु असुरों के बारे में मेरी धारणा थी कि खूब लम्बे, चौड़े, काले-कलूटे भयानक, दाँत-वॉत निकले हुए माथे पर सींग-वींग लगे हुए होगें। लेकिन लालचन को देखकर सब उलट-पुलट हो रहा था। बचपन कि सारी कहानियॉ उलट घूम रही थी।'[2]

असुर आदिवासी लोगों की मान्यतायें भी अन्य असुर जनजातियों की तरह है जिनको ये लोग बड़े विश्वास के साथ पूरा करते है 'देवी को जब बली की जरूरत महसूस होती है तो गुफा से नगाड़े की आवाज आने लगती है। हम समझ जाते है। फिर मजबूरी में दूर थाना इलाका के बाहर जाकर 'पूजा' लाना पड़ता है। उस भक्त की बलि के बाद नगाड़े की आवाज खुद बन्द हो जाती है।'[3]

ग्लोबल गॉव के देवता उपन्यास में हमे पता चलता है कि असुर जनजाति को प्राचीन काल में किस नाम से एंव काम से जाना जाता था 'हम असुर लोग मोटा-मोटा तीन भाग में बटे है।' रूमझुम ने फिर बात शुरू की 'बीर असुर, अगरिया असुर और बिरिजिया असुर।'[4]

और इन असुर जनजातियों को प्राचीन काल से रक्षक के रूप में प्रस्तुत किया गया और प्राचीन सभ्यता में इनका महत्वपूर्ण स्थान था। 'लेकिन प्राचीन असरिया -बेबीलोन सभ्यता में असुर का अर्थ बलवान पुरूष ही होता है। अपने यहां भी सायणाचार्य असुरों कों बलवान-प्रज्ञावान शत्रुओ का नाश करने वाला और प्रांणदाता पुकारते है। ऋग्वेद के प्रारम्भ के लगभग डेढ़ सौ श्लाकों में असुर-देवताओं के रूप में है। मित्र, वरूण, अग्नि, रूद्र सभी असुर ही पुकारे जा रहे है।'[5]

'इस उपन्यास में प्राचीन काल से जुडी उत्पत्ति सम्बंधी मान्यताओं का पता चलता है। 'अंगिरा ऋषि भी अपने को आग से उत्पन्न बताते है और अगरियों की भी पैदाइश आग से ही हुई है। यह अंगिरा ही है जिन्होने सबसे पहले आग की खोज की थी।'[6]

असुर जनजातियों की स्थिति खाने -पीने की अन्य पिछड़ी जनजातियों की तरह ही है उनके पास आज के समय में भी ज्यादा खाद्य पदार्थ नहीं है। 'इन मकई के घट्टा खाने वालों के यहां भात-दाल मिल जाता है वही बहुत है।'[7]

आर्थिक रूप से ये लोग बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पाये क्योकि भारत में 65% आबादी गॉव मे रहते हुए कृषि कार्य करती है लेकिन जनजातियों के पास गांव तो है लेकिन जमीन नहीं है जिससे खाने के लिए मक्का उत्पन्न कर सके इसलिए वे सब मजदूरी करने के लिए बाध्य है।

ऐसी स्थिति में उन लोगों की स्थिति खाने के लिए बहुत बद्तर होती है जिनके यहां मजदूरी करने वाले नहीं होते है। 'हालाँकि इस इलाके के लगभग सभी गांवो में ऐसे साल भर अनाज उगा पाने वाले दो-चार परिवार होते है। अधिकांश परिवारो के पास इतनी जमीन होती ही नहीं कि साल भर खाने के लिए मक्का भी मिल सके। जिस घर में मजूरी खटने वाले हाथ रहते है वे तो खान-खदान में खटकर पेट पाल लेते है किन्तु जिन घरों में खटने लायक समांग नहीं होता है उस घर का पेट तो जंगल ही पालता है। महुआ, कटहल,

*शोधार्थी (हिन्दी) अटलबिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

कई तरह के कन्द और साग, सब पेट भरने के काम आते है।'[8]

इनका असुर जनजातियों के विषय में कहा जाता है कि 'ये बल से बहुत शक्ति शाली होतें है। इनमें अपार शक्ति होती है ये भारी से भारी काम करने से पीछे नहीं हटते है इनका जीवन मेहनत पर अधारित होता है। सामान्य से सामान्य भोजन करके भी ये बड़ा से बड़ा कार्य कर सकते है। भभअपने देवता सिंग बोंगा की तरह असुर आदिम जाति भी कभी थकती नहीं है। आग से उत्पन्न, कभी लोहा पिघलाने और पिघला लोहा खाने वाले लोग खुद भी लोहा थे। केवल मक्का या कन्दा खाकर लोग इतना खट सकते है यह विश्वास नहीं होता है।'[9]

उपन्यास के अन्त में जो आदिवासी उपेक्षित थे वो आज विदेशी कम्पनियों से लड़ने के लिए एक जुट हो रहें है और समझदारी से काम लेकर एक-एक काम को निपटाते जा रहें हैं यानि आज का असुर आदिवासी मुख्यधारा की ओर बढ़ रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-8
2. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-17
3. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-18
4. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-18
5. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-18
6. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-18
7. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-20
8. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-24
9. ग्लोबल गांव के देवता, रणेन्द्र, भारतीय ज्ञानपीठ, तीसरा संस्करण 2016 पृष्ठ-28

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक सन्तुष्टि का अध्ययन

लीला चतुर्वेदी * डॉ. पूजा गुप्ता डॉ. एम.के. तिवारी *****

प्रस्तावना - वर्तमान समय की ज्लवन्त समस्या शैक्षिक गिरावट है। शिक्षा शास्त्री तथा बुद्धिजीवी वर्ग तथा आम नागरिक शिक्षा के मानकों में आ रही गिरावट के प्रति चिन्तित है। शिक्षा के मानकों से तात्पर्य शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों के ज्ञान, अभिव्यक्ति तथा सामाजिक वातावरण उसके विकास में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। विद्यालय के भवन, कक्षों, साज-सज्जा व विद्यालय में उपलब्ध उपकरण ही के द्वारा विद्यालय का वातावरण निर्धारित नहीं होता है, वरन् प्रधानाध्यापक, शिक्षक तथा छात्रों के उचित व अपेक्षित व्यवहार से विद्यालय का वातावरण प्रभावित होता है। यदि शिक्षकों व प्रधानाध्यापक के मध्य परस्पर मधुर सम्बन्ध, सहयोग, मित्रता व सहृदयता की भावना होगी तब छात्रों पर भी इसका अनुकूलन प्रभाव पडेग़ा तथा उन छात्रों का व्यवहार भी उसी प्रकार का होगा।

शिक्षकों की कार्य-सन्तुष्टि विद्यालय व शिक्षा के विकास के लिए अत्यन्त आवश्यक है। कार्य-सन्तुष्टि वह स्थिति है जो कि शिक्षक को अपने कार्य सन्दर्भ मं प्राप्त होने वाले आनन्द के मूल्यों का अनुमान देती है। कार्य-सन्तुष्टि व्यक्ति के कार्य के समान विभिन्न पहलुओं जैसे-वेतन, पदोन्नति के अवसर, अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति दृष्टिकोण आदि के कारण उत्पन्न मानसिक संवेगात्मक स्थिति है। किसी व्यवसाय में सन्तुष्टि एक अति आवश्यक तत्व है, क्योंकि एक व्यक्ति अपने व्यवसाय से जितना अधिक सन्तुष्ट होगा उतने ही प्रभावशाली रूप से अपने कार्य को पूरा करेगा। यही बात शिक्षक के व्यवसाय के सम्बन्ध में भी सत्य है कि यदि एक शिक्षक का अपने शिक्षण व्यवसाय में सन्तुष्टि की भावना दृष्टिगत होगी त बवह अपने कर्तव्यों का निर्वाह सही प्रकार से कर पायेगा।

इसके साथ ही शिक्षक का स्वयं प्राथमिक शिक्षा के प्रति किस प्रकार की अभिवृत्ति है यह तथ्य भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था सम्पूर्ण शिक्षा व्यवस्था का आधार है। प्राथमिक विद्यालयों में आधारभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना तैयार की गई है। संविधान में 14 वर्ष तक की आयु के सभी बालकों के लिये नि:शुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की गई। सन् 1990 में सबके लिये शिक्षा विषय पर हुई विश्व सम्मेलन में सभी व्यक्तियों की मूलभूत अधिगम आवश्यकताओं को पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिये चलाये जा रहे इन प्रयासों तथा योजनाओं के प्रति शिक्षक की अभिवृत्ति किस प्रकार की है, यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

आदिकाल से विद्धानों का मत यही रहा है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है, मानसिक क्रियायें सुचारू रूप से कार्य करती है, शरीर और मानसिक क्रियाओं में तालमेल बना रहता है। कठिन एवं विषम परिस्थितियों में स्वस्थ्य शरीर मानसिक क्रियाओं में समायोजन बनाये रखने में समर्थ होता है। कभी-कभी यह भी पाया जाता है कि दोनों (शरीर तथा मानसिक क्रियाएँ) में तालमेल ठीक से बना हुआ है, पर्याप्त सन्तुलन है, फिर भी व्यक्ति अपने को ऐसी स्थिति में पाता है कि वह उतना प्राप्त नहीं कर पा रहा है जितना उसे मिलना चाहिए था कभी-कभी वह यह भी सोचता है कि उसके जीवन में कहीं कोइ कमी है, कभी-कभी उसे यह अनुभूति होती है कि अब इतना सब करने की कोई आवश्यकता नहीं है। जो है वह पर्याप्त है, अर्थात जीवन के छोटे से रास्ते को तय करने के लिए अब में वह नहीं करूंगा जो सभी कर रहे हैं। इस प्रकार व्यक्ति के सोचने और चिन्तन करने की प्रकृति बदल जाती है और वह यथार्थ से दूर होता चला जाता है तथा धीरे-धीरे मानसिक तनाव के जाल में स्वयं फंसता चला जाता है। उसे वह सब कुछ मिल जाने पर भी जो उसे उसकी क्षमताओं और योग्यताओं के अनुकूल मिलना चाहिए था, दु:खी रहने लगता है। उसे ऐसा लगता है, जैसे अब कहीं चैन नहीं मिलेगा। मन की यह स्थिति असन्तोष है।

आज की दौड़ में युवा-युवती शिक्षित समाज और विशेषकर मध्यमवर्ग, असन्तोष के नजले से पीड़ित हैं। साधन और पर्याप्त क्षमता न होते हुए भी वह दौड़ में आगे निकलने के लिए अपने मूल लक्ष्य को भूल जाता है। छोटे-छोटे समूह से लेकर बड़े-बड़े समाज में अग्रिम स्थान ग्रहण करने के लिए वह उतावला हो जाता है तथा चारों हाथ पैर फेंकता है कभी-कभी उसके स्वयं का ठीक मूल्यांकन हो जाता है और कभी उसे पीछे धकेल देने के लिए उसके साथी उसे एक ऐसे मार्ग की ओर उन्मुख कर देते हैं कि भटकने की स्थिति में आ जाता है। अब उसके असन्तोष की शृंखला और मजबूत हो जाती है यह स्थिति उसके पूर्ण असन्तोष की है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से इसे 'आवेग की अवस्था' की संज्ञा दी जायेगी। इस अवस्था में वह जो कर रहा है वह उसकी मूल आवश्यकताओं की पूर्ति कराने में सहायक तो हो सकता है, किन्तु चेतन और अचेतन में वह असन्तुष्ट ही रहता है।

तो अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर सन्तोष क्या है? मनोवैज्ञानिक भाषा में सन्तोष एक ऐसी साधारण अनुभूति की अवस्था है जो व्यक्ति को अनुकूल उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हे। यह अनेक मनोवृत्तियों का परिणाम है, जिन्हें व्यक्ति अपने सम्पूर्ण जीवन के प्रति बनाये रखता है। इस प्रकार सन्तुष्टि वही है, जहाँ उद्देश्य है। बिना लक्ष्य के भाग-दौड करने वाला व्यक्ति सदैव असन्तुष्ट रहता हे उसकी प्यास नहीं बुझती है। वह कार्य बदलता है, स्थान बदलता है, साथी बदलता है लक्ष्य को प्राप्त करने के माध्यम बदलता है, साधन बदलता है और एक स्थिति वह आ जाती है कि

* शोधार्थी, मेवाड विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड़गढ (राज.) भारत
** एसोसिएट प्राध्यापक (शिक्षा) मेवाड विश्वविद्यालय,गंगरार, चित्तौड़गढ (राज.) भारत
*** प्राचार्य, मेवाड महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, चित्तौड़गढ(राज.) भारत

वह इस बदलने के प्रक्रम में स्वयं बदल जाता है। अब उसे अपने कार्य से सन्तोष नहीं मिलता। वह कार्य व्यवसाय, जिसे वह जीविकोपार्जन हेतु कर रहा है उसे ऐसा लगता है कि जिस कार्य को वह कर रहा है उसमें एकरसता है वह केवल पेट भरने के लिए है तथा उसमें जीवन तत्व की समाविष्टि नहीं है। आज के प्रगतिशील समाज ने व्यक्ति को बहुत कुछ दिया है। लेकिन इसके साथ-साथ उसने अनेक समस्याओं को जन्म दिया हे और उलझने बढ़ाई है। जिस व्यक्ति से मिले वह अपनी वर्तमान स्थिति और विशेषकर व्यवसाय से असन्तुष्ट दिखाई देता है। चाहे उसे उसकी क्षमताओं से अधिक मिल रहा हो, चाहे उसे कितनी ही सुविधाएँ प्रदान की जा रही हों, कार्य या स्थान अनेक हो सकते हैं, यदि पूछा जाये कि तुम इतना परिश्रम कर रहे हो, क्यों? तो वह उत्तर देता है- 'पेट भरने के लिए' जिसका परिश्रम केवल इतने मात्र के लिए होगा, जिसमें उद्देश्य का एक भी तत्व सम्मिलित न हो, वह निश्चय ही सन्तोष की एक-एक बूंद के लिए भटकेगा।

व्यावसायिक सन्तुष्टि का अर्थ विभिन्न अभिवृत्तियों के परिणाम से है, जिनका सम्बन्ध कर्मचारी के व्यवसाय से होता है। इसके साथ-साथ अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए जो अभिवृत्ति वह रखता है, वह व्यावसायिक सन्तुष्टि का परिणाम ही होता है। हालांकि इस सन्दर्भ में और अनेक कारक भी हो सकते हैं, किन्तु प्रमुखत: कर्मचारी की वह अभिवृत्ति ही है जो उसने अपने व्यवसाय के प्रति बनाई है।

जो कर्मचारी अपने कार्य से सन्तुष्ट हैं वे स्वस्थ मानसिक सन्तुलन रखते हैं। स्वस्थ मानसिक सन्तुलन कर्मचारी को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है, उसके मनोबल को बनाये रखता है तथा उसकी उत्पादन क्षमता में किसी प्रकार का ह्रास नहीं आने देता है। अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि जो कर्मचारी अपने कार्य से असन्तुष्ट होते हैं, उनकी उत्पादन क्षमता गिरती चली जाती है। इसलिए कर्मचारी को कार्य असन्तोष से बचाए रखने के लिए आवश्यक है कि औसत स्तर के कर्मचारी को इस प्रकार कार्य(व्यावसाय) मिले कि वह केवल जीविकापार्जन का साधन मात्र ही न हो, बल्कि उसे अपने कार्य से उद्देश्य प्राप्त करने की प्रेरणा मिले तथा जीवन को सुखमय बनाने के सभी तत्व उसमें सम्मिलित हों। व्यावसायिक सन्तुष्टि की परिभाषा को सीमाबद्ध करना सुलभ नहीं है, जितना कि लगता है, क्योंकि इस शब्द से मिलते-जुलते और भी शब्द हैं, जैसे-कार्य-सन्तोष को अभिवृत्ति एवं मनोबल के अर्थ में भी प्रयुक्त किया जाता है। अध्ययन की दृष्टि से यही कह सकते हैं कि व्यावसायिक सन्तुष्टि कर्मचारी की एक प्रवृत्ति है, जो अनेक कारकों के साथ उसकी कार्य-क्षमता को प्रभावित करती है। चहे दर्शनशास्त्र की दृष्टि से देखिए या विज्ञान की दृष्टि से, तथ्य एक से ही प्राप्त होते हैं। किसी भी संस्कृति या सभ्यता का मूल्यांकन केवल उसके भौतिक पक्ष के अवलोकन मात्र से ही नहीं किया जा सकता और न ही यह सम्भव है कि केवल आध्यात्मिक पक्ष को आधार मान लिया जाये। कर्मचारी के सर्वांगीण विकास के लिए अधिक वेतन, अच्छा रहन-सहन आवश्यक कारण हो सकते हैं लेकिन उसका बौद्धिक विकास और संवेगात्मक अभिव्यक्ति के पर्यापत अवसर सबसे महत्वूपर्ण कारक है। बौद्धिक विकास समझने की क्षमता प्रदान करता है और संवेगात्मक अभिव्यक्ति जीवन से सम्बन्धित समस्याओं के साथ तालमेल करने में सहायक होती है। ये स्थितियाँ कर्मचारी को कार्य में रूचि रखने के लिए प्रेरित करती है और वह अपने व्यावसायिक क्षेत्र के सभी तत्वों से सन्तुष्ट रहता है।

अब भी बहुत से व्यक्ति पुरानी परम्पराओं में विश्वास रखते हैं। उनके विचार में कार्य के घंटे आर्थिक एवं सामाजिक सुविधाएँ, औद्योगिक वातावरण और अच्छी मशीनें कर्मचारी के व्यावसायिक सन्तुष्टि हेतु पर्याप्त हैं। इन्हीं कारणों से कार्य इतने विशिष्टगत हो गए हैं कि कर्मचारी को कार्य करते समय कोई प्रलोभन नहीं मिलता है। वह तो केवल उसे जीविका हेतु करता है। अधिकांश उद्योगपति तथा सरकारी संस्थाओं के संचालक कार्य-संतोष को कोई विशेष महत्व नहीं देते हैं, जिनके कारण कर्मचारी सम्बन्धी मूल समस्या का निराकरण नहीं हो पाता है।

व्यावसायिक सन्तुष्टि सम्बन्धी समस्त कारकों को तीन प्रधान वर्गों में बांटा जा सकता है

1. व्यक्तिगत कारक
2. कार्य-सम्बन्धी कारक
3. प्रबन्धकों से सम्बन्धित कारक

व्यक्तिगत कारक के अर्न्तगत लिंग, आयु, बुद्धि, आकांक्षा स्तर, शिक्षा, व्यक्तित्व, समायोजन, पारिवारिक उत्तरदायित्व को रखा जा सकता है। कार्य-सम्बन्धी कारक के अर्न्तगत कार्य की प्रकृति, कारखाने की रचना, भौगोलिक दशाएँ, व्यावसायिक प्रतिष्ठा को रखा जा सकता हे।

प्रबन्धकों से सम्बन्धित कारक के अर्न्तगत वेतन, पदोन्नति, सहकर्मी की प्रकृति, उत्तरदायित्व की भावना, सुरक्षा, अवकाश आदि को रखा जा सकता है।

समस्या कथन – 'माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की व्यावसायिक सन्तुष्टि का अध्ययन'

शोध उद्देश्य – प्रस्तुत शोध विषय के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं-

1. शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओंके व्यावसायिक सन्तुष्टि का अध्ययन करना।
2. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सन्तुष्टि का अध्ययन करना।
3. शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी द्वारा 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया हैं।

प्रतिदर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श हेतु राजस्थान राज्य के डूंगरपुर जिले सेमाध्यमिक स्तर पर कार्यरत शहरी क्षेत्र के 15 सरकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के 15 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं को सम्मिलित किया गया है। इस हेतु सम्पूर्ण जनसंख्या में से स्तरीकृत याद्दच्छिक न्यादर्श विधि से 150-150 शिक्षक-शिक्षकाओं का चयन किया गया है।

उपकरण – प्रस्तुतशोध अध्ययन में शोधकर्ता द्वारा स्वनिर्मित उपकरण प्रयुक्त किया गया है।

- शिक्षक व्यावसायिक सन्तुष्टि मापनी -स्वनिर्मित

शोध की परिसीमन – प्रस्तुत शोध में निम्न प्रकार से शोध का परिसीमन किया गया है-

1. शोध को केवल राजस्थान राज्य के डूंगरपुर जिले तक ही सीमित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध केवल माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित किया गया है।
3. प्रस्तुत शोध में स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है।

विश्लेषण एवं व्याख्या

- शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तालिका -1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका 1 से स्पष्ट है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शहरी क्षेत्र के शिक्षक - शिक्षिकाओं के मध्यमान 157.50 एवं मानक विचलन 22.05 है तथा ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक - शिक्षिकाओं के मध्यमान 147.50 एवं मानक विचलन 17.87 है। तालिका 1 से प्राप्त मध्यमानों में शहरी शिक्षक - शिक्षिकाओं का मध्यमान ग्रामीण शिक्षक - शिक्षिकाओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 298 पर टी-मान 4.77 है। जो 0.05 एवं .01 स्तर के प्राप्त मान 1.97 एवं 2.59 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक - शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी एवं ग्रामीण शिक्षक - शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि मेंअन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षक - शिक्षिकाओं की अपेक्षा शहरी शिक्षकों के व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक हैं।

ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तालिका -2 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका 2 से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कार्यरत ग्रामीण शिक्षक के मध्यमान 143.25 एवं मानक विचलन 20.05 है तथा शिक्षिकाओं का मध्यमान 139.82 एवं मानक विचलन 17.25 है। तालिका 2 से प्राप्त मध्यमानों में ग्रामीण शिक्षकों का मध्यमान ग्रामीण शिक्षिकाओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 148 पर टी-मान 2.41 है। जो 0.05स्तर के प्राप्त मान 1.98 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सन्तुष्टि में अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों का व्यावसायिक सन्तुष्टिअधिक हैं।

शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तलिका- 3 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका 3 से स्पष्ट होता है कि माध्यमिक स्तर पर कार्यरत शहरी शिक्षकों के मध्यमान 159.37 एवं मानक विचलन 22.31 है तथा शिक्षिकाओं का मध्यमान 154.85 एवं मानक विचलन 20.33 है। तालिका 3 से प्राप्त मध्यमानों में शहरी शिक्षकों का मध्यमान ग्रामीण शिक्षिकाओं के मध्यमान से अधिक है। दोनों मध्यमानों के अन्तर का डीएफ 148 पर टी-मान 2.76 है। जो 0.05 एवं .01 स्तर के प्राप्त मान 1.98 एवं 2.61 से अधिक है। अत: परिकल्पना 'शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सन्तुष्टि में अन्तर पाया जाता है। शहरी शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों का व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक हैं।

निष्कर्ष :

1. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना डूंगरपुर जिले के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक - शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।अस्वीकृत की जाती है क्योंकि शहरी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीण शिक्षक - शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टिके मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षक- शिक्षिकाओंएवं शहरी शिक्षक - शिक्षिकाओं केव्यावसायिक सन्तुष्टिमें अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षकों की अपेक्षा शहरी शिक्षकों के व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक हैं।
2. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना डूंगरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकतथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है। अस्वीकृत की जाती है क्योंकि ग्रामीण शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग्रामीण शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि में अन्तर पाया जाता है। ग्रामीण शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों के व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक हैं।
3. शोध अध्ययन के आंकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् परिकल्पना डूंगरपुर जिले के शहरी क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में व्यावसायिक सन्तुष्टि में कोई सार्थक अंतर नहीं है।अस्वीकृत की जाती है क्योंकि शहरी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि के मध्यमानों की गणना द्वारा प्राप्त टी का मान विश्वास स्तर पर सार्थकता हेतु आवश्यक तालिका मान से अधिक है। अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शहरी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के व्यावसायिक सन्तुष्टि में अन्तर पाया जाता है। शहरी शिक्षिकाओं की अपेक्षा शिक्षकों के व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक हैं।

सुझाव - प्रस्तुत शोधकार्य में माध्यमिक स्तर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यारत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सन्तुष्टिका अध्ययन किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कार्यारत शिक्षक तथ शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सन्तुष्टि में अंतर पाया गया है। शहरी क्षेत्र के शिक्षकों की व्यावसायिक सन्तुष्टि अधिक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

नागपुरी साहित्य का श्रीगणेश - नागपुरी झारखंड में अन्य भाषियों के बीच संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। मूलत: नाग जाति, सदान समुदाय की मातृभाषा कही जाने वाली नागपुरी 83 ई. से 1947 ई. तक नागवंशी राज्य में राजभाषा रही। ऐसे में नागपुरी साहित्य की प्राचीनता को नकारा नहीं जा सकता है। भले ही इसका लिखित रुप बहुत बाद में प्रारंभ हुआ हो लेकिन ईसा पूर्व से ही इस क्षेत्र में साहित्य की परंपरा रही है। इस बात को डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी ने उद्धृत किया है - 'छोटानागपुर की पहाड़ियों में सीताबेंगा की गुफा में द्वितीय या तृतीय शताब्दी ईसा पूर्व की एक नाट्यशाला मिली है, जो 'नाट्य-शास्त्र' के वर्णन से मेल खाती है।'[6] हालांकि इस भाषी के लोगों में लिपि की जानकारी के अभाव में इसका शिष्ट साहित्य बाद में प्रारंभ हुआ। नागपुरी शिष्ट साहित्य कब से प्रारंभ हुआ, इसका पहला प्रयोग किसने किया, कहना कठिन है, क्योंकि अभी बहुत से नागपुरी कवियों का काल निर्धारण नहीं हुआ है। नागपुरी शिष्ट साहित्य की बात करें तो शोधपरक प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुनाथ नृपति से इसकी शुरूआत मानी जाती है। रघुनाथ नृपति नागवंश के 50 वें राजा थे। इनका शासन काल 1626 से 1668 ई. तक माना जाता है।
उनके गीत के कुछ अंश इस प्रकार हैं -

'पोड़िलो बरखा रीत, बिरहे बेदन चीत,
ताइ जागे दुगुन मदन, दुख दारून हे
झुले सदाइ कमल नयन।
गरजे गगन घटा,बिजली चमके छटा
गृह भेल बिरस कानन, दुख दारून हे
झुले सदाइ कमल नयन।।'[7]

नागपुरी साहित्य की शुरूआत गीत से ही हुई है। इसके प्रमाण उपलब्ध हैं। नागपुरी शिष्ट साहित्य के ज्ञात प्रथम कवि रघुनाथ नृपति के गीत में वैष्णव भक्ति का प्रभाव दिखता है -

।।हरि तजि जब मथुरा गेल, जरजर तनु अधिक भेल
सब सुख गेली दूरे हे
गावत रघुनाथ नृपति साजत हलधरे हे, आजु नाग मन परे।।

उनकी भक्ति गीतों की रचना से नागपुरी साहित्य का रचना संसार प्रारंभ होता है लेकिन नागपुरी में गद्य-लेखन का प्रारंभ सन् उसके लगभग 200 वर्षों बाद प्रारंभ हुआ। इसकी शुरूआत 1900 के आस-पास ईसाई मिशनरियों ने किया। रेव्ह पी. इडनेस ने इस दिषा में अग्रणी भूमिका निभायी। धनीराम बक्शी की तरह काथलिक मिशन के फादर पीटर शांति नवरंगी ने नागपुरी के उन्नयन के लिए सराहनीय कार्य किया। हालांकि इस दिशा में सबसे पहला प्रयास रेव्ह. ई. एच. व्हिटली ने 1896 में 'नोट्स ऑन दि गँवारी डायलेक्ट ऑफ लोहरदगा, छोटानागपुर लिखकर कर दिया था। इसमें नागपुरी

* सहायक प्राध्यापक (जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग) राँची महिला महाविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

गद्य का नमूना दिया गया है। जबकि डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी के अनुसार – 'नागपुरी में गद्य लेखन का प्रारंभ सन् 1900 के आस–पास ईसाई मिशनरियों ने किया और इसके अग्रदूत रेवरेण्ड पी. इडनेस हुए।'[8] डॉ. गिरिधारी राम गौंझू के अनुसार – 'नागपुरी गद्य पुस्तकें प्रकाशित करने का प्रारंभ ईसाई मिशनरियों ने ही किया। 19 वीं शताब्दी के अंतिम दशकों में नागपुरी गद्य का श्रीगणेश माना जा सकता है। ईसाई मिशनरियों ने अपने धर्म ग्रन्थों का अनुवाद नागपुरी गद्य में प्रकाशित का प्रचारित करना प्रारंभ किया। आधुनिक नागपुरी गद्य का पालन–पोषण ईसाई मिशनरियों की गोद में हुआ।'[9]

नागवंशी राजाओं का शासन काल 83 ई. से माना जाता है,जो 1947 तक अपने प्रभाव में था, लेकिन शिष्ट साहित्य 1550 ई. वर्ष बाद 1626 ई. से मिलता है। इस दिशा में अभी भी काम करने की जरूरत है। नागपुरी लोक साहित्य बहुत ही प्राचीन है। नागपुरी लोक साहित्य से शिष्ट गीतों की रचना हुई। शिष्ट गीत ने ही नागपुरी शिष्ट साहित्य को जन्म दिया है। लोक जीवन में गीतों की भरमार होने के कारण लोक साहित्य भी गीतों से भरा पड़ा है। यही वजह है कि नागपुरी शिष्ट साहित्य भी गीतों से प्रारंभ हुआ होगा। 1626 ई. से लेकर अब तक नागपुरी साहित्य ने कई विधाओं में आगे बढ़ना प्रारंभ कर दिया है। रघुनाथ नृपति के गीत भक्तिकालीन हैं। उनके बाद कई कवि हुए, जिन्होंने गीतों को लिपिबद्ध कर गाने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। कोई भी भाषा–साहित्य अपने विकास के प्रथम चरण में लोक गीत तथा लोक कथा का आश्रय लेता है। नागपुरी के साथ भी यही रहा। इसकी शुरूआत भी लोक कथा और लोक गीतों से हुई है।

मीडिया और नागपुरी – नागपुरी साहित्य का प्रारंभ नागवंशी राजा रघुनाथ नृपति के शासन काल 1626 ई. से माना जाता है, लेकिन लोगों तक नागपुरी साहित्य का प्रसार बहुत कम रहा है। रचनाएँ पांडुलिपि के रूप में रहने के कारण आम जनता तक इसकी पहुंच नहीं हो पाती थी, जिससे रचनाकारों की प्रतिभा और रचनाकारों के बारे में आम जनता नहीं जान पाती थी। हाँ यह बात अवश्य थी, कि गायन के माध्यम से प्रारंभ की नागपुरी साहित्य लोगों के जुबां पर चढ़ती थी, क्योंकि शुरूआती दौर में नागपुरी साहित्य गीत–कविता के रूप में लिखी जाती थी। इस क्षेत्र में लोगों की गीत गाने और सुनने में गहरी रूचि होने के कारण कुछ कवि लोकप्रिय हुए लेकिन मीडिया में छपने के बाद से नागपुरी साहित्य संसार का विस्तार रूप सामने आने लगा। छोटानागपुर में विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में आदिवासियों की अपनी भाषा और नागपुरी ही प्रचलित थी। हिंदी से लोग अनभिज्ञ थे, लेकिन अंग्रेजों के आगमन के बाद से लोग हिंदी भाषियों के संपर्क में आये और हिंदी बोलने लगे। इसकी चर्चा सुधीर लाल ने अपनी पुस्तक झारखंड सामान्य ज्ञान में की है। '15 जनवरी 1834 ई. में कंपनी सरकार द्वारा राँची में साउथ वेस्ट फ्रंटीयर एजेंसी कमिश्नरी का मुख्यालय स्थापित हुआ। उसके बाद बिहार, उत्तर प्रदेश आदि जगहों से आकर हिंदी भाषी बसने लगे। कार्यालयों, बाजारों, पुलिस थानों, सैनिक छावनियों, यातायात माध्यमों से हिंदी का प्रचार बढ़ता गया।'[10]

इस कारण पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन भी प्रारंभिक दौर में हिंदी में किया गया। राँची से भाग्यवती देवी क्षेत्रिय के संपादन में 'वनिता हितैषी' नामक पत्रिका 15 सितंबर 1892 ई. से निकलना प्रारंभ हुआ। यह समाज सुधारक पत्रिका थी। यह नारी जाति के उत्थान पर केंद्रित थी। बाल–विवाह, दहेज प्रथा, पर्दा प्रथा आदि कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए बालकृष्ण सहाय, ठाकुर गदाधर सिंह आदि रचनाकारों की लेख, निबंध, कविता प्रकाशित होती थी। झारखंड क्षेत्र का प्रथम अखबार आर्यावर्त को माना जाता है, जो एक छोटी साप्ताहिकी थी। यह एक अप्रैल 1898 ई. में राँची से प्रकाशित हुई। यह झारखंड की पहली साप्ताहिक अखबार थी। हालांकि इस क्षेत्र में सर्वप्रथम सन् एक दिसंबर 1872 ई. से जर्मन मिषन द्वारा धर्म प्रचार के लिए हिंदी में घर–बंधु नामक पत्रिका प्रारंभ की। 'यह झारखंड की पहली पत्रिका है।'[11] बहुत जगह इस पत्रिका के प्रकाशन का वर्ष 1880 ई. बताया गया है, लेकिन जीईएल चर्च कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार घर–बंधु पत्रिका का प्रकाशन 1872 ई. में प्रारंभ हुआ, जो आज भी जारी है। इसे राँची से प्रकाशित किया जाता था। रेव्ह एनाट रॉड इसके संपादक हुआ करते थे। यह पत्रिका आज भी रांची से ही छपती है। वर्तमान में 10 हजार प्रतियां छपती हैं। इसके बाद इस क्षेत्र में पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन तेजी से होने लगा, लेकिन अब तक नागपुरी को इन पत्र–पत्रिकाओं में जगह नहीं मिल पायी थी। सर्व प्रथम राँची से प्रकाशित पत्रिका 'सत्संग' में नागपुरी भाषा को जगह मिली। 'सत्संग' मूलतः इसाई धर्म की पत्रिका थी, जो फादर पीटर शांति नवरंगी के संपादन में निकली। यह पत्रिका 1937 ई. से 1954 ई. तक निकली। जिसमें छोटानागपुर के इतिहास पर धारावाहिक छपी। 'झारखंड' मासिक पत्रिका 1938 ई. में बड़ाईक ईश्वरी प्रसाद सिंह के संपादन में गुमला से प्रकाशित झारखंड आंदोलन की महत्वपूर्ण पत्रिका थी। इस पत्रिका के पहले इस क्षेत्र के लिए झारखंड शब्द का प्रयोग नहीं होता था। 'झारखंड पत्रिका ने झारखंड शब्द को स्थापित कर दिया। इस नाम को देने में राधाकृष्ण का नाम सबसे अग्रणी है, चूंकि उन्होंने ही बड़ाईक ईश्वरी प्रसाद को इस नाम से पत्रिका निकालने के लिए प्रेरित किया। जिसमें उनका भरपूर सहयोग रहा।'[12] 'आदिवासी सकम' छह जुलाई 1940 ई. को जयपाल सिंह मुंडा के संपादन में प्रकाशित हुई। यह आदिवासी महासभा का मुखपत्र था, जिसमें हिंदी, बंगला और अंग्रेजी सहित झारखंडी भाषाओं के आलेखों को प्रमुखता से स्थान दिया गया। इसमें नागपुरी को भी जगह दी गयी। 'अबुआ झारखंड' 14 दिसंबर 1947 ई. से इग्नेस कुजूर एवं आगे चलकर इग्नेस बेक के संपादन में दासो प्रेस, पत्थलकुदवा रांची से निकलना प्रारंभ हुआ, जो 1950 ई. से झारखंड पार्टी का मुखपत्र बना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ राम प्रसाद, स्वतंत्र्योत्तर नागपुरी साहित्य : एक शास्त्रीय अध्ययन, पृ –46
2. डॉ राम प्रसाद, स्वतंत्र्योत्तर नागपुरी साहित्यः एक शास्त्रीय अध्ययन, पृ –28
3. डॉ राम प्रसाद, स्वतंत्र्योत्तर नागपुरी साहित्यः एक शास्त्रीय अध्ययन, पृ –28
4. –वही – पृ – 24
5. पंडित योगेंद्र नाथ तिवारी, नागपुरी का संक्षिप्त परिचय, पृ–42
6. डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी, नागपुरी शिष्ट साहित्य, 1972, पृ– 10
7. डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी, नागपुरी शिष्ट साहित्य, 1972, पृ– 10
8. डॉ श्रवण कुमार गोस्वमी, नागपुरी शिष्ट साहित्य, पृ– 15
9. डॉ गिरिधारी राम गौंझू, पीटर शांति नवरंगी : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, पृ– 126
10. सुधीर लाल, झारखंड सामान्य ज्ञान, पृ –133
11. सुधीर लाल, झारखंड सामान्य ज्ञान, पृ –134
12. सुधीर लाल से बातचीत में मिली जानकारी के अनुसार

मुण्डारी गद्य साहित्य का इतिहास

इंदिरा कोनगाड़ी *

शोध सारांश – मुण्डाओं का इतिहास प्राय: मौखिक रूप में उनके लोक साहित्य में ही मिलता है। इसका लिखित इतिहास विदेशी विद्धानों ने प्रारम्भ किया था, फिर भी अब तक इसका कोई प्रामाणिक इतिहास नहीं आ सका है। इस तरह मुण्डाओं के इतिहास का पता प्राचीन अवशेषों, उनकी संस्कृति, लोक–भाषा, पौराणिक कथाओं तथा लोक साहित्य के विशेष अध्ययन से ही लगाया जा सकता है। परन्तु 'मुण्डारी लोक साहित्य में ऐतिहासिक तथ्य ऐसे बिखरे पडे हैं, जैसे नदी के बालू में सोने के कण बिखरे पड़े होते हैं। यही कारण है कि मुण्डारी लोक साहित्य, ये एक कठिन काम है। इसका बड़ा भाग अभी भी मौखिक है। ये प्रकाशित तथा अलिखित लोक गीत, लोक कथाएँ, कहानियाँ और बुझौवल कब की है। इसका भी पता प्राय: नहीं चलता है। जिनमें आदिम तथा प्राचीनता मिटकर नवीनता का योग विद्यमान है।'[1]

मुण्डारी गद्य साहित्य का उद्गम और विकास – किसी भाषा या लोक भाषा का विकास उसके मौखिक साहित्य की परम्परा से ही होता है। मानव समुदाय में मौखिक रूप से प्रचलित लोक कथा, लोकोक्ति, पहेली आदि जब किसी भाषा में लिखित रूप में संकलित कर प्रस्तुत की जाती है, तब उस भाषा के गद्य साहित्य के मुद्रित और प्रकाशित होने पर भाषा और साहित्य का अंग बन जाती है। 'आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के बीच के हजारों वर्षो की कालावधि में विभिन्न चरणों में विभिन्न भाषाओं के साहित्य का विकास मौखिक रूप से होकर लिखित रूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत हुआ है। 'मुण्डारी गद्य साहित्य' भी इसका अपवाद नहीं है। 'मुण्डा' जनजाति का इतिहास भी उनके प्रव्रजन, विस्थापन, विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक समूहों से सम्मिलन के साथ जुड़ा हुआ है। साहित्य लेखन और उसके विकास तथा विस्तार के लिए सामाजिक एवं राजनैतिक स्थिरता और स्थायित्तव आवश्यक होता है। 'मुण्डा' जनजाति का इतिहास प्रवर्जन के साथ–साथ विभिन्न आन्दोलन,विद्रोह और युद्धों से जुड़ा रहा है। अपने आदि स्थान 'सिङदिशुम' से बिछुड़ने के बाद उनका स्थायी पुनर्स्थापन छोटानागपुर में सुतियाम्बे (सुतिया नागखण्ड) में ही सम्पन्न हुआ। उसके पूर्व के साहित्य लेखन का कोई प्रसंग या उदाहरण नहीं मिलता है। अत: इस लम्बी अवधि में उनका गद्य साहित्य पूरी तरह मौखिक परम्परा में ही अक्षुण्ण और संरक्षित रहा।'[2] कहा जाता है कि 'मुण्डारी भाषा के लिखने की शुरूआत एक ताड़ पत्ता (तलि सकम) में उड़िया में उड़िया लिपि में लिखा गया लेकिन यह प्रचलित न हो सका।'[3]

'मुण्डारी साहित्य का सृजन नहीं होने का कारण है राज्याश्रय की प्राप्ति का न होना। पहले पूरे देश में इस प्रकार की भाषाओं का अपने समाज को छोड़कर राजकीय स्तर पर कोई महत्त्व नहीं था। मुण्डारी भाषा सबसे पहले ब्राह्मी लिपि, उड़िया लिपि, और कैथि लिपि में लिखी गई थी। परन्तु अब इसका कोई प्रमाण नहीं है। कैथी लिपि का प्रमाण कहीं–कहीं 'ससंग दिरि' (शमसान) घाट के पत्थर और खतियानों में मिल सकता है।'[4]

मुण्डारी गद्य साहित्य से संबंधित लोककथा, पहेलियाँ, मुण्डारी भाषा का व्याकरण, शब्द कोष आदि का लेखन और संकलन का कार्य तत्कालीन विदेशी (अंग्रेज प्रशासको और अन्य विद्धानों) द्धारा प्रारम्भ किया गया था। 'मुण्डारी भाषा को व्याकरण प्रदान करने का कार्य सर्वप्रथम रेव0 अलफ्रेड नोट्रोट ने 1904 ई0 में 'ग्रामर ऑफ द कोल लैंगवेज' नामक पुस्तक (अंग्रेजी में) के माध्यम से किया था।'[5]

'इससे पहले सभी भाषाएँ मौखिक रूप से ही प्रचलित थी। इसे अंग्रेजी में इस तरह कहा जाता है:–The Munda language was for the first time, reduced to writing.

यह बिहार के क्षेत्र में हिन्दी और देवनागरी लिपि का प्रचलन था इसलिए 'बाइबल' का मुण्डारी लिखित देवनागरी लिपि मे ही लिखा गया। यही से मुंडा भाषा का विकास तथा विस्तार शुरू हुआ।'[6]

1850 ई0 के आस–पास से कुछ मुण्डा विदेशी धर्म 'ईसाई' की ओर अपना कदम बढ़ाने लगे। वे अपनी परम्पराओं को छोड़कर अंग्रेज व ईसाई सभ्यता संस्कृति को पूर्णत: ग्रहण करते गये। 'होड़ो जगर रेअ: एते:हइसि नङगम ओड़ो: हरा रनकब' नामक पुस्तक के पृष्ठ संख्या 50 का अध्ययन करने से स्पष्ट पता चलता है कि विदेशी मिशनरीज् Rev.Dr.A. Nottrott का' मुण्डा इतुन सिदा पुथि' मुण्डारी व्याकरण, मुण्डारी भाषा में सबसे पहले 1871 ई0 प्रकाशित हुआ था।'[7]

इसके बाद डॉ अल्फ्रेड नात्तारोत की लिखी गई अन्य पुस्तक है:– 'मुण्डा इतुन एटअ: पुथि,' एटअ: क्लास रअ: पढ़व पुथि', 'सिदा स्ट्रैण्डर्ड गिनती पुति', 'मरकुसअ: सुकु कजि', 'ग्रामेटिक डेर कोल एसपरच', 'होड़ो जगर सुनुसर कजि', 'उलथकद् धरम पुथि', 'बाइबल' आदि। सभी पुस्तके 1871 ई0 से 1891 ई0 के बीच प्रकाशित हुई। 'होड़ो जगर रे मरि नियम' 1909 ई0 में तथा होड़ो जगर रेअ धरम पुथि', 'बाइबल' 1911 ई0 में प्रकाशित हुआ।'[8]

'मुण्डारी ग्रामर' जे0 सी0 ह्विटली 1873 ई0 में, 'मुण्डारी ग्रामर', रेव0 जॉन हॉफैमैन के द्धारा बंगाल सेक्रेटेरियट प्रेस, कलकत्ता से 1903 ई0 में प्रकाशित हुआ। इन दोनों विद्धानों ने संभवत: मुण्डारी भाषा की मौखिक साहित्य को या उस समय उपलब्ध (अंग्रेजी भाषा में) कतिपय लिखित रचनाओं को आधार बनाकर व्याकरण की रचना की होगी। इसके बाद मुण्डारी व्याकरण के साथ शब्दकोष पर 20वीं सदी के प्रथम चरण में रेव0 जॉन हॉफमैन के द्धारा 'इनसाइक्लोपीडिया मुण्डारिका' का 1950 ई0 में प्रकाशन हुआ। बंगला के श्री शरत चन्द्र राय का शोध–प्रबन्ध 'मुण्डा एण्ड देयर कन्ट्री'

* जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, राँची महिला महाविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

1912 ई0 में प्रकाशित हुआ।

मुण्डारी गद्य साहित्य से संबंधित लेखन और प्रकाशन का कार्य उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर 1845 ई0 से आरंभ हुआ। उस समय की विविध गद्य रचनाएँ निम्न प्रकार थी:-

1. रूडिमेंट्स ऑव ए मुण्डारी ग्रामर, फादर जे0 दि0स्मेत, कॉथलिक ऑरफन प्रेस कलकत्ता 1891 ई0।
2. मुण्डारी फर्स्ट रीडर, सिदा पुथि, कॉथलिक ऑरफन प्रेस, कलकत्ता से 1896 ई0 में 1ला संस्करण।
3. ग्रामेटिकडेर कोल-एसपरच् (जर्मनी), डॉ0 अल्फ्रेड नोत्तरोत (दि ग्रामर ऑव कोल लैंगवेज)(अंग्रेजी), बर्लिन से 1904 ई0 में प्रकाशित
4. ए मुण्डारी ग्राम विथ एक्सरसाइजेज्, फादर जॉन बापतिस्ति हॉफमैन ऑरफल प्रेस, पुर्त्तगीज चर्च रोड कलकत्ता।
5. टीच यूरसेल्फ मुण्डारी, सिरिल हँस, सेंडा समइति राँची।[9]
6. ए मुण्डारी इगलिश शब्दकोष, मनदरा भूषण भादूरी 1931 ई0
7. LANGUAGE HAND BOOK MUNDARI -ANON, मनदरा भूषण भादूरी 1944 ई0
8. A MUNDARI GRAMMAR PART 1 TO 3, मनदरा भूषण भादूरी 1903 ई0
9. MUNDARI GRAMMAR, डॉ0 एन0 के0 सिन्हा 1975 ई0
10. MUNDARI PHONETIN READER, डॉ0 एन0 के0 सिन्हा 1974 ई0
11. STUDIES IN THE MUNDA NUMERALS, डॉ0 नोर्मन एच0 जाईड 1978 ई0
12. दंडा जमाकन होड़ो कहानिको, भाइया राम मुण्डा तथा गाँधी कथा 1961 ई0, सचिवालय मुद्रणालय बिहार राँची, बिहार सरकार कल्याण विभाग।
13. मुण्डा लोक कथाएँ, श्री जगदीश त्रिगुणायत, 1968 ई0,सचिवालय शाखा मुद्रणालय, बिहार राँची।
14. कुदुम ओड़ो: सोलको, डॉ0 मनमसीह मुण्डु 1980 ई0, कॉथलिक, प्रेस राँची।
15. मतुराअ: कहनि,मेनास राम ओड़ेया सत्य भारती, राँची 1989, ई0, 1ला संस्करण, 1786 ई0 में प्रकाशित
16. गुइरम् , काशीनाथ सिंह मुण्डा काण्डे', 1980 ई0
17. 'ए आ नवा कानिको', रामदयाल मुण्डा, अमित मुण्डा,नलिनी, नाग, 1980 ई0
18. मुण्डाओं का कुर्सीनामा और गोत्र, पी0 एस0 जे0 पुर्ती, 1972 ई0

इस प्रकार 1950 ई0 तक मुण्डारी' मौखिक गद्य साहित्य का जो भी संकलन/ लेखन कार्य हुआ, उसे अंग्रेजी और मुण्डारी भाषा मे रोमन लिपि में मुद्रित एवं प्रकाशित किया गया। उनके अध्ययन और लेखन, विश्लेषण का कार्य उस समय के उच्च पदस्था प्रशासनिक पदाधिकारी, मानव शास्त्री तथा जाने-माने विद्वानों द्वारा अंग्रेजी भाषा (रोमन लिपि) में किया गया, जो जनसाधारण के पहुँच से बाहर था। राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उनका प्रचार एवं प्रसार खुब हुआ उस समय के मुण्डा गद्य से संबंधित जिस लोक साहित्य का विकास हुआ था वह लोक अथवा मुण्डा समुदाय के आम आदमी के लिए नहीं प्रस्तुत किया गया था। इस अवधि में मुण्डा समाज में मौखिक परम्परा से चली आ रही मिथकों, आख्यानों, लोक कथाओं, पहेलियों, सगुन विचार, मुण्डा गोत्र की उत्पत्ति आदि विषयों पर लेखन संकलन और अभिलेखीकरण का महत्तवपूर्ण कार्य, भाषा की दुरूहता और जटिलता के कारण वह आम आदमी के लिए ग्राह्य एवं उपयोगी नहीं हो सका।

इस संदर्भ में यह उल्लेखनीय है कि मुण्डा समाज में व्याप्त लोक कथाओं का प्रकाशन 1961 ई0 में भइया राम मुण्डा की पुस्तक 'दंडा जमाकन कानिको' अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय बिहार, राँची से बिहार सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा छापा गया। इसमें 26 लोक कथाएँ हैं। इसमें जो लोक कहानियाँ है वे खाँटी हसादअ: मुण्डारी में लिखी गई है। इनकी प्रकाशित रचनाओं में मुण्डा क्षेत्र में प्रचलित एवं लोकप्रिय लोक-कथाओं में निम्न हैं:- मियद् रगोसा कुड़ी आद् ए हगेया को, लण्डिया रोतोड़े बमाड़े, कोंडा होन आद् बोंगा हइ, पुती राजा आद् बेलमुती रानी, हिरा मुन्दरा, मेद् अद् सोना दिदि, गुपिन कोव: बा, ए हगेया कोव: होन मिसी पिरी, डोण्डो होड़ो, सतना कुम्बर, पुइतु हड़म बुड़ि आद् बन्डा तुयु, ए हगेया को, ए हगेया को आद् इनकुव: मिसि, राजा: कुड़ि होन लो: तुयुव: अंणंदि, हड़म बुड़िया किङ आद् मोयोद कुला, बोंगा कि: कुड़ी होन, लिट कोड़ा आदि विभिन्न विषयों से संबंधित लोक कथाएँ हैं।

सन् 1968 ई0 में श्री जगदीश त्रिगुणायत की पुस्तक 'मुण्डा लोक कथाएँ' नामक पुस्तक प्रकाशित हुई। इसका प्रकाशन अधीक्षक, सचिवालय शाखा, मुद्रणालय, बिहार राँची से हुआ। श्री जगदीश जी ने 'मुण्डा लोक कथाएँ' पुस्तक को दो भागों में विभाजित किया है। पहला भाग में विषय प्रवेश तथा दूसरी भाग में लोक कथाएँ। इसके अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि 'मुण्डा' लोक जीवन के विभिन्न पहलु उनकी सामाजिक व्यवस्था, संस्कृति, लोक परम्परा, विधि-निषेध आदि देखने को मिलती है। उनके कथाओं के सभी तत्तव मिलते हैं, जो पौराणिक जातक कथाओं, हितोपदेश की कथाओं-मित्रलाभ आदि मिलते हैं। इन कथाओं में मिथक, आख्यान, जातिकथा आदि की प्रधानता है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि 'लोक में प्रचलित और परम्परा से चली आने वाली मूलत: मौखिक रूप में प्रचलित कहानियाँ लोक कहानियाँ कहलाती है।'[10] यह स्व: चलित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ0 सिकरादास तिर्की, 'मुण्डारी लोक साहित्य में इतिहास' पृष्ट संख्या- 38,39,
2. डॉ0 आदित्य प्रसाद सिन्हा, 'हो भाषा और साहित्य का इतिहास', पृष्ट संख्या-201,202
3. एस0ए0बी0डी0 हँस, 'होड़ो जगर रेअ एतेह:इसि नङगम ओड़ो हरा रनकब, पृ. सं.-41
4. सुलेमान बडिङ, रेफरेशन कोर्स, ज0जा0 एवं क्षेत्रीय भाषा स्टाफ का राँची, पृ0सं0-03
5. डॉ0 आदित्य प्रसाद सिन्हा, हो भाषा और साहित्य का इतिहास, पृ0 सं0-102
6. एस0ए0बी0डी0 हँस, होड़ो जगर रेअ एते:हइसि नङगम ओड़ो हरा रनकब, पृ0 स0-44
7. एस0ए0बी0डी0 हँस, होड़ो जगर रेअ एते:हइसि नङगम ओड़ो हरा रनकब, पृ0 स0-50
8. डॉ0 मनसिद्ध बड़ायउद्, होड़ो जगर सइति ओड़ो सइति ओलहरियाको, पृष्ट संख्या-188
9. डॉ0 मनसिद्ध बड़ायउद्, होड़ो जगर सइति ओड़ो सइति ओलहरियाको, पृष्ट संख्या-188, 191, 196
10. डॉ0 सत्येन्द्र, हिन्दी साहितय कोश, भाग 1, संपादक डॉ0 धीरेन्द्र वर्मा, वाराणसी, सवंत 2015 पृष्ट संख्या-748

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

खड़िया जनजीवन की पारम्परिक शासन-व्यवस्था

चन्द्र किशोर केरकेट्टा *

प्रस्तावना - झारखण्ड जनजातियों का राज्य है। यहाँ सभी 32 जनजातियाँ निवास करते हैं और सभी जनजाति की अपनी-अपनी सामाजिक बंधन, संस्कृति एवं सामाजिक नियम-कानून में बंधे होते हैं। जनजाति समाज इसी नियम-कानून से चलती है। सभी जनजातियाँ जैसे संताल, मुण्डा, खड़िया, हो, उराँव, लोहरा, खेरवार, आदि सभी प्रमुख जनजातियों की अपनी-अपनी पारम्परिक कानून व्यवस्था है जिसे हमारे पूर्वजों ने बनाया है। शिक्षा की दृष्टि से जनजातियाँ समाज धीरे-धीरे शिक्षित हो रहे हैं और अपनी जाति की पारम्परिक कानून व्यवस्था, संस्कृति, और साहित्य प्राप्त कर रहे हैं। खड़िया जनजाति की भी अपनी पारम्परिक शासन-व्यवस्था और इसी से समाज चलती है। खड़िया जनताति की पारम्परिक कानून व्यवस्था प्राचीन काल से ही चली आ रही है। यह सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था पीढ़ी दर पीढ़ी से चलती आ रही है। इसी पारम्परिक कानून व्यवस्था से खड़िया समाज लम्बी समय से चलती आ रही है। इसी पारम्परिक कानून व्यवस्था से खड़िया समुदाय के लोग किसी भी बात के लिए साथ बैठकर ही सर्वसम्मति से निर्णय लेते हैं। खड़िया समाज के सभी बुद्धिजीवी वर्ग के लोग बैठक से सही न्याय करते हैं। सामाजिक बैठक में किसी ममला के निर्णय लेने में पुरूषों की अहम भूमिका होती है। खड़िया समाज के सभी बुद्धिजीवी एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करते हैं इन्हें को खड़िया भाषा में डोकलोय कहा जाता है। खड़िया डोकलोय दो शब्दों के मेल से बना है। डोको + आलोय के मेल से डोकलोय शब्द बना है। इसमें दोनों शब्द का अलग-अलग अर्थ है। डोको शब्द का अर्थ है बैठना और आलोय शब्द का अर्थ अलग करना है। यानि असत्य को सत्य से अलग करना कहने का मतलब यह है कि समाज में यदि कोई आदमी अपराध करता है तो उसको समाज से छिलन किया जाता है। अगर समाज से किसी व्यक्ति को छिलन किया जाता है तो उससे ना तो किसी को बात करना है और ना ही उसका परिवार से किसी तरह का ना खान-पान ना किसी को बैठना-उठना है।अगर गाँव का कोई व्यक्ति उस व्यक्ति से बात करता या उनसे खान-पान करता है तो उनको भी जुर्माना भरना पड़ता है । अगर छिलन किया व्यक्ति समाज के लोगों के पास जाकर आपनी गुनाह या अपराध स्वीकार करता है तो बैठक कर जात भितर किया जाता है ।

खड़िया समाज में किसी भी तरह गलती होने या गलत बात के लिए डोकलोय किया जाता है। गाँव में कोई भी मामला होता है तो उसमें दो पक्ष के लोग होते हैं और किसी भी प्रकार का मामला होता है तो समाज के दोनों पक्ष का बात को सुनते है। उस बात में सच और झूठ दोनों हो सकता है। इस झूठ से सच को निकालने के लिए डोकलोय का होना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि डोकलोय के माध्यम से ही इस मामला का सही निर्णय किया जा सकता है। ये सब सामाजिक कार्यों को करने के लिए ही खड़िया जाति का अपना शासन का व्यवस्था है और इसी शासन-व्यवस्था से खड़िया समाज चलती है। इस शासन-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए गाँव स्तर से खड़िया जाति में एक संगठन बना रहता है। इसी संगठन के माध्यम से समाज चलती है। गाँव स्नर के इस संगठन के प्रमुख को करटाहा कहते है। खड़िया जाति की सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था अभी भी जीवित है । खड़िया संगठन से खड़िया जाति के लोगों को विनाश होने से बचाया जा सकता है। खड़िया समाज के हर घर के लोग इस संगठन का सदस्य होते है। हमारी इस सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था को बचाकर रखना हम सभी लोगों का कर्त्ताव्य है।

1. करटाहा डोकलोय (गांव स्तरीय संगठन) (क) करटाहा (ख) संघ्रो करटाहा (ग) मोहता (घ) कोटवार
2. खुँट डोकलोय (पंचायत स्तरीय संगठन)
3. पहटा डोकलोय (प्रखण्ड स्तरीय संगठन)
4. परगाना डोकलोय (जिला स्तरीयसंगठन)
5. राईज महाडोकलोय (राज्य स्तरीय संगठन)

ये पाँच तरह के खड़िया पारम्परिक शासन-व्यवस्था के रूप-रेखा है। इसी के दिशा-निर्देश पर समाज चलती है। समाज के लोगों को इनका बनाया नियमों का पालन करना ही पड़ता है। अगर कोई इस नियमों का पालन नहीं करते हैं तो उनको समाज से छिलन किया जाता है। गाँवों में करटाहा समिति होती है जो इसका प्रभाव किसी एक गाँव में होती है। करटाहा संगठन हर गाँव बनी होती है।गाँवों का कानून व्यवस्था को करटाहा संगठन ही देखती है। करटाहा से उपर खुँट संगठन होती है जो कई गाँवों को मिलाकर बनती है। खुँट संगठन का प्रभाव कई गाँवों में होती है जो एक पंचायत के बराबर में होती है। खुँट से उपर पहटा डोकलोय संगठन होती है जो कई खुँट को मिलाकर बनती है । पहटा संगठन डोकलोय का प्रभाव कई खुँट में होती है जो एक प्रखण्ड के बराबर में होती है। पहटा से उपर परगना डोकलोय संगठन होती है जो कई परगना को मिलाकर बनती है। परगना डोकलोय संगठन का प्रभाव कई पहटा में होती है जो एक जिला के बराबर में होती है। परगना से उपर राईज महाडोकलोय संगठन होती है जो कई परगना को मिलाकर बनती है। राईज महडोकलोय संगठन का प्रभाव पूरे देश में होती है। यह खड़िया समाज का सबसे उपर है इसका निर्णय अंतिम होती है। राईज महाडोकलोय के निर्णय को सभी मानना ही पड़ता है।

1. करटाहा डोकलोय - करटाहा डोकलोय संगठन खड़िया शासन-व्यवस्था का सबसे नीचे गाँव स्तर में काम करता है। करटाहा ही खड़िया शासन-व्यवस्था के मूल कार्यो को करता है। करटाहा का उत्पति **'करकर**

* सहायक प्रोफेसर (खड़िया) जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, कार्तिक उराँव कॉलेज, गुमला (झारखण्ड) भारत

डा' से हुआ है जिसका खड़िया भाषा में अर्थ है, शुद्ध करना। यानि समाज से छिलन और बहिस्कृत लोगों को शुद्धिकरण कर समाज में पुन: रहने योग्य बनाता है। करटाहा जो भी बात कहता है वह साफ-साफ कहता है। करटाहा प्रत्येक गाँवों होती है इसका चयन उस गाँव के सभी गोत्र के कुटुम्बों के द्धारा होता है। करटाहा पद के लिए गाँव के किसी पुरुष कुटुम्ब को ही सर्वसहमति से चुना जाता है। करटाहा का कार्य क्षेत्र एक राजस्व ग्राम के अन्दर ही होता है। करटाहा डोकलोय संगठन का सदस्य खड़िया समाज के हर घर के पुरूष लोग होते हैं। इसका जो अगुवाईकर्ता करटाहा होता है। गाँव के सभी सदस्यों को करटाहा का कार्य में सहयोग करना होता है। खड़िया जाति के सदस्यों को संगठन में रखकर इसे आगे बढ़ाने की पूरा सहयोग करते हैं। हमारे समाज में करटाहा का पद प्राचीनकाल से है ।

(क) करटाहा – सभी गाँवों में एक करटाहा डोकलोय होती है। जिसका चयन उस गाँव के सभी पुरुष कुटुम्बों के द्धारा चयन किया जाता है। यह अपने कुटुम्बों में से किसी भी गोत्र का हरटाहा हो सकता है। यह गाँव का ईमानदार एवं सामाजिक रीति-रिवाजों का जानने वाला व्यक्ति होना चाहिए। करटाहा गाँव का प्रमुख व्यक्ति होता है। गाँव के जितने भी समस्याएँ होती है उस सब समस्या को करटाहा के बताना होता है। गाँव का सारा कानून इसी के हाथ में होता है। गाँव के प्रमुख होने के नाते इसे सबों की समस्या सुनना और उसको समाधान करना करटाहा को पड़ता है। कोई ऐसे भी आदमी होते हैं, जो सिर्फ अपनी स्वार्थ के लिए कार्य करते हैं, पर मौजा का जो बड़े होते हैं। उनको ईमानदारी से काम करने के लिए चुना जाता है। इसको किसी भी तरह का समाज के प्रति बुरा नहीं सोचना चाहिए। पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करना चाहिए। करटाहा को समाज में बहुत लोगों की खरी-खटी बात भी सुनना पड़ता है। एक गाँव में जितने भी परिवार होते हैं और परिवार में जितने भी सदस्य होते हैं। सभी के सभी करटाहा के अधीन में होते हैं। सभी सदस्य उसका सम्मान करते हैं। गाँव के हर सदस्य को मिलाकर ही करटाहा समिति का निर्माण होता है। गाँव में बसने वाले प्रत्येक गोत्र के सभी परिवार के प्रधान करटाहा डोकलोय संगठन के अनिवार्य सदस्य होते हैं। इन सभी को मिलाकर ही करटाहा डोकलोय संगठन का निर्माण किया जाता है। सभी गाँवों में एक करटाहा होता है। इसका सहयोग के लिए एक संघ्रो करटाहा, एक महतो और एक कोटवार होता है। इसके साथ ही गाँव में जितने गोत्र के लोग कुटुम्ब होते हैं। करटाहा, संघ्रो करटाहा, मोहतो, कोटवार के गोत्र को छोड़ कर सभी इस समिति के सदस्य होते हैं।

समाज में करटाहा के कार्य – करटाहा के गाँवों के सबसे प्रमुख व्यक्ति होता है, समाज में किसी भी बैठक की अगुवाई करटाहा स्वयं करता है। खड़िया समाज में किसी भी प्रकार के नियम लागू हैं। खड़िया समाज के लोग प्राचीन काल से ही किसी भी बात के लिए एक साथ बैठकर ही सर्वसहमति से समस्या का समाधान करते आ रहे हैं और यही वर्तमान समाज में भी है। गाँव के सभी नियमों का पालन करना सभी सदस्यों का कर्त्तव्य है। समाज में रहने के नाते सामाजिक नियमों का पालन करना बहुत जरुरी होता है।

शासन-व्यवस्था सभी जाति समाज के लोगों का होता है। हम सभी मानवा जाति के लोग अपनी समाज का सही तरीका से चलाने के लिए इसका पालन करना ही होता है। खड़िया समाज के लोग भी अपनी शासन-व्यवस्था एक अंग होते हैं। करटाहा डोकलोय संगठन समाज में नि:स्वार्थ सेवा करता है। समाज के लोगों को सही मार्ग पर लेकर चलना ही उसका मुख्य उद्देश्य होता है। किसी परिवार के लोगों को सामाजिक रीति-रिवाज तोड़ने पर कुटुम्ब समाज से छिलान करता है तो उनको उद्धार या शुद्धिकरण के बाद ही समाज में पुन: शामिल किया जाता है। गाँव के जितने लोग गलती करते हैं। सभी गलतियों का समाधान करटाहा तथा गाँवों के सभी सदस्यों के द्धारा ही किया जाता है। करटाहा अपनी मर्जी से किसी भी ममाला का फैसला अकेले नहीं कर सकता है। करटाहा सभी लोगों को बैठक में बुलाकर इसका करवाई सबके सामने करता है। बैठक में गाँव के सभी सदस्यों को बैठक आना पड़ता है। बैठक में ही सबके सामने किसी अपराध के खिलाफ सजा या माफी का फरमान करटाहा सुनाता है। गाँवों का शासन-व्यवस्था सभी लोगों के राय से ही चलती है।

(ख) संघ्रो करटाहा – गाँव में करटाहा का एक सहयोगी होता है उसे संघ्रो करटाहा कहते हैं। संघ्रो करटाहा गाँव का दूसरा प्रमुख और सम्मानित व्यक्ति होता है। करटाहा की अनुपस्थिति में संघ्रो करटाहा ही डोकलोय का संचालन करता है। करटाहा के नहीं रहने पर संघ्रो करटाहा का अधिकार है कि किसी परिवार के लोगों को सामाजिक रीति-रिवाज तोड़ने पर कुटुम्ब के लोग समाज से छिलान कर दिया है तो उनलोगों का उद्धार या शुद्धिकरण कर समाज में पुन: शामिल करना संघ्रो करटाहा का काम है । गाँव के जितने लोग गलती करते हैं।गाँव के लोगों की गलतियों का समाधान संघ्रो करटाहा तथा गाँवों के सभी सदस्यों के द्धारा ही किया जाता है। संघ्रो करटाहा, करटाहा के सारे क्रियाकलापों में सहयोग करता है। करटाहा के जितने भी कार्य होते हैं। उस कार्यो में संघ्रो करटाहा का आवश्यक रूप से सहयोग रहता है। करटाहा और संघ्रो करटाहा दोनों साथ मिलकर ही गाँव के सामाजिक कानून-व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाते हैं।

(ग) मोहतो – खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था के करटाहा डोकलोय में मोहतो का भी एक पद है। एक गाँव में मोहतो का रहना आवश्यक है। गाँव में करटाहा डोकलोय की बैठक होने की जानकारी लोगों तक मोहतो ही पहुँचाता है। खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था के करटाहा डोकलोय की बैठक गुरूवार दिन को ही होती थी। गुरूवार दिन को खड़िया भाषा में महातोय कहते हैं। इसी महातोय दिन से ही इनका नाम मोहतो पड़ा है। खड़िया समाज के लोग गुरूवार को बहुत पवित्र दिन मानते हैं। इसी कारण खड़िया समाज के लोग बैठक कर समाज के विकास के लिए विचार-विमर्श करते हैं। इस दिन खड़िया समाज के लोग किसी तरह का कोई काम नहीं करते हैं। इसलिए बैठक भी महातोय यानि गुरूवार में ही होता था। चूँकि उस दिन खड़िया लोग हल नहीं चलाते हैं। खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था के करटाहा डोकलोय के मोहतो समाज के लोगों को सूचना देने का काम करता है। मोहतो टोला-टोला घुम-घुम कर लोगों को बैठक के लिए सूचित किया करता था। वह खड़िया भाषा में कहता था-**'महातोय ते डोकलो' आयि'ज् लेई झाड़ी लेबू डोकलो' ते डामनापे'** अर्थात गुरूवार को बैठक है, आप सभी लोगों का इस बैठक में आना है ।

मोहतो को कार्य – खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था के करटाहा डोकलोय में समाज की सभी बातों की सूचना मोहतो के द्धारा ही लोगों दिया जाता है। गाँव में बैठक का आयोजन मोहतो के कहने पर ही लोग आते थे। मोहतो का प्रमुख कार्य बैठक स्थल तक गाँव के लोगों को आने के लिए सूचना देना। संघ्रो करटाहा महातो को गाँवों में लोगों को सूचित करने का आदेश देता है। उसके बाद ही मोहतो गांव-गांव घूम-घुम कर बैठक की सूचना सभी लोगों को देता है। सूचना पाने के बाद सभी लोग बैठक में आते हैं, यह परम्परा प्राचीन काल से ही चलते आ रही है। वर्तमान में भी खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून-व्यवस्था के करटाहा डोकलोय उसका सूचना मोहतो की गाँव के हर सदस्य को देता है। जैसे किसी का घर

में परिवारिक विवाद हो या फिर कुछ भी बात तो उसका सूचना सबसे पहले तो करटाहा के पास ही जाता है, फिर करटाहा संघ्रो करटाहा को सूचित करता है।

(घ) कोटवार – खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून व्यवस्था के करटाहा डोकलोय में एक कोटवार होता है। यह करटाहा डोकलोय का सबसे छोटा पद है परन्तु यह भी आपने जगह महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कोटवार का चुनाव गाँव के लोग ही किसी ईमानदार व्यक्ति को सभी के सहमति से चुना जाता है। इसके लिए एक बैठक होता है और उसी बैठक में गाँव के समस्त सदस्यों के द्वारा उनका चुनाव किया जाता है। जब कोई व्यक्ति बैठक में नहीं आता है और बैठक विशेष कर उसी के लिए बैठा हो तो उसे बैठक स्थल तक आने का आदेश करटाहा देता है। तब कोटवार उस व्यक्ति को बुलाने लकड़ी का बना मुगरा लेकर उसे पकड़कर लाने जाता है। इस लकड़ी के मुगर को खड़िया भाषा में कोटला कहते हैं । इसी कोटला के नाम से वह कोटवार कहलाने लगा। जब भी कोटवार किसी व्यक्ति को बुलाने के लिए जाता है तो अपने साथ लकड़ी का बना कोटला लेकर ही जाता है। इस बड़ा मुगर या कोटला लेकर जाने के कारण ही इसका नाम कोटला से कोटवार हो गया।

निष्कर्ष – खड़िया सामाजिक पारम्परिक कानून–व्यवस्था के करटाहा डोकलोय में कोटवार करटाहा के आदेश पर किसी भी व्यक्ति को बुलाने या पकड़ कर बैठक में हाजिर करता है। कोटवार अपने कोटला को लेकर ही जाता है लकड़ी का बना मोटा कोटला देखकर अपराध किया व्यक्ति बैठक स्थान में जाने को राजी हो जाता है। ऐसी घटना लड़का–लड़की का मामला में गाँवों देखने को मिलता है। गाँव में इस तरह के बहुत से घटना होती है । जिसमें व्यक्ति गलती करने के बाद भी वह अपने आप को दोषी मानने से इन्कार करता है और वह बैठक में उपस्थित नहीं होता है। ऐसे स्थिति में कोटवार उस व्यक्ति को खोज कर बैठक स्थान में हाजिर करना कोटवार का काम है। कोटवार का मुख्य रूप से यही काम के लिए ही चुना होता है। कोटवार को सबसे ज्यादा परेशानी झेलना पड़ता है, क्योंकि कभी–कभी कोटवार को गाली भी सुनने को मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डुँगडुँग, डॉ. जोवाकिम : खड़िया जीवन और परम्पराएँ : 1999 कैथोलिक प्रेस राँची ।
2. शर्मा,तारा,डॉ. – खरिया जनजीवन: 2007, के.के.पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
3. सिंकु,बीर सिंह –झारखण्ड में आदिवासियों की पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था: 1998, 'बिरसा' बिन्दराय इन्स्टीच्यूट फॉर रिसर्च, स्टडी एण्ड एक्शन चाईबासा, झारखण्ड

व्यक्तिगत साक्षात्कार :-

1. प्रो. फ्रांसिस कुल्लू, गोसस्नेर कॉलेज सिमडेगा,तिथि– 01.08.16
2. निकोलस किड़ो,बीरू परगना डोकलोय सोहोर, तिथि– 15.07.16
3. मुचुंग पहान,ग्राम–किनीरकेला,थाना–बसिया,गुमला, तिथि– 12.04.16
4. गंगा राम खड़िया, ग्राम–टेंगरिया कोरकोटोली,पालकोट, तिथि– 06.02.15
5. डॉ. सुशील केरकेट्टा, अध्यक्ष– खड़िया साहित्य समिति, राँची।
6. खड़िया समाज के अनेकों बुद्धिजीवी ।

****

Problems of Population Education in India and their Remedies

Prof. Krishna Kant Sharma*

Abstract - The problems of population growth were first of all perceived by T.R. Malthus an English missionary in 18th century. In 1962, Prof. Viederman, S. Thomas and Prof. Philip. M. Hauser al Columbia University emphasized on the inclusion of population education in school curriculum. In 1964 Prof. Sloan R. Wayland of the Teacher Education Department, Columbia University coined the term 'Population education' and prepared its content material. In 1970 a regional workshop on 'Population and Family Life Education' was convened in Bangkok by UNESCO. After 1970, a serious thought over population education began in almost all the countries of the world, including India. In this paper Problem of the Subject Matter of Population Education, Problem of When to Start Population Education, Problem of How to Impart Population Education and their remedies have been discussed in brief.
Key Words - Population Education, Family Life Education, Family Planning.

Introduction - Population growth is a natural phenomenon. There was a time when population of the world was very less and the growth of population was necessary for us. The present situation is that the population in the world is growing at an alarming rate. It has created many problems before us. These problems were first of all perceived by T.R. Malthus an English missionary in 18th century. He published a book entitled 'An Essay on the Principles of population' in which he presented his ideas and views related to population growth. Encouraged by Malthus, economists began to study this problem minutely and reached at the conclusion that from the view- natural resources and production the growth of population to a certain extent is necessary, but after that it becomes dangerous. Politicians and educational organisers, in the 6th decade of 20th century felt the need that children should be made aware about the causes of population growth and its evil consequences and they should develop the attitude towards population control, right from the beginning. In 1962, Prof. Viederman, S. Thomas and Prof. Philip. M. Hauser al Columbia University emphasized on the inclusion of population education in school curriculum. In 1964 Prof. Sloan R. Wayland of the Teacher Education Department, Columbia University coined the term 'Population education' and prepared its content material. In 1970 a regional workshop on 'Population and Family Life Education' was convened in Bangkok by UNESCO. In this workshop the aims of population education were decided, the framework of its curriculum and strategy for its expansion were prepared. In this workshop the population education was defined in the following way- Population education is an educational programme which provides for a study of the population situation of the family, community, nation and work, with the purpose of developing in the students rational and responsible attitudes and behavior towards that situation. (The Asian Regional Workshop an Population and Family Life Education.—Bangkok, 1970).

After 1970, a serious thought over population education began in almost all the countries of the world, including India. Next to China, India is the most populous country of the world. The magnitude of the problem and the urgency to gauge its seriousness are perhaps nowhere so pressing as they are in India which alone accounts for about 17.5% of the world's population with no more than 2.4% of the total land area of the world. on the bases of the aims which have been decided for population education and the curriculum which has been prepared for it, in our country, population education should be defined as follows :

Population education is an education by which the children, youths and adults, all are made aware about the causes of population growth and its evil consequences, and at the same time an attitude is developed among them towards population control, increase in production and limited use of natural resources and thereby they are prepared to control the population.

Population education may thus be seen as the development of proper attitude towards population problems and the capacity to take rational decision in this regard.

Problems and Remedies - The condition of population explosion is highly alarming in India and population education is very necessary here. But the scholars are not unanimous about what should be the subject-matter of this education, when should this education be imparted and how should it be imparted. These are the major problems of population education in India.

Problem of the Subject Matter of Population Education

*Dean (Education) University of Kota and Principal, Bhagwati P.G.T.T.College, Gangapur City (Raj.) INDIA

- Although NCERT has prepared a detailed curriculum of population education in India and the Central and the State Governments have added it in school subjects- language, geography, history, civics, economics and biology and at the same time it has been added to the adult education programmes. But the educationists are not yet unanimous that whether population education should be imparted as a separate subject or as a part of other subjects and at the same time what should be its subject-matter at the different levels of education. The inclusion of sex education in population education is opposed by the populace themselves in India. The reasons of this problem are as follow- (1) The curriculum of population education prepared by NCERT is very extensive. (2) This curriculum has no relation with the children in the age group 6 to 14 years at the primary level. (3) The curriculum at the secondary level is already very extensive. (4) In our country it is not considered proper to impart sex education.

Remedy of the Problems :

1. There should be no curriculum of population education at the primary level.
2. Its curriculum should be limited at the secondary level and it should be taught as a part of economics. There should be a separate chapter on population in the text-books of economics wherein knowledge of the area, natural resources and population of India in comparison to the area, natural resources and population of the world and the knowledge of the evil consequences of rapid population growth and the measures of population control should be imparted.
3. In higher education it should be taught as a specialised subject as option, and not in the form of compulsory subject and an extensive curriculum should be prepared for it.
4. A general information of it should be provided in adult education and adults should be prepared for population control.

Problem of When to Start Population Education - Some scholars believe that the development of proper attitude towards life is affected more easily in childhood stage therefore efforts for the development of attitude towards population control should begin from the primary level of education. On the other hand, there are some scholars who do not want to burden the children with future anxiety. Some are even against making it as a part of school education; they believe that mass consciousness should be awakened through the means of mass communication. The causes of this problem are as follows—

1. Scholars of the first category fail to differentiate between value and attitude and they do not cogitate that which type of material will the children in the age group 6-14 years be able to understand.
2. Scholars of the second category forget that the objective of secondary education is to prepare children for future life. They may be made aware about the future problems of life, in fact they must be made aware about it.

Remedy of the Problems :

1. Children in the age group 6-14 years at the primary level neither have any relation with the subject-matter related to population education nor they are able to understand the subject-matter. It also hampers their normal growth by burdening them with future anxiety, Population education therefore should not be started at this level.
2. The main aim of secondary education is to prepare children for the forthcoming life. Moreover, children, at this level, become capable of understanding the subject-matter related to population education. Therefore, this education should be started at this level.
3. At present, adult education means education of the illiterates in the age group 15-35 years or the education of those who leave their primary education in between. By providing them general information related to population education they should be prepared for population control.
4. This subject is basically related to mature citizens, therefore this education should certainly be provided to them.

Problem of How to Impart Population Education - Scholars are even divided over how to impart population education. N.C.E.R.T. has developed teaching methods for this subject and also imparts their knowledge and training from time to time. The causes of this problem are as follow-

1. Some people, specially politicians place every problem on the shoulder of education and their supporters and so called educationists prepare its complete plan and work method. And all these are done more on the idealistic plane and less on realistic ground.
2. Some scholars have even tried to establish their reputation falsely by developing the teaching methods of population education.

Remedy of the Problems :

1. At the secondary level it should be taught as a topic of economics and should be taught in the same way as economics. There is no need of developing any new method separately for it.
2. We do support its inclusion in the adult education programme. Many good methods have been developed for adult education; therefore same methods should be used to impart population education to the adults.
3. Everyone, be it school goers, illiterate or educated adults, do watch television; literate children, youths and adults even read newspapers also. Therefore, population education must be imparted through these mediums. It is a matter of great elation that our telecommunication department is doing this work. The only thing now needed is to make population education an essential part of the educational channel.
4. In the field of education many slogans are popular at present—value education, environmental education,

population education and education for national integration etc. They should be regarded as an essential part of life and they should be conjointly developed with life.

Conclusion - There is no doubt that education is the basis of social change, but for some social changes, social and political revolutions are more important than education. Population control is not an idea but an action, for this social and political revolutions are more important than education, and the best means for this is the medium of mass communication- poster, pamphlet, letters, magazines, radio and television. Although we do favor to add a chapter on population education in economics at the secondary education level and to impart this education compulsorily in adult education, but it will only create awareness among them, for its implementation and to make it a practical reality, social and political revolutions are now necessary. The second request in this - context is that superficial knowledge will do no benefit; the need of the hour is to legislate law regarding family planning and to implement it strictly. When the top politicians, sitting at the helm of power, fail to think in terms of national interest, it is delusion to expect the common people to think for the nation. The need of the hour is to cast aside the polities of vote and think in terms of national interest. Those who indulge in politics of vote give logic that no idea can be imposed forcibly in democracy and there is direction in the Constitution to safeguard the interests of scheduled castes, scheduled tribes and minorities, is something hard to swallow. Is it against democracy to provide education forcibly to everyone! Is it against democracy to forcibly look after the health of everyone! If not, then how compulsory family planning, for the happy life of everyone, is against democracy. Irrespective of the type of governance, the politicians should think for the interests of people. In family planning lies the interests of people, therefore it should be observed and followed not only in India but in the whole world.

References :-

1. Lal,R.B. and Sharma, K.K. (2012). Bhartiya Shiksha Ka Itihas ,Vikas evam Samasyaye. Merrut, R.Lal
2. UNESCO (1988).Family Life Education. Bangkok,UNESCO Principal Regional Office for Asia and the Pacific
3. UNPF (1978) Population Education: A Contemporary Concern. Paris,UNESCO

****

कृषि में उन्नत बीजों के उपयोग का एक अध्ययन (जबलपुर जिले के संदर्भ में)

डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा* सपना पाण्डे**

शोध सारांश – कृषि की उत्पादकता केवल भूमि की जोत पर ही नही होती अपितु अन्य कारक जिनमें भूमि, सिंचाई, उर्वरक, कीटनाशक, पूंजीगत संसाधन तथा उन्नत बीज के उपयोग पर भी निर्भर होती है। उन्नत बीजों के उपयोग में कृषक का शिक्षित दृष्टिकोण भी महत्वपूर्ण होता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में कृषक, जोत एवं समुदाय वर्ग में उन्नत बीज के उपयोग के बीच अंर्तसंबंध को जानने का प्रयास किया गया है। यह शोध पूर्णत: प्राथमिक समंक पर आधारित है। समंक प्राप्ति के लिए जबलपुर जिले से चयनित 37 ग्रामों के 571 कृषक परिवारों से प्रश्नावली, साक्षात्कार के आधार पर समंको को एकत्रित किया गया है। समंको के विश्लेषण में उन्नत बीजों के उपयोग से कृषि उत्पादन पर पड़ने वाले प्रभाव को जानने का प्रयास किया गया है, साथ ही कृषकों की उन्नत बीज तक पहुंच तथा उन्नत बीज के उपयोग से संबंधित समस्याओं को पहचानकर उनके उपाय बतलाने के प्रयास को शोध अध्ययन का उद्देश्य बनाया गया है।

प्रस्तावना – भारतीय कृषि में खाद्यान्न उत्पादन में उन्नत बीज के उपयोग से एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस कारण भारतीय कृषि में जैव तकनीक का उपयोग भी बड़ा है। जिसमें अच्छे बीज से तात्पर्य विपुल उत्पादन (High Variety Of Seeds) से उन्नत बीजों के सफलता पूर्वक प्रयोग व अपेक्षित परिणाम के लिए न्याय संगत संयोजन – रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों का छिड़काव, सिंचाई के पर्याप्त संसाधन तथा अन्य कृषि आवश्यकता की पूर्ति के लिए आवश्यक है। फोर्ड फाउन्डेशन समिति (1959) के सुझाव से प्रेरित होकर भारत सरकार ने 'गहन कृषि जिला कार्यक्रम' शुरू किया। यह गहन कृषि जिला कार्यक्रम (IADP, Intensive Agricultural District Programme) का उद्देश्य अधिक उत्पादन देने वाले बीजों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि करना था। इस कार्यक्रम में प्रदर्शन के द्वारा खाद्य उत्पादन को बढ़ाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करना, खेतों में सुधार के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना, साख, बीज, खाद्, दवा का उपयोग एवं सिंचाई संसाधनों को बढ़ाने का प्रयास कृषकों की उन्नति के लिए विभिन्न पैकेज के माध्यम से साख तथा प्रत्येक कृषक को उसकी भूमि पर फसल उत्पादन में सहायता करना आदि शामिल है। भारत में हरितक्रांति की धारा प्रवाहित रखने के लिए उन्नत बीज की गुणवत्ता का बनाये रखना एक प्रमुख कुंजी है, जिसके अन्तर्गत पांच प्रमुख खाद्यान्न फसलें– गेहूं, चावल, मक्का, ज्वार एवं बाजरा है। इन बीजों की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने निम्नानुसार सुझाव दिये हैं–

1. कृषि उपज में वृद्धि के लिए उन्नत बीज के प्रयोग के साथ प्रति इकाई उच्च उर्वरक का उपयोग भी महत्वपूर्ण है।
2. धान के बीज का चुनाव सिंचित व सूखी कृषि भूमि को ध्यान में रखकर अक्षांशीय आधार पर करना चाहिए।
3. कृषि में फसल चक्रण तथा भूमि का मृदा परीक्षण करवा कर उसमें उपलब्ध तत्वों के आधार पर उपयुक्त फसल का ही उत्पादन करना चाहिए।
4. उन्नत बीज में तुलनात्मक रूप से स्वदेशी किस्म के बीज से दो से चार गुना अधिक उपज प्राप्त होना चाहिए।

उच्च उपज किस्म के बीज का उपयोग स्थानीय कारकों पर निर्भर होता है। कृषकों द्वारा उन्नत बीज को अपनाना और उच्च परिणाम प्राप्त करना उसके भौतिक पर्यावरण से संबंधो पर निर्भर होता है। पर्यावरणीय तत्वों में विशेषकर जलवायु महत्वपूर्ण कारक है, क्योकि जलवायु से ही मिट्टी का निर्माण और भूमि का स्वभाव बनता है। जैसे रोजगार के लिए पूंजी और तकनीकी ज्ञान दोनो आवश्यक होता है, उसी तरह उन्नत बीज उपयोग के लिए अनुकूल शैक्षणिक, सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति आवश्यक होती हैं। इन्हीं पूर्व निर्धारित स्थिति को ध्यान में रखकर जिले के कृषकों से प्रश्नावली साक्षात्कार के माध्यम से कृषक परिवारों से जानकारी एकत्रित की गई हैं।

उद्देश्य – जिले की कृषि में उन्नत बीज के उपयोग का कृषक जोत एवं सामाजिक परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में मूल्यांकन करना है, ताकि क्षेत्र में उन्नत बीज के प्रयोग में आने वाली संबंधित समस्याओं की पहचान कर, उनका समाधान करने के प्रयास किये जा सके तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि के उपायों को सारांशित रूप में दर्शाया जा सके।

जोत आकार व उन्नत बीज का उपयोग – प्रस्तुत शोध अध्ययन पूर्णत: प्राथमिक समंको पर आधारित है। समंक में कृषकों के सामाजिक व जोत कारकों को समावेश किया गया है। प्राथमिक समंको की प्राप्ति के लिए जिले के 37 ग्रामों से 571 कृषक जोतकारों से सूचनाओं को एकत्रित किया गया है।

यह एक आम धारणा है कि जोत आकार व उन्नत बीज में धनात्मक संबंध होता है। जोतकारों में उन्नत बीज की उपयोगिता को जानने के लिए जोतानुसार– 70 सीमांत जोत, 142 लघु जोत, 144 मध्यम, 138 अर्द्ध मध्यम तथा 76 वृहद जोत के कृषक परिवार को शामिल किया गया, उनसे

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्राप्त जानकारी निम्न सारणी के रूप में प्रस्तुत किया गया है -

तालिका 1 - (देखे अगले पृष्ठ पर)

सर्वेक्षित क्षेत्र के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उन्नत बीज का संबंध जोत आकार से है। क्षेत्र में उन्नत बीजों का उपयोग 47.28 प्रतिशत कृषक करते है। यह द्वितीयक आंकड़ों से अधिक है। जोत का आकार जितना बड़ा होगा उन्नत बीज का प्रयोग भी उतना अधिक होता है। उन्नत बीज का प्रयोग कुल फसल क्षेत्रफल के 62.80 प्रतिशत भाग में करते है। सीमांत क्षेत्र के कृषक केवल 15.19 प्रतिशत भाग में प्रयोग करते हैं। जोत और उन्नत बीज के बीच अनुकूल संबंध है। अध्ययन से यह भी ज्ञात होता है कि उन्नत बीज उपयोग करने वालों में मध्यम तथा बड़े कृषकों की संख्या अधिक है। इसका मुख्य कारण यह है कि सर्वेक्षित क्षेत्र में मध्यम तथा बड़े कृषकों की वित्तीय स्थिति अच्छी हैं, साथ ही उनका सामाजिक स्तर उंचा हैं। इन कृषक को नवीन तकनीक अपनाने के लिए निवेश हेतु ऋण की राशि निजी, सरकारी एवं सहकारी बैंको से आसानी से प्राप्त हो जाता है। वहीं लघु एवं सीमांत कृषकों को ऋण लेना आसान नही होता है एवं इस वर्ग के कृषकों में तकनीकी ज्ञान का भी अभाव होता है।

कृषकों की शिक्षा व उन्नत बीज का प्रयोग - एक सामान्य सोच के अनुसार कृषि में आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए कृषक का शिक्षित होना आवश्यक होता है। विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि सर्वेक्षित क्षेत्र में उन्नत बीज का उपयोग करने वालों में अधिकांश संख्या शिक्षित लोगों की हैं, जो सारणी के द्वारा दर्शाया गया है -

तालिका 2 - (देखे अगले पृष्ठ पर)

अध्ययन से ज्ञात होता है कि साक्षरता और उन्नत बीज उपयोग का सीधा संबंध कृषक की सामाजिक स्थिति से है। विश्लेषण से मालूम होता है कि उन्नत बीज उपयोग करने वालों में सबसे कम साक्षरता 20.0 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति समुदाय में है, जिनमें केवल 8.19 प्रतिशत कृषक ही उन्नत बीज का उपयोग करते है। सामान्य समुदाय वर्ग के कृषक में साक्षरता 85.38 प्रतिशत है जिनमें से 78.78 प्रतिशत कृषक उन्नत बीज का उपयोग करते है। ये समुदाय कुल फसल क्षेत्र का 71.95 प्रतिशत भाग में उन्नत बीज बोते है। पिछड़े वर्ग समुदाय में उन्नत बीज का उपयोग 68.74 प्रतिशत क्षेत्र में होता हैं। अनुसूचित जनजाति के 7.08 प्रतिशत और अनुसूचित जाति के 44.09 प्रतिशत कृषक उन्नत बीज का उपयोग करते है। ये कृषक तुलनात्मक रूप से कम क्षेत्र में उन्नत बीज का प्रयोग करते है। बड़ी और मध्यम जोत वर्ग में कृषक उन्नत बीज का उपयोग करते समय वैज्ञानिक ज्ञान का भी उपयोग करते है। सर्वेक्षित क्षेत्र में गेहूं फसल के अंतर्गत उन्नत बीज का उपयोग अधिक है।

उन्नत बीज प्राप्ति के स्त्रोत - उन्नत बीज का उपयोग हमेशा उनकी उपलब्धता (पूर्ति) पर निर्भर होता है। उन्नत बीज के प्राप्ति स्त्रोत में शासकीय योजनाएं, वितरण कार्यक्रम तथा कृषकों का सामाजिक समन्वय बहुत महत्वपूर्ण होता है। बीज के उपयोग में - साख, योग्यता, समय पर और सहज उपलब्धता आवश्यक है। अधिकांश कृषक उन्नत बीज का उपयोग स्वयं के बीज में सुधार कर एवं धनी साथी कृषकों से उधार लेकर उपयोग करते है। कृषि में प्रयोग किए जाने वाले बीज की कीमत तथा उसका बाजार मूल्य भी महत्वपूर्ण होता है।

तालिका 3 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

अध्ययन से ज्ञात होता है कि बीज के उपयोग में वृद्धि जोत अनुसार देखने को मिलती है। क्षेत्र में सीमांत कृषक 45.46 प्रतिशत बड़े कृषकों से बीज उधार पर निर्भर है उन्हे बीज का दुगना मूल्य (1 बोरे के बदले 2 बोरे) चुकाना पड़ता है। सीमांत, लघु, मध्यम तथा अर्द्ध मध्यम चारों प्रकार के कृषक व्यापारी व साथी कृषक पर ही बीज के लिए निर्भर रहते है। क्षेत्र में 44.73 प्रतिशत बड़े कृषक ही सहकारी समितियां और शासकीय ऐजेंसी से बीज प्राप्त करते है। केवल 18.1 प्रतिशत सीमांत कृषक समितियां और शासकीय एजेंसी से बीज प्राप्त करने में सफल होते है।

जिले में उन्नत बीज के प्रति कृषकों की प्रतिक्रिया - उन्नत बीज के उपयोग में उर्वरक और सिंचाई की व्यवस्था कितनी आवश्यक है ? और उसमें कृषकों की प्रतिक्रिया कैसी है ? इसके विश्लेषण हेतु प्राप्त समंक तालिका में प्रस्तुत है -

तालिका 4 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

विश्लेषण से ज्ञात होता है कि जिले के 2.60 प्रतिशत कृषक परिवार उन्नत बीज के साथ उर्वरक का उपयोग नहीं करते है। जिले के 3.33 प्रतिशत कृषक परिवार उन्नत बीज को बोते समय सिंचाई को आवश्यक नहीं मानते है। कुल कृषक परिवार में 97.80 प्रतिशत कृषक उन्नत बीज में सिंचाई को आवश्यक मानते है। जिले में सिंचाई सुविधा सीमित है।

उन्नत बीज का उपयोग जोत वर्गो में भिन्न-भिन्न है, उन्नत बीज का उपयोग बड़ी जोत के कृषक अधिक करते है। सीमांत कृषकों के साथ जोखिम अधिक होती है, कृषक उन्नत बीज के साथ उर्वरक का उपयोग नही कर पाते है। विश्लेषण में मालूम होता है कि सीमांत कृषक (63.3) उन्नत बीज के उपयोग को लाभदायक मानते है, जिनमें 81.8 प्रतिशत कृषक उन्नत बीज के साथ उर्वरक उपयोग को आवश्यक मानते है और 72.7 प्रतिशत कृषक उन्नत बीज का उपयोग सिंचाई क्षेत्र में ही करना आवश्यक समझते है।

निष्कर्ष :

1. लघु एवं सीमांत जोत कृषक को ऋण लेना आसान नही होता है इन कृषकों के पास उच्च कोटि के तकनीकी ज्ञान का भी अभाव होता है।
2. सीमांत व लघु कृषकों की अपेक्षा बड़े एवं मध्यम जोत के कृषक उन्नत बीज का प्रयोग अधिक करते है इसका मुख्य कारण है कि क्षेत्र में मध्यम तथा बडे कृषकों की वित्तीय स्थिति अच्छी है तथा उनका सामाजिक स्तर भी ऊंचा है।
3. बड़े एवं मध्यम कृषक की वित्तीय साख अच्छी होने के कारण निजी, सहकारी तथा सरकारी बैंको से कृषि में नवीन तकनीक को अपनाने के लिए निवेश राशि ऋण के रूप में आसानी से प्राप्त कर लेते है।
4. सर्वेक्षित क्षेत्र में मध्यम और बड़ी जोत के कृषक अधिक साक्षर है, इसलिए वे उन्नत बीज का उपयोग भी अधिक करते है लेकिन सीमांत व लघु कृषकों में साक्षरता का स्तर बहुत कम है अर्थात- वे उतने शिक्षित नहीं है कि उन्नत बीज का उपयोग अच्छे प्रभावी ढंग़ से कर सकें। अत: वे उन्नत बीज का कम उपयोग करते हैं।
5. जिलें में जोत अनुसार बीज के उपयोग में वृद्धि मिलती है। सर्वेक्षित क्षेत्र में सीमांत एवं लघु कृषक बड़े कृषकों से बीज उधार लेकर उपयोग करते है, अर्थात क्षेत्र में सीमांत व लघु कृषक उधार पर निर्भर है। उन्हे बीज का दुगना मूल्य चुकाना पड़ता है। बड़े व मध्यम कृषक ही शासकीय तथा सहकारी संस्थाओं से उन्नत बीज प्राप्त कर पाते है।

सुझाव - उपर्युक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है कि जातीय संरचना, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, राजनीतिक नीति ग्रामीण क्षेत्र में उन्नत बीज के उपयोग में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उन्नत बीज के उपयोग में कृषक की योग्यता महत्वपूर्ण होती है। जिले के सीमांत और लघु कृषक जो मुख्यत: अनुसूचित

जाति और अनुसूचित जनजाति के है, वे कृषक कम शिक्षित हैं। अत: उन्हे जागरूकता एवं प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है साथ ही उनकी आर्थिक परिस्थितियों में सुधार करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Barker, Randolph and Mangahas, Mahar, 1971, "Environmental and Other Factors Influencing the Performance of New High Yielding Varieties of Wheat and Rice in Asia", Polices, planning and Management for agricultural development. oxford, institute.
2. Bhalla, G.S., 1974 "changing agrarian structure in india : a study of the impact of green revolution in haryana."Meenakshi Prakashan, delhi.
3. Chourasia R.P and Singh, V.N., 1972, "Economics of local and HYV of paddy and wheat in panagar village of m.p. "Indian journal of agricultural economics.
4. Kumar, G. 1999, spatial variability in croup yields: the case of cereals across districts of Aandhra Pradesh.
5. Mishra, G.S., 1970 green revolution in mp - study of HYV programmer in raipur district as referred in B.N.Sinha, 1975 modernization of India agriculture.
6. Sharma, s.k. 1992 a, "environment and adoption of high yielding variety of seeds in M.P." pp 107-119 in Noor Mohammad, ed. new dimensions in Agricultural Geography.
7. Sharma S.K. 2003 Agricultural innovations and their impact on agricultural productivity in M.P., the deccan geographer.
8. Sinha B.N. 1975 "modernization of India agriculture; high yielding varieties and green revolution', research bulletin no.1 eastern geographical society Bhubaneshwar.

तालिका 1 : चयनित कृषकों में जोतानुसार उन्नत बीज का उपयोग

जोत वर्ग	कृषकों में उन्नत बीज का उपयोग				उन्नत बीज के अंतर्गत क्षेत्र	
	संख्या	प्रतिशत	शिक्षित	प्रतिशत	हेक्टेयर	प्रतिशत
सीमांत	11	15.71	05	45.45	7.40	15.19
लघु	41	28.67	21	51.21	53.25	27.76
अर्द्ध मध्यम	53	36.80	34	64.15	137.81	37.39
मध्यम	89	64.49	71	79.77	552.99	67.67
वृहद	76	100.0	65	85.52	1887.79	96.00
समस्त	270	47.28	195	72.22	2639.24	62.80

स्त्रोत चयनित ग्रामों में 571 कृषक परिवारों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त

तालिका 2 : चयनित कृषकों में समुदायानुसार शिक्षा एवं उन्नत बीज का प्रयोग

समुदाय	उन्नत बीज का उपयोग करने वाले		शिक्षित		उन्नत बीज के अंतर्गत क्षेत्र	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	हेक्टेयर	प्रतिशत
अनु.जनजाति	10	8.19	2	20.00	26.24	7.08
अनु.जाति	41	36.93	31	75.60	182.80	44.09
पिछड़ा वर्ग	89	51.44	51	57.30	629.86	68.74
सामान्य	130	78.78	111	85.38	1799.64	71.95
समस्त	270	47.28	195	72.22	2639.24	62.80

स्त्रोत चयनित ग्रामों में 571 कृषक परिवारों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त

तालिका 3 : चयनित कृषकों में जोतानुसार उन्नत बीज प्राप्ति के स्त्रोत

जोतवर्ग	स्वयं के पास		साथी कृषक से		सहकारी समिती से		शासकीय विभाग से		व्यापारी से		अन्य स्त्रोंत		कुल कृषक	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
सीमांत	0	0	5	45.4	2	18.1	0	0	4	36.3	0	0	11	100
लघु	0	0	18	43.9	12	29.2	1	2.44	10	24.3	0	0	41	100
अर्द्ध मध्यम	0	0	23	43.4	16	30.1	4	7.55	10	18.8	0	0	53	100
मध्यम	0	0	14	15.7	39	43.8	12	13.4	23	25.8	1	1.2	89	100
बड़े	06	7.9	05	6.5	34	44.7	12	15.7	19	25.0	0	0	0	100
समस्त	06	2.2	65	24.0	103	38.1	29	10.7	66	24.4	1	03	270	100

स्त्रोत चयनित ग्रामों में 571 कृषक परिवारों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त

तालिका 4 : उन्नत बीज में सिंचाई और उर्वरक उपयोग में कृषकों का अभिमत

जोत का आकार		उन्नत बीज का उपयोग			उर्वरक का उपयोग		सिंचाई क्षेत्र में उन्नत बीज का उपयोग		क्या सिंचाई आवश्यक है ?	
		लाभ दायक	हानि कारक	कोई प्रभाव नही	हां	नहीं	हां	नहीं	हां	नहीं
सीमांत	संख्या	7	3	1	9	2	8	3	9	2
	प्रतिशत	63.6	27.2	9.1	81.8	18.1	72.7	27.2	81.8	18.1
लघु	संख्या	41	0	0	4.1	0	40	1	40	1
	प्रतिशत	100	0	7	100	0	97.5	2.4	97.5	2.4
अर्द्ध मध्यम	संख्या	53	0	0	53	0	52	1	52	1
	प्रतिशत	100	0	0	100	0	98.1	1.8	98.1	1.8
मध्यम	संख्या	83	4	2	87	2	87	2	87	2
	प्रतिशत	93.2	4.5	2.2	97.7	2.2	97.7	2.2	97.7	2.2
बड़े	संख्या	66	4	6	73	3	74	8	76	0
	प्रतिशत	86.4	5.2	7.8	96.0	3.9	97.3	2.6	100	0
समस्त	संख्या	250	11	9	263	7	261	9	264	6
	प्रतिशत	92.6	4.0	3.3	97.4	2.6	96.6	3.33	97.8	2.20

स्त्रोत चयनित ग्रामों में 571 कृषक परिवारों से साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से प्राप्त

****

नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक में वित्तीय परिचालन

गोपाल कुरील* डॉ. सुनील मोरे **

प्रस्तावना – नर्मदा झाबुआ बैंक के लिए गत पाँच वर्षो का वित्तीय परिचालन चुनौतिपूर्ण रहा है। विपरित आर्थिक परिस्थितियों के साथ बढ़ती नॉन परफारमेंनिग असेट (NPA) से संघर्ष करना पड़ा है। इन सभी विषम स्थिति व उतार–चढ़ाव के बावजूद बैंक ने वित्तीय क्षेत्रों में प्रगति की है। बैंक ने कई मानदण्डों पर अद्‌भुत प्रदर्शन दर्ज किया है, जो बैंकिंग उद्योग की औसत प्रगति से अधिक रहा है।

बैंक ने वित्तीय समावेशन, स्वसहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, मुद्र व वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में ग्राहकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक सामाजिक व आर्थिक जीवन पर गहरा प्रभाव हुआ है। एक ओर बैंक दूरस्थ ग्रामीण अंचल के कृषकों के हितों की पूर्ति में जुटा हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर वह महानगरीय बैंकिंग सेवाओं के साथ युवाओं को भी अपने साथ जोड़ रहा है।

बैंक की अंशपूँजी – नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की सथापना 1 नवम्बर, 2012 को दो बैंकों की समेकन की प्रक्रिया के तहत् हुई हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार इस बैंक की अधिकृत पूँजी 5.00 करोड रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी गई हैं। यह पूँजी 10 रुपये प्रति अंश के रुप में 200 करोड़ अंशों में विभाजित है। बैंक की प्रदत्त अंशपूँजी 11625.11 लाख रुपये है जो भारत सरकार बैंक ऑफ इण्डिया (प्रायोजित बैंक) एवं मध्यप्रदेश सरकार की संयुक्त क्रमश: 50 : 35 : 15 के अनुपात में विभाजित है।

तालिका क्रमांक 01 : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक में अंशधारक व अंशपूँजी की स्थिति

क्र.	अंशधारक	अंशपूँजी (हजार रु.)	प्रतिशत
1	भारत सरकार	58,1255.66	50
2	बैंक ऑफ इण्डिया	40,6878.68	35
3	मध्यप्रदेश सरकार	17,4376.68	15
	कुल	116,2511.20	100

स्त्रोत : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक वार्षिक प्रतिवेदन (2013–14 से 2017–18)

उपयुक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस बैंक की कुल पूँजी में आधा भाग भारत सरकार से विनियोजित किया है।

तालिका क्रमांक 02 : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक में जमा (वृद्धि दर)

क्र.	वर्ष	जमा राशि (करोड़ रु.)	वृद्धि दर
1	2013	3333.67	–
2	2014	3740.22	12.20
3	2015	4204.97	12.43
4	2016	4783.93	13.77
5	2017	5942.11	24.20

स्त्रोत : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक वार्षिक प्रतिवेदन (2013–14 से 2017–18)

उपर्युक्त तालिका के विवेचन से स्पष्ट है कि नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक की जमा राशियों में निरन्तर वृद्धि हुई हैं। वर्ष 2013 की तुलना में वर्ष 2017 में जमा राशि में 78 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई हैं। इसी प्रकार तालिका में जमा वृद्धि दर भी निरन्तर बढ़ती हुई परिलक्षित हो रही हैं। वर्ष 2014 की तुलना में वृद्धि दर वर्ष 2017 में लगभग दुगूनी हो गई हैं। इससे स्पष्ट है कि नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

तालिका क्रमांक 03 : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक में अग्रीम (वृद्धि दर)

क्र.	वर्ष	अग्रीम राशि (करोड़ रु.)	वृद्धि दर
1	2013	2474.88	–
2	2014	2965.47	19.82
3	2015	3562.66	20.14
4	2016	4209.23	18.15
5	2017	4493.66	6.83

स्त्रोत : नर्मदा–झाबुआ ग्रामीण बैंक वार्षिक प्रतिवेदन (2013–14 से 2017–18)

उपर्युक्त तालिका के विवेचन से स्पष्ट है कि नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक के द्धारा स्वीकृत अग्रीम राशि में वर्ष 2014 में एवं 2015 में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि दर रही हैं, लेकिन वर्ष 2016 में इस दर में 2 प्रतिशत की कमी हुई हैं और वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2017 की वृद्धि दर में लगभग 12 प्रतिशत की कमी हुई हैं। इससे स्पष्ट है कि गत वर्षो में बैंक द्धारा कृषकों को पर्याप्त रुप से ऋण स्वीकृत नहीं किए है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. सिह, मिश्रा – भारतीय बैंकिंग प्रणाली, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा
2. प्रो. एस. एल. कोठारी, डॉ. मिलिन्द कोठारी – बैंकिंग विधि एवं व्यवहार, म. प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
3. नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक वार्षिक प्रतिवेदन (2013–14 से 2017–18)
4. स्वविवेक पर आधारित।

*शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राचार्य, शासकीस महाविद्यालय, अजंड़ (बड़वानी) (म.प्र.) भारत

मानवाधिकार और भारतीय संविधान : एक विश्लेषण

डॉ. नीना प्यारी *

प्रस्तावना – 'भारत के संविधान में भारत की वैदिक संस्कृति का मूल मानवतावाद अंगीकार किया गया। अत: भारत के संविधान के पारित होने के समय मानवाधिकार की बात न केवल चर्चा में आ चुकी थी वरन् संसार भर में मानवाधिकार को लेकर आन्दोलनात्मक हलचल प्रारम्भ हो गई थी। भारत के संविधान के निर्माण के समय मानव मूल्यों का पर्याप्त प्रसार हो चुका था इसलिए उदारवादी दृष्टिकोण को लेकर मानव अधिकार को संरक्षण प्रदान करते हुए भारत के संविधान का निर्माण हुआ ।

26 जनवरी 1950 को भारत का अपना संविधान लागू किया गया। इसी दिन भारत पूर्ण स्वतंत्र होकर सर्व प्रभुत्व सम्पन्न गणराज्य बना। भारतीय संविधान की 'प्रस्तावना' ही संविधान का सारांश है। माननीय न्यायाधिपति हिदायतुल्लाह के अनुसार 'प्रस्तावना' संविधान की आत्मा हैं, जिसमें अपने देश की सम्प्रभुता, समाजवादिता, धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतंत्रीय शासन की झलक मिलती है तथा साथ ही साथ यह अपने देश को न्यायिक, सामाजिक, आर्थिक एवम् राजनीतिक सुरक्षा भी प्रदान करती है।

भारत से संविधान की प्रस्तावना – भरतीय संविधान में एक प्रस्तावना है जो संविधान – निर्माताओं के विचारों की कुंजी है। प्रस्तावना में संविधान का सार हैं। दर्शन है। प्रस्तावना में निरूपति तथ्यों, सिद्धान्तों और आदर्शो की छाप समूचे संविधान पर है और प्रस्तावना के आधार पर समूचे संविधान का पुनर्निर्माण किया जा सकता हैं, प्रस्तावना की शब्दावली में अनेक शब्द और पद ऐसे हैं जिनमें प्राच्य या पाश्चात्य सभी परम्पराओं के सर्वश्रेष्ठ तत्व सम्मिलित हैं और जो प्रयोग की दृष्टि में सार्वभौम हैं। प्रस्तावना पर आधुनिक युग की तीन महान क्रान्तियों का प्रभाव पड़ा हैं – फ्रांसीसी, अमेरिका एवम् रूसी। फ्रांसीसी क्रान्ति में स्वतंत्रता, समानता और बन्धत्व पर, अमेरिकी क्रान्ति में राजनीति स्वतंत्रता एवम् व्यक्ति–स्वातंत्रय पर और रूसी क्रान्ति में आर्थिक समानता पर बल दिया गया था। भारतीय क्रान्ति के सूत्रधारों ने आरम्भ से ही इन तीनों में समन्वय स्थापित करने का प्रयत्न किया है, हमारे संविधान की प्रस्तावना इस प्रकार हैं।

'हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व–सम्पन्न लोकतंत्रात्मक धर्म–निरपेक्श समाजवादी, गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिको को– सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय,विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज दिनांक 26 नवम्बर 1949 (मिति मार्गशीर्ष शुक्त सप्तमी सम्वत् दो हजार छ: विक्रमी) को एतद् द्धारा संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित करते है।'

प्रस्तवाना में **'हम भारत के लोग'** – पद के अनुसार सम्प्रभुता अन्तत: जनता में निहित हैं सरकार के पास अथवा राज्यसत्ता के विभिन्न अंगों के पास जो शक्तियाँ हैं, वे सब जनता से मिली हैं, संविधान जनता के प्राधिकार पर ही आधारित हैं इस पदावली में एक और भी अर्थ निहित है कि 'हम भारत के लोग' अर्थात संविधान का निर्माण राज्यों ने अथवा अनेक राज्यों के लोगों ने नहीं किया बल्कि समूचे भारत के लोगों ने अपनी सामूहिक क्षमता से किया है। इसलिए सवैधानिक दृष्टि से न कोई राज्य अथवा राज्य समूह हमारे संविधान का अन्त कर सकता हैं और न यह संविधान द्धारा निर्मित संघ से बाहर ही जा सकता है।

प्रस्तावना में प्रयुक्त 'हम भारत के लोग' इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं पदावली से यह स्पष्ट है कि भारतीय संविधान का स्त्रोत भारत की जनता है, अर्थात जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा द्धारा ही संविधान का निर्माण किया गया है।

भारत का संविधान लोकतंत्रात्मक हैं लोकतंत्र के राजनीतिक, सामाजिक और अर्थिक पहलू हैं। राजनीतिक पहलू में राजनीतिक पहलू में राजनीतिक समानता के सादर्श को माना गया है और राजनीतिक शक्ति पर किसी वर्ग–विशेष का एकाधिकार नहीं स्वीकार गया हैं सामाजिक आदर्श के रूप में लोकतंत्र मनुष्य के बीच समानता का प्रतिपादन करता है। लोकतंत्र में कोई सुविधा–सम्पन्न वर्ग–विशेष नहीं हो सकता और जाति, भाषा, वर्ण, वंश, तथा लिंग के आधार पर व्यक्ति–व्यक्ति के बीच भेदभाव नहीं किया जा सकता हैं

संविधान ने सबसे अधिक महत्व स्वतंत्रता के सिद्धान्त को प्रदान किया है तथा विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता को व्यक्तियों तथा राष्ट्र के आत्मिक उत्कर्ष के लिए आवश्यक माना हैं संविधान के 3 भाग में मूल अधिकारों के अन्तर्गत स्वतंत्रय अधिकारों का विस्तार से प्रतिपादन कि गया है।

स्वतंत्रता के साथ–साथ प्रस्तावना में प्रतिष्ठा और अवसर की क्षमता की बात कही गई हैं समानता के विद्धान्त को ध्यान में रखते हुए संविधान निर्माताओं ने स्पष्ट प्रतिष्ठिता और अवसर की समता पर बल दिया है।

कानून की दृष्टि में सभी समान है। आर्थिक समता में यह बात निहित है कि एक मनुष्य को दूसरे मनुष्य का अथवा एक वर्ग को दूसरे वर्ग का आर्थिक शोषण करने का कोई अधिकार नहीं है।

प्रस्तावना में अन्य दो आधारभूत सिद्धान्तों का उल्लेख हैं– व्यक्ति की गरिमा तथा बन्धुता। सविधान में समानता और समता के आदर्श ने व्यक्ति की गरिमा को प्रतिष्ठित किया है। इसके साथ ही सारे देश के लिए एक–सा

* प्राचार्य, एस.जी.टी.बी. खालसा विधि महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

प्रशासन, एक-सी नागरिकता, एक ध्वज, एक-सी कानून व्यवस्था आदि की स्थापना करके देश को एकता के सूत्र में बाँधने और राष्ट्रीय बन्धुता को सुदृढ़ करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में 'विश्व बन्धुत्व' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भवना को विकसित और पोषित करने का निरन्तर प्रयास किया है।

भारत के संविधान में मानवाधिकार सम्बन्धी प्रावधान

(1) मौलिक अधिकार

अनुच्छेद - 14 - कानून के समस्त समानता

अनुच्छेद - 15 - धर्म, वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद पर प्रतिबन्ध

अनुच्छेद - 16 - लोक नियोजन के विषय में अवसर की समानता

अनुच्छेद - 17 - अस्पृश्यता का अन्त

अनुच्छेद - 18 - उपाधियों का अन्त

अनुच्छेद - 19(1)(क) - वाक एवम् अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 19(1)(ख) - शान्तिपूर्वक व निरायुध सम्मेलन की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 19(1)(ग) - संघ बनाने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 19(1)(घ) - भारत में सर्वत्र आबाध संचरण की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 19(1)(ड़) - भारत राज्य क्षेत्र में किसी भी भाग में निवास करने और बस जाने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 19(1)(छ)- कोई वृत्तिका, उपजीविका, व्यपार कारोबार करने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 20 - अपराधों में दोषसिद्धि के सम्बन्ध में संरक्षण

अनुच्छेद - 21 - प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण

अनुच्छेद - 22 - कुछ दशाओं में निरोध और गिरफ्तार से संरक्षण

अनुच्छेद - 23 - मानव के बलात् श्रम और बेकार पर रोक

अनुच्छेद - 24 - कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिबन्ध

अनुच्छेद - 25 - अन्त: करण की ओर धर्म को अबाध रूप से मानने, आवचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 26 - धार्मिक कार्यो के प्रबन्ध की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 27 - किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों संदाय के बारे में स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 28 - कुछ शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थित होने की स्वतंत्रता

अनुच्छेद - 29 - अल्पसंख्यक वर्गो के हितों का संरक्षण

अनुच्छेद - 30 - शिक्षण संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गो का अधिकार

अनुच्छेद - 31 - मौलिक अधिकारों के प्रवर्तित कराने के लिए उपचार का अधिकार

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अवस्थी, मंजू - भारत का संविधान, इण्डिया पब्लिशिंग कम्पनी, रायपुर 2007
2. सबु, डी.डी. - भारत का संविधान, बाधक एण्ड कम्पनी, नागपुर, 2001
3. श्रीवास्तव, सुधारानी - भारत में मानवाधिकार की अवधारणा, अर्जुन पब्लिशिंग नई दिल्ली, 2003
4. पाण्डेय, जे.एन.- भारत का संविधान, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, इलाहाबाद, 1996

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

Cashless Transaction in Indian Scenario : A Critical Study

Dr. Manish Jain*

Introduction - A cashless economy is one in which the transactions are done using cards or digital means. The circulation of physical currency is minimal. A cashless society describes an economic state whereby financial transactions are not conducted with money in the form of physical bank notes or coins, but rather through the transfer of digital information (usually an electronic representation of money) between the transacting parties.

In this increasingly digital world, it's not surprising that money will follow suit as well. Recent trends show that digital money kept in mobile wallets will soon replace physical cash and even credit cards.

Objectives:

1. To study the awareness and use of online transaction among the consumers.
2. To study consumer's reasons for preference of online transactions over hard cash.
3. To study out the usefulness and popularity of online transaction.

Hypothesis:

H_0 : There is no relationship between online transaction and education level of the online money holder.

Research Methodology - This research is based on Primary as well as Secondary sources of data. Questionnaires are distributed through some social media like WhatsApp, Facebook, and e-mail and personally to respondents. The sample consist 100 people aged 20 to 60 years Indore city is the study area selected for this research. Primary data is collected through well structured questionnaire. Samples of 100 respondents in Indore city have been selected by using random sampling method. The collected information were reviewed & consolidated into a master table. For the purpose of analysis the data were further processed by statistical tools.

Process of Online Transaction - Online transaction processing is information systems that facilitate and manage transaction-oriented applications, typically for data entry and retrieval transaction processing.

Online transaction processing system is a popular data processing system in today's enterprises. Some example of online transaction processing system include order entry, retail sales, and financial transaction systems. Online transaction processing system increasingly requires support for transactions that span a network and may include more than one company. For this reason, modern online transaction processing software use client or server processing and brokering software transactions to run on different computer platforms in a network. In large application, efficient Online transaction processing may depend on sophisticated transaction management software (such as CICS) and\or database optimization tactics to facilitate the processing of large numbers of concurrent updates to an Online transaction processing oriented database.

Online transaction processing involves gathering input information, processing the information and updating existing information to reflect the gathered and processed information. As of today, most organizations use a database management system to support online transaction processing. Online transaction processing is carried in a client server system. Online transaction processing system concerns about concurrency and atomicity. Concurrency controls guarantee that two users accessing the same data in the database system will not be able to change that data or the user has to wait until the other user has finished processing, before changing that piece of data. Atomicity controls guarantee that all the steps in transaction are completed successfully as a group.

Below the example of online transaction process:

1. Log in with user name and password: User enters the username and password.
2. Select the Telecom Operator: Select the user which telecom operator he wants.
3. Enter Recharge amount, phone number and connection type: Enter the recharge amount, mobile number and connection type of the user.
4. Enter card Information: Enter the card information like pin number.
5. Select one of the payment options: Select one of the payment options like ATM card, Debit card etc.
6. Payment Processor's his payment is proceeding.
7. Authenticate it is confirm or not: When the authenticity is confirmed or not, when it is Yes then received success message. Or No then receive failure message.

Literature Review - Cashless economy is not the complete absence of cash, it is an economic setting in which goods

* Vice Principal, Acropolis Institute of Management Studies & Research, Indore (M.P.) INDIA

and services are bought and paid for through electronic media.

1. According to **Alvars;',Clifford (2009)** in their reports – the problem regarding fake currency in India. It is said that the country's battle against fake currency is not getting easier and many fakes go undetected. It is also stated that counterfeiters hitherto had restricted printing facilities which made it Easier to discover fakes.

2. Jain,P.M. (2006) in the article – E-payments and e-banking opined that e-payments will be able to check black. An Analysis of growth pattern of cashless transaction system. Taking fullest advantage of technology, quick payments and remittances will ensure optimal use of available funds for banks, financial institutions, business houses and common citizen of India. He also pointed out the need for e-payments and modes of e-payments and communication networks.

3. Srinivas,N. (2006) in his study – An analysis of the defaults in credit card payments, has tried to analyze the socio-economic profile of the defaulters of credit cards, to identify the set of factors which contributed to such defaults and suggest relevant measures to minimize the default cases. Analysis of reasons indicated that economic hardship is the major reason identified by majority of the sample units follows by rigid payment structure and loss of job\business. The main suggestion is that the banks concerned should redesign the payment structure of credit card defaulters in a flexible and affordable installment.

4. Sukanta Sarkar (2010) conducted a study on the parallel economy & in India : Causes, impacts & government initiatives in which the research focused on the existence of causes & impacts of black money in India. According to the study, the main reason behind the generation of black money is the Indian Political System i.e. Indian govt. just focused on making committees rather than to implement it. The study concludes that law should be implemented properly to control black money in our economy.

Limitations of Research :

1. Financial Transaction Processing Costs.
2. Online Transaction Processing systems allow multiple users to access and modify the same data at the same time. For obvious reasons, you can't allow one user to change data while another person is modifying it.
3. Unscheduled Downtime.
4. Your business can suffer considerable losses when the Online Transaction Processing system goes down, even temporarily. This can happen due to network outages, data corruption or hardware failure.
5. Concurrency challenges.
6. Atomicity.
7. In Online Transaction Processing, "atomicity" refers to transaction in which either all the database steps succeed or the entire transaction fails. If anyone step goes wrong, and the transaction continues anyway, you'll probably end up with data errors or corruption.
8. For many business, Online Transaction Processing narrowly refers to transactions with financial institutions, mainly credit card and debit card payments over the internet or through physical card readers.

Analysis :

Age group & uses of alternative of cash

Age\ Alternate of Cash	Debit Card	Credit Card	e-wallet	e-bank ing	Total
20-30	4	8	14	2	**28**
30-40	6	3	5	3	**17**
40-50	12	1	4	7	**24**
50-60	14	2	3	12	**31**
Total	**36**	**14**	**26**	**24**	**100**



In above table we see that the 36% respondents use Debit card, 26% respondents like to use e-wallet (such as PTM, RuPay, Bheem etc.), 24% like to use internet banking and 14 uses credit card for their transactions

It can be seen that majority of respondents use e-money in the form of debit card. However, some use both debit and credit cards. The preference of the specified card makes a great amount of impact on the spending patterns of various consumers. The preference of debit card over credit card marks a strong sense of favoritism among the respondents of India, which is far different as compared to other western countries where credit card is a primary mode of payment.

Majority of respondents prefer using debit card and e-wallet over credit card and e-banking as they feel that the use of debit card and e-wallet is more beneficial than credit card and e-banking in terms of cash back policy, control over spending and security. However, some of the opinion that both debit and credit cards have varies from person to person. However, majority find the feature of cash back facility effective, and as the trend continues the financial institutions would get a balanced end of the year balance sheet as their debtors would be lesser than their creditors.

Online transaction and education level

Education Level	Online transaction
below 10^{th}	4
10^{th}	8
12^{th}	14

Graduate	25
PG & Plus	49
Total	**100**

Majority shows the trend of use of online transaction as the level of education is up the online transaction holders are increases. On the analysis of table above we see that below 10th only 4% persons using online transaction, up to 10th 8%, up to 12th 14%, graduates 25% and PG & plus 49%. Their shows that as the education level increase online transactions are increases.



Hypothesis Testing :

H_0 : There is no relationship between online transaction and education level of the online money holder.

In order to test the hypothesis is tested by percentage tool. And it was found that 49% of respondents are post graduates and more and 25% of respondents are graduates. Total 74% of respondents are graduates and post graduates it shows that there is a relationship between online transaction and education level of online money holder. Thus our hypothesis is rejected. We can say that there is a relationship between online transaction and education level of the online money holder.

Conclusion - This study was to know the awareness of online money among the customers. The findings reveal that majority of respondents use online money in one form or another and out of them, they have been using it for over three years. Therefore, customers are well aware of online money and its usage, and have been using online money for a long time.

That was to study customer's preference of online money over cash. The findings reveal that majority of respondents prefer using online money in one form or another, over cash. It was also revealed that majority of the respondents using as mode of payment is satisfied with their Debit\Credit cards and the services provided by the company. Therefore, the study shows that customer mostly prefer to online over cash for their transactions and its satisfied using it.

The research shows that the majority of consumer used and preferred for e-money in one form or another over paper money and hence the trend of e-money is gradually increasing day by day. Moreover, users are satisfied with the service provided by the company and majority of them feel secure while doing any online and e-transactions.
As a safety measure many consumers recommended the use of security pin and digital sign. To reduce the misuse of e-money hence, it is found that e-money is the most beneficial method of transaction for the consumer and has a bright future.

Findings - The major findings of this research are as follows:

1. Majority of the respondents 72% belong to the age group of 30 to 60 year age groups.
2. Majority of the respondents 64% are males and 36% of respondents are female.
3. 74% of the respondents are graduate and post graduates.
4. 46% of the respondents are private employees.
5. Majority of the respondents 64% have an annual income between 3 lakh to 5 lakh.

References :-

1. Alvars',Clifford,. "The problem regarding fake currency in India",2009.
2. Jain, P.M. "An analysis of growth pattern of cashless transaction system, 2006.
3. Srinivas,N., "An analysis of the defaults in credit card payments, 2006.
4. CA Lalit Mohan Agarwal, "White Paper on Black Money", Journal of Securities Academy & faculty for e-education, vol.72, 2012.

Bibliography :-

1. www.careratings.com
2. www.cornellpolicyreview.com
3. www.scribd.com
4. www.wikipedia.com
5. www.economictimes.com
6. www.indiatoday.com
7. www.ivestopedia.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

विद्यालयीन पर्यावरण एवं विद्यार्थियों की निष्पत्ति

किरण पवार * डॉ. साधना देवेश वर्मा **

प्रस्तावना – पर्यावरण से जीवन की गुणवत्ता का निर्धारण होता है, विद्यालय पर्यावरण से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती है। प्रदूषणमुक्त वातावरण में स्थित शिक्षालयों के शिक्षार्थी अच्छी शैक्षिक उपलब्धि दर्शाते हैं। वायु प्रदूषण, भूमि प्रदूषण तथा मुख्यत: ध्वनि प्रदूषण के माहौल में स्थित विद्यालयों के शिक्षार्थी की शैक्षिक उपलब्धि पर पर्यावरण की नकारात्मकता का प्रभाव पड़ता है। विद्यालयों की पवित्र गरिमा को सामाजिक, नैतिक प्रदूषण भी प्रभावित करता है, बालकों की निष्पत्ति पर विद्यालय के पर्यावरण का सीधा प्रभाव पड़ता है जो उनकी आदतों, रूचियों, वृत्तियों तथा समायोजन को निर्धारित करता है, विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना के विकास हेतु शिक्षक भी उतने ही सक्रिय तथा सतर्क होने चाहिए जितने कि पालक-अभिभावक एवं प्रशासक/बालकों को पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यावरणीय चेतना के गुणों के साथ विकसित करने हेतु विद्यालयों में प्रयत्न करना आवश्यक है।

पर्यावरण प्राकृतिक होने के साथ मनुष्यकृत भी होता है। डॉ रघुवंशी ने आवास के आधार पर तीन तरह के पर्यावरण की चर्चा की है – अलवण जलीय पर्यावरण, समुद्री पर्यावरण एवं स्थलीय पर्यावरण। व्यक्ति जहां रहता है उसके व्यक्तित्व एवं जीवनशैली को वहां की बहुत सी दशाएं प्रभावित करती है। जिनके परिणाम स्वरूप मनुष्य अपने व्यवहार प्रदर्शित करता है। भौतिक पर्यावरण, सामाजिक पर्यावरण, मनोवैज्ञानिक पर्यावरण, सांस्कृतिक पर्यावरण, सौंदर्यबोध से संबंधित पर्यावरण, शैक्षिक पर्यावरण एवं आर्थिक पर्यावरण। सभी प्रकार के पर्यावरण की सकारात्मकता एवं नकारात्मकता उसमें मौजूद व्यक्ति को प्रभावित करती हैं। बालक के जीवन का अधिकांश समय विद्यालय में व्यतीत होता है, वह जिस शैक्षिक वातावरण में दिन बिताता है उसके अनुरूप वह निष्पत्ति दर्शाता है।

विद्यालय का शैक्षिक पर्यावरण – जहां शैक्षिक पर्यावरण सामाजिक एवं भौतिक पर्यावरण से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है वहीं सांस्कृतिक पर्यावरण का आवश्यक पक्ष भी प्रस्तुत करता है। शिक्षक व समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति जैसी होगी उसी के अनुरूप उनकी मानसिकता शैक्षिक पर्यावरण को प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए विभिन्न सामाजिक स्तर के लोक समाज के बच्चों का अलग अलग विद्यालयों में पढ़ना।

1. उनके शैक्षिक पर्यावरण में भिन्नता होना।
2. उनकी शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता होना।
3. शाला के क्षेत्रीय व भौतिक पर्यावरण में भिन्नता होना।
4. विद्यार्थियों की रूचियों व समायोजन में भिन्नता होना।

आदि के लिए पारिवारिक वातावरण के अलावा शाला का शैक्षिक पर्यावरण भी जिम्मेदार होता है।

शैक्षिक पर्यावरण मूलत: शैक्षिक संस्थानों के विभिन्न संघटकों के आपसी सम्बन्ध, तालमेल एवं नियंत्रण के आधार पर निर्मित होता है।

शैक्षिक पर्यावरण के निर्धारक संघटक – शैक्षिक पर्यावरण में शिक्षा संस्थान के सभी मानव सदस्यों के पारस्परिक सम्बन्ध का प्रभाव भी महत्व रखता है। भौतिक संसाधनों की अपेक्षा मानवीय संसाधन पर्यावरण निर्मित करने या वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

विद्यालयीन पर्यावरण या शैक्षिक पर्यावरण मूलत: शैक्षिक संस्थानों के विभिन्न संघटकों के आपसी सम्बन्ध, तालमेल एवं नियंत्रण के आधार पर निर्मित होता है, इसके कई रूप हैं :

1. शिक्षक-शिक्षक सम्बन्ध।
2. विद्यार्थी-शिक्षक सम्बन्ध।
3. विद्यार्थी-विद्यार्थी सम्बन्ध।
4. शिक्षक-प्रशासन सम्बन्ध।
5. विद्यार्थी-प्रशासक सम्बन्ध।

शैक्षिक संस्थाओं के प्रशासक तन्त्र, प्रबन्धकीय प्रणाली, शैक्षिक स्तर एवं नेतृत्व के स्वरूप पर भी शैक्षिक पर्यावरण निर्भर करता है। जिस संस्था में मानव पर्यावरण स्वस्थ होगा, व्यक्तियों के आपसी सम्बन्ध अच्छे तथा सौहार्दपूर्ण होंगे वहां का शैक्षिक पर्यावरण संतुलित होगा। वहां के विद्यार्थियों को समायोजन सम्बन्धी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा तथा उनकी शैक्षिक निष्पत्ति भी सकारात्मक परिणाम दर्शाएगी। अच्छे व सौहार्दपूर्ण आपसी सम्बन्ध संस्था के पर्यावरण को स्वस्थ बनाते हैं।

सौहार्द्रता शैक्षिक पर्यावरण को संतुलित बनाती है। शाला के भौतिक संसाधनों का सुव्यवस्थापन भी बालक के समायोजन के तनावों को कम करता है तथा उसे अच्छी निष्पत्ति के लिए तैयार करता है।

शैक्षिक संस्थाओं के प्रशासक तंत्र, प्रबन्धकीय प्रणाली, शैक्षिक स्तर एवं नेतृत्व के स्वरूप पर भी शैक्षिक पर्यावरण निर्भर करता है। प्रबन्धकीय तन्त्र के अन्तर्गत :

1. छात्र सुविधाओं की उपलब्धि।
2. छात्रावास का सुव्यवस्थापन।
3. पुस्तकालय का पठन-सामग्री से सम्पन्न होना।
4. वाचनालय आदि।
5. प्रशासकीय तंत्र।
6. अनुशासन।
7. परीक्षा प्रणाली वस्तुनिष्ठ एवं

* शोधार्थी, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत
** प्राध्यापक, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

8. पाठ्यक्रम

आदि सम्मिलित हैं।

शैक्षिक पर्यावरण का निर्माण – जिस विद्यालय का प्रशासकीय एवं प्रबन्धकीय तंत्र उच्चकोटि का होगा वहां का शैक्षिक पर्यावरण भी समुन्नत होता है। पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएं भी विद्यालयीन पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं :

1. नाटक
2. स्काउटिंग
3. गाइडिंग
4. खेलकूद
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम
6. भ्रमण व पर्यटन
7. सेमिनार
8. बाल सभा
9. प्रतियोगिताएं
10. स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम आदि।

विद्यालयीन पर्यावरण के स्वास्थ्य संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। पाठ्यक्रम सहगामी क्रियाएं विद्यालय के शैक्षिक पर्यावरण के पोषक तत्व हैं। विद्यालय के नियन्त्रण एवं नेतृत्व की क्षमता शैक्षिक पर्यावरण की आधार है। शिक्षक या प्रशासक का नियन्त्रण विद्यालयीन पर्यावरण को अव्यवस्थित होने से बचाता है।

विद्यालय की भौगोलिक स्थिति एवं वहां के पर्यावरण का प्रदूषण प्रशासक व शिक्षक के नियन्त्रण में नहीं होते लेकिन वह पर्यावरण प्रदूषण के नियंत्रण के लिए प्रयासरत रह सकता है। विद्यालयीन पर्यावरण को सुधारने व सुरक्षित रखने के लिए वह नगर–कस्बे में प्रदूषण के खिलाफ मुहीम छेड़ने के लिए विद्यार्थियों का सफल नेतृत्व कर सकता है। प्रशासन एवं सरकार की प्रदूषण के प्रति सचेत कर सकता है, विद्यार्थियों को पर्यावरण चेतना का पाठ पढ़ा कर जागरूक कर सकता है।

विद्यार्थियों में पर्यावरण चेतना का विकास – विद्यार्थियों के लिए पर्यावरणीय शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हुए भी विद्यालयीन पर्यावरण को सुधारा जा सकता है। विद्यालय के पर्यावरण के परिष्कार हेतु तथा विद्यार्थियों के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनका संचालन सिद्धहस्त शिक्षकों द्वारा किया जाता है :

1 परिस्थिति का विकास शिविर
2 पर्यावरण संरक्षण प्रशिक्षण शिविर
3 पर्यावरणीय संदेश रेलियां
4 प्रदर्शनियां
5 विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं
(चित्रकला, वाद–विवाद, निबन्ध लेखन, फोटोग्राफी आदि)
6 नाटक, नुक्कड़ नाटक, लोकनृत्य
7 कठपुतली शो
8 विद्यालय संस्थाओं की सौंदर्य प्रतियोगिताएं, पत्र–वाचन आदि
9 वृक्षारोपण कार्यक्रम
10 विद्यालय में बागवानी
11 पर्यावरणविदों के व्याख्यान
12 फिल्म शो, आदि।

अधिकांश कार्यक्रम सहगामी प्रवृत्तियों की तरह आयोजित किए जा सकते हैं। विद्यालय के तकनीकी संसाधन प्रयुक्त करते हुए दृष्य–श्राव्य साधनों का समुचित उपयोग हो सकता है।

पर्यावरणीय जागरूकता एवं शिक्षक – विद्यालयीन पर्यावरण स्वस्थ व स्वच्छ हो इस हेतु शिक्षकों को शिक्षक–प्रशिक्षण के समय पर्यावरण शिक्षा दी जानी चाहिए, जिसके उद्देश्य इस प्रकार हों :

1 सहभागी अध्यापकों की पर्यावरणीय जागरूकता में सुधार लाना।
2 स्थानीय पर्यावरणीय समस्याओं को पहचान कर उनके सुनियोजित अध्ययन में प्रशिक्षण प्रदान करना।
3 नवीन पर्यावरणीय मुद्दों या समस्याओं के समाधान हेतु गहन रूप से प्रशिक्षण प्रदान करना।
4 कक्षा में उत्पन्न पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान में विषिष्ट लक्ष्यों के अनुरूप प्रशिक्षण देना।

(अ) सैद्धान्तिक के निहितार्थ को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में कार्यान्वित करने में मदद देना।
(ब) विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करना। इन उद्देश्यों का लक्ष्य बालक को अच्छा पर्यावरण देना है।

समस्त विद्यालयीन प्रबन्धन, शिक्षक एवं विद्यार्थी मिलकर विद्यालय के पर्यावरण का निर्माण करते हैं, पर्यावरण प्रत्यक्षत: विद्यालयीन पर्यावरण का स्वस्थ व स्वच्छ होना आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. अनिल अग्रवाल स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट 1982 /न्यू देल्ही द फर्स्ट सिटीजंस रिपोर्ट/सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट/1982
2. बैस, नरेन्द्रसिंह / पर्यावरण शिक्षा/ जैन प्रकाशन मंदिर/जयपुर सन् 2006/ ISBN 81-87449-52-7/पृष्ठ 14.9
3. गोयल, एम.के./पर्यावरण अध्ययन /विनोद पुस्तक मंदिर आगरा/ सन् 2006/1/ ISBN 81-7457-401-8
4. गोयल एम.के./मानव और पर्यावरण/विनोद पुस्तक मंदिर/आगरा/ सन् 2006/ISBN 81- 7457-407-71
5. शर्मा लोकेश /पर्यावरण शिक्षा (विज्ञान) एंव उसका शिक्षण/विनोद पुस्तक मंदिर/आगरा/सन् 2006/ ISBN 81-7457-399-2/ पृष्ठ 316-340
6. शर्मा मंजु तथा चौहान राजेशकुमार / पर्यावरण शिक्षा/शिक्षा प्रकाशन/जयपुर / सन 2006
7. शर्मा वी एस/एनवायरमेंटल एजूकेशन/अनमोल पब्लिकेशंस/ न्यू देहली/ सन 2005 /ISBN 81- 261-2275-7
8. बैस, नरेन्द्रसिंह/भार्गव, सुनिता/दत्ता, संजय/पर्यावरण शिक्षा/जैन प्रकाशन
9. पाण्डेय के पी /भारद्वाज : अमिता/पाण्डे आशा/पर्यावरण शिक्षा एवं भारतीय सन्दर्भ /विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी 2005/ISBN 81-7124-443-2 पृष्ठ 175

****

अम्बेडकर की सामाजिक-न्याय की अवधारणा

महेश कुमार रचियता*

प्रस्तावना – अम्बेडकर की मूल मान्यता थी कि सब मनुष्य समान है और सबको सम्मानपूर्वक जीवनयापन का पूरा-पूरा अधिकार है, तथा समाज की तरफ से प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने एवं प्रगति करने का समान अवसर मिलना चाहिए। उनके इस मंतव्य से यह स्पष्ट हो जाता है कि उनके विचारों एवं कृत्यों के पीछे मानवता की प्रबल भावना निहित थी। वे किसी भी तरह के शोषण एवं एकाधिकार के प्रबल विरोधी थे।

अम्बेडकर ने आजीवन दलितों एवं शोषितों के हितों के लिए संघर्ष किया और इस संघर्ष का मूल लक्ष्य सामाजिक-न्याय की प्राप्ति करना था। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय मूल्यों को भी अपने कार्यक्रमों में समान रूप से प्राथमिकता दी थी। उनका लक्ष्य सामाजिक-न्याय के साथ-साथ राष्ट्र की एकता भी था। हालांकि उनके आलोचक यह कहते हैं कि उन्होंने दलितों को समान अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया वह सिर्फ इसलिए किया कि वे स्वयं दलित थे और अछूत थे। परन्तु वास्तविकता इससे भिन्न है और यह है कि इस न्याय के प्रति उनका दृष्टिकोण इतना व्यापक था कि वे न तो शत्रु की सीमाओं में बंधे थे और न ही किन्हीं तरह के पूर्वाग्रहों से ग्रस्त थे। उनका साध्य महान था और वह था सामाजिक-न्याय की प्राप्ति करना। अपने साध्य के प्रति उनका लगाव व निष्ठा उनके द्वारा तिलक को लिखे गए एक पत्र से परिभाषित होती है – जिसमें वे तिलक को सम्बोधित करते हुए कहते हैं कि, 'यदि आप अछूतों के समाज में पैदा हुए होते तो कदापि नहीं कहते कि स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है बल्कि आप कहते कि भारत से छुआछूत को मिटाना मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।'

अम्बेडकर ने हिन्दू धर्म में सुधारों का आह्वान करते हुए इसे जनसम्मत बनाने हेतु मौलिक एवं पूर्ण समाधान प्रस्तुत किए जिससे धर्म सामाजिक-न्याय की स्थापना में बाधक ना रहकर सहायक बना जाए। जैसे –

- इसाइयों, सिक्खों तथा मुसलमानों की तरह सभी हिन्दुओं के द्वारा स्वीकृत एक मान्य ग्रंथ होना चाहिए।
- कोशिश यह होनी चाहिए कि हिन्दू समाज में पुरोहितवादी प्रथा का उन्मूलन हो और किसी भी सूरत में पुरोहिताई का आधार पैतृक नहीं होना चाहिए तथा समाज का प्रत्येक व्यक्ति पुरोहिताई का समान अधिकारी होना चाहिए। साथ ही पुरोहिताई का मुख्य कार्य राज्य द्वारा मान्य धार्मिक कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के लिए तक स्वीकृत सनद होनी चाहिए तथा सभी पुरोहितों को पाबंद किया जाना चाहिए कि उसी के अनुसार पुरोहिताई कराए। इसमें अपनी मर्जी करने वाले को दण्डित किया जाना चाहिए।
- पुरोहित एक प्रकार का सरकारी कर्मचारी होना चाहिए जो राज्य के कानून के अनुसार कार्य करे तथा प्रशासन द्वारा समय-समय पर उसके कार्यों का निरीक्षण भी करते रहना चाहिए ताकि वे किसी का शोषण नहीं कर पाएं।
- नैतिक दृष्टिकोण से धर्म सभी समाजों में एक मान्य सिद्धांत की हैसियत रखता है। अत: आवश्यकता है कि धर्म बोधिक्ता पर आधारित हो अर्थात् धर्म विज्ञानसम्मत होना चाहिए और इसके नियमों में स्वतंत्रता, समानता व भ्रातृत्व की भावना का समावेश होना चाहिए।

अम्बेडकर ने पुरोहितवाद, वर्णवाद, जातिभेद एवं छुआछूत के प्रति ना केवल अपना विरोध प्रकट किया वरन् इनके विकल्प के लिए ठोस सुझाव भी प्रस्तुत किए जिसके आधार पर हिन्दू समाज में आधारभूत परिवर्तन लाए जा सके। अम्बेडकर ने वर्णव्यवस्था के प्रतिरोध में जो अकाट्य तर्क प्रस्तुत किए वैसे तर्क भारतीय जनमानस में किसी अन्य सुधारक ने नहीं दिए। वर्ण व्यवस्था की तीव्र वेदना एक अछूत समाज के व्यक्ति से ज्यादा और कौन जान सकता है। इन्होंने वर्ण व्यवस्था के सिद्धांत का बड़ी गम्भीरता से अध्न किया व इसके अमानवीय व घृणित व्यवहार को जीया व महसूस किया। यही वजह है कि वर्णवाद के प्रति उनका विरोध न्यायोचित था।

भागवद गीता के चौथे अध्याय के तेरहवें श्लोक का अर्थ की, चारों वर्णो की व्यवस्था गुण और कर्म के भेद से मैंने की है उसका कर्ता होते हुए मुझ अविनाशी को कर्ता जान गीता ने इसी व्यवस्था को स्वधर्म कहा और यह निर्धारित किया कि इसमें जिस व्यक्ति की आस्था नहीं होगी वह ईश्वर की भक्ति का अधिकारी नहीं होगा और बाद के समय के टीकाकारों ने इसी ग्रंथ का सहारा लेकर हिन्दू परम्परावादी समाज व्यवस्था को जिसमें की अनेक प्रकार की ऊँच-नीच की भावनाएं सम्मिलित हो गई थी, उनको भी न्यायोचित ठहराया तथा यह भी एक तथ्य है कि गीता के अतिरिक्त भी सभी हिन्दू धर्म ग्रंथों ने भी वर्णवाद की वकालत की तथा साथ ही हिन्दू साधु संतों, ऋषियों ने भी वर्ण व्यवस्था को एक प्रकार की आदर्श व्यवस्था मानकर जाति एवं छुआछूत की ऊपरी तौर पर निन्दा की।

अम्बेडकर ने इसी परस्पर अंतर्विरोध को समझा और स्पष्टत: कहा कि वर्ण व्यवस्था ही वह मूलभूत आधार है जिससे छुआछूत, ऊँच-नीच व भेदभाव पनप रहा है और जब तक वर्ण व्यवस्था को जड़ से नहीं उखाड़ा जाता तब तक किसी भी तरह का समाज सुधार सफल नहीं हो सकता है। इसी क्रम में उन्होंने एक पुस्तक लिखी जिसका शीर्षक था – 'जाति का उन्मूलन'। इसमें उन्होंने वर्णवादी व्यवस्था का खण्डन किया और साथ में जाति व्यवस्था तथा छुआछूत की भयंकर समस्या के सम्पूर्ण उन्मूलन के उपाय सुझाए। साथ ही गीता द्वारा स्थापित जन्मजात गुणों पर प्रकटित चातुर्वण्य व्यवस्था का भी तीव्र खण्डन किया और कहा कि गीता के चातुर्वणाय का दार्शनिक आधार सांख्य दर्शन से है, जिसमें यह कहा गया है कि मनुष्य जाति के सभी

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

मानसिक, शारीरिक गुण मूलत: तीन गुणो - रज, तम, सत्व की अभिव्यक्तियां हैं और इन तीनों गुणों में निरंतर संघर्ष होता है और परिवर्तन होता रहा है। ताकि एक-दूसरे पर अपनी प्रधानता स्थापित कर सके। इसी प्रकार आदमी का स्वभाव भी निरंतर परिवर्तनशील है क्योंकि मनुष्य मात्र भी प्रकृति का ही अंश मात्र है। इसलिए इसमें भी निरंतर परिवर्तन की सम्भावनाएं बनी रहती हैं। यहाँ पर अम्बेडकर यह तर्क बड़ी मजबूती के साथ देते हैं कि यदि मनुष्य में तीन गुणों की प्रधानता है जिनमें प्रभुत्व के लिए संघर्ष होता है तो यह कैसे मान लिया जाए कि एक व्यक्ति में जो गुण जन्म के समय प्रधान थे वही गुण मृत्यु तक अपनी प्रधानता रखेंगे और एक व्यक्ति में एक ही स्वरूप में कोई गुण बना रहेगा इसकी क्या गारंटी है। गीता में, सांख्य दर्शन में तथा व्यवहार में कहीं भी ऐसा कोई प्रमाण देखने को नहीं मिलता की व्यक्ति विशेष में जन्म से लेकर मृत्यु तक एक सी अवस्था में गुण रहेंगे क्योंकि प्रकृति में भी परिवर्तन होते रहते हैं और मनुष्य भी प्रकृति का अभिन्न अंग है। इसलिए मनुष्य के स्वभाव में भी परिवर्तन होना लाजमी है। इस प्रकार अम्बेडकर इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि चार वर्णों वाली वर्ण व्यवस्था का मूल आधार ही गलत है।

संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में अम्बेडकर ने उन मानवीय अधिकारों को दलितों तथा शूद्रों के लिए सुलभ बनवाया जो उनके लिए निषिद्ध थे। यह वे नागरिक अधिकार थे जो सदियों से अछूत वर्ग से छीन लिए गए थे।

स्त्री और शूद्रों के प्रति जो स्मृति और धर्मग्रंथों के अन्यायपूर्ण विधान से छुटकारा दिलवाया, इसी प्रकार महिला वर्ग के प्रति हो रहे अन्याय के विरुद्ध हिन्दू कोड बिल द्वारा मौलिक सुधार लाना चाहते थे। उनके मंत्री काल में उसे पारित नहीं होने दिया लेकिन बाद में उस बिल की मुख्य धाराएं किसी न किसी रूप में अन्य कानूनों के द्वारा स्वीकार कर ली गई। अम्बेडकर समान अधिकार, समान अवसर, स्वतंत्र आजीविका, स्वतंत्र व्यक्तित्व तथा सामाजिक बंधुत्व जैसे विचारों के समर्थक थे व पोषक थे और यही मुख्य मूल्य उनके सामाजिक-न्याय के दर्शन के मौलिक तत्तव हैं।

महाराष्ट्र की अछूत मानी जाने वाली महार जाति में इनका जन्म हुआ और यह भी माना जाता है कि यह महार लोग ही महाराष्ट्र के मूल निवासी थे। माँ भीमा बाई और पिता रामजी के नाम को मिलाकर इनका नाम भीमराव रामजी रखा गया। छ: वर्ष की आयु में इनकी माँ का देहांत हो गया था। इनका पालन पोषण इनकी बुआ मीरा बाई ने किया। पिता कबीरपंथी थे, अपने बच्चों को वे भजन, अभंग और दोहों का पाठ करवाते थे। इस धार्मिक शिक्षा का प्रभाव भीमराव के मस्तिष्क एवं विचारों पर पड़ा।

अम्बेडकर के जन्म से पूर्व से ही समाज के एक वर्ग विशेष की स्थिति अति दीन-दलित, पीड़ित, शोषित तथा ईश्वर व धर्म के नाम पर अस्पृश्यों की थी। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा होने के बावजूद भी यह वर्ग सभी प्रकार के कष्टों के साथ आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुविधाओं का अभाव झेल रहा था। विभिन्न प्रकार के अमानवीय अत्याचारों को झेलते हुए भी जिंदगी जीते लोगों को बालक भीमराव ने स्वयं महसूस व अनुभव किया था। अम्बेडकर के व्यक्तित्व पर उनके पिता का गहरा प्रभाव था। धार्मिक व आध्यात्मिक विषयों में रुचि उनको अपने पिता से विरासत में मिली थी। इनके पिता ने सतारा के स्कूलों में इनका प्रवेश कराने का अथक प्रयास किया लेकिन इनका अछूत होना इनके प्रवेश में बाधक बना। अंतत: काफी प्रयास और एक अंग्रेज अधिकारी के सहयोग से बालक को एक स्कूल में प्रवेश मिल ही गया और यहीं से अम्बेडकर को छुआछूत का आभास सर्वप्रथम इसी स्कूल में हुआ और इस स्कूल के वातावरण का इनके मस्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। अछूत होने के कारण विद्यालय में इनके सहपाठी और शिक्षक उनके साथ असमानता का व्यवहार करते थे। वे कक्षा कक्ष में अन्य स्वर्ण विद्यार्थियों के साथ नहीं बैठ सकते थे। उन्हें रोजाना स्कूल में जाते वक्त अपने साथ एक टाट का टुकड़ा ले जाना पड़ता था ताकि अलग से बैठ सके। पानी पीने के लिए उन्हें नल को छूने की अनुमति नहीं थी। जब भी उनको प्यास लगती थी तो उन्हें किसी अन्य लड़के या स्कूल चपरासी की आवश्यकता पड़ती थी जो इनके लिए नल खोल दे और वे सुरक्षित दूरी बनाते हुए उसमें से पानी पी लें। यदि कभी कोई नल खोलने वाला नहीं होता तो उन्हें प्यासा ही रहना पड़ता था। सामान्य और रोजमर्रा के इस अपमान के अतिरिक्त भी अनेक बार ऐसी घटनाएं घटित हुई, जिन्हे अम्बेडकर जीवनपर्यन्त नहीं भूलें। वे श्यामपट्ट को नहीं छू सकते थे क्योंकि इसके पीछे स्वर्ण विद्यार्थियों के खाने के टिफिन रखे होते थे और ब्लैक बोर्ड छूने से उनका खाना अपवित्र होने का खतरा था। स्वर्ण सहपाठियों के इस व्यवहार से अम्बेडकर का मन बेहद आहत हो गया था। और वे जीवनभर इन कटु अनुभवों को नहीं भुला पाए थे। बालक भीमराव बड़े स्वाभिमानी थे वे हर स्थिति में अपना स्वाभिमान बनाए रखना चाहते थे।

असमानता तथा अपमान की यह अत्याचारी व्यवस्था यहीं तक सीमित नहीं थी। वरन् उन दिनों तो रोजाना ही नित नए अपमान के तरीके इजाद किए जा रहे थे। जैसे नाई या हज्जाम के द्वारा अछूतों के बाल नहीं काटे जाते थे। इसलिए अम्बेडकर के बाल उनकी बहन तुलसी काटती थी। अछूत होने के कारण वे संस्कृत भाषा नहीं पढ़ सकते थे, इसलिए विवशतावश बचपन में ही उनको फारसी पढ़नी पड़ी। विद्यालय के वातावरण का उनके व्यक्तित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा, लेकिन आशा की किरण के रूप में दो शिक्षक ऐसे भी आए उनके जीवन में जिनको अम्बेडकर सदैव अपनी स्मृति में रखते हैं। इन दोनों ने पग-पग पर उनको धीरज बंधाया तथा अपमान व यातना का साहस के साथ सामना करना सिखाया तथा सदैव इन्हें जीवन के चरम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करते रहे। ये शिक्षक थे श्री पेंडसे और श्री अम्बेडकर। इन दोनों को अम्बेडकर अपने विद्यालयी जीवन के सुखद प्रसंगों में रूप में देखते हैं। श्री अम्बेडकर (शिक्षक) का भीमराव के प्रति इतना स्नेह था कि इन्होंने स्कूल के रजिस्टर में भीमराव के नाम के साथ जुड़े गाँव के नाम पर आधारित 'आम्बावाडेकर' की जगह खुद का कुल नाम अम्बेडकर लिख दिया। इस प्रकार शिक्षक के द्वारा संशोधित नाम अम्बावाडेकर से अम्बेडकर इनके साथ स्थायी रूप से जुड़ गया। उपरोक्त दोनों के अतिरिक्त विल्सन हाई स्कूल बम्बई के हैडमास्टर श्री केलुस्कर ने भी अम्बेडकर को व्यवस्थित व गहन अध्ययन करना सिखाया। एलफिंस्टन कॉलेज, बम्बई में भी अम्बेडकर को श्री इरानी व श्री मूलर जैसे शिक्षक मिले जिन्होंने अम्बेडकर को स्नेह, सहयोग व प्रोत्साहन दिया।

गौतम बुद्ध के पश्चात् संत कबीर से अम्बेडकर अत्यधिक प्रभावित थे। उनका मानना था कि कबीर की कविताओं में बहुत ही सुंदर और कल्पनाशील तरीके से गौतम बुद्ध के विवेकपूर्ण और पंथनिरपेक्ष विचारों का प्रवाह होता था। कबीर से अम्बेडकर ने यह संदेश ग्रहण किया कि कोई भी व्यक्ति कभी भी इतना महान नहीं बन सकता कि उसे महात्मा मान लिया जाए क्योंकि महात्मा बनना तो दूर की बात है कोई व्यक्ति सच्चे अर्थों में मनुष्य बनना ही बेहद कठिन और परिश्रमशील है। कबीर की ही भांति वे व्यक्ति पूजा के विरोधी थे तथा अपने समस्त जीवन में व्यक्ति पूजा के तीव्र आलोचक बने रहे। उनका यही विश्वास था कि वे गांधी को महात्मा न कह

कर हमेशा श्री गांधी कहते थे।

ज्योतिबा फुले को अम्बेडकर अपना गुरु मानते थे क्योंकि 19वीं शताब्दी में महाराष्ट्र के वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1852 में अछूतों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की तथा अछूतों व शूद्रों के लिए सार्वजनिक स्कूल खोला जिसमें अध्यापन का कार्य वे और उनकी पत्नी श्रीमती सावित्री बाई फुले करती थीं। लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि स्वर्ण लोग उनके इस कार्य में सदैव बाधा ही डालते थे। ज्योतिबा फुले का यह स्पष्ट मत था कि कोई भी व्यक्ति जन्म से छोटा या बड़ा नहीं होता तथा उच्चता और निम्नता का विचार सामाजिक विकृति है। हालांकि यह भी उल्लेखनीय है कि फुले मनुस्मृति के भी कटु आलोचक थे उनका मानना था कि मनु स्मृति भारत में सामाजिक-न्याय की स्थापना तथा सामाजिक एकता के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। फुले ने वेदों के अतिमानवीयता के दर्शन तथा ब्राह्मणों के वर्चस्व की भी आलोचना की। उन्होंने शूद्रों को स्वर्णों द्वारा उन पर किए जा रहे अत्याचारों के विरुद्ध जागृत करने का भी कार्य किया। अम्बेडकर ने ज्योतिबा फुले के प्रति अपने सम्मान को प्रकट करते हुए अपनी पुस्तक 'हू आर दी शूद्राज' में फुले को आधुनिक भारत के ऐसे महानतम शूद्र के रूप में वर्णित किया है जिसने कि हिन्दुओं के पिछड़े वर्गो को स्वर्णों द्वारा किए जा रहे अन्याय के प्रति जागरूक किया और यह संदेश दिया कि भारत के लिए विदेशी स्वतंत्रता की अपेक्षा समाजिक लोकतंत्र अधिक आवश्यक है।

अम्बेडकर मार्क्स की वर्ग संघर्ष की धारणा से भी प्रभावित हुए। मार्क्स की ही भांति उनका भी विश्वास था कि पीड़ित और शोषित व्यक्तियों को स्वयं अपनी दासता से मुक्ति के लिए संगठित होकर शोषकों के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करना होगा। अम्बेडकर ने मार्क्स के इस विचार का समर्थन नहीं किया कि आर्थिक रूप ही शोषण का एकमात्र कारण होता है वरन् अम्बेडकर की मान्यता थी कि सामाजिक शोषण भी आर्थिक शोषण की भांति बेहद कष्टप्रद होता है। वे साम्यवादी अधिनायक राज्य के द्वारा उद्योगों को अधिग्रहण करने के पक्ष में नहीं थे वरन् उनका विचार था कि उद्योगों का शनैः शनैः और संसदीय तरीकों से राष्ट्रीयकरण करना चाहिए।

अम्बेडकर कोलम्बिया विश्वविद्यालय के शिक्षक जॉन डिवे से भी प्रभावित थे। उनका प्रभाव अम्बेडकर पर इन विचारों के द्वारा समझा जा सकता है कि सामाजिक प्रश्नों पर केवल सैद्धांतिक और शैक्षणिक दृष्टि से विचार करने की अपेक्षा ऐसे दृष्टिकोण को अपनाया जाना चाहिए जो व्यावहारिक हो तथा सर्वसाधारण के लिए अपनाए जाने योग्य हो। क्योंकि शिक्षा केवल संसार को जानने का माध्यम ही नहीं है अपितु उसे परिवर्तित करने का भी एक प्रभावशाली साधन है। ऐसी धारणाओं के वशीभूत होकर ही अम्बेडकर ने अस्पृश्यों और दलितों के लिए शिक्षा की प्रभावशीलता और उपयोगिता को समझा और माना की दलितों के उत्थान के लिए उनका शैक्षणिक उत्थान होना अति आवश्यक है। क्योंकि दलितों का उत्थान तब तक नहीं होगा जब तक वे राज्य, सरकार, और समाज तीनों के साथ अपना संघर्ष नहीं करेंगे। अम्बेडकर ने रानाडे का भी यह विचार ग्रहण किया कि लक्ष्यों का निर्धारण काल्पनिक और अत्यन्त आदर्शवादी नहीं होना चाहिए तथा समस्याओं के प्रति व्यवस्थित और व्यवहारिक दृष्टिकोण रखा जाना चाहिए। गांधी के अम्बेडकर जीवनपर्यन्त आलोचक रहे लेकिन अछूतों के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यो के वे प्रशंसक भी रहे तथा संघर्ष की गांधीवादी शैली सत्याग्रह व असहयोग को अम्बेडकर ने अपनाया तथा गांधी की तरह अम्बेडकर भी यह स्वीकार करते थे कि शक्ति द्वारा किए गए परिवर्तन स्थायी महत्तव के नहीं हो सकते क्योंकि दूरगामी लक्ष्य निर्धारित तथा मूलभूत परिवर्तन सत्याग्रह तथा अहिंसक माध्यमों से ही लाए जा सकते हैं।

डॉ. अम्बेडकर में सामाजिक-न्याय की भावना को दृढ़ करने वाले उक्त व्यक्तियों के अलावा कुछ तथ्य भी रहे हैं जिनसे वे बहुत प्रेरित हुए। जैसे जब वे अमरीका में थे तो वहाँ वे दो बातों से बहुत प्रभावित रहे। पहला तथ्य अमरीकी संविधान का चौदहवां संशोधन जिसमें नीग्रो लोगों की दासता समाप्त करने का प्रावधान था। अम्बेडकर ने इन नीग्रो प्रजाति के लोगों में भारत के अछूतों का प्रतिबिम्ब देखा, जिनको भारत में किसी प्रकार का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। दूसरा वाशिंगटन के जीवन व संघर्ष से भी वे काफी प्रभावित हुए। उन्होंने अमरीका में नीग्रो जाति के लिए महान समाज सुधार का मार्गदर्शन किया तथा नीग्रो लोगों में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जिसके फलस्वरूप नीग्रो लोगों में चेतना जागृत हुई और उन्होंने संघर्ष करके दासता से मुक्ति पायी।

राजनीतिक संस्थाओं ने भी अम्बेडकर को बहुत प्रभावित किया। इस संदर्भ में ब्रिटेन का संसदात्मक लोकतंत्र उनका आदर्श था। इस संदर्भ में उनका यह विचार था कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक परिस्थितियों पर पश्चिम का व्यापक प्रभाव था। उनका मानना था कि केवल पाश्चात्य प्रणालियों के प्रभाव से अछूत अपनी जंजीरें तोड़ सकते हैं क्योंकि किसी भी देश में मनुष्यों का जीवन निर्माण जन्म से नहीं कर्म से होता है तथा भारतीय राजनीति में आने से पूर्व ही अम्बेडकर ने पाश्चात्य विचारधाराओं का अध्न कर लिया था और यह समझ चुके थे कि हिन्दू समाज में अछूतों के उत्पीड़न एवं शोषण का मूल कारण वर्णजनित जाति व्यवस्था है।

सन् 1923 में अम्बेडकर लंदन से भारत आए। आते ही उन्होंने देखा कि अछूतोद्धार आंदोलन का संचालन स्वर्ण हिन्दू कर रहे हैं। इस बात से वे सहमत नहीं थे वरन् उनका मानना था कि अछूतों द्वारा ही अपने सुधार आंदोलनों का नेतृत्व किया जाना चाहिए। उनके नेतृत्व में अछूतों के लिए मानव अधिकारों की माँग का आंदोलन चलाया गया। प्रथमतः बम्बई में अछूतों की सभा करके उन्होंने अंत्यज संघ की स्थापना की जिसका मूल उद्देश्य अछूतों की हर प्रकार की सेवा व सहायता करना था। इस संगठन द्वारा अछूतों की शिक्षा व्यवस्था के लिए कुछ चंदा एकत्र किया जाता था। इस संगठन ने दलितों की बस्तियों में वाचनालय व छात्रावास खोले। फलस्वरूप दलितों में शिक्षा के प्रति आकर्षण पैदा हुआ और सामाजिक, राजनीतिक व शैक्षणिक चेतना का उदय हुआ।

दलितों में चेतना के ठोस प्रयास की शुरूआत 20 जुलाई, 1924 को अम्बेडकर ने बम्बई में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना से मानी जा सकती है। इस सभा का कार्यक्षेत्र बम्बई था। इसका कार्य भी अंत्यज संघ की तरह अछूतों के उद्धार का कार्य करना था। अम्बेडकर की यह मंशा थी कि अछूतोद्धार आंदोलन का संचालन अछूत स्वयं करे। उन्हें विश्वास था कि ऐसा करने से दलितों में स्वावलम्बन, आत्मविश्वास, और आत्मसम्मान की भावनाएं उत्पन्न होगी। यह भावनाएं आवश्यक भी हैं क्योंकि इनके बिना अछूतों का उत्थान सम्भव नहीं था। अप्रैल, 1925 में रत्नागिरी जिले के माफवण नामक गाँव में बम्बई प्रांतीय अस्पृश्य परिषद का पहला अधिवेशन हुआ जिसकी अध्यक्षता करते हुए अम्बेडकर ने अछूतों को विश्वास दिलाया कि वे अछूतोद्धार को नया मोड़ देंगे और सच्चे व निःस्वार्थ भाव से इसके साथ जुड़े रहेंगे। यहाँ भी देखना आवश्यक हो जाता है कि अम्बेडकर अछूतोद्धार आंदोलन को एक नया मोड़ क्यों देना चाहते थे? ऐसी संस्थाओं और संगठनों का अभाव नहीं था जो दलितों के उत्थान में रुचि रखते थे।

उनमें से कुछ हिन्दू समाज को सुधारना चाहते थे।

अम्बेडकर ने परिवार से सम्बन्धित सुधार और वास्तविक समाज सुधार में भेद किया। अम्बेडकर का स्पष्ट मत था कि वह समाज सुधार आंदोलन जिसका संचालन रानाडे जैसे समाज सुधारक और अनेक समाज सुधारकों ने किया उनका सम्बन्ध परिवार सुधार जैसे विधवा विवाह, स्त्री का सम्पत्ति का अधिकार, स्त्री शिक्षा, बाल विवाह आदि से था। वह कहने को समाज में सुधार करने का प्रयास था लेकिन हिन्दू समाज में मौलिक परिवर्तन के पक्ष में नहीं थे। वास्तविका समाज सुधार जाति और वर्ण व्यवस्था की समाप्ति था जिसकी ओर सुधारकों का ध्यान कम था। इन उपरोक्त संगठनों ने हिन्दू समाज में नई चेतना का संचार तो अवश्य किया परन्तु वर्ण और जाति को जड़ से समाप्त करने का उत्साह उन्होंने नहीं दिखाया। समाज के निचले स्तर पर सुधार करने में उन्होंने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यही कारण था कि प्रार्थना सभा, ब्रह्म समाज, आर्य समाज और हिन्दू महासभा जैसी संस्थाएं समाज में मौलिक परिवर्तन नहीं ला पायी।

अम्बेडकर का मानना था कि अछूतों को मानवीय अधिकार होने चाहिए ताकि वे स्वयं को मानव प्राणी समझे। इनका मानना था कि दलितों व शोषितों में सामाजिक एवं आर्थिक रूप से जागृति आए लेकिन यह कार्य इतना आसान नहीं था क्योंकि कट्टर हिन्दुओं द्वारा इसका कड़ा प्रतिरोध किया जा रहा था। अत: सतत् संघर्ष किए बिना हिन्दू समाज में दलितों को मानवाधिकार प्राप्त नहीं हो सकते। अत: उचित यही होगा कि संघर्ष के साथ-साथ सत्याग्रह किया जाए। इनके द्वारा किए गए सत्याग्रहों में दो प्रमुख थे महाड़ का जल सत्याग्रह और दूसरा नासिक का धर्म सत्याग्रह। इन दोनों सत्याग्रह का विवेचन इस प्रकार है।

महाड़ का जल सत्याग्रह – महाड़ के चौदार तालाब का पानी जो अछूतों के लिए प्रतिबंधित था, जबकि बाम्बे काउन्सिल ने 4 अगस्त, 1923 को यह प्रस्ताव पारित कर दिया था कि अछूतों को सार्वजनिक स्थानों का प्रयोग करने दिया जाए। इसी आदेशानुसार कौलाब जिले की महाड़ नगरपालिका ने सन् 1924 में चौदार तालाब से पानी भरने का अधिकार अछूतों को दे दिया था। परन्तु स्वर्ण हिन्दू अछूतों को पानी नहीं भरने दे रहे थे। यहाँ एक विचित्र बात यह हो रही थी कि यदि कोई दलित ईसाई या मुसलमान हो जाए तो वह चौदार तालाब से पानी पी सकता था, परन्तु वह अछूत के रूप में उस पानी को छू भी नहीं सकता था। इसके लिए उन्होंने 19 और 20 मार्च, 1927 को महाड़ में दलित जाति परिषद की ओर से एक सभा का आयोजन किया, जिसमें महाराष्ट्र तथा गुजरात के दूर-दूर स्थानों से स्त्री-पुरुष एकत्रित हुए। अपने अध्यक्षीय भाषण में अम्बेडकर ने दलितों को समझाया कि ऐसा काम करो जिससे तुम्हारे बच्चे तुम्हारे से अच्छी स्थिति में रहे। कुलीनता और हीनता की भावना को समाप्त करे तथा स्वावलम्बन, स्वाभिमान और स्वविवेक के बल पर ऊँचे उठे। अपना पुराना कार्य छोड़ें तथा सरकारी नौकरियों में भर्ती होवें, खेती के लिए जंगलों की खाली जमीन पर अधिकार करें। 20 मार्च को तालाब से पानी पीने की माँग को व्यावहारिक रूप दिया जाना तय हुआ। अम्बेडकर के नेतृत्व में लगभग पाँच हजार नर-नारियों के एक जुलूस ने नियंत्रित ढंग से चौदार तालाब की तरफ कूच किया। इसके प्रतिरोध में कुछ लोगों ने यह अफवाह फैला दी कि अछूत मंदिर में प्रवेश की योजना बना रहे हैं। इस खबर से उत्तोजित हिन्दुओं ने अछूतों के सभा स्थल को तहस-नहस कर डाला और अछूतों को पीट-पीट कर भागने पर मजबूर कर दिया। स्वर्णो के इस हिंसक कृत्य को देखकर अम्बेडकर ने कहा कि अब हमारे लोगों को चाहिए कि वे आक्रामक कदम उठाए एवं सार्वजनिक पनघटों से पानी भरने का अपना अधिकार छीने तथा जबरदस्ती मंदिरों में प्रवेश करें। छुआछूत के विरुद्ध यह एक ऐतिहासिक निणर्य था। इस घटना से अम्बेडकर तनिक भी निरुत्साहित नहीं हुए बल्कि नयी स्फूर्ति को साथ लेकर अपनी कठिनाइयों तथा अयोग्यताओं को समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित हुए। उनमें आत्मसम्मान एवं आत्म उत्थान की भावनाएं जागृत हो गई। महाड़ आंदोलन ने अछूतों को संगठित कर दिया और वे समझ गए कि संघर्ष के बिना कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। उन्हें संगठित होकर ही संघर्ष करना पड़ेगा।

महाड़ के सनातनी हिन्दुओं ने अछूतों द्वारा चौदार पानी को अपवित्र कर देने के बाद पुन: तालाब को शुद्ध करने का संस्कार कियास। ब्राह्मण पुरोहितों द्वारा तालाब शुद्ध करने के बाद स्वर्ण हिन्दू फिर से तालाब में पानी भरने लगे। साथ ही महाड़ नगरपालिका ने स्वर्ण हिन्दुओं के दबाव में आकर सरकार का यह आदेश रद्द कर दिया, जिसके अंतर्गत अछूतों को तालाब से पानी भरने का अधिकार दिया गया था। अम्बेडकर ने इन दोनों चुनौतियों को स्वीकार कर एक बार फिर महाड़ सत्याग्रह समिति की स्थापना की तथा 25 दिसम्बर, 1926 को अम्बेडकर अपने साथियों के साथ महाड़ पहुँचे। वहाँ के जिलाधीश ने अम्बेडकर को बताया कि स्वर्ण हिन्दुओं ने चौदार तालाब को खानगी सम्पत्ति होने का दावा न्यायालय में किया है और जब तक इस बात का फैसला न हो जाए तब तक आप लोग सत्याग्रह न करे और अदालत के निर्णय तक सत्याग्रह स्थगित कर दे। ऐसी परिस्थितियां बनती देख अम्बेडकर ने यह निर्णय लिया कि सत्याग्रह भविष्य में सम्भव नहीं होगा। अत: उचित होगा कानूनी कार्यवाही की जाए और उन्होंने चौदार तालाब से अछूतों को पानी पीने का अधिकार दिलाने का दावा पेश कर दिया। अदालत में कई वर्षो तक अम्बेडकर स्वयं मुकदमे की पैरवी करते रहे और अंतत: 17 मार्च, 1936 को दलितों की विजय हुई। यह विजय सामाजिक-न्याय के संघर्ष की ऐतिहासिक विजय कही जा सकती है।

नासिक धर्म सत्याग्रह – 2 मार्च, 1930 में नासिक का कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन भी दलितों की सामाजिक-न्याय की प्राप्ति की दिशा में एक और कदम था। इस आंदोलन का प्रारम्भिक उद्देश्य हिन्दुओं का हृदय परिवर्तन करना था। इसके लिए उन्होंने शांतिपूर्ण सत्याग्रह का आयोजन किया और एक शांतिपूर्ण जुलूस मंदिर तक निकाला। यह संघर्ष एक वर्ष तक चलता रहा क्योंकि स्वर्ण हिन्दू किसी भी कीमत पर दलितों को मंदिर में प्रवेश नहीं देना चाहते थे। स्वर्ण हिन्दुओं में ना तो अछूतों को कालाराम मंदिर में प्रवेश करने दिया और ना ही गोदावरी घाट पर स्नान करने दिया। अछूत लोगों ने भी सत्याग्रह और संघर्ष निरंतर जारी रखा। परिणाम यह हुआ कि हिन्दुओं को भी मंदिर के दरवाजे एक साल तक के लिए बंद रखने पड़े। अंत में एक समझौते के माध्यम से यह आंदोलन समाप्त हुआ। परन्तु स्वर्ण हिन्दू समझौते की शर्तों पर स्थिर नहीं रहे। अक्टूबर, 1935 में कालाराम मंदिर प्रवेश के लिए एक कानून बना और मंदिर के दरवाजे अछूतों के लिए खोल दिए गए।

महारो के लिए संघर्ष – महारों के वंशानुगत अधिनियम के अनुसार कुछ निर्धारित नौकरियों में काम करने वाले महारों को दिन-रात कार्य करना पड़ता था तथा काम पर न जाने की स्थिति में व्यक्ति विशेष की जगह किसी अन्य व्यक्ति को कार्य करना पड़ता था। चौबीस घंटे के बंधुआ मजदूरों की स्थिति के कारण इनकी स्थिति बद से बदतर हो गयी। इनको इस अमानवीय स्थिति से मुक्ति दिलाने के लिए अम्बेडकर ने 17 दिसम्बर, 1917 को बम्बई विधानसभा के पूना अधिवेशन में एक प्रस्ताव रखा तथ्झा 1959 में बम्बई इन्फीरियर विलेज वर्क्स एबोलिशन एक्ट के द्वारा इस प्रथा को समाप्त किया

गया। तब तक यह संघर्ष चलता रहा। सामाजिक-न्याय की दिशा में यह एक क्रांतिकारी विजय थी। इन सामाजिक समानता व मानवतावादी तथा सामाजिक-न्याय रूपी इन आंदोलनों से अम्बेडकर के साथ दलितों ने यह सिद्ध कर दिया कि -

1. अछूत हिन्दू समाज का भाग नहीं है और वे सामाजिक रूप से हिन्दुओं से कई मामलों में भिन्न हैं।
2. वे दलितों व शोषितों से इस मनोवैज्ञानिक धारणा को निकालने में एक सीमा तक सफल रहे कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है। क्योंकि शूद्रों के मंदिर प्रवेश ने यह सिद्ध कर दिया कि शूद्र ईश्वर से ज्यादा शक्तिशाली है। क्योंकि इनके स्पष्ट मात्र से ही ईश्वर अपवित्र हो जाता है।
3. शूद्रों ने गीता का इस श्लोक 'यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत, अभ्युत्थानम धर्मस्य तदात्मानय सृजाम्यहम' को भी अप्रासंगिक बना दिया क्योंकि हिन्दुओं ने अछूतों व शूद्रों के लिए जो प्रतिबंध लगाए थे वे अब शून्य हो गए हैं और हिन्दुओं के अनुसार अछूत अगर मंदिर प्रवेश करेंगे तो धर्म की हानि होगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

साइमन कमिशन, सामाजिक-न्याय और अम्बेडकर - प्रमुखत: ब्रिटिश सरकार के प्रति फैल रहे असंतोष को कम करने तथा भारत के प्रशासन में सुधार लाने के उद्देश्य से भारत सरकार अधिनियम, 1919 के तहत ब्रिटिश सरकार ने एक आयोग का गठन किया, जो कि भारत के लि ए यह मापदण्ड सुनिश्चित करे जिससे यहाँ के लोगों को और अधिक संवैधानिक अधिकार दिए जाए और उनका स्वरूप क्या हो तथा अल्पसंख्यकों, दलितों, शोषितों के विकास का मूल्यांकन हो। ब्रिटिश सरकार का दलितों के सामाजिक-न्याय की दिशा में एक महत्तवपूर्ण निर्णय था। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि इसमें एक भी भारतीय सदस्य नहीं था। इसलिए इस पर तुरंत प्रतिक्रिया भी हुई। यह आयोग भारत के राजनीतिक भविष्य को निश्चित करता और इसके लिए किसी भी भारतीय को न लिया जाने के कारण समस्त भारत में तेज बहादुर सप्रु के नेतृत्व में इस आयोग का बहिष्कार किया गया। आयोग का विरोध किया गया, इस विरोध को ब्रिटिश सरकार ने दमन कर दबा दिया। चूंकि यह आयोग भारत की दबी, पिछड़ी, दलित जातियों के साथ हो रहे असमानता, दुर्व्यवहार और शोषण की भी जाँच कर रहा था, इसलिए कानपुर में कुछ स्थानों पर इसका स्वागत भी किया गया। अम्बेडकर व स्वामी अछूतानंद ने भी दलितों की समस्याओं के सम्बन्ध में आए आयोग का स्वागत किया। साइमन कमिशन के सहयोग के लिए गठित समिति मे बम्बई से अम्बेडकर को चुना गया।

अम्बेडकर ने जिस तरह दलितों और अछूतों का पक्ष आयोग के सामने रखा उससे प्रभावित होकर ब्रिटिश सरकार ने अछूतों और दलितों की समस्याओं पर ध्यान देना शुरू कर दिया और परिणामस्वरूप भारत के इतिहास में पहली बार केन्द्रीय असेम्बली, नई दिल्ली में जिन 14 सदस्यों की नियुक्ति हुई उनमें से एक स्थान अछूतों के लिए आरक्षित किया गया। इसी प्रकार प्रांतीय विधानसभाओं में भी इनके लिए प्रतिनिधित्व रखा गया जैसे बम्बई-2, बंगाल-1, मद्रास में विभिन्न जातियों के लिए 10 स्थान स्थान तत्कालीन सेन्ट्रल इण्डिया (मध्य प्रदेश) में 4 स्थान सुरक्षित किए गए। इस प्रकार प्रथम बार अस्पृश्यों को विधानसभाओं में मनोनीत किया गया। ब्रिटिश सरकार के सामने जिस तरह अम्बेडकर ने अस्पृश्यों का पखा रखा यह उसकी का परिणाम था।

यह अम्बेडकर की दूरदर्शिता का ही परिणाम था कि ब्रिटिश सरकार ने उनकी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए 1930 और 1932 की अवधि में लंदन में हुए तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भारतीयों की अनेक समस्याओं के साथ-साथ दलितों की समस्याओं को भी इनमें शामिल किया और भारत से इनके प्रतिनिधि के रूप में अम्बेडकर को ही प्रतिनिधि माना और इन गोलमेज सम्मेलन में अम्बेडकर ने सामाजिक-न्याय की प्राप्ति के लिए आवाज बुलंद की।

गोलमेज सम्मेलन एवं सामाजिक-न्याय - साइमन कमिशन की रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई कि दलित वर्गों में से उस समय तक कोई चुनाव नहीं लड़ सकता जब तक वह प्रांत के गवर्नर द्वारा योग्यता का प्रमाण-पत्र प्राप्त न कर ले। यह एक विचित्र शर्त थी और अछूतों के लिए अपमान की बात थी, जिसका प्रतिरोध स्वयं अम्बेडकर ने भी किया था। 6 सितम्बर, 1930 को वायसराय के द्वारा अम्बेडकर को गोलमेज परिषद का निमंत्रण प्राप्त हुआ। यह एक अविस्मरणीय घटना थी, क्योंकि भारत की भावी राजनीतिक व्यवस्था में अछूतों की राय ली जा रही थी। लगभग दो हजार वर्षों से लगातार शोषित रहने के पश्चात् यह अवसर आया जिसके लिए सुयोग्य प्रतिनिधि अम्बेडकर ही थे। अछूतों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का श्रेय उन्हीं को था। अछूतों के लिए सामाजिक-न्याय के संघर्ष में अम्बेडकर का गोलमेज सम्मेलनों में प्रतिनिधित्व करना एक अन्य महत्तवपूर्ण सफलता थी। उन्होंने अपने लोगों को यह आश्वस्त किया कि हम स्वराज्य के महत्तव को भी कम नहीं होने देंगे। जहाँ स्वराज्य हर भारतीय का जन्मसिद्ध अधिकार है वहीं हम भारत में रहने वाले अछूतों को भी सम्मानपूर्वका जीने का जन्मसिद्ध अधिकार है।

12 नवम्बर, 1930 को इस प्रथम सम्मेलन आरम्भ हुआ। अम्बेडकर के साथ ही अछूतों के दूसरे प्रतिनिधि रायबहादुर श्रीनिवास थे। कुल 89 प्रतिनिधियों ने विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व किया। ब्रिटिश प्रधानमंत्री राम्जे मैक्डोनल्ड की अध्यक्षता में यह प्रथम गोलमेज सम्मेलन आरम्भ हुआ। 20 नवम्बर को प्रारम्भिक सत्र की पांचवी बैठक में अम्बेडकर ने अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का पुन: अवसर प्राप्त हुआ। जिसको स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा जिस वर्ग की मैं बात कर रहा हूँ उनकी संख्या हिन्दुस्तान की कुल जनसंख्या का पाँचवां भाग है अर्थात् इंग्लैण्ड अथवा फ्रांस की जनसंख्या के बराबर, परन्तु मेरे उन अछूत भाइयों-बहनों की स्थिति गुलामों से भी बदतर है, हमें छूना भी पाप समझा जाता है। ब्रिटिश राज से पहले भी हम अस्पृश्यता की घृणित अवस्था में जीवनयापन कर रहे थे, क्या ब्रिटिश सरकार ने हमारी हालत सुधारने के लिए कुछ किया है। पहले हम कुओं, तालाबों से पानी नहीं भर सकते थे, क्या ब्रिटिश शासन ने हमें यह अधिकार दिलाया? ब्रिटिश शासन से पूर्व हमें मंदिरों में प्रवेश नहीं दिया जाता था, क्या अब प्रवेश दिया जाता है? महोदय इन सबका उत्तार नहीं है। ब्रिटिश राज के सामने क्योंकि इस राज्य में भी हमारी दशा वैसी ही है जैसे कि पूर्व भारत में सदियों से चली आ रही है। ब्रिटिश शासन से पूर्व भी हमारे लिए पुलिस सेवा में भर्ती होना निषेध था। क्या अब ब्रिटिश सरकार हमें पुलिस सेवा में लेती है, ऐसे अनेक प्रश्न है जिनका उत्तार नकारात्मक है। दलितों की समस्या है, सदियों से हमारे समाज में सामाजिक-न्याय का हनन किया जा रहा है। सामाजिक-न्याय की सिर्फ बातें ही की जाती हैं, परन्तु उसके हनन का कहीं भी प्रतिरोध नहीं किया जाता है। अम्बेडकर ने माँग की कि आज अछूत भी मौजूदा राज्य के स्थान पर जनता के लिए जनता का राज्य चाहते हैं। मजदूर और किसानों का शोषण करने वाले पूंजीपतियों और जमींदारों की रक्षक सरकार नहीं चाहते। अम्बेडकर ने यह स्पष्टत: कहा कि हमारे दुखों को अपने सिवाय और कोई नहीं मिटा सकता। हम उन्हें उस समय तक समाप्त नहीं कर सकते, जब तक कि हमारे हाथों में राजनीतिक सत्ताा न आ जाए।

दलित वर्गों ने सरकारी चमत्कार देखने के लिए लम्बे अर्से तक इंतजार किया अब और इंतजार नहीं किया जा सकता। इस भाषण में अम्बेडकर ने भारत के लिए एक डोमिनियन स्टेट की माँग की। निरंतर वाद-विवाद के पश्चात् भी गोलमेज परिषद में हिन्दू-मुस्लिम समझौता न हो सका। प्रथम गोलमेज परिषद का मुख्य योगदान यह रहा कि भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर दलित वर्गों का निश्चित उद्भव सामने आया। अम्बेडकर ने उनके दुख-दर्द का जो चित्रण किया उससे विश्व जनमत उनके पक्ष में उभरने लगा।

द्वितीय गोलमेज सम्मेलन – प्रथम गोलमेज सम्मेलन का कांग्रेस ने बहिष्कार किया था। इस सम्मेलन का महत्तवपूर्ण विवाद यह था कि दलितों का वास्तविक प्रतिनिधित्व किसे प्राप्त है। गांधी का कहना था कि कांग्रेस ही एकमात्र प्रतिनिधि है समस्त भारतीयों की। अत: गांधी ही समस्त भारत की जनता के प्रतिनिधि हैं। जबकि दूसरी ओर अम्बेडकर का यह कहना था कि वे अछूतों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। अम्बेडकर का यह मत था कि कांग्रेस तथा गांधी का यह दावा कि वे दलित वर्गों के प्रतिनिधि हैं, यह सरासर गलत है और जब भारत के अछूतों को इस बात का ज्ञान हुआ तब लंदन स्थिति ब्रिटिश सरकार को तार भेजे गए कि भारत से अछूतों के एकमात्र प्रतिनिधि अम्बेडकर ही हैं। इन सब बातों के साथ अम्बेडकर ने यह कहा कि दलितों का कोई मित्र नहीं है। सरकार उनका उपयोग अपनी सत्ताा सुरक्षित रखने के लिए करती है। हिन्दू हमें अपनी दासता के लिए ही मान्यता देते हैं, मुसलमान भी हमें अलग समुदाय के रूप में स्वीकार नहीं करते क्योंकि उन्हें डर है कि उनके विशेषाधिकारों में कटौती होगी। इस तरह हमें हर तरह से सताया जा रहा है और हम असहाय अवस्था में रहने को मजबूर हैं, जहाँ पर मानव अधिकारों का कोई मूल्य नहीं है।

जबकि दूसरी ओर गांधी की दलील यह थी कि मैं दलितों के पृथक राजनीतिक अधिकार और संरक्षण के विरुद्ध हूँ क्योंकि यह एक प्रकार का आत्मघात ही होगा। अछूतों के बिना हिन्दू समाज अपूर्ण है। वर्णाश्रम धर्म के अनुसार यह चौथा वर्ण है और अगर यह वर्ण अलग हो गया तो हिन्दू समाज विकलांग हो जाएगा और मैं नहीं चाहता कि हिन्दू समाज का अंग-भंग हो।

सदियों से दबी कुचली जातियों को उनके राजनीतिक अधिकारों को दिलाने के लिए अम्बेडकर ने इस सम्मेलन में उनके लिए पृथक प्रतिनिधि और पृथक चुनाव क्षेत्र की माँग प्रस्तुत की क्योंकि वे स्वर्ण हिन्दू दासता से दुखी थे। अपने ही देश में राजनीतिक, सामाजिक दासता से पीड़ित थे। सम्मेलन में अम्बेडकर के इस प्रस्ताव का कांग्रेस सहित भारतीय दलों के प्रतिनिधियों ने विरोध किया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने पिछड़ी जातियों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उनके लिए अलग चुनाव क्षेत्र की माँग को स्वीकृति प्रदान कर दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अम्बेडकर के तर्कों और दृष्टिकोण को न्यायोचित बताया।

इस सम्मेलन की अल्पसंख्यक समिति में अम्बेडकर ने ब्रिटिश सरकार के नए संविधान में ब्रिटिश सरकार से दलित वर्ग के सामाजिक-न्याय की प्राप्ति हेतु सात अधिकारों की माँग की जिसे स्वीकार कर लिया गया। सामाजिक-न्याय की प्राप्ति में आगे चलकर जो सहायक सिद्ध हुए वे सात अधिकार निम्न थे –

1. समान मूल अधिकार
2. भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरुद्ध संवैधानिक संरक्षण
3. सरकारी नौकरियों में आरक्षण
4. विधानसभा सीटों के लिए आर क्षण
5. दलितों और पिछड़ों के सामाजिक कल्याण के लिए अलग विभाग
6. पिछड़ों का सामाजिक बहिष्कार करने वालों को सजा की व्यवस्था
7. शोषण से उन्मुक्ति का प्रावधान

इस प्रकार अम्बेडकर ने सामाजिक-न्याय की लड़ाई को ब्रिटिश संसद में उठाकर अछूतों की समस्याओं की संवैधानिक स्थिति सुधारने का आह्वान किया।

साम्प्रदायिक पंचाट (पूना पैक्ट), अम्बेडकर और सामाजिक-न्याय – 1931 के द्वितीय गोलमेज सम्मेलन लंदन में अम्बेडकर ने जिस तरह ब्रिटिश प्रधानमंत्री के सामने दलित व शोषित समाज का वास्तविक स्वरूप उजागर किया था उससे प्रभावित होकर तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री श्री रेम्जे मैक्डोनाल्ड ने 17 अगस्त, 1932 को कोम्यूनल अवार्ड की घोषणा कर दी, जिसमें दलितों, अल्पसंख्यकों और स्त्रियों के लिए कुछ विशेष प्रावधानों की व्यवस्था थी, जो निम्न प्रकार से थी –

1. अछूतों को अल्पमत मानते हुए उन्हें पृथक निर्वाचन तथा प्रतिनिधित्व का अधिकार दे दिया गया।
2. सीमा प्रांत को छोड़कर शेष अन्य प्रांतों की व्यवस्थापिकाओं में महिलाओं के लिए पाँच प्रतिशत सीटों का आरक्षण किया गया।
3. मुसलमान, सिक्ख, भारतीय ईसाइयों को भी अल्पमत मानते हुए उनके लिए भी पृथक निर्वाचन की व्यवस्था की गई।
4. उन प्रांतों में जहाँ भी मुसलमान अल्पमत में थे तथा हिन्दुओं और सिक्खों के लिए पंजाब में अलग-अलग प्रतिनिधित्व की व्यवस्था की गई।

पूना पैक्ट के 9वें पैरा के अनुसार अछूतों को पृथक चुनाव द्वारा आत्मनिर्णय का अधिकार मिला। साथ ही वयस्क अछूतों को सामान्य निर्वाचन में भी अपना अलग वोट देने का अधिकार दिया गया अर्थात् अपने प्रतिनिधियों का स्वयं के वोट से चुनाव तथा अन्य प्रतिनिधियों को भी वोट देना।

गांधी ने अछूतों को पृथक निर्वाचन के अधिकार दिए जाने पर घोर आपत्तिा की और 18 अगस्त, 1932 को पूना की यर्वदा जेल से ब्रिटिश प्रधानमंत्री को सूचित किया कि वे इस निर्णय के विरुद्ध 20 सितम्बर, 1932 से जेल से आमरण अनशन आरम्भ कर देंगे तथा यह अनशन तभी समाप्त करेंगे जब सरकार अछूतों के पृथक निर्वाचन सम्बन्धी निर्णय को वापिस लेगी। गांधी की लगातार यह माँग थी कि अछूतों को हिन्दू समाज से अलग नहीं रखा जाए क्योंकि वे हिन्दू समाज के अविभाज्य अंग हैं। यह निर्णय हिन्दू धर्म तथा हिन्दू समाज को सदैव के लिए विभाजित कर देगा। अत: अछूतों का पृथक निर्वाचन शीघ्र रद्द करने की माँग को लेकर उन्होंने 20 सितम्बर, 1932 को जेल में ही अपना आमरण अनशन प्रारम्भ कर दिया। गांधी के अनशन पर चले जाने का अम्बेडकर को दु:ख हुआ, उनको यह शिकायत थी कि गांधी ने इसाइयों और मुसलमानों को उसी साम्प्रदायिक निर्णय में स्वकीृत पृथक प्रतिनिधित्व के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं कहा और अछूतों को प्राप्त उसी अधिकार के लिए प्राण देने पर उतारू हो गए हैं। जबकि गांधी ने उस प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर भी किए हैं जिसमें ब्रिटिश प्रधानमंत्री को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था। और सब उस निर्णय को मानने के लिए बाध्य थे और अब उसी से मुकर रहे हैं। यह कैसी बात हुई।

अम्बेडकर का कहना था कि हमने पृथक निर्वाचन मण्डल की माँग करके हिन्दू समाज का अहित नहीं सोचा है। अपने भाग्य का निर्माण करने के लिए हमें स्वर्ण हिन्दुओं की कृपा पर निर्भर नहीं रहना पड़े इसलिए हमने अलग निर्वाचन मण्डल का रास्ता चुना है।

गांधी के आमरण अनशन को तुड़वाने के लिए यह जरूरी था कि ब्रिटिश

प्रधानमंत्री के निर्णय को बदलवाया जाए और इसके लिए अम्बेडकर की सहमति की आवश्यकता थी। उधर दलितों को स्वर्णो के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा था। अम्बेडकर की छवि खलनायक की छवि बनायी जा जा रही थी। अम्बेडकर जानते थे कि गांधी का यह निर्णय बहुत ही खतरनाक निर्णय है। अम्बेडकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया कि जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है, मैं किसी भी विचार-विमर्श के लिए तैयार हूँ परन्तु दलितों के अधिकारों में किसी भी प्रकार की कमी के लिए कतई तैयार नहीं हूँ। यदि गांधी देश की आजादी के लिए इस प्रकार का कदम उठाते तो ज्यादा अच्छा होता और यह बड़े दु:ख की बात है कि गांधी केवल अछूतों के ही पृथक चुनाव के विरुद्ध आत्मदाह करना चाहते हैं, जबकि साम्प्रदायिक निर्णय में मुसलमानों, इसाइयों, सिक्खों, ऐंग्लो इण्डियनों और यूरोपीयन्स को भी पृथक प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है।

अम्बेडकर एक भारी धर्मसंकट में पड़ गए। दलितों के हितों की रक्षा करे या महात्मा के प्राण बचाए। अंत में राजगोपालाचारी एवं अन्य नेताओं की सहायता से यह निर्णय हुआ कि किसी जनमत के बिना सुरक्षित सीटों तथा संयुक्त निर्वाचन की अवधि दस साल रख दी जाए और अछूतों के पृथक निर्वाचन का अंत भी हो जाए। अम्बेडकर के सहमत होते ही गांधी को जेल में यह समझौता सुनाया गया तो उन्होंने कहा कि यह तो बड़ा अच्छा है। उन्होंने भी अपनी सहमति दे दी। 24 सितम्बर, 1932 को यर्वदा करार (पूना पैक्ट) नेताओं ने हस्ताक्षर कर दिए। दलित वर्ग की ओर से अम्बेडकर और स्वर्ण हिन्दुओं की ओर से पं मदन मोहन मालवीय ने हस्ताक्षर किए। इस पैनल प्रणाली के द्वारा दलितों का विधानसभाओं में 126 सदस्यों का आरक्षण प्राप्त हुआ। इसके अलावा कुछ और प्रावधान भी थे। इसे पूना पैक्ट कहा गया जिसे ब्रिटिश सरकार ने भी स्वीकार कर लिया और मैक्डोनाल्ड के साम्प्रदायिक समझौते को रद्द कर दिया। इसी समझौते को और अधिक व्यावहारिक बनाकर, सामाजिक-न्याय की प्राप्ति के लिए इसे 1935 के भारत सरकार अधिनियम में शामिल किया गया। पूना पैक्ट ने सारे देश का ध्यान आकर्षित किया और इससे यह सिद्ध हो गया कि गांधी कांग्रेस और स्वर्ण हिन्दू जो अभी तक अम्बेडकर को दलित वर्गो का नेता नहीं मानते थे, उन्हें दलितों का सर्वोच्च नेता मानने लगे। गांधी के प्राण बचाने का श्रेय बाबा साहब अम्बेडकर को दिया गया। अछूतों की समस्या देशव्यापी स्तर पर ठोस ढंग से उभरकर आयी और नैतिक दृष्टि से स्वर्ण हिन्दू भी इस समस्या का समाधान खोजने पर मजबूर हो गए।

सामाजिक-न्याय की प्राप्ति के लिए चलाया गया महत्तवपूर्ण आंदोलन एक ऐतिहासिक समझौते के साथ सम्पन्न हुआ जिसके माध्यम से दलितों ने अपने अस्तित्व की एक अहम् लड़ाई जीत ली।

श्रमिकों एवं कामगारों के लिए सामाजिक-न्याय – तत्कालीन भारत में अछूतों व दलितों की भांति श्रमिकों व कामगारों की स्थिति भी बहुत दयनी थी। इस वर्ग के सदस्य पीढ़ी दर पीढ़ी अन्याय और शोषण के शिकार होते चले आ रहे थे। इन मजदूरों व कामगारों की सहायता के लिए अम्बेडकर ने 1936 में एक स्वतंत्र दल – मजदूर दल (इण्डीपेन्डेन्ट लेबर पार्टी) की स्थापना की। इसके तहत ऐसे कार्यक्रम बनाए गए जिससे गरीबों, भूमिहीनों तथा मजदूरों की तात्कालिक समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। इसकी विशेष उल्लेखनीय बात यह थी कि इस दल का दृष्टिकोण तथा विचारधारा दलितों के लिए ही न होकर समाज के सभी शोषित वर्ग के हितों के लिए थी। उन्होंने मजदूरों से यह आग्रह किया कि तुम लोग इतने निर्धन क्यों हो? इसके क्या कारण है? जरा सोचो तथा तुम्हारे खिलाफ जो अन्याय किया जा रहा है उसके विरुद्ध संघर्ष करो।

डॉ. अम्बेडकर ने बम्बई में म्यूनिसिपल कर्मचारी संगठन की स्थापना की जिसका उद्देश्य शोषित वर्ग की दशा सुधारना निश्चित किया गया। मजदूर शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि इस शब्द में दलित व शोषित वर्ग समाया हुआ है और इसलिए उन्होंने इसे स्वतंत्र मजदूर पक्ष का नाम दिया। डॉ. अम्बेडकर के द्वारा ही बम्बई के गवर्नर को महार बटालियन की स्थापना का सुझाव दिया गया तथा 2 जुलाई, 1942 को अम्बेडकर की योग्यता तथा दलितों की सेवा को देखते हुए भारत के वायसराय ने इन्हें अपनी कार्यकारिणी में एक सदस्य के रूप में मनोनीत कर उनको श्रम मंत्री बनाया गया। अम्बेडकर का मानना था कि अधिकांश श्रम कानून मजदूरों के हित में ना होकर सरकार और मालिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने फैक्ट्री एक्ट में सुधार किया और काम के घंटे तय किए और मजदूरों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग विभाग खुलवाए। मजदूर, सरकार तथा मालिक – तीनों की समस्याओं को अपने-अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से एक टेबल पर टेबल टॉक की स्वस्थ परम्परा भी अम्बेडकर ने ही शुरू करवायी थी। अम्बेडकर ने श्रमिक वर्ग की हर समस्या का व्यावहारिक समाधान खोजने का प्रयास किया। इसी क्रम में उनका एक बेहतरीन प्रयास था 2 सितम्बर, 1945 को उन्होंने सरकार के लिए एक योजना बनायी जिसे लेबर चार्टर का नाम दिया और श्रम मंत्री की हैसियत से उन्होंने कामगारों, श्रमिकों की सामाजिक-न्याय की लड़ाई को एक मंच दिया। सामाजिक-न्याय से वंचित इस वर्ग को काफी हद तक कानूनी दायरे के भीतर लाकर उन्हें जीवन जीने के मौलिक अधिकार दिलवाए जिनसे अब तक यह वंचित था। मजदूर शब्द की एक नयी व्याख्या इन्होंने प्रस्तुत की जिसमें मजदूर को एकमात्र शोषण की मूर्ति ना मानकर एक जागरूक और चेतन मजदूर बनाया।

हिन्दू कोड बिल और सामाजिक-न्याय – भारत सरकार के कानून मंत्री ही हैसियत से अम्बेडकर ने भारत की संसद में हिन्दू कोड बिल प्रस्तुत किया। बिल में उत्ताराधिकार, गुजारा भरण पोषण, विवाह, तलाक, गोद लेना, नाबालिग, और अभिव्यक्ति के कानून पर हिन्दुत्व की एकता तथा प्रगतिशीलता की दृष्टि से विचार किया गया था। इसे पेश करते हुए अम्बेडकर ने कहा कि यदि आप हिन्दू व्यवस्था, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू समाज की रक्षा करना चाहते हैं तो उनमें जो दोष पैदा हो गए हैं, उनको सुधारने में आपको देरी नहीं करनी चाहिए और हिन्दू कोड बिल हिन्दू व्यवस्था के केवल उन्हीं अंशों में सुधार चाहता है जो बिल्कुल ही विकृत हो गए हैं, और इन सुधारों के माध्यम से भारत की बहुत बड़ी जनसंख्या को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक-न्याय प्राप्त होगा। परन्तु यह विडम्बना ही रही कि इस बिल की सर्वत्र आलोचना ही की गई। संसद में इसके विरोध के कारण 1951 में इस बिल की केवल 4 धाराएं ही पास हो सकी।

हिन्दू कोड बिल के पीछे अम्बेडकर की सोच थी कि वे भारतीय सामाजिक व्यवस्था के प्रचलित स्वरूप के विरोधी थे और ऐसी मान्यता थी कि शताब्दियों से कुछ वर्गो के विरुद्ध अन्याय को बढ़ावा दिया जाता रहा है। इनका मानना था कि मनु द्वारा रचित 'सामाजिक संहिता' में सामाजिक अन्याय का क्रूरतम स्वरूप अभिव्यक्त हुआ है और सामाजिक अन्याय का कोई भी दूसरा उदाहरण मनु की संहिता की तुलना में फीका लगेगा। हिन्दू समाज का संगठन पारम्परिक आधार पर चार वर्णों में विभाजित रहा है। अम्बेडकर ने वर्ण व्यवस्था के इस नियम को पूर्णत: अवैज्ञानिक, अव्यावहारिक, अन्यायपूर्ण एवं गरिमाहीन माना तथा इसकी निंदा की है।

अम्बेडकर का यह कहना है कि व्यक्ति के व्यक्तित्व में विद्यमान विभिन्नता का ही परिणाम है कि वर्ण व्यवस्था में वर्णित चार वर्ण, भारतीय समाज में व्यवहार में चार हजार जातियों में परिवर्तित हो गए। अम्बेडकर इस वर्ण व्यवस्था का इस आधार पर भी विरोध करते थे। इसके अंतर्गत शूद्रों को अन्य तीन वर्णो की तुलना में निम्न स्तर प्रदान किया गया तथा वस्तुत: शूद्र वर्ण के सदस्यों को अन्य तीन वर्णों का अधीनस्थ या भक्त या उनके द्वारा संरक्षित मान लिया गया है। उपरोक्त तीन वर्णो को शूद्रों के संरक्षक के रूप में चित्रित तो किया गया है, किन्तु सामाजिक संहिताकारों ने तीन वर्गो के सदस्यों के अन्याय, अत्याचारों के विरुद्ध शूद्रों के संरक्षण के लिए कोई व्यवस्थाएं नहीं की। स्वर्णो ने शूद्रों के ऊपर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए थे जिनके कारण वे अपने ऊपर हो रहे अन्याय का प्रतिकार नहीं कर पा रहे थे। और इन्हीं प्रतिबंधों के कारण वे अक्षम भी रहे हैं और इसका दूरगामी परिणाम यह हुआ कि वर्ण व्यवस्था दलित वर्गो को स्वयं अपनी उन्नति के लिए संगठित होकर प्रयत्नशील होने की सामर्थ्य, प्रेरणा और अवसरों से वंचित करती रही। शूद्र वर्ण को मूल वर्ण व्यवस्था का अंग न मानकर उसे बाद में विकसित की गई प्रवृत्ति के रूप के रूप में चित्रित करके अम्बेडकर ने निष्कर्ष निकाला कि वर्तमान में हिन्दू समाज में शूद्र वर्ण की हीन स्थिति वर्ण व्यवस्था के मूल स्वरूप में शूद्रों की हीनता के कारण नहीं अपितु यह ब्राह्मणों और संहिताकारों के द्वारा जानबूझ कर किए गए प्रयत्नों का परिणाम है। अत: इसका कोई स्वाभाविक आधार नहीं है। अत: अम्बेडकर ने मनुस्मृति के विरुद्ध शूद्रों की जागरूकता और सौहार्दपूर्ण तथा न्यायसममत सामाजिक व्यवस्था की स्थापना के लिए आवश्यक माना।

वर्ण व्यवस्था को नकारने का अन्य तर्क जो कि अम्बेडकर के द्वारा किया गया है वह इस प्रकार है - वर्ण व्यवस्था का मूल आधार सांख्य-दर्शन का त्रिगुण सिद्धांत है। प्रत्येक व्यक्ति में तीन गुणों सत्व, रजस, तमस का सम्मिश्रण होता है। और इन्हीं गुणों से व्यक्ति का स्वभाव संचालित होता है। इन गुणों में स्वाभाविक स्पर्द्धा व परिवर्तनशीलता होती है व जन्म से लेकर मृत्यु तक इनके आधार पर व्यक्ति में गुणात्मक परिवर्तन होते रहते हैं। कभी एक गुण का बाहुल्य है तो कभी दूसरे का। इसलिए अम्बेडकर का मानना था कि गुणों की स्पर्द्धा एवं परिवर्तनशीलता की स्थिति में व्यक्ति का स्वभाव स्थायी किस प्रकार रह पाएगा। और यदि व्यक्ति की स्थिति बदलती रहती है तो मनुष्यों को स्थायी वर्गो में बांटना उनकी प्रृति के विरुद्ध होगा। यह कैसे सम्भव होगा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने व्यवहार में जीवनपर्यन्त एक सा बना रहे। अम्बेडकर के मतानुसार सांख्य दर्शन अथवा गीता यह सिद्ध नहीं कर सकती की परिवर्तन शक्ति प्रकृति से निर्मित आदमी सदैव ब्राह्मण था, क्षत्रिय था, वैश्य अथवा शूद्र ही बना रहेगा। यही मूल वजह थी जिसके कारण उन्होंने चातुर्वण्य के सिद्धांत को अप्राकृतिक और अव्यावहारिक बताया।

बौद्ध धर्म, बौद्ध दीक्षा और अम्बेडकर का सामाजिक-न्याय - अम्बेडकर की यह मान्यता स्थायी हो चुकी थी कि जब इतनी अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त करके भी समाज में उचित स्थान व सम्मान नहीं पा सके तो उन करोड़ों अछूतों को स्वतंत्रता, समानता, एवं सम्मान कैसे मिलेगा। और अंतत: उन्होंने दलित समाज को सम्मान और समानता, संक्षेप में मनुष्यत्व का अधिकार, दिलाने के लिए धर्मान्तरण के रूप में समाधान प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में उठे एक प्रश्न कि क्या अम्बेडकर व उनके करोड़ों अनुयायी उस धर्म को छोड़ दे जिसमें वे लोग पैदा हुए हैं। इसके जवाब में अम्बेडकर का तर्क था कि स्वर्ण हिन्दू उनकी बातों अर्थात् दलितों की समस्याओं पर गहराई से विचार क्यों नहीं करते? यह लोग हमें बराबरी का अधिकार क्यों नहीं देते? हिन्दू अन्य धर्मो के लोगों से हाथ मिलाते हैं परन्तु दलितों से क्यों नहीं। इन समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने धर्म परिवर्तन का अंतिम प्रयोग किया कि शायद उनके इस फैसले से हिन्दू समाज की आंख खुल जाए और वे दलितों के लिए स्कूलों व मंदिरों के द्वारा खोल दें, परन्तु अफसोस की स्वर्ण हिन्दुओं ने उनके इस कदम को कोई अहमियत नहीं दी और आखिर में अपने ही समाज में बने रहने की अम्बेडकर की आखिरी कोशिश भी विफल हो गई। अंतत: उन्होंने 13 जनवरी, 1936 को पूना में की गई प्रतिज्ञा को 1956 में फिर दोहराया और कहा कि यदि साक्षात ईश्वर भी आकर कहे कि हिन्दू धर्म मत छोड़ो तो भी मैं इस नर्कतुल्य हिन्दू धर्म में नहीं रहूंगा। अछूत व दलित समाज जब तक सिर झुका कर हिन्दू समाज में आस्था व्यक्त करता रहेगा तब तक स्वर्ण उसे अस्पृश्य ही मानते रहेंगे क्योंकि स्वर्णो का हिन्दू समाज तो इस बात की आज्ञा देता है कि उनकी दृष्टि में हमारा धर्म श्रेष्ठ व सनातन है। अत: इसमें कोई परिवर्तन नहीं हो सकता। यह कुछ कारण थे जिनके कारण अंत में उनको कहना पड़ा कि, 'मैं पैदा तो हिन्दू धर्म में अवश्य हुआ हूँ लेकिन इस धर्म में रहकर मरूंगा नहीं।'

अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म की श्रेष्ठता का बखान करते हुए व्याख्यायित किया कि बौद्ध धर्म सताए गए पद दलितों के लिए आशा का एक दीप है जिसमें सभी लोगों के लिए प्रज्ञा, करुणा और समानता के गुण हैं जो इसे अन्य धर्मो से श्रेष्ठ सिद्ध करते हैं और हिन्दू समाज व धर्म का परित्याग करने से ही दलितों की परिस्थितियों में सुधार सम्भव है और धर्मान्तरण के सिवाय दलितों के पास दूसरा कोई उपाय नहीं है। 14 अक्टूबर, 1956 को दशहरे के दिन नागपुर में अपने पाँच लाख अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया। धर्म परिवर्तन के बाद अम्बेडकर ने कहा कि मैंने आज समाज के उस वर्ग को जो आम तक मनुष्यों की श्रेणी में नहीं था उसको हिन्दुओं की बराबरी का बना दिया और आज मुझे ऐसा आभास हो रहा है कि आज मेरा पुनर्जन्म हुआ है और नरकीय यातना से मेरी मुक्ति हुई है।

धर्म परिवर्तन के साथ ही अम्बेडकर ने यह भी ध्यान रखा कि वह कहीं देश व संस्कृति से वंचित ना हो जाए और चूंकि बौद्ध धर्म भारतीय संस्कृति का ही अभिन्न अंग है इसलिए उन्होंने कहा कि, मैंने इस बात का ध्यान रखा है कि मेरा धर्म परिवर्तन उस भूमि के इतिहास और परम्परा को कोई हानि नहीं पहुँचाए। उनका धर्म परिवर्तन आत्माभिमान तथा आत्मसम्मान, समता एवं बन्धुत्व के लिए था। सम्मानपूर्वक रहना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। इसके लिए जितना त्याग हो सके हमें करना चाहिए और बौद्ध धर्म ही दलितों में आत्मभिमान तथा आत्मविश्वास पैदा कर सकता है क्योंकि यही एकमात्र धर्म है जो स्वतंत्रता, समता और मानव बंधुत्व पर आधारित है। बौद्ध धर्म की समतावादी व मानवतावादी नीति की प्रशंसा में उन्होंने कहा कि ईश्वर और आत्मा के लिए बौद्ध धर्म में कोई स्थान नहीं है। भगवान बुद्ध का यह दर्शन है कि संसार में सब जगह दु:ख है और लोगों के दु:खों का निवारण करना ही बौद्ध धर्म का लक्ष्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उल्लेख, धनंजय कीर : डॉ. अम्बेडकर : लाइफ एण्ड मिशन, पोपुलर प्रकाशन, बम्बई, 1962, पृ. 81 (29.7.27 का वृहस्त हितकारिणी का संपादकीय)
2. बी.आर. अम्बेडकर : एनिहिलेशन ऑफ कास्ट, अम्बेडकर स्कूल ऑफ थॉट, अमृतसर, 1944, पृ. 29-32

3. नवयुग विशेषांक : भाग तथा अंक-7, बम्बई, 1949, पृ. 73
4. अम्बेडकर : राइटिंग एण्ड स्पीच, कास्ट इन इण्डिया, वोल्यूम-1, महाराष्ट्र सरकार का प्रकाशन, बम्बई, 1976, पृ. 161
5. अम्बेडकर : बुद्धा एण्ड दी फ्यूचर ऑफ रिलीजन, लेख, 1950, पैरा 17-26, उद्धृत आधुनिक भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतन, डॉ. पुरुषोत्तम नागर, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1995
6. अम्बेडकर : स्टेट्स एण्ड माइनोरिटीज, थैकर एण्ड कम्पनी, बम्बई, 1947, पृ. 37
7. बी.आर. अम्बेडकर : भाग-1, भारत भूषण प्रिंटिंग प्रेस, बम्बई, 1952, पृ. 1-4
8. चन्द्रा भारिल्ल : सोशल एण्ड पोलिटीकल आइडियाज ऑफ डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पृ. 120-123
9. महाराष्ट्रीयता दैनिक कोष : भाग-7, पृ. 644
10. अम्बेडकर : व्हाट दी हिन्दूज हैव डन टू अस, थैकर, बम्बई, 1946, पृ. 37-41, तथा कीर, पृ. 12-13
11. जी.एस. लोखाण्डे : भीमराव राजी अम्बेडकर, ए स्टडी इन सोशल डेमोक्रेसी, स्टर्लिंग पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 1977, पृ. 1
12. के.सी. मार्कण्डन : डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स इन दी इण्डियन कॉन्स्टीट्यूशन, स्टर्लिग पब्लिशिंग, नई दिल्ली, 1972, पृ. 373
13. इण्डियन स्टोरी कमीशन रिपोर्ट, भाग-16, पृ. 52-57 का उल्लेख, अम्बेडकर राइटिंग एण्ड स्पीच, भाग-2, 1982, पृ. 459-489
14. इण्डियन राउण्ड टेबल कान्फ्रेन्स, 12.11.1930 से 19.01.1930, भाग-3, (माईनोरिटीज), पृ. 76
15. भगवान दास : दस स्पोक अम्बेडकर, भाग-1 (संपादित) (सलेक्टेड स्पीचेज ऑफ डॉ. बी.आर. अम्बेडकर), रिवाइज्ड एडीशन-2, भीम पब्लिशर्स, जालंधर, 1963, पृ. 67
16. प्रोसीडिंग ऑफ फेडरल स्ट्रक्चर कमीशन (माईनोरिटी), पृ. 527
17. डी.आर. जाटव : अम्बेडकर व्यक्तित्व एवं कृतित्व, समता साहित्य सदन, जयपुर, 1991, पृ. 145
18. अम्बेडकर : व्हाट कांग्रेस एण्ड गांधी डन टू अनटचेबल, थैकर, बम्बई, 1946, पृ. 62
19. धनंजय कीर : महात्मा ज्योतिराव फुले फादर ऑफ सोशल रिवोल्यूशन, पोपुलर, बम्बई, 1965, पृ. 376
20. ए.एम. राजेकशाह : दी क्रेस्ट ऑफ सोशल जस्टिस, उप्पल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृ. 199
21. दुर्गादास वासु : भारतीय संविधान की रूपरेखा, प्रेंटिस हाल ऑफ इण्डिया प्रा. लि., दिल्ली, 1989, पृ. 25
22. सर्वपल्ली राधाकृष्णन : द व्यू ऑफ लाइफ, एलिन एण्ड अनविन, लंदन, 1949, पृ. 99
23. अम्बेडकर द्वारा 19 मार्च, 1927 को महार आंदोलन की जनसभा के समक्ष दिए गए भाषण का अंश, उल्लेख नोट-1, पृ. 73-74
24. बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर, सम्पूर्ण वाड्.मय, खण्ड-1, कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, नई दिल्ली, पृ. 78

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

Tagore's Chokher Bali : Quest for Love and Completeness

Sunita Ahuja*

Abstract - Tagore has shown four female characters in this novel: Rajlaxmi, Annapurna, Binodini and Ashalata. In this paper, I would discuss mainly two of his characters i.e. Asha and Binodini. How do they face problems and come out of those and how do they find their love. All the female protagonists have their own voices, but Binodini has a powerful voice that dominates all the other three characters. Though Binodini is a frustrated woman yet she knowshow to command the people. The purpose of this paper is to highlight the incompleteness and the loneliness of Binodini and the struggle of Ashalata. Though we find all the characters are sometimes incomplete without each other but women are more incomplete than the men.

Keywords - Womens' liberation, Education, Struggle and Suffering.

Introduction - Tagore has highlighted women's suffering and their struggle in his novels. The novel "Chokher Bali" is the best example of it. Love making was a taboo at that time. But Tagore has dealt with the theme of love in his novels wthout hurting anyone. He has showed pure love and devotion. Binodini in "Chokher Bali" is the strongest woman. Though she is a representative of suffering Indian woman, on the contrary, she is an active and bold woman who knows her rights and duties and how to fight against injustice.

Kriplani asserts: - "Of all women characters created by Tagore in his many novels, Binodini is the most convincing, because vital and full-blooded. In her frustration and suffering is summed up the author's ironic acceptance of the orthodox Hindu society of the day."[1]

The centre of the story is man-woman relationship in modern society. It begins with Rajlaxmi urging her son Mahendra to marry Binodini. But without seeing, he refuses to marry her. Binodini is a beautiful, intelligent and educated woman. Binodini, as her name indicates, seems to be cheerful but there is a hidden pain in her heart. It is the pain of negligence, which leads her to ruin the lives of others. Her father exhausted all his wealth on Binodini's upbringing and education. He died very early. She could not get a suitable match for herself so her mother married her off to an old and sick man who died soon after their marriage. Hence she was known as Bipin's widow. She was thrown out of the society with its repressive laws but she was not ready to live a miserable life in a remote village.

Hence she reacted against this social injustice and laws which were imposed upon her by the society.

"As a widow, she is condemned for life, but she emerges triumphantly out of his quagmire of a lacerated life by asserting her right to love and happiness."[2]

In comparison to Binodini, Asha is a young, meek and uneducated girl who is an orphan and lived with her uncle. Annapurna, her mashima is her well-wisher and she wanted Bihari to marry Asha. It is her simplicity that makes Bihari fall in love with her at first sight. But at the last moment, Mahendra snatches Asha from Bihari and marries her. She is too young to perform her duty as a daughter-in-law. Hence, it becomes difficult for Asha to prove herself a good home-maker in her mother-in-law Rajlaxmi's eye. Mahendra showers his love and affection on Asha. Seeing Mahendra's overindulgence with Asha, Rajlaxmi could not bear it and she leaves for her village with Bihari. After the departure of Rajlaxmi, Asha could not manage the house.

At the village, Binodini takes care of Rajlaxmi with great affection and love. With her loving nature, she wins the heart of Rajlaxmi. Rajlaxmi takes Binodini with her to her home. She is a perfect home-maker and does all household chores very neatly and responsibly. Hence she becomes the star of Rajlaxmi's eye. Rajlaxmi deliberately praises her each and every time so that Asha would listen and can improve herself. Binodini's acts towards Asha was impulsive. Earlier she was rejected by Mahendra so she has come to his place to take revenge from him. She takes command over Mahendra's house and shows herself as a perfect home-maker to him.

As Binodini is an expert in her work so she does not hesitate to do any work and give orders to servants. With her beauty and intelligence, she wins the admiration of all the people in the house including Asha. She leaves no room for her.

"Asha saw that Binodini was well versed in all kinds of domestic skills Mastery came naturally and easily to her; she had no qualms about setting the domestic staff to work, rebuking them or ordering them about. Observing all this,

* Research Scholar (English) Govt. J.H.P.G. College, Betul (M.P.) INDIA

Asha felt that she was utterly inferior to Binodini."[3]

Binodini is a very clever woman and she has good command on the psychology of the people around her. After seeing Asha's innocence, she takes Asha in her confidence and makes her friend. They call each other Chokher Bali (Eyesore). Asha was the sore of Binodini's eye. She thinks that if Mahendra had married her, she would have been the queen of the house and not this uneducated girl. But this was her fate that she could not get married to Mahendra. She knows very well the taste of chilli and pepper of love. But she is unable to get that taste of love because she has no companion in her life. Tagore has described her state of mind beautifully:

"Such a comfortable home and such an amorous husband! I could have made a kingdom of this home, a slave of this husband. Would the house have been in such a condition then, or the man of the house been reduced to such a state? And to have this babe in arms, this toy doll in my place!"[4]

Initially, Binodini is eager to know about love and life, which she has been deprived of but the sense of envy makes her restless. Binodini is jealous of Asha and Mahendra's relation and his love for Asha, hence to take her revenge, Binodini tries to attract Mahendra. She enters in their happy married life. Binodini knows very well that Asha cannot judge her foul game because of her innocence. Initially, Mahendra does not pay attention to her. He does not dare to make eye contact with Binodini. He moves away from her too. Binodini herself is sometimes confused. She does not know whether she loves or hates Mahendra, or she wants to punish him or not. Sometimes she questions herself:

"Laughing bitterly to herself, she would wonder: 'Has any woman ever suffered a condition such as mine? Whether I want to die or to kill, I simply couldn't say! But whether she wanted to surrender to the fire or to scorch others with it, she needed Mahendra desperately. Where else in the world would she direct her poisoned arrow of fire? 'Where can he go?' sighed Binodini. 'He must return. He belongs to me."[5]

Binodini knows very well how to get love from the people around her hence, in Asha's absence when she looks after Mahendra, she comes closer to him to know him more. He notices her beauty and becomes mad about her and falls in love with her. Binodini knows very well that Asha is a very simple and innocent girl. By showing sympathy for Asha, she would conquer Mahendra's and Bihari's heart very easily. Because Bihari too has a soft corner for Asha. Binodini pays her attention to Bihari now. But he moves away from her. Binodini wants to show the difference between Asha and her to Mahendra and Bihari.

"Once, just once, Binodini wanted to drag Mahendra and Bihari down into the dust and show them the difference between Asha and Binodini. What a contrast between the two of them! Prevented by adverse circumstances from conquering any male heart with her brilliance, Binodini assumed the image of the goddess of destruction, her fiery, powerful spear upraised in her hand."[6]

Here, in fact, we cannot look down upon Binodini, as she tries to attract Mahendra and Bihari. She only wants to show herself superior to Asha. Bihari is somewhere angry with Binodini, because of her behaviour with Mahendra and does not want anyone between Mahendra and Asha's relation. But he also has sympathy for her because he learns about her past. Now he sees a gracious woman behind the clever Binodini. Through Bihari Tagore has shown his feelings in this story. Bihari proposes Binodini fo marriage. At that time widow re-marriage was a taboo. As a reformer Tagore wanted to give a new direction to the society through widow- remarriage.

When Mahendra ignores Asha for Binodini, in spite of that she serves him. She cannot imagine her life without Mahendra. Her love for Mahendra is pure. Her 'mashi' has taught her to learn from the experience of pain and hardships in life, to be firm to faith and devotion and have faith in Almighty. Tagore has dived deep into Asha's heart to show how innocent she was. Even if her husband is deceiving her in spite of that she is serving him, offering her prayers to him.

"She bent in a posture of obeisance towards the deity who reigned supreme above all worldly things, according to her mashi. 'I am a young girl,' she prayed. 'I do not know You, I only know husband, but please do not blame me on that account. O Lord, please ask my husband to accept the prayers that I offer him. If he spurns them, I shall die."[7]

Mahendra is mad after Binodini. Now, he has decided to leave his home and elope with her. Even he does not care for his wife and mother. Binodini tells Bihari about their elopement. He is astonished and tells him to stop Mahendra to run away. Binodini is an ambitious girl. She does not want to compromise with her life and her happiness. The so-called society's rituals and Mahendra's rejection of marriage have made her a rebellious woman.

"After a short silence, Binodini fixed her gaze on Bihari. 'Stop him for whose sake?' 'For your Asha? Have I no joys and sorrows of my own? Must I give up all claims to life in this world for Asha's benefit, for the benefit of Mahendra's household? I am not so virtuous, nor am I so well versed in what the religious scriptures say. What will I get in return for what I am to relinquish?"[8]

Binodini is very well known to Mahendra now. She knows that until Mahendra is not bounded, he would love Binodini. As soon as she depends on him, he would run away. He is king of his kingdom. Only Bihari is a reliable man for Binodini. Hence she loves him so much and prays him as God. He is the only man one who can support her and can give shelter to her.

"Day and night, her heart declared, with fierce insistence, 'Bihari must accept my offering of devotion".[9]

Mahendra sometimes lives in his home and sometimes in rented house. But whenever he comes, Rajlaxmi tries to remove the distance between Asha and Mahendra. She deliberately sends Asha to Mahendra but they hesitate to make eye contact. They were not able to talk with each other as they were used to do earlier and behave like strangers. Once Rajlaxmi falls ill and Asha takes care of her. At this time Asha goes to Mahendra without any hesitation and informs him about Rajlaxmi's ill health. Mahendra is astonished to see Asha. He has never seen her before like this. He sees a mature and responsible woman in Asha instead of the weak and ignorant girl. Now Asha is intelligent enough to understand that wife is not only to move behind her husband but she is his strength and guide too.

"Tonight, he had seen a new side to Asha. This Asha had no shyness, no meekness; she was confident, fully aware of her rights. She did not come to Mahendra as a beggar craving his bounty. Mahendra may have neglected her as his own wife, but he felt a sense of deference towards her as the daughter-in-law of the house."[10]

1. गुरुबक्श सिंह फ्रैंक, भारतीय नवजागरण और पंजाब, प्रदीप सक्सेना (सम्पा.) जनजागरण व इतिहास चेतना, पहल, जबलपुर, 1992, पृ 138
2. राम विलास शर्मा, नवजागरण की परम्पराएँ व क्रांतिकारी आंदोलन, प्रदीप सक्सेना (सम्पा.) नवजागरण व इतिहास चेतना, पहल, जबलपुर, 1992.
3. डॉ. राजकुमार : नारी शोषण समस्या एवं समाधान, अर्जुन पब्लिकेशन हाउस, दरियागंज नई दिल्ली, 2008
4. मीनाक्षी निशांत सिंह : 'आधुनिकता और महिला उत्पीड़न', ओमेगा प्रकाशन, दिल्ली, ISBN No. 978-81-8455-39-9, 2010.
5. http://www.indiaspendhindi.com

****

झाबुआ राज्य के ठिकानेदारों द्वारा किए गए विकास कार्य का ऐतिहासिक विश्लेषण

निर्मला बिलवाल* डॉ. रविद्र सिंह **

प्रस्तावना - झाबुआ राज्य के शासक के अधीन रहे ठिकानेदारों के अंतर्गत खवासा, बोरी, झकनावदा, कल्याणपुरा, रायपुरिया, सारंगी, उमरकोट, बरवेट, नौगांवा, बावड़ी, करवड़, अंतरवेलिया, बोड़ायता, कोदली, गेहेन्डी, जामली, घूघरी आदि प्रमुख जार्गीरें थी। इन जागीरदारों के द्वारा अपने तथा जनता के लिए कई निर्माण कर्य करवाए गए । सारंगी के जौरावर समय कई निर्माण कार्य हुए। धर्मशाला, गंगाजल, कुँआ, शंकरजी व हनुमानजी के मंदिर और गढ़, ब्रजराज भवन बनवाए। अच्छे प्रशासक होने से उन्होंने 1953 में गाँव कसारवार्डी का फैसला किया।[1] बोरी -1961 में रतनसिंह के भाई दुलेसिंह को भाई बांट में पीथनपुर पलासकी, झुमका और बावड़ी चार गाँव की जागीर मिली। 1971 में पीथनपुर में कुँए का निर्माण भी कराया था।[2]

ठिकाना अन्तरवेलिया के देवीसिंह की 1903 मृत्यु होने पर उसका ज्येष्ठ पुत्र भेरूसिंह गद्दी पर बैठा। 1918 में भेरूसिंह ने एक कुँआ भी खुदवाया था।[3] ठिकाना करवड़ - झाबुआ राज्य के अन्तर्गत करवड़ ठिकाने के जागीरदार मेड़तिया राठौड़ राजपूत रहे है। यह ठिकाना झाबुआ से 69 कि.मी. दूरी पर स्थित है। सबसे पहले जाजपुर ठिकाना राणाजी से मिला वहाँ पर किले, बावड़ी बनवाए तथा बाग लगवाए किन्तु एक घटना में राणाजी के साले को मारने के कारण ठिकाना छूट गया तब वहाँ से आगे चलकर पंवार इलाके इंगणोद ठिकाना पाया [4] झाबुआ राज्य के अन्तर्गत ठिकाना बावड़ी के जागीरदार पृथ्वीराजोत राठौड़ राजपूत है। ठिकाना बावड़ी भी जामली पृथ्वीराजोत के भाई बंधु हैं। बावड़ी की जागीर झाबुआ महाराज कुशालसिंह ने 1715 में रघुनाथसिंह को दी थी। ठाकुर रघुनाथसिंह के बाद रतनसिंह गद्दी पर बैठा सन् 1832 में रतनसिंह ने ठिकाने में पक्की बावड़ी बनवाई तथा दरवाजा भी बनवाया था। [5]

बरवेट ठिकाने के जागीरदार पृथ्वीराजोत राठौड़ राजपूत है। दौलतसिंह के देवलोक होने पर 1851 में शेरसिंह के पुत्र बख्तावर सिंह को गोद लिया इस उत्तराधिकार की स्वीकृति झाबुआ दरबार से 1891 में प्राप्त हुई। बख्तावरसिंह ने संवत् 1963 में भगवान महादेव का बड़ा मंदिर बनवाया था। इसके आस-पास दो छोटे मंदिर बख्तावरसिंह की धर्मपत्नियों रूपकुंवर षक्तावत मुंदेड़ी और सूरजकुंवर सिसोदिया आठीनेरा ने भी महादेव के मंदिर बनवाये उस समय उनकी लागत 4500 रू. थी। [6] ठाकुर भौमसिंह ने मोकमसिंह का चोतरा कोद के पास कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास बनवाया था। जिसकी मृत्यु 1831 में हुई। 6 झाबुआ राज्य के अधीन कल्याणपुरा के ठाकुर भारमलोत राठौड़ राजपूत है। मोकमसिंह के बाद शिवसिंह, बखतसिंह, जयसिंह, रामसिंह, मुकुंदसिंह, बुधसिंह व नाहरसिंह कल्याणपुरा की गद्दी पर बैठे। 1897 में ठाकुर नाहरसिंह ने रामा गाँव में कुँआ खुदवाया और बाद में उसे पक्का भी बनवाया। यहीं पर एक बाग भी उनके द्वारा बनवाया गया।[7]

झाबुआ राज्य के अधीन ठिकाना झकनावदा के राजगीर भारमलोत राठौड़ राजपूत है। सन् 1661 में झाबुआ महाराजा महासिंह के द्वारा झकनावदा की जागीर कुबेरसिंह को दी गई थी। सन् 1833 में ठाकुर जवानसिंह झाबुआ दरबार में काफी क्रियाशील रहा। इसी की वजह से उसने राज्य के विद्रोहियों छीतु भिलाला पटेल अलीराजपुर को बंदी बना दिया। चूंकि छीतु भिलाला 1857 के संग्राम में अंग्रेजों के विरूद्ध में लड़ाई लड़ रहा था तथा जवानसिंह को 1890 में इस कार्य हेतु अंग्रेजों द्वारा रायबहादुर की पदवी से सम्मानित किया गया। 1877 में जसवंत सिंह ने अनेक निर्माण कार्य कराए। जिसमें छार बाग में चौतरा, मोकमसिंह, बख्तावरसिंह, जसवंतसिंह और भगवान शंकर की मूर्तियां बनवाई। 1880 में गरवाखेंड़ी में तालाब तथा झकनावदा में कुँओं का निर्माण करवाया।[8] मोहनकोट 1904 में दौलतसिंह के देवलोक जाने के बाद माधवसिंह पाट पर बैठा। 1911 में माधवसिंह की मृत्यु होने पर उसका भाई मानसिंह गद्दी पर बैठा। जिसकी तलवार बंदी झकनावदा के ठाकुर किशोरसिंह के द्वारा 1957 में की गई। भेरूसिंह ने निमार्णकार्यों में 1976 में एक गड़ी बनवाई कुँए खुदवाए और दक्षिण में एक बड़ा दरवाजा बनाया और इसी वर्ष एक मंदिर का भी निर्माण करवाया। [9]

झाबुआ राज्य के अंतर्गत जामली के जागीरदार पृथ्वीराजोत राठौड़ राजपूत है। इस ठिकाने से बोड़ायता, बावड़ी, वरवेट, रायपुरिया, अलस्याखेड़ी व गेहन्दी ठिकाने के सभी भाई बंधु। अमरसिंह ने पुराने गढ़ को गिरवाकर नया बनवाया। जिसमें जनाना महल, रसोई घर तथा अमरविलास 3 मंजिला बनवाया गया। इसी के साथ ही राममंदिर, सत्यनारायण मंदिर, गड के सामने बाजार तथा जनता के हित के अस्पताल खोला गया। ठाकुर अमरसिंह के पश्चात् मोडसिंह गद्दी पर बैठा। मोडसिंह ने ठिकाने में देवी मंदिर बनवाया और बगीचा भी लगाया। 1976 में उसकी लागत 3 हजार रूपये थी। माताजी के भोग के लिए कुछ प्रबंध किया गया। पिपल्या वाला कुँआ दिया गया। इनकी माता डोडनीजी चन्द्रकुंवर चापानेर द्वारा शंकर भगवान का पक्का मंदिर बनवाया। पुजारी कोदरदास को नियुक्त किया तथा माता सिंहदेवी के पास कुँआ भी खोदा गया।[10]

झाबुआ राज्य के उमरकोट ठिकाने के जागीरदार फतहसिंहोत राठौड़ राजपूत है। यह ठिकाना झाबुआ से 35 कि.मी. दूर पूर्व दिशा में स्थित है। फतेहसिंह महेशदास का तृतीय पुत्र था। उसी के नाम से एक पृथक शाखा कायम हुई। 1665 में फतहसिंह को 7 सदी का मनसब मिला। साथ में उसे फुलिया परगने के 80 गाँव जागीर में मिले थे। संवत् 1958 को जवानसिंह

*शोधार्थी (इतिहास) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

की मृत्यु हो गई तब मोड़सिंह गद्दी पर बैठा। मोड़सिंह ने वनविभाग की उन्नति का भरसक प्रयास किया। इसके अलावा उसने वगासा देव कुण्ड, मोड़ सागर व मोड़ निवास बंगले का काम उत्कृष्ट कराया। गमेरसिंह ने 1926 में राम-लक्ष्मण का मंदिर बनवाया था। [11] नौगंवा ठिकाने की जागीर राजा महासिंह ने 1665 में केशवदास के भाई किशनदास के वंशज पृथ्वीसिंह को दी थी जिसमें 9 गाँव प्राप्त हुए थे। अतः इसका नाम नौगंवा हो गया। ठाकुर कल्याणसिंह की निःसंतान रहने से उसके भाई तेजसिंह के पुत्र भुवानसिंह को गोद बिठाया।12 ठाकुर भुवानसिंह के पश्चात् ठाकुर रणजीतसिंह रूपायली के पुत्र गोविन्दसिंह को गोद बिठाया गया। गोविन्दसिंह के बाद किशोरसिंह गद्दी पर बैठा। 1947 में गोविन्दसिंह ने नौगंवा में हवेली का निर्माण कराया। जिसकी लागत उस समय 2001 रू. आयी थी। इसके अलावा उसने छतरी, हवेली के दरवाजे, कचहरी, हवेली के पीछे कुँआ आदि कार्य कराया था।[13] अतः हम इन तथ्यों के माध्यम से इस सत्यता का पता लगाया जा सकता है। कि झाबुआ राज्य के ठाकुरों द्धारा किए गए विकास कार्य किस हद तक जनता के लिए लाभदायी रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 3, पत्र क्रमांक 156।
2. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6 ,पत्र 170 अ।।
3. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6 ,पृ 88 ब।
4. मालवा के राठौड़ रेखा द्धिवेदी एवं सहदेवसिह चौहान ,नटनागर शोध संस्थान सीतामऊ पृ. 353।
5. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 3 ,पत्र 205 अ।
6. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 3, पत्र 207 अ।
7. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6, पत्र 175 अ।
8. मालवा के राठौड़ रेखा द्धिवेदी एवं सहदेवसिह चौहान ,नटनागर ष्शोध संस्थान सीतामऊ पृ.376।
9. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6, पत्र 181 अ।
10. मालवा के राठौड़ पृ.382 रेखा द्धिवेदी एवं सहदेवसिह चौहान ,नटनागर शोध संस्थान सीतामऊ।
11. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 4 , पत्र 8।
12. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6 ,पत्र 46 ए।
13. गुरू निर्भयसिंह संग्रह 6 , पत्र 46 ए।
14. डॉ. शोभनाथ पाठक भीलों के बीच बीस वर्ष, प्रभात प्रकाशन दिल्ली।
15. डॉ. राजेन्द्र जैन झाबुआ के भीलों की संस्कृति, मानसी पब्लिकेशन्स दिल्ली।
16. श्रीचंद जैन वनवासी भील एवं उनकी संस्कूति, रोशनलाल एण्ड़ संन्स जयपंर।
17. झाबुआ स्टेट गजटियर , लुआर्ड संकलन बाम्बे ब्रिटिश प्रेस, बेयकुला बाम्बे।

****

जनजाति क्षेत्रों में गैर सरकारी संगठनों द्वारा क्रियान्वित मद्यपान निषेध कार्यक्रमों का अध्ययन (जिला अलिराजपुर के विशेष संदर्भ में)

लखनलाल गांगले *

प्रस्तावना - मद्यपान एवं नशा से आदिवासी समुदाय ग्रसित है। घर के प्रत्येक सदस्य चाहे वह घर का मुख्यिा हो, स्त्रियां हों, बुढे हों या बच्चे इन सब पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इसके आदि बनते जा रहे हैं। फलस्वरूप कई प्रकार की समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं तथा अपराधों में वृद्धि हो रही है। शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के कारण विकास, स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन-यापन करने में असफल हो रहे हैं। विविध प्रकार के नशे की आदतों के फलस्वरूप अधिकांश आदिवासी वयस्क तथा युवा वर्ग गंभीर बिमारीयाँ जैसे मुँह का कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, शारीरिक एवं मासिक कमजोरी, रोगप्रतिरोधक शक्ति की कमी, कम आयु में ही वृद्धावस्था तथा क्षमताओं का ह्रास आदि समस्याओं से ग्रसित हो रहे हैं। अधिकांश शोधकर्ताओं द्वारा अपने शोध को केवल वर्तमान स्थितियों में मद्यपान एवं नशे के प्रकारों तथा इनके दुष्प्रभावों को विश्लेषित किये जाने तक ही सीमित रखा गया है। केवल आदिवासी समुदाय पर केन्द्रित अध्ययन सामने नहीं आया है। अध्ययन क्षेत्र में विभिन्न शासकीय प्रयासों के अतिरिक्त भी अनेक गैर सरकारी संगठन हैं जो कि मद्यपान के विरोध में कार्य कर रहे हैं तथा कुछ हद तक सफल भी हुए हैं।

अलीराजपुर जिले में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों में से 34 गैर-सरकारी संगठन जो मद्यपान एवं नशामुक्ति के लिए महतवपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन गैर सरकारी संगठनों द्वारा नशा मुक्ति के लिए अपनाये गये तरीकों, कार्यक्रमों एवं उनके प्रभावशीलता का अध्ययन करने से उनके द्वारा अपनाये गये तरीकों में खामियों को उजागर किया जायेगा तथा प्रभावों को आदर्श के रूप में अन्य जगहों पर अपनाने में सहायक सिद्ध होगा। प्रस्तुत शोध अध्ययन जनजातियों में मद्यपान एवं नशे के रोकथाम में गैर-सरकारी संगठनों की विभिन्न गतिविधियों का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तुत अध्याय में चयनित गैर-सरकारी संस्थाओं के कार्यों के प्रति लाभार्थियों के अभिमत को जानने का प्रयास किया गया है।

शोध प्रविधि -

शोध प्रारूप - प्रस्तावित शोध अध्ययन हेतु वर्णनात्मक शोध प्रारूप को अपनाया गया है।

अध्ययन क्षेत्र - प्रस्तुत शोध कार्य हेतु आलीराजपुर जिले का चयन किया गया है। जो मध्यप्रदेश के दक्षिण-पश्चिमी भाग में स्थिति मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले की कुल जनसंख्या 7,28,999 है। जिनमें जनजातीय वर्ग की जनसंख्या 6,48,648 है। जिनमें से पुरूष 3,21,842 एवं महिलाओं की संख्या 3,26,796 है। इस जिले की साक्षरता दर प्रदेश में सबसे कम है।

अध्ययन का समग्र - अध्ययन क्षेत्र अलीराजपुर जिले में निवासरत् समस्त आदिवासी परिवार अध्ययन का समग्र हैं।

अध्ययन की इकाई - अध्ययन क्षेत्र का एक अदिवासी परिवार अध्ययन की इकाई है।

निदर्शन विधि - शोध अध्ययन हेतु निम्नानुसार बहुस्तरीय दैव निदर्शन विधि के द्वारा उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। इस प्रकार 6 विकासखंडों में से उच्च जनसंख्या, मध्यम जनसंख्या एवं निम्न जनसंख्या वाले विकासखंडों का चयन किया गया है।

चयनित तीन विकासखंडों में से प्रतयेक विकासखंड में दो कार्यरत् गैर सरकारी संगठन का चयन किया गया है। गैर सरकारी संगठनों के कार्यक्षेत्र में से 5 ग्रामों का चयन किया गया, इस तरह तीन विकासखंड में से कुल 30 ग्रामों का चयन बहुस्तरिय दैव निदर्शन विधि द्वारा किया गया है। चयनित 30 ग्रामों में से 300 उत्तरदाता का चयन दैव निदर्शन विधि द्वारा किया गया है।

तथ्य संकलन के स्रोत -

प्राथमिक स्रोत -शोध के उद्देश्यों के अनुरूप साक्षात्कार सूची बनाकर एवं अवलोकन से क्षेत्र के समुदाय विशेष के बारे में मौखिक रूप से प्राप्त जानकारियाँ एकत्र की गई।

द्वितीयक स्रोत - अध्ययन के विषय में विद्वानों द्वारा लिखी गई पुस्तकें, प्रलेखों तथा विकासखण्ड और विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर संकलित जानकारियों का उपयोग किया गया है।

आँकड़ों का विश्लेषण एवं विवेचन -

गैर सरकारी संगठनों की कार्य अवधी - किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा किसी भी क्षेत्र में किए गए कार्य का मूल्यांकन करने हेतु यह ज्ञात करना आवश्यक होता है कि संस्था स्थान विशेष पर कितने समय से कार्य कर रही है। निम्न तालिका में अध्ययन क्षेत्र में मद्यपान निशेध हेतु कार्य कर रही संस्थाओं के कार्यकाल का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 01 - गैर सरकारी संगठनों की कार्य अवधी संबंधी अभिमत

कार्य अवधी	आवृत्ति	प्रतिशत
पता नहीं	123	41.0
2 वर्ष	111	37.0
2 - 5 वर्ष	66	22.0
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका अनुसार 41 प्रतिशत उत्तरदाताओं को यह पता नहीं है कि उनके क्षेत्र मे कितनी अवधि से एनजीओ कार्य कर रहे है। 37 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि 2 वर्ष से कार्य कर रहे है शेष 22 प्रतिशत

* शोधार्थी (समाजकार्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

उत्तरदाताओं का मत है कि 2 से 5 वर्ष से एनजीओ कार्य कर रहे है।

इससे ज्ञात होता है कि एनजीओ कुछ वर्षो से इन क्षेत्रों में शराबखोरी के विरूद्ध कार्य कर रहे है। भारतवर्ष में एनजीओ की अवधारण अधिक पुरानी नहीं है। परंतु इनके द्वारा किये जा रहे कार्य अवश्य ही सराहनीय है। बीते कुछ वर्षो में ही एनजीओ ने समाज कार्य में अपनी एक नई पहचान बनाई है। आने वाले समय में गैर शासकीय संगठन के कार्यो से अनेक सामाजिक समस्याओं की वास्तविक स्थिति समझने तथा उनके हल खोजने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होने की संभावना है।

मद्यपान समाप्त हेतु उपयोग विधि – किसी भी कार्य को करने के लिए एक उचित विधि की आवश्यकता होती है। उचित ढंग से कार्य करने पर ही लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है। यही कारण है कि अध्ययन क्षेत्र में कार्यरत गैर सकरारी संगठन द्वारा भी मद्यपान निशेध हेतु किसी ना किसी निश्चित विधि का ही उपयोग किया गया है। निम्न तालिका में उपयोग की गई विधियों का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 02 – गैर सरकारी संगठन द्वार मद्यपान समाप्त हेतु उपयोग विधि संबंधी अभिमत

विधि	आवृत्ति	प्रतिशत
सामुहिक	33	11.0
एकात्मक एवं सामुहिक दोनों	267	89.0
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका अनुसार 89 प्रतिशत व्यक्तियों का यह कहना है कि शराबखोरी के विरूद्ध एनजीओं दो या उससे अधिक तरिकों का प्रयोग करते है जिसमें एकात्मक एवं सामुहिक दोनों ही विधि सम्मिलित होती है।शेष 11 प्रतिशत व्यक्तियों का मानना है कि वे सामूहिक विधि का प्रयोग करते हैं। इससे ज्ञात होता है कि शराबखोरी से लोगों को बचाने के लिए एनजीओं अलग–अलग प्रकार के तरिकों का प्रयोग कर रहे है जिससे कि वो अधिक से अधिक लोगों तक अपना संदेश एवं सेवा पहुँचा सके अर्थात यह एक सार्थक प्रयास है। समय–समय पर अपने कार्यो का मुल्यांकन करने तथा स्थिति अनुरूप नवीन तकनीकों तथा साधनों का प्रयोग करने की प्रकृति एनजीओ में होती है। जिसके कारण उनके प्रयास अधिक सार्थक होते देखे जा सकते है। अलग–अलग प्रकार की तकनीकों तथा साधनों के उपयोग का फायदा यह होता है कि समाज के सभी तबकों एवं उम्र के लोग जो कि भिन्न–भिन्न विचारों एवं शैक्षणिक स्तर के होते है सभी तक वे अपनी बात स्पष्ट रूप से पहुँचा पाते है।

मद्यपान निशेध हेतु किए गए एकात्मक कार्य – गैर सरकारी संगठनों द्वारा अध्ययन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार से मद्यपान निशेध के प्रयास किए गए हैं। संगठनों के द्वारा किए गए एकात्मक कार्यो का विस्तृत अध्ययन निम्न तालिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 03 – गैर सरकारी संगठनों के एकात्मक कार्य संबंधी अभिमत

	आवृत्ति	प्रतिशत
परामर्श	255	85.0
चिकित्सा सेवा	22	7.3
उपरोक्त सभी	23	7.7
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका अनुसार 85 प्रतिशत उत्तरदाता ने यह कहा कि एनजीओ शराबखोरी छोडने तथा इससे बचने के लिए परामर्श प्रदान करते है। 7.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि एनजीओ परामर्श तथा स्वास्थ्य सुविधाएँ दोनों ही उपलब्ध कराते है। शेष 7.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार एनजीओ स्वास्थ्य सुविधाऐं प्रदान करते है।

विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि एनजीओ मुख्य रूप से शराबखोरी के विरोध में सभी प्रकार के परामर्श प्रदान करते है। कुछ स्तर पर इनके द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। परामर्श वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति को उसके कार्यो का मुल्यांकन करने का अवसर प्राप्त होता है। उसे यह स्पष्ट होता है कि वह जो कार्य कर रहा है यह उसके स्वयं, परिवार तथा समाज के लिए कितना उचित अथवा अनुचित है। उसे एक सही दिशा की ओर ले जाने के प्रयास किया जाता है जिसे चुनकर वह शराब जैसी गलत वस्तुओं का त्याग करने के लिए प्रेरित हो पाये। स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च अधिक होने के कारण तथा सरकार द्वारा इसकी पहले से ही व्यवस्था करने के कारण एनजीओ द्वारा यह कार्य कम मात्रा में ही किया जाता है।

मद्यपान निषेध हेतु सामुहिक कार्य – मद्यपान निषेध हेतु गैर सरकारी संगठनों द्वारा एकात्मक कार्य पद्धति के साथ–साथ सामुहिक कार्य पद्धति का भी उपयोग किया है। संगठनों द्वारा किए गए सामुहिक कार्यों का अध्ययन निम्न तालिका में दर्शाया गया है।

तालिका 04 – गैर सरकारी संगठनों के सामुहिक कार्य संबंधी अभिमत

कार्य	आवृत्ति	प्रतिशत
रैली निकालना	154	51.3
नुक्कड़ नाटक	33	11.0
सामुहिक परामर्श	56	18.7
संगठन एवं उनके कार्यकर्ता	33	11.0
उपरोक्त सभी	24	8.0
कुल	300	100.0

उपरोक्त तालिका अनुसार 51.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि सामूहिक कार्य में एनजीओ रैली निकालते है। 18.7 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार एनजीओ सामूहिक कार्य के अंतर्गत सामूहिक परामर्श प्रदान करते है। 11–11 प्रतिशत लोग के अनुसार एनजीओ नुक्कड नाटक तथा साथीगण एवं उनके कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामूहिक कार्य करते है। 8 प्रतिशत लोगों के अनुसार वे उपरोक्त सभी तरिकों का प्रयोग सामूहिक कार्य के अंतर्गत करते है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि एनजीओं शराबखोरी से बचाने के लिए सामूहिक कार्य के अंतर्गत सभी प्रकार के तरिकों अथवा प्रणालियों, विधाओं का उपयोग करते है जिससे कि संबंधित समाज को आसानी से समझाया जा सके कि मद्यपान कितना खतरनाक होता है। किसी भी विचार को समझाने अथवा स्थिति को बताने के अलग–अलग तकनीके एवं प्रणालियॉ होती है। किसी भी व्यक्ति को समझाने से पूर्व यह आवश्यक है कि उसकी मानसिक, शारीरिक एवं शैक्षणीक स्थिति क्या है। इन्हीं स्थितियों को ध्यान में रखकर अलग–अलग प्रकार के तरिकों का उपयोग कर उसे समझाने का प्रयत्न किया जाता है। जिससे कि वह पूर्ण रूप से उस विचार को आत्मसात कर सके।

उपरोक्त तालिकाओं के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि गैर सरकारी संगठनों द्वारा मद्यपान निशेध हेतु क्रियान्वित कार्यक्रम प्रत्येक व्यक्ति की पहुँच की दृष्टि से किए जा रहे हैं जिसका की शासकीय कार्यक्रमों में अभाव मिलता है। यही कारण है की गैर सरकारी संगठनों द्वारा किए जा रहे प्रयास शासन के कार्यक्रमों से अपेक्षाकृत अधिक सफल होते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भौमिक पी.के. (1982), **एप्रोच टू ट्राइबल डेवलपमेंट,** इंटर-इंडिया पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
2. देवगांवकर एस.जी. (1980), **प्राब्लम ऑफ डेवलपमेंट ऑफ ट्राइबल एरियाज,** इंटर-इंडिया पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
3. दुबे बी.के. (1967), **ए स्टडी ऑफ द ट्रायबल पीपुल एण्ड ट्रायबल एरियाज ऑफ मध्यप्रदेश**, ट्रायबल डेवलप एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, भोपाल (मध्यप्रदेश)
4. सिद्दिकी एस.वाय. (1984), **सोशल वर्क एण्ड सोशल एक्शन** व्हूमन पब्लिकेशन, नई दिल्ली
5. सच्चिदानन्द (1989), रोल ऑफ वोलेन्टरी एजेन्सीज् इन सोशल एण्ड इकोलोजिकल डेवलपमेंट इन ट्रायबल एरियाज्, **वन्यजाति**, वर्ष 37, अंक 4, अक्टूब, नई दिल्ली।

****

एच.आई.वी. एड्स से ग्रसित व्यक्तियों की मनोसामाजिक स्थिति का अध्ययन (मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में)

मुकेश अजनार *

प्रस्तावना – एड्स एक बेहद खतरनाक और भयानक बीमारी है। अगर यह एक बार हो जाये तो फिर संक्रमित व्यक्ति का बचना असंभव है। यदि भारत की ही बात की जाए तो प्रतिवर्ष करीब 80000 (NACO अनुसार) से ज्यादा लोग इस बीमारी का शिकार होकर असमय ही काल के ग्रास बन जाते है। इस बीमारी के बारे में यह कहा जाता है कि इसकी जानकारी ही इसका बचाव है, अर्थात इस बीमारी से संक्रमित हो जाने के कई महीनो से कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते और जब नजर आते है तो वे अन्य साधारण बीमारियों से इतना मेल खाते है कि कोई व्यक्ति एड्स से पीडित है इसको जानने में कही अधिक समय नष्ट हो जाता है।

दु:खद विचार यह है कि संम्पूर्ण विश्व में एचआईवी को लेकर अनेक गलतफहमियॉ एवं अफवाहे हैं जिनके कारण कई लोग इसकी चपेट में आ जाते है एवं इस रोग से ग्रसित लोगों का जीवन नर्क बन जाता है। उनका इस प्रकार से वैयक्तिक, पारिवारीक एवं सामाजिक बहिष्कार किया जाता है कि वह उचित प्रेरणा, उपचार एवं परामर्श के अभाव में समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। इसलिए यह जानना भी अत्यंत आवश्यक है कि वर्तमान समाज में वे कौन कौन सी भ्रांतियॉ फैली हुई है जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है तथा वे सिर्फ घृणित मानसिकता की उपज है।

भारत में बडे पैमाने पर वैश्यावृत्ति होती है जो कि एचआईवी/ एड्स होने का भारत में सबसे महत्वपूर्ण कारण है। हालांकि भारत मे वैश्यावृत्ति पर कानूनी रूप से पूरी तरह से पाबंदी है किंतु फिर भी भ्रष्ट राजनीति, कमजोर पुलिस प्रशासन तथा जनसाधारण में जागरूकता की कमी होने के कारण एड्स बड़ी आसानी से भारतीयों को अपना शिकार बना रहा है। मुख्य रूप से आपराधिक कार्यो में लिप्त पुरूष, मलीन बस्तियों में रहने वाले पुरूष, कम उम्र के बच्चे जिन्हें उचित देखभाल, समझाईश ना मिली हो वैश्याओं के संम्पर्क में आकर स्वंय को जानलेवा स्थिति में डाल लेते है। ग्रामों में निवासरत महिला–पुरूष जिनमें एचआईवी/एड्स से संम्बधित अधिक जानकारी ना हो, वह अपनी कामवासना में पागल होकर असुरक्षित यौन संम्बंधों का निर्माण कर बडी सुलभता से इस बीमारी का शिकार हो जाते है।

भारत में प्रथम एच.आई.वी पीड़ित व्यक्ति का मामला (केस) 1986 को तमिलनाडु के चेन्नई में पाया गया जो देह व्यापार में लिप्त था। और पता लगाने पर पता चला कि ये एक विदेशी पर्यटक के सम्पर्क में आने से पाया गया था। वर्ष 1987 में राष्ट्रीय एच.आई.वी. नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की गई, जिसने प्राथमिक रूप से खुन की जाँच और स्वास्थ्य शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा। 2017 में NACO और UNAIDS के सामान्य अध्ययन के अनुसार भारत में लगभग 21 लाख 40 हजार लोग एच.आई.वी./एड्स से पीड़ित व्यक्ति पाये गये। मध्यप्रदेश में **मार्च 2019** तक 61372 एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति है। **(मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अनुसार)**

मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों में से झाबुआ एक विशेष पिछड़ा जिला है, इस जिले की अधिकांश जनसंख्या सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य समस्याओं से निरंतर ग्रसित जीवन–यापन कर रहे है। जिनमें से स्वास्थ्य समस्या एक प्रमुख समस्या है। इस क्षेत्र में लोग अज्ञानता, अस्वच्छता, परम्परागत मान्यतायें, सुखा, पलायन, शासकीय योजनाओं का ज्ञान नहीं होना इत्यादि महत्वपूर्ण कारणों से ही स्वास्थ्य समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। झाबुआ जिला मध्यप्रदेश राज्य के पश्चिमी छोर पर स्थित है। जनगणना 2011 के अनुसार झाबुआ जिले की जनसंख्या 1024091 है। वर्तमान में **मार्च 2019** तक झाबुआ जिले में 533 लोग एड्स पीड़ित है। **(मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अनुसार)**

वर्तमान झाबुआ जिले में अनेक स्वास्थ्य समस्या है। जिलें में अनेक बीमारी में से एक एच.आई.वी./एड्स भी व्याप्त है। पीड़ित लोगों में व्याप्त एच.आई.वी./एड्स का मुख्य कारण अशिक्षा, अजागरूकता एवं पलायन है। इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन कम एवं बेरोजगारी के कारण यह लोग जीविका हेतु समीपस्थ गुजरात राज्य में कार्य हेतु पलायन करते है। जहाँ पर जनजातीय किशोरी, महिलाओं को कुछ उच्च वर्गो के द्वारा शोषण किया, जाता है, एवं जनजातीय यूवक–यूवतियों में असुरक्षित यौन क्रिया द्वारा भी यह रोग फैल रहा है।

अध्ययन के उद्देश्य –

1. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों पर बीमारियों के कारण हुये मानसिक आघात तथा समाज द्वारा लगाये गये कलंक की प्रकृति एवं प्रभावों का अध्ययन करना।
2. एच.आई.वी एड्स से ग्रसित व्यक्तियों में बीमारी के कारण स्वयं के प्रति अविश्वसनीयता की स्थिति एवं परिणामों का अध्ययन करना।
3. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों के उपचार हेतु उपलब्ध सामाजिक पूर्नवास तथा चिकित्सा सुविधायों के प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
4. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों में तेज गति से फैल रही बीमारी तथा उसके शारिरिक दुष्प्रभाव पर रोकथाम करने में परिवार तथा समाज की भूमिका का अध्ययन करना।
5. एड्स ग्रसित व्यक्तियों के उपचार में व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता की प्रभावी भूमिका एवं हस्तक्षेप के लिए सूझाव प्रस्तूत करना।

शोध प्रविधि –

अध्ययन क्षेत्र – मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले में अशिक्षा, गरीबी तथा

* शोधार्थी (समाजकार्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

बेरोजगारी की समस्या से ग्रसित अधिकांश जनसंख्या रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करती है। अत: नियमित पलायन के कारण झाबूआ जिला एड़स जैसी बीमारियों के फैलने के लिए अति संवेदनशील है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 में कुल 353 व्यक्ति एड़स से ग्रसित है। ऐसे व्यक्तियों की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा ही हो रहा है। अत: यह तथ्य को ध्यान में रखते हुये शोध हेतु झाबुआ जिले को अध्ययन क्षेत्र स्वरूप चयनित किया गया है।

निष्कर्ष – एड्स से ग्रसित व्यक्तियों की सामाजिक एवं मानसिक स्थिति :

1. कुल उत्तरदाताओं में सबसे अधिक बीमारी से ग्रसित अनुसूचित जनजाति एवं पिछडा वर्ग से है। उसके बाद सामान्य तथा अनुसूचित जाति के लोग है।
2. पुरूषों के साथ ही महिलाओं में भी एड्स जैसी समस्या समान रूप से हो रही है। अत: महिला–पुरूष सभी के लिए अध्ययन करना आवश्यक है।
3. कुल उत्तरदाताओं में सबसे अधिक 36 प्रतिशत 41 से 50 आयु वर्ग के है। 33.3 प्रतिशत 31 से 40 तथा 28 प्रतिशत उत्तरदाता 21 से 30 वर्ष के है। 2.7 प्रतिशत उत्तरदाता 51 से 60 वर्ष के है।
4. 63.3 प्रतिशत व्यक्तियों को एड्स के बारे में जानते है तो शेष 36.7 प्रतिशत को पूर्ण जानकारी नहीं है परंतु एड्स के संबंध में कुछ–कुछ पता है।
5. आधे से ज्यादा लोगों को एड्स बीमारी के बारे में प्राथमिक ज्ञान है तथा एक तिहाई के करीब लोगो को सिर्फ इसके बारे मे कुछ ही जानकारी पता है अर्थात उनके पास कोई विस्तृत जानकारी का अभाव है।
6. 36 प्रतिशत से अधिक व्यक्ति किसी प्राथमिक जानकारी के ही अपना जीवन निर्वाह कर रहे है अत: ऐसे लोग अनजाने में ही एचआईवी एड्स जैसी बीमारियों के संम्पर्क में आ जाते है।

अशिक्षित, रूढीवादी तथा घृणित विचारधारा के कारण समाज के कुछ लोग इस प्रकार की बीमारी से पीडित रोगीयों से सामान्य से अलग व्यवहार करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आहुआ राम (1994), 'सामाजिक समस्याएं', रावत पब्लिकेशन, जवाहर नगर, जयपुर।
2. ओझा एन. एम (2005),'भारत की सामाजिक समस्याऐं', रावत पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
3. गुप्ता एम. एल., शर्मा डी. डी. (2010) ,'भारतीय सामाजिक समस्याएं', साहित्य भवन, पब्लिकेशन आगरा।
4. आहुजा राम, (2008), 'सामाजिक समस्या, विवेक प्रकाशन', नई दिल्ली।
5. दुबे श्यामचरण (2005),'भारत में सामाजिक समस्याएँ', नेशनल बुक ट्रस्ट, इण्डिया नई दिल्ली।
6. जैन राजेन्द्र (2008),'झाबुआ के भिलों की संस्कृति', मानसी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
7. जैन राजेन्द्र (2008), 'झाबुआ के भिलों की संस्कृति', मानसी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।

****

बालकों की शालापूर्व शिक्षा में आँगनवाड़ी केन्द्र एवं प्ले स्कूलों का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. बी. के. गुप्ता*

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध लेख उत्तर प्रदेश के बाराबंकी क्षेत्र के आँगनवाड़ी केन्द्रों और प्ले स्कूलों पर किए गए अध्ययन से जुड़ा है। पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और शुरुआती प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की भागीदारी अस्थिर और परिवर्तनशील है। जरुरी नहीं है कि यह भागीदारी नीतिगत दस्तावेजों (बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखरेख एवं शिक्षा नीति 2013) द्वारा निर्धारित आयु आधारित दिशा का पालन करती है। कुछ राज्यों में चार वर्षीय बच्चे पहले से ही आँगनवाड़ी केन्द्र में हैं। वहीं, कुछ अन्य राज्यों में छ: से सात साल के बच्चों की एक बड़ी संख्या अब भी पूर्व-प्राथमिक शिक्षा केन्द्रों में जा रही है। सभी राज्यों में बच्चों की भागीदारी अनियमित है। यह पाया गया कि अक्सर बच्चे पूर्व-प्राथमिक शिक्षा केन्द्रों और प्राथमिक विद्यालयों के बीच अदला-बदली कर रहे होते हैं और आठ वर्ष की आयु तक आते-आते ही नामांकन स्थिर हो पाता है।

शाला पूर्व शिक्षा का पाठ्यक्रम – आँगनवाड़ी केन्द्र की संरचना, पाठ्यक्रम और प्रक्रियाएं इस अवधारणा के साथ बनाई जाती हैं कि बच्चे अपनी आयु के अनुसार और एक समान गति से सीखें। हालांकि, भागीदारी के विभिन्न तरीके यह दिखाते हैं कि यह मान्यताएं शुरुआती कक्षाओं की वास्तविक आयु संरचनाओं से शायद ही कभी मेल खाती हैं। परिणामस्वरूप, बच्चों के एक बड़े हिस्से से विकासात्मक तौर पर अनुपयुक्त पाठ्यक्रम में दक्षता हासिल करने की उम्मीद की जाती है। चार से पांच साल की उम्र में नियमित शाला-पूर्व शिक्षा में भागीदारी पांच साल की आयु में बच्चे की स्कूल की तैयारी पर काफी महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। अर्थात् पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता स्कूल की तैयारी को बेहतर बनाने वाले प्रमुख कारकों के तौर पर उभरती है। स्कूल की तैयारी का प्राथमिक शिक्षा के दौरान, खासकर गणित और भाषा सीखने की उपलब्धियों से महत्वपूर्ण सम्बन्ध है।

यूनिसेफ के अध्ययन – यूनिसेफ के अध्ययन के अनुसार औसत रूप से, 5 साल की उम्र में बच्चों की स्कूल की तैयारी का स्तर अपेक्षित स्तर से काफी कम था। अधिकांश बच्चे कम गुणवत्ता वाले ऐसे संस्थानों में जा रहे हैं, जो आयु के अनुसार उपयुक्त तरीकों, सामग्री और गतिविधियों का उपयोग करने में असफल होते हैं। इसलिए, बच्चे प्राथमिक विद्यालय के पाठ्यक्रम को सीखने के लिए आवश्यक संज्ञानात्मक, पूर्व-साक्षरता, पूर्व-संख्यात्मक कौशलों और अवधारणाओं में दक्षता प्राप्त किये बिना ही स्कूल में आ जाते हैं। बच्चे क्या कर सकते हैं और उनसे क्या करने की उम्मीद की जाती है, इनके बीच का अंतर काफी जल्दी सामने आ जाता है और बच्चों के एक कक्षा से दूसरी कक्षा में जाने के साथ यह अंतर तेज़ी से बढ़ता जाता है।

शाला पूर्व शिक्षा के मॉडल – सरकार द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र और प्ले स्कूल वर्तमान में भारत में उपलब्ध पूर्व-प्राथमिक शिक्षा के दो प्रमुख मॉडल हैं। बच्चों का केवल एक छोटा सा हिस्सा ही अन्य विकल्पों, जैसे कि गैर-सरकारी संगठनों या धार्मिक या अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित पूर्व-प्राथमिक शिक्षा केन्द्रों में जाता है। आंगनवाड़ी केन्द्र और प्ले स्कूल कई मापदंडों पर काफी अलग हैं। जहां आंगनवाड़ी केन्द्र मुख्यत: पोषण या बच्चों की देखभाल करने वाले केन्द्रों की तरह काम कर रहे हैं, वहीं प्ले स्कूल विद्यालय का ही निचला विस्तार होते हैं। दोनों में से कोई भी मॉडल बच्चों को इस आयु में उनके सर्वागीण विकास के लिए जरुरी वातावरण और सहयोग नहीं प्रदान करता है। विशेषकर, नियोजित खेल के अवसर, जो सफल पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का बेहद महत्वपूर्ण घटक हैं, इन दोनों ही मॉडल्स में पूर्णत: अनुपस्थित हैं। दोनों प्रकार के पूर्व-प्राथमिक केन्द्रों में पूरा ध्यान पढ़ने, लिखने और गणित के औपचारिक शिक्षण पर केन्द्रित होता है।

अंतर्राष्ट्रीय शोध – पूर्व-प्राथमिक स्तर पर बच्चों के अनुभव प्राथमिक स्तर की शिक्षा में बच्चों के सीखने को प्रभावित करते हैं। कई अंतर्राष्ट्रीय शोध इस बात को दर्शाते हैं कि गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का असर स्कूली शिक्षा के बाद तक बना रहता है। वर्तमान में केवल 6-14 साल की आयु के बच्चे शिक्षा का अधिकार अधिनियम के दायरे में आते हैं, इसलिए बच्चों को उनके मस्तिष्क के विकास के सबसे अहम् चरण में इस अधिकार से वंचित रखना शिक्षा के अच्छे आधार को पाने के उनके अधिकार का उल्लंघन है। वर्तमान में बहुत सी राज्य सरकारें बच्चों को छ: वर्ष की आयु से पहले भी प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश की अनुमति देती हैं।

हाल के अनुसंधनों का जो सारांश स्मालेनस्की और शेफात्या ने दिया है उसके संकेत के अनुसार नाटकीय खेल के विकास से संज्ञानात्मक और सामाजिक विकास के अलावा स्कूल संबध कौशलों को भी लाभ पहुँचता है। उदाहरण के लिए शाब्दिक अभिव्यक्ति, शब्द-भण्डार, समझ, अवधान की अवधि, कल्पनाशीलता, एकाग्रता, आवेश पर नियंत्रण, जिज्ञासा, समस्या-समाधान की और अधिक युक्तियां, सहयोग, सहानुभूति और सामूहिक भागीदारी इनमें शामिल हैं। वाइगोत्स्कीवादियों ने उन क्रियातंत्रों की जांच की है जिनके द्वारा शालापूर्व शिक्षा विकास को प्रभावित करती हैं। उदाहरण के लिए मैन्यूल के और इस्तोमिना ने देखा है कि अधिगम की अन्य गतिविधियों की अपेक्षा खेल के दौरान बच्चों के मानसिक कौशल उच्चतर स्तर पर होते हैं। वाइगोत्स्की ने इसे निकट विकास क्षेत्र के उच्चतर स्तर की तरह पहचाना है। मैन्यूल के ने पाया कि बाकी की अपेक्षा खेल के समय बच्चों का आत्म-नियंत्रण उच्चतर स्तर पर होता है। एक लड़के को जब खेल में निगरानी रखने का काम दिया गया तो वह जितनी देर तक ध्यान को एकाग्र रखते हुए अपनी जगह पर टिका रहा उतनी देर तक वह शिक्षक द्वारा

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) जे. एन. एम. पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

बताए काम पर ध्यान नहीं रख पाता। इस्तोमिना ने तुलना करके देखा कि प्रयोगशाला में एक समतुल्य स्थिति की अपेक्षा बच्चे शलापूर्व शिक्षा के समय कितनी चीजें याद रख पाते हैं। बच्चों को शब्दों की एक सूची याद करने के लिए दी गयी थी। मैन्यूल ने पाया कि नाटकीय खेल की स्थिति में बच्चों को ज्यादा संख्या में चीजें याद रहीं।

खेल-खेल में सीखना – शोधकर्ता इस बात से सहमत हैं कि बच्चे खेल द्वारा बहुत कुछ सीखते हैं और खेल से विकास को गति मिलती है। अध्ययनों से यह प्रमाणित होता है कि जिन बच्चों को खेलने के अवसर और प्रेरणा नहीं मिलते वे विकास के हर क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। अनाथालय और इसी प्रकार की संस्थाओं में रहने वाले बच्चों के अवलोकन द्वारा कुछ प्रमाण मिले हैं। इस प्रकार की सभी संस्थाएँ बच्चों को भोजन, आश्रय, शारीरिक देखभाल, कपड़ा और शिक्षा प्रदान करती हैं। परन्तु शोध से यह पता चलता है कि अधिकतर मामलों में यह संस्थाएँ अनुकूलतम विकास के लिए उचित वातावरण प्रदान नहीं कर पाती। प्राय: एक ही पालनकर्ता बहुत सारे बच्चों की देखभाल करती है और इस कारण हर बच्चे को पर्याप्त समय नहीं दे पाती। वहाँ न तो शिशुओं से कोई अतिरिक्त बात करता है, न उन्हें दुलारता है और न ही कोई उनसे खेलता है। ऐसे मौकों पर कम से कम अंत:क्रिया होती है। ऐसी स्थिति में पालनकर्ता और बालिका में परस्पर स्नेह का अभाव रहता है और बालिका अपने आप को भावात्मक रूप से सुरक्षित महसूस नहीं कर पाती। ऐसी कई संस्थाओं में यह भी देखा गया कि शिशुओं को जिन पालनों में लिटाया गया था वे चारों ओर से कपड़े से ढका गया था जिसके कारण शिशु पालने के बाहर कुछ नहीं देख पाते थे। बच्चों के पास पालने से लटके खिलौनों के अतिरिक्त कोई खिलौने नहीं थे और यह खिलौने भी इतनी दूर लटके हुए थे कि बच्चे इन तक पहुँच नहीं पाते थे। बच्चों का सारा दिन पालने में पड़े-पड़े बीतता था और उन्हें कुछ नया देखने, सुनने या छूने को नहीं मिलता था। अवलोकन में यह पाया गया कि इन बच्चों की संज्ञानात्मक, भाषा संबंधी और शारीरिक विकास की गति अन्य बच्चों की तुलना में धीमी थी।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. आँगनवाड़ी केन्द्र और प्ले स्कूल की सरंचना को जानना।
2. आँगनवाड़ी केन्द्र और प्ले स्कूल की सेवाओं के उपागम के स्तर का मूल्यांकन करना।

प्राक्कल्पनाएँ :

1. आँगनवाड़ी केन्द्रों के द्वारा टीकाकरण और पूरक पोषाहार की गतिविधियों पर अधिक जोर दिया जाता हैं।
2. प्ले स्कूलों में शालापूर्व शिक्षा की गतिविधियों को प्राथमिकता दी जाती हैं।

न्यादर्श – न्यादर्श हेतु उद्धेश्यपूर्ण निदर्शन की विधि को प्रयोग में लाया गया हैं जिसमें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी के 5 आँगनवाड़ी केन्द्रों और 5 प्ले स्कूलों पर अध्ययन किया गया है।

तथ्य संकलन – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु 4 बिन्दू लिकर्ट स्केल आधारित अर्धसहभागी अवलोकन अनुसूची तथा ग्रुप डिस्कशन प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं जिसमें शालापूर्व शिक्षा की गतिविधि और सेवाओं के प्रदर्शन के अनुसार अंक गणना की प्रविधि को प्रयोग में लाया गया हैं। प्रदर्शन के अनुसार 1 का अंक भार 1, बिन्दू 2 का अंक भार 2, बिन्दू 3 का अंक भार 3 और बिन्दू 4 का अंक भार 4 रखा गया हैं। यह तथ्य संकलन आँगनवाड़ी केन्द्रों और प्ले स्कूलों पर बालकों की उपलब्धता के अनुसार किया गया हैं।

शालापूर्व शिक्षा का तुलनात्मक प्रदर्शन – सारणी संख्या 1 में प्ले स्कूल और आँगनवाड़ी केन्द्र की शलापूर्व शिक्षा के प्रदर्शन का गतिविधि अनुसार अंकों द्वारा तुलनात्मक स्थिति को दर्शया गया है जिसमें पाया गया कि आंगनवाड़ी केन्द्र ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा की गतिविधि में 2 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 4 अंक पाए है और आंगनवाड़ी केन्द्र ने सामाजिक विकास की गतिविधि में 1 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 3 अंक पाए है एवं मानसिक विकास की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 2 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 5 अंक पाए है तथा संज्ञानात्मक विकास की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 3 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 5 अंक पाए है जबकि शारीरिक विकास की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 2 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 4 अंक पाए है। अत: उक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि शलापूर्व शिक्षा की गतिविधियाँ आँगनवाड़ी की तुलना में प्ले स्कूलों में विधिवत दी जाती है।

सारणी 01 – शालापूर्व शिक्षा की गतिविधियों का प्रदर्शन

शालापूर्व शिक्षा की गतिविधि	प्रदर्शन	
	आँगनवाड़ी केन्द्र	प्ले स्कूल
	अंक	अंक
स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा	2	4
सामाजिक विकास	1	3
मानसिक विकास	2	5
संज्ञानात्मक विकास	3	5
शारीरिक विकास	2	4
कुल	10	21

अन्य गतिविधियों का स्तर

सारणी 02 – अन्य गतिविधियों का प्रदर्शन

शालापूर्व शिक्षा की गतिविधि	प्रदर्शन	
	आँगनवाड़ी केन्द्र	प्ले स्कूल
	अंक	अंक
टीकाकरण	5	1
स्वास्थ्य जाँच	5	1
पूरक पोषाहार	5	1
रेफरल सेवा	5	1
भ्रमण	3	4
कुल	23	8

सारणी संख्या 02 में प्ले स्कूल और आँगनवाड़ी केन्द्र की शलापूर्व शिक्षा के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के प्रदर्शन का अंकों द्वारा तुलनात्मक स्थिति को दर्शया गया है जिसमें पाया गया कि आंगनवाड़ी केन्द्र ने टीकाकरण में 5 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 1 अंक पाए है और आंगनवाड़ी केन्द्र ने स्वास्थ्य जाँच की गतिविधि में 5 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 1 अंक पाए है एवं पूरक पोषाहार की सेवा में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 5 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 1 अंक पाए है तथा रेफरल सेवा में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 5 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 1 अंक पाए है जबकि भ्रमण की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र ने 3 अंक पाए है वहीं प्ले स्कूलों ने 4 अंक पाए है। अत: उक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि शलापूर्व शिक्षा की अतिरिक्त अन्य गतिविधियाँ आँगनवाड़ी केन्द्र की तुलना में प्ले स्कूलों पर सही स्तर पर नहीं दी जाती है।

निष्कर्ष :

1. आंगनवाड़ी केन्द्र की अपेक्षा प्ले स्कूलों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा की गतिविधि का स्तर बेहतर है।

2. सामाजिक विकास की गतिविधि में प्ले स्कूल की तुलना में आंगनवाड़ी केन्द्र का प्रदर्शन अच्छा नहीं है।
3. मानसिक विकास की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र तुलना में प्ले स्कूलों का प्रदर्शन अच्छा है।
4. संज्ञानात्मक विकास की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्र के तुनला में प्ले स्कूलों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।
5. शारीरिक विकास की गतिविधि में प्ले स्कूलों की तुलना में आंगनवाड़ी केन्द्र ने कम अंक पाए है।
6. शालापूर्व शिक्षा की गतिविधि में आंगनवाड़ी केन्द्रों के पिछड़ने का प्रमुख कारण अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन का दबाव और काय अधिकता हैं।

सुझाव – शाला पूर्व शिक्षा के पाठ्यक्रम को विकास की इस बुनियादी अवस्था हेतु आवश्यक विशिष्ट विषय सामग्री और शिक्षण संबंधी जरूरतों को पूरा करने वाला होना चाहिए, जिसमें खेलकूद के अवसर व पूर्व–साक्षरता और पूर्व–संख्या के साथ ही बच्चों का सर्वागीण विकास शामिल हों। आधारभूत अवस्था में सहयोग देने के लिए उपयुक्त शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम बनाया जाए और प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के समकक्ष स्थिति वाले पूर्व–प्राथमिक शिक्षकों के कैडर का विकास किया जाए। राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा नीति 2013 द्वारा अनुशंसित, आरंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा के लिए एक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण नियंत्रण या प्रमाणन प्रणाली का गठन किया जाना चाहिए। सरकारी, निजी और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित हर तरह के पूर्व प्राथमिक शिक्षा केन्द्रों को इसके दायरे में होना चाहिए, ताकि गुणवत्ता के मानकों और विकासात्मक तौर पर उपयुक्त तरीकों/कार्य प्रणाली के पालन को इन संवेदनशील वर्षो के दौरान सुनिश्चित किया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Buysee, V.; P. W. Wesley (2005). Consultation in Early Childhood Settings. Baltimore: Paul H. Brookes Publishing. ISBN 978-1-55766-774-8.
2. Levin, H.M.; Schwartz, H.L. (2007). “What is the cost of a preschool program?”. National Center for the study of Privatization in Education. Symposium conducted at the meeting of the AEFA Annual Conference, Baltimore, Maryland.
3. Reeves, K. (2000). Preschool in the public schools. American Association of School Administrators. 1-9
4. Skinner, B. F. (1954). “The science of learning and the art of teaching”. Harvard Educational Review. 24 (2): 86–87.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

Promotion of Culinary Tourism as a Destination Attraction in Nainital district - Uttrakhand region

Sundeep Singh Takuli* Dr. Yashwant Singh Rawal**

Abstract - Food plays an important role in attracting tourists to a particular destination because as it reflects a region's culture and lifestyle. Cuisine has a great impact on traveler's choice when choosing their final destination. A variety of businesses including farms, restaurants, or specialty food stores, cooking school, tour operators, breweries, wineries, historical attractions, religious monuments and many other businesses across the country have capitalized on their regions culturally unique cuisines to attract various tourist. Culinary of a destination can also be categorized as a part of cultural tourism. It is not only a basic need for tourist but also a cultural element that can positively present a destination. Food consumption can be used in the development of a destination image. In addition, culinary tourism is not only attracting the tourist, but also contributes to the social, economic and environmental development of that particular destination. This paper focus at the importance of the connection between food and tourism which cannot be ignored from any point of view. Each tourist destination of uttrakhand has different level of beauty that can attract tourist from different countries and various places thus the delicious food of uttrakhand which is also rich in medicinal values as it grow on high altitude and harsh climate can be used as the main attraction and promotional tool for the development of tourism in uttrakhand
Keywords: - culinary, Cuisines, Cultural, local Food, Tourism.

Introduction - The state is also known as the 'Dev Bhumi' or 'Land of God' because it houses various religious places that are regarded as the most sacred and propitious areas of devotion and pilgrimage. Uttarakhand was created by joining a number of districts from the Northwestern part of Uttar Pradesh and a portion of the Himalayan Mountain Range. The state is mostly famous for its scenic features and affluence of the Himalayas, the Tarai and the Bhabhar. The autonomous territory of Tibet is situated to the north of the state.

The name of the state was formally altered from Uttaranchal to Uttarakhand in 2007 and its capital is Dehradun The High Court of Uttarakhand is in Nainital another important city in the state. The two major industries in the state are handicrafts and handlooms . Tourism is now becoming the most important industry in uttrakhand , It is also famous for being the origin of the Chipko Movement or Chipko Andolan.

On 9 November 2000, it became a full-fledged state of India with the formal induction of a separate state government .The geography of Uttarakhand reveals that it is surrounded by Himachal Pradesh in the north-west and Uttar Pradesh in the south and shares its international borders with Nepal and China. The state is quite rich in natural resources and beauty,

The well known Himalayan peaks of Nanda Devi, Kedarnath, Trishul, Bandarpunch and Mt Kamet and the important glaciers like Gangotri, Pindari, Milam and Khatling are situated in Uttarakhand. Major rivers found in the state of uttrakhand are The Ganga, the Yamuna, Ramganga and Sharda, and some major ecological important places in uttrakhand are-

1. Nanda Devi National Park
2. Valley of Flowers
3. Gangotri
4. Govind National Park
5. Rajaji National Park
6. Kedarnath
7. Mussoorie
8. Binsar
9. Sanadi
10. Govind sanctuary
11. Ascod sanctuary

All these divisions support many rare plants and animal communities in uttrakhand in india ,

The American Culinary Traveller Report, 2013 published by the American travel market research firm Mandala Research has a few interesting findings:-

1. Travellers are most interested in local and authentic foods and culinary experiences that are different from those they can get at home.
2. Most travellers combine culinary activities with other activities, also participating in culture, heritage and nature-based activities.

*Research Scholar, Pacific University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Assistant Professor, Pacific University, Udaipur (Raj.) INDIA

3. Increasing reliance on reviews and recommendations of friends makes getting the word out through social media and other user content sources critical for destinations.
4. Various festival like nanda devi , phooldei, Harela etc, can also attract by serving various dishes and various regional cuisine ,
5. Foodies want to be educated when travelling. Eighty-three percent enjoy learning about the local culture and cuisine of the destinations they visit. And the same percentage says they will spend more money on food and drinks while travelling.

Objectives of the Study - The paper aims to focus on the impact of culinery tourism in regional and local development and conservation of culinary traditions that is mixed with the culture of uttrakhand. Focus has been made to make food popular as the guest will come as an destination attraction to consume those dishes like the other cuisines ,moreover focus has been made for those dishes who are on the edge of least consumption in comparison to other dishes, in the local area of Nainital district of uttrakhand

Methodology - The methodology which is used is explanatory in nature. It mainly involved secondary data collection. Secondary data has been collected from text book, research papers and websites. Some primary data source has been used from the information's gathered from interaction with the guest who come to Nainital district of uttrakhand ,

Uttrakhand India : Paradise Unexplored - Uttrakhand India is a paradise for tourist. Its enchanting hill, dancing rivers, roaring waterfalls, thick and dark forests, heavy rains during monsoon, innumerable varieties of flora and fauna, countless species of wild animals and plants, mysterious clouds, melodious folk music, thrilling dances and festivals, variety of many delicious dishes, handlooms and handicrafts ,and above all its green landscape attract people from different parts of the world. one of the constituent states of the region, an embodiment of natural beauty and grace, a true representative of the region, has always been at the centre stage of tourist attraction. The allowed blessings of nature have made tourism in uttrakhand essentially nature centric, despite the fact there are historical and religious places of tourist attraction.

Scope Of Culinary Tourism In Uttrakhand - In gastronomical point of view cuisine of India is as rich and diverse as its civilization. The scope of Uttrakhand India culinary tourism is immense and it has not yet carved a specialized segment in global culinary map because of its recognition as like other tourism. From Kashmir toKanyakumari, the cuisine of India is widespread .The Cuisine of India can be segregated in region wise and can be explored simultaneously. Each region cuisine has its own identity in the field of culinary art which are the hidden treasures of immediate aroma and flavor compared to other cuisines of the world that should become the forefront for tourist. The Tourism of Uttrakhand India has scopes to promote tourism through cuisines of each destination of the region as these are interlinked with each other by setting street side food stalls , mega food parks, theme restaurants, as well as food courts which caters the tourist the traditional local foods in an eco ambience. By showcasing the Uttrakhand food can attract million of tourist to the regions of Uttrakhand India because of its notional value and taste . Culinary Tour Packages can be arranged in a detailed manner so as to analyse the influence of both domestic and international tourist and their attachment towards to the cuisine of the particular region In uttrakhand ,

Future Trends - Target of culinary tourism is to experiences like the local cuisine. Interested tourist towords local cuisine can be a potentional consumers This would in turn bring in greater professionalism in all those involved directly and indirectly with the tourism machinery. That culinary tourism can be a major revenue earner for the states of the region can be presumed from the increased tourist footfalls in the region during the last few years. Foreign tourists inflow into Uttrakhand states will increase in coming future ,

Graph 1 (see in next page)

SWOT Analysis – The aroma of Uttrakhand culinary skill has reached foreign shores, attracting them in hordes to idyllic landscape of uttrakhand india. In a nutshell we can plot the Strength ,Weakness, Opportunities and Threats of Tourism Industry in the following manner:

Strength :

1. Global band.
2. Highly educated.
3. Good law and order.
4. Better infrastructure.
5. Segmented Tourist packages.

WEAKNESS :

1. Lack of proper solid waste management.
2. Over changing of services.
3. Distance from major markets.
4. Infrastructure issues with respect to transportation.
5 Natural disasters.

OPPORTUNITIES :

1. Culinery Tourism.
2. Medical Tourism.
3. Eco-Tourism.
4. Trade Opportunities of local products and goods.
5. Heritage Tourism.
6. River Tourism.

THREATS - Threats from other competitive states in India and natural disasters.

Conclusion - It can be concluded as Culinery Tourism has vast potential for generating employment and earning large sums of foreign exchange besides country's overall economic and social development. Tourism is an activity which is necessary for each individual for for overall development Culinery is bestly and experienced in India because in every hundred metres, the food dimension changes and a tourist can enjoy the different food with different experience which is nowhere found in the

world.Tourist are gradually pouring into the Uttrakhand but most states of the region are still faring below the national average and as such there is no space for complacency. Culinary tourism can be a major source of livelihood for the people and for this the culinary richness of the region needs to showcase effectively for the prospective tourist in discovering the richness of it one will discover the culture of the land. However, Culinery Tourism will keep growing ,create huge job opportunities in all the related sectors including small and medium scale businesses. In future Culinary Tourism will be the largest sector of Tourism industry in terms of tourism receipts, while developing countries will emerge as top most destinations due to their natural resources and cheap labour force.

References :-

1. https://en.wikipedia.org/wiki/Tourism_in_Uttarakhand
2. https://en.wikipedia.org/wiki/Uttarakhand
3. http://uttarakhandtourism.gov.in/utdb/?q=contact-us
4. http://uttarakhandtourism.gov.in/
5. http://planningcommission.nic.in/plans/stateplan/sdr/sdr_uttarakhand1909.pdf
6. http://www.icar.org.in/Vision%202050%20VPKAS,%20Uttarakhand.pdf
7. Hall,C.M and Mitchell, R.(2001).Wine and food tourism.In Douglas,N.andDerret,R.(eds.) Special Interest Tourism: Context and Cases.John Wiley and Sons,Australia,Brisbane,pp.307-329
8. Hobsbawn,E.& Ranger,T(1983).The invention of tradition.Cambridge University Press.Cambridge.
9. Riley,M.(2000).What are the implications of tourism destination identity for food and beverage policy? Culture and cuisine in a changing global marketplace in a strategic questions.In R.Woods,marketplace in strategic questions.In R.Woods(Eds),food and Beverage Management(pp187-194)London:Butterworth Heinemann.
10. Jha, S.M. 2011. Tourism Marketing. Himalaya Publishing House: Mumbai, 238.
11. Achaya, K.T. 1998. A Historical Dictionary of Indian Food. Oxford University Press: New Delhi.



****

Drug Proving

Dr. Rajinder Girdhar* Dr. Parveen Kumar**

Abstract - Drug providing is the method of studying the scientific properties of the drug substance. The drug substance is administrated oraly different provers of both sexes and all ages and in different geographical areas in home drug proving. In modern medicine, the drug substance is injeeded directly in tissues of the animal. Homeopadhy uses healthy human beings or provers.
Key Words - Drug proving, Investigational proving substance, placebo, protocol.

Introduction - Drug Proving is a systematic & orderly process of investigation of the pathogenetric power (disease-curing power) of the medicine by administering it on the different healthy human beings.

Drug proving also termed as homeopathic pathenetic Trial (HPT) is a process in which drug substances are put into trial on healthy human volunteers so their pathogentic effects are observed, noted & compiled as the first stop to introduce the drug in the homoepathic malaria medica.

In sec 105 Dr. Hahneman says that drug proving is a process of 'acquiring a knowledge of instruments intended for the cure of the natural disease : It is a unguine process in homoepathy unlike conventional medicine where animal experimentation forms the basis of evaluation of drug pathogensis.

Dr. Hahneman developed the idea of testing of action iof drug substances on healthy individuals (Aphoris 106)

Transportation lines are considered as life - line for the movement and increase of population.Thease days in the city of Saharsa the mushroom growth of colleges and schools have atteracted students in such a large number that the population size of urban center increased fast since 1971. The establishment of Block,Subdivision and the creation of district and divisional headquarters have attracted the officials for job and the to and fro of clients increased. Thid gives an impetus for the increases of population in urban centre of Saharsa (Fig.2).

Fig.02



Urbanization Pattern - Urbanization is rapid and fast 'population growth'.The term 'growth of population' means 'a change in population numbers inhabiting a territory during a specific period of time,irrespective of the change is positive or negative.' This change or growth can be measured both in terms of absolute numbers and percentages. There are four ways in which the number if people has in an area can change (i) Someone may be born in the area, (ii) an inhabitant may die,(iii) and outsider may move into the area,(iv) a resident may move – out (Thomlinson,1976,1).Thus the population growth is not a unitary phenomenon, but it consist of "four major components – fertility,mortility,immigration and emigration(Ghosh,88).The balance between births and deaths is known as, natural increase or reproductive change." Population growth of an area is a combination of two factors – natural increase and net migration"(Verma,1967,121)

Decadal Variations of population - The variations of the growth of population in between two census periods is the outcome of economy performance in the city of Saharsa besides the administrative peace in the city. The urban centre like Saharsa where there is lack of industries, lack of good transportfacilities and the rise of anti-social elements or extremists are found and hence such areas are not conductive for the growth of population as no one wants to live in tension and turmoil.

Table – 1 :Percent Growth of Population in the city of Saharsa(1951 – 2011).

Year	Population	Variations	% growth.
1951	2,463	—	—
1961	14,803	2,340	18.77
1971	23,217	8,414	56.83
1981	57, 227	34,010	146.48
1991	80,011	22,784	39.81
2001	124,015	44,004	54.99
2011	156,540	32,525	20.78

Source: Census of India,Bihar.

The decadal growth of population has been calculated on the basis of the formula which gives and average arithmetic growth rate (Hommer and Rogoff,1966).

CITY OF SAHARSA DECADAL VARIATIONS OF POPULATION (1951 – 2011)



$$r = \frac{(p_2 - p_1)t}{(p_2 + p_1)\, t} ' 100$$

Where 'r' is the decadal growth rate.

p_1 is population of the city at one time.

p_2 is population of the city at another time and 't' is the time interval between p_2 and p_1.

In table 1 the absolute and percent variations of urban population in the city of Saharsa has been shown which represent high growth of population in between 1951 to 2001. This phenomenal growth was due to change in rank and file of the city of the Saharsa. The city has given the

status of district headquarter in 1951 and again Divisional headquarter n 1990. Inspite of the fact that the city of Saharsa lies in lowland surrounded by several rivulets and the area was suffering from Malaria, cholera, plague and Kalazar on massive scale even then the growth was slightly low due to the massive adoption of family planning programmes on the insistence of Sanjay Gandhi in almost all parts of India. In the decade 1971 – 81 the growth was phenomenal due to change in administrative satatus of the city. This has also been followed by the availability of better medical facilities to the people.

Patterns of Population Growth - The analysis has been made for the wardwise growth of population for the decade 1991 – 2001. The average growth for the city of Saharsa is 5.5% per annum while the highest percentage growth is found is ward number 1,6.8 percent per annum and the lowest growth is 4.5 percent per annum in ward number 19, 20 and 28. This clearly represents that all areas are not equally likely good but some are more tteractive from the economic development point of view or nearness to the city centre while others are less atteractive due to inferior siting,farther from the city centre and poor economic atteractiveness(Table 2 and Fig. 5)

Table – 2 : Growth of Population in the city of Saharsa (1951 – 2001)

Ward	Population No.	% Growth Variations
1.	2001	68
2.	1500	58
3.	1500	65
4.	1500	62
5.	1500	66
6.	1500	59
7.	1500	52
8.	2001	56
9.	1500	47
10.	1500	64
11.	1500	51
12.	1500	58
13.	1500	63
14.	1500	63
15.	1500	51
16.	1500	48
17.	1500	58
18.	1500	48
19.	1500	45
20.	1500	45
21.	1500	49
22.	1500	64
23.	1500	54
24.	2001	61
25.	1500	46
26.	1500	51
27.	1901	57
28.	1500	45
Average	44004	55

Source : Census of India 1991 & 2001.

Consequences of Population Growth - The high rate of population growth creates the problem of food shortage,shortage of residental house, improper clothing and the problem of unemployment. On the other hand,it has also created the problem of deplating the fertility and productivity of the soil in the surronding area. In the city of Saharsa due to mal – nutration several type of diseases have cropped up. Due to flood and high growth rate of populating(3%) the occupancy rate is 5 persons per room in urban areas. Per capita the lesser need of cloth is due to mild weathercondition. In the city of Saharsa 26% people are unemployed. Recently, the extremiss activities have grown up killing hundreds of people each year.

Immigration - The term 'Immigration'is used for imigration of rural population to the growing urban centre which may be categorized as "rural – urban migration." Of all types of migrations, this type of rural urban migration predominates. It is caused by several factors that may be categorized as'pull' and "push" factors.

Pull factor:

Pull factor include those factors which pull migratory population from outside. Pull factors operating in urban areas may include better employment opportunites, regular and highear wages, fixed working hours, good education,and social and cultural facilities. Again urban areas tends to be more atteractive and source (Chandana and Sindhu,1980,58). In Saharsa town besides the industrial eastablisments, good educational, medical facilities are also available, beside the district level officers which atteract people from the neighbouring countrysides as well as from distant places. Migration from rural to urban areas are generally the most imporatnat form of internal migration.

Push Factor - Push factors are those which motivates going outside from within.

Thease incorporate high natural rate of population growth creating population preassure on the existing resources,exhaustion of natural resources, droughts,floods, natural calamities, actual social religious or political upsurge etc. Push factors in rural areas include rural poverty, unemployment,low and irregular wages uneconomic holding resulting from continious subdivision and often poor facilities of education, health,recreation other services.

Emigration: The term 'emigration' is used for out migration from one country or region to another. In our case, this may be mainly from urban to urban. It is observed that people small urban centres move to bigger cities in search of better employment opportunities, education,medical facility and glamour of urban life etc but it is different to deduce the quantam of migration particularly emigration figure.

Measurement of Immigrantsto Saharsa - The data of immigrants of Saharsa may be computed with the help of the following formula:-

$$M = (Pt – Po) (B – D)$$

Where,

M the Immmigrants,

Pt the population at the time of later (Second)cencus,
Po the population at the earlier census,
B Births during the intercensal period,
D deaths during the intercensal period.

Thus of Saharsa,

M = (Pt – Po) - (B – D)

Or M = (2011 – 2001){(Births from 1991 to 2001) – (Deaths from 1991 – 2001)}

Or M = (156540 – 124015) - (Natural Increase from 2001-2011)

Or M = 31,725 – 5,675

Or M = 26,050 immigrants to Saharsa in 2011.

So, immigration(mainly rural – urban movement of population)is the main cause of urban growth of township.Such a feature of urbanization will give rise to several urban problems.

"With the dynamic of population growth, the urban areas are growing into bigger agglomerations with ever increasing influx of people, creating demand for support services,viz. water supply, transportation drainage/sewage, garbage collection and disposal etc.,i.e. for excedding supply of these services.

While taking up development activities, the assimilative capacitiesof the environment components, i.e. air, water and land to various pollution are rarely considered. Also lack f proper landuse compatiblity. The haphazard and uncontrol development development activities leading to overuse, congestion,incompatable landuse are creating high risk environment to the city residents in the form of deterioration of the natural and socio-economic living conditions which specifically include overcrowding, congestion.lack of sufficent water supply, unhygienic living conditions,air and noise pollution etc.(Yadav,1991).

Conclusion - The unabated rural – urban migration will lead to several urban problems. To check this immigration, facilities of urbanism should be developed in rural areas. In this context, the concept of urbanization is urgently to be developed which will go a way in lessening the urban deteriorating environmental conditions and make urban areas livable.

References:-

1. Bogue,D.J. and Zachariah,K.C.,Urbanization Migration In India in Turner, Roy(ed.)India's Urban Future, (Barklay and Los Angles:University of California Press), P.2
2. Clarke,John I (1972),Population Geography, (Oxford, Pergamon Press),P.131. Census of India, 1951, Vol. 5, Bihar General Pollution Table.
3. Dube, R.S.(1979), Population of the Rewa Plateau:Geographical Analysis, (Kanpur, Sahitya Ratnalaya),P.19.
4. Yadav,H.K.P.(1999) Urban Migration of Saharsa Town, An Unpublished Ph. D. Thesis, (Bodh- Gaya,Magadh University), PP.20-21.
5. Yadav,H.L., Environment Management Plan for Urban Poor Souvenir and Abastract of papers,National Conference of Environment, Deveploment and Quality of Life, Deptt. Of Geography D.D.U. Gorakhpur University,Gorakhpur.
6. Vidyanathan, K.E. Components of Urban Growth in India, 1951-61 in proceedings of the Geneva Conference of the International Union for Scientific Study of Population, Vol. II Londan, 1969,PP.41-48.

****

पर्यावरण सुरक्षा : हमारा दायित्व

डॉ. सन्ध्या श्रीवास्तव*

प्रस्तावना – आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी – ये जगत् के पाँच केन्द्रीय तत्व, पंच महाभूत, प्राणि जगत् को सब ओर से आच्छादित करने के कारण पर्यावरण कहलाते हैं।[3] पर्यावरण प्राकृतिक रूप से विद्यमान या स्थापित पारिस्थितिकी तालमेल हैं।[4] मानव पर्यावरण के साथ पूर्ण संतुलन करके ही पूर्ण विकास कर सकता है। आज मानव और पर्यावरण के सम्बन्ध सहज समन्वयात्मक न होकर शोषण, लोभ तथा आर्थिक व्यवसायिकता पर आधारित हो गए हैं। पहले यह समझा जाता था कि प्रकृति उपहार देती है अब प्रकृति से मनमाना उपहार लिया जाता है, अधिकाधिक शोषण किया जाता है।

पर्यावरणीय शोषण की विकृतियाँ, प्रचंड ताप, बेमौसम बरसात आदि हमें सचेत कर रही हैं कि प्रकृति और अधिक मानव हस्तक्षेप सहन नहीं कर सकती। उसे ऐसी मर्यादित जीवनशैली विकसित करनी होगी जिसकी आकांक्षा विश्व के समस्त लोगों के लिए संभव है। औद्योगिक तकनीक में सुधार, महानगरों के विस्तार पर प्रतिबन्ध, वृक्षारोपण आदि विधियों की सफलता मूलत: मानव के आन्तरिक परिवर्तन पर सामाजिक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। नैतिक, भौतिक और आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा स्वयं को, अपने कर्तव्यों को, जीवन और प्रकृति के सम्बन्धों को समझते हुए, पर्यावरण को दुष्प्रभावित किए बिना मानव को अपनी प्राथमिकताओं का निर्धारण कर अपनी प्रबुद्धता का परिचय देना होगा।

जीवन के रहस्य को उद्घाटित करने के लिए, उसे सम्यक् रूप से संचालित करने के लिए विशेष रूप से संकट के क्षणों में मानव अपने अग्रजों एवं पूर्वजों के अनुभव के आधार पर अपने अस्तित्व की रक्षा कर आत्म स्वातंत्रय और शांति[1] का अनुभव करता है। भारतीय ऋषि ने नैसर्गिक स्वतंत्रता और शुद्धता की शक्ति लेकर जीवन की प्रयोगशाला में सत्यचेता बन सार्वकालिक धरोहर स्वरूप सत्यों को प्रकाशित किया। संसार सत्य का ही विकास है, जिसकी अभिव्यक्ति है चैतन्य। सत्यं शिवं सुन्दरम् की द्योतक भारतीय संस्कृति केवल भारत की ही नहीं, मानव मात्र की संस्कृति है। 'सर्वभूत हितेरत:' में ही है प्रकृति का सौन्दर्य और संस्कृति।

जगत् में, पर्यावरण में हमारे चारों ओर के आवरण में (परित: आवृणोति इति पर्यावरण, परि + आवरण) जो भी स्थावर या जंगम हैं, जैविक (समस्त सजीव प्राणी, वनस्पतियाँ, पशु तथा मनुष्य) और अजैविक (भौतिक और रासायनिक) घटक हैं सब ईशत्व[2] से आच्छादित हैं। सब ब्रह्ममय है – सर्व में ईशत्व के दर्शन की ललक ने इस संस्कृति की समष्टिपरक बना दिया है। वैदिक साहित्य दार्शनिक धरातल पर सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की बात करता है यह कल्याण भाव प्रच्छन्न रूप से पर्यावरण की शुद्धता से जुड़ा है।

आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी – ये जगत् के पाँच केन्द्रीय तत्व, पंच महाभूत, प्राणि जगत् को सब ओर से आच्छादित करने के कारण पर्यावरण कहलाते हैं।[3] पर्यावरण प्राकृतिक रूप से विद्यमान या स्थापित पारिस्थितिकी तालमेल हैं।[4] मानव पर्यावरण के साथ पूर्ण संतुलन करके ही पूर्ण विकास कर सकता है। आज मानव के और पर्यावरण के सम्बन्ध सहज समन्वयात्मक न होकर, शोषण, लोभ तथा आर्थिक व्यवसायिकता पर आधारित हो गए हैं। पहले यह समझा जाता था कि प्रकृति उपहार देती है अब प्रकृति से मनमाना उपहार लिया जाता है, अधिकाधिक शोषण किया जाता है।

प्रकृति के वशीकरण के प्रयास ब्रह्माण्ड को विघटन की ओर ले जा रहे हैं। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने वाले, जीवन सामग्री देने वाले वन मरुस्थल बन गए हैं, और इसीलिए प्राणवायु अशुद्ध हो जीवनघातक हो रही है। कारखानों के अवशिष्टों से अमृत जल विष हो रहा है। रासायनिक खाद, कूड़ा करकट तथा वैज्ञानिक द्रव्य के कारण धरती उर्वरता खोकर बाँझ हो रही है। औद्योगिक कचरा, वाहनों से निकलता जहरीला धुँआ, आणविक विस्फोटों से निकली विषैली गैसों से पर्यावरण के पंच महाभूत प्रदूषित हुए है। ओजोन पर्त में छेद होने से सूर्य की जलती किरणें सीधी पृथ्वी पर आक्रमण कर रही हैं आज व्यक्ति के सम्मुख अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है।

मनुष्य यदि प्रकृति को अपनी ही तरह परमसत् का अंश मान लें, उसके प्रति मातृभाव रखें, कृतज्ञता का भाव रखें तो पर्यावरण असंतुलन और संकट से मुक्ति मिल सकती है। वेदों, उपनिषदों, महाभारत, मनुस्मृति, दुर्गासप्तशती आदि ग्रंथों में प्रकृति को अत्यन्त उच्च स्थान दिया गया है।

सूर्य को विश्व की आत्मा,[5] जल को देवी आप पृथ्वी को माता[6] का स्थान, कहीं-कहीं जल और वृक्ष को मित्र के रूप वृक्ष को मित्र के रूप में[7] माना गया है। श्वेताश्वतर उपनिषद् में कहा गया है जो चेतना जल में, अग्नि में, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में, औषधियों में एवं वनस्पति में संव्याप्त है उसको नमस्कार है।[8]

पर्यावरण शुद्धता की दृष्टि से जल में शौच करने का निषेध था। मनुस्मृति में भी कहा गया है कि हमें जल में मूत्र, रक्त या विषयुक्त पदार्थों को नहीं फेंकना चाहिए जिससे जल प्रदूषण के प्रति चिन्ता का आभास मिलता है। अथर्ववेद[9] में जल चिकित्सा की चर्चा है।

प्रकृति से तदाकारता उसे हमारी सहचारिणी बना देती है। प्रकृति के नियमों के विपरीत आचरण करने वाला अनेक विकारों से व्याधियों से ग्रस्त हो जाता है। वन्य प्राणी, अनेक जीवजन्तु पेड़ पौधों के फूल पत्तों जैसा ही रूप रंग आकार धारण कर प्रकृति से तदरूप होकर शत्रुओं से जीवन की रक्षा करते हुए अस्तित्ववान् रहते हैं। ये जीवन जन्तु भी हमारे सहयोगी हैं। हर जीव दूसरों के लिए वैसे ही उपयोगी और आवश्यक है जैसे उसके सजातीय

* एसोसिएट प्रोफेसर (दर्शन शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

बन्धु-बांधव, कुटुम्ब-परिवार के छोटे बड़े साथी सहयोगी होते हैं। भूमि की उर्वरता इन्हीं सूक्ष्म जीवियों जैसे केंचुए पर निर्भर करती है वे वनस्पति के उगनें और बढ़ने में सहायता करते हैं संतुलन बनाए रखते हैं। यदि इनकी संख्या कम हो जाए तो प्रकृति विकृति में बदल जाती है। सम्भवत: इसीलिए अनेक वन्य प्राणी देवी-देवताओं के वाहन के रूप में पूज्य माने गए हैं।[10]

परमात्मा की सत्ता के अन्तर्गत प्रकृति अपना कार्य करती है। प्रकृति के नियम अटल एवं अटूट हैं। विश्व का संचालन करने वाला समष्टि रूप प्राकृतिक नियम ऋत[11] है यह सत्ता ईश्वरीय नैतिक जगत् में सत्य और धार्मिक जगत् में यज्ञ की अवधारणा के रूप में विद्यमान थी। प्रत्येक कर्म का फल तद्नुसार मिलेगा यह भी इसी सत्ता का अटल नियम है।

यजुर्वेद में वायु तेज, पृथ्वी, दिन रान सभी संतुलित रहते हुए सुख समृद्धि प्रदान करें इस प्रकार की प्रार्थना की गई है।[12]

पर्यावरण की इसी संतुलित अवस्था के लिए वैदिक ऋषि संकल्प करता है -

आयुर्यज्ञेन कल्पतां पशुभिर्यज्ञेन कल्पतां ब्रह्मयज्ञेनकल्पतां
ज्योतिर्यज्ञेन कल्पतां स्वयंज्ञेन कल्पतां। यजु. 18/29/22/29

सम्पूर्ण संसार चक्र एक विराट यज्ञ है जिसमें सूर्य, चन्द्र, तारे, वायु, वरुण, पृथ्वी, औषधियाँ, वनस्पतियाँ, पशु-पक्षी सभी अपनी-अपनी आहुतियाँ दे रहे हैं। यह भाव ही संसार चक्र की धुरी है। व्यक्ति का कर्तव्य समस्त संसार के प्रति है। व्यक्तिगत अस्तित्व की रक्षा तभी संभव है जब समस्त संसार उसकी रक्षा की ओर वह समस्त संसार की रक्षा को समर्पित रहे।

आज कटते वन और बढ़ती जनसंख्या समूची सृष्टि के समक्ष प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। ओजोन की पतली होती पर्त सिकुड़ते वन, मिटते पशु पक्षी सर्वनाश के सूचक हैं। वैदिक ऋषि सूर्य की किरणों से मृत प्राण शक्तिविहीन भूमि को पुन: उर्वर बनाने का अनुरोध करते हैं इन्हीं ऋभुगणों (सूर्य की किरणों) ने आकाश और पृथ्वी के बीच सुरक्षा कवच के रूप में अयनमंडल का निर्माण किया है। ये सुरक्षा कवच ओजोन पर्त या पृथ्वी की त्वचा रूपी ढाल के रूप में जाने जाते हैं। सूर्य जीवनदायी है पर रौद्ररूप धारण कर लेने पर इससे सौर विकिरण के भयंकर तूफान उठते हैं। हमारा चुम्बकीय क्षेत्र इन तूफानों को पृथ्वी से परे ढकेल देता है। आज पृथ्वी की आंतरिक पर्त के घूमने की गति धीमी होने से चुम्बकीय क्षेत्र ही कमजोर हो रहा है। इसमें जगह-जगह छेद होने लगते हैं। परिणामस्वरूप चुम्बकीय क्षेत्र से होकर सौर विकिरण और कौस्मिक किरणें सीधे धरती पर आकर प्रभावित अंगों में कैंसर जैसे रोग करेगी। अन्तरिक्ष यात्रियों को कॉस्मिक किरणों से बचाने के लिए एक विशेष प्रकार का स्पेस सूट पहनाया जाता है।[13]

अथर्ववेद में हम पाते हैं कि यज्ञ करने से यह पुष्ट हो सकता है। यह विस्तृत देवी स्वरूपा पृथ्वी शुभ संकल्पों से युक्त होकर चर्म रूपी ढाल अपने संरक्षण के लिए धारण करे यज्ञीय प्रक्रिया से इस सुरक्षा कवच को पुष्ट करने का संदेश दिया गया है।[14]

यज्ञ से सुगन्धित वातावरण होता है।[15] वायु शुद्ध होती है। ऋग्वेद में शुद्ध वायु सार्वभौमिक औषधि के रूप में वर्णित है।[16] अग्निहोत्र के धुएँ पर हुए शोधकार्य के अनुसार चार ऐसी गैसों की जानकारी मिली है जिनकी आज के दूषित पर्यावरण का परिष्कार करने हेतु एक विशिष्ट भूमिका है वे चार गैसे हैं -

1. एथिलीन आक्साइड
2. प्रौपलीन आक्साइड
3. फार्मेल्डिहाइड
4. वीटा प्रापिनोलेक्टोन

आहुति दिए जाने से गाय का घी एसिरिलीन में रूपान्तरित हो जाता है। हवन सामग्री में पाए जाने वाले सुगन्धित द्रव्य उसे शीघ्र ज्वलनशील बनाता है और वाष्पीय रूप से वह अधिक विस्तार पाता है। अमेरिका में प्रकाशित पत्रिका National Horticulture Society के सम्पादक डा. एन. मेक्केलिप्स ने यह निष्कर्ष दिया है कि यूरोपीय देशों में विद्यमान एसिड रेन से बचने का एकमात्र उपाय अग्निहोत्र ही है।

यज्ञ की सूक्ष्म ऊर्जा तरंगें प्रकृति के समस्त घटकों के भीतर तक पहुँच कर वहाँ विद्यमान प्रदूषण व विषाक्तता को मिटा सकती है और उसके स्थान पर उपयोगी तत्वों का संचार कर सकती है। आस-पास के क्षेत्रों में उत्पादक क्षमता में वृद्धि पाई गई है। विषैली गैसों के अनुपात में कभी आने से जन समुदाय ने सकारात्मक प्राण ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञीय ऊर्जा से पोषित सूर्य किरणों को धरती पर विद्यमान जलीय स्त्रोत अच्छी तरह अवशोषित कर लेते हैं इससे प्रकृति की रिसाइक्लिंग प्रणाली संतुलित बनती है।

पर्यावरणीय असंतुलन को ठीक करने का एक महत्तवपूर्ण उपाय है - वनीकरण। जीव जगत और वनस्पति जगत एक दूसरे से एक श्रृंखला द्धारा जुड़े हैं - खाद्य श्रृंखला। प्राणि जगत आक्सीजन ग्रहण करता है, कार्बन डाईआक्साइड छोड़ता है। यह कार्बन डाईक्साइड पौधों द्धारा अपना भोजन बनाने में प्रयोग होती है और बदले में पौधे आक्सीजन छोड़ते हैं। इससे दोनों गैसों का सही अनुपात बना रहता है। मोटर वाहनों के धुँए की कार्बन मोनोआक्साइड रक्त में हीमोग्लोबिन को प्रभावित करती है। औद्योगिक संस्थानों और वाहनों के धुँए से प्राप्त नाइट्रोजन आक्साइड फेफड़े में कैंसर, निमोनिया, मसूड़ों में सूजन, खून बहना आदि बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। अत: यदि वनों का कटना अनिवार्य है तो वृक्षारोपण भी जरूरी है। प्राचीन वैदिक संहिता में मानव जीवन के दीर्घायु होने के लिए लता, वनस्पति, वृक्ष व नदी का महत्व प्रतिपादित है। (नमोवक्षेम्य: युजु 16.17.16.20) श्वेताश्वर उपनिषद् में वृक्ष के साक्षात् ब्रह्मयोनि समझ कर उनकी पूजा की गयी है। स्कन्द पुराण में वृक्षों में विष्णु का वास माना गया है। (एकोहरि: सकल वृक्षगंता विभाति)। अनेक पुराणों और स्मृतियों में कहा गया है कि आदि काल में वृक्षों का कटना दंडनीय अपराध था। कौटिल्य ने प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने वालों को दिए जाने वाले दंड का उल्लेख किया है (अर्थ 11.12)। वनों की कटाई से कार्बन डाई आक्साइड में वृद्धि से भूमंडल के तापमान में वृद्धि ही नहीं होती वरन् सल्फर डाई आक्साइड की भी उत्पत्ति होती है जो जल के साथ मिलकर गंधक का तेजाब बन जाती है और एसिड रेन होती है। कार्बन डाई आक्साइड की बढ़ने से जलवायु परिवर्तन होता है। कृषि प्रभावित होती है धरती पर वृद्धि से ध्रुवों की बर्फ पिघलने से समुद्र का तल उठेगा और खेती योग्य भूमि समुद्र के खारे पानी में डूब जाएगी उर्वरा शक्ति क्षीण होती अधिक लवण युक्त जल पीने योग्य नहीं रहेगा।

हिन्दू धर्म में वृक्षों का महत्वपूर्ण स्थान है। पीपल, नीम, बरगद की आज भी पूजा होती है। वृक्ष लगवाने से पुण्य की प्राप्ति का वर्णन भी मिलता है। संक्षेप में वैज्ञानिक आविष्कारों से बढ़ते हुए औद्योगिकरण व शहरीकरण के इस काल में वनों का महत्व और भी बढ़ गया है। वनों से वन्य प्राणियों के आवास की समस्या, ऋतु परिवर्तन, वायु, जल, भूमि, ध्वनि, प्रदूषण, बाढ़ नियंत्रण सूखे की समस्या, भूमि कटाव व मरूस्थलीकरण जैसी समस्याओं से मुक्त होकर पर्यावरणीय संतुलन को बनाया जा सकता है। सुरक्षित पर्यावरण पर ही मानव का अस्तित्व निर्भर है। अध्यात्मपरक भारतीय संस्कृति वृक्षों के शांत हरीतिमा भरे वातावरण में ही विकसित हुई है। मानव मात्र के सेवक औषधि रूप परोपकारी वृक्षों के ऋण से कोई उऋण नहीं हो

सकता है।[17]

पर्यावरणीय शोषण की विकृतियाँ, प्रचंड ताप, बेमौसम बरसात आदि हमें सचेत कर रही हैं कि प्रकृति और अधिक मानव हस्तक्षेप सहन नहीं कर सकती। उसे ऐसी मर्यादित जीवनशैली विकसित करनी होगी जिसकी आकांक्षा विश्व के समस्त लोगों के लिए संभव है। औद्योगिक तकनीक में सुधार, महानगरों के विस्तार पर प्रतिबन्ध, वृक्षारोपण आदि विधियों की सफलता मूलत: मानव के आन्तरिक परिवर्तन पर सामाजिक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। वर्तमान में मूल्यों का ह्रास शिक्षा के लिए एक गंभीर चुनौती है। जीवन मूल्यों की जड़ें प्रत्येक प्राणी में बहुत गहरी होती है और इनका वास्तविकता से घनिष्ठ सम्बन्ध होता है। नैतिक, भौतिक और आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा स्वयं को अपने कर्तव्यों को, जीवन और प्रकृति के सम्बन्धों को समझते हुए, पर्यावरण को दुष्प्रभावित किए बिना मानव को अपनी प्राथमिकताओं का निर्धारण कर अपनी प्रबुद्धता का परिचय देना होगा।[18]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यजुर्वेद में प्रार्थना की गई है कि आकाश, वायुमंडल, पृथ्वी, जल और पौधे शांतिमय हों। समस्त विद्वत्जन, ईश्वर, वेद तथा मैं स्वयं शांति से रहूँ। ॐ द्यौ शान्ति: अन्तरिक्ष शान्ति: पृथ्वी शान्तिराप: शान्तिरोषधय: शान्ति: वनस्पतय: शान्ति: ब्रह्म: शान्ति: सर्व शान्ति: शान्तिरेव शान्ति: सामा शान्ति: रेधि ॐ शान्ति: शान्ति: शान्ति: ।।
2. 'ईशावास्यम् सर्वभिद यत्किंच जगत्यां जगत्'
3. गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने पर्यावरण भूत प्रकृति के आठ अंगों से समग्र ब्रह्माण्ड को आच्छादित माना है।
   भूमिरापोनलो वायु: रवं मनोबुद्धिरेव च
   अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा। गीता 7/41
4. इनसाक्लोपीडिया ब्रिटैनिका के अनुसार, पर्यावरण उन दशाओं, प्रणालियों और प्रभावों का योगफल है जो जीवों और उनकी प्रजातियों को विकास, जीवन, मृत्यु को प्रमाणित करता है।
5. सूर्य: आत्मा जगत: तस्थुष: च
6. नमो मात्रे पृथिव्यै आपो अस्मान् मातर: शुन्धयन्त
7. सुमित्रय: आप: ओषधयश्च न: 6.22
8. यो देवोऽग्नौ योऽप्सु यो विश्वं भुवनमाविवेश
   ओषधीषु यो वनस्पतिषु तस्मै देवाय नमो नम:। श्वे.उप.
9. अप्सु भेषजम्, अपो याजामि भेषजम्।
10. हंस-सरस्वती, सिंह-महाकाली, बैल-शिव, गधा-शीतलादेवी, भैंसा-यमराज। पशु पूजा का मान अवतारों से सम्बन्धित है - मत्स्य, कच्छप, नृसिंह, वराह आदि।
11. ऋतं च सत्यं आभीद्धात्तापसाध्य जायत् ऋ 10/190/1
    सत्यं बृहद्रतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्मयज्ञ:
    पृथिवी धारयन्ति अथर्ववेद 12/1/1
12. शं नो वात: पवतां शं नस्तपतु सूर्य:
13. अगस्त 2006, सरिता पृष्ठ 35
14. इयं मही प्रतिग्रहणातु चर्मपृथिवी देवी सुमनस्यमाना
    अथ गच्छेम सुकृतस्य लोकम्। अथर्ववेद सं. 20 का। सू.-1-2994.8
15. यस्तेगन्थ: पृथिवि सम्वभूव विभ्रव्योषधयो यम आप। अथर्ववेद 12.23
16. आ वात् वाहि भेषजं निवात् वाहि यद् रच.....ऋ 137.2.3
17. जिस भूमि में वृत वनस्पतियाँ सदा खड़ी मानी हैं। वह विश्व के समस्त जनों का भरण-पोषण करने मं समर्थ होती है।
    यस्यां वृक्षा वनस्पत्या ध्रुवास्तिष्ठन्ति विश्व
    पृथिवीं विश्वश्वामसं धृतामच्छावदामसि। अथर्व 12.2.27
18. ऋग्वेद में कहा गया है बुद्धिमानों से अनुरोध है कि वे प्रकृतिगत दैवी नियमों की मर्यादा में रहें। अर्थात् प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ें नहीं।
    न तो भिन्नति मायिनो न धीराव्रतां देवाप्तसमा ध्रुवाणि।
    न रोहसी अद्रुहा वेधामिर्न विनमे तारिथ: वांस: ।।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

ललित कलाओं द्वारा तनाव प्रबन्धन

डॉ. इभा सिरोठिया *

प्रस्तावना – मैनेजमेन्ट अर्थात् प्रबन्धन आज की आवश्यकता बन गई है। प्रबन्धन का अर्थ है व्यवस्था और यह व्यवस्था अनेक प्रकार की होती है। अत: प्रबन्धन भी अनेक प्रकार का होता है। प्रबन्धन के इस युग में प्रत्येक वस्तु को उत्पादन बनाकर उसका समुचित भाग कैसे लिया जाये यह कुशलता प्रबन्धन सिखाता है अत: आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी बड़ी माँग है। प्रबन्धन एक सुव्यवस्था है, एक सुसामंजस्य है और जहाँ सामंजस्य होगा वहाँ स्वत: ही क्षमता और सौन्दर्य में अभिवृद्धि हो जायेगी।

आधुनिक औद्योगिकीकरण के युग में उद्योग धंधों के सफल संचालन के लिए केवल यंत्रों को समुचित रीति से संचालित व नियंत्रित करने वाले व्यक्तियों की मनोवृत्ति का अध्ययन तथा मनन आवश्यक है। औद्योगिक प्रबन्धन की कुछ अपनी मूलभूत समस्याएँ हैं। औद्योगिकीकरण ने समाज को, व्यक्ति को संपदा एवं प्रतिष्ठा तो प्रचुर मात्रा में प्रदान किया। परन्तु व्यक्ति के शरीर, प्राण एवं मन के प्रबन्धन को नजर अंदाज किया। परिणामत: शारीरिक स्वास्थ्य एवं मन अस्वस्थता की ओर अग्रसर होने लगा और तब यह विचार किया गया कि इस समस्या का निदान संगीत के द्वारा अत्यन्त सफलता पूर्वक किया जा सकता है। 'मानसिक दृष्टि से भी स्वस्थता प्राप्त करने का साधन संगीत को कह सकते हैं। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाये तो यह कहा जा सकता है कि अभिव्यक्ति का सूक्ष्म एवं प्रभावी साधन संगीत है।'[1] उत्फुलित मन तथा स्वस्थ शरीर द्वारा संचालित उद्योग निश्चित रूप से और अधिक उन्नति कर सफलता के नये आयाम प्राप्त कर सकता है। 'अथर्ववेद में भी विविध व्यवसायी अवसर पर व्यवसायी जन मनोविनोद के लिए तत्सम्बन्धी गीत गाया करते थे।'[2]

मेरे विचार से औद्योगिक प्रबन्धन की निम्नलिखित समस्याएं हैं जिसमें संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका है :-

1. मानवीय श्रम और थकान
2. वितरण एवं प्रचार की समस्या

मनुष्य का शरीर अपनी निश्चित क्षमता के आधार पर ही कार्य कर सकता है। देखा गया है एक प्रकार के कार्य को ही अधिक समय तक किया जाये तो नाड़ियों में शिथिलता उत्पन्न हो जाती है। श्रम से जो थकान होती है उसे दूर करने के लिए अनुकूल वातावरण एवं मानसिक शक्ति की आवश्यकता होती है। संगीत द्वारा आनन्द प्राप्त कर क्लांत श्रांत मन को स्फूर्ति प्रदान कर थकावट दूर किया जा सकता है। तथा मनुष्य में सकारात्मक शक्तियों का संचार किया जा सकता है। 'लगता है श्रम से ही संगीत का जन्म हुआ है जिस तरह कठोर पर्वत से निर्मल झरने का जल झरता आया है उसी तरह दिन भर के कठोर श्रम के पश्चात आज भी गाँवों के चौपाल से संगीत के स्वर गूँजते हैं।'[3] संगीत की मधुरता से वशीभूत होकर मनुष्य अपनी संपूर्ण क्षमता का उपयोग लंबी अवधि तक सफलता पूर्वक कर सकता है।

प्राचीन काल में भाषा के अभाव में जीविकोपार्जन तथा मनोरंजन हेतु शिकार नृत्य, युद्ध नृत्य, आदि का सहारा लिया जाता है। आरम्भ से ही मनुष्य अपने घरेलू उद्योग धंधों में संगीत की मधुर स्वर लहरियों की सहायता लेता रहा है। प्रचलित लोक गीतों में माँझी गीत –

ओ-ओ मांझी कितनी दूर किनारा
रैन अंधेरी नाव झीझरी
तेज बह रही धारा

श्रमिक गीत –

लैलो हाथ में कुदाल
माँ को करौ खुशहाल
बनके आओ न किसान
तुम खेतवा माँ

खेती के समय रोपनी गीत –

झमक झमक झमके हो सावन के बादरा
रोपी-रोपी धनवा निहाल हुए जियरा

आदि के माध्यम से श्रमिक अथवा कृषक अपनी थकान भूल कर नव ऊर्जा से परिपूरित होकर अपने अपने कार्य को शीघ्रता एवं कुशलता से सम्पन्न कर पाता है। कोल्हू गीत, चरखा गीत यहाँ तक की भिक्षा वृत्ति के गीत –

उठो लक्ष्मी करो सिंगार के जै गंगा।
उठो लक्ष्मी दे दो दान के हर गंगा।।
अरे लक्ष्मी ने देय दय दान के हर गंगा।
जुग जुग जियो अरे लक्ष्मी,
करदय पुन्न के हर गंगा।[4]

आदि यह सिद्ध करता है कि श्रम से उत्पन्न थकान को दूर कर संगीत श्रमिकों सुखद अनुभूति प्रदान करता है।

जीवन के प्रत्येक कार्य में यहाँ तक कि युद्ध अवसर पर भी प्राचीन काल से आज तक विभिन्न वाद्य यंत्रों एवं गीत संगीत का प्रयोग मनुष्य की वीरता, बलिदान एवं शक्ति संचार हेतु प्रयोग में लायी जाती रही है। नगाड़ा, दुंदर्भी, आदि का प्रयोग रामचरित मानस में इस प्रकार किया गया है :-

पनव निसान घोर रव बाजहिं,
प्रलय समय से धनजनु गाजहि।
भेरि न फीरि बाज सुहनाई,

* विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर (संगीत) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

मारू राग समुट सुखदाई।[5]

महाभारत में भी युद्ध के अवसर पर श्री कृष्ण द्वारा पांचजन्य शंख एवं अन्य वाद्यों का वर्णन मिलता है।

ततः शंखाश्च मेर्यश्च पववानक गोमुखाः।
सहसैवाम्य हन्यन्त स शब्दस्तु मुन्नोअमवत्।।[6]

आधुनिक काल में भी विभिन्न औद्योगिक प्रबन्धन संस्थानों में प्रबन्धन की शिक्षा के साथ सांगीतिक कार्यक्रमों एवं सांगीतिक प्रतियोगितायें नित्य प्रति सम्पन्न होती है ऐसी संचार माध्यमों, समाचार पत्रों से ज्ञात होता है। प्रबनधन की शिक्षा की अवधि में थकान और तनाव को इन्हीं सांगीतिक कार्यक्रमों द्वारा कम किया जाता है। साथ ही साथ विभिन्न औद्योगिक संस्थान एवं औद्योगिक घराने भी संगीत की इस क्षमता से भली भॉति परिचित हो चुके हैं।

कल कारखानों में तैयार माल के वितरण एवं प्रचार हेतु अधिक से अधिक लोगों को उत्पादन की विशेषता की ओर आकर्षित करने हेतु विज्ञापन के लिए संगीत द्वारा प्रचार आधुनिक समय में सर्वाधिक प्रचलित है। विज्ञापन के इस युग में संगीत किसी भी उत्पादन के विक्रय को प्रभावित कर बाजार मं उसकी उपस्थिति को सशक्त रूप से प्रस्तुत कर उकत उत्पादन को उद्योग को लाभ पहुँचा कर उसे गरिमा एवं धन संपदा प्रदान करवाने में सहायक सिद्ध होता है। संगीत वस्तुतः उद्योग को अथवा उत्पादन वस्तु से सीधा सम्बन्ध न रखते हुए भी उसकी खपत में, जन साधारण तक पहुँचाने में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आटोमोबाइल हो अथवा, वस्त्र उद्योग हो, खाने पीने की वस्तुएँ हो अथवा दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ हों कहने का तात्पर्य है। साबुन से लेकर सीमेन्ट तक, आटोमोबाइल से लेकर मोबाइल तक, सिलाई मशीन से लेकर कम्प्यूटर तक प्रत्येक छोटे-बड़े उद्योगों के प्रचार प्रसार के विज्ञापनों में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से प्रसारित विज्ञापनों में संगीत में निबद्ध विज्ञापनों की भरमार सी लगी है। एक्टिव व्हील, रथ वनस्पति, सेरेडॉन सिरदद की दवा, सर्वशिक्षा अाीयान (स्कूल चले हम), बबूल टूथपेस्ट, विको-सौन्दर्यवर्द्धक क्रीम, एयरटेल और नोकिया मोबाइल के विज्ञापन यहाँ तक की ट्रैफिक गाड़ी के नियम बताने वाले विज्ञापन भी निश्चित रूप से संगीत के सुरों से सज कर अथवा दूसरे शब्दों में कहीं तो संगीत की सुमधुर शक्ति से सम्पन्न होकर मनुष्य के चेतन एवं अवचेतन मन पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से ऐसा प्रभाव डालते हैं कि कभी-कभी वस्तु की पहचान विज्ञापनों से ही होने लगती है।

देश के लगभग सभी शहरों में आयोजित संगीत सम्मेलनों को प्रायोजित कराने में दूरदर्शन पर प्रसारित विभिन्न गीत, नृत्य के कार्यक्रमों को प्रयोजित करने अथवा नन्हें मुन्ने बच्चों की सांगीतिक प्रतियोगिताओं को प्रायोजित कराने में बड़ी-बड़ी कम्पनियों का यही ध्येय है। दूरदर्शन में सोनी चैनल पर सेन्सुई बुगी-वूगी, हीरो हांडा-सारेगामप, जी0टी0वी0, रिलायन्स आजामाही वे स्टार प्लस पर स्टार प्लस पर ही अमूल वायस ऑफ इण्डिया, एन0डी0टी0वी0 इमेजिन पर लक्स-जुनून, दूरदर्शन-1 पर म्यूजिक, मस्ती, धूम अथवा एयरटेल-देश की आवाज आदि, आदि, आदि इसी विचार को पोषित करते हैं कि संगीत जनमानस को किस हद तक प्रभावित करता है।

अतः यह सुस्पष्ट है कि संगीत श्रमिक, खेतिहर, वर्ग के साथ ही साथ उद्योगों को भी अत्यन्त प्रीाावित करता है। अतः इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि संगीत उद्योगों के प्रबन्धन के लिए तो महत्व रखता ही है साथ ही साथ स्वयं भी एक उद्योग के रूप में विकसित हो गया है जिसके आधार पर आधुनिक संगीत जीवी समाज सम्मान पूर्वक जीविकोपार्जन कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान श्रीमती व सुधा कुलकर्णी, पृ0सं0 15
2. 15, डॉ0 स्वतंत्र शर्मा
3. लोक साहित्य समग्र - पृ0सं0 11 श्री राम नारायण उपाध्याय
4. बुन्देलखण्डी लोकगीतों में सांगीतिक तत्व पृ0 सं0 17 श्रीमती वीणा श्रीवास्तव
5. रामचरित मानस - गोस्वामी तुलसीदास - लंका काण्ड पृ0 833
6. श्रीमद् भगवतगीता - प्रथम अध्याय - श्लोक - 13

****

छन्द एवं ताल

डॉ. इला मालवीय *

प्रस्तावना – छन्द का अर्थ है 'बन्धन', और बिना बन्धन के रचना गद्य की सीमा में आ जाएगी। पद्य बनाए रखने के लिए यति, गति, लय, मात्रा तथा तुकान्त के नियमों का पालन करना आवश्यक है। जिस रचना में वर्ण, मात्रा, लय, गति, यति और चरण सम्बन्धी नियमों का पालन हो उसे छन्द कहते हैं। लय के अधिक लचीले तथा विशिष्ट रूप को छन्द कहते हैं। छन्द में प्रमुखत: लय, मात्रा एवं वर्ण अपरा महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और यह सभी अंग संगीत के अभिन्न अंग है अतएव छन्द–मुख्य रूप से संगीत से साथ जुड़ा है। वेद संसार का आदि साहित्य है। वेदों के छ: अंग माने गये हैं – शिक्षा, छन्द, व्याकरण, निरूक्त, ज्योतिष और कल्प। छन्द वेदांग के अन्तर्गत आते हैं। छन्द रचना अक्षर गणना तथा ध्वनि साम्य के आधार पर होती है। अक्षर गणना वास्तव में संगीत की दृष्टि से ताल या मात्राओं का स्वरूप हुआ और मात्राओं और ताल के सहयोग से स्वरों का सुन्दर संयोजन प्रस्तुत होता है। छन्द में भावों का आरोह और अवरोह है। ठीक इसी प्रकार संगीत में भी स्वरों के चढ़ते और उतरते क्रम आरोह अवरोह कहलाते हैं। आरोहावरोह पर ही छन्दों की गति निर्भर करती है। छन्दशास्त्र को पिंगल शास्त्र भी कहा गया है। पिंगल मुनि के नाम पर ही छन्दशास्त्र को पिंगल शास्त्र कहा गया है। भरत के नाट्यशास्त्र में भी छन्दों को संक्षिप्त निरूपण किया गया है। छन्दशास्त्र की अत्यन्त महत्वपूर्ण पुस्तक का नाम 'वृत रत्नाकर' है। जिसके रचयिता केदार भट्ट तथा गंगादास ने अपनी रचनाओं में एक निष्ठ शैली का प्रयोग किया है जिसमें लक्षण ही उदाहरण का भी काम करता है। सामान्यतया काव्यकार विषय के अनुरूप ही छन्द का प्रयोग करते थे (संगीत में भी तालों का प्रयोग राग, स्वर और गीत की प्रकृति के अनुसार ही होता है।)

'छन्द' धातु में असन्' प्रत्यव लगने से छन्द शब्द बना है। आरम्भ में इसका प्रयोग आच्छादन के अर्थ में हुआ। छन्दोव्योप–निषद् में लिखा है। –

'देवा व मृत्णयोर्विम्यस्त्रयीं विधां प्राविशस्ते छन्दोभिरंच्छादयन्य दोभिराच्छादयस्तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्' अर्थात् मृत्यु से भयभीत होकर देवताओं ने अपने को छन्दों से आच्छादित कर लिया। आदि काल से लेकर आधुनिक काल तक काव्य में छन्दों की अनिवार्यता स्वीकार की जाती रही है। छन्द की आत्मा लय एवं प्रवाह है। (यही लय और प्रवाह संगीत रूपी रथ के दो पहियों में से एक है।) आधुनिक युग की छन्द विहीन कही जाने वाली कविताएं भी लय एवं प्रवाह से रहित नहीं रहती। इनमें मात्रा और वर्ण के नियमों का पालन न होने पर भी प्रवाहमयता अवश्य विद्यमान रहती हैं इस प्रकार छन्द का काव्य के साथ अविच्छिन सम्बन्ध है।

छन्द उसे कहते हैं जिसका नाम श्रवण करते ही मन्त्र अथवा श्लोक की यथार्थ अक्षर संख्या का बोध हो जाए। लय, वर्ण, मात्रा के व्यवस्थित और सुनियोजित अनुपात का नाम छन्द है, जिसके द्वारा काव्य में स्थायित्व, प्रभाव और हृदयहारिता आती है। छन्दों का प्रयोग वैदिक साहित्य से ही होता था।

छन्द कविता में संगीतात्मकता नाद सौन्दर्य और लय का आधान करते हैं। कविता का स्वभाव है छन्द में लयमान होना। छन्द के माध्यम से कविता में एक विन्यास आ जाता है। उसमें राग की विद्युत धारा बहने लगी है। पन्त जी ने लिखा है–'छन्दों को अपनी अंगुलियों पर नचाने के पूर्व कवि को छन्दों के संकेतों पर नाचना पड़ता है। जिस प्रकार स रे ग म आदि स्वर तक होने पर भी पृथक्–पृथक् वाद्य यन्त्रों में उनकी पृथक् रूप से साधना करनी पड़ती है इसी प्रकार भिन्न–भिन्न छन्दों के तारों परदों तथा तन्तुओं से भावनाओं का राग जागृत करने के पूर्व भिन्न–भिन्न प्रकार से निहित प्रत्येक की स्वर योजना से परिचय प्राप्त कर लेना पड़ता है, तभी छन्दों की तंत्रियों से कल्पना की सूक्ष्मता, सुकुमारता उसके बोल तान, आलाप, भावना की मुरकियां तथा मीड़ें स्वच्छन्दता तथा सफलतापूर्वक झंकृत की जा सकती है।' छन्द विधान नाद सौन्दर्य की विशेषता पर अवलम्बित है। लय–सौन्दर्य के अनुरूप छन्द के बन्धन बनाये गये हैं।

ब्रह्मा से लेकर स्वामी दयानन्द सरस्वती पर्यन्त जितने भी ऋषि, मुनि और आचार्य हुए हैं उन सबका आदि मूल वेद है। इसलिए स्वयंभू मनु ने कहा है –सर्वज्ञानमयो हि स: अर्थात् वेद सब ज्ञान से युक्त है। छन्द शास्त्र का आदि मूल भी वेद ही है। वेद के अनेक मन्त्रों में छन्दों का वर्णन उपलब्ध होता है।

ऐसा माना गया है कि इन्द्र से पहले छन्द प्रस्त्रवित हुआ। एक ही छन्द बहुधा प्रकाशित हुआ। यही एक छन्द धीरे–धीरे चतुरक्षर वृद्धि से सात प्रकार का हो जाता है अथर्वश्रुति कहती है –

सप्त छन्दासि चतुरूचराण्यथाऽन्यस्मिन्न ध्यर्पितानि।819149

उक्त सात छन्दों के नाम–गायत्री, उष्णिक, अनुष्टुप, वृहती, पंक्ति (विराट), त्रिष्टुप और जगती। इन प्रधान सात छन्दों के नाम, वेद में अनेक्त: उपलब्ध होते हैं।

संस्कृत वाङ्मय में प्रधानतया दो प्रकार के काव्य ग्रन्थ हैं – एक वैदिक, दूसरे लौकिक। वेद उसकी शाखाओं के मन्त्र वैदिक काव्य के अन्तर्गत आते हैं। रामायण, महाभारत, पुराण तथा भास और कालिदास आदि की कृतियां लौकिक काव्यान्तर्गत। इन दोनों के अतिरिक्त जो प्राचीन आर्षशास्त्र पद्यबद्ध है, उनको कई विद्वान वैदिक विभाग में रखते हैं कई लौकिक विभाग में। इनमें मन्त्रों के समान अक्षर छन्दों का उपयोग नहीं होता। अत: इनकी गणना वैदिक काव्यों में नहीं हो सकती। इन शास्त्रों में लौकिक छन्दों का प्रयोग होने पर मैंने इनकी रचना लौकिक काव्यों के समान इतिवृत्त निदर्शनार्थ

*एसोसिएट प्रोफेसर (संगीत) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

अथवा प्ररोचनार्थ नहीं की, इसलिए इनको लौकिक काव्यों में भी नहीं गिना जा सकता, इस कारण ये अपने ढंग के निराले ही शास्त्र–काव्य हैं।

संस्कृत वाङ्मय में प्रयुक्त छन्दों के दो विभाग हैं – वैदिक और लौकिक। इसके अतिरिक्त छन्दों के दो विभाग और हैं – मात्रिक छन्द और अक्षर छन्द। अक्षर छन्द जिन छन्दों में केवल अक्षरों की इयश्त्ता ही आवश्यक होती है। (मात्राओं का विचार आवश्यक नहीं होता) वे अक्षर छन्द कहलाते हैं।

सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य मतं अनेक छन्द प्रयुक्त हुए हैं जिनकी मनोहारी छटा से काव्य अपनी प्रभा बिखेर रहा है। उनमें से कुछ छन्दों के बारे में ही यहां उल्लेख किया गया है, प्राय: अधिकत्तर वे छन्द लिये गये हैं जिनकी उपयोगिता संगीत जगत में सर्वाधिक है।

छन्द लय के ही आधार पर टिका हुआ नाद विधान है। छन्दों में प्राण प्रतिष्ठा करने वाला यही (लय) तत्व है, अतएव छन्द और लय एक दूसरे के पूरक हैं। तात्पर्य है कि एक के बिना दूसरे की गति सम्भव नहीं। छन्द योजना अपने मूल में लयबद्ध है। छन्दों के नियम स्वत: लय में उतरते हैं। लय संगीत रूपी रथ के दो पहियों में से एक है, स्वर के बिना लय और लय के बिना स्पर की कल्पना ही नहीं की जा सकती। चूंकि छन्दों का लय से अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है अतएव इनका सम्बन्ध संगीत से भी प्रगाढ़ है।

काव्य में जो छन्द हैं संगीत में वही ताल रूप है। छन्द जीवन में गति, काव्य में ध्वनि या भाषा का वैशिष्ट्य एवं संगीत में कण्ठ या वाद्य की ध्वनि का नियमित प्रवाह है। सौन्दर्य का क्रमिक विकास ही छन्द की क्रिया है। इसलिए छन्द शास्त्र में उल्लेख है कि जिसे सौन्दर्य बोध हो तो उसे छन्द बोध रहता है। सुस्वादु भोजन जिस प्रकार नमक के अभाव में अरूचिकर होता है, उसी प्रकार उत्कृष्ट काव्य छन्द के अभाव में एवं उत्कृष्ट संगीत, ताल केक अभाव में अप्रिय हो जाता है। यह तत्व काव्यात्मक अथवा सांगीतिक सौन्दर्य बोध से इतना घुला मिला है कि छन्द या ताल शास्त्र–सम्बन्धी ज्ञान न रखने वालों को भी उन तत्वों की परोक्ष अनुभूति होती है। इस प्रकार छन्द आवेग का वाहन है वह एक चित्त के अनुभव को अनेक चित्तों में अनायास संचरित करने वाला महान साधन है। छन्द के आवर्तन से कविता की प्रेषणीयता का सम्बन्ध है वह भाव को सहृदय के प्राणों में रमण कराने वाला समर्थ साधन माना गया है तथा इसके साथ ही एक प्रकार के लयात्मक प्रभाव की सृष्टि करता हुआ वह पाठक या श्रोता को रसविमुग्ध भी करता है। गीत का छन्द विधान मात्रिक होता है किन्तु उसके मात्रिक विधान का कोई निश्चित और एक रूप सम्भव नहीं होता तथा गीत का कोई निश्चित मात्राओं वाला एक छन्दर नहीं होता, संगीत की लय के आधार पर उसकी मात्राएं और रूप विन्यास निर्भर है। इस प्रकार भिन्न–भिन्न लयों के अनुसार भिन्न–भिन्न छन्द रूप अनाये जाते हैं।

अतएव जीवन में छन्द या लय का साधरणीकरण प्रतिदिन के कार्यो में सहज ही उपलब्ध है एवं यही उपलब्धि काव्य में छन्द एवं संगीत में ताल बनकर समाहित है। काव्य छन्द में अक्षरों का माप मात्राओं के द्वारा होता है। जो संस्कृत व्याकरण के अनुसार लघु एवं गुरू कहलाते हैं। संस्कृत काव्य में प्रत्येक श्लोक के चार पद अथवा चार चरण होते हैं। तालों में जिस प्रकार सम–अर्द्धसम एवं विषम मात्राओं के खण्ड होते हैं, तदनुरूप संस्कृत छन्दशास्त्र में सम, अर्द्धसम एवं विषम पदों का उल्लेख है। जिन श्लोकों के चारों पद समान अक्षरों द्वारा रचित हों उन्हें समवृत्त जिनका अर्द्धभाग दूसरे पद के अर्द्ध भाग के समान हो उन्हें अर्द्ध समवृत्त कहा जाता है। जिनमें चारों पद भिन्न प्रकार के हो उन्हें विषम वृत्त कहा जाता है। जिस प्रकार संगीत में मात्राओं द्वारा छन्द निरूपण होता है, उसी प्रकार काव्य में गणों के द्वारा छन्दों का निरूपण होता है। संस्कृत छन्द वृत्त और जाति भेद के अनुसार द्विविध हैं, अक्षर गणना नियम से निबद्ध का नाम वृत्त अथवा अक्षर वृत्त एवं मात्राओं की संख्या 2 के अनुसार रचे हुए छन्दों का नाम जाति अथवा मात्रा वृत्त होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रस अलंकार छंद – डॉ0 जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव
2. काव्य शास्त्र – डॉ0 बेनी बहादुर सिंह
3. कविता क्या है और रामचंद शुक्ल – अनुराधा जगधारी
4. हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति – सं0 लक्ष्मी नारायण गर्ग
5. निबन्ध संगीत – लक्ष्मी नारायण गर्ग

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

वर्तमान उच्च शिक्षा स्तर में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता

डॉ. मधुरिमा वर्मा *

शोध सारांश – किसी भी देश की उच्च शिक्षा उस देश की प्रगति के मानक निर्धारित करती है। उच्च शिक्षा ही हमें वैश्विक पटल पर पहचान दिलाती है। वैदिक युग से आज तक उच्च शिक्षा का इतिहास साक्षी है कि भारत में उच्च शिक्षा की श्रेष्ठ व्यवस्था थी। वर्तमान समय में, जब वैश्वीकरण का युग है हमें उच्च शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की तथा उसमें गुणात्मक सुधार लाने की आवश्यकता है। नेहरू जी के शब्दों में विश्व विद्यालय का दायित्व मानवता, सहनशीलता, तर्क, विचारों के विकास तथा सत्य की खोज करना है। उच्च स्तर पर नवीन ज्ञान की खोज, चरित्र का विकास, राष्ट्रीय चेतना का विकास, आदि शिक्षा के उद्देश्य हैं। उद्देश्यों की प्राप्ति हम पाठ्यक्रम के माध्यम से करते हैं। पाठ्यक्रम परम्परागत विषयों के अतिरिक्त वह विषय भी शामिल हों जो आधुनिक औद्योगिक युग की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। जीविकोपार्जन से जुड़े व्यवसायिक विषयों को भी पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय वस्तुत: सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि समस्याओं के समाधान की प्रयोगशालाएँ हैं।

उच्च शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए प्रवेश प्रक्रिया चयनात्मक होनी चाहिए। सत्र में कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि शिक्षण व शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ अच्छे से सम्पन्न हो सकें।

छात्रों को अधिक से अधिक मौलिक चिंतन के लिए प्रेरित किया जाए। उच्च शिक्षा के गुणवत्ता विकास के लिए अन्तर अनुशासनिक उपागम को महत्व दिया जाए। परीक्षा एवं मूल्यांकन के सुधार के लिए सत्रान्त में एक परीक्षा ली जाने के स्थान पर सतत् एवं आन्तरिक मूल्यांकन को महत्व दिया जाए। छात्रों तक ज्ञान का वाहक शिक्षक है। शिक्षक ईमानदारी से अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करें अपने ज्ञान का संवर्धन करते रहे। पुस्तक लेखन एवं प्रकाशन भी स्तरीय हो। प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षण नीतिगत हो, राजनीतिगत न हो। परम्परागत व्याख्यान विधि के साथ-साथ आधुनिक तकनीकियों का भी प्रयोग किया जाए।

भौतिक संसाधनों एवं मानवीय संकलप की दृढ़ता के योग से उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार किया जा सकता है।
शब्द कुंजी – उच्च शिक्षा, गुणात्मकता, अन्तर अनुशासनिक उपागम, तकनीकी।

प्रस्तावना – किसी भी देश की उच्च शिक्षा उस देश की प्रगति के मानक निर्धारित करती है। देश के विकास और गुणवत्तापरक शिक्षा में अनिवार्य सम्बन्ध है। शिक्षा के गुणात्मक विकास के अभाव में प्रशासनिक, तकनीकी, बौद्धिक और सामाजिक प्रगति बाधित होने लगती है। हमारे देश में प्राचीनकाल से ही उच्च शिक्षा का गौरवशाली इतिहास रहा है। वैदिक काल में गुरूकुल तथा आश्रम और बौद्धकाल में मठ एवं विहार उच्च शिक्षा के प्रमुख केन्द्र थे। तक्षशिला, नालन्दा, ओदन्तपुरी, काशी, अवन्तिका, पाटलीपुत्र, गान्धार, श्रावस्ती तथा साकेत आदि विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के लिए प्रसिद्ध थे। इन विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में विदेशों से लोग उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। मध्य भारत में उच्च शिक्षा मदरसों में दी जाती थी। इन मदरसों में जौनपुर, फिरोजाबाद, आगरा, दिल्ली, फतेहपुर सीकरी इत्यादि उच्च शिक्षा के विश्व प्रसिद्ध केन्द्र थे।

शिक्षा राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। सभी प्रगतिशील देशों की प्रगति का श्रेय शिक्षा को ही है।

स्वतंत्रता के पश्चात् उच्च शिक्षा में मात्रात्मक के साथ-साथ गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा के द्धारा ही हम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाते हैं। सन् 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह के अवसर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि 'विश्वविद्यालय का दायित्व मानवता, सहनशीलता, तर्क, विचारों के विकास तथा सत्य की खोज करना है।' नेहरू जी के इन शब्दों से विश्वविद्यालय शिक्षा के उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। एच0हेदर्रिगटन ने अपनी पुस्तक 'दि सोशल फंक्शन ऑफ द युनिवर्सिटी' में विश्वविद्यालय का कार्य ज्ञान के उस व्यापक रूप का अन्वेषण करना बताया है जो मानव संस्कृति के विभिन्न क्षेत्रों में विकास तथा उन्नति में सहायक हो सकें।

स्वाधीन भारत में उच्च शिक्षा के स्वरूप और दिशा को निर्धारित करने के लिए गठित प्रथम आयोग राधाकृष्णन आयोग के मुख्य सुझावों में उच्च शिक्षा का उद्देश्य ऐसे सुरक्षित नागरिक तैयार करना होना चाहिए जो विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्र का नेतृत्व कर सके। जनतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक मूल्यों, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकीकरण के सहायक और अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना को बढ़ाये। कोठारी आयोग ने भी अपने प्रतिवेदन में कहा कि यदि राष्ट्र की प्रगति में गति लानी है तो ऐसी नीति की आवश्यकता है जो सत्य के परिप्रेक्ष्य में ज्ञान प्राप्त करने, पुराने ज्ञान को नई परिस्थितियों में प्रयोग करने, मूलयों के पोषण, सांस्कृतिक सामाजिक विषमताओं को कम कर राष्ट्रीय चेतना का विकास करें। न्यूमैन के अनुसार, कोरे ज्ञानार्जन के स्थान पर राष्ट्रीय आग्रहों को ध्यान में रखकर उद्देश्यों का अभिनवीकरण एवं ज्ञान की खोज बदलती सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो, ज्ञान की सीमाओं को विस्तृत कर जन्मजात गुणों को खोजना और उनका विकास ही शिक्षा का उद्देश्य हो। वर्तमान समय में मूल्य परम्परा और संस्कृति के साथ साथ आधुनिकतम वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान भी प्रदान करना

* विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

आवश्यक है।

उद्देश्यों की पूर्ति हम पाठ्यक्रम के माध्यम से करते हैं। आज की वैश्विक व्यवस्था मतें अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर स्थान बनाने के लिए उच्च शिक्षा की गुणवत्ता का संरक्षण तथा उन्नयन अत्यन्त आवश्यक है। किसी भी स्तर की शिक्षा में गुणवत्ता के निर्धारण में तथा संवर्धन में पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण स्थान रहता है।

हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली का पाठ्यक्रम न केवल हमारी आवश्यकताओं से दूर है अपितु जीवन के केन्द्र बिन्दु से दूर है तथा राष्ट्रीय आदर्शो से भी अलग है। आज विमर्श रूपणी विद्या का स्थान रटन्त विद्या ने ले लिया है। वर्तमान परीक्षा प्रणाली ने छात्रों में सीमित पढ़ने की प्रवृत्ति को उत्पन्न किया है अत: शिक्षा एकांगी हो गयी है।

विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या के कारण छात्र और अध्यापकों के अनुपात में अंतर आया है। शिक्षकों के ऊपर अतिरिक्त शिक्षण का बोझ उनकी शिक्षण क्षमता को प्रभावित करता है। यद्यपि उच्च स्तर पर छात्रों का प्रवेश चयन के आधार पर होता है। इस बिगड़े हुए अनुपात पर ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि शिक्षकों के शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित न हो।

वर्तमान समय की सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक परिस्थितियाँ शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। शिक्षा के पुर्नगठन के प्रयास में एक ओर जो विशुद्ध ज्ञान की खोज शिक्षा के व्यक्तिगत संस्कार वाले गुणों पर आग्रह होना चाहिए, दूसरी ओर शिक्षा को राष्ट्रीय जीवन की बहुमुखी उन्नति का महत्वपूर्ण साधन बनाने की भी चेष्टा होनी चाहिए। औद्योगिक और व्यवसायिक शिक्षा की सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।

विश्व विद्यालय प्रशिक्षण या उच्च शिक्षा समाज की बौद्धिक चेतना को विकसित करता है तथा मस्तिष्क का विकास करती है समय के साथ देश काल परिस्थिति के अनुसार शिक्षा विचारों में उदारता लाती है। वैयक्तिक शक्ति का विकास करती है तथा सामाजिक एवं राजनैतिक शक्ति को सुदृढ़ करती है। उच्च शिक्षा मात्र पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। वह मनुष्य में अर्न्तदृष्टि विकसित करती है। अन्तर्दष्टि मात्र शिक्षा की ही समस्याओं को नहीं अपितु जीवन की समस्याओं को भी हल करने में सहायक होती है। डॉ0 राधाकृष्णनन के अनुसार अपने जीवन के सबसे ग्रहणशील समय में विद्यार्थी निर्माणाधीन प्रभावों को अनुभव करता है। जैसे एक मस्तिष्क का दूसरे के साथ सतत् संघर्ष विचारों का परस्पर आदान प्रदान, मतों और विचारों का परीक्षण आदि। व्यवसायिक और तकनीकी तथा प्रबन्ध की शिक्षा के मांग के कारण आज चरित्र, उदार और मानवीय शिक्षा की उपेक्षा हो रही है। विद्यार्थियों के सम्मुख महानता के द्रश्य समय-समय पर प्रस्तुत किये बिना नैतिक शिक्षा असम्भव है।

उच्च शिक्षा केन्द्र उच्चता, उन्मुक्तता और स्वतंत्र वातावरण की अपेक्षा करते हैं। उच्च शिक्षा के शिक्षक चिंतक तथा वैचारिक निर्देशक होते हैं। विश्वविद्यालय वस्तुत: सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक आदि समस्याओं के समाधान की प्रयोगशालाएँ हैं। दलगत राजनीति से दूर रखने के लिए, ज्ञान की खोज के लिए उपयुक्त बनने के लिए उन्हें स्वतंत्रता प्रदान की जाए। विश्वविद्यालय में केन्द्र या राज्य का हस्तक्षेप सहयोग के रूप में हो।

शिक्षा के क्षेत्र में व्यक्ति जन साधारण से प्रथकता का अनुभव न करें इस लिए शारीरिक श्रम और समाज सेवा को भी पाठ्यक्रम का अंग बनाया जाए।

उच्च शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए प्रवेश प्रक्रिया चयनात्मक होनी चाहिए। इससे शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा उच्च शिक्षा स्तर पर अनावश्यक भीड़ भी कम होगी तथा हम शैक्षिक बेराजगारी को भी कुछ सीमा तक कम कर सकेंगे। कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाकर हम शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों को गति दे सकेगें। शिक्षक के व्याख्यान के अतिरिक्त ट्यूटोरियल कक्षाएँ भी हों। यहाँ छात्र अपनी जिज्ञासाएँ शान्त कर सकेंगे तथा उन्हें आत्म अभिव्यक्ति का अवसर भी मिलेगा।

छात्रों को अधिक से अधिक मौलिक चिंतन और रचनात्मकता बढ़ाने के अवसर दिए जाएँ। शोध की प्रवृत्ति को विकसित किया जाए। शिक्षक अपने ज्ञान का संवर्धन करें तथा विषय से सम्बन्धित नवीनतम सूचनाओं को ज्ञात करें। तथ्यों की व्याख्या इस प्रकार हो कि छात्र उसे जीवन से जोड़ सके। स्थानीय पाठ्यक्रम के अतिरिक्त आवश्यकताओं पर आधारित राष्ट्रव्यापी पाठ्यक्रम लागू हो इससे ज्ञान व्यापक और विस्तृत होगा।

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अन्तर अनुशासनिक उपागम महत्वपूर्ण है। ज्ञान एक सम्पूर्ण इकाई है जिसमें विषयवार विभाजन सुविधा के लिए किया है। वर्तमान समय में इस बात की आवश्यकता है कि विभिन्न विषयों को आपस में जोड़ कर एक सम्बन्ध स्थापित किया जाए ताकि विभिन्न विषयों की एक सम्मिलित जानकारी छात्र को मिल सके।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए परीक्षा एवं मूल्यांकन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सत्रान्त में होने वाली एक परीक्षा के स्थान पर सतत् मतूल्यांकन एवं आन्तरिक मूल्यांकन को अपनाया जाए। सतत् एवं आन्तरिक मूल्यांकन छात्रों में अध्ययन की गम्भीरता को बनाये रखने में सहायक होगा। अध्यापकों के प्रशिक्षण में मूल्यांकन करने, प्रश्न पत्र बनाने एवं योग्यता के मापदंड पर विचार हो।

राधाकृष्णन आयोग ने यह संस्तुति की थी कि कुलपति वही होना चाहिए जो प्रभावी हो, विश्वविद्यालय की चेतना का संरक्षक हो। समस्त शिक्षकों के प्रति प्राचार्य का एक सा व्यवहार हो। पक्षपातपूर्ण वातावरण शिक्षकों में असंतोष उत्पन्न करता है जो उनके शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है।

छात्रों तक ज्ञान का वाहक शिक्षक है। शिक्षक की भूमिका अह्म है। उच्च शिक्षा से प्राप्त ज्ञान को दूसरी पीढ़ी तक केवल पहुंचाना ही नहीं है अपितु उस ज्ञान को और विकसित करना है जिससे आने वाली पीढ़ी वर्तमान पीढ़ी का योगदान समझे। विश्वविद्यालय भी अपने कर्त्तव्य को तभी पूरा कर सकता है जब उसके अध्यापक किसी विशेष क्षेत्र के विशेषज्ञ हों और वे दत्त चित्त होकर उस विषय के अग्रिम अनुसंधान में संलग्न हो। प्रतिभा, अन्तर्द्रष्टि और विशिष्ट अध्ययन, ये सभी शिक्षण व्यवसाय की विशेष आवश्यकता है। उन्नति के लिए स्तरीय ज्ञान के लिए चिन्तन आवश्यक है। छात्रों को चिंतन के लिए प्रेरित करना चाहिए। प्लेटो ने भी तर्क और चिन्तन को महत्व दिया है। वह कहता है कि विश्वास करने से खोज करना अधिक अच्छा है। शिक्षक छात्रों ने शोध की प्रवृत्ति को विकसित करें।

पुस्तक लेखन एवं प्रकाशन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। शोध प्रपत्र एवं पुस्तकें स्तरीय लिखी जाए। प्रकाशक भी इस बात का ध्यान रखें कि कम स्तर वाली पुस्तकों का प्रकाशन न करें।

अध्ययन से यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ एक वन विपुलता वाला राज्य है। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है साथ ही वह क्षेत्र जो मिश्रित एवं अवर्गीकृत वन है यदि वहां औषधीय एवं गैर औषधीय वनों का उत्पादन करके उचित देखभाल की व्यवस्था की जाए।

शोधार्थी का अध्ययन पूर्णत: द्वितीयक आंकड़ों पर अवलंबित रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की मुख्य अराष्ट्रीयकृत औषधीय एवं गैर औषधीय लघु वनोपज के उत्पादन एवं विपणन की दशा एवं दिशाओं का अध्ययन

किया गया।

शोधार्थी द्धारा प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य सरकार एवं विद्धान नीति निर्माताओं के लिए यदि आंशिक पूर्ति भी कर पाती है तो यह छत्तीसगढ़ राज्य के लघु वनोपज के उत्पादन एवं विपणन की दशा में सुधार की एक पहल होगी साथ ही लघु वनोपज के विपणन हेतु उपयुक्त बाजार का चयन कर इसकी सही दिशा को निर्देशित करने में सफल होगी, यदि ऐसा होता है तो शोधार्थी के अध्ययन की यही सार्थकता होगी और तभी शोधार्थी द्धारा किये गये अध्ययन की उपादेयता सिद्ध होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. खन्ना लक्ष्मण सिंह, वन विज्ञान
2. खन्ना लक्ष्मण सिंह, वन उद्योग
3. डी.एन., वन आदिवासी एवं पर्यावरण
4. सिन्हा वी.सी.,श्रम अर्थव्यवस्था
5. डॉ. जथार एवं बैरी, श्रम अर्थशास्त्र

तालिका 1. छत्तीसगढ़ राज्य की लघु वनोपज संपदा

क्र.	अकाष्ठीय प्रजाति के प्रकार	महत्वपूर्ण प्रजाति उत्पाद	व्यावसायिक लघु वनोपज संख्या	अनुमानित वार्षिक व्यापार (रू. करोड़ में)
1	राष्ट्रीयकृत वनोपज	तेंदू पत्ता, साल बीज, हर्रा तथा कुल्लू, धावड़ा बबलू एवं खैर गोंद आदि	7	225
2	अराष्ट्रीयकृत औषधीय	बायबिडिंग, कालीजीरी, कालमेघ, आंवला, शहद आदि	42	50
3	अराष्ट्रीयकृत गैर-औषधीय	महुआ लाख, माहुल पत्ता, इमली, चिरौजी आदि	30	250
	योग		79	525

तालिका 2 छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण वनौषधियाँ

क्र.	प्रजाति	उपयोगी भाग	वानस्पतिक नाम	मात्रा(क्विं में)	दर(प्रति क्विं.)	राशि(लाख में)
1	आंवला	फल	Emblica cfficinalis	31,000.00	3,000.00	930.00
2	शहद	शहद	Honey	3,750.00	5,000.00	187.50
3	बायबिडिंग	फल	Embelia pjericottam	11,300.00	3,000.00	339.00
4	बेल	गुदा	Aegle marmelos	15,600.00	700.00	109.20
5	कालीजीरी	बीज	Vernonia anthelmintica	6,800.00	2,400.00	163.20
6	धवई	फूल	Woodfordia fruticosa	26,250.00	400.00	105.00
7	सतावर	जड़	Asparagus racemosus	2,600.00	3,000.00	78.00
8	कालमेघ	पंचांग	Andrographis paniculata	13,950.00	500.00	69.75
9	नागरमोथा	जड़	Cyperus esculetus	14,800.00	550.00	81.40
10	बेहड़ा	फल	Terminalia bellerica	29,700.00	250.00	74.25
11	मालकांगनी	बीज	Celastrus paniculatus	3,200.00	2,300.00	73.60
12	भेलवा	बीज	Semecarpus anacardium	12,250.00	250.00	30.63
13	मरोड़फली	फल	Helicteres isora	3,900.00	400.00	15.60
	योग			**75100.00**		**2,257.13**

छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण वनौषधियाँ





****

पंचायती राज एवं 73 वां संविधान संशोधन

डॉ. तहसीलदार तमोली *

प्रस्तावना - 73वां संविधान संशोधन 1992 के द्वारा ग्रामीण स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं का बहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह प्रयास त्रिस्तरीय संस्थाओं को एक नवीन स्वरूप प्रदान किया। पंचायती राज संस्थाओं का स्वरूप संवैधानिक हो गया। इसमें शक्तियों एवं कार्यों का पृथक और स्पष्ट निर्धारण कर दिया गया है। यद्यपि पंचायती राज संस्थाएं भारतवर्ष में प्राचीन काल से ही विद्यमान है। यह संस्थाएं भारत की ही मूल संस्था है। प्राचीन कालीन पंचायत संस्थाओं के निर्णय को शासन एवं जनता दोनों ही बहुत सम्मान की दृष्टि से देखते थे। कालांतर में मुगल काल एवं ब्रिटिश कालीन भारत के समय इन पंचायत संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया। मुगल कालीन भारत में इसका स्वरूप ही बदल दिया गया जबकि ब्रिटिश कालीन भारत में पंचायती संस्थाओं का पहले पतन एवं बाद में इसके महत्व को समझे जाने के कारण पुन: इसके सुदृढ़ करने का भी प्रयास ब्रिटिश सरकार द्वारा लगातार किया गया। सन 1992 मैं संविधान के 73 वें संशोधन में पंचायती राज संस्थाओं की यथास्थिति समाप्त करने और उनके अधिक सुदृढ़ करने तथा उनकी प्रभावी भूमिका सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इन संशोधन के अनुसार अब जनतांत्रिक विकेंद्रीकरण के कारण इन संस्थाओं को संवैधानिक स्तर प्राप्त हो गया है। अब राज्यों के लिए यह आवश्यक हो गया है कि यह पंचायत संस्थाओं का गठन करें। संशोधन में पंचायतों की संरचना को विवेकपूर्ण बनाने की व्यवस्था है। पंचायती राज संस्थाओं में प्रभुता और वर्ग विशेष के नेतृत्व में वर्चस्व को भी यथासंभव कम करने का प्रयास किया गया है।इनके लिए यह व्यवस्था की गई है कि उसमें महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिए स्थान सुरक्षित किया गया है।

संविधान के इस संशोधन में महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अनुसार हर वर्ग के लिए आरक्षित पदों की एक तिहाई संख्या पर आरक्षण उस वर्ग में महिलाओं का हो गया है।

विगत 50 वर्षो के बाद जिस पंचायती राज व्यवस्था का विकास भारत ने किया है वह पूरी तरह तार्किक और विस्तृत नहीं है।73वें संविधान संशोधन के पूर्व तक तो पंचायती राज संस्थाओं का अस्तित्व नहीं के बराबर था परंतु 73वें संविधान संशोधन के बाद इससे संविधान के अनुच्छेद 243 के तहत स्थान देकर संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।

73 वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992

देश में 73 वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 पंचायती राज संस्थाओं अर्थात ग्रामीण स्थानीय शासन से संबंधित है। यह अधिनियम 1992 में संसद में पारित हुआ। 20 अप्रैल 1993 को राष्ट्रपति ने स्वीकृति प्रदान की और 24 अप्रैल 1993 को तीन राज्य- मिजोरम मेघालय नागालैंड को छोड़कर संपूर्ण देश में लागू किया गया। संक्षेप में इस अधिनियम में मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं।

1. पंचायती राज संस्थाओं को प्रथम बार संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
2. सभी राज्यों में पंचायती राज को त्रिस्तरीय पद्धति लागू की गई लेकिन जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम थी वहां बीच में स्तर भी की गई। संस्था गठित करने की स्वतंत्रता राज्य के ऊपर छोड़ दी गई है।
3. ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा को वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है।
4. सभी पंचायती राज संस्थाओं को निश्चित 5 वर्ष में चुनाव कराना अनिवार्य है।
5. पंचायती राज के सभी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव एक राज्य निर्वाचन आयोग करवाएगा।
6. ग्राम पंचायतों की तरह पंचायत समिति व जिला परिषद के सदस्य भी मतदाताओं द्वारा सीधे प्रत्यक्ष मतदान द्वारा चुने जाएंगे।
7. पंचायती राज में सभी स्थानों पर महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया अर्थात 33% महिला पंचायत प्रधान, प्रमुख बन सकेगी।
8. अनुसूचित जाति एवं जनजाति को भी उसकी जनसंख्या के अनुपात में पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तरों पर पद आरक्षित करने की व्यवस्था होती है।
9. अन्य पिछड़ी जाति के लिए भी सरकार ने आरक्षण का प्रावधान किया है।
10. संसाधनों को ध्यान में रखकर पंचायती राज संस्थाओं को राज्य सरकार के करों को आप का हिस्सा दिलाने राज्य वित्ता आयोग गठित होगा जो अंश के निर्धारण हेतु सिफारिश करेगा।
11. सभी जिलों में जिलाआयोजना समिति गठित की जाएगी जो संबंधित जिले में सर्वागीण विकास हेतु योजनाएं बनाने का कार्य करती है।

73 वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में एक नया अध्याय 9 जोड़ा गया। अध्याय 9 द्वारा संविधान मैं 16 अनुच्छेद और एक अनुसूची अर्थात एक 11वीं अनुसूची जोड़ी गई है।

73 वें संविधान संशोधन के बाद अब 1000 की जनसंख्या पर ग्राम सभा का गठन किया जाएगा। यद्यपि पूर्व में ढाई सौ की जनसंख्या पर ग्राम सभा का गठन किया जाता था इससे ग्राम सभाओं की संख्या घट गई।

73 वें संविधान संशोधन के द्वारा शासन, प्रशासन एवं जनता के

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र विभाग) एस. बी. एस. पी.जी.कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

अधिकारों में व्यापक बदलाव देखने को मिला। जर्जर व्यवस्था में पहुंच चुकी प्राचीन गणतंत्र संस्थाएं जीवित हो उठी। नई पंचायती राज संस्था का उदय हो गया। अब संस्था को नए कार्य शक्तियां सौंप दी गई। कार्य क्षेत्र का स्पष्ट हस्तांतरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। राज्य सरकार एवं नौकरशाही की मनमाने पर अब विराम लग चुका था। अंतरराष्ट्रीय,पारदर्शी , समावेशी और उन्नतशील संस्था का उदय हुआ।

73 वें संविधान संशोधन के बाद भी पंचायती राज संस्थाओं में विभिन्न तरह की कमियां हैं। यदि इन्हें दूर कर लिया जाए तो पंचायती राज संस्थान अधिक प्रभावी परिणाम दे सकती है उक्त कमियां निम्नलिखित है:-

1. यद्यपि ग्राम सभा को 73 वें संविधान संशोधन के द्वारा संवैधानिक स्थिति प्रदान की गई लेकिन फिर भी उस में भूमिका कार्यों में इत्यादि के संबंध में राज्य विधायिका के द्वारा विभिन्न प्रावधान बनाया जाना और यहां विभिन्न राज्य विधान में असमानता ।
2. स्थानीय सरकारों के संबंध में कोई प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था का ना होना और यदि वहां राज्य प्रशासनिक क्षेत्र को ज्यादा शक्तियां दी जाए तो उनके द्वारा हस्तक्षेप की ज्यादा संभावना है और शक्तियों ना दी जाए तो प्रश्न यह है कि शिकायत निवारण के संबंध में प्रभावी विकल्प क्या है।

पंचायती राज संस्था का विषय क्षेत्र परिवर्तनशील है, इस कारण से इस संस्था को सदैव परिवर्तन को स्वीकार करके कार्य करना है। 73वें संविधान संशोधन 1993 के द्वारा इस संस्था को सैद्धांतिक, कानूनी और औपचारिकता आदि आधारों पर काफी मजबूती प्रदान किया है। इससे संस्थाओं को व्यापक स्वीकार्यता प्राप्त हुई है। पंचायत संस्थाओं की उपयोगिता बढ़ाने हेतु जन स्तर पर भी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। ग्रामीण स्तर का नागरिक आज भी बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना, ज्ञान आदि से वंचित है। पंचायत संस्थाओं के द्वारा संचालित किए जाने वाले कार्यक्रम का समुचित लाभ नागरिक तक तभी पहुंच सकता है, जब ग्रामीण समाज का नागरिक जागरुक, आधुनिक सोच वाला, प्रगतिशील एवं संरचनात्मक मानसिकता वाला हो। जन स्तर पर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक , सांस्कृतिक रहन-सहन के स्तर में परिवर्तन लाकर ही पंचायती संस्थाओं को सुदृढ़ किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉक्टर सिंह, निशांत पंचायती राज और महिलाएं सुनील साहित्य दिल्ली 110045, पृष्ठ161
2. वही पृष्ठ 37
3. मीना,लक्ष्मी नारायण, पंचायती राज तथा जन प्रति निधेत्व, दशा एवं दिशा, लिटेरी सर्किल, जयपुर मुद्रक शीतल प्रिंटर्स पृष्ठ 28,29
4. कुरुक्षेत्र, अगस्त 2007 पृष्ठ 12
5. डॉ. सिंह, निशांत सिंह, पंचायती राज और महिलाएं, सुनील साहित्य, दिल्ली 110045 पेज 114
6. वही पेज 115
7. भारत में पंचायती राज, केके शर्मा, नॉलेज बुक डिपो, जयपुर 2012
8. भारत में पंचायती राज, आरती जोशी एवं रूपा मंगलानी, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
9. पंचायती राज और महिलाएं, डॉ, विमला आर्य,राजस्थानी ग्रंथा-गार, जोधपुर
10. पंचायती राज चुनौतियां एवं संभावनाएं, महिपाल, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया
11. योजना
12. ग्रामपंचायत संदर्भ साहित्य,पंचायती राज निदेशालय,उत्तर प्रदेश

****

भारतीय लोकतन्त्र का वर्त्तमान परिदृश्य

डॉ. विनोद कुमार सिंह*

प्रस्तावना – प्राचीन काल से लेकर आज तक लोकतन्त्र चर्चा का विषय बना हुआ है। प्लेटो से लेकर अब तक विभिन्न विद्वानों ने लोकतन्त्र पर किसी न किसी रूप में अपने विचार व्यक्त किये है। लोकतन्त्र के अंग्रेजी पर्यायवाची शब्द 'डेमोक्रेसी' की उत्पत्ति ग्रीक मूल के शब्द 'डेमोस' से हुई है। जिसका अर्थ है– 'जनसाधारण'। इस प्रकार लोकतन्त्र शब्द का मूल अभिप्राय ही 'जनसाधारण' या जनता का शासन है। अब्राहम लिंकन के द्वारा दी गई परिभाषा इसके शब्दार्थ के बहुत निकट है। उनके अनुसार– लोकतन्त्र 'जनता के लिए, जनता द्वारा, जनता का शासन है।' सीले की परिभाषा का भावार्थ भी इससे मिलता जुलता है। वह कहते है कि लोकतन्त्र – 'वह शासन व्यवस्था है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति भाग लेता है।'[1] इस प्रकार लोकतन्त्र मे शासन व सत्ता का अंतिम सूत्र जनसाधारण में निहित रहता है और सार्वजनिक नीति का निर्धारण जनता की इच्छा के अनुसार उसके हित साधन के उद्देश्य से होता है अर्थात् लोकतन्त्र में सम्पूर्ण समाज को अन्तिम सम्प्रभु शक्ति प्राप्त रहती है और वह शासन सम्बन्धी सभी मामलों पर अंतिम नियन्त्रण रखता है।

लोकतन्त्र केवल शासन की एक पद्धति एवं राज्य का एक प्रकार ही नहीं है अपितु यह समाज की एक व्यवस्था व जीवन दर्शन भी है। लोकतान्त्रिक सरकार के लिए लोकतान्त्रिक राज्य का होना आवश्यक है क्योंकि लोकतान्त्रिक राज्य के बिना लोकतान्त्रिक सरकार नहीं हो सकती है। लोकतान्त्रिक राज्य के लिए एक लोकतान्त्रिक समाज का होना अत्यन्त आवश्यक है। जिसमें समानता, स्वतन्त्रता व बन्धुत्व की भावना प्रधान होती है।[2] स्वतन्त्रता, समानता व बंधुत्व ऐसे मूल्य हैं जो लोकतन्त्र को सफल व सार्थक बनाते हैं।

आज लोकतन्त्र को विश्व की सबसे आदर्श शासन प्रणाली के रूप में देखा जाता है। यहाँ तक की जो देश लोकतान्त्रिक नहीं हैं, वे भी अपने आपको सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश होने का दावा करते हैं। इसी लोकतन्त्र के लिए संसार को सुरक्षित रखने हेतु प्रथम विश्व युद्ध लड़ा गया और संसार में लोकतन्त्र को सुरक्षित बनाये रखने के लिए दूसरा विश्वयुद्ध।

भारत में भी स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली को अपनाया गया और संविधान के माध्यम से जनता को अन्तिम संप्रभु बनाया गया। जिसमें जनता अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन संचालन के गुरूतर दायित्व का निर्वहन करती है। भारत में लोकतन्त्र को बड़ी आशा व विश्वास के साथ अपनाया गया ताकि सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक विषमता का अन्त किया जा सके। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति को राजनीतिक व सामाजिक रूप से शिक्षित व जागरूक करते हुए शासन कार्यों में सहभागी बनाया जा सके। स्वतन्त्रता, समानता व बंधुत्व पर आधारित एक पंथनिरपेक्ष राज्य का निर्माण किया जा सके। लोकतन्त्र की जड़े मजबूत हों व ग्रास रूट स्तर पर इसको प्राप्त किया जा सके, इसके लिए पंचायती राज व्यवस्था की त्रि-स्तरीय संरचना को अपनाया गया। पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से जनता को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागी बनाने का प्रयास किया गया ताकि वास्तविक लोकतान्त्रिक व प्रतिनिध्यात्मक समाज का निर्माण हो सके। जनमानस राजनीतिक रूप से शिक्षित व जागरूक हो सकें व उनमें समानता, स्वतन्त्रता व बंधुत्व के साथ ही साथ स्वावलम्बन की भावना का भी विकास हो सके।

भारतीय संविधान निर्माताओं ने भी लोकतान्त्रिक मूल्यों व आदर्शो को संविधान में महत्वपूर्ण स्थान प्रदान किया है ताकि इनकी उपेक्षा अपने निहित स्वार्थों एवं हितों की पूर्ति हेतु किसी के भी द्वारा न किया जा सके। भारतीय समाज का एक बड़ा भाग सदियों तक अमानवीय यातनाओं, वर्णगत और जातिगत विषमताओं, जातीय अहंकार एवं जातिगत उच्चता एवं निम्नता के जाल में जकड़ा रहा है। आजादी के बाद भी समाज का यह बड़ा हिस्सा राष्ट्र की मुख्य धारा में नहीं जुड़ पाया। समाज की मुख्य धारा से अलग इस वर्ग को मुख्य राष्ट्रीय धारा में जोड़ने व सामाजिक समानता को स्थापित करने हेतु भारत के संविधान निर्माताओं ने इन्हें संसद एवं राज्य विधान सभाओं व पंचायती राज संस्थाओं के साथ ही साथ सरकारी नौकरियों एवं शिक्षण संस्थाओं में भी इनके लिए आरक्षण की व्यवस्था की। ताकि देश के प्रत्येक नागरिक के लिए विकास के समान अवसर उपलब्ध हो सकें और सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विषमता की खाई में पड़े लोगों की प्रगति के लिए कुछ विशेष अवसर प्रदान किए जा सकें। जिसका लाभ भी इन वर्गों को हुआ। आरक्षण की सुविधा के कारण इन वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार हुआ। सरकारी नौकरियों में प्रवेश मिला और संसद एवं राज्य विधान मण्डलों में इनका राजनैतिक नेतृत्व भी विकसित हुआ।

भारत में लोकतन्त्र एक राजनीतिक व्यवस्था के रूप में अपनी निरंतरता बनाये हुए है, किन्तु यह उन मूल्यों को पूर्ण रूप से विकसित करने एवं एक लोकतान्त्रिक समाज व जीवन दर्शन को विकसित करने में अभी भी मीलों दूर है। क्योंकि भारत में जिस लोकतान्त्रिक व्यवस्था को अंगीकार किया गया वह भारतीय जनमानस की मूल प्रवृत्तियों, जीवन शैली व संस्कृति से मेल नहीं खाता था। प्रजातन्त्र के लिए कुछ विशेष आदतों, मनोभावों व अभिवृत्तियों का होना आवश्यक है। इन्हें धीरे-धीरे ही विकसित किया जा सकता है। सर्व सत्ताधारी व्यवस्था के स्थान पर लोकतान्त्रिक व्यवस्था को तो रातों-रात स्थापित किया जा सकता है। ऐतिहासिक व संवैधानिक दृष्टि से भले ही एक निश्चित तिथि पर यह परिवर्तन संभव हो जाये, किन्तु व्यवहार में इस प्रकार के परिवर्तन में अनेकों वर्ष लग जाते हैं क्योंकि लोगों की सोंच

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र विभाग) जवाहरलाल नेहरू मेमो0 पी0जी0 कालेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

एवं प्रवृत्ति बदलने में समय लगता है।[3] यही कारण है कि स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् लोकतन्त्र की सफलतापूर्वक प्रतिस्थापना के बावजूद भारत में सभी तरह के लोकतान्त्रिक मूल्यों को व्यवहारिक रूप से लागू नहीं किया जा सका है। जिसका प्रमुख कारण भारत की सामाजिक संरचना एवं मूल्यों में अन्तर है।

भारत में लोकतान्त्रिक व्यवस्था भले ही ऊपर से पूर्णरूप से स्वस्थ दिखायी पड़ती है परन्तु वह अन्दर ही अन्दर पूर्णत: खोखली होती जा रही है। आज आम चुनाव केवल एक मखौल बनकर रह गये हैं, क्योंकि राजनैतिक दल अपना नैतिक आधार खोते जा रहे हैं और वह सत्ता प्राप्ति को ही अपना एक मात्र लक्ष्य बनाकर अपनी गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं। स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात भारत में अनेक दशकों तक कांग्रेस पार्टी का एक छत्र राज रहा है। विगत तीन दशकों से इस स्थिति में आमूल चूल परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में देश बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था के युग में प्रवेश कर गया है और भारत में अनेक राजनीतिक दलों का आविर्भाव हुआ है। इन राजनैतिक दलों में अधिकांश का आधार जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद एवं अगड़ा–पिछड़ावाद है। फलस्वरूप भारतीय राजनीति जातिवाद, क्षेत्रवाद, संप्रदायवाद व अगड़े–पिछड़े के विवाद में फंसकर भारतीय लोकतन्त्र को पूर्णत: खोखला करती जा रही है और उसके लिए आवश्यक आदर्शों एवं मानकों को स्थापित करने के बजाय उन्हें क्षतिग्रस्त करती जा रही है। परिणामस्वरूप जातीय हिंसा, साम्प्रदायिक दंगे, उपद्रव, अनैतिक राजनीति, साम्प्रदायिकता व जातीय तुष्टीकरण की राजनीति का बोलबाला है।[4] इन समस्याओं की प्रमुख जड़ निम्नस्तरीय दलीय नीतियां है। अधिसंख्यक राजनीतिक दल इन्हीं भेदभावमूलक नीतियों को बढ़ावा देकर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। फलस्वरूप उनका झुकाव निरंतर जातिवाद एवं धार्मिक विवादों की ओर होता जा रहा है। जाति का राजनीतिकरण एवं राजनीति का जातीयकरण हो गया है। यही कारण है कि आरक्षण की व्यवस्था केवल दस वर्षों के लिए की गई थी। वह आज कई वर्षों के बाद भी हटाई नहीं जा सकी है।

संविधान द्धारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा में से उपजे अपेक्षाकृत सबल वर्ग ने अपनी स्थिति का लाभ अपने समाज के विशाल वर्ग को शिक्षित एवं जागरूक करने व उन्हें पिछडेप़न की खाई से बाहर निकालने, जातिगत भेदभाव से ऊपर उठने व एक समरस समाज का निर्माण करने के लिए नहीं किया। वह त्याग का मार्ग अपनाने की अपेक्षा अपने लिए अधिक सुख–सुविधाएं बटोरने और सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने की कोशिशों में लग गया। एक प्रकार से वह स्वयं भी इन वंचित एवं पिछड़े वर्गो के बीच एक अभिजात वर्ग बन गया है, जो अपने ही जाति एवं वर्ग से दूर रहना चाहता है। आरक्षण की सीढ़ी से ऊपर चढ़ते हुए छोटे से शक्तिशाली वर्ग ने आरक्षण नीति में निहित स्वार्थ पैदा कर लिया है और अपने ही जाति के दीन–हीन लोगों को वह उसका लाभ उठाने से वंचित रखना चाहती है। यदि ऐसा न होता तो एक पीढ़ी में आरक्षण की सुविधा लेने, आरक्षण की सीढ़ी से पदोन्नति न पाने और क्रीमीलेयर को आरक्षण की सुविधा से वंचित रखने के प्रयत्नों का इतना कड़ा विरोध न होता। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग का आज के वोट गणित में महत्वपूर्ण स्थान है। जिसके कारण राजनैतिक आरक्षण की इस सुविधा को हर दस वर्ष बाद संविधान में संशोधन करके बढ़ाया जाता रहा है और जिस तरह से संसद के सदनों में कोई भी राजनैतिक दल इस आरक्षण के विरोध में नहीं खड़ा हुआ। उससे यह स्पष्ट है कि सभी दल आरक्षण को लेकर राजनीति कर रहे हैं। उन्हें समानता के मौलिक अधिकार से वंचित अधिसंख्यक जनता की कोई चिंता नहीं है। भारत को यदि एक लोकतान्त्रिक राष्ट्र के रूप में अपने अस्तित्व को बनाये रखना है और एक समतापूर्ण समाज के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें आरक्षण नीति के हानि एवं लाभ का वस्तुपरक मूल्यांकन करना होगा और इसको वोट एवं सत्ता की राजनीति के दलदल से बाहर कर उसको सामाजिक एवं राजनीतिक प्रयासों से हल करने के उपाय खोजने होंगे।

भारतीय लोकतन्त्र में मतदाताओं ने मताधिकार के महत्व को समझा है और बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। जो कि भारतीय लोकतन्त्र के लिए एक अच्छा संकेत है। लेकिन इसके साथ ही साथ धनबल एवं बाहुबल का प्रयोग तेजी से बढ़ा है और राजनीति का अपराधीकरण हुआ है।[5] सत्ता प्राप्ति के लिए दल परिवर्तन, राजनीतिक दलों की आन्तरिक गुटबन्दी आदि ने भारतीय लोकतन्त्र को कमजोर किया है। सभी राजनीतिक दल जातिगत भेदभाव को समाप्त करने एवं स्त्री पुरूष समानता की बात बढ़चढ़कर करते हैं परन्तु जब बात उनके वास्तविक लाभ की आती है तो अपने–अपने राजनैतिक हित देखते हैं। यहां तक की उम्मीदवारों का चयन भी जातिगत एवं वर्गगत समीकरणों को ध्यान में रखकर किया जाता है, जो कि भारतीय लोकतन्त्र के लिए एक अच्छा संकेत नहीं है। संसद एवं विधानसभाओं में राजनैतिक दल अपने नफे एवं नुकसान को ध्यान में रखकर विभिन्न प्रकार की बहसों में भाग लेते हैं। सत्ता पक्ष में रहने पर उनका रवैया दूसरा होता है और विपक्ष में रहने पर उन्हीं मुद्दों पर ठीक उसके विपरीत। प्रजातान्त्रिक व्यवस्था को मजबूत एवं सुदृढ़ करने की बजाए वे जातिगत, साम्प्रदायिक, भाषागत एवं क्षेत्रीयता के आधार पर अपने जनाधार को सुदृढ़ करने और उसे बढ़ाने पर अधिक बल देते हैं। इन सभी हानिकारक तत्वों ने भारतीय प्रजातन्त्र को और अधिक कमजोर किया है तथा अपनी जड़ों को और अधिक गहराई तक जमाती जा रही है। इस प्रकार भारतीय लोकतन्त्र भ्रष्टाचार, अपराध, भाई–भतीजावाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदायवाद आदि ऐसी अनेक बुराइयों का गढ़ बनता जा रहा है जिन्हें जड़ समेत उखाड़ फेंकने के लिए लोकतान्त्रिक व्यवस्था स्थापित की गई थी।

बेरोजगारी, मंहगाई, गरीबी, भ्रष्टाचार जैसी अनेक समस्याओं का निराकरण न कर पाने के कारण लगभग प्रत्येक निर्वाचन के पश्चात अधिसंख्यक राज्यों में सरकारें अपदस्त कर दी जाती हैं। इसके बावजूद ये समस्याएं अनवरत बनी हुई हैं। लोकतन्त्र बहुमत का शासन है और जो राजनैतिक दल बहुमत प्राप्त करता है वह बहुमत के बल पर विपक्षी राजनैतिक दलों की उचित बातों पर भी ध्यान नहीं देता है और मनमाने ढंग से शासन सत्ता का प्रयोग करता है। आज प्रजातन्त्र का चौथा आधार स्तम्भ माना जाने वाला प्रेस तथा मीडिया भी लोकतन्त्र की जड़े खोदने का कार्य कर रहे हैं। वे भी भ्रष्टाचार में लिप्त होते जा रहे हैं। पैसों की लालच में पार्टी विशेष के पक्ष में समाचार प्रसारित करने का चलन बढ़ रहा है।[6] इसका भारतीय लोकतन्त्र पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि राजनीतिक संचार राजनीतिक व्यवस्था का तानाबाना या जाल माना जाता है। विशेष रूप से लोकतान्त्रिक व्यवस्था में विभिन्न विचारों एवं सूचनाओं के प्रवाह का और भी अधिक महत्व एवं उपयोगिता रहती है।[7]

इन तमाम प्रमुख समस्याओं के बावजूद भारत में लोकतन्त्र का भविष्य उज्जवल है। भारतीय लोकतन्त्र में लगभग 70 वर्षों से अनेक दबावों व विरोधाभासों के बावजूद सदैव स्थायित्व एवं निरन्तरता बनी हुई है। इसका राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहलू एक ओर आशा व विश्वास तो दूसरी ओर निराशा व अविश्वास के बीच निरन्तर

झूलता रहा है। लेकिन भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था के बारे में निराश एवं हताश होने की कोई आवश्यकता दिखाई नहीं देती है।[8]

भारतीय लोकतन्त्र में उपर्युक्त बुराईयां केवल उसकी अपरिपक्वता के कारण है और अनुभव बढ़ने के साथ ही साथ ये दूर हो सकेंगी। लोकतन्त्र का सबसे बड़ा महत्व नैतिक और शैक्षिक है। भारतीय लोकतन्त्र में जो भी दोष दिखाई पड़ रहे हैं वे ऐसे दोष नहीं हैं जिन्हें दूर न किया जा सकता हो। लोकतान्त्रिक शिक्षा, चिन्तन, अनुभव एवं जागरूकता के द्वारा जनता इन दोषों को स्वयं ही दूर कर सकती है।[9] जागरूक एवं स्वस्थ जनमत ही एक स्वस्थ सरकार का निर्माण कर सकती है और राजनीतिक व्यवस्था के दोषों को दूर कर सकती है। लोकतन्त्र के लिए यह आवश्यक है कि जनता में अपनी सच्चाई व ईमानदारी के लिए गर्व हो, आत्मनिर्भरता का संकल्प हो और आत्मगौरव की विनम्र भावना हो। प्रत्येक व्यक्ति के लिए समान अधिकार, समान कानून और समान अवसर एवं स्वतन्त्रता होनी चाहिए।

भारतीय लोकतन्त्र में भी जनमानस में उपयुर्वत गुणों का तेजी से विकास भी हो रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस पार्टी के एक–छत्र राज को जनता ने समाप्त किया। मिली जुली सराकारों के दोषों को देखते हुए पूर्ण बहुमत वाली सरकारों का गठन हो रहा है और जो भी राजनीतिक दल जनमानस की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रहा है उसे सत्ता से हटाकर अन्य राजनीतिक दलों को मौका दिया जा रहा है। जातिवाद व क्षेत्रवाद के बंधन ढीले पड़ रहे है और भ्रष्टाचार एवं अपराधमुक्त राजनीति की बात हो रही है। विकास एवं रोजगार के मुद्दे आम चुनावो में महत्वपूर्ण होते जा रहे है। सह समस्त लक्षण भारतीय लोकतन्त्र की परिपक्वता व उज्जवल भविष्य का संकेत है।

अतः हम कह सकते हैं कि भारत में लोकतन्त्र परिपक्व हो रहा है और इसका भविष्य उज्जवल और सुदृढ़ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सीले, इन्ट्रोडक्शन टू पॉलिटिकल साइन्स, पृ0–324
2. आशीर्वादम्, एडी एवं मिश्र, कृष्णकान्त, राजनीति विज्ञान, एस0 चन्द एण्ड कम्पनी लि0, रामनगर, नई दिल्ली, 2001, पृ0–603
3. गुप्ता, आशा, तुलनात्मक शासन एवं राजनीति : समकालीन प्रवृत्तियाँ, गीतांजलि पब्लिशिंग हाउस, आनन्दलोक, दिल्ली, पृ0–595
4. एस0एम0 सईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, संशोधित संस्करण 2002, पृ0 338–339
5. भांभरी, सी0पी0, भारत में लोकतन्त्र, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत तृतीय संस्करण 2015, पृ0 24
6. चौधरी, बी0एन0, कुमार युवराज, भारत मे राजनीतिक प्रतिक्रियाएं, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, डी0यू0, प्रथम संस्करण 2013, पृ0–64
7. गेना, सी0बी0, तुलनात्मक राजनीति, विकास पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, पृ0–435
8. नारंग, ए0एस0, भारतीय शासन एवं राजनीति, गीतांजलि पब्लिशिंग हाउस, आनन्द लोक, नई दिल्ली, संस्करण 2010–11, पृ0–452
9. आशीर्वादम्, एडी एवं मिश्र, कृष्णकान्त, उपर्युक्त पृ0–623

****

भारत में रोजगार सृजन के रूप में लघु उद्योगों की भूमिका

जुनेद नागौरी*

प्रस्तावना - लघु उद्योग भारत की औद्योगिक संरचाना का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसमें न केवल सकल घरेलु उत्पाद बल्कि विदेशों में निर्यात की जाने वाली वस्तुओं से प्राप्त होने वाली आय के दृष्टिकोण से भी लघु उद्योगों की देश में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसका महत्व इस बात से स्पष्ट होता है कि हमारे देश में लघु उद्योगों के माध्यम से देश के करोड़ो लोगो को रोजगार प्राप्त हुआ है।

लघु उद्योग की परिभाषा - 7 फरवरी 2017 को सरकार ने अति लघु, लघु व मध्यम क्षेत्र के उद्यम को परिभाषित करने के लिए नवीन परिभाषा दी है। इस परिभाषा के अनुसार, जिन उद्यमों की बिक्री से वार्षिक आय 5 करोड़ रूपये तक होगी उन्हे अति लघु उद्यम माना जाएगा, जिनकी बिक्री से वार्षिक आय 5 करोड़ रूपये से 75 करोड़ रूपये के मध्य होगी उन्हे लघु उद्यम माना जाएगा तथा जिनकी बिक्री से वार्षिक आय 75 करोड़ रूपये से 250 करोड़ रूपये के मध्य होगी उन्हे मध्यम उद्यमों की श्रेणी में शामिल किया जाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों की भूमिका :- भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगो की विशेष भूमिका है। महात्मा गाँधी जी के शब्दों में 'भारत का कल्याण उसके कुटीर उद्योगो में निहित है।'

1. **देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में सहायक :-** लघु उद्योग की भूमिका को इस बात से स्पष्ट किया जा सकता है कि इसके माध्यम से देश के हजारों व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होता है। भारत में बेराजगारी और अर्द्ध बेरोजगारी की समस्या का समाधान करने में देश के लघु उद्योगों का विशेष योगदान है।
2. **आयात पर निर्भरता में कमी :-** बडे पैमाने के उद्योगो की स्थापना करने के पर उत्पादन की नवीन तकनीक तथा मशीनो का विदेशों से आयात करना पड़ता है। जबकि देश में लघु उद्योगों की स्थापना के कारण विदेशों पर निर्भरता में कमी आ जाती है।
3. **लघु उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए उपयुक्त :-** एक अनुमान के मुताबिक भारत की लगभग 60 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या कृषि पर निर्भर रहती है। कृषकों को वर्षभर कार्य नहीं मिल पाने के कारण लघु उद्योगों का उनके लिए अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है।
4. **लघु उद्योग व्यक्तियों में निहित प्रतिभा के विकास में सहायक :-** लघु उद्योग व्यक्ति में छिपी प्रतिभा को निखारने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते है। देश में लघु उद्योगों की सहायता से व्यक्तियों को अपना कला कौशल दिखाने का मौका मिलता है। इस प्रकार देश में लघु उद्योगों का प्रमुख लाभ यह भी होता है कि इसकी सहायता से विदेशी मुद्रा अर्जित की जाती है।
5. **बडे उद्योगों के लिए सहायक या पूरक की भूमिका के रूप में :-** लघु उद्योग देश के बडे उद्योगों के लिए सहायक या पूरक की भूमिका निभाते है। लघु उद्योगों में अर्द्ध निर्मित माल का निर्माण किया जाता है। इस प्रकार इस अर्द्ध निर्मित माल को बडे उद्योगों में भेजकर निर्मित माल के रूप में तैयार किया जाता है।
6. **लघु उद्योगों हेतु कम तकनीकी ज्ञान की जरूरत :-** लघु उद्योगों की स्थापना का प्रमुख लाभ यह होता है कि इसमें कम पूँजी के साथ - साथ कम तकनीकी ज्ञान की जरूरत होती है। इसके साथ ही कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण की भी आवश्यकता नहीं होती है।
7. **औद्योगिक समस्या का न्यूनतम होना :-** बडे उद्योगों की स्थापना में कागजी खानापूर्ति की अधिकता के साथ-साथ अनेक प्रकार की औद्योगिक समस्याएँ भी विद्यमान रहती है जैसे श्रमिकों की हड़ताले, तालाबन्दी, श्रमिकों द्धारा बोनस की माँग इत्यादि समस्याओं से बडे पैमाने के उद्योग घिरे रहते है। लघु उद्योगों में इस प्रकार की समस्याएँ नहीं होती है।
8. **लघु उद्योगों में निर्मित वस्तुओं को विदेशों में निर्यात से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति :-** भारत में लघु उद्योगों में निर्माण की जाने वाली वस्तुओं का विदेशों में निर्यात किये जाने से देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। वर्तमान में लघु उद्योगों की वस्तुओं को देश के कुल निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 2001-02 की अवधि के दौरान देश में लघु औद्योगिक इकाइयों की संख्या 105.2 लाख थी। इसी प्रकार आगे तालिका का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि अगले पाँच वर्ष में लघु औद्योगिक इकाइयों की संख्या 123.4 लाख हो गई है। मध्यम, लघु एवं अति लघु जिसे MSME कहा जाता है। इन इकाईयों की संख्या वर्ष 2006-07 के दौरान 361.8 लाख थी। इसके साथ ही अगले पाँच वर्षो पश्चात् 2010-11 में इनकी संख्या 428.7 लाख थी। जबकि वर्ष 2014-15 में इनकी संख्या देश में बढ़कर 510.6 लाख तक हो गई। उपरोक्त तालिका में इन उद्यमों में उत्पादन की स्थिति को भी समझाया गया है। जिसके अनुसार वर्ष 2001-02 में इन उद्यमों का उत्पादन 2,82,270 करोड़ रू. मूल्य आँका गया। वर्ष 2005-06 में उत्पादन 4,97,842 करोड़ रू. मूल्यांकित किया गया। वर्ष 2006-07 में 11,98,818 करोड़ रू था। वर्ष 2010-11 में 16,53,622 करोड़ रू. था।

आगे तालिका में देश में रोजगार के अवसरों के सृजनर्त्ता के रूप में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थिति को भी दर्शाया गया है। जिसके अनुसार वर्ष 2001-02 में 249.3 लाख व्यक्ति तथा वर्ष 2005-06 में 294.9 लाख

* सहायक अध्यापक, श्री गुरू सांदीपनी इन्सट्ीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, उज्जैन (म.प्र.) भारत

व्यक्तियों को देश में लघु एवं कुटीर उद्योगों की सहायता से रोजगार प्राप्त हुआ है। मध्यम, लघु व अति लघु क्षेत्र में 2006-07 की अवधि के दौरान 805.2 लाख तथा वर्ष 2014-15 के दौरान 1,171.3 लाख लोगो को रोजगार प्राप्त हुआ। इस प्रकार अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि देश में भारत कृषि प्रधान देश होने के साथ-साथ देश में कृषि के बाद रोजगार प्रदान करने में लघु एवं कुटीर उद्योगों का विशेष योगदान है। भारत में बढ़ती जनसंख्या के बीच बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए देश में लघु एवं कुटीर उद्योगो के विकास किये जाने की आवश्यकता है।

लघु उद्योगों की भूमिका - भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु उद्योगों का महत्पूर्ण स्थान है। लघु उद्योग की भूमिका स्वीकार करते हुए महात्मा गाँधी जी का यह कथन 'भारत का कल्याण लघु एवं कुटीर उद्योगों में निहित है।' यह कथन लघु उद्योगों की भूमिका को प्रमाणित करता है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि देश में लघु उद्योग का विशेष स्थान है।

1. बेरोजगारी की समस्या के समाधान में सहायक :- बडे उ़द्योगों में करोडो ऱूपये की पूँजी को निवेश करने के पश्चात् ही कुछ व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हो पाता है। जबकि इसके विपरित लघु उद्योगों में बहुत कम मात्रा में पूँजी निवेश करके कई व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जा सकता है। भारत में बेरोजगारी पर्याप्त मात्रा में देखी जाती है। जिसको दूर करने लिए लघु उद्योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। क्योकि लघु उद्योग में कम पूँजी निवेश करके अधिक लोगो को रोजगार देने की विशेषता पाई जाती है। इस तरह लघु उद्योग बेरोजगारी में कमी करनें सहायक सिद्ध होता है।

2. औद्योगिक विकेन्द्रीकरण को प्रोत्साहन :- लघु उद्योगों के द्वारा राष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्र में विकेन्द्रीकरण में सहायता प्राप्त होती है। बडे उ़द्योगों में विशेष बातो को ध्यान में रखते हुए एक ही स्थान पर केन्द्रीकृत रहते है। परन्तु लघु उद्योग छोटे शहरों एवं गाँवों में स्थापित रहते है। इससे निम्नलिखित लाभ होता है।

1. लघु उद्योग कच्चे माल को खरीदकर छोटे गाँवों के व्यक्तियों को रोजगार की सुविधा देते है।
2. विदेशी आक्रमण के समय यह उद्योग पूर्णत: सुरक्षित रहते है।
3. लघु उद्योगों से किसी एक जगह पर भीड़ एकत्रित नहीं होती है।
4. लघु उद्योग मूलत: प्रादेशिक असमानता कम करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

3. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अनुकूल :- भारत की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है लेकिन ग्रामीण जनसंख्या को वर्षभर रोजगार नहीं मिल पाता है। अत: ऐसी स्थिति में लघु उद्योग उनके लिए अति महत्वपूर्ण है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अनुकूल भी है। ग्रामीण जनसंख्या लघु उद्योग संचालित कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है

4. आयात पर अल्प निर्भरता को प्रोत्साहन :- बडे उ़द्योग स्थापित करने में अधिक तकनीकी एवं मशीनरी की आवश्यकता होती है एवं कच्चे माल के लिए विदेशों पर आश्रित रहना पड़ता है एवं कच्चा माल विदेशों से आयात करना पड़ता है। जबकि लघु उद्योगों को स्थापित करने के लिए न ही विस्तृत तकनीक और बडे प़ैमाने पर मशीनरी की आवश्यकता होती है। एवं कच्चा माल आयात विदेशों से नहीं करना होता है।

5. आय के समान वितरण में महत्वपूर्ण योगदान :- लघु उद्योगों का संचालन लाखों व्यक्तियों एवं परिवारों के द्वारा होता है। जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक शक्ति का केन्द्रीकरण नहीं होता है। तथा आय के एक समान वितरण में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है तथा इन लघु उद्योगों में किसी भी व्यक्ति का शोषण नहीं हो पाता है।

6. व्यक्तित्व एवं कला के विकास में सहायक :- लघु उद्योग व्यक्ति एवं कला का विकास करने में महत्पूर्ण भूमिका निभाते है। इससे श्रमिकों को संतोष एवं सुख प्राप्त होता है। जबकि बडे उ़द्योगों में श्रमिक मशीन की तरह कार्य करता है। जहां उसको अपनी कला एवं व्यक्तित्व को दिखाने का अवसर नहीं मिलता है। इसके विपरित लघु उद्योगों में व्यक्ति के व्यक्तित्व एव कला का सर्वागीण विकास होता है।

7. वृहद उद्योगों के विकास में सहायक :- लघु उद्योग वृहद उद्योगों के लिए सहायक उद्योग या पूरक उद्योग के रूप में कार्य करते है। उदाहरण के लिए अर्द्ध निर्मित वस्तु लघु उद्योग बनाते है। तथा इन्ही अर्द्ध निर्मित वस्तुओं वृहद उद्योग कच्चे माल के लिए उपयोग करते है।

8. अल्प तकनीकी ज्ञान की जरूरत :- लघु उद्योगों को स्थापित करने में अल्प पूँजी के साथ-साथ अल्प तकनीकी जरूरत होती है तथा श्रमिको को अल्प मात्रा में प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रकार यह एक सर्वोपरि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में सर्वोत्तम सहायक होते है।

9. औद्योगिक समस्याओं का उन्मूलन :- वृहद उद्योगों में कई प्रकार की औद्योगिक समस्याएँ बनी रहती है। जो राष्ट्र में उत्पादन को कम करने में अपनी भूमिका निभाती है। उदाहरण के रूप में कर्मचारियों की हड़ताल, श्रमिकों की अनुचित माँगे, श्रमिकों की तालाबंदी, वेतन में वृद्धि की माँग करना, अनुचित बोनस की माँग करना इत्यादि। जबकि लघु उद्योगों में इस प्रकार की समस्याएँ नहीं देखी जाती है तथा लघु उ़द्योगों के कुछ समस्याएँ होती भी है तो उनको आपस में सामजस्य बनाकर निपटा लिया जाता है।

10. निर्यात में सहायक होना :- भारत में विगत कई वर्षो में यह देखा गया है कि लघु उद्योगों द्वारा निर्मित वस्तुओं का निर्यात अधिक बढ़ रहा है। जो राष्ट्र को विदेशी मुद्रा अर्जित करने में सहायक हो रहा है। भारत के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बहुत सी वस्तुएँ जैसे साड़ी, वस्त्र, मूर्तियाँ, सौंदर्य प्रसाधन की वस्तुएँ, इलेक्ट्रानिक उपकरण आदि वस्तुओं को विदेशों में निर्यात किया जा रहा है। वर्तमान में लघु उद्योगों की वस्तुओं का देश के कुल निर्यात में एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

निर्ष्कष - वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लघु उद्योग वृहद् उद्योगों की अपेक्षा अधिक रोजगार प्रदान करते है एवं देश या राष्ट्र के अत्मनिर्भरता में भी लघु उद्योग अति आवश्यक है। लघु उद्योगों का मुख्य उद्देश्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि करते हुए बेरोजगारी और अर्द्ध बेरोजगारी की समस्या का समाधान करना हैं। भारत में लघु उद्योगों के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग हो रहे है। नये विचारो द्वारा लद्यु उद्यम स्थापित हो रहे है। विश्व का कोई सा भी देश हो उसकी सफलता उद्योगों से ही संभव है। देश का भविष्य इसी पर टिका हुआ है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति तभी संभव हो सकती है। जब देश औद्योगिकरण की दृष्टि से समपन्न हो, तथा वहा रोजगार के साधन उपलब्ध हो और यह सब लघु उद्योगो के विकास से ही संभव है। लघु उद्योगो के विकास से ही देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया जा सकता है। एक और नये रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा सकता है वहीं दूसरी और अनेक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय पेज नं 192
2. भारतीय अर्थव्यवस्था मिश्रा एवं पुरी पेज नं 336
3. पेज न. 192 उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

तालिका 1 – भारत मे वर्ष 2001–2015 तक लघु उद्योगों की स्थिति का अध्ययन

वर्ष	MSMES की संख्या लाख में	स्थिर परिसंपत्तियों का बाजार मूल्य (करोड़ रूपये)	उत्पादन का कुल मूल्य (करोड़ रूपये)	रोजगार (लाख में)
2001–02	105.2	154349	282270	249.3
2002–03	109.5	162317	314850	260.3
2003–04	114.0	170219	364547	271.4
2004–05	118.6	178699	429796	282.6
2005–06	123.4	188113	497842	294.9
2006–07	361.8	868544	1198818	805.2
2007–08	377.4	920460	1322777	842.0
2008–09	393.7	977115	1 375589	880.8
2009–10	410.8	1038546	1488352	921.8
2010–11	428.7	1105934	1653622	965.2
2011–12	447.6	11 82758	1788584	1011.7
2012–13	467.5	1268764	1809976	10 61.4
2013–14	488.5	1363700	Nil	1114.3
2014–15	510.6	1471913	Nil	1171.3



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

अनुसूचित जाति के चर्मकारो की स्थिति एवं परम्परागत व्यवसाय में परिवर्तनशीलता की प्रवृत्ति का अध्ययन - छत्तीसगढ़ विशेष संदर्भ में

डॉ.के.एल.टाण्डेकर* डॉ. आर.आर. कोचे**

प्रस्तावना - म.प्र. का पूर्वान्चल नवगठित छत्तीसगढ़ जिसमें वर्तमान में 28 जिले आते है। जहॉं कुल आबादी का 12.20 प्रतिशत अनुसूचित जाति का निवास करता है। जिनका 10 प्रतिशत भाग ग्रामीण अंचल में निवास करता है जिसका मुख्य व्यवसाय एक फसली और अनुत्पादक स्वरुप वाली कृर्षि है। अनुसूचित जाति की कुल जनसंख्या का 3 प्रतिशत भाग चर्म व्यवसाय में लगा हुआ है, जबकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाधिक पशुपालन अर्थात कच्चे चमडे की सामग्री का स्त्रोत विद्यमान है, इस क्षेत्र में कुल चर्म शिलपियों का 10.91 प्रतिशत भाग चर्म शवच्छेदन में 31.90 भाग चर्म शोधन में एवं 32.31 प्रतिशत भाग शवच्छेदन एवं चर्मशोधन दोनो कार्यो में लगा हुआ है, शेष भाग चर्मनिर्मित सामग्री में लगा हुआ है अर्थात स्पष्ट है कि यहॉं चर्म शिलपियों का अधिकांश भाग कच्चे चमडे के उत्पादन कार्य में लगा हुआ है जबकि बहुत कम भाग चर्म निर्मित सामग्री का उत्पादनकर्ता है। यहॉं से कच्चा चमडा बडी मात्रा में पडोसी राज्यो महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश के प्रमुख प्रमुख जिले कानपूर, आगरा, लखनउ, उडीसा, बिहार, गुजरात, आंध्रप्रदेश, कलकत्ता की ओर भेज दिया जाता है, इसका मुख्य कारण यह है कि इस अंचल में चर्म शिल्पी, निर्धन, अशिक्षित, अकुशल एवं परम्परागत स्थिति में विद्यामान है, जिनसे उनकी आर्थिक स्थिति को प्रभावित किया है और आज ये चर्म शिल्पी गरीबी एवं शोषण के शिकार बने हुए है, इनकी स्थिति एवं परिवर्तनशीलता का अध्ययन करना इस शोध आलेख का प्रमुख लक्ष्य है।

चर्म व्यवसाय में लगे चर्म शिल्पी विचैलियों के माध्यम से थोडी सी राशि में यहॉं की पर्याप्त कच्ची चर्म सम्पदा का जो कि मध्यप्रदेश के कुल चर्म सम्पदा का 1/3 भाग है बाहर भेज दिया जाता है इसके अलावा यहॉं प्रदेश का सर्वाधिक खच्ची खालो का उत्पादन किया जाता है जितनी खालो का यहॉं उत्पादन होता है उसके दो गुने जीवित पशु पडोसी राज्यो को भेज दिये जाते है इस जरह यहॉं चर्म शिल्पी एवं कच्ची चर्म सामग्री की पर्याप्तता के कारण चर्म उद्योग विकास की जो संभावनाऍं विद्यमान है उन विद्यमान संभावनाओं की व्यवहारिक परिणिति संभव नही हो पा रही है इस क्षेत्र में जबकि चर्म निर्मित वस्तुओं का बाजार भी पर्याप्त मात्रा में विद्यमान है विशेष कर लौहस्पात उद्योग, आयरन स्पंज, सीमेंट उद्योग, रसायन उद्योग, जैसे उद्योग यहॉं विद्यमान है जिसमें जुते, ग्लोब का बडी मात्रा में उपयोग किया जाता है ये सामग्री बाहर के बाजारो में मंहगे दामों में हमे प्राप्त होती है किन्तु यदि इसका उत्पादन स्थानीय स्तर पर ही किया जाये तो इसकी लागत 75 प्रतिशत से भी कम आएगी किन्तु छत्तीसगढ़ में इस उद्योग के विकास न होने का प्रमुख कारण यहॉं पर पूंजी का अभाव, अकुशल मानव प्रबंधन, अप्रशिक्षित चर्म शिल्पी, विरादरी पंचयतो का विरोध, एवं व्यवस्था को सामाजिक रुप से घृषित माना जाने के कारण दिन प्रतिदिन इस व्यवसाय की अवनति होते जा रही है।

20वीं शताब्दी के प्रारंभिक चरणों तक परम्परागत रुप से लगे ये चर्म शिल्पी स्थानीय ग्रामीण आवश्यकताओं कृर्षि उपकरण आदि की पूर्ति कर अपना जीवन यापन करते थे, किन्तु वैज्ञानिक प्रगति, बढती फैशन उपभोक्ता की आय, आदत, रुची, फैशन में परिवर्तन जैसे तथ्यों ने ग्रामीण क्षेत्र में विद्यमान चर्म शिल्प व्यवसाय को अवनति की गर्त में ठकेल दिया है, परिमाणत: चर्म शिल्प व्यवसाय में लगे चर्मकर अन्य उद्योग की ओर आकर्षित हो रहे है क्योकि अनार्थिक व्यवसाय, पीढी दर पीढी व्यवसाय में रुची न होने, विरादरी पंचायतो का विरोध जैसे कारण इस परिवर्तन शीलता की प्रवृत्ति को गहन स्वरुप प्रदान करते जा रहा है।

पीढी दर पीढी परम्परागत व्यवसाय में परिवर्तन शीलता की प्रवृत्ति को ज्ञात करने के लिए छत्तीसगढ़ क्षेत्र के प्रमुख जिलों से न्यादर्श सर्वेक्षक पद्धति के माध्यम के कुल चर्म शिल्पियों का 10 प्रतिशत संमक एकत्र किया गया प्राप्त संमको के विश्लेषण से जो स्थिति सपष्ट हुई वह निम्न प्रकार की है।

तालिका 1 **(अगले पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1 के विवरण से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में पेशेवर चर्म शिल्पि अपने पेशे से हटकर भूमिहीन कृषक या अन्य रोजमर्रा के व्यवसाय की ओर संलग्न होते जा रहे है, जिसका परिणाम परम्परागत चर्म शिल्प व्यवसाय का नष्ट होना तथा बड़ी मात्रा में पलायन की प्रवृित्तयॉं दिखाई पड रही है। सर्वेक्षण से यह स्पष्ट हुआ है कि इस व्यवसाय में परिवर्तन के पश्चात् 10 प्रतिशत चर्म शिल्प अपने स्थानीय निवास को छोडकर बाहरी क्षेत्र की ओर पलायन कर गये है। छत्तीसगढ़ में इस कार्य के पलायन के पीछे मुख्य रुप से सामाजिक उपेक्षा, सामाजिक बहिष्कार, सामाजिक संगठनो द्वारा प्रतिबंध की कार्यवाही प्रमुख रही है, वही सामाजिक सम्मान प्राप्त करने शिक्षा का विकास ऐसे कारण रहे है, जिन्होने चर्म शिल्पियों को पेशेवर व्यवसाय छोडने के लिए बाध्य किया साथ ही साथ धार्मिक, सामाजिक एवं सास्कृतिक परिवर्तनों ने परंपरागत व्यवसाय परिवर्तनशीलता को जन्म दिया है, बिरादरी पंचायतो को विरोध के परिणाम स्वरुप सर्वाधिक व्यवसाय के परिवर्तनों की प्रवृत्ति मोची/सतनामी समाज को जो छत्तीसगढ़ का बहुसंख्यक के अनुसूचित जाति वर्ग का है में दिखाई दे रही है।

* प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

मनुष्य सामाजिक प्राणी होने के कारण वह समाज से अलग नही रह सकता किन्तु परम्परागत व्यवसाय के स्थान पर वह व्यवसाय मजदूरी, बीडी बनाना, किराना जैसे अन्य सहायक व्यवसाय की ओर आकृष्ट हुआ, किन्तु परम्परागत व्यवसाय में परिवर्तन ने बेरोजगारी, आर्थिक असंतुलन, सामाजिक असुतुलन, जैसे हानिकारक प्रभाव को जन्म दिया है, ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक संघर्ष आर्थिक अनिश्चिता, पलायनवादी, शहरीकरण में वृद्धि गंदी बस्ती का निमार्ण जैसी अनेकों असुंतलनकारी प्रवृत्तियों को जन्म दिया है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में परम्परागत व्यवसाय में परिवर्तन का जो उल्लेखनीय तथ्य रहा, वह यह है कि पूरे छत्तीसगढ़ में चर्म व्यवसाय छोड़ने के बाद यहॉ प्रतिस्थापनी व्यवसाय के रुप में बीडी. उद्योग का तेजी से विकास हुआ किन्तु बस्तर में परिवर्तन की गति थोडी धीमी रही। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन के संबंध में काफी भिन्नताऍ विद्यमान रही जहॉ एक ओर राजनांदगांव जिले में चर्म व्यवसाय के स्थान पर कृषि एवं बीडी. उद्योग श्रमिक के रुप में आकर्षण बढा वही दुर्ग जिले में यह आकर्षण औद्योगिक मजदूर के रुप में सामने आया किन्तु रायपुर में यह प्रवृत्ति मिश्रित रुप में रही, जबकि बिलासपुर में सतनामी बाहुल समाज होने के कारण विरादरी पंचायतों का कठोर प्रतिबंध चर्म व्यवसाय को परिवर्तन में काफी सहायक सिद्ध हुआ और अधिकांश चर्म शिल्पी ने कृषक या कृषि मजदूर एवं उत्खनन मजदूर के रुप में व्यवसाय परिवर्तनशीलता की प्रवृत्ति रही जबकि बस्तर में व्यवसायिक परिवर्तन-शीलता की गति धीमी रही।

अध्ययन के दौरान पीढी दर पीढी चर्म व्यवसाय में चर्म शिल्पियॉ के बच्चों, चर्म व्यवसायिक परिवर्तनशीलता के दृष्टिकोण का भी अध्ययन किया गया जिसके निम्नलिखित परिणाम आऍ।

तालिका 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

इस तरह अध्ययन से सपष्ट होता है कि 15.8 प्रतिशत बच्चे ऐसे है जो परम्परागत व्यवसाय को पसंद करते है जबकि72.8 प्रतिशत बच्चो ने अपने पैतृक व्यवसाय को नकार दिया है और 11.4 प्रतिशत बच्चों के विचार अस्पष्ट है, परम्परागत व्यवसाय के प्रति नकारात्मक सोच बच्चों में पैदा होने को मुख्य कारण आर्थिक रहा है ऐसे बच्चो का प्रतिशत 61.26 प्रतिशत है जबकि मात्र 5.77 प्रतिशत ऐसे है जो सामाजिक और आर्थिक दोनों कारणो को इसके लिए जिम्मेदार मानते है।

चर्म व्यवसाय से परिवर्तन के पश्चात् चर्म शिल्पियों का झुकाव किन क्षेत्रों में सर्वाधिक रहा इस बात के अध्ययन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय प्रारंभ करने वाले चर्मकारों की प्रवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन तालिका द्वारा स्पष्ट है।

तालिका 3 : परम्परागत चर्म शिल्प व्यवसाय को छोडकर अन्य व्यवसाय की ओर जाने की प्रवृत्ति प्रतिशत में

क्र.	व्यवसाय क्षेत्र	परम्परागत चर्म शिल्प व्यवसाय को छोडकर अन्य व्यवसाय में जाने की प्रवृत्ति का प्रतिशत
1	कपड़ा	07
2	मनिहारी	03
3	कृषि	10
4	मजदूरी	32
5	पशुपालन	03
6	बीड़ी मजदूरी	20
7	अन्य	25
	योग	100

उपरोक्त तालिका विवरण से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में परम्परागत चर्म शिल्प व्यवसाय को छोडकर अन्य व्यवसायों में सर्वाधिक मजदूरी, बीड़ी मजदूरी एवं अन्य क्षेत्रों में मजदूरी के रुप में स्थपित हुए है कृषि एवं अन्य क्षेत्रों का प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा इसका मुख्य कारण यह रहा कि चर्म व्यवसाय में लगे चर्म शिल्पी आर्थिक रुप से विफल होने के कारण अन्य पूंजीगत व्यवसाय प्रारंभ करने में असक्षम है।

परम्परागत व्यवसाय में परिवर्तन को रोकने के लिए यद्यपि चर्म व्यवसाय के विकास में कार्यरत विभिन्न वित्तीय एवं प्रेरक संस्थाऍ यथा, म.प्र. लेदर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल, छत्तीसगढ़ राज्य लघु उद्योग निगम, छ.ग. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग आयोग बम्बई, हाथकरघा विभाग, जिला उद्योग केन्द्र म.प्र. एवं छ.ग. हस्तशिल्प विकास निगम, छ.ग. अन्तयव्यसायी विकास निगम एवं अन्य बैंकिंग संस्थाऍ कार्य कर रही है किन्तु इन संस्थाओं से चर्म शिल्पियों को पर्याप्त आर्थिक सहायता नही मिल पाती कि वे अपने व्यवसाय को लाभदायक व्यवसाय के रुप में परिवर्तित कर सके, आवश्यकता इस बात की है कि यदि परिवर्तनशीलता की प्रवृत्ति को यदि रोकना है तो सस्ती पूंजी प्रशिक्षण, शिक्षा का प्रसार, सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन के लिए जागरुकता निर्माण जैसे ठोस कदम उठाकर इस व्यवसाय को एक छत के नीचे संगठित व्यवसाय का स्वरुप देना होगा, तभी इनको गरीबी और शोषण से बचाया जा सकेगा और इनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर करके छत्तीसगढ़ के इस परम्परागत उद्योग को बचाय जा सकेगा जो आज कृषि के पूरक व्यवसाय क रुप में विकसित हो सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उद्यमिता म.प्र. लैदर जन. 1991 डेव्हलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड भोपाल।
2. शोध उपक्रम छ.ग. शोध संस्थान रायपुर।
3. योजना 1954 - सूचना और प्रसारण मंत्रालय, पटियाला हाउस नई दिल्ली।
4. शोध उपक्रम 2009- छ.ग. शोध संस्थान रायपुर।

तालिका 1 : पेशे में परिवर्तन की स्थिति

क्र.	स्थान /क्षेत्र	जाति समूह	पारिम्परिक व्यवसाये	व्यवसाय मे परिवर्तन
1	मध्यप्रदेश	चमार/वैश्वा रैदास जाटव/महार/मैहर/ कुरील/ अहरवार/मोची	चमडे का काम	चमडे की सफाई छोड दिया गया, जुते बनाने एवं कृर्षि कार्य में प्रवृत्ति
2	छत्तीसगढ़			
1	राजनांदगांव	महार /चमार/मोची/जाटव /सतनामी/मेहर	चमडे का काम एवं हड्डी संग्राहक	कृर्षि एवं बीड़ी बनाने का व्यवसाय
2	दुर्ग	सतनामी/महार /चमार	चमडे का काम	मजदूरी औद्योगिक क्षेत्र में
3	रायपुर	चमार/जाटव/मोची/मेहर	चमडे का काम	चमडे की सफाई तथा जूता बनाना छोड दिया, कृर्षि अथवा व्यवसाय में प्रवृत्त
4	बिलासपुर	मेहर/महार /चमार/मोची	चमडे का व्यवसाय	अन्य व्यवसाय एवं कृर्षि धन्धे
5	रायगढ़	मोची/आदिवासी/मेहर	हड्डी संग्रहण एवं चर्म व्यवसाय	अन्य व्यवसाय एवं कृर्षि
6	सरगुजा	चमार/मोची/आदिवासी	चमडे का काम	मजदूरी
7	बस्तर	महार/चमार/आदिवासी	चमडा उत्पादन उवं चमडा संबंधी कार्य	अन्य व्यवसाय और आंशिक परिवर्तन धीमा गति से

तालिका 2 : चर्म उद्योग में लगे चर्मशिल्पियों के बच्चों का चर्म व्यवसाय के प्रति दृष्टिकोण

व्यवसाय वर्ग	कुल चर्म शिल्पियों की संख्या	चर्मव्यवसाय में लगे चर्म शिल्पियों के आगामी पीढी का निरंतर इस व्यवसाय में लगे रहने के संदर्भ में दृष्टिकोण			ऋणात्मक सोच की दृष्टिकोण के कारण		
खाल संग्रहण	11	03	08	-	05	-	03
चर्म शोधन	126	09	107	10	90	-	17
फुट वियर निर्माण	119	30	75	14	60	-	15
चर्म निर्मित वस्तुएें	28	10	15	03	08	-	07
चर्मशोधक एवं	166	07	1033	26	40	21	72
फुट वियर निर्माण							
अन्य	50	20	26	04	20	-	06
कुल	500	79 15.8%	364 72.8%	57 11.4%	223 61.26%	21 5.77%	120 32.97%

****

The Effect of Education System on Spiritual Intelligence and Psychological Well-being of music Students: A comparative study of Gurukul and Government School

Dr. Sunita Shrimali*

Abstract - School students today deal with many challenges, such as gaining better academic success and maintaining psychological well-being. In dealing with these challenges, one of the factors that might predict school studies academic success and psychological well-being is spiritual intelligence. Therefore, a study was conducted to examine the impact of school culture on spiritual intelligence and psychological well-being on music students of gurukul and government schools of Hathras. The present study was conducted on a sample of 100 students studying in Gurukul and Government schools of Hathras. The students of class 6th to 8th were selected for this study.
Keywords - academic success, psychological well-being, spiritual intelligence, school students, etc.

Introduction - Adolescence is when a young person's life goes over significant physical, mental, and emotional changes. It shapes the personality of an individual by developing life-long habits that build one's character. They learn responsibilities, relationship, roles, and to set goals. Adolescents have a tendency and willingness to adapt to the environment; they also posses the flexibility to adapt physically, mentally and spiritually during adverse situation and adjust with surroundings as in this age they still in their growing and learning stage. Though Education in India is vastly influenced by British nevertheless there are Gurukul as well that provide value-based Education within a cultural frame. Fivefold education pattern was followed in Gurukuls and comprised of religious education, spiritual education, cultural education, occupational educational and physical education.

Operational Definitions

1. Spiritual intelligence: Spiritual Intelligence has been defined as "the ability to act with wisdom and compassion, while maintaining inner and outer peace, regardless of the circumstances".
2. Psychological Well-being: Psychological well-being consists of positive relationship with others, personal mastery, autonomy, a feeling of purpose and meaning in life and personal growth and development.

Need of the Study - Youth are considered as the pillars of any nation's development. As per the statistics and findings revealed by various researches, it can be concluded that children are drifting towards stress, depression, anxiety disorders that may lead to mental diseases and suicidal thoughts. It affects their development negatively in the long run.

Statement of the Problem - "The Effect of Education System on Spiritual Intelligence and Psychological Well-being of music Students: A comparative study of Gurukul and Government School."

Objective of the Study - The specific and primary objectives of the study are :

1. To study the impact of education system (Gurukul & Government) on the spiritual intelligence of the music students.
2. To study the impact of education system (Gurukul & Government) on the psychological well-being of the music students.

Hypothesis - The present study aimed to test the following hypotheses:

- **H1** : There will be no significant difference in spiritual intelligence of those music students who study in Gurukuls and Government schools at the entry level.

Alternative Hypothesis: Gurukul education significantly enhances spiritual intelligence of music students after intervention.

- **H2** : There will be no significant difference in psychological well-being of those music students who study in Gurukuls and Government schools at the entry level.

Alternative Hypothesis: Gurukul education significantly enhances psychological well-being of music students after intervention.

Limitations of the Study

1. The sample investigated students of secondary schools.
2. The data was collected only districts Hathras.
3. Due to the low strength of new admissions in Gurukuls, only 50-50 new-admitted students from both the groups were sampled for the intervention.
4. The duration of intervention was only for two months.

*Associate Professor, Rajasthan Sangeet Sansthan, Jaipur (Raj.) INDIA

5. This study is centered only on students of age range 10-15 years studying in class 6-8th.

Research Design - The present research is a combination of Pre-test Post-test experimental-control group design. The Experimental Group (students who study in Gurukul) will have to practice yoga and chant mantras daily as a part of their routine curriculum. The Control Group (students who study in Government schools) will not be exposed to yoga practice and mantra chanting.

Table 1 (see in last page)

Sample: The researcher collected data of 100 students studying in Gurukul and Government schools of Hathras. The students of class 6th to 8th were selected for this study.

Table 2: Sample of the present study

Group	Name of School	No. of Students	Class
Experimental Group	Gurukul, Hathras	50	6th – 8th
Control Group	Inter College, Hathras	50	6th – 8th

Tools

1. Spiritual Intelligence Self-Report Inventory (SISRI-24) Was Developed By David B King.
2. Psychological Well-Being Scale (PWBS-50) Developed By Dr. Devendra Singh Sisodia And Pooja Choudhary (2012).

Statistical Analysis - The hypotheses were tested against the independent 't' test and Paired 't'-Test at .05 level of significance with IBM SPSS 24 Version software. The table reports the baseline comparison of mean, SD, 't', and 'p' values of spiritual intelligence and psychological well-being amongst the music students of Gurukul & Government schools. The results show that there is no significant difference in the spiritual intelligence and psychological well-being of Gurukul & Government School students at the entry-level.

1. Pre-Test Analysis

Table 3 (see in last page)

The table 3 reports the pretest-posttest comparison of mean, SD, 't', and p values of spiritual intelligence and psychological well-being amongst the music students of Gurukul and Government schools. The results show that there is no significant difference in the Spiritual Intelligence and Psychological Well-being of Gurukul & Government School students at the entry-level.

Figure 1 (see in last page)

2. Post-Test Analysis (after intervention)

Table 4 (see in last page)

The table 4 reports the post-test comparison of mean, SD, 't' and 'p' values of spiritual intelligence and psychological well-being among the students of Gurukul & Government schools. The results show that there is a significant difference in spiritual intelligence and psychological well-being of music students who have been exposed to Gurukul Education System as a part of intervention.

Figure 2 (see in last page)

3. Pretest-Post Test Results

Table 5 (see in last page)

The table 5 reports the pretest-posttest comparison of mean, SD, 't' and 'p' values of spiritual intelligence and psychological well-being among the new-entrants of Gurukuls. The results indicate that the education of Gurukuls plays a significant role in enhancing spiritual intelligence and psychological well-being.

Figure 3 (see in last page)

Table 6 (see in last page)

The table 6 reports the pretest-posttest comparison of mean, SD, 't' and 'p' values of spiritual intelligence and psychological well-being among the new-entrants of Government schools. The results show that Government schools do not play an important role in developing spiritual intelligence and psychological well-being.

Figure 4 (see in last page)

Conclusion

Pre-test Results

1. (HO1) There was no significant difference in the spiritual intelligence among the new entrants of Gurukuls and Government schools at the entry level.
2. (HO2) There was no significant difference in the components of psychological well-being among the new entrants of Gurukuls and Government schools at the entry level.

Post-test Results

1. (H1) There was a significant difference in the psychological well-being scores among the new entrants of Gurukuls and Government schools after intervention. The hypothesis was supported since the spiritual intelligence scores were found enhanced among the new entrants of Gurukuls.
2. (H2) There was a significant difference in the components of psychological well-being among the new entrants of Gurukuls and Government schools after intervention. The hypothesis was supported since the components of psychological well-being were found enhanced among the new entrants of Gurukuls.

Application of the Study - This study recommends that the Values of Gurukul Education be enforced in schools to help students develop spiritual intelligence and psychological well-being to evolve as a superior human being.

References :-

1. Agarwal, S., Kumar, V., Agarwal, S., Brugnoli, M. P., & Agarwal, A. (2018). Meditational spiritual intercession and recovery from disease in palliative care: a literature review. *Ann Palliat Med*, *7*(1), 41-62.
2. Bryman, A. (2001). The nature of qualitative research. Social Research Methods, 264-288.
3. Burke, C.A. (2010). Mindfulness-based approaches with children and adolescents: A preliminary review of current research in emergent field. Journal of child and family studies, 19(2): 133-134.

4. Buzan, T. (2001). *The power of spiritual intelligence: 10 ways to top into your spiritual genius*. New York: Harper Collin Publishers Ltd.
5. Cohen, J., & Miller, L. (2009). Interpersonal mindfulness training for well-being: A pilot study with psychology graduate students. The Teachers College Record, 111(12), 2760-2774.
6. Dash, B.N. (2003). History of Education System in India. New Delhi: Dominant Publications & Distributions, pp. 26.
7. Deal & Peterson (2011). Shaping School Culture, Jossey-Bass (e-book).
8. Emmons A.R. (2000). Spirituality and intelligence: Problems and prospects. The International Journal for the Psychology of Religion. 10(1), 57-64.
9. Emmons, R.A., & McCullough, M.E. (2003). Counting blessings versus burdens: an experimental investigation of gratitude and subjective well-being in daily life. Journal of personality and social psychology, 84(2), 377.

Table 1: Research Design of the present study

Group	Pre-test(DV)	Intervention	Post-test(DV)
Experimental Group (Gurukul)	● Spiritual ● Intelligence ● Psychological ● Well-being	● Practicing Yoga ● Chanting Mantras (for two months)	● Spiritual ● Intelligence ● Psychological ● Well-being
Control Group (Government Schools)	● Spiritual ● Intelligence ● Psychological ● Well-being	**No Intervention**	● Spiritual ● Intelligence ● Psychological ● Well-being

Table 3: Baseline Mean comparison of Spiritual Intelligence and Psychological Well-being in Gurukul & Government Schools

S.	Area of study	Gurukul Mean(SD)	Government School Mean (SD)	't' value	P value
1.	Spiritual Intelligence	47.44(1.580)	47.68(1.133)	0.873	0.751 (NS)
2.	Psychological well-being	68.32(2.065)	68.14(1.874)	0.457	0.649 (NS)

N=100 (Gurukul Students=50, Government Student=50)

Figure 1: Baseline Mean comparison of Spiritual Intelligence and Psychological Well-being in Gurukul & Government Schools.



Table 4: Post-test mean comparison of spiritual intelligence and psychological well-being in Gurukul & Government schools.

S.	Area of study	Gurukul Mean(SD)	Government School Mean (SD)	't' value	P value
1.	Spiritual Intelligence	57.65(1.175)	47.35(1.672)	50.398	.000*
2.	Psychological well-being	79.63(1.631)	68.37(1.358)	45.045	.000*

N=100 (Gurukul Students=50, Government Student=50)

Figure 2: Post-test Mean comparison of Spiritual intelligence and psychological well-being in Gurukul & Government schools



Table 5: Pretest-posttest Mean comparison of spiritual intelligence and psychological well-being in Gurukuls

S.	Area of Study	Pre-test Mean (SD)	Post-test Mean (SD)	't' value	P value
1.	Spiritual Intelligence	47.44(1.580)	57.65(1.175)	58.732	.000*
2.	Psychological Well-being	68.32(2.065)	79.63(1.631)	47.018	.000*

N=50

Figure 3: Pretest-Posttest Mean comparison of Spiritual Intelligence and Psychological Well-being in Gurukuls



Table 6: Pretest-posttest mean comparison of spiritual intelligence and psychological well-being in Government schools.

S.	Area of study	Pre-test Mean (SD)	Post-test Mean (SD)	't' value	P value
1.	Spiritual intelligence	47.68(1.183)	47.35(1.672)	.537	.593-NS
2.	Psychological well-being	68.14(1.874)	68.37(1.357)	.473	.637-NS

N=50

Figure 4: Pretest-posttest mean comparison of spiritual intelligence and psychological well-being in Government schools.



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

भारतेन्दु की भाष्य दृष्टि

संजीव मिश्र*

प्रस्तावना - 'भारतेन्दु युग में मुख्य संघर्ष हिन्दी की स्वीकृति और प्रतिष्ठा को लेकर था, फारसी के स्थान पर हिन्दी को प्रतिष्ठा दिलाने के लिए किए गए प्रयत्न ही जागरण के आधार बने। इस युग के दो लेखक - पहला राजा लक्ष्मण सिंह ने विशुद्ध संस्कृतनिष्ठ हिन्दी का समर्थन किया और राजा शिव प्रसाद ने हिन्दी का गँवारूपन दूर करते-करते उसे उर्दू-ए-मुअल्ला बना दिया। इन दोनों के बीच सर्वमान्य खड़ी बोली हिन्दी की प्रतिष्ठा कर महिन्दी साहित्य की विविध विधाओं की भाषा संबंधी विकास का ऐतिहासिक कार्य स्वयं भारतेन्दु ने पूरा किया।'[1]

भारतेन्दु के समय में मौलवी शिष्टाचार का प्रधान्य था। उठना, बैठना, बोलना, हँसना, फारसी अदब के अधीन था। अदालतों की भाषा उर्दू थी, उर्दू पठन-पाठन के प्रति सारे लोग विवश थे चूँकि वही पेट या जीविका की समस्या हल करती थी। उधर अँग्रेजी शिक्षित समुदाय भी हिन्दी को हीन दृष्टि से देखते थे। अँग्रेजी - शिक्षा का माध्यम थी, इससे हिन्दी भाषा साहित्य का पठन-पाठन नष्ट हो गया था। अपनी भाषा के प्रति सरकारी नौकरी के चक्कर में पड़कर भारतवासी उदासीन हो गए थे। भारतेन्दु को उर्दू या अँग्रेजी किसी भाषा से विरोध नहीं था। वे स्वयं 'रसा' नाम से उर्दू में काव्य रचना करते थे, अँग्रेजी उन्होंने स्वाध्याय से सीखा था। ज्ञान वृद्धि के लिए वे किसी भी भाषा का अध्ययन आवश्यक समझते थे। वे अपनी मातृ-भाषा हिन्दी का ज्ञान-कोष भरना चाहते थे। वे दूसरी भाषाओं का खजाना लूटकर भी अपनी भाषा का खजाना भरना चाहते थे। हिन्दी का अपमान, उनकी दृष्टि में राष्ट्र का अपमान था। हिन्दी भाषी क्षेत्र में हिन्दी का अपमान देखकर वे मर्माहत थे। हिन्दी मातृभाषा थी और मातृभाषा का अनादर माता के अनादर से बढ़कर था। राष्ट्रप्रेम की भावना से आविल (व्यग्र-बेचैन) होकर ही उन्होंने उर्दू समर्थक राष्ट्रीय सरकारी नीति का विरोध किया था और उनलोगों की अच्छी खबर ली थी, जो भारतवासी होकर अँग्रेजीदाँ बनकर हिन्दी को हीन दृष्टि से देखते थे। हिन्दी आंदोलन जो पहले से चला आ रहा था, भारतेन्दु ने 1884 ई0 में 'उर्दू का श्यापा' लिखकर, इस आंदोलन को तीव्र गति दी। सन् 1877 में उन्होंने हिन्दी कोष की वृद्धि के लिए, हिन्दी की उन्नति पर व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान पद्यात्मक भाषण था। उन्होंने हिन्दी मातृभाषा का हमेशा पक्षग्रहण करने के लिए सरकारी नीति का विरोध किया। उन्होंने राजा शिव प्रसाद को हिन्दी का गला घोंटने वाला बताया। हेनरी पिनकॉट ने राजा शिवप्रसाद से लड़ाई लेने में भारतेन्दु का साथ दिया। उर्दू विदेशी जामा पहने हुए थी और हिन्दी से उसका टकराव चल रहा था। उन्होंने स्फुट कविताओं में एक सवैया रचा, जिसमें उन्होंने हिन्दी की दुर्गति पर आँसू टपकाए। यह सवैया द्रष्टव्य है -

'भोज भरे अरू विक्रमहु किनको अब रोई कै काव्य सुनाइये।
भाषा भई उरदू जग की अब तो इन ग्रंथन नीर डुबाइये।।
राजा भये सब स्वारथ पीन अमीरहू हीन किन्हैं दरसाइये।
नाहक देनी समस्या अबै यह ग्रीसमैं प्यारे हिमन्त बनाइये।।'[2]

हिन्दी साहित्य के इतिहास में 19वीं सदी भाषा की दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय है। इसी शताब्दी में खड़ी बोली ने गद्य और पद्य पर समान रूप से अपना अधिकार जमाया। इसलिए हिन्दी साहित्य के आधुनिक काल को 'गद्य काल' की अपेक्षा 'खड़ी बोली काल' कहना अधिक उपयुक्त है। लेकिन भारतेन्दु इस बात पर अडिग थे कि खड़ी बोली लिखने की भाषा अर्थात गद्य की भाषा है, यह कविता की भाषा नहीं हो सकती। भारतेन्दु ने कविता के लिए 'ब्रजभाषा' को ही सर्वोचित मान्यता प्रदान की। उन्होंने खड़ी बोली में कुछ कविताएँ लिखनी चाही तो वे भोंडी बन गई। संभवत: इसी को लक्ष्य कर आचार्य शुक्ल ने 'आधुनिक काल' को 'गद्य काल' के नाम से पुकारा। भारतेन्दु की इस भाषा दृष्टि पर यदि गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए तो यह मानना पड़ेगा कि उन्होंने ब्रजभाषा को हिन्दी का रूप मानकर जो अपनी दृष्टि दी, उसी के अंतर्गत हिन्दी को एक भाषा मानकर जो रूप दी, उसी के अंतर्गत अवधी, भोजपुरी, मैथिली, छत्तीसगढ़ी आदि हिन्दी में समाविष्ट हो गई। उन्होंने 'हिन्दी भाषा' नाम से एक वृहत लेख लिखा, इस लेख में इन्होंने हिन्दी भाषा के 3 भेद किए हैं -

(क) घर में बोलने की भाषा।
(ख) कविता की भाषा।
(ग) लिखने की भाषा।

घर में बोलने की भाषा के अंतर्गत इन्होंने खड़ी बोली ओर बनारसी को रखा है, खड़ी बोली के बारे में लिखते हैं - 'अब पश्चिमोत्तार देश में घर में बोलने की भाषा कौन है, यह निश्चित नहीं होता, क्योंकि दिल्ली प्रांत के व अन्य नगरों में भी खत्रियों व पछाही अगरवालों व पछाही जातियों के अतिरिक्त घर में हिन्दी कोई नहीं बोलते, वरन यहाँ पर तो कोस-कोस पर भाषा बदलती है। .... ऐसी ही पश्चिमोत्तर देश में अनेक भाषा है, पर उनमें ऐसे नगर थोड़े हैं, जिनमें आबाल, वृद्ध, बनिता खड़ी बोली बोलते हों - इसी पश्चिमोत्तार देश में कई नगर ऐसे हैं, जहाँ यखड़ी बोली' मातृभाषा है।

पुन: बनारसी के संबंध में वे लिखते हैं कि '..................जो हो, यह सिद्धान्त है कि जो यहाँ के शिष्ट लोग बोलते हैं, वह परदेशी भाषा है और यह पश्चिम से आई है। काशी के उस पार ही रामनगर में ययहाँ की बोली बोली जाती है और यह मिर्जापुर की भाषा से बहुत मिलती है ....अतएव यद्यपि काशी ऐसे पूर्व प्रदेशों की मातृभाषा व घर में बोल-चाल की भाषा हिन्दी है, यह तो हम कह नहीं सकते।'[3]

कविता की भाषा, भारतेन्दु के अनुसार ब्रजभाषा है। इस काव्य भाषा

* सहायक प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा, नी.पी.विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर (झारखंड) भारत

की परंपरा पर इन्होंने प्रकाश डालते हुए कहा है – 'पश्चिमोत्तर देश की कविता की भाषा ब्रजभाषा है, वह निर्णीत हो चुकी है और प्राचीन काल से इसी भाषा में कविता करते आते हैं, परंतु यह कह सकते हैं कि यह नियम अकबर के समय के पूर्व नहीं था क्योंकि मलिक मोहम्मद जायसी और चांद की कविता विलक्षण ही है, और वैसे ही तुलसीजी ने ब्रजभाषा का नियम भंग कर दिया है।'[4] ब्रजभाषा के अतिरिक्त इन्होंने बुंदेलखंडी, पंजाबी, मारवाड़ी और नई भाषा की चर्चा की है। इन्होंने कहा है कि जैसे ब्रजभाषा में कविता होती है, वैसे ही उपर्युक्त सभी भाषा में कविता लिखी जाती है। लेकिन पूरब में कवियों की वृद्धि है इसलिए एक नयी भाषा चल पड़ी है। बंगभाषा हिन्दी से बिल्कुल विलक्षण है, लेकिन बंगभाषा का पुराना स्वरूप ब्रजभाषा ही है। बंगाली विद्वानों में इस विषय में मतभेद है, किन्तु 'हमको ऐसा निश्चित होता है कि उन कवियों ने ब्रजभाषा में ही कविता करने की चेष्टा की हो तो क्या आश्चर्य है।'[5] वे आगे लिखते हैं – 'प्राचीन कविगण की भाषा वर्त्तमान ब्रजभाषा और मैथिली से बिल्कुल मिली हुई है। भारतेन्दु ने खड़ी बोली हिन्दी कविता का नाम 'नई भाषा' दिया है और इसे भोंडी कविता की भाषा भी कहा है। भारतेन्दु के अनुसार लिखने की भाषा खड़ी बोली है, यह खड़ी बोली उनके अनुसार पश्चिम से आई है, पंजाबी, ब्रजभाषा इत्यादि भाषाओं से बिगड़ कर बनी है। वे लिखने की भाषा – खड़ी बोली हिन्दी के संबंध में टिप्पणी करते हैं कि 'इसमें बड़ा झगड़ा है, कोई कहता है कि उर्दू मिलने चाहिए कि कोई संस्कृत शब्द होने चाहिए, अपनी-अपनी रूचि के अनुसार सब लिखते हैं और उस हेतु कोई भाषा अभी निश्चित नहीं हो सकती।'[6] भारतेन्दु ने इसी निबंध में घर में बोलने की भाषा, बनारसी के दो भेद किए हैं –

(क) मुख्य बनारसी।

(ख) अमुख्य बनारसी।

मुख्य बनारसी के 2 भेद किए – शिष्ट लोगों की भाषा व अशिक्षितों की भाषा। शिष्ट लोगों के भाषा का भी 2 भेद – पूरबियों से प्रभावित व पुराने कशेरों लोगों की भाषा, और अमुख्य बनारसी के भी 2 भेद किए हैं – बदमाशों की भाषा व डोमों की भाषा।

भारतेन्दु ने लिखने की भाषा की 12 शैलियों का विवेचन किया है, वे इस प्रकार हैं –

1) जिसमें संस्कृत के शब्द बहुत हैं।
2) जिसमें संस्कृत के रूप बहुत थोड़े हैं।
3) जो शुद्ध हिन्दी हैं।
4) जिसमें किसी भाषा के शब्द मिलने के नेम नहीं हैं।
5) जिसमें फारसी के शब्द विशेष हों।
6) जिसमें अँग्रेजी शब्द हिन्दी ही के मिलते हैं।
7) जिसमें पूरबियों की बोली व काशी जी की देशभाषा है।
8) जो काशी के अर्द्धशिक्षित बोलते हैं।
9) दक्षिण के लोगों की हिन्दी।
10) बंगालियों की हिन्दी।
11) अँग्रेजों की हिन्दी।
12) रेलवे की भाषा।

भारतेन्दु ने उक्त सभी शैलियों का अपनी रचनाओं में प्रयोग किया है। उन्होंने 'कालचक्र' में लिखा है कि हिन्दी नए चाल में ढली सन् 1873 ई0 में इस बात को लक्ष्य कर कहा जाता है कि भारतेन्दु ने 'विद्या-सुंदर' की रचना करके एक नई भाषा का प्रचलन किया, इस शैली को 'हरिश्चंद्री हिन्दी' की संज्ञा दी। भारतेन्दु ने अपने इस निबंध के अंत में लिखा है – 'हम इस स्थान पर बात नहीं करना चाहते कि कौन भाषा उत्तम है और वही लिखनी चाहिए, पर हाँ मुझसे कोई अनुमति पूछे तो मैं कहुँगा कि नंबर 2 और नंबर 3 लिखने योग्य है। डॉ0 वार्ष्णेय ने भारतेन्दु के इस कथन को लक्ष्य करके लिखा है कि यवास्तव में तीसरा अवतरण की शैली ही, हिन्दी की जातीय शैली है। भारतेन्दु ने अपने गद्य की भाषा का यही रूप ग्रहण किया है ....बन गए थे।'[7] लेकिन प्रो0 डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक ने भारतेन्दु की निम्नलिखित पंक्तियों को उद्धत किया है – 'बड़ा झगड़ा है, कोई कहता है कि उर्दू के शब्द मिलने चाहिए, कोई कहता है कि संस्कृत के शब्द होने चाहिए और अपनी रूचिनुसार सब लिखते हैं और इस हेतु कोई भाषा अभी निश्चित नहीं हो सकती। प्रो0 डॉ0 पाठक जी ने इस पर अपनी टिप्पणी देते हुए आगे लिखा है – इसे भारतेन्दु की अपनी भाषा शैली संबंधी निर्णय नहीं समझना चाहिए। सच्ची बात तो यह है कि उन्होंने आवश्यकता महसूस की थी, कि हिन्दी खडी बोली की शैली निश्चित हो जानी चाहिए।'[8] ऐसे इन्हीं आवश्यकताओं की पूर्त्ति और निर्देश के लिए यह लेख लिखा था।

निष्कर्ष – डॉ0 राम विलास शर्मा ने यभारतेन्दु की हिन्दी भाषा को देन पर अपना मंतव्य देते हुए लिखा है – 'भारतेन्दु ने खड़ी बोली के हिन्दी रूप को सँवार कर हमारी जाति की सांस्कृतिक आवश्यकताएँ पूरी की। इस हिन्दी के कारण यहाँ की जनता भी अन्य प्रदेशों के साथ, संस्कृति की एक सामान्य दिशा में बढ़ने में समर्थ हुई। भारतेन्दु के साहित्य में परंपरागत सांस्कृतिक धाराओं के साथ नए युग की राष्ट्रीय और जनवादी संस्कृति की धाराएँ आ मिलीं। उनके विचारों में असंगतियाँ हैं, लेकिन जो लोग हिन्दी-उर्दू साहित्य का विकास, हिन्दू और मुस्लिम राष्ट्रवाद से संबद्ध करते रहे हैं और वैज्ञानिक दृष्टि के नाम पर सूर और तुलसी का नाम ही हिन्दी साहित्य के इतिहास से काट देने पर तुले हुए हैं, उनके विचारों की 'तारतम्यता' के मुकाबले में भारतेन्दु युग की असंगतियाँ नगण्य हैं।'[9]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास – डॉ0 नागेन्द्र, पृ.सं. 456
2. स्फुट कविताएँ – भारतेन्दु ग्रंथावली, पृ.सं.-866
3. भारतेन्दु की गद्य भाषा – डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक, पृ.सं. 338
4. भारतेन्दु की गद्य भाषा – डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक, पृ.सं. 339
5. हिन्दी भाषा भारतेन्दु हरिश्चंद्र – भारतेन्दु की गद्य भाषा – डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक, पृ.सं. 340
6. हिन्दी भाषा – भारतेन्दु हरिश्चंद्र, उद्धत – भारतेन्दु की गद्य भाषा – डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक, पृ. 341
7. भारतेन्दु हरिश्चंद्र – डॉ0 लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय, पृ.सं. 193-94
8. भारतेन्दु की गद्य भाषा – डॉ0 ब्रजकिशोर पाठक
9. भारतेन्दु हरिश्चंद्र – डॉ0 राम विलाश शर्मा, पृ.सं.-144

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

ग्रामीण विकास में 'नवा अंजोर' परियोजना - एक अध्ययन (छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष संदर्भ में)

डॉ.ई.व्ही.रेवती* डॉ.के.एल.टाण्डेकर**

प्रस्तावना - 1 नवम्बर सन 2000 को पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश से गठित छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 19720 आबाद ग्राम है, जिसमें से 48% अर्थात 9500 गांवो में आधे से अधिक आबादी अनुसूचित जाति/जनजाति की है। ग्रामीण जनता की आबादी 82% से अधिक है। राज्य में सुदृढ़ प्रशासन एव कानून व्यवस्था और पंचायती राज्यव्यवस्था है, फिर भी नागरिको की आर्थिक, सामाजिक दशा में सुधार के लिए ढेर सारे कार्य किये जाने की आवश्यकता है। वर्ष 1997 को गरीबी रेखा सर्वेक्षण के अनुसार छ.ग. राज्य में 1428748 परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते है। जहाँ आज भी मूलभूत सुविधाओं में बिजली 46%, स्वच्छ पेयजल 65%, शौचालय एवं उक्त तीनो सुविधा 52.7% ग्रामो में ही उपलब्ध है। छ.ग. राज्य की बडी आबादी विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो में आज भी विकास की दौड़ में पिछडी हुई है। प्रदेश को प्रगति पथ पर लाने एवं विकास को तेज गति देने के लिए जरूरी है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को आर्थिक स्थिति के आधार पर मजबूत किया जाये। ग्रामीण भाई-बहनो की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए राज्य में छ.ग. ग्रामीण गरीबी उन्मूलन योजना 'नवा अंजोर' की शुरूआत की गई है।

हमारा प्रदेश गांवो का प्रदेश है, सामान्यत: गांवों की सामाजिक व्यवस्था में बड़ा किसान मालगुजार, मध्यम किसान, सीमांत किसान, भूमिहीन मजदूर पलायन करने वाले मजदूर दिखाई देते है, इनमें से अधिकांश व्यक्ति अपने नियमित काम-काज के बारे में चितित रहते है। गांव में रहने वाले किसान मजदूर अनु जाति, अनु.जनजाति परिवारो, कमजोर गरीब परिवारों का आर्थिक सामाजिक स्तर में सुधार आवश्यक है, वास्तव में इनके पास अपनी आमदनी बढ़ाने की सोच तो है, परंतु आवश्यक पंजी एवं साधनो की कमी रहती है। ग्रामीणजन प्राय: जादू टोना, टोनहीं प्रथा, झाड-फूक आदि अंधविश्वास, बाल-विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों में जकड़े होने तथा आपसी वाद-विवाद, जमीन-जायदाद, न्यायालयीन प्रकरणों के कारण उधारी में जकडे हुए है। ग्रामीणो को प्राय: आवश्यकता पड़ने पर अपने पड़ोसी रिश्तेदार साहूकार, मालगुजार, नौकरी पेशा वालो से एवं व्यापारी वर्ग आदि से ऊंचे व्याजदर पर ऋण लेना पड़ता जिन्हें आज पर्यन्त ऋण के बदले में जमीन, जेवर गिरीवी रखने पड़ते है। ग्रामीणो को ऋण के बदले में जमीन, जेवर गिरवी रखने पड़ते है। यही ग्रामीणों की निर्धनता का महत्वपूर्ण कारण है। साथ ही बुरी आदते भी इन्हे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में बाधक है।

प्रदेश के आर्थिक विकास को मजबूती देने में ग्रामीण क्षेत्रो में आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ग्रामीण क्षेत्रों के पिछड़ेपन एवं गरीबी दूर करने के लिए यह जरूरी है कि ग्रामीण जनो के परंपरागत व्यवसाय को सुनिश्चित रखते हुए आज की जरूरतो के मुताबिक आवश्यक बदलाव लाएं एवं इन्हे आर्थिक दृष्टि से अधिक लाभकारी बनाये। इसी परिप्रेक्ष्य में छ.ग. राज्य में गरीबी उन्मूलन परियोजना का शुभारंभ किया गया।

छ.ग. प्रदेश की कुल जनसंख्या 2,0833803 है जो देश की जनसंख्या का 2.03 प्रतिशत है। इसमें पुरुष 10474218 एवं महिला 10359585 की संख्या है, प्रदेश में कुल 20796 ग्राम तथा 9810 ग्राम पंचायते है। कुल ग्रामों में 48 प्रतिशत से अधिक ग्राम में अनुजाति, जनजाति की आबादी है। 1997 के सर्वेक्षण अनुसार राज्य में 1428748 परिवार गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर कर रहे। आज पूरे देश के सामने गरीबी उन्मूलन एक चुनौती है । छ.ग. सरकार ने इस चुनौती से निपटने 'नवा अंजोर' परियोजना को हाथ में लिया है। यह परियोजना समाज से गरीबी दूर करने गांवों की क्षमता का विकास स्थानीय स्तर पर ही आय के अवसर की उपलब्धता, भूमिहीन, गरीब, साधनहीन के जीवनस्तर में सुधार लाने गरीबो को विशेषकर महिलाओं को ऐसे अवसर उपलब्ध कराना जिससे की वे अपना विकास कर सके एवं सतत् रूप से इनकी स्थिति में सुधार हो सके जैसे उदेश्यों को ध्यान में रखकर योजना का सवाल किया जा रहा है। परियोजना की रणनीति के तहत साधनहीन लोगो का समूह गठित कर राशि खाते में उपलब्ध कराई जाती है, परियोजना में पुरूषों के, महिलाओं के अथवा पुरा गांव का गांव भी समूह बन सकता है। किन्तु समूह में कम से कम 5 परिवारो का होना आवश्यक है। समूह के अन्दर सदस्य को अधिकतम 30 हजार रूपये के मान से राशि देय होती है। यह राशि समाजिक गतिविधियों का लिए प्रदान की जाती है। इस राशि का उपयोग समूह द्वारा 5 वर्ष के भीतर किया जा सकेगा।

समाहित समूह कामकाज को अपनी जरूरती के आधार पर करेंगे समूह प्राय: कृषि कार्य उदारी राजमिस्त्री, फीचर कार्य, टयूबवेल, कुंआ एवं पंप मत्स्य पालन, फोटोग्राफी, किराना दुकान, बोकशाला, बैण्ड पार्टी, हालर मिल, अगरबत्ती निर्माण, वनोपज से संबंधित कार्य खपरा निर्माण, ढेड-डबलरोटी निर्माण, ईटभट्टा, खदान, मुर्गीपालन, बकरी पालन गतिविधियां के अतिरिक्त ग्राम पंचायत अधोसंरचना विकास जैसे कार्य कर सकते है।

परियोजना का कार्यक्षेत्र - नवा अंजोर परियोजना प्रदेश के आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछडे एवं संसाधनों की कमी वाले चयनित विकासखंडों के अंतर्गत गांवो में संचालित की जा रही है, ताकि वहां के लोगो को भी

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** प्राचार्य, शासकीय बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

मुख्यधारा में आने का अवसर प्राप्त हो सकें। नवा अंजोर परियोजना मुख्यत: सहभागिता, सशक्तिकरण, विकेन्द्रीकरण, पारदर्शिता और परस्पर सहयोग पर आधारित है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, पलायन करने वाले, सीमान्त-भूमिहीन किसान परिवार एवं महिलाओं पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है।

जिले का नाम	परियोजना क्षेत्र में शामिल विकासखंड	कुल ग्राम पंचायते
रायपुर	धरसींवा, तिल्दा, आरंग, छुरा	209
धमतरी	धमतरी, कुरूद, मगरलोड	183
महासमुंद	महासमुंद, बसना, सरायपाली	150
दुर्ग	दुर्ग, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, नवागढ़	212
राजनांदगांव	डोंगरगांव, अम्बागढ़ चौकी, छुरिया	171
कबीरधाम	कवर्धा	62
बिलासपुर	बिल्हा, कोटा, मस्तुरी, पेण्ड्रा	183
कोरिया	बैकुंठपुर	50
कोरबा	करतला	50
जांजगीर चांपा	सक्ती	50
रायगढ़	रायगढ़, तमनार, धरमजयगढ़	150
सरगुजा	वाड्रफनगर, रामचन्द्रपुर, ओडगी, कुसमी	196
जशपुर	जशपुर, बगीचा, फरसाबहार	141
बस्तर	बस्तर	55
कांकेर	भानुप्रतापपुर, चारामा, अन्तागढ़	141
दंतेवाड़ा	दंतेवाड़ा	31

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से माह जून 2004 में योजना प्रारंभ की गई। लगभग 617.25 करोड़ रूपये की योजना जिसमें 558 करोड़ रूपये विश्व बैंक से और शेष 59.25 करोड़ रूप में राज्य शासन द्वारा लगाया जाएगा। परियोजना का क्रियान्वयन प्रथम चरण के तहत प्रदेश के 16 जिलो के 40 विकासखण्डो के 2000 ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। पांच वर्ष की योजना अवधि में 1 लाख गरीब परिवारों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। परियोजना अवधि वर्ष 2005 से 2010 तक है।

परियोजना की कुल लागत का विभिन्न मदो में व्यय का विवरण निम्नानुसार है -

कार्य का नाम	राशि (लाखो में)	प्रतिशत
ग्राम निवेश	50351.73	81.57
मानव संसाधन विकास	2133.18	3.45
ग्राम पंचायतो का सुदृढ़ीकरण	3268.18	5.29
परियोजना क्रियान्वयन	3180.57	5.15
प्रचार-प्रसार	740.31	1.79
मानिटरिंग लर्निंग	586.31	0.94
परियोजना प्रशासक	1464.16	2.37
कुल -	61725.01	100.00

स्त्रोत - कार्यालय छ.ग. ग्रामीण गरीबी उन्मूलन परियोजना रायपुर

परियोजना की 81 प्रतिशत राशि समुदाय और समुहो की उपयोजनाओ के लिए शेष 19 प्रतिशत राशि परियोजना के संचालन, प्रशिक्षण, मानिटरिंग तथा वतावरण तथा निर्माण के लिए व्यय का प्रावधान रखा गया है।

प्रदेश में नवा अंजोर परियोजना क्रियान्वयन में प्रारंभिक स्तर पर कठिनाईयां आई किन्तु इससे उबरकर यह तेजी से अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर बढ़ रही है। जून 2004 में न्यूनतम मैदानी अमले के साथ योजना शुरू तो हुई किन्तु अब विभिन्न पदो पर प्रतिनियुक्ति एवं संविदा नियुक्ति के माध्यम से अमले का पदस्थापना की जा चुकी है। परियोजना के विभिन्न मदो में अब तक कई उपलब्धियां हासिल की गई है। कुल 2784 समहित समूह का गठन कुल 15375 परिवारों को आर्थिक गतिविधि संचालन के लिए राशि उपलब्ध कराई गई इन परिवारों में 5215 अनु.जनजाति तथा 2100 अनु.जाति 6441 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 1619 सामान्य वर्ग के लोग है। इन समूह को अब तक आर्थिक सहायता के रूप में वर्ष 2004-05 मे 355.06 लाख, वर्ष 2005-06 में 1892.74 लाख इस प्रकार कुल 2247.80 लाख रूपये स्वीकृत किए गये। ग्राम पंचायत अधोसंरचना विकास एवं उपयोजना मद में 2329.85 लाख की लागत के 1562 निर्माण कार्य स्वीकृति दी गई जिनमें 863 गली क्रांकिटीकरण 162 पुलिया निर्माण, 99 पचरीकरण, 79 पंचायत भवन निर्माण, 79 पम्प हाऊस, 50 खेल मैदान समतलीकरण, 56 नाली निर्माण, 50 मुक्तिधाम शामिल है। यह निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रति परियोजना की सार्थकता को स्पष्ट करता है। आज प्रदेश में कुल 580 महिला समहित समूह गठित हुए है, जिनमें 77 अनुजाति, 188 अनु जनजाति, 102 अन्य पिछड़ा वर्ग और 219 सामान्य वर्ग की महिलाओं के समूह है। इनमें कुल 3708 महिला सदस्य है।

प्रदेश में नवा अंजोर परियोजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास में वृद्धि के साथ साथ लोगो की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में भी परिवर्तन परिलक्षित हुआ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वच्छता के प्रति लोगों की सोच सकारात्मक हुई है। इतना ही नहीं परियोजना की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक उन्नयन का वातावरण निर्मित हुआ है। प्रदेश की सबसे बडी पलायन की समस्या का समाधान इसी योजना में निहित प्रतीत होता है। सहभागिता, समानता और विकेन्द्रीकरण को बल मिलेगा, प्रदेश के आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक परिदृश्य में बदलाव आएगा।

योजना के क्रियान्वयन में लोगो की अशिक्षा, रूढ़ीवादिता, आपसी अलगाव व्यवसायिक ज्ञान की कमी परस्पर सद्विश्वास का अभाव प्रशिक्षण, तकनीकी ज्ञान का अभाव तथा योजनामद के दुरूपयोग जैसे कारक इसे सफल होने में बाधक हो सकते है। अत: योजना शेष सभी विकासखण्डों में भी प्रारंभ की जावे उचित प्रशिक्षण मानिटरिंग, मूल्यांकन सतत् प्रक्रिया के तहत संम्पादित किया जावे, उत्पादित वस्तुओं के विपणन की समुचित व्यवस्था ग्राम स्तर पर ही किया जाए एवं आर्थिक सहयोग की राशि वर्तमान परिवेश को ध्यान रखते हुए बढ़ाना उचित होगा। तभी छ.ग. प्रदेश आर्थिक सामाजिक रूप से सक्षम बन सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नवा अंजोर बढ़ते कदम - छ.ग. ग्रामीण गरीबी उन्मूलन परियोजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विभाग
2. छ.ग. स्वप्न से यथार्थ की ओर देशबंधू विशेषांक अप्रेल 2006
3. योजना विशेषांक - 2008 अगस्त व्यापार व्यव्स्थापक (प्रसार एवं विज्ञान) प्रकाशन विभाग नई दिल्ली
4. State Credit Plan 2009-10, Finance Department, Mantralaya Campus Raipur (C.G.)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

मानवाधिकार की अवधारणा : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

डॉ. हनुमान प्रसाद मीना*

प्रस्तावना - जब एक बच्चा इस संसार में जन्म लेता है तो उसका यह हक है कि वह अपना सांसारिक जीवन संतोष जनक ढंग से, सुरक्षा से, बिना भेद भाव के और आनन्द पूर्वक बितायें। इस प्रकार किसी मनुष्य को ये सभी बुनियादि सुविधायें प्राप्त होगीं तो उसका उचित विकास होगा तथा अच्छे समाज का निर्माण होगा साथ ही सामाजिक न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति भी होगी। समाज मनुष्य की आपसी सहयोग सम्बन्धी आवश्कताओं की पूर्ति करता है। राज्य अनेक कानून, नियम एवं संहिताओं के माध्यम से मनुष्यों के जीवन के लिये आवश्यक आधारभूत अधिकारों की सुरक्षा, शान्ति एवं सद्भाव की प्राप्ति के लियें यथा सम्भव व्यवस्थायें स्थापित करता है। इस प्रकार जब मानव राज्य द्वारा स्थापित संहिता से व्यवस्थित जीवन व्यतीत करता है तो उसका कर्तव्य भी हो जाता है कि अपने को उन नियमों के अधीन रखे जो उसके व्यवहार को नियन्त्रित करते है, इससे एक अच्छे समाज व कल्याणकारी राज्य का निर्माण होगा। राज्य का उद्देश्य भी अच्छे समाज का निर्माण करना ही होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अधिकार है कि उसे अपनी मौलिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, एवं सांस्कृतिक उन्नति करने के लिये समान अवसर प्राप्त हों। राज्य का भी यह कर्तव्य है कि वह अधिकतम जन कल्याण सम्बन्धी कार्य करें। इस प्रकार राज्य द्वारा कल्याणकारी व्यवस्थायें स्थापित करने में ही सामाजिक न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति निहित है, और जब सामाजिक न्याय की व्यवस्था स्थापित होगी तो स्वत: ही मानवाधिकारों की प्राप्ति हो जायेगी।

मानवाधिकार का सामान्य अर्थ - वैसे मानवाधिकार की अर्थ व्याप्ति को लेकर कई तरह के विवाद हैं, फिर भी सामान्यत: हम कह सकते हैं कि मानवाधिकारों का अभिप्राय उन उन 'नैतिक अधिकारों' से है जिनके बिना मनुष्य मनुष्य नहीं रह जाता है और जिनसे युक्त होकर ही वह अन्य प्राणियों से भिन्न होता है परन्तु यहाँ एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि अभी जिस मानवाधिकार की बात हम कर रहे हैं उसमें उतनी व्यापकता नहीं है, उनकी राजनीतिक व्याख्या ही अधिक है।

मानवाधिकारों एवं सामान्य अधिकारों में अन्तर है कि जहाँ सामान्य अधिकारों के तहत मनुष्य को कानून द्वारा उसकी सुरक्षा एवं उसके अनुपालन के लिए उसे भावात्मक एवं निषेधात्मक दोनो प्रकार के अधिकार दिये जाते हैं, वहीं 'मानवाधिकारों' में उसके भावात्मक पहलू पर ही अधिक बल दिया जाता है अर्थात कानून के अनुपालन से अधिक कानून के सुरक्षा-दायित्व को अधिक महत्वपूर्ण समझा जाता है। पहले प्रकार की स्थिति में अधिकार देने वाली संस्था अर्थात् सरकार महत्वपूर्ण होती है और दूसरे प्रकार की स्थिति में अधिकार ही ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

'मानवाधिकार' एक ऐसा विषय है जिसके संरक्षण के लिए न केवल सरकार का एक अंग अर्थात् कार्यपालिका ही उत्तरदायी होती है, बल्कि कार्यपालिका एवं अन्य संगठनों के ऊपर निगरानी रखने एवं व्यक्तियों के अधिकारों के राज्य द्वारा अतिक्रमण से बचाने के लिए न्यायपालिका द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जा रही है।

'प्रत्येक मनुष्य जन्म से समान व मौलिक अधिकारों एवं सम्मान से युक्त है। वे विवेक एवं तार्किकता से सम्पन्न हैं और इसलिए उन्हें एक-दूसरे के साथ भातृत्व की भावना से पेश आना चाहिए।' मानवाधिकारों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन (1948) की घोषणा में मानवाधिकारों की मूल-भावना को अभिव्यक्त करते हुए इन्हीं शब्दों के साथ घोषणापत्र का प्रारूप तैयार किया गया था।

मानवाधिकार की अवधारणा विश्व मानव की अवधारणा को मूर्त रूप देने की अवधारणा है। मानवाधिकारों का मानव सभ्यता से सदैव निकटतम सम्बन्ध रहा देने की अवधारणा मानवाधिकारों का मानव सभ्यता से सदैव निकटतम सम्बन्ध रहा है। जब भी यह अवधारणा पल्लवित तथा पुष्पित हुई है और यहां तक कि वर्तमान में भी इसका पल्लवन मानव सभ्यता की परिपक्वता का मापदण्ड है। परन्तु इतिहास हमें इस पहलू पर निराश करता है, जब हम यह पाते हैं कि मानव व्यवहार, शासन प्रणाली तथा मानवाधिकारों की अवधारणा के बीच की विभाजक रेखा अत्यन्त चौड़ी रही है। विद्वान लेखक के अनुसार यदि मानव को गूंगे-बहरे व्यक्ति के रूप में नही जीना है, तब यह आवष्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति को सोचने, बात करने तथा कार्य करने की स्वतन्त्रता प्रदान की जाय। यदि विचार की अभिव्यक्ति तथा प्रेस एवं सम्पत्ति स्वतंत्रता को मूल्यवत्ता प्रदान करनी है, तो उन्हे प्रतिभूतित करना होगा। बिना उसके जीवन अनिश्चय तथा अन्धकार की गोद में चला जायेगा। मानव के अस्तित्व की रक्षा के लिए तथा मानव सभ्यता के पल्लवन के लिए मानवाधिकारों की रक्षा एक प्राथमिक शर्त है।

भारतीय संविधान में मानवाधिकारों को नई भावभूमि प्रदान की गई है। मानवाधिकार मानव गरिमा के पर्याय हैं। माननीय न्यायाधिपति सीकरी के अनुसार भारतीय संविधान के मूल तत्व के नींव के पत्थर मानव की स्वतंत्रता है। इसी बात को आगे बढ़ाते हुए माननीय न्यायाधिपति कृष्णा अय्यर ने यह कहा था कि हमारी सांविधानिक व्यवस्था का आध्यात्मिक आधार मानव गरिमा तथा सामाजिक न्याय है। विद्वान न्यायाधीश के अनुसार मानव गरिमा हमारे संविधान का मधुरतम मूल्य है जिसे दूर फेंका नही जा सकता। वस्तुत: मानवाधिकार संसार के सर्वोत्कृष्ट प्राणी मानव को समाज में गरिमा एवं मानव के रूप में प्रस्थिति दिलाने के प्रबल सम्बल हैं। अधिकार मानव के उस विश्वास की भावभूमि पर अवतरित होते हैं जो यह स्पष्ट करती है कि व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार जीने और जीवन के

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

पथ के संचालन का अधिकार है और इस अधिकार पर राज्य या समाज तभी नियंत्रण लगा सकते हैं जब एक व्यक्ति का अधिकार दूसरे के ऐसे ही अधिकार में हस्तक्षेप कर रहा हो। अत: वैयक्तिक अधिकार एवं सर्वजन कल्याण में सन्तुलन बनाये रखना मानवाधिकार का व्यवहारिक पहलू है। यह स्मरणीय है कि विधि और समाज अस्तित्व में आने के पहले भी मानव एक महत्वपूर्ण सामाजिक इकाई रहा है। विधियों का निर्माण मनुष्य के लिए ही किया जाता है। न्यायिक सम्बन्ध भी दो व्यक्तियों के बीच के सम्बन्ध है इसलिए अनेक अधिकार, कर्तव्य, दायित्व एवं दावा मिलकर मानव की अवधारणा को पुष्ट करते है और मानव समाज की एक इकाई बन जाता है। इस प्रकार मानवाधिकार देश काल की सीमा को पा कर जाते हैं और यदि किसी भी राष्ट्र का कानून मानव को मानव के रूप में व्यवहृत, नही करता तो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर यूरोपियन कोर्ट ऑन ह्यूमन राइट, संयुक्त राष्ट्र संघ, रेड क्रास एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं देश काल की सीमा को छोड़कर मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए आगे आ जाती हैं। डायस इसे ही 'सुपर नेशनल कन्ट्रोल' की संज्ञा देते हैं।

प्रत्येक व्यक्ति को समान स्वतंत्रता का प्राथमिक अधिकार प्राप्त है इसका केन्द्रीयकृत भाव यह है कि 'आत्मन: प्रतिकूलानि परेशां न समाचरेत' समान स्वतन्त्रता का अधिकार यह रेखांकित करता है कि हमें जिस कार्य से क प्रसन्नता होती है, हम जो चाहते है उसे करने का हमें अधिकार हो, परन्तु यदि दूसरों को अपनी पसन्द या इच्छानुसार आचरण करने में हमारी स्वतन्त्रता बाधक बनती है तो वह स्वतन्त्रता नियम की सीमा में आ जाती है। इसीलिए संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा यह उद्घोष करती है कि 'अधिकार और स्वतन्त्रता को सर्वजन कल्याण की सीमाओं में बांधा जा सकता है।' अनेक अन्तर्राष्ट्रीय घोषणाओं तथा राष्ट्रीय संविधानों में अधिकार पर ऐसी सीमाओं के स्पष्ट उल्लेख है। यह पहलू मानवाधिकार का उपयोगितावादी निर्वचन है।

डवार्किन मानवाधिकारों को विधिक एवं नैतिक दोनों सन्दर्भो में एक विशेष प्रस्थिति प्रदान करते है। नैतिक सन्दर्भ अधिकारों की श्रेणियों को स्पष्ट करता है जबकि विधिक सन्दर्भ हमें अधिकारों के उद्गम के स्त्रोतों को बताते है। अत: दोनों सन्दर्भ में यही बात स्पष्ट हुई है कि प्रत्येक नैतिक या राजनीतिक सिद्धान्त की अवधारणा व्यक्तिगत अधिकारों की भावभूमि पर अवलम्बित की जानी चाहिए। डवार्किन इस आधार पर मानवाधिकारों को पृष्ठभूमीय अधिकार कहते है और प्रवर्तन के आधार पर विधिक अधिकारों को संस्थागत अधिकार की संज्ञा देते है।

अमर्त्यसेन इन्हे 'मेंगा राइट' की संज्ञा देते है जो मूलभूत अधिकारों की प्राप्ति के सोपान का कार्य करते है। हेमिसफायर इन नैतिक दावों को दो भागों में बांटते है प्रथम भाग को वे सार्वभौमिक मानवीय आवश्यकता की संज्ञा देते है जबकि दूसरे भाग को एक निश्चित प्रकार के जीवन जीने की पद्धति से सम्बोधित करते है, ऐसी जीवन शैली जिसे देश विशेष की विधिक प्रणाली वैध मानती है।

जब हम मानवाधिकारों के प्रचार-प्रसार और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इनके संरक्षण की प्रबल भावना को देखते है तो इसके पीछे अधिकारों के महत्व की धुरी स्पष्ट दिखाई पड़ती है। यद्यपि बेंथम अधिकतम सुख के सिद्धान्त पर अडिग है और उनका यह उपयोगितावादी सिद्धान्त व्यक्तिगत अधिकारों के प्रयोग की कसौटी का कार्य करता है तथापि नील मैकार्मिक का यह कथन अत्यन्त समीचीन है कि सर्वजन हिताय कि दृष्टि से भी व्यक्तिगत अधिकारों को संरक्षण आवश्यक है। अत: ये उपयोगितावादी सिद्धान्त से असंगत नही है।

मानवाधिकार की संकल्पना सदियों से वैयक्तिक स्वतंत्रता को महात्वांकित करते रहने की राजनीतिक दर्शन की बीसवी सदी का नया अध्याय है और अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमयों द्वारा मानवाधिकारों के संरक्षण को रेखांकित करना और राज्यों की उसमें सहमति मानवता को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नया उपहार है। एक सूत्र के रूप में मानवाधिकार वैयक्तिक स्वतंत्रता का न्याय की सर्वोपरि कसौटी मानता है इसलिए विधिशास्त्र मानवाधिकारों की व्याख्या पर अत्यधिक जोर देकर उनके प्रवर्तन पर अधिक ध्यान देता है। सम्भवत: इसलिए हिर्ट ने हमें यह याद दिलाया है कि 'विधि की अवधारणा इतनी महत्वपूर्ण है कि इसे मात्र अधिवक्ताओं के ऊपर ही नही छोड़ा जा सकता।'

संविधानिक ढांचे में इनके प्रवर्तन का कार्य मुख्य रूप से न्यायपालिका का है और स्पष्टत: भारतीय न्यायपालिका अपनी इस भूमिका का गंभीरता से निर्वहन कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार के प्रवर्तन एवं उल्लंघन को रोकने के अनेक उपाय किये गये है। यूरोपियन कन्वेन्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स ने कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स का गठन किया है जहां व्यक्तिगत स्तर पर भी मानवाधिकारों के उल्लंघन की याचिका प्रस्तुत की जा सकती है। फर्म नोल्ड बनाम इ.सी. कमिशन में यह स्पष्ट अवधारित किया गया है। 4 नवम्बर 1950 के यूरोपियन कमिशन फॉर दी प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट तथा 20 मार्च 1952 के एडिशनल के अन्तर्राष्ट्रीय तन्त्रों ने इसी बात की पुष्टि की है कि सदस्य देश अपनी सांविधानिक परम्परा में संधियों के सन्दर्भ में इन अधिकारों की रक्षा के लिए बाध्य है।

मानवाधिकार उन आत्यंतिक अधिकारों की अवधारणा है जिन्हे ईश्वर ने मानव के जन्म के साथ उसे प्रदान किया है ये शोश्वत है और किसी भी देश के संविधान, राजनीतिक दल, शैक्षणिक व्यवस्था या अन्य सामाजिक व्यवस्थाओं से भी पुराने है। इनका आशय मानव गरिमा को संरक्षित बनाये रखता है इसीलिए फेडरल रिपब्लिकन ऑफ जर्मनी के संविधान के अनुच्छेद एक में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि मानव की गरिमा अनाक्रमणीय है तथा इसकी रक्षा एवं सम्मान करना समस्त राज्य प्राधिकारों का कर्तव्य है।

टी.एच.ग्रीन, हेरोल्ड लॉस्की अधिकारों को वैयक्तिक एवं सामाजिक जीवन की ऐसी परिस्थितियाँ माना है, जिनके बिना व्यक्ति प्रगति नहीं कर सकता। विश्व-स्तर पर मानवाधिकारों के तहत जिन अधिकारों पर आम सहमति है, उन्हें इस प्रकार से वर्गीकृत किया है- 1जीवन का अधिकार 2स्वतन्त्रता का अधिकार 3विश्वास एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता 4संघ अथवा समूह के निर्माण का अधिकार 5सम्पत्ति का अधिकार 6सामाजिक एवं आर्थिक अधिकार।

संयुक्त राष्ट्र संघ की मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा ने मानवाधिकारों को गरिमा, योग्यता एवं उपयोगिता से जोड़ दिया और यह स्पष्ट किया कि मानवाधिकार उस गरिमा को रेखांकित करते है जो मानव के व्यक्तित्व के विकास के लिए अन्तर्निहित तत्व है और प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान से देखे जाने का अर्थ प्रदान करते है। अत: जब हम इन सिद्धान्तों का विश्लेषण करते है तो यह स्पष्ट होता है कि मानव को मानव के रूप में देखे जाने, सम्मानित होने और समान भावभूमि पर प्रस्थिति के अनुसार व्यवहित किये जाने का वातावरण ही मानवाधिकारों की धुरी है।

वेदों में 'समानों मंत्र:, समिति समाने मन:' कह कर एक समता का सिद्धान्त रेखांकित किया गया है और 'सहनावतु सहनौ भुनक्त' भी इसी वृहद मानवता का सन्देश देता है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति का अपना मूल्य

है जिस दिन यह बात महत्वांकित हो जायेगी मानवाधिकारों की रक्षा कोई समस्या नही रह जायेगी। हमें ऐसा व्यवहार करना चाहिए जिसमें अपने स्यवं का और जिसके साथ व्यवहार किया जा रहा है उसके सम्मान एवं गरिमा की रक्षा हो सके। वे मानवाधिकारों को नैतिक सिद्धान्तों पर आधृत करने के पक्षपाती है जहा प्रत्येक व्यक्ति को कार्य करने की ऐसी दषायें प्राप्त हो जहां उसकी स्वयं की गरिमा दूसरों की गरिमा के साथ मिलकर परस्पर सम्मान और एक दूसरे के सम्मान की रक्षा की प्रवृत्ति को बलवती कर सकें।

यूरो-अमेरिकन सांविधानिक पृष्ठभूमि : 1974 में फर्मनाल्ड के मामले में यूरोपियन कमीशन के कोर्ट ऑफ जस्टिस ने इस बात को रेखांकित किया था कि मानवाधिकार सदस्य देशों को उस सांविधानिक परम्परा से उत्सृजित हुए है जो सभी सदस्य देशों में समभाव से प्रचलित है। यूरोपीय देशों की सांविधानिक परम्परा मानवाधिकारों के स्पष्ट: मूल्यांकन पर जोर देती है। सर्वप्रथम यदि हम इंग्लैण्ड की परम्परा का अध्ययन करें तो वहां लिखित संविधान न होते हुए भी शासन के नाम पर वहां अनेक स्वतंत्रताओं एवं अधिकारों को मानवाधिकारों का स्वरूप दे कर प्रत्याभूतित कर दिया गया है। जहां कानून नही है वहां लोप के सिद्धान्त का अवलोकन कर न्यायालय स्वंय कानून बना देते है। 1760 में समर सेट के मामले में लार्ड मेसफिल्ड ने गुलामी प्रथा के समापन का कानून न होने पर भी गुलामों के व्यापार को प्रतिबन्धित करने के सन्दर्भ में प्रत्यर्थी द्धारा यह तर्क प्रस्तुत करने पर कि इग्लैण्ड में वह कानून कहां है जिसका उल्लंघन किया गया है यह कहां था कि यह कानून इंग्लैण्ड के उस वातावरण में है जहां गुलाम भी स्वतंत्र वातावरण में सास ले सकता है। गुलामी प्रथा पर प्रतिबन्ध कानून की पुस्तक में भले ही न हो परन्तु इंग्लैण्ड के विधिक एवं राजनीतिक वातावरण की यह देन है कि सब को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और गुलामी प्रथा वहां नही होगी। यहां तक की लार्ड ढ्रूरो ने इगरटन बनाम ब्राउनलो में अभिनिर्धारित किया है कि कोई भी व्यक्ति ब्रिटिश विधिक परम्परा में विधिपूर्वक भी ऐसा कोई कार्य नही कर सकता जो सामान्य हित और सर्वजन कल्याण के विपरीत हो।

जर्मनी के बेसिक लॉ और फ्रांस के संविधान में भी मानव गरिमा एवं मानवाधिकार के पहलू को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है और वहां के न्यायालय इन अधिकारों के प्रवर्तन के सन्दर्भ में किसी थी न्यायालय से पीछे नही है।

कनाडा के 1960 का बिल ऑफ राइट्स की धारा 1 में विधि के समक्ष समता तथा विधि के संरक्षण पाने का व्यक्ति का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्याभूतित किया गया है और धारा 2 में किसी भी दशा में ऐसे अधिकारों के समापन संक्षिप्तीकरण या उसमें हस्तक्षेप करने की वर्जना की गयी है। आर. बनाम ड्राईबोन्स में द इण्डियन एक्ट 1932 को इस आधार कठोर दण्ड देने का प्रावधान था, जो समता के मानवाधिकार का उल्लंघन था।

अमेरिका के बिल ऑफ राइट्स में मानवाधिकारों को स्पष्ट: प्रतिभूति कर दिया गया है और प्रथम तृतीय चतुर्थ एवं पंचम् संषोधनों ने उन सभी अधिकारों को सम्मिलित कर लिया है जो मानव को मानव के रूप में बने रहने के लिए आवष्यक है। मानव की निजता पर सरकारी आक्रमण को मानवाधिकार का हनन बताया गया है और निजता बनाए रखने, संगठन बनाने, स्वतंत्र मत व्यक्त करने, सम्मान सहित जीने, अपने अधिकारों को प्राप्त करने तथा एक लेकर चौदह संशोधनों तक में वर्णित अधिकारों की रक्षा एवं उनके प्रवर्तन के लिए अमेरिकी न्यायालयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है अमेरिकी न्यायालयों ने इस बात को रेखांकित किया है कि मानव की गरिमा एवं शिक्षा दिलाने, वितरण करने एवं वितरण का लाभ पाने, एवं अन्य सभी प्रकार के वे लाभ जो मानव को मानव कहलाने के लिए आवश्यक है वे आदर्श सिद्धान्तों पर टिके है, अमेरिकी न्यायिक व्यवस्था की प्राकृतिक विधि एवं विधि की सम्यक् प्रक्रिया सूत्र के अंग है अमेरिकी समाज के लिए अनिवार्य है वे 1776 की अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा, 1796 की मानव के अधिकारों की घोषणा, 1991 की अमेरिकी संविधान के बिल ऑफ राइट्स के समन्वित रूप है इसीलिए पेनसुत्वानिया बनाम बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज में गोरे गरीब अनाथ बच्चों के प्रवेश की मनाही को मानवाधिकारों को उल्लंघन से जोड़ कर उसे रद्दर कर दिया गया। अमेरिकी न्यायालयों की मानवाधिकारों के संरक्षण में अमेरिकी जन चेतना को शाश्वत बना देने की इस प्रक्रिया को रिबिल 'कूटनीतिक पुजारीवाद' की संज्ञा देते है।

भारतीय सांविधानिक परम्परा: भारत के संविधान में मूल अधिकारों के अध्याय में मानवाधिकार शब्द का प्रयोग नही किया गया है परन्तु संविधान की उददेषिका भ्रातृत्व एवं व्यक्ति की गरिमा शब्द का प्रयोग करती है। गरिमा ही मानव को मानव बनाती है। गरिमा का स्पष्ट तात्पर्य है सम्मान सहित जीना। अनुच्छेद 21 मूलाधिकारों का भी मूलधिकार है। राज्य के नीति-निर्देशक तत्व समस्त आधारभूत सुविधाओं को प्रदान करना राज्य का उत्ताढायित्व मानते है। इस प्रकार उद्देशिका एवं भाग 3 व भाग 4 की त्रिवेणी का संयुक्त वाचन मानवाधिकारों की परिकल्पना स्पष्ट कर देता है। उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट अभिनिर्धारित किया है कि मूलाधिकारों ने सम्मिलित न होने से ही किसी अधिकार को मूलाधिकार की प्रस्थिति से वंचित नही किया जा सकता। अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज के नये आयामों तथा नव राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सन्दर्भ नये अधिकारों को जन्म देते है। मानवाधिकार इसी श्रेणी के अधिकार है और इन्हे मूल अधिकारों की श्रेणी में रखा जा सकता है। 'ओल्गाटेलिस' में जीविका पाने का अधिकार, 'शान्ति स्टार बिल्डर' में आवास पाने का अधिकार, पश्चिम बंग खेत मजदूर समिति में स्वस्थ जीवन व्यतीत करने का अधिकार, परमानन्द कटारिया में चिकित्सकीय सहायता पाने का अधिकार, एम.एच. हार्सकोट में विधिक सहायता एवं त्वरित विचारण का अधिकार, खड्ग सिंह तथा मधुकर नरायण माडिकर में गरिमा एवं निजता बनाये रखने का अधिकार, नीलवत्ती बहेरा में क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार, एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ में प्रदूषण मुक्त पर्यावरण में रहने के अधिकार को, न्यायालय ने उन मानवाधिकारों के श्रेणी में रखा है जिनके बिना अनुच्छेद 21 की जीवन और वैयक्ति स्वतंत्रता का कोई तात्पर्य ही नही रह जाता।

भारतीय विधिशास्त्र बंदियों के मानवाधिकारों को रेखांकित करने में अग्रगण्य रहा है। बंदियों को क्षतिपूर्ति दिलाने, उनके प्रति मानवीय व्यवहार करने, मनमानी ढंग से रोकने, पीटने या उनके विचारण को ठीक ढंग से न कराने को, उनके मानवाधिकार का उल्लंघन माना गया है। जाहिराशेख बनाम गुजरात राज्य में कैदियों के ऋजुतापूर्ण विचारण, जगमोहन सिंह में अस्वाभाविक एवं क्रूर दण्ड न पाने का अधिकार, बंधुवा मुक्ति मोर्चा में बुंधुआ मजदूरों की मुक्ति एवं पुनर्वास के अधिकारों को 21 के मूल अधिकारों से जोड़ा गया है। बन्दी मानव है और मानव की तरह व्यवहरित होने का पात्र है। इस पर न्यायालय ने विशेष जोर दिया है। हुसैन आरा खातून, उपेन्द्र बक्शी प्रभारक पांडुरंग, सुनील बत्रा इत्यादि में बंदियों को मानवाधिकारों से वंचित न करने का मंत्र न्यायालय ने दिया है।

अत: स्पष्ट है कि मानवाधिकार आज जीवन, स्वतंत्रता तथा सम्पत्ति के अधिकारों की त्रिवेणी के केंचुल को छोड़कर बहुत आगे निकल गये है वे

जनता की प्रशासनिक सहभागिता के अंग बन गये है। इसीलिए फ्रीडमैन उन्हे वैयक्तिक अधिकारों का नया आयाम मानते है जो मानवाधिकारों के पूंजभूत रूप है। व्यक्ति के निजी व्यक्तित्व की मान्यता, उनका संरक्षण, वैयक्तिक स्वतंत्रता एवं विकास का समान अवसर, लोक प्रशासन में सहभागिता और ऐसी विधिक व्यवस्था की संरचना जहां व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह अपने को विधि से ऊपर न समझे, विद्धान प्रोफेसर के अनुसार ये मानवाधिकार के मूल स्तम्भ है। अत: स्पष्ट है कि मानवाधिकार कोई नया सिद्धान्त नही है न ही इसकी नवीन व्याख्या की आवश्यकता है। ये सभी प्रकार की व्यवस्था के पहले के अधिकार है सर्व सामान्य की प्रसन्नता अधिकतम लोगों लकी अधिकतम संतुष्टि, व्यक्ति के मनमानीपन पर सांविधिक दबाव से रोकने की स्वतंत्रता पर बल देना इन अधिकारों की विधिशास्त्रीय पृष्ठभूमि है। ये अधिकार मानव को केन्द्र मानकर चलते है और 'मानवता विजयिनी हो जाय' इसका मूल आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अधिकतम लोगों को अधिकार भावना से ओतप्रोत किया जाये। न्यायमूर्ति, वी. आर. कृष्णा अय्यर ने यह अत्यन्त समीचीन राय व्यक्त की है कि न्याय की सर्वोत्कृष्टता, परिमार्जित न्यायिक प्रक्रिया एवं सस्ती न्यायिक पहुंच ही मानवता को सुखी, प्रसन्न, सन्तुलित रखती है और देश के लोगों को स्वर्गीय आनन्द की अनुभूमि कराती है। परन्तु जब यह व्यवस्था अत्यधिक व्ययशील हो जाती है, न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं की सामाजिक सोच धनिक वर्ग के साथ हो जाती है, न्याय का द्वार अकिंचनों के लिए बन्द हो जाता है, श्रेष्ठ अधिवक्ता धनिकों तक ही सीमित रह जाते है तो गरीबों, अकिंचनों एवं शोषितों के मानवाधिकारों की रक्षा कैसे होगी यह एक विचारणीय प्रश्न है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. इन्दर सिंह बनाम राज्य, ए.आई.आर., 1978 एस.सी. 1091
2. इन्फोरसमिन्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स 1996 पृं. 1
3. सुभाषित रत्नागार, प्रथम अध्याय, पृं. 13
4. किशोर सिंह बनाम राजस्थान राज्य, ए.आई.आर., 1981, एस.सी. 625.
5. वाइड बनाम बूनाइटेड स्टेट, 116 बनाम 616
6. ग्रिसवर्ल्ड बनाम कनैक्टिक्ट 318, यू. एस. 479
7. मार्टिन बनाम स्ट्रेटिर्स 319 यू. एस. 141
8. वाईमैन बनाम उपडग्राम 344, यू.एस. 183
9. स्वीजे बनाम न्यूहेमिसफासर 354, यू.एस. 234.
10. नैक्प बनाम अलबामा 357, यू.एस. 449
11. नैक्प बनाम वरन 371, यू.एस. 415
12. इष्यूवारे बनाम बोर्ड ऑफ बार इक्जामिनेशन 353, यू.एस. 232
13. बियर्ड बनाम अलैक्जेनइरिया 341, यू.एस. 322
14. फ्रेन्क बनाम मेरीनैन्ड 354, यू.एस. 360
15. नैक्प बनाम अलबामा 372, यू.एस. 288
16. पॉलिगी मेकिंग पावर ऑफ सुप्रीम कोर्ट एण्ड द पोजिशन ऑफ द इंडिविजुअल, 14 वाशिंगटन एण्ड ली रिव्यू ली लॉ रिव्यू 167, 184, 185, (1957)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

चालुक्य वंश की उत्पत्ति एवं उनका मूल निवास स्थान

डॉ. सुनीता मीना *

शोध सारांश – सातवी शताब्दी में के अनुगामी राष्ट्रकूट अभिलेखो मे चालुक्य सेना का कर्नाटक सेना के रूप मे उल्लेख आया है। बादामी के चालुक्य अभिलेखों मे उन्हे स्पष्ट रूप से क्षत्रीरू कहा गया है। उन्होंने श्रौतरिधान के अनुसार अश्वमेध, पौण्डरीक, वाजपेय आदि अनेक यज्ञो का सम्पादन किया। चालुक्य नरेशों के समकालीन अनेक उच्च राजवंशो से वैवाहिक सम्बन्ध थे उन्होने ब्राह्मण नरेश कदम्बो तथा उत्तर भारत के भारत के क्षत्रिय नरेश कल्चुरियों के साथ के साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किये था। चालुक्य क्षत्रीय जाति के तथा दक्षिणापथ के समकालीन सातवाहनों कदम्बो तथा राष्ट्रकूटो की ही भांति कर्नाटक प्रदेश के मूलनिवासी थे।

शब्द कुंजी – विकेन्द्रीकरण, चलक्य, इक्ष्वाकुवंशीयए, दिवाकरम, चलुक्कै वेदरष, बादामी अभिलेख, अनुश्रुति, अश्वमेध।

प्रस्तावना – 550 ई. के आसपास संपूर्ण भारतीय प्रायद्वीप में राजनीतिक विकेन्द्रीकरण का महत्वपूर्ण सिलसिला प्रारम्भ हो गया था। यह वह समय था जब उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य का पतन हो चुका था और इसी के साथ भारत की राजनीति का केन्द्र रहे मगध की दीर्घकालीन शक्ति के ह्रास के साथ क्रमश: मौखरी, परवर्ती गुप्त वर्धन आदि राजवंशों के अभ्युदय के रूप में तथा दक्षिण भारत मे वातापि (बादामी) के चालुक्य तथा कांची के पल्लव राजवंशों के उदय तथा उनके बीच शक्ति विस्तार की क्रमिक कश्मकश से आंकी जा सकती है। 550 ई से 750 ई के मध्य दक्षिण भारत के राजनीतिक इतिहास की गतिविधिया चालुक्य राजवंश की चर्चा के बिना अपूर्ण है।

चालुक्य राजवंश का नाम – चालुक्य अभिलेखों में इस राजवंश का पारिवारिक नाम कई रूप में जैसे– 'चलक्य'[1] 'चलिक्य'[2] 'चलुक्य'[3] एंव 'चालुक्य'[4] मिलते है। पुलकेशिन द्वितीय के लौहनेर अनुदान पत्र मे 'चालुकिक' नाम भी मिलता है। परवर्ती चालुक्य अभिलेखों मे 'चालुक्य' चौलुक्य तथा कभी –कभी 'चलुकिक' एंव 'चालुकि' रूप भी मिलता है। जे एफ फ्लीट ने चालुक्य तथा 'चलुक्य' शब्दों में अन्तर बताया है उनके अनुसार 'चालुक्य' शब्द परवर्ती नरेश तैलप द्वितीय के समय से प्रयोग मे आया तथा पूर्वकालीन चालुक्य राजाओं के लिए इसका प्रयोग नहीं हुआ। किन्तु सुक्ष्म अध्ययन से ज्ञात होता है कि 'चालुक्य' शब्द न केवल परवर्ती चालुक्यों ने वरन बादामी के पुर्वकालीन चालुक्यों से भी सम्बन्धित था।[5] इसका उल्लेख समकालीन प्रारम्भिक अभिलेखों में मिलता है एन बी उत्गिर ने इस पारिवारिक नाम को स्थानीय प्रभावयुक्त माना है जिसका प्रयोग संस्कृत मे भिन्न – भिन्न रूपो मे किया गया हैं सरकार का मत है कि सम्भवत; 'चालुक्य' नाम इस वंश के पूर्वजों मे किसी व्यक्ति के नाम पर पड़ा होगा जिसको 'चल्क्य' 'चलिक' अथवा 'चालुक्य' कहा जाता था[6] निलकण्ठ शास्त्री के अनुसार इस राजवंश का मूल नाम 'चलक्य' था तथा इसी में श्रुतिमसधुर्य के लिए एक स्वर जोड़ देने से 'चालुक्य' नाम बना। बाद में इसी के 'चालुक्य' एवं 'चौलुक्य' रूप हो गये।[7]

चालुक्य वंश का प्राचीनतम उल्लेख सम्भवत; आंध्रप्रदेश के गुण्टूर जिले से प्राप्त नागार्जुनीकोण्डा अभिलेख मे हुआ है इक्ष्वाकुवंशीय प्राकृत भाषा के अभिलेख मे 'चालिकि' शब्द का उल्लेख मिलता है किन्तु यहाॅ पर इन्हे हिरण्यक कुल का वासिष्ठी पुत्र कहा गया है जब कि चालुक्य हारीतिपुत्र थे। इस असंगति के कारण यह निश्चित रूप से नही कहा जा सकता कि इसी 'चलिकि' शब्द से चालुक्य बना है अथवा अन्य से 8वीं शताब्दी के लगंभग तमिल के एक शब्द कोष 'दिवाकरम' मे चालुक्य शब्द का उल्लेख मिलता है दिवाकरम का यह उल्लेख साहित्य में इनके प्राचीनतम उल्लेखों में से है जिसमे 'चलुक्कै वेदर' (चालुक्य राजाओं) को वेलपुलम का राजा कहा गया है इनका प्रतीक वराहध्वज था किन्तु वर्तमान मे इस वेलपुलम का अर्थ स्पष्ट नहीं होता है।

डिण्डौरी जिले में भौतिक पर्यावरण : एक भौगोलिक अध्ययन

किशोर कुमार श्याम *

प्रस्तावना – भौतिक पर्यावरण भौतिक, रासायनिक और जैविक विविधताओं का विशेष योग है। जिसकी अनुभूति कोई भी व्यक्ति या प्राणियों को होती है। इसके अन्तर्गत जलवायु, मिट्टी, जल, वनस्पति, स्वप्रजाति और अन्य प्राणि जगत से की जा सकती है। इसमें पर्यावरणीय दशाओं में देश, काल, दिन के समय, मौसम (ऋतु) आदि अन्य कारकों के अनुसार मुख्य रूप से कई प्रकार की भिन्नता पायी जाती है।

भौतिक और सांस्कृतिक दशाओं के रूप में सभी प्रकार के योग जो मानव के चारों ओर दिखाई देता है। इस प्रकार से उसे प्रभावित भी किया जा सकता है। यहाँ तक भौतिक पर्यावरण में उच्चावच, जलवायु, मिट्टी, वनस्पति, संरचना और विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु भी सामिल होते हैं। यहाँ तक सांस्कृतिक एवं मानवीय पर्यावरण में सम्पूर्ण मानवीय क्रियाओं, दशाओं और जनजातीय सांस्कृतिक के भूमिगत दृश्यों को भी शामिल किया जाता है।

पर्यावरण किसी क्षेत्र विशेष की भौतिक व जैविक स्थिति या परिवेश जो किसी जीव या प्रजाति को प्रभावित करती हो। वर्तमान जिला डिण्डौरी 25 मई 1998 से पूर्व मंडला जिले की तहसील में स्थिति था। इसका 25 मई 1998 को जिला बनाया गया है। वर्तमान में यह मध्यप्रदेश के 51 जिलों में डिण्डौरी भी एक जिला के रूप में अपने सौन्दर्य और सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करता है। फिर भी इस जिले का बहुत बड़ा भाग पहाड़ी और पठारी मालुम पड़ता हैं जो यहां की पर्वत श्रेणियां दूर-दूर तक फैली हैं। यहां आवागमन के साधनों की अपर्याप्तता बनी रहती है। यह जिला मध्यप्रदेश के पूर्वांचल भाग का एक हिस्सा बना हुआ है। यह जिला पुराने समय से ही पिछड़ा रहा और जनजनतीय बहुल्य रहा है। यहां पर सड़क, पानी, बिजली आदि की समस्याएं प्राचीन समय से ही विद्यमान हैं। यहां की धरातलीय बनावट बहुत विषम है। कुछ मैदानी क्षेत्रों को छोड़कर सम्पूर्ण जिला वन क्षेत्र से आच्छादित है प्राचीन समय से निवास करने वाली जन-जातियां अपनी संस्कृति की पहचान प्रदेश ही नहीं देश में भी बनाई हुई है। यहां पर गोंड, बैगा, कौल जैसी आदिम जन जातियां निवास करती हैं जो विषम परिस्थितियों में भी अपनी संस्कृति एवं जीवन यापन की विशेषताओं को कायम रखे हुए हैं। डिण्डौरी जिले में प्राचीन कालीन सभ्यता और संस्कृति के अवशेष आज भी विद्यमान हैं। इस प्रकार सतपुड़ा पर्वत और मेकल पहाड़ियों के मध्य भाग में स्थित जिले का भौतिक पर्यावरण अत्यंत जटिल एवं विषम है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीय शोध सामाग्री के रूप में अध्ययन किया गया है, जिसका मतलब है कि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र डिण्डौरी जिलें के सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को बनाये रखना महत्वपूर्ण माना जाता है। इस शोध पत्र की विधि है प्राथमिक एवं द्वितीय शोध सामाग्री के आधार पर अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकालय में उपलब्ध शोध सामाग्री के आधार पर अध्ययन किया गया है।

शोध समस्या – भौतिक पर्यावरण वास्तव में आज सबसे बड़ी कठिनाई को झेल रहा है। जिसकी मार जनता, वनस्पति, जीव जगत् आदि को झेलनी पड़ रही है। इससे सामाजिक वातावरण भी दूषित हो रहा है। यहाँ तक समाज में होने वाले असीम परितर्वन के परिणाम स्वरूप आज तनाव एक सबसे बड़ी समस्या ह। जो सम्पूर्ण देश की बड़ी समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है।

उद्देश्य :

1. भौतिक पर्यावरण मानव की सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित करता है।
2. भौतिक संसाधन की प्रधानता को प्रदर्शित करता है।
3. भौतिक पर्यावरण डिण्डौरी जिले की एकता और अखण्डता को प्रदर्शित करती है।

वर्तमान डिण्डौरी जिला मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तार भाग में स्थित मण्डला जिले का अभिन्न अंग है जो कि शहडोल सम्भाग के अन्तर्गत कार्यरत है। यह जिला मध्यप्रदेश की भौगोलिक यह जिला मेकलपर्वत श्रृंखला से आच्छादित है जिले की समुद्रतल तल से अधिकतम उचाई 1100 मीटर के लगभग है। प्रशासनिक दृष्टिकोण के आधार पर उत्तार दिशा में उमरिया, उत्तार-पश्चिम जबलपुर, दक्षिण-पश्चिमी मण्डला और पूर्व दिशा में अनूपपुर, बिलासपुर, कवर्धा जिले की सीमारेखा को स्पर्श करती है। जिले का क्षेत्रफल 6128 वर्ग किलोमीटर के लगभग में स्थित है। इस प्रकार से मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या का 25.317 प्रतिशत है।

डिण्डौरी जिला मुख्यालय मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली स्टेट हाईवे क्रमांक 22 पर स्थित है जो कि जबलपुर से 145 किलोमीटर तथा मंडला से 104 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। डिण्डौरी मुख्यालय से 88 किलोमीटर की दूरी पर ही जबलपुर-बिलासपुर मार्ग पर अमरकंटक एक प्राचीन ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल है जो नर्मदा नदी के उद्गम स्थल के कारण हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था का केंद्र बिंदु है। यह जिला अपनी प्राचीन ऐतिहासिक धरोहोरों के लिए विख्यात है जिसमें यह घुघवा जीवाष्म राष्ट्रीय पार्क, लक्ष्मणमण्डवा, कुकर्रामठ में कल्चूरी काल का प्राचीन मंदिर भी स्थित है।

जिले की भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार इत्यादि प्रस्तुत करने के पूर्व यह ज्ञात करना आवश्यक है कि संबंधित क्षेत्र एवं विवेचित विषय का चयन

*भूगोल विभाग, शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

क्यों किया गया है। अध्ययन क्षेत्र एक एकाकी तथा ग्रामीण प्रदेश है। यहां की जनसंख्या तथा अर्थतंत्र संक्रमण की अवस्था से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में अर्थ तंत्र के निर्धारण में विपणन केंद्रों एवं केंद्र स्थलों की स्थानिक एवं आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन जो अब तक अछूता है न केवल एक अभिनव प्रयास होगा वरन् अर्थतंत्र के नियोजन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। जिला कृषि एवं उद्योगों की दुष्टि से पिछड़ा हुआ है फिर भी आवृत्ति विपणन केंद्र एवं केंद्र स्थल क्षेत्रों की आवश्यकता की पूर्ति कर रहे हैं। जिले का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक क्रियाकलापों पर पड़ रहा है साथ ही यह क्षेत्र बड़ी तेजी से विकसित हो रहा है। जिले के ग्रामीण विपणन केंद्र एवं केंद्र स्थल न केवल बदल रहे हैं अपितु नए केंद्र स्थलों का जन्म भी हो रहा है। इन्हीं उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखकर अपने अध्ययन का क्षेत्र जिला डिण्डौरी चुना है जो स्थानिक एवं आर्थिक आयामों के अध्ययन हेतु आवश्यक है।

भौतिक पर्यावरण प्राकृतिक संरचना की दृष्टि से जिला डिण्डौरी मध्य भारत के सतपुड़ा और मैकल पहाड़ियों के मध्यभाग की पथरीली उच्च-सम भूमि तथा लगभग पूर्ण रूप से नर्मदा नदी के जलक्षेत्र में स्थित है। यहां पर पाए जाने वाली धारातल उबड़-खाबड़ जंगली क्षेत्र कहलाती है। यहां पर मुख्यत: में कल और सतपुड़ा की विभिन्न श्रंखलाएं विभिन्न नामों से दूर-दूर तक फैली हैं। इनके बीच बीच में कहीं छोटे और कहीं बड़े पठार भी फैले हैं। समुद्र तल से ऊंचाई अधिकतम एवं न्यूनतम 1100 से 885 मीटर है। जिले के धरातलीय बनावट को निम्न भागों में बांटा जा सकता है-

इस पठार का विस्तार उत्तर में फैला है। यह पठार नर्मदा नदी के उत्तर व जोहिला नदी के दक्षिण के मध्य क्षेत्र में स्थित है। इसका पूर्वी भाग अमरकंटक से लेकर पश्चिम में ग्वारा, दुहनिया तक फैला है। कृषि की द्रष्टि से यह क्षेत्र अच्छा नहीं है। यहां पर असमतल एवं कंकरीली पथरीली मिट्टी पाई जाती है जो कृषि के लिए उपयुक्त नहीं मानी जाती है। इस पठार के पश्चिम में ढांगा पहाड़ है यहां के अन्य पहाड़ों में करिया पहाड़, सारसताल का पहाड़, सुक्कुम गढ़ी पहाड़ तथा अमरकंटक में नर्मदा की उत्तरी तटीय पर्वत श्रेणियां प्रमुख हैं। इसका ढलान दक्षिणी है। इस कारण यहां से निकलने वाली नदियां दक्षिण की ओर प्रवाहित होकर जोहिला नदी में मिल जाती हैं।

यह भौतिक पर्यावरण की दृष्टि से अधिक स्मृद्धशाली है। जो विशेष रूप से यहाँ की धार्मिक परम्पराओं को संजोये हुए है। यह भाग अमरकंटक से लेकर दक्षिण-पश्चिम में राई की पहाड़ियों तक फैला है। यहां के ऊंचे-ऊंचे पर्वतों के शिखर एवं उनकी श्रृंखलाएं दूर-दूर तक फैली हुई है। उनमें अमरकंटक में स्थित धमगढ़, खन्नात, सिंगनगढ़, चन्द्रागढ़, निगवानीगढ़, बन्दीछोर तथा घोड़ा खुरी पहाड़ प्रमुख श्रेणियां हैं। इस पहाड़ी क्षेत्र का पूर्वी भाग बहुत ऊंचा है। यहां स्थित धमगढ़ की औसत ऊंचाई 1100 मीटर है, जबकि अन्य पहाड़ों की ऊंचाई अपेक्षाकृत कम है। खरमेर एवं बुढनेर यहां की प्रमुख नदियां हैं। दोनों नर्मदा की सहायक नदियां हैं। इस क्षेत्र का धरातल ऊबड़-खाबड़ तथा कंकरीली-पथरीली है।

इस पठार का विस्तार जिले में पश्चिम की ओर है। इस पठार की धरातलीय संरचना ऊबड़-खाबड़, असमतल, कंकरीली पथरीली, मिट्टी से निर्मित है। कहीं-कहीं पर हल्की पीली, दोमट मिट्टी पाई जाती है। शहपुरा-मेंहदवानी के पठार की पूर्वी सीमा नर्मदा व जोहिला नदी के मध्य भाग से प्रारम्भ होती है। इसकी उत्तरी सीमा उमरिया जिले को छूती है। इसके उत्तार-पूर्व में राई की पहाड़ियां स्थित हैं। इन्हीं के मध्य मेंहदवानी का पठार स्थित है। यह डिण्डौरी को मण्डला जिले से अलग करता है। इसकी ऊंचाई औसतन कम है। इसकी ढलान दक्षिण की ओर है। यहां से निकलने वाली नदियों का प्रवाह दक्षिण की ओर है। यहां की प्रमुख नदी सिलगी है जो रानीदादर पहाड़ से निकलकर दक्षिण में नर्मदा नदी में समाहित हो जाती है। यहां की धरातलीय संरचना असमतल है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह. जे., 1985, कान्सेप्ट ऑफ इन्टीग्रेटेड रीजनल डवलपमैन्ट, रूरल डवलपमैन्ट, इन इंडिया, संपादक-सिंह, के. एन. तथा सिंह, डी. एन., एन. एस. आई., वाराणसी, पृष्ठ 52
2. सिंह, राम लोचन : Banaras' A study in urban geography Tara Pub., Varansi 1955, PP 63
3. सिंह, उजागर : Cities of gang plain. Their problems and planning urban geography in Developing centuries. 342-350, PP 4
4. सिंह, कामेश्वर नाथ, 1985, ग्रामीण विकास पर सिंचाई का प्रभाव-बरैबोझ गाँव का प्रतीक अध्ययन, उत्तर भारत भूगोल पत्रिका, गोरखरपुर, पृष्ठ 6
5. सिंह, जगदीश, 1988, वातावरण नियोजन एवं संविकास, ज्ञानोदय प्रकाशन, गोरखपुर, पृष्ठ 12

****

साक्षरता का अभियान एवं उसका प्रबंधन

डॉ. मनोज कुमार मिश्रा *

शोध सारांश – कुछ समय पूर्व समाज शिक्षा के शायद ही कोई औपचारिक अभिकरण (विकास की प्रक्रिया) होते थे। यदि कोई प्रयास किए भी गए तो केवल व्यक्तिगत प्रयास थे। चूंकि ये प्रयास व्यक्तिगत थे इसलिए वे व्यक्ति के साथ ही समाप्त हो गए। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नाम और कार्य निम्नानुसार है सर्वप्रथम मैसूर के महान इन्जीनियर श्री विश्वेश्वरैया जो एक गहान मानव प्रेमी थे, उन्होनें प्रौढों की शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक कार्य किया। दूसार प्रयास रबीन्द्रनाथ टैगोर ने शान्ति निकेतन में किया था। सन् 1927 से 37 तक प्रौढ़ शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य किया गया। इस समय में इलाहाबाद के डॉ. जे.जे. लैंका समाज शिक्षा के एक महान व्याख्याकार ने प्रौढ शिक्षा पर अनुसंधान किया और उस पर लेख भी लिखें। डॉ. जे.एच. लारेन्स ने मणिपुर में प्रौढ शिक्षा पर पर्याप्त कार्य किया और लोगों को देवनागरी लिपि में हिन्दी सिखाई। इसी समय में बम्बई में 180 प्रौढ शिक्षा विद्यालयों की स्थापना की गई स्वतंत्र भारत में प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने प्रौढ शिक्षा को एक नई अवधारणा प्रदान की। सन् 1947-50 की अवधि में प्रौढ़ शिक्षा पर अखिल भारतीय प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ।

शब्द कुंजी – साक्षरता, प्रौढ़ शिक्षा , राष्ट्रीय साक्षरता मिशन, स्वैच्छिक संस्थाएं, चयन, प्रशिक्षण, प्रेरणा।

प्रस्तावना – सन् 1950 के बाद कोठारी आयोग इस बात के लिए उत्सुक था कि प्राथमिक स्तर तक सभी भारतीयों को शिक्षित किया जाए या कम से कम साक्षर तो अवश्य बनाया जाए। कोठारी आयोग की इच्छा थी कि समाज शिक्षा के देशव्यापी कार्यक्रम को शक्तिशाली बनाया जाए। आयोग ने यह भी अनुशंसा की कि जो अपना नियमित अध्ययन जारी नहीं रख सकते, उनके लिए आगे अध्ययन की व्यवस्था हेतु विश्वविद्यालयों को पत्राचार पाठ्यक्रम आरम्भ करना चाहिए। सन् 1971-72 में सरदार तारा सिंह जी ने पंजाब में प्रौढ़ शिक्षा के विस्तार की एक योजना प्रस्तुत की, परन्तु इस योजना पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके उपरान्त दो दृश्यधार्मी योजनाएं सामने आई प्रथम एक सूत्रीय कार्यक्रम और दूसरी पाँच सूत्रीय कार्यक्रम। इन दोनों कार्यक्रमों का एक सूत्र यह था कि प्रत्येक भारतीय को साक्षर बनाया जाए। प्रत्येक साक्षर दूसरे को साक्षर करने वाला पुराना नारा फिर गूंजा परन्तु यह योजना सफल नहीं हो सकी। 15 जून, 1977 को केन्द्रीय शिक्षा मंत्री पी.सी, चन्दर ने राज्य सभा में केन्द्र शासन के इस निश्चय की घोषणा की कि प्रौढ़ शिक्षा के राष्ट्रीय बोर्ड को पुनर्जीवित किया जाएगा। इस प्रकार भारत में प्रौढ शिक्षा की परम्परा काफी पुरानी है। स्वतंत्रता के बाद शिक्षा मंत्रालय के ढाँचे के भीतर शिक्षा पद्धति के नियमित अंश के रूप में प्रौढ़ शिक्षा-शिक्षकों को सम्मिलित किया गया। शिक्षा मंत्रालय ने प्रौढ शिक्षा के प्रचार के लिए अनेक योजनाएं प्रायोजित की। इस क्षेत्र में आधुनिक प्रयासों में से एक प्रयास था 2 अक्टूबर, 1978 को व्यापक राष्ट्रीय प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ। इसका मुख्य लक्ष्य 15-35 वर्ष वर्ग के निरक्षरों को साक्षर कर उन्हें राष्ट्रीय विकास की प्रक्रिया से जोड़ना था। प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम में तेजी लाने की दृष्टि से 05 मई, 1988 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का प्रारम्भ किया गया। 15-35 वर्ष वर्ग के 8 करोड निरक्षर प्रौढों को सन 2010 तक कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का लक्ष्य रखा गया। साक्षरता के साथ-साथ प्रौढों को राष्ट्रीय एवं सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक बनाना तथा उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाना इसके पाठ्यक्रम में शामिल है। प्रौढ शिक्षा के विकास से प्राथमिक शिक्षा में बच्चों की उपस्थिति आश्चर्यजनक ढंग से बढ़ जाती है। बाल मृत्यु दर कम हो जाती ह। इससे जन्म दर में भी कमी आती है। लोगों में आत्मविश्वास पैदा होता है। प्रौढ शिक्षा द्वारा प्रौढ़ व्यक्ति केवल लिखने-पढ़ने योग्य ही नहीं बनता, बल्कि इसके माध्यम से वह अज्ञान, पूर्वाग्रह, रूढ़िवादिता, अंधविश्वास आदि से मुक्त होकर समाज हित में रचनात्मक कार्य की ओर अग्रसर होता है। प्रौढ़ शिक्षा का अर्थ समयानुसार बदलता रहा है। बहुत से लोग निरक्षर लोगों को साक्षर बनाना ही प्रौढ़ शिक्षा समझते हैं। वास्तव में इस समय प्रौढ़ शिक्षा के दो पहलू हैं। (1) उन प्रौढ़ों को शिक्षा देना जिन्होनें किसी विद्यालय में शिक्षा प्रापत नहीं की है (2) साक्षर प्रौढों की अनवरत शिक्षा। कोठारी कमीशन के अनुसार प्रजातंत्र में प्रौढ़ शिक्षा का कार्य प्रत्येक प्रौढ़ नागरिक को इस प्रकार की शिक्षा प्राप्त करने का एक अवसर प्रदान करना जिस प्रकार की शिक्षा को वह चाहता है तथा जो उसकी व्यक्तिगत समृद्धि, व्यावसायिक उन्नति तथा सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए उसे मिलनी चाहिए 1949 तक निरक्षर वयस्कों की शिक्षा प्रौढ़ शिक्षा के नाम से ही प्रचलित रही, किन्तु केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने 1949 में इसके स्थान पर समाज शिक्षा का नाम सुझाया। यूनेस्को के तत्वाधान में आयोजित एक गोष्ठी में मौलाना अबुलकलाम आजाद (1949) ने समाज शिखा की व्याख्या करते हुए कहा था, 'समाज शिक्षा से हमारा तात्पर्य है पूर्ण मानव की शिक्षा। यह उसको साक्षरता प्रदान करेगी, जिससे कि विश्व का ज्ञान उसे उपलब्ध हो सके।

यह उसको बतायेगी प्राकृतिक दशाओं में वह निवास करता है, उनका सर्वोत्ताम प्रयोग किस प्रकार करे।' जन-जन को साक्षर बनाने के लिए 5 मई, 1988 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी द्वारा राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का शुभारम्भ नई दिल्ली में किया गया। इसी दिन राज्य स्तर पर इस मिशन क प्रारम्भ राज्य की राजधानियों में हुआ। मिशन का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष से 35 वर्ष के आयु वर्ग के तीन करोड़ निरक्षरों को

* सहायक प्राधयापक (इतिहास विभाग) पारसनाथ महाविद्यालय, इसरी बाजार, गिरिडीह (झारखण्ड) भारत

1990 तक तथा अन्य 5 करोड़ निरक्षरों को 1995 के अन्त तक साक्षर बनाना है। इस प्रकार इस मिशन के तहत 1995 के अन्त तक कुल 8 करोड़ निरक्षर लोगों को साक्षर करने का संकल्प है जिसमंक अत्यधिक ध्यान महिलाओं तथा अनुसूचित जाति तथा जनजाति के निरक्षरों पर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की कार्यनीति प्रेरणा जगाना, जन सहयोग पाना, स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करना, वर्तमान कार्यक्रमों में सुधार करना, जन आन्दोलन प्रारम्भ करना, सतत शिक्षा की व्यवस्था करना, अध्ययन की सुविधाएं उपलब्ध कराना, शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध कराना। इसके मुख्य सिद्धांत केन्द्रीयकृत नियंत्रण के साथ विकेन्द्रीकरण तथा काम करने में स्वायत्तता देना, लोगों का अधिकाधिक सहयोग प्राप्त करना, सहयोगी संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करने के लिए उचित ढंग अपनाना, कार्यकर्ताओं में आवश्यक व्यावसायिक क्षमता उत्पन्न करना, महिलाओं को व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों में सम्मिलित करना, विभिन्न स्तरों पर निर्णय लेने, उत्तरदायी होने तथा जवाबदेही का स्पष्ट उल्लेख करना, कार्यक्रमों में आवश्यकतानुसार लचीलापन, कार्यकर्ताओं के चयन, प्रशिक्षण तथा प्रेरणा के नये तरीके अपनाना, नवाचारों तथा प्रयोगों की उचित व्यवस्था करना, अध्ययन सामग्री के विकास कार्यक्रमों के आयोजन व प्रबन्ध तथा नौकरशाही को दूर करने में कम्प्यूटर तथा अन्य निरक्षरों की संख्या ही अधिक रही ती देश के लोकतंत्र का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। दु:ख की बात है कि भारत में शिक्षा का सामान्य रूप से अभाव है। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद भारत में सिर्फ पन्द्रह प्रतिशत लोग ही साक्षर थे। यह बात सही है कि निरक्षरता–उन्मूलन कार्यक्रम के परिणामस्वरूप ही साक्षरों के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। परन्तु अभी भी स्थिति उत्साहवर्द्धक नहीं है। जनसंख्या वृद्धि के साथ–साथ निरक्षरों की संख्या भी बढ़ती चली जा रही है। 1981 ई0 की तुलना में 1991 ई0 की स्थिति सुधारती नजर आई है। 1981 ई. में भारत में साक्षरों का प्रतिशत 36,27 था। 1991 ई. की जनगणना के अंतिम आँकड़े के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या के सिर्फ 52.21 प्रतिशत लोग ही साक्षर हैं। शेष 47.79 प्रतिशत लोग निरक्षर हैं। देश की महिलाओं में तो शिक्षा का और भी अभाव है। जहाँ साक्षर पुरुषों का प्रतिशत 64.13 है वहाँ महिलाओं का प्रतिशत सिर्फ 39.29 है। निरक्षरता की समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बात का प्रयास होना चाहिए कि विद्यालयों में अधिक–से–अधिक बच्चों का नामांकन हो। इस बात को भी ध्यान में रखा जाना आवश्यक है कि कम–से–कम बच्चे पढ़ाई के बीच पाठशाला छोड़कर जाएँ। जो निरक्षर पाठशाला नहीं जा सकते हैं उन्हें साक्षर बनाने के लिए अन्य ठोस कदम उठाने की भी आवश्यकता है। उनके शिक्षित होने से ही विद्यालयों में बच्चों का नामांकन अधिक होगा और उनके बच्चे बीच में ही स्कूल छोड़कर नहीं जाएँगे। साक्षरता अभियान को जन–आन्दोलन बनाने की आवश्यकता है। भारत में निरक्षरता–उन्मूलन के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत विद्यालयों की संख्या बढ़ाने, छात्र–छात्राओं का अधिक–से–अधिक संख्या में विद्यालयों में प्रवेश और प्रौढों के लिए रात्रि यूनेस्को के अनुसार, विश्व में लगभग 90 करोड़ व्यक्ति निरक्षर हैं। एशिया तथा अफ्रीका के देशों में निरक्षरता चरम सीमा पर है। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, सोमालिया, सूडान, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे और भारत में साक्षरता का प्रतिशत अपेक्षाकृत बहुत ही कम है। ऐसे देशों में साक्षरता की अलख जगाने तथा निरक्षरता के अभिशाप से इन देशों को मुक्त करने हेतु ही वर्ष 1990 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। 8 सितम्बर, 1965 को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार तेहरान में शिक्षा मंत्रियों का विश्व सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन में निरक्षरता की जटिल समस्या सुलझाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण, किन्तु व्यावहारिक निर्णय लिए गए थे। विश्व में निरक्षरों की संख्या वर्ष–प्रति–वर्ष घटाते रहने की अनेकानेक योजनाएं लागू हैं। शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज तथा देश के समग्र विकास का प्रमुख आधार होती है। इसके बिना विकास की कल्पना करना, एक दिवास्वप्न जैसा है। धार्मिक ग्रन्थों में भी शिक्षा के महत्व को प्रमुखता दी गई है। कुरान शरीफ में भी कहा गया है कि 'क्या पढ़े–लिखे और अनपढ़ एक बराबर हो सकते हैं?' स्वत: ही उत्तर मिलता है, कदापि नहीं। फिर निरक्षरों को तो संस्कृत साहित्य में भी पशु समान बताया गया है। आज सोवियत संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और जापान की चहुंमुखी प्रगति का मुख्य आधार, वहां की जनता की सुशिक्षा ही है। भारत, इन्डोनेशिया, भूटान, बांग्लादेश, पाकिस्तान, वियतनाम और नेपाल आदि विकासशील देश कहलाते हैं, उसका प्रमुख कारण भले ही आर्थिक विपन्नता कहलाती हो, किन्तु उसका प्रमुख आधार तो अशिक्षा ही है। विश्व में लगभग 90 करोड निरक्षरों की संख्या, विश्व जनमत के प्रति एक चिन्ता का विषय है, तभी 1965 के तेहरान सम्मेलन में विश्व के शिक्षा मंत्री निरक्षरता उन्मूलन अभियान के प्रति एकमत थे। विश्व कांग्रेस के परामर्श पर यूनेस्को ने 1966 की अपनी आमसभा में प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाने का निर्णय लिया था। तब से विश्व में यह दिवस निरन्तर मनाया जा रहा है। यूनेस्को के तत्कालीन महा–निदेशक श्री अमाद–महतार अम्बो ने 23 फरवरी, 1987 को नई दिल्ली में आयोजित एशिया प्रशान्त कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण में कहा था 'यह सब जानते हैं कि सम्भवत: इसी क्षेत्र में वर्णमाला का आविष्कार हुआ है और हजारों वर्ष तक इस क्षेत्र ने आध्यात्मिकता, कला, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस क्षेत्र के यशस्वी अतीत के संदर्भ में क्या यह विरोधाभास नहीं है कि समस्त विश्व के 88 करोड़ 90 लाख निरक्षरों में 66 करोड़ 80 लाख तो एशियावासी हैं ?' इथोपिया, क्यूबा, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, फिलीपीन, थाइलैण्ड, चीन, श्रीलंका और तंजानिया आदि–आदि देशों ने अपने सुनियोजित कार्यक्रमों तथा कार्यनिष्ठा के बल पर अपने देश में साक्षरता का प्रतिशत आशातीत ढंग से बढ़ा लिया है, किन्तु भारत इस क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर सका, क्यों? यह एक चिंतनीय विषय है। 1981 की जनगणनानुसार, भारत में साक्षरता का प्रतिशत 36.23 है। विश्व बैंक के एक पूर्वानुमान के अनुसार, इस शताब्दी के अन्त तक विश्व में सबसे अधिक निरक्षर तथा 15 से 19 वर्ष के आयु–वर्ग में विश्व की निरक्षर आबादी के 54.8 प्रतिशत लोग तो भारत में ही होंगे। स्वतंत्रता के 42 वर्ष पश्चात् भी देश में 10 में से 6 व्यक्ति अभी भी निरक्षर ही हैं, 4 में से 3 महिलाएं अनपढ़ हैं, 10 में से 9 आदिवासी निरक्षर हैं और 10 में से 8 अनुसूचित जातियों के व्यक्ति निरक्षर हैं। उत्तर प्रदेश में निरक्षरता का प्रतिशत तो और भी शोचनीय है। उत्तर प्रदेश में साक्षरता का प्रतिशत 27.16 है। इसमें से पुरूषों की साक्षरता का प्रतिशत 38.76 और महिलाओं की साक्षरता का प्रतिशत 14.04 है। ग्रामीण महिलाओं में साक्षरता का प्रतिशत मात्र 9.49 है। भारत सरकार ने देश को निरक्षरता के अभिशाप से मुक्त कराने हेतु प्रारंभ से ही अनेकानेक कार्यक्रम एवं योजनाएं लागू की है। साक्षरता मिशन बनाया गया, जिसके अन्तर्गत प्रौढ़ शिक्षा को वरीयता प्रदान की गई। यही कारण है कि स्वतंत्रता के समय देश की साक्षरता का जो प्रतिशत 16 था, वह सरकार के सद्प्रयासों से वर्ष

1981 में बढ़कर 36.23 प्रतिशत हो गया। साक्षरता का यह बढ़ता प्रतिशत आशाप्रद भले ही कहा जाए, किन्तु इस पर संतोष तो व्यक्त नहीं किया जा सकता। कारण...? एक ओर जहां साक्षरता के प्रतिशत में वृद्धि हुई है, तो दूसरी ओर दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या के कारण निरक्षरों की संख्या में भी अभिवृद्धि हुई है। पिछली सरकार ने इस विकट स्थिति से निबटने हेतु निरक्षरता उन्मूलन अभियान को 20 सूत्री कार्यक्रम में भी सम्मिलित किया था। प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा को जहां बढ़ावा दिया गया, वहां बाल विकास परियोजना तथा अनौपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत बाल शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा को योजनाबद्ध ढंग से प्रारम्भ किया गया। इसके लिए प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, नेहरू युवा केन्द्र, श्रमिक विद्यापीठ, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय या स्वैच्छिक संस्थाओं को माध्यम बनाया गया। फिर भी निरक्षरता की समस्या किसी समुचित समाधान की प्रतीक्षा में है। इसे एक विडम्बना कहा जाए अथवा ? कि देश के विभिन्न राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में साक्षरता के प्रतिशत में भारी असमानता है। केरल, दिल्ली, चंडीगढ़, तमिलनाडु तथा कर्नाटक में जहां साक्षरता का प्रतिशत काफी ऊंचा है, वहां बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश तथा आन्ध्राप्रदेश राज्यों में साक्षरता का प्रतिशत अपेक्षाकृत बहुत नीचा है। देश का दुर्भाग्य अथवा ? कि देश की जनसंख्या के लगभग 2/3 भाग के निवास क्षेत्र उत्तरी तथा मधय भारत का साक्षरता का प्रतिशत, राष्ट्रीय साक्षरता प्रतिशत से भी काफी कम है। बढ़ती निरक्षरता के मुख्य कारणों में बढ़ती जनसंख्या, निर्धानता, सरकारी कार्यक्रमों की आपाधापी, अज्ञानता और निजी उदासीनता प्रमुख है। परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़े बतलाते हैं कि निरक्षरों में साक्षरों की अपेक्षाकृत जन्मदर अधिक होती है। इसके पीछे निरक्षरों की कुछ ऐसी मानसिकता ही है, जो वे परिवार-वृद्धि को आर्थिक एवं राजनीतिक सुदृढता का साधन मानते हैं। निरक्षरता का एक बड़ा कारण निर्धानता भी है। प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ रहे लगभग 68 प्रतिशत विद्यार्थी मात्र परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण ही आगे नहीं पढ़ पाते हैं। महाविद्यालयी एवं विश्व विद्यालयी कक्षाओं तक पहुंचने वाला प्रतिशत तो बहुत ही कम होता है। लोगों की अज्ञानता तथा सरकारी मशीनरी की आपाधापी के कारण ही निरक्षरता उन्मूलन के कार्यक्रमों की जानकारी प्रथम तो लोगों तक पहुंच ही नहीं पाती है और यदि पहुंच भी गई, तो उन्हें उसका लाभ नहीं मिल पाता। सरकारी कार्यक्रमों की आर्थिक नीति ही कुछ इस प्रकार की बन चुकी है कि बिचौलिए बीच में ही सहायता को हड़प लेते हैं। निरक्षर व्यक्ति जब साक्षरता का प्रत्यक्ष लाभ नहीं देखता है, तो फिर वह इसके प्रति उदासीन ही हो जाता है। शिक्षित बेरोजगारी उसे साक्षरता के प्रति उदासीन बनाने में निर्णायक भूमिका निभाती है। इस अवधारणा से अछूते तो साखर भी नहीं रहते हैं, फिर भी साक्षरता के महत्व को नकारा तो नहीं जा सकता है। यह हमारे सामाजिक एव राष्ट्रीय जीवन की विडम्बना है कि अभी भी श्रम का गौरव जैसे पवित्र भावना को हम समाहित नहीं कर पाए हैं। निरक्षर व्यक्ति तो जीवनयापन हेतू कोई भी श्रमसाधय कार्य कर ले, किन्तु साक्षर एवं शिक्षित व्यक्ति मानसिक तथा शारीरिक कारणों से पहले तो ऐसा-वैसा कार्य कर ही नहीं पाता है और यदि वह करना भी चाहे, तो लोग उसे यबेचारा करार देते हुए, नि:संकोच रूप से कह देते हैं कि क्या लाभ मिला इतना पढ़ने-लिखने का? इससे तो अनपढ़ या फिर कोई काम जानने वाला ही भला, जो कम से कम अपनी दो जून की रोटी तो कमा लेता है। आदि-आदि। जगे देश की क्या पहचान, पढ़ा-लिखा मजदूर किसान। शिक्षित बेरोजगारी की इस करूण दशा से भयभीत निरक्षर, साक्षर बनने की दिशा में सरकारी-गैरसरकारी सद्प्रयासों के बावजूद आज भी उदासीन ही बने रहते हैं। उनकी मानसिकता भी कुछ वैसी ही बनी हुई है कि वे शिक्षा के महत्व को समझते ही नहीं है। ऐसे लोगों को समझाना ही होगा कि उच्च शिक्षा ही नहीं, बल्कि साक्षरता भी उनके निजी एवं व्यावसायिक जीवन में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला सकती है। संक्षेप में, साक्षरता की सार्थकता इस प्रकार अधिक जागरूकता बेहतर जीवन-स्तर बेहतर मानव-संबंधा बेहतर नागरिकता समस्याओं का उन्मूलन उत्पादकता में बढ़ोत्तरी आय में वृद्धि गरीबी का उन्मूलन शिशु मृत्युदर में कमी असमानता को पाटना राष्ट्रीय संगठन बढ़ाना राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति में सहयोग श्रमिकों से बेहतर संबंधा नियोक्ता से बेहतर संबंधा विकास कार्यो में बेहतर भागीदारी सामाजिक न्याय की प्राप्ति स्व-रोजगार के अवसर महिलाओं का विकास वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूचि मानव-प्रतिष्ठा में वृद्धि राष्ट्रीय धारा में सक्रियता बच्चों तथा युवाओं को देश का भविष्य कहा गया है। इसी कारण पिछली इंका सरकार ने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार प्रदान करके उन्हें राष्ट्रीय धारा में सक्रिय रूप से जोड़ने का सद्प्रयास किया था, किन्तु निरक्षरों की बड़ी संख्या इस उद्देश्य में कितनी सफल हो सकेगी, इसके प्रति अनेकानेक आशंकाएं हैं। भारत में 15 से 35 आयु-वर्ग के लोगों को युवावर्ग माना जाता है। 1981 की जनगणनानुसार, इस आयु-वर्ग में 22,12,21,830 व्यक्ति थे, जिनमें 11,36,46,361 पुरूष तथा 10,75,75,469 महिलाएं थीं। कुल जनसंख्या में युवाओं का औसत अनुपात 32 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। विभिन्न राज्यों में स्थिति भिन्न-भिन्न है। ग्रामीण युवाओं की संख्या शहरी युवाओं से ढाई गुना अधिक है, जो एक विचारणीय तथ्य है। 1981 में निरक्षर युवाओं की संख्या लगभग 10.7 करोड़ थी, जिनमें 15 से 35 आयु-वर्ग की कुल जनसंख्या का 49.99 प्रतिशत निरक्षर हैं। इस बड़े प्रतिशत को साक्षर बनाए बिना देश की युवाशक्ति को राष्ट्रीय धारा में समाहित करने की योजना की सफलता पूर्णत: संदिग्ध है। यहां यह उल्लेख करना उचित ही होगा कि 15 से 35 आयु-वर्ग की युवा महिलाओं की संख्या लगभग 10.8 करोड़ है अर्थात् युवा जनसंख्या का लगभग 48.63 प्रतिशत। अरूणाचल, बिहार, राजस्थान तथा दादर एवं नगर हवेली में 15 से 19 आयु-वर्ग में 75 प्रतिशत से भी अधिक बालिकाएं निरक्षर हैं और 20 से 24 आयु वर्ग में 80 प्रतिशत से भी अधिक बालिकाएं निरक्षर हैं, पहले तीन राज्यों में । अत: 5 मातृशक्ति को साक्षर बनाए बिना निरक्षरता उन्मूलन अभियान को सफल कैसे बनाया जा सकता है ? निरक्षरों के इतने बड़े प्रतिशत को साक्षर बनाने की प्रक्रिया में साक्षरता की परिभाषा अत्यन्त सुगम की गई है। किसी भी भाषा को समझते हुए, पढ़ने और लिखने की योग्यता को साक्षरता की परिभाषा के अधीन मान लिया गया है। अर्थात् यदि कोई व्यक्ति केवल पढ़ सकता है, किन्तु लिख नहीं सकता, तो उसे साक्षर नहीं माना जाता है। साथ ही साक्षर कहलाने के लिए कोई औपचारिक शिक्षा अथवा कोई न्यूनतम शैक्षिक योग्यता का स्तर होना आवश्यक नहीं माना गया है

निष्कर्ष - स्वतंत्रता के साथ ही सरकार ने समाज शिक्षा, किसान-साक्षरता और अनौपचारिक शिक्षा के नाम से अनेक कार्यक्रम प्रारम किए। प्रौढ शिक्षा का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इसके अन्तर्गत 15 से 35 आयु-वर्ग के निरक्षरों को साक्षर बनाकर उन्हें राष्ट्रीय विकास में समाहित किया जाना ही, प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रौढ़ शिक्षा को प्राय: प्रौढ़ों (वृद्धों) को साक्षर बनाने की योजना समझा जाता है, जबकि वास्तविकता यह है कि इस योजना के अन्तर्गत मात्र 35 वर्ष तक के युवाओं को साक्षर बनाने का प्रावधान है। प्रौढ़ शिक्षा का प्रसार मुख्यत: सरकारी परियोजनाओं, स्वैच्छिक

संस्थाओं तथा विश्वविद्यालयों के माध्यम से किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का संचालन सरकारी योजनाओं तथा स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा किया जाता है, जबकि नगरीय क्षेत्रों में स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ विश्वविद्यालय भी अपने महाविद्यालयों के द्वारा करते हैं। प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों पर महिलाएं दिन में तथा पुरूष रात्रि में शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यार्थियों को कापी, पेन्सिल, स्लेट, बत्ती, साहित्य तथा पाठ्यक्रम पुस्तिका प्रवेशिका आदि नि:शुल्क प्रदान की जाती है। कुल 12 माह के सत्र में 8 माह पूर्व साक्षरता तथा 4 माह पश्चात् साक्षरता का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है। शिक्षण को तीन चरणों में पूर्ण किया जाता है साक्षरता, चेतना जागरण तथा व्यावहारिक दक्षता। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने, देश, प्रदेश, गांव की जानकारी, स्वास्थ्य नियम, परिवार कल्याण के साथ ही व्यावसायिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक दक्षता प्रदान की जाती है, ताकि निरक्षर, मात्र साक्षर ही नहीं, अपितु निजी एवं व्यावहारिक जीवन में भी सफल होने का आधार प्राप्त कर सके। 5 मई, 1988 को भारत सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को नई दिशा प्रदान करने हेतु 'राष्ट्रीय साक्षरता मिशन' अभियान प्रारम्भ किया। इसका उद्देश्य वर्ष 1995 तक 15 से 35 आयु-वर्ग के 8 करोड़ निरक्षरों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना, निश्चित किया गया है। निरक्षरों को साक्षर बनाने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक बनाकर उनका जीवन-स्तर ऊँचा बनाना भी इसी मिशन के अधीन सम्मिलित किया गया है प्रौढ़ शिक्षा के संबंध में यह अनुभव किया गया कि साक्षरता के लिए उचित वातावरण, उत्तर साक्षरता तथा सतत् शिक्षा के लिए कोई प्रभावी कार्यक्रम होना चाहिए। राश ने फरवरी, 1988 में देश के प्राय: सभी राज्यों में जन-शिक्षण निलयम स्थापित करने का निर्णय लिया। निलयम की योजना के मुख्य उद्देश्य है - कार्यात्मक साक्षरता को बनाए रखने, उसे काम में लाने और शिक्षा को जारी रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करना। विकास कार्यक्रम से संबंधित सधना का प्रसार करना, ताकि परम्परासे पिछड़े वर्ग के लोग इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर सकें। राष्ट्रीय समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाकर उनके निराकरण में भागीदारी करने को तैयार करना। आर्थिक स्थिति, सामान्य जीवन तथा उत्पादकता में सुधार करना। मनोरंजन के साथ स्वस्थ जीवन बिताना। योजना के अधीन कुछ विकास खण्डों की प्रत्येक न्याय पंचायत में पुस्तकालय, वाचनालय तथा सधना केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों को खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति भी उत्साहित किया जा रहा है। गांवों में पारस्परिक सहयोग, प्रेम तथा जागरूकता लाने हेतु जो कार्यक्रम बनाए गए हैं, उनसे जीवन-स्तर ऊंचा उठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी परियोजनाओं, स्वैच्छिक संस्थाओं तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निरन्तर किए जा रहे प्रयासों के बावजूद भी निरक्षरों की संख्या में भी निरक्षरों की संख्या में कमी कम ही है, और इस अभियान के केन्द्रों पर शोचनीय उपस्थिति, धनाभाव, कार्य एवं ध्येय-निष्ठा के प्रति परोक्ष उदासीनता और निरक्षरों को प्रलोभित करने के सीमित उपायों के कारण निरक्षरता उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो पा रही है। नगरीय निरक्षर तो एक औपचारिकता तथा बदलाव के लिए कार्यक्रमों में थोड़ा-बहुत भाग ले भी लेते हैं, महाविद्यालयी संगठन तथा स्वैच्छिक संस्थाएं उन्हें प्रलोभित भी कर लेती है, किन्तु ग्रामीण निरक्षर तो कार्यक्रमों से कोई प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ न पाने की दृष्टि से मुख्यत: उदासीन ही रहते हैं। रोटी-रोजी की समस्या और बाबू न बनने की उनकी मानसिकता उन्हें वैसा करने के प्रति बाध्य अवश्य करती है। यही कारण है कि योजनाएं व्यवहार में कम और सरकारी बाध्यता के कारण कागजों पर कहीं अधिक तेजी से दौड़ रही है। अब, जबकि अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, तो स्वत: ही यह प्रश्न उठता है कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात् भी बढते निरक्षरों की भीड़ आखिर कब तक और कैसे साक्षर होगी? इसके लिए सरकारी बाध्यता तथा आंकड़ों की प्रगति को बलाए ताक रखते रखते हुए, पहले अब तक के कार्यक्रम एवं परियोजनाओं की पुन: पुन: समीक्षा करते हुए, पिछली विफलताओं के मूल कारणों को जानकर, उनका योजनाबद्ध ढंग से निराकरण करना होगा, अन्यथा यह साक्षरता का ज्वलन्त प्रश्न 21वीं सदी में और भी उग्र हो जाएगा। पढ़ी-लिखी गर घर की नारी, हो कुटुम्ब की शिक्षा सारी। सरकारी कार्यक्रमों से जुड़े व्यक्तियों को पहले से कहीं अधिक सक्रियता, ईमानदारी तथा ध्येयनिष्ठा से अपना दायित्व निभाना होगा। इसके लिए कड़े अनुशासन तथा नियंत्रण की आवश्यकता है। यदि राजनीति से जुड़े लोग साक्षरता के कार्यक्रम को अपना लें, तो निरक्षरता उन्मूलन की दिशा में एक क्रान्ति आ सकती है। देश में स्वैच्छिक संस्थाओं की भारी संख्या, जिनमें रोटरी क्लब, लॉयन्स क्लब, जेसीज, जायन्ट्स आदि प्रमुख हैं, यदि गांवों में साक्षरता कार्यक्रम चलाए, तो निश्चय ही वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना में निरक्षरता के आंकड़े कम हो सकेंगे। स्मरण रखें, भारत आज भी गांवों में बसता है और ग्रामीण निरक्षरता को समाप्त किए बिना न तो पूज्य बापू का 'ग्रामीण स्वराज्य' का सपना साकार हो सकता है और न गांवों की पूर्व की गरिमा ही पुन: प्रतिष्ठित हो सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. विरेन्द्र शुक्ल राजनीतिशास्त्र भारती भवन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, पटना - 1994, पृ0 - 37
2. इण्डिया टुडे, 15 सितम्बर 1989, पृ0 - 20
3. जवाहरलाल कौल, दिनमान, 13-19 जनवरी 1995, पृ0-29
4. सुभाष काश्यप एवं विश्वप्रकाश गुप्ता, राजनीति कोश, पृ.- 24-25
5. इंडिया टुडे, 15 नवम्बर 1994, पृ0 द 56
6. सुदिप्त कविराज - हमारा शासन कैसे चलता है, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, 1989, पृ. - 44
7. सिंह प्र. प्रभुनाथ - राजनीति विज्ञान एवं भारतीय संविधान स्टूडेण्ट्स फ्रेण्ड्स प्रकाशन, पटना 2005 - पृ.- 310
8. सुखिया एस.पी. विजातम प्रशासन संगठन एवं स्वास्थ्य शिक्षा, विनोद पुस्तक मंदिर प्रकाशन, आगरा -2005, पृ. - 167

****

ग्रामीण विकास आधुनिक सन्दर्भ में एक नीतिगत तत्व

डॉ. सुरेन्द्र कुमार * डॉ. अजय कुमार **

शोध सारांश – स्वतन्त्रता के पश्चात् राष्ट्रीय सरकार ने ग्रामीण विकास के दृष्टि से जमींदारी – प्रथा का उन्मूलन कर भूमि सुधार के कई कारगर उपायों को लागू किया। ग्रामीण गरीबों एवं समृद्धों के बीच की खाई को पाटने के लिए विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के तहत ग्रामीण विकास परियोजनाओं के रूप में सामुदायिक विकास योजना, गहन कृषि योजना, पैकेज प्रोग्राम के साथ कृषि विकास की कई योजनाएं लागू की गयी। उस रागय तक ग्रामीण विकास का अर्थ कृषि विकास के साथ अधिक जोड़ा जाता था, परन्तु इसका परिणाग उल्टा ही हुआ। उन्नत बीज, खाद एवं गहन कृषि के तहत बड़े कृषक और बड़े होते गये और छोटे कृषक और छोटे होते गये। साथ ही कृषि श्रमिकों की स्थिति बदत्तर होती गयी। इसको दृष्टि में रखकर पुन: एस. एफ0 डी0 ए0, एम. एफ0 ए0 एल0, एन0 आर0 ई. पी. तथा समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम जैसी कई रोजगार युक्त योजनाएँ शुरू कर ग्रामीण गरीबों में अतिश: पिछड़े वर्ग को उठाने का प्रयास किया गया और आर्थिक समानता कायम कर समाजवादी समाज की संरचना पर बल दिया गया।
शब्द कुंजी –ग्रामीण विकास, पंचवर्षीय योजना, तकनीकी ज्ञान, रोजगार, उत्पादन एवं उत्पादकता।

प्रस्तावना – किसी भी विद्या के अध्ययन का केन्द्रबिन्दु मानव है जो कि एक सामाजिक प्राणी है। मानव–जीवन के कई पहलु हैं, जैसे – सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक एवं नैतिक आदि। इन सभी पहलुओं का विकास अबाध गति से होता रहता है जिनका अध्ययन सम्बन्धित विषयों के माध्यम से होता है। अत: विकास का आयाम काफी विस्तृत एवं व्यापक है। इन विविध आयामों में आर्थिक विकास का आयाम इतना महत्वपूर्ण एवं मूलभूत है कि इसके विकास के क्रम में अन्य आयाम भी प्रभावित होते रहते हैं। अर्थात इसकी गति ही दूसरों को गति प्रदान करती है। विकास एक गतिशील प्रक्रिया है जो उत्तरोत्तर एवं सतत् वृद्धि का अवसर प्रदान करती है। यह कोई स्थापित बिन्दु या लक्ष्य नहीं है जहाँ पहुँचकर इसकी प्राप्ति हो जाती है। बल्कि तकनीकी ज्ञान में वृद्धि एवं सामयिक स्थिति में परिवर्तन के फलस्वरूप इसकी मान्यताएँ, स्थापित बिन्दु एवं लक्ष्य भी बदलते रहते हैं। दूसरे शब्दों में, वृद्धि सतत् गतिशील प्रविधि है जिसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्न तो होते रहते हैं, परन्तु उसकी प्राप्ति नहीं होती, क्योंकि वहाँ पहुँचते–पहुंचते वह बिन्दु आगे की ओर बढ़ता जाता है। उसकी प्राप्ति गति परिवर्तन को अवरुद्ध कर देगा, तकनीकी ज्ञान एवं विकास को सीमित कर देगा। इस तरह कहा जा सकता है कि गति परिवर्तन ही विकास है। यहाँ विकास का सम्बन्ध गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों तरह के परिवर्तनों से है। विकास की उपर्युक्त अवधारणा के आलोक में ही ग्रामीण विकास के स्वरूप को चित्रित करना है। ग्रामीण विकास एक पुराना विषय है, परन्तु इसकी विषय –सामग्री एवं सम्बन्धित सन्दर्भ समय समय पर बदलते रहे हैं। राजनैतिक गति, पूर्व परियोजनाओं के परिणामों एवं उनसे उत्पन्न परिस्थितियों के कारण ग्रामीण विकास के सन्दर्भ में भी बदलते रहे हैं। उदाहरण स्वरूप भारत में रॉयल कमीशन ऑन एग्रोकल्चर 1928 के अनुसार ग्रामीण विकास का सम्बन्ध कृषि विकास से ही है। यही धारणा बहुत दिनों तक बनी रही। करीब 60 वर्षों के बाद भी योजना आयोग की, एक सम्यक ग्रामीण विकास से सम्बन्धित समिति ने 1972 में कहा कि बहुत ध्यान पूर्वक विचार करने के बाद हमलोग इस निर्णय पर पहुंचते हैं कि सीमित अर्थ में ग्रामीण विकास कृषि विकास के बराबर ही है। विस्तृत अर्थ में इसमें फसल उगाने के अतिरिक्त कृषि की सभी सम्बद्ध क्रियाएँ भी सम्मिलित की जाती है। ग्रामीण विकास की उपर्युक्त व्याख्या इस मान्यता पर आधारित थी कि गाँवों में सब कुछ सामान्य है और सभी लोग एक तरह के हैं, लेकिन इस गलत विश्वास का रहस्योद्घाटन प्रथम ग्रामीण विकास परियोजनाओं को लागू करने के बाद हुआ, क्योंकि इन परियोजनाओं का लाभ गाँव के बड़े भू- स्वामियों को ही मिला और वहाँ के कमजोर वर्ग- छोटे एवं सीमान्त किसान, भूमिहीन श्रमिक, ग्रामीण शिल्पकार एवं अन्य गरीबों की दशा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इतना ही नहीं बहुतों की स्थिति तो और बिगड़ गयी। फलस्वरूप ग्रामीण समाज के विभाजित चरित्र का दरार और गहरा हो गया तथा स्पष्ट दिखने लगा। अत: ग्रामीण विकास की अवधारणा एवं उसके विषय वस्तु में परिवर्तन की आवश्यकता महसूस होने लगी। 1970 के बाद इसकी व्याख्या बिल्कुल ही बदल गयी। बदलाव पर जोर देते हुए विश्व बैंक ने ग्रामीण विकास को एक नीतिगत योजना की संज्ञा दी एवं उसे इस तकनीकी से बनाने को कहा कि ग्रामीण समाज के विशेष–वर्ग गरीबों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में सुधार हो सके। इसके लिए उसने कहा कि विकास का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के उन गरीबों को जाना चाहिए जो गाँवों में जीवन–यापन करते हैं। विश्व बैंक के अनुसार ग्रामीण विकास एक ऐसी संगठित कार्य पद्धति को व्यक्त करता है जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार का प्रयास किया जाता है। ग्रामीण विकास में राष्ट्रीय विकास के लाभों को ग्रामीण अंचलों में रहने वाले गरीब व्यक्तियों तक पहुँचाने की प्रकिया सम्मिलित होती है। विश्व बैंक द्वारा ग्रामीण विकास पर प्रकाशित एक पत्र के अनुसार 'ग्रामीण विकास के किसी राष्ट्रीय कार्यक्रम को अनेक कार्यों का मिश्रण होना चाहिये जिसमें कृषि उत्पादन बढ़ाने वाली, नई रोजगार योजनायें उत्पन्न करने वाली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार लाने वाली, संचार का विस्तार करने वाली तथा आवासीय स्थिति सुधारने वाली परियोजनाओं को सम्मिलित होना चाहिये।

* प्रभारी प्राचार्य, भद्रकाली महाविद्यालय, इटखोरीचतरा (झारखण्ड) भारत
** विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र विभाग) आर0पी0एस0 डिग्री महाविद्यालय, मदनपुर, चन्द्रपुरा, बोकारो (झारखण्ड) भारत

इस प्रकार ग्रामीण विकास ऐसे समन्वित कार्यक्रमों, क्रियाकलापों एवं नीतियों का समन्वित आधार है जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं उसके सम्बन्धित चलाये जाने वाले कार्यों कृषि, वानिकी, मत्स्य पालन, ग्रामीण शिल्प और उद्योग, सामाजिक एवं आर्थिक ढाँचे का निर्माण की पद्धति के लिए जिसका कि अन्तिम उद्देश्य है—उपलब्ध भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण उपयोग, ग्रामीण क्षेत्र के जन सामान्य विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों के लिए उच्चत्तर आय तथा बेहतर जीवन–यापन सुविधायें और विकास प्रकिया में उनकी प्रभावी भागेदारी। समानता एवं सामाजिक न्याय की दृष्टि से ग्रामीण धनी और गरीब के बीच खाई को कम करना ही विकास की प्रकिया है। ग्रामीण विकास के कुछ विशेषज्ञों ने इसे अपने–अपने ढंग से प्रकाशित करने का प्रयास किया है। किसी ने गाँवों के गरीबों के जीवन–स्तर में सुधार के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की बात कही है। तो किसी ने परम्परागत पुरानी ग्रामीण संस्कृति की जगह पर विज्ञान एवं तकनीकी पर आधारित परिवर्तित विकास को स्वीकारने और अपनाने को कहा है। कुछ विद्वानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को ही ग्रामीण विकास कहा है। वास्तव में शहरों में औद्योगीकरण के माध्यम से रोजगार की सुविधा के अतिरिक्त स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, यातायात, संचार, पीने के शुद्ध पानी एवं बाजार इत्यादि की विशेष सुविधायें उपलब्ध रहती है। फलस्वरूप शहरी लोगों की आय अधिक होती है एवं उनका जीवन स्तर ऊँचा होता है। सामाजिक दृष्टि से भी रागानता होती है। इसी तरह यदि गॉवों में कुटिर एवं लघु उद्योगों की सुविधा प्रदान कर उन्हें रोजगार दिया जाय जिसरो उनके आय में वृद्धि हो और एक स्तरीय जीवन जीने की सुविधाएँ प्रदान की जाय तो ग्रामीण विकास सम्भव हो सकेगा। इसीलिए संक्षेप में कहा जाता है कि गाँवों का शहरीकरण ही ग्रामीण विकास का सही प्रकिया है। उपर्युक्त परिभाषाओं का यदि विश्लेषण किया जाय तो ग्रामीण विकास से सम्बद्ध निम्नलिखित तथ्य प्रकाश में आते हैं ग्रामीण व्यक्तियों के रहन–सहन के स्तर में सुधार जिसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मकान, स्वच्छ वातावरण एवं अन्य सामाजिक सुविधाएँ सम्मिलित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों का संतुलित विकास और बढ़ती हुई ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की असामानताओं में कमी करना। उत्पत्ति के साधन भौतिक एवं मानवीय का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उपयुक्त तकनीकी ज्ञान का प्रसार। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आर्थिक संसाधनों के संग्रहण और संगठन के लिये आवश्यक संस्थानिक ढांचे का निर्माण जिसमें बैंकिंग संस्थाओं का विकास सम्मिलित है। ग्रामीण व्यक्तियों में विकास की नीतियों को अपनाने की इच्छा विकसित करना तथा समाज में न्यायिक वितरण सम्भव बनाना। इस प्रकार ग्रामीण विकास ग्रामीण जनता की गरीबी पर सीधा आघात करने का एक ऐसा समन्वित कार्यक्रम है जिसमें क्षेत्रीय संसाधनों का अधिकतम प्रयोग सम्भव करते हुए ग्रामीण जनता की रहन–सहन की दशाओं में सुधार करना है। संक्षेप में, ग्रामीण विकास से आशय ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों के जीवन–स्तर में सुधार लाना और उसके विकास के को आत्म पोषित बनाने से है। ग्रामीण विकास क्षेत्रीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के अनुकूलतम प्रयोग के उद्धेश्य पर आधारित है। ग्रामीण विकास के उद्देश्यों में निम्नलिखित बिन्दुओं को सम्मिलित किया जा सकता है ग्रामीण क्षेत्र के भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण उपयोग। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि पर आधारित उद्योगों का विकास करके रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना। ग्रामीण क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता वृद्धि के लिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था के अनुरूप तकनीकी ज्ञान का प्रयोग करना। क्षेत्र विकास के लिये आरम्भ किये गये अनेक सामाजिक, आर्थिक कार्यक्रमों में स्थानीय व्यक्तियों को सम्मिलित करके क्षेत्रीय विकास के लिये प्रयास करना। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और शहरी अर्थव्यवस्था के आर्थिक अन्तराल को कम करना। सभी ग्रामीण व्यक्तियों को एक समान आर्थिक कल्याण देने के लिए वितरण प्रणाली पर बल देना। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना। ग्रामीण विकास के उपर्युक्त सभी उद्धेश्यों का आपस में सह–सम्बन्ध है। स्पष्ट है कि ग्रामीण विकास का विचार कृषि विकास की तुलना में विस्तृत है और कृषि विकास ग्रामीण विकास का एक आंशिक क्षेत्र मात्र है ग्रामीण विकास के आधारभूत तत्वों को निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। ग्रामीण विकास के लिये उन संसाधनों का एकत्रीकरण किया जाता है। ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में निर्बल वर्ग में उपयुक्त दक्षता और योग्यता का विकास किया जाता है और उन समस्त साधनों को जुटाने का प्रयास किया जाता है, जिनमें इस योग्यता व दक्षता का प्रयोग हो सके। ग्रामीण विकास में निम्न आय वाले क्षेत्रों और वर्गो को पर्याप्त साधन उपलब्ध 13 कराने की व्यवस्था की जाती है और इस बात की उचित प्रबन्ध किया जाता है कि विभिन्न उत्पादकता और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ इस वर्ग को उपलब्ध हो जाए। इस प्रकार ग्रामीण विकास में उन समस्त कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाता है जो मानव जीवन के विभि कराने की व्यवस्था की जाती है और इस बात की उचित प्रबन्ध किया जाता है कि विभिन्न उत्पादकता और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ इस वर्ग को उपलब्ध हो जाए।

निष्कर्ष – ग्रामीण विकास में उन समस्त कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाता है जो मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं से जुड़े होते हैं, यथा — कृषि एवं सम्बन्धित क्रियाएँ, सिंचाई, पूरक रोजगार, शिक्षा, प्रशिक्षण, दूर – संचार, आवास एवं सामाजिक कल्याण आदि। ग्रामीण विकास एक अविरल प्रविधि है। इसकी परियोजनाओं की आंशिक सफलता से भी ग्रामीण समाज आगे की ओर बढ़ता है, परन्तु विकास की प्रविधि के आयाम बदल जाते हैं, जिससे विशेष तरह की समस्याएँ खड़ी हो जाती है और उनके निवारण के लिए नये कदम उठाने पड़ते हैं। इस प्रकार ग्रामीण विकास आधुनिक सन्दर्भ में एक नीतिगत तत्व बन गया है, जिसके अर्न्तगत गाँवों के गरीबों के आर्थिक एवं सामाजिक जीवन में सुधार की बात आवष्यक है। छठी पंचवर्षीय योजना में कहा गया है कि ग्रामीण गरीबी का उन्मूलन ही छठी पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसी तथ्य को ग्रामीण– विकास – मंत्रिमंडल ने भी प्रधानता देते हुए कहा है कि छठी पंचवर्षीय योजना का ग्रामीण गरीबी उन्मूलन मुख्य उद्देश्य है और इस विभाग को इसके लिए मुख्य भूमिका निभानी है। सातवीं पंचवर्षीय योजना में लिखा गया है कि ऊँची दर से औद्योगिकरण के बाद भी ग्रामीण जनसंख्या के अधिक भाग को संगठित उद्योगों में पूर्णत: रोजगार नहीं दिया जा सकता। अतरू ग्रामीण क्षेत्रों में ही अतिरिक्त रोजगार का निर्माण करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ0 अब्दुल रशीद : आलेख – ग्रामीण विकास क्या है ? कुरुक्षेत्र मार्च 2002
2. के0 विजय राघवन : रूरल्स डेम्लपमेन्ट टाइम्स इण्डिया, 26.11.2005 टाइम्स ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली
3. मजुमदार, वी. पी. : दी ग्रेट मैन ऑफ शाहाबाद
4. डॉ. दुबे, गिरीजा प्रसाद : ए0 डी0, सासाराम, रोहतास ग्रामीण महिला

विकास हेतु शिक्षा की आवश्यकता कुरुक्षेत्र, अप्रैल 1993 प्रकाशन विभाग, पटियाला हाउस, नई दिल्ली

5. कृष्ण स्वरूप शर्मा : समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम कितना व्यवहारिक कुरुक्षेत्र, अप्रैल 2002.

6. हिन्दुस्तान (दैनिक) हिन्दुस्तान (दैनिक) सक्सेना हरि मोहन : 20. 11. 2005

7. भारत में मण्डी नियम का विकास, योजना (हिन्दी) 16 मार्च 2002 प्रकाशसन विभाग, पटियाला हाउस, नई दिल्ली

****

Human Resource Accounting Practices in Indian Industries

Dr. Sanjeev Kumar Bansal*

Abstract - Human Resource Accounting is a process of classifying, budgeting, and conveying the investment and cost of human resources incurred in the organization including wages & salaries and training expenses that are presently not included in or disregarded in the calculation or accounting practices.

Human resource accounting has very high significance not only for the management, but also for analyst and even for employees. It helps management in better utilization, planning management of human resources in the organization while for analyst, Even today, when a good deal of work has been done in this field, it is very much unfortunate that there is not only set pattern or generally accepted method either for valuation of human resource or for their recording in books of accounts or for the disclosure of information by means of different statements. The study focuses on the calculation of the value of human resources at different levels of organization & to determine the human resource efficiency quotient. Five Public Sector Undertakings are examined in the study. The present study based on the primary data related to the reporting of human resources. The incorporation of the value of HR is very expensive and not easy to calculate the value of HR and if they calculate it, then the value will not indicate the true position of human resource

Key Words - Human Resource Accounting, Indian Human Resource Practices, Human Assets, Human Efficiency.

Introduction - Human resource is the most fundamental part of any organization, as it makes sure that there exists an interaction between financial and all other physical resources towards the accomplishment of organizational objectives and goals.

Human Resource Accounting gives information regarding inner strength of organization and helps in making decisions regarding long-term investment in that organization. The employee's bargaining power and performance are also affected by this. But, in spite of having such importance, study of human resource of an organization had not been given required attention by management thinkers for years. Under the constraints the financial statements are prepared pursuant to the Company Law in India. There is no scope for showing any significant information about human resources in financial statements except the remuneration paid to them and the number of employees getting compensation beyond certain amount per annum.

But there is nothing to prohibit the companies to attach information about the worth of human resources and the results of their performance during the accounting period in notes or schedules.

The following are the general considerations in the working of the HR concept by organizations:

1. Only internal human organization (employees) is considered. External organizations like customers are not considered.
2. All categories of employees are included. The value of employee potential services is considered.
3. HR value is worked out on certain standardized formula developed by experts.
4. A 12% discount rate is adopted.
5. Employees are classified according to age and pay scales under six categories i.e. executives, supervisors, supporting technical staff, skilled artisans, unskilled and semi-skilled workers and clerical staff.
6. Weighted average is calculated for each group on information of total number of employees at each incremental stage and in each grade.
7. Future number of employees is worked out on the basis of general promotion policy.
8. Employee considerations include direct and indirect benefits.

HRM and HRA is now followed by most of the medium and large scale companies in India as there is awareness of the benefits in terms of Revenue, productivity, flexibility in skill development and so on. What used to be a designation like Personnel Management is now Human Resources Management and the manager can grow up to Director level in some companies. That is the importance bestowed by companies for the Human Resources function.

Research Methodology - For pursuing any research there should be a proper research methodology. A detailed plan

*Sr. Lecturer, Department of A.B.S.T., S.N.D.B. Govt. P.G. College, Nohar (Raj.) INDIA

of the research methodology is provided below:

Research Problem - The research problem of the study is "Human Resource Accounting Practices in Indian Industries"

Objective of the Study - The main objective of the study is to measure the value of human resources in the corporate financial statements. However, the specific objectives are as follows:

1. To study the value of human resources at different levels of organization.
2. To calculate per capita value of human resources.
3. To study hierarchical per capita HR.
4. To study per capita HR v/s per capita sales
5. To determine the human resource efficiency quotient.

Scope of the Study - The study is confined to 5 Indian Companies for reporting of present human resources. The units selected for the study of reporting are:-

1. Bharat Heavy Electricals Ltd.(BHEL)
2. Minerals and Metals Trading Corporation (MMTC)
3. Oil and Natural Gas Ltd. (ONGC)
4. Cement Corporation of India Ltd. (CCIL)
5. Hindustan Zinc Ltd., Udaipur (HZL)

Sample of Study - Initially, Researcher referred the concept of Human Resource Accounting thoroughly. The next phase was to refer the existing Review of Literature. Research methodology includes need, research problem, and objectives, scope of the study and profiles of the sample companies. The Study consists of reporting of human resources in selected 5 organizations.

Sources of Data Collection -The data used for this study is primary data. Questionnaires sent to selected companies and on that basis data is collected and analyzed.

Data Analysis - To process the data scientifically and to make it easily understandable statistical method of tabulation is used. Compilation of data was done with the aid of computers. MS-Excel was used for data processing and presentation.

Limitation of the Study - Every research conducted has certain limitations. The limitations of this study are as follows:

1. Although 5 Companies are being taken into consideration, still data collected is about the present number of employees working in organization. There is no information of past employees.
2. The study being corporate sector or company specific cannot be generalized.

Data Collection & Interpretation - In India, the financial statements of the companies are prepared as per the provisions of the Companies Act, 1956. The act does not provide for disclosure of any significant information about human resources employed in a company except that the companies have to give by way of a note to the profit and loss account. However, there is nothing in the act which prevents a company from giving details about its human resources by way of supplementary information attached with its financial statements. A number of people have contributed to the development of models for the purpose of evaluating the human resource. They do not deal with the mode of recording and reporting of accounting information relating to human resource on the books of accounts of financial statements of a firm. This has been left to the description of the accounting bodies that have got to develop a generally accepted basis for valuation, recording and reporting of human resources information.

Prof. Chakraborty has also suggested that the recruitment, hiring, selection, development and training cost of each employee should be recorded separately. This should be treated as deferred expenditure and may be written-off over the expected average stay of the employee in the organization. The deferred portion, not written-off, should be shown in the balance sheet of the organization. If there is premature exit of an employee on account of death, retirement etc. the balance of the deferred revenue expenditure attribution to that person should be written-off against the income of the year of the exit itself.

As regards disclosure of accounting information relating to the human resources, Prof. Chakraborty has suggested that 'human assets' should be shown under the heading "investment" in the balance sheet of an organization. He has not favored its inclusion under the heading " fixed assets " since it would cover problem of depreciation, capital gains and losses in the event of their exit. Similarly, he has not favored their inclusion in current assets on the ground that this will not be in conformity with the general meeting of the terms.

HR Reporting Practice - Very few companies in India, particularly in the public sector, are at present reporting human assets valuations. Most significant among them are: Bharat Heavy Electricals Ltd.(BHEL), Minerals & Metals Trading Corporation(MMTC), Oil & Natural Gas Commission Ltd.(ONGC), Cement Corporation of India Ltd. (CCIL) and Hindustan Zinc Ltd, Udaipur(HZL).

Bharat Heavy Elecricals Ltd.(BHEL) - BHEL was set up in Nov. 1956 at Bhopal to cover conversion, transmission, utilization and conservation of energy in core sector of the economy like power industry and transportation and fulfils vital infrastructure needs of the country. Today, the company has 14 manufacturing divisions of service centre and 4 power sector regional centers spread all over India and abroad to provide prompt and effective service to customers. Human resources have been valued on the model based on Lev and Schwartz with the following assumptions:

1. Present pattern in employee compensation, including direct and indirect benefits, including the effect of provision for wage division.
2. Normal career growth as per the present policies with vacancies filled from the levels immediately below.
3. Weightage for changes in efficiency due to age, experience and skill.
4. Application of a discount factor of 12% per year on the future earnings to arrive at the present value

MINERALS AND METALS TRADING CORPORATION (MMTC) - It was incorporated in 1963 and has grown as India's premier company in the field of international trade to export the minerals and to import the raw material for the domestic industry with the expansion and diversification of its trade portfolio. It has a corporate head quarter in Delhi and regional offices and 44 sub-regional offices spread all over the country to carry out its business.

In MMTC, human resources have been evaluated by working out the present value of the anticipated future earnings of the employees after taking into account the present pay scales and the promotional policies. For arriving at the present value of future earnings of the employees, a discount factor of 12% per ann. has been applied. The computation has been based on the guidelines and principles enunciated in Lev and Schwartz model. The present value of human earnings per employee amounted to Rs.1.153million and the value added per employee of human capital is Rs.0.870million.

OIL AND NATURAL GAS COMMISSION LTD. (ONGC) - ONGC was established as a statutory corporation on 23June, 1993 at New Delhi and its corporate headquarter at Dehradun with project centre office located throughout the country. Intellectual capital is considered one of the most valuable assets of this organization. It is the key to its success. Development of human resources facilitates an organization to meet the challenges of the ever changing business scenario. For valuation of human assets, SAIL has adopted the ECONOMIC VALUATION MODEL METHOD and the basic model as conceived by Lev and Schwartz. Minor modifications have been made to suit special requirements. Discounting has been done at 15%. SAIL has classified human assets into following categories i.e. managers, executives, supervisors, semi-skilled and unskilled workers. ONGC has always given the highest priority to human resource development by formulating enlightened personal policies from time to time in order to achieve its goal objectives.

CEMENT CORPORATION OF INDIA LTD. (CCIL) - It was set up in January 1965, with the objectives of exploration and providing limestone reserves and getting up sufficient manufacturing capacity of cement so as to help in achieving targets of domestic diamond. CCIL is fully conscious towards human activities and gives almost attention and priority to maintain the human assets in the fine fertile. The procurement, development, compensation, integration and maintenance of human resources are thoughtfully planned, skillfully organized, carefully controlled and directed so that individual's needs, organizational goals and social objectives are successfully accomplished. Balance sheet of CCIL says, "In the absence of clear cut, well-defined and universally accepted model for evaluation of the economic worth of human assets of a company, an attempt has been made to assess the same by working out the present value of the anticipated future earnings of the employees taking into account the present pay scales and the promotional policies followed". The computation has been based on the guidelines and principles enunciated in the economic models developed by Lev and Schwartz, Eric Flamholtz and Jaggi and Lew with appropriate modifications.

HINDUSTAN ZINC LTD., UDAIPUR (HZL) - It is one of India's leading base metal producers. HZL was incorporated on 10January, 1966 after takeover of erstwhile Metal Corporation of India to develop mining and melting capacities to substantially meet the domestic demand of zinc and lead metals. HZL does human resource accounting and uses Lev and Schwartz model with the following assumptions:

The present pattern of employee compensation has been taken into account.

Career growth has been projected as per present policies with vacancies filled from the level immediately below.

Present value of future earnings is calculated assuming a discount factor of 12%.

Findings - All the organizations have applied basically Lev and Schwartz Model for assigning value to their human resource. A number of organization adopted HRA practice and started reflecting the value of human resources in their annual accounts as supplementary information or as a part of social accounts. All the organizations are more conscious and elaborative in regard to HRA.

The forms of accounting and various components of accounting are not uniform in all the organizations. All the enterprises follow someone similar practice evolved out of the synthesis of the three approaches based on economic value as advocated by Lev and Schwartz, Flamholtz and Jaggi and Lew may appear to be an improved version. The present value approach to HRA is still in the experimental stage. But, it is already required in valuing some specific under general accepted human accounting standards. HR value may reflect the present value of future liability of an organization towards employer wage payment. It does not reflect the value of HR as an asset, nor does it facilitate to manage the same as an asset as against expense in the traditional accounting practice. The cost of the wages may have to be judged in relation to the services they render to access their value and improve organizational productivity. Besides the wages as a servicing cost of employees, the cost of manpower acquisition may be no less relevant.

Formulation of generally accepted human accounting standard is essential at this juncture. It may not represent the value of the HR as proposed in the historical cost based HRA, but the same cost elements may have to be recognized while judging the extent of the services, the employees render to the organization to reflect their value. The value assigned by Indian companies to their human resources just denotes the present value of the costs with respect to remaining service life of an employee in the organization rather than their contribution that it will receive from HR. It appears that the organization have stressed

more upon the Human capital Accounting rather than Human Asset Accounting.

Until now, the efforts made are to value human resources and to integrate and present their value in the conventional financial statements. But, if the reality of HRA is to be derived, the concept of preparing financial statements has to be changed. Financial statements have to be prepared with a view which is based on human beings. Instead of the present view based on capital, the financial statements so prepared to show the human resources as assets to be termed as human based financial statements. Now, it is required under law for undertakings to maintain a separate item in their balance sheet about such HR activities undertaken by them. So, undertakings must implement HRA with vigor and clear directions.

He present study based on the primary data related to the reporting of human resources. It can be inferred on the basis of different information that the value of human resources not depend upon the number of persons employed or in other words, it is not necessary that if the number of persons are higher than value will be more. The reason for higher value may be the amount paid to the employees. The manufacturing companies are paying fewer amounts to their employees so their value of human resource is less in spite they employed large number of workforce. The value of IT Companies is higher because the salaries at higher level and middle level are higher in relation to lower level. On the other hand, technical companies having the less worth at lower level in comparison to the manufacturing companies because these companies employed more work-force at top and middle level, that is why they have highest value at the top level.

It can also be inferred that value of employees is higher than sales per employee. If there is reverse situation, companies need not pay much amount to their employees because they are not much efficient to receive such a large amount. Employees should try to improve themselves to increase the profit of the companies, otherwise it will effect negatively not only to the organization but also to the employees.

Employee efficiency plays a very important role to increase the production, sales and profits of the company. Employee efficiency means how effectively and efficiently employees are working. If employee works properly with caliber and interest, it will be profitable for any organization and if they will not work properly then it leads to failure of the organization. Human capital is the most important asset for any organization because all other resources of production directed by human resources. So, success or failure of any organization depends upon the efficiency of employees.

On the basis of response of questionnaire, it can be inferred that companies want to report human resources in their financial statements but according to them the incorporation of the value of HR is very expensive and not easy to calculate the value of HR and if they calculate it, then the value will not indicate the true position of human resource. The annual reports of the companies each from the public and private sector were reviewed to find the organizations reporting HRA information in their annual reports.

These organizations mainly apply Lev and Schwartz Model for valuation of HR. This model calculates the value of HR in terms of the present value of future earnings of HR. The model has calculated the potential costs associated with HR rather than worth of investment in HR.

The HRA information in the annual reports of these organization forms a part of supplementing information. It lacks authenticity since it is unedited. Moreover, the organizations do not disclose in their annual reports all variable which have been considered by an organization in the valuation of HR.

Obstacles in HRA - Although, the theory of HRA appears to be useful, there is still lack of adequate standards for the valuation of HR. The mere process of putting number to things can easily be taken outside the context of their proper use. It is likely that managers will treat human quantitative data not different from quantitative data regarding the physical plant and machinery.

The managers may use HRA as a means of manipulating the employee. She/he may decrease the value of an employee as a form of punishment or control. This may be done by altering the variables like the probability of an employee being promoted to the next state, future increments etc., determining the value of HR. The employee's bargaining power might be increased if his/her value was known. However, power might be increased if his/her value was known.

Conclusion - HRA being an emerging area in accounting has greater potential for further research. The model devised so far, for the valuation of HRA, has been developed in USA keeping into consideration the environments prevailing there. There is a great need to review their applicability in India, a country which is substantially facing different environments.

The special studies needed periodically to calculate cost of turnover, cost-benefit analysis of training and the cost of labor etc., must be a joint effort since many value judgments and assumptions must be made and understood by the prepares of data as well as the user. HRA has a promise; it has not yet met the test of usage. Much more research is necessary before HRA can possibly be useful to operating managers.

References :-

1. Das Hari - Refining Human Resource Management. The Management Accountant, July 1998.
2. Jaggi B and Lau - Towards a Model of Human Resource Valuation, Accounting Review October, 1974.
3. Rensis Likert, Human Organization, its Management and Value, McGraw Hill, New York 1967.
4. Raul, R.K. - 'A Behavioural Approach to Human Resource Accounting' , The Management Accountant,

July 1996

5. Tomassini L.A - Assessing the Impact of Human Resource Accounting. An Experimental Study of Managerial Decision. Preferences The Accounting Review 1972, pg.904-914.
6. Verma Siwalia Bihari - Human Resource Accounting Practices in Public Undertakings in India - The Management Accountant - August 1998.
7. Jena R.K - Some Aspects of Human Resource Accounting, The Indian Journal of Commerce, March 75, pg.44- 51.
8. Porwal, L.S. Accounting Theory, Tata McGraw Hill, Company, New Delhi.
9. Sharma, R.K., Gupta Shashi K., Management Accounting, Kalyani Publishers.
10. Kothari, C.R.(1990), Research Methodology; methods and Techniques, Wishwa Prakashan, New Delhi.
11. Ahmed, A. “Human Resource Accounting: Techniques & Accounting Treatment, DU website: http: ssrn. Com / author Ibid.
12. Palanivelu VR (2007). Accounting for Management. Lakshmi Publishing (P) Limited. New Delhi: 399-403
13. Kamal Gosh Ray (2010). Mergers and Acquisitions. prentice -Hall of India private limited, New Delhi: 203-210
14. Tyagi CL, Madhu Tyagi (2003). Financial And Management Accounting. Atlantic Publishers and Distributors. New Delhi: 441

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

माध्यमिक स्तर पर (ALM) शिक्षण प्रविधि तथा परंपरागत शिक्षण द्वारा कक्षा के वातावरण, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा छात्रों की उपलब्धि पर पडने वाले प्रभावों का तुलनात्मक अध्ययन

श्रीमती धर्मिष्ठा शेरवाल शर्मा *

शोध सारांश – The paper uses a survey of existing education policy and plans. Development of the child is not only a precondition but also a product of education. **What is active learning and why is it important?** Research and anecdotal evidence overwhelmingly support the claim that students learn best when they engage with course material and actively participate in their learning. Yet the traditional teaching model has positioned student as passive receptors into which teachers deposit concepts and information. The model has emphasized the delivery of course material and rewarded students adept at reflecting the course content in assessments. The spoils have tended to go to students with good short-term memories and reading skill.

प्रस्तावना – मानव अपने अनुभवों से ही सीखता आया है, लेकिन कुछ अच्छे या बुरे अनुभव उसने अपने साथियों या अपने से बड़ों अथवा छोटों को इस उद्देश्य से बाँटने चाहे कि, गलतियों का दोहराव न हो या अपने अनुभव से उसने जो कुछ अच्छा सीखा है, उसे ज्ञान रुप में संचित किया जा सके तथा जिन तथ्यों को वह जान चुका है, आने वाली पीढ़ी उन्हें जानने में अपना समय नष्ट करने की बजाय नये तथ्यों को जानने का प्रयास करे। इस प्रकार सीखे गये ज्ञान को स्थानान्तरित करने की आवश्यकता के साथ ही शिक्षण का जन्म हुआ। जैसे–जैसे मानव सभ्यता का विकास होता गया वह अपने प्रयासों से इन अबूझ पहेलियों को सुलझाता गया,साथ ही साथ अपनी बुद्धी द्वारा अर्जित ज्ञान को वह आने वाली पीढ़ी को उपहार स्वरुप भेंट करता रहा, इससे उसमें सिखने के साथ–साथ सीखाने की भी नई प्रेरणा का विकास हुआ। 'सीखाने की व्यवस्थित प्रक्रिया ही शिक्षण है।'

शिक्षण और सीखने का घनिष्ठ सम्बन्ध है। वर्तमान में विद्यालय के सीमित वातावरण में शिक्षकों के सामने सदैव यह प्रश्न रहता है कि– 'बालकों को किस प्रकार सीखायें कि उनका सर्वांगिण विकास संभव हो सके।' आज शिक्षा को क्रियाशीलता से ओत प्रोत होना चाहिये, ऐसी शिक्षा जो मानव को अनुकरण करने वाला न बनाए,बल्कि उसे रचनाकार बनाये, जिससे उसकी कृति को सराहनीय बिन्दुओं के आधार पर देखा जा सके और यह तभी संभव है जब शिक्षा में क्रियाशीलता का आगमन हो।

'शिक्षण की ऐसी विधि जिसमें बच्चे स्वयं सक्रिय होकर सीखते हैं।'

सक्रिय अधिगम प्रविधि द्वारा शिक्षण कार्य सर्वप्रथम देश के तमिलनाडू राज्य में 'सर्व शिक्षा अभियान' के अन्तर्गत the school,Krishnamurti foundation India [KFI school] Channai के सहयोग से सत्र 2007–08 में प्रारम्भ किया गया था। इसके सकारात्मक परिणामों को देखते हुवे इस प्रविधि को मध्य प्रदेश में 'सर्व शिक्षा अभियान' के तहत 500 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2009–10 में लागू किया गया था। अब इसे और अधिक विद्यालयों में लागू किया गया है।

A.L.M. क्या है ?

A.L.M. एक ऐसी प्रविधि है जो छात्रों को मौका देती है।

TIGER प्रारुप :–



अध्ययन की आवश्यकता महत्व :

* शोधार्थी (शिक्षा) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

1. वर्तमान में यह योजना पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित विद्यालयों में लागू है। शोध के परिणामों पश्चात् राज्य के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में छात्र क्रियाशीलता पर आधारित इस योजना को जारी किया जा सकेगा।
2. माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में 'छात्र क्रियाशीलता' के सिद्धान्त अनुरूप शिक्षण कराने की शैक्षिक रणनीति का निर्माण सम्भव है।
3. शाला का वातावरण विद्यार्थियों की सक्रियता एवं उनकी शैक्षणिक उपलब्धि की जानकारी से शालाओं में उत्साहजनक शिक्षण की योजना निर्मित की जा सकेगी।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. ALM योजना तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में अध्ययनरत् बच्चों की सक्रियता (छात्र सहभागिता) का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. ALM तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में संचालित कक्षा के वातावरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. ALM योजना तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था अन्तर्गत अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पना :

1. ALM तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सक्रियता (छात्र सहभागिता) में कोई सार्थक अन्तर प्राप्त नहीं होगा।
2. ALM तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में संचालित कक्षाओं के वातावरण में कोई सार्थक अन्तर प्राप्त नहीं होगा।
3. ALM योजना तथा परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में कोई सार्थक अन्तर प्राप्त नहीं होगा।

अध्ययन का क्षेत्र (परिसीमन) – शोधकार्य का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत होता है, परन्तु शोध कार्य में समय व साधन दोनों ही सीमित होते हैं।

अध्ययन की प्रकृति – अध्ययन की प्रकृति सर्वेक्षणात्मक है।

न्यादर्श (Sample) चयन – 4 माध्यमिक शालाऐं (ALM चयनित शालाऐं) बड़नगर विकासखंड की 4 परम्परागत शिक्षण व्यवस्था से संचालित शालाओं द्वारा – यादृच्छिक आधार पर 15–15 विद्यार्थियों को लिया गया है।

अनुसंधान के उपकरण :

1. अवलोकन सारणी।
2. प्रश्न पत्र द्वारा जांच परीक्षण।

अनुसंधान की प्रविधि – अवलोकन सारणी का निर्माण ,छात्र सहभागिता हेतु , कक्षा के वातावरण हेतु, परीक्षण प्रश्न पत्र का निर्माण भाग-8 के हिन्दी एवं गणित हेतु पृथक – पृथक प्रश्न पत्र तैयार किए गए।

प्रयुक्त सांख्यिकी तकनीक – समान्तर माध्य (M) , प्रामाणिक विचलन (sd) , t या CR परीक्षण तथा स्वतंत्रता अंश df का प्रयोग किया गया है

प्रदत्तों का विश्लेषण

परिकल्पना 1–

df	0.05	0.01
22	2.07	2.82

गणना द्वारा प्राप्त t का मान **4.72** जबकि 22 df (degree of freedom) का सारणी में 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर मान क्रमश: 2.07 तथा 2.82 है। अत: 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर स्पष्ट है कि दोनों शिक्षण पद्धतियों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है।

परिकल्पना 2 –

df	0.05	0.01
22	2.07	2.82

गणना द्वारा प्राप्त t का मान **6.98** जबकि 22 df (degree of freedom) का सारणी में 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर मान क्रमश: 2.07 तथा 2.82 है। अत: 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर स्पष्ट है कि दोनों शिक्षण पद्धतियों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है। प्राप्तांकों का ALM आधारित शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 21.1 तथा परम्परागत शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 12.1 है।

परिकल्पना 3 –

df	0.05	0.01
118	1.98	2.62

118 df पर t का मान 0.05 सार्थकता स्तर पर 1.98 एवं 0.01 सार्थकता स्तर पर 2.62 है। अत: 0.05 एवं 0.01 सार्थकता स्तर के ALM आधारित शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 18.45 तथा परम्परागत शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 10.25 है। स्पष्ट है कि दोनों शिक्षण पद्धतियों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है। **गणित** विषय के लिये परीक्षण प्राप्तांकों का ALM आधारित शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 18.5 तथा परम्परागत शिक्षण अन्तर्गत मध्यमान 16.8 है। स्पष्ट है कि दोनों शिक्षण पद्धतियों के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है।

शोध कार्य के निष्कर्ष –

1. ALM शिक्षण विधि से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की छात्र सहभागिता, जिसमें गतिविधि में सहभागिता, सहपाठी संग सीखना, सृजनात्मकता, स्वयं करके सीखना आदि सम्मिलित है, परम्परागत शिक्षण की तुलना में अधिक पाई गई है।
2. ALM शिक्षण विधि से अध्यापन किए जाने वाले विद्यालयों में कक्षा का वातावरण, जिसमें बैठक व्यवस्था, स्व अनुशासन, विद्यार्थियों में समन्वय, अध्ययन में रूचि आदि सम्मिलित हैं, परम्परागत शिक्षण की तुलना में अधिक बेहतर पाया गया है।
3. ALM शिक्षण विधि से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि परम्परागत शिक्षण प्रक्रिया से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की तुलना में समस्त विषयों में उच्च पाई गई है।

शैक्षिक उपादेयता पर आधारित सुझाव –

1. बच्चों की अध्यापन में सक्रिय सहभागिता एवं बाल केन्द्रित शिक्षण पर आधारित अन्य योजनाओं पर अध्ययन किया जाना चाहिए जो बच्चों की उच्च शैक्षणिक उपलब्धि हेतु लाभकारी हो।
2. प्रस्तुत शोध कार्य बड़नगर विकासखंड के संबंध मे किया गया है। ALM शिक्षण व्यवस्था के परिणामों का अध्ययन अन्य जिलों के परिपेक्ष्य में या संपूर्ण राज्य के परिपेक्ष्य में भी किया जाना चाहिए।
3. माध्यमिक विद्यालयों में ALM के भरपूर प्रयोग पर जोर दिया जाना चाहिए और इस हेतु शिक्षकों को पृथक से प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। यह प्रशिक्षण पूर्णत: ALM सामग्रियों के उपयोग, प्रचालन एवं निर्माण पर केद्रित होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. 1985 डॉ. एम. एस. माथुर, – शिक्षा के सामाजिक दार्शनिक तथा

आधार विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
2. 1985-86 आर. ए. शर्मा - अनुसंधान परिचय, इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, मेरठ
3. 1991 सुरेश भटनागर आधुनिक भारतीय शिक्षा और उसकी समस्यायें, इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाऊस, मेरठ
4. 1995-96 डॉ. गुरूचरण दास त्यागी - उदीयमान भारत में शिक्षा, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा
5. आर. ए. शर्मा - शिक्षा अनुसंधान, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ
6. 1997-98 पारसनाथ राय, - अनुसंधान परिचय लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा
7. 2001 डॉ. प्रीति वर्मा, - आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान विनोद पुस्तक मंदिर-आगरा-2,3
8. 2007 नीरजा आर्य,पी.नारंग,अंजली जैन, - शिक्षा जोश खंड-II के.एस.के. पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स
9. 2008 डॉ. महेन्द्र कुमार मिश्रा, - शिक्षा विश्वकोष अर्जुन पब्लिशिंग हाऊस भाग-III,भाग-II,भाग-I
10. 2009 प्रीति वर्मा - मनोविज्ञान और शिक्षा में सांख्यिकी विनोद पुस्तक मंदिर,
11. 2009 पी. डी. पाठक, - शिक्षा मनाविज्ञान -विनोद पुस्तक प्रकाशन
12. Website of ALM Google : Internet

****

आधुनिक कविता और धर्मवीर भारती का अंधायुग एक विवेचन

डॉ. सूर्यप्रकाश नापित *

प्रस्तावना – आधुनिकता कए जीवन मूल्य है, जिसमें समसामयिकता का ऐतिहासिक संदर्भ तो होता ही है, साथ ही परंपरा की अवहेलना, प्रयोगधर्मिता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, यान्त्रिक सभ्यता, बौद्धिक जटिलता, धर्म-निरपेक्षता, अन्तर्राष्ट्रीयता, व्यक्तिवादी जीवनपद्धति, मनोविश्लेषणवाद, प्रकृतिवाद, युग-संत्रास, अस्तित्ववादी विचारणा, आदिम जीवन स्थिति, नये नैतिकमूल्य- निम्नमध्यवर्गीय जीवन बोध और विभिन्न क्रिया-प्रतिक्रियात्मक ऊहापोह भी सम्मिलित है। अत: आधुनिकता वह प्रक्रिया है जो समाज और साहित्य की विभिन्न विधाओं में स्वत: जन्म लेने वाली परिस्थितियों को आत्मसात करने के लिए प्रयत्नशील है एवं सतत् क्रियाशील नवीन जीवन दृष्टिरूप में जीवन की सार्थकता और मानवीय सम्प्रेषणीयता को साहित्य में अभिव्यक्ति प्रदान करने के लिए नवीन भावभूमि और शिल्प को खोजती है।

द्वितीय महायुद्ध के भीषण परिणाम और मूल्य संकट ने विभिन्न नवीन उद्‌भावनाओं को जन्म दिया। प्रयोगवादी कवि ऐसी ही भावभूमि का परिणाम है। हिन्दी साहित्य में प्रयोगवाद का आविर्भाव तार सप्तक के प्रकाशनकाल सन् 1943 से माना जाता है। तार सप्तक के सात कवि थे- मुक्तिबोध, नेमिचन्द जैन, भारतभूषण अग्रवाल, डॉ. प्रभाकर माचवे, गिरिजा कुमार माथुर, रामविलास शर्मा, और श्री अज्ञेय। इसी काव्यधारा में दूसरा सप्तक 1951 में प्रकाशित हुआ, इस काव्य संकलन की भूमिका में भी अज्ञेय ने स्पष्ट लिखा है कि वे प्रयोगवादी नहीं है, मात्र प्रयोग उनका लक्ष्य भी नहीं है। प्रयोग का कोई वाद नहीं है हम वादी नहीं रहे। न प्रयोग अपने आप में इष्टसाध्य है। ठीक इसी तरह कविता का कोई वाद नहीं है, कविता भी अपने आप में इष्ट या साध्य नहीं है।[1]

प्रयोगवाद स्पष्टत: पुरानी मान्यताओं के प्रति विद्रोह, काव्य रूढियों एवं मार्क्सवादी काव्यधारा की संकीर्ण विचारधारा के विपरीत एक आंदोलन था जिसमें प्रयोगवादी भी अहंवादिता, पलायन प्रवृत्ति, विदेशी प्रभाव, बुद्धिवादिता एवं भावहीनता का शिकार हो चला था और 1956 तक आते-आते नए कवियों ने नयी कविता के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया जिससे नयी कविता की अनेक किस्में आगे चलकर प्रस्फुटित हुई।

डॉ0 भारती नयी कविता के समर्थकों में से एक है जिनके अनुसार 'नयी कविता' प्रथम बार समस्त जीवन को व्यक्ति या समाज, इस प्रकार के तंग विभाजनों के आधार पर न मानकर मूल्यों की सापेक्ष स्थिति में व्यक्ति और समाज दोनो को मापने का प्रयास कर रही है।'[2] डॉ0 भारती को अज्ञेय द्वारा सम्पादित तार सप्तकों में 'दूसरा सप्तक' में स्थान प्राप्त हुआ और यहीं से उनकी साहित्य साधना पाठकों के मध्य प्रस्तुत हुई। नयी कविता के माध्यम से डॉ0 भारती नयी पीढी पर छा गये। अंधायुग औश्र कनुप्रिया के कुछ अंश पहली बार नयी कविता में प्रकाशित हुए तथा बहुसंख्यक कवियों पर देखते ही देखते भारती का व्यक्तित्व छाय गया।'[3]वस्तुत: डॉ0 भारती का कविरूप तारसप्तक एवं नयी कविता के माध्यम से ही विकसित हुआ और अल्पावधि में ही महत्वपूर्ण ख्याति प्राप्त हुई।

डॉ0 भारती की अंग्रेजी काव्य में बचपन से ही रूचि रही, फलस्वरूप उनका स्वयं का व्यक्तित्व रोमानी भावबोध से परिपूर्ण हो गया। छाया-वाद की वायवीयता और निर्जीवता का विरोध कर भारती ने भी चाहा कि वे कविता में यथार्थ जिन्दगी भर दें। कविता की मुख्य कसोटी प्रभाव डालने की शक्ति को स्वीकृत कर भारती इस साध्य हेतु साधन रूप को स्वीकृति प्रदान करते हैं। किन्तु प्रयोग मात्र न हो, उसके लिए अर्थपूर्ण होना अत्यावश्यक है।[4]

भारती ने कविता लेखन के लिए किसी भी विषय को वंचित नहीं रखा, सभी विषयों पर लिखा। डॉ. भारती की कविताएं दो संग्रहों- ठंडा लोहा और सात गीत वर्ष में संकलित है। जिनमें प्रथम संग्रह की कुछ कविताएं जनवादी भावभूमि पर प्रभाव डालती है। कवि ने इस भावभूमि की खोज अपने बाहर की सच्चाई हृदयंगम करके ही परिलक्षित की है। कुछेक ही ऐसी कविताएं है जिनमें बाहर की व्यापक सच्चाई की अपेक्षा निजी अनुभूति एवं आंतरिक पीडा को उद्धृत किया है।

काव्य साहित्य – प्राय: सभी कविताओं में रोमानी भावबोध की स्पष्ट झलक प्राप्त होती है एवं कविताओं में स्मृति निर्भर उदास रस-बेहद झलकता हुआ लक्षित होता है। इस रस में स्वयं को मुक्त कर लेखक ने जनवादी स्वर अपनाने का प्रयास किया है। कविताओं में स्वचिन्तन को भी महत्वपूर्ण स्थान प्रदान करते हुए नवीन भावबोध स्पष्ट किया जिससे प्रमुख चेतना जागृत हो उठी-

तुम अभी सुकोमल
बहुत सुकोमल अभी न सीखो प्यार।[5]

डॉ0 भारती की कविताओं में बातचीत की सहजता स्वत: ही प्राप्त हो जाती है।

'पर यह क्या पागलपन
मै बेहतर हूं, सुख से हूं
फिर इसमें कौन-सी बात है रोने की?
जाने दो
लो, यह चाय पियो।'[6]

आधुनिकता युगीन सत्यता से साक्षात्कार कर कवि यथार्थ भावभूमि को अपना विषय बनाकर कविताएं करता है, उनके अनुसार 'मैं अपना पथ बना रहा हूं, जिंदगी से अलग रहकर नहीं जिंदगी के संघर्षो को झेलता हुआ, उसके दु:ख दर्द में एक अर्थ ढूंढता हुआ और उस अर्थ के सहारे अपने को जनव्यापी सच्चाई के प्रति अर्पित करने का प्रयास करता हुआ। कवि का

* व्याख्याता (हिन्दी) राजकीय महाविद्यालय,झालावाड (राज.) भारत

जीवन, कवि को वाणी, अर्पित जीवन और अर्पित वाणी होते हैं।'[7] इसी आधार पर डॉ0 नन्ददुलारे वाजपेयी ने कहा है कि भारती में निराला को शृंगारिक और कोमल भावनाएं आभासित होती है।....... 'भारती अधिक एकांतजीवी है, निराला की शृंगारिक भास्वरता उनके पास नहीं है।'[8]

भारती ने प्रयोग के लिए प्रयोगवादी रचनाओं का निर्माण नहीं किया अपितु उन्होने अर्थवत्ता और संप्रेषणीयता की कसौटी पर ही आवश्यकतानुसार प्रयोग अपनाया है। उनकी कविताएं विभिन्न शैलियों लोकगीतात्मक, प्रतिध्वनि आदि में लिखी हुई है और पूर्णत: सफल भी है। अत: स्पष्ट है कि भारती काव्य सप्तकीय कवियों में अपनी विशिष्ट विचार शृंखला तो बनाए ही रखते हैं साथ ही स्वतंत्र काव्य में भी आधुनिकता की स्थापना भी करते हैं और परंपरा निर्वाह भी करते चलते हैं।

ठंडा लोहा संग्रह की तुलना में सात गीत वर्ष संग्रह की कविताओं का कथ्यपक्ष और अभिव्यक्ति पक्ष अधिक सशक्त औश्र समृद्ध तथा विकासोन्मुख दिखाई देता है साथ ही प्रभावी भी बन पडा है। भाषा भावों की पूर्णत: अनुगामिनी बनकर प्रयुक्त हुई है और उसमें पर्याप्त रूप से सहजता भी विद्यमान है। प्रणय और प्रेम की कविताओं के साथ युगीन समस्याओं का भी आकलन प्रस्तुत किया गया है एवं महत्वपूर्ण प्रश्नों के साथ-साथ सामाजिक एवं अन्य समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत किया, जिससे कवि का चिन्तन बोध परिलक्षित होता है। पराजित पीढी का गीत, प्रमथ-युगाथा, टूटा पहिया, आदि कविताएं पौराणिक मिथकों के आधार पर आधुनिक युगीन संत्रास, भय, अनास्था, अंधकार और विषमतापूर्ण परिस्थितियों की ओर संकेत प्रदान करती है।

'लघु मानव' और महामानव विषयक धारणा में डॉ0 भारती जन-नायक में नहीं अपितु साधारण जन मे विश्वास करते हैं और अपनी आस्था केन्द्रित करते हैं। जिज्ञासा शीर्षक कविता में उन्होने व्यक्ति की शंकाकुल मन: स्थिति का चित्रण स्पष्ट किया है। यदि नायक की कोई छोटी सी भूल सहसा अभियानों को पथभ्रष्ट कर दें एवं सामूहिकता भी छलसिद्ध हो तब अपनी वैयक्तिकता को हार कर क्या सामान्य जन को प्राप्त हो सकेगा? 'प्रमथ-युगाथा' इसका स्पष्ट निराकरण प्रस्तुत करती है। व्यक्ति की शंकाकुल मन: स्थिति का कारण इतिहास के महायुद्धों एवं सात्यवादी व्यवस्था की स्थापना हेतु घटित रक्त रंजित क्रांतियों की नृशंसता एवं सैनिक तानाशाही की स्थापना घटनााओ के माध्यम से मानव व्यक्तित्व की सीख है। प्रत्येक व्यवस्था मानव विवेक और निर्णय को कुंठित करती है। इसकी भारती अंधायुग में जाकर स्पष्ट कर पाते हैं। इतिहास सामान्य जन की गाथा नहीं लिखता अपितु इस तथ्य की उपेक्षा भी नहीं की जा सकती कि नायक के असफल हो जाने पर सत्य का झंडा सामान्यजन के हाथों में आकर विजय की ओर अग्रसर हो। सामान्य जन ही वास्तविक अर्थो में इतिहास के निर्माता है, भारती इसी लघु मानव की महत्ता रथ के पहिए के आधार पर प्रतिपादित करते हैं, यथा-

'मैं रथ का टूटा पहिया हूं
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहास की सामूहिक गति
सहसाझूठी पड जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे पहियों का आश्रय लें

डॉ0 भारती की कविताओं में सबसे महत्ती उपलब्धि पाठकों का कवि से सीधा साक्षात्कार होना है। हालांकि कवि की आस्था सदैव डगमगायी हुई प्रतीत होती है। उसमें अस्थिरता का भाव नहीं आ पाया है। कभी वह ईश्वरीय सत्ता के प्रति आकृष्ट होकर उसे स्वीकार करता है तो कहीं आज के युग के साथ तादात्म्य स्थापित करता हुआ अनास्था के भाव परिलक्षित करता है। जबकि कई स्थानों पर तटस्थ रहकर प्रभु का प्रयोग दिव्य सत्ता के लिए कम अतीत के लिए अधिक सार्थक मानता हुआ कवि मन के मूल में नवीनता के प्रति आग्रहप्रस्तुत करता है। कहीं-कहीं विरोधी वक्तव्यों से असंतुलित भी होने लगता है औश्र उसकी संवेदना टूटती हुई प्रतीत होती है। वस्तुत: कवि आत्मानुभूति में इतना तल्लीन हो जाता है कि केन्द्रीय कथ्य का निर्वाह कहां तक हो ऐसी अपेक्षा की जाती रहती है। कभी कभी समष्टिगत कविताएं करते-करते भावी उद्भावनाएं प्रस्तुत करता है। लेकिन क्या कवित की कल्पना साकार होगी आवश्यक नहीं। प्राय: इनकी कविताओं में समष्टिबोध की व्यापक चर्चा की गयी है किन्तु कवि एक सामाजिक प्राणी है और इस कारण उसमें निजी भावनाओं का आत्मसात अवश्य हो जाता है। कवि स्वयं स्पष्ट कर चुका है कि एक लंबे अंतराल के कारण कविताओं में बिखराव अवश्य है लेकिन सृजन के महत्व को उद्घाटित करते हुए विविध आयामों की ओर स्पष्ट संकेत करने का प्रयास है।

कथ्य एवं शिल्प की दृष्टि से संपूर्ण कवितायें अपना नवीन उद्घोष प्रस्तुत करती है जिसमें लेखक ने परंपरा निर्वाह के साथ नवीन बिम्ब, प्रतीक, उपमान आदि प्रस्तुत करते हुए काव्य साहित्य को नया मोड दिया।

छायावादी एवं प्रगतिवादी कवियों के प्रवृति चित्रण एवं मानवीयकरण की परंपरा को आगे बढाते हुए रोमानी भावबोधपूर्ण कविताएं लिखकर कविता में अपना स्थाना निर्धारित किया है और साहित्य को नवीनतम उपलब्धि प्रदान की। साथ ही अछूते संदर्भो को अपने कथ्य का विषय बनाकर नवीनता प्रस्तुत करने में लेखक बहुत अधिक सफल हुआ है। यथा-

'मस्तक इतना खाली
लगता जैसे
जो कोई लडा हुआ नारियल।'

एवं-

देखा नहीं
बौर लदी नाजुक टहनी सी इस देह की
हलकी गरमाई को, केवल महसूस किया
जाता नहीं।'[10]

प्रकृति को मानवीयकरण रूप में प्रस्तुत कर छायावादी परिकल्पना को साकार रूप प्रस्तुत किया-

'अपने हल्के फुल्के उडते स्पर्शो से मुझकों छू जाती है।
जार्जेट के पीले पल्ले सी यह दोपहर नवंबर की
आई गई ऋतुएं पर वर्षो से ऐसी दोपहर नहीं आई
जो क्वारेपन के कच्चे छल्ले-सी
इस मन की उंगली पर कस जाये और फिर कसी ही रहे।'

आधुनिक मानव की स्थिति के वास्तविक चित्र को स्पष्ट करते हुए उसकी घुटन, टूटन, मायूसी, आहत अहम्, कुंठा आदि को चित्रित करते हुए नीरसता की स्थिति स्पष्ट करते हैं और आस्थावादी दृष्टि प्रदान करते हैं।

'इतनी अजीब किस्मत लेके
पैदा हुए क्यों हम तुम।

शायद वह कोई और था
उसने तो प्यार किया रीत गया, टूट गया
पीछे में छूट गया।'[12]

और–

'मैं जनपथ हूं
मैं प्रभुपथ हूं, मैं हूं जीवन
प्रभु! तुम तो केवल पथ हो
चलना तो हमको ही होगा।

याद करो प्रभु
जब तुमने पीठ पर
धरती उठायी थी
सबका बोझ
अपने पर लेने की
ताकत कहां पायी थी।'[13] के साथ कर्म की महत्ता प्रतिपादित करते हुए परंपरा निर्वाह की स्थिति भी स्पष्ट करते हैं। मनुष्य के अहं की और आधुनिक व्यक्ति की मनोवृत्ति को स्पष्ट करने के लिए लेखक नवीन शब्दजालों के माध्यम से उपयुक्त कथ्य प्रकट करने में सफल हुए हैं। यथा–

'वात पित्त कफ के बाद
चौथे ढोष अहं से पीडित है
बस्ती बस्ती में
नये अहं के अस्पताल खुलवाओं
वे सब बीमार है
डरो मत तरस खाओ।'[14] के माध्यम से आधुनिक निर्माण योजना पर दृष्टिपात किया है और नवीन संदेष प्रतिपादित किया है। रोमानी भावबोध पूर्ण कविताओं में ऐसे उदाहरण है जिनमें अछूते संदर्भो की ओर कवि ने ध्यान आकृष्ट किया है तथा नवीन उद्‌भावनाएं प्रतिपादति की है–

'तुम्हारे स्पर्श की बादल धुली कचनार नरमाई
तुम्हारे वक्ष की जादू भरी मदहोश गरमाई
तुम्हारी चितवनों में नरगिसों की प्रांत शरमायी
किसी भी मोल पर मैं आज अपने को लूटा सकता
सिखाने को कहा
मुझसे प्रणय के देवताओं ने
तुम्हें आदिम गुनाओं का अजब सा इन्द्रधनुषी स्वाद
मेरे जिन्दगी बरबाद।'[15]

वस्तुत: लेखक ने छायावादी कवियों की लोक पर चलते हुए अपनी कविताओं में नयापन प्रस्तुत किया। जब सभी लेखक एवं कवि प्रस्तुति के माध्यम से मूलभूत समस्याओं एवं तथ्यों को उद्घाटित कर रहे थे और उनका प्रकट करने का तरीका प्रकृति का मानवीकीकरण एवं रोमानी भाव बोध था। डॉ. भारती ने भी रोमानी भावबोध के आधार पर प्रकृति के माध्यम से ही कविताओं के बिम्ब, प्रस्तुत उपमान, प्रतीक आदि प्रस्तुत होते हैं। उन्होने उन्हीं संदर्भो एवं स्थलों को अपनी कविताओं का विषय चुना जिनकी ओर अन्य समकालीन कवियों का ध्यान नहीं गया था। जैसे प्लेटफॉर्म, नवम्बर की दोपहर, शाम दो मन: स्थितियां ठंडा लोहा, कोहरे भरी, सुबह सम्पाती, पंख पहिये और पट्टियां आदि स्थलों के माध्यम से युगीन भाव प्रस्तुत किए हैं।

नारी को रीतिकालीन स्थिति से हटाकर नवीन रूप प्रस्तुत करने में वे सफल हुए हैं। जिसमें एक ओर कनुप्रिया में विरोधी स्वर प्रकट करते हैं। तो दूसरी ओर स्फुट कविताएं ठंडा लोहा मे नारी के पूज्य रूप की कल्पना प्रस्तुत की है। यथा–

'प्रात: सद्य: स्नात
कन्धों पर बिखेरे केश
आंसुओं में ज्यो धुला
वैराग्य का संदेश
चूमती रह रह
बदन को अर्चना की धूप
यह सरल निष्काम
पूजा सा तुम्हारा रूप।'[16]

इसी प्रकार संपूर्ण कविताएं नए भाव, नये शब्द बिम्ब रूपों से परिपूरित दिखाई पडती है। साथ ही प्रयोगवादी कविताओं में अपना एक अलग और विशेष महत्व रखती है। फलस्वरूप भारती नयी कविता और प्रयोगवादी कविताओं में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर चुके हैं। इनकी गणना प्रमुख कवियों की अग्रणी पंक्ति में की जाने लगी है।

अंधायुग : एक नवीन उपलब्धि – हिन्दी साहित्य में काव्य नाटक का इतिहास आधुनिक युग से ही शुरू हुआ है। अत: आज भी नाटक अपने स्वरूप एवं विधि की दृष्टि से निर्माण की ही अवस्था में दिखाई पडता है। आज भी उसकी धारणा अनिर्णीत एवं अनिश्चित देखी जाती है। आज भी विभिन्न लेखक अलग–अलग काव्य नाटक या गीतिनाट्य लिखते रहे हैं तथा नाटक का नित्य नवीन स्वरूप निर्धारित करते रहते हैं। 'प्रसाद के करूणालय से लेकर पंत के सौवर्ष तक की यात्रा में एक बात साफ हो जाती है। कि इन रचनाओं में काव्य नाट्य रूप ग्रहण करे की प्रक्रिया से गुजर रहा लेकिन इसका बाह्य रूप या शैली भले ही नाटक की हो मूल प्रकृति काव्यात्मक है। नाट्य रूप इस काव्य की अनिवार्य परिणति नहीं लगती, वह तो सुविधा या उपचारवष ग्रहण कर लिया गया है।

'इसमें कोई शक नहीं है कि हिन्दी नाट्य परम्परा में अंधायुग पहला नाटक है जिसमें पांचों तकनीकी विशेषताओं–संवादों का मुक्त छंदों में होना, आवश्यकतानुसार लय परिवर्तन, ग्रीक कोरस के निम्नवर्ग के पात्रों की भांति दो प्रहरियों को पेश करना, अन्तराल में वृत्तगन्धी पद्य का प्रयोग और कथानक में कुछ उत्पाद्य तत्वों का समावेश– को एक जगह काम में लाया गया है किन्तु यह भी सच है कि कालिास से रवीन्द्रनाथ ठाकुर तक और रवीन्द्रनाथ ठाकुर से मोहन – राकेश तक भारतीय नाट्य परंपरा में हम एक भी ऐसा नाटक नहीं पाते, जिसमें इन पांचों शिल्पगत विशेषताओं को एक साथ प्रयोग में लाया गया हो। जाहिर है कि अंधायुग हिन्दी और भारतीय नाट्य परंपरा की कडी नहीं है इसके प्रकाशन से लगभग 30 वर्ष पूर्व अंग्रेजी में एक ऐसा नाटक रचा गया था, जिसमें पहली बार इन पांचों तकनीकी विशेषताओं को काम में लाया गया है वह है टी.एस.इलियट का मर्डर इन दी केथीड्रल 1934 दोनों में शिल्प सगम्य इतना स्पष्ट है कि यह निष्कर्ष निकालना नितान्त गलत नहीं होगा कि अंधायुग का पूर्वगामी न अभिज्ञान शाकुंतल है न विसर्जन और न चित्रांगदा बल्कि मर्डर इन द केथीड्रल है।'[18] लेकिन इतना अवश्य निर्धारित किया जा सकता है कि डॉ. भारती इसके अनुकर्ता है अपहर्ता नहीं। अनुकरण के आधार पर लिखा गया अंधायुग मर्डर इन दा केथीड्रल से विलग भावभूमि एवं बिम्बात्मकता के साथ प्रस्तुत हुआ है।

अत:पौराणिक एवं आधुनिक मिथकीय पद्धति में लिखा गया यह काव्य नाटक हिन्दी साहित्य में नितान्त नवीन है। इसी प्रकार के कुछ अन्य प्रबंध काव्य भी है जैसे उर्वशी, संशय की एक रात, एक कंठ विषपायी, आत्मजयी,

आदि जो इस तरह के साहित्य में प्रस्तुत होते रहे हैं किन्तु 'अंधायुग' एक विशेष पद्धति और संरचना के आधार पर प्रस्तुत हुआ है। जो साहित्य में नितान्त नवीन रूप प्रस्तुत करता है। महाभारत के अठारह दिनों के युद्ध के बाद की संध्या और कौरव नगरी की उजडती हुई वास्तविक स्थिति तथा गिरती दशा को मुखरित करने की लेखक ने सफलतापूर्वक कोशिश की है।

युद्धोत्तरकालीन घटनाओं, समस्याओं एवं मूल्यंधता के प्रश्नों की व्याख्या प्रस्तुत काव्यनाटक में हुई है जो अपना एक अलग महत्व रखती है। साथ ही लेखक के चिन्तनशील व्यक्तित्व के अनुसार तृतीय विश्वयुद्ध की आषंका, पृष्ठभूमि, संभावना एवं परिणाम प्रस्तुत करने में कृति पूर्णत:सफल हुई है। अश्वत्थामा का ब्रह्मास्त्र और अर्जुन का पाशुपति असत्र आधुनिक हाइड्रोजन बम की हो तो भूमिका अदा करते हैं। वस्तुत: अंधायुग में आधुनिक गीतिनाट्य की तकनीकी का सफलतापूर्वक निर्वाह हुआ है। इसकी तकनीकी पद्धति वेस्टलेण्ड और मर्डर इन दा केथैड्रिल के अनुकरण के आधार पर उद्धृत हुई है। इसकी कथापद्धति अवश्य अनुकरण के आधार पर रखी गयी है किन्तु उसे नये ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह लेखक का अपना स्वयं का नया विचार है, नया प्रयोग है।

'अंधायुग' कई दृष्टियों से हिन्दी गीतिनाट्य परंपरा में एक नया मोड उपस्थित करता है। इसके पूर्व के सभी गीतिनाट्य एक प्रकार से एकांकी नाटक कहे जा सकते हैं। जबकि अंधायुग हिन्दी का प्रथम पूर्ण गीति नाट्य कहा जा सकता है। पांच अंकों में विभाजित गीति नाट्य में अतुकान्त छन्द के प्रयोग की अपेक्षा मुक्तवृत्त पद्धति को अपनाकर रंगमंच के लिए उपयुक्त भावाभिव्यंजना प्रस्तुत करने में समर्थ एवं सफल बनाई गयी है। अंधायुग से पूर्व के गीति नाट्यों में कथावस्तु में इतनी व्यापकता विद्यमान नहीं थी, उनकी संकीर्ण सीमाओं में किसी लघुकथा का ही समायोजन सम्भव हो सकता था जबकि डॉ0 भारती ने अंधायुग में कथ्य की व्यापकता समाहित की है। कथा प्रख्यात तथा मार्मिक रूप में अभिव्यक्त हुई है। कथा में प्रतीकात्मकता, भावाभिव्यंजना तथा रूप विन्यास लेखक की सामर्थ्यानुसार प्रविष्ट हुए है।

कथागायन या कोरस तथा प्रसंगानुसार बदलता हुआ टोन या लय का लेखक ने कथावस्तु में गतिशीलता लाने के लिए प्रयोग किया है। 'अंधायुग' में कथागायन वस्तुसंघटन का एक अत्यन्त आवश्यक उपकरण है। कथागायन का दूसरा कार्य है, एक और यह कथा की पृष्ठभूमि तैयार करता है और रंगमंच पर अभिनीत न होने वाली घटनाओं की सूचना देता है तो दूसरी और दृष्य परिवर्तन को इंगित करता है। कथागायन समयानुसार अपना रूप परिवर्तित करता रहा है। प्रथम खण्ड के अंत में और दूसरे खंड के शुरू में कथागायन लगभग एक ही सा है।[19]

गीतिनाटकों की अभिनेय सफलता नाटकों के छनद विधान, लय, भाषा आदि पर पूर्ण रूप से निर्भर होती है। मानसिक संघर्षो का सफलतापूर्वक चित्रण ही उनका प्रमुख लक्ष्य होता है। मानसिक स्थितियों एवं विसंगतियों के द्वारा ही गीतिनाट्यों में पात्रों का चरित्र चित्रण प्रस्तुत किया जाता है तथा पात्रों की सफलता एवं असफलता भी इसी आधार पर आंकी जाती है। अंधायुग में अश्वत्थामा, धृतराष्ट्र, संजय युयुत्सु, गांधारी आदि का चित्रण ही इसी आधार पर प्रस्तुत हुआ है। ध्यान देने योग्य बात इतनी ही है कि पात्रों के मानसिक संघर्ष और क्रिया व्यापार का तारतम्य टूटने न पाये। साथ ही लेखक अपना मन्तव्य भी भलीभांति प्रस्तुत कर सकें। अंधायुग में युगीन चित्रण इसी आधार पर स्पष्ट हुआ है।

द्वितीय महायुद्ध के बाद जो युग आया है वह महाभारतयुगीन अमर्यादो और अनैतिकता से किसी भी प्रकार से कम नहीं माना जा सकता है, जो समस्याएं उस समय विद्यमान थीं लगभग वे ही समस्याएं आज के युग में भी मानव के समक्ष उसी रूप में विद्यमान है। आज दुनिया को रक्तपात, कुरूपता, भयंकर निराशा और अन्धापन बुरी तरह घेरे हुए है। गूंगे सैनिक की मार्मिक व्यथा आज के परमाणु युग पर कितना मार्मिक व्यंग्य है। तत्कालीन कथा-वस्तु को आज की समस्याओं से जोडने का कार्य मुख्य रूप से दोनो प्रहरी करते हैं। वे कहीं आज के शस्त्रों की होड और हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं तो कहीं निम्नवर्ग की अपरिवर्तित स्थिति की ओर।' [20] युधिष्ठिर के शासन के संबंध में प्रहरियों का वार्तालाप आज के युग पर पूर्णत: लागू होता है-

'शासक बदले
स्थितियां बिल्कुल वैसी ही है,
इससे तो पहले ही के शासक अच्छे थे
अंधे थे
लेकिन शासन तो करते थे
ये तो संत ज्ञानी हैं
शासन करेंगे क्या?'[21]

अन्तत: इतना ही कहना युक्तियुक्त होगा कि डॉ0 भारती का अंधायुग गीति नाट्य परंपरा में एक नया और स्वस्थ मोड लेकर उपस्थित हुआ है और हिन्दी का सर्वप्रथम पूर्ण गीतिनाट्य होने का स्थान प्राप्त करने में समर्थ हुआ है। इससे नाट्य परंपरा निर्वाह और विकास की नई दिशाएं खुलने लगी है। विचार एवं शैली की दृष्टि से निरसंदेह 'अंधायुग' गीति नाट्य में अपनी अहं भूमिका प्रस्तुत करता है और नवीन मार्ग प्रचलित करता है। डॉ0 भारती का योगदान सराहनीय है। उनका यह साहसिक कदम नये कवियों के मार्ग निर्देशन के लिए महत्वपूर्ण होगा। 'अंधायुग' में शैल्पिक दृष्टि है प्राचीन पद्धति का समावेश अवश्य हुआ है किन्तु वह अपने तरीके का नया है। इसमें विभिन्न महत्वपूर्ण नाटकीय रूप विद्यमान हुए हैं, क्रमश:- रंगमंचीय अभिनीत न होने वाली घटनाओं की सूचना ने पथ्य से कथागायन द्वारा या विभिन्न संकेतों के माध्यम से स्पष्ट की गई हैं, जैसे-

'युद्धोपरान्त
वह अंधायुग अवतरित हुआ
जिसमें स्थितियां, मनोवृतियां, आत्माएं सब विकृत है
है एक बहुत पतली डोरी मर्यादा की
पर वह भी उलझी है दोनो पक्षों में
सिर्फ कृष्ण में साहस है सुलझाने का
वह है भविष्य के रक्षक, वह है अनासक्त
पर शेष अधिकतर है अंधे
पथभ्रष्ट,आत्महारा,विगलित
अपने अंतर की अंध गुफाओं के वासी
यह कथा उन्ही अंधों की है
क्या कथा ज्योति की है अंधों के माध्यम से।' [22]

सूचना के साथ-साथ गायन पद्धति का काव्य नाटक में तारतम्य, गतिशीलता एवं प्रभावात्मकता बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान है।

2. गायन या कोरस पद्धति का प्रयोग दृष्य परिवर्तन या अंक परिवर्तन या अंक परिवर्तन के समय अधिकांशत: किया गया है। जैसे लोकनाट्य परंपराओं में यह पद्धति प्रयोग में लायी जा रही है।

3. वातावरण में मार्मिक एवं संवेदनात्मक उत्कर्षता के लिए गायन पद्धति उपयुक्त बन पडी है-

'अन्त:पुर में मरघट की सी खामोषी
कृष गांधारी बैठी है शीष झुकायें
सिंहासन पर धृतराष्ट्र मौन बैठे हैं
संजय अब तक कुछ भी संवाद न लायें।'[23]

4. प्रतीकात्मकता स्पष्ट करने एवं बिम्ब चित्र उपस्थित करने के लिए गायन की उपयोगिता महत्वपूर्ण है।

अष्वत्थामा- वाणी तो सत्य धर्मराज की
मेरी इस पसली के नीचे
दो पंजे उग जायें
मेरी ये पुतलियां बिना दांतों के चौथ खायें।[24]

संकाय- पंजों से गला दबोच लिया
आंखों के कोटर से दोनो साबित गोले
कच्चे आमों की गुठली जैसे उछल गए
खाली गड्डों में काला लोहू उबल पडा।[25]

प्रहरी- अंधें राजा की प्रजा कहां तक देखें?
दीख नहीं पडता कुछ
हां, शायद बादल हैं।'[26]

5. कल्पना मिश्रित अभिव्यंजना शैली प्रस्तुत करने और दृष्य परिवर्तन के लिए भी कोरस पद्धति का महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा प्रस्तुत काव्य नाटक में नाटक के सभी तत्वों - पात्रों के कथोपकथन द्वारा पात्रों का चरित्रोंद्घाटन, नाटककार का उद्देश्य, कथानक की गाम्भीर्यता एवं लेखक के उद्देश्य के साथ नाटक में आरोह-अवरोह की स्थिति, नाटक का पांच अंकों में विभाजित होना और प्रत्येक अंक में विभिन्न दृष्यों का होना आदि का होना अंधायुग की सफलता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। साथ ही काव्य नाटक या गीतिनाट्य परंपरा में अंधायुग नाटक को अग्रणी पंक्ति में पहुंचाने में भी अहं भूमिका प्रस्तुत करते हैं। लेखक का हिन्दी नाट्य साहित्य के लिए अंधायुग प्रेषित करना महत्वपूर्ण नवीन उपलब्धि के साथ महत्वपूर्ण योगदान भी रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दूसरा सप्तक !!सं. अज्ञेय!! भूमिका भाग, पृ. 6
2. डॉ0 धर्मवीर भारती- मानवमूल्य और साहित्य, पृ. 176
3. डॉ0 जगदीष गुप्त- नयी कविता: स्वरूप और समस्याएं, पृ.2
4. दूसरा सप्तक !!सं. अज्ञेय!! वक्तव्य,पृ. 166-67
5. डॉ. धर्मवीर भारती-ठंडा लोहा, पृ. 25
6. वहीं पृ. 74
7. वहीं,पृ.3 !!भूमिका!!
8. डॉ. नन्ददुलारे वाजपेयी-नयी कविता,पृ.50
9. डॉ0 धर्मवीर भारती - सात गीत वर्ष, पृ.155
10. वहीं पृ0 129
11. डॉ0 धर्मवीर भारती -ठंडा लोहा, पृ. 27
12. डॉ. धर्मवीर भारती-सात गीत वर्ष, पृ. 59
13. वहीं,पृ. 41-42
14. वहीं,पृ.70
15. डॉ0 धर्मवीर भारती-ठंडा लोहा, पृ. 18
16. वहीं पृ. 5
17. धनंजय वर्मा- आस्वाद के धरातल, पृ. 159
18. डॉ0 प्रेमपति !!सं. लक्ष्मणदत्त गौत्तम!!- धर्मवीर भारती, पृ. 167
19. डॉ0 बच्चनसिंह-हिन्दी नाटक, पृ. 195
20. वहीं, पृ. 200-200।
21. डॉ0 धर्मवीर भारती-अंधायुग, पृ. 107
22. वहीं पृ. 10
23. वहीं, पृ. 16
24. वहीं पृ. 36
25. वहीं, पृ. 79
26. वहीं, पृ. 14

****

''कवि की प्रेयसी'' उपन्यास का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

डॉ. विनीता कौशिक *

प्रस्तावना – 'कवि की प्रेयसी' श्री इलाचन्द्र जोशी के ऐतिहासिक परिवेश से अवगुंठित उपन्यास है। उपन्यास की प्रस्तावना में ही लेखक ने इसके लिखे जाने के पूर्व की स्थिति चित्रित की है – ''प्राचीन महानगरों में उज्जयिनी ही मेरे मन के अनुकूल बैठ सकती थी। उसको केन्द्र बनाकर नाना प्रकार की कल्पनाएँ मन में उठी और अन्त में एक फैन्टेसी के भीतर सभी कल्पनाएँ केन्द्रित हो गई।''[1]

सोमिल्लक लेखक का प्रिय पात्र है। सोमिल्लक के घर में यवनी कनिष्ठा माता का प्रवेश उसके तथा परिवार की सभी स्त्रियों के व्यवहार को बदल देता है। जहां सोमिल्लक का बालक मन उसके प्यार से आप्लावित होकर उसे ही अपनी सगी माता के रूप में स्वीकारता है, वहीं उसकी अपनी कही जाने वाली माता व अन्य स्त्रियों के मन में घृणा व ईर्ष्या के भाव भर देता है।

सोमिल्लक आरंभ से ही स्वतंत्र प्रकृति का बालक था। उसे अपने पितामहों द्वारा साधारण व निम्न वर्ग के बच्चों के साथ खेलने से रोका जाता था लेकिन वह उन्हीं के साथ खेलता और यहां तक कि यदि कोई सुन्दर बच्चा होता तो उसे अपने अंक में भर लेता था। उसका यह कार्य समलिंगी आकर्षण ही था। यदि उसके पितामह, चचेरे भाई की प्रशन्सा उसके सम्मुख कर देते तो वह ईर्ष्या करने लगता और अपने किसी भी कार्य को उस चचेरे भाई की अपेक्षा अधिक लगन से करता था। यहाँ बाल मनोविज्ञान को लेकर फायड़ का प्रभाव देखा जा सकता है। बाल मनोविज्ञान की इन पंक्तियों में शेखर एक जीवनी के शेखर के बाल वर्णन में अज्ञेय द्वारा उद्घाटित मन स्पष्ट हुआ है। बालक सोमिल्लक अपनी जिज्ञासा शांति अपनी स्वयं की तीव्र कल्पनाओं के माध्यम से करता है तो अज्ञेय का शेखर यथार्थ धरातल पर पुस्तकें पढ़कर या बहिन के बाते करके करता है।

सोमिल्लक शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् अनुभव प्राप्त करने देशाटन पर निकलता है और वहीं इन्दौर में उसकी भेंट राजकुमारी वेश में छिपी शिरीषा से होती है। यद्यपि शिरीषा के अवचेतन मन के किसी कोने में सोमिल्लक की पूजा हैं, लेकिन वह अपने घोर अहंकार के कारण उसे डांट देती है। शिरीषा को देखते ही सोमिल्लक की दमित–बास कामना उग्र रूप धारण कर लेती है। वह कहता है–

''कुछ ही घड़ियों के लिए निकट सम्पर्क में आकर उसने मुझे मेरे अंतर को बुरी तरह झकझोर दिया था। अपने जीवन का प्रथम प्रेम मैं उसी के चरणों में अर्पित करने के लिए उतावला हो उठा था ....''

इस अनिरूद्ध आकर्षण के विरूद्ध मेरे मन की कोई नियंत्रक शक्ति कारगर नहीं हो पा रही थी।[2] लेखक के द्वारा यहां काम–मूलक ग्रंथि का सफल अंकन किया गया है।

बहुत दिनों प्रवास पर रहने के पश्चात् सौमिल को अपनी कनिष्ठा माँ 'इज्जा' के पास जाने की इच्छा हुई तब उसने शिरीषा को अपने मित्र प्रहर्ष वर्मा के यहाँ छोड़ा जहाँ प्रहर्ष की बहन रत्नप्रिया भी थी। रत्नप्रिया के भी अवचेतन में सोमिल्लक का निवास था लेकिन जब उसने देखा कि सोमिल्लक शिरीषा के प्रति आकर्षित है तब वह न ईर्ष्या ही करती है और न ही कोई कटु वचन बोलती है, बल्कि दोनों के विवाह को तत्पर होती है। यहाँ रत्नप्रिया के मनोभाव लेखक जोशी जी के भारतीय आदर्श की भूमि पर आते हुए दिखाई पड़ते हैं। यहीं पर जोशी जी की दृष्टि पाश्चात्य मनोविज्ञान से अलग हुई है। पूर्व जन्म के संस्कारों का वर्तमान जीवन में प्रभाव डालने का विश्वास, लेखक का इस उपन्यास में जिन्दा है। रत्नप्रिया के निम्न वाक्य भी लेखक के इन विचारों को पुष्ट करते है –

''प्रतिभा की कोई वय नहीं होती। वह जन्म–जात होती है। पूर्व जन्म की देन छुटपन में ही अधिक विकसित होती है, अनुभवी विद्वान परीक्षकों ने बड़ी सूक्ष्म खोज के बाद इस स्वयं सिद्धि का पता लगाया है।''[3]

सोमिल्लक ने जब भी कभी अपने प्रेम का प्रदर्शन शिरीषा के सम्मुख करना चाहा, तभी शिरीषा ने अपने अहंवादी स्वभाव के कारण समुदाय तक में उसका अपमान कर दिया। इसी से कुंठित होकर सोमिल्लक ने अपने सोचने की राह बदल ली। अब वह शिरीषा के लिए केवल इतना ही सोचता था कि वह नाट्य–क्षेत्र में प्रसिद्धि पाए। यवनी कनिष्ठा माता जिसे वह 'इज्जा' कहता था उससे पुनर्मिलन होने पर वह इज्जा के नाट्य संबंधी संस्मरण भी सुनता है। इज्जा भी अभिनेत्री बनने की इच्छुक रहती थी और जब मंच पर सुन्दर–सुन्दर स्त्रियों को अभिनय करते देखती थी तो उसके मन में उनके प्रति ईर्ष्या की भावना जागृत हो जाती थी। इस दयित–इच्छा की पूर्ति वह घर पर अभिनय करके ही पूजा करती थी।

सोमिल्लक का नाटक का मंचीयकरण शिरीषा ने किया, उसे देखने के पूर्व की सोमिल्लक के मनोविश्लेषण को लेखक ने लिखा ''गर्मी के बावजूद भी हिमालय सी बर्फीली ठंड लगने लगी थी। देह प्रकंपित हो रही थी।''[4]

अंत में आते–आते शिरीषा का दमित प्रेमोद्वेग फट पड़ता है और वह सभी के उपस्थित रहने पर भी सोमिल्लक से लिपट कर क्षमा–याचना करती है। स्वप्न मनोविज्ञान की भी एक झलक मिलती है जिसमें भविष्य में घटने वाली घटना का पूर्व ज्ञान प्राप्त हो जाता है। ''कवि की प्रेयसी'' उपन्यास का अंतिम सोपान है – ''रात्रि के स्वप्न में सोमिल्लक ने देखा वह एक नाव पर बैठा जा रहा है और उसके पार्श्व में एक स्त्री बैठी है जो निश्चय ही शिरीषा थी।''[5] यही स्वप्न प्रतीक रूप में उसके भविष्य का यथार्थ बना।

वस्तुत: जोशी जी की कृति ''कवि की प्रेयसी'' पढ़ने पर उसका पूर्व भाग अज्ञेय के मनोवैज्ञानिक उपन्यास ''शेखर : एक जीवनी'' की याद दिलाता है तो मध्य भाग तथा अंतिम भाग डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी के

* सह आचार्य (हिंदी) राजकीय महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

उपन्यास ''बाण भट्ट की आत्मकथा'' की सहज स्मृति जगाता है, वहीं ऐतिहासिक नाम तथा मनोविश्लेषण के सूक्ष्माधार पर लेखक एक बार फिर से सामाजिक पर्दे के भीतर छिपे हुए सत्य का उद्घाटन करने में सफल हो पाए है।

''विवेचना'' में एक स्थान पर वे लिखते है .... मेरे सभी उपन्यासों का उद्देश्य व्यक्ति के अहं भाव की एकान्तिकता पर निर्भय प्रहार करने का रहा है। सामाजिक पर्दे के भीतर छिपे हुए इसी सत्य का उद्घाटन मनोवैज्ञानिक उपायों से करने का प्रयास मैंने किया है।''[6]

अत: कहा जा सकता है कि ''कवि की प्रेयसी'' में श्री इलाचन्द्र जोशी के मौलिक चिंतन, जिसमें अवचेतन संबंधी बात को पूर्व-जन्मों से प्रभावित मानते थे, स्पष्ट होती है। साथ ही उनके 'संस्कार' संबंधी विचार जहाँ 'कवि की प्रेयसी' में पात्रों के मनोभावों को देशति हैं वहीं उनकी मौलिक अवधारणा आध्यात्मिक मनोविज्ञान अपने अन्दर 'फायड़' के ''मनोविश्लेषण'' तथा 'कार्ल युग' के 'सामूहिक अवचेतन' सिद्धान्तों को भी समाहित कर लेती है। ''कवि की प्रेयसी'' में मनोविज्ञान के सूत्र 'अहं' और 'काम' संबंधी ग्रन्थी, प्रेरक घटनाएँ, संस्कार तथा अवचेतनमन सभी बिन्दुओं के धरातल पर लेखक ने पात्रों की मानसिकता एवं चरित्र पर प्रकाश डाला है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्री इलाचंद्र जोशी, 'कवि की प्रेयसी' उपन्यास - पृष्ठ सं. 16
2. श्री इलाचंद्र जोशी, 'कवि की प्रेयसी' उपन्यास - पृष्ठ सं. 59
3. श्री इलाचंद्र जोशी, 'कवि की प्रेयसी' उपन्यास - पृष्ठ सं. 16
4. श्री इलाचंद्र जोशी, 'कवि की प्रेयसी' उपन्यास - पृष्ठ सं. 16
5. श्री इलाचंद्र जोशी, 'कवि की प्रेयसी' उपन्यास - पृष्ठ सं. 16
6. श्री इलाचंद्र जोशी - विवेचना - पृष्ठ सं. - 102, 123

****

गैर सरकारी संगठन एवं मानव अधिकार

डॉ. सुनीता शर्मा*

प्रस्तावना – समाज में मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास के लिए कतिपय अधिकारों की आवश्यकता होती है, जिसके अभाव में उसके व्यक्तित्व का विकास समाज में असम्भव है, इन्हीं को मानव अधिकार कहा जाता है। मानवाधिकार एक ऐसा विषय है जो किसी क्षेत्र, समाज एवं राष्ट्र को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को समुदाय के रूप में देखता है, क्योंकि मनुष्य इस विश्व समुदाय का ही एक अंग होता है। मानवाधिकारों से तात्पर्य मनुष्य के ऐसे अधिकारों से होता है, जो कि उसे इस विश्व समुदाय का एक अंग होने के कारण स्वत: ही प्राप्त हो जाते हैं। किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा से संबंधित अधिकार ही मानवाधिकारों की श्रेणी में आते हैं।

मनुष्य के स्वतंत्रता और गरिमा के साथ जीवन यापन करने में धार्मिक, भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इत्यादि बहुत से अवरोध होते है और इन्हें दूर करने के लिए अनेकानेक प्रयास किये जाते रहे हैं। मानवाधिकार शब्द की विश्व में कोई एक स्वीकृत परिभाषा नही मानी जा सकती है। यद्यपि यह संकल्पना उतनी ही पुरानी हैं, जितनी की प्राकृतिक विधि पर आधारित प्राकृतिक अधिकारों का प्राचीन सिद्धान्त तथापि 'मानव अधिकारों' की अवधारणा के नये रूप में उत्पत्ति द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय चार्टरों से हुई। सर्वप्रथम, अमरीकन तत्कालीन राष्ट्रपति रूजवेल्ट ने 16 जनवरी, 1941 में कांग्रेस को सम्बोधित अपने प्रसिद्ध संदेश में 'मानव अधिकार' शब्द का प्रयोग किया था, जिसमें उन्होंने चार मूलभूत स्वतंत्रताओं पर आधारित विश्व की घोषणा की थी। इनको उन्होंने इस प्रकार सूचीबद्ध किया था – (1) वाक् स्वातंत्र्य (2) धर्म स्वातंत्र्य (3) गरीबी से मुक्ति और (4) भय से स्वातंत्र्य।

हालांकि मानवाधिकारों की कोई स्पष्ट परिभाषा देना सम्भव नहीं है, परन्तु मानवाधिकारों से तात्पर्य व्यक्ति में अन्तर्निहित गरिमा, सभी क्षेत्रों में समानता एवं जीवन के अधिकार को मिलाकर मानवाधिकारों की संज्ञा दी गई है। इसकी आगे व्याख्या करते हुए भारतीय मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 2 (घ) में कहा गया है कि मानवाधिकारों से तात्पर्य 'संविधान द्वारा गारण्टीकृत तथा अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सम्मिलित एवं भारतीय न्यायालयों द्वारा प्रर्वतनीय व्यक्तियों के जीवन, स्वतंत्रता एवं गरिमा से है।'

उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट होता है कि मानवाधिकारों की सार्थकता एवक मनुष्य को स्वतंत्रता एवं गरिमा के साथ जीवन यापन सुनिश्चित कराना है और इनकी प्राप्ति के मार्ग अवरोधों को दूर करने के लिए गैर सरकारी संगठनों द्वारा प्रारम्भ से ही प्रयास किए जाते रहे है। वर्तमान समय में भी अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न गैर सरकारी संगठन कार्यरत है।

गैर सरकारी संगठन – गैर सरकारी संगठन निम्न स्तर पर कार्यकर्त्ताओं द्वारा एक साथ कार्य करने हेतु संगठित किय गया एक समूह होता है, जिसके अन्तर्गत जनसमूह, स्वैच्छिक संगठन, स्वैच्छिक एजेन्सी, समाज कल्याण समूह आदि सभी आते हैं अर्थात् एक ऐसा संगठन, जिसका संचालन एक स्वायत्त बोर्ड द्वारा किया जाता है। इस बोर्ड द्वारा ही मिटिंगों का आयोजन किया जाता है। संगठन द्वारा किए जाने वाले कार्यो हेतु कोल इकट्ठा किया जाता है, जो जनता को निजी संगठनों की अपेक्षा कम कीमत पर सुविधाएँ प्रदान कराता है। गैर सरकारी संगठनों की शुरूआत स्वैच्छिक संगठनों के रूप में हुई, जिसके अन्तर्गत स्थानीय लोगों के समूहों द्वारा स्वयं की इच्छा से प्रोत्साहित होकर जनता की भलाई के लिए कार्य करना शुरू किया गया। बाद में धीरे-धीरे इन समूहों को व अन्य ऐसे संगठनों को बाहरी रूप से प्रोत्साहन व वित्तीय सहायता प्राप्त होने लगी और इन स्वैच्छिक संगठनों का आकार एवं कार्य क्षेत्र बढ़ता गया।

गैर सरकार संगठनों की स्थापना जनता की भलाई हेतु की जाती है तथा इन पर किसी प्रकार का राजनीतिक व अन्य प्रकार का नियंत्रण नहीं होता है। यही कारण है कि मानवाधिकार के क्षेत्र में गैर सरकारी संगठनों का योगदान सराहनीय रहा है। ये संगठन निजी संगठनों के लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य के स्थान पर समाज कल्याण के उद्देश्य के कार्य करते हैं। गैर सरकारी संगठन मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए स्वयं प्रयास करते है और सरकारी मानवाधिकार व्यवस्था को सूचना प्रदान कर, कानूनों को लागू करने के लिए दबाव डालकर, मध्यस्था की भूमिका निभाकर आदि रूपों में भूमिका निभाते हैं। गैर सरकारी संगठनों द्वारा राज्य ही नहीं बल्कि देश व विश्व में मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयास किये जाते रहे है।

मानवाधिकार क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख गैर सरकारी संगठन – अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत गैर सरकारी संगठनों में सन् 1843 में स्थापित रेडक्रास सबसे पुराना संगठन है, जो कि युद्ध एवं अन्य आपदाओं के समय प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराता है। सन् 1961 में स्थापित ऐमनेस्टी इन्टरनेशनल का मुख्यालय लन्दन में है, जो कि राजनीतिक रूप से बन्दी बनाये गये व्यक्तियों के मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य करता है। पीपल्स यूनियन फोर सिविल लिबर्टिज की स्थापना सन् 1976 में जनता के सामान्य अधिकारों के संरक्षण हेतु की गई। पीपल्स यूनियन फोर डेमोक्रेटिक राईट की स्थापना जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए की गई। इसी प्रकार क्षेत्रीय आधार पर भी बहुत से गैर सरकारसंगठनों की स्थापना की गई, जिससे एशिया वॉच, अमेरिका वॉच, यूरोपियन वॉच, अफ्रीका वॉच आदि ऐसे संगठन है, जो कि अपने क्षेत्र की जनता के मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्य करते है।

1. सेव द चिल्ड्रन कमीशन फॉर लन्दन

*व्याख्याता (समाजशास्त्र) राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

2. इन्टरनेशनल कमीशन फॉर ज्यूरिस्ट्स
3. ऐमनेस्टी इन्टरनेशनल, लन्दन
4. माइनारिटी राइट्स ग्रुप, लन्दन

मानव अधिकार संवर्द्धन में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका: राजस्थान के संदर्भ में – गैर सरकार संगठनों द्वारा ग्रामीण जनता में अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के लिए नाटकों का आयोजन, स्थानीय भाषा के गीत तैयार कर, कॉमिक्स किताबों, पोस्टर प्रतियोगिताओं, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जाता है। एस.डब्ल्यू.आर. सी, तिलौनिया, उरमूल सेतू लूणकरणसर नाटकों के लिए स्थायी मंच बना रखते है। उदयपुर जिले की आस्था संस्था द्वारा आदिवासी ग्रामीणों के अधिकारों के लिए उन्हें संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्था द्वारा इस क्षेत्र के लोगों के गिरवी रखे जेवरों को मुक्त कराने में, तेजपत्ते से बीड़ी बनाने की मजदूरी दर को बढ़ाने में, सीमेन्ट फैक्ट्री लगाने से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए फैक्ट्री लगाने का विरोध करने आदि कार्यो में सहायता प्रदान कर उन्हें अपने अधिकारों की सुरक्षा में योगदान दिया।

इसके अतिरिक्त गैर सरकारी संगठनों की भूमिका अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य सभी स्तरों पर मानवाधिकारों के मानक स्तर पर निश्चित करने में निभाई जाती है। बाल शिक्षा को अनिवार्य करने व शिक्षा के नये तरीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए बीकानेर जिले में कार्यरत संस्था उरमूल ट्रस्ट से सरकार द्वारा समय-समय पर विचार-विमर्श किया जाता है। इसी संस्था के सहयोग से राज्य में लोक जुम्बिश परियोजना व शिक्षाकर्मी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। गैर सरकारी संगठनों द्वारा सरकार को मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए नये-नये कानून बनाने के लिए दबाव डाला जाता है। इसका अच्छा उदाहरण राज्य में कार्यरत किसान मजदूर शक्ति संगठन अधिकार के लिए किया गया आन्दोलन को देखा जा सकता है।

गैर सरकारी संगठनों द्वारा मानवाधिकार संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर के संगठन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। इन संगठनों द्वारा स्थानीय स्तर पर कार्यरत संगठनों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाती है। राजस्थान के अजमेर जिले की मदनगंज तहसील के गांव तिलौनिया में कार्यरत गैर सरकारी संगठन एस.डब्ल्यू.आर.सी.द्वारा विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के संगठनों का संचालन किया जा रहा है, जो कि जनता के जीवन स्तर को उठाने में सहायक है।

इस प्रकार गैर सरकारी संगठन जनता की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं को सरकार तक पहुँचाते है और उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के प्रयासों में सहायता प्रदान करते है।

गैर सरकारी संगठन एवं मानव अधिकार : भारतीय परिप्रेक्ष्य – भारत में गैर संगठनों की संख्या एंव गुणवत्ता में वृद्धि मुख्यत: सन् 1979 के बाद ही आ पायी। स्वैच्छिक संगठनों द्वारा अधिक से अधिक जनता की सहभागिता प्राप्त करने हेतु विकास कार्यो को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, निरक्षता आदि प्रमुख है। अस्सी के दशक में स्वैच्छिक संगठनों द्वारा ग्रामीण विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ देना प्रारम्भ कर दिया। अब इनका दायरा प्रशिक्षण देने, शोध कार्य करने, वैधानिक सहायता प्रदान करने, महिला विकास करने, पर्यावरण संरक्षण संबधित कार्य तक विस्तृत हो गया। पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रमुख आन्दोलनों में चिपको आन्दोलन, उत्तर, सूचना के अधिकार हेतु आन्दोलन, केरल आदि प्रमुख है। इसी के साथ सूचना के अधिकार हेतु आन्दोलन, मानवाधिकारों की प्राप्ति हेतु प्रयास एवं महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु प्रयास भी गैर सरकारी संगठनों द्वारा किए जाने लगे है।

वर्तमान समय में देश में गैर सरकारी संगठनों की संख्या अधिक तेजी से बढ़ी है। इसके पीछे कई कारण रहे है, जिनमें जनता में जागरूकता आना, गरीबी में वृद्धि, सरकारी मशीनरी का कमजोर होना, लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होना तथा अधिक से अधिक वित्तीय सहायता प्राप्त होने के पीछे प्रमुख कारण भारतीय आयकर अधिनियम, 1977 की धारा 35 सी.सी.व 35 सी.सी.ए. में परिवर्तन किया जाना है, जिसके माध्यम से ऐसे धन को जो कि सीधे व अन्य किसी एजेन्सी के माध्यम से ग्रामीण विकास के कार्यो में लगाया जाता है। भारत में मानवाधिकारों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे है, कुछ प्रमुख संगठन :-

1. आन्ध्र प्रदेश सिविल लिबर्टीज कमेटी।
2. पीपल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राईट, दिल्ली।
3. कमेटी फॉर दी प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राईट, मुम्बई।

इनके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के गैर सरकारी संगठन जैसे रेडक्रास, ऐमनिस्ट इन्टरनेशनल, एशिया वॉच कार्यशील है। इनमें से ऐमनेस्टी इन्टरनेशनल द्वारा जम्मू-कश्मीरी, पंजाब, आसाम व आन्ध्र प्रदेश आदि राज्यों मे प्रमुख रूप से राजनीतिक बन्दियों के अधिकारों के लिए कार्य किया गया है। रेडक्रास द्वारा समय-समय पर आने वाली राष्ट्रीय विपदाओं के वक्त पीड़ित लोगों की रक्षा व उन्हें भोजन कपडे रहने आदि की व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए है, जबकि एशिया वॉच द्वारा देश में सम्पूर्ण मानवाधिकारों की स्थिति से संबधित अध्ययन कर सरकार को उचित सुझाव एवं सिफारिशें देती है।

उपसंहार – मानव अधिकार मनुष्य को मनुष्य रूप से स्वतंत्र रहने का अधिकार देती है, जिसमें गैर सरकारी संगठन के सहयोग को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है। गैर सरकारी संगठन मानवाधिकार संरक्षण के मशीनरी के रूप में क्रियाशील है। साथ ही साथ गैर सरकार संगठन मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है। इन गैर सरकारी संगठनों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक है कि इनके कार्यो का दायरा सीमित किया जाए तथा कार्यो में निष्पक्षता रखी जाए, जिससे इनके कार्यो को विशिष्ट महत्व प्राप्त हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मानव अधिकार नई दिशाएँ 2007, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग फरीदकोट हाउस, नई दिल्ली
2. डॉ.वीरेन्द्र सिंह यादव (2010) : नई सहस्त्राबदी में मानव अधिकार के विविध संदर्भ –ओमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली
3. डॉ.एच.ओ.अग्रवाल (2014), मानव अधिकार सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन्स
4. Lawani BT (1999), NGOs in Development Rawat Publications Jaipur, Delhi
5. Bhatia A (2000), Women's Development and NGOs, Rawat Publications, Jaipur
6. Claude E. Welch (2000) NGO and Human Rights : Promise and Performance, University of Pennsylvania Press.
7. W. William Korey (2001): NGO and the Universal declaration of Human Rights Springer

****

Impact of Performance Appraisal System on Employees Competencies of an Organization

Aditya Kothari* Dr. Pallavi Pattan**

Abstract - Performance Analysis of an individual is known as appraisal . It involves the measurement of the individual's present and past work performance and because of it only an employee becomes High Performers from Average and under Performers.

Today's working atmosphere demands a great deal of assurance and exertion from Employees. Performance Appraisal must be observed and analyzed as an fundamental part of a Manager's responsibility and not an annoying and time- consuming addition to them. It is all about increasing the performance and definitive efficiency.

Appraisal of Performance is widely used across society. Parents appraise their children. Teachers appraise their students, bankers appraise the performance of their creditors and employers appraise their employee's performance. People are different in their capacities and their talents.

Keywords - Performance Appraisal and Management Appraisal , Competencies, Employee Appraisal, Employee Competencies and Human Resource.

Introduction - Appraising the performance of individuals, teams, institutions and organizations is a common and best practice. Although in some instances these appraisals processes are structured and formally sanctioned, in other instances they are an informal and integral part of daily Activities, and all of us, intentionally or without thinking evaluate our own procedures from time to time.

Appraisal of Performance is widely used across society. Parents appraise their children. Teachers appraise their students, bankers appraise the performance of their creditors and employers appraise their employees performance. People are different in their capacities and their talents. There is always some dissimilarity between the quantity and quality of the same work on the same place being done by different people. Employee's Performance appraisal is essential for understanding each employee's potential, competencies, comparative analysis and worth for the organization. Performance appraisal measure the employee in terms of their performance. Performance appraisals are widely used in every working field of the social order. The latest mantra being followed by organizations and institutions across the world being-get paid according to what you have done for the growth of the organization from your side.

Employee Competency - Employee competencies are a listing of skills, behaviors and acts that are detailed and clear and are used to lay out an organization's performance. Employee's competencies are those qualities, skills or attributes that employees require to perform their jobs most effectively.

Literature Review - There has been large number of researches in past several decades on performance appraisal and employee competencies

Cummings(1973)in an research article entitled, ¯A Field Experimental Study of the Effects of Two Performance Appraisal Systems , reported the results of a field experiment planned to test the effects of manipulating elements of an operative level performance appraisal structure. First, the multi purposive nature of appraisal in formal organizations is discussed than it was compared by the motivational approach of employees. This is followed by a brief overview of the literature on performance appraisal.

Durga Rao and Ramudu (2006)in their research study on motivation of employees, concluded that the motivation is very important factor in any manufacturing company. If the employees are motivated for their accomplishment of the work assigned the production capacity will automatically increased and it will affect the overall growth of the company.

Rajagopalan (2009) developed a new 'Performance Scoring Multiplier Model' to analyze performance and tested the model by taking India Cements Limited as a case by identifying different models to measure the performance. He concluded that in spitefulness of having increase in critical inputs; the company got better score in direct operational indicator in the form of performance appraisal and competency of employees. When there is a appraisal for any type of work or any type of task employees get motivated to do the task with double efforts and ability.

Woehr and Huffcutt (2011) in their article titled, Rater

*Research Scholar, Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
** Asst. Prof. (Commerce) D A V V, Mateshwari Sugani Devi Girls College, Indore (M.P.) INDIA

training for performance appraisal: A quantitative review state that a substantial amount of research in the performance appraisal literature has focused on rater training as a means of improving performance ratings. Unfortunately the value of this research is somewhat equivocated by a lack of organization and integration. The present study provides an integration and a quantitative review of the rater training literature. A general framework for the evaluation of rater training is presented in terms of four rating training strategies (rater error training, performance dimension training, frame- of reference training, and behavioural observation training) and four dependent measures (halo, leniency, rating accuracy and observational accuracy). Finally, a metaanalytic review is presented to assess the effectiveness of the rater training strategies across the four dependent measures.

Shweta Talesara (2018) in her study A Study on the Performance of employees of Ramco Cements Limited has mentioned that the company has shown improvisation in the calculated the payment of current employees. Company needs to improve its current system to motivate the employees in a better way.

Employee Competency and Appraisal System - In the recent period of fast increase in globalization, imagine ready for quick action employees. The competitiveness can be calculated by employee's ability to perform the work by utilizing the competency. At this stage it is essential to know the about competency. Competencies are the skills and abilities which are highly required for most wanted point of performance. Exact competencies are the way for better performance. A competency is any individual quality or characteristic that is used in proper ways to effectively complete one or more output expected from them.

Competencies are techniques that an individual use for winning performance without them, performance is not achievable. Competences are explained behavioral skills collective with technological knowledge, practice that present as indicators of achievement in a situation.

However, an employee's competencies are enduring and are more readily transferred across work assignments. In summary, competencies are the tools that individuals use for successful performance without them, performance is not possible.

Competencies to be included in performance appraisal system - Competencies that must be included in the performance appraisal system are as follows:-

1. Motivation and Commitment
2. Communication and personal development
3. Management of change
4. Customer orientation
5. Advancement
6. Conciliation
7. Analysis, interpretation and Decision making
8. Results orientation
9. Teamwork.

Hypothesis of the Study - Null hypothesis is used for testing. It is a statement that no difference exists between the parameter and statistics being compared to it and also alternatively hypothesis is the logical opposite of the null hypothesis in a present study pertaining to development as stated.

Hypotheses1: There is the significant relationship exist between performance appraisal and employees Competency.

Hypotheses2: Competency positively affects the relationship of performance appraisal and employees performance.

Results & Discussion - Performance appraisal system positively effects competency of employees. Employees get motivated through the fair performance appraisal and work with full efforts and skills for organization. Performance appraisal decreases the turnover of employees. It improves the style and efficiency of employees. A systematic and proper Performance appraisal should be there in every organization for growth and success of the organization as well as its employees.

Conclusion - The study shows that when the competency is measured in the performance appraisal system, there is an significant influence on the employee competency.

The analysis also proves that when the competency is measured in the performance appraisal system, it helps to develop the competency of the employee.

The research shows that there is a deep association that exists between the performance appraisal system and the competencies considered for assessment in the performance appraisal system. Majority of the employees are well aware about the competency of employees.

Suggestions :

1. 360 Degree Feedback system for Performance Appraisal should be implemented.
2. Criteria of appraisals should be less.
3. Self-Appraisal must be given more weightage.
4. Proper communication of Appraisal report to all.
5. Lengthy appraisal forms must be avoided.

References:-

1. Langridge, D. (2004) "Performance appraisal and development renovate Rother Homes
2. Leila Najafi, Y. H., Mohammad Ghiasi, Reza Shahhoseini, HasanEmami (2011). "Performance Evaluation and its Effects on Employees Job Motivation in HamedanCity Health Centers." Australian Journal of Basic and Applied Sciences5(12): 1761-1765. Management."Human Resource Management Journal. Vol 12, no.1, pp 8-9.
3. Panatika, S. A. B. (2012). "Impact of Work Design on Employee Psychological Strain
4. Selena, U. (2011). "Measuring Employee Expectations in a Strategic Human
5. Shubhangi Sharma, S. S., Priyanka Singh and Pratibha Singh (2012). "Performance Appraisal and Career Development." International Journal of Business and Management 2(1): 8-16.
6. Usage, criteria and observations."The Journal of Management Development. Vol 20, no.9,

अच्छी आदतों के निर्माण में शैक्षिक अभिप्रेरणा का महत्व

राजेश कुमार बंशीवाल* डॉ. मीनू अग्रवाल**

प्रस्तावना – हमारे जीवन में आदतों का अत्यंत महत्व है। हमारे अधिकांश कार्य आदतों द्वारा प्रेरित और सम्पादित होते है। जीवन की सफलता सकारात्मक आदतों के निर्माण से ही सम्भव है। अच्छी आदतों से हमारा जीवन सुखमय व सरस बनता है। जीवन में अच्छी आदतों से कार्य सरल, सुगम तथा शीघ्र होने लगते हैं और व्यक्ति की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। व्यक्ति का व्यवहार उत्तारोत्तार उच्च बनने लगता है, परन्तु प्राय: यह देखने में आता है कि यदि अच्छी आदतें बचपन में ही डाली जायें तो वांछित लक्ष्यों की प्राप्ति होती है। अधिक आयु में वांछित आदतों का निर्माण एक कठिन कार्य है। अत: बचपन में ही सही प्रकार की आदतों की बुनियाद रखी जाये। क्योंकि बालकों का मस्तिष्क लोचदार एवं सीखने के लिए तत्पर होता है। कुछ आदतें बालक जन्मजात लेकर आता है और कुछ आदतें अनुकरण की प्रवृत्ति के कारण बनती है। इस प्रवृत्ति के सहारे वह बहुत सी अच्छी व बुरी आदतें सीख जाता है। जब बालक वातावरण के सम्पर्क में आता है तो कुछ आदतों को बिना प्रयत्न के सीख जाता है। कुछ आदतों के निर्माण में बहुत प्रयत्न करना पड़ता है। समय पर कार्य करना एक ऐसी आदत है इसके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है। कुछ आदतें बालकों में अन्य लोगों द्वारा डाली जाती है। जैसे :- शिष्टाचार की आदत, परिवारजन एवं शिक्षक डालते है। चूंकि बालक शिशु रूप में पशुवत् पैदा होता है। अत: धीरे-धीरे सीखी गयी इन्हीं आदतों से उसका चरित्र निर्माण होता है। **जेम्स** के अनुसार 'आदत प्राणी के पूर्वकृत व्यवहारों की पुनरावृत्ति है'।

आदतों से तात्पर्य स्वचलित मानसिक और आंगिक प्रक्रियाओं से है, जो सीखने की स्थितियों में निरन्तरता से अर्जित और प्रकट होती है, इन प्रक्रियाओं का सम्बन्ध नये ज्ञान (कौशल) की प्राप्ति से या प्राप्त ज्ञान और कौशल के प्रयोग दोनों से होता है।

आदतों का निर्माण – आदतों का बनना शैशवावस्था से ही प्रारम्भ हो जाता है। शैशवावस्था की आदतें व्यक्ति में जीवनपर्यन्त बनी रह सकती है, यद्यपि विकास में विभिन्न अवस्थाओं में कुछ न कुछ नयी आदतों का निर्माण होता रहता है। सामान्य और समायोजित जीवन व्यतीत करने के लिए बालकों में अच्छी आदतों का निर्माण होना आवश्यक है। अच्छी आदतें उन्हें जीवन में सफल बनाती है और बुरी आदतों से वह पतन की ओर जा सकता है। बालकों में अच्छी आदतों के निर्माण के सम्बन्ध में सामान्यतया निम्नलिखित अभिप्रेरकों का प्रयोग किया जाता है :-

1. बालकों में दृढ **संकल्प** विकसित कीजिए।
2. जेम्स के अनुसार 'नवीन आदतों को **क्रियाशीलता** की संलग्नता से प्रारम्भ कीजिए।'
3. आदतों के सम्बन्ध में कार्यो को करने के लिए प्रबल **इच्छाशक्ति** की आवश्यकता होनी चाहिए।
4. उन्हें कार्य का **निरन्तरता** से **अभ्यास** करवाया जाए।
5. अच्छी आदतों के लिए **पुरस्कार** व बुरी आदतों के लिए **दण्ड** की व्यवस्था होनी चाहिए।
6. अच्छी आदतों का **प्रशिक्षण** देना आवश्यक है।
7. बालकों में आदतों के विकास के लिए उन्हें **अनुकरण** के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

आज सभी शिक्षाविद् इस बात पर जोर दे रहें हैं, कि बालकों की रूचियों, इच्छाओं, क्षमताओं आदि का ध्यान रखते हुए विकास के मार्ग खोले जाए। अत: शिक्षकों को बालकों के साथ व्यवहार करते समय उनकी मनोवैज्ञानिक विशेषताओं की ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। बालकों के सम्मुख उत्तम गुणी व्यवहार प्रदर्शित कीजिए। विविध क्रियाऐं जिन्हें आप करे, वे उत्ताम एवं पूर्ण विधि द्वारा की जानी चाहिए। कार्य करने की अवस्थाओं की उत्तामता को बनाये रखने की ओर ध्यान देना चाहिए, जिससे कि बालक अनुकरण कर लाभान्वित हो सके।

गाँधी जी ने कहा है कि 'अध्यापकों को बालकों के सम्मुख सदैव प्रसन्न मुद्रा में उपस्थित होना चाहिए, यदि एक अध्यापक क्रुद्ध अथवा चिड़चिड़े स्वभाव को लेकर शाला में आता है, तो वह बालकों के प्रति अपने उत्तम व्यवहार को तो खराब कर ही रहा है, इसके अतिरिक्त उनके जन्मसिद्ध अधिकार- 'प्रसन्नता को भी ठेस लगाने का यत्न भी कर रहा है' ऐसे अध्यापक को बालक प्रेम या सम्मान नहीं देंगे। **गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर** बालक को क्रियात्मकता की प्रेरणा से भरकर हँसने, गाने, चहचहाने के लिए उत्सुक चिड़िया के रूप में चित्रित करते हैं। प्रसिद्ध जर्मन शिक्षा शास्त्री **फ्रोबेल** उसे स्वयं विकासोन्मुख होने वाला पौधा मानते है। इसलिए अध्यापकों का व्यवहार कोमल, सरस व अभिप्रेरणात्मक हो बालक परस्पर शिष्ट व सौम्यतापूर्ण भाषा का प्रयोग करे।

विद्यालय का वातावरण भयमुक्त एवं स्वछंदतायुक्त होना चाहिए, जिससे की बालक अपना समुचित विकास कर सके। अच्छी आदतों को सीखना बड़ा कठिन होता है। उनके सीखने के लिए नित्यप्रति अभ्यास की आवश्यकता होती है। जब अभ्यास छूट जाता है तो भी आदतें नष्ट हो जाती है। आदत डालने के लिए निश्चित विशेषताओं का होना आवश्यक है। सामान्य बातों में आदत नहीं डाली जा सकती। माता-पिता या शिक्षक अपने बालकों से यदि नित्यप्रति यह कहते रहें कि 'अच्छे बालक बनो' या 'अच्छे चरित्र का निर्माण करो' तो बालक अच्छे बालक या अच्छे चरित्र की ओर

* शोधार्थी, शिक्षा विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** वरि. व्याख्याता, श्री अग्रसेन स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय केशव विद्यापीठ जामडोली, जयपुर (राज.) भारत

उन्मुख नहीं हो पायेगा। क्योंकि ये बातें इतनी व्यापक एवं अस्पष्ट हैं कि इनका कोई विशेष अर्थ नहीं है। इसलिए हमें चाहिए कि व्यापक नियमों को विशिष्ट सिद्धांतों में विभक्त कर दें और एक निश्चित बात का ही अभ्यास कराए। हम यह देखतें हैं कि जो व्यक्ति व्यस्त रहता है वह अपना काम आसानी से कर लेता है। जो व्यक्ति प्रात: तड़के उठता है वह नियमित जीवन व्यतीत कर सकता है। दिये गये कार्य को पूर्ण तन्मयता व परिश्रम से पूरा करना जीवन में सफलता प्राप्त करने की कुंजी है। बालकों को इसकी आदत शुरूआत से ही पड़ जानी चाहिए। अन्यथा बालकों की शिक्षा यथोचित रूप से पूर्ण न हो सकेगी।

कभी–कभी माता–पिता का अशिक्षित होना, बड़ों का व्यभिचार, माता–पिता अथवा भाई–बहिनों का आपसी सम्बन्ध बुरी आदतों का कारण बनता है, तो कभी–कभी बालक पर अत्यधिक प्रेम या प्रेम का अभाव बुरी आदतें उत्पन्न कर देता है। सृजनात्मक कार्यो का अभाव, उचित आदर्शों का अभाव बुरी आदतों को जन्म देता है। इसलिए माता–पिता एवं शिक्षकों द्धारा बालकों को इस प्रकार की अभिप्रेरणा दी जाए या ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की जाए कि वे बुरी आदतों से दूर रहें। प्राय: यह देखने में आता है कि बालक शौक ही शौक में या जोश में किसी कार्य का उत्तरदायित्व ले लेते हैं, परन्तु बीच में ही छोड़ देते हैं अथवा उसमें ढील देने लगते हैं। अस्थिर इच्छाशक्ति के कारण ऐसा होता है। यदि बालकों को यह आदत पड़ गयी तो प्रत्येक कार्य सुस्ती से या खराबी से होगा। अत: बालकों में निरन्तर प्रेरणा व उत्साहवर्धन की आवश्यकता होती है। अन्य बालकों के उत्ताम कार्यो से उनके कार्यो की तुलना करवायी जाए, जिससे कि बालक अभिप्रेरित हो सके।

बालकों को सामाजिक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि वे समाजसेवी बनें। उनके हृदय में एक–दूसरे के प्रति नि:स्वार्थ सेवा की उत्कंठा निरन्तर बनी रहे। प्रारम्भ से ही उन्हें नि:स्वार्थ कार्यो को करने की यथोचित प्रेरणा व अवसर दिये जाने चाहिए। पर्याप्त समय तक प्रतिदिन कार्यो के लिए अभ्यास के अवसर दिये जाने चाहिए। बालकों के सामने स्वयं क्रियात्मक रूप से उस कार्य को करके दिखाए। अपने व्यवहार में उन गुणों का समावेश कीजिए, जिन्हें आप बालक में देखना चाहते हैं। इसमें भी बालकों की शक्तियों, इच्छाओं तथा रूचियों का सदैव ध्यान रखना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Chouhan, S.S. (1987) Advanced Educational Psychology, Vikas Publishing House Pvt. Ltd. New Delhi.
2. Hurlock, E.B. (1978) Child Development, Mc Graw Hill Book Co., Newyork.
3. माथुर, एस.एस.: उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान, शरद पुस्तक भवन, इलाहाबाद 2006।
4. डॉ. श्रीवास्तव, डी.एन. एवं वर्मा, प्रीति : बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा 2006।
5. वर्मा, शेख और संगीता, 'किशोरावस्था में छात्रों के अध्ययन आदत एवं शैक्षिक प्रेरणा परीक्षा चिन्ता में सम्बन्ध पर अध्ययन' सारकोर्लिग्मुआ वाल्यूम – 27।
6. wwww.wikipedia.com
7. wwww.teachersofindia.com
8. wwww.shodhganga.inflibnet.ac.in

****

अहमदाबाद नगर में जनसंख्या वितरण एवं घनत्व का स्थानिक-सामयिक विश्लेषण

डॉ. पुष्पेंद्र कुमार कलाल*

शोध सारांश – नगर भूगोलवेत्ताओं के लिए प्रारम्भ से ही आकर्षण के केन्द्र रहे हैं।वर्तमान समय में नगरीय जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या घनत्व ना केवल भारतीय नगरों में अपितु विश्व के विशालतम नगरों के संदर्भ में भी एक ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। देश के अन्य नगरों की तरह अहमदाबाद नगर भी जनसंख्या वृद्धि की समस्या से ग्रसित है। यहां की जनसंख्या वृद्धि का एक कारण शिक्षा एवं रोजगार की तलाश में बड़ी जनसंख्या में व्यक्तियों का आवागमन भी है। नगर की जनसंख्या 2001 में 35 लाख में थी जो 2011में बढ़कर 55.7 लाख हो गई, बढ़ती हुई नगरीय जनसंख्या एवं घनत्व के कारण नगरीय पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, साथ ही अन्य समसामयिक समस्याएं भी उत्पन्न हो रही है। प्रस्तुत शोध में अहमदाबाद जिले की जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या घनत्व का अध्ययन किया गया है।

प्रस्तावना – जनसंख्या वृद्धि दर किसी दो निश्चित समय के बीच कृषि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या में बुद्धि का दर है जबकि जनसंख्या घनत्व भूमि तथा आबादी के अनुपात को दर्शाता है। चीन के बाद भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा आबादी वाला देश है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 1210 मिलियन थी एवं औसत जनसंख्या घनत्व प्रति वर्ग 382 व्यक्ति था एवं गुजरात की जनसंख्या 2011 में 604.40 लाख थी एवं औसत जनसंख्या घनत्व 308 व्यक्ति वर्ग किलोमीटर था है। अहमदाबाद गुजरात का मुख्य नगरीय केंद्र है।2001 में नगर का क्षेत्रफल 190.84 वर्ग किलोमीटर एवं जनसंख्या 35 लाख के आँकड़े को पार कर गई। 2011 के जनगणना के अनुसार नगर की जनसंख्या बढ़कर 55,77,940 हो गई। साथ ही नगरीय क्षेत्र का विस्तरण होने से नगर का क्षेत्रफल बढ़कर 464.19 वर्ग किलोमीटर हो गया। नगर में क्षेत्रफल की वृद्धि के साथ जनसंख्या की वृद्धि दर्ज की गई परंतु पिछले दशक की तुलना में जनसंख्या घनत्व में कमी हुई जिसका एक कारण नगरीय क्षेत्रफल में वृद्धि था।

अनुसंधान का भौगोलिक क्षेत्र – प्रस्तुत शोध अध्ययन के लिए अहमदाबाद नगर की म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की सीमा (*A.M.C. Limit*) को आधार माना गया है। अहमदाबाद गुजरात का सबसे बड़ा नगर है, जो 22° 55' उत्तरी अक्षांश से 23° 08' उत्तरी अक्षांश तथा 72° 30' पूर्वी देशान्तर से 72° 42' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।समुद्र सतह से नगर की ऊँचाई 53 मीटर है।नगर की जलवायु सामान्यत: गर्म और सुखी (शुष्क) है। नगर में प्रमुख भौतिक प्रतिक के रूप में साबरमती नदी ही है, जो नगर को दो भागों में विभाजित करती है। यह गुजरात का मुख्य औद्योगिक एवं व्यापारिक नगर है।यह नगर गुजरात की राजधानी गांधीनगर से 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जनगणना वर्ष 2001 के अनुसार नगर कुल पाँच जोन व 43 वार्डो में विभाजित था। साथ ही नगर की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार 35,20,085 थी।वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार नगर की कुल जनसंख्या बढ़कर 55,77,940 हो गई।

शोध उद्देश्य व विधितन्त्र – प्रस्तुत शोध के मुख्य उद्देश्य- 1.अहमदाबाद नगर में जनसंख्या वितरण एवं वृद्धि का विश्लेषण करना एवं 2. नगरीय इकाई में जनसंख्या घनत्व के बदलते प्रारूप का तुलनात्मक अध्ययन करना।अध्ययन में उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अहमदाबाद नगर को मुख्य ईकाई मानकर द्वितीयक आँकड़ों की प्राप्ति की गई। द्वितीयक आँकड़ों की प्राप्ति जनगणना रिपोर्ट, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, नगरीय विकास संस्थान व गुजरात राज्य की सामाजिक-आर्थिक समीक्षा के रिपोर्ट आदि स्त्रोतों से प्राप्त किये गये।आँकड़ों के तथ्यात्मक विश्लेषण के लिए सांख्यिकी विधियों में समांतर माध्यव प्रतिशतता का प्रयोग किया गया है।आँकड़ों के प्रस्तुतीकरण सारणीयनएवं अर्थघटन के लिए GIS तकनीक द्वारा मानचित्रों का निर्माण किया गया।

जनसंख्या संरचना – अहमदाबाद नगर में जनसंख्या संरचना का विश्लेषण मुख्य रूप से 2001 एवं 2011 की जनगणनाओं का तुलनात्मक दृष्टिकोण से किया गया है। मुख्य तत्वों में जनसंख्या आकार,वृद्धि, वृद्धि की प्रवृत्ति, घनत्व, आदि का विश्लेषण किया गया है।2001 में नगर का क्षेत्रफल 190.84 वर्ग किलोमीटर एवं जनसंख्या 35 लाख के आँकड़े को पार कर गई। 2011 के जनगणना के अनुसार नगर की जनसंख्या बढ़कर 55,77,940 हो गई। साथ हीनगरीय क्षेत्र का विस्तरण होने से नगर का क्षेत्रफल बढ़कर 464.19 वर्ग किलोमीटर हो गया।

जनसंख्या का आकार – नगर की जनसंख्या के आकार के अन्तर्गत नगर में निवास करने वाली जनसंख्या को आधार माना जाता है। जनसंख्या आकार के विश्लेषण के लिए 2001 एवं 2011 की जनगणना की जनसंख्या को आधार मानकर अलग-अलग पहलुओं का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।2001 में अहमदाबाद नगर में 43 वार्ड थे व नगर 5 जोन में विभाजित था, परन्तु नगर के क्षेत्रफल में वृद्धि के फलस्वरूप नये रिहायशी क्षेत्र के विस्तरण से नये पश्चिम जोन का विकास हुआ, इसके साथ वार्ड की संख्या बढ़ाकर 64 हो गई। परन्तु 2011 की जनगणना 57 वार्डो के आधार पर हुई, जनसंख्या की दृष्टि से क्षेत्रीय वितरण देखा जाये तो नगर में कुल 35,20,085 (2001) की जनसंख्या थी, जिसमें सबसे कम जनसंख्या

* अतिथि संकाय सदस्य (भूगोल विभाग) एल.डी.आर्ट्स कॉलेज, अहमदाबाद (गुजरात) भारत

पश्चिम एवं मध्य जोन में तथा सबसे ज्यादा जनसंख्या पूर्व एवं उत्तर जोन में थी। 2001 के अनुसार नगर 5 जोन में विभाजित था जो 2011 के अनुसार 6 जोन में विभाजित है।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

जनगणना वर्ष 2011 के अनुपात में देखा जाये तो सबसे अधिक जनसंख्या नगर के नये पश्चिम जोन में विद्यमान है। नया पश्चिम जोन पूर्ण रूप से रिहायशी क्षेत्र है। पिछले दशक की तुलना में देखा जाये तो नगर के मध्य जोन की जनसख्या में-2.05 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण नगर का मध्य जोन खुदरा व थोक विक्रेता केन्द्र है। साथ ही पर्यावरणीय प्रदुषण एवं वाहनों के घनत्व के कारण जोन के रिहायशी नगर बाहरी क्षेत्र की तरफ प्रयाण कर रहे है। 2011 में नये पश्चिम जोन के विकास से नगर की जनसंख्या में काफी वृद्धि दर्ज की गई। 2001 के वर्ष की तुलना में नगरीय जनसंख्या में 58.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

जनसंख्या वृद्धि – अहमदाबाद नगर की जनसंख्या 1872 ई. में 1,19,672 थी, जो 1881 में बढ़कर 1,27,621 व्यक्ति हो गयी। इन नौ वर्षों में नगरीय जनसंख्या में 7,949 व्यक्ति की वृद्धि हुई। 1891 में नगर की जनसंख्या 1,48,412 हो गई जो तीव्र गति से बढ़ती हुई 1901 में 1,85,889 व्यक्ति हो गई। नगर की जनसंख्या में उत्तरोत्तार वृद्धि के फलस्वरूप भारत की आजादी के बाद के वर्ष 1951 की जनगणना के अनुसार यह बढ़कर 8,37,163 हो गई। 1872 से 1951 तक के 80 वर्ष के अन्तराल में नगरीय जनसंख्या लगभग सात गुनी हो गई थी। इसी प्रकार 1961, 1971, 1981 एवं 1991 में यह तीव्र गति से बढ़ती हुई ,2001 की जनगणना के अनुसार नगर की जनसंख्या बढ़कर 35 लाख के आँकड़े को पार कर गई। यही नहीं 2011 के वर्ष तक नगर की जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती हुई 55,77,940 तक पहुँच गई।

जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्तियाँ – अहमदाबाद नगर में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति देखी जाये तो स्पष्ट होता है कि 19वीं शताब्दी के अन्तिम दशकों में नगर की जनसंख्या वृद्धि दर 1881 में 6.64 प्रतिशत रही। 1901 में नगरीय जनसंख्या में पिछले दशक से 25.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। क्योंकि इसी समय गांधीजी द्वारा कोचरब आश्रम का निर्माण व स्वदेशी वस्त्रों के बहिष्कार करने की सोच से सूती वस्त्र उद्योग का काफी विकास हुआ। 1921 में जनसंख्या वृद्धि दर बढ़कर 26.40 प्रतिशत हो गई जो पिछले दशक की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा थी। 1931 में नगरीय जनसंख्या में वृद्धि हुई परन्तु वृद्धि दर में गिरावट आई जो घटकर 13.14 प्रतिशत रही। 1931-41 के दशक में जनसंख्या वृद्धि तीव्र गति से हुई। लेकिन अगले ही दशकों में वृद्धि दर में गिरावट आई, जहाँ 1991-2001 के मध्य वृद्धि दर पिछले दशक की तुलना में कम रही। 2011 में वृद्धि दर बढ़कर 58.4 हो गई। 1872 से 2011 के वर्षो तक सिर्फ 1941 एवं 2011 के वर्ष में वृद्धि दर 50 प्रतिशत से ज्यादा दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण यह है कि इन वर्षों में नगरीय क्षेत्र का तीव्र गति से विस्तार व विकास हुआ देखा जा सकता है।

आरेख-1(अगले पृष्ठ पर देखे)

***जनसंख्या घनत्व* –** किसी प्रदेश की जनसंख्या का घनत्व उस प्रदेश में प्रति वर्ग किलोमीटर पर निवास करने वाली जनसंख्या के आधार पर ज्ञात किया जाता है। अहमदाबाद नगर में जनसंख्या घनत्व 1872 में 21,977 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था, जो 1971 में घटकर 17,053 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गया। पिछले दशकों की तुलना में 1971 में जनसंख्या घनत्व घटकर -28.87 प्रतिशत हो गया, जबकि 1981 में पिछले दशकों की तुलना में +18.73 प्रतिशत की वृद्धि हुई, परन्तु 1991 में एक बार फिर जनसंख्या घनत्व घटकर 15,074 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो गया। 2001 एवं 2011 में नगर में जनसंख्या घनत्व क्रमशः 18,445 व 12,016 रहा है। 2001 की तुलना में 2011 की जनसंख्या घनत्व में -34.86 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका मुख्य कारण नगरीय क्षेत्रफल में तीव्र गति से वृद्धि है। 1872 से 2011तक नगरीय घनत्व का विवरणइस प्रकार है:-

आरेख – 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

वर्ष 2001 व 2011 के आँकड़ों के तुलनात्मक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि2001 में नगर के जनसंख्या घनत्व 18,445 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था, जिसमें सबसे ज्यादा घनत्व मध्य जोन में तथा सबसे कम घनत्व दक्षिण जोन में था। वार्ड की दृष्टि से देखा जाये तो सबसे ज्यादा दरियापुर वार्ड में 85,245 तथा सबसे कम गांधी ग्राम वार्ड में 10,033 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर रहा।

मानचित्र संख्या-1 & 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

इसी प्रकार 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे ज्यादाघनत्व मध्य वउत्तर जोन मेंएवं व कम घनत्व दक्षिणएवं नया पश्चिम जोन में रहा।मध्य जोन खुदरा व थोक विक्रेता संबंधी प्रवृत्तियों का केन्द्र है जबकि पश्चिम जोनएवंनया पश्चिम जोनअधिकांश रूप से रिहायशी क्षेत्र है व क्षेत्रफल की दृष्टि से विस्तृत भाग है।

निष्कर्ष – अहमदाबाद नगर के क्षेत्रफल की तीव्र गति से वृद्धि एवं मुख्य व्यापारिक, शैक्षणिक केन्द्र होने के परिणाम स्वरूप नगरीय जनसंख्या की वृद्धि हुई है।पुरातन परकोटे वाला नगर सकड़ी गलियों एवं मार्गो की घनता का क्षेत्र है।वहाँ उच्च घनत्व के साथ ही मुख्य व्यापारिक प्रवृत्तियों का केन्द्रीकरण है।पिछले दशक की तुलना में नगरीय जनसंख्या एवं क्षेत्रफल दोनों ही में तीव्र गति से वृद्धि दर्ज की गई है।नगरीय जनसंख्या घनत्व के दृष्टिकोण से देखा जाये तो यह स्पष्ट होता है कि पिछले दो दशकों की तुलना में नगरीय जनसंख्या घनत्व में गिरावट हुई है। नगर के कुछ वार्डो में जनसंख्या घनत्व के संबंध में काफी अन्तर पाया गया है।नगर की वृद्धि एवं विकास के साथ औद्योगिक ईकाईयो की वृद्धि हुई फलस्वरूप बेरोजगार पलायितो के आगमन से नगरीय जनसंख्या में तीव्र गति से वृद्धि दर्ज की गई।2011 के अनुसार नया पश्चिम जोन में जनसंख्या अधिक है जबकि जनसंख्या घनत्व सबसे कम है यह जोन अधिकांश रूप से रिहायशी क्षेत्र है क्षेत्रफल की दृष्टि से विस्तृत भाग है एवं उत्तर एवं मध्य जोन में जनसंख्या कम परंतु जनसंख्या घनत्व अधिक पाई गई है बदलते नगरीय स्वरूप में जनसंख्या का आवासीय दृष्टिकोण से झुकाव उत्तर जोन की तरफ बढ़ रहा है, जिससे उत्तरजोन में जनसंख्या घनत्व अधिक पाई गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Alam S.M. (1965); “Hyderabad-Seconderabad - A Study of Twin Cities”, Allied Publication, Bombay.
2. Bansal Suresh Chandra (1991); “Urban Geography”, Minaxi Publication, Meerut.
3. Johnston, R.T. (1971); “Urban Residential Pattern”, Pracger, New York.
4. Kulkarni K.M. (1985); “Geography of Crowding and Human Response”, Concept Publication, New Delhi.
5. Verma L.N. (2009); “Urban Geography”, Rawat

Publication, ISBN 81-316-0042-4.

6. Breese, G. (1963); "Urban Development Problem in India", Annals of the Association of American Geographers, Washington, Vol. 53, Pp. 253-265.
7. Seema Rai (1996): Pattern of Population Density in an Indian City. National Geographical Journal of India, Vol. 42, (3 & 4), pp. 237-247.
8. Singh R.L. (1956); "Ballia - A Study in Urban Settlement", National Geographical Journal of India, Vol. 2, Pp. 1-6.

तालिका: 1जोन (मण्डल) अनुसार जनसंख्या का स्वरूप

	2001			2011		
जोन का नाम	वार्डो की संख्या	कुल जनसंख्या	घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी.)	वार्डो की संख्या	कुल जनसंख्या	घनत्व (प्रति वर्ग कि.मी.)
मध्य	8	577797	35018	8	565914	34297
उत्तर	9	779742	24223	9	859713	26707
दक्षिण	8	702950	9720	9	1060973	7933
पूर्व	8	784234	28507	9	912713	22949
पश्चिम	10	675362	15958	12	846023	14614
नया पश्चिम 2011				10	1332604	7238
कुल	43	3520085	18445	57	5577940	12016

Source : Statistical Outline of Ahmedabad City 2006-2007& Census of India 2001 & 2011

आरेख-1*अहमदाबाद नगर में जनसंख्या एवं क्षेत्रफलकी वृद्धि (1872-2011)*



Source : Census of India 2001 & 2011; Statistical Outline of Ahmedabad City 1998-1999, 2006-2007.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

आरेख – 2.अहमदाबाद नगर में जनसंख्या घनत्व (1872–2011)



Source : Statistical Outline of Ahmedabad City (2006-2007); Census of Gujarat, GandhiNagar - 2011.

मानचित्र संख्या–1 & 2





****

मानवाधिकार और वैश्वीकरण

श्रीमती पूनम दत्ता* डॉ. संजीव कुमार बंसल**

प्रस्तावना – मानव अधिकारों की आधुनिक अवधारणा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विकसित हुई। प्रथम ठोस प्रयास जो मानवाधिकारों की सुरक्षा के प्रति देखने को मिलता है वह है, 1215 ए.डी. में इंग्लैण्ड का मैग्नाकार्टा विधान, जो कि सम्राट या उसके श्रेष्ठतम अधिकारों के सापेक्ष मानवाधिकारों या मानव के मूल हितों को सुरक्षित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका की 4 जुलाई, 1776 की घोषणा तथा 1789 की फ्रांसीसी घोषणा, मानवाधिकारों की रक्षा एवं इनके महत्त्व को प्रस्थापित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम थे।

प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान हुए मानवाधिकार हनन के पश्चात् जून 1915 में 'शान्ति स्थापना लीग' नामक संस्था का गठन किया गया। इसी क्रम में 1920 मे राष्ट्रसंघ का गठन हुआ। इसके बावजूद द्वितीय विश्वयुद्ध में मानवाधिकारों की अनदेखी हुई। 1941 में 'अटलांटिक चार्टर' द्वारा सभी देशों के नागरिकों के समान अधिकारों की बात कही गई। 1945 के सेनफ्रांसिस्को सम्मेलन में भी मानवाधिकारों की रक्षा की बात उठाई गई। इन सब प्रयासों के फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति स्थापना एवं मानवाधिकारों की रक्षा के लिए 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ नामक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था का उद्‌भव हुआ। 1946 में संयुक्त राष्ट्र संघ की धारा 68 के अन्तर्गत 'आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्' निकाय ने श्रीमती एलोनोर रूजवेल्ट की अध्यक्षता में मानव अधिकारों के प्रारूप की रचना के लिए मानवाधिकार आयोग गठित किया गया जिसने जून 1948 में मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा तैयार की, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 के प्रस्ताव क्रमांक 217 (अ) 115 द्वारा स्वीकार किया 'मानव अधिकार दिवस' के रूप में प्रतिष्ठापित किया।

'मानवाधिकारियों ने प्रारम्भ में आदिवासियों के अधिकारों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इसी कारण मानवाधिकार की संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में उनका कोई उल्लेख नहीं मिलता लेकिन बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में कथित विकास की प्रक्रिया में आदिवासियों के हितों पर किए गए कुठाराघातों ने ही मानवाधिकारवादियों को इस दिशा में सचेष्ट किया।'

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 1986 में विकास का घोषणा-पत्र स्वीकार करते हुए उसे ऐसा अधिकार माना जिससे किसी भी व्यक्ति या समूह को वंचित नहीं किया जा सकता। उसी घोषणा पत्र के अनुच्छेद दो में कहा गया है कि विकास का केन्द्रीय विषय मानव है, वह विकास की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी और उसके लाभों का भोक्ता होना चाहिए। यही बात विशिष्ट समूहों पर लागू होती है। मानवाधिकार कहता है कि मानव की भावी पीढ़ियों के हित को विकास की प्रक्रिया में समाहित किए बिना आदिवासी समूहों के अधिकारों का अतिक्रमण होता है, तो इसे उनके साथ अन्याय समझा जाना चाहिए। इसी अवधारणा को इन्टरजेनरेशनल- जस्टिस अर्थात् सनातन न्याय कहा जाता है।

एक लोकतांत्रिक राज्य का कार्य मानव को प्रकृति से प्राप्त अधिकारों के समुचित प्रयोग द्वारा उसके सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर करने के अवसर प्रदान करना है। कुछ वर्ष पहले विश्व स्तर पर इंडिजीनस ईयर मनाया गया। भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र संघ को सीधे लिख दिया कि 'भारत में इंडिजीनस लोग न होने के कारण ऐसा कोई वर्ष नहीं मनाया जाएगा और न ही वहाँ कोई प्रतिनिधिमण्डल जाएगा।' लेकिन ऐसे आंतरिक उपनिवेश और वर्चस्ववाद के कारण आदिवासी समूह विकास के नाम पर विस्थापित होकर अपने मानवाधिकारों को प्राप्त करने में असफल रहे।

सरकार ने 1998 में कई प्रकार के बिल पेश कर भूमि अधिग्रहण संशोधन द्वारा बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को मनमानी जमीन प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए। 'भूमि अधिग्रहण व छोटा नागुपर टेनेंसी एक्ट जैसे कानूनों के तहत आदिवासी की जमीन लेने पर रोक लगी हुई थी। इसके प्रावधानों से मुक्ति पाने के लिए सरकार ने इस पर मनमाने संशोधन किए। सरकार की इस नीति के कारण 1991 और 1995 की अवधि के बीच केवल झारखण्ड में पचास एकड़ भूमि पर पन्द्रह लाख लोग विस्थापित हुए, जिसमें 41.27 प्रतिशत आदिवासी हैं।' इसके अतिरिक्त रक्षा परियोजनाओं में 89.7 प्रतिशत और जल संसाधन परियोजनाओं में 75.2 प्रतिशत आदिवासी विस्थापित हुए।

सरकार की वित्ताधारित विकास की नीतियों ने 'कोल बियरिंग एरिया एक्ट-1957' द्वारा आदिवासियों की हजारों एकड़ जमीन को खदानों, रेल की पटरियों और ईंट भट्ठों में परिवर्तित कर दिया। अन्य समूहों के समान योग्यता और हैसियत उपलब्ध करवाना तो दूर उनकी प्राकृतिक सम्पदा को नष्ट कर उन्हें रोजगार और समान अधिकार की अनुपलब्धता द्वारा मानवाधिकार से वंचित कर दिया। अन्य समूहों के विकास की कीमत पर आदिवासियों का विस्थापन मानवीय विकास और कल्याण की उपेक्षा या दमन को दर्शाता है।

जबकि पर्यावरण और विकास पर केन्द्रित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में यह तथ्य स्वीकार किया गया कि वैश्विक पर्यावरण की चुनौतियों का सामने करने के लिए आदिवासी समूहों और उनके पारम्परिक ज्ञान की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए विकास की किसी भी प्रक्रिया विशेषतया उनके प्रदेशों से सम्बन्धित विकास प्रक्रिया में इन समूहों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित किया जाना चाहिए लेकिन पूंजीवाद विकास ने आदिवासियों

* वरिष्ठ व्याख्याता, राजनीति विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय, श्रीकरनपुर (राज.) भारत
** वरिष्ठ व्याख्याता, लेखा एवं सांख्यिकी, श्रीमती नर्बदा देवी बिहाणी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,नोहर, हनुमानगढ़ (राज.) भारत

के पारम्परिक ज्ञान की अनदेखी कर उनके वनों, नदियों, तालाबों, पहाड़ों और वनस्पतियों के प्राकृतिक स्वरूप को विनष्ट कर पारिस्थितिक असंतुलन की स्थितियाँ पैदा कर दी हैं। आदिवासियों को सभ्य बनाने के लिए चलाई जाने वाली सरकारी तथा गैर सरकारी योजनाएँ उन्हें उनके टापुओं से खदेड़कर मानवाधिकार से वंचित करती है। आदिवासी कविता जब इक्कीसवीं सदी में पृथ्वी की असीमित धड़धड़ाहट से आदिवासियों के आदिम कवच को असुरिक्षत देखती है तो पूंजी एवं बाजार के प्रति विद्रोही तेवर दिखाकर उन्हें मानवाधिकारों के प्रति सचेत करती हैं, 'कि देखो तुम्हारे पेड़ गिर रहे हैं/समुद्र मैला हो रहा है/तटों पर प्लास्टिक की थैलियाँ बिखर रही हैं/मछलियाँ दूर चली गई है/ऑक्टोपस छुप गए हैं/शैल टूट गए हैं और तुम चुप हो।' यह कविता सभ्य समाज द्वारा आदिवासियों के प्रकृति प्रदत्ता अधिकारों को छीन कर विकास की प्रक्रिया में उनकी भागेदारी को सिरे से खारिज करने की योजनाओं के परिणाम को दर्शाती है।

अनैतिकता से अर्जित ऐसे विकास पर आदिवासी साहित्य विरोध दर्ज करवाकर अपने नैतिक कर्त्तव्य को परिपूर्ण किया है। डी.डी.कोशाम्बी, डी.पी. चट्टोपाध्याय, भगवती शरण उपाध्याय एवं राहुल सांकृत्यायन जैसे साहित्यकारों ने जहाँ अस्तित्व और पहचान के संकट से जूझते आदिवासियों को स्थापित करने का कार्य किया वहीं महाश्वेता देवी रमणिका गुप्ता, परदेशी राम वर्मा, हरिराम मीणा, वाहरु सोनवणे, रूपचंद हांसदा, निर्मला पुतुल मुन्नी सिंह, विपिन विहारी, कैलाशचन्द जैसे साहित्यकारों ने आदिवासी विर्मष को अंजाम तक पहुंचाया है। 'युद्धरत आम आदमी', 'अरावली उद्घोष', 'दस्तक', 'समकालीन जनमत' इत्यादि पत्रिकाओं ने आदिवासी विशेषांकों के माध्यम से आदिवासी जीवन की वेदना, विद्रोह और व्यवस्था के प्रति नकार द्वारा आदिवासियों को उज्ज्वल परम्परा का आधारभूत प्राणी होने का अहसास दिलाया।

आदिवासी समाज के प्रतिनिधि को समाज की मुख्यधारा से दूर हटाकर अपने अनिवार्य, सामाजिक और प्राकृतिक दायित्व की अवहेलना करने वाले शोषकों पर इन आदिवासी साहित्यकारों की कलम के तीव्र प्रहार हुए हैं।

सदियों से प्रस्थापित समाज, धर्म और शास्त्रो द्वारा किए जा रहे आदिवासियों के विरूपीकरण को समाप्त कर उनके मौलिक स्वरूप को प्रतिष्ठापित करने का प्रयास आदिवासी साहित्य के माध्यम से किया जा रहा है। 'ग्लोबल गांव के देवता' उपन्यास इन्हीं संदर्भो में आदिवासियों की निर्भीक, जुझारू, लोकतांत्रिक और संघर्षषील प्रकृति को उजागर कर मानवाधिकारों का पक्षधर बना है।

इस उपन्यास में चिंता व्यक्त की गई है कि दुनिया के ग्लोबल गाँव में तब्दील हो जाने पर उसकी अस्मिता का संकट न केवल बहुराष्ट्रीय कम्पनियों से है बल्कि ऐसी राष्ट्रीय सरकार से भी है, जिसकी शक्ति वैश्विक है, जिसके नेता लोकतंत्र का दम्भ भरकर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आश्रय में बैठे हैं। ग्लोबल गांव के देवता की ताकत के समक्ष उन सभी आदिवासियों तथा नागरिकों को खतरा है जो जमीन और अपने श्रम पर आश्रित हैं। इन देवों की दृष्टि किसानों की भूमि, आदिवासियों के जंगलों और श्रमिकों के सस्ते श्रम पर टिकी है, ये नेताओं और ब्यूरोक्रेटस को मोटी थैलियाँ चढ़ाकर मिल-जुल कर शोषण की प्रक्रिया को सम्पन्न करते हैं। इस प्रकार 'ग्लोबल गाँव के देवता' की असीम शक्ति के सामने, अपने हक के लिए संघर्षरत आदिवासियों की कम कीमत आंक कर कुछ विशेष लोगों को सशक्त करना प्रकारान्तर से उस विशिष्ट समूह के अधिकारों का हनन है, जिन्हें घुसपैठिए मानकर भेड़ियों का अभ्यारण्य बनाने के लिए सैंतीस गाँव खाली करने का आदेश दिया जाता है। ऐसे अन्याय से रक्षा के लिए संविधान में मौलिक अधिकारों और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकारों की संकल्पना की गई है। यह संकल्पना सर्वहित के नाम पर आदिवासी समूहों पर होने वाले अत्याचारों से बचाने के लिए अत्यावष्यक है।

आदिवासी साहित्य में प्रौद्योगिकी आधारित व्यवस्था में सर्वसत्तावादी होते जा रहे राज्यों और आर्थिक तौर पर एकाधिकारवादी संस्थाओं को आदिवासी नवचेतना के अवरोध के रूप में देखा गया है। यह व्यवस्था आदिवासियों के अस्तित्व, अस्मिता और उनकी सम्पूर्ण सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक संरचना में हस्तक्षेप द्वारा समतामूलक समाज की अवधारणा और मानवीय मूल्यों को नष्ट कर रही है। सभ्यता के विस्तार के नाम पर 'वीरान घोटुल, उजड़े हाट, उमंगहीन पर्व थके मांदल और सिसकती बांसुरी थामे।' आदिवासी समाज आंतरिक और बाह्य षड्यन्त्रों में उलझकर सत्ता के विकेन्द्रीकृत विकास के साथ धनात्मक सम्बंध बनाने में असफल हो रहे हैं। समाप्त होती प्राकृतिक सत्ताओं, आदिवासी नस्लों, पुश्तैनी दावों, टूटती आस्थाओं तथा संक्रान्तिकालीन दशाओं जैसे विशिष्ट संदर्भो में आदिवासी मानवाधिकारों की प्राप्ति, आदिवासी साहित्य का मुख्य ध्येय रहा है। वैश्वीकरण के प्रभाव स्वरूप उत्पन्न शोषण के अनेक प्रश्नों से जूझती आदिवासी कविता जब कहती है कि 'पंथराई आँखों के सहारे/अपने हरे-भरे आँगन में/जीवन अवलम्ब ढूँढता कोई/कैसे बचे वैश्विक वात्याचक्र से/ दिक्कू और देसी दलालों के षड्यन्त्रों से वैश्विक वात्याचक्र यहाँ पूरे वेग के साथ आदिवासी मानवाधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के उपक्रम को धराशायी करता प्रतीत होता है। इस प्रश्न के उत्तर में वैश्विक वात्याचक्र की विध्वंसकारी प्रकृति आदिवासियों की सुरक्षा, समानता, स्वतन्त्रता और साँस्कृतिक गरिमा में जीने के अधिकार को छीनने वाले खतरनाक राजनैतिक निहितार्थ को संकेतित करती है।'

वैश्विक विकास की गति के साथ कदम मिलाने की आकांक्षा में आदिवासी समूहों के भीतर दलालों और बिचौलियों का पनपना यह दर्शाता है कि वैश्विक बहेलिए आदिवासियों को जाल में फंसाने के लिए अत्यन्त सक्रिय हैं। उनकी बाजारवादी प्रकृति, उपभोगपरक मुनाफावादी आधार ग्रहण कर मानवाधिकार संरक्षण व्यवस्था को बाधित करती है। रणेन्द्र की 'बस वह धूल थी' कहानी की सीमा कजूर और उसका समाज आदिवासियों में ही उत्पन्न दलाल बी.डी.ओ. अनिल लकड़ा की स्वार्थी एवं भ्रष्ट प्रकृति के कारण समाज का शोषण करते हैं। 'ग्लोबल गांव के देवता' उपन्यास की आजीविका हेतु खटती युवतियाँ खदान के मेठ मुंशी, क्लर्क और अफसरों की उपभोग की वस्तु बनकर शोषण की चक्की में पिसती है। सत्ता के विकेन्द्रीकरण की विकास योजनाओं के फलस्वरूप आदिवासी समाज के भीतर पनपने वाली यह शोषण की नकारात्मक प्रक्रिया आदिवासियों के बुनियादी अधिकारों पर प्रश्न चिह्न लगाती है। इसी प्रकार 'शिलवन्ती' जैसी स्त्रियों को दलाली में उतारना आदिवासी स्त्री को उसके मूल स्वभाव से भटकाकर आदिवासी समाज की जड़ों को खोखला करने का उपक्रम है। बाजारवाद की इस जटिल एवं समाज को विखण्डित करने वाली भूमिका से बेखबर स्त्री का मानवाधिकारों की प्रभावी दृष्टि से चूकना आदिवासी साहित्य में सख्त तेवर क साथ विद्यमान है। आदिवासी कविता प्रश्न पूछती है कि 'कैसा बिकाऊ है/तुम्हारी बस्ती का प्रधान/जो सिर्फ एक बोतल विदेशी दारू में/रख देता है/पूरे गांव को गिरवी/और ले जाता है/लकड़ियों के गट्ठर की तरह/ लादकर अपनी गाड़ियों में/तुम्हारी लड़कियों को/' शिक्षा के

अधिकार से वंचित आदिवासी स्त्री की यह दासता ही है, जो उसे निम्न स्तरीय प्रतिनिधित्व के लिए विवश कर उसके समक्ष चुनौतियाँ खड़ी करती हैं। षिलवन्ती जैसी स्त्रियां पैदा करने वाले लोग आदिवासियों की स्थिति को सुधारने के लिए प्रतिबद्ध मानवाधिकार के समक्ष एक बड़ी चुनौती हैं जो, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की मुहिम का हिस्सा बनाने की आड़ में शोषण का यंत्र बनाते हैं। बाजारवाद की यह प्रकृति दलालों के माध्यम से आदिवासी समूहों के लिए आंतरिक खतरा बनकर समानता और न्याय की प्रक्रिया को बाधित करती है।

इस प्रकार वैश्वीकरण और बहुराष्ट्रीय अर्थसत्ता आदिवासी मानवाधिकारों के पक्षधर प्रतीत नहीं होते। मानवाधिकारों से आषय वंचितों के अधिकारों की सुरक्षा से है। वे वंचितों के संरक्षक बनकर उन्हें शिक्षा, स्वतन्त्रता, समानता, जीवन-रक्षा, शोषण- विरोध और न्यायगत-समता के जन्मसिद्ध अधिकार से संयुक्त करते हैं लेकिन अनेकों कानूनों के बावजूद पंजीवाद के सौदागर जाल फैलाकर, योजनाएँ एवं साजिशें बलवती कर आदिवासी की भूमि का अधिकार छीन कर उसे अषक्त बना देते हैं। आदिवासी साहित्य में आदिवासी के भूमि अधिकार हनन को लेकर आवाज उठाई गई है। वह बिना विक्रय किए, अपनी भूमि पर मालिकाना हक खोकर पूंजीवादी शक्तियों का शिकार हो जाता है। वैश्वीकरण यहां परम्परा से बंधे आदिवासी की जमीन को ब्यूटी पार्लर, एस.टी.डी. बूथ, किराना स्टोर, ऑटोपार्ट्स, रेडीमेड गारमेंट, दवाखाने, रेस्टोरेंट, प्रसाधन सामग्रियों से लेकर, ब्लू फिल्मों की सी.डी. एवं डी.वी.डी. स्टोर में परिवर्तित कर आदिवासी की विचारधारा में सेंध लगाकर उनकी चेतना की दशा को परिवर्तित करने में सफल हो जाता है।

'लकड़बग्घे' कहानी में भी सरकार द्वारा राजस्थान के बारां व कोटा जिले और इनसे सटे मध्यप्रदेश के निवासियों के लिए घोषित सरकारी बजट को हड़पकर विकास के नाम पर आदिवासी समूहों के सामाजिक और आर्थिक जीवन को छिन्न-भिन्न करना भी संयुक्त राष्ट्र के विकास के प्रतिमानों का उल्लंघन है। इस क्षेत्र के आदिवासियों का सारा पैसा कुछ लकड़बग्घों, पुलिस, स्थानीय पत्रकार, पटवारी, बी.डी.ओ., स्थानीय नेताओं आदि द्वारा अपनी जेब में डालना शोषण की पराकाष्ठा है जो मानवाधिकारों की मूल आत्मा के विरुद्ध है। इस कहानी में आदिवासियों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने वाली योजनाओं की अनुपालना हेतु प्रतिबद्ध सरकारी प्रतिनिधियों की विश्वसनीयता का संदेहास्पद होना किसी भी राष्ट्र या समाज की नैतिकता को कटघरे में खड़ा करता है।

निष्कर्षत: आदिवासी साहित्य वंचित आदिवासी समूहों को उपभोक्तावाद और बाजारवाद जैसी विध्वंसक शक्तियों से टकराने का साहस प्रदान कर उनके रक्षार्थ प्रयासरत है। वह अपनी चेतना की प्रतिरोधात्मक शक्ति के बल पर आदिवासियों को न केवल आर्थिक विकास की गति में साझेदार बनाना चाहता है बल्कि उन शोषणवादी शक्तियों से लड़ना भी सिखाता है जो आदिवासियों के लिए निर्मित विशेष योजनाओं और प्रावधानों को मानवाधिकारों की संकल्पना के अनुरूप प्रतिपादित करने में बाधा उपस्थित करती है।

वैश्वीकरण के समय में आधुनिक विकास की गति के साथ आदिवासियों की प्रकृति, संस्कृति और इतिहास को उसकी मौलिकता के साथ जीवित रखने के लिए आदिवासर साहित्य संकल्पबद्ध है। ऐसे समय में सामाजिक मूल्यों एवं सामुदायिक जीवन शैली पर अवलम्बित वर्गरहित, जातिरहित समाज की परिकल्पना को अपनी आत्मा में संजोए मानवाधिकारों को पुष्ट करने वाली विकास प्रक्रिया की ओर अनिवार्य कदम बढ़ाना आदिवासी साहित्य की विशिष्टता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मानवाधिकार, संघर्ष, संदर्भ एवं निवारण-कैलाश नाथ गुप्त, डॉ. सरिता शाह, पृ.सं. 14
2. मानवाधिकार की संस्कृति, नंद किशोर आचार्य, पृ. सं. 63-64
3. युद्धरत्त आम आदमी, अखिल भारतीय आदिवासी विशेषांक, पृ.सं. 49
4. युद्धरत्त आम आदमी, अखिल भारतीय आदिवासी विशेषांक, पृ.सं. 17
5. भारतीय नियम इतिहास और आदिवासी, हरिराम मीणा, वक्तव्य
6. आदिवासी कहानियाँ (संपादक केदार प्रसाद मीणा), शहर के दाग का दान, रूपलाल बेदिया, पृ.सं. 116
7. आदिवासी कहानियाँ (संपादक केदार प्रसाद मीणा), बस वह धूल थी, रणेन्द्र, पृ.सं. 68-77
8. समकालीन आदिवासी कविता (संपादन हरिराम मीणा) चुड़का सोरेन, निर्मला पुतुल, पृ. सं. 28
9. आदिवासी कहानियां (संपादक केदार प्रसाद मीणा), लकड़बग्घा, पुन्नी सिंह, पृ.सं. 128
10. मानवाधिकार की संस्कृति, नंद किशोर आचार्य, पृ.सं. 64

****

हिन्दी व्याकरण में निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण की उपादेयता

राजेश कुमार फुलवारिया* डॉ. संध्या शर्मा **

प्रस्तावना – मानव जीवन में भाषा का विशेष महत्व है। भाषिक योग्यता के आधार पर व्यक्ति अन्य जीव जन्तुओं से श्रेष्ठ है। मानव जीवन में शरीर मन और भाषा के सम्मिलित योग द्वारा ही व्यवहारों का सम्पादन होता है। भाषिक व्यवस्था के द्वारा ही मानव सभ्यता और संस्कृति का आदान–प्रदान होता है भाषा के माध्यम से ही कोई व्यक्ति शिक्षित या अशिक्षित के रूप में जाना जाता है। भाषा के अन्तर्गत व्याकरण वह विधा हैं जिसमें शुद्ध बोलना पढ़ना और लिखना सीखने में सहायता मिलती है।

भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण उपकरण है। जिस प्रकार प्रत्येक कार्य की सम्भावना के लिए सामाजिक जीवन की सुविधा और सरलता के लिए मानव व्यवहार को कुछ नियमों में आबद्ध कर दिया जाता है। उसी प्रकार भाषा के भी आवश्यकतानुसार कुछ नियम और सिद्धान्त बना दिये गये हैं। ये नियम व्याकरण के अन्तर्गत आते हैं।

व्याकरण की शाब्दिक व्युत्पत्ति वि+आ+कृ(धातु)+ल्युट (अन्) प्रत्यय के रूप मे हुई है इसका अर्थ है व्याक्रियन्ते (व्युत्याद्यन्ते) शब्देनेति व्याकरणम् अर्थात जिसके द्वारा अर्थ स्वरूप से शब्द सिद्धि हो।

शुद्ध भाषा का प्रयोग एक कला है कोरा किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नही, क्योंकी नियम कंठस्थ होने पर अभ्यास न होने से अशुद्ध प्रयोग करते हुए बालक देखे गये हैं। अत: शुद्ध भाषा सिखाने के लिए व्याकरण का सैद्धान्तिक ज्ञान उतना आवश्यक नही जितना व्याकरण के नियमों का व्यावहारिक उपयोग। भाषा कि शुद्धता तथा स्पष्टता के लिए कुछ व्यक्तियों के मतानुसार व्याकरण भाषा शिक्षण का आवश्यक अंग है। अशुद्ध प्रयोग द्वारा व्यक्ति अपनी शैक्षिक मानसिक सामाजिक सांस्कृतिक अक्षमता का परिचय अनायास ही दे देता है। भाषा के स्वरूप को आदर्श मानक बनाये रखने के लिए व्याकरण का शुद्ध प्रयोग आवश्यक है।

प्राय: देखा जाता है, कि केवल छोटी कक्षा के विद्यार्थी ही नही बल्कि बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थी भी भाषा लिखते समय विभिन्न व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियाँ करते हैं। इन अशुद्धियों के कई कारण हो सकते हैं। अगर समय पर इन व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियों के उचित कारण ढूँढकर छोटी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए उचित उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था नवीन शिक्षण पद्धति द्वारा की जाए तो विद्यार्थियों की व्याकरण सम्बन्धी अशुद्धियों पर काफी नियन्त्रण किया जा सकता है। इसके लिए निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए।

निदानात्मक – परीक्षण – निदान शब्द का प्रयोग साधारणतया डॉक्टरी विद्या में किया जाता है जब कोई भी मरीज डॉक्टर के पास जाता है तो वह रोग का निदान करने के उपरान्त ही उसका इलाज करता है इसी प्रकार अध्यापक भी यदि किसी विद्यार्थी की कमजोरियों के कारणों का पता लगाने में भूल कर जाये तो उसके शैक्षिक परिणाम भी उतने सफल नही होंगे। उपचारात्मक शिक्षण हेतु पहले निदानात्मक परीक्षण आवश्यक है किन किन छात्रों के समक्ष अधिगम समस्याएँ आती है और किन किन स्थलों पर इनकी कठिनाईयाँ है इनका निदान हो जाने पर उपचारात्मक शिक्षण संभव होता है।

शैक्षिक निदान का अर्थ – शिक्षार्थियों की शिक्षण के सम्बन्ध में व्यक्तिगत विभिन्नताओं के आधार पर कठिनाईयों एवं समस्याओं को ज्ञात करने की प्रक्रिया शैक्षिक निदान कहलाती है। शैक्षिक निदान की प्रक्रिया में शिक्षक शिक्षार्थियों की उपलब्धि में कमियों के कारणों का अध्ययन उनके व्यक्तिगत स्तर पर करता है। उपयुक्त वातावरण उपलब्ध करवा कर शिक्षार्थियों को उनकी स्वाभाविक गति देकर उन्हें शैक्षिक क्षमताओं के विकास के अवसर प्रदान करता है।

शैक्षिक निदान शिक्षार्थियों को मात्र परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने के उद्देश्य से नही किया जाता अपितु सुधारवादी दृष्टिकोण होता है। जिसके द्वारा सृजनात्मकता की भावना का उदय करने का प्रयास किया जाता है जिसमें शिक्षार्थी का व्यक्तित्व उच्च श्रेणी का बन सकें। शैक्षिक निदान के द्वारा विभिन्न स्तर पर उत्तम पाठ्यक्रम का निर्माण किया जा सकता है।

शैक्षिक निदान की प्रक्रिया – शिक्षा का मापन तथा मूल्यांकन करना परमावश्यक है। इसके अभाव में शिक्षण प्रक्रिया कदापि प्रभावशाली नही हो सकती। यह ज्ञात करने के लिए शैक्षिक निदान परीक्षण की आवश्यकता होती है जब तक बालकों का तथा शिक्षण प्रक्रिया का

निदान नही कर लिया जाता तब तक एक सफल शिक्षण–अधिगम की कल्पना नही कर सकते हैं अत: शैक्षिक निदान की प्रक्रिया निम्नलिखित चरणों में सम्पन्न की जाती है –

1. उन छात्रों की पहचान करना जिन्हे अधिगम में कठिनाइयॉ आ रही है।
2. अधिगम में निहित कमजोरी (कठिनाई) की पहचान करना।
3. अधिगम की कठिनाई में निहित कारणों को खोजना।
4. कारणों को खोजकर उचित उपचार करना।
5. परिणाम ज्ञात करना।

निदानात्मक परीक्षण की परिभाषाएँ :

रॉस – एक निदानात्मक परीक्षण किसी क्षेत्र में होशियार या कमजोरी का एक विस्तृत आलेख उपलब्ध कराता है यह विस्तृत विश्लेषण सामान्य कमियों

* शोधार्थी, शिक्षा विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राज.) भारत
** प्राचार्य, आकाशदीप महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मानसरोवर, जयपुर (राज.) भारत

के कारणों का सुझाव देता है और उपचारात्मक प्रक्रिया के लिए दिशा प्रदान करता है। वह विधि जिसमें हर व्यक्ति पर अलग –अलग परीक्षण किये जाये और विभिन्न व्यक्तियों की अनुक्रियाओं का अलग– अलग मूल्यांकन करके सामान्य निष्कर्षों तक पहुँचा जाए निदानात्मक परीक्षण कहलाता है।

इस प्रकार कि परीक्षाएँ कमजोर छात्रों के कारणों का पता लगाने के लिए ली जाती है अत: इन परीक्षाओं को लेने से पूर्व यह ज्ञात करना नितान्त आवश्यक है कि कक्षा में कमजोर छात्र कौन–कौन से है इसके लिए पहले योग्यता की परीक्षा लेना आवश्यक है। इसके पश्चात उन छात्रों की कमजोरी के कारणों का पता लगाने के लिए निदानात्मक परीक्षा ली जा सकती है।

शैक्षिक निदान की प्रक्रिया :

निदान के लिए उपयुक्त छात्रों का चयन – शैक्षिक निदान के लिए सर्वप्रथम उन छात्रों की खोज की जाती है जो विद्यालय में समायोजन कर पाने में कठिनाई अनुभव करते हैं । ये वे छात्र है जो किसी एक या अधिक विषय में कमजोर है तथा विद्यालय की कुछ अन्य क्रियाओं में ठीक से समायोजन नही कर पाते हैं। ऐसे बालको का पता लगाने के लिए निम्न विधियों का प्रयोग किया जाता है।

1. बहुत से विद्यार्थियों द्वारा स्वयं कमजोरी के कारणों को जानने के लिये आगे आने की इच्छा की पहचान की जा सकती हैं।
2. जिन छात्रों की उपलब्धि असंतोष जनक है उन्हें उपलब्धि परीक्षण तथा बुद्धि परिक्षाएँ लेकर छाँट लिया जाये।
3. जिन बालकों को निदान की आवश्यकता है उनका चयन अध्यापक वर्ग अपने अनुभव के आधार पर भी कर सकता है।
4. विद्यालय में हुई विभिन्न परीक्षाओं के परीक्षाफलों के आधार पर भी ऐसे छात्रों का चयन किया जा सकता है।
5. ऐसे छात्रों में साक्षात्कार प्रविधी कॉफी सहायक सिद्ध हो सकती है।

उपचारात्मक प्रक्रियाएँ – बालक की कमजोरी का निदान हो चुकने के बाद उन कमजोरियो को दूर करने के उपाय किये जाते हैं। बालक की कमजोरियों एवं त्रुटियों को दूर करने के उपायों का भी विवरण रहता है।

उपचारात्मक शिक्षण – यह निदानात्मक प्रक्रिया का अन्तिम चरण भी है। उपचारात्मक शिक्षण में सभी विद्यार्थियों को सामान्य रूप से शिक्षण कार्य करवाया जाता हैं। समस्याग्रस्त शिक्षार्थियों को निदानात्मक परिक्षण के आधार पर उपचारात्मक शिक्षण दिया जाता है। उपचारात्मक शिक्षण का प्रमुख कार्य उन कमजोर शिक्षण अधिगम प्रभावो को सुधारना है जो उत्तम शिक्षण में बाधक है इस प्रकार के शिक्षण द्वारा पूर्ण सावधानी से पिछडेपन के कारण एवं त्रुटियों को पहचान कर कारणो का निवारण कर त्रुटियों को दूर करना है जिनके कारण शिक्षार्थी अध्ययन क्षेत्र में पिछड रहा है। विद्यालय में ऐसे भी विद्यार्थी होते है जिनकी क्षमता को विकसित करने के लिए तत्काल कुछ आदतों में सुधार करने की आवश्यकता होती है। जैसे वचन में व्यवधान उच्चारण दोष,वर्तनी त्रुटि विषय विशेष में अरूचि या पिछड जाना आदि। इसके लिए पुन: शिक्षण या बार–बार विभिन्न विधियों के प्रयोग द्वारा शिक्षण कर वांछित कौशलों को विकसित करने की आवश्यकता होती है।

उपचारात्मक कार्यक्रम की तैयारी – उपचारात्मक कार्यक्रम सम्पन्न करने के लिए आई.के.डेविस नें चार चरणों में कार्यक्रम का सुझाव दिया है।

प्रथम चरण–कमजोर शिक्षार्थियों का चयन करना – सर्वप्रथम उन कमजोर शिक्षार्थियों का चयन करना होता है जिनके लिए उपचारात्मक शिक्षण किया जाना है। इन विद्यार्थियों के चयन के लिए उपलब्धि परीक्षण, साक्षात्कार, शिक्षण द्वारा अनुभव पर निदानात्मक परीक्षण एवं शिक्षार्थीयों के क्रियाकलापों का अध्धयन करके उचित निर्णय पर पहुँचा जा सकता है।

द्वितीय चरण– निदानात्मक परीक्षण का प्रयोग – इस चरण में निदानात्मक परीक्षण का प्रयोग करके शिक्षार्थियों की कमजोरी के विशिष्ट क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। साथ ही उस क्षेत्र विशेष में कमजोरी के विभिन्न कारणों को पूर्णत: विश्लेषित किया जाता है ज्ञातव्य है की इन्ही कारणों के आधार पर उपचारात्मक शिक्षण को प्रभावशाली बनाया जा सकता है अर्थात शिक्षक जितने सही कारणों को पहचान सकेगा उतना ही उपचारात्मक शिक्षण का कार्यक्रम तैयार कर सकेगा।

तृतीय चरण :

उपचारात्मक कार्यक्रम का प्रारूप निर्धारण – इस चरण में शिक्षक द्वारा उपचारात्मक कार्यक्रम का प्रारूप निर्धारित किया जाता है। शिक्षक निदानात्मक परीक्षण द्वारा ज्ञात किसी क्षेत्र विशेष की कमजोरी को पहचान कर उसे दूर करने लिए विद्यालय वातावरण,समयावधी तथा उपलब्ध संसाधनो के आधार पर उपचारात्मक कार्यक्रम का निर्माण करता है। उदाहरण के लिए शिक्षक उच्चारण सम्बन्धी दोषों को दूर करने के लिए उचित अभ्यास की व्यवस्था, क्षेत्रीय भाषा के कारण होने वाले दोष पर ध्यान देने का निर्देश देने की व्यवस्था, शिक्षार्थियों द्वारा लापरवाही न करने के उचित निर्देश देने की व्यवस्था को ध्यान में रखकर निश्चित व कम से कम समयावधि का कार्यक्रम निर्धारित कर सकता है।

चतुर्थ चरण– उपचारात्मक शिक्षण का क्रियान्वयन व मूल्यांकन – इस चरण में शिक्षक द्वारा निर्मित उपचारात्मक शिक्षण को क्रियान्वित किया जाता है क्रियान्विति के पश्चात् शिक्षक संपूर्ण कार्यक्रम की सफलता या असफलता को जानने के लिये मूल्यांकन का कार्य भी इसी चरण में करता है। मूल्यांकन हेतु उसे मौखिक या लिखित परीक्षा का उपयोग करना होता है। विद्यार्थियों की कमजोरियों को दूर करने में सफलता प्राप्त होती है। इस कार्यक्रम को उन्हीं परिस्थितियों में फिर से या अन्य जगह पर लागू करने का सुझाव दिया जाता है और यदी असफलता प्राप्त होती है तो कार्यक्रम की कमियों का अवलोकन किया जाता है व शिक्षक द्वारा नये कार्यक्रम का निर्माण किया जाता है।

त्रुटियों की रोकथाम के उपाय – यदी हम चाहते हैं, की छात्र विषय को सीखने में भविष्य में बिल्कुल ही गलती न करे तो हमे उसके विद्यालय तथा घरेलू वातावरण में ऐसे परिर्वतन करने है ताकी उसकी समायोजन की समस्या का स्थायी हल निकल सके। इसके लिए हमें अतिरिक्त बहुमुखी योजना भी तैयार करनी पड़ती है, जिससे बालक को अपेक्षित वातावरण मिल सके जैसे – विद्यालय परिस्थितियों में सुधार, पाठ्क्रम संशोधन परीक्षा पद्धति में सुधार अभियोग्यता परिक्षा का उचित निर्माण व्यवहार परिवेश में सुधार आदि।

निदानात्मक परीक्षण प्रशासित करके यह देखना होता है कि बालक अधिक सुक्ष्म विषय को सीखने के लिए तैयार है अथवा नही ! इस प्रकार व्याकरण शिक्षण मे निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण का अत्यधिक महत्त्व है।

अन्त में अपने अनुभव के आधार पर मैं यह कहना चाहूँगा कि व्याकरण शिक्षण में निदानात्मक परीक्षण कर छात्रों की व्याकरण सम्बन्धी त्रुटियों का पता लगाकर उच्च प्राथमिक स्तर पर उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जाये तो छोटी आयु में ही उनका व्याकरण का ज्ञान मजबूत होगा। और इसका प्रभाव अन्य विषय पर भी सकारात्मक पडेगा। प्राय: देखा जाता है कि विद्यार्थी बी.ए. एवं एम.ए. करने के बाद भी न तो शुद्ध लिख सकते हैं। न

ही शुद्ध बोल सकते हैं। इसका प्रमुख कारण उनकी व्याकरण की नीव का कमजोर होना हैं। जिस प्रकार नींव कमजोर वाली इमारत कभी भी धराशायी हो सकती है उसी प्रकार व्याकरण के ज्ञान के अभाव में भी छात्र जीवन में कई क्षेत्रों में पिछड़ जाता है अत: व्याकरण शिक्षण मे समय पर ही शैक्षिक निदान कर उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि व्याकरण शिक्षण में शैक्षिक निदान एवं उपचारात्मक शिक्षण की उपादेयता बनी रहेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रसाद कामता गुरू हिन्दी व्याकरण पापुलर बुक डिपो,जयपुर संस्करण नवीन
2. बाबू श्याम सुन्दरदास,भाषा-विज्ञान दृश्य प्रकरण
3. मेक्स, मूलर, भाषा विज्ञान, दूसरा -प्रकाशन,
4. गौड ,राधेश्याम शर्मा, हिन्दी शिक्षण, अरहिन्त प्रकाशन
5. पांडेय रामशकल ,हिन्दी शिक्षण ,आगरा पब्लिकेशन
6. शर्मा शिवचरण स्वामी विष्णु, शैक्षिक प्रौधौगिकी एवं शिक्षण विधियॉ।
7. बेल, जे.ई. निदान प्रक्रिया (प्रोजेक्ट टेक्निक) गीन एण्ड कम्पनी, न्यूयार्क
8. शर्मा,शिवचरण स्वामी विष्णु शैक्षिक प्रौधौगिकी एवं शिक्षण विधियॉ
9. आर एल थार्नडाइक,उपचारात्मक तकनीक, जो वैली एण्ड सन्स-न्यूयार्क

****

नवम् राजस्थान विधानसभा में सामाजीकरण की प्रक्रिया का विश्लेषण

गोपाल सिंह*

प्रस्तावना – सामान्य शब्दों में राजनीतिक संस्कृति एक निरंतर व अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में समाहित होने की संक्रिया राजनीतिक समाजीकरण है।

समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति समूह या समाज व्यवस्था के मूल्यों को स्वीकार करता है इस रूप में सामाजीकरण एक व्यापक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यवस्था के मूल्यों को जनता द्वारा स्वीकार कराया जाता है तथा जनता के मूल्यों को जनता द्वारा स्वीकार कराया जाता है तथा जनता के मूल्यों से जोडा जाता है इससे दोनो के बीच निकटता तथा सामान्य इच्छा का समावेश किया जाता है।

लोगो के राजनीति संबंधी विचार आस्थाएं और प्रतिबद्धताएं राजनीतिक कहलाती है और यह इसे घनिष्ठ रूप से जुडे होते हैं राजनीतिक संस्कृति का संबंध मनुष्य की संपूर्ण राजनीतिक आस्थाओं व धारणाओं से होता है और इसी पर यह निर्भर करता है कि लोगो की राजनीति में कितनी सहभागिता और कैसी भूमिका रहेगी? हर राजनीतिक व्यवस्था को अपना एक विशेष 'रंग' अपनी अलग पहचान व उसके व्यवहार का एक विशिष्ट प्रति–मान राजनीतिक संस्कृति से ही मिलता है। राजनीतिक व्यवस्थाओं में राजनीतिक संस्कृति ही विचित्रता व विशेषपन लगती है और उनके कार्य करने की शैली का निर्धारण करती है। राजनीतिक स्वीकृति हर राजनीतिक व्यवस्था में अलग–अलग प्रकार की होती है क्योंकि इसके अभिकरण और नियामक हर देश में एक से नहीं होते। इसका विकास भी अलग–अलग होता है। अत: हर राजनीतिक समाज की राजनीतिक संस्कृति विशिष्ट ही होती है राजनीतिक संस्कृति को विशिष्ट बनाने वाले अनेक तत्व और कारण होते हैं इनमे सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारण राजनीतिक समाजीकरण ही माना जाता है। जो राजनीतिक संस्कृति के निर्माण में ही महत्वपूर्ण नहीं होता है यह इसे एक पीढी से दूसरी पीढी में पहुंचने का कार्य भी करता है।

हर राजनीतिक समाज में राजनीतिक समाजीकरण ही इस बात का नियामक होता है कि लोग राजनीति के बारे में कैसे विचार बनायेंगे और राजनीतिक व्यवस्था में कैसी भूमिका निभायेंगे इस तरह, राजनीतिक समाजीकरण राजनीतिक संस्कृति और राजनीतिक व्यवस्था दोनो ही की प्रकृति को आधारभूत नियामक बन जाता है यही इन दोनो को विशिष्ट और दूसरी व्यवस्थाओं व राजनीतिक संस्कृतियों से अलग तरह का बनाता है।

सामान्यतया राजनीतिक समाजीकरण को एक प्रक्रिया के रूप में ही परिभाषित किया जाता है। राजनीति के बारे में लोगो की अभिवृत्तियों विचारों और आस्थाओं के बनने की प्रक्रिया को ही राजनैतिक समाजीकरण कहते हैं हर राजनीतिक व्यवस्था के बारे में उस माज के लोगो के विचार होते हैं। संपूर्ण राजनैतिक व्यवस्था के बारे में उस समाज के लोगो के विचार होते हैं। संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था, उसकी विभिन्न संस्थागत संरचनाओं, उसके नेताओं व उसको संचालित करने वाले अभिजनों के बारे में लोगो का अपना रूख व रवैया होता है। यह लोगो का राजनीति संबंध रूख और इस रूख के बनने की प्रक्रिया ही राजनीतिक समाजीकरण कही जाती है। यह लोगों की राजनीति के बारे में ऐसी वृत्ति है जिससे उनमें राष्ट्र और राजनीतिक व्यवस्था के बारे में विचार बनकर उनके इनमें भूमिका का नियमन होता है।

ग्रेबियल आमण्ड और पावले– 'राजनीतिक समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा राजनीतिक संस्कृतियों का अनुरक्षण व उनमें परिवर्तन किया जाता है इस कार्य के माध्यम से व्यक्तियों को राजनीतिक संस्कृति में सम्मिलित किया जाता है तथा राजनीतिक वस्तुओं के प्रति उनके अभिमुखीकरण का निर्माण किया जाता है।' [1]

रॉबर्ट लेवाइन– 'राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति की राजनीतिक व्यवस्था में सहभागिता के लिए मूल्यों आदर्शो और प्रेरणा का साधन है।' [2]

पीटर एच. मर्कल– 'राजनीतिक समाजीकरण राजनीतिक व्यवस्था के द्वारा व्यवहार प्रतिमान और राजनीतिक अभिवृत्तियां प्राप्त करना है।'[3]

राबर्ट सीडगेल– 'राजनीतिक समाजीकरण का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों का प्रषिक्षण व विकास करना है जिससे वे राजनीतिक समाज के सुकार्यकारी सदस्य बन सके' [4]

माइकल रशव फिलिप अलताफ 'समाजीकरण व राजनीतिक व्यवस्थाओं के बीच राजनैतिक समाजीकरण एक अत्यंत महत्वपूर्ण कडी है लेकिन अलग–अलग व्यवस्थाओं के अनुसार इसमें परिवर्तन आ सकता है। राजनीतिक दृष्टिकोण में एक प्रक्रिया के रूप में राजनीतिक समाजीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसे व्यापक राजनीतिक व्यवस्था राजनीतिक सहभागिता में लोग लिप्त हो सकते हैं।' [5]

राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया किसी न किसी रूप में आजीवन चलती रहती है। यह प्रक्रिया राजनीतिक स्थिरता में योगदान देती है और दबावों को आसान करके परिवर्तनों को संभव बनाती है।

डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता ने सिटिजन इन दी मैकिंग में विभिन्न आयु वर्गो में राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया का विस्तृत विश्लेषण किया है। [6]

संकल्पना के रूप में राजनीतिक समाजीकरण अभी बहुत नई धारणा ही है मनोवैज्ञानिक ने ही इसे संकल्पना के रूप में विकसित किया और इसको सुनिश्चित अर्थ प्रदान किया है। संकल्पना के रूप में राजनीतिक समाजीकरण को राजनीतिकरण की प्रक्रिया के रूप में नहीं लिया जाता है यहां इसे राजनीति संबंधी मूल्यों मान्यताओं और आस्थाओं से जोडा जाता

* व्याख्याता, राजनीति विज्ञान, राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, सिरोही (राज.) भारत

है। एलेन बाल राजनीतिक व्यवस्था के संबंध में कुछ धारणाओं का होना और उनका विकास तथा व्यवस्था से संबंधित विश्वास ही राजनीतिक समाजीकरण है।[7]

राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति के राजनीतिक संबंधी मूल्यों, विष्वासों, अभिवृत्तियों व विचारों का समुचय है इनसे व्यक्ति की राजनीतिक व्यवस्था में भूमिका का निर्धारण और नियमन होता है राष्ट्र और व्यवस्था के प्रति निष्ठा और विशिष्ट मूल्यों को पनपाने में इसका यह अर्थ सहायक रहता है इसी में व्यवस्था के लिए समर्थन या दुराव उत्पन्न होते हैं समूहों तथा व्यक्तियों से किस अंश तक राजनीतिक जीवन में भाग लेने की आशा की जा सकती है। समाजीकरण का ही एक विशिष्ट रूप है जब व्यक्ति के सीखने की प्रक्रिया का संदर्भ समाजीकरण का नाम दिया जाता है और जब इसका संदर्भ राजनीतिक व्यवस्था से जोड दिया जाता है तब इसे राजनीतिक समाजीकरण कहा जाता है। एक ने व्यक्ति समाज के प्रति उन्मुखी रहता है और दूसरे में समाज की एक उप व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था की ओर उन्मुखी होता है।

डेविड इस्टन जिसे राजनीतिकरण कहते हैं इसमें व्यक्ति राजनीतिक भूमि का अदा करना सीखता है और भूमिका अदा करना सीखने की प्रक्रिया में उचित राजनीतिक अभिवृत्तियों को आत्मसात कर लेता है। राजनीतिकरण में मूल्यों व आस्थाओं के उचितपन की बात नहीं आती राजनीतिक समाजीकरण की व्याख्या से इसकी प्रकृति का संकेत मिलता है।

राजनीतिक समाजीकरण की प्रकृति – राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति का राजनीतिकरण, उसकी राजनीतिक सहभागिता और राजनीतिक भर्ती से कहीं अधिक व्यापक संकल्पना है। इसमे व्यक्ति की राजनीतिक अभिवृत्तियों, राजनीति संबंधी उसके विष्वासों व मान्यताओं का निर्माण और

राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति का राजनीतिकरण, उसकी राजनीतिक सहभागिता और राजनीतिक भर्ती से कही अधिक व्यापक संकल्पना है इसमें व्यक्ति की राजनीतिक अभिवृत्तियों, राजनीति संबंधी उसके विश्वासों व मान्यताओं का निर्माण और इनके आधार पर उसका राजनीतिक अभिमुखीकरण सम्मिलित रहता है। यह वह प्रक्रिया है जिससे यह मूल्य मान्यताएं, आस्थाएं और विचार न केवल बनते हैं परंतु एक पीढी से दूसरी पीढी को हस्तांतरित होते हैं इस कारण ही राजनीतिक समाजीकरण राष्ट्र के प्रति निष्ठा तथा विशिष्ट मूल्यों को पनपाने में सहायता देता है यह राजनीतिक व्यवस्था के लिए समर्थन जुटाता है या उससे दुराव में वृद्धि कर सकता है।

समूहों तथा व्यक्तियों से किस अंश तक राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण प्रभाव पडता है। राजनीतिक समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने समाज में राजनीतिक जीवन के प्रति अनुकूल दृष्टिकोण बनाता है जिसके माध्यम से समाज अपने राजनीतिक मानकों और आदर्शो, मान्यताओं और विश्वासों को एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचाता है। इसी प्रक्रिया से व्यक्ति अपने समाज, राष्ट्र या राज्य के प्रतिनिष्ठा और सत्ता के प्रति लगाय का भाव विकसित करता है।

आमन्ड और कोलमैन के अनुसार राजनीतिक समाजीकरण के दो रूप होते हैं यह प्रकरण और अप्रकट दोनो प्रकार का हो सकता है। जब राजनीतिक व्यवस्था संबंधी जानकारी, अभिमुखीकरण और मूल्यों का स्पष्ट रूप से जानबूझकर सम्प्रेषण या संचरण होता है तो यह राजनीतिक समाजीकरण का प्रकट रूप होता है जब समाजीय राजनीति के संदर्भ में राजनीतिक संबंधों के बारे में मनोवृत्तियां बनती जाती है तो यह प्रकट राजनीतिक समाजीकरण है इसमें स्वयं राजनीतिक सत्ता के धारक व व्यवस्था ही जानबूझकर खुले में ऐसा करती है परंतु यहां स्वत: ही अन्य सामाजिक संरचनाओं जैसे परिवार व स्कूल आदि से बनती और एक पीढी से दूसरी पीढी तक पहुंचती रहती है तो यह राजनीतिक समाजीकरण का गुप्त रूप होता है। राजनीतिक अभिमुखीकरणों, प्रतिमानों और सत्ता संबंधों के प्रति अभिवृत्तियों का जब स्वत: ही निर्माण होता है तो यह अप्रकट रूप से हुआ राजनीतिक समाजीकरण कहा जाता है इसमें समाजातीय राजनीतिक का संदर्भ नहीं रहता है अर्थात् राज्यतंत्र या राजनीतिक सत्ता धारक ऐसे समाजीकरण, समाजीकरण की प्रक्रिया के साथ-साथ चलता है जबकि इसके फलस्वरूप में यह राजनीतिकरण के साथ संचालित होता है। राजनीतिक समाजीकरण के प्रकट के रूप में छल योजन, जोड-तोड द्वारा लोगों को राजनीतिक व्यवस्था के संबंध में ऐसी या वैसी मान्यताएं मूल्य और विचार पनपाये जाते हैं राजनीतिक व्यवस्थाओं का इच्छित दिषाओं में विकास करने या उनमें विशेष प्रकार के मूल्यों का आरोपण करने के लिए ऐसा किया जा सकता है। संपूर्ण समाज व्यवस्था का पुन: निर्माण करने के लिए सरकारें ऐसे राजनीतिक समाजीकरण का सहारा लेती है। यह राजनीतिक मूल्यों की स्थापना को प्रभावित करने के सरकार द्वारा जानबूझकर किये जाने वाले प्रयासों से संबंधित होता है। ऐसा राजनीतिक समाजीकरण साम्यवादी देशों या तानाशाही व्यवस्थाओं में ही होता हो ऐसी बात नहीं है लोकतंत्र में भी इसका सहारा लिया जाता है। राजनीतिक व्यवस्थाओं संबंधी विचारों, मूल्यों व मान्यताओं का ऐसा छल योजना है जिसमें व्यक्ति को बार-बार ऐसे विचार व मूल्य अपनाने के लिए प्रेरणा दी जाती है।

राजनीतिक समाजीकरण के अभिकरण – हरबर्ट एच हाइमैन[8] ने सर्वप्रथम राजनीतिक समाजीकरण के अभिकरणों की भूमिका का विवेचना के विभिन्न प्रमुख अभिकरण बतायें हैं-

1. परिवार
2. शिक्षण संस्थाएं
3. स्वैच्छिक समूह
4. जन संपर्क माध्यम
5. सरकार
6. साहित्य
7. राजनीतिक दल व हित समूह

राजनीतिक समाजीकरण एक जटिल प्रक्रिया है जिसका विकास विभिन्न चरणो में होता है-

1. सत्ता का आभास राजनीतिक समाजीकरण का प्रथम चरण है।
2. सत्ता के संबंध निश्चित रूप से जानकारी।
3. सत्ता के विविध रूपों में भेद करने की क्षमता।
4. चयनात्मक क्षमता।
5. राजनीतिक गतिविधियों के विश्लेषण की क्षमता व राजनीतिक भर्ती व स्वरूप का निर्धारण तदनुरूप
6. राजनीति प्रक्रिया में आवेदन व भागेदारी।

राजनीतिक समाजीकरण और राजनीतिक व्यवस्था – आमण्ड यह मानता है कि मांगों व समर्थनों के आकार-प्रकार की निर्णायक राजनीतिक संस्कृति होती है लोगों की राजनीतिक अभिवृत्तियों से इनका संबंध होता है। यहां आमण्ड निवेशों की आधार भूमिका तैयार करने में राजनीतिक संस्कृति की भूमिका विशेषकर राजनीतिक समाजीकरण को महत्वपूर्ण मानता है

उसका अभिमत है कि राजनीतिक व्यवस्था में उठने वाली मांगें किस प्रकार की होती तथा समर्थनों में जनता की सक्रियता की मात्रा कितनी होगी इसका नियामक राजनीतिक सामाजीकरण ही होता है।

राजनीतिकरण समाजीकरण स्वयं में राजनीतिक व्यवस्था का निवेश नहीं है यह तो निवेशों की प्रकृति उनकी तीव्रता और मात्रा का नियामक है राजनीतिक समाज में व्यक्तियों का जितना समाजीकरण घट या बढ जायेगी तथा उसी के अनुसार मांगों की प्रकृति में परिवर्तन आ जाएगा। उदाहरण किसी राजनीतिक समाज में बेहूदा मांगे बहुसंख्या में पेश होती है तथा दूसरे समाज में ऐसा नहीं होता है तो इसको समझने के लिए राजनीतिक समाजीकरण के आधार पर ही समझा जा सकता है। यह प्रक्रिया राष्ट्र और राजनीतिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा और विशिष्ट मूल्यों को अपनोन या पनपने में सहायता देती है और इससे राजनीतिक व्यवस्था के लिए समर्थन या उससे दुराव बढ या घट सकता है समूहों और राजनीतिक समाज के व्यक्तियों से किसी अंश तक राजनीतिक जीवन में भाग लेने की आषा की जाती है। राजनीतिक समाजीकरण जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है इसलिए यह राजनीतिक सक्रियता की बराबर नियामक बनी रहती है और इस तरह इसका राजनीतिक व्यवस्था की प्रकृति उसकी क्रियात्मकता और विकास में महत्वपूर्ण स्थान बना रहता है।

राजनीतिक समाजीकरण ही व्यक्ति 'राजनीतिक प्राणी' बनाता है इस प्रक्रिया से व्यक्ति के मानस में राजनीतिक के ज्ञानात्मक नक्शें बनते हैं। राजनीति के संबंध में बने इस विचारों के आधार पर व्यक्ति राजनीतिक घटनाओं के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है और राजनीतिक समाजीकरण, व्यक्ति और व्यक्तियों के समूहों की राजनीतिक मनोवृत्तियों तथा मूल्यों का निर्धारण करता है और इसी से व्यक्ति राजनीतिक व्यवस्था में निवेशक की भूमिका निभाने के लिए तैयार होता है।

राजनीतिक समाजीकरण, राजनीतिक संस्कृति के निर्माण, उसके एक पीढी से दूसरी पीढी तक हस्तान्तरण उसके विकास तथा उसकी सजीवता में महत्वपूर्ण कारक होता है 'राजनीतिक समाजीकरण व्यक्ति को राजनीतिक संस्कृति में दीक्षित करना है।' जो राजनीतिक संस्कृति को अपनी विशेष पहचान उपलब्ध करता है और राजनीतिक संस्कृति के निर्माण के अभिकरणों में तालमेल बनाये रखने का माध्यम होता है। राजनीतिक समाजीकरण से ही राजनीतिक संस्कृति को तत्व और अत: वस्तु प्राप्त होती है इससे ही राजनीतिक संस्कृति, राजनीतिक व्यवस्था की क्रियात्मकता में निर्णायक स्थान बना पाती है अत: राजनीतिक संस्कृति और राजनीतिक समाजीकरण में घनिष्ठता और पारस्परिकता ही बनी रहती है।

राजनीतिक समाजीकरण, राजनीतिक व्यवस्था, राजनीतिक संस्कृति, राजनीतिक विकास व आधुनीकरण के लिए आधार वस्तु राजनीतिक मानव का निर्माण करने में सहायता करता है यह व्यवस्थाओं के नव निर्माण से लेकर राजनीति की सार्थकता तक में सहायक है। यह एक विशेष धारा है जिससे राजनीतिक अनुप्राणित रहती है यह व्यक्ति का राजनीतिकरण, उसकी भर्ती वह सहभागिता का प्रवेश द्वार है यह व्यक्ति को राजनीति से जोडने वाली प्रक्रिया है यह व्यक्ति की राजनीति के प्रति उदासीनता को समापत कर उको राजनीति रंग में रंगने का काम करती है। राजनीतिक समाजीकरण व्यवस्था के आधार सम्य व्यक्ति को सही एंग से राजनीति में दीक्षित कर उसको बराबर राजनीति के सही रास्ते पर अग्रसर करना है।

भारत में राजनीतिक संस्कृति व सामाजीकरण का स्वरूप? – भारतीय राजनीतिक व्यवस्था का निकट का अध्ययन यह प्रमाणित करता है कि यहां की व्यवस्थाओं से भिन्न अपना विशिष्ट स्वरूप लिए हुए हैं इसमें भारतीय परम्पराओं, ऐतिहासिक अनुभवों व राष्ट्र की आवश्यकताओं की झलक देखी जा सकती है। मॉरिस जोन्स ने पश्चिमी अध्येताओं को सचेत किया है कि वह ऐसे में किसी भ्रम का शिकार न हो। [9]

नए राष्ट्र का पद पाने वाली पुरानी सभ्यताओं के विकास या परिवर्तन की प्रक्रिया बडी व्यापक दूरगामी और विषझम है, जिन नये विचारों, सिद्धांतों और नई संस्थाओं को नए राष्ट्र के विधान द्वारा स्थापित किया गया है उनके फलितार्थ को स्पष्ट रूप से समझना और स्वीकार करना होगा।

भारत में इतिहास के लंबे क्रम में ऐसे सामाजिक धार्मिक आंदोलन हुए हैं जिसे यहां विशिष्ट भारतीय परंपरा का निर्माण हुआ है। राजनीतिक स्थिरता की कुंजी सामाजिक व्यवस्था थी। अब यह सामाजिक व्यवस्था विखण्डित हो रही है और बदल रही है। भारत जैसे नवस्वतंत्र राष्ट्र में राजनैतिक विकास का अर्थ यह होता है कि प्राचीन देश अपनी पुरानी परंपरा व विविधता को बनाए रखते हुए आधुनिक युग की सबसे अच्छी बातों को ग्रहण करने की कोषिष करता है। इस प्रकार भारत ने लोकतंत्र कके आदर्श को ग्रहण किया है।

यदि राष्ट्रीय आंदोलन इतना लंबा न चला होता और जनता में इसके बडे इतनी गहरी न हुई होती तो स्वतंत्रता के समय नई और पुरानी परम्परा में यह सामंजस्य न हो पाता। किसी भी देश में लोकतंत्र कितना सफल होता है कि उसकी परम्परा क्या रही है उसकी समाज व्यवस्था और आदर्शो व विचारों में नई बातों को ग्रहण करने की कितनी शक्ति है उस पर बाहर के क्या प्रभाव पडे हैं और इतिहास की किन परिस्थितियों में उसने नए प्रभावों को ग्रहण किया है।

भारत के वर्तमान राजनीतिक स्वरूप की संरचना के तीन सहायक तत्व है [10] ये हैं–

1. हिन्दू समाज, जो भारतीय जीवन की आधारशिला व उसकी एकता का सूत्र है।
2. अंग्रेजी राज्य जिसकी कानून व शासन व्यवस्था सारे देश को एक केन्द्रीय सत्ता के अधीन ले आई। यहीं नहीं इसने हमारी राजनीतिक विचारधारा और पद्धति पर भी गहरा प्रभाव डाला है।
3. स्वतंत्रता से पहले का सारा रचनात्मक राष्ट्रवाद यह राष्ट्रवाद विदेशी शासन के प्रभाव और द्वारा सम्प्रेषित नए युग की चुनौतियों से उत्पन्न हुआ। इस राष्ट्रवाद का उद्देश्य लोकतंत्रीय व्यवस्था के अंतर्गत देश की राजनीतिक स्वतंत्रता की प्राप्ति और समाज का सुधार था।

आर्यो या हिन्दुओं के प्रभुत्व की लंबी अवधि में ज्यादा महत्व की बात हिन्दू समाज व्यवस्था का विकास है न कि देश के विभिन्न भागों में राजवंशों का उत्थान व पतन इस प्रक्रिया में भारत एक राष्ट्र भले ही न बन सका हो किन्तु उसने एक समाज और सभ्यता का निर्माण अवश्य किया। इस गहरी एकता व आत्म बोध के अस्तिमता के बिना अंग्रेज शासकों व राष्ट्रीय नेताओं के लिए देश की राजनैतिक एकता की स्थापना आसान न होती। दूसरी ओर एकता की इस भावना के बावजूद और इसके विशिष्ट स्वरूप के कारण पूरे हिन्दू युग के दौरान समाज व राजनीति का पार्थम्य बना रहा। साम्राज्यों का उत्थान व पतन होता रहा, लेकिन भारतीय समाज का अधिकांश भाग उसके रास्ते पर चलता रहा।

एक केन्द्रीय सत्ता की स्थापना का काम मुस्लिम शासनकाल में हुआ। मुस्लिम प्रभुत्व से हिन्दू सामाजिक व्यवस्था को धक्का भी लगा परंतु भारत में एक केन्द्रीय सत्ता व राष्ट्रीय एकता की जडें मजबूत हुई।

राजनैतिक संस्कार व सामाजीकरण – रजनी कोठारी ने कहा है कि 'भारत शायद एक मात्र देश है जिसने बिना किसी विशिष्ठ राजनीतिक व्यवस्था का सहारा लिए अपनी सांस्कृतिक परंपरा को कायम रखा है भारत की आत्म राजनैतिक नहीं सांस्कृतिक रही है। वे कौन से ऐतिहासिक तत्व है जिनके कारण लगातार राजनैतिक उथल पुथल के बावजूद भारत की संस्कृति अविच्छिन रही।'

भारत में व्यापक निष्ठा राजनैतिक नहीं सांस्कृतिक थी इस कारण ही नई राजनैतिक व्यवस्था को जड जमाने में आसानी हुई।[11]

भारतीय राजनीति की प्रकृति से सम्बद्ध विकास का यह रेखाचित्र एक ऐसी बिखरी हुई सामाजिक संरचना का चित्र है जो राजनीतिक स्वरूपों, मूल्यों व विचारधाराओं के माध्यम से समाज का राजनीतिकरण हो रहा है। राजनीतिक तटस्थ समाज की पृष्ठ भूमि में एक सशक्त राजनीतिक केन्द्र समाज के विभिन्न वर्गो को राजनीति में सक्रिय बनाने का कार्य कर रहा है। 1977, 1980, 1985 व 1990 के आम चुनावों में भारतीय मतदाता के विवेक को स्पष्ट करके परंपरागत खाई को पाटने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जो विभक्त ग्राामीण समाज व राज व्यवस्था में रहती आई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गेब्रियल आमण्ड एण्ड सी.बी. पावैल, कम्पेरेटिव पोलिटिक्स, ततैव, पृष्ठ 89.
2. राबर्ट लैकहन का लेख पढिए–क्लीफर्ड ग्रीवज (सं.) ऑल्ड साइटीज एन्ड न्यू स्टेट्स, नई दिल्ली, अमेरिन्ड, पृष्ठ 200
3. पीटर एच. मर्कल, मॉडर्न कम्परेटिव पॉलिटिक्स, न्यूयॉर्क होल्ट, राइन हार्ट एण्ड विन्स्टम 1970, पृष्ठ 91
4. कार्बर्ट सीगल, अजम्पशन्स, अबाउट टि लर्निम आवै पॉलिटिक्ल कैल्यूज, पॉलिटिक्ल साइन्स एण्ड सेशल साइन्सेज, फिलोडेलाफिया, एण्ड 361, सितम्बर 1965, पृष्ठ 2
5. देखिए– एन इन्ट्रोडक्शन टू पॉलिटिक्ल सोशिओलालजी, लंदन मेलसन, 1971, पृष्ठ 13–14
6. आषा कौशिक ने उन्हे अपने लेख 'राजनीतिक व्यवस्था तथा राजनीतिक सामाजीकरण की समस्या' राज्यशास्त्र समीक्षा, जनवरी 1977) में उर्द्धत किया है।
7. ए.आर.बाल. मॉडर्म पॉलिटिकल एण्ड गवर्नमेन्ट, लंदन, मेकमिलन, 1971 पृष्ठ 68
8. हरबर्ट एच. हाइमैन, पॉलिटिकल सोशिओलजी, नई दिल्ली, अमेरिन्ड, 1969
9. मॉकिस जोन्स, एच. पार्लियामेन्ट इन इण्डिया, फिलाडेल्फया, यूनिवर्सिटी ऑफ पैनसिलवेनिया प्रेस, 1957 तथा देखिए दि गवर्नमेन्ट एण्ड पॉलिटिक्स इन इंडिया, लंदन, हचिनसन यूनिवर्सिटी लाईब्रेरी, 1967।
10. माइरन वीनर, पार्टी पॉलिटिक्स इन इण्डिया, प्रिन्स्टन, प्रिन्स्टन यूनिवर्सिटी प्रेस, 1957 तथा देखिए माइरन वीनर, दि पॉलिटिक्स ऑव स्केर्सिटी, शिकागो, यूनिवर्सिटी आवै शिकागो प्रेस, 1962।
11. रजनी कोठारी, पॉलिटिक्स इन इण्डिया, तत्रैव।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728) 596
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

Human Resource Management In Indian Defence Services

Saurabh Dubey*

Abstract - Administrations Satisfaction depicts how content an individual is with his or her activity. The more joyful individuals are inside their activity, the more fulfilled they are said to be. Employment fulfillment isn't equivalent to inspiration, in spite of the fact that it is unmistakably connected. Administrations configuration means to improve work fulfillment and execution; strategies incorporate occupation revolution, work expansion and employment advancement. Different effects on fulfillment incorporate the administration style and culture, worker association, strengthening and self-ruling work gatherings For better Human Resource Management in Indian armed forces. Employment fulfillment is a vital quality which is much of the time measured by associations. Components that are definitive, all things considered, in guaranteeing high Job fulfillment and consequently better.
Key Words - Administration , Human Resource Management, Armed Forces.

Introduction - Staff the executives systems of the past incorporated into abundance of 1100 procedures that were essentially squat pencil, work concentrated activities that were intended to include faculty experts at each dimension, just as the hierarchy of leadership at each dimension until the predetermined activity achieved the suitable endorsement specialist. In addition to the fact that it took a phenomenal time span to get choices, the endorsed strategies superfluously requested time from various people. The procedures were not productive and frequently not compelling. Under PT, all these business forms have been, or are in effect, altogether audited so as to dispense with those that are redundant, streamline others to remove superfluous contacts, and to apply web innovation where conceivable. So far, the outcome has been a substantially more responsive HR framework that is quicker (customarily prompt/continuous), and increasingly precise in light of the fact that there are less advances and people dealing with the activity. Frequently, troopers and officers are engaged to interface with the highest point of the framework without direct inclusion with work force pros. It is where we understand that the equalization originates from a great deal of sharing ofcommon errand, of sharing duties and of sharing seeing the greater part of all.The time requests actualizing inflexible adaptability. A few difficulties and issues as being looked by the HR Managers in the Defense Forces today are:(a) Large Workforce Dealing with a workforce running into a couple of millions isn't simple from any standards.(b) Changed Expectations Employees request strengthening and anticipate balance with the mangement. Past ideas about administrative expert are offering approach to representative impact and inclusion alongside instruments for upward correspondence and fair treatment. There is have to redraw the profile of the specialist and find new techniques for preparing, enlisting, compensating and propelling employees.(c) Balancing Work-life Balancing work and life accept importance when both a couple are utilized. Travails of a working housewife are in excess of a working spouse, in this manner adjusting it is turning into a noteworthy test for HRM. (d) Managing Diversity This issue has been of fundamental significance since the very commencement of the Armed powers. The Services utilize people from various social, instructive and financial foundations, talking distinctive dialects, following diverse societies and customs, celebrating diverse celebrations and brandishing distinctive convictions. Dealing with this sort of decent variety is one of the greatest test in Human Resource Management in the Defense Services of India.(e) Communication Concentrating on setting up powerful correspondence all through the association and to guarantee that formally dressed men have what it takes and roads to share data and organize exercises successfully.

An individual person is overseen independent from anyone else. Be that as it may, bunches comprising of beyond what one individual can achieve a reason, in the event that they are composed and remotely oversaw and that is the manner by which the board assumes its job. An association is basically structured keeping in view execution, rivalry and expenses. The executives begins with separating work among people and their gatherings, by isolating work exercises so complete work should be possible to accomplish the motivation behind an association. Be that as it may, the division requires

*Research Scholar, Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA

coordination of exercises. An association must be adaptable to oblige inner changes inside it coming about into qualities and shortcomings and outside changes coming about into dangers and openings which are all unique in nature. This coordination is set up by weaving specialist structure, correspondence, data, frameworks, methodology and assets stream.

Arranging of assets is an essential piece of sorting out. The assets are human and specialized. Thought the human part commands in an association, They can't perform without specialized assets, and sorting out includes making condition individuals to encourage execution. Social relationship inside an organized association bring forth casual association. Since no valuable work should be possible without a system of relationship, The formal association is casually stretched out to associations which are not inside its administration and today we oversee what can be called as an all-inclusive organization, acquuistions, technical cooperation and so on. Since human exercises are firmly tied up with association based exercises, there is requirement for a more extended life span of an association so it can offer a similar life span to individual subject to it. Subsequently, an association works for commencement, development and solidness and in this way, must be a live wonders.

Conclusion - The main role of the MHRM framework is to fulfill substantial resistance administrations necessities and, seeing that practicable, oblige the authentic needs of its individuals. The framework is a mind boggling, dynamic, multifaceted mosaic of cooperating subsystems, which interface in an assortment of routes with all other significant guard administrations frameworks. Protection administrations Transformation will be a noteworthy arrangement of occasions for the future, and the Defense administrations HR framework by means of Personnel Transformation will bolster that change. It must stay aware of the rate of progress happening in the barrier benefits so fighters are appropriately bolstered, and authorities have opportune, important data on which to base operational choices. The procedures intended to structure, gain, train, instruct, circulate, continue, expertly create, and separate troopers must be consistently assessed and refined to guarantee they bolster present and future protection administrations necessities. The subsystems inside these procedures must have the adaptability to address the issues of the guard administrations. Regardless of whether the resistance administrations is lessening or growing, there are a couple of basic working standards to direct leaders as they pick between troublesome, testing alternatives in either situation: keep up power availability at the recommended dimensions; keep up quality in enrolling, maintenance, and advancement programs; make changes in a decent and methodical path all through all evaluations and fortes, both officer and enrolled; keep up current board choice capacities to keep on expanding on the best; depend on RC; secure prosperity; and, at long last, so as to decrease vulnerability, guarantee there is a justifiable, exhaustive arrangement.

References :-

1. www.tc.gc.ca
2. http://www.shrm.org
3. http://www.chforum.org
4. K. Aswathappa, human resource & personal management (3rd edition) TMH (2002), 39-50.
5. Principals and practices of management SCDL,pune

****

Estimation of Breeding Value of the Sires in White Leghorn Strain 'B' Flock

Bhagat Singh*

Introduction - Poultry production is one of the best available sources for the production of high biological value animal protein in terms of egg and meat.Commercial hybrids,both broilers and layers are being propagated for meat and egg production throughout the world.Many economically important traits cannot be determined by usual appraisal alone. Using EBVs is the proven method of accurately predicting if bird will pass on important traits.such as body weight at 20 weeks of age(g),body weight at 34 weeks of age (g),age at first egg (days),egg weight(g)at 40 week of age,egg production(no.) upto 250days of age,egg mass(kg) upto 250 days of age, and rate of lay(%).

Materials and Methods - The data used in the present study was generated on 'B' strain of white leghorn maintained at the poultry farm CVAS,RAU,Bikaner.

Breeding values of each sire was estimated using two procedures viz, sire indexes (SI) and best linear unbiased prediction (BLUP) procedure.

1. Calculations of Sire indices - The formaula given by Johansson and Rendel (1969) was used to calculate single trait sire indices from the information of their progenyperformance.

Here, the expected breeding values of the sire for the trait is

$$EBV = \frac{2n}{n+\sigma^2_e/\sigma^2_s}(X_0 - X_p)$$

Where,

n = number of progenies of that sire

σ^2_e = residual variance component

σ^2_s = sire variance component

X_o = Mean of the progenies of that sire

X_p = Mean of progenies hatched in the same year

2. Best Linear Unbiased Prediction (BLUP) - Best Linear Unbiased Prediction (BLUP) procedure developed byHenderson (1973) was used to estimate breeding values of sires.

The model for BLUP included generation as fixed effect and sires within generation as a random effect. The model was as follows.

$$Y_{ijk} = \mu + G_i + S_{ij} + e_{ijk}$$

Where

Y_{ijk} = observation on k[th]progeny of j[th] sire belonging to i[th] generation

μ = overall population mean

G_i = fixed effect of i[th] generation

S_{ij} = random effect of j[th] sire within i[th] generation

e_{ijk} = random error associated with k[th] progeny of j[th]sire within i[th] generation

In matrix notations the Henderson model can be written as

Y=Xb + Zu + e

Where,

Y is a vector of observations on progeny of sires in u

b is a vector of fixed generation effects in the model

u is a vector of random sire effects

e is a vector of residual effects

X and Z are known design matrices relating observations (Y) asfixed generation effect and random sire effects, respectively

$Var(u) = 1\sigma^2_s$

$Var(e) = 1\sigma^2_e$

$Var(y) = ZGZ' + R$

The solution to b and u were obtained from mixed model equations given below

$$\begin{bmatrix} X'X & X'Z \\ Z'X & Z'Z+k \end{bmatrix}\begin{bmatrix} b \\ u \end{bmatrix} = \begin{bmatrix} X'Y \\ Z'Y \end{bmatrix}$$

Where k = ratio of residual to sire variance components.

The sire and residual variance components obtained by Henderson method-3 previously were used for BLUP.

The estimates of breeding value of the sires were calculated by followingformula:

Estimated breeding value

$EBV = 2(G_i + S_{ij})$

Where G_i = Solution for i[th] generation effect

S_{ij} = Solution for j[th] sire effect within i[th] generation

Results and Discussions - The ranking of estimated breeding values of 26 sires in generation - I and 28 sires in generation II for all the seven traits in present study viz., body weight at 20 and 34 weeks of age, age at first egg, egg production upto 250 days of age, egg weight at 40 weeks of age, egg mass and rate of lay by two different methods. SI and BLUP were obtained in present study.

Table-1 (see below)

In the present study the range of estimated breeding

*Lecturer, Animal Husbandry and Dairy Science, S.C.R.S. Govt College, Sawai Madhopur (Raj.) INDIA

सारिणी 3 पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट होता है कि मुरादाबाद मण्डल में प्राथमिक स्तर पर जनपदवार बालिकाओं के नमाांकन में भिन्नता लिए हुए है। अध्ययनक्षेत्र में वर्ष 2011-12 में सर्वाधिक बालिकाएं 47.89 प्रतिशत बिजनौर जनपद में जबकि सबसे कम बालिकाएं 42.2 प्रतिशत अमरोहा जनपद में है। वर्ष 2014-15 में अध्ययन क्षेत्र में सर्वाधिक बालिकाएं 49.18 प्रतिशत रामपुर जनपद में जबकि सबसे कम बालिकाएं 42.45 प्रतिशत अमरोहा जनपद में है। मुरादाबाद मण्डल में वर्ष 2011-12 से 2014-15 तक प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन की स्थिति पर दृष्टिपात करें तो पांचों जनपदों में बालिकाओं के नामांकन में किंचित वृद्धि देखने को मिलती है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन की स्थिति को अग्रसारिणी में दर्शाया गया है-

सारिणी संख्या-4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सारिणी संख्या 4 पर दृष्टिपात करें तो स्पष्ट होता है कि अध्ययन क्षेत्र में वर्ष 2011-12 से वर्ष 2014-15 तक प्राथमिक स्तर पर जनपद मुरादाबाद व रामपुर में बालिकाओं के नमाांकन में वृद्धि देखने को मिलती है। जबकि बिजनौर, अमरोहा तथा सम्भल जनपदों में बालिकाओं के नामांकन में कमी देखने को मिलती है।

4. प्राथमिक स्तर बालिका शिक्षा में सुधार हेतु सुझाव:

1. शैक्षिक अवसरों की समानता स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें बालक और बालिकाओं का शिक्षा के समान अवसर प्रदान किये जायें तथा उनके साथ किसी भी तरह का लैगिक भेदभाव न किया जाये।
2. बालिकाओं की शिक्षा के प्रति समाज में उचित दृष्टिकोण विकसित किया जाये इसके लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शिक्षा आंदोलन, प्रौढ शिक्षा का प्रसार व जन संचार के साधनों का प्रयोग किया जाना चाहिए।
3. बालिकाओं की संख्या के आधार पर बालिका विद्यालयों की स्थापना कीजाये। जिससे वह अभिभावक जो सहशिक्षा पसन्द नहीं करते वह भी अपनी बालिकाओं को विद्यालय भेज सकें।
4. सह शिक्षा वाले विद्यालयों में महिला अध्यापिकाओं की नियुक्ति की जानी चाहिए। जिससे बालिकाओं में अधिक विश्वास की भावना उत्पन्न होती हो और अभिभावक बालिकाओं को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित हों।
5. सह शिक्षा विद्यालयों में लड़कियों की दैनिक जीवन की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए तथा इसके लिए बुनियादी संरचना का विकास किया जाना चाहिए।
6. पाठ्य सहगामी क्रियाओं में सुधार किया जाना चाहिए। इसमें खेलकूद, गर्ल्स गाइडिंग, अभिनय समाज सेवा आदि की व्यवस्था हो ताकि बालिकायें भी बालकों के समान पाठ्य सहग्रामी क्रिया कलाओं में भाग ले सके।
7. सरकार द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए अलग से धन की व्यवस्था करनी चाहिए। जिसे केवल बालिकाओं की शिक्षा पर व्यय किया जाये।
8. विद्यालयों में माता-पिता, अध्यापक संगठन स्थापित किये जाने चाहिए। इससे समाज और स्कूल का सीधा सम्बन्ध स्थापित हो सकेगा।यह बालिका शिक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

निष्कर्ष - साक्षरता एवं नामांकन से सम्बन्धित विभिन्न आंकड़ों से यह निष्कर्ष निकलता है कि प्राथमिक स्तर पर लिंग के आधारित भेदभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है तथा बालिका शिक्षा में वृद्धि हो रही है। लेकिन बालिका शिक्षा में हुई यह वृद्धि उत्साहजनक नही है क्योंकि जनसंख्या के हिसाब से बालिका शिक्षा अभी भी कम है। भारत के कुछ राज्यों में बालिका शिक्षा की स्थिति बहुत दयनीय स्थिति में है। बालिका शिक्षा के लिए समाज तथा सरकार के स्तर पर और अधिक प्रयास करने होंगे। जिससे बालिका शिक्षा में वृद्धि हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत की जनगणना 2011
2. सांख्यिकीय पत्रिका मण्डल मुरादाबाद।
3. नॉमस पी0 (1964) युगों से भारतीय महिलायें एशिया पब्लिशिंग हाउस मुम्बई।
4. प्राथमिक शिक्षक, शैक्षिक संवाद की पब्लिकेशन्स सर्व शिक्षा अभियान और बालिका शिक्षा: राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली।
5. त्रिपाठी, मधुसूदन (2006) बालिका शिक्षा, विद्यावती प्रकाशन नई दिल्ली।

सारिणी संख्या-3 : मुरादाबाद मण्डल: जनपदवार प्राथमिक स्तर पर कक्षा 1-5 बालिकाओं के नामांकन की स्थिति (2011-12 से 2014-2015)

जनपद	2011-12			2012-13			2014-15		
	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत
बिजनौर	427530	204755	47.89	422978	207003	48.93	381247	184334	48.35
मुरादाबाद	443944	209400	47.16	451777	215259	47.64	717027	343640	47.92
रामपुर	274048	129949	47.41	236013	102582	43.46	401751	197598	49.18
अमरोहा	330416	138873	42.02	330676	139075	42.05	337227	143173	42.45
सम्भल	346187	158081	45.66	349143	159396	45.65	198494	93488	47.09

स्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका मण्डल मुरादाबाद वर्ष 2013 व वर्ष 2015 तालिका 40 से संकलित

सारिणी संख्या-4 : मुरादाबाद मण्डल: जनपदवाद उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा 6-8 बालिकाओं के नामांकन की स्थिति (2011-12 से 2014-2015)

जनपद	2011-12			2012-13			2014-15		
	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत	कुल विद्यार्थी	बालिकाएं	बलिकाओं का प्रतिशत
बिजनौर	220851	104973	47.53	232466	110276	47.43	226274	101028	44.64
मुरादाबाद	156218	76268	48.80	166130	81833	49.25	2017.78	148569	49.23
रामपुर	86518	42419	49.02	142988	73913	51.69	113100	57357	50.71
अमरोहा	110968	50392	45.41	111366	50749	45.50	115566	51130	42.24
सम्भल	103532	47114	45.50	101645	47458	46.68	65524	29798	45.47

स्रोत: सांख्यिकीय पत्रिका मण्डल मुरादाबाद वर्ष 2013 व वर्ष 2015 तालिका 40 से संकलित

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

नेहरू और कृषि

डॉ. जोगेन्द्र सिंह*

शोध सारांश – पंडित जवाहरलाल नेहरू उन महान व्यक्तियों में हैं जिनका आधुनिक भारत के निर्माण में अद्वितीय योगदान रहा। नेहरू की आर्थिक विचारधारा और नीतियां भारतवर्ष की परिस्थितियों यथा गरीबी, निरक्षरता आदि के परिप्रेक्ष्य में हुई थी। इसलिए पंडित नेहरू ने इन समस्याओं का निराकरण वैज्ञानिक एवं समाजवादी ढंग से किया। नेहरू जी ने एक आर्थिक दर्शन दिया। भारतवर्ष को नियोजित विकास की दिशा में अग्रसर करने के लिए देश-विदेश की अर्थव्यवस्थाओं के सूक्ष्म अध्ययन, भारतीय जनता के मनोविज्ञान, संस्कार, विश्वास को ध्यान में रखकर एक खाका अपने मन में बनाया। जवाहर लाल नेहरू मूलत: अर्थशास्त्री नहीं थे फिर भी भारत की आर्थिक प्रगति एवं विकास में उनका योगदान महत्वपूर्ण है। वह जानते थे कि भारत एक कृषि प्रधान देश है इसलिए कृषि की उन्नति के बिना देश तरक्की नहीं कर सकता।

प्रस्तावना – किसी भी देश की प्रगति विकास एवं समृद्धि के पीछे श्रम और कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस प्रकार श्रम द्वारा देश को मजबूत बनाया जाता है उसी प्रकार कृषि देश की जड़ों को मजबूत करती है। जिन देशों में श्रम एवं कृषि की पूजा हुई है वे देश विकास के मार्ग पर तेजी से चलते चले गए। कृषि के क्षेत्र में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जो कार्यकुशलता दिखाई उसके परिणाम आज भारत में चारों ओर दिखाई दे रहे हैं। हरित क्रान्ति, श्वेत क्रान्ति ने भारत को संसार के महान देशों में लाकर खड़ा कर दिया है।

'भारत एक कृषि प्रधान देश है भारत के जिन नायकों ने कृषि को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए थे उनमें पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम सर्वोपरि है।'[1] उन्होंने भारत का भविष्य कृषि की मजबूत स्थिति के बीच देखा था। जवाहरलाल नेहरू कृषि के विकास के लिए उतने ही सजग थे जितना उन्हें भारी उद्योगों के लिए माना जाता है। उनका कहना था कि यदि हमने कृषि के विकास को पीछे छोड़ दिया तो देश पिछड़ जाएगा। भारत के लिए चिंता का कारण यह था कि भारत कृषि प्रधान देश कहलाता है लेकिन दुर्भाग्यवश वह अपनी आबादी के लिए पर्याप्त अन्न पैदा नहीं कर पा रहा था।

'कृषि विकास में जवाहरलाल नेहरू के विचार प्रसिद्ध अर्थशास्त्री लेविस के 'प्रेरणा द्वारा नियोजन' लेख से मेल खाते हैं। उनका विचार था कि भारत जैसे विशाल कृषि प्रधान देश में सरकार का पहला कदम भूमि सम्बन्धी सुधारों का है। यह कदम जमीदारी उन्मूलन के लिए है। दूसरा कदम कृषि में मशीनीकरण को महत्व देना है। कृषि से अधिक उत्पादन के लिए और कृषि को व्यवसाय बनाने के लिए कृषि उपकरणों का अधिक से अधिक प्रयोग करने पर बल दिया।'[2] उन्होंने वैज्ञानिकों को दिशा निर्देश दिए कि वे नए कृषि यन्त्र, उन्नत किस्म के बीज तथा उर्वरक बनाने पर ध्यान केन्द्रित करें जिससे उत्पादन बढ़ सके। भारत में अधिकतर ग्रामीण जनता के विकास और उन्नति के लिए उन्होंने बहुउद्देशीय सरकारी समितियां खोलने का सुझाव दिया। जवाहर लाल नेहरू के सहकारिता सिद्धान्त की जबर्दस्त आलोचना हुई लेकिन कृषि के विकास के लिए उन्हें बहुत सफलता मिली।

'सन 1920 के पहले जवाहर लाल नेहरू किसानों के सम्पर्क में नहीं आए थे। सर्वप्रथम चंपारण और खेड़ा सत्याग्रह के समय उनका ध्यान किसानों की ओर आकर्षित हुआ जिसके कारण वे किसानों के आर्थिक सुधार कार्यक्रम और कृषि के विकास के संदर्भ में दिलचस्पी लेने लगे।'[3] किसानों के निकट आना उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा भारत में कृषि की ठोस नीव रखना नेहरू के लिए संयोग की बात नहीं थी, उन्होंने स्वयं मेरी कहानी में **'मेरा निर्वासन और किसानों में भ्रमण'** नामक अध्याय में वर्णन किया है। नेहरू का किसानों के प्रति कितना लगावा था, इसका अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वे किसानों के आग्रह करने पर तुरन्त उनके साथ जाने को तैयार रहते थे।'[4] गाँव-गाँव घूमकर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किसानों की समस्याएं देखी, उनकी झोपड़ियों में ठहरे तथा घंटो बातें की।

'नेहरू ने किसानों और कृषि के लिए जो सुधारात्मक कार्य किए उनमें मुख्य रूप से जमीदारी प्रथा का अन्त था। जमीदार प्रजा एवं किसानों का शोषण करते थे उनसे बेगार वसूलते थे और उनके कठोर परिश्रम का हिस्सा हड़प लेते थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त कर जमीन का वास्तविक हक किसानों को दिलवाया एवं किसानों को ऐसे संसाधनों का उपयोग करने को कहा जिससे अधिकाधिक उत्पादन हो।'[5]

नेहरू ने भारत में कृषि को आधुनिक बनाने और उसके द्वारा अधिक उत्पादन के लिए रासायनिक खादों के प्रयोग पर बल दिया। 'संविधान लागू होते ही पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1950 में योजना आयोग का गठन किया। प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि के पुनर्निर्माण के लिए नेहरू ने सामुदायिक योजनाओं के प्रारंभ करने पर जोर दिया।'[6] प्रथम पंचवर्षीय योजना में उनका ध्यान गांव, किसानों और कृषि की तरफ आकर्षित हुआ। उनका कहना था कि भारत का भविष्य भी कृषि अर्थव्यवस्था पर निर्भर करेगा। किसान देश की आत्मा है और आत्मा के बिना शरीर मृत समान है। कृषि प्रधान होने के कारण यहां औसत आय तभी बढ़ेगी जब खेती का उत्पादन बढ़ेगा।

'नेहरू ने किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों के प्रयोग करने पर बल दिया। उन्होंने किसानों से कहा था कि हर युग का अपना अलग धर्म होता है यदि आप उस युग के धर्म का पालन नहीं करते हैं तो आप कमजोर हो जायेगें और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पिछड़ जाएंगे। कृषि हमारी प्रत्येक समस्याओं का समाधान कर सकती है भले ही समस्या भूख, गरीबी, या अंधविश्वास से ही क्यों न सम्बन्धित हो। उन्होंने अपने कार्यकाल में श्रेष्ठ

* असिस्टेट प्रोफेसर (इतिहास विभाग) अब्दुल रज्जाक (पी0जी0) कॉलिज, जोया अमरोहा (उ.प्र.) भारत

किसानों को सम्मानित करने के लिए **'कृषि पंडित'** जैसी उपाधियां देने की परम्परा शुरू की। राज्यों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए **'विजय कलश'** दिए जाने लगे।'[7]

पंडित नेहरू के द्वारा कृषि की ठोस नींव रखने के कारण आज भारत का नाम कृषि क्रान्ति करने वाले देशों की श्रेणी में रखा जाता है। उन्होंने कृषि के विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को माध्यम बनाया और कृषि विकास के प्रत्येक क्षेत्र में उन सभी प्रभावशाली तरीकों को अपनाया।

'वास्तव में आजादी से पहले ही नेहरू के मन में एक सपना चल रहा था कि भारत का कोई भी निवासी भूखा ना रहे। प्रत्येक मेंहनत मजदूरी करने वाले को 2400-2800 कैलोरी वाला भोजन मिले, प्रत्येक आदमी को हर साल 30 गज कपड़ा एवं एक परिवार को कम से कम 100 वर्ग फुट प्रति व्यक्ति की दर से घर बनाने के लिए जमीन मिले, स्वास्थ्य के लिए भी 1000 की आबादी के लिए कम से कम एक डॉक्टर एवं डिस्पेन्सरी अवश्य हो। 18 जनवरी 1948 को आकाशवाणी से प्रसारित संदेश में उन्होंने अन्न उपजाओ कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा था: दर असल एक भूखे इंसान के लिए या एक गरीब मुल्क के लिए आजादी का कोई मतलब नहीं रह जाता जब तक उसके पास बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करने का साधन न हो इसलिए हमें भारत के लोगों की प्रतिदिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कृषि पर ध्यान देकर अनाज उत्पादन को अधिक बढ़ाना चाहिए।'[8]

आज हमारे देश में लगभग 26 कृषि विश्वविद्यालय हैं। देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के नैनीताल जिले के पंतनगर में खोला गया था। 'उन्होंने विश्वविद्यालय के बारे में कहा कि यह किसानों के घर जैसा होना चाहिए।'[9] खेती में पैदावार बढ़ाने के लिए उन्होंने बड़ी बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की नींव रखी तथा दूसरी ओर रासायनिक खाद के कारखाने खोलने को भी वरीयता दी। भाखड़ा नांगल बांध, गांधी सागर, गंडक, कोसी, नागार्जुन सागर, हीराकुण्ड, तुंगभद्रा, घटप्रभा बांध जैसी विशाल सिंचाई परियोजनाओं ने 'हर खेती को पानी हो' के सपने को पूरा किया उसी के कारण आज हम इतना बड़ा सपना देखने की हिम्मत कर सके।

नेहरू ने औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के साथ साथ कृषि की कभी उपेक्षा नहीं की। उनका कहना था कि कृषि औद्योगिकी का आधार है और इस पर उद्योगों का भविष्य निर्भर करता है। अच्छी कृषि के लिए आज बिजली, मशीन, रासायनिक खाद तथा आधुनिक कृषि यंत्रों की आवश्यकता है। इसलिए कृषि व उद्योग में चोली दामन का साथ है। सिंदरी में रसायनिक खाद का पहला कारखाना पंडित नेहरू के प्रयासों से ही खुला था। किसानों को नई जानकारी देने के लिए उन्होंने आकाशवाणी पर कृषि कार्यक्रमों को प्रसारित करने की नींव रखी तथा कृषि मेलों का आयोजन कराया।

'कृषि में सहकारी आन्दोलन भी नेहरू की देन मानी जाती है। नेहरू ने ऐतिहासिक भाषण में कहा था कि 'बाकी सब रूक सकता है मगर खेती नहीं।' सब कुछ इंतजार कर सकता है मगर कृषि नहीं। इसलिए नेहरू ने कृषि अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय संस्थान खोलने को वरीयता दी।'[10] अधिक उत्पादन के लिए नेहरू जानते थे कि खेती भी वैज्ञानिक तरीके से करनी होगी यह नेहरू की ही देन थी कि आज भारत नाईट्रोजन व फास्फोरस से बनी रसायनिक खादों के उत्पादन में आत्म निर्भरता के मार्ग पर अग्रसर हो गया है। नेहरू ने सत्तारूढ़ होते ही भारत के माथे से इस कलंक को धो दिया कि वह एक भिखारी व गरीब लोगों का देश है जो हर देश से खाद्यान्न मंगाता है। नेहरू द्वारा देश को अनेक परिसम्पत्तियां मिली-

1. खाद्यान्न का भंडार, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर देश।
2. रासायनिक खादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर।
3. निरंतर विस्तृत हो रही सिंचाई व्यवस्था।
4. सामुदायिक विकास तथा पंचायती राज की संरचना।

नेहरू जी ने कृषि अर्थव्यवस्था क ऐसा आधार बनाया था कि वह अपने आप विकसित हो सके और प्रगति कर सकें। उनके प्रयासों से ही भारत कृषि से उत्पन्न होने वाले माल का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया। ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था की दिशा में उनका महत्वूपर्ण कदम सहकारी खेती को प्रोत्साहन देना था उनका विचार था छोटे-छोटे खेत अन-आर्थिक हैं तथा इन पर कृषि की वैज्ञानिक पद्धतियों का प्रयोग नहीं किया जा सकता।'[11] उनका कहना था कि भारत की भूमि समस्या का सहकारी खेती से सुंदर हाल हो ही नहीं सकता। खेती पर कार्य करने वाला व्यक्ति ग्राम में सबसे बड़ी मशीन है। यदि भारत में खेती में मशीन का प्रयोग किया जाए तो श्रम शक्ति का क्या होगा? इसलिए जब तक उद्योग में पूर्ण उपयोग के लिए हम उपयुक्त औद्योगिक ढांचा तैयार नहीं कर ले तब तक कृषि का मशीनीकरण लाभप्रद नहीं होगा। सहकारी खेती ही भारत की तमाम आर्थिक समस्याओं का हल हो सकती है इससे उत्पदन और अधिक बढ़ सकता है। पंडित नेहरू ने सदैव किसानों के हित की बात कही थी। उन्होंने भारत में जो हरित क्रांति का सपना देखा था वह आज पूरा होने के कगार पर है उन्होंने भारत के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और कृषि के विकास पर बल दिया। आज भारत खाद्यान्न में आत्मनिर्भर है और देशों की खाद्य जरूरतें भी पूरी कर रहा है इसका श्रेय पंडित नेहरू जी को ही जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. शरद चंद्र जैन, नेहरू ही क्यों, किताब महल प्राईवेट लिमिटेड, इलाहाबाद, 1963।
2. भारत (वार्षिक संदर्भ ग्रंथ) पब्लिक डिवीजन, मिनिस्ट्री ऑफ इंफॉर्मेशन एंड बॉडकास्टिंग, भारत सरकार नई दिल्ली, 1954।
3. शुकदेव प्रसाद, नेहरू और विज्ञान, पराग प्रकाशन दिल्ली, 1989।
4. रामबदन बरवां, आधुनिक कृषि के स्वप्न द्दष्टा, पराग प्रकाशन, शाहदरा दिल्ली 1989।
5. सुभाष कश्यप, जवाहरलाल नेहरू, जीवन कृति एवं कृतित्व, एस चंद कंपनी, रामनगर नई दिल्ली-1987।
6. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल, मई 2005।
7. विज्ञान प्रगति, सिफर से शिखर तक, भारतीय विज्ञान के 60 वर्ष 2007।
8. रमेश दत्त शर्मा, नेहरू का स्वप्न हरित क्रान्ति पंडित जवाहरलाल नेहरू एक बहु आयामी व्यक्तित्व से उद्धृत 1962।
9. रतन लाल जोशी, नेहरू योजनाबद्ध आर्थिक विकास के जन्मदाता, कांग्रस वर्णिका, अकबर रोड नई दिल्ली, 1988।
10. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चुनाव घोषणा पत्र 1962।
11. नीलरत्न धर, भूमि का सुधार नेहरू अभिनंदन ग्रंथ, आर्यव्रत प्रकाश ग्रह कोलकाता 1972।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

Growth of Decentralized Powerloom Sector in India

Yasmeen Bano* Dr. Arvind Prakash**

Abstract - The research paper entitled as "Growth of Decentralized Powerloom Sector in India" is focusing on the content relatively concern with growth in the powerloom sector, cloth production and Government Policy and schemes for supporting and promoting powerloom sector in India. The powerloom sector, which is decentralized, is one of the most important sectors in the Indian textile industry. In view of production and employment of powerloom sector in India, it provides around employment to 60.86 lacs persons and on the other side it contributes around 58.26 percent to total cloth production in India. Government of India, Ministry of Textiles is always trying to implement sound policies for the growth of powerloom sector.
Key Words - Decentralized powerloom sector, Government Policy and Scheme.

Introduction - The Indian Textile Industry plays vital role in economic life of the country. Such as contribution to industrial output, export and most important employment generation. There are approximately 5.38 lakh powerloom units with 24.34 lakh powerloom as on 30.11.214. The technology level of this sector varies from plain loom to high shuttleless looms. There are approximately 1.25 lakh shuttleless looms in this sector. It is estimated that more than 75 percent of the shuttle looms are absolute and outdated with a vintage of more than 15 years and have virtually no process or quality control devices / attachments. However, here has been significant up-gradation in the technology level of the powerloom sector during the last 7-8 years. More than 60 percent of cloth in India contributes to country's export. Now a days the powerloom sector have been recognized as a major sector in Indian textile industry. Government of India is taking initiative to promote various schemes for overall growth powerloom sector. Indian should be more on technological up gradation of powerloom sector with compare to other countries like U.S.A., China, Europe, Bangladesh, Taiwan etc.

Historical perspective of Textile Industry in India - The record of ancient and medieval Indian textile exists mostly in literature and sculpture. There is archaeological evidence of a cotton textile industry at Mohenjo-Daro in the Indus Valley around 3000 B.C. and a few fragments survive from much later periods. Most of the extant textiles are dated after the seventeenth century, because the monsoon climate has been very destructive to early specimens. The Greeks with Alexander the Great wrote of the fine flowered Muslims and robes embroidered in guld they had seen in India. They may also have seen the cotton fiber that grew on trees.

Indian textile were more important to the Dutch and the English than to the Portuguese. The Dutch East India Company was chartered in 1597, the East India Company in 1600. Their ships went first to India with bullion to exchange for the cotton textile that could be bartered for spices in the Malay Archipelago. Eventually, the Dutch gained a monopoly in Indonesians with trade centered in Java, and the English withdrew to India to establish trading stations known as 'Factories'. One of the intentions of the East India Company was to sell English woolens in Asia, but broad cloth was never more than a novelty in India. By 1649 the British were sending chintz and cheap cotton calico to England. Much was for re export to America, the Near East, West Africa, and the slave plantations in the West Indies. A four – cornered trade developed. The East India Company shipped calicos to London where they were sold to the Royal Africa Company. The latter shipped them in turn to West Africa as guinea – cloth to be bartered for people. These slaves, and any remaining cloth, were shipped to the West Indies and exchanged for sugar, cotton, and tobacco – all cargoes bound back for England.

Research Methodology - The researcher would like to present some information about the methodology adopted for obtaining research objectives and data collection.

Objectives of the Research Study - This research paper deals with the objectives are given below:

a. To study the decentralized powerloom sector of India.
b. To study the growth of powerloom sector in India.
c. To understand the government initiatives for supporting and promoting powerloom sector in India.

Data Collection - This paper was fully based on secondary sources of data. The secondary data have been collected from various annual reports of Ministry of Textile, Government of India Foreign Trade Statistics of India,

*Research Scholar, Feroze Gandhi P.G. College, Raebareli, C.S.J.M.University, Kanpur (U.P.) INDIA
** Associate Professor, Feroze Gandhi P.G. College, Raebareli, C.S.J.M.University, Kanpur (U.P.) INDIA

Journal Magazines, books and websites.

Decentralized Powerloom Sector - The decentralized powerloom sector is one of the most important segments of the Textile Industry in terms of fabric production and employment generation. It provides employment to 60.86 lakh persons and contributes 58.26 percent to total cloth production in the country. 60 percent of the febrics produced in the powerloom sector are of manmade. More than 60 percent of fabric meant for export is also sourced from powerloom sector. The Readymade garments and home textile sectors are heavily dependent on the powerloom sector to meet their fabric requirement. There are approximately 5.38 lakh. Powerloom unit with 24.34 lakh powerlooms as on 30.11.2014. The technology level of this sector varies from plain loom to high tech shuttleless looms. There are approximately 1.25 lakh shuttleless looms in this sector. It is estimated that more than 75 percent of the shuttle looms are obsolete and outdated with a vintage of more than 15 years and have virtually no process or quality control devices / attachments. However, there has been significant up-gradation in the technology level of the powerloom sector during the last 7 to 8 years.

Growth Of Powerloom Sector - The growth of powerloom sector can be measured in terms of year-wise growth in number of powerlooms installed in India and cloth manufactured in India. The following table will enlighten us about the growth of powerloom sector in India. The powerloom installation in India for the given period (2007-08 to 2014-15) shows the growth percentage of powerloom sector is not much better with compare to other sector service sector.

Table 1 : Showing Growth of Powerloom Sector in India

Year	Number of Powerloom	Growth percentage
2006-07	19,90,308	-
2007-08	21,06,370	5.88%
2008-09	22,05,352	4.70%
2009-10	22,46,474	1.90%
2010-11	22,82,744	1.61%
2011-12	22,98,377	0.68%
2012-13	23,47,249	2.08%
2013-14	23,67,594	0.86%
2014-15 (upto Nov. 2014)		

Source: Annual Report 2014-15, Ministry of Textiles, Government of India.

The above table indicates that year 2007-08 had maximum growth percentage of powerloom installation in India, whereas from 2009-2010 the powerloom installation growth is fluctuated in nature and not satisfactory considering the base year 2007-2008. As a result of TUFS Scheme growth percentage is increased upto 2.74 percent in year 2014-15.

Table 2 : Showing Growth of Cloth Production in India.

Year	Total Production (mn.sq.mtr.)	Production on Power loom (mn.sq.mtr.)	Percentage of Powerloom over total cloth production
2008-09	54,966	33,648	61.22%
2009-10	60,333	36,997	61.29%
2010-11	62,759	38,015	60.77%
2011-12	60,453	37,445	61.94%
2012-13	62,792	38,038	60.57%
2013-14	63,500	36,790	57.93%
2014-15 (upto Nov.2014)	33034(P)	19247(P)	58.26%

Source: Annual Report 2014-15, Ministry of Textiles, Government of India.

The above table indicates the 58.26 percent is average percentage of powerloom cloth production over total cloth production in India. The other means of cloth production are handloom, shuttleless looms and handicraft etc.

Government Initiatives for Supporting and Promoting Powerloom Sector in India - Government of India has separate ministry for textile industry, which is responsible for formulating implementing and executing the policy decisions related to textile industry. Ministry of textiles is always taking initiatives for supporting and promoting powerloom sector in India. Following are the some initiatives taken by Ministry of Textile about powerloom sector.

Group Insurance Scheme for Powerloom Workers (GIS) - Government of India launched this scheme for the welfare of Powerloom workers in association with LIC, from 1st July 2003. In accordance with the XIIth Five Year Plan the scheme was modified w.e.f. 1st September, 2012. As per the modified Scheme, the total premium is Rs. 470/- out of which, Rs. 290/- is to be borne by Government of India and Rs. 100/- is being paid by the LIC from the social security fund of Government of India. A premium of Rs. 80/- is to be paid by the powerloom weaver for getting the benefits under scheme. The coverage of benefit under this scheme is as given below:

Natural Death	Accidental Death	Total Permanent Disability	Partial Permanent Disability
Rs. 60,000/-	Rs. 1,50,000/-	Rs. 1,50,000/-	Rs. 75,000/-

Under the Group Insurance Scheme, 75,978 powerloom workers have been insured during the period 01.04.2014 to 30.11.2014 involving GOI share of premium to the extent of Rs. 2.20 crores. During this period approximately 290 claims have been settled with an amount of Rs. 1.81 crores.

Group Workshed Scheme (GWS) - The Government of India introduced a Group Workshed for Powerloom Sector on 29.07.2003, during the Xth five-year plan. The scheme aims at setting up of Powerloom Parks with modern weaving

machinery to enhance their competitiveness in the Global Market. Under the Scheme, 102 projects have been approved upto November, 2014, providing Government subsidy on eligible construction area of 32.02 lakh square feet. A total subsidy of Rs. 29.74 crore has been released as on 30.11.2014.

Integrated Scheme for Powerloom Sector Development (ISPSD) - In order to achieve the overall development of the powerloom sector, Govt. had announced the Integrated Scheme for Powerloom Sector Development during 2007-08. The scheme has the following components:

a. Marketing Development Programme for Powerloom Sector (BSM and Seminars / Workshops).
b. Exposure visit by powerloom weavers to other clusters.
c. New components launched in October under ISPSD.
i. Common Facility Centre (CFC)
ii. Corpus for Yarn Bank
iii. Pilot Scheme of Tex-Venture Capital Fund

Newly Launched Schemes

(a) Pilot Scheme of In-Situ Upgradation of Plain Powerlooms - The scheme aims to improve quality and productivity of the fabric being produced by upgradading their existing plain loom with certain additional attachments and enable them to face the competition in domestic and international markets. It aims at covering 90,000 looms during 12th Plan.

(b) Health Insurance Scheme for Powerloom weavers - The scheme provides the powerloom weavers and ancillary workers comprehensive (IPD and OPD) Healthcare assistance for a wide range of ailments including all pre-existing/new diseases. The Health insurance scheme for powerloom weavers has been approved for implementation in the 12th plan period.

(c) Hire-Purchase Scheme for Powerloom Sector under TUFS - Under the Scheme, the hirer (SPV) would procure the machines and then provide them on hire-purchase basis to the weavers. The risk and rewards incidental to the ownership of the asset is transferred to purchaser but not the actual ownership until end of the period. Ultimate ownership will transfer only at the end of the term of hire-purchase.

Coverage of Powerloom Sector in other ongoing schemes:

(i) 20% Margin Money Subsidy Scheme under TUFS - The Govt. has implemented 20 percent Credit Linked Capital Subsidy Scheme under the TUFS, especially to help the powerloom. Under the scheme, an amount of Rs. 17 crore subsidies has been disbursed towards 113 claims for the period April, 2014 to Nov. 2014.

(ii) 15% Margin Money Subsidy Scheme under TUFS - Govt. has introduced 15 percent CLCS (MMS) - TUFS applicable to Textile MSME Sector on 01.04.2007. Under the Scheme, an amount of Rs. 22.74 crores subsidy has been disbursed to 442 claims for the period April, 2014 to November, 2014.

(iii) 30% MMS under RR-TUFS - The TUFS has been continued for the 12th five year plan with major modification. Main focus has been on installation of high speed shuttleless loom for which increased margin moneys subsidy of 30 percent is provided w.e.f. 1st April, 2013 under RR-TUFS. Imported second hand shuttleless looms with the less than 10 year vintage are also considered with 8 percent margin money subsidy. The disbursement made under 30 percent MMS during the period from April, 14 to Nov, 14 is Rs. 3.43 crore against 15 claims.

Comprehensive Powerloom Cluster Development Scheme - The Comprehensive Powerloom Cluster Development Scheme was formulated in the year 2008-09 to enable implementation of the announcement made by the Finance Minister in his Budget Speech of 2008-09 to develop Powerloom Mega Clusters at Bhiwandi (Maharashtra) and Erode (Tamil Nadu). Subsequently, the Finance Minister in his budget speeches of 2009-10 and 2012-13 announced development of Powerloom Mega Clusters at Bhilwara (Rajasthan), Inhalkaranji (Maharashtra) and Surat (Gujarat) respectively. The guidelines/principles underlying the design of clusters is to create world-class infrastructure and to integrate the production chain in a manner that caters to the business needs of the local Small and Medium Enterprises (SMEs) to boost production and export. The broad objective of the Mega cluster approach Scheme is to enhance the competitiveness of the clusters in terms of increased market share and to ensure increased productivity by higher unit value realization of the products. The Scheme provides requisite support/linkages in terms of adequate infrastructure, technology, product diversification, design development, raw material banks, marketing and promotion, credit, social security and other components that are vital for sustainability of weavers engaged in the decentralized powerloom sector. The modified Comprehensive Powerloom Cluster Development Scheme (CPCDS) was approved by the Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA) in October, 2013 for implementation during 12th Plan period with a Budget Outlay of Rs. 110 crore. Under the modified scheme, Government assistance for a Mega Cluster is limited to 60% of the project cost subject to a maximum of Rs. 50 crore.

Other Activities –

All India Powerloom Board (AIPB) - All India Powerloom Board was first constituted as an Advisory Board to the Government of India in November, 1981 with the aim to advise the Government generally on matters concerning the healthy development of Powerlooms within the power operated weaving sector including measures to be taken to achieve better productivity, increased efficiency, improve welfare of workers and locational dispersal of Powerlooms. The present AIPS was reconstituted for a period of two years w.e.f. 23.12.2013. It has representatives of the Central and State Govts., Powerloom Federation/Associations of

Powerloom/Textile Industry, as its members and is headed by Union Minister of Textiles as the Chairman.

Conclusion - The research paper concluded that the Indian Powerloom sector works with a decentralized working environment. It is most important segments of the Textile Industry in terms of fabric production and employment generation. It provides employment to 60.86 lakh persons. Because of Government of India and Ministry of Textile initiatives the growth is reached at remarkable height. Even though there is scope for improvement with compare to other countries. The statistical data indicates that year 2007-08 had maximum growth percentage is 5.8 percent of powerloom installation in India, whereas from 2009-2010 the powerloom installation growth is fluctuated in nature when we considered the base year 2007-2008. 58.26 percent is average percentage of powerloom cloth production over total cloth production in India. The other means of cloth production are handloom, shuttleless looms and handicraft etc. Ministry of Textile is always taking initiatives for supporting and promoting powerloom sector in India.

References :-

1. Arun Jariwala, (2007) Powerloom Sector in India – An overview of the present development and shape of things to come Textile Review, Vol. 2(6) P. 19.
2. Dhanapal Tara (1993), “Prospects for Powerloom Sector in Textile Exports Challenges and Opportunities”, Journal of the Textile Association, July, page no. 81-82.
3. Government of India. (2014-15). Annual Report of Ministry of Textiles, New Delhi, page no. 62-74.
4. Karthikeyan G.R. (1995), Growth of Indian Textile Industry, The Textile Industry and Trade Journal, September – October, page no. 35.
5. Mishra Sanjiv (1993), India’s Textile Sector : A Policy Analysis, Sage Publication, New Delhi.
6. Saksena, K.D. (2002). “Dynamics of Indian Textile Economy Towards A Pragmatic Textile Policy”, Shipra Publications, New Delhi.
7. Uchikawa, S. (1998) Indian Textile Industry – State Policy, Liberalization and Growth, Manohar Publishers and Distributors, New Delhi.
8. Verma and Pritan Chandra H.K., Indian Textile Industry, (1998), Dhanapalraj and Sons Publications.
9. Muthu. N. (2015), “Performance of Decentralized Powerloom Sector in India”, Asian Journal of Multidisciplinary Studies, Vol. 3(3) P. 69-73.

****

सामाजिक विकास में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका

डॉ. हरिचरण मीना*

शोध सारांश – देश की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र मे निवास करती है गॉवो के विकास हेतु अनेक सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति सरकारी मशीनरी द्धारा की जाती रही है। इन सरकारी योजनाओ के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में सरकारी मशीनरी के साथ–साथ स्वैच्छिक संगठनों एवं गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। 1970 के दशक से आगे विकासपरक गैर सरकारी एवं स्वैच्छिक संगठनों का प्रसार इस बात का संकेत करते है कि ग्रामीण विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और सरकार की नीतियों को क्रियान्वित करने में उनका महत्व है। यदपि इसका अभिप्राय यह कतई नही है कि सम्पूर्ण सामाजिक विकास गैर–सरकारी एवं स्वैच्छिक संगठनों के बलबुते पर ही हुआ है।इस समय देश मे लगभग डेढ़ लाख गैर–सरकारी संगठन अस्तित्व मे है जो कि ग्रामीण विकास हेतु कार्य कर रहे है। गैर सरकारी संगठनों ने बढ़ती संख्या में इनके सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष पर बहस को भी बढाया है। जैसा की नाम से ही विदित होता है कि गैर सरकारी संगठन वे संगठन होते है जो सरकार के अंग नही होते तथा गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, विकास आदि क्षेत्रों मे रचनात्मक कार्यो को अंजाम देकर समाज की भलाई करते है। जनकल्याण के कार्यो को सम्पादित करने के लिए इन्हें साधन और अर्थ की आवश्यकता पड़ती है, जो इन्हे देश विदेशों की सरकारों से अनुदान द्धारा कतिपय संगठनों द्धारा उपलब्ध करवाया जाता है। सामाजिक विकास मे स्वैच्छिक संगठनों की महती भूमिका रही है। इसलिए इस विषय पर शोध पत्र की आवश्यता महमुस होती है।

शब्द कुंजी – विकासपरक, एन.जी.ओ., स्वैच्छिक–संगठन, सरकारी मशीनरी, नीतियां, क्रियान्विति, आबादी, योजनाए, मिनी सचिवालय, अनुदान, सहायता, एजेन्सी, पंजीयन, शोषण, कल्याणकारी, आन्दोलन, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सम्पादित, कतिपय, जनसंख्या, विकराल, निस्तारण, घनीभूत, सिलसिला, समर्पण, आस्था, दानी सज्जनों, विकासशील, मुद्दा, सामाजिक शक्ति, पंगु, काल्पनिक स्वप्न, आशावादी, उत्साहित विकेन्द्रीकरण, प्रजातन्त्र, नजरअन्दाज, मॉडल।

प्रस्तावना – देश की 70 प्रतिशत से भी अधिक आबादी गॉवों मे निवास करती है। गॉवों के विकास में सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति सरकारी मशीनरी द्धारा की जाती है। इन सरकारी योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में सरकारी मशीनरी के साथ साथ स्वैच्छिक संगठनों एवं गैर–सरकारी संगठनो की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है।

स्वैच्छिक संगठन कुछ व्यक्तियों द्धारा गठित एक ऐसा संगठन है जो किसी क्षेत्र विशेष में व्याप्त समस्याओं के समाधान हेतु लगातार अनेक वर्ष तक कार्य करने पर उस संगठन का पंजीयन मिनी सचिवायलय में होता है तथा सरकार द्धारा मान्यता प्राप्त होती है। उसे राज्य एवं केन्द्रीय सरकार द्धारा समस्याओं के समाधान हेतु अनुदान सहायता मिलती है। विदेशों से अनुदान का पंजीयन विदेश मंत्रालय मे होता है। स्वैच्छिक संगठन सरकार के लिए एक एजेन्सी के रूप में कार्य करते है। सरकार द्धारा निर्धारित नियमों का पालन नही करने पर स्वैच्छिक संगठन की अनुदान सहायता रोक दी जाती है तथा उसका पंजीयन भी समाप्त करदिया जाताकिया जाता है।

स्वैच्छिक संगठनों ने बहुत बड़े पैमाने पर राजनीतिक आन्दोलनो को मदद दी है। पश्चिमी समाजो में स्वैच्छिक संगठनो ने ही शोषण के विरूद्ध आवाज उठाकर कल्याणकारी राज्य को जन्म दिया है। महात्मा गांधी ने भी स्वैच्छिक संगठनों द्धारा ही अपने आन्दोलन को आगे बढ़ाया। सी.पी. भाम्मरी के अनुसार 'स्वैच्छिक संस्थाए पश्चिम मे लोक–कल्याणकारी संस्थाओ को जन्म दे रही है।' वर्तमान समय मे पश्चिमी राज्यो में स्वैच्छिक संस्थाएं तेजी से फैल रही है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में लोक कल्याण एवं विकास की काफी आवश्यकता है। जो सामाजिक परिवर्तन मे मदद कर सके और सरकारी प्रशासन मे प्रमुख भूमिका निभा सके।

इस समय देश मे लगभग डेढ़ लाख गैर–सरकारी संगठन अस्तित्व मे है जो कि ग्रामीण विकास हेतु कार्य कर रहे है। गैर सरकारी संगठनों ने बढ़ती संख्या में इनके सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष पर बहस को भी बढाया है। जैसा की नाम से ही विदित होता है कि गैर सरकारी संगठन वे संगठन होते है जो सरकार के अंग नही होते तथा गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, विकास आदि क्षेत्रों मे रचनात्मक कार्यो को अंजाम देकर समाज की भलाई करते है। जनकल्याण के कार्यो को सम्पादित करने के लिए इन्हें साधन और अर्थ की आवश्यकता पड़ती है, जो इन्हे देश विदेशों की सरकारों से अनुदान द्धारा कतिपय संगठनों द्धारा उपलब्ध करवाया जाता है।

जहाँ तक एन.जी.ओ. के उदय का प्रश्न है तो सामाजिक विकास और बढती जनसंख्या से न सिर्फ विभिन्न क्षेत्रों की समस्याएं ही बढ़ी हैं, बल्कि उनका स्वरूप भी विकराल हुआ है। नई–नई समस्याएं भी जन्मी है। जाहिर है, उनका निस्तारण अकेली सरकार के बूते की बात नही हैं। घनीभूत सामाजिक समस्याएं ही गैर सरकारी संगठनों के उदय का कारण बनी है। देश के ग्रामीण क्षेत्र मे विभिन्न गैर–सरकारी एवं स्वैच्छिक संगठन समर्पण व आस्था के भाव से समस्याओं के निस्तारण में आगे आना शुरू हुए और फिर यह सिलसिला बढ़ता गया। यदि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य मे देखा जाए तो भारत मे पहला एन.जी.ओ. सन 1871 में 'भील सेना संगठन' के नाम से अस्तित्व मे आया था।

* समाजशास्त्र विभाग, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

भारत मे योजना आयोग ने छठी पंचवर्षीय योजना में स्वैच्छिक संगठनों के लिये काफी कुछ कहा है। योजना आयोग ने युवा संगठनों पर जोर दिया है। स्वैच्छिक संगठनों को सामान्यत: विकास के कार्यो में लगाया जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक, आर्थिक इत्यादि और इसमें महत्वपूर्ण सफलता मिली हैं। स्वैच्छिक संगठन अपना धन प्रमुखत: दानी सज्जनों से, सरकारी अनुदान से, विदेशी दानदाताओं से एवं विश्व बैंक से धन प्राप्त करते है।

जिसमे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित को भी देखा जाता है कही ऐसा ना हो कि हम विदेशी दानदाताओं के हाथ की कटपुतली बन जाए जैसे अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जो विकासशील राष्ट्रो के लिये एक समस्या है। समानता का अधिकार भी एक मुद्दा है जिसमे फ्री सर्विसेज, सोशल वर्क्स, कानुनी समस्याएं जो कि इन्कम टैक्स, कानुन, श्रम औद्योगिक विवाद कानुन, विदेशी अनुदान एक्ट इत्यादि।

क्या स्वैच्छिक संगठन सामाजिक परिवर्तन का कारण है ?

क्या स्वैच्छिक संगठन सामाजिक परिवर्तन मे महत्वपूर्ण भूमिका नही निभाते है ?

यहॉ दो प्रमुख विचार है विकासशील देश भारत मे पिछड़ेपन, गरीबी या इसके ढॉचे में परिवर्तन, बेरोजगारी या इसके ढॉचे मे परिवर्तन इत्यादि। भाम्मरी के अनुसार 'ये सामाजिक शक्ति व ढॉचे में परिवर्तन नही करते जबकि राज्य सरकारे ही शक्ति मे परिवर्तन करती है।'

विभिन्न विद्धानों ने स्वेच्छिक संगठनों के बारे मे अलग-अलग विचार व्यक्त किये है। मोहित भट्टाचार्य के अनुसार ये संस्थाएं अपने आप मे पंगु है और इनके बारे मे सोचना एक काल्पनिक स्वप्न देखना है। जबकि रजनी कोठारी के विचार इससे अलग है। वह आशावादी व उत्साहित है और स्वैच्छिक संगठनों में पूरी आस्था रखते हैं और सामाजिक परिवर्तन में इन संगठनों में पूरी आस्था रखते हैं और सामाजिक परिवर्तन में इन संगठनों की भूमिका को प्रमुख मानते है। उनका विचार है कि संगठन को पूरा अधिकार है कि संगठन सरकार की नीतियों की आलोचना करे और विकास के लिये अपने विचारो को सरकार को बताए। 'जब यह संगठन सरकार से मिलकर कार्य करेंगे तभी पूर्ण विकास हो सकेगा।'

भारत में 28 प्रतिशत लोग अशिक्षित और 26 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे है। इन दोनो समस्याओं का हल सरकार और संगठन दोनों मिलकर करें। इस प्रकार ये संगठन अलग-अलग क्षेत्रों मे सरकार के सहयोग से राष्ट्र व समाज का विकास कर सकते। उपलब्धियॉ केवल सहयोग से प्राप्त की जा सकती है। राज्य और जनता दोनों सामूहिक रूप से मिलकर राष्ट्र का निर्माण करते है। स्वैच्छिक संगठन विकेन्द्रकरण और प्रजातन्त्र को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

टी.एन. चतुर्वेदी स्वैच्छिक संगठनों के कार्यो को औपचारिक रूप से लेते हैं और वह शंका करते है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास मे क्या ये भूमिका निभा पाऐंगे ?

डॉ. उपेन्द्र बख्शी उन संस्थाओं को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते है जिसमें व्यक्ति रूचि लेंगे और इन्हे अपने लाभ के लिए प्रयोग करेंगे। भारत जैसे देश मे ज्ञान के प्रति अभिरूचि बढे। इस तरफ भी ध्यान देते है कि सुधार बनाम क्रान्ति, हिंसा बनाम अहिंसा, जवान बनाम वृद्ध, क्रिया बनाम कानुन इत्यादि के माध्यम से वह यथार्थ और विचारों की अभिव्यक्ति करते हैं।

डॉ. इलेन हन्स के अनुसार विकासशील राष्ट्रो मे स्वैच्छिक संगठनों के विचारों को खास अहमियत नही दी जाती है। क्योंकि अयोग्यता, भ्रष्टाचार, प्रजातन्त्र की जड़ो तक जम गया है। भ्रष्टाचार ने प्रजातंत्र व राजनीतिक नेतृत्व को प्रभावित किया है। रहने की समस्या, दृढ़ निश्चय की कमी, विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने की कमी के कारण तीसरी दुनिया के देशों मे स्वैच्छिक संगठनों को असफल कर दिया है। लेकिन विपरीत विचार होने के बाद भी इनकी उपलब्धियों को नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता।

श्रीमती पदमा सेठी के अनुसार स्वैच्छिक संगठन विकास के हर क्षेत्र में पूरी तरह सफल है चाहे वह पब्लिक सर्विस सेक्टर हो या तकनीकी। 25 प्रतिशत श्रेय इन स्वैच्छिक संगठनों को जाता है। यह बात महत्वपूर्ण नही है कि सरकार क्या करती है ? इन संगठनों को सभी के लिए समान न्याय व औरतों के विकास के लिये उपयुक्त बनाती है।

सुशीला कौशिक के अनुसार स्वैच्छिक संगठन एक सीमा से बढ़कर कार्य कर रहे है परन्तु इन संगठनों ने प्रमुख मुद्दे को नजर अन्दाज कर दिया है। डॉ. इन्द्रजीत कौर के अनुसार स्वैच्छिक संगठनों ने हर क्षेत्र मे बढ़कर कार्य किया है कौर ने स्वैच्छिक संगठनों के सन्दर्भ में कुछ कमियां व सुझाव बताये है।

प्रो. के.डी. गंगाधर ने स्वैच्छिक संगठनों के दो मॉडल बताये है प्रथम गांधीवादी मॉडल और दूसरा अगांधीवादी मॉडल। गांधीवादी मॉडल अपने खुद के विचारों से अपना विकास चाहता है इस मॉडल ने अपनी आवश्यता के अनुसार अपने अधिकारों को प्राप्त किया है और अपने विचारों से ही सत्ता परिवर्तन लाए है। जबकि दूसरा मॉडल योजनाबद्ध तरीके से विकास और परिवर्तन को लाना चाहते है।

प्रो. आर.वी. जैन आपातकाल स्थिति, चरित्र निर्माण, स्वैच्छिक संगठनों की व्यक्तिगत समस्याओं को मुख्य बिन्दु बनाती है और वे आर्थिक स्वतंत्रता तथा स्वैच्छिक संगठन, सरकार एवं स्वैच्छिक संगठन को योजना बनाने में एक दूसरे के प्रभाव को बनाती है। एस.एन.मिश्रा व चेटाली बाल का मानना है कि स्वैच्छिक संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सुधार व विकास की बात करते है जहॉं सरकार असफल हुई है वहा स्वैच्छिक संगठन सफल रहे है।

डॉ. लिप्जी मुखो उपाध्याय अपने लेख 'रोल ऑफ वॉलेण्टरी ऑरगनाइजेशन वीथ वूमैन डवलपमेन्ट' में औरतों की समस्याओं को उठाती है कि औरते न केवल पुरूषों के समान कार्य करती है बल्कि उनको परिश्रम भी कम दिया जाता है और उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। शक्ति मोहली चन्द्रा स्वैच्छिक संगठनों के योगदान को विकास और सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण मानती है।

प्रो. गंगाधर और डॉ. सूरी ने केरल के विकास में स्वैच्छिक संगठनों की एक स्टेडी प्रस्तुत की जिसमे उन्होंने बताया है कि सातवी पंचवर्षीय योजना में वहां की जनता व स्वैच्छिक संगठनों ने केरल का काफी विकास किया है और सरकार ने स्वैच्छिक संगठनों के कार्यो में बहुत बढ़ चढ़कर हस्तक्षेप किया साथ ही 10 प्रतिशत का प्रावधान अपने बजट में रखा जिसने सिद्ध कर दिया कि सरकार स्वैच्छिक संगठनों के साथ मिलकर अनेक महत्वपूर्ण कार्यो को उचित अन्जाम दे सकती है। यह भी बताया गया है कि स्वैच्छिक संगठन आर्थिक मदद के लिए सरकार पर निर्भर रहते है। वही सरकार उन्हें बहुत कम मदद देती है। डॉ. नूरजहॉं बाबा का कहना है कि सामाजिक विज्ञानों मे सामाजिक तथा विकास के तथ्यों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही विकास के क्या तरीके होंगे ? समाज, सरकार एवं बाजार में इनकी क्या भूमिका हो ? इसके बारे मे आशावादी और इनका भविष्य विकासशील देशों में उज्जवल होगा। डॉ. बाबा का कहना है कि स्वैच्छिक संगठनों को पूरे विश्व में अपनी सेवाओं के द्वारा सामाजिक

कार्य करना चाहिए। राष्ट्र निर्माण में योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक व आर्थिक विकास हर जगह करना चाहिए। खास कर भारत जैसे देश में इसकी आवश्यकता है जब तक जनता विकास में खुद पूर्ण योगदान नही देगी तब तक सरकार अकेली कुछ नही कर सकती और न ही अज्ञानता, गरीबी व अशिक्षा को हटा सकती है।

स्वैच्छिक संगठन सामाजिक सुधार और नया सामाजिक आन्दोलन तीसरी दुनिया में कर सकते है जो गरीबी में परिवर्तन करते है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास बढ़ाते है साथ ही सीमान्त जनसंख्या द्वारा स्वैच्छिक संगठन सेक्टर को ऊँचा उठा सकते है और दानदाताओं के बीच में जो कार्य है जिनसे वह धन प्राप्त करते है। स्वैच्छिक संगठन और सिविल सोसाइटी दोनों ही धन को बढ़ाए, श्रम शक्ति बढ़ाए और राज्य से मिलकर आर्थिक कार्य करें क्योंकि दोनों में अभी तक पूर्णत: समझौता नही हुआ है।

स्वैच्छिक संगठनों के अभिलक्षण – जिन संस्थाओं का निर्माण स्वैच्छिक प्रयासों के आधार पर होता है, उन्हे सामान्यत: स्वैच्छिक संगठन कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र की शब्दावली में इन संगठनों को गैर–सरकारी संगठनों के नाम से जाना जाता है। संभव है कि प्राय: हम मे से बहुत लोग इन दो शब्दों का प्रयोग एक दूसरे के लिये करते रहने के आदि है यह बात सच है कि स्वैच्छिक संगठन और गैर–सरकारी संगठनों के लिए यह आवश्यक नहीं है कि उनमें स्वैच्छिकता का अंश हो ही। स्वैच्छिक संगठनों के विशिष्ट अभिलक्षण इस प्रसार है।

1. स्वैच्छिक सदस्यता
2. उसका उद्देश्य लाभ कमाना न हो
3. इन संगठनों का निर्माण ऐसे लोगों की पहल से होता है, जो समाज के पिछड़े/दलित/निर्धन वर्ग/आदिवासी के कल्याण के लिए सामाजिक चेतना की भावना से प्रेरित होते है।
4. इन संगठनों के अपने नियम विनियम होते है और ये सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण से बाहर होते है।
5. पंजीकृत स्वैच्छिक संगठन सरकारी अनुदान प्राप्त करने के हकदार होते है। इन्हें सरकारी अनुदान की व्यवस्थाओं के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो को भी स्वीकार करना पड़ता है।

प्राय: यह माना जाता है कि अधिकांश स्वैच्छिक संगठन आधारभूत सामाजिक समस्याओं से परिचित है, इसलिये वे लोगों से ज्यादा नजदीक है। इसके अलावा, यह भी माना जाता है कि वे सरकार की नौकरशाही व्यवस्था की उपेक्षा उत्साही और समर्पित है। इस कारण से यह भी समझा जाता है कि स्वैच्छिक संगठन नौकरशाही निकायों से अधिक मितठी होंगे।

स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका – स्वैच्छिक संगठन राजनीति या अराजनैतिक दोनों प्रकार से प्रभावित हो सकते है। भारत मे आजादी से पूर्व स्वैच्छिक कार्यो के लिए किये जाने वाले प्रयास राजनैतिक दृष्टि से प्रेरित कार्य होते थे। खादी और ग्रामीण उद्योग जैसे बहुत से अर्द्ध सरकारी अभिकरण है जो सरकारी मार्गदर्शन के अन्तर्गत कार्य करते है। आज भारत में बहुत बडे स्तर पर स्वैच्छिक संगठन कार्य करते है। इनमें से कुछ तो प्रत्यक्ष रूप में राजनैतिक समूह है, जबकि कुछ अन्य संगठन सरकारी निर्देशों के अन्तर्गत कार्य कर रहे है। शेष संगठन गैर–राजनैतिक की कोटि में आते है। स्वैच्छिक संगठन विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका निभा रहे है–

1. पर्यावरण के क्षेत्र में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका
2. ग्रामीण विकास में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका
3. अनुसूचित जाति/ जनजाति के विकास में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका
4. महिला एवं बाल विकास में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका
5. राजनीति एवं अन्य क्षेत्रों में स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका

स्वैच्छिक संगठन की गांधीवादी धारण – गांधीजी ने अपने रचनात्मक कार्यक्रमों की क्रियान्विति के लिये अनेक स्वैच्छिक संगठनों की स्थापना की ये संगठन पूरी तरह गांधीवादी मूल्यों पर आधारित थे जिनमें प्रमुख है अखिल भारतीय चरखा संघ, रामकृष्ण मिशन, कृष्ण निवारण संघ, मारवाड़ी रिलीफ संघ, सर्व सेवा संघ, सेवाग्राम वर्धा (महाराष्ट्र) गांधी स्मारक निधि, गांधी शक्ति प्रतिष्ठान भण्डार वर्धा, मंगल संग्रहालय वर्धा, सेवा समिति दत्तपुर, महिला आश्रम वर्धा।

गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रम का मन्तव्य पूरी तरह स्वैच्छिक संगठनों पर आधारित था। उपर्युक्त संस्थाओं ने गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम को व्यावहारिक रूप दिया एवं साथ ही आजादी को नई दिशा भी दी। इन संगठनों ने अपने श्रम व योग्यता के आधार पर कार्य किया। गांधीजी का मानना था कि स्वैच्छिक संगठनों के कार्यकर्ता सेवक के रूप में अपनी भूमिका निभाऐंगे। वे सरकारी तंत्र और राजनीतिज्ञों पर अंकुश रखेंगे और जनता को संगठित करेंगे। गांधीजी ने जीवनभर अर्थव्यवस्था में विदेशी घुसपैठका विरोध किया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रचनात्मक कार्यकर्ता जनता के बीच रहे और जनता से एक रूपये लेकर अपना पेट पाले। उन्होंने कभी भी यह नहीं कहा कि विदेशियों से पैसा लेकर या फिर अपनी ही सरकार से पैसा लेकर जीवन यापन करने वाले भारत सरकार पर नियंत्रण रखे। जयप्रकाश नारायण गांधीपन विचारधारा के स्वैच्छिक संगठन के मॉडल से इतने प्रभावित हुए की गांधीयन मॉडल को जीवन मे ढाला और सामूदायिक विकास के लिए कार्य किया।

निष्कर्ष – सारांश रूप में कह सकते है कि विकास तभी संभव है जब हर क्षेत्र में राज्य, केन्द्र एवं गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठन मिलकर कार्य करें। वह न केवल प्रमुख भूमिकाए निभाए वरन् योजनाओं के क्रियान्वयन में भी प्रमुख भूमिका निभाए। स्वैच्छिक संगठन संवैधानिक नियमों के अनुसार राष्ट्र के विकास के लिये कार्य करें और एकता बनाये रखें। अपने आपको एक रक्षक के रूप में सिद्ध करे और विदेशी दानदाताओं के हाथ की कठपुतली न बने। स्वैच्छिक संगठन अपने आपको अप्रमाणिक विचारों से बचाएं और सरकार भी प्रजातन्त्र का विकास करे तभी स्वैच्छिक संगठन प्रजातन्त्रत्मक राज्यों के केन्द्र बिन्दु बन सकेंगे।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. आलोकनाथ, 'गांवो का निर्माण' नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद 1990 पृ.स. 112
2. कुमारप्पा,जे.सी., 'इकॉनामी ऑफ परमानेन्स' सर्व सेवा प्रकाशन, वाराणसी 1995 पृ.स. 71
3. कृपलानी,कृष्ण, 'हम सब एक पिता के बालक' नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद 1996 पृ.स. 59
4. केथलीन,जी.ए. एवं शर्मा,एच.जी., 'इम्पीयरलिज्म एण्ड रिवोल्यूशन इन साउथ एशिया' न्यूयार्क मन्थली रिव्यू प्रेस 1973 पृ.स.15
5. कृष्णामाचारी,वी.टी., 'कम्यूनिटी डवलपमेंन्ट इन इंडिया' गवर्नमेंट ऑफ इंडिया पब्लिकेशन, नई दिल्ली 1958 पृ.स. 27
6. गांधी,एम.के., 'ग्राम स्वराज्य' नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद 1993 पृ.स. 36

7. गांधी,एम.के., 'गांवों की मदद'(अनुवादक सोमेश्वर पुरोहित) नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद 1994 पृ.स. 48
8. गिरधारी,जी.डी., 'ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण' चैंजिंग विलेजेज रूरल न्यूज नई दिल्ली 1971
9. चतुर्वेदी,रामजानम, 'अरावली का सिंहनाद' तरूण भारत संघ, अलवर 1995 पृ.स. 25
10. टण्डन,रंजिश एवं जैन,अभी, 'मैनेजमेंट डवलपमेंट ऑरगेनाइजेशन इन इंडिया' प्रिया प्रकाशन, नई दिल्ली 1996 पृ.स. 72
11. सिद्दीकी,एम.एच., 'एग्रेरियन अन्रैस्ट इन नार्थ इंडिया: द यूनाइटेट प्राविसेज' विकास पब्लिसिंग हाउस, नई दिल्ली 1978 पृ.स. 89
12 भाम्मरी,सी.पी. 'द मॉडर्न स्टेट एण्ड वालैंटरी सोसाइटी' दी इंडियन जर्नल ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन xxxiii(3) 395-398

****

कोयला श्रमिकों की श्रम कल्याण का अध्ययन (कोरबा जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ. कृष्णकुमार शर्मा* राकेश कुमार गुप्ता**

शोध सारांश – औद्योगीकरण आधुनिक युग की अनिवार्य मांग हैं। औद्योगिक विकास के बिना देश का विकास संभव नही हैं औद्योगिक विकास को प्राप्त कर कोई भी राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी भूमिका का भली–भाँती निर्वाह कर सकता हैं उद्योगों के विकास के लिए जहाँ प्राकृतिक संसाधनों का होना आवश्यक होता है, वहीं मानव संसाधन की भूमिका कम नहीं आंका जा सकता अतएव श्रम उत्पादन का सक्रिय साधन होता है जो उत्पादन के प्रमुख साधनों में से एक है। देश के भावी आयोजित विकास एवं आर्थिक उन्नति के लिए श्रम के महत्व को सभी ने स्वीकारा है। किसी भी औद्योगिक इकाई की सफलता सेवारत श्रमिकों के उचित नियोजन समन्वय तथा नेतृत्व पर निर्भर करता है।
शब्द कुँजी – औद्योगीकरण, मानव संसाधन, सेवारत श्रमिक, उचित नियोजन एवं श्रम कल्याण।

प्रस्तावना – आदिवासी जाति बाहुल्य राज्य, खनिज एवं वन सम्पदा से संपन्न 'धान का कटोरा' नाम से विश्वविख्यात नवोदित राज्य छ.ग. मूलत: एक ग्रामीण प्रदेश है। छ.ग. राज्य का कोरबा जिला औद्योगिक संभावनाओं को समाहित किए हुए एन.टी.पी.सी. बालकों तथा विभिन्न प्रकार के उद्योगों के मध्य कोयला उद्योग खदानों की अपनी एक अलग विशेष पहचान है। कोयला श्रमिक एक ऐसा श्रमिक है जो धरती के गर्भ में छिपे काले हीरे को निकालने में अपना जीवन दांव पर लगा देता है, कभी वर्षा का पानी खदान में घुसकर उसकी जीवन लीला समाप्त कर देता है, तो कभी खदान धंस जाती है और श्रमिक की कब्र बन जाती है। ऐसी आकस्मिक दुर्घटनाओं की अनेक कहानियाँ घटती रहती है और संचार माध्यमों की सुर्खियाँ भी बनती है। इस ओर शायद अर्थशास्त्रियों अध्येताओं एवं समाज सुधारकों ने सीमित ध्यान दिया है, फिर अन्य संचार माध्यमों को दोषी ठहराना निर्मूल है।

कोयला श्रमिक जब अपनी युवावस्था समाप्त कर खदान से अयोग्य होकर निकलता है, तो प्राय: वह महसूस करता है कि उसके हाथ उस बीमारी के सिवाय जो औद्योगिकरण की भेंट है, उसके हाथ कुछ नही लगा है। यह एक अत्यंत दुखद स्थिति है, जो दीर्घकाल में हमारे औद्योगिक विकास में बाधक हो सकता है। प्रस्तुत अध्यनन में कोयला श्रमिकों की श्रम कल्याण की सुविधा एवं सामाजिक सुरक्षा की वस्तु–स्थिति का मूल्यांकन करते हुए उन्हें समाज एवं राष्ट्र में प्रतिष्ठित एवं लब्ध स्थान प्रदान करने के उपाय ढूंढ निकालने का प्रयास किया गया है। जिससे समस्या के पहलुओं को अध्येताओं एवं श्रम कल्याण में रूचि रखने वाले पक्षों, नीति–निर्धारकों एवं समाज के संचेतकों तक पहुँचाया जा सके।

उद्देश्य – प्रत्येक शोध कार्य किसी विशिष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए शोध पत्र कोयला श्रमिकों की श्रम कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा का अध्ययन (कोरबा जिले के विशेष संदर्भ में) के अग्रांकित उद्देश्य निर्धारित किये गये है–

1. श्रमिकों को प्रदत्त श्रमकल्याण की सुविधाओं का विवरण ज्ञात करना।
2. श्रम कल्याण पर की जाने वाली व्यय एवं उत्पादकता के बीच सह संबंध की माप करना।

शोध परिकल्पनाएँ – शोधार्थी द्वारा सत्यान्वेषण एवं किसी तथ्य के निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए अवधारणाओं का होना आवश्यक है, ताकि अध्ययनकर्ता इस बात की जानकारी प्राप्त कर लेवे कि उसकी परिकल्पना कहाँ तक उचित थी, साथ ही परिकल्पनाओं का होना इसलिए भी आवश्यक होता है कि वह अपने अध्ययन की दिशा निर्धारित कर उसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हो सके। इसी सन्दर्भ में शोधार्थी द्वारा निम्न परिकल्पनाएँ की गई है–

1. कोयला उद्योग के श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप क्रियान्वयन हुआ है जिससे श्रम कल्याण में वृद्धि हुई है।
2. श्रमिक कल्याण व्यय एवं उत्पादन में धनात्मक संबंध है।

शोध प्रविधि एवं क्षेत्र :

शोध उपकरण–सांख्यिकीय उपकरण– प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन के लिए विषय से संबधित तथ्यों के संकलन के लिए प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार शोध पत्र में प्राथमिक आँकड़ों के लिए मुख्य रूप से कोयला उद्योग के श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पर केन्द्रित किया गया है। इसके लिये निम्न रीतियों का अनुप्रयोग किया गया है–

1. प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसन्धान
2. अप्रत्यक्ष मौखिक अनुसन्धान
3. स्थानीय स्त्रोतों और उत्तरदाताओं से सूचना–प्राप्ति
4. लाभार्थी परिवारों के सूचना देने वाले सूचकों द्वारा अनुसूची भरवाकर सूचना प्राप्त करना

शोध व्याख्या– कोरबा कोयला प्रक्षेत्र में निहित श्रम कल्याण की सुविधाओं का अध्ययन के दौरान प्राप्त जानकारी को इस प्रकार रखा जा सकता है –

शिक्षा सुविधायें – शिक्षा बुनियादी आवश्यकताओं में से एक है। शिक्षा भावी समान तथा हमारे जीविकोपार्जन का मुख्य आधार है। शिक्षा से मनुष्य

* सह प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डॉ.सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय, कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) भारत

का मानसिक, आर्थिक, सामाजिक अर्थात सर्वांगीण विकास संभव है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति पूर्ण सजग होता है। शिक्षित व्यक्ति को शीघ्र कार्य मिलने व उचित योग्यता के कारण उनकी मजदूरी अथवा वेतन अपेक्षाकृत अधिक होता है अधिक वेतन के फलस्वरूप अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद जीवनस्तर के उपर उठने की संभावनायें बढ़ जाती है। शिक्षित व्यक्ति अपने भावी जीवन को सुखमय बनाने के लिये सदैव प्रयत्नशील होता है परिणामस्वरूप उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होने लगती है, जो कि व्यक्ति के आर्थिक जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर उसे एक अच्छा आधार प्रदान करती है इस प्रकार शिक्षा व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सुधार करके उचित आय तथा आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कार्य करती है। शिक्षा विकास की आधारशिला है। जो भी राष्ट्र विकास के उच्च स्तर को प्राप्त किये है, वहां साक्षरता का प्रतिशत उच्च है। शिक्षा मानव पूंजी का आधार है। शिक्षा व्यवस्था सुलभ कराना राज्य सरकार का दायित्व माना गया है किन्तु श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना औद्योगिक श्रम कल्याण प्रावधानों के अंतर्गत सेवा योजक की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई है। अत: कोयला उद्योग में श्रमिकों के उनके बच्चों एवं आश्रितों को समुचित शिक्षा व्यवस्था का भार श्रम कल्याण की दृष्टि से कोल इण्डियां लिमिटेड (C.I.L.) का है। यह इसलिए भी आवश्यक है कि कोयला उत्पादन कार्य–क्षेत्र दुर्गम जगह में संचालित होता है। राष्ट्रीयकरण के समय कोयला उत्पादक क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं की स्थिति निम्नानुसार है –

चिकित्सा सुविधायें – नियोजित श्रमिकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती स्वास्थ्य सुरक्षा है। यद्यपि कोयला उद्योग इसके लिए निरन्तर प्रयासरत है। श्रमिक स्वस्थ रहे एवं कार्य के योग्य रह सके यह पूरे कोल इण्डियां के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। कोल इण्डियां को अस्पताल एवं चिकित्सा का आधार भूत संरचना सुविधा– कोल माइन वेलफेयर आर्गेनाइजेशन से उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है। राष्ट्रीयकरण के पहले की सुविधा की तुलना में आज चिकित्सीय स्थिति बेहतर है।

निष्कर्ष– 'श्रमिक कल्याण व्यय एवं उत्पादन में धनात्मक संबंध है।' एस.ई.सी.एल. कोरबा कोयला प्रक्षेत्र में सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों जैसे:– शिक्षा, चिकित्सा, मनोरंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, क्लब एवं अन्य मदों पर किये गए व्ययों में हुई वृद्धि के साथ उत्पादकता स्तर में वृद्धि पाई गई। यह तथ्य प्रमाणित करता है कि शोध परिकल्पना के द्वितीय बिंदु **सामाजिक कल्याण व्यय (श्रमिक कल्याण) एवं उत्पादन में धनात्मक संबंध है, पुष्टि होती है।**

इन दोनों चरों के बीच संबंध ज्ञात करने के लिए कार्लपियर्सन के सहसंबंध गुणांक (Co-relation) के आधार पर विश्लेषण किया गया है।

उत्पादन एवं सामाजिक कल्याण कार्यों के बीच संबंध

चरों के बीच संबंध जानने के लिए प्रयोग की गई सह–संबंध	सह–संबंध परिणाम
कार्लपियर्सन सह–संबंध गुणांक	r = + 0.78

कार्लपियर्सन सह–संबंध गुणांक r = + 0.78 बताता है कि इन दोनों चरों उत्पादन एवं सामाजिक कल्याण व्यय के बीच उच्च स्तर का धनात्मक सह–संबंध है। स्पष्टत: कोयला उत्पादन में सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का प्रत्यक्ष सीधा संबंध है। अतएव परिकल्पना बिंदु क्रमांक दो स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि श्रमिक कल्याण व्यय में धनात्मक संबंध है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

Books :

1. भगोलीवाल, टी.एन. (1983),'श्रम अर्थशास्त्र एवं औद्योगिक संबंध' मेरठ संजीव प्रकाशन।
2. भगोलीवाल, टी.एन. (1995),'श्रम अर्थशास्त्र एवं औद्योगिक संबंध', प्रकाशन साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा.
3. मामोरिया एवं जैन (2005) 'भारतीय अर्थशास्त्र', प्रकाशन साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा
4. मिश्र, पुरी (2006)'भारतीय अर्थव्यवस्था', प्रकाशन हिमालया पब्लिशिंग हाउस
5. सिन्हा, वी.सी. (1988) –'श्रम अर्थशास्त्र', नई दिल्ली, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस.
6. पाटनी, आर.एल. (1983) – 'सेवीवर्गीय प्रबंध एवं औद्योगिक संबंध', मेरठ संजीव प्रकाशन.

Journals, Magazines & Reports:

1. Coal Mines Welfare Organisation, Annual Report 1992-93.
2. Coal India Corporate Journal, Calcutta.
3. Economic Survey India, Govt. (2006-07)
4. Indian Economic Association Annual, A profile (2012).
5. Indian Journal of Economics (2012-13).
6. Indian Mines Geological Survey of India, Calcutta.



****

यौद्धिक अर्थव्यवस्था व सुरक्षा - परस्पर निर्भरता

डॉ. वीरेन्द्र कुमार शर्मा*

शोध सारांश - विश्व के किसी भी राष्ट्र की स्थायी सुरक्षा और उसका विकास इस बात पर निर्भर करते है कि वह प्राकृतिक संसाधनों के मामले में कितना धनी है। तथा वह अपने प्राकृतिक संसाधनों का कितना दोहन (उपयोग) करने में सक्षम हैं।

विश्व सैन्य इतिहास का अध्ययन करने से यह पूर्णत: स्पष्ट हो जाता है कि वे सभी प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर राष्ट्र जो कि अपने संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम नहीं थे वे सदैव उन राष्ट्रों के उपनिवेश के रूप में रहे जो उनके संसाधनों का उपयोग करने के लिये आवश्यक विज्ञान और तकनीकी का उपयोग करने की क्षमता रखते थे।

भारतीय सैन्य इतिहास भी इसका एक उदाहरण है जिसमें ब्रिटेन ने भारत को अपनी विज्ञान और तकनीकी की उन्नत शैली के कारण ही अपने उपनिवेश के रूप में लम्बें समय तक बनायें रखा।

प्रस्तावना - युद्ध ने मानवजाति के समक्ष अनेकानेक समस्याओं को जन्म दिया है। युद्ध के प्रभाव से जन और धन दोनों ही जुड़े हुये हैं। युद्ध राष्ट्रो के अर्थतन्त्र को हड़प लेता है। यहाँ तक कि युद्ध में कई बार बड़े राष्ट्र छोटे राष्ट्रों के इतिहास को भी निगल जाते हैं फिर भी युद्ध के इतिहास की कहानी कभी समाप्त नहीं होती। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज भी अनेक बुराइयों के बावजूद युद्ध तकनीकी और औद्योगिक विकास का प्रेरक बना हुआ है। ईसा से करीब पाँच शताब्दी पूर्व यूनानी दार्शनिक हिंरेक्लिटस का युद्ध के महत्व के सम्बन्ध में विचार था कि यह सभी वस्तुओं का जनक है।

आर्थिक साधन ही युद्ध के शक्ति स्त्रोत हैं और प्रौद्योगिकी के उतपाद ही युद्ध के अस्त्र-शस्त्र हैं। मिथकीय युद्धों में भी आर्थिक साधन ने किसी न किसी रूप में अपनी भूमिका निभाई है। भूमि का सीधा सम्बन्ध अर्थ से है जो कि काल विशेष के सम्बन्धित समूह या कबीला या समाज और राज्य व्यवस्था के चरित्र निर्धारण में महत्वपूर्ण या निर्णायक भूमिका निभाता आया है।

इतिहासकार आर्नल्ड टायनवी ने भी स्वीकार किया है कि युद्ध उत्पाद के बगैर सम्भव नहीं है। दूसरे शब्दों में जब कोई देश अतिरिक्त उत्पाद करने में असफल होगा ता वह न तो युद्ध कर सकता है और न ही किसी दूसरे की सहायता कर सकता है। टायनबी के शब्दों में यह निस्सन्देह सत्य है कि पिछले पाँच हजार वर्ष के दौरान युद्ध मानवजाति के प्रमुख कार्यकलापों मे से एक रहा हैं। हमने अपने अतिरिक्त उत्पादन का अर्थात केवल जीवन निर्वाह के लिए या अपने आप को जीवित रखकर अपनी प्रजाति को विलुप्त होने से बचाये रखने के लिए जितना व्यय करना आवश्यक है उससे अधिक जो कोई उत्पादन हम करते हैं उसका एक बहुत बड़ा भाग युद्धों पर व्यय किया है। किन्तु निश्चित रूप से अतिरिक्त उत्पादन किये बिना युद्ध नहीं किया जा सकता क्योंकि युद्ध के लिए काम के घण्टों, खाद्य प्रदाथों, कच्ची सामग्री और शस्त्रों और दूसरे सैनिक साज-सामान में परिवर्तित किया जा सके।

युद्ध न केवल विनाशक है बल्कि अपने साथ और पीछे समस्याओं की एक लम्बी कतार छोड़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए फ्रेडरिक बेनहम ने यह माना कि 'विश्व संस्कृति की समस्त विपदाओं में युद्ध से बड़ी कोई विपदा नहीं हैं।' जाहिर है कि युद्ध में न केवल जन और धन का विनाश होता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी युद्ध के शारीरिक, मानसिक और आर्थिक प्रभावों को झेलना पड़ता है। युद्ध के बाद असीमित मूल्य वृद्धि का भार देश की जनता को लम्बे समय तक झेलना पड़ता हैं। जी ग्रोथर ने ठीक ही कहा है कि आज का युद्ध चाहे व परम्परागत हो, वैज्ञानक हो या तकनीकी हो सभी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष और परोक्ष दोनों ही तरीके से प्रभावित अवश्य करते है। अत: दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि आज के युद्ध का मनोविज्ञान अन्य विज्ञानों की अपेक्षा अर्थशास्त्र के विज्ञान से सबसे अधिक प्रभावित होता है।

विश्व इतिहास का अध्ययन करने पर हमें ज्ञात होता है कि युद्धों में हुये व्यय और जन धन की असीमित हानि ने मानवता को ऐसे दौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है जहाँ से उसे विनाश और विपत्ति के अलावा कोई दूसरा मार्ग सामने नहीं दिखाई देता।

आज युद्ध में भाग लेने वाले राष्ट्र युद्ध के सिद्धान्तों का अनुकरण करते हुये मात्र विजय प्राप्त करना ही नहीं चाहते बल्कि एक -दूसरे की सम्पति के अधिकारों को भी झपटते हैं। यदि राष्ट्र की अर्थव्यवस्था दुर्बल हे तो वह एक पल भी शक्तिशाली राष्ट्रों के सामन नहीं टिक सकता और उसकी पराजय निश्चित है। टैंक, विमानभेदी तोपें रॉकेट, पनडुब्बियाँ, रासायनिक, नाभिकीय व रेडियालॉजिकल शस्त्र इतने व्यय साध्य हो गये है कि प्रत्येक राष्ट्र की आर्थिक क्षमता इसे सहन नहीं कर सकती। ऐसी व्यवस्था में कोई विकल्प उसे अपनी सुरक्षा के लिए चुनना ही पड़ता है। यदि राष्ट्र की आर्थिक क्षमता सुद्दढ़ हैं तो वह अपनी आर्थिक शक्ति को बौद्धिक शक्ति में बदलकर शस्त्रों के उत्पादन की ओर अग्रसर होता है। अन्यथा इन्हें उन देशों पर निर्भर रहना पड़ता है जो इन शस्त्रों के निर्माणकर्ता व निर्यातक देश है।

युद्धकालीन व शान्तिकालीन अर्थव्यवस्था एक ही सिक्के के दो पहलू है। युद्धकालीन अर्थव्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य युद्ध जीतना होता है, जबकि शान्तिकालीन अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत राष्ट्र के नागरिकों के सुख समृद्धि के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर अर्थतन्त्र और संस्कृति के विकास पर बल दिया जाता है। इसके साथ ही कुछ सीमा तक सभी देश शान्तिकाल में सभी

* सहायक प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड(म.प्र.) भारत

प्रकार की युद्ध सामग्री तथा हथियार का भी निर्माण करते है जिससे युद्ध शुरू होने के प्रारम्भिक चरण में इसे उपयोग में लाया जा सकें। यह अति आवश्यक है, क्योकि इनके अभाव में कोई युद्ध लड़ा ही नहीं जा सकता। सैनिक व असैनिक दोनों का युद्धों से घनिष्ठ सम्बन्ध है। खेतों से लेकर खानों तक सभी असैनिक, सैनिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये अपने-अपने क्षेत्र में युद्ध स्तर पर कार्य करते है। अत: यह कहा जा सकता है कि आधुनिक युद्ध युद्ध-क्षेत्र में नहीं बल्कि खानों और कारखानों मे लड़ा जाता है।

'वास्तव में युद्ध के तैयारी करने के समय को वास्तविक युद्ध काल समझा जाना चाहिए, क्योंकि जय-पराजय तो इन शान्तिकालीन तैयारियों पर ही आधारति होती है।' युद्धकालीन अर्थव्यवस्था को क्रियाशील बनाये रखने के लिये कुछ साधनों की आवश्यकता अनिवार्य होती है। ये साधन हैं, राष्ट्र का चरित्र, जनशक्ति, वैज्ञानिक व तकनीकी उन्नति, खाद्य पदार्थो का बाहुल्य, उच्चनुशासन इत्यादि।

युद्ध कालीन अर्थव्यवस्था की विशेषताएँ

1. साधारणतया लाभ का उद्देश्य, प्रतियोगिता, माँग व पूर्ति का सिद्धान्त, जो साधारण अर्थव्यवस्था के सामान्य लक्षण हैं, को विशेष महत्व नहीं दिया जाता हैं। एक ही तथ्य को ध्यान में रखा जाता है कि युद्ध को कम से कम समय में जीत लिया जाए। इसके लिए चाहे क्यो नहीं महत्वपूर्ण आर्थिक सिद्धान्तों को त्यागना ही पड़े।

2. युद्ध की अपरिमित आवश्यकता की पूर्ति के लिए यौद्धिक प्रणाली को अंशत: या पूर्णत: रोक दिया जाता है और अर्थव्यवस्था के लिए धन प्राप्ति हेतु निम्न वित्तीय साधनों का सहारा लिया जाता है-

(क) करो की मात्रा में वृद्धि।

(ख) सरकार द्वारा सार्वजनिक नियन्त्रण।

(ग) घाटे की वित्ता व्यवस्था या स्फीतिकारी वित्ता व्यवस्था को अपनाना।

(घ) अधिक मुद्रा छापना।

3. युद्धकालीन अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत अधिकाधिक संख्या में स्वस्थ एवं कुशल व्यक्तियों को सेना के तीनो अंगो (स्थल, जल व नभ) में कार्य करने के लिये प्रेरित करना, तकनीकी ज्ञान से सम्बधित व्यक्तियों व सामान्य नागरिकों को औद्योगीकरण में लगाना होता है। कच्चे माल (Raw Material) का आयात युद्ध के समय विभिन्न कारणों से बन्द हो जाता है कभी-कभी शत्रु आर्थिक नाकेबन्दी (Economic Blocdkade) भी कर देता है। ऐसी स्थिति में अपने देश के उपलब्ध कच्चे माल का नियोजित ढंग से वितरण करना आवश्यक हो जाता है। जनशक्ति एवं कच्चे माल पर नियन्त्रण और मांग व पूर्ति के अनुसार उनका उचित वितरण भी अत्यन्त आवश्यक हैं।

4. सरकार सभी संस्थानों (सरकारी व गैर-सरकारी) को कड़ी चेतावनी देकर, हड़ताल, धरना, प्रदर्शन इत्यादि पर रोक लगाकर उत्पादन की वृद्धि पर जोर देती है।

उत्पादन बढ़ाने के लिए इस दिशा में कुछ अन्य प्रयास भी लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं।

1. व्यवस्थित श्रम व साधनों को कार्यरूप में परिवर्तित करना।
2. कार्य करने की निर्धारित अवधि को बढ़ाकर रात के समय कार्य करने की व्यवस्था करना।
3. ऐसे सैनिक व अधिकारियों की सहायता लेना जो सेवा निवृत हो चुका हो, किन्तु शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ हो।

युद्धकालीन अर्थव्यवस्था के समक्ष कुछ समस्याएँ भी है; क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं को सामान्य नागरिकों के उपभोग से हटाकर सैनिक कार्यो में प्रयुक्त करना होता है; किन्तु यदि नियोजनबद्ध रूप से यह कार्य किया जाये तो इन समस्याओं का प्रभाव दीर्घकाल तक नहीं होता हैं। आन्तरिक यातायात नियमानुकूल चलता है, राशनिंग व्यवस्था स्थिर होती है, मूल्य नियन्त्रण का विकास होता है, अनुशासनबद्धता एवं त्याग की भावना पनपती है, किन्तु इसके लिए आवश्यक है कि देश के नागरिकों को यह आभास करा दिया जाये कि यह युद्ध उनका है और यह राष्ट्रीय हित में हैं।

युद्ध जहाँ तनावपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों का परिणाम है वहीं युद्ध में अपार जन और धन की क्षति होती है। असंख्य नर-नारी, वृद्ध-बच्चे युद्ध की बलि चढ़ जाते हैं। अरबों-खरबों रूपये युद्ध में स्वाहा हो जाता है। शहर के शहर उजड़ जाते है और फिर से नई व्यवस्था के निर्माण में असीमित जन और धन की आवश्यकता होती है।

युद्ध का निरन्तर भय राष्ट्रों को आर्थिक रूप से अपने संसाधनों को शान्तिकालीन अर्थव्यवस्था से युद्धकालीन अर्थव्यवस्था की ओर हस्तान्तरित करने के लिए सदैव विवश करता है। इस प्रकार राष्ट्र के संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा जो देश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में लगाया जाना चाहिए वह भविष्य की युद्धकालीन तैयारी के लिए झोंक दिया जाता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सभी राष्ट्रों के जीवन का एक अभिन्न अंग है। युद्ध हो या न हो लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा अनिवार्य हैं। इस सुरक्षा की अखण्डता को कायम रखने कि लिये रक्षा तैयारी राष्ट्रों की पहली आवश्यकता है। इस प्रकार अतीत के युद्धों को ध्यान में रखते हुए तथा भावी युद्ध की प्रकृति और भयानकता को देखते हुए राष्ट्र अपने रक्षा-व्यय में बेतहाशा वृद्धि करने को विवश होते हैं।

यौद्धिक अर्थव्यवस्था तथा सुरक्षा दोनों ही एक दूसरे के पूरक है क्योंकि चाहे सैन्य संसाधन हो, विभिन्न प्रकार की सेनायें हो सभी का गठन करने तथा संचालन करने के लिये बड़ी अर्थव्यस्था की आवश्यकता होती है। युद्ध के समय राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये ही राष्ट्र के विभिन्न आय के स्त्रोतो को तत्कालिन मुख्य आवश्यकता युद्ध की ओर परिवर्तन करना अनिवार्य हो जाता है तथा युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिये समस्त आर्थिक शक्तियों को सैन्य शक्ति के साथ मिलाकर ही स्थायी सुरक्षा अर्थात विजय प्राप्त की जा सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Thomas Moddy : The war economy.
2. A. J. Toynbee : A Study of economic warfare.
3. X. Smith : Power of country.
4. Jatin Mishra : Economic power and security
5. J. Thomson : The world economic crisis.

****

ग्वालियर जिले का भौगोलिक पर्यावरण

डॉ. कौशलेन्द्र सिंह*

शोध सारांश – ग्वालियर जिला मध्य प्रदेश के उत्तरी सीमांत क्षेत्र में स्थित हैं। ग्वालियर जिलें की जलवायु कुछ इस प्रकार की है कि वर्ष भर के मौसम सदैव अधिकता को लिये रहते हैं। जैसे ग्रीष्म काल में अधिकतम तापमान 48 डिग्री तक हो जाता हैं। तो वही शीतकाल में तापमान 1 और 2 डिग्री तक ही रह जाता है इसके बावजूद भी वर्षा अधिकता में नहीं होती हैं। फलस्वरूप भू-जल स्तर की समस्या ग्वालियर जिलें में निरन्तर बढ़ रही हैं। किन्तु इस सबके बावजूद भी ग्वालियर जिले की सम्पर्क क्षमता बहुत ही अच्छी हैं। यह इस प्रकार की भौगोलिक रेखा पर स्थित है। जिससे कि भारत में कहीं भी आसानी से आवागमन किया जा सकता हैं।

प्रस्तावना – ग्वालियर जिला मध्य प्रदेश राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है। यह 25.43 उत्तरी अक्षांश से 26.21 अक्षांश एवं 77.34 पूर्वी देशान्तर से 78.39 देशान्तर के मध्य स्थित है। जिले के उत्तर पूर्व में भिण्ड जिला, उत्तर पश्चिम में मुरैना जिला, पूर्व में दतिया जिला तथा दक्षिण में शिवपुरी जिला स्थित हैं। समुद्र की सतह से इस जिले की उँचाई 205 से 212 मीटर है। यह जिला कई छोटी-बड़ी पर्वत श्रृंखलाओं, मनोरम घाटियों व वनों से आच्छादित है। जिले का सम्पूर्ण भौगोलिक क्षेत्रफल 4565 वर्ग कि.मी. है। जिले में तीन तहसीलें – गिर्द, डबरा तथा भितरवार तथा चार विकासखण्ड – घाटीगाँव, मुरार, डबरा और भितरवार है।

ग्वालियर जिले की जनसंख्या वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार 16,32,109 है, जबकि वर्ष 1991 में 14,15,948 थी। वर्ष 2000 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति की जनसंख्या 18.91 प्रतिशत थी, जबकि अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या का प्रतिशत 3.49 प्रतिशत है। जिले की जनसंख्या का धनतव 357 प्रति वर्ग कि.मी. है।

ग्वालियर जिले का भौगोलिक क्षेत्रफल 454649 हैक्टेयर है, जिसमें से वन क्षेत्र 109549 हैक्टेयर है और कृषि योग भूमि 24034 हैक्टेयर है, जिले में कुल बोया गया क्षेत्रफल 264409 हैक्टेयर में से 57402 हैक्टेयर द्विफसली है। सिंचाई का मुख्य साधन नहरें कुएँ तथा नलकूप है।

जिले की प्रमुख अनाज फसलें गेहूँ, चना, चावल, जवार, बाजरा, मक्का आदि हैं। दाल फसलों में अरहर, मूंग, चना, मटर आदि तथा तिलहन फसलों में सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन आदि प्रमुख है। जिले में मवेशी पालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन आदि की अच्छी संभावनाएँ हैं।

यह जिला दक्षिण-पश्चिम में मालवा के पठार और उत्तर तथा पूर्व में गंगा के विशाल मैदान के संगम पर स्थित है। प्राकृतिक रचना के अनुसार इसके चार नाम, जिनमें पश्चिम में पठारी भाग, मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्र, दक्षिण पूर्वीय मैदान तथा उत्तर पूर्वीय मैदान है। जिले में 6-7 नदियाँ है, जिनमें मुरार, वैसाली, सिन्ध, पार्वती, नून, छछून्द तथा आसन नदियां प्रमुख हैं, किन्तु अधिकांश नदियाँ वर्ष में सूख जाती है।

जिले में अधिकतम वर्षा जुलाई-अगस्त एवं सितंबर माह में होती है तथा इसकी औसत मात्रा 934 मि.मी है। जिले में सबसे कम तापमान दिसंबर-जनवरी माह में औसत 4 डिग्री तथा अधिकतम तापमान मई-जून माह में औसतन 45 डिग्री सेल्सियस रहता है।

जिले का खनिज भण्डार व्यवसायिक रूप से महत्वपूर्ण है। यहाँ पर खनिज पत्थर तथा फर्सी पत्थर अधिक मात्रा में पाया जाता है। खनिज पत्थर की खदानें 43 हैं तथा फर्सी पत्थर की संख्या 42 है। इसके अतिरिक्त रेत, मुरम तथा खड़िया भी पाई जाती है। यह सहरिया आदिवासियों के रोजगार का साधन यही खदाने हैं। जिले में वन संपदा यत्र-तत्र बिखरी हैं। देशी औषधियों का यहां विपुल भण्डार है।

उद्योगों की दृष्टि से संपूर्ण जिला महत्वपूर्ण है। जिला उद्योग के माध्यम से स्थापित उद्योगों की संख्या 95 है। खादीग्राम उद्योगों की संख्या 116 है तथा ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित उद्योगों की संख्या 65 है। इस प्रकार कुल लघु उद्योगों की संख्या 276, मध्यम उद्योग की संख्या 04 तथा वृहद उद्योगों की संख्या 02 है। इस प्रकार ग्वालियर जिले में कुल 282 उद्योग हैं। उपलब्ध साधनों को दृष्टिगत रहते हुए वन संपदा, कृषि संपदा व खनिज संपदा पर आधारित उद्योगों की प्रचुर संभावना हैं।

ग्वालियर जिला मध्य प्रदेश का एक प्रमुख जिला है। यहां का ग्वालियर शहर एक उद्योगिक केन्द्र है। यह शहर राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक-3 पर स्थित है। यहां परिवहन के साधनों में हवाई जहाज, रेलमार्ग तथा बस मार्ग होने के कारण यातायात के साधनों का जाल बिछा हुआ हैं।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन का मुख्य साधन मोटर गाड़ियां है। जिले में हवाई मार्ग दिल्ली से मुंबई जाते हुए यहाँ से गुजरता है। इसके अतिरिक्त रेलमार्ग दिल्ली से झांसी, मुंबई तथा नक्सी जाने वाली गाड़ियां यहां से गुजरती है। इसके अतिरिक्त संभाग के समस्त जिलों में सड़क द्वारा बसों का साधन हैं। ग्वालियर जिले में पक्की सड़कों की लंबाई 883 कि.मी. है जबकि कच्ची सड़कों की लंबाई 1748 कि.मी. है। जिले में परिवहन के उत्तम साधन उपलब्ध हैं।

ग्वालियर जिले में व्यापारिक बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा अन्य विदेशी बैंक वित्तीय कार्यो का संपादन कर रहे हैं। इस बैकों की संख्या कुल 34 हैं, जबकि इन बैकों की शाखाओं की संख्या कुल मिलाकर 130 है, जो जिले में कार्यरत हैं तथा जिले के विकास में भागीदारी निभा रही हैं। यह शाखाएँ ग्वालियर मुख्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों में व ग्रामीण तथा तहसील क्षेत्रों में पृथक-पृथक हैं। नगरीय क्षेत्रों में 73 बैकों की शाखाएँ तथा

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड (म.प्र.) भारत

ग्रामीण क्षेत्रों में 57 बैकों की शाखाएँ कार्यरत है।

जिले की निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या एवं उसकी बढ़ती हुई आवश्यकताओं तथा औद्योगीकरण होने के कारण उर्जा की आवश्यकता को बहुत अधिक बढ़ा दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में भी बिजलीकरण के कार्यक्रमों के अंतर्गत गाँवों में घरेलू प्रकार की सिंचाई नलकूप तथा पंपिंग सेटों के कारण विगत् वर्षो में उर्जा की मांग बढ़ी है। इसके अतिरिक्त दैनिक जीवन में भी यंत्रों के बढ़ते हुए प्रयोग से उर्जा की खपत पिछले दस वर्षो से बढ़ी है।

जिले में कुल विधुत उपभोग 420179 हजार कि.वा.हा. है, जबकि कुल उपभोक्ता 204433 हैं। इस प्रकार प्रति व्यक्ति उपभोग 0.257 हजार कि.वा.हा. है। जिले में गत् दस वर्षो में विधुत उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं।

ग्वालियर जिले का आर्थिक विकास भी प्रमुख तीन घटकों कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के बढ़ने के कारण ही हुआ है। यह जिला संभाग के अन्य जिलों से आर्थिक विकास की दृष्टि से संपन्न है, किन्तु इन तीनों क्षेत्रों के विकास से जिले का पर्यावरण प्रभावित हुआ है। गत् दस वर्षो में दशा और भी गंभीर हो गई है।

मिटटी की गुणवत्ता में हास मिट्टी प्रदूषण द्धारा ही होता है। प्राय: भूमि पर प्रदूषित जल विभिन्न रसायनों से मिश्रित कीचड़ अथवा कूड़ा फैक दिया जाता है। इसके अतिरिक्त अधिक फसल उत्पादन के लिये विभिन्न उर्वरकों का अधिक प्रयोग किया जाता है, जो जल के साथ निचली परतों में पहुंचते हैं, जो कीचड़ या प्रदूषित जल मिट्टी पर फैलता है, उसमें नाइट्रोजन तत्वों के साथ भारी धातु या जहरीले रसायन भी मिले रहते हैं। इनसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है। फिर मिट्टी से होते हुए ये जहरीले पदार्थ भूमिगत जल को भी प्रदूषित करते हैं।

प्रदूषित मिट्टी से जहरीले कचरे को निकालना कठित होता है। वायु अथवा जल के माध्यम से प्रविष्ट अवांछित अथवा विषाक्त तत्व मिट्टी में शोषित होने के पश्चात् दीर्घकाल तक बने रहते हैं। कुल तत्वों के विषाक्तता में परिवर्धन भी हो सकता है। उदाहरणार्थ डी.डी.टी. डी.डी.ई. में परिणित होकर अधिक जहरीला बन जाता है। अब कुछ दिनों से अधिकतर ट्रेक्टर, हारवेस्टर आदि भारी मशीनों का उपयोग बढ़ रहा है। इन मशीनों के दबाब से मिट्टी कठोर हो जाती है, इस कारण मिट्टी की उर्वरता पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण ग्वालियर जिले की मृदा प्रदूषित हो रही हैं।

कृषि उत्पादन में कृषि की पैदावार में और अधिक बढ़ोत्तरी करने के लिये खेतों में रसायनिक खादों, जैसे-कीटनाशी एवं कवक नाशक रसायनों का प्रतिदिन प्रयोग बढ़ रहा है, जिससे जिले की भूमि में हारिकारक तत्वों की मात्रा बढ़ने से भूमि प्रदूषित हो रही है। इसी प्रकार सोडियम नाइट्रेड से क्षारीय विकास पैदा हो रहा है। भूमि में कीटों को नष्ट करने के लिये डी.डी.टी. बी.एच.सी. जैसे अधिक हानिकारक विषों का अधिक मात्रा में प्रयोग किये जाने से भूमि में रसायनों की मात्रा का अंश कई वर्षो तक रहता है और मृदा प्रदूषित हो रही है।

इसी प्रकार जिले में खेती के लिये खदानों के लिये वन काटे जा रहे हैं, जिससे जिले के पर्यावरण पर प्रभाव पड़ रहा है। जिले की नदियां मौसम के कारण, गर्मियों में अधिकांश सूख जाती है तथा कूड़ा एवं मल आदि अन्य गंदगी गिरने से प्रदूषित हो जाती हैं। यही हाल झील एवं तालाब के जल का हो रहा है, जिससे वह प्रदूषित हो रहे हैं।, क्योंकि कृषि उत्पादन आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण पहलू है, किन्तु उससे जिले की मृदा प्रभावित हो रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गंभीर, संजय कुमार - वायु एवं जल प्रदूषण हिन्दी बुक सेन्टर, नई दिल्ली, 2003
2. मुखर्जीए डॉ. रवीन्द्र नाथ - पर्यावरण प्रदूषण, एवं डॉ. भरत अग्रवाल साहित्य भवन, आगरा 1987
3. नौटियाल, शिवानंद - पर्यावरण समस्या और समाधान, सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली 2004
4. सुखलाल, घनश्याम - पर्यावरण प्रदूषण हिन्द बुक सेन्टर नई दिल्ली, 1999
5. प्रो. जगदीश सिंह - पर्यावरण एवं संविकास राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2001

****

रासायनिक युद्ध ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में

डॉ. गिरीश शर्मा * डॉ. वीरेन्द्र कुमार शर्मा **

शोध सारांश – प्रथम एवं द्वितीय विश्वयुद्ध के समरतंत्र के सूक्ष्म विश्लेषण से यह पूर्णत: स्पष्ट होता है कि रासायनिक युद्ध कर्म के अंतर्गत आक्रमण का मुख्य केन्द्र बिन्दु शत्रु के अधिक जनबल के जमाव वाला स्थान (सार्वजनिक स्थान) होता है। यह सेना के लिए खतरा न होकर आम नागरिकों के लिए खतरा होता है एवं इससे सुरक्षा के लिए व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंध (आपातकालीन प्रबंध) करना होते हैं। इस प्रकार के प्रबंध विशाल क्षेत्रफल एवं विशाल जनबल वाले राष्ट्र के लिए सुरक्षा व्यवस्था करना बहुत ही बड़ी चुनौती होते हैं।

प्रस्तावना – मानव सभ्यता के उद्‌भव से ही युद्ध का एक मात्र उद्देश्य विजय प्राप्त करना अर्थात शत्रु को अपनी बात मनवाने के लिए बाध्य करना रहा है। युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिये सदैव एक ही आधारभूत सिद्धांत रहा है और वह है शत्रु को विस्मित (आश्चर्यचकित) कर देना। यही वह साधन है जिसके द्वारा कम समय तथा परिश्रम के विजय प्राप्त की जा सकती है और इस सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए ही प्राचीनकाल से वर्तमान अत्याधुनिक युग तक सभी सेनानायकों ने शत्रु को विस्मित करने के लिए नवीनतम शस्त्रास्त्रों एवं सामरिकी का उपयोग करते हुए शत्रु को आसानी से कम समय में पराजित होने के लिए बाध्य किया है।

यहाँ यह बात सर्वाधिक उल्लेखनीय है कि सेनानायकों ने रासायनिक पदार्थों का यौद्धिक उपयोग काफी विस्तृत रूप से किया है।'किसी भी प्रकार से शत्रु पर किसी गैस, तरल अथवा ठोस रासायनिक अवयवों का उपयोग करके शत्रु को स्थाई अथवा अस्थाई हानि पहुँचाते हुए युद्ध में विजय प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है, तो यह प्रयास रासायनिक युद्ध की श्रेणी में आता है।'

प्रथम विश्वयुद्ध में विभिन्न राष्ट्रों द्वारा उपयोग में लाये गये विभिन्न रसायनों का संक्षिप्त विवरण (अगले पृष्ठ पर देखे)–

प्रथम विश्व युद्ध के अंतर्गत औद्योगिक क्रांति चूंकि प्रारंभ ही हुई थी। अत: समस्त विश्व में रासायनिक उद्योग अपनी आरंभिक अवस्था में थे। इसके बावजूद भी सभी युद्धरत राष्ट्रों द्वारा कुल मिलाकर 1,80,000 टन रासायनिक एजेंटों का उत्पादन किया गया और उल्लेखनीय बात यह है कि इसमें से लगभग 1,20,000 टन रासायनिक एसेंटों का उपयोग प्रथम विश्वयुद्ध में कर लिया गया था, जो कि बहुत बड़ा प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार प्रथम विश्वयुद्ध में रासायनिक एजेंटों द्वारा प्रभावित व्यक्तियों में जर्मनी से लगभग 2 लाख प्रभावित हुए 9 हजार मारे गये। फ्रांस से 1 लाख 90 हजार प्रभावित हुए 8 हजार मारे गये ब्रिटेन से 1 लाख 89 हजार प्रभावित हुए 8 हजार 1 सौ मारे गये। सोवियत संघ के 4 लाख 75 हजार प्रभावित हुए 56 हजार मारे गये तथा अमेरिका के 73 हजार प्रभावित हुए तथा 15 सौ मारे गये।

प्रथम विश्वयुद्ध की भांति ही द्वितीय विश्वयुद्ध में भी रासायनिक शस्त्रास्त्रों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया। स्पेन के युद्ध में खुलकर क्लोरीन और मस्टर्ड गैस का उपयोग किया गया और एक अनुमान के अनुसार इस युद्ध में कुल मारे गये सैनिकों में से 35 प्रतिशत रासायनिक आक्रमण से ही मारे गये। द्वितीय विश्वयुद्ध में ही जापान ने चीन पर भारी संख्या में रासायनिक बमों का उपायेग किया। जर्मनी ने पौलैण्ड के विरूद्ध मस्टर्ड गैस का उपयोग किया। सोवियत संघ के विरूद्ध भी मस्टर्ड गैस का उपयोग किया। जर्मनी के द्वारा युद्ध बंधियों के लिए बनवाए गए बडे बडे कैम्पों मई 1940 से लेकर दिसम्बर 1943 तक लगभग 25 लाख कैदियों को गैस के चैम्बरों में दम घोंट कर मौत के घाट उतार दिया गया और प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस गैस चैम्बर को बनाने में कार्बन मोनोऑक्साइड और नाइट्रोजन साइनाइड नामक रासायनिक एजेंटों का उपयोग किया गया। सिंगापुर में भी मस्टर्ड गैस का उपयोग 1941 में किया गया। वहीं मिस्त्र के सैनिकों पर इजराइल द्वारा ही नाइट्रोजन साइनाइड का उपयोग किया गाय। ग्रीस के गृह युद्ध में भी गंधक के धुऐं का उपयोग किया गया तो अमेरिका ने उत्तरी कोरियायी ठिकानों पर नांपों नगर में बी–29 बम वर्षक वायु यानों द्वारा नाइट्रोजन साइनाइड का उपयोग किया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Menon, Raja (2004) Weapons of Mass destruction; options for India.
2. Jonathan R. (2018). Indian Ancient Military History : New Delhi.
3. Khanwilkar, M. (1983) Ancient Military History of India.
4. Robinson. J. Perry, Chemical and Biological Welfare
5. The Problem of Chemcial and Biological Warfare : SIPRI. Vol 2 :

* प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (सैन्य विज्ञान) ऋषीश्वर महाविद्यालय, फूप, जिला भिण्ड(म.प्र.) भारत

जर्मनी द्वारा उपयोग में लाये गये रसायन

रसायन	प्रयोग की विधि	प्रयोग की दिनांक	रसायन का प्रभाव
जायलाइल बोनाइड	तोप के गोले में भरकर	31 जनवरी 1915	साधारण अश्रु उत्पाद पदार्थ
बेंजाइल ब्रोमाइड	तोप के गोले में भरकर	मार्च 1915	साधारण अश्रु उत्पाद पदार्थ
ब्रोनो मेथिल एथिल कीटोन	तोप के गोले में भरकर	जुलाई 1915	साधारण अश्रु उत्पाद पदार्थ
ब्रामोएसोटोन	तोप के गोले में भरकर	जुलाई 1915	विषाक्त शुद्ध उत्पादक पदार्थ
फिनाइल कार्बिल एमीन क्लोराइड दैहिक विष	तोप के गोले में भरकर	मई 1916	विषाक्त शुद्ध उत्पादक पदार्थ
मस्टर्ड गैस लिवीसाइड	तोप के गोले में भरकर	12 जुलाई 1917	फफोला उत्पादक पदार्थ
एथिल डाइक्लोअर्साइन	तोप के गोले में भरकर	मार्च 1918	फफोला उत्पादक पदार्थ
फेनिल कार्बिलअमीनफ्लोराइड		मई 1917	दैहिक विष (सिस्टेमेटिक टाक्सिस एजेंट)
फेनिल डाइक्लोआर्साइन	तोप के गोले में भरकर	सितम्बर 1917	फेफड़ो को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (विषाक्त)
रसायन	प्रयोग की विधि	प्रयोग की दिनांक	रसायन का प्रभाव
एथिल डाइफ्लोआर्साइन	तोप के गोले में भरकर	मार्च 1918	फेफड़ो को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (विषाक्त)
फेनिल डाइब्रोमोआर्साइन	मोर्टार बम	सितम्बर 1918	फेफड़ो को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (विषाक्त)
क्लोरीन	सिलेन्डर स्प्रे	22 अप्रैल 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
मेथिल सल्फ्यूरालूल फ्लोराइड	गैस बादल ग्रिनेड	मई 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
डाई मेथिल सल्फेट	तोपे के गोले में भरकर	अगस्त 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
फास्जीन	गैस बादल	19 दिसम्बर 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
ट्राइक्लोरोडाइमेथिल फ्लोरोफार्मेट	तोप के गोले में भरकर	19 मई 1916	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
डाइक्लोरोडाइमेथिल ईथर		जनवरी 1918	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
डाईफिनिल क्लोरो आर्साइन		जुलाई 1917	श्वसन तंत्र को हानि पहुँचाने वाले एजेन्ट (सामान्य)
डाइफेनिल सायनार्साइल		मई 1918	श्वसन तंत्र को हानि पहुँचाने वाले एजेन्ट (सामान्य)
इथाइल कार्बोजोल	तोप के गोल में भरकर	जुलाई 1918	श्वसन तंत्र को हानि पहुँचाने वाले एजेन्ट (सामान्य)
फेनिल डाइक्लोर्साइन	तोप के गोले में भरकर	सितम्बर 1917	विषाक्त
एथिल डाइक्लोर्साइन		मार्च 1918	विषाक्त
एथिल डाइब्रोमार्साइन		सितम्बर 1918	विषाक्त

फ्रांस द्वारा उपयोग में लाये गये रसायन

रसायन	प्रयोग की विधि	प्रयोग की दिनांक	रसायन का प्रभाव
एथिल ब्रोमोएसीटेट	राइफल ग्रिनेड	अगस्त 1914	अश्रु उत्पादक
बेन्जाइल आयोडाइड		नवम्बर 1915	अश्रु उत्पादक
ब्रोमो बेनाइल साइनाइड		जुलाई 1918	अश्रु उत्पादक
क्लोरोएसीटोन	राइफल गैस ग्रेनेड	नवम्बर 1914	विषाक्त अश्रु उत्पादक पदार्थ
आयोडोएसीटोन	तोप के गोले में भरकर	अगस्त 1915	विषाक्त अश्रु उत्पादक पदार्थ
एक्रोलीन	गैस ग्रेनेड, तोप गोले	जनवरी 1916	विषाक्त अश्रु उत्पादक पदार्थ
हाइड्रोसाइनिक अम्ल		जुलाई 1916	दैहिक विष (सिस्टेमेटिक टाक्सीक एजेन्ट)
साइनोजन क्लोराइड		अक्टूबर 1916	दैहिक विष (सिस्टेमेटिक टाक्सीक एजेन्ट)
ऐथिल सल्फ्यूराइडक्लोराइड	तोप के गोले में भरकर	जून 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
मोनोक्लोरो ऐथिल क्लोरोफार्मेट	प्रोजेक्टर बम	18 जून 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)
परक्लोरो मेथिल मरकप्टेन	गैस के गोले	सितम्बर 1915	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)

ब्रिटेन द्वारा उपयोग में लाये गये रसायन

रसायन	प्रयोग की विधि	प्रयोग की दिनांक	रसायन का प्रभाव
ऐथिल आयोडोएसीटेट	राइफल, तोप के गोल	24 सितम्बर 1915	अश्रु उत्पादक पदार्थ

रूस द्वारा उपयोग में लाये गये रसायन

रसायन	**प्रयोग की विधि**	**प्रयोग की दिनांक**	**रसायन का प्रभाव**
क्लोरोपिक्रिन		अगस्त 1916	विषाक्त अश्रु उत्पादक पदार्थ
क्लोरोपिक्रिन	गैस के बादल	अगस्त 1916	फेफड़ों को हानि पहुँचाने वाले पदार्थ (सामान्य)

आस्ट्रिया द्वारा उपयोग में लाये गये रसायन

रसायन	**प्रयोग की विधि**	**प्रयोग की दिनांक**	**रसायन का प्रभाव**
साइनोजन ब्रोमाइड		सितम्बर 1916	फफोला उत्पादक पदार्थ (वेसीकेन्ट)

****

भारत में एकीकृत शिक्षा नीतियाँ और कार्यान्वयन

डॉ. अशोक कुमार त्यागी *

प्रस्तावना – प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार है, चाहे वह किसी भी जाति पंथ, लिंग और नस्ल का क्यों न हो। सरकारी एवं गैर–सरकारी संगठनों के लिये नि:शक्तजनों की शिक्षा प्राथमिक मुद्दा बन गया है। सब के लिये शिक्षा (EFA) का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये सरकार का संवैधानिक दायित्व एवं प्रारंभिक शिक्षा का सर्वव्यापीकरण ही इसका मूल कारण है। अब तक शिक्षा से वंचित वर्ग विशेष रूप से नि:शक्त बच्चों को सामान्य शिक्षा व्यवस्था में जहां तक संभव हो, शामिल करना ही समेकित शिक्षा का उद्देश्य है।

विकसित देशों में भिन्न भारत में नि:शक्त जनों की जनसंख्या (लगभग 60 मिलियन/6 करोड़ P.R. Ramanujam-2000) सर्वाधिक है। जबकि पिछले कुछ दशकों में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में प्रभावशाली प्रगति की है। शक्ति समानता की क्रयशीलता के संदर्भ में विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था है। इसके बावजूद भारत में 260 मिलियन/26 करोड़ से ज्यादा लोग निर्धनता का जीवन यापन कर रहे है। निर्धनता से विकलांगता और विकलांगता के परिणाम स्वरूप निर्धनता (Rao, 1990) का पैदा होना भी भारत में समेकिता शिक्षा के लिये चुनौती बन रहा है।

भारत में विशेष शिक्षा का संक्षिप्त इतिहास तथा एकीकृत शिक्षा के प्रावधान की दिशा में भारत सरकार द्वारा कानूनों और नीतियों में लिये गये परिवर्तन का भी इस शोध पत्र में विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया गया है। नीति निर्माताओं शिक्षा प्रशासकों, शिक्षाविदों के समक्ष एकीकृत शिक्षा की चुनौतियों को ध्यान में रखकर कुछ ऐसे (Strategies) नीतियों को भी प्रस्तुत किया गया है। नीतियों के कार्यान्वयन हेतु बनाये गये विभिन्न कार्यक्रमों और उनके परिणामों का विश्लेषण भी इस शोध पत्र में दिया गया है।

एकीकृत एवं समेकित शिक्षा – संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा सन् 1982 में नि:शक्तजनों के लिये विश्व कार्यक्रम घोषित किया और 1983–1992 को संयुक्त राष्ट्र का विकलांग के लिये दशक घोषित किया गया, उसके पश्चात् सदस्य देशों द्वारा विकलांगता उन्मूलन तथा नि:शक्तजनों के लिये अवसरों की समानता और पुर्नस्थापना के विभिन्न साधनों/तरीकों पर ध्यान दिया जाने लगा। ESCAP एशिया और प्रशान्त क्षेत्रों के लिये गठित आर्थिक सामाजिक आयोग द्वारा 1993–2002 को एशिया प्रशान्त क्षेत्रों का विकलांगों के लिये दशक घोषित किया, तदुपरान्त इस क्षेत्र में तथा भारत द्वारा नि:शक्तजनों की शैक्षिक सुविधाओं और पुर्नस्थापना की दिशा में कदम उठाये गये।

यूनस्को द्वारा 1994 'विशेष आवश्यकता शिक्षा के लिये विश्व सम्मेलन' (UNESCO & "World Conference on Special Needs Education") के पश्चात सलामान्सा घोषण पत्र (Salmanca Statement-1994) जारी किया गया, इसके पश्चात ही विकासशील देशों द्वारा बड़ी संख्या में अपनी नीतियों में परिवर्तन किया गया और उन्हें पुन: निर्धारित करते हुए यह व्यवस्था की गई कि नि:शक्त बच्चे सामान्य विद्यालयों में ही शिक्षा ग्रहण करे। अधिकांश विकसित देशों में (ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिक, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि में) पहले से ही इस प्रकार के कानून अथवा नीतियाँ थी जिनके द्वारा 'समेकित शिक्षा' (Inclusive Education) दी जा रही थी। किन्तु विकासशील देशों द्वारा इन बच्चों को अलग विद्यालयों "Segregated School" में शिक्षा व्यवस्था थी। 'समेकित शिक्षा' आ आशय है कि 'नि:शक्त बच्चों की मुख्य रूप से सामान्य शिक्षा के अन्तर्गत सामान्य कक्षा अध्यापक के द्वारा ही शिक्षा प्रदान करना किन्तु जहाँ आवश्यक एवं न्यायसंगत हो वहाँ नि:शक्त बच्चों की मुख्यरूप से सामान्य शिक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत सामान्य कक्षा अध्यापक के द्वारा ही शिक्षा प्रदान करना किन्तु जहाँ आवश्यक एवं न्यायसंगत हो वहाँ नि:शक्त बच्चों को दूसरी व्यवस्था के अन्तर्गत रिसोर्स रूम (Resources Room) में कुछ सिखाया जाये। (Mastroprier and Scruggs, 2004 p- 7) ऐतिहासिक रूप से यदि देखें तो हम पायेगें कि कुछ शिक्षा व्यवस्थाओं में समेकित शिक्षा की दिशा में एकीकृत शिक्षा मॉडल (Integrated Education Model) को अन्तरिम अवधारणा के रूप में अपनाया गया था। 'एकीकृत शिक्षा' मॉडल में 'जहाँ तक भी संभव हो नि:शक्त बच्चे सामान्य विद्यालय में ही जाते है।' तथा इस बात पर ध्यान दिया जाता था कि सामान्य विद्यालय की व्यवस्था से नि:शक्त छात्र तालमेल बिठाये बजाय बच्चे की शैक्षिक आवश्यकताओं के अनुरूप उनकी पूर्ति कर व्यवस्था से तालमेल बनाये। भारत में आंशिक रूप से विकलांगता से ग्रस्त बच्चों (Mild Disabilities) को (जिन्हें आसानी से सामान्य विद्यालय में शामिल किया जा सकता है) ही एकीकृत शिक्षा प्रदान की गई जो बच्चे गंभीर विकलांगता (Severe Disabilities) से ग्रस्त है उन्हें शिक्षा व्यवस्था नहीं मिली अथवा दुर्लभ स्थिति में वे बच्चे विशेष (Special School) में शिक्षा ग्रहण करते हैं।

विशेष शिक्षा से एकीकृत शिक्षा की ओर – 'वृद्ध बीमार एवं नि:शक्त जनों की देखभाल करना भारत की सांस्कृतिक विरासत का भाग रहा है। (Karna, 1999) प्राचीन समय से ही निर्धन और निराश्रित व्यक्तियों की मदद करना भारत की सांस्कृतिक विरासत रहा है। हिन्दु धर्म के मूल्य करूणा, दया, मानवप्रेम और एक दूसरे की मदद करना रहा है। समुदाय व्यवस्था (Guild System) प्राचीन भारत में होती थी जिससे समाज के वंचित वर्ग की उन्नति में योगदान किया जाता था। संयुक्त परिवार और रक्त संबंधों की प्रथा द्वारा भी इस तरह का समर्थन एवं सहयोग किया जाता रहा है। एम. माईल्स (Mils M., 2000) के अनुसार 'नि:शक्त बच्चों को शिक्षित करने

* 26, छतरपुर, नई दिल्ली-74, भारत

के प्रारंभिक प्रयास भारत में यूरोप से बहुत पहले प्रारम्भ हो चुके थे। उदाहरण स्वरूप तक्षशिला की खुदाई में बच्चों के जिस प्रकार के खिलौने पाये गये, वह विशेष पाठ्यपुस्तक अनुकूल (Specially Adapted Curricula) है। भारत की शिक्षा की गुरूकुल व्यवस्था जो अनेक शताब्दियों तक रही है। वह बच्चों एवं उनके परिवारो की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती रही तथा बच्चे की क्षमताओं को पहचान कर उनको जीवन कौशल की शिक्षा प्रदान करती रही। (Singh, R 2001) हालांकि औपनिवेशिक काल में ये शैक्षिक एवं पुर्नस्थापना की व्यवस्थायें समाप्त हो गई।

भारत में नि:शक्त बच्चों की औपचारिक शिक्षा 1869 में बनारस में जेने लुईपोट (Jane Lupot) द्वारा एक सोसायटी की मदद से प्रारंभ किया गया। सन 1885 में मुम्बई में श्रवण बाधितों के लिये तथा 1887 में अमृतसर में दृष्टि बाधित लोगों के लिये प्रारंभ किया गया। मानसिक एवं शारीरिक विकलांगों के लिये 1918 में कुर्सियांग (पूर्वी भारत) में औपचारिक विद्यालय प्रारंभ किया गया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भी नि:शक्त बच्चों के लिये शिक्षा व्यवस्था अलग विद्यालयों में की जाती रही। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (NGOs) की मदद से इनकी शिक्षा की जिम्मेदारी बढ़ती गई। 1966 तक भारत में विशेष विद्यालयों की स्थिति इस प्रकार रही– (Aggarwal R] 1994)दृष्टि

बाधित विद्यार्थियों के लिये	–	115 विशेष विद्यालय
श्रवण बाधित विद्यालयों के लिये	–	70 विशेष विद्यालय
अस्थि विकलांग विद्यार्थियों के लिये	–	25 विशेष विद्यालय
मानसिक विकलांग विद्यार्थियों के लिये	–	27 विशेष विद्यालय

पाण्डेय एवं अडवानी, 1997 के अनुसार 1991 तक भारत में 1200 विशेष विद्यालय थे–

सन् 1974 में भारत सरकार द्वारा सर्वप्रथम 'एकीकृत शिक्षा' को बढ़ावा देने के लिये विकलांगों के लिये एकीकृत शिक्षा (IEDC) का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम कोठारी आयोग (1964–66) की रिपोर्ट पर आधारित शिक्षा के लिये राष्ट्रीय नीति–1968 के अनुरूप था। इस कार्यक्रम के द्वारा नि:शक्त बच्चों को सामान्य विद्यालयों में प्रवेश को बढ़ावा दिया गया। इन बच्चों को पुस्तकों, लेखन सामग्री, स्कूल यूनिफार्म परिवहन, विशेष उपकरण एवं यंत्र के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में राज्य सरकारों द्वारा 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी गई। किन्तु इस कार्यक्रम को बहुत ही कम सफलता प्राप्त हुई। 1983 में महाराष्ट्र में ए. राने द्वारा किये गये शोध के अनुसार निष्कर्ष इस प्रकार रहा– (1) प्रशिक्षित एवं अनुभवी अध्यापकों की अनुपलब्धता (2) सामान्य विद्यालयों के अध्यापकों एवं स्टाफ में नि:शक्त बच्चों की विशिष्ट शैक्षिक आवश्यकताओं की समस्याओं की जानकारी का न होना है। (3) कार्यक्रम की असफलता का मुख्य कारण शैक्षिक सामग्री एवं उपकरणों की अनुपलब्धता। इस योजना के क्रियान्वयन में संबंधित विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय का अभाव रहा। (आजाद– 1996, पाण्डेय एवं अडवानी 1997 द्वारा)। मनी– 1988 की रिपोर्ट के अनुसार 1979–80 तक इस योजना से पूरे देश में भाग 81 विद्यालयों में 1981 बच्चे शिक्षा से लाभान्वित हुए।

अनेक कमियों के कारण इस कार्यक्रम की 1992 में समीक्षा की गई और पुन: निर्धारित योजना के अनुसार एकीकृत शिक्षा की इस योजना को लागू करने वाले विद्यालयों के लिये 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाने लगी विभिन्न गैर सरकारी संगठनों को भी पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध करायी जाने लगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग की 1999 की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर 17 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में 17040 सामान्य विद्यालयों में 55,271 नि:शक्त बच्चों ने प्रवेश लिया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अनुसार सन् 2000 तक इस योजना का कार्यान्वयन केरल में सर्वाधिक सफलता से किया गया, यहां पर 4487 विद्यालयों में 12961 नि:शक्त बच्चों का प्रवेश था।

सन् 1987 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने यूनिसेफ (Unicef) एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (NCERT) के सहयोग से 'विकलांगों' के लिये एकीकृत शिक्षा की परियोजना (PIED) विकसित की। इस परियोजना को मुख्य उद्देश्य 'विकलांगों की एकीकृत शिक्षा' (IEDC) की योजना को सुदृढ़ करना था। यह योजना किसी एक विद्यालय अथवा संस्थान के लिये कार्यक्रम न होकर 'संयुक्त क्षेत्र अवधारणा' के आधार पर लागू की गई। उस निर्धारित क्षेत्र के अन्तर्गत आने समस्त सामान्य विद्यालयों में इस योजना (PIED) को लागू कर उस ब्लॉक को एकीकृत विद्यालय में परिवर्तित किया गया। इन विद्यालयों को अब विशेष उपकरण शिक्षण सामग्री और विशेष शिक्षा के अध्यापक की व्यवस्था करनी होती थी। इस योजना का मुख्य पक्ष शिक्षकों का प्रशिक्षण। प्रत्येक विद्यालयों के शिक्षकों के लिये उस चयनित ब्लॉक में तीन स्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। यह इस प्रकार से थी –

1. सामान्य विद्यालयों के समस्त शिक्षकों के लिये पांच दिवसीय ओरिएन्टेशन/उन्मुखीकरण कार्यक्रम
2. 10 प्रतिशत शिक्षकों के लिय 6 सप्ताह का तीव्र प्रशिक्षण कार्यक्रम।
3. आठ से दस सामान्य स्कूलों के शिक्षकों के लिये एक वर्षीय बहुवर्गीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। एक वर्षीय प्रशिक्षण के उपरान्त शिक्षक को रिसोर्स शिक्षक के रूप में कार्य करना होता था।

इस परियोजना के काफी सकारात्मक परिणाम आए। जंगीरा एवं अहूजा 1993 के अनुसार, शिक्षकों को अब पहले की तुलना में ज्यादा अच्छी कार्यक्रम योजना और प्रबंध कौशल उपलब्ध होने लगा। अनेक राज्यों ने इस नई एकीकृत कार्यक्रम की अपनी क्षमता को बढ़ावा। सामान्य विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्रों के लिये अब नि:शक्त बच्चे स्वीकार्य होने लगे। इस परियोजना की सफलता शिक्षा विभाग की वचनबद्धता के कारण संभव हो सकी।

1993 में 'भारतीय पुर्नवास परिषद्' के गठन के उपरान्त एक और ऐतिहासिक कार्य भारत सरकार द्वारा 1996 में 'नि:शक्त जन अधिनियम 1995'बनाकर किया गया। यह अधिनियम (Persons with Disabilities [Equal Opportunities Protection of Rights and Full Participation) Act of 1995, पुर्नवास की दृष्टि से प्रतिबंधात्मक एवं प्रगति मूलक है। यह अधिनियम विकलांगता की प्रारंभिक स्तर पर पहचान उसका उन्मूलन, शिक्षा रोजगार, भेदभाव समाप्ति, शोध और मानव शक्ति का विकास, सुरक्षात्मक उपाय सामाजिक सुरक्षा और शिकायत निवारण आदि का प्रावधान व्यापकता से करता है। दृष्टिहीन, अल्पदृष्टि, कुष्ठरोगी, श्रवण बांधित, अस्थि विकलांगता, मानसिक अविकसित ओर मानसिक अस्वस्थ। इस अधिनियम के द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि भारत सरकार, राज्य सरकारें और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारें यह सुनिश्चित करें कि '18 वर्ष तक आयु के नि:शक्त बच्चों को नि:शुल्क और उचित शिक्षा मिलें।' शासन के तीनों स्तरों पर एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा दिया जाये। यह

अधिनियम विशेष आवश्यकता बाले बच्चों की शिक्षा की व्यापक योजना का प्रावधान करता है तथा परिवहन सुविधा, बाधारहित भवन, नि:शुल्क पुस्तकें एवं अन्य अध्ययन सामग्री, छात्रवृत्ति, पाठ्यक्रम की पुर्नरचना, परीक्षा प्रणाली में परिवर्तन इनकी विशेष आवश्यकतानुसार करने की सुविधा प्रदान करता है।

भारत जैसे देश में जहाँ विकलांगता की समस्या इतनी अधिक जटिल हो तथा संसाधनों का नितांत अभाव एवं उदासीन सामाजिक दृष्टिकोण हो। वहाँ केवल एक मात्र आशा की किरण-यह अधिनियम/कानून ही है, जो इस परिस्थिति में आमूल परिवर्तन ला सकता है, हालांकि बहुत कम समय में समाज के रूख में क्रांतिकारी परिवर्तन लाना संभव नही है। किन्तु नि:शक्तजनों के लिये शिक्षा, रोजगार, सार्वजनिक भवनों, बाजारों, परिवहन एवं संचार की उपलब्धता संभव हो सकेगी।

यदि यह अधिनियम पूर्ण ईमानदार एवं इच्छा शक्ति से लागू कर दिया जायें तो 3 करोड़ नि:शक्त बच्चों की शैक्षिक परिस्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन हो जायेगा, जो अभी शिक्षा की सुविधा से वंचित है। हालांकि विश्व के दूसरे सबसे बड़ी जनसंख्या वाले इस देश में इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक चुनौतियों एवं मुद्दे का समाधान भारतीय समाज में लघु एवं वृहद स्तर पर किया जाना है।

वर्तमान में समेकित शिक्षा के कार्यान्वयन में चुनौतियों इस प्रकार है-

1. **विकलांगता और निर्धनता के पारस्परिक संबंध -** भारत की जनसंख्या लगभग 1 अरब 2 करोड़ से अधिक है जो विश्व की जनसंख्या का 17 प्रतिशत है तथा विश्व मे विद्यालय न जाने वाले बच्चों में 20 प्रतिशत बच्चे भारत में है। कनाडियन इन्टरनेशनल डेवलपमेंट एजेन्सी (CIDA-2003) के अनुसार यद्यपि भारत ने पिछले कुछ दशकों में प्रभावशाली प्रगति की है और वह आज विश्व की 11वीं औद्योगिक शक्ति है फिर भी भारत में 26 करोड़ व्यक्ति निर्धनता का जीवनयापन करते हैं। अधिकांश नि:शक्त बच्चे निर्धन परिवारों में है। राव (1990) के अनुसार निर्धनता का कारण विकलांगता है, पर भारत जैसे देश में विकलांगता का कारण निर्धनता भी संभव है। निर्धनता और विकलांगता के इस मेल से अभावग्रस्तता पैदा हो रही है। तथा इस सामूहिक लक्षण के कारण नि:शक्तजनों का समुदाय की सामान्य दिनचर्या एवं गतिविधियों तथा सामान्य विद्यालय जाने की प्रक्रिया में बाधा खड़ी हो रही है। बी.एल. शर्मा (2001) के अनुसार वर्तमान में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नि:शक्त बच्चों के परिवारों को लक्ष्य बनाकर गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर 3 प्रतिशत निधि प्रदान की है। यद्यपि बच्चों को विद्यालय भेजने के लिये इनके निर्धन परिवारों को प्रेरित करना एक बहुत बड़ी चुनौती है।

2. **प्रचलित अभिवृत्ति में परिवर्तन की चुनौती -** नि:शक्तजनों के सामाजिक एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा सामान्य व्यक्ति की विकलांगों के प्रति सोच/अभिवृत्ति है। अत्याधिक गंभीर विकलांगता एंव दिखाई देने वाली विकलांगता के प्रति अछूत एवं अलगाव की भावना देखने को मिलती है। सामान्य विद्यालयों में इन बच्चों के जाने के प्रयासों पर इस प्रकार की भावना एवं सोच को धार्मिक संस्थानों द्वारा भी प्रबलता प्रदान की जाती है। हिन्दुओं (जो भारत की कुल जनसंख्या का 85 प्रतिशत है) का विश्वास है कि विकलांगता पूर्व जन्म में किए गये पापों का परिणाम है। अक्सर कर्म के सिद्धान्त का उल्लेख कर दिया जाता है। इसी तरह मुस्लिम भी विकलांगों के जीवन में सुधार के प्रयास को 'अल्लाह की इच्छा की अवज्ञा अथवा व्यक्ति के कर्म में हस्तक्षेप मानते है।' (राव-1999, हेरीकस व्हाईट-1996)।

आलुर (2001) के अनुसार भारत में विकलांगता को सामान्य स्वभाविक अथवा प्राकृति नहीं मानते है बल्कि इसे बुरी नजर से देखा जाता है। विकलांगता ग्रस्त परिवारों में भी इसे एक दोष, पाप एवं लांछन के रूप में देखने का भय भी पाया जाता है। हालांकि भारतीय समाज में विभिन्न मूल्यों को समाहित, स्वीकार एवं एकीकृत करना रहा है। किन्तु विकलांगता के मामले में सामाजिक भूमिका बड़ी नकरात्मक, भेदभाव मूलक और अलगाववादी रही है।

यह 3 करोड़ नि:शक्त बच्चों की इतनी बड़ी क्षमता पर कुठाराघात है। विकलांगता के संबंध में पूर्वाग्रह, मानसिक एवं अविवेक पूर्ण कहावतों को जड़ से उखाड़ना होगा।

3. **सार्वजनिक शिक्षा के बारे में जागरूकता के अभाव की चुनौती** -वर्तमान अधिनियम के बारे में अधिकांश व्यक्ति, संरक्षक विद्यालयीन कार्मिकों आदि को जानकारी नहीं है। सामान्य विद्यालयों में नि:शक्त बच्चों को शामिल करने पर वित्तीय सहायता की उपलब्धता की जानकारी ही नही है। यद्यपि इस बात के प्रमाण भी है कि जहां पर कुछ शिक्षाविदों को शासन की नीतियों एवं कानूनों की जानकारी है वहां पर एकीकृत शिक्षा के कार्यान्वयक में उनकी दृष्टि सकारात्मक है। (शर्मा 2001) तथा जहाँ पर सरंक्षकों (माता-पिता) को इस बारे में ज्ञान है और वे एकीकृत शिक्षा का समर्थन करते है वहाँ इसका सकारात्मक प्रभाव विद्यालयीन कार्मिकों पर देखने को मिलता है। जब तक लोगों को विशेष रूप से नि:शक्त बच्चों के माता-पिता एवं विद्यालय में कार्यरत कार्मिकों को इस अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी न हो जाये तक भारत सरकार तथा राज्य सरकार की एकीकृत शिक्षा के प्रति वचनबद्धता व्यर्थ ही है। बी.एल. शर्मा (2001) यद्यपि निरूशक्तजन अधिनियम के बारे में माता-पिता, सरकारी अधिकारियों के अनुसार गैर सरकारी संगठनों आदि को जानकारी देने का प्रयास किया गया है किन्तु विस्तार की दृष्टि से यह काफी सीमित ही रहा है। (चटर्जी-2003) 'राष्ट्रीय विकलांगता संसाधन केन्द्र' की अत्यधिक आवश्यकता है जो विकलांगता के विभिन्न पक्षों की जानकारी एकत्रित एवं प्रदान करने का कार्य करें एवं सूचना प्रौद्योगिकी, दूर संचार की तकनीक का प्रयोग करते हुए इनके विभिन्न साधनों- टी.वी., रेडियों एवं इंटरनेट आदि का प्रयोग किया जाए। जनसंचार के विभिन्न साधनों से कार्यक्रम प्रसारित किये जाये। मनोरंजनात्मक कार्यक्रम, डाक्यूमेन्टरी प्रोजेक्ट, विडियो कार्यक्रम आदि भारत के विभिन्न भागों में इस केन्द्र द्वारा प्रस्तुत किये जाये। इन कार्यक्रमों का शिक्षाविदों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जो यह समझते है कि एकीकरण केवल पश्चात्य अथवा विकसित देशों में ही संभव है।

4. **मूल कार्मिकों/शिक्षकों को पर्याप्त प्रशिक्षण की चुनौती -** भारत के सामान्य विद्यालयों में इन बच्चों के शिक्षा कार्यक्रम के प्रकार एंव उनके कार्यान्वयन करने वाले व्यक्ति अधिकांशत: अप्रशिक्षित है। अधिकांश शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में विकलांगता अध्ययन शमिल नहीं है। मेरेठी एंव नारायण (2000) के अनुसार जिन विश्वविद्यालयों ने अपने यहां विशेष शिक्षा को पाठ्यक्रम में रखा भी है वे एकीकृत व्यवस्था में शिक्षकों को पर्याप्त व्यवहारिक प्रशिक्षण उपरान्त विशेष अथवा एकीकृत विद्यालय में नियुक्ति बहुत ही कम दी जाती है।

पूरे देश में ही विषयवस्तु, प्रक्रिया और परीक्षा आदि में अत्याधिक भिन्नता पायी जाती है यद्यपि वर्तमान के कुछ वर्षों में भारतीय पुर्नवास परिषद् द्वारा समय बद्ध तरीके से विशेष शिक्षा के कार्यक्रमों का मूल्यांकन कर उनका एक न्यूनतम स्तर निश्चित किया है, इन बच्चों की आवश्यकता

अनुरूप न केवल विशेष शिक्षा के प्रशिक्षित शिक्षक नितांत ही कम है। बल्कि प्रशिक्षित शिक्षाविदों का भी अत्याधिक अभाव है। इसी कमी को देखते हुए परिषद् ने भविष्य में अधिक संख्या में शिक्षकों को प्रशिक्षण की अनुशंसा की है। विशेष शिक्षाविदों के वर्तमान प्रशिक्षण कार्यक्रम को परिषद् पुन: निर्धारित कर एकीकृत शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देगी। सामान्य विद्यालयों में एकीकृत शिक्षा को कार्यान्वित करने के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का कार्य ये विशेष शिक्षाविद ही केन्द्रीय मूल संसाधन के रूप में करेगें। और अपने अनुभवों के आधार पर इन्हें व्यवहारिक मुद्दों पर सलाह देगें।

5. अपर्याप्त संसाधन की चुनौती – भारत के अधिकांश विद्यालय का डिजाईन एवं निर्माण निम्न स्तर का है जिनमें बहुत ही कम नि:शक्त बच्चों की आवश्यकता को पूरी करते है। चटर्जी (2003) के अनुसार, सामाजिक पूर्वाग्रह एवं नाकारात्मक सोच/अभिवृत्ति की तुलना में विकलांगों के अनुकूल परिवहन सेवा, भवन की पहुँच/उपयोगिता आदि का अभाव बड़ी समस्या है। विद्यालयों में शिक्षा की इस एकीकृत व्यवस्था के क्रियान्वयन की सफलता हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों को अधिक संसाधन प्रदान करने होगें।

भारत को इन चुनौतियों से अधिक एवं आगे जाकर इन कठिन शैक्षिक सुधारों को लागू करने हेतु अन्य विकासशील देशों की भिन्न विशेषताओं को बाँटना होगा। भारत एक बहुभाषी एवं बहुपंथी राष्ट्र है जिसके निवासी कठोर सामाजिक आर्थिक एवं जातीय आधारों पर विभाजित है। इसलिये चुनौतियों को सावधानी पूर्वक पहचान कर उनका निराकरण व्यवस्थित तरीके से किया जाये अन्यथा एकीकरण की नीति मात्र कागजों पर ही रह जायेगी। यहाँ आगामी भाग में भारत के नीति निर्माताओं द्वारा एकीकृत शिक्षा के कार्यान्वयन हेतु कुछ उपयोगी नीति योजना प्रस्तुत है।

चुनौतियों का समाधान हेतु संभावित नीति–

1. शिक्षकों का प्रशिक्षण– वास्तव में भारत में यदि एकीकृत शिक्षा लागू करनी है तो शिक्षकों के प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षा अधिकारियों को प्रत्येक विद्यालय से या कुछ विद्यालयों के समूह से एक अध्यापक को प्रशिक्षित करने की नीति अपनानी होगी। विभिन्न विकलांगताओं के बच्चों के साथ काम करने के गहन प्रशिक्षण के उपरान्त इस शिक्षक को किसी एक विद्यालय अथवा आस–पास के दायरों में स्थित कुछ विद्यालयों में एकीकरण विशेषज्ञ या एकीकरण सुगामी (Integration Specialist or Inclusion Facilitator) के रूप में कार्य करना होगा। अनेक शोधकर्ताओं ने भी ऐसे अनुशंसा की है। और भारत में अनेक भागों में कुछ मात्रा में यह कार्यक्रम–1987 योजना के द्वारा चल भी रहा है। इसी प्रकार का प्रशिक्षण सेवारत शिक्षकों को भी दिया जाये, जिसे वे अपने ज्ञान एवं कौशल को वर्तमान स्तर का रख सके। इस प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम की विषयवस्तु की पहचान भी एक महत्वूपर्ण कार्य रहेगा। भारत की विभिन्नता (सामाजिक– आर्थिक, भाषायी एवं धार्मिक आदि) के कारण भविष्य में निरन्तर शोध की आवश्यकता रहेगी। कुछ शोध कार्यों द्वारा यह निष्कर्ष पाया गया कि मूल कौशल, व्यावसायिक ज्ञान, संचार और वार्तालाप कुशलता, मूल्यांकन की तकनीक, संसाधन प्रबंध, बहुस्तरीय शिक्षण का ज्ञान, निर्देशात्मक तकनीक, समकक्षों का शिक्षण और सहयोगात्मक सीखने की तकनीक आदि की नि:शक्त बच्चों की नियमित कक्षाओं में आवश्यकता रहती है, इनका प्रयोग किया जाये।

2. प्रशिक्षण की नवीन विधियों एवं तकनीक की आवश्यकता– भारत में सामान्य विद्यालयों के शिक्षकों को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण दिये बिना एकीकृत शिक्षा के कार्यक्रम कर सफलतापूर्वक लागू नहीं किया जा सकता। प्रशिक्षित होने वाले शिक्षकों की बड़ी संख्या को देखते हुए यह निश्चित है कि वर्तमान परपंरागत प्रशिक्षण पद्धति हमारी आवश्यकता की पूर्ति नहीं कर पायेगी। इसलिये शिक्षकों के व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के लिये कुछ नवीन विधियों एवं तकनीक की आवश्यकता है।

पी.आर. रामानुजम (2001) के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों को शिक्षित करने हेतु दूरस्थ मुक्त अधिगम Distance Open Learning & DOL का प्रयोग किया जा सकता है। चूंकि (IGNOU) इग्नू ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों हेतु इस (DOL) पद्धति सफलता पूर्वक पाठ्यक्रम चला रहा है। इग्नू RCI के सहयोग से नि:शक्त बच्चों को संरक्षक, प्रशिक्षक एवं शिक्षकों हेतु विभिन्न पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की योजना बना रहा है। जिसमें एक सात दिवसीय पाठ्यक्रम इन बच्चों के माता पिताओं हेतु सत्र 2006 से प्रारंभ किया जा चुका है। यद्यपि इस प्रकार के समस्त पाठ्यक्रमों में महत्वपूर्ण व्यवहारिक प्रयोग ही है।

3. विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय की आवश्यकता– विभिन्न मंत्रालयों द्वारा निशक्तजनों हेतु कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही है। 'एकीकृत शिक्षा' का उत्तरदायित्व मानव संसाधन विकास मंत्रालय का है एवं विशेष विद्यालयों में शिक्षा देने का उत्तरदायित्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का है। इससे सीमित संसाधनों की बर्बादी ही होती है। तथा भारत की क्षमता इस प्रकार के प्रशासनिक प्रबंध को वहन करने की नहीं है। नि:शक्तजनों के कल्याण हेतु निधि का प्रभावी एवं उचित उपयोग करने हेतु इस प्रकार के प्रशासनिक प्रबंधों को छोटा करने की आवश्यकता है।

4. एकीकृत शिक्षा के क्रियान्वयन में गैर सरकारी संगठनों को शामिल करना– कनाडा अर्न्तराष्ट्रीय विकास एजेन्सी–2003 के अनुसार भारत में दस लाख से ज्यादा गैर सरकारी संगठन कार्यरत है। सभी संगठन शिक्षा के क्षेत्र में कार्य नहीं करते फिर भी बड़ी संख्या में गैर सरकारी संगठन नि:शक्त बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहे है। ये ही संगठन एकीकृत शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं चूंकि ये सम्पूर्ण भारत में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा समुदाय में पहले से ही कार्यरत है। परन्तु यह आश्चर्यजनक बात है कि अधिकांश ये संगठन नि:शक्त बच्चों को अलग ही विशेष शिक्षा की व्यवस्था को ही अच्छा मानते है। इसलिये यह आवश्यक है कि इन संगठनों के प्रमुखों को एकीकृत शिक्षा एवं उसके व्यवहारिक पक्ष की जानकारी और प्रार्थना दिया जाये। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में इन संगठनों को अधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाये चूंकि नि:शक्त बच्चों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है।

5. वैकल्पिक परीक्षा प्रणाली की स्थापना– अधिकांश विद्यालयों के शिक्षकों को यह मानना है कि एकीकृत शिक्षा से विद्यालय के स्तर में कमी आती है। तथा नि:शक्त बच्चे परीक्षा उत्तीर्ण करने के योग्य नहीं होते। इससे शिक्षकों की प्रोन्नति भी प्रभावित होती है। अत: नि:शक्त बच्चों के लिये वैकल्पिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है। अमेरिका में इस प्रकार की व्यवस्था पहले से ही है जिसमें विद्यार्थियों को अयोग्यता की बजाय योग्यता दिखाने अथवा प्रदर्शित करने को कहा जाता है। यदि भारत में भी यही परीक्षा प्रणाली प्रारंभ की जाये तो शिक्षक एवं विद्यार्थी दोनों ही ज्यादा सुविधा का अनुभव करेगें।

6. विद्यालय–विश्वविद्यालय सहभागिता– भारत की बहुभाषी एवं बहुधर्मी प्रकृति होने के कारण किसी भी प्रकार के शिक्षा सुधार के कार्यान्वयन में चुनौती रहती है। संघ शासित क्षेत्रों एवं राज्यों में स्थिति स्थानीय

विश्वविद्यालयों की भूमिका इस प्रकार की चुनौती का सामना करने में महत्वपूर्ण हो सकती है। इन विश्वविद्यालयों द्वारा स्थानीय विद्यालयों को शामिल कर प्रोजेक्ट बनाकर प्रत्येक क्षेत्र हेतु उपयोगी नीतियों को लागू किया जाए। प्रत्येक राज्य में शिक्षाविदों द्वारा सामान्यत: बोली जाने वाली भाषा में व्यवहारिक नीतियों की विषयवस्तु अथवा पाठ्यक्रम बनाया जाये।

पाश्चात्य देशों के अनेको उदाहरणों से स्पष्ट है कि इस प्रकार के सामूहिक प्रोजेक्ट अथवा प्रयोगों से काफी सकारात्मक परिणाम सामने आए है। उदाहरण स्वरूप आस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में मोनाश विश्वविद्यालय एवं कैथालिक शिक्षा आयोग विक्टोरिया के मध्य लर्नि इमप्रूव इन नेटवर्किंग कम्युनिटिज (LIM) नामक प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक चला। इस प्रोजेक्ट के द्वारा विद्यालय के वातावरण में ऐसे कारकों की पहचान करना जो सफलता पूर्वक एकीकृत अभ्यास, सीखने वाले समुदाय का निर्माण, सीखने के अवसरों एवं परिणामों का विद्यार्थी पर सकारात्मक प्रभाव आदि में योगदान कर सकें। 45 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों से विशेष शिक्षा के स्नातकोत्तार डिप्लोमा में अध्ययन के समय एक सामूहिक पूछताछ अवधारणा का प्रयोग (A Collaborative Inquiry Approach) किया गया। विद्यालय आधारित व्यावसायिक विकास को केन्द्र बिन्दु शिक्षकों के अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों के परिणाम देखे गये। इन परिणामों में विशेष आवश्यकता हेतु पूर्ति की अवधारणा के स्थान पर सहयोगात्मक संकटपूर्ण प्रतिबिम्बित और स्पष्ट एकत्रित अवधारणा संगठनात्मक अभ्यासों अथवा निर्देशात्मक सूचनाओं हेतु अपनायी गई। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के परिणामों में सुधार हुआ किन्तु मूल्य आधारित विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि दो विद्यालयों में वहां की परिस्थितियों के संदर्भ में अपेक्षा से ज्यादा अच्छे परिणाम आए।

निष्कर्ष – भारत में भारतीय पुनर्वास परिषद् की स्थापना विकलांगों के कल्याण के कल्याण की दिशा में उठाया गया एवं महत्वपूर्ण कदम था। नि:शक्तजन अधिनियम 1995 के द्वारा भारत एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देने वाले और इस हेतु कानून बनाने वाले देशों में शामिल हो गया। प्रमुख कानूनी बाधा को पार कर भारत ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अधिनियम के प्रमुख उद्देश्यों क प्राप्त करने हेतु इसमें उल्लेखित विभिन्न प्रावधानों को लागू करना अभी भी चुनौती बना हुआ है। सामान्य जनों एवं शिक्षकों के विकलांगता के प्रति रूझान अथवा सोचने के तरीकों (जो प्राचीन समय से प्रचलित रहे है।) को शिक्षा कार्यक्रमों के द्वारा ही परिवर्तित किया जा सकता है। विश्वविद्यालयों द्वारा शोध आधारित प्रयासों, सहभागिता और समर्थन की तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय शिक्षाविदों के वित्तीय एवं सामूहिक प्रतिबद्धता की इस प्रकार के शिक्षा कार्यक्रमों की आवश्यकता रहेगी। भारत में एकीकृत शिक्षा की सफलता इस देश की विविधता की संस्कृति में भारती शिक्षाविदों और शिक्षा व्यवस्था के सामूहिक प्रयासों पर ही निर्भर है। सामान्य जनों में विकलांगता के प्रति जागरूकता और भारत की शुद्ध होती अर्थव्यवस्था भी नि:शक्त बच्चों के लिये एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम को उपलब्ध एवं सुचारू बनायेगी। एकीकृत शिक्षा की सफलता से एक बड़ी मानव शक्ति इस तेजी से विकसित होते राष्ट्र के निर्माण में योगदान कर सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Adams, Fred (1991) ed. Special Education in 1990s, Longman, Essex.
2. Alur, Mithu,(1997), Scoial Extegration of Disabled People in India, The Spastic Society of India, Mumbai.
3. Alur Mithu (2001), Inclusion in the Indian Context, Humanscape.
4. Azad, Y.A. (1996), Integration of disabled in common schools: A Survey study of IEDC in the countrry, New Delhi, NCERT. 5. Baquer, Ali and Sharma, Anjali (1997). Disability; Challanges VS Responses New Delhi CAN Publishers.
6. Canadian International Devlopment Agency (CIDA).(2003). India Country Program Framwork (2002-2007) from www.acdi.gc.ca
7. Chatterjee, G (2003). The globle movement for inclusive education.from:http//www.indiatogether.org/2003/apr/eduinclusive.htm.
8. Das, A.K. and Pillay A.N. (1999, December). Inclusivge education for disabled students, Challenges for teacher education.
9. Jangira, N.K. & Ahuja, A. (1993), Special India. Asia Appraiser (Oct. -Dec.), 6-11
10. Jha, M.M. (2002), Bariers to access and success: In inclusive education an answer? 29 July-02 Aug. 2002 16p. Duraban South Africa.
11. Karna, G.N. (1999). United Nations and rights of disabled persons. A study in Indian perspective, New Delhi A.P.H. Publishing Corporation.
12. Mastropieri, M.A. & Scruggs. T.E.(2004). The inclusive classroom: Stradegies for effective instruction .NY Pearson.
13. Miles, M. (2002) Disability in South Asia- Millennium to millennium Asia Pacific Disability Rehabilitation Journal. 11(1), 1-10.
14. Ministry of Law Justice and Company Affairs (1996). The Persons with Disabilities Act -1995.
15. Pandey R.S & Advani, L. (1997) Perspectives in disabilities and rehabilitation, New Delhi.
16. Ramanujam P.R. (2001)DOL and disability studies. Retrieved July 10, 2003.
17. Rehabilitation Council of India. (1996) Report on Manpower Development,
18. Sharma K. (1992) Integrating children with special needs. Agra.
19. Sharma U. & Desai, I. (2002) Measuring concerns about integrated education in India. Asia and Pacific Journal on Disability, 5(1), 2-14.
20. UNESCO. Salamanca Statement, 1994.
21. Website http/portal.unesco.org./education/en/ev.php.
22. http://www.dsq-sds.org/articles html/2005/winter/sharma_deppler.html.

****

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कार्यशील महिलाओं की दोहरी भूमिका : एक अध्ययन

मोनिका आमारे*

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र कार्यशील महिलाओं की दोहरी भूमिका पर आधारित है। वर्तमान समय में शिक्षण तथा सेवा क्षेत्र ने महिलाओं को अत्यधिक आकर्षित किया है। लेकिन कार्य की अनुकूलता और आकर्षण वेतन के साथ-साथ महिलाओं से जुड़ी शिक्षा का स्वर और पारिवारिक पृष्ठभूमि आदि कारक महिलाओं के समक्ष कार्य और परिवार का दोहरा दबाव उपस्थित करते हैं अर्जित एवं प्रदत्त भूमिका के बीच की कामकाजी महिला किस प्रकार सामंजस्य करती हैं? प्रस्तुत अध्ययन इसी तथ्य के उत्तर की खोज करने का प्रयास है।

प्रस्तावना – आज वैश्वीकरण के दौर में जब सम्पूर्ण विश्व एक छोटे से गाँव में तबदील होता जा रहा है और प्रत्येक देश अपनी क्षमताओं को विकसित कर उपलब्धियों को प्राप्त करने के क्षेत्र में अग्रसर हो चुका है तब प्रत्येक देश अपनी आधी जनसंख्या अर्थात् महिलाओं को इस विकासात्मक प्रक्रिया का अंग मानकर प्रत्येक क्षेत्र में सहभागिता देने लगा है।

भारत के प्रत्येक मध्यमवर्गीय स्त्री सुशिक्षित है। दिन-प्रतिदिन की आर्थिक समस्याओं को पूरा करने के लिए दफ्तरों ओर इत्यादि जगहों पर जाकर काम करती हैं। पुराने दिनों की तरह लड़कियाँ अब अशिक्षित नहीं रही हैं। महिलाएँ पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सर्वत्र जगह चल रही है और कामयाब भी हो रही है।

'जिसके हाथ में पालने की डोरी, वही जगत की उद्धारी।' अर्थात् वह माता जो पालने की डोरी हाथ में पकड़कर व लोरी गाकर बच्चे को सुलाती है, उसका पालन-पोषण करती है, वही उसमें अच्छे संस्कार डालकर उसके व्यक्तित्व का निर्माण करती है। वही संसार का उद्धार करने वाली होती है।

महिलायें आज एक सफल इंजीनियर है, डॉक्टर या शिक्षक या दफ्तरों के अफसर, ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहाँ महिलाओं ने अपनी कावलियत को प्रमाण न किया हो। सुबह से लेकर शाम तक दफ्तरों में बैठकर कार्य करना फिर अपने परिवार के लिए खाना बनाना, बच्चों और पति की छोटी-बड़ी जरूरतों का विशेष ध्यान देना महिलाएँ बखूबी करती है। पुरूषों के पास दफ्तरों से आकर आराम करने का विकल्प होता है लेकिन महिलाओं के लिए ऐसा नहीं है। चाहे वह कितनी भी थकी हो उन्हें घर पर अपना कर्तव्य प्रत्येक दिन पालन करना पड़ता है। पूरे विश्व और कई छोटे महाद्वीपों में औरतों ने अपनी प्रतिभाओं से सबको चकित कर दिया है। हर क्षेत्र में जैसे सेना, परिवहन, ड्राइवर जैसे कार्यो में पुरूषों की तरह जिम्मेदारी और हिम्मत के साथ काम किया और अपने आपको साबित किया। अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भी औरतों ने कई मैडल जीते। इसके साथ ही उन्होंने अपना और अपने देश का नाम रोशन किया।

उद्देश्य :

1. कार्यशील महिलाओं की व्यावसायिक भूमिका का मूल्यांकन एवं विश्लेषण करना।
2. कार्यशील महिलाओं के निजी एवं व्यावसायिक जीवन के समायोजन को ज्ञात करना।
3. उत्तरदाताओं की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि को ज्ञात करना।
4. परिवार में कार्यशील महिलाओं की स्थिति का अध्ययन करना।

कार्यशील महिलाओं के समक्ष चुनौतियाँ :

1. कानूनी प्रतिबंध – अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अध्ययन के अनुसार, 143 अर्थव्यवस्थाओं में से लगभग 90 प्रतिशत में कम से कम एक महत्वपूर्ण, लिंग आधारित कानूनी प्रतिबंध विद्यमान है।

2. पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण – 2011 के NSSO डेटा के अनुसार उच्च जातियों तथा उच्च आय वाले परिवारों की महिलाएँ घर के बाहर कम कार्य करती है।

श्रम कानूनों में नारी संरक्षण :

1. मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961
2. बीड़ी तथा सिगार कर्मचारी अधिनियम, 1966
3. बीड़ी वर्कर्स वेल फेयर एण्ड रूल्स, 1978
4. कारखाना अधिनियम, 1948
5. कान्ट्रेक्ट लेबर एक्ट, 1970
6. समान पारिश्रमिक अधिनियम, 1976
7. चिकित्सकीय गर्भपात अधिनियम, 1971

कार्यशील महिलाओं की समस्याएँ :

1. घर में सम्मान पाते, घरेलू हिंसा से बचने, एवं परिजनों के अपमान से बचने के लिए जब एक महिला आत्मनिर्भर होने के लिए घर से बाहर निकलती है, तो उसे समाज और पुरूष सत्तात्मक सोच रखने वालों से सामना करना पड़ता है, अनेक लोगों की टीका टिप्पडियों, अर्थात् तानाकशी, घूरती निगाहों से सामना करना पड़ता है।
2. उदंड व्यक्तियों की छेड़कानियों से बचने के लिए उपक्रम करने होते है, कभी- कभी तो बलात्कार और प्रतिरोध स्वस्थ हत्या का शिकार भी होना पड़ता है।
3. जब वह अपने कार्यस्थल पहुँचती है तो उसे अपने सहयोगियों और बॉस की दुर्भावनाओं का शिकार होना पड़ता है।
4. कार्यस्थल से शाम को लौटते समय भी उसे अनेक अनहोनी घटनाओं की आशंका से ग्रस्त रहना पड़ता है उसके मन में व्याप्त असुरक्षा की

*शोधार्थी, स्कूल ऑफ सोशल साइन्स, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

भावना आज भी उसके जीवन को कष्टदायक बनाये हुए है।

5. महिलाओं को अपने वेतन के मामले में भी शोषण का शिकार होना पड़ता है, जब उन्हें पुरूषों के मुकाबले कम वेतन के लिए कार्य करना पड़ता है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययन में कार्यरत महिलाओं की भूमिका और उनमें सामंजस्य स्थापित करती महिलाओं के वर्णन से संबंधित प्रश्न के उत्तर में पाया कि कामकाजी महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या है ढोहरी जिम्मेढारील का बोझ। वर्तमान में महिलाएँ संयुक्त परिवारों से निकलकर, एकाकी परिवार में रहना चाहती है। वे पारिवारिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहती है। संक्षिप्त रूप से कहा जा सकता है कि महिलाओं का स्थान पुरूषों के समान महत्वपूर्ण है, अत: उनकी प्रत्येक क्षेत्र में उपस्थिति को नकारा नहीं जा सकता है।

सुझाव :

1. कामकाजी महिलाओं की स्थिति में गुणात्मक सुधार करने की दिशा में प्रयास किए जाने चाहिए, जैसे प्रत्येक क्षेत्र में उनकी हिस्सेदारी व महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका में वृद्धि करना।
2. महिलाओं को अपने कार्यक्षेत्र एवं समाज में होने वाली असुविधा को स्वयं दूर करना होगा। इसके लिए उसे संविधान में वर्णित सभी अधिकारों को प्रयोग में लाना होगा।
3. सार्वजनिक तथा निजी प्रतिष्ठानों में महिला सुरक्षा और आत्म सम्मान से जुड़ी आधारभूत प्रणाली का विकास किया जाए तथा कार्यशील महिलाओं के व्यवसायिक संतुष्टि के लिए उन्हें उनके श्रम के अनुरूप वेतन दिया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंह, डॉ. मनोज कुमार, (2000), **भारत में सामाजिक परिवर्तन,** आदित्य पब्लिशर्स बीना (म. प्र.)।
2. शर्मा अनुपम तथा वार्षणेय संगीता, (2013), **इक्कीसवीं शताब्दी में महिला समस्याएँ एवं सुभावनाए,** अल्फा पब्लिकेशन नई दिल्ली।
3. सिंह वी.एन. (2010), **आधुनिकता एवं महिला सशक्तिकरण रावत पब्लिकेशन्स,** जयपुर।
4. भार्गव, नरेश, (2014), **वैश्वीकरण समाजशास्त्रीय परिपेक्ष्य**, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
5. बोरकर हेमलता (2011), बोरकर हेमलता, **कार्यशील महिलाओं की सामाजिक भूमिका एवं संघर्ष,** सिंघई पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, रायपुर।
6. गुप्ता पंकज, (2014), **मानवाधिकार और महिलाएं,** साहित्यकार प्रकाशन, जयपुर।
7. गप्ता सुभाष चन्द्र, (2004), **कार्यशील महिलाएं एवं भारतीय समाज,** अर्जुन पब्लिशिंग हाउग्स, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

उत्तर आधुनिकता का मानव जीवन पर प्रभाव

डॉ. अशोक कुमार त्यागी *

प्रस्तावना – विभिन्न विधाओं में उत्तर आधुनिकता से परिवर्तन आता है। दर्शन में पहले, दर्शन, न्याय, कानून एवं कर्त्तव्य क्या है? की चर्चा होती थी। उत्तरार्द्ध दर्शन में भी कहीं-न-कहीं व्यावहारिकता है। हम मनुष्य की प्रकृति को बेहतर कैसे बना सकते है? यही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। हम बेहतर कैसे बना सकते हैं यही समकालीन चिन्तन है। हमें लगता है कि राजनीतिक चिन्तन एक सीधी दिशा में चलते चला जाता है जबकि उत्तर आधुनिक विचारक इसको बीच-बीच में टूटा हुआ मानते हैं एवं परत पड़ गया है। चिन्तनों की सतह-पर-सतह के बीच जगह बची है। चिन्तनों पर एक प्रकार का चिन्तन ही उत्तर आधुनिकता है। आधुनिक चिन्तन असीमित विकास में विश्वास करता है। रूसो, हीगल, मार्क्स मानते हैं कि उन्नति असीमित की जा सकती है विज्ञान हर समस्या का समाधान दे सकता है एवं इसकी सीमा नहीं है। जबकि उत्तर आधुनिकता कहते है कि असीमित विकास साधारण नहीं है। यह एक विकास नही बल्कि प्रगति में बदल जाती है। आधुनिक काल में माना जाता था कि हर समस्या की समाधान विज्ञान में है। उत्तर आधुनिकता विचारक हाइजनवर्ग की अनिश्चित का विज्ञान को मानते हैं। धीरे-धीरे आध्यात्मिकता आ गयी। विज्ञान की भी सीमा है। उत्तर आधुनिकता मानते हैं कि उत्तर आधुनिकता किसी तरह के बीच के दरार, महत्वहीन विचार को ढूढ़ने का प्रयास करते हैं।

संरचनावादी मानते हैं कि संचरना के परत के अन्दर सारी संरचना आ जाती है। सारे अंग एक दूसरे से जुड़े होते हैं तब संरचना हो जाता है। आदमी का शरीर एक व्यवस्था है। व्यवस्था शरीर संरचना है। बाल, नाक, कान जुड़े हैं। सबकी उपयोगिकता है। कोई भी चीज बेकार नही है। जनजातियों की गीत, छप्पर ढंग सब कुछ जनजातीय संस्कृति से जुड़ा है। कोई भी मिथक जो खत्म हो जाती है उसकी कुछ-न-कुछ अर्थ है। उत्तर आधुनिकता मानते हैं कि संरचना में कुछ ढीले पार्ट को जानने की जरूरत है संरचना 'टाइट' नही है इन्हें समझने की जरूरत है। डेरिडो, 'विखण्डन' का सिद्धान्त देता है। विखंडनवाद का अभिप्राय है कि संरचना में कुछ बिखराव है उसमें सृजनात्मकता की जगह है जिसको जानने की जरूरत है। ये सब भाषा विज्ञानी है। Sassure says that "The whole structure define a particular world. Structure defines by word". डेरिडा जरूरत मानता है कि हम शब्द को ही समझे।

मेरी भव बाधा हरो।
राधा नागरी सोय।।
जा तन की झाइ पड़े।
श्याम हरित द्धति होय।।

इसमें कृष्ण एवं राधा की लौकिक ज्योति की पूजा की है। श्याम कृष्ण एवं गोरी राधा दोनों मिलकर आये।

डेरिडा कहते हैं कि श्याम वर्ण एवं हरा वर्ण मिलकर एक तीसरा रंग की उत्पत्ति करते हैं। ये विखण्डन की बात करता है। डेरिडा विभेद शब्द का भी इस्तेमाल करता है वह कहता है कि उच्चारण एक ही है परन्तु कहने का अर्थ अलग-अलग होता है सुनने वाला कोई भी अर्थ निकाल सकता है। व्यक्ति को शब्द सुनने के बाद सोचना चाहिए कि कितने शब्द है। शब्दों की अर्थ बदलते रहते है। वह विभेद शब्द की आवश्यकता मानता है। उत्तर आधुनिक कला एवं संस्कृति में नये एवं पुराने दोनों की नकल लेकर बनाया गया एवं विभिन्न सुविधायें अपनायी गयी। ये बिखरा हुआ होता है। उत्तर आधुनिकता में सामान बिखरा हुए जगहों पर पैदा किया जाता है। सारे पार्ट-अलग-अलग जगह बनाये जाता है।

1950 में पेरिस में अपार्टमेंट बना था यदि किसी को इलाहाबाद में घर बनवाना है तो जमुना एवं गंगा के बीच में बनवाना पड़ता है। आज बड़े-बड़े शहरों मे नौकरों का भी बायोडाटा देना पड़ता है। ड्रग ट्रैफिकिंग, काला बाजार में बदल गया। 1920 में अपार्टमेंट को गिराना पड़ा था। किसी भी घर की कोई खास पहचान नही होती थी। अत: इसको उत्तर आधुनिकता माना गया। सत्ता का विकेन्द्रीकरण हो गया है। दैनिक भोग पर भी व्यवस्था की जा रही है। उद्योगों एवं संगठनों में भी सारी व्यवस्था भाड़े पर है। उत्तर आधुनिकता में सत्ता विकेन्द्रीत है। आदिम समाज में पहले तीन-चार पीढ़ियों के लोग एक ही जगह रहते थे। वर्तमान में परम्परागत परिवार छोटे-छोटे परिवार आ गयी, शहर आ गये। उत्तर आधुनिकता में सारे लोग अलग-अलग रहते हैं। एक ही परिवार के लोग अलग-अलग जगह पड़े हुए हैं। उत्तर आधुनिकता में कोई सत्य नहीं है कोई सार्वभौमिकता नहीं है।

	घटक	**आधुनिक**	**उत्तर-आधुनिक**
1.	विनिर्माण	कार्यात्मक	पुन: संग्रहीत
2.	उत्पादन का तरीका	जन उत्पादन /कारखाने	असंगठित उत्पादन/ उत्पादन पर ध्यान /उत्तर फोर्डिज्म
3.	संगठन	वेबरीयन पदानुक्रम	तदर्थ सेवा/अधिवस्तावाद एवं पुनर्निर्माण
4.	समाजशास्त्र	संगठित परिवार	बिखरे घर/बिखरा व्यक्तिवाद
5.	विज्ञान का दर्शन	मूल्य निरपेक्ष अध्ययन	मूल रहित अध्ययन/प्रणाली की अराजकतावाद/ व्याख्यावाद एवं विचारात्मकता
6.	दर्शनशास्त्र	सर्वव्यापकता की खोज	प्रति-स्थापनात्मकता
7.	मनोविज्ञान	समग्रित वास्तविक	विखण्डित व्यक्ति

* 26, छतरपुर, नई दिल्ली-74, भारत

		व्यक्ति	
8.	नीतिशास्त्र	दोहरा दर्शन	परिस्थितिजन्य
9.	मीडिया	प्रिन्ट में समीपता	वीडियो, चैनल में अलगाव एवं एम0टी0वी0
10.	समस्यात्मक	आधुनिक, वृहद् सार	उत्तर आधुनिकता/ बिखरा अध्ययन
11.	विज्ञान	न्यूटन	हाइजेनबर्ग

डेरिडा ने 'स्लीपेज' का सिद्धान्त दिया है जैसे कोई व्यक्ति सारी बात वाक्य में नही कहा हो। अलगाव में शब्दों में साम्यता नहीं है सारे अर्थ अनिश्चित है। कुछ भी अर्थ हो सकता है। यही कारण है कि डेरिडा कहते हैं कि अर्थ एक तैरते हुए कारक है जो अपने स्वरूप में लगातार बदलाव करते रहते हैं। तत्वमीमांसा की उपस्थिति में हमें नये अर्थ से परिचित होना है। डेरिडा कहता है कि विद्धानों की बातें अनकही रह गयी। सारे शब्द का अर्थ अलग हो गये है। शब्द को हमें विखण्डन से देखना चाहिए। विपरीत शब्द इस्तेमाल किये जाने चाहिए। पुरुष/महिला हो सकता है कि बीच की अर्थ होगी। जिसे वह 'शब्दिक अचेतना' कहता है यही दार्शनिकों को जानने का प्रयास करना चाहिए। यही तरीका वह द्धिअर्थी विरोध में भी प्रयोग करता है। पूर्व-पश्चिम में बीच का भी भाव हो सकता है। डेरिडा का मानना है कि कुछ दशाओं में इसका विरोध भी किया जा सकता है।

फूको एक नए तरह का चिन्तन देता है। यह 'डिस्कोर्स का सिद्धान्त' देता है। वह कहते है कि हमारा समाज विभिन्न 'डिस्कोर्स' से संचालित होता है। एक 'डिस्कोर्स' खत्म होने पर दूसरा बना दिया जाता है। चिन्तन का सतत् विकास नहीं हुआ है। बीच-बीच में दरार है। राजनीतिक चिन्तन का इतिहास टूटा हुआ, बिखरा हुआ, असतत् एवं निरन्तर नहीं है। वह कहता है कि भू-गर्भीय पद्धति अपनायी जानी चाहिए जैसे भूगर्भशास्त्र का अध्ययन है। एक पत्थर के ऊपर दूसरी चट्टान है बीच में दरार होता है। इसी तरह चिन्तन भी अलगाव रखता है। यह मजबूत नहीं है। फूकों के अनुसार, शक्ति सत्य के साथ जुड़ी है, शक्ति सत्य का निर्माण करती है, ज्ञान ही शक्ति है। शक्ति ही ज्ञान है। शक्ति एक प्रकार का सम्बंध है। यदि क, ख के ऊपर नियंत्रण रखता है तो वह शक्तिशाली है। शक्ति सत्य को बनाती है जैसे शरीर का खराब होना है तो हमारी स्वतंत्रता खत्म हो जाती है तो हम डाक्टर के हिसाब से चलते है तब हम सिर्फ शरीर रह जाते है एक चिकित्सकीय डिस्कोर्स में व्यक्ति सिर्फ एक शरीर रह जाता है। शिक्षा में ज्ञान धारी शिक्षक बच्चे को जो बताता है वही सत्य है। फूको ज्ञान को शक्ति मानता है। समाज में तरह-तरह के अलग-अलग लोग है उनके पास भी अधिकार होना चाहिए। जो जेल में है उनकी भावनाओं की भी कद्र की जानी चाहिए। वह मानता है कि वर्तमान समय में उतनी स्वतत्रंता नही है जितनी ग्रीस में थी। फूकों 'होमोसेक्सुअल' की भी बात करता है। गोल्टारी और डेलेग भी कहते हैं कि ओडिपस काम्पलेक्स ठीक है। व्यक्ति को इतनी स्वतंत्रता होनी चाहिए।

लियोटार्ड अल्जीरिया के समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता थे। यह मार्क्स से भिन्न विचार रखता था। वह कहता है कि जो कट्टर मार्क्सवादी है वह मानते हैं कि क्रान्ति औद्योगिक क्षेत्र मे आयेगी एवं मजदूर इसके प्रवाहक होगे। लियोटार्ड कहता है कि अल्जीरिया एक कृषि प्रधान देश है क्रान्ति के लिए कृषक को लाना पड़ेगा। अन्य लोग इससे सहमत नहीं थे। मार्क्सवादी मानते थे कि पूँजीवादी व्यवस्था पूँजी पर आधारित होती है। लियोटार्ड कहते हैं कि पूँजी महत्वपूर्ण नही है। आज ज्ञान पर आधारित समाज है। बिल गेट्स आई0टी0 में सबसे धनी है। पूँजीपति वही होगा जिसके पास ज्ञान होगा वही सम्प्रभू होगा। मार्क्स के दर्शन को गलत साबित करता है लियोटार्ड परम्परागत मार्क्सवाद में सुधार की बात है। वृहद सार की बात करता है। यह छोटे-छोटे विचारों को पनपने नहीं देते हैं। मार्क्स के विचारों के सामने लियोटार्ड के विचार नहीं सुने गये। लियोटार्ड चाहता है कि छोटे-छोटे विचारों में सत्यता की खोज की जानी चाहिए। लियोटार्ड एक प्रति मौलिकवादी विचारक हैं।

बुडिलार्ड कहते है कि आधुनिक समय में नकल एवं सही के बीच अन्तर खत्म हो गया हैं। वह सिमुलाक्रा शब्द का इस्तेमाल करता है। उदाहरण के लिए अमरीकी डिजनीलैण्ड को लोग वास्तविक मानने लगे हैं। लोग अप्राकृतिक को वास्तविक समझने लगते हैं। मीडिया सिर्फ दुर्घटना को ही दिखाता है। इराक युद्ध को लोग वीडियोगेम की तरह मानने लगे थे। इसमें संवेदना नही होती है। जबकि पहले ऐसा नहीं था। यह मीडिया के कारण ही हुआ है। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर किस तरह धुआ निकल रहा है। यह एक मनोरंजन का भाग है। यह फिल्म की तरह हो गयी है। यही सिमुलाका है। कई विद्धान मार्क्स के परम्परागत सिद्धान्तों में बदलाव चाहते हैं। मार्क्स शोषण समाप्त करना चाहता है। वह भले ही विभिन्न रूपों में है। अलगाव ही मार्क्स का निचोड़ है।

उत्तर आधुनिक कहते हैं कि यह नारीवाद में भी है इसमें मार्क्सवाद, पर्यावरण हरित आन्दोलन को भी जोड़ना चाहिए। रिचर्ड रोरटी (अमरीकी) ने उत्तर दर्शन दिया है। दार्शनिक बताता है कि लोग कानून का पालन क्यों करें? ईश्वर कैसे हैं? तरह-तरह की समस्याओं पर मनन करना है। (Philo + Sophy - Love of Knowledge) मनुष्य की प्रकृति क्या है? मनुष्य की उत्पत्ति कैसे हुई रिचर्ड के अनुसार यह नहीं है। मनुष्य की प्रकृति को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है रिचर्ड के अनुसार यही मनन होना चाहिए।

उत्तर नारीवादी में सारी नारियों की जगह स्थान के अनुसार बदलती रहती है। पूरी दुनिया में महिलायें शोषित है यही नारीवादी मानते हैं। परन्तु उत्तर नारीवादी मानते हैं कि सारी महिलाओं की समस्या सार्वभौमिक नहीं है सारी महिलायें अलग-अलग है। अमरीका की सफेद महिला एवं अफ्रीका की काली महिला की समस्या अलग-अलग है। अमरीकन क्लब में जाने की छूट ड्रीक की छूट चाहती है जबकि एशिया की महिला रोटी, कपड़ा एवं मकान के लिए संर्घरत है।

डेरिडा मानते हैं कि प्लेटो से मार्क्स तक का अर्थ निश्चित नहीं है। उसे हमें विखण्डित करके ही पढ़ना चाहिए। डेरिडा एक उत्तर संरचनावादी है। सरंचनावादी बताते हैं कि किसी भी भाषा के एक मतलब होता है। इनकी एक व्यवस्था होता है। डेरिडा कहता है नये सिरे से देखना ही विखण्डन है। भाषा एक व्यवस्था नहीं है। तमाम भागों का एक दूसरे से कुछ लेना-देना नहीं है यह अनिश्चित है। पहले सत्य को खोजा जाता था। न्यूटन, आइंसटीन मानते हैं कि कुछ शाश्वत् नियम है जिसे विवेक द्धारा हम ढूढ़ सकते हैं। विज्ञान के सिद्धान्त को लोगों ने विभिन्न विषयों से जोड़ा था। उन नियमों को ढूढ़ कर हम सत्य खोजते थे। उत्तर संरचनावादी मानते हैं कि सत्य गढ़ा जाता है इसको खोजा नही जा सकता है। सत्य विश्वव्यापी नहीं वरन् गढ़े हुए व्यक्ति के हिसाब से होता है। सत्य उत्तर आधुनिकता से जुड़ा है। विद्धान मानते हैं कि मानसिक सुख जुड़ा हुआ है। सत्य समय-समय पर स्थान-स्थान पर बदलता रहता है। डेरिडा कहता है कि प्लेटों से मार्क्स तक जो कहा है वह एक-दूसरे से जुड़ा है परन्तु ऐसा नहीं है। जो कुछ लिखा गया है वह लिखने वाले के दिमाग की उपज था इसको डेरिडा 'Mataphysic of Presence' कहता है।

डेरिडा कहते हैं कि ऐसा नही है क्योंकि जब कोई बात कहता है कि सुनने वाला अलग-अलग अर्थ निकालता है। इसका कोई सही नही है कि

सुनने वाला एक ही बात समझे क्योंकि शब्द अलग-अलग अर्थ बताते हैं। शब्दों के अर्थ स्थिति, समय एवं स्थान के साथ बदलते रहते हैं। टेक्स्ट का कोई एक निश्चित अर्थ नहीं है। जितने भी उत्तर आधुनिक विचारक है। उनका काम है कि समय, स्थान के हिसाब से अलग-अलग अर्थ निकाले। जैसे- ब्राह्मण शब्द का अर्थ मनु के समय में अलग था, आज बसपा के लिए ब्राह्मण अलग हैं। संरचनावादी मानते हैं कि सारा अर्थ स्पष्ट है। डेरिडा ने द्वन्द्वात्मक विरोध या मूल्य पदानुक्रम का विरोध किया। जैसे-गण् बनाम् अराजकता, पश्चिमी बनाम् पूर्वी, महिला बनाम् पुरुष, मूल्य पदानुक्रम को हम एक को दूसरे की अपेक्षा बेहतर मानते हैं परन्तु डेरिडा कहते हैं कि यह आवश्यक नहीं है। हो सकता है कि महिलाएं पुरुषों से बेहतर हो सकती है एवं इसका विरोध किया जाना चाहिए। न्यूटन कहता है कि कुछ तर्कसंगत कानून है एवं इसमें महिलायें विवेकपूर्ण नही है। डेरिडा को कुछ हद तक नारीवादी माना जाता है।

अमरीका की सफेद महिलाओं की समस्याओं को अलग-अलग करके देखना पड़ेगा। यह एक वर्ग नही है। उत्तर नारीवादी मानते हैं कि हमें समय एवं स्थान के अनुसार अलग-अलग देखना होगा। 16 से 60 साल की महिला की समस्या अलग-अलग बचपन में पिता, युवा में पति एवं वृद्धावस्था में पुत्र के संरक्षण में अलग है। यह विभिन्नता एवं पहचान पर निर्भर करते हैं। कहीं-कहीं पर महिलायें पुरुषों से बेहतर स्थिति में है यह जनजातियों में पायी जाती है। सार्वभौमिकता नहीं पायी जा सकती है। उत्तर आधुनिक विचार में उत्तर औपनिवेशिक विचार भी है। औपनिवेशिक युग में विषय मनुष्य था। जबकि बाद में उपनिवेश विषय हो गये। जो इतिहास में दिखाया गया कि जो शासन कर रहे हैं वे विकसित हैं। जिन पर शासन किया जा रहा है वे असभ्य हैं। भारतीयों को असभ्य के रूप में दिखाया गया है। जो आधा मनुष्य आधा हब्शी दिखाया गया है। भारतीयों की शक्ल अमरीका में सपेरों की तरह दिखाया जाता है। यूरोप के साहित्य शासन को दिखाया जाता है जो कि पश्चिम की तरफ मुडे भी माना जाता है। इडवर्ड सईद मिस्र ने खतरे में उत्तर औपनिवेशिक चिन्तन लिखा। मिस्र की प्रगति, विकास दिखाया गया है। आर्किटेक्चर में कुछ कल्पना एवं वास्तविकता भी जोड़ी गयी है। उपन्यास एवं विभिन्न साहित्य में वास्तविक कहानी दिखाया जाता है। पहले सारांश दिखाया जाता था। आज पुनर्निर्मित बनाया जाता है। पहले परम्परागत संगीत था आज दोनों को मिश्रित करके सुनाया जाता है। जितने भी मूल्य, नैतिकता है उनके आधार नहीं है। समय-समय पर बदलता रहता है। नैतिकता वस्तुनिष्ठ है बदलाव करती रहती है यह सार्वभौमिक नही है यह संस्कृति से संस्कृति तक बदलती रहती है। इसका कोई मौलिक आधार नहीं है।

विशेषताएं :

1. यह संदेह व्यक्त करता है। आधुनिकतावाद के विचार से संदेह व्यक्त करता है। आधुनिक चिन्तन यह विश्वास करता है कि असीमित विकास किया जा सकता है। जबकि उत्तर आधुनिक मानते हैं कि सीमित विश्वास संभव नही है। आधुनिक विज्ञान से सारी समस्या का समाधान मानते थे जबकि उत्तर आधुनिक इसे संभव नही मानते। उत्तर आधुनिक कहते हैं कि सभी तरह के विचारों को महत्व दिया जाय। मार्क्सवाद एक ऐसा विचार है जो हजारों विचारों के मध्य में खुद को स्थापित करता है। जो उत्तर आधुनिक विचारक है वे बड़ी विचारों की अवहेलना करते हैं। फांसीवाद, मार्क्सवाद के ये विरोधी है।
2. उत्तर आधुनिक विचार मीडिया से संबंधित है।
3. वे धार्मिक पुनरूत्थान की बात करते हैं।
4. उदारवादी लोकतंत्र का समर्थन करते हैं। ये सार्वजनिक एवं निजी के अन्तर को समाप्त करने में विश्वास रखते हैं।
5. ये सांस्कृतिक सापेक्षता में विश्वास रखते हैं। इसीलिए लिप्से कहता की सभी मूल्यों की पुन: मूल्यांकित करनी चाहिए।

उत्तर आधुनिकता की आलोचना निम्नलिखित है-

1. यह राजनीतिक यथास्थिति वाद रखने में विश्वास रखता है। ऐसा विचारक जेम्सन मानते हैं।
2. ईगल्टन कहता है कि यह समाजवाद के विरूद्ध कार्य करता है।
3. नोरिस कहता है कि बुडिलार्ड का जो खाड़ी युद्ध की वास्तविकता को नकारना एक तरह से सांस्कृतिक सिद्धान्त के खोखलेपन को दर्शाता है।
4. हैबरमास कहता है कि उत्तर आधुनिकता विचारधारा के स्तर पर यह संदेह के घेरे में आता है।
5. उत्तर आधुनिकता यह अपने आप में एक बड़ा सिद्धान्त हो गया जबकि यह सिद्धान्त का विरोध करता है।
6. लियोटार्ड कहता है कि उत्तर आधुनिकता एवं आधुनिकता एक दूसरे की हमेशा प्रतिवादित करते रहते हैं।यह सर्किल की तरह चलता रहता है। क्योंकि हम उत्तर आधुनिक युग में हैं।
7. क्रोकर एवं कुक कहता है कि यह एक पैनिक संस्कृति है। यह पैनिक किताब, सेक्स, कला, विचारधारा, शरीर एवं आवाज का सिद्धान्त है। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि उत्तर आधुनिकता ने अपने चिंतन से मानव जीवन को प्रभावित किया है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. फ्रेडरिक जेम्सन : पोस्ट मार्डनिज्म ऑर, द कल्चरल लॉजिक ऑफ लेट कैपिटलिज्म, 1991, ड्यूक यूनिवर्सिटी प्रेस, न्यूयार्क, ISBN-0-978-8223-0929-1।
2. जीन फ्रांकोस लियोटार्ड : द पोस्ट मार्डन कन्डीशन, 1979 यूनिवर्सिटी ऑफ मिनीसोटा प्रेस, फ्रांस।
3. क्रिस्टोफर बटलर : पोस्ट मार्डनिज्म : ए वेरी शार्ट इन्ट्रोडक्शन, 2002 ऑक्सफोर्ड यूनिवसिटी प्रेस, ब्रिटेन।
4. लिंडा हचेन : ए पोएटिक ऑफ पोस्ट मार्डनिज्म, 1988, रूटलेज प्रकाशन, लन्दन, ISBN-0-203-35885-61।
5. जीन बुडीलार्ड : सिमुलाक्रा एण्ड सिमुलेशन, 1994, मिशीगन यूनिवर्सिटी प्रकाशन, अमरीका, ISBN-0-472-09521-81।
6. थॉमस डोचटी : पोस्ट मार्डनिज्म : ए रीडर, 1993, रूटलेज प्रकाशन, न्यूयार्क, ISBN-0-7450-1243-81।
7. क्रिस्टोफर बटलर : पोस्ट मार्डनिज्म, 2010, स्टर्लिंग प्रकाशन, ISBN-9781402768804।
8. स्टीफेन हिक्स : इक्सप्लेरिंग पोस्ट मार्डनिज्म : स्पेक्टिसिज्म एण्ड सोशलिज्म फ्राम रूसो टू फूको, 2004, स्कालर्गी पब्लिशिंग हाउस, अमरीका, ISBN- 1-59247-642-2।
9. पेरी एंडरसन : द ओरिजिन्स ऑफ पोस्ट मार्डनिटी, 2002, वर्सो प्रकाशन, लंदन, ISBN-1-85984-222-4।

****

धार्मिक नगरी उज्जैन में स्थित मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटल क्षिप्रा रेसिडेन्सी के आय - व्यय का तुलनात्मक अध्ययन (वर्ष 2010-11 से 2012-13 तक)

टीना यादव* डॉ. कृष्णकांत शर्मा **

प्रस्तावना - भारतीय संस्कृति में पर्यटन का महत्तव अनादि काल से है। प्राचीन काल से ही भारत में धार्मिक पर्यटन का अस्तित्व रहा है। मध्यप्रदेश भारत का हृदय स्थल है, यह सम्पूर्ण भूभाग धार्मिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं चिकित्सकीय पर्यटन के लिये जाना जाता है। यहाँ सुदूर क्षेत्रों से पर्यटकों का आगमन होता रहता है। इतना ही नहीं खजुराहो, साँची, बाँधवगढ़, उज्जैन, भोपाल एवं ग्वालियर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटकों का आगमन होता रहता है।

मध्यप्रदेश में पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार को देखते हुए, राज्य शासन द्वारा पर्यटन संचालनालय की स्थापना सन् 1961 में की गई, तत्पश्चात् सन् 1972 में सचिवालय स्तर पर पर्यटन विभाग को स्वयं का अस्तित्व स्वतंत्र रूप से प्रदान किया गया। 24 मई 1978 को मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति मंत्रालय ने पर्यटन विकास निगम का गठन किया। सन् 1997 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पर्यटन संचालनालय को समाप्त कर आयुक्त पर्यटन कार्यालय का गठन किया गया। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम का गठन 1 करोड़ की मूल पूँजी से प्रारंभ हुआ था। पर्यटन के नये आयाम प्रदर्शित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा 10 अप्रेल 2017 को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के नाम से प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का निर्माण किया गया, जिसकी अधिकृत अंश पूँजी 10 करोड़ है। मुख्य रूप से अब इसका कार्य शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा गतिविधियों की वित्तीय सहायता एवं प्रबंधन करना है।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थलों पर पर्यटन विकास निगम के 64 से अधिक होटलों एवं रेस्टोरेंट का संचालन किया जाता है, प्रस्तुत आलेख में धार्मिक नगरी उज्जैन में स्थित मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटल क्षिप्रा रेसीडेंसी के आय व्यय का तुलनात्मक अध्ययन (वर्ष 2010-11 से 2012-13) प्रस्तुत किया है।

होटल शिप्रा रेसिडेन्सी उज्जैन - मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित होटल शिप्रा रेसिडेन्सी (3 स्टार) प्रीमियम रेसिडेन्सी होटल है। इसकी स्थापना मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा सन् 1992 में की गई थी। यहाँ लगभग 45 कर्मचारी व अधिकारी कार्यरत हैं। होटल शिप्रा रेसिडेन्सी उज्जैन के केन्द्र में स्थित है, तथा यह महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर से सिर्फ 3.1 कि.मी. दूर देवास रोड़, माधव क्लब के पास फ्रिंगज क्षेत्र में स्थित है। यहाँ पर पर्यटकों के लिए बेहतरीन आवास सुविधा के साथ-साथ एक भारतीय रेस्टोरेंट सुविधा व मयशाला की सुविधा भी उपलब्ध है। यहाँ पर 10 सुईट रूम, 20 डीलक्स रूम व 18 एसी रूम इस प्रकार कुल 48 रूम हैं। सभी कमरों में एसी, टी.वी. और अटेच बाथरूम है। यहाँ एक बगीचा, निजी पार्किंग एवं एक सुसज्जित सम्मेलन हॉल स्थित हैं जोकि मीटिंग, कॉर्पोरेट कार्यक्रम और शादियों के लिए एक आदर्श स्थान है, यहाँ पर डॉक्टर सुविधा भी ऑन कॉल उपलब्ध है।

शिप्रा रेसिडेन्सी बेहतरीन होटलों में से एक हैं जो रेस्टोरेंट व बार संचालन के साथ-साथ अपने अतिथियों की इच्छाओं की पूर्ति करता है। उज्जैन शहर धार्मिक महत्तव के लिए जाना जाता है, इसलिए यहाँ सामान्य रूप से सभी होटलों में मयशालाएँ न होकर कुछ ही होटलों में यह सुविधा उपलब्ध होती हैं। यह होटल 24 घंटे फ्रंट डेस्क और मेहमानों के लिए रूम सर्विस प्रदान करता है। होटल से रेल्वे स्टेशन की दूरी 2 कि.मी. है, व निकटतम हवाई अड्डा 58.2 कि.मी. दूर इन्दौर में है। होटल की निजी वेबसाईट - shipraresidency@mp.gov.in है।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटल शिप्रा रेसिडेन्सी, उज्जैन के तीन वर्षों 2010-2011 से 2012-2013 तक का आय व्यय विवरण

तालिका क्रमांक - 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 का प्रतिशत चालू वर्ष का आधार वर्ष 2010-2011 में भाग देकर एवं 100 से गुणा करके निकाला गया हैं।

Current year / Base year X 100

आय विवरण - तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि होटल शिप्रा रेसिडेन्सी, उज्जैन में सर्वाधिक आय बियर एवं लिकर के विक्रय से हुई है। आलोच्य अवधि की आय का प्रतिशत ज्ञात करने हेतु वर्ष 2010-2011 को आधार वर्ष मान कर बाकी वर्षों का प्रतिशत ज्ञात किया गया है। वर्ष 2011-2012 में 124.27 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में लगातार बढ़ते हुए 148.88 प्रतिशत हो गया। वहीं लिकर के विक्रय से वर्ष 2011-2012 में 111.98 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में अपेक्षाकृत वृद्धि करते हुए 138.8 प्रतिशत रहा। साथ ही ट्रान्सपोर्ट आय में भी लगातार वृद्धि देखी गई, वर्ष 2011-2012 में 136.74 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में लगातार बढ़ते हुए 147.45 प्रतिशत हो गई। इनमें होने वाली वृद्धि का मुख्य कारण इकाई में पर्यटकों का निरन्तर आगमन रहा है। केटरिंग इनकम

* शोधार्थी, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** ग्रंथपाल, शासकीय महाविद्यालय, कायथा, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

में भी आलोच्य अवधि में लागातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2011-2012 में 95.84 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में बढ़ते हुए 105.77 प्रतिशत हो गई। जिसका मुख्य कारण शादी, पार्टियाँ, कॉन्फ्रेन्स मीटींग आदि का आयोजन निरन्तर बने रहना है। स्टॉफ मिल में कमी व वृद्धि दृष्टिगोचर हुई, जो वर्ष 2011-2012 में 151.23 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 122.11 प्रतिशत रही।

लॉजिंग इनकम मे भी अपेक्षाकृत रूप से वृद्धि देखी गई, जो वर्ष 2011-2012 में 97.06 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में बढ़ते हुए 102.26 प्रतिशत हो गई। जिसका कारण होटल द्वारा पर्यटकों को दी गई छूट रहा जिससे पर्यटको के आवागमन मे वृद्धि हुई।

कुछ आय की मदों में कमी भी देखी गई जैसे कोल्ड्रिंक्स इनकम में कमी देखी गई। वर्ष 2011-2012 में 69.94 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में कम होते हुए 56.15 प्रतिशत हो गई। जिसका मुख्य कारण पर्यटकों द्वारा कोल्ड्रिंक्स की मांग मे कमी बताई गयी। ग्रेन एडवान्स इन्टरेस्ट एवं विविध आय में भी कमी देखी गई। ग्रेन एडवान्स इन्टरेस्ट वर्ष 2011-2012 में 90 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 80 प्रतिशत रहा। विविध आय वर्ष 2011-2012 में 81.95 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 40.03 प्रतिशत रही। प्रचार सामग्री की बिक्री पर भी कमी हुई, वर्ष 2011-2012 में मात्र 17.91 प्रतिशत थी जो वर्ष 2012-2013 में 90.47 प्रतिशत हो गई। जिसका मुख्य कारण यह है कि प्रचार प्रसार एवं प्रोत्साहन पर व्यय अनुदान राशि में से ही किया जाता है, और अनुदान बाद के वर्षों में नहीं मिला इस हेतु प्रचार तथा प्रोत्साहन में कमी हो गई साथ ही पर्यटकों का रूझान कम देखा गया।

व्यय विवरण – उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है होटल शिप्रा रेसिडेन्सी, उज्जैन में होटल एवं रेस्टोरन्ट से आय के साथ-साथ व्यय में भी लगातार वृद्धि हुई है।

इनके द्वारा सर्वाधिक राशि नियमित कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर खर्च की गई है। जो वर्ष 2011-2012 में 70.35 प्रतिशत रही, वहीं वर्ष 2012-2013 में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि करते हुए 717.03 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा कर्मचारियों की वर्दी पर भी अधिक खर्च किया गया जो वर्ष 2011-2012 में 154.69 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में निरंतर बढ़ते हुए 314.84 प्रतिशत हो गया। लेबर चार्जेस (मजदूरी) पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 103.92 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 108.97 प्रतिशत हुआ। इसके अतिरिक्त अन्य व्यय की मदों में भी निरन्तर वृद्धि हुई है। कोल एवं फ्यूल पर वर्ष 2011-2012 में 121.44 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में निरंतर बढ़ते हुए 135.87 प्रतिशत व्यय हुआ। इलेक्ट्रिक गुड्स पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 108.76 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में पुन: बढ़कर 171.94 प्रतिशत हो गया। इलेक्ट्रिक चार्जेस पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 90.34 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 100.35 प्रतिशत हो गया। मनोरंजन व्यय में अत्यधिक उतार चढ़ाव देखा गया वर्ष 2011-2012 में 639.86 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 100.8 प्रतिशत रहा। फ्रेश सप्लाई पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 105.28 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में बढ़कर 116.74 प्रतिशत रहा। होटल खर्च अपेक्षाकृत रूप से वृद्धि करता रहा जोकि 2011-2012 में 148.44 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में होटल व्यय लगातार बढ़ते हुए 154.34 प्रतिशत हो गया। लिनन खर्च वर्ष 2011-2012 में अप्रत्याशित रूप से घटते हुए -1.13 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में पुन: बढ़कर 128.64 प्रतिशत हो गया। वेतन और भत्तो पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 96.12 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में बढ़ते हुए 113.57 प्रतिशत हो गया। प्रोविजन सप्लाई पर खर्च में भी अपेक्षाकृत वृद्धि देखी गई जो वर्ष 2011-2012 में 111.1 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में बढ़ते हुए 119.29 प्रतिशत हो गई। मरम्मत रखरखाव और अन्य पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 134.36 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में लगातार बढ़ते हुए 205.45 प्रतिशत हो गया। परिवहन पर विभिन्न खर्च में प्रारम्भिक वर्षों में वृद्धि देखी गई, जिसके अनुसार वर्ष 2011-2012 में 155.46 प्रतिशत रही किंतु वहीं वर्ष 2012-2013 में कम होकर 6.44 प्रतिशत हो गई। इन सभी व्ययों के मदों मे कमी की अपेक्षा वृद्धि देखी गई।

निम्न मदों के व्यय में होने वाली कमी को दर्शाया गया है -

बैंक चार्जेस में कमी देखी गई है। जो वर्ष 2011-2012 में 91.22 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 64.52 प्रतिशत हो गई। बीयर खरीद व्यय में तुलनात्मक रूप से आलोच्य अवधि में कमी देखी गई है। वर्ष 2011-2012 में 59.69 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 65.43 प्रतिशत हो गया। जिसका मुख्य कारण शिप्रा होटल का उज्जैन में स्थित होना है, जोकि एक धार्मिक नगरी है। इस कारण यहाँ धार्मिक पर्यटकों का आगमन ज्यादा होता है। जिसकी वजह से बीयर की माँग मे कमी देखी गई है। पुस्तकें और पत्रिकाएँ में भी तुलनात्मक रूप से कमी दृष्टिगत हुई जो वर्ष 2011-2012 में 78.36 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 74.65 प्रतिशत हो गई। जिसका कारण पर्यटकों द्वारा पुस्तकों के प्रति रूझान में कमी को दर्शाया है।

इसके अलावा निम्न मदों के व्ययों में कमी इस प्रकार है :- सफाई सामग्री पर व्यय वर्ष 2011-2012 में 99.26 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 87.97 प्रतिशत रहा। कोल्ड्रिंक्स की खरीद पर भी तुलनात्मक रूप से कमी देखी गई, जोकि वर्ष 2011-2012 में 84.76 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में कम होते हुए 71.65 प्रतिशत रह गया। जनरेटर खर्च पर भी अपेक्षाकृत रूप से कमी देखी गई जिसके अनुसार व्यय का प्रतिशत वर्ष 2011-2012 में 100.32 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 69.51 प्रतिशत हो गया। मकान का किराया मद में भी कमी देखी गई जिसका व्यय प्रतिशत 2011-2012 में 98.32 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 95.19 प्रतिशत हो गया। स्टेशनरी और प्रिंटिंग पर व्यय में भी कमी दृष्टिगोचर हुई जिसके अनुसार व्यय का प्रतिशत वर्ष 2011-2012 में 28.36 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 63.58 प्रतिशत रहा। टेलीफोन व्यय में भी कमी दृष्टिगत हुई जिसके अनुसार व्यय का प्रतिशत वर्ष 2011-2012 में 58.35 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 72.44 प्रतिशत हो गया। यात्रा भत्ता में प्रारम्भिक वर्षों में वृद्धि देखी गई जिसके अनुसार व्यय का प्रतिशत 2011-2012 में 123.52 प्रतिशत रहा किंतु वर्ष 2012-2013 में अत्यधिक घटते हुए -17.39 प्रतिशत हो गया। डाक तार की मद में वर्ष 2011-2012 में 37.15 प्रतिशत एवं वर्ष 2012-2013 में 39.05 प्रतिशत रह गया। इस प्रकार कई अन्य मदों में भी व्यय में कमी को दर्शाया गया है, जो कि सामान्य खर्चो के अन्तर्गत आते हैं।

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटल क्षिप्रा रेसिडेंसी के आर्थिक विश्लेषण के अध्ययन से ज्ञात होता है कि होटल शिप्रा रेसिडेन्सी उज्जैन को वर्ष 2010-2011 में रू.9454758.79/- का लाभ हुआ वहीं वर्ष 2011-2012 में रू.8248442.36/- का लाभ हुआ एवं वर्ष 2012-2013 में रू.9454452.37/- का लाभ प्राप्त हुआ। इसप्रकार विश्लेषण से स्पष्ट होता हैकि होटल क्षिप्रा रेसिडेंसी में आलोच्य अवधि में लाभ में कमी

दृष्टिगत हुई है जिसका मुख्य कारण पर्यटकों के आगमन में कमी होना एवं होटल की सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता होना है। पर्यटन विकास निगम अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास कर रहा है, जिससे भविष्य में धार्मिक नगरी उज्जैन में स्थित होटल शिप्रा रेसिडेंसी पर पर्यटकों के आगमन में वृद्धि हो एवं इसके द्वारा निगम की आय में भी वृद्धि हो।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भाटिया, ए.के (1991) टूरिज्म मेनेजमेंट एण्ड मार्केटिंग स्टर्लिंग पब्लिकेशन, प्रा. लि., नई दिल्ली।
2. नेगी सिंह, जगमोहन (1982) टूरिज्म एण्ड होटलरिंग, कॉन्सेप्ट एण्ड प्रिंसिपल्स गीतांजली पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
3. दैनिक भास्कर (उज्जैन, मध्यप्रदेश)
4. बिजनस भास्कर (उज्जैन, मध्यप्रदेश)
5. वर्षिक प्रतिवेदन मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, भोपाल।
6. विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग 2015-2016
7. वार्षिक रिपोर्ट, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, 2013-2014.
8. जन संपर्क विभाग मध्यप्रदेश उज्जयिनी एवं सिंहस्थ पुरा वैभव-नव आलोक।
9. http://www.mptourism.in
10. http://www.mptourism.com
11. www.tourism.gov.in

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम की होटल शिप्रा रेसिडेन्सी, उज्जैन के तीन वर्षों 2010-2011 से 2012-2013 तक का आय व्यय विवरण

तालिका क्रमांक - 1

S.	Head Name	2010-11	%	2011-12	%	2012-13	%
	Income						
1	Beer Income	619279	**100**	769582	**124.27**	922030	**148.88**
2	Catering Income	7530882	**100**	7217939	**95.84**	7966005	**105.77**
3	Cold drink Income	823964	**100**	576358	**69.94**	462670	**56.15**
4	Commission Received	127298	**100**	101348	**79.61**	152950	**120.15**
5	Grain advance Interest	1400	**100**	1260	**90**	1120	**80**
6	House Rent Deduction	28847	**100**	1530	**5.30**	16992	**58.90**
7	Liquor Income	2855312	**100**	3197404	**111.98**	3763559	**131.80**
8	Misc. Income	603433	**100**	494562	**81.95**	241607	**40.03**
9	Sale of publicity Material	8400	**100**	1505	**17.91**	7600	**90.47**
10	Staff meal Income	50570	**100**	76480	**151.23**	61755	**122.11**
11	Transport Income	273570	**100**	374095	**136.74**	403400	**147.45**
12	Lodging Income (old)	13203303	**100**	12887566	**97.60**	13501900	**102.26**
13	Interest on FDR	0	**100**	7678	**124.27**	0	**0**
14	Laundry Income	0	**100**	5390	**0**	0	**0**
15	Lodging Income	0	**100**	42746	**0**	0	**0**
	(Non taxable)						
	TOTAL	**26126258**	**100**	**25755443**	**98.58**	**27501588**	**105.26**
	Expenditure						
1	Bank Charges	85493.71	**100**	77990.84	**91.22**	55164.25	**64.52**
2	Bar Expences	870	**100**	89123	**10244.02**	760	**87.35**
3	Bar Licence Fees	235000	**100**	235000	**100**	350000	**148.93**
4	Beer Purchase	463520	**100**	276685	**59.69**	303290	**65.43**
5	Books & Periodicals	27296	**100**	21390	**78.36**	20377	**74.65**
6	Cleaning Material	258685	**100**	256773	**99.26**	227584	**87.97**
7	Coal & Fuel	374216.70	**100**	454458	**121.44**	508467	**135.87**
8	Cold drink purchase a/c	346134	**100**	293399	**84.76**	248033	**71.65**
9	Commission Paid	29610	**100**	19750	**66.70**	15600	**52.68**
10	Discount	3816	**100**	6124	**160.48**	322	**8.43**
11	Electric Goods	152805	**100**	166191	**108.76**	262733	**171.94**
12	Electricity Charges	1693273	**100**	1529788	**90.34**	1699259	**100.35**
13	Entertainment Charges	50270	**100**	321659	**639.86**	50676	**100.80**
14	Fcc	17650	**100**	21598	**122.36**	21515	**121.89**
15	Fresh Supply	1304844	**100**	1373794	**105.28**	1523342	**116.74**
16	Furnishing Material	63000	**100**	2500	**3.96**	89200	**141.58**
17	Generator Expences	265781	**100**	266648	**100.32**	184770	**69.51**
18	Hotel Expences	1049077.74	**100**	1557296	**148.44**	1619170	**154.34**
19	House Rent	114156	**100**	112242	**98.32**	108672	**95.19**

20	Incentive A/C	9400	**100**	-	**0**	1675	**17.81**
21	Labours Charges	1668296	**100**	1733729	**103.92**	1818085	**108.97**
22	Laundary Charges	148334	**100**	143613	**96.81**	118327	**79.77**
23	Legal Fees	5000	**100**	7000	**140**	4494	**89.88**
24	Linen Ecpenditure	45820	**100**	-520	**-1.13**	58944	**128.64**
25	Liquor Purchase	1291757	**100**	982417	**76.05**	1219898	**94.43**
26	Liveries to staff	23574	**100**	36468	**154.69**	74221	**314.84**
27	Medical Reimbursment	29767	**100**	20942	**70.35**	213440	**717.03**
28	Misc. Expences	177213	**100**	2599	**1.46**	-	**0**
29	Package Tour Expences	811632	**100**	962806	**118.62**	121972	**15.02**
30	Pay & Allowance	3391967	**100**	3260440	**96.12**	3852313	**113.57**
31	Postage, Telegram & Telephone	83623	**100**	31071	**37.15**	33037	**39.50**
32	Provision supply	1522740.56	**100**	1691902	**111.10**	1816529	**119.29**
33	Publicity Expences	2680	**100**	129722	**4840.37**	-	**0**
34	Repair & Maintanance of others	534450	**100**	718106	**134.36**	1098029	**205.45**
35	Stationary & Printing	18123	**100**	5140	**28.36**	11523	**63.58**
36	Telephone Expences	16181	**100**	9443	**58.35**	11722	**72.44**
37	Telephone & Trunk Call	0	**100**	3371	**0**	265468	**0**
38	Transport Misc. Expences	162390	**100**	252467	**155.46**	10459	**6.44**
40	Travelling Allowance	17245	**100**	21302	**123.52**	-3000	**-17.39**
41	Vehicle Hire charges	19850	**100**	-1075	**-5.41**	-	**0**
	TOTAL	**16515541**	**100**	**21375984**	**129.42**	**18016070**	**109.08**

स्रोत – होटल शिप्रा रेसिडेन्सी, उज्जैन मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग।

****

उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि का अध्ययन

श्रीमती विजय पाराशर *

प्रस्तावना – उच्च माध्यमिक शिक्षा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। उच्च माध्यमिक शिक्षा का यह स्तर ऐसा मंच है जो कि एक और जो उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने के लिए और दूसरी और रोजगार एवं जीवन यापन के प्रवेश के लिए रास्ता खोलती है क्योंकि इस शिक्षा से राष्ट्र के लक्ष्य निर्धारित होते हैं। हमारे देश की समृद्धि सफलता और प्रकाश में भविष्य माध्यमिक शिक्षा पर अवलंबित है।

शिक्षा के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में शिक्षक का स्थान प्रमुख है मानव को मानव तथा संस्कारों की पूंजी बनाकर देश को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में शिक्षकों का अथक प्रयास होता है।

एच जी वेल्स ने शिक्षकों के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है शिक्षक इतिहास का निर्माता होता है राष्ट्र का इतिहास विद्यालयों में लिखा जाता है और विद्यालय अपने शिक्षकों की गुणवत्ता से बहुत भिन्न हो सकते हैं हमारे राष्ट्र को विरासत में मिली शिक्षा परंपरा विश्व में सबसे प्राचीन है देश के संस्कार संप्रदाय संस्कृति एवं बौद्धिक संपदा का चिंतन पूर्वक समन्वय करके हमारी शिक्षा पद्धति का जन्म हुआ जिसमें शिक्षक महत्वपूर्ण घटक है।

यदि शिक्षक का शारीरिक स्वस्थ है और मस्तिष्क स्वस्थ नहीं है तो शिक्षक को हम स्वस्थ नहीं कह सकते क्योंकि शरीर की प्रक्रिया पर संवेगो का प्रभाव पड़ता है। संवेग हमारे मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा व बुरा दोनों बना सकते हैं संवेग शरीर व मन को उत्तेजित करता है और एक शिक्षक के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने क्रियाकलापों विचारों के बीच संबंध को समझें तथा इनको पहचान करें प्रतिक्रिया करें संवेगात्मक बुद्धि व्यक्ति में परानुभूति व्यवसाय में दृढ़ता, आवेश नियंत्रण, स्पष्ट एवं प्रभावी संप्रेषण विचारात्मक निर्णय तथा दूसरों के साथ समायोजन करने की क्षमता विकसित करता है अत: स्पष्ट रूप से कहा जाता है कि संपूर्ण शिक्षा की व्यवस्था एवं अस्तित्व को बनाए रखने के लिए शिक्षक में संवेगात्मक बुद्धि का होना अति आवश्यक है।

संवेगात्मक बुद्धि का तात्पर्य संवेगो के प्रत्यक्ष नियंत्रण एवं मूल्यांकन से माना जाता है कुछ अनुसंधान का मत है कि संवेगात्मक बुद्धि का अधिगम भी किया जा सकता है और इसे प्रबल बनाया जा सकता है जबकि अनुसंधानकर्ता इसे एक जन्मजात विशेषता मानते हैं।

भारतीय संदर्भ में संवेगात्मक बुद्धि से तात्पर्य समजातीय शीलगुण अथवा दूसरों के प्रति सम्मान प्रकट करने तथा अपने कर्तव्य निर्वाह करने की मानसिक योग्यता के रूप में नहीं की जाती है वरन संवेगिक परिस्थिति में व्यक्ति के व्यवहार एवं उसके स्वरूप के रूप में की जाती है।

इसी प्रकार **डेविड वेशलर** (1940) के अनुसार बुद्धि के भावात्मक तत्व जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है उन्होंने बुद्धि को एक सार्वभौमिक योग्यता के रूप में माना है जिसके कारण मनुष्य वातावरण के प्रति प्रभावपूर्ण अनुक्रियाएं प्रकट करता है जिसमें व्यक्ति के उद्देश्यपूर्ण कार्य करने,तर्कपूर्ण ढंग से सोचने और वातावरण के साथ भली प्रकार व्यवहार करने की क्षमताओं के समुच्चय के रूप में परिभाषित किया है।

सुनील कुमार(2014) में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि के संबंध में प्रभावशीलता के संबंध में एक प्रायोगिक अध्ययन किया अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि कक्षा शिक्षण के दौरान प्रयोग में लाई गई शिक्षण सामग्री शिक्षकों के व्यवहार में परिवर्तन में सहायक होती है **चतुर्वेदी विजिट** (2015) **'ए स्टडी ऑफ इमोशनल इंटेलिजेंस ऑफ मैनेजमेंट'** फैकेल्टीज ऑफ एनसी आर पर अध्ययन किया अध्ययन के निष्कर्ष में पाया कि प्रबंधन संस्थानों में कार्य कर रहे संकायों संवेगात्मक बुद्धि लिंग के आधार पर स्वतंत्रता पाई गयी। **रेजा मोहम्मद** (2015) सेरवान शहर के शिक्षकों के मध्य आत्मप्रभावकारिता एवं संवेगात्मक बुद्धि के मध्य संबंध का अध्ययन किया अध्ययन के निष्कर्ष में पाया कि प्रभाव व कार्य का आत्मप्रभावकारिता एवं संवेगात्मक बुद्धि के मध्य भावनाओं के आधार पर 95 प्रतिशत विश्वास के स्तर पर सार्थक संबंध पाया गया। **अग्रवाल श्वेता** (2016) ने सरकारी एवं गैर सरकारी अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों कि संवेगात्मक बुद्धि का तुलनात्मक अध्ययन किया अध्ययन के निष्कर्ष में पाया कि सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि निम्न स्तर की पाई गयी और गैर अनुदानित माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि मध्य स्तर की पाई गयी।

उपरोक्त शोध से स्पष्ट है कि शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि के विभिन्न संदर्भ में अध्ययन किए गए हैं परंतु उच्च माध्यमिक स्तर के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि के संदर्भ में अध्ययन प्राप्त नहीं हुए हैं इसलिए शोधकर्ता ने इस शोध का विषय उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों विद्यालय शिक्षकों की समीक्षात्मक बुद्धि के आयामों के संदर्भ में अध्ययन किया।

शोध अध्ययन के उद्देश्य – उच्चतर माध्यमिक स्तर पर राजकीय एवं गैर राजकीय शिक्षकों के संदर्भ में अध्ययन करना।

शोध अध्ययन की परिकल्पना – प्रस्तुत शोध अध्ययन में निर्मित परिकल्पना इस प्रकार है।

गोंण शोध परिकल्पना :

1. उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों

* शोधार्थी, वनस्थली विद्यापीठ, निवाई (राज.) भारत

की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया जाता है।

2. उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायिक उन्मुखीकरण में सार्थक अंतर पाया जाता है।

शोध विधि – इस शोध अध्ययन हेतु सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

जनसंख्या – प्रस्तुत शोध अध्ययन में इंदौर एवं उज्जैन संभाग के राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय शिक्षकों को लिया गया है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु मध्यप्रदेश के उच्चतर माध्यमिक स्तर के 600 शिक्षकों को न्यादर्शन विधि द्वारा न्यादर्श के रूप में चयन किया गया है।

गौण शोध परिकल्पना – शोध परिकल्पना उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया जाता है के परीक्षण हेतु उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता रूपी शून्य परिकल्पना का निर्माण किया गया।

राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय विद्यालय शिक्षकों की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता का मध्यमान मानक विचलन एवं टी का मान।

तालिका संख्या 1

क्र.	विद्यालय	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्रता	टी– मान
1	राजकीय	300	121.07	54.87	598	4.926
2	गैर–राजकीय	300	142.68	52.58		

उपर्युक्त तालिका संख्या 1 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की स्वयं के अन्य के प्रति जागरूकता के मध्यमान का मान क्रमश: 20 0.55 तथा 23 5.37 है तथा मानक विचलन का मान क्रमश: 86.17 तथा 8 3.80 है एवं टी परीक्षण का मान 5.018 है जो की 0.05 के विश्वास के स्तर पर सार्थकता के लिए आवश्यक तालिका मान से अधिक है अत: शून्य परिकल्पना उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है अस्वीकृत होती है तथा गोण शोध परिकल्पना उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता में सार्थक अंतर पाया जाता है स्वीकृत होती है।

(2) गौण शोध परिकल्पना – उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायिक उन्मुखीकरण में सार्थक अंतर पाया जाता है के परीक्षण हेतु उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायिक उन्मुखीकरण में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता है रूपी शून्य परिकल्पना का निर्माण किया गया है।

तालिका संख्या 2 : राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों का व्यवसायिक उन्मुखीकरण का मान मानक विचलन एवं टी का मान

क्र.	विद्यालय	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्रता	टी– मान
1	राजकीय	300	121.07	54.87	598	4.926
2	गैर–राजकीय	300	142.68	52.58		

उपर्युक्त तालिका संख्या 2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायीक उन्मुखीकरण के मध्यमान का मान क्रमश: 121.07 तथा 142.68 है मानक विचलन का मान क्रमश: 54.87 तथा 52.58 एवं टी परीक्षण का मान 4.926 है जो कि 0.05 के विश्वास स्तर पर सार्थकता के लिए आवश्यक तालिका मान से अधिक है।

अत: शून्य परिकल्पना उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायिक उन्मुखीकरण में सार्थक अंतर नहीं पाया जाता अस्वीकृत होती है तथा गौण शोध परिकल्पना उच्च माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों का व्यवसायीक सार्थक अंतर पाया जाता है स्वीकृत होती है।

निष्कर्ष – प्रदत्तों के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि उच्चतर माध्यमिक राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालय के शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि के आयाम स्वयं एवं अन्य के प्रति जागरूकता एवं व्यवसायिक उन्मुखीकरण में सार्थक अंतर पाया गया इसका कारण हो सकता है कि दोनों प्रकार के विद्यालयों के शिक्षकों में स्वयं के संवेगो की अभिव्यक्ति दूसरों के संवेगो को समझने की योग्यता में समानता नहीं पाई गई जिसके कारण वह एक दूसरे की भावनाओं को समझने तथा उसके साथ तारतम्य संबंध स्थापित करने में असमर्थ होते हैं साथ ही दोनों विद्यालयों के शिक्षकों के सृजनात्मक कार्य प्रतिक्रिया में भी समानता नहीं पाई गई।

शैक्षिक निहितार्थ – कक्षा में शिक्षण अधिगम की प्रक्रिया की सफलता शिक्षक पर निर्भर करती है यह शिक्षण हेतु आव्यहु रचना निर्मित करता है यह तो महत्वपूर्ण है साथ ही संवेगात्मक रूप से कितना सफल है यह भी आवश्यक है। शिक्षकों की संवेगात्मक बुद्धि उसकी कार्य संतुष्टि एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है।

भावी शोध हेतु सुझाव – प्रस्तुत शोध का भविष्य निम्न प्रकार से विस्तार कर सकते हैं।

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन छोटे न्यादर्श पर बड़े न्यादर्श पर अध्ययन किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों को ही लिया गया है आगामी शोध हेतु अन्य प्रकार के विद्यालयों को भी शामिल किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **भटनागर सुरेश एवं संजय कुमार** (2009) भारत में शिक्षा का विकास मेरठ आर लाल बुक डिपो।
2. **भार्गव महेश** (2009) आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण मापन आगरा भार्गव बुक हाउस इन भटनागर एम.बी.(2007)शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली मेरठ लाल बुक डिपो।
3. **चरण माधव** (2007) भारत को शिक्षा भारत को शिक्षा नई दिल्ली योजना प्रसाद एवं विज्ञापन प्रकाशन।

****

लोकगीत : संरक्षण व नवीन प्रयोग (एक विवेचनात्मक अध्ययन)

लीना प्रकाश शाक्या* डॉ. रश्मि श्रीवास्तव **

प्रस्तावना – साहित्य के क्षेत्र में **'वेद'** और **'लोक'** दोनो ही ऐसे शब्द है, जिन पर संपूर्ण विश्व का प्राचीनतम् एवं समग्र साहित्य निर्भर है। हिन्दी के महान कवि सुमित्रानन्दन पंत ने लिखा:–

नाद ही जीवन का उन्मेश, नाद ही सृष्टि नाद ही वेद

अर्थात यहीं हम संगीत की महत्ता को स्पष्ट रूप से समझ सकते है जहाँ विद्वानों की रूचि वेद शास्त्र पुराणों में होती है, वहीं एक ओर जन सामान्य की अभिव्यक्ति जिस रूप में होती है उसे लोक साहित्य, लोक सभ्यता या लोक संस्कृति के नाम से संबोधित किया जा सकता है। भारतीय संस्कृति में लोक को सदैव सर्वोच्च स्थान मिला। लोक शब्द की सौन्दर्यता का परिलक्षित रूप लोक गीतों में सहज ही देखा जा सकता है।

'लोक शब्द संस्कृत के **लोक दर्शने** धातु से **धञ** प्रत्यय लगाकर बना इस धातु का स्पष्ट व सरल अर्थ है देखना जिसका लट् लकार के अन्य पुरूष के एक वचन का रूप लोकते है।' अत: **लोक शब्द का अर्थ** हुआ **देखने वाला।**

लोक शब्द से ही हिन्दी के लोग शब्द की व्युत्पत्ति मानी जाती है जिसका तात्पर्य है सर्व साधारण जनता अत: लोक शब्द का अभिप्राय उस समस्त जन समुदाय से है जो किसी देश में निवास करता है। चूँकि शोध प्रपत्र लोक गीतों के संरक्षण, प्रयोग व नवीनता से सम्बन्धित है। इसलिये हम यहाँ लोक गीत से सम्बन्धित चर्चा करेंगें। लोक गीत जन समुदाय में जन्म लेते हैं जिसमें मानवीय भावनाएँ, आकांक्षाएँ, निहित होती हैं।

लोक में गाये जाने वाले ऐसे गीत जिनके रचनाकारों का कोई पता नही होता और जो मौखिक परम्परा में पीढ़ी दर पीढ़ी चलते आ रहे हैं वे ही लोकगीत कहलाये। लोकगीत प्रकृति के उद्गार हैं जिनमें अलंकरण, रस, छन्द, लय, लालित्य, माधुर्यता तो होती ही है वहीं प्रकृति जब तरंग में आती है तब वह पौधों के माध्यम से हवाओं के झोंको का गान करती है।

आज के परिवेश में लोकगीतों की स्थिति पर दृष्टिपात किया जाये तो आज संस्कृति का संरक्षण अनिवार्य हो गया है। आज के वैश्वीकरण के युग में हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति से वांछित होती जा रही है, मेरा विचार है,कि हम अपनी संस्कृति को इतना उज्ज्वल, प्रबल बना सकते हैं कि पाश्चात्य लोग हमारी संस्कृति की ओर अवश्य ही आकर्षित होंगे।

जिस प्रकार आज हम लोकगीतों के लिये भारतीय लोक वाद्यों का ही नहीं वरन् पाश्चात्य लोक वाद्यों का भी प्रयोग कर रहे हैं। इसके माध्यम से हम नवीनता ला रहे हैं व लोकगीत को उन्नत बना रहें हैं। आज किसी भी मांगलिक कार्य को करने के लिए पंडित या शास्त्री लोगों द्वारा ऐसी मंडलियाँ तैयार की गयी हैं, जिनमें लोक गीतों के गायन के साथ पाश्चात्य वाद्यों का प्रयोग बखूबी किया जा रहा है।

आज सम्पूर्ण भारत में देवी जागरण, माता की चौकी, रामायण गाथा, सुन्दरकाण्ड जैसे मांगलिक अवसरों पर अनेक सांगतिक टोलियों कार्य कर रही है और टैक्नोलौजी का प्रयोग कर अपने कार्य में कुशलता ला रहे हैं। टैक्नोलौजी से अभिप्राय: नवीन तकनीकियों से है, आज संगीत में सौन्दर्यात्मकता को बढ़ाने के लिये हम ड्रम पैड, सिन्थेसाइजर, कैशियो व इलैक्ट्रोनिक वाद्य यंत्रों की सहायता ले रहे हैं, जिससे लोकगीतों की महत्ता अधिक बढ़ गयी है।

आज लोकगीतों को स्वर लिपि लेखन द्वारा सुरक्षित किया जा सकता है। आज हम लैपटाप का प्रयोग लेखन कार्य के लिए अधिकांश रूप से कर रहे हैं और आज यदि हम अपनी संस्कृति की धरोहर को लिखित रूप में सोफ्ट व हार्ड कापी रखने हेतु सक्षम हैं इसलिए आज इस ओर ध्यान देना अति आवश्यक है, वर्तमान समय में हमारी सरकार लोकगीतों के संवर्धन हेतु अनेक योजनाओ का निर्माण कर रही है। अनेक रंगमचों पर कलाकारों द्वारा विविध कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं तथा लोक कलाकारों को पुरूस्कृत एवं सम्मानित किया जा रहा है जिससे लोक कलाकरों का उत्साहवर्धन भी हो रहा है।

सरकार द्वारा लोकगीत एवं संस्कृति को यथा संभव बढ़ाने व जीवित रखने का प्रयास निरन्तर आपेक्षित रहेगा जिससे हमारे देश के विभिन्न प्रान्तों की अमूल्य धरोहर लोकगीतों को संरक्षित रखने के लिए कार्य किया जाये, हमारी सरकार को इस तरह का बढ़ावा देना चाहिये कि लोकगीत आगामी पीढ़ी हेतु संरक्षित हो सकें।

लोक गीतों की ऐसी कई विधायें हैं जिनका संरक्षण बहुत आवश्यक है। लोकगीतों में कई रागों की छाया व आभास दिखाई देता है। एवं एक से अधिक रागों के स्वरों का आभास भी दिखता है। इसके अतिरिक्त ऐसी स्वर संगतियां हैं जिनसे भावनात्मक प्रेरणा जुड़ी रहती है। लोकगीतों की लोकप्रियता का प्रमुख कारण उसमें लोक जीवन की संपूर्ण संवेदना तथा अनुभूतियों सरल व स्वाभाविक अभिव्यक्ति होती है। लोकगीतों की यह विशेषता है, कि वे संक्षिप्त, सरल, स्पष्ट, स्वाभाविक, सुन्दर और संगीतमय होते हैं। शायद ही ऐसा लोकगीत हो जो संगीत से अनुप्राणित न हो उसका संगीत भी लोकजीवन का उतना ही सफल परिचायक होता है जितनी कि काव्य कि कविता।

लोकगीत की नवीनता में आज लोकगीतों के विषय से संबन्धित सैमिनार,संगोष्ठियां, मंच प्रदर्शन, संगीत मंडलियां आदि का निर्माण किया जा रहा है। लोकसंगीत मे कम से कम दो या दो से अधिक 9 स्वरों का प्रयोग

* शोधार्थी (संगीत विभाग) दयालबाग एजूकेशनल इस्टीटयूट, आगरा (उ.प्र.) भारत
** शोध निर्देशिका (संगीत विभाग) दयालबाग एजूकेशनल इस्टीटयूट, आगरा (उ.प्र.) भारत

होता है लोकगीत में अधिकतर सात शुद्ध स्वरों दो विकृत कोमल गंधार व कोमल निषाद स्वरों का प्रयोग मिलता है। अर्थात उनमें मुख्यत: विलावल, काफी, खमाज थाटों के स्वर लगते है।

वर्तमान में हम विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों द्वारा प्रान्त की संस्कृति के करीब पंहुच चुके हैं। हर प्रान्त के लोकल चैनल हमें उस प्रान्त की संगीत परम्परा से अवगत कराने में अपना योगदान दे रहे है। लोककलाओं, लोकगीतों व लोक साहित्य से परिचित कराने में इन चैनलों ने अपनी अहम भूमिका निभाई है।

लोकोत्सव द्वारा लोक गीतों का प्रचुर मात्रा में प्रचार प्रसार हो रहा है। आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्राईवेट एलबमों के द्वारा लोकगीत विश्व भर में लोकप्रिय हो रहे है। शोधार्थी लगातार शोध प्रक्रिया में संलग्न है एवं संगीत कि लोक धारा को प्रवाहमान बनाने हेतु अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं वहीं लोकसंगीत को अध्ययन उपयोगी बना रहे हैं। भविष्य में अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने हेतु रीति- रिवाज, धार्मिक मूल्यों की महत्ता को एकत्रित करने हेतु शोध क्षेत्र में अनेक कार्य हो रहे है।

आज हम डॉ0 वीणा श्रीवास्तव जी के शब्दों में कह सकते है। 'आज हमारे पास लेखनी है, भाषा है, लिपि है, ध्वनि विस्तारक यंत्र हैं व अन्य कई ऐसे संसाधन हैं जिनके द्वारा गीतों को उनके रचनाकारों को, उनकी धुनों आदि को संरक्षित कर सकते हैं तथा अपनी परम्परा को और अधिक सुदृढ़ व समृद्ध बना सकते है। आज हमारे पास साधनों की कमी नहीं है और इसी कारण लोक गीतों को जन जन तक पंहुचाना आसान है किन्तु आवश्यकता है तो इन साधनों का उपयोग करने की व उनका निर्वाह करने की अत: प्रत्येक प्रान्त के समाज को व शासन को इसकी ओर विचार करना चाहिये तभी अपने देश की कलाओं को व लोकगीतों को सुरक्षित रखा जा सकता है।'

लोकगीतों के विषय में यह समझना अति आवश्यक है कि क्षेत्र बदलने पर बोली में अंतर अवश्य आता है परन्तु प्रत्येक क्षेत्र के पृथक पृथक बोलियों में लोकगीत होते हैं। लोकगीतों के तीन अंग माने गये है, भाव शब्द एवं स्वर। भाव उसका आन्तरिक रंग है तथा शब्द और स्वर उसके बाहरी स्वरूप है। लोकगीतों के यह तीनों अंग एक दूसरे पर पूर्ण रूप से आश्रित है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि आज का समय इन्फोर्मेशनल टैक्नोलौजी का है जहां टैक्नोलौजी का प्रयोग नवीनता का विकास करने में सहायक सिद्ध है शिक्षा के क्षेत्र में टैक्नोंलौजी का पूर्ण रूप प्रयोंग किया जा रहा है जिससे संगीत विषय भी अछूता न रहा, इलैक्ट्रोनिक वादय यंत्रों ने समय की बचत व आने ले जाने में सुलभता प्रदान की है जिसे नकारा नहीं जा सकता वहीं साउन्ड प्रोडक्शन में नवीन बदलाव, विद्यार्थियों के लिए स्वर पेटी, तबला पेटी, लोकगीतों को सुनकर रिकार्ड करके संरक्षित रखने के लिए जो नवीन डिवाइज़ें हमारे पास उपलब्द हैं वह नवीनता ही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोक संस्कृति की रूपरेखा- कृष्णदेव उपाध्याय
2. भारतीय लोक संगीत-वीणा श्रीवास्तव
3. भारतीय लोक संगीत-वीणा श्रीवास्तव
4. भारतीय संस्कृति शाश्वत जीवनदृष्टि एवं संगीत- डॉ0 रूचि गुप्ता
5. हिन्दी नाटक और रंगमंच में लोकतत्व- डॉ0 स्वामी प्यारी कौड़ा
6. भारतीय संगीत और संगीतज्ञ-रामलाल माथुर
7. जनजातीय लोकगीत एक अध्ययन-डॉ0 सत्यनारायन व्यास

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

ग्रामीण आर्थिक विकास में खादी ग्रामोद्योग की भूमिका का अध्ययन (छ.ग. के राजनांदगांव जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ.के.एल. टाण्डेकर * डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ** सुश्री ममता देवांगन ***

शोध सारांश – 'भारत ग्रामों का देश है और ग्राम भारत की आत्मा' ग्रामों का विकास होगा तो राज्यो का विकास होगा तो देश का विकास होगा, देश के विकास में ही प्रत्येक मानव मात्र का विकास निहित है भारत की कुल जनसंख्या का 85 प्रतिशत भाग लगभग 5.89 लाख गावों में निवास करता है यही ग्रामीण जनता के यहां अर्थ तंत्र का मेरूदण्ड है इसलिए आवश्यकता है कि कृषि कार्य के साथ साथ अन्य ऐसे आर्थिक कार्य अपनाएं जाए जिनसे वहां रहने वाले लोग की आय बढ़ सके और वे उचित आर्थिक लाभ प्राप्त कर सके भारत को लघु एवं कुटीर उद्योगो का जनक कहा जाता है खादी ग्रामोद्योग लघु एवं कुटीर उद्योग का ही एक अंग है खादी ग्रामोद्योग का विकास भारत में ही नही वरन छ.ग. में भी होने लगा है, यहां खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से क्षेत्र के विकास करने के प्रयास किए जा रहे है गांधी जी के प्रयासो को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण आर्थिक विकास विशेषकर ग्रामीण जनता अनुसूचित जाति, जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग का विकास किया जा सके राजनांदगांव जिले में भी खादी ग्रामोद्योग की प्रबल संभावनाए विद्यमान है यहां पर्याप्त कच्चा माल लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है इस उद्योग के प्रति कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा था किन्तु वर्तमान में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छ.ग. शासन के माध्यम से ग्रामीण विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमो के सफल क्रियान्वयन से इस क्षेत्र में रोजगार सृजन, उद्योग का व्यापक फैलाव हो सका है जिले में लघु एवुं कुटीर उद्योग कृषि के पूरक उद्योग के रूप में विकसित कर क्षेत्र की प्रमुख समस्या श्रम पलायान का समाधान किया जा सकता है।

प्रस्तावना – ग्रामोद्योग की बात करने पर अनायस ही आंखो के सामने परम्परागत व्यवसाय में लगे लोगो की तस्वीर उभरने लगती है महात्मा गांधी के शब्दो 'ग्रामोद्योग की योजना के पीछे मेरी कल्पना तो यह है कि हमें रोजमर्रा की आवश्यकताएं गांव की बनी चीजों से पूरी करनी चाहिए इससे गांव आत्मनिर्भर होकर खुशाल बनेंगे' वास्तव में खादी और ग्रामोद्योग गांधी जी की इसी विचार धारा की उत्पत्ति है, आयोग के माध्यम से जहां ग्रामीणो, दस्तकारो और शिल्पकारो को रोजगार उपलब्ध काराया जाता है, तथा केन्द्र सरकार की कोशिश हमेशा से रही है कि ग्रामीणो को पर्याप्त रोजगार के साधन उपलब्ध कराया जाए इसके लिए खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भी ग्रामीण उद्योगो को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही हैं।

खादी का अर्थ है भारत में कपास, रेशम या ऊन के हाथकरधा, सूत अथवा उनमें दो या सभी प्रकार के सूत के मिश्रण से जो भारत में हाथकरधा पर बुना गया कोई भी वस्त्र इसके अंतर्गत शामिल किया जाता है वही खादी ग्रामोद्योग का अर्थ है ऐसा कोई भी उद्योग जो ग्रमीण क्षेत्र (जिसकी आबादी 20 हजार से अधिक न हो) में स्थित हो तथा जो विद्युत के उपयोग या बिना उपयोग के कोई माल तैयार करता हो या कोई सेवा प्रदान करता हो तथा जिससे (संयत्र तथा मशीनरी एवं भूमि भवन में) निवेशित स्थायी पूंजी जो प्रति कारीगर या कर्मी 50 हजार रूपये से ज्यादा न हो। खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधीन संचालित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छ.ग. राज्य की आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक आर्थिक रूपातंरण को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है खादी ग्रामोद्योग आयोग ने देश में लाखो पारम्परिक कारीगरो लघु उधमियो और बेरोजगार युवको को आधारित स्तर पर दीर्घकालिक रोजगार के अवसर प्रदान करने प्रशंसनीय भूमिका निभाई है।

जिला राजनांदगांव जिसे अध्ययन का केन्द्र माना गया है में भी इस उद्योग की प्रबंध संभावनाएं विद्यमान है राजनांदगांव जिला क्रषि भूमि एवं वन क्षेत्रो के द्वारा ही निर्मित हुई है यहां खादी ग्रामोद्योग एवं लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध है किन्तु इस उद्योग के विकास की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि राजनांदगांव जिला के साथ – साथ पूरे छ.ग. में यह उद्योग कृषि के पूरक उद्योग के रूप में विकसित हो सकता है।

उद्देश्य – किसी भी शोध कार्य को सम्पन्न करने के लिए उसके उद्देश्य का निर्धारण आवश्यक है इस शोध कार्य के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है –

1. राजनांदगांव जिले में खादी ग्रामोद्योग के विकास तथा रोजगार श्रृजन में विद्यमान स्थिति का मूल्यांकन करना।
2. राजनांदगांव जिले में खादी ग्रामोद्योग विभाग के विकास एवं संभावनाओं के साथ योग्य वस्तुओ का उत्पादन करने राज्य स्तरीय अर्थव्यवस्था के विकास पर होने वाले प्रभावो का परीक्षण करना।
3. ग्रामीण जन समुदाय में आत्मनिर्भरता एवं मिलने वाले लाभ व आर्थिक सुद्दढता का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना – प्रस्तुत शोध राजनांदगांव जिले के ग्रामीण आर्थिक विकास हेतु खादी ग्रामोद्योग विभाग के कार्यक्रमो का मूल्यांकन करने महत्वपूर्ण परिकल्पनाए निम्नानुसार है।

1. शोधकर्ता द्वारा यह प्रतीत हो है कि खादी ग्रामोद्योग विभाग के कार्यक्रम सुचारूरूप से चल रहे है।

*प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहब ऑम्बेडकर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय, छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
*** अतिथि व्याख्याता (वाणिज्य) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

2. विभाग की विभिन्न योजनाओ के क्रियान्वयन से ग्रामीणो की आर्थिक, सामाजिक, व्यवहारिक स्थिति में सुधार हुआ है।
3. जिले में ग्रामोद्योग की अपार संभावनाएं विद्यमान है।
4. राजनांदगांव जिला वन वाहुल्य क्षेत्र है तथा क्षेत्र के आर्थिक, विकास, गरीबी निवारण तथा रोजगार के अवसरो की वृद्धि ग्रामोद्योग के स्थापना से ही संभव है।

शोध प्रविधि – छ.ग. खादी ग्रामोद्योग विभाग एवं छ.ग. ग्रामोद्योग बोर्ड व्दारा संचालित विभिन्न योजनाओं का ग्रामीण आर्थिक विकास में भूमिका का अध्ययन किया गया है इसके तहत प्राथमिक एवं व्दितियक संमको का प्रयोग किया गया है व्दितियक संमको के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग छ.ग. एवं जिला राजनांदगांव से प्राप्त वार्षिक प्रतिवेदन, जनगणना, प्रकाशन, सांख्यिकीय प्रकाशनो रोजगार संमको जिला योजना एवं सांख्यिकीय पुस्तिका के माध्यम से आंकड़ो को व्दितियक संमको के रूप में प्रयोग कर उनके सारणीयन विश्लेषण एवं सांख्यिकी विधियो के आधार पर प्रतिशत, विकास दर, पृवृत्तिमान जैसे विधियो का उपयोग किया गया है प्रश्नावली अनुसूचित और साक्षात्कार आदि के माध्यम से प्राथमिक आंकड़ो का संग्रहण भी किया गया है ताकि अध्ययन की गुणात्मकता सिद्ध हो सके।

अध्ययन क्षेत्र एवं सीमाएं – प्रस्तुत शोध में ग्रामीण आर्थिक विकास में खादी ग्रामोद्योग विकास का अध्ययन (राजनांदगांव जिले के विशेष संदर्भ में) राजनांदगांव जिलो को लिया गया है चूंकि छ.ग. राज्य के पश्चिम भाग में स्थिति प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है इसके अंतर्गत 09 विकासखण्ड राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुरिया, छुईखदान, डोंगरगांव, चौकि मोहला मानपुर आते है प्रस्तुत शोध प्रबंध में अध्ययन राजनांदगांव जिले तक सीमित है किंतु तथ्यो का स्पष्टीकरण एवं तुलनात्मक विवेचना हेतु भारत एवं छ.ग. के आंकड़ो का भी सहारा लिया गया है अध्ययन की विवेचना को स्पष्ट करने हेतु व्दितियक समंको के साथ प्राथमिक समंको का भी उपयोग किया गया है।

छ.ग. एवं राजनांदगांव जिले का भौगोलिक क्षेत्र एवं विस्तार – नवगठित छ.ग. राज्य देश का 26वां राज्य है जिसका निर्माण 01 नवम्बर 2000 को हुआ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान रखने वाला छ.ग. क्षेत्र 36गढ़ो का गढ़ राज्य का दर्जा प्राप्त कर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, भारत की कुल धरा का 4.14 प्रतिशत यह भाग 1 लाख 37 हजार 788 वर्ग कि.मी. में विस्तारित है 20 हजार 308 गांवो में 2 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह क्षेत्र छ.ग. नवप्रांत अपनी अध्ययन सांस्कृतिक अस्मिता के ताने वाने से रच बसा है वही राजनांदगांव जिला 1973 में दुर्ग जिले से विभाजित होकर अस्तित्व में आया, यह जिला संभवत: मध्यप्रदेश में ही नहीं वरन सम्पूर्ण भारत में सर्वाधिक पिछड़ा एवं अविकसित जिले की श्रेणी में आता है, राजनांदगांव जिला $20^{0}50'$ से $21^{0}22'$ तक उत्तरी अक्षांश व $80^{0}26'$ से $81^{0}13'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है जो समुद्र सतह से 330.71 मीटर की उंचाई पर है इसका कुल क्षेत्रफल 8022.55 वर्ग किलोमीटर है इसकी उत्तर दक्षिण लम्बाई 177 कि.मी. तथा चौड़ाई 80 कि.मी. है, 2001 की जनगणना में कुल जनसंख्या 1283224 थी जो वर्ष 2011 की जनगणना से 20.25 प्रतिशत अधिक है सबसे अधिक जनसंख्या राजनांदगांव में तथा सबसे कम आदिवासी अंचल मोहला ब्लाक की है।

ग्रामीण आर्थिक विकास में खादी ग्रामोद्योग की भूमिका – खादी मात्र एक कपड़े का टुकड़ा ही नहीं हैं अपितु जीने का एक साधन है सन् 1918 में महात्मा गांधी ने भारत के ग्रामीण क्षेत्रो में रहने वाली जनता के लिए सहायता कार्यक्रम के रूप में अपना खादी आंदोलन शरू किया था, कढाई और बुनाई में आत्मनिर्भरता आई स्वशासन की एक विचारधारा का स्थान ले लिया है खादी ग्रामोद्योग विभाग छ.ग. शासन विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन छ.ग. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड प्रदेश के सभी 27 जिला मुख्यालयों के माध्यम से ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने के लिए एवं गांवो की आर्थिक स्थिति के स्तर को सुधारकर जीवन स्तर को उठाने गांव में रोजगार साधन उपलब्ध कराने के उद्देष्य से प्रत्येक जिला मुख्यालयों में खादी ग्रामोद्योग विभाग कार्यक्रमों को संचालित कर रहा है राजनांदगांव जिला छ.ग. का औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा जिला है, जिले में अधिकांश अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति के लोग ग्रामीण क्षेत्र में निवास करते है ये लोग अपनी परम्परागत पैतृक व्यवसाय को ही अधिक महत्व देते है, राजनांदगांव जिले में कृषि का एक फसली उत्पादन होने के कारण अधिकांश समय ग्रामीण जनसंख्या रोजगार की तलाश में भटकते रहते है अधिकांश लोग पलायन की ओर उन्मुख हो रहे है खादी ग्रामीण उद्योग राजनांदगांव जिले में तहसील एवं विकासखण्डो में शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर ग्रामीणों की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छ.ग. शासन के निर्देशन पर जिले में स्थापित ग्रामोद्योग विभाग व्दारा निम्नलिखित योजनाओं के तहत ग्रामीण क्षेत्रो में निवासरत लोगो की जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे है।

1. प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम – प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना को वर्ष 2008–09 (सितम्बर 2008) के दौरान आरम्भ किया गया जिसे तत्कालीन तौर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग व्दारा जिला उद्योग केन्द्रो के माध्यम से प्रधानमंत्री सृजन क्रार्यक्रम एवं प्रधान मंत्री रोजगार योजना को एक साथ मिलाते हुए किया गया था ग्रामीण क्षेत्रो के साथ–साथ शहरी क्षेत्रो में सूक्ष्म उघमो की स्थापना के माध्यम से रोजगार के अवसरो का सृजन करने हेतु यह एक क्रेडिट सहबद्ध योजना है, इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग राष्ट्रीय स्तर पर नोडल अभिकरण है, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को अधिक लाभान्वित श्रेणी क्षेत्र सामान्य श्रेणी के लाभार्थी व्दारा स्वयं का अंशदान 10 प्रतिशत परियोजना लागत पर सब्सिडी की दर 15 प्रतिशत शहरी एवं 25 प्रतिशत ग्रामीण तथा विशेष श्रेणी यथा अनुसूचित जाति, जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक महिलाएं, भूतपूर्व सैनिक, शारिरिक रूप से विकलांग पूर्वीवर्ती क्षेत्र पहाड़ी और सीमा वर्ती क्षेत्र आदि के लाभार्थी का अंशदान परियोजना लागत पर 5 प्रतिशत सब्सिडी दर शहर 25 प्रतिशत तथा ग्रामीण 35 प्रतिशत निश्चित की गई है।

2. परिवार मूलक योजना – यह योजना राज्य शासन व्दारा प्रायोजित योजना है इसके अंतर्गत रू. 1.00 लाख तक लागत की छोटी इकाईयां स्थापित कराई जाती है जो अनु.जाति, अनु.जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापक करने वाले हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाता है इसके तहत् 50 प्रतिशत अधिकतम रूपये 13500/– बतौर अनुदान प्रदान किया जाता है।

3. कारीगर प्रशिक्षण योजना – वर्तमान समय में देश के ग्रामीण क्षेत्रो के विकास हेतु खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग व्दारा कारीगर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे न केवल ग्रामीण बेरोजगारी एवं निर्धनता उन्मूलन हेतु व्यक्तियो को आर्थिक सहायता या रोजगार उपलब्ध कराया

जाता है बल्की ग्रामीण जनता को प्रशिक्षण एवं तकनीकि ज्ञान की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है, कारीगर प्रशिक्षण के तहत् रोजगार हेतु प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार को प्रोत्साहित किया जाता है कारीगर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की चयनित सूची तैयार करके उन्हें विभिन्न प्रकार से उद्यम लगाने हेतु आर्थिक सहायता के साथ ही साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती हैं। इस प्रकार परिवार मूलक योजना कारीगर प्रशिक्षण योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना का तुलानात्मक विश्लेषण शोध प्रबंध में किया गया है।

राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना परिवार मूलक योजना कारीगरी प्रशिक्षण योजना परिवार मूलक योजना कारीगरी प्रशिक्षण योजना की वर्षवार स्थिति (वर्ष 2011 से वर्ष 2017 तक)-

तालिका 1 (निचे देखे)

तालिका 1 के आंकड़ो से स्पष्ट होता कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में वर्ष 2011 में वितरित राशि 127.57 लाख रूपये है जो वर्ष 2013 में कम रही लेकिन आने वाले वर्षो में क्रमश: वृद्धि हो रही है उसी प्रकार रोजगार में भी लगातार वृद्धि को दर्शाता है परिवार मूलक योजना में वितरित राशि 2011 में 12.96 लाख है जो आगे 2 वर्षो तक वृद्धि हो रही है रोजगार में भी वर्ष 2011 में 86 थी जो आगे वर्षो में बढ़ती हुई दर्ज की गई कारीगर प्रशिक्षित योजना में भी उतार चढ़ाव की स्थिति रही वर्ष 2012 में रोजगार संख्या सबसे अधिक रही अत: कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध हुआ व उनके आर्थिक विकास में बढ़ोतरी हुई इसी प्रकार कहा जा सकता है कि राजनांदगांव जिले में खादी ग्रामोद्योग के परिवार मूलक योजनाओं का रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

समस्या – खादी ग्रामोद्योग बोर्ड छ.ग. द्वारा राजनांदगांव जिले में खादी ग्रामोद्योग विभाग की स्थापना जिला उद्योग केन्द्र राजनांदगांव में किया गया है, अपने निरंतर प्रयास की ओर अग्रसर यह उद्योग अपनी उतनी प्रगति नहीं कर पाया है जितनी अपेक्षाए थी इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या निम्न है :

1. क्षेत्र में व्यवसाय के लिए कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध न होना तथा अच्छी किस्म के कच्चे माल का न मिलना।
2. पूंजी की लागत अधिक होना।
3. इंजीनियर उद्योग के लिए लौह धातु एवं अलौह धातु संबधी कच्चे माल की अनुपलब्धता का होना।
4. वित्तिय साधनो का अभाव भी इन व्यवसायो के विकास में बाधा बना रहना।
5. कुशल प्रबंधन का अभाव शक्ति की अपर्याप्तता संरचनात्मक सुविधा की कमी सूचना एवं परामर्श का आभाव।
6. परम्परागत व्यवसाय में आधुनिकरण का अभाव।
7. उचित प्रशिक्षण न मिलने से कारिगरो द्वारा उत्पादन क्षमता एवं किस्म में सुधार न होना।
8. उत्पादित वस्तुओं के लिए बाजार की समस्या का होना।
9. ग्रामीण अशिक्षित व्यक्ति योजना के क्रियान्वयन की अपेक्षा मजदूरी करना या साहूकारो से ऋण लेना बेहतर समझते है।
10. ग्रामीणों में व्यवसायिक अवरोध की जानकारी व्यवसायिक कार्य के प्रति रूचि और व्यवसाय संचालक करने में आवश्यक ज्ञान का अभाव होना।

सुझाव :

1. खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा हितग्रहियों को दिए जाने वाले ऋण की राशि में वृद्धि करना चाहिए ताकि इच्छानुसार उद्योग स्थापित करने में रूचि बढ़ाई जा सके।
2. कच्चा माल की उपलब्ध सुनिश्चित होने से व्यवसाय प्रगति व विकास की ओर अग्रसर होगा।
3. कुशल प्रबंधन एवं प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।
4. हितग्राहियों को योजनाओ की जानकारी उपलब्ध हो सके इस हेतु व्यपाक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए।
5. उत्पादक वस्तु के लिए बाजार की सुनिश्चिता।
6. परम्परागत विधियो के स्थान पर तर्क तकनीकि विधियो का उपयोग हेतु हितग्राहियो को जागरूकता लाना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारत में ग्रामीण विकास- रामजी यादव
2. इकोनॉमिक सर्वे रिपोर्ट
3. भारत का आर्थिक विकास- रामनारायण दुबे
4. कुरूक्षेत्र समाचार पत्र 2014
5. खादी ग्रामोद्योग विभाग जिला पंचायत भवन राजनांदगांव छ.ग.
6. छ.ग. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शंकर नगर रायपुर
7. वार्षिक प्रतिवेदन खादी ग्रामोद्योग बोर्ड
8. योजना पत्रिका
9. जिला सांख्यिकी पुस्तिका जिला राजनांदगांव
10. ग्रामोद्योग विकास वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन 2015-16
11. छ.ग. में खादी ग्रामोद्योग का विकास एवं संभावनाएं एक विश्लेषणात्मक अध्ययन, शोध प्रबंध

वर्ष	योजना का नाम		राशि लाख रूपये में				योग	
	प्रधानमंत्री योजना		परिवार मूलक वितरण योजना		कारीगर वितरण योजना		वितरण	योजना
2011	113.76	130	12.96	86	0.791	11	12.51	227
2012	223.23	195	31.35	89	2.262	23	265.84	307
2013	-	-	72.5	407	1.57	16	74	423
2014	207.8	195	70.56	267	1.533	15	279.89	477
2015	172.28	170	81.31	481	1.964	20	255.56	671
2016	147.66	155	104.1	572	1.48	15	253.2	742
2017	162.18	195	94.82	871	2.015	20	259.05	886

स्त्रोत – जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव/खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत राजनांदगांव

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

उज्जैन तहसील की ग्रामीण बस्तियों में नियोजन एवं प्रबन्धन

रविराज सिंह गोरास्या*

शोध सारांश – जब किसी प्रदेश के आर्थिक संसाधनों का प्रयोग किन्ही पूर्व निश्चित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए विवेकपूर्ण तथा तर्कसंगत ढंग से किया जाता है और इसके लिए नीति का निर्धारण स्वयं सरकार करती है तो उसे आर्थिक नियोजन कहते हैं। आर्थिक नियोजन के लिए सरकारी हस्ताक्षेप अनिवार्य होता है, क्योंकि वहीं नीति निर्धारित करती है और विकास की योजनाएं एवं कार्यक्रम बनाती है। भारतीय योजना आयोग के अनुसार नियोजन समस्याओं के तार्किक समाधान और साधनों एवं साध्यों को समन्वित करने का प्रयास है। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक निर्धारित उद्देश्य और उसी के अनुरूप निर्धारित साधन मुख्यत: प्रत्येक योजना का आधार होता है। ऐसी समस्त अर्थव्यवस्थाओं में नियोजन उद्देश्यपरक होता है। जो नियोजन विकास प्रक्रिया को अपनाती है। नियोजन विकास प्रक्रिया आर्थिक प्रगति के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक आदि उद्देश्यों के लिए भी स्वीकार की जाती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात अप्रैल 1951 में भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत नियोजित विकास हो रहा है, परन्तु वर्ष 2014 के पश्चात योजना आयोग को समाप्त कर उसके स्थान पर नीति आयोग की स्थापना की गई।

प्रस्तावना – भारतीय ग्रामों की आर्थिक-सामाजिक दशाएं नगरों से भिन्न है। अत: ग्रामीण नियोजन एवं नगर नियोजन में उल्लेखनीय अन्तर पाया जाता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश होने के कारण यहां नियोजन के कुछ सामान्य उद्देश्य होते हैं, जिनमें रोजगार प्रदान करना, आर्थिक विषमता को कम करना क्षेत्र का सन्तुलित विकास, अल्प प्रयुक्त संसाधनों का प्रयोग करना, आत्मनिर्भर बनाना, आर्थिक स्थिरता लाना, अधिकतम सामाजिक कल्याण की प्राप्ति आदि प्रमुख हैं।

अर्थ एवं परिभाषा – नियोजन वांछित परिवर्तन लाने का एक तरीका है, नियोजन भविष्य में देखने की विधि अथवा कला है, इसमें भविष्य की आवश्यकताओं का पूर्वानुमान लगाया जाता है, ताकि लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किए जाने वाले प्रयासों को उनके अनुरूप ढ़ाला जा सके। नियोजन परिवर्तन का ऐसा स्वरूप है, जिसमें तार्किक ढंग से लक्ष्य और साधनों के संयोजन से वांछित परिवर्तन लाया जाता है। यह एक चेतन प्रयास है, जो समाज की समस्याओं को पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाता है। इस प्रक्रिया से समस्याओं के हल खोजने के लिए लक्ष्य निर्धारण सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप किया जाता है। जॉन ई बलियट के अनुसार 'नियोजन क्रिया स्वयं में एक सोउद्देश्य क्रिया है, किन्हीं पूर्व निश्चित उद्देश्यों के अभाव में नियोजन की कल्पना करना कठिन है। नियोजन वह साधन है, जिसे किसी निश्चित लक्ष्य के सन्दर्भ में किया जाता है।' हार्ट के अनुसार 'नियोजन कार्यों की श्रृंखला का अग्रिम निर्धारण है, जिसके द्वारा निश्चित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।'

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध में द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त तथ्यों को शामिल किया गया है।

नियोजन एवं विकास के प्रमुख उद्देश्य **(ESCAP के अनुसार) :**

1. सम्पूर्ण ग्रामीण श्रम को आर्थिक क्रियाकलाप की मुख्य धारा से जोड़ना।
2. ग्रामीण लोगों की रचनात्मक ऊर्जा को रचनात्मक रूप देना।
3. ग्रामीण जनसंख्या का नगरों की ओर पलायन को रोकना।
4. विकास प्रक्रिया में महिलाओं व युवकों की भागीदारी सुनिश्चित करना।
5. विकास एवं पर्यावरण के बीच समन्वयन द्वारा जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना।
6. मानव शक्ति का सम्पूर्ण विकास करना।

इस प्रकार समग्र रूप में ग्रामीण विकास में निम्न उद्देश्यों की प्राप्ति को सम्मिलित किया जाता है :

अ) प्रबन्ध का प्राथमिक कार्य – योजना बनाना, प्रबन्धन का पहला कार्य यह है, अन्य कार्यों में योजना का पालन करना है। यदि योजना का निर्माण उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया है तो क्षेत्र विशेष के विकास में उसका महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसलिए योजना निर्माण करते समय क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान देना अति आवश्यक है।

ब) पर्यावरण के अनुकूल – नियोजन एक सतत् प्रक्रिया है। नियोजन निर्धारण के समय नियोजन समिति को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनानी चाहिए, जिससे ग्रामीण पर्यावरण में लागू करने में आसानी हो।

स) भविष्योन्मुखी – नीतियां बनाते समय भविष्य के परिवर्तनों को ध्यान में रखा जाना चाहिए, जिससे नीति लम्बे समय तक कारगर तरीके से काम करती रहे। भविष्य की आवश्यकताओं के पूर्वानुमान के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने चाहिए।

द) लक्ष्योंन्मुखी – ग्रामीण बस्तियों के नियोजन के लिए इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि क्षेत्र विशेष की आवश्यकताओं के अनुसार नीति नियोजन किया जाए। जिससे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

ध) बौद्धिक क्षमता – नियोजन एवं प्रबन्धन बनाते समय लोगों की बौद्धिक क्षमता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बौद्धिक क्षमता के अनुसार नीतियां बनाने से लागू करने में आसानी होगी।

सुझाव – नियोजन नियंत्रण की निकटता से सम्बन्धित है। नियोजन भविष्य की क्रियाओं को निर्दिष्ट करता है और उन कार्यों को नियंत्रित एवं सुनिश्चित करता है। योजनाओं को बनाते समय लोगों की शिक्षा को ध्यान में रखना चाहिए।

* शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

निष्कर्ष – संसाधन सीमित हैं, नियोजन संसाधनों को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों पर किन–किन तकनीकों का प्रयोग किया जा सकता है, इसके आधार पर ही नियोजन की रणनीति बनानी चाहिए। उज्जैन तहसील में नियोजन एवं प्रबंधन के माध्यम से स्थानीय ग्रामीण लोगों को अधिक आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. डॉ. मौर्य, एस.डी., (2013), अधिवास भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 114–115।
2. राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी समाधान (2008)।
3. विभिन्न वेबसाइट।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

मेवाड़ राज्य का भोगोलिक-ऐतिहासिक परिचय

डॉ. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत*

प्रस्तावना – भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी-पश्चिमी भाग में स्थित राजस्थान का दक्षिणी-पश्चिमी भू-भाग मेवाड़ है।[1] मेवाड़ राज्य समय के साथ-साथ कई विभिन्न नामों से अभिहित किया जाता रहा है। द्वितीय शताब्दी ई. पू. में यह 'शिबि' जनपद (मज्झमिका या मध्यमिका) के नाम से प्रसिद्ध था तो बाद में 'प्राग्वाट' नामकरण से।[2] संस्कृत शिलालेखों एवं पुस्तकों में इसे 'मेदपाट' नाम से भी सम्बोधित किया गया है, जिसका अर्थ मेव या मेरों का देश होता है। मेवाड़ राज्य की पूर्व-मध्यकाल व मध्यकाल में नागदा, आहाड़ (आघाटपुर)[3] और चित्रकूट या चित्तौड़गढ[4] भी राजधानी के रूप में रही। तत्पश्चात् उत्तर मध्यकाल एवं आधुनिक काल में उदयपुर राजधानी रहने के कारण यह उदयपुर राज्य कहलाया।[5] यह 'मेदपाट' मेवाड़ राज्य राजस्थान में विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान के दक्षिण में 23°49' से 25°28' उत्तर अक्षांश तथा 73°1' से 75°49' पूर्व देशान्तर के मध्य में स्थित है। भारतीय संघ में विलिनीकरण से पूर्व इसका क्षेत्रफल 12691 वर्गमील (2043.626 वर्ग कि.मी. या 22032.92 वर्ग किमी) था।[6]

राजनीतिक राज्य के रूप में मेवाड़ का विकास छठी शताब्दी ई. के उत्तरार्द्ध में गुहिल या गुहिलोत वंश की स्थापना से होता है जिसका संस्थापक गुहिल था।[7] गुहिल अपने को सूर्यवंशी मानते हैं और अपनी वंशावली अयोध्यापति रामचंद्र के ज्येष्ठ पुत्र कुश के वंश से जोड़ते हैं।[8] अयोध्या में कुश की परम्परा का अंतिम शासक सुमित्र था।[9] सुमित्र की कुछ पीढ़ियों पश्चात् कनकसेन ने काठियावाड़ में वल्लभी साम्राज्य स्थापित किया जिस पर उसके वंशजों ने 524 ई. तक शासन किया।[10] इसके बाद 568 ई. में मेवाड़ में इसी वंश का उक्त गुहादित्य या गुहिल नाम का राजा हुआ जिसके नाम से उसका वंश 'गुहिल-वंश' अथवा 'गहलोत/गुहिलोत वंश' कहलाया।[11] इस वंश का अन्य महत्वपूर्ण शासक 'काल-भोज' या 'बापा' था जिसने मोरी वंश (मौर्य) के मानसिंह से 734 ई. में चित्तौड़ का दुर्ग छीन लिया और रावल की उपाधि धारण की।[12]

मेवाड़ राज्य की सीमाएँ तथा आकार समय-समय पर बदलते रहे हैं और अपने उत्कर्ष काल में महाराणा कुम्भा (1433-1468 ई.) ने राजपूताने के अधिकांश (मारवाड़, नागौर, सिरोही) का भाग सहित गुजरात, मांडू (मालवा) और दिल्ली सल्तनत के (सैय्यद एवं लोदी शासक) राज्यों के कुछ इलाके छीनकर मेवाड़ को महाराज्य बना दिया।[13] महाराणा सांगा (1507-1527 ई.) के काल में इस राज्य की सीमाएँ पूर्व में भिलसा, कालपी, गागरौन, चन्देरी एवं चम्बल पार से लेकर (मालवा) दक्षिण में रेवाकांठा एवं माहीकांठा (गुजरात), पश्चिम में अरावली पर्वतमाला के पार गोड़वाड़, सिरोही क्षेत्र व पालनपुर, पश्चिमोत्तर में मण्डोर (मारवाड़), उत्तर में बयाना (भरतपुर), मेवात तथा पूर्वोतर में रणथम्भौर और बयाना, आगरा के निकट पीलाखाल या पिल्याखाल (पीलियाखाल) तक फैली थी। इस प्रकार महाराणा सांगा के काल में दिल्ली सल्तनत, गुजरात और मालवा के मुस्लिम राज्यों के भागों पर भी मेवाड़ ने आक्रमणकारी नीति अपनाकर अधिकार कर लिया था।[14] डूँगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, कोटा, बूंदी, अजमेर और ब्यावर के क्षेत्र भी महाराणा सांगा के अधीन थे।



प्रताप कालीन मेवाड़ मानचित्र

महाराणा प्रताप व महाराणा अमरसिंह के युग में ऐसा भी समय आया कि मेवाड़ के अधीन चावण्ड के आस-पास का छप्पन-भोमट का क्षेत्र ही रह गया था[15] परन्तु 1615 ई. में सम्पन्न हुई मेवाड़-मुगल संधि की शर्तो के अनुरूप जहाँगीर ने मेवाड़ राज्य के सभी पुराने प्रदेश (1568 ई. के पूर्व मेवाड़ के अधीन थे) वापस लौटा दिये।[16]

मेवाड़ महाराणा राजसिंह प्रथम (1652-1680 ई.) के सन्तुलित शासन काल में सन 1680 में मेवाड़ राज्य की सीमाएँ विभिन्न दिशाओं में निम्नलिखित राज्यों की सीमाओं से मिलती थी-

उत्तर- अजमेर सुबा तथा शाहपुरा राज्य
दक्षिण- डूंगरपुर, बांसवाड़ा तथा देवलिया राज्य
पूर्व-कोटा एवं बूंदी का राज्य
पश्चिम-जोधपुर एवं सिरोही राज्य
नैऋत्य-ईडर राज्य[17]

* अतिथि व्याख्याता, इतिहास सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

अठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय (1710-1734 ई.) के समय मेवाड़ की सीमा पुन: बढ़ती रही। इस समय मेवाड़ राज्य उत्तर-पूर्व में देवली, उत्तर में नसीराबाद के पास तक, पश्चिम-उत्तर तथा पश्चिम में जोधपुर व सिरोही, पश्चिम-दक्षिण में ईडर राज्य के कुछ भाग, दक्षिण में डूँगरपुर, बांसवाड़ा, और प्रतापगढ़ राज्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण में भानपुरा, बूंदी, कोटा तथा उत्तर-पूर्व में जयपुर राज्य की सीमा तक फैला हुआ था।[18] परंतु 18 वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से मेवाड़ पर मराठा उपद्रव, चौथ व सहायता के बदले में मेवाड़ के कई गाँव एवं परगने देने पड़े जिससे मेवाड़-क्षेत्र में कमी आना स्वाभाविक ही था जैसे-महाराणा संग्रामसिंह द्वितीय ने 1729 ई. में मेवाड़ के पूर्वी-पश्चिमी भाग में स्थित रामपुरा(मालवा) का परगना मेवाड़ महाराणा अमरसिंह द्वितीय के दौहित्र व अपने भाणेज और जयपुर महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय के द्वितीय पुत्र माधोसिंह (जयपुर) को जागीर के रूप में दिया था किन्तु माधोसिंह ने 8,56,997 रुपये वार्षिक आय का यह परगना मल्हार राव होल्कर को सहायता के बदले में दे दिया।[19] महाराणा राजसिंह द्वितीय (1754-1761 ई) ने चम्बल के समीप स्थित कणजेड़ा, जारडा, हिंगलाजगढ़, जामुनिया व वुडसु (बुडसा) के 60 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परगने होल्कर के गिरवी रखे परन्तु ऋण की राशि चुकता न होने से 1763 ई. में होल्कर ने महाराणा अरिसिंह के काल में इन परगनों पर स्थायी रूप से अधिकार कर लिया।[20]

महाराणा अरिसिंह (1761-1773 ई.) के काल में कोटा के मुसाहिब झाला जालिमसिंह को चीताखेड़ी की जागीर व जोधपुर के महाराजा विजयसिंह को राज्य के उत्तर-पश्चिम में स्थित 80 लाख रुपये वार्षिक उत्पादन का गोडवाड़ परगना प्रदान किया जो कभी भी मेवाड़ में पुन: सम्मिलित नहीं हो सका।[21] महाराणा हमीरसिंह (1773-1778 ई.) के काल में माधवराव सिंधिया (महादजी सिंधिया) ने 1774 ई. में 13,725 रुपये वार्षिक उत्पादन के 48 गाँव बेगूँ जागीर से, 31,451 रुपये वार्षिक उत्पादन के 36 गाँव सिंगोली परगने से तथा 3651 रुपये वार्षिक उत्पादन के 18 गाँव भिंचोर परगने से ले लिये थे। इसी भांति अहिल्या बाई होल्कर ने भी इसी काल में 10,000 रुपये वार्षिक आय वाले 29 गाँवों के मोरवण व नन्दवास नामक दो परगनों के साथ 1774 ई. में निम्बाहेड़ा परगने को चौथ की बकाया राशि के बदले में स्थायी रूप से ले लिया था।[22] महाराणा भीमसिंह ने (1778-1828 ई.) राज्य के दक्षिण-पूर्व स्थित जावद व जीरण नामक क्षेत्र 1788 ई. में सिंधिया को फौज खर्च के बदले में दिये थे।[23]

सन् 1774 ई. में अहिल्या बाई होल्कर द्वारा अधिकृत[24] एवं 1809 में अमीर खां पिण्डारी को अपने मालिक जसवंतराव होल्कर से मिला निम्बाहेड़ा परगना अंग्रेजी शासनकाल में 1817 ई. की संधि के अन्तर्गत विधिवत् रूप से टोंक राज्य में मिला दिया गया।[25] टोंक नवाब अमीर खां के टोंक राज्य के अन्तर्गत स्थित निम्बाहेड़ा परगना तीन तरफ से मेवाड़ से और एक तरफ ग्वालियर राज्य से मिला हुआ था। सिन्धिया का भिंचोर का परगना चारों ओर मेवाड़ से घिरा हुआ था, ऐसे ही होल्कर का नंदवास और सिन्धिया के जाट (जाठ) सिंगोली और खेड़ी परगने के इलाके अधिकतर मेवाड़ के भीतर आ गये थे। ये सब इलाके पहले मेवाड़ के ही थे परन्तु पीछे समय के हेरफेर में मेवाड़ से छूट गये।[26]

मेवाड़ राज्य के कुल रकबे में से 1/4 जमीन पीवल थी। इस प्रदेश का उत्तरी व पूर्वी भाग खुला हुआ मैदान और उपजाऊ रहा है परन्तु दक्षिण-पश्चिम बहुत सी पहाड़ियों और घने जंगलो से आच्छादित है। दक्षिण में डूंगरपुर की हद से लेकर पश्चिम में सिरोही की सीमा तक सारा प्रदेश पहाड़ी होने के कारण मगरा कहलाता है। मेवाड़ का राज छोटे-मोटे 15 जिलों में बंटा हुआ था, जहाँ एक-एक हाकिम रहता और उन जिलों में मातहत छोटे-छोटे परगनों में नायब हाकिम व थानेदार रहते थे। इन जिलों में से दस में तो पैमाइश होकर मालगुजारी का पक्का बंदोबस्त हो गया अर्थात् वहाँ से जमीन का राजस्व (हासिल) रुपयों में लिया जाता था और शेष जिलों में पुराने ढंग का प्रबन्ध होने के कारण वहाँ लाटा-कूंता होता था अर्थात् पैदावार का हिस्सा लिया जाता था। गिरिवा (गिरिवाह/गिर्वा) के दो विभाग हैं, अंदरूनी, देबारी के पहाड़ी सिलसिले के भीतर का भाग अंदरूनी और बाहरी का बेरूनी गिरिवा कहलाता है। अंदरूनी गिरिवा में कच्ची तहसील है।[27] मेवाड़ राज्य-प्रबन्ध के लिये मेवाड़ के सोलह भाग किये गये थे जो जिले या परगने कहलाते थे। इन जिलों या परगनों का तहसील सहित वर्णन निम्नानुसार है[28] -

1. गिरवा-इस जिले का मुख्य स्थान उदयपुर है और इसके दो भाग, भीतरी गिरवा (उदयपुर के आस-पास का अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ भाग) और बाहरी गिरवा (उक्त अरावली पर्वत श्रेणी से बाहर का समतल प्रदेश) है। इसके अन्तर्गत गिरवा (भीतरी गिरवा) ऊंटाला, लसाड़िया और मावली की तहसीलें हैं। .
2. छोटीसादड़ी-209 गाँवों सहित मुख्य कस्बे छोटीसादड़ी वाले इस जिले में दो तहसीलें थी, करजू और छोटी सादड़ी।
3. कपासण-इसमें जासमा, आकोला एवं कपासन तहसीलें थी।
4. चितौड़-इस जिले में नंगावली, कणेरा एवं चित्तौड़गढ़ तहसीलें थी।
5. राशमी-इस जिले में राशमी एवं गिलूंड की तहसीलें थी।
6. भीलवाड़ा-इसके अन्तर्गत भीलवाड़ा एवं मांडल की तहसीलें थी।
7. सहाड़ा-इस जिले में रायपुर, रेलमगरा और सहाड़ा की तहसीलें थी।
8. मांडलगढ-इसमें कोटड़ी एवं मांडलगढ़ की तहसीलें थी।
9. जहाजपुर-इसमें जहाजपुर और रूपान की तहसीलें थी।
10. राजनगर-मेवाड़ के पश्चिमी भाग में स्थित इस परगने में 123 गाँव थे।
11. सायरा-मेवाड़ के पश्चिमी क्षेत्र में अरावली पर्वत श्रेणी में स्थित इस परगने में 56 गाँव रहे।
12. कुंभलगढ़-इस पगरने में 165 गाँव थे।
13. मगरा-इस जिले में 4 तहसीलें-सराड़ा, खेरवाड़ा, कल्याणपुर एवं जावर थी।
14. बागोर-इस परगने में 64 गाँव थे।
15. आसींद-यह परगना आसींद के कृष्णावत चूण्डावत जागीरदार से खालसा कर लिया गया।
16. कुआखेड़ा-जहाजपुर जिले के ही इस एक भाग को फिर अलग परगना बनाया गया।

प्रत्येक जिले या परगने में हाकिम और प्रत्येक तहसील पर उसकी मातहती में नायब हाकिम नियुक्त रहते थे। वर्तमान समय में भीलवाड़ा, उदयपुर, राजसमंद एवं चित्तौड़गढ़ जिलों के भू-भाग मेवाड़ के रूप में सुज्ञात है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 99-100 महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट ,उदयपुर 2016 ; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 1-2 राजस्थानी ग्रंथागार ,जोधपुर 2015 ई.; अहमद शाहिद, मध्ययुगीन

राजपूताने की शासन प्रणाली, पृ.38 अपोलो प्रकाशन, जयपुर, 2006

2. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; भटनागर डॉ. राजेन्द्र प्रकाश, मेवाड़ का राज्य प्रबंध एवं महाराणा राजसिंहकालीन दो बहियाँ, पृ. 1-2 सूर्य प्रकाशन संस्थान, उदयपुर, 1987 ई. ; सं. सिंह रोहित कुमार, संदर्भिका राजस्थान सुजस, पृ. 805 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान सरकार ; जुगनू डॉ. श्रीकृष्ण, मेवाड़ का प्रारम्भिक इतिहास, पृ. 43, 60-61, इसमें प्राग्वाट का विवरण प्राप्त नहीं होता है। आर्यावर्त प्रकाशन, दिल्ली
3. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स1 एवं पृ. 31-34 मेदपाट का विवरण मिलता है; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, ओझा निबन्ध संग्रह, द्वितीय भाग, पृ. 187; व्यास कैलाशनाथ, गहलोत देवेन्द्रसिंह, राजस्थान की जातियों का सामाजिक एवं धार्मिक जीवन, पृ. 78; दलपति विजय कृत खुम्माण रासो, लेखक श्रोत्रिय कृष्णचन्द्र, सं. जावलिया ब्रजमोहन, पृ. संपादकीय XIV–XVIII नागदा (एकलिंगजी) मेवाड़ की पूर्व मध्यकाल में राजधानी रही महाराणा प्रताप स्मारक समिति, उदयपुर, 2001 ई.; टॉडकृत राजपूत जातियों का इतिहास, अनु. सं. पालीवाल देवीलाल, पृ. 150; जुगनू डॉ. श्रीकृष्ण, मेवाड़ का प्रारम्भिक इतिहास, पृ. 70-71, 76, 78- 79 आर्यावर्त प्रकाशन ,दिल्ली ; गुर्जर के. आर., गुर्जर क्षत्रियों की उत्पत्ति एवं गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य, पृ. 306, 313 आहाड़ या आघाटपुर (वर्तमान आयड़) मेवाड़ की राजधानी रही।
4. शास्त्री शोभालाल, वीरभूमि अथवा श्री चित्रकूट-गुण-मालिका, पृ. 10-11 ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1-2, पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; पिन्हे, ए.एफ., हिस्ट्री ऑफ मेवाड़, पृ. परिचियात्मक अध्याय, 1-25 ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.45-54;The Journal of the numismatic society of India, Vol. XXV, 1963, Part-I, Chief editor H.V. Trivedi, Editors A.K. Narain, P.L. Gupta, p.no. 81-86, JNSI-XXV, plate-VI-VII, मेवाड़ स्टेट के सिक्कों पर चित्रकूट व चित्तौड़ का अंकन प्राप्त होता है।
5. टॉडकृत राजपूत जातियों का इतिहास, अनु. सं. पालीवाल देवीलाल, पृ. 16-17, 150, पाद टिप्पणी, क्र.सं. 12; गहलोत जगदीश सिंह, राजस्थान के राजवंशों का इतिहास, पृ. 24,26; ओझा, गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ.1;The Journal of the numismatic society of India, Vol. XXV, 1963, Part-I, Chief editor H.V. rivedi, Editors A.K. Narain, P.L. Gupta, p.no. 81-86, JNSI-XXV, plate-VI-VII, मेवाड़ स्टेट के सिक्कों पर उदयपुर का अंकन प्राप्त होता है। ; सं. गुप्ता, के.एस., मेवाड़ के कलाविद्, पृ. 42; राठौड़ भूपेन्द्रसिंह, मध्यकालीन राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल, पृ. 31 राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर, 2013 ई.
6. Compiled by Erskine, Major K.D. Imperial Gazetteer of India,Provincial Series Rajputana, Pg. no. 107; ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2; मेनारिया, डॉ. शिवनारायण, उत्तर मुगलकालीन मेवाड़, पृ. 9 संघी प्रकाशन, जयपुर, प्रथम संस्करण ,1986
7. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 248-250; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65-66
8. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 230-232; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65; भण्डारी सुख सम्पत्ति राय, भारत के देशी राज्य, पृ. 5
9. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 232; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65, 90-91 एवं पाद टिप्पणीयाँ
10. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 239
11. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 65-66, 96-98
12. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 250-254; ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 100-110
13. भट्ट राजेन्द्र शंकर, महाराणा कुंभा, पृ. 131प्रथम संस्करण, 2008, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया
14. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ. 239-247; ओझा उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 385-386; राणावत, डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2; के.एस. गुप्ता, गोपाल व्यास, जे.के. ओझा, मध्योत्तर आधुनिक राजस्थान का इतिहास, पृ0 26, 29, 48, इसमें मेवाड़ की आक्रमणकारी नीति व राज्य विस्तार का उल्लेख है।
15. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ.156-159, 217-218, 223; ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 448-451, 489-491; राणावत, डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2
16. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ.239-249 ;ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 497-507; राणावत डॉ. ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 2-3 चिराग प्रकाशन, उदयपुर, 2004
17. मेनारिया, डॉ. शिवनारायण, उत्तर-मुगलकालीन मेवाड़, पृ. 9-10; राठौड़, डॉ.भूपेन्द्र सिंह, मध्यकालीन राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थल (मेवाड़ के संदर्भ में), पृ. 15-16
18. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-2, पृ. ;ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 30-40; गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 20-26,29, इसमें 18 वीं शताब्दी में मेवाड़ पर मराठों के द्वारा किये गये आक्रमणों का विस्तृत विवरण प्राप्त होता है (पृ. 20-49); व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 2 राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 1989 ई.
19. गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 63-65 इसमें पृ. 51 व 52 पर विवरण प्राप्त होता है कि Hence in 1729, Maharana Sangram Singh-II, granted the Paragana of Rampura to Madho Singh giving him the ranked and status of a Sardar of the first sixteen nobles.; ओझा, डॉ. जे.के. मेवाड़ का इतिहास, पृ. 7-10; व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 2 पाद टिप्पणी, क्र.स. 3

20. ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-2, पृ. 645, 648; गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 73-74
21. ओझा, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-2, पृ. 660 मेवाड़ का गोडवाड़ का परगना जोधपुर महाराजा विजयसिंह (1752-1797 ई.) के अधिकार में चला गया ; ओझा, डॉ. जे.के. मेवाड़ का इतिहास, पृ. 155-156, 192-194एस. चांद एण्ड कं. नई दिल्ली, 1980 ई.
22. गुप्ता, डॉ. के.एस., मेवाड़ एण्ड दी मराठा रिलेशन्स, पृ. 110-112, भिंचोर वर्तमान में गुलाब जामुन के लिए प्रसिद्ध है।
23. व्यास, डॉ. गोपाल, मेवाड़ का सामाजिक एवं आर्थिक जीवन, पृ. 3
24. होल्कर मधुसूदन राव, होल्करों का इतिहास पृ.सं.294 होल्कर एकीकृत संघ, इंदौर, 2009
25. खान, अर्ब्दुल मोईद, रियासत टोंक के हुक्मराने जीशान, भाग-द्वितीय, पृ. 25 मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान, टोंक, 2011 ;अहमद एजाज, निम्बाहेड़ा का इतिहास, कल आज और कल, पृ. 21 बज्मे सागर, निम्बाहेड़ा, 2009
26. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 100-102, पृ. 100 की पाट टिप्पणी, क्र.स. 1; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2, पृ. 17 की पाद टिप्पणी, क्र.स. 1
27. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 100-102, पृ. 100 की पाट टिप्पणी, क्र.स. 1; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 2, पृ. 17 की पाद टिप्पणी, क्र.स. 1; दुग्गड़ रामनारायण, मेवाड़ राज्य का इतिहास, पृ.2-3
28. श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 149-168; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास, भाग-1, पृ. 17-19

****

वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक उज्जैन जिले में महिला एवं बाल विकास द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना द्वारा महिला आर्थिक विकास में योगदान : एक तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. हेमलता ललावत*

प्रस्तावना - भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के अनुसार विकास करना है तो, महिलाओं का उत्थान करना होगा क्योंकि महिलाओं का विकास होने पर समाज का विकास स्वत: ही हो जाएगा। प्राचीन काल से ही समाज पुरुष प्रधान रहा है। प्रत्येक युग में नारी ने महत्वपूर्ण भूमिका अपनाई है। अपने विशिष्ट गुणों के कारण कठोर सामाजिक प्रतिबंधों के चलते विपरीत परिस्थितियों में अपना रास्ता खोज कर आगे बढ़ती जा रही है। लगभग आधी आबादी स्त्रियों की है किंतु फिर भी स्त्रियों को उपेक्षित, दयनीय, पिछड़ा और दोयम दर्जे की स्थिति प्राप्त है। सब को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार एवं अन्य राज्य सरकार द्वारा कई कानून और योजनाएं बनाई गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग की स्थापना 1985 में मानव संसाधन मंत्रालय के एक भाग के रूप में महिलाओं एवं बालकों के विकास एवं कल्याण के लिये हुई। यह विभाग उनकी उन्नति के लिये राष्ट्रीय स्तर पर योजनायें बनाता तथा नीति निर्धारण करता है। इस कल्याणकारी कार्य करने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग कुछ कार्यक्रम लागू करता है, जिसमें आय प्राप्ति के साधनों की जानकारी, रोजगार संबंधित जानकारी, साधनों की जानकारी तथा दूसरे विकास कार्यों के रूप में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को सम्मिलित किया जाता है। बालकों के संपूर्ण विकास के अंतर्गत पोषण, आहार, स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं, पूर्व स्कूली शिक्षा से कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास के हितग्राही समाज के कमजोर वर्ग, महिलायें और बच्चे हैं, जिनके विकास व कल्याण का कार्य आसान एवं अल्प अवधि में पूरा होने वाला नहीं है। विभाग की कई योजनाओं का विस्तार हुआ है, वही लाडली लक्ष्मी योजना, मंगल दिवस योजना, लाडो अभियान जैसी नई योजनायें भी संचालित की जा रही है। गतिशील रहते हुए विभाग ने विकास के लिये प्रत्येक चुनौती को स्वीकार किया है। उपलब्धि के आंकड़े बड़े नहीं है किन्तु समाज में महिलाओं की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है, महिलाओं में अपने अधिकारों व हितों के प्रति जागरूकता आई है, बच्चों के कुपोषण में कमी आई है।

महिला एवं बाल विकास की योजनाएं निम्न है -

1. लाड़ली लक्ष्मी योजना
2. फास्टर केयर योजना
3. दत्ताक ग्रहण योजना
4. लाडो अभियान
5. शौर्य दल योजना
6. मंगल दिवस योजना
7. मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना

लाड़ली लक्ष्मी योजना - बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के शैक्षणिक स्थल तथा स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार तथा उनके अच्छे भविष्य की आधारशिला रखने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश लाडली लक्ष्मी योजना 1 अप्रैल 2007 से लागू की गई है योजना के तहत बालिकाओं को रू. 118000/- का बचत पत्र जारी किया जाता है तथा बालिका के कक्षा छठवीं में प्रवेश पर रु. 2000/-, 9वी में रु. 4000/- तथा 11वीं एवं 12वीं में रु. 6000/- दिए जाने का प्रावधान है तथा बालिका को 21 वर्ष के उपरांत एक लाख से अधिक की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत लाभ की राशि भुगतान के माध्यम से प्रदान की जाती है।

इस राशि का अंतिम भुगतान रुपये एक लाख बालिका की आयु 21 वर्ष होने पर तथा कक्षा 12वीं परीक्षा में सम्मिलित होने पर भुगतान किया जाता है, किंतु शर्त यह होती है कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु से पहले नहीं होना चाहिए अगर इससे पहले बालिका का विवाह हो जाता हैं तो शेष राशि प्रदान नहीं की जाती है।

निम्नलिखित तालिका में उज्जैन जिले की लाडली लक्ष्मी योजना के संबंध में जानकारी प्रदान की गई वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक 5 वर्षों में महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक जानकारी का उल्लेख है -

क्र.	वर्ष	स्वीकृत प्रकरणों की संख्या
1	2010-11	7807
2	2011-12	11282
3	2012-13	10074
4	2013-14	4216
5	2014-15	10064

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 स्वीकृत प्रकरणों की संख्या 7807 है। इसी प्रकार 2011-12, 2012-13, 2013-14 एवं 2014-15 में क्रमश: 11282, 10074, 4216 तथा 10064 प्रकरणों की संख्या है।

अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि लाडली लक्ष्मी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ महिलाओं को 2011-12 में हुआ जिसमें स्वीकृत प्रकरण की संख्या 11282 है।

कारण एवं सुझाव - प्रकरणों की संख्या में यथोचित वृद्धि न हो पाने के

* 7/3 किशनपुरा मैक्सी रोड,उज्जैन (म.प्र.) भारत

कारण निम्नलिखित हैं :

1. **अशिक्षा –** हितग्राही महिलाओं का कम पढ़ा होना अथवा अनपढ़ होना जिसके कारण उन्हें योजनाओं की पूर्ण जानकारी नहीं होती।

2. **कागजी कार्यवाही –** योजना के अंतर्गत कागजी कार्यवाही अत्यधिक होती है।

3. **प्रचार प्रसार –** प्रचार प्रसार का अभाव होने के कारण बहुत सी योजनाओं की जानकारी समय पर नहीं मिलती।

4. **सामाजिक एवं पारिवारिक परिवेश –** गांव में सामाजिक पारिवारिक बंधन और रूढ़िवादी सोच के कारण महिलाएं आगे नहीं बढ़ पाती है।

5. **प्रशिक्षण का अभाव –** आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को उचित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की बहुत आवश्यकता है।

6. **परिवहन की असुविधा –** संचालकों को कार्य करने हेतु गाँव या शहर में संपर्क करना होता है। यातायात के साधनों के अभाव के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

7. **वेतनमान कम होना –** आँगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के दायित्व अधिक होते हैं उसके अनुसार उनका वेतन मान कम होता है। तथा समय पर वेतन भी नहीं मिलता है।

8. **राजनैतिक हस्तक्षेप –** राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण कार्यकर्ताओं, कर्मचारियों और अधिकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

समस्या निराकरण हेतु सुझाव निम्नलिखित हैं :

1. **आंगनवाड़ी भवन निर्माण –** प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्वयं की आंगनवाड़ी भवन हो, यह व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे महिलाओं और बच्चों को संपर्क करने में सुविधा हो।

2. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित करना –** आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कम से कम हाई स्कूल पास होना चाहिए पढ़ी-लिखी कार्यकर्ता और अच्छे से कार्य कर सकें।

3. **विज्ञापन की सुविधा –** योजना को और सुचारु रुप से चलाने के लिए टीवी, इंटरनेट के जरिए प्रचार प्रसार हो।

4. **उचित मानदेय वेतन के रूप में देना –** कार्यकर्ताओं को जो मानदेय प्राप्त होता है उनके दायित्व की तुलना में कम है तथा समय पर भुगतान नहीं होने के कारण बेहतर परिणाम की आशा नहीं की जा सकती है। अत: उचित भुगतान एवं समय पर भुगतान प्राप्त होना चाहिये।

5. **शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु जागरूकता लाना –** शिक्षा के स्तर को बढ़ाना आवश्यक है जिसमें महिलाओं के साथ साथ पुरुषों को भी जागरूक होना आवश्यक है।

6. **यातायात –** कार्यकर्ता तथा अधिकारियों को परिवहन संबंधित समस्या सेना जूझना पड़े। उचित यातायात की सुविधा हो जिससे गांव और शहरों में आपस में संपर्क बना सकें।

7. **राजनैतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिये –** राजनीतिक हस्तक्षेप बंद होना चाहिए जिससे कर्मचारी, अधिकारी स्वतंत्रता पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सके।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉक्टर बंशीलाल – महिला एवं बाल कानून
2. जसमीत लॉरेंस – महिला श्रमिक- सामाजिक स्थिति एवं समस्याएं
3. आशु रानी – महिला विकास कार्यक्रम
4. एम ए अंसारी – महिला और मानव अधिकारी
5. डॉ रितु गुप्ता – महिला सशक्तिकरण एवं मध्य प्रदेश की योजनाएं
6. इंदिरा मिश्र – गरीब महिला, उधार एवं रोजगार
7. प्रशासनिक प्रतिवेदा – 2013-14 पृष्ठ क्रमांक 79.
8. मासिक प्रपत्र – महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्जैन
9. आंगनवाड़ी समाचारीका – महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल मध्य प्रदेश
10. दैनिक भास्कर
11. प्रतियोगिता दर्पण
12. www.wed.nic.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

उज्जैन जिले में भारतीय जीवन बीमा निगम के पेंशन प्लान के व्यवसाय का तुलनात्मक अध्ययन - वर्ष (2010-11से 2014-15)

डॉ. राजेन्द्र ललावत*

प्रस्तावना – परिवार का मुखिया अपनी पत्नी एवं संतान की आर्थिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी रहता है। यदि दुर्भाग्यवश उसकी मृत्यु हो जाए तो इस अचानक मृत्यु पर अपने परिवार के स्वप्न इच्छाएं एवं योजनाएं धराशाई हो जाती है। ऐसे समय में जीवन बीमा अहम भूमिका निभाता है, जो दुखी परिवार के मुखिया के आर्थिक योगदान की कमी को पूरा करता है। भारत में पॉलिसी धारक के हितों की रक्षा करने हेतु एवं बीमा उद्योग का क्रमबद्ध विनियमन, संवर्धन तथा संबंधित व आकस्मिक मामलों का कार्य करने हेतु बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण का संगठन किया गया है। जीवन बीमा एक लिखित करार है जो किसी व्यक्ति (बीमाधारी) एवं बीमा प्रदाता के बीच में किया जाता है। इस करार में बीमा प्रदाता, बीमाधारी की मृत्यु या कोई दुर्घटना होने पर उसे कोई पूर्व स्वीकृत राशि देने का करता है। इस वादे के बदले में बीमाधारी व्यक्ति को एक निर्धारित राशि किसी निर्धारित समयान्तराल पर किसी निर्धारित अवधि तक देते रहने के लिये सहमत होता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जीवन बीमा एक ऐसा अनुबंध है, जिसमें किसी व्यक्ति के जीवन का बीमा किया जाता है।

भारतीय जीवन बीमा निगम भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी है और देश की सबसे बड़ी निवेशक कंपनी भी है। यह पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में है, इसकी स्थापना सन 1956 में हुई। इसका मुख्यालय मुंबई में है। भारतीय जीवन बीमा निगम के 8 आंचलिक कार्यालय और 101 संभागीय कार्यालय भारत के विभिन्न भागों में स्थित है। इसके लगभग 2048 कार्यालय देश के कई शहरों में स्थित है और इसके 10 लाख से ज्यादा एजेंट भारत भर में फैले हैं।

भारतीय जीवन बीमा निगम के संचालित प्लान निम्नलिखित हैं

1. पेंशन प्लान
2. चाइल्ड प्लान
3. एंडोरमेंट प्लान
4. सिंगल प्रीमियम प्लान
5. ट्रेडिशनल प्लान

1. पेंशन प्लान – पेंशन प्लान आज की दुनिया की जरूरत बन गई है। यह एक स्थिर और सुखद रिटायरमेंट की पूरी स्वतंत्रता देता है। वरिष्ठ नागरिकों को अपना भविष्य आसानी से सुरक्षित करने के लिए पेंशन प्लान प्रभावी है। इस प्रभावी पेंशन प्लान के साथ उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के दौरान भविष्य की जरूरतों के साथ समझौता नहीं करना पड़ता है। पेंशन प्लान लेने से व्यक्ति अपने परिवार के साथ रिटायरमेंट के बाद भी अपने जीवन का आनंद ले सकते हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम पेंशन प्लान लेने से पेंशन में निवेश की गई राशि बीमित व्यक्ति को उसकी बदलती और विकसित होती जरूरतों को पूरा करने के लिए वृद्धावस्था में सहायता करती है। अर्थात यह प्लान वृद्ध लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लान है, इसके अंतर्गत वृद्धजनों को एक सतत नियमित आय मिलती है।

पेंशन प्लान के प्रकार – भारतीय जीवन बीमा निगम के कई पेंशन प्लान हैं जो निम्नलिखित है –

1. प्रधानमंत्री वय वंदन योजना – वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह भारतीय जीवन बीमा निगम पेंशन योजना 10 वर्षों में 8% प्रतिवर्ष देय मासिक (प्रतिवर्ष 8.3% के बराबर) की रिटर्न का आश्वासन देती है। यह योजना मासिक/त्रैमासिक/अर्द्धवार्षिक या पेंशन के वार्षिक भुगतान की अनुमति देती है।

2. न्यू जीवन निधि – यह एक पारंपरिक प्रॉफिट पेंशन योजना है। यह सुरक्षा और बचत सुविधाओं का एक संयोजन है। यह योजना मृत्यु की अवधि और मृत्यु की तिथि के दौरान जीवित रहने की तिथि प्रदान करती है।

3. जीवन शांति – यह योजना एक एकल प्रीमियम पेंशन योजना है, जिसके तहत बीमित व्यक्ति के पास तत्काल या आस्थगित एन्युरी चुनने का विकल्प होता है। इस योजना में तत्काल और आस्थगित वार्षिकी दोनों के लिए पॉलिसी की शुरुआत में गारंटीकृत दरें और एन्यूटी जीवनकाल के लिए देय है। इसे ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाईन भी खरीदा जा सकता है।

पेंशन प्लान का तुलनात्मक अध्ययन – निम्नलिखित तालिका में उज्जैन जिले की पेंशन योजना व्यवसाय के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है, जिसमें वर्ष 2010-11 से अब वर्ष 2014-15 तक जीवन बीमा निगम की जानकारी दी गई है साथ ही 5 वर्षों के कुल व्यवसाय में से पेंशन योजना का प्रीमियम एवं उसका प्रतिशत भी दिया गया है –

तालिका क्रमांक 1.1

क्रं	वर्ष	भारतीय जीवन बीमा निगम		
		कुल प्रीमियम (लाख रू)	प्रीमियम (लाख रू)	प्रतिशत
1	2010-11	5837.06	291.85	5.0
2	2011-12	3493.75	209.63	6.0
3	2012-13	3451.43	241.60	7.0
4	2013-14	3603.57	172.57	5.0
5	2014-15	2794.22	167.65	6.0

स्त्रोत – भारतीय बीमा निगम से प्राप्त जानकारी।

* 7/3 किशनपुरा मैक्सी रोड,उज्जैन (म.प्र.) भारत

उपरोक्त तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वित्तीय वर्ष 2010 11 में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 5837.06 लाख का कुल प्रीमियम प्राप्त किया गया जिसमें से 291.85 लाख रूपये का पेंशन योजना के अंतर्गत कुल प्रीमियम प्राप्त हुआ। जिसका प्रतिशत 5.0 है। इसी तरह वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14, 2014-15 में क्रमश: 3493.75, 3451.43, 3603.57, 2794.22 लाख रूपये कुल प्रीमियम (व्यवसाय) प्राप्त हुआ जिसमें से 209.63, 241.60, 172.57 व 167.65 लाख रू का पेंशन योजना के अन्तर्गत कुल प्रीमियम प्राप्त हुआ जिसका प्रतिशत क्रमश: 6.0, 7.0, 5.0 व 6.0 है।

इसमें स्पष्ट होता है कि पाँच वर्षो में पेंशन योजना के अर्न्तगत वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 के कुल व्यवसाय के प्रतिशत के आधार पर निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि वर्ष 2010-2011 व वर्ष 2013-14 में पेंशन योजना का व्यवसाय सबसे कम है जो 5.0 प्रतिशत है तथा वर्ष 2012-2013 का व्यवसाय सबसे श्रेष्ठ है जो 7.0 प्रतिशत है।

अग्रलिखित तालिका में उज्जैन जिले की पेंशन योजना दावों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है जिसमें वर्ष 2010-2011 से वर्ष 2014-15 तक भारतीय जीवन बीमा निगम की जानकारी दी गई है। साथ ही पाँच वर्षो के कुल पॉलिसियों की संख्या में से दावों प्रतिशत दिया गया है।

तालिका क्रमांक - 2 : पेंशन योजना दावों की संख्या एवं प्रतिशत

क्र.	वर्ष	भारतीय जीवन बीमा निगम		
		पालिसियों की संख्या	दावों की संख्या	प्रतिशत
1.	2010-11	2466	2441	99.0
2.	2011-12	2750	2733	99.30
3.	2012-13	3411	3393	99.00
4.	2013-14	2112	2703	99.60
5.	2014-15	1342	1336	99.60
पाँच वर्षो का दावों का औसत प्रतिशत				99.40

स्त्रोत - जीवन बीमा निगम से प्राप्त जानकारी

पेंशन योजना दावों के उपरोक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि वित्तीय वर्ष 2010-11 में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पेंशन योजना के अंतर्गत 2466 पॉलिसियाँ की गई जिसमें से 2441 दावों का भुगतान निगम द्वारा किया गया जिसका प्रतिशत 99.0 है। इसी तरह वर्ष 2011-12, 2012-13, 2013-14 व 2014-15 में क्रमश: 2750, 3411, 2112 व 1342 पेंशन योजना के तहत पॉलिसियाँ हुई जिसमें से 2733, 3393, 2103 तथा 1336 दावों का भुगतान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा किया गया जिसका प्रतिशत कुल पॉलिसियों का क्रमश: 99.3, 99.5, 99.6 एवं 99.6 है।

अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम का वर्ष 2013-14 व वर्ष 2014-15 का पेंशन योजना का दावा भुगतान श्रेष्ठ है।

पेंशन योजना के व्यवसाय कम होने के कारण - भारतीय जीवन बीमा निगम के पेंशन योजना के व्यवसाय कम होने के निम्नलिखित कारण है -

1. भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा पेंशन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किया गया।
2. इस योजना के अंतर्गत किसी प्रकार का कोई मैच्योरिटी लाभ नहीं मिलता है।
3. इसमें बीमा धारकों को एकमुश्त राशि का भुगतान नहीं मिलता बल्कि उनको किस्तों के रूप में एक निश्चित राशि मिलती है।
4. बीमा धारकों को इस योजना की विस्तृत जानकारी नहीं दी जाती है।
5. निगम द्वारा पेंशन प्लान का पॉलिसी प्रपत्र अस्पष्ट होता है।
6. भारतीय जीवन बीमा निगम को पेंशन प्लान की प्रीमियम दरों में कमी करना चाहिए।
7. अभिकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस योजना की जानकारी दी जाना चाहिए।
8. कागजी कार्यवाहियों की अधिकता होना।
9. निगम अपने पॉलिसी धारकों से ऋण पर अधिक ब्याज लेता है।
10. भारतीय जीवन बीमा निगम के व्यवसाय की प्रमुख समस्या दावों के भुगतान में कठिनाइयां है।

पेंशन योजना के व्यवसाय की वृद्धि हेतु समाधान - भारतीय जीवन बीमा निगम की पेंशन योजना के व्यवसाय में आई कमी के समाधान हेतु सुझाव -

1. पेंशन प्लान का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए जैसे मल्टीमीडिया द्वारा, होल्डिंग्स फ्लेक्स द्वारा, समाचार पत्र द्वारा आदि।
2. इस योजना के तहत किसी भी प्रकार में शीघ्र लाभ मिलना चाहिए।
3. अभिकर्ताओं द्वारा इस योजना की विस्तृत जानकारी बीमा धारकों को दी जानी चाहिए।
4. निगम द्वारा प्लान का पॉलिसी प्रपत्र स्पष्ट अर्थात सरल किया जाना चाहिए।
5. भारतीय जीवन बीमा निगम को अपने प्लान के प्रीमियम दरों को थोड़ा कम करना चाहिए।
6. अभिकर्ताओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेंशन प्लान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को दी जानी चाहिए।
7. निगम द्वारा दावे-भुगतान की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम करना चाहिए।
8. निगम अपने पॉलिसी धारकों से ऋण पर ऊंची दर पर ब्याज लेता है अत: उसे ऋण पर लेने वाले ब्याज को कम करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बीमा के तत्व - आर के विश्नोई
2. लाइफ इंश्योरेंस - ह्युम्बनर
3. एल. आई. सी. प्लान्स - निपुण रेडी
4. Life insurance India - A. N. Agrawal
5. Problems of India life Insurance – P.C. Vasu
6. योगक्षेम - मासिक पत्रिका भा. जी. बी. नी.
7. निगम की वार्षिक रिपोर्ट - पब्लिकेशन डिपार्टमेंट
8. भारतीय जीवन बीमा निगम - वार्षिक डायरी
9. www.licindia.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 4.710 (2016) Oct. to Dec. 2017, E-Journal,Vol. IV, Issue XX

A Study on Indore's Housing Development by Financial Management of Chief Minister Rural Housing Mission

Pawan Tiwari*

Abstract - Housing is one of the fundamental necessities for the survival of human beings. Possession of a house provides important economic security and social position for a citizen in the society. MP has about 37 lac rural poor who are either houseless or live in semi-pucca houses. The gap between the demand and supply is too huge to be addressed by existing schemes like IAY. In view of this the Govt. has launched 'CM GraminAwas Mission" to facilitate housing to rural poor. Chief Minister Rural Housing Mission (CMRHM) was launched by The Minister of Rural Housing Mission on 22th Feb 2011. This mission by provide housing facilities for all rural poor families and CMRHM has eradicated the poor families in rural area for making housing facilities. The state government provide finance throw bank for BPL and APL families etc.The attempt in this paper is made to evaluate the financial management of CMRHM with special reference to Indore district. The study based on secondary source of information collected from Article, journals, websites etc.
Keywords - Rural Housing, Housing Shortage, Houseless, Demand and Supply, Financial Management.

Introduction - Housing is one of the basic requirements for the survival of human beings. Ownership of a house provides significant economic security and social status for a citizen in the society. The identity and social recognition associated with ownership of a house provides an individual with immense confidence to get involved into many social activities. Stable, affordable and accessible housing is directly and indirectly linked to human wellbeing. One can easily understand the socio-economic status of a family just by watching physical attributes of their housing. Good housing and its surroundings indicate the standard of living of the family, it provides facilities for education, recreation and many other facets of life. A person deprived of this basic need faces all odds of life and remains discriminated and marginalized in the society. Housing contributes significantly towards the configuration of cultured human existence. Around one third of the human populations in urban as well as rural areas in the country are deprived of adequate housing facilities. Out of the estimated 200 million families in India, approximately 65 to 70 million families do not have adequate housing facilities. They are not able to procure a house for want of financial resources. The situation of the Scheduled Tribes, Scheduled Castes and the other socially and economically backward class families is worst affected by poor housing conditions. Hence, fulfilling the need for rural housing and tackling housing shortage particularly for the poorest is an important task to be undertaken as part of the poverty alleviation efforts of the government.

Introduction of Chief Minister Rural Housing Mission - In Indira awasYojana approximately 70000 loans for housing got distributed in rural areas of Madhya Pradesh .This is very low, when compared with the number of people in those area. Hence, it is felt that there is requirement of a mission to provide housing for the poor people of rural areas. Thus, chief minister rural housing mission scheme started. This scheme is based on "on-Request-On-Demand-Loan". In this scheme, the beneficiary will be provided help from different departments, to built his own house. Depending on the beneficiary CIBIL, and loan re-payment, the bank may provide loan for 10,12 and 15 years.Mission is executed in a systematic way in all district of the state . In the first year the scheme is executed in one third of gram panchayat for each janpadpanchayat ,for all districts in state, keeping in mind all administrative and realistic situation as of now , areas under najool outer region shall not be covered under this scheme.

Amount Required to built House

1. The unit constructed under this mission will cost Rs. 120000/- . the beneficiary will pay Rs. 20000/- and remaining amount Rs. 100000/- will be paid by bank in form of loan out of that Rs, 50000/- along with interest will be repaid by state government in form of monthly installment.
2. Selected beneficiary will be provided a loan unto Rs. 50000/- from bank on demand and beneficiaries repayment condition, an extension of Rs. 30000/- loan amount can be provided. But there will be no role for state government for this extension .The state government is responsible to pay Rs. 50000/- for each unit.

Size of housing unit.

***Asst. Prof., K.K. College, Indore (M.P.) INDIA**

Proposed Rs.120000/- a minimum of 225 sq.ft. housing unit will be constructed. The unit will consist **Objectives of Research -** The researcher has determined the following objectives for his/her research work:

1. To analyze the financial management of state government for Chief Minister Rural Housing Scheme.
2. To make a comprehensive study of the solution of housing problems of the selected families in Chief Minister Rural Housing Scheme.

Introduction of Financial Management of CMHRM - The financial aspects of CMHRM scheme for Indore District. It is considered number of cases being submitted and cases being admitted by the bank. Also it covers the total amount being given by bank. Also it covers the total availability and utility of the fund.

Total Amount Spend in Construction of Houses - For constructing houses under CMHRM scheme, the total amount spend by the Bank during 2011- 17 is about 268.24 Lacs.

From the table 1, it is clear that the total amount spend of Rs. 1,440,000/- for construction of 24 houses (Rs. 60,000/- for each house) was released by Bank in the year 2011-12. . This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. This is considered to be as index 100 with base year 2011-12.

Also, it is clear that the total amount spend of Rs. 16,860,000/- for construction of 281 houses (Rs. 60,000/- for each house) was released by Bank in the year 2012-13. . This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. The index calculated is 1170.83 , which is 1070.83 more than the base year.

Also, it is clear that the total amount spend of Rs. 50,940,000/- for construction of 849 houses (Rs. 60,000/- for each house) was released by Bank in the year 2013-14. This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. The index calculated is 3537.5 , which is 3437.5 more than the base year.

Also, it is clear that the total amount spend of Rs. 91,600,000/- for construction of 916 houses (Rs. 1,00,000/- for each house) was released by Bank in the year 2014-15. This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. The index calculated is 6361.11 , which is 6261.11 more than the base year.

Also, it is clear that the total amount spend of Rs. 79,100,000/- for construction of 791 houses (Rs. 1,00,000/- for each house) was released by Bank in the year 2015-16. This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. The index calculated is 5493.06 , which is 5393.06 more than the base year.

Also, it is clear that the total amount spend of Rs. 28,300,000/- for construction of 283 houses (Rs. 1,00,000/- for each house) was released by Bank in the year 2016-17. This was done keeping in mind the guideline and necessary construction work done. The index calculated is 1965.27, which is 1865.27 more than the base year.

Findings :

1. Chief Minister Rural Housing Mission is fruitfully implemented in the Indore District.
2. Total 3144 house to the implemented to the beneficiaries through the scheme.
3. Rs. 268,240,000 has been Finance for providing housing facility to the houseless in Indore district during the study period.
4. Beneficiaries are not aware of this scheme, are unable to build a house for most beneficiaries.

Conclusion - The Chief Minister Rural Housing Mission has been renamed as Pradhan ManrtiGrameenAwasYojana on 20th November 2016. The main objective of the scheme is to provide a finance aid to the members of BPL and APL families etc. below the poverty line for the construction of their dwelling units by providing a lump sum amount as financial assistance. In Indore district APL and BPL are more benefited and got assistance from Bank for having their own house. Housing Authority and other local administration educated and helped people in constructing their own house. With the help of local administration, “sachhuagharkasapna , pakkagharhaiabapna”.

References :-

1. Chief Minister Rural Housing Mission, Indore District, Scheme Guidelines& user _manual, Feb,2011, Ministry of Housing &Rural Poverty Alleviation, Government of MP
2. http://mmgam.mp.nic.in/Public/mmgam_Info.aspx?ID=8
3. http://seekhe.com/yojana/mp-mukhyamantri-gramin-awas-yojana/

TABLE 1 :Total Amount Spend in Construction of Houses

Year	Distribution	Loan Amount	Total Loan Amount	Amount Spend on Construction(in lacs)	Index
2011-12	24	60000	24X60000	14.4	100
2012-13	281	60000	281X60000	168.6	1170.83
2013-14	849	60000	849X60000	509,4	3537.5
2014-15	916	100000	916X100000	916	6361.11
2015-16	791	100000	791X100000	791	5493.05
2016-17	283	100000	283X100000	283	1965.27
Grand Total			**26824**		

Source :- Yearly Report of District Panchayat ,Indore

****

राष्ट्रीय सुरक्षा की बदलती अवधारणा

डॉ. रितेश सिंगारे *

प्रस्तावना – राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा से पहले यह समझना आवश्यक है कि राष्ट्र क्या है? जिसकी हमें सुरक्षा करनी है। आधुनिक राष्ट्र-राज्य व्यवस्था कोई स्थिर संकल्पना न होकर एक विकास अवस्था है जिसमें निरंतर बदलाव आ रहा है। आधुनिक राष्ट्र-राज्य व्यवस्था एक निरंतर क्रमिक विकास का फल है। पश्चिम में आधुनिक राज्यों का जन्म 17वीं शताब्दी में 1648 की वेस्टफेलिया की संधि से समझा जाता है।

राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को समझने के लिए आदर्श रूप में 'राष्ट्र' एवं 'राज्य' दोनों के मध्य मूल भेद को जानना जरूरी है। 'राष्ट्र' शब्द जिसका प्रयोग बहुधा 'राज्य' के स्थान पर भी कर लिया जाता है, एक ऐसा शब्द है जिसके सांस्कृतिक निहितार्थ है। इसका संबंध जनता के उस समूह से हाता है जो एकात्मकता एवं आपसी मूल्यों की भावना से संगठित होते है। यह समूह कुछ सांस्कृतिक कारकों पर आधारित होता है, जैसे समान इतिहास, समान भाषा, समान धर्म, समान जातीयता एवं समान प्रथाएँ आदि। दूसरी और 'राज्य' शब्द का संबंध राजनीतिक विचार और कानूनी सत्ता दोनों से होता है। तथापि, संयुक्त रूप से 'राष्ट्र-राज्य' शब्द का संबंध 'राष्ट्र' के रूप में एक ऐसी सांस्कृतिक इकाई से होता है जिसकी सीमायें 'राज्य' की राजनैतिक-कानूनी सीमाओं के समान होती है।

अंतर्राष्ट्रीय कानून के अंतर्गत आधुनिक राज्य निम्नलिखित चार लक्षणों पर आधारित होता है:-

(i) स्थाई जनसंख्या (Permanent Population);
(ii) निश्चित प्रदेश (Cartain Territory);
(iii) संगठित सरकार (Organised Government);
(iv) प्रभुसत्ता (Sovereignty).

वास्तव में पश्चिमी विद्धवानों की राष्ट्र की अवधारणा में मौलिक ख़ामिया है क्योंकि जब राष्ट्र की नीव ही धर्म, भाषा, जाति और-संप्रदाय पर रखी जाती है तो यह कहना सही होगा कि राष्ट्र एक सांप्रदायिक संस्था है। यदि राष्ट्र एक सांप्रदायिक संस्था है तो राष्ट्रवाद भी एक साम्प्रदायिक भावना ही मानी जाएगी। पश्चिमी जगत के अनुसार जातीय विभिन्नता को समाप्त करके एक जाति और एक संस्कृति के लोगों के अस्तित्व के अलावा अन्य को समाप्त करना ही राष्ट्रवाद है। यही कारण है कि कुछ विद्धान भारत को राष्ट्र नही मानते क्योंकि उनका मानना है कि भारत कई राज्यों का राष्ट्र है जिसके लिए वे राज्य-राष्ट्र शब्द का प्रयोग करते हैं। उनके अनुसार भारत कई राष्ट्रों (जिनको हम राज्य कहते है) से मिलकर बना है। इन क्षेत्रों की अलग-अलग भाषाएँ, संस्कृति और इतिहास है।

यदि उनके इस तथ्य को स्वीकार किया जाए तो विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर होने वाले आंदोलन जैसे खालिस्तानी आंदोलन, असम आंदोलन, नक्सलवादी आंदोलन, जिनको हम उपराष्ट्रवादी आंदोलन या अलगाववादी आंदोलन कहते है, वे आंदोलन राष्ट्रवादी आंदोलन हो गए। ऐसा इसलिए क्योंकि इनका संचालन उस राष्ट्र के निवासी अपनी राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत होकर कर रहें है। इस रूप में तो राष्ट्र के रूप में हमारा अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। इसलिए हमें पश्चिमी राष्ट्रवाद का चोला उतार कर फेंक देना चाहिए तथा देशभक्त बनना चाहिए। देश लोगों से मिलकर बनता है इसलिए देश से प्रेम करने से पहले देश के लोगों से प्रेम करना चाहिए।

कई पश्चिमी विद्धान यह मानते है कि ब्रिटिश लोगों के कारण ही भारत में राष्ट्रवाद की भावना ने जन्म लिया, राष्ट्रीयता की चेतना ब्रिटिश भारत की देन है और इससे पहले भारतीय इस चेतना से अनभिज्ञ थे, पर यह सत्य नहीं है।

वस्तुत: भारत की राष्ट्रीय चेतना वैदिककाल से अस्तित्वमान हैं। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में धरती माता का यशोगान किया गया है। माता: भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या: (भूमि माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूँ।)

विष्णुपुराण में भारत का यशोगान पृथ्वी पर स्वर्ग के रूप में किया गया है। वायुपुराण में भारत को अद्धितीय कर्मभूमि बताया है। रामायण में रावणवध के पश्चात् राम, लक्ष्मण से कहते है:- अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्मण रोचते।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।

(अर्थ-हे लक्ष्मण! यद्यपि यह लंका स्वर्णमयी है, तथापि मुझे इसमें रूचि नहीं है। जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। वास्तव में हमारे देश के संदर्भ में सारी पृथ्वी हमारा परिवार है (वसूधैव कुटुम्बकम्ब) की भावना और अंग्रेजों की बांटो और राज करोय की नीति के विरोधाभाष को समझना आवश्यक है। हमारे देश की नीव रामराज्य अर्थात् सब के उद्धार और ट्रस्टिशिप की अवधारणा और मानव सेवा ही माधव सेवा के आधार पर रखी गई है।

अत: राष्ट्रीय सुरक्षा को हम केवल भू-भाग की सुरक्षा तक सीमित नहीं रख सकते बल्कि प्रत्येक देशवासी के सर्वांगिक विकास ही राष्ट्रीय सुरक्षा का मूल है। वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा की दो अवधारणायें प्रचलित है-

(i) पारंपरिक अवधारणा
(ii) गैर-पारंपरिक या आधुनिक अवधारणा।

(i) पारंपारिक अवधारणा के सैन्य विचारक वाल्टर लैपमैने के अनुसार- 'कोई राष्ट्र केवल उस सीमा तक सुरक्षित है, जितनी दूर तक उसे, यदि वह युद्ध से बचना चाहता है तो अपने आधारभूत मूल्यों को कुर्बान करने के लिए मजबूर होने का खतरा नहीं है और यदि उसे चुनौति दी जाये तो जितनी दूर तक वह ऐसे युद्ध में विजय द्वारा उन्हें कायम रखने में समर्थ है।' इस तरह लिपमैन शक्ति के संचय से भयमुक्त वातावरण के सृजन को राष्ट्रीय सुरक्षा

* अतिथि विद्वान (सैन्य विज्ञान) शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

मानते है। अत: लिपमैन की अवधारणा में शक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा का पर्याय बन जाती है। शक्ति साध्य या मूल्य बन जाती है।

आसगुड के अनुसार:- 'राष्ट्रीय-हितों की सुरक्षा ही सुरक्षा है।' यहाँ आसगुड राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा का अर्थ प्रादेशिक अखण्डता, सम्प्रभुता और राजनीतिक स्वतंत्रता से लगाते हैं। इस तरह आसगुड भी राष्ट्रीय-सुरक्षा को शक्ति का पर्याय मानते हुए वाल्टर लिपमैन का ही समर्थन करते है।

बर्कोविट्ज के अनुसार:- 'सुरक्षा किसी राष्ट्र की वह क्षमता है जिसके द्वारा वह वाह्य आक्रमणों से अपने आंतरिक मूल्यों को बचाने की कोशिश करता है।' यहाँ आंतरिक मूल्यों का अर्थ सम्प्रभुता, एकता, अखण्डता इत्यादि से लगाते है। इस तरह बर्कोविट्ज भी सुरक्षा को शक्ति के रूप में ही देख रहे है।

राबर्ट मैकनमारा के अनुसार:-'जो विकसित है वही सुरक्षित है।' इस तरह मैकनमारा की परिभाषा केवल विकसित देशों के संदर्भ में है एवं यह निश्चित रूप से कहना कि विकसित राष्ट्र सुरक्षित है, तथ्यों को झूठलाना होगा।

उपरोक्त परिभाषायें विकसित राष्ट्रों के संदर्भ में है जो बाह्य आक्रमण का डर दिखाकर शक्ति संचय पर बल देते है। वे विकासशील और अल्पविकसित राष्ट्रों के आंतरिक खतरों की कोई चिन्ता नहीं करते क्योंकि विकसित राष्ट्र आर्थिक रूप से सम्पन्न है तथा उनके यहाँ हमारे आंतरिक खतरे जैसे जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद जैसी सामाजिक उप-विभाजन की सुरक्षा समस्यायें नहीं है। साथ ही जनसंख्या विस्फोट, भय, भूख, भ्रष्टाचार, शिक्षा, स्वास्थ्य, भ्रष्टाचार इत्यादि खतरे भी नहीं है। लेकिन जसजीत सिंह, के. सुब्रमण्यम जैसे प्राच्य विचारकों की परिभाषा में ऐसी चिन्तायें दिखाई देती है।

(ii) गैर-पारंपरिक अवधारणा:- एअर कोमोडोर जसजीत के अनुसार:- 'बाह्य और आंतरिक खतरों से मार्मिक मूल्यों की सुरक्षा की सुरक्षा है।' के. सुब्रमण्यम के अनुसार:-राष्ट्रीय सुरक्षा का अर्थ केवल क्षेत्रीय अखण्डता की सुरक्षा से नहीं है, इसका तात्पर्य यह भी सुनिश्चित करना है कि देश तीव्र औद्योगिकीकरण की तरफ बढ़ रहा हो। उसके पास एक शक्तिशाली सुसंगठित, समतावादी और औद्योगिकीय समाज के निर्माण की क्षमता हो।

इस तरह पश्चिमी विचारक सैन्य तत्वों को प्रमुखता देते है वहीं प्राच्य विचारकों की सुरक्षा अवधारणा में सामाजिक आर्थिक व राजनैतिक सशक्तिकरण का विशेष महत्व रहा है।

कुछ अन्य विचारक राष्ट्रीय सुरक्षा को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा का अंग मानते है तथा यूएनओ (UNO) जैसे संगठन एवं सामुहिक सुरक्षा की अवधारणा पर बल देते है। वहीं कुछ विचारक राष्ट्रीय सुरक्षा को क्षेत्रीय सुरक्षा का अंग मानते है तथा सार्क, आसियान, यूरोपीय यूनियन जैसे क्षेत्रीय संगठनों के माध्यम से सामाजिक आर्थिक सहयोग बढ़ाकर क्षेत्रीय राष्ट्रों के मध्य विश्वास बहाली पर बल देते है। वही नाटो जैसे संगठन के माध्यम से क्षेत्रीय स्तर पर सुरक्षा स्थापित करके राष्ट्रीय सुरक्षा एवं शक्ति संतुलन बनाये रखना चाहते है।

किन्तु गौर से देखें तो प्रत्येक राष्ट्र की अपनी विशिष्ट सुरक्षा चिंतायें है। मालद्वीप जैसे राष्ट्र के लिए ग्लोबल वार्मिग जैसी समस्या राष्ट्रीय-सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा है। वहीं अफगानिस्तान एवं मध्य एशिया के देशों के लिए आपसी संघर्ष सबसे बड़ी चुनौति है।

इस प्रकार सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा न केवल सैन्य खतरों से संबंध रखती है बल्कि इसमें मानवीय अस्तित्व पर चोट करने वाले अन्य व्यापक खतरों और आशंकाओं को भी शामिल किया जाता है।

सुरक्षा की पारंपरिक धारणा में भू-क्षेत्रों और-संरस्थानों सहित राज्यों को संदर्भ माना जाता है लेकिन सुरक्षा की अपारंपारिक धारणा में सिर्फ राज्यों नहीं व्यक्तियों और संप्रदायों या कहें कि संपूर्ण मानवता की सुरक्षा पर बल दिया जाता है।

निष्कर्ष- राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिप्राय केवल बाह्य आक्रमण से नहीं हो सकता न ही राष्ट्रीय सुरक्षा केवल शक्ति के संचय द्वारा संभव है। आज आंतकवाद, पर्यावरण संकट, ऊर्जा संकट, वैश्विक महामारी जैसी सामुहिक चुनौतियाँ है। वहीं विकासशील व अल्पविकसित राष्ट्रों में खाद्यान्न संकट, गरीबी, भूखमरी, जनसंख्या विस्फोट, गृहयुद्ध जैसी समस्यायें विकराल होती जा रही है। अब आवश्यक है कि मानवता की सुरक्षा और राज्य की सुरक्षा एक-दूसरे के पूरक होने चाहिए। इसके अलावा मानवता का विदेशी सेना के हाथों मारे जाने के साथ-साथ स्वयं अपनी ही सरकारों के हाथों से भी बचाना जरूरी है और यह समावेशी विकास द्वारा ही संभव होगा तब ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. रामकृष्ण सिंह एवं डॉ. राकेश सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा, शारदा पुस्तक भवन इलाहाबाद वर्ष 2013 पेज नं.1 से 11
2. प्रोफेसर (डॉ.) लल्लन जी सिंह, राष्ट्रीय-रक्षा और सुरक्षा (2013) प्रकाश बुक डिपो बरेली पेज 1-5
3. प्रोफेसर हरवीर शर्मा, भारत की सुरक्षा समस्या, 1998 पेज नं.-1-22
4. अजमेर सिंह मलिक कृष्ण कुमार, 'संघात्मक व्यवस्था में आंतरिक सुरक्षा' (भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली की अर्द्धवार्षिकी शोध पत्रिका) जुलाई-दिसम्बर, 2012) पेज नं. 443-450
5. समकालीन विश्व में सुरक्षा (समकालीन विश्व राजनीति, एनसीईआरटी कक्षा 12वीं) पेज नं. 99-113
6. डॉ. अशोक कुमार सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा-2014, प्रकाश बुक डिपो बरेली पेज नं.-1 से 7
7. डॉ. अशोक कुमार सिंह, रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन 2013, प्रकाश बुक डिपो बरेली, पेज नं.-7 से 68

****

Recent Trends in Training and Developments in India

Dr. Sanjay Patni*

Abstract - Training and Development is a continuous process for improving the caliber and competence of the employees to meet the current and future performances. Training in addition to imparting requisite skills to all levels of employees, executives and managers also aims at changing the behavioural patterns of the employees in a direction which is congenial to achieve the organizational effectiveness, sustainability and growth. In this era of fast changing economic scenario and throat- cutting competitions, it is not enough for any organization just to have solid financial foundations, state of the art technology, automated systems, since the cutting edge of competitive survival is now the quality of the human resources which decides that which organization would ultimately survive in the long run. Training and Development, On the Job Training, Training Design and Delivery style are four of the most important aspects in organizational studies. The focus of the study is to understand the effect of Training and Development on Organizational performance. The back bone of this study is the secondary data comprised of comprehensive literature review. Hypothesis is developed to see the Impact of all the independent variables on the overall Organizational Performance. The hypothesis shows that all these have significant effect on Organizational Performance. On the Job Training, Training Design and Delivery style have significant affect on organizational Performance and all these have positively effect the Organizational Performance. It means it increases the overall organizational performance.
Keywords - Training and Development, On the Job Training, Training Design, Delivery style, Organizational Performance.

Introduction - Training and Development is an integrated sub-system of any modern organization destined to survive the throat–cutting global competitions having the inherent potentials to grow faster and faster in almost all services sectors. To keep pace with the changing needs of the highly talented and sophisticated human resources, training and development strategies have also changed dynamically from its traditional models to the latest ultra-modern and contemporary models having its focus on the overall and al round developments of all ranks and files, shifting from the fundamental concepts of various skill acquirements to that of competency building with added importance of behavioural and attitudinal modifications in the multi–cultural environments of team building and leaderships. To be frank, the routine functions like recruitments, selections, trainings, developments and compensations of the Human Resources Departments have been long taken over by modern functions of talent acquisitions, talent and knowledge managements, competency profiling and mapping gradually re-designating the Human Resources Manager as the Chief People Manager, whose main responsibility becomes enhancing the real and net worth of the human assets to provide the company its competitive edge over its thousands of competitors spread all over the world.

Now a day's training is the most important factor in the business world because training increases the efficiency and the effectiveness of both employees and the organization. The employee performance depends on various factors. But the most important factor of employee performance is training. Training is important to enhance the capabilities of employees. The employees who have more on the job experience have better performance because there is an increase in the both skills & competencies because of more on the job experience. The organizational performance depends on the employee performance because human resource of organization plays an important role in the growth and the organizational performance. So to improve the organizational performance and the employee performance, training is given to the employee of the organization. Training & development increase the employee performance which is an important activity to increase the performance of organization. On the other hand Employee performance is the important factor and the building block which increases the performance of overall organization. Employee performance depends on many factors like job satisfaction, knowledge and management but there is relationship between training and performance. This shows that employee performance is important for the performance of the organization and the training and development is beneficial for the employee to improve its performance.

Objective of the Study - The main objective of this study is to make a comparative study of the changing needs of the Training and Developments of the organizations in

*Assistant Professor, PMB Gujarati Commerce College, Indore (M.P.) INDIA

general and services sector in particular in view of the post economic liberalization of the country specially with the advent of M N C s Sectors in India.

